तदनन्तर भरद्वाज मुनि भी इन्द्रसे मिल उन्हें अपने आशीर्वादोंसे प्रसन्नकर ऋषियों के वचनों को सुनातेहुये बोले ॥ ५० ॥

व्याधयोहिसमुत्पन्नाःसर्वप्राणिभयंकराः ।
तेषांप्रशमनोपायंयथावद्वक्तुमर्हसि ॥ ५१ ॥

कि हे इन्द्र सब प्राणियोंको भय देनेवाली बहुतसी व्याधियां उत्पन्नहुईहैं उनकी शान्तिका कोई यथार्थ उपाय कहो ॥ ५१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तमुवाचमुनिंसांगमायुर्वेदंशतक्रतुः।
जीवेद्वर्षसहस्राणिदेहीनीरुङ्गनिशम्ययम् ॥ ५२ ॥

ऐसे वचन सुन इन्द्रजी भरद्वाज मुनिसे उस सांग आयुर्वेदको कहतेभये जिसको सुनकर प्राणी नीरोग होकर हजार वर्षतक जीता रहताहै ॥ ५२ ॥

सोऽनंतपारस्त्रिस्कन्धमायुर्वेदंमहामुनिः।
यथावदचिरात्सर्वंबुबुधेतन्मनाःशुचिः ॥ ५३ ॥

और महामुनि भरद्वाजजी एकाग्रचित्त होकर उस अपार तीन काण्डवाले आयुर्वेदको थोड़ेही कालमें यथार्थ जानतेभये ॥ ५३ ॥

तेनायुःसुचिरंलेभेभरद्वाजोनिरामयम्।
अन्यानपिमुनींश्चक्रेनिरुजःसुचिरायुषः ॥ ५४ ॥

जिससे आप नीरोगतापूर्वक दीर्घायु होकर अन्यमुनियोंको भी रोगरहित दीर्घायु करतेभये ॥ ५४ ॥

तत्तन्त्रजनितज्ञानचक्षुषाऋषयोऽखिलाः।
गुणान्द्रव्याणिकर्म्माणिदृष्ट्वातद्विधिमाश्रिताः ॥ ५५ ॥
आरोग्यंलेभिरेदीर्घमायुश्चसुखसंयुतम्।
आयुर्वेदोक्तविधिनाऽन्येऽपिस्युर्मुनयोयथा ॥ ५६ ॥

तदनन्तर भरद्वाजजी ने वह शास्त्र बनाया जिससे उत्पन्न ज्ञानरूप नेत्रके द्वारा सम्पूर्ण ऋषिलोग भी गुण द्रव्य कर्मोंको देख तथा उस शास्त्रमें कहीहुई विधिका आश्रय करके उस प्रकार आरोग्य और सुखयुक्त दीर्घायुको पातेभये जैसे कि आगे आयुर्वेदमें कहीहुई विधिसे प्राचीन मुनिलोग नीरोगता पूर्वक सुखयुक्त दीर्घायुवाले होगये हैं ॥ ५५ । ५६ ॥

अथचरकप्रादुर्भावः ॥

यदामत्स्यावतारेणहरिणावेदउद्धृतः।
तदाशेषश्चतत्रैववेदसांगमवाप्तवान् ॥ ५७ ॥
अथर्वान्तर्गतंसम्यगायुर्वेदञ्चलब्धवान्।
एकदासमहीवृत्तंद्रष्टुंचरइवागतः ॥ ५८ ॥

अथ चरक से आयुर्वेद की उत्पत्ति जब मत्स्यावतार धरकर विष्णु ने वेद का उद्धार किया तब वहांहीं शेषजी ने मत्स्यभगवान् से अंगों सहित सम्पूर्ण वेद पढ़ा उसी में से अथर्वणवेद के अन्तर्गत आयुर्वेद को पाया और एकसमय वही शेष जी पृथ्वीका वृत्तान्त जाननेके लिये (चर) अर्थात् जासूसके समान हो इस लोक को आये ॥ ५७ । ५८ ॥

तत्रलोकान्गदैर्ग्रस्तान्व्यथयापरिपीडितान्।
स्थलेषुबहुषुव्यग्रान्म्रियमाणांश्चदृष्टवान् ॥ ५९ ॥

और वहां पर बहुत से स्थलों में रोगग्रस्त व्यथासे पीडित बिकल तथा बहुत से मरते हुये मनुष्यों को देखा ॥ ५९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तान्दृष्ट्वातिदयायुक्तस्तेषांदुःखेनदुःखितः ।
अनन्तश्चिन्तयामास रोगोपशमकारणम् ॥ ६० ॥

अतिदयायुक्त शेषजी उनके दुःखसे दुःखी होकर रोगोंकी शान्तिके उपाय का विचार करतेभये॥६०॥

संचिन्त्यसस्वयंतत्रमुनेःपुत्रोबभूवह ।
प्रसिद्धस्यविशुद्धस्यवेदवेदाङ्गवेदिनः ॥ ६१ ॥

ऐसा विचारकर आपही वेदवेदाङ्गके जाननेवाले शुद्ध तथा विख्यात किसीमुनिके पुत्र होतेभये॥६१॥

यतश्चरइवायातोनज्ञातःकेनचिद्यतः ।
तस्माच्चरकनाम्नासौविख्यातःक्षितिमण्डले ॥ ६२ ॥

जो वह चरके समान होकर आयेथे और उनको किसी ने नहीं जाना इस कारण चरक नाम से पृथ्वी में विख्यात हुए ॥ ६२ ॥

सभातिचरकाचार्य्योवेदाचार्य्योयथादिवि ।
सहस्रवदनस्यांशोयेनध्वंसोरुजांकृतः ॥ ६३ ॥
आत्रेयस्यमुनेःशिष्याअग्निवेशादयोऽभवन् ।
मुनयोबहवस्तैश्चकृतंतन्त्रंस्वकंस्वकम् ॥ ६४ ॥
तेषांतन्त्राणिसंस्कृत्यसमाहृत्यविपश्चिता ।
चरकेनात्मनोनाम्नाग्रन्थोऽयंचरकःकृतः ॥ ६५ ॥

यह वही साक्षात् शेषजीका अंश भगवान् चरकाचार्य्य बृहस्पति के समान प्रसिद्धहैं जिन्हों ने रोगों का नाश किया और पूर्वोक्त आत्रेय मुनिके शिष्य अग्निवेशादि मुनियोंके बनाये हुए शास्त्रोंको शुद्धतापूर्वक इकट्ठा करके चरकनाम ग्रन्थ बनाया ॥ ६३ । ६४ । ६५ ॥

अथ धन्वन्तरिप्रादुर्भावः ॥

एकदादेवराजस्यदृष्टिर्निपतिताभुवि ।
तत्रतेननराद्दृष्टाव्याधिभिर्भृशपीडिताः ॥ ६६ ॥
तान्दृष्ट्वाहृदयंतस्यदययापरिपीडितम् ।
दयार्द्रहृदयःशक्रोधन्वन्तरिमुवाचह ॥ ६७ ॥

अब धन्वन्तरिसे आयुर्वेदकी उत्पत्ति, एकसमय इन्द्रकी दृष्टि पृथ्वीपर पडी तब देखा कि मनुष्य व्याधियों से पीडित होरहे हैं इसप्रकार उन्हें देख इन्द्रका हृदय दया से पीडित हुआ तब दयार्द्रहोकर इन्द्र धन्वन्तरिसे बोले ॥ ६६ । ६७ ॥

धन्वन्तरेसुरश्रेष्ठभगवन्किञ्चिदुच्यते ।
योग्योभवसिभूतानामुपकारपरोभव ॥ ६८ ॥

कि हे सुरश्रेष्ठ भगवन् । धन्वन्तरि मैं आपसे कुछ कहताहूं वह यहहै कि आप समर्थ हैं इसकारण प्राणियों के उपकार में तत्पर हूजिये ॥ ६८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उपकारायलोकानांकेनकिन्नकृतंपुरा ।
त्रैलोक्याधिपतिर्विष्णुर्भून्मत्स्यादिरूपवान् ॥ ६९ ॥

क्योंकि लोगों के उपकारके लिये किसने क्या नहीं किया पूर्वकाल में त्रैलोक्यके स्वामी विष्णु मत्स्यादि रूपवाले हुये ॥ ६९ ॥

तस्मात्त्वंपृथिवींयाहिकाशीमध्येनृपोभव ।
प्रतीकारायरोगाणामायुर्वेदंप्रकाशय ॥ ७० ॥

इसकारण तुम पृथ्वीको जाओ और वहां काशीके राजाहोकर रोगोंके हटाने के लिये आयुर्वेदका प्रकाश करो ॥ ७० ॥

इत्युक्त्वासुरशार्दूलःसर्वभूतहितेप्सया ।
समस्तमायुषोवेदंधन्वन्तरिमुपादिशत् ॥ ७१ ॥

यह कहकर सुरश्रेष्ठ इन्द्र सब प्राणियों के हितकी इच्छा से सम्पूर्ण आयुर्वेद धन्वन्तरि को पढ़ाते भये ॥ ७१ ॥

अधीत्यचायुषोवेदमिन्द्राद्धन्वन्तरिःपुरा ।
आगत्यपृथिवींकाश्यांजातोबाहुजवेश्मनि ॥ ७२ ॥

इस प्रकार धन्वन्तरि पूर्वकालमें इन्द्र से आयुर्वेद पढ़ पृथ्वी में आकर काशिके राजा बाहुज के घरमें उत्पन्न हुये ॥ ७२ ॥

नाम्नातुमोऽभवत्ख्यातोदिवोदासइतिक्षितौ ।
बालएवविरक्तोऽभूच्चचारसुमहत्तपः ॥ ७३ ॥

जो पृथ्वी में दिवोदास इसनामसे प्रसिद्धहुये वह बालही विरक्तहोकर अति उग्रतप करतेभये॥७३॥

यत्नेनमहताब्रह्मातंकाश्यामकरोन्नृपम् ।
ततोधन्वन्तरिर्लोकैःकशीराजोऽभिधीयते ॥ ७४ ॥

जब बहुतयत्न करके ब्रह्माजी उनको काशीका राजा बनातेभये तबसे वही धन्वन्तरि लोगों करके काशीराज कहे जाने लगे ॥ ७४ ॥

हितायदेहिनांस्वीयासंहिताविहितामुना ।
अयंविद्यार्थिनोलोकान्संहितांतामपाठयत् ॥ ७५ ॥

वही काशीराज धन्वन्तरिजी सब प्राणियोंके हितकेलिये अपनी संहिता बनाकर विद्यार्थी लोगों को पढ़ाते भये ॥ ७५ ॥

अथ सुश्रुतप्रादुर्भावः ॥

अथज्ञानदृशाविश्वामित्रप्रभृतयोऽविदन् ।
अयंधन्वन्तरिःकाश्यांकाशिराजोऽयमुच्यते ॥ ७६ ॥

अब सुश्रुतसे आयुर्वेद की उत्पत्ति ॥ तदनन्तर विश्वामित्रादि ऋषियों ने ज्ञानदृष्टि से जाना कि यह धन्वन्तरिही हैं जो लोगों करके काशीराज कहे जाते हैं ॥ ७६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विश्वामित्रोमुनिस्तेषुपुत्रंसुश्रुतमुक्तवान् ॥
वत्सवाराणसींगच्छत्वंविश्वेश्वरवल्लभाम् ॥ ७७ ॥

तब तो उन मुनियों में से विश्वामित्रजी अपने पुत्र सुश्रुतसे कहतेभये कि हे पुत्र! तुम विश्वेश्वर की प्रिय काशीको जाओ ॥ ७७ ॥

तत्रनाम्नादिवोदासः काशिराजोस्तिबाहुजः ।
सहिधन्वन्तरिःसाक्षादायुर्वेदविदांवरः ॥ ७८ ॥

और वहां जो सुबाहुके पुत्र दिवोदास नामसे प्रसिद्ध काशिराज हैं वह आयुर्वेदके जाननेवालोंमें श्रेष्ठ साक्षात् धन्वन्तरिही हैं ॥ ७८ ॥

आयुर्वेदंततोऽधीष्व लोकोपकृतिहेतवे ।
सर्वप्राणिदयातीर्थमुपकारोमहामखः ॥ ७९ ॥

इसकारण लोगोंके उपकारके लिये उन्हीं से आयुर्वेदको पढ़ो क्योंकि सब प्राणियों पर दया करना यही तीर्थ और उपकार महायज्ञ गिनाजाता है ॥ ७९ ॥

पितुर्वचनमाकर्ण्य सुश्रुतःकाशिकांगतः ।
तेनसार्द्धंसमध्येतुं मुनिसूनुशतंययौ ॥ ८० ॥

ऐसे पिताके वचन सुन सुश्रुतजी काशीको गये और उनके साथ पढ़ने के लिये सैकड़ों मुनिपुत्रभी जाते भये ॥ ८० ॥

अथधन्वन्तरिंसर्वेवानप्रस्थाश्रमेस्थितम् ।
भगवन्तंसुरश्रेष्ठं मुनिभिर्बहुभिःस्तुतम् ॥ ८१ ॥
काशिराजंदिवोदासंतेपश्यन्विनयान्विताः ।
स्वागतञ्चइतिस्माहदिवोदासोयशोधनः ॥ ८२ ॥
कुशलंपरिपप्रच्छतथागमनकारणम् ।
ततस्तेसुश्रुतद्वाराकथयामासुरुत्तरम् ॥ ८३ ॥

तदनन्तर वहां जाकर उन बिनय युक्त मुनिपुत्रोंने वानप्रस्थाश्रम में स्थित देवताओं में श्रेष्ठ मुनियोंकरके स्तुति किये हुये काशिराज दिवोदास नामसे प्रसिद्ध भगवान् धन्वन्तरिजी को देखा और वे भी इन्हें देख कुशलपूर्वक शुभागमन पूंछ आगमन का कारण पूंछते भये तब वे मुनिपुत्र भी सुश्रुतजी के द्वारा यह उत्तर देते भये ॥ ८१ । ८२ । ८३ ॥

भगवन्मानवान्दृष्ट्वाव्याधिभिःपरिपीडितान् ।
क्रन्दतोम्रियमाणांश्चजातास्माकंहृदिव्यथा ॥ ८४ ॥

कि हे भगवन्! व्याधियों से पीडित रोते तथा मरते हुये मनुष्यों को देखकर हमलोगों के हृदयमें बड़ीही व्यथा उत्पन्न हुई है ॥ ८४ ॥

आमयानांशमोपायं विज्ञातुंवयमागताः ।
आयुर्वेदंभवानस्मानध्यापयतुयत्नतः ॥ ८५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इसकारण हमलोग आपके पास उन रोगोंकी शान्तिका उपाय जाननेके लिये आये हैं आप यत्न-पूर्वक हम लोगोंको आयुर्वेद पढ़ाइये ॥ ८५ ॥

अङ्गीकृत्यवचस्तेषां नृपतिस्तानुपादिशत् ।
व्याख्याततंतेनतेयत्नाज्जगृहुर्मुनयोमुदा ॥ ८६ ॥

तब उन मुनिपुत्रों के वचनोंको स्वीकारकर काशिराज उनको पढ़ातेभये और वेभी उनके उस पढ़ायेहुये पाठको आनन्ददपूर्वक अच्छीतरह ग्रहण करते भये ॥ ८६ ॥

काशिराजंजयाशीर्भिरभिनन्द्यमुदान्विताः ।
सुश्रुताद्याःसुसिद्धार्था जग्मुर्गेहंस्वकंस्वकम् ॥ ८७ ॥

तदनन्तर जयाशीर्वादों से काशीराजको प्रसन्न कर तथा अपने प्रयोजनको सिद्ध करके हर्षपूर्वक वे सुश्रुतादि मुनिपुत्र अपने २ घरोंको जातेभये ॥ ८७ ॥

प्रथमंसुश्रुतस्तेषु स्वतन्त्रंकृतवान्स्फुटम् ।
सुश्रुतस्यसखायोऽपि पृथक्तन्त्राणितेनिरे ॥ ८८ ॥

उनमें से सुश्रुतजी पहिले अपना तन्त्रबनातेभये तदनन्तर उनके मित्रोंनेभीअपने २ तन्त्रबनाये॥८८॥

सुश्रुतेनकृतंतन्त्रं सुश्रुतंबहुभिर्यतः ।
तस्मात्तत्सुश्रुतंनाम्ना विख्यातंक्षितिमण्डले ॥ ८९ ॥

उन तन्त्रोंमेंसे सुश्रुतजीके बनायेहुये तन्त्रको बहुतों ने सुना इसकारण वह पृथ्वी में सुश्रुत नाम से विख्यात हुआ ॥ ८९ ॥

इत्यायुर्वेदप्रवक्तॄणां प्रादुर्भावः ॥

आयुर्वेदाब्धिमध्यादतिमतिमुनयोयोगरत्नानियत्ना-
ल्लब्ध्वास्वेस्वेनिबन्धेदधुरखिलजनव्याधिविध्वंसनाय ।
तत्तद्ग्रन्थाद्गृहीतैःसुवचनमणिभिर्भावमिश्रश्चिकित्सा-
शास्त्रेजाड्यान्धकारंप्रशमयितुमिमंसंविधत्तेप्रकाशम् ॥ ९० ॥

अति बुद्धिमान् मुनियोंने सब प्राणियों के रोगनाश होने के लिये आयुर्वेदरूप समुद्र के मध्य से यत्नपूर्वक जिन २ औषधियोंके योगरूप रत्नोंको लेकर अपने २ ग्रन्थोंमें स्थापन किया उन २ ग्रन्थों से ग्रहण कियेहुये उन्हीं वचनरूप मणियों करके वैद्यकशास्त्रमें अज्ञानरूपी अंधकार दूरकरनेके लिये भावमिश्रजी इस ग्रन्थरूपी प्रकाशको करते हैं ॥ ९० ॥

श्रीपतिपदप्रसादादाशीर्भिर्भूमिदेवानाम् ॥
भावप्रकाशनाम्नाग्रन्थोयंपठ्यतांसर्वैः ॥ ९१ ॥

लक्ष्मीपतिके चरणोंके प्रसाद तथा ब्राह्मणोंके आशीर्वादसे यह भावप्रकाश नाम ग्रन्थ सब लोगों करके पढ़ने के योग्य होवे ॥ ९१ ॥

एतस्यनिबन्धस्यफलं चिकित्साचिकित्साचपुरुषस्य
पुरुषस्तुचतुर्विंशतितत्त्वजीवात्मसमवायस्तस्मात्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चतुर्विंशतितत्त्वानांजीवात्मनश्च स्वरूपनिरूपणायसृष्टिक्रममाह ॥ ९२ ॥

चिकित्सा अर्थात् व्याधि दूरकरना इस ग्रन्थका मुख्यप्रयोजन है और चिकित्सा पुरुषकी होती है वह पुरुष महदादि चौबीस तत्त्व व जीवात्मा इन सबोंका समुदाय है इस कारण उन चौबीस तत्त्वोंका तथा जीवात्माका स्वरूप कहने के लिये पहिले सृष्टिका क्रम कहते हैं ९२॥

आत्माज्योतिश्चिदानन्दरूपोनित्यश्चनिस्पृहः ।
निर्गुणःप्रकृतेर्योगात्सगुणःकुरुतेजगत् ॥ सगुणइच्छादियुक्तः ॥ ९३ ॥

अथ आत्मा ॥ यथार्थ में आत्मा प्रकाश चैतन्य आनन्दरूप नित्य इच्छा व गुणरहित है परन्तु वही प्रकृतिके योगसे सगुण अर्थात् इच्छादियुक्त होकर जगत्को करताहै ॥ ९३ ॥

सत्त्वंरजस्तमश्चेतिगुणास्तेप्रकृतेःसमाः ।
साजडापिजगत्कर्त्रीपरमात्मचिदव्ययात् ॥
सतःसाधोर्भावःसत्त्वंप्रकाशकंज्ञानसुखहेतुः,रजो
रागात्मकंदुःखहेतुः, ताम्यतिग्लानिंप्राप्नोतिअ
नेनेतितमःआवरकंमोहहेतुः तेगुणाः समाःप्रकृ
तिरित्यर्थःतथासतिन्यूनाधिकगुणाः विकृतिः ९४ ॥

सत्त्व रज और तम यह प्रकृतिके समगुणहैं जड़भी वह प्रकृति चैतन्य अविनाशी परमात्मा के आभाससे संसारकी उत्पन्नकरनेवाली है ॥

सत्त्व-साधुकाभाव-प्रकाशक, ज्ञान और सुखका कारणहै- रज अनुरागमय और दुःखकाकारण है जिस्से ग्लानिको प्राप्तहो वह तम बुद्धिका आच्छादनकरनेवाला और मोहका कारणहै सम यह गुण प्रकृति कहलाती हैं और ऐसा होनेसे न्यून और अधिक गुण विकृति कहलाते हैं ॥ ९४ ॥

अथ सुश्रुतमुपदिशन् धन्वन्तरिः प्रकृतेःस्वरूपविशेषणमाह ॥

सर्वभूतानांकारणमकारणं सत्त्वरजस्तमोलक्षणमष्ट
रूपमखिलस्य जगतस्सम्भवहेतुरव्यक्तं नामेति ॥
अस्यायमर्थः । अव्यक्तंनव्यज्यतेऽस्मिन्निति अव्यक्तं
मूलप्रकृत्यपरपर्य्यायंतत् सर्वभूतानां कारणंसमवा
यिकारणम् । अकारणं न विद्यतेकारणंयस्यतत् ।
सत्त्वरजस्तमोलक्षणंसमसत्त्वरजस्तमःस्वरूपं । अष्ट
रूपमव्यक्तं महानहङ्कारः पञ्चतन्मात्राणीत्यष्टौरू
पाणियस्यतत् यतइन्द्रियाणांमहाभूतानांचकारणा
तयामहदादयोऽपिसप्तप्रकृतयःएवमखिलस्यजगतः
संभवहेतुरव्यक्तमित्युपसंहारः ॥ ९५ ॥

अब सुश्रुतको उपदेश करते हुए धन्वन्तरि जी प्रकृतिका स्वरूपविशेष कहते हैं ॥

अब सुश्रुतको उपदेश करते हुए धन्वन्तरि जी प्रकृतिका स्वरूपविशेष कहते हैं ॥ सम्पूर्ण भूतोंका कारण अकारण अर्थात् स्वयंकारण से रहित सत्त्व रज और तमोगुणरूपी आठ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रूपवाला सम्पूर्ण संसारकी उत्पत्तिका कारण अव्यक्त है इसका यह तात्पर्य्य है कि अव्यक्त नहीं प्रकट होनेवाला, यह मूलप्रकृति का दूसरानाम है, सम्पूर्ण भूतोंका कारणहै अर्थात् द्रव्योंका संबन्ध-रूपी समवायिकारणहै अकारण अर्थात् जिसका कारण न हो सत्त्व रजस्तमोलक्षण अर्थात् समता को प्राप्तहैं सत्त्व रज और तम जिसमें ऐसा अष्टरूप अर्थात् अव्यक्त महत्तत्त्व अहङ्कार और पञ्च-तन्मात्रा यह आठों हैं रूप जिसके जिस कारणसे इन्द्रिय और महाभूतों के कारण होने से महत्त-त्त्वादिक भी सात प्रकृति कहलाते हैं इसी प्रकार सम्पूर्ण संसारकी उत्पत्तिका कारण अव्यक्त है यह सारांश है ॥ ९५ ॥

प्रकृतिपुरुषयोःसाधर्म्यमाह ॥

उभावप्यनादीउभावप्यनन्तौउभावप्यलिंगावुभावपिनित्यावुभावप्यपरावुभावपिस र्वगतौ इति उभावप्यनित्यौलयंक्कचिदपिनयातः उभावप्यपरौनविद्यतेपरोऽपरोयाभ्यां तावपरौ ॥ ९६ ॥

अब प्रकृति और पुरुषका साधर्म्य कहते हैं ॥

दोनों अनादि दोनों अनन्त दोनों लक्षणरहित दोनों नित्य दोनों अपर और दोनों सर्वव्यापक हैं दोनों नित्यहैं अर्थात् कहीं कभी नाशको नहीं प्राप्तहोते हैं–दोनों अपर हैं अर्थात् जिनसे परे दूसरा नहीं है ९६ ॥

अथ तयोर्वैधर्म्यमाह ॥

एकातुप्रकृतिरचेतना त्रिगुणा बीजधर्मिणी प्रसवधर्मिण्य मध्यस्थधर्मिणी चेति अचेतनाजडा त्रिगुणातुल्यगुणत्रयात्मिका बीजधर्मिणी सर्वेषां महदादीनां विकाराणां बीजत्वेनावस्थिताप्रसवधर्मिणी पुरुषेणाक्रान्ता क्षोभंप्राप्य साम्यमतिक्रम्य महद हङ्कारादिक्रमेणजगतः प्रसवित्री अमध्यस्थधर्म्मिणीसुखदुःखभोगभोगिनीनतुसुख दुःखभोगादुदासीनापुरुषस्तुचेतनावान् निर्गुणोऽप्रसवधर्माबीजधर्मा मध्यस्थधर्म्मा चेतिनिर्गुणः अविद्यमानसत्त्वादिगुणः अबीजधर्मामहाप्रलयेमहदादीनांविकाराणांप्रकृ ताविवतस्मिन्ननवस्थानान्मध्यस्थधर्मीसुखदुःखेच्छाद्वेषादिभ्यउदासीनः ९७ ॥

अब उन दोनोंके विपरीत धर्म कहते हैं प्रकृति तो एक अचेतना त्रिगुणा बीजधर्म्मवाली प्रसवधर्मवाली और अमध्यस्थधर्म्मवाली है अचेतन अर्थात् जड त्रिगुणा अर्थात् समसत्त्वादि तीनों गुणमय बीजधर्मवाली अर्थात् सम्पूर्ण महत्तत्त्वादि विकारोंके बीजरूपसे स्थित होनेवाली प्रसव धर्मवाली अर्थात् पुरुषसे आक्रान्त हुई क्षोभको प्राप्त होकर समताको छोड महत्तत्त्व और अहङ्का-रादिकोंके क्रमसे संसारकी उत्पत्ति करनेवाली और अमध्यस्थ धर्म्मवाली अर्थात् सुख और दुःखों की भोगनेवाली न कि सुख दुःखके भोगसे उदासीन और पुरुष तो चैतन्य निर्गुण अप्रसवधर्म्म वाला-अबीजधर्मवाला और मध्यस्थधर्मवाला है- निर्गुण अर्थात् सत्त्वादि गुणोंसे रहित- अप्रसव धर्म्मवाला अर्थात् संसारके उत्पन्न करनेकी शक्तिसे रहित- अबीजधर्म्मवाला अर्थात् महाप्रलय में महत्तत्त्वादिक विकारोंका अपने में नहीं स्थित रखनेवाला- मध्यस्थधर्म्मवाला सुख दुःख इच्छा द्वेष आदिसे उदासीन ॥ ९७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रकृतेर्नामान्याह ॥

प्रधानंप्रकृतिःशक्तिर्नित्याचाविकृतिस्तथा ।
एतानितस्यानामानि पुरुषंयासमाश्रिता ॥ ९८ ॥

प्रकृतिके नाम ॥

प्रधान-प्रकृति-शक्ति-नित्या और अविकृति यह पुरुषके आश्रयसे रहनेवाली प्रकृतिके नामहैं ॥ ९८॥

प्रकृतेर्गुणानाह ॥

सत्त्वंरजस्तमस्त्रीणि विज्ञेयाःप्रकृतेर्गुणाः ॥
तैश्चयुक्तस्यचित्तस्य कथयाम्यखिलान्गुणान् ॥ ९९ ॥

अब प्रकृतिके गुण कहते हैं ॥

सत्त्व रज तम यह तीन प्रकृतिके गुण जानने चाहिये और इनसे मिलेहुये चित्तके सम्पूर्ण गुण अब कहते हैं ॥ ९९ ॥

अथ सत्त्वयुक्तस्यमनसोगुणानाह ॥

आस्तिक्यंप्रविभज्यभोजनमनुत्तापश्चतथ्यंवचो-
मेधाबुद्धिधृतिक्षमाश्चकरुणाज्ञानंचनिर्दम्भता ।
कर्मानिन्दितमस्पृहंचविनयोधर्मस्सदैवादरा-
देतेसत्त्वगुणान्वितस्यमनसोगीतागुणाज्ञानिभिः ॥

अस्तिधर्ममोक्षपरलोकादिकमितिबुद्ध्या चरतीत्यास्तिकस्तस्यभावआस्तिक्यं । अनुत्तापोऽक्रोधोधृतिः भूतप्रेतस्मरक्रोधलोभाद्यावेशराहित्यं ज्ञानमात्मज्ञानं निर्दम्भताकपटाभावः कर्मानिन्दितमस्पृहं निष्कामं च ॥ १०० ॥

अब सत्त्वगुणयुक्तमनके गुणकहते हैं ॥

आस्तिक्य-अच्छे प्रकार विभाग करके भोजन अनुत्ताप- सत्यवचन- मेधा- बुद्धि- धृति क्षमा- करुणा ज्ञान निर्दम्भता- अनिन्दित और अस्पृहकर्म- विनय--आदरपूर्वक सदैवधर्म करना यह सत्त्व-गुणसेयुक्त मनकेगुण ज्ञानियोंने कहे हैं आस्तिक्य (धर्म्म मोक्ष और परलोकादिक हैं इस बुद्धि से जो कर्म्म करता है वह आस्तिकहै और उसके धर्म्म को आस्तिक्य कहते हैं-) अनुत्ताप (क्रोध न होना) मेधा- (धारणाशक्तिवाली बुद्धि) धृति (भूत प्रेत काम क्रोध और लोभादिकों के आवेशसे रहित होना) ज्ञान (आत्माका ज्ञान) निर्दम्भता (कपटरहित होना) अनिन्दित और अस्पृह कर्म्म (निन्दा और इच्छासे रहित कर्म्म) १०० ॥

रजोगुणयुक्तमनसोलक्षणम् ॥

क्रोधस्ताडनशीलताचबहुलं दुःखंसुखेच्छाधिका
दम्भःकामुकताप्यलीकवचनं चाधीरताऽहंकृतिः ।
ऐश्वर्य्यादभिमानितातिशयितानन्दोऽधिकश्चाटनं
प्रख्याताहिरजोगुणेनसहितस्यैतेगुणाश्चेतसः ॥
अलीकवचनं मिथ्याकथनं अटनंपृथ्वीपरिभ्रमणं ॥ १०१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रजोगुणसे युक्त मनके लक्षण ॥

क्रोध मारपीट का स्वभाव-बहुत दुःख-सुखकी बहुत इच्छा कपट-संभोग करनेकी इच्छा अलीक वचन- धैर्य्यका न होना-अहंकार- ऐश्वर्य्यसे अभिमान होना-बहुत आनन्द होना- और बहुत घूमना यह रजोगुणसे युक्त चित्तके गुण प्रसिद्ध हैं अलीकवचन (मिथ्या बोलना) अटन (पृथ्वी पर घूमना)॥ १०१ ॥ अथ तमोयुक्तमनसोलक्षणम् ॥

नास्तिक्यंसुविषण्णतातिशयितालस्यं च दुष्टामतिः
प्रीतिर्निन्दितकर्म्मशर्म्मणिसदा निद्रालुताऽहर्निशम् ।
अज्ञानं किलसर्वतोपि सततं क्रोधान्धता मूढता
प्रख्याताहितमोगुणेनसहितस्यैतेगुणाश्चेतसः ॥
तत्रप्रभूतसत्त्वस्तु सात्त्विकः पुरुषः स्मृतः ।
राजसस्तामसश्चैव त्रिविधस्तेनमानवः ॥ १०२ ॥

अब तमोगुणयुक्त मनके लक्षण कहते हैं ॥

नास्तिकता-बहुत दुःखित होना बहुत आलस्य होना दुष्टबुद्धि बुरेकार्य्य और आनन्दमें प्रीति रात्रिदिन सोना-सब ओरसे अज्ञान- सदैव क्रोधसे अन्धा होना- और मूर्खता यह तमोगुण से युक्त मनके गुण प्रसिद्धहैं—इनमें अधिक सत्त्वगुणवाला पुरुष सात्त्विक—अधिक रजोगुणवाला राजस और अधिक तमोगुणवाला तामस कहाताहै—इस रीतिसे तीनप्रकार के पुरुष होते हैं ॥ १०२ ॥

ततोभवन्महत्तत्त्वंबुद्धितत्त्वापराभिधम् । त्रिगुणंसत्त्वबहुलंनिर्म्मलंस्फटिकोपमम् ॥ चिच्छायाप्राप्तचैतन्यंतदिच्छामयमीरितम् । ततःप्रकृतेस्त्रिगुणंत्रयोगुणायत्रततत्चसत्त्वबहुलं—अत्रायमभिप्रायो यथा निश्चलेह्रदादौबहुद्रव्यपातात्तदीयंजलंवर्द्धते तथा चिद्रूपपुरुषेणाक्रमणात्तुल्यगुणत्रयात्मिकायाः प्रकृतेर्ज्ञानहेतुप्रकाशः सत्त्वगुणोवृद्धःप्रवृद्धसत्त्वतः प्रकृतेस्सत्त्वबहुलंबुद्धितत्त्वमभवत् ॥ १०३ ॥

उस प्रकृतिसे महत्तत्त्व उत्पन्न हुआ जिसका कि दूसरानाम बुद्धितत्त्वहै और वह त्रिगुण अधिक सत्त्वगुणवाला स्फटिक के समान निर्म्मल चैतन्यकी छाया से प्राप्तहुये चैतन्यवाला इच्छामय कहागयाहै—त्रिगुण अर्थात् तीनों गुणहैं जिस में और वह अधिक सत्त्वगुणवालाहै यहां यह अभिप्रायहै कि जैसे निश्चल तड़ागादिकों में बहुत वस्तुओं के गेरने से उसकाजल बढ़ताहै उसी प्रकार चैतन्यरूप पुरुषके द्वारा व्याप्त होने से समान तीनों गुणवाली प्रकृति के ज्ञानका कारण प्रकाशरूप सत्त्वगुण बढ़ता है और बढ़ेहुये सत्त्वगुणवाली प्रकृति से अधिक सत्त्वगुणवाला महत्तत्त्व उत्पन्न होताहै ॥ १०३ ॥

महतस्त्रिगुणाज्जातोऽहङ्कारस्त्रिगुणान्वितः । सात्त्विकोराजसश्चापितामसश्चेतिसत्रिधा ॥ महतःबुद्धितत्त्वात्त्रिगुणात्त्रयोगुणा यत्र ततः ननुमहत्तत्त्वंत्रिगुणमुक्तमेतत्किमर्थंमहतस्त्रिगुणादितिविशेषणंसत्यं त्रिगुणादितिपुनर्विशेषणादुक्तं सत्त्वबहुलमितिविशेषणमत्रनानुवर्त्तते तेनाऽहङ्कारोत्पादकंमहत्तत्त्वंत्रिगुणमपिरजोबहुलंबोद्धव्यम्-अहङ्कारस्यरजोगुणान्वितस्यमनोधर्म्मत्वादहङ्कारोभिमानव्यापारलक्षणः ॥ १०४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त्रिगुण महत्से उत्पन्न हुआ अहंकार तीनों गुणोंसे युक्तहै और इसीकारण से वह तीन प्रकार काहै सात्त्विक राजस और तामस महत् अर्थात् बुद्धितत्त्वसे त्रिगुणसे अर्थात् तीनोंगुण वाले से अब यह सन्देह होताहै कि महत्तत्त्व तो तीनोंगुणवाला कहाही गयाहै फिर त्रिगुण यह विशेषण क्यों दिया, ठीकहै त्रिगुण इस विशेषणके फिर देनेसे यह प्रकट होताहै कि सत्त्वबहुल अर्थात् अधिक सत्त्वगुणवाला यह विशेषण यहां नहीं लियाजाता इससे यह जानना चाहिये कि अहंकारका उत्पन्न करनेवाला महत्तत्त्व तीनों गुण से युक्त होने परभी अधिक रजोगुणवालाहै क्योंकि रजोगुण से युक्तही अहंकार मनका धर्म्म है और अहंकार अभिमानरूपी व्यापारके लक्षणवालाहै १०४॥

अहङ्कारस्त्रिविधस्तानाह सात्त्विकइत्यादि तस्य त्रिविधस्य कार्य्यमाह॥

जातानिसात्त्विकात्तस्मादिन्द्रियाणिसराजसात् । तानिश्रोत्रंत्वचोनेत्रंरसनानासिकातथा॥ वाग्घस्तचरणोपस्थंगुदान्येकादशंमनः । पञ्चबुद्धीन्द्रियाण्याहुःप्राक्तनानीतराणिच॥ कर्मेन्द्रियाणिपञ्चैवकथयन्तिविपश्चितः । बुद्धीन्द्रियाणिबुद्धेराश्रयत्वात्कर्मेन्द्रियाणिकर्माश्रयत्वात्–सात्त्विकाऽहंकारजातत्वादिन्द्रियाणिप्रकाशलक्षणानि सत्त्वस्यप्रकाशकत्वात्-मनोबुद्धीन्द्रियंविज्ञैःकर्मेन्द्रियमपिस्मृतम् । मनोऽधिष्ठितमेवेदमिन्द्रियंयत्प्रवर्त्तते॥ १०५॥

अहङ्कार तीनप्रकारकाहै यह तो सात्त्विक इत्यादि श्लोक से कहागया
अब तीनप्रकारवाले अहङ्कार के कार्य्य कहे जाते हैं॥

उस रजोगुणयुक्त सात्त्विक अहङ्कार से इन्द्रियां उत्पन्न हुई वह यह हैं कान-त्वचा-नेत्र-जिह्वा नासिका-वाणी-हाथ-पैर-लिङ्ग-गुदा और ग्यारहवां मन-पण्डितलोग पहली पांचको बुद्धीन्द्रिय कहते हैं और पिछली वाणी आदि पांचको कर्मेन्द्रिय वर्णन करते हैं-बुद्धिके आश्रय होने से बुद्धीन्द्रिय और कर्मके आश्रय होने से कर्मेन्द्रिय कहलाती हैं सतोगुणके प्रकाशक होने से सात्त्विक अहङ्कार से उत्पन्न हुई इन्द्रियां प्रकाश लक्षणवाली होती हैं बुद्धिमान् लोग मनको बुद्धीन्द्रिय और कर्मेन्द्रिय भी कहते हैं क्योंकि इन्द्रियां मनके संयोगही से अपने २ कर्म में प्रवृत्त होती हैं॥ १०५॥

तत्रेन्द्रियाणां विषयानाह॥

शब्दस्पर्शरूपंच रसोगन्धोह्यनुक्रमात् । बुद्धीन्द्रियाणांविषयाः समाख्यातामहर्षिभिः॥ वाच्यंग्राह्यं च गंतव्यमानन्दंत्याज्यमेवच । कर्मेन्द्रियाणांविषया ज्ञातव्याविषयाहृदः॥हृदोमनसः ॥ तामसादप्यहंकारात्तन्मात्राणिसराजसात् । पञ्चाल्पसत्त्वसम्बन्धात्ताल्लिंगानि भवन्तिहि॥ शब्दतन्मात्रकं-स्पर्शतन्मात्रकं-रूपतन्मात्रकं-रसतन्मात्रकं-गंधतन्मात्रकमिति॥ १०६॥

अब इन्द्रियों के विषय कहते हैं॥

महर्षियोंने क्रमपूर्वक शब्द स्पर्श रूप रस और गंध यह बुद्धीन्द्रियोंके विषय कहे हैं-बोलना ग्रहण करना गमन करना आनन्द करना और मलका त्याग यह कर्मेन्द्रियोंके विषय जानने चाहिये और यही सम्पूर्ण शब्दादिविषय हृदयकेभी जानने चाहिये हृदयके अर्थात् मनके–रजोगुणयुक्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

थोडे सतोगुणवाले तामस अहंकारसे उनके लक्षणोंसे युक्त पांच तन्मात्रा उत्पन्न होती हैं वह यह हैं कि शब्दतन्मात्रा, स्पर्शतन्मात्रा, रूपतन्मात्रा, रसतन्मात्रा और गंधतन्मात्रा ॥ १०६ ॥

तानितुतल्लिंगानिमोहादिलिंगानितान्यद्भुतस्वभावानिबाह्येन्द्रियग्राह्याणिसासामात्रायस्मिंस्तत्तन्मात्रकं। तन्मात्रेभ्यो वियद्वायुवह्निवारिवसुन्धरा। एतानिपञ्चजायन्तेमहाभूतानितत्क्रमात् ॥ एकोत्तरपरिवृद्ध्यावियदादयोजायन्तइत्यर्थः-तद्यथाशब्दतन्मात्राच्छब्दगुणंवियज्जायते शब्दतन्मात्रसहितात्स्पर्शतन्मात्राच्छब्दस्पर्शगुणोवायुर्ज्जायते शब्दतन्मात्रस्पर्शतन्मात्रसहिताद्रूपतन्मात्राच्छब्दस्पर्शरूपगुणोवह्निर्ज्जायते शब्दतन्मात्रस्पर्शतन्मात्ररूपतन्मात्रसहिताद्रसतन्मात्राच्छब्दस्पर्शरूपरसगुणंवारिजायते शब्दतन्मात्रस्पर्शतन्मात्ररूपतन्मात्ररसतन्मात्रसहितात् गन्धतन्मात्राच्छब्दस्पर्शरूपरसगन्धगुणावसुन्धराजायते ॥ १०७ ॥

और वह तल्लिगानि अर्थात् मोहादिकों के चिह्नों से युक्त विलक्षण स्वभाववाली बाह्येन्द्रिय अर्थात् नेत्रादिकों से ग्रहण करनेके योग्य हैं वह वह मात्रा जिसमें हैं वह तन्मात्रक हैं तन्मात्राओं से आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी यह पांच महाभूत क्रमसे उत्पन्न होते हैं एक एकके उत्तरोत्तर बढ़ने से आकाशादिक उत्पन्न होते हैं वह जैसे शब्द तन्मात्रासे शब्दगुणवाला आकाश उत्पन्न होता है शब्दतन्मात्रायुक्त स्पर्शतन्मात्रा से शब्द स्पर्शगुणवाला वायु उत्पन्न होताहै शब्दतन्मात्रा स्पर्शतन्मात्रायुक्त रूपतन्मात्रा से शब्दस्पर्शरूप गुणवाला अग्नि उत्पन्न होताहै शब्दतन्मात्रा स्पर्शतन्मात्रा रूपतन्मात्रायुक्त रसतन्मात्रासे शब्द स्पर्शरूपरस गुणवाला जल उत्पन्न होता है शब्दतन्मात्रा स्पर्शतन्मात्रा रूपतन्मात्रा रसतन्मात्रायुक्त गन्धतन्मात्रासे शब्द स्पर्शरूपरसगन्धगुणवाली पृथ्वी उत्पन्न होती है ॥ १०७ ॥

अथ महाभूतानां गुणानाह ॥

शब्दश्श्रोत्रेन्द्रियंवापिच्छिद्राणिचविविक्तता।
वियतःकथिताएते गुणागुणविचारिभिः ॥

विविक्तताशरीराणांभावानांशिरास्नाय्वस्थिपेशी-प्रभृतीनांजातिव्यक्तिभ्यांमिथःपृथक्त्वम् ॥ १०८ ॥

अथ महाभूतोंके गुणकहते हैं ॥

शब्द-कर्णेन्द्रिय-छिद्र और विविक्तता यह गुणज्ञलोगोंने आकाशके गुण कहे हैं विविक्तता अर्थात् शरीरों के शिरा (छोटीनसें) स्नायु (मोटीनसें) हड्डी पेशी (मांसकी थैली) आदिक भावोंकी जाति और व्यक्तिसे परस्पर अलग होना (जैसेछोटीनस और बडीनसका अलग होना जातिका अलग होनाहै और बडी २ या छोटी २ नसोंका अलग होना व्यक्तिका पृथक्पनाहै) ॥ १०८ ॥

स्पर्शस्त्वगिन्द्रियञ्चापिलघुनास्यन्दनंतनोः।
चेष्टाःसर्वशरीरस्यवायोरेतेगुणाःस्मृताः ॥ १०९ ॥

स्पर्श-त्वचा इन्द्रिय-शरीरका हलकापन-हिलना झुलना और सम्पूर्ण शरीर की चेष्टा यह वायुके गुण कहे हैं ॥ १०९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रूपंनेत्रेन्द्रियंपाकःसन्तापस्तीक्ष्णतातथा ।
वर्णोभ्राजिष्णुतामर्षः शौर्य्यंवह्नेर्गुणाअमी ॥

रूपं-लावण्यं,पाकः-उदराग्निनाहारपाकः,सन्ताप-औष्ण्यं,तीक्ष्णता,आशुकारिता, वर्णोगौरादिःभ्राजिष्णुता,दीप्तिः,अमर्षःक्रोधः ॥ २१० ॥

रूप-नेत्रेन्द्रिय पाक-सन्ताप तीक्ष्णता वर्ण भ्राजिष्णुता अमर्ष शूरता यह अग्नि के गुण हैं रूप (लावण्य) पाक (उदरकी अग्निसे भोजनका परिपाक) सन्ताप (उष्णता) तीक्ष्णता (शीघ्रता) वर्ण (श्वेतरक्तादि) भ्राजिष्णुता (दीप्ति) अमर्ष (क्रोध) २१० ॥

रसारसेन्द्रियंशैत्यं स्नेहश्चगुरुतातथा ।
सर्वद्रवसमूहश्च शुक्रंवारिगुणाःस्मृताः ॥ २११ ॥

रस रसनेन्द्रिय (जिह्वा) शीतता स्नेह (चिकनापन) गुरुता (भारीपन) सम्पूर्ण बहनेवाली वस्तु और वीर्य्य यह जलके गुण कहे हैं ॥ २११ ॥

गन्धोघ्राणेन्द्रियंचापि काठिन्यंगौरवंतथा ।
वसुंधरागुणाएते गदितागुणवेदिभिः ॥ २१२ ॥

गन्ध घ्राणेन्द्रिय (नासिका) कठिनता और भारीपन यह गुणज्ञ पुरुषोंने पृथ्वीके गुण कहे हैं॥२१२॥

शब्दःस्पर्शश्चरूपंच रसोगन्धश्चतत्क्रमात् ।
तन्मात्राणांविशेषाःस्युः स्थूलभावमुपागताः ॥

तत्क्रमाच्छब्दतन्मात्रादिक्रमात् विशेषा अनुभवयोग्यैस्सुखदुःखमोहरूपैर्धर्म्मै र्विशिष्यन्त इतिविशेषाः अत्रकर्मणि घञ् प्रत्ययः तन्मात्राणि त्वविशेषाणि यतस्तान्य नुभवयोग्यैस्सुखादिभिर्विशेष्टुंन शक्यन्ते सूक्ष्मत्वात् ॥ २१३ ॥

शब्द स्पर्श रूप रस और गन्ध यह क्रमसे स्थूलताको प्राप्तहोकर तन्मात्राओंके विशेषहैं (तत्क्रमात्) अर्थात् शब्दतन्मात्रादिकोंके क्रमसे–अनुभवके योग्य सुख दुःख और मोहरूपी धर्म्मों से जो भेदको प्राप्तहों वह विशेषहैं यहां (विशेषशब्दमें) कर्ममें घञ्प्रत्ययहै और तन्मात्रा विशेष नहीं हैं क्योंकि वह सूक्ष्मताके कारणसे अनुभवके योग्य सुखादिकों से भिन्न नहीं की जासक्ती हैं ॥ २१३ ॥

प्रकृतेःकारणायोगान्मताप्रकृतिरेवसा ।
महत्तत्त्वादयस्सप्तशक्तेर्विकृतयःस्मृताः ॥

प्रकृतिरेवकारणमेवनतुकस्यचित्कार्यमित्यर्थः, महत्तत्त्वादयस्सप्तमहानहङ्कारःपञ्च तन्मात्राणीति–शक्तेःप्रकृतेर्विकृतयःकार्य्याणि ॥ २१४ ॥

प्रकृतिका कारण न होने से वह कारणही है अर्थात् किसीका कार्य्य नहीं है सातों महत्तत्त्वादिक प्रकृतिके कार्य्य कहेगये हैं प्रकृतिरेव-अर्थात् कारणही है किसीका कार्य्य नहीं है सात महत्तत्त्वादिक अर्थात् महत्तत्त्व अहङ्कार और पञ्चतन्मात्रा शक्तेः (प्रकृतिके) विकृतयः (कार्य्य) ॥ २१४ ॥

इन्द्रियाणांचभूतानांकारणत्वान्महर्षिभिः ।
महत्तत्त्वादयस्सप्तप्रोक्ताःप्रकृतयोपिच ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तथासति प्रकृतिर्महानहङ्कारः पञ्चतन्मात्राणिचेत्यष्टौप्रकृतयः ॥ २१५ ॥

महर्षियोंने सातमहत्तत्त्वादिकों को इन्द्रिय और भूतोंके कारण होनेसे प्रकृति भी कहाहै ऐसा होने से प्रकृति महत्तत्त्व अहङ्कार और पञ्चतन्मात्रा यह आठ प्रकृतिहैं ॥ २१५ ॥

दशेन्द्रियाणिचित्तंचमहाभूतानिपञ्चच । एतानिसृष्टिंजानद्भिर्विकाराःषोडशस्मृताः॥२१६॥विकाराःकार्याणि एवंचतुर्विंशतिभिस्तत्त्वसिद्धेवपुर्गृहे । जीवात्मानियतेर्निघ्नो वसतिस्वान्तदूतवान् ॥ अत्रशब्दादीनांवियदादिमहाभूतगुणानांधर्मिभ्योभिन्नतयापृथक्त्वंनिरस्यनुक्तानान्तत्त्वानामुपसंहारमाह चतुर्विंशतिभिरितितानिचप्रकृतयोऽष्टौविकाराःषोडशेति-महत्तत्त्वादीनिप्रकृत्यादीनां भावाः नियतेश्शुभाशुभकर्म्मणः-निघ्नआयत्तः स्वान्तदूतवान्मनोदूतियुक्तः सदेहीकथ्यतेपापपुण्यदुःखसुखादिभिर्व्याप्तोबद्धश्चमनसाकृत्रिमैःकर्मबन्धनैःसजीवात्मातस्यदेहिनः शरीरजीवात्मनोःसंयोगकारकेणमनसासंयोगेयेयेगुणाउत्पद्यन्तेतानाह ॥ २१७ ॥

सृष्टिके जाननेवालों ने दशइन्द्रिय चित्त पंचमहाभूत यह सोलह विकार कहे हैं विकाराः (कार्य्य) इसप्रकार चौवीस तत्त्वों से शरीररूपी गृहके बनजाने पर शुभ और अशुभकर्म्मों के वशीभूत जीवात्मा मनरूपी दूतकेसाथ रहताहै यहां आकाशादि महाभूतों के गुण शब्दादिकों का आकाशादिकों से भिन्नता न होनेके कारण भेदको हटातेहुए चतुर्विंशतिभिः इत्यादि श्लोक से कहेभये तत्त्वों का उपसंहार अर्थात् निचोड़ कहतेहैं और वह आठप्रकृति और सोलह विकार मिलकर चौबीसहैं—महत्तत्त्वादिक अर्थात् प्रकृत्यादिकोंके भाग नियतेः अर्थात् शुभाशुभकर्म्मोंके-निघ्न अर्थात् आधीन-स्वान्तदूतवान् अर्थात् मनरूपी दूतयुक्त वह देही कहलाताहै- पापपुण्य और सुख दुःखादिकोंसे व्याप्त और मनके द्वारा कृत्रिमकर्म्म के बन्धनों से बंधाहुआ वह जीवात्माहै-उसदेही के शरीर और जीवात्माके संयोग करानेवाले मनसे संयोग होने पर जो जो गुण उत्पन्न होते हैं उनको कहते हैं॥ २१६ । २१७॥

इच्छाद्वेषसुखानिदुःखविषयज्ञानंप्रयत्नोमनःसंकल्पश्चविचारणास्मृतिरथोबुद्धिःकलाविज्ञता । प्राणस्योपरियापनंगुदवशाद्वायोरधःप्रेरणं नेत्रोन्मेषनिमेषकृत्यकर्णोत्साहाश्च जीवेगुणाः॥ इच्छासुखहेतुरभिलाषो द्वेषोदुःखहेतुर्मनःप्रवृत्तिःसुखंप्रीतिः दुःखमप्रीतिः विषयज्ञानं शब्दादिज्ञानंप्रयत्नःकार्य्येतात्पर्य्यंमनः संशयात्मकंतस्यकर्मसंकल्पः विचारणा ऊहापोहाभ्यांवस्तुविमर्षः स्मृतिः पूर्वानुभूतस्यार्थस्यस्मरणंबुद्धिः निश्चयात्मिका कलाविज्ञता शिल्पशास्त्रादिबोधः प्राणस्यहृदयस्थितस्यवायोः उपरियापनंमुखादिप्रतिनयनं गुदवशाद्वायोरधःप्रेरणमपानस्याधःप्रेरणंनेत्रोन्मेषनिमेषौनेत्रयोरुन्मीलननिमीलनेकृत्यकर्णोत्साहः कार्य्यारम्भेसामर्थ्येनोत्साहः जीवेमनोयुक्तस्यजीवात्मनोमी इच्छादयोगुणाः ॥ २१८ ॥

इति श्रीमिश्रलटकनतनयश्रीमन्मिश्रभावविरचितेभावप्रकाशेसृष्टिप्रकरणं प्रथमंसमाप्तम् ॥ १ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इच्छा द्वेष सुख दुःख विषयज्ञान प्रयत्न मन संकल्प विचारणा स्मृति बुद्धि कलाओं का जानना प्राणका ऊपरसे निकालना गुदा से वायुको नीचे निकालना नेत्रों का बन्द करना और खोलना कार्य्य करने में उत्साह यह जीवके गुणहैं इच्छा (सुखके लिये अभिलाष) द्वेष (दुःखके लिये मन की प्रवृत्ति) सुख (प्रीति) दुःख (प्रीतिका न होना) विषयज्ञानं (शब्दादि विषयों का जानना) प्रयत्न (कार्य्य में तत्पर होना) मन (यह पदार्थ है या नहीं इसप्रकारके सन्देहवाला) संकल्प(मानस-कर्म) विचारणा (तर्क वितर्क से वस्तुका निश्चय करना) स्मृति (पहिले अनुभव की हुई वस्तुका स्मरण करना) बुद्धि (निश्चयरूप) कलाविज्ञता (शिल्पआदि शास्त्रोंका जानना) प्राणस्योपरि यापनं (हृदय में स्थित वायुका मुखादिकों में लेजाना) गुदवशाद्वायोरधःप्रेरणं (अपानवायु का गुदाके द्वारा नीचे से निकालना) नेत्रोन्मेषनिमेषौ (नेत्रोंका बन्द करना और खोलना) कृत्यकर्णो-त्साहः (कार्य्य के प्रारम्भमें सामर्थ्य के अनुसार उत्साह) जीवमें मनके द्वारा युक्त जीवात्माके यह इच्छादिक गुणहैं २६ ॥

इति श्रीमिश्रलटकनतनयश्रीमन्मिश्रभावविरचितस्य भावप्रकाशस्य भाषाटीकायां सृष्टिप्रकरणं प्रथमं समाप्तम् ॥ १ ॥

चिकित्सायांशरीरी ह्यधिकृतःसशरीरीयथोत्पद्यते तद्बोधयितुंगर्भोत्पत्तिक्रममाह ॥ गर्भोत्पत्तिभूमिस्तुरजस्वलास्त्री । (ततोरजस्वलास्वरूपमाह) ॥ १ ॥ द्वादशाद्वत्सरादू र्ध्वमापञ्चाशत्समाःस्त्रियः । मासि मासिभगद्वारा प्रकृत्यैवार्त्तवंस्रवेत् ॥ आर्त्तवस्रावदिव साहतुःषोडशरात्रयः । गर्भग्रहणयोग्यस्तु सएव समयःस्मृतः ॥ २ ॥

वैद्यकशास्त्रमें शरीरधारीही मुख्य किया गयाहै इसकारण से वह शरीरधारी जिस प्रकार उत्पन्न होताहै उसे प्रकट करनेको गर्भोत्पत्ति के क्रमको कहते हैं और गर्भोत्पत्तिका स्थान रजस्वला स्त्री है इससे (रजस्वला का स्वरूप कहते हैं) १ बारह वर्ष से ऊपर पचास वर्षतक स्त्रियों का स्वभावही से महीने २ में योनिके द्वारा रुधिर बाहर निकलताहै रुधिर निकलने के दिन से १६ रात्रि ऋतु कहलाती हैं और वही समय गर्भ धारण करने के योग्य कहा गयाहै ॥ २ ॥

सर्व्वासामेवचतुर्वर्णस्त्रीणांसर्ववादिसम्मतः । पूर्व्वोक्तःसमयःग्रन्थान्तरेतुविशेषः ॥ तद्यथा स्नानदिवसादूर्ध्वंद्वादशरात्रावधि ब्राह्मण्याः दशरात्रावधि क्षत्रियायाः अष्टरा त्रावधि वैश्यायाःषड्रात्रावधि शूद्रायाः गर्भधारणे शक्तिः ॥ ३ ॥

सम्पूर्ण चारों वर्णोंकी स्त्रियोंका पहले कहा गया समय सम्पूर्ण वादियों ने मानाहै परन्तु अन्य ग्रन्थों में विशेषताहै जैसे कि स्नान के दिनसे बारह रात्रितक ब्राह्मणी की दश रात्रितक क्षत्रियाणी की आठ रात्रितक वैश्याकी और छः रात्रितक शूद्राकी गर्भधारण करनेमें शक्तिहै ॥ ३ ॥

अथ रजस्वलायानियमानाह ॥

आर्त्तवस्रावदिवसादहिंसाब्रह्मचारिणी । शयीतदर्भशय्यायांपश्येदपिपतिन्नच ॥ करेशरावेपर्णेवा हविष्यंत्र्यहमाहरेत् । अश्रुपातंनखच्छेदमभ्यङ्गमनुलेपनम् ॥ नेत्रयो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रञ्जनंस्नानं दिवास्वापंप्रधावनम्। अत्युच्चशब्दश्रवणं हसनंबहुभाषणम् ॥ आयास भूमिखननंप्रवातञ्चाविवर्ज्जयेत् ॥ ४ ॥

अथ रजस्वलाके नियम कहते हैं ॥

रजस्वला स्त्री ऋतुकालके प्रथमदिनसे हिंसारहित ब्रह्मचर्य्ययुक्त कुशकी शय्यापर सोवे और पति को भी न देखे हाथ में सकोरे में अथवा पत्तलमें तीन दिनतक हविष्यान्न भोजनकरे अश्रुपात नखोंका काटना—तेललगाना—चन्दनादि सुगन्धितवस्तु धारण करना—नेत्रों में अंजन लगाना-स्नान करना—दिनका सोना दौड़ना बहुत ऊंचे शब्द का सुनना—हंसना- बहुत बोलना—परिश्रमकरना पृथ्वीकाखोदना—हवाखाना इनसब बातोंको छोड़दे ॥ ४ ॥

अथैतस्या नियमकरणेदोषानाह ॥

अज्ञानाद्वाप्रमादाद्वा लोभाद्वादैवतश्चवा। साचेतुकुर्य्यान्निषिद्धानि गर्भोदोषांस्त दाप्नुयात् ॥ एतस्यारोदनाद्गर्भोभवेद्विकृतलोचनः। नखच्छेदेनकुनखी कुष्ठीत्वभ्यङ्गतो भवेत् ॥ अनुलेपात्तथास्नानाद्दुःखशीलोऽञ्जनाददृक्। स्वापशीलोदिवास्वापाच्चञ्चलः स्यात्प्रधावनात् ॥ अत्युच्चशब्दश्रवणाद्बधिरःखलुजायते। तालुदन्तौष्ठजिह्वासुश्यावो हसनतोभवेत् ॥ प्रलापी भूरिकथनादुन्मत्तस्तुपरिश्रमात्। स्खलतेभूमिखननादुन्मत्तो वातसेवनात् ॥ ५ ॥

इन नियमों के न करने में दोष कहते हैं ॥

अज्ञान से असावधानी से लोभ से अथवा दैवयोग से जो रजस्वला स्त्री निषिद्ध कार्य्यों को करे तो गर्भ दोषोंको प्राप्त होताहै जो रजस्वला स्त्री रोवे तो गर्भ के नेत्र विकारको प्राप्तहोते हैं—नखों के काटने से बिगड़े नखोंवाला गर्भ होता है और तैल लगाने से गर्भ कुष्ठी होताहै—चन्दनादिकों के लगाने से और स्नानसे गर्भ दुःखी होताहै—अञ्जनलगानेसे गर्भ अन्धाहोताहै दिनके सोनेसे गर्भबहुत सोनेवाला होताहै दौड़नेसे चंचल होताहै—बहुत ऊंचे शब्दके सुननेसे बहरा होताहै—हसने से गर्भ के तालु दांत ओष्ठ—और जिह्वामें श्यामता होती है—बहुत बोलने से गर्भ बकवादी होताहै परिश्रमकरने से मतवाला होताहै पृथ्वी के खोदने से गिरताहै हवाखाने से उन्मत्त होताहै ॥ ५ ॥

अथ रजस्वलाकृत्यमाह ॥

पूर्वंपश्येदृतुस्नाता यादृशंनरमंगना। तादृशंजनयेत्पुत्रं ततःपश्येत्पतिंप्रियम् ॥ प्रियमितिभर्त्तुर्य्यनासन्ने पुत्रादिकमपि पश्येत् चतुर्थदिवसेऽपिरजोनिवृत्तौस्त्री पतिना संगच्छेन्नतुरजोऽनुवृत्तौ। यत आह ॥ प्रवहत्सलिलेक्षिप्तं द्रव्यंगच्छत्यधोयथा ॥ तथा वहतिरक्तेतु क्षिप्तंवीर्य्यमधोव्रजेत् ॥ ६ ॥

अथ रजस्वलाकी कृत्य कहते हैं ॥

ऋतुकाल में स्नानकरनेवाली स्त्री जैसे पुरुषको देखती है वैसेही पुत्रको उत्पन्न करती है इस कारणसे पहले अपने पतिको अथवा किसी प्रिय पुरुषको देखे-प्रियशब्द से यह तात्पर्य्य है कि पति के उपस्थित न होनेपर पुत्रादिकों को भी देखे-ऋतुकालके चौथे दिनभी जो रुधिर निवृत्त होगयाहो तो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्त्री पतिके संगभोगकरे और जो न निवृत्तहुआ हो तो न करे क्योंकि कहाहै कि जैसे बहतेहुए पानी में डालीहुई वस्तु नीचे को चलीजाती है वैसेही वीर्य्यभी बहतेहुए रुधिर में डालाहुआ नीचे को चलाजाताहै ॥ ६ ॥

अथ भर्तृकृत्यमाह ॥

तत्रगर्भाधानेनिषिद्धं विहितंचकालंतयोःफलञ्चाह । आयुक्षयभयाद्भर्त्ताप्रथमेदिवसेस्त्रियम् ॥ द्वितीयेऽपिदिनेरत्यैत्यजेदृतुमतींतथा ॥ तत्रयश्चाहितोगर्भोजायमानो न जीवति । आहितोयस्तृतीयेऽह्निस्वल्पायुर्विकलाङ्गकः ॥ अतश्चतुर्थीषष्ठीस्यादष्टमी दशमीतथा ॥ द्वादशीवापियारात्रिस्तस्यान्तांविधिनाभजेत् ॥ विधिना गर्भाधानोक्तविधिना अत्रोत्तरोत्तरं विद्यादायुरारोग्यमेवच (तत्रान्तरे) प्रजासौभाग्यमैश्वर्य्यंबलञ्चाभिगमात्फलम् ॥ ७ ॥ अब पतिके कृत्य कहते हैं ॥

उस गर्भाधान में निषेध किये हुये और विधान कियेहुए दोनों समयोंका फल कहते हैं-पतिको उचितहै कि प्रथम तथा द्वितीयदिन में भी ऋतुमती स्त्रीसे संभोग न करे क्योंकि आयुका क्षयहोताहै-उन पहले और दूसरे दिनों में रहाहुआ गर्भ उत्पन्न होकर नहीं जीताहै और तीसरेदिन का रहाहुआ गर्भ थोड़ी उमरवाला और शिथिलअंगयुक्त होताहै इसकारणसे चौथी छठी आठवीं दशवीं तथा बारहवीं रात्रिमें विधिपूर्वक उसका सेवनकरे अर्थात् संभोगकरे विधिपूर्वक अर्थात् गर्भाधान में कहीहुई विधिसे- इन रात्रियोंमें उत्तरोत्तर अवस्था और आरोग्यकी वृद्धि होती है दूसरे तन्त्रमें ऐसा कहाहै कि संभोग करने से सन्तान सौभाग्य बल और ऐश्वर्य्य प्राप्तहोताहै ॥ ७ ॥

मनोभवागारमुखेऽबलानांतिस्रोभवन्तिप्रमदाजनानाम् । समीरणाचन्द्रमुखीचगौरी विशेषमासामुपवर्णयामि ॥ प्रधानभूतामदनातपत्रेसमीरणानामविशेषनाडी । तस्यामुखेयत्पतितंतुवीर्य्यं तन्निष्फलंस्यादितिचन्द्रमौलिः ॥ याचापराचान्द्रमसीचनाडी कंदर्पगेहे भवतिप्रधाना । सासुन्दरीयोषितमेवसूते साध्याभवेदल्परतोत्सवेषु ॥ गौरीतिनाडीयदुपस्थगर्भे प्रधानभूताभवतिस्वभावात् । पुत्रंप्रसूते बहुधाङ्गनासा कष्टोपभोग्यासुरतोपविष्टा ॥ ८ ॥

स्त्रियोंकी योनिके मुखमें तीन नाडियां होतीहैं समीरणा चन्द्रमुखी और गौरी अब इनकी विशेषता का वर्णन करतेहैं योनिमें समीरणा नाम विशेषनाडी प्रधानहै उसके मुखमें पड़ाहुआ वीर्य व्यर्थ होता है अर्थात् गर्भको नहीं उत्पन्न करताहै यह चन्द्रमौलिका मतहै और जो दूसरी चन्द्रमुखी नाडी योनिमें प्रधानहै वह कन्याही को उत्पन्न करतीहै और थोड़ेसे संभोगमें साध्य होतीहै अर्थात् गर्भ धारण करतीहै और गर्भ में स्वभावही से प्रधानभूत जो गौरी नाडीहै वह सुरत में प्राप्त कष्टसे भोग करने के योग्य बहुधा पुत्रही उत्पन्न करती है ॥ ८ ॥

अथ युग्मायुग्मरात्रीणां फलमाह ॥

युग्मासुपुत्राजायंतेस्त्रियोऽयुग्मासुरात्रिषु । तत्रदम्पत्योःसम्भोगेयादृक् पुमान्युक्तस्तादृगुच्यते ॥ स्नातश्चन्दनलिप्ताङ्गःसुगन्धसुमनोऽर्चितः ॥ भुक्तवृष्यःसुवसनःसुवेषः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

समलंकृतः ॥ ताम्बूलवदनस्तस्यामनुरक्तोऽधिकःस्मरः। पुत्रार्थी पुरुषोनारीमुपेयाच्छयने शुभे ॥ ९ ॥

अथ सम और विषम रात्रियों का फल वर्णन करते हैं॥

समरात्रियों में पुत्र और विषमरात्रियों में कन्या उत्पन्न होती है तहां स्त्री और पुरुषके संभोग में जैसा पुरुष होना चाहिये उसे कहते हैं-स्नान कियाहुआ-चन्दनादि सुगन्धित वस्तुओंको धारण कियेहुआ सुगन्धित पुष्पोंसे युक्त कामके बढ़ानेवाले दुग्धादि पदार्थोंको खाये हुआ अच्छे वस्त्र सुन्दर वेष और श्रेष्ठ आभूषणधारी मुखमें तांबूल खायेहुआ उस स्त्रीमें अधिक प्रेम करनेवाला कामदेव के अधिक वेगवाला पुत्रार्थी पुरुष उत्तम शय्यापर स्त्रीसे संभोग करे॥ ९॥

अथ तत्राऽयोग्यं पुरुषमाह ॥

अत्याशितोऽधृतिःक्षुद्वान् सव्यथाङ्गःपिपासितः ॥ बालोवृद्धोऽन्यवेगार्त्तस्त्यजेद्रोगी च मैथुनम् ॥ १० ॥ (तत्रस्त्री यादृशी योग्या तादृश्युच्यते।) पुरुषस्य गुणैर्युक्ता विहितान्यूनभोजना ॥ नारीऋतुमती पुंसां सागच्छेत्तु सुतार्थिनी ॥ ११ ॥

इसमें अयोग्य पुरुषको कहते हैं ॥

बहुत भोजन कियाहुआ-धैर्य्यरहित क्षुधासे व्याकुल शरीर में पीड़ायुक्त- तृषित-बालक-वृद्ध मलमूत्रादिके वेगोंसे व्याकुल और रोगी पुरुष मैथुन न करे १० (अब योग्य स्त्रीका वर्णन करते हैं) पहले कहेहुये पुरुषके गुणों से युक्त योग्य और स्वल्प भोजन करनेवाली ऋतुमती पुत्रकी चाहने वाली स्त्री पुरुषसे संगम करे॥ ११ ॥

अथ तत्राऽयोग्यां स्त्रियमाह ॥

रजस्वलाव्याधिमतीविशेषाद्योनिरोगिणी। वयोऽधिकाचनिष्कामामलिनागर्भिणी तथा ॥ एतासांसङ्गमात्पुंसांवैगुण्यानिभवन्तिहि। तत्ररजस्वलादिनत्रयंयावद्वतौनिषिद्धायतउक्तम् ॥ प्रथमेऽहनिचाण्डालीद्वितीयेब्रह्मघातिनी। तृतीयेरजकीपुंसांयथावर्ज्या तथाङ्गना ॥ व्याधिमतीचवर्ज्यातत्रस्त्रीणांव्याधयः। प्रदरादयउक्तानिषिद्धातत्रापिविशेषाद्योनिरोगिणी ॥ १२ ॥

अथ अयोग्यस्त्रीको कहते हैं॥

रजस्वला–रोगवाली–और विशेष करके योनिके रोगवाली- अधिक अवस्थावाली कामके वेगसे रहित मैली और गर्भिणी ऐसी स्त्रियोंके संग भोगकरने से पुरुषके रोगउत्पन्न होते हैं इन में रजस्वला ऋतुकाल से तीनदिनतक निषिद्ध है क्योंकि ऐसा कहाहुआहै कि पहिले दिन चाण्डाली दूसरेदिन ब्रह्मघातिनी और तीसरेदिन धोबिनके समान रजस्वला स्त्रियोंका त्याग पुरुषों को उचित है- रोगवाली स्त्री त्याग करने के योग्यहै अर्थात् प्रदरादिक रोगवाली स्त्रियां निषिद्ध हैं इसमें भी विशेष करके योनि रोगवाली वर्जित हैं ॥ १२ ॥

अथ गर्भावतरणक्रममाह ॥

कामान्मिथुनसंयोगेशुद्धशोणितशुक्रजः। गर्भःसंजायतेनार्य्यांःसजातोबालउच्यते॥ गर्भःशुद्धःअशुद्धस्तुगर्भोऽशुद्धःशुक्रशोणितयोरपिदम्पत्योर्भवतियतआह। दम्पत्योः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कुष्ठबाहुल्याद्दुष्टशोणितशुक्रयोः ॥ यदपत्यन्तयोर्जातंज्ञेयंतदपिकुष्ठितमिति । कुष्ठंसंजातंयस्यतत्कुष्ठितम्,अत्रतारकादित्वादितच्प्रत्ययः ॥ यत्तुवातादिदुष्टरेतसःप्रजोत्पादनेनसमर्थाइतिसुश्रुतः । तत्रशुद्धप्रजोत्पादने नसमर्थाइतिबोद्धव्यम् ॥ रोगादिनाशुद्धास्तुप्रजांवातादिदुष्टशुक्राः । अपिजनयन्तिजन्मान्धबधिरपङ्ग्वादिसम्भवात् ॥ १३ ॥ ऋतौस्त्रीपुंसयोर्योगेमकरध्वजवेगतः । पुंसःसर्व्वशरीरस्थोरेतोद्रावयतेऽथतत् ॥ वायुर्मेहनमार्गेणपातयत्यङ्गनाभगे । तत्संश्रुत्यव्यात्तमुखंयातिगर्भाश्रयंप्रति ॥ तत्र शुक्रवदायातेनार्त्तवेनयुतंभवेत् ॥ १४ ॥

अब गर्भकी उत्पत्तिका क्रम कहते हैं ॥

कामसे दोनोंके संयोगमें शुद्ध रुधिर और वीर्य्यकेद्वारा स्त्रीके गर्भस्थिति होती है वहीउत्पन्नहोकर बालक कहाताहै- गर्भ शुद्ध होताहै परन्तु बिगडेहुये रुधिर और वीर्य्यवाले स्त्री पुरुषों का अशुद्ध होताहै क्योंकि कहाहै कि कुष्ठकी अधिकतासे जिनका रुधिर वीर्य्य बिगडाहुआ है उन स्त्री पुरुषों की सन्तान भी कुष्ठित होती है कुष्ठ जिसकेहो वह कुष्ठित कहलाताहै इस कुष्ठित शब्दमें तारकादित्वसे इतच्प्रत्ययहोताहै जोकि वातादिकों से बिगडे हुए वीर्य्यवाले प्रजाके उत्पन्न करने में नहीं समर्थ होते हैं ऐसा सुश्रुतने कहाहै वहां शुद्ध सन्तान नहीं उत्पन्न करसक्ते हैं ऐसा समझना चाहिये क्योंकि रोगादिकोंसे शुद्ध और वातादिकोंसे बिगडे हुए वीर्यवालेभी प्रजाको उत्पन्न करते हैं परन्तु जन्महीसे अन्धे- बहिरे - लंगडे आदि उत्पन्नहोने का संभवहै १३ ऋतुकालमें कामदेवके वेगसे स्त्री और पुरुषके संयोगहोनेपर पुरुषके सम्पूर्ण शरीरमें स्थित वीर्य्य पिघलताहै इसके उपरान्त वायु उस वीर्य्यको लिंग के मार्ग द्वारा स्त्रीकी योनिमें गेरताहै वह वीर्य्य बहकर फैलेहुए मुखवाले गर्भाशयमें प्राप्त होताहै उस गर्भाशयमें वीर्य्यके समान आये हुये रज (हैज़) से मिलताहै ॥ १४ ॥

गर्भाशयस्य स्वरूपमाह ॥

शङ्खनाभ्याकृतिर्योनिस्त्र्यावर्त्तासाचकीर्त्तिता । तस्यास्तृतीयेत्वावर्तेगर्भशय्याप्रतिष्ठिता ॥ यथारोहितमत्स्यस्यमुखंभवतिरूपतः । तत्संस्थानातथारूपांगर्भशय्यांविदुर्बुधाः ॥ अयमर्थः । गर्भशय्यामुखंरोहितमत्स्येवभवतियथा च रोहितमत्स्यस्यस्थितिर्जलेभवतितथापित्ताशयपक्काशयमध्येगर्भशय्यायाः स्थितिर्भवतिरूपमपितस्येवभवतियथारोहितस्य मुखंस्वल्पमाशयस्तुमहानित्यर्थः ॥ १५ ॥

अब गर्भाशय का स्वरूप कहते हैं ॥

शङ्खकी नाभिके समान आकारवाली योनिमें तीनचक्र कहेगये हैं इसके तीसरे चक्रमें गर्भकी शय्या स्थितहै-पण्डितलोग रोहू मछली के मुखके रूपके समान स्थिति और रूपवाली गर्भशय्या कहते हैं इसका यह तात्पर्य्य है कि गर्भशय्याका मुख रोहूमछलीके समान होताहै और जैसे जल में रोहूमछली की स्थितिहै उसी प्रकार पित्ताशय और पक्वाशयके बीचमें गर्भशय्याकी स्थिति है और उस का रूपभी उसीके समान होताहै जैसे रोहू मछलीका मुख छोटा और भीतरकी ओर बडा होता है उसीप्रकार गर्भशय्याभी होती है ॥ १५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शुक्रार्त्तवसमाश्लेषोयदैवखलुजायते । जीवस्तदैवविशतियुक्तशुक्रार्त्तवान्तरम् ॥ सूर्य्यांशोःसूर्य्यमणितोह्युभयस्माद्युताद्यथा । वह्निःसञ्जायतेजीवस्तथाशुक्रार्त्तवाद्युतात् ॥ आत्मानादिरनन्तश्चाऽव्यक्तोवक्तुंनशक्यते । चिदानन्दैकरूपोऽयंमनसापिनगम्यते ॥ एवंभूतोऽपिजगतोभाविनीबलवत्तया । अविद्यास्वीकृतेकर्म्मवशोगर्भेविशत्यसौ ॥ (गर्भेचतुर्विंशतितत्त्वमयम्) सएववेत्तारसनोद्रष्टाघ्रातास्पृशत्यसौ । श्रोतावक्ताच कर्त्ताचगन्तोरन्तोत्सृजत्यपि॥१६॥दिनेऽव्यतीतेनियतंसंकुचत्यम्बुजंयथा ।ऋतौऽव्यतीते नार्य्यास्तुयोनिःसंव्रियतेयथा ॥ ऋतौरजोदर्शनात् । षोडशनिशात्मकेकाले ॥ १७ ॥

जिससमय वीर्य्य और रजका संयोग होताहै उसीसमय मिलेहुये वीर्य्य और रजमें जीव प्रवेश करताहै-सूर्यकी किरण और सूर्य्यकान्तिमणि इन दोनों के मिलने से जैसे अग्नि उत्पन्न होती हैं उसीप्रकार वीर्य्य और रजके मिलने से जीव उत्पन्न होताहै यह आत्मा अनादि अनन्त अव्यक्त वाणीसे परे आनन्दरूप मनसे भी जाना नहीं जासक्ताहै ऐसा होनेपरभी संसारके होनहारकी प्रबलतासे कर्म्मके वशीभूत होकर अविद्याके द्वारा ग्रहण कियेहुये गर्भ में यह प्रवेश करताहै- गर्भ में अर्थात् चौबीस तत्त्वोंसे बनेहुये गर्भमें-वही आत्मा जानता है स्वाद लेताहै देखता है सूंघता है स्पर्श करताहै सुनताहै बोलता है करता है चलताहै रमण करताहै और त्यागभी करता है १६ जैसे दिन के व्यतीत होनेपर कमल सिकुर जाताहै उसीप्रकार ऋतुकाल के व्यतीत होजानेपर स्त्रीकी योनि सिकुर जाती है- ऋतुकालमें अर्थात् ऋतुकालके प्रथम दिनसे सोलह रात्रि पर्यंत ॥ १७ ॥

बीजेऽन्तर्वायुनाभिन्नेद्वौजीवौकुक्षिमागतौ । यमावित्यभिधीयेतेधर्मेतरपुरःसरौ । धर्म्मस्तदितरोऽधर्म्मस्तौपुरःसरौययोःतेनयमौधर्म्माधर्म्माभ्यांभवतइत्यर्थः ॥ १८ ॥ आधिक्येरेतसःपुत्रः कन्यास्यादार्त्तवेऽधिके । नपुंसकंतयोःसाम्येयथेच्छापरमेश्वरी ॥ नन्वेवंसतिकथंपुत्रोत्पत्तिःसदैवार्त्तवस्यैवबाहुल्यात् । यतउक्तम् ॥ आर्त्तवंचतुरञ्जलि प्रमाणंशुक्रंप्रसृतिमात्रमिति ॥ १९ ॥

भीतरकी वायुसे वीर्य्यके छिन्न भिन्न होजाने से धर्म्म और अधर्म्महै आगे जिनके ऐसे दो जीव कुक्षिमें प्राप्तहोकर यम कहलाते हैं धर्म्म और उससे दूसरा अधर्म्म यह दोनों हैं आगे जिन के वह धर्मोत्तर पुरस्सरौ कहलाते हैं इससे यम (जुड़िया) धर्म और अधर्मके द्वारा होते हैं यह तात्पर्य है१८॥ वीर्य्यकी अधिकतासे पुत्र उत्पन्न होताहै और रजकी अधिकता से कन्या उत्पन्न होती है और रज तथा वीर्य्यकी समता से नपुंसक उत्पन्न होताहै आगे ईश्वरकी इच्छा-अब यहांपर यह शंका होतीहै कि ऐसा होनेपर सदैव रजकी अधिकता से पुत्रकी उत्पत्ति कैसे होसक्ती है क्योंकि कहाभी हैं कि रजका प्रमाण चार अञ्जली है और वीर्य्य का प्रमाण एक चुल्लू अर्थात् रजका अष्टमांश वीर्य्य होताहै ॥ १९ ॥

वाग्भट्टेऽप्युक्तमात्रेयादिभिः ॥

मज्जामेदोवसामूत्रपित्तश्लेष्मशकृत्प्रसृक् । रसोजलंचदेहेऽस्मिंस्त्वेकैकाञ्जलिवर्द्धितम् ॥ पृथक्चप्रसृतंप्रोक्तमोजोमस्तिष्करेतसाम् । द्वावञ्जलीतुदुग्धस्य चत्वारोरजस

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्तुते ॥ समधातोरिदंमानं विद्याद्वृद्धिक्षयावतः । इति ॥ नैवं, यतोगर्भाशयस्थमेव शुक्रमार्त्तवंचगर्भोत्पत्तिहेतुः शुक्रंकदाचिदत्यन्तहर्षवशाद्दुग्धादिशुक्रलत्वद्रव्यसेवनात् शुक्रबाहुल्याद्गर्भाशयेबहुस्रवतिकदाचिद्दौर्मनस्यादिना शुक्राल्पत्वात्त्वल्पमिति एवमार्त्तवमपीतिनदोषः (सुश्रुतःपुनराह) वैलक्षण्याच्छरीराणामस्थायित्वात्तथैवच । दोषधातुमलानांतुपरिमाणं न विद्यते ॥ वैलक्षण्यात्दीर्घह्रस्वकृशादिभेदेनसादृश्याभावादस्थायित्वाद्वयोऽहर्निशर्त्तुभुक्तेष्वेकमात्रानवस्थानात् एवंतामभिसंगम्यपुनर्मासाद्भजेदसौमासादूर्ध्वमितिशेषः । अर्वाग्गमनेनगर्भद्वारविघट्टनात् गर्भच्युतिप्रसंगः स्यात्केचित्तु, पुनः पुष्पदर्शनेनगर्भालाभनिश्चयेमासादूर्ध्वंगच्छेत्-लब्धगर्भेनैवगच्छेदितिवदन्ति ॥ २० ॥

वाग्भट्ट में आत्रेयादिकों ने भी कहाहै कि मज्जा-मेद-चरबी-मूत्र-पित्त-श्लेष्मा-विष्ठा-रुधिर-रस-और जल यह पदार्थ इस देहमें एक २ अञ्जली के प्रमाण से अधिक हैं और कहागया है कि ओज (पराक्रम) मस्तिष्क (भेजा) और वीर्य्य एक २ चुल्लूहैं और दूध दो अञ्जली रज चार अञ्जली यह समधातुवाले का प्रमाणहै इससे अधिकता और न्यूनतामें वृद्धि और क्षय जाननी चाहिये ऐसा नहीं क्योंकि गर्भाशयमें स्थितही वीर्य्य और रज गर्भ की उत्पत्तिका कारण है कदाचित् अत्यन्त प्रसन्नताके कारण अथवा वीर्य्य के बढ़ानेवाले दुग्धादि पदार्थों के सेवन के कारण वीर्य्य की वृद्धि से गर्भाशयमें बहुत वीर्य्य गिरताहै और कदाचित् दुःखादिक के कारण वीर्य्य की न्यूनतासे थोडावीर्य्य गिरताहै ऐसेही रजभी न्यूनाधिक होताहै इस प्रकार से कोई दोष नहीं है फिर सुश्रुतभी कहते हैं कि शरीरोंकी विलक्षणता और अस्थायित्व दोष से धातु और मल इनका प्रमाण नहीं है विलक्षणता अर्थात् दीर्घ ह्रस्व और दुर्बल आदि भेदों से सदृशता का न होना अस्थायित्व अर्थात् अवस्था का दिन रात्रि ऋतु और भोजनमें एक प्रकार स्थित न रहना इस प्रकार उससे संभोगकरके फिर महीने के उपरान्त संभोगकरै क्योंकि जो महीने के भीतर गमनकरे तो गर्भद्वारके रगडने से गर्भपात होनेका भयहै कोई तो फिर ऋतु धर्म के होने से गर्भ के न होनेका निश्चय होजानेपर महीने के उपरान्त संगम करे और जो गर्भ होवे तो न करे ऐसा कहते हैं ॥ २० ॥

तत्रपरिहार्य्यपरिहारार्थंसद्योगृहीतगर्भायालक्षणमाह ॥

शुक्रशोणिततयोर्योनेरस्रावोर्थश्रमोद्भवः ॥ सक्थिसादःपिपासाचग्लानिःस्फूर्त्तिभगेभवेत् ॥ २१ ॥

त्याग करनेके योग्य पदार्थों का त्याग करने के लिये उसी समय गर्भ के धारण करनेवाली स्त्रीका लक्षण कहते हैं ॥

वीर्य्य और रुधिरका योनिसे न बहना कार्य्य में परिश्रम होना—जंघामें पीडा—तृषाका लगना-ग्लानि और योनिका फड़कना यह लक्षण शीघ्र गर्भ धारण करनेवाली स्त्रीके होते हैं ॥ २१ ॥

अथतस्याएवोत्तरकालीनंलक्षणमाह ॥

स्तनयोर्मुखकार्ष्ण्यंस्याद्रोमराज्युद्गमस्तथा ॥ अक्षिपक्ष्माणिचाप्यस्याः संमील्यन्ते विशेषतः ॥ छर्दयेत्पथ्यभुक्चापिगन्धादुद्विजतेशुभात् । प्रसेकःसदनंचैतद्गर्भिण्यालिंग

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मुच्यते॥ २२ ॥ (तत्रपुत्रगर्भवत्यालक्षणम्) पुत्रगर्भयुतायास्तुनार्य्यामासिद्वितीयके। गर्भोगर्भाशयेलक्ष्यःपिण्डाकारोऽपरंशृणु ॥ पिण्डोवर्त्तुलाकृतिः मासिद्वितीयकइत्यस्य गर्भःपिण्डाकारोलक्ष्यः इत्यनेनैवान्वयो नत्वग्निमम्लोकेऽपि ॥ दक्षिणाक्षिमहत्त्वंस्यात् प्राक्क्षीरंदक्षिणेस्तने। दक्षिणोरुःसुपुष्टःस्यात्प्रसन्नमुखवर्णता ॥ पुन्नामधेयद्रव्येषुस्व प्नेष्वपिमनोरथः। आम्रादिफलमाप्नोतिस्वप्नेषुकमलादि च॥ २३ ॥

अब उसीके पीछे होनेवाले लक्षण कहते हैं॥

स्तनों के मुखकी श्यामता-रोमांचहोना विशेषकरके नेत्रोंका बन्दहोना-पथ्य भोजनका भी वमन होना-उत्तम गन्धिसे क्लेशहोना-पसीना आना पीड़ाहोना यह गर्भिणी स्त्रीके लक्षण कहेगये हैं॥ २२॥

अब पुत्र गर्भवाली स्त्रीके लक्षण कहते हैं॥

पुत्र गर्भवाली स्त्रीके गर्भाशयमें दूसरे महीने पिण्डके समान आकारवाला गर्भ लक्षित होताहै और दूसरे लक्षण आगे कहते हैं पिण्ड अर्थात् गोल आकारवाला दूसरे महीने इसका संबन्ध पिण्डाकार-हीके साथमें है न कि आगेवाले श्लोकसे दक्षिण नेत्र बड़ाहो और दक्षिणही स्तनमें प्रथम दूध उत्पन्न हो दक्षिण जंघाभारी हो मुखका वर्ण उत्तमहो स्वप्नमें भी पुरुषवाची पदार्थों की इच्छाहो और स्वप्नमें आम्रादिक फल और कमल आदिक पुष्प प्राप्तहों इनलक्षणोंवाली स्त्रीके गर्भ में पुत्रजानना॥ २३॥

अथ कन्यागर्भवत्या लक्षणमाह॥

कन्यागर्भवतीगर्भेपेशीमासिद्वितीयके। पुत्रीगर्भस्यलिंगानिविपरीतानिचेक्षते ॥ पेशीदीर्घाकृतिः॥ २४॥ नपुंसकंयदागर्भे भवेद्गर्भोऽर्बुदाकृतिः॥ उन्नतेभवतःपार्श्वे पुरस्तादुदरंमहत् ॥ अर्बुदंवर्त्तुलंफलार्द्धतुल्यम्॥ २५॥ (नपुंसकविशेषमाह) आसेकश्चसुगन्धी च कुम्भीकश्चेर्ष्यकस्तथा। अमीसशुक्राबोद्धव्याअशुक्रःषण्ढसंज्ञकः॥ २६॥

अब कन्या गर्भवाली स्त्रीके लक्षण कहते हैं॥

कन्या गर्भवाली स्त्रीके गर्भ में दूसरे महीने पेशी होती है और पुत्र गर्भवाली स्त्रीसे उलटे लक्षण होते हैं पेशी (दीर्घाकार)॥ २४॥ (नपुंसकगर्भवाली के लक्षण) जो गर्भ में नपुंसकहो तो गर्भ का आकार अर्बुदके समानहोताहै कोखें ऊंची होती हैं और पेट आगेको बड़ा होताहै अर्बुद (किसीगोल पदार्थ का आधा)॥ २५॥ (अब नपुंसकों के प्रकारकहते हैं) आसेक्य-सुगन्धी कुंभीक और ईर्षक यह चारों वीर्य्य सहित नपुंसक कहे जाते हैं और जिसके वीर्य्य न हो वह षण्ढ कहलाताहै॥ २६॥

अथैतेषांलक्षणमाह॥

पित्रोस्तुस्वल्पवीर्यत्वादासेक्यःपुरुषोभवेत्। सशुक्रंप्राश्यलभतेध्वजोन्नतिमसंशयम्॥ पित्रोर्मातापित्रोः स्वल्पवीर्यत्वात् स्वल्पशुक्रार्त्तवत्वात् आसेक्यनामा मुखयोनीति नामान्तरः स शुक्रं प्राश्येति सपुरुषोऽन्य पुरुषेण स्वमुखे मैथुनं कारयित्वा तस्य शुक्रं प्राश्यमेहनोत्थानं लभत इत्यर्थः॥ यःपूतियोनौजायेत सहिसौगन्धिकोभवेत्। सयोनिशेफसौगन्धमाघ्रायलभतेबलम्॥ सौगन्धिकः सौगन्धिकनामा नासायोनीति नामान्तरं बलं मैथुने शक्तिं॥ २७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अब इनके लक्षण कहते हैं ॥

माता पिताके रज और वीर्य्य के थोड़े होनेसे पुरुष आसेक्यनाम नपुंसक कहलाता है और वह वीर्य्यको खाकर निस्सन्देह लिङ्ग की उन्नति अर्थात् भोगकरने की सामर्थ्य को प्राप्त होताहै वीर्य्य को खाकर (वह नपुंसक पुरुष अन्य पुरुषसे अपने मुखमें मैथुन कराकर वीर्य्यको चखकर भोगकरनेकी सामर्थ्य को प्राप्त होताहै) और इस नपुंसक का दूसरा नाम मुखयोनिभी है जो दुर्गन्धित योनि में उत्पन्न होताहै वह सुगन्धी नपुंसक कहलाताहै और वह योनि तथा दूसरे के लिङ्गको सूंघकर मैथुन करने की सामर्थ्य को प्राप्त होताहै इस नपुंसकका दूसरानाम नासायोनि भी है ॥ २७ ॥

स्वेगुदेब्रह्मचर्य्याद्यः स्त्रीषुपुंवत् प्रवर्त्तते ॥ सकुम्भीक इतिज्ञेयो गुदयोनिस्तु स स्मृतः ॥ अब्रह्मचर्य्यात् ब्रह्मचर्य्यम् मैथुनं अब्रह्मचर्य्यंमैथुनं यत्स्यात् ॥ २८ ॥

जो पुरुष अपनी गुदामें मैथुन कराने से स्त्रियों से संभोग करनेकी सामर्थ्य को प्राप्त होताहै वह कुम्भीक कहलाताहै और इसका दूसरानाम गुदयोनि भी है ॥ २८ ॥

दृष्ट्वाव्यवायमन्येषां व्यवायेयः प्रवर्त्तते ॥ ईर्ष्यकः सतु विज्ञेयो दृष्टियोनिस्तुसस्मृतः २६ योभार्य्यायामृतौमोहादङ्गनेवप्रवर्त्तते। तत्रस्त्रीचेष्टिताकारो जायतेषण्ढसंज्ञकः ॥ स्त्रीचेष्टिताकारः स्त्र्याकारःश्मश्रुरहितः। स्त्रीचेष्टितः समेहनोऽपि पुरुषशक्तिरहितः ॥ किन्तु स्त्रीवदधो भूतःस्वेगुदे पुरुषान्तरेण मैथुनम् ॥ ३०

जो पुरुष दूसरेके मैथुनको देखकर मैथुनमें प्रवृत्त होताहै वह ईर्षक कहलाताहै इसका दूसरानाम दृष्टियोनिभी है २६ जो पुरुष ऋतुकालमें अज्ञानतासे स्त्रीके समान नीचे लेटकर स्त्रीको ऊपरकरके स्त्रीसे संभोग करताहै उसके जो पुत्र उत्पन्न होताहै वह स्त्रीके समान चेष्टा और आकारवाला अर्थात् दाढ़ी आदिसे रहित और लिङ्ग के होनेपरभी पुरुषार्थ से रहित षण्ढनामवाला होताहै और यह षण्ढ पुरुष स्त्रीके समान नीचे लेटकर अपनी गुदामें अन्य पुरुषसे मैथुन कराता है ॥ ३० ॥

ऋतावृतौपुरुषवत् प्रवर्त्तेताङ्गनायदि। तत्रकन्यायदिभवेत् साभवेन्नरचेष्टिता ॥ पुरुषवत् स्त्रियमारुह्यसा तस्यायोनौ स्वयोनिघर्षणं करोति ॥ ३१ ॥

ऋतुकालमें जो स्त्री पुरुषके समान आप ऊपर होकर पुरुषसे मैथुनकरे उससे जो कन्या उत्पन्न होगी वह पुरुषके समान चेष्टावाली होगी वहकन्या पुरुषके समान स्त्रीके ऊपर चढ़कर उसकी योनि में अपनी योनिको रगड़ती हैं ॥ ३१ ॥

अपराअपि गर्भप्रकृतीराह ॥

यदानार्य्यावुपेयातां वृषस्यन्त्यौ कथञ्चन । मुञ्चन्त्यौशुक्रमन्योन्यमनस्थिस्तत्र जायते ॥ अनस्थिः अत्रेषदर्थे नञ् तेनाल्पकोमलास्थिरित्यर्थः ॥ ऋतुस्नातातुयानारी स्वप्नेमैथुनमाचरेत्। आर्त्तवंवायुरादाय कुक्षौगर्भंकरोतिहि ॥ मासिमासिप्रवर्द्धेत स गर्भोगर्भलक्षणः। कललंजायतेतस्य वर्जितंपैतृकैर्गुणैः ॥ गर्भलक्षणः प्रकृतगर्भलक्षणः। पैतृकैर्गुणैः केशश्मश्रुलोमनखदन्तशिरास्नायुधमनीरेतः प्रभृतिभिः ॥ ३२ ॥

और भी गर्भकी प्रकृति कहते हैं ॥

जब कामसे अत्यन्त पीड़ित दोस्त्री परस्पर संभोग करें तब परस्पर किसीप्रकार वीर्य्य छोड़ती हैं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उससे जो सन्तान उत्पन्न होती है वह अल्प और कोमल हड्डीवाली होती है ऋतुकालमें स्नानकरने वाली जो स्त्री स्वप्न में मैथुन करे उसकी कुक्षिमें वायु रुधिरको लेकर गर्भ उत्पन्न करती है और गर्भ के समान लक्षण वाला वह गर्भ पिताके गुणों (केशदाढ़ीरोमनखदन्त नाड़ी आदिकों) से रहित कज्जलनाम उत्पन्न होताहै ॥ ३२ ॥

सर्पवृश्चिककूष्माण्डाकृतयो विकृताश्चये । गर्भास्तेयोषितस्ताश्च ज्ञेयाःपापकृतोभृसम् ३३ गर्भोवातप्रकोपेन दोहदेचापमानिते । भवेत्कुब्जःकुणिःपंगुर्मूकोमिन्मिनएवच ॥ ३४ ॥

सर्प वृश्चिक कूष्माण्ड आदिकों के आकार वाले विकारयुक्त जो गर्भ होते हैं वह गर्भ अत्यन्त पाप करनेवाली स्त्रियों के वायु के कोपसे और गर्भिणी स्त्रीकी इच्छाके न पूरेहोनेसे कुबड़ा कुणि लंगड़ा गूंगा और मिनामिनो आदि उत्पन्न होते हैं ३३ । ३४ ॥

पुत्राणामाहाराचारचेष्टाभेदस्य हेतुमाह ॥

आहाराचारचेष्टाभिर्य्यादृशीभिःसमन्वितौ । स्त्रीपुंसौसमुपेयातां तयोःपुत्रोऽपितादृशः ॥ समुपेयातां संयोगं गच्छेताम् ॥ ३५ ॥

पुत्रों के आहार आचार और चेष्टाओं के भेदका कारण कहते हैं ॥

स्त्री और पुरुष जिस प्रकारके आहार आचार और चेष्टाओं से युक्त होकर संभोग करते हैं उनका पुत्रभी वैसाही उत्पन्न होताहै ॥ ३५ ॥

अथ गर्भलक्षणमाह ॥

गर्भाशयगतंशुक्रमार्तवंजीवसंज्ञकः । प्रकृतिःसविकाराच तत्सर्वंगर्भसंज्ञकम् ॥ कालेनवर्द्धितोगर्भो यदाङ्गोपाङ्गसंयुतः । भवेत्तदासमुनिभिः शरीरीतिनिगद्यते ॥ अङ्गोपाङ्ग संयुक्तः व्यक्ताङ्गोपाङ्गः ॥ ३६ ॥

गर्भके लक्षण लिखते हैं ॥

गर्भाशयमें प्राप्त हुए वीर्य्य और रजको जीव कहते हैं यह आठ प्रकृति और सोलह विकार सब मिलकर गर्भ कहलाते हैं समय पाकर बढ़ेहुए गर्भ के जब अङ्ग और उपाङ्ग प्रकट होते हैं तब मुनि लोग उसको शरीरी कहते हैं ॥ ३६ ॥

तस्यत्वङ्गान्युपाङ्गानि ज्ञात्वासुश्रुतशास्त्रतः । मस्तकादभिधीयन्ते शिष्या शृणुतयत्नतः ॥ आद्यमङ्गंशिरःप्रोक्तं तदुपाङ्गानिकुन्तलाः । तस्यान्तर्मस्तुलुङ्गंच ललाटंभ्रूयुगन्तथा ॥ नेत्रद्वयंतयोरन्तर्वर्त्तेतेद्वेकनीनिके । दृष्टिद्वयंकृष्णगोलौ श्वेतभागौचवर्त्मनी ॥ पक्ष्माण्यपाङ्गाशङ्खौच कर्णौतच्छष्कुलीद्वयम् । पालिद्वयंकपोलौच नासिकाचप्रकीर्त्तिता ॥ ओष्ठाधरौचसृक्किण्यो मुखंतालुहनुद्वयम् । दन्ताश्चदन्तवेष्टश्च रसनाचिवुकंगलः ॥ द्वितीयमङ्गंग्रीवातु ययामूर्द्धाविधार्यते । तृतीयंबाहुयुगलं तदुपाङ्गान्यथब्रुवे ॥ तत्रोपरिमितौस्कन्धौ प्रगण्डौभवतस्त्वधः । कफोनियुतंतदधः प्रकोष्ठयुगलन्तथा ॥ मणिबन्धौतलेहस्तौ तयोश्चांगुलयोदश । नखाश्चदशतेस्थाप्या दशच्छेद्याःप्रकीर्त्तिताः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चतुर्थमङ्गंवक्षस्तु तदुपाङ्गान्यथब्रुवे। स्तनौपुंसस्तथानार्य्या विशेषउभयोरयम् ॥ यौव नागमनेनार्याः पीवरौभवतःस्तनौ । गर्भवत्याःप्रसूनायास्तावेवक्षीरपूरितौ ॥ हृदयंपु ण्डरीकेण सदृशंस्यादधोमुखम् । जाग्रतस्ताद्विकसति स्वपतस्तुनिमीलति ॥ आशय स्तत्तुजीवस्य चेतनास्थानमुत्तमम् । अतस्तस्मिंस्तमोव्याप्ते प्राणिनःप्रस्वपन्तिहि॥ चेतनास्थान मुत्तममिति अयमभिप्रायः ॥ चेतनानामधिष्ठानं मनोदेहश्चसेन्द्रियः। केशलोमनखाग्रंच मलंद्रव्यगुणैर्विना ॥ इत्युक्तवता चरकेण सकलं शरीरं चेतनास्था नमुक्तं। तदपेक्षयाहृदयं विशेषतश्चेतना स्थानमिति ॥ कक्षयोर्वक्षसः सन्धी जत्रुणी समुदाहृते। कक्षेउभेसमाख्याते तयोस्यातांचवङ्क्षणौ ॥ उदरंपञ्चपञ्चांगं षष्ठंपार्श्वं द्वयंमतम् सपृष्ठवंशंपृष्ठंतु समस्तंसप्तमंस्मृतम् ॥ उपाङ्गानि च कथ्यन्ते तानि जानीहि यत्नतः। शोणिताज्जायतेप्लीहावामतोहृदयादधः ॥ रक्तवाहिशिराणांसमूलंख्यातोमह र्षिभिः। हृदयाद्वामतोऽधश्चफुप्फुसोरक्तफेनजः ॥ अधोदक्षिणतश्चापिहृदयात्यकृतः स्थितिः। तत्तुरञ्जकपित्तस्यस्थानंशोणितजंमतम् ॥ अधस्तुदक्षिणेभागेहृदयात्क्लोमतिष्ठ ति॥ जलवाहिशिरामूलंतृष्णाच्छादनकृन्मतम् ॥ क्लोमतिलकम्एतत्तुवातरक्तजम् ॥ ३७॥

उसके अङ्ग और उपाङ्गों को सुश्रुतजी के शास्त्रसे जानकर मस्तकसे लेकर सम्पूर्ण कहेजाते हैं हे शिष्य लोगो तुम यत्नपूर्वक सुनो पहलाअङ्ग शिरहै और उसके उपाङ्ग केश हैं और उसके भीतर भेजा ललाट दोनों भृकुटी दोनों नेत्र और उनदोनोंके बीचमें दो तारे दो दृष्टि दो काले गोलक और उनके श्रोत्रभाग पलकें और नेत्रोंके कोने माथेकी दोनों शङ्ख नाम हड्डियां कान कानों के छिद्र और नोंकें गाल नाक ऊपर नीचेके ओष्ठ ओष्ठोंके किनारे मुख तालु दोनों जाबड़े दांत मसूड़े जिह्वा ठोढ़ी गला दूसरा अङ्ग ग्रीवाहै जिससे कि शिर धारण किया जाताहै तीसरा अङ्ग दोनों भुजा और उनके उपाङ्गों को कहते हैं इसमें ऊपर दो कन्धे उसके नीचे दो भुजदण्ड उसके नीचे कुहनी से युक्त दो पहुंचे उसके नीचे मणिबन्ध उसके नीचे हस्ततल और हस्त और उनकी दशों उंगलियां दश नख रखनेके योग्य और उनके दश अंश काटने के योग्य कहेगये हैं चौथा अङ्ग छाती और उसके उपाङ्गों को कहते हैं स्तन स्त्री और पुरुषके स्तनों की विशेषता यहहै कि युवावस्थाके आनेपर स्त्रीके स्तन स्थूल होजाते हैं फिर गर्भवती स्त्रीके सन्तान उत्पन्न होनेपर वही स्तन दुग्धसे भरजाते हैं और पुरुष के वैसे नहीं होते हृदय कमलके समान अधोमुख होताहै वह जागतेहुए पुरुष का प्रफुल्लित होताहै और सोवतेहुए का बन्द होजाता है और यही हृदयजीव की चेतनाका उत्तम स्थानहै इसी कारण से उसके तमोगुण से व्याप्त होनेपर प्राणी सोते हैं हृदय चेतनाका उत्तम स्थानहै इसका यह अ-भिप्राय है कि मन इन्द्रियों समेत शरीर बाल रोम नखों के अग्रभाग और मल यह द्रव्य गुणों की सहायता के बिनाही चेतनाका स्थानहै इस प्रकार कहनेवाले चरकमुनिने सम्पूर्ण शरीरही को चेतनाका स्थान कहाहै और उन सबकी अपेक्षा हृदय अधिक चेतनाका स्थानहै कांख और छाती की सन्धिको जत्रु कहते हैं दो कांखें और वंक्षण (जंघाओंकी सन्धि) यह उपाङ्गहै पांचवां अङ्ग उदर है और छठा अङ्ग दोनों पसलियां हैं और पीठके बांस समेत सब पीठ सातवां अङ्ग कहावैहै अब उस के उपाङ्गों को कहते हैं बाईं ओर हृदयके नीचे रुधिरसे उत्पन्नहुई प्लीहाहै जिसको तिल्ली कहते हैं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

महर्षिलोग उसे रक्तवाहिनी नाडियोंका मूल कहते हैं हृदयके बाईं ओर और नीचे फुप्फुस है वह रुधिरके फेनोंसे उत्पन्न होताहै हृदयके दक्षिण ओर नीचेको यकृत् अर्थात् वह रुधिरसे उत्पन्न हुआ रञ्जक नाम पित्तका स्थानहै हृदयके दक्षिण भागसे नीचे क्लोम अर्थात् मांस पिण्ड विशेषहै वह जल वाहिनी नाडियों का मूल तृषा का रोकनेवाला वातरक्तसे उत्पन्न होताहै ॥ ३७॥

अथ वृद्धवाग्भटः॥

रक्तादनिलसंयुक्तात्कालीयकसमुद्भवइति । मेदःशोणितयोसाराद्वृष्कयोर्युगलंभवेत् ॥ तौतुपुष्टिकरौप्रोक्तौजठरस्थस्यमेदसः । उक्ताःसार्द्धास्त्रयोव्यामाःपुंसामन्त्राणिसूरिभिः॥ अर्द्धव्यासेनहीनानियोषितोऽन्त्राणिनिर्दिशेत् । उन्दुकश्चकटीचापित्रिकंवस्तिश्चवङ्क्षणौ॥ कण्डराणांप्ररोहःस्यात्स्थानंतद्वीर्य्यमूत्रयोः । सएवगर्भस्याधानंकुर्य्याद्गर्भाशयेस्त्रियाः ॥ शङ्खनाभ्याकृतिर्य्योनिस्त्र्यावर्त्तासाचकीर्त्तिता । तस्यास्तृतीयेत्वावर्त्तेगर्भशय्याप्रतिष्ठिता ॥ ३८॥

वृद्धवाग्भट्ट कहते हैं॥

वायु संयुक्त रुधिरसे कालीयक उत्पन्न होताहै मेद और रुधिरके सारांशसे दो वृष्क उत्पन्न होते हैं उन दोनोंसे उदरमें रहनेवाला मेद पुष्ट होताहै पण्डितोंने पुरुषोंकी आंतें साढ़े तीन व्याम (दोनों भुजाओं की लम्बाई) कही हैं और स्त्रियोंकी आंतें तीन व्यामकी होती हैं उन्दुक कटि त्रिक (पीठके बांसके नीचेकी तीन हड्डी वस्ति (मूत्राशय) वंक्षण कण्डरों का मूल यह वीर्य्य और मूत्रके स्थान हैं और वही स्त्रियोंके गर्भाशयमें गर्भ की स्थिति करताहै शङ्खकी नाभिके समान आकारवाली योनि कही गई है और उसमें तीनचक्र होते हैं उसके तीसरे चक्र में गर्भकी शय्याहै ॥ ३८॥

वृषणौभवतःसारात्कफासृग्भ्यांचमेदसाम् । वीर्य्यवाहिशिराधारौतौमतौपौरुषावहौ॥ गुदस्यमानंसर्वस्यसार्द्धस्याच्चतुरंगुलम् ॥ तत्रस्युर्व्वलयस्तिस्रःशङ्खावर्त्तनिभास्तुताः ॥ प्रवाहिनीभवेत्पूर्वासार्द्धांगुलमितामता । उत्सर्जनीतुतदधःसासार्द्धांगुलसम्मिता॥ तस्याधःसञ्चरणीस्यादेकांगुलसमामता । अर्द्धांगुलप्रमाणंतुबुधैर्गुदमुखंस्मृतम् ॥ मलोत्सर्गस्यमार्गोऽयंपायुर्देहेविनिर्मितः ॥ ३९॥

अण्डकोश-मेद कफ और रुधिरके सारांशसे उत्पन्न होते हैं और वह वीर्य्यवाहिनी नसोंके आधार और पुरुषार्थके धारण करनेवाले कहेगये हैं—सम्पूर्ण गुदाका प्रमाण साढ़े चार अंगुलहै और उसमें शङ्खके चक्रोंके समान तीन बलि अर्थात् चक्रहैं उनमें से डेढ़ अंगुल के प्रमाण वाली पहली बलिका नाम प्रवाहिनी है दूसरी बलिका प्रमाण डेढ़ अंगुल और नाम उत्सर्जनी है उसके नीचे संचारिणी नामवाली बलिका प्रमाण एक अंगुल है और पण्डितों ने गुदाके मुखका प्रमाण आधेअंगुल का कहाहै यह गुदा शरीरमें मलके निकलने का मार्ग बनायागयाहै ३९॥

पुंसःप्रोथौस्मृतौयौतुतौनितम्बौचयोषितः । तयोष्ककुन्दरेस्यातांसक्थिनीत्वङ्गमष्टमम्॥ तदुपाङ्गानिचन्द्रमोजानुनीपिण्डिकाद्वयम् । जङ्घेद्वेघुण्टिकेपार्ष्णीतलेचप्रपदेतथा॥ पादावंगुलयस्तत्रदशतासांनखादश ४०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जो पुरुषोंके प्रोथकहेगयेहैं वही स्त्रियोंकेनितम्बहैं उनके दो ककुन्दर (चूतड़ोंके ऊपर दो गढ़े)हैं जांघ आठवां अंगहै उनके उपांग कहते हैं घुटने-पिंडली-टकने गट्टे एड़ी-तलुए पैरोंके अग्रभाग पैर दशो उंगली और उनके दशोंनख ॥ ४० ॥

अथेदंशरीरमपरेणापियेनयेनसमवायिकारणेनोत्पद्यतेतानिसर्वाण्याह ॥

अथ दोषाःप्रवक्ष्यन्तेधातवस्तदनन्तरम्। आहारादेर्गतिस्तस्यपरिणामश्चवक्ष्यते॥ आर्त्तवंचाथधातूनांमलास्तदुपधातवः। आशयाश्चकलाश्चापिमर्माण्यथचसन्धयः॥ शिराश्चस्नायवश्चापिधमन्यःकण्डरास्तथा । रन्ध्राणिभूरिस्रोतांसिजालैःकूर्च्चाश्चरज्जवः ॥ सेवन्यश्चाथसंघाताःसीमन्ताश्चतथात्वचः । लोमानिलोमकूपाश्चदेहएतन्मयोमतः ॥ ४१ ॥

जिन २ सामवायि कारणों से यह शरीर उत्पन्न होताहै वह सब वर्णन किये जाते हैं दोष-धातु-आहारादिकों की गति और परिणाम-रजधातुओं के मल-उनके उपधातु-आशय कला मर्म्म सन्धि शिरा स्नायु धमनी कण्डराछिद्र बहुतसे सोते जालकूर्च रज्जु सेवनी संघात सीमन्त त्वचा रोम और रोमकूप इन सबले समवाय अर्थात् संयोग को शरीर कहतेहैं ॥ ४१ ॥

तत्र दोषस्वरूपमाहवाग्भटः ॥

वायुःपित्तंकफश्चेति त्रयोदोषाःसमासतः। विकृताऽविकृतादेहं घ्नन्तितेवर्द्धयन्तिच ॥ तेव्यापिनोऽपिहृन्नाभ्योरधोमध्योर्ध्वसंश्रयाः । वयोऽहोरात्रिभुक्तानामन्तमध्यादिगाःक्रमात् ॥ ४२ ॥

इनमेंसे दोषोंके स्वरूप को वाग्भट जी कहतेहैं ॥

वायु-पित्त और कफ यह संक्षेपसे तीनदोष कहेगये हैं यह विकारको प्राप्तहोकर शरीरको नष्टकरते हैं और विकाररहित होकर शरीर को पुष्ट करते हैं यह व्यापक होनेपर भी क्रमसे हृदय और नाभि के नीचे बीच में और ऊपर स्थितहैं और अवस्था दिन रात्रि-भोजन इनके अन्त मध्य और आदि में क्रम से स्थित रहते हैं ॥ ४२ ॥

दोषशब्दस्यनिरुक्तिमाह ॥

धातवश्चमलाश्चापिदुष्यन्त्येभिर्यतस्ततः । वातपित्तकफाएतेत्रयोदोषाइतिस्मृताः॥ दोषाइत्यत्रदुषवैकृत्यइतिदुषधातोः । दुष्यन्त्येभिरितिवाक्ये ॥ अकर्त्तरिचकारकेसंज्ञायामित्यनेनसूत्रेणकरणेऽर्थेघञ्प्रत्ययःतेधातवोऽपिविद्धद्भिर्गदितादेहधारणात्॥ (यतआहसुश्रुतः) विसर्गादानविक्षेपैःसोमसूर्यानिलायथा । धारयन्तिजगद्देहंकफपित्तानिलास्तथेति ॥ अत्रयथासंख्येनान्वयोबोद्धव्यः । विसर्गादानंवातस्यैव ॥ विक्षेपः शीतोष्णादीनांविविधप्रकारेणप्रेरणम्। मलाश्चरेतसादीनांमलिनीकरणान्मताः॥४३॥

दोषशब्दकी निरुक्तिकहते हैं ॥

जोकि धातु और मल इनसे दोषको प्राप्त होते हैं इस कारण से यह वात पित्त कफ तीनों दोष कहेजाते हैं दोष इस शब्द में (दुष वैकृत्ये) इस धातुसे (अकर्त्तरि च कारके संज्ञायाम्) इससूत्रकेद्वारा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

करण अर्थ में घञ् प्रत्यय होताहै-विद्वानों ने देहके धारण करने से इन वातादिकों को धातु भी कहा है जैसा कि सुश्रुत जी कहते हैं कि जैसे चन्द्रमा सूर्य्य और वायु देने से ग्रहण करने से और विक्षेप अर्थात् शीत उष्णादिकों के अनेक प्रकार धारण करने से जगत्को धारण करते हैं उसी प्रकार कफ पित्त और वायु शरीर को धारण करते हैं और यह रेतसादिकों के मलिन करनेसे मलभी कहलाते हैं॥४३॥

तत्रवायोःस्वरूपमाह ॥

दोषधातुमलादीनांनेताशीघ्रःसमीरणः । रजोगुणमयःसूक्ष्मोरूक्षःशीतोलघुश्चलः॥ नेतास्थानान्तरंप्रापयिता । शीघ्रःआशुकारी ॥ ४४ ॥

वायुका स्वरूप कहते हैं ॥

दोष धातु और मलादिकों का स्थानान्तरमें लेजानेवाला,शीघ्रताकरनेवाला, रजोगुणमय, सूक्ष्म, रूखा, शीतल, हलका और चलनेवाला वायुहोताहै ॥ ४४ ॥

अन्यच्च, उत्साहोच्छ्वासनिःश्वासचेष्टावेगप्रवर्त्तनैः । सम्यग्गत्याचधातूनामिन्द्रियाणाञ्चपाटवैः॥ अनुगृह्णात्यविकृतोहृदयेन्द्रियचित्तधृक् । रजोगुणमयःसूक्ष्मःशीतोरूक्षोलघुश्चलः॥ खरोमृदुर्योगवाहीसंयोगादुभयार्थकृत् । दाहकृत्तेजसायुक्तःशीतकृत्सोमसंश्रयात् ॥ विभागकरणाद्वायुः प्रधानंदोषसंग्रहे । पक्वाशयकटीसक्थिस्त्रोतोस्थिस्पर्शनेन्द्रियम् ॥ स्थानंवातस्यतत्रापिपक्वाधानंविशेषतः । एकोवायुःपित्तवन्नामस्थानकर्म्मभेदैःपञ्चविधः ॥ ४५ ॥

अन्यग्रन्थों में कहेहुये वायुके लक्षण ॥

विकाररहित वायु हृदय इन्द्रिय और चित्तको धारण करताहुआ उत्साह श्वासलेना श्वासका छोड़ना चेष्टा मूत्रादि वेगों की प्रवृत्ति-रुधिर आदि धातुओं की अच्छे प्रकार गति और इन्द्रियों की समर्थतासे शरीरको धारण करताहै यह वायु रजोगुणमय, सूक्ष्म, शीतल-रूखी-हलकी-चलनेवाली, तीक्ष्ण-कोमल-योगवाही अर्थात् जिसके साथ मिले उसके गुणों की बढ़ानेवाली संयोग से दोनों प्रयोजनोंकी करनेवाली जैसे तेजसे मिली हुई दाहकी करनेवाली और चन्द्रमासे मिलीहुई शीतलताकी करनेवाली है और विभागकरने से वायु सम्पूर्ण दोषों में प्रधानहै पक्वाशय-कटि-जंघा-सोते हड्डी-त्वचा यह सम्पूर्ण वायुके स्थानहैं इनमें से पक्वाशय प्रधानस्थानहै एक वायु पित्त के समान नाम स्थान और कर्म्म के भेदों से पांच प्रकार की है ॥ ४५ ॥

तेषां वायूनां नामान्याह ॥

उदानस्तदनुप्राणःसमानोऽपानएवच।व्यानश्चैतानिनामानिवायोःस्थानप्रभेदतः॥४६॥

अब वायुके नाम कहते हैं ॥

उदान-प्राण-समान-अपान-और व्यान यह वायु के नाम स्थानभेद से होते हैं ॥ ४६ ॥

अथोदानादीनां स्थानान्याह ॥

कण्ठेहृदितथाधस्तात्कोष्ठवह्नेर्मलाशये। सकलेऽपिशरीरेऽसौक्रमेणपवनोवसेत् ॥ ४७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अब उदानादिकके स्थान कहते हैं ॥

कंठमें उदान हृदयमें प्राण जठराग्निके नीचे समान मलाशय में अपान सम्पूर्ण शरीरमें व्यान इस क्रमसे यह वायु रहती है ॥ ४७ ॥

अथ तेषां कर्म्माण्याह ॥

उदानोनामयस्तूर्ध्वमुपैतिपवनोत्तमः । तेनभाषितगीतादिप्रवृत्तिःकुपितस्तुसः ॥ ऊर्ध्वजत्रुगतानूरोगान्विदधातिविशेषतः । योवायुःप्राणनामासौमुखंगच्छतिदेहधृक् ॥ सोऽन्नंप्रवेशयत्यन्तः प्राणांश्चाप्यवलम्बते । प्रायशःकुरुतेदुष्टोहिक्काश्वासादिकानूगदान् ॥ ४८ ॥

अब उनके कार्य्य लिखते हैं ॥

पवनोंमें उत्तम उदान नाम वायु जो ऊपरको जाताहै उस्से भाषण और गीतादिकों में प्रवृत्ति होती है और वह कुपित होकर छाती और बगलकी सन्धियोंके ऊपरके रोगोंको अधिकतासे करती है शरीरका धारण करनेवाली मुख में जानेवाली प्राणनाम वायु अन्नको भीतर लेजाती है और प्राणों को भी रखती है और कुपित हुई वह वायु हिचकी और खांसी आदि रोगोंको करती है ॥ ४८ ॥

आमपक्वाशयचरःसमानोवह्निसंगतः ॥ सोऽन्नंपचतितज्जांश्चविशेषान्विविनक्ति हि ॥ तज्जानीत्यादि। अन्नगतानूरसमलमूत्रादीनूपृथक्करोतीत्यर्थः ॥ सदुष्टोवह्निमान्द्यातिसारगुल्मानूकरोतिहि । पक्वाशयालयोऽपानःकालेकर्षतिचाप्ययम् ॥ समीरणःशकृन्मूत्रशुक्रगर्भार्तवान्यधः । क्रुद्धस्तुकुरुतेरोगानूघोरानूवस्तिगुदाश्रयान् ॥ शुक्रदोषप्रमेहांश्चव्यानापानप्रकोपजान् ॥ ४९ ॥ कृत्स्नदेहचरोव्यानोरससंवाहनोद्यतः । स्वेदाऽसृक्स्रावणश्चापिपञ्चधाचेष्टयत्यपि ॥ गत्यपक्षेपणोत्क्षेपनिमेषोन्मेषणादिकाः । प्रायःसर्व्वाःक्रियास्तस्मिनूप्रतिबद्धाःशरीरिणाम् ॥ प्रस्यन्दनश्चोद्वहनंपूरणञ्चविरेचनम् । धारणश्चेतिपञ्चैताश्चेष्टाःप्रोक्तानभस्वतः ॥ क्रुद्धःसन्कुरुतेरोगानूप्रायशःसर्वदेहगान् । युगपतूकुपिताएतेदेहंभिन्द्युरसंशयम् ॥ देहंभिन्नंकुर्य्युर्म्मारयेयुरित्यर्थः ॥ ५० ॥

आमाशय और पक्वाशयमें विचरनेवाली समान नाम वायु अग्निसे मिलकर अन्नको पकाती है और अन्नसे उत्पन्न हुए मल मूत्रादिकों को अलग २ करती है और कुपित होकर यह वायु मन्दाग्नि अतीसार और गुल्म आदि रोगोंको करती है गुल्म (वायु गोला) पक्वाशयमें रहनेवाली अपान नाम वायु उचित समयमें मल मूत्र वीर्य्य गर्भ और रज इनको नीचेकी ओर खैंचतीहै और कुपित होकर वह वायु मूत्राशय और गुदाके रोग वीर्यके दोष प्रमेह व्यान तथा अपान वायुके कोपसे उत्पन्न होने वाले बड़ेभारी रोगोंको उत्पन्न करतीहै ४९ सम्पूर्ण देह में रहनेवाली व्यान नाम वायु रसोंको ले जानेवाला स्वेद और रुधिर की बहानेवाली चलना ऊपर होना नीचे होना नेत्रों का बन्द करना और खोलना इन पांच चेष्टाओंकी करनेवाली है मनुष्योंकी प्रायः सम्पूर्ण क्रिया उसी के आधीनहैं चलना ऊपर लेजाना पूर्ण करना निकालना और धारण करना यह वायुकी पांच चेष्टा कही गई हैं और कुपित होकर व्यान वायु प्रायः सम्पूर्ण शरीरके रोगोंको उत्पन्न करती है और जो पहले कही हुई पांचों वायु एक संगही कोपको प्राप्त होयँ तो निस्सन्देह शरीरको नष्ट करती हैं ॥ ५० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ पित्तस्य स्वरूपमाह ॥

पित्तमुष्णंद्रवंपीतंनीलंसत्त्वगुणोत्तरम् । सरंकटुलघुस्निग्धंतीक्ष्णमम्लन्तुपाकतः ॥ पीतन्निरामम् । नीलंसामम् ॥ एकंपित्तंवातवन्नामस्थानकर्म्मभेदैःपञ्चविधम् ॥ ५१ ॥

अब पित्तके स्वरूपको कहते हैं ॥

पित्त उष्ण पिघलनेवाला पीत (आमसे रहित पित्त पीला होताहै) नील (आमसे मिलाहुआ नीला होताहै) अधिक सतोगुणवाला दस्तावर कडुवा हलका चिकना तीक्ष्ण और पाकमें खट्टा होताहै एक भी पित्त वायुके समान नाम स्थान और क्रियाओंके भेदसे पांच प्रकारकाहै ॥ ५१ ॥

तेषां पित्तानां नामान्याह ॥

पाचकंरञ्जकञ्चापिसाधकालोचकेतथा।भ्राजकश्चेतिपित्तस्यनामानिस्थानभेदतः ॥ ५२ ॥

अब पित्तोंके नाम कहते हैं ॥

पाचक रञ्जक साधक आलोचक और भ्राजक यह स्थानभेद से पित्तके पांच नामहैं ॥ ५२ ॥

अथ पाचकादीनां स्थानान्याह ॥

अग्न्याशयेयकृत्प्लीहोहृदयेलोचनद्वये।त्वचिसर्व्वशरीरेषुपित्तंनिवसतिक्रमात् ॥ ५३ ॥

अब इनके स्थान कहते हैं ॥

अग्न्याशयमें पाचक यकृत् और पिलहीमें रञ्जक हृदयमें साधक दोनों नेत्रों में आलोचक त्वचा में भ्राजक इस क्रमसे पित्त सम्पूर्ण शरीरमें रहताहै ॥ ५३ ॥

अथ तेषां कर्म्माण्याह ॥

पाचकंपचतेभुक्तंशेषाग्निबलवर्द्धनम् । रसमूत्रपुरीषाणि विवेचयतिनित्यशः ॥ पाचकंपित्तमामपक्वाशयमध्यस्थं षड्विधमाहारंभोज्यंभक्ष्यंचर्व्यंलेह्यंचूष्यंपेयंपचतिदोषरसमूत्रपुरीषाणि पृथक्करोतिच ॥ तदग्न्याशयस्थमेवस्वशक्त्यारसरञ्जनहृदयस्थकफतमोपनोदनरूपग्रहणप्रभाप्रकाशनाभ्यंगलेपादिपाचनाद्यग्निकर्म्मणां विशेषाणांपित्तस्थानानामनुग्रहंकरोति ॥ शेषाण्यपिपित्तस्थानानियकृत्प्लीहादीनि भागेनगत्वातत्रतत्ररसरञ्जनादिकर्म्मभिरुपकरोतीत्यर्थः ॥ कथम्भूतंपाचकंपित्तशेषाग्निबलवर्द्धनम् ॥ शेषा अग्नयःपृथिव्यादिमहाभूतगणाः (यतउक्तंचरकेण ।) भौमाप्याग्नेयवायव्याः पञ्चोष्माणःसनाभसा इति ॥ ऊष्माणःअग्नयः । (यतउक्तंवाग्भटे ।) दोषधातुमलादीनामूष्मेत्यात्रेयशासनमिति ॥ दोषधातुमलादीनामूष्मैवाग्निरित्यर्थः । रसादिधातुगताःसप्तैतेपांबलवर्द्धनम् ॥ यथागृहेस्थापितानि रत्नानिखद्योतवद्दूरभास्वराणि तान्यपिदीपज्योतिषादूरप्रकाशकानि भवन्ति । तथाअग्न्याशयस्थपाचकाग्नितेजसा सर्वे अग्नयोबलवन्तोभवन्ति ॥ (तथा च वाग्भटः ।) अन्नस्यपक्तासर्वेषांपक्तॄणामधिकोमतः ॥ तन्मूलास्तेहितद्वृद्धिक्षयवृद्धिक्षयात्मिकाइति । ननुपित्तादन्योऽग्निराहोस्वित्पित्तमेवाग्निरितिसन्देहः॥उच्यते॥पित्तस्योष्णादिगुणद्वाराहारपाचनरञ्जनदर्शनादिकर्म्मणश्च

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नखलु पित्तव्यतिरेकेणान्योऽग्निः । तस्मादग्निरूपस्यैव पित्तस्य स्थानभेदात्पाचक रञ्जकसाधकालोचकभ्राजकसंज्ञाः ॥ (तथा च वाग्भटः) पाचकंतिलमानंस्यात् काठिन्यान्नास्यदोषता । अनुगृह्णात्यविकृतं पित्तंपाकोष्मदर्शनैः ॥ क्षुत्तृड्रुचिप्रभा मेधा धीशौर्य्यतनुमार्दवैः । पित्तंपञ्चात्मकंतच्च पक्कामाशयमध्यगम् ॥ पञ्चभूतात्मकत्वेऽपि यत्तैजसगुणोदयम् । त्यक्तद्रवत्वंपाकादि कर्म्मणानलशब्दितम् ॥ पचत्यन्नंविभजते सारकिट्टौपृथक्तथा । तत्रस्थमेवपित्तानां शेषाणामप्यनुग्रहम् ॥ करोतिबलदानेन पाचकंनामतत्स्मृतम् । ननुयदि पित्ताग्न्योरभेदस्तदा कथं घृतं पित्तस्य शमकमग्नेर्दीपकमिति । तथामत्स्याः पित्तंकुर्वन्ति न च तेऽग्निदीप्तिकरा इति । तथा पित्ताधिक्यात्तीक्ष्णोऽग्निरित्यपि । कथंस्यात् । तथा समदोषः समाग्निश्चेत्यपि वक्तुं न युज्यते । तथा द्रवं स्निग्धमधोगञ्च पित्तं वह्निरतोऽन्यथेति ॥ अत्रोच्यते । पित्तमग्नेः संततधिष्ठानम् ॥ (तथाचोक्तं तन्त्रान्तरे) अग्निर्भिन्नगुणैर्युक्तः पित्तंभिन्नगुणैस्तथा । द्रवं स्निग्धमधोगंच पित्तंवह्निरतोऽन्यथा ॥ तस्मात्तेजोमयंपित्तंपित्तोष्मायः सशक्तिमान् । ससञ्चरतिकुक्षिस्थः सर्वतोधमनीमुखैः ॥ सकायाग्निःसकायोष्मा सपक्तासचजीवनम् । अनन्यगतिरित्येवं देहेकायाग्निरुच्यते ॥ (अन्यच्च) वामपार्श्वाश्रितंनाभेः किञ्चित्सोमस्यमण्डलम् । तन्मध्येमण्डलंसौर्य्यं तन्मध्येऽग्निर्व्यवस्थितः ॥ जरायुमात्रप्रच्छन्नःकाचकोशस्थदीपवत् ॥ (तथाच मधुकोषे) द्रवतेजःसमुदायात्मकस्यापि पित्तस्यतेजोभागोऽग्निरिति । तेनपित्तमप्यग्निवन्मन्यते । अतितापितायोगोलकवत् । परमार्थतस्तु अग्निःपित्ताद्भिन्न एवेति सिद्धान्तः ॥ (अतएवाह रसप्रदीपे) जाठरोभगवानग्निरीश्वरोऽन्नस्यपाचकः । सौक्ष्माद्रसानाऽऽददानो विवक्तुंनैवशक्यते॥ नाभिमध्येशरीरस्य विशेषात्सोममण्डलम् । सोममण्डलमध्यस्थं विद्यात्सूर्य्यस्यमण्डलम् ॥ प्रदीपवत्तत्रनृणां स्थितोमध्येहुताशनः । सूर्य्योदिवियथातिष्ठंस्तेजोयुक्तैर्गभस्तिभिः ॥ विशोषयतिसर्वाणि पल्वलानिसरांसिच । तद्वच्छरीरिणांभुक्तं ज्वलनोनाभिमाश्रितः ॥ मयूखैःपचतेक्षिप्रन्नानाव्यञ्जनसंस्कृतम् । स्थूलकायेषुसत्त्वेषुयवमात्रःप्रमाणतः । ह्रस्वकायेषुसत्त्वेषुतिलमात्रःप्रमाणतः । कृमिकीटपतङ्गेषुवालमात्रोऽवतिष्ठतइति॥ ५४॥

अब उनके कार्य्य कहते हैं ॥

पाचक पित्त खायेहुये पदार्थको परिपाक करता है शेष अग्नि (महाभूताग्नि और धात्वग्नि) के बलको बढ़ाता है और रस मूत्र तथा मलको अलग२ करता है यह पाचक नाम पित्त आमाशय और पक्वाशयमें स्थित भोज्य भक्ष्य चर्व्य लेह्य चूष्य और पेय इन छःप्रकारोंके भोजनोंको पकाता है और रस मलमूत्र तथा दोषोंको अलग २ करता है अग्न्याशयमें रहनेवाला वह पित्त अपनी शक्तिसे रसका रंगना-हृदयमें स्थित कफ और तमोगुणको हटाना-रूपको ग्रहण करना प्रभाका प्रकाश करना शरीरके चन्दनादि लेपोंका परिपाक करना आदिक अग्निके कर्मोंके द्वारा विशेष२पित्तके स्थानों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

की सहायता करता है अर्थात् शेष यकृत् पिलही आदि पित्तके स्थानोंको प्राप्तहोकर उन २ स्थानोंमें रसका रंगना आदिककर्मोंसे उपकार करता है और शेष अर्थात् महाभूताग्नि और धात्वग्निके बल को बढ़ाता है क्योंकि चरकमुनिने कहा है कि पृथ्वीसंबन्धी-जलसंबन्धी अग्निसंबन्धी वायुसंबन्धी और आकाशसंबन्धी यह पांच ऊष्मा अर्थात् अग्नि हैं-जिस कारणसे वाग्भटमें कहागया है कि दोष धातु और मलादिकों की ऊष्माही अग्निहै यह आत्रेयमुनिका मतहै और पाचक पित्त रसादि सप्त धातुओं में प्राप्त अग्नियोंके बलका बढ़ाने वाला है-जैसे घरमें रक्खे हुए रत्न जुगनूके समान दूरसे चमकते हैं और वहभी दीपककी ज्योतिसे दूरतक प्रकाश करने वाले होते हैं उसी प्रकार अग्न्याशय में स्थित पाचक नाम अग्निके तेजसे संपूर्ण अग्नि बलवान् होते हैं-अन्नका परिपाक करने वाला पाचक नाम अग्नि संपूर्ण अग्नियोंमें अधिक समझा गयाहै क्योंकि उन सबका वही आधारहै और उसीकी वृद्धि और क्षयसे संपूर्ण अग्नि वृद्धि और क्षयवाले होते हैं अब यह सन्देह उत्पन्न होता है कि पित्तसे अलग अग्नि कोई दूसरा पदार्थ है अथवा पित्तही अग्नि है पित्तके उष्णादि गुणोंसे आहारका परिपाक-रसका रंगना और दर्शन आदि कर्मोंके द्वारा निश्चय होताहै कि पित्तके सिवाय दूसरा अग्नि नहींहै इस कारणसे अग्निरूप पित्तकेही स्थानभेदसे पाचक–रञ्जक–साधक–आलोचक और भ्राजकनाम हैं और ऐसाही वाग्भट ने कहाहै कि पाचक पित्त तिलके प्रमाणहै और कठिनताके कारणसे इसको दोषपना नहींहै-विकारसे रहित पाचक पित्तपरिपाक ऊष्मा और दर्शन इनके द्वारा उपकार करता है क्षुधा,तृषा, रुचि, प्रभा, मेधा, बुद्धि, शूरता और शरीर की कोमलता इनसे उपकारकरनेवाला पक्काशय और आमाशय में रहनेवाला वही पित्त पांच प्रकारका है पंचमहाभूतात्मक होने परभी जो अधिक तैजसगुणवाला है पिघलने से रहित परिपाक आदिकर्म्मोंसे अग्नि कहलानेवाला अन्नका परिपाक करनेवाला मल और सारांशका अलग २ करनेवाला जो पित्त आमाशय और पक्काशय में स्थित भी शेष पित्तों को बलके देने से उपकार करता है वह पाचक नाम पित्त है अब यह संदेह उत्पन्न होता है कि जो पित्त और अग्निमें भेद नहीं है तो घी पित्तका शान्त करनेवाला और अग्नि का प्रज्वलित करनेवाला कैसेहोसक्ताहै और मछली पित्तको उत्पन्न करती हैं परन्तु अग्निको नहीं उत्पन्न करतीं यह भी कैसे होसक्ता है?और पित्त की अधिकतासे अग्नि तीक्ष्ण होतीहै यह कैसे?और कफ वात और पित्तकी समता होने से समाग्नि होती है यहभी नहीं कह-सकेहैं और पित्त पिघलनेवाला–चिकना और नीचे जानेवाला होता है परन्तु अग्नि इसके विपरीतहै- इसके उत्तरमें यह कहा जाताहै कि पित्त अग्निके निरन्तर रहनेका स्थानहै और ऐसाही ग्रन्थान्तर में कहाभी है कि अग्निके और गुण हैं और पित्तके और गुण हैं पिघलनेवाला-चिकना और नीचे जानेवाला पित्तहै परन्तु अग्नि इस्से विपरीतहै इस कारणसे पित्ततेजसरूपहै और पित्तकी जो ऊष्मा है–वह शक्तिवाली है और वह कोषमें स्थित होकर नाडियोंके मुखोंसे सम्पूर्ण शरीरमें फैलती है और वह शरीरकी अग्नि है शरीरकी ऊष्मा है परिपाक करनेवाली औरजीवनरूपहै एक गतिवाली है इसप्रकार शरीरमें शरीरकी अग्नि कहीगई है और भी कहागयाहै कि नाभिके वामकुक्षिमें रहने वाला छोटासा चन्द्रमाका मण्डल है उसके बीचमें सूर्य्यका मण्डल है उसमें काचके पात्रमें स्थितदी-पकके समान केवल जरायुसे ढकीहुई अग्निवर्त्तमान है और ऐसाही मधुकोषमें भी कहा है कि द्रव और तेजके समुदायरूपवाले पित्तका तेजोभाग अग्नि है इस कारणसे अत्यन्त तपाये हुए लोहेके गोलेके समान पित्तभी अग्निके तुल्य मानाजाता है परन्तु ठीक २ तो पित्तसे अग्निभिन्न है यही

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सिद्धान्त है इसीसे रसप्रदीपमेंभी कहा है कि उदरमें रहनेवाला अन्नका परिपाक करनेवाला भगवान् ईश्वर अग्नि सूक्ष्मतासे रसोंकोलेताहुआ विभाग नहीं किया जासक्ताहै शरीरकी नाभिमें चन्द्र-मण्डल उसके बीचमें सूर्य्यका मण्डलहै और उसमें दीपकके समान मनुष्योंकी जठराग्नि स्थित है जिस प्रकार आकाशमें रहनेवाले सूर्य्य अपनी तेजयुक्त किरणोंसे सम्पूर्ण तड़ागादिकोंको सुखाते हैं उसीप्रकार नाभिमें रहनेवाला अग्नि अपनी किरणोंसे मनुष्यों के अनेक प्रकारके व्यञ्जनयुक्त भोजनको शीघ्र पचाताहै वह अग्नि स्थूल शरीरवाले जीवों में यव बराबर छोटेशरीरवाले जीवों में तिल बराबर और कीड़े पतंगे आदिकों में बाल बराबर रहता है ॥ ५४ ॥

पुनः प्रकृतमनुसरति ।

रञ्जकंनामयत्पित्तं तद्रसंशोणितंनयेत् । यत्तुसाधककसंज्ञं तत्कुर्य्याद् बुद्धिंधृतिंस्मृतिम् ॥ धृतिंमेधाम् । यदालोचकसंज्ञंतद्रूपग्रहणकारकम् । भ्राजकंकान्तिकारिस्याल्लेपाभ्यङ्गादिपाचकम् ॥ ५५ ॥

अब फिर प्रकृतविषय (असली विषय) कहाजाताहै ॥

रञ्जक नाम पित्त रसको रुधिर बनाताहै साधक नाम पित्त बुद्धि मेधा और स्मृतिको उत्पन्नकरताहै जिस पित्त के द्वारा रूपका ग्रहण कियाजाताहै उसका नाम आलोचकहै और भ्राजकनाम पित्त शरीरकी शोभाकाकरनेवाला तथा लेप और शरीरमें लगायेहुए तैलादिकोंका परिपाक करनेवालाहै ॥ ५५ ॥

अथ श्लेष्मस्वरूपमाह ।

श्लेष्माश्वेतोगुरुःस्निग्धः पिच्छिलःशीतलस्तथा । तमोगुणाऽधिकःस्वादुर्विदग्धोलवणोभवेत् ५६ एकःश्लेष्मा वातपित्ताविव नामस्थानकर्म्मभेदैःपञ्चविधः ॥ ५७ ॥

अब श्लेष्माका स्वरूप कहते हैं ॥

श्वेत भारी चिकना फिसलनेवाला शीतल अधिक तमोगुणवाला मधुर और विकारयुक्तहोकर लवणरसवाला श्लेष्मा होताहै ५६ एक भी श्लेष्मा वायु और पित्तके समान नाम, स्थान और कार्य्यके भेदों से पांच प्रकारका है ॥५७॥

अथ श्लेष्मणांनामान्याह ।

कफस्यैतानिनामानि क्लेदनश्चावलम्बनः । रसनःस्नेहनश्चापि श्लेष्मणःस्थानभेदतः ॥ ५८ ॥

अब श्लेष्मा के नाम कहते हैं ॥

क्लेदन-अवलम्बन-रसन-स्नेहन औरश्लेष्मण यहपांच नाम श्लेष्माके स्थानभेदसे होतेहैं ॥ ५८ ॥

अथ क्लेदनादीनां स्थानान्याह ।

आमाशयेऽथहृदये कण्ठेशिरसिसन्धिषु । स्थानेष्वेषुमनुष्याणां श्लेष्मातिष्ठत्यनुक्रमात् ॥ ५९ ॥ दोषाणां सकलशरीरव्यापिनामपि पञ्च पञ्च स्थानानीति बाहुल्याभिप्रायेणो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्तानि ॥ (तथाच वाग्भटः) इति प्रायेण दोषाणां स्थानान्यैकीकृतात्मनाम् । व्यापि नामपिजानीयात् कर्माणि च पृथक्पृथक् (इति) चरकश्च । तेऽव्यापिनोऽपि हृन्नाभ्योर धैमध्योर्ध्वसंश्रया इति ॥ ६० ॥

अब उनके स्थान कहते हैं ॥

आमाशय में क्लेदन हृदयमें अवलम्बन कण्ठमें रसन शिरमें स्नेहन और सन्धियोंमें श्लेष्मण नाम श्लेष्मा रहता है ५६ सम्पूर्ण शरीरमें व्याप्त होनेवाले भी वात पित्त और कफोंके पांच २ स्थान अधिकताके अभिप्रायसे कहेगये हैं और यही वाग्भटने भी कहा है कि इस प्रकार सम्पूर्ण शरीर में व्याप्त होनेवाले भी विकाररहित वायु पित्त और कफोंके विशेषस्थान और अलग २ कार्य्य जानने चाहिये चरकने भी कहाहै कि सम्पूर्ण शरीरमें व्याप्त होनेवाले भी यह वातादिक हृदय और नाभिके अधोभाग मध्य और ऊर्ध्वभागमें रहते हैं ॥ ६० ॥

अथ तत्तत्स्थानगतस्यश्लेष्मणःकर्म्माण्याह ॥

क्लेदनःक्लेदयत्यन्नमात्मशक्त्याऽपराण्यपि । अनुगृह्णातिचश्लेष्मस्थानान्युदक कर्म्मणा ॥ अयमर्थः क्लेदनोऽन्नं क्लेदयति तेनसंहतमन्नं भेदं प्राप्नोति । अपराण्यपि श्लेष्मस्थानानि हृदयादीनि ॥ मार्गेण गत्वा तत्र तत्र हृदयावलम्बनसंधारणरसग्रह णसमस्तेन्द्रियतर्पणसन्धिसंश्लेषणाद्युदककर्मभिरनुगृह्णाति उपकरोति ॥ ६१ ॥

अब उन २ स्थानोंमें रहनेवाले श्लेष्माके कार्य्य कहते हैं ॥

क्लेदन नाम श्लेष्मा अन्नको गीला करता है और अपनी शक्तिसे श्लेष्माकेदूसरेस्थानोंको भी जलकेकर्मके द्वारा सहायता करता है इसका यहतात्पर्य्य है कि क्लेदननाम श्लेष्मा अन्नको गीलाकरता है इससे इकट्ठा हुआ अन्न भिन्न २ होजाता है श्लेष्माके हृदयादि दूसरे स्थानोंमें भी जाकर उन २ स्थानोंमें हृदयका अवलम्बन करना शिर और भुजाओंकी सन्धिको धारणकरना रसका ग्रहणकरना सम्पूर्ण इन्द्रियोंको तृप्त करना सन्धियोंको जोड़ना इत्यादि जलकर्मोंसे उपकार करताहै ॥ ६१ ॥

तथाच रसयुक्तात्मवीर्येणहृदयस्यावलम्बनम् । त्रिकसंधारणंचापि विदधात्यवल म्बनः ॥ (त्रिकंशिरोबाहुद्वयसन्धिः) ॥ ६२ ॥

हृदयमें रहनेवाला अवलम्बन नाम श्लेष्मा हृदय का अवलम्बन और शिर तथा दोनों भुजाओं की सन्धिको धारण करताहै ॥ ६२ ॥

उभावपिततःसौम्यौ तिष्ठतश्चान्तिकेयतः । रसान्वितौहिजानीतो रसनारसनौस मौ ॥ (रसनारसनेन्द्रियं रसनःकण्ठस्थकफः) ॥ ६३ ॥

रसयुक्त जिह्वा और कण्ठमें स्थित रसन नाम श्लेष्मा यह दोनोंही चन्द्रगुणयुक्त निकटरहनेवाले समान जानने चाहिये ॥ ६३ ॥

स्नेहनःस्नेहदानेन समस्तेन्द्रियतर्पणः । श्लेष्मणःसर्वसन्धीनां संश्लेषंविदधा त्यसौ ॥ ६४ ॥

स्नेहन नाम श्लेष्मा स्नेहके देनेसे सम्पूर्ण इन्द्रियोंको तृप्त करता है और श्लेष्मानाम श्लेष्मा सम्पूर्ण सन्धियोंको जोड़ताहै ॥ ६४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ धातुशब्दस्य निरुक्तिमाह ॥

एतेसप्तस्वयंस्थित्वा देहन्दधतियन्नृणाम् । रसासृङ्मांसमेदोस्थिमज्जाशुक्राणिधातवः ॥ धातवइतिधाधातोस्तुप्रत्ययः ॥ ६५ ॥

अब धातुशब्द की निरुक्ति कहते हैं ॥

रस रुधिर मांस मेद हड्डी मज्जा वीर्य्य यह सातों आपस्थित होकर मनुष्योंके शरीरको धारण करतेहैं इसी से धातु कहलातेहैं धातुशब्दमें धा धातुसे तु प्रत्ययहै ॥६५॥

अथ धातूनां कर्म्माण्याह ॥

प्रीणनंजीवनंलेपःस्नेहोधारणपूरणे । गर्भोत्पादश्चकर्माणिधातूनांकथितानिहि॥६६॥

अब धातुओं के कार्य्य कहतेहैं ॥

प्रीति उत्पन्न करना-जीवका धारण करना-लेपकरना- चिकनाकरना-धारण करना- पूर्ण करना-गर्भ उत्पन्न करना-यह धातुओं के कार्य्य हैं॥ ६६ ॥

तत्ररसशब्दस्यनिरुक्तिमाह ॥

गत्यर्थोरसधातुर्यस्ततोऽभवदयंरसः । सदैवसकलंदेहंरसतीतिरसःस्मृतः ॥ ६७ ॥

अब रसशब्दकी निरुक्ति कहते हैं ॥

गत्यर्थक रसधातुसे रस शब्द बना है इस कारण से सदैव संपूर्ण शरीरमें फैलनेवाला यह रस कहलाताहै और यह जलसे उत्पन्न हुआ है ॥ ६७॥

अथ रसस्यस्वरूपमाह ॥

सम्यक्पक्वस्यभुक्तस्यसारोनिगदितोरसः । सतुद्रवःसितःशीतःस्वादुःस्निग्धश्चलोभवेत् ॥ सारोयथागुडमधूकपुष्पबब्बूलत्वग्बदरीमूलादिभवःसारोमदिरा ॥ ६८ ॥

अब रसका स्वरूप कहतेहैं ॥

अच्छे प्रकारसे परिपाक हुए भोजन का सारांश रस कहलाताहै और वह बहनेवाला,श्वेत,शीतल,मधुर,चिकना और चञ्चल होता है-सार शब्दका यह आशयहै कि जैसे गुड-महुएके फूल-बबूलकी छाल- बेरकी जड आदिकों से उत्पन्न हुआ सारांश मदिरा कहलाता है उसी प्रकार अच्छी रीतिसे परिपक्व अन्नका सारांश रस कहाता है॥६८॥

अथ रसस्य स्थानमाह ॥

सर्व्वदेहचरस्यापिरसस्यहृदयंस्थलम् । समानमरुतापूर्व्वंयदयंहृदयेधृतः ॥ ६९ ॥

अब रसका स्थान कहते हैं॥

क्योंकि समान वायुके द्वारा यह पहले हृदयमें स्थापन कियागया है इसकारण से संपूर्ण शरीरमें घूमनेवालेभी रसका स्थान हृदय हैं॥ ६९॥

अथ रसस्यकर्म्माण्याह ॥

आरुह्यधमनीर्गत्वाधातून्सर्वानयंरसः । पुष्णातितदनुस्वीयैर्व्याप्नोतिचतनुंगुणैः ॥ गुणैःशीतस्निग्धपोषकत्वगुणैः ॥ मन्दवह्निविदग्धस्तुकटुर्वाम्लोभवेद्रसः । सकुर्य्याद्बहुलान्रोगान्विषकृत्यंकरोत्यपि ॥७०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अब रसके कार्य्य कहते हैं ॥

यह रस चढ़कर नाड़ियोंमें प्राप्त होकर संपूर्ण धातुओंको पुष्ट करता है इसके उपरान्त अपने शीत- चिकनाई और पुष्ट करना इन गुणोंसे शरीरको व्याप्त करता है मन्दाग्निसे विकारयुक्तहुआ रस कडुआ अथवा खट्टा होताहै वह रस बहुतसे रोग और विषके कार्य्यको भी करता है ॥ ७० ॥

अथ रक्तस्यस्वरूपमाह ॥

यदारसोयकृद्यातितत्ररञ्जकपित्ततः। रागंपाकंचसंप्राप्यसभवेद्रक्तसंज्ञकः ॥ रक्तंसर्वशरीरस्थंजीवस्याधारमुत्तमम् । स्निग्धंगुरुचलंस्वादुविदग्धंपित्तवद्भवेत् ॥ (जीवस्याधारमुत्तममिति) यतआह। जीवोवसतिसर्वस्मिन्देहेतत्रविशेषतः ॥ वीर्येरक्तेमलेयस्मिन्क्षीणेयातिक्षयंक्षणादिति ॥ वीर्येरक्तेमलेचशरीरारम्भकेवाग्भटोक्तपरिमाणमितेशुद्धेजीवोवसतिनतुदुष्टेप्रवृद्धेरक्तस्रावणोपदेशस्यवैयर्थ्यप्रसंगात्पित्तवद्भवेत् । अम्लंभवेदित्यर्थः ॥७१ ॥

अब रुधिरकास्वरूप कहते हैं ॥

जब रस यकृत्में प्राप्त होताहै तो वहां रञ्जक नाम पित्तसे रङ्ग और परिपाकको प्राप्त होकर रुधिर नामको प्राप्त होता है- रुधिर संपूर्ण शरीरमें रहनेवाला-जीवका उत्तम आधार- चिकना- भारी चञ्चल और मधुर होताहै परन्तु विकारको प्राप्तहुआ रुधिर पित्तके समान खट्टा होता है-जीवका उत्तम आधार रुधिर है ऐसा कहा गयाहै संपूर्ण शरीरमें जीव रहताहै परन्तु शरीरके आरम्भ करने वाले शुद्ध वाग्भटमें कहेहुए प्रमाणयुक्त वीर्य्य रुधिर और मलमें विशेषतासे रहता है क्योंकि इनके क्षीण होनेसे क्षणभरमें क्षयको प्राप्त होता है न कि दोषको प्राप्त और बढ़ेहुए रुधिरादिकों में जीव रहता है और जो ऐसा न हो तो रुधिरमोक्षण (फस्त) का उपदेश व्यर्थ हो जाय ॥ ७१ ॥

अथ रक्तस्यस्थानमाह ॥

यकृत्प्लीहौचरक्तस्यमुख्यस्थानन्तयोः स्थितम् । अन्यत्रसंस्थितवतांरक्तानांपोषकंभवेत् ॥ ७२ ॥

अब रुधिरका स्थान कहते हैं ॥

यकृत् और प्लीहा रुधिर का मुख्य स्थानहैं उनमें स्थित रुधिर अन्यस्थान में रहनेवाले रुधिर को पुष्ट करता है ॥७२॥

अथ मांसस्यस्वरूपमाह ॥

शोणितंस्वाग्निनापक्वंवायुनाचघनीकृतम् । तदेवमांसंजानीयात्तस्यभेदानपि ब्रुवे ॥ शोणितसंज्ञांलभते ॥ एवमग्रेरसस्यैवमांसादिव्यपदेशः ॥ ७३ ॥

अब मांसका स्वरूप कहतेहैं ॥

अपनी अग्निसे पकाहुआ और वायुसे गाढ़ा कियागया रुधिर मांस कहलाताहै अब उसके भेदोंको भी कहतेहैं-रुधिरके स्थानमें जानेसे रसभी रुधिर कहलाताहै इसीप्रकार आगेभी रसही मांसादिक नामोंको प्राप्त होताहै ॥ ७३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ मांसस्यपेशीमाह ॥

यथार्थमूष्मणायुक्तोवायुःस्रोतांसिदारयेत्। अनुप्रविश्यपिशितंपेशीर्विभजतेतथा ॥ यथार्थंयथाप्रयोजनम् ॥ ७४ ॥ अब मांसकी पेशी कहतेहैं ॥

ऊष्मासे युक्त वायु सोतोंको फाडता हुआ मांसमें प्रवेश करके प्रयोजनके अनुसार पेशियों (मांसपिण्डों)का विभाग करताहै ॥ ७४ ॥

मांसपेशीनांसंख्यामाह ॥

मांसपेश्यःसमाख्यातानृणांपञ्चशतानिहि। तासांशतानिचत्वारिशाखासुकथितान्यथा ॥ कोष्ठेषडुत्तराषष्टिःकथितामुनिपुङ्गवैः। ग्रीवायाऊर्ध्वगास्तास्तुचतुस्त्रिंशत्प्रकीर्तिताः ॥ ७५ ॥ अब पेशियोंकी संख्या कहतेहैं ॥

मनुष्योंके ५०० मांसकी पेशी होतीहैं बडे २ मुनियोंने ४०० मांसकी पेशी शाखाओंमें(हाथ पैरोंमें) रहतीहैं कोष्ठमें ६६ और ग्रीवाके ऊपर ३४ रहतीहैं ऐसा कहा है ॥ ७५ ॥

ताःशाखागताः प्राह ॥

एकैकस्यान्तुपादाङ्गुल्यांतिस्रस्तिस्रस्ताःपञ्चदश १५ पादाग्रेदश १० पादोपरिकूर्चसन्निविष्टादश १० गुल्फतलयोर्दश १० गुल्फजानुनोरन्तरेविंशतिः २० जानुनिपञ्च ५ ऊरौविंशतिः २० वंक्षणेदश १० एवमेकस्मिन्सक्थिनिशतंभवन्ति एतेनेतरसक्थिबाहूचव्याख्यातौ ॥ ७६ ॥

अब शाखाओंमें रहनेवाली मांसपेशियोंका वर्णन करते हैं ॥

पैरकी एक २ उंगलीमें तीन २ पेशी होतीहैं इस प्रकार पांचों उंगलियों में १५ हुईं पैरके ऊपर १० और पैरके ऊपर कूर्चसे मिली हुई १० गट्टोंके नीचे १० गट्टे और घुटनों के बीचमें २० घुटनों में ५ जङ्घामें २० जङ्घा की सन्धि में १० इसप्रकार पञ्जे से लेकर जङ्घातक पूरे पैरमें १०० होतीहैं इसी रीतिसे दूसरी जङ्घा और दोनों भुजा जाननी चाहिये ॥ ७६ ॥

अथ कोष्ठगताःप्राह ॥

गुदेतिस्रः ३ शेफस्यैका १ सेवन्यामेका १ वृषणयोर्द्वे २ स्फिजोःपञ्च ५ पञ्च ५ वस्तिमूर्द्धनिद्वे २ उदरेपञ्च ५ नाभ्यामेका १ पृष्ठोर्ध्वसन्निविष्टाउभयतःपञ्च ५ पञ्चदीर्घा ५ पार्श्वयोःषट् ६ वक्षसिदश १० अक्षकांसौप्रतिसमन्तात्सप्त ७ आक्षकोआपुआइतिलोकेअंसौस्कन्धौ १ हृदिद्वे २ यकृति २ प्लीहिद्वे २ नासायांद्वे २ नेत्रयोर्द्वे २ गण्डयोश्चतस्रः ४ तुण्डकेद्वे २ ॥ ७७ ॥

अब कोष्ठमें रहनेवाली पेशियोंका वर्णनकरतेहैं ॥

गुदामें तीन ३ लिङ्गमें १ लिङ्गकेनीचे सीवनमें १ अण्डकोशोंमें २ दोनों नितम्बोंमें पांच २ मूत्राशयके ऊपर २ उदरमें ५ नाभिमें १ पीठके ऊपर दोनों तरफ फैली हुईं ५ और ५ लम्बी पसलियों में ६ हृदयमें १० हसली और कन्धोंके आस पास ७ छातीमें २ यकृत्में २ पिलहीमें २ तुण्डक (कन्धे के पासकी नली) में २ इस प्रकारसे ६६ हैं ॥ ७७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ ग्रीवोर्ध्वगाःप्राह ॥

ग्रीवायाञ्चतस्रः ४ हन्वोरष्टौ ८ कण्ठमणौएकाघण्टिकायामितियावत् । गलेएका १ तालुनिद्वे २ जिह्वायामेका १ ओष्ठयोर्द्वे २ नासायांद्वे २ नेत्रयोर्द्वे २ गण्डयोश्चतस्रः ४ कर्णयोर्द्वे २ ललाटेचतस्रः ४ शिरस्येका १ एवंमांसपेश्यःपञ्चशतानि भवन्ति ॥ ७८ ॥

अब ग्रीवाके ऊपर रहनेवाली पेशियोंका वर्णन करते हैं ॥

ग्रीवामें ४ दोनों जाबड़ों में ८ गांठीमें १ गलेमें १ तालुमें २ जिह्वामें १ दोनों ओष्ठों में २ नासिकामें २ नेत्रोंके ऊपर २ कपोलोंमें ४ कानोंमें २ माथेमें ४ शिर में १ इस प्रकारसे चौंतीस हुई इस रीतिसे सब मिलकर ५०० मांसकी पेशी होतीहैं॥ ७८ ॥

स्त्रीणामपिभवन्त्येताःकिन्तुविंशतिरुत्तराः । गर्भाशयेगर्भमार्गेयोनौचस्तनयोरपि ॥ एताःपञ्चशतानिमांसपेश्यः ॥ अधिकाविंशतिर्यथा । गर्भाशयेतिस्रः ३ गर्भच्छिद्रसंस्थिताशुक्रार्त्तवप्रवेशिन्यस्तिस्रः ३ योनावभ्यन्तरतोमुखाश्रितेप्राश्रितेद्वे २ योनावेव बहिर्निर्गते स्रोतःपार्श्वद्वयस्थितेवर्त्तुलेयोनिकर्णिकेतियावत् । द्वे२स्तनयोःपञ्च ५ पञ्च ५ यौवने । वृद्धिर्भवति ॥ ७९ ॥

स्त्रियोंकेभी यही ५०० पेशी होतीहैं परन्तु गर्भाशय गर्भमार्गयोनि और स्तनोंमें२०अधिक होती हैं वह बीस अधिक ऐसे होतीहैं कि गर्भाशयमें ३ गर्भकेछिद्रमें स्थित वीर्य्य और रजकी प्रवेशकराने वाली ३ योनिके भीतर मुखकी ओर फैली हुई २ योनिके बाहरकी ओर छिद्र दोनों पार्श्वोंमें स्थित गोल योनिकर्णिकानामसे २ और दोनों स्तनोंमें पांच २ और युवावस्थामें इनकीवृद्धि होतीहै ॥ ७९ ॥

पुंसांपेश्यःपुरस्ताद्याःप्रोक्तामेहनमुष्कजाः । स्त्रीणामावृत्यतिष्ठन्तिफलमन्तर्गताहिताः ॥ अस्यायमर्थः। पुंसांमेहनमुष्कयोश्चयास्तिस्रोमांसपेश्यः ॥ पूर्वमुक्तास्ताःस्त्रीणांमेहनमुष्काभावात्फलंगर्भंशमार्थं आवृत्यातिष्ठन्ति (गयदासस्त्वाह) स्त्रीणांमांसपेश्यस्त्रिभिर्हीनानिपञ्चशतानि । (तथाचभोजः) पञ्चपेशीशतान्येव स्त्रीवर्ज्जंविद्धिभूमिप ! । अतश्चतिस्रोहीयन्तेस्त्रीणांशेफासिमुष्कयोः ॥ ८० ॥

पुरुषों के लिङ्ग और अण्डकोशों में जो मांसकी पेशी पहले कहीगई हैं वहस्त्रियोंके गर्भाशयको आच्छादन करके रहती हैं इसका यह अर्थ है कि जो तीन मांसकी पेशी पुरुषोंके लिङ्ग और अण्डकोशोंमें पहले कहीगई हैं वह स्त्रियोंके लिङ्ग और अण्डकोशोंके न होने से गर्भको आच्छादन करकेरहती हैं (गयदास कहते हैं) कि स्त्रियोंके मांसपेशी तीन कम पांचसौ होतीहैं और वैसाही (भोजने भी कहा है)कि हेराजन! पांच सौ पेशी स्त्रियोंको छोडकर जाननी चाहिये स्त्रियों के लिङ्ग और अण्डकोशों के न होनेसे तीन कम होती हैं ॥ ८० ॥

अथ मांसपेशीनांकर्माण्याह ॥

शिरास्नाय्वस्थिपर्वाणि सन्धयश्चशरीरिणाम्। पेशीभिःसंवृतान्येव बलवन्ति भवन्तिहि ॥ ८१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अब मांसकीपेशियोंके कार्य्य कहतेहैं ॥

मनुष्योंकी शिरा-स्नायु-हड्डी-गांठें-और सन्धि यह पेशियोंसे लिपटी हुईही बलवान् होती हैं ॥ ८१॥

अथ मेदसःस्वरूपमाह ॥

यन्मांसंस्वाग्निनापक्वंतन्मेदइतिकथ्यते। तदतीवगुरुस्निग्धंबलकार्य्यतिबृंहणम्॥८२॥

अब मेदकास्वरूप कहते हैं ॥

अपनी अग्निसे पकाहुआ मांस मेद कहलाताहै और वह बहुत भारी- चिकना- बलकारी और अत्यन्त शरीरकी वृद्धि करने वाला होता है ॥ ८२ ॥

अथ मेदसःस्थानमाह ॥

मेदोहिसर्व्वभूतानामुदरेष्वस्तिसंस्थितम्।अतएवोदरेवृद्धिःप्रायोमेदस्विनोभवेत्॥८३॥

अब मेदकास्थान कहते हैं ॥

सब प्राणियोंके उदरमें मेद रहताहै इसीसे मेदवालों के उदरमें बहुधा वृद्धि होती है ॥ ८३ ॥

अथास्थ्नःस्वरूपमाह ॥

मेदोयत्स्वाग्निनापक्वंवायुनाचातिशोषितम्। तदस्थिसंज्ञांलभतेससारःसर्वविग्रहे॥ अभ्यन्तरगतैःसारैर्य्यथातिष्ठन्तिभूरुहाः। अस्थिसारैस्तथादेहाध्रियंतेदेहिनोध्रुवम्॥ तस्माच्चिरविनष्टेषुत्वङ्मांसेषुशरीरिणाम्।अस्थीनिनविनश्यन्तिसाराएतानिसर्वथा॥८४॥

अब हड्डियोंका स्वरूप कहते हैं ॥

अपनी अग्नि से पकाहुआ जो मेद वह वायुसे अत्यन्त सुखाया हुआ हड्डी कहलाताहै और वही संपूर्ण शरीर में सारांश है- जिस प्रकार वृक्ष भीतर रहनेवाले सारांश से स्थित रहतेहैं उसी प्रकार प्राणियोंके शरीर हड्डी रूपी सारांश से धारण किये जातेहैं इस कारण से त्वचा और मांसादिकों के नष्ट होजाने परभी हड्डी नष्ट नहीं होती हैं इसीसे यह सब प्रकारसे सारांश हैं ॥ ८४ ॥

अथास्थ्नांसंख्यामाह ॥

शल्यतन्त्रेऽस्थिखण्डानांशतंत्रयमुदाहृतम्।तान्येवात्रनिगद्यन्तेतेषांस्थानानियानिच॥ सार्विंशतिशतंत्वस्थ्नांशाखासुकथितंबुधैः। पार्श्वयोःश्रोणिफलकेवक्षःपृष्ठोदरेषुच ॥ जानीयाद्भिषगेतेषुशतंसप्तदशोत्तरम्। ग्रीवायामूर्द्ध्वगांविद्यादस्थ्नांषष्टिंत्रिसंयुताम्॥ ८५ ॥

अब हड्डियों की संख्या कहतेहैं ॥

शल्यतन्त्रमें तीनसौ हड्डियोंके खण्ड कहेगयेहैं वही यहां भी कहेजातेहैं और उनके स्थान भी कहे जातेहैं- पण्डितोंने शाखा अर्थात् हाथपैरों में-१२० पसलियोंमें-नितम्बोंमें-छातीमें-पीठमें और उदर में ११७ ग्रीवामें ऊपरकी तरफ ६३ हड्डियां कही हैं ॥ ८५ ॥

तानिशाखागतान्याह ॥

एकैकस्यांपादाङ्गुल्यांत्रीणित्रीणितानिपञ्चदश १५ पादतलेपञ्चास्थिशलाकास्तदाधारभूतमेकमस्थि १ एवंषट् ६ कूर्चेद्वे २ गुल्फेद्वे २ पार्ष्णावेकम् १ जङ्घयोर्द्वे २

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जानुन्येकम् १ ऊरावेकंएवंत्रिंशदेकस्मिन्सक्थिनिभवन्ति । एतेनेतरसक्थिबाहूचव्या ख्यातौ ॥ ८६ ॥

अब शाखाओंमें रहनेवाली हड्डियां कहते हैं ॥

पैर की एक२उंगली में तीन २हड्डियां इस प्रकार पन्द्रह हुईं पैरके तलुए में पांच हड्डियोंकी शलाका और उनके आधारभूत एक हड्डी इस प्रकार छः हुईं कूर्च (गाईं) में दो गट्टोंमें दो एड़ी में एक पिण्डलीमें दो घुटने में एक- जङ्घामें एक- इस प्रकार पैरसे लेकर जङ्घातक तीस ३० हुईं इसीरीति से दूसरी जङ्घा और दोनों बाहुभी जाननी चाहिये ॥ ८६ ॥

अथ पार्श्वादिगतान्याह ॥

पार्श्वयोःषट्त्रिंशत् ३६ शिश्नेभगेचएकम् १ नितम्बयोरेकैकम् २ त्रिकेएकम् १ वक्षस्यष्टौ ८ पृष्ठेत्रिंशत् ३० अक्षकसंज्ञेद्वे २ ॥ ८७ ॥

अब पार्श्वादिकों में स्थितहोनेवाली हड्डियोंका वर्णन करतेहैं ॥

दोनों पसलियों में ७२ लिङ्ग और योनि में एक २नितम्बों में एक२रीढ़के नीचे त्रिकमें १ छाती में आठ पीठमें ३० हसलीमें २ ॥ ८७ ॥

अथ ग्रीवोर्द्ध्वगतान्याह ॥

ग्रीवायां नव ९ कण्ठनाड्यांचत्वारि ४ हन्वोरेकैकम् २ दन्तेषुद्वात्रिंशत् ३२ नासायांत्रीणि ३ तालुन्येकं १ गण्डयोरेकैकं २ कर्णयोरेकैकम् २ भ्रुवोरेकैकम् २ शिरसि षट् ६ ॥ ८८ ॥

अब ग्रीवाके ऊपर रहनेवाली हड्डियोंको कहतेहैं ॥

ग्रीवामें९कण्ठनाड़ीमें ४ जावड़ोंमें एक२ और ३२ दांतोंमें नासिका में ३ तालुमें१गालों में एक२ कानोंमें एक२ भृकुटियोंमें एक२ शिरमें ६ ॥ ८८ ॥

एतान्यस्थीनिपञ्चविधानिभवन्ति ॥ तानियथा ॥

तरुणानिकपालानिरुचकानिभवन्तिहि । वलयानीतितानिस्युर्नलकानिचकानिचित् ॥ अक्षिकोशश्रुतिघ्राणग्रीवासुतरुणानिच । शिरःशङ्खकपोलेषुताल्वंसंप्रोथजानुनि ॥ कपालानिभवन्त्येषुदन्तेषुरुचिकानिच। पाण्योःपार्श्वयुगेपृष्ठे वक्षेजठरपायुषु ॥ जानुनितम्बांसगण्डतालुशङ्खशिरःसुकपालानि । दशनस्तुरुचकाःशिरःशंखकपालेषु ताल्वंशपोथकादिषु ॥ पादयोर्वलयानिस्युर्नलकानिब्रुवेऽधुना । हस्तपादांगुलितलेकूर्चेचमणिवन्धयोः ॥ बाहुजङ्घाद्वयेचापिजानीयान्नालकानितु ॥ ८९ ॥

यह हड्डियां पांचप्रकारकी होती हैं उन्हें कहतेहैं ॥

तरुण कपाल रुचक वलय और नलक ये पांचप्रकार की होती हैं-नेत्र-कर्ण- नासिका और ग्रीवा इनमें तरुण नाम हड्डियां होती हैं मस्तक शङ्ख (माथेकी हड्डी) गाल तालु कन्धे नितम्ब और घुटनों में कपालनाम हड्डियां रहती हैं और दांतोंमें रुचक नाम हड्डियां होतीहैं हाथों में पसलियों में पीठमें छातीमें उदरमें गुदामें पैरोंमें वलय नाम हड्डियां होती हैं हाथ व पैरकी उंगलियों और तलुओं में कूर्च में पहुंचेमें दोनों बाहु और जङ्घाओं में नलक नाम हड्डियां होतीहैं ॥ ८९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथास्थ्नांप्रयोजनमाह ॥

मांसान्यन्त्राणिबद्धानिशिराभिःस्नायुभिस्तथा । अस्थीन्यालम्बनंकृत्वानशीर्य्यन्ति पतन्तिच ॥ ६० ॥

अब हड्डियोंका प्रयोजन कहते हैं ॥

स्नायु और शिराओंसेबँधेहुये मांस और आंतें हड्डियोंकाअवलम्बनकरके न क्षीणहोते हैं न गिरतेहैं६०॥

अथ मज्जास्वरूपमाह ॥

अस्थियत्स्वाग्निनापक्वंतस्यसारोभवेद्घनः । यःस्वेदवत्पृथग्भूतःसमज्जेत्यभिधीयते ॥ ६१ ॥

अब मज्जाकास्वरूप कहते हैं ॥

अपनी अग्निसे पकीहुई हड्डीका जो सारांश है वह गाढ़ाहुआ स्वेद के समान अलगहुआ मज्जा कहलाताहै ॥ ६१ ॥

अथ मज्जास्थानमाह ॥

स्थूलास्थिषुविशेषेणमज्जात्वभ्यन्तरेस्थितः ॥ ६२ ॥ अथ शुक्रस्योत्पत्तिमाह ॥ रसाद्रक्तंततोमांसंमांसान्मेदःप्रजायते । मेदसोऽस्थिततोमज्जामज्ज्ञःशुक्रस्यसम्भवः ॥ शुक्रस्येतिवचनेनशुक्रसम्भवमुक्तम् । ननुमासेनरसःशुक्रोभवतिस्त्रीणांचार्त्तवंभवतीति॥सुश्रुतस्यैववचनेनरसादेवशुक्रस्योत्पत्तिरुच्यते।तदेतत्कथंसङ्गच्छते॥ ६३ ॥

अब मज्जा का स्थान कहते हैं ॥

मज्जा बडी हड्डियों में विशेषकरके रहती है ॥ ६२ ॥ अब वीर्यकी उत्पत्ति कहते हैं ॥ रससे रुधिर रुधिरसे मांस मांस से मेद मेद से हड्डी हड्डी से मज्जा और मज्जा से वीर्य्य उत्पन्न होताहै अब यह सन्देह उत्पन्न होताहै कि रस महीने भरमें वीर्य्य और स्त्रियोंका रज होजाताहै इस सुश्रुतके वचन से रसहीके द्वारा वीर्य्यकी उत्पत्ति कही जाती है तो यह कथन (मज्जासे वीर्यका उत्पन्नहोना) कैसे ठीक होसक्ताहै ॥ ६३ ॥

इदमेव सन्देहंदूरीकर्त्तुमाहारादेर्गतिंपरिणामंचाह ॥

यात्यामाशयमाहारःपूर्वंप्राणानिलेरितः। माधुर्य्यंफेनभावंचषड्रसोऽपिलभेतसः॥ आहारइत्यत्रआह्रियतेइत्याहारः।अकर्त्तरिचकारकेसंज्ञायामितिसूत्रेणकर्म्मणिघञ् ॥ ६४ ॥

इसी सन्देह के दूर करने के लिये आहारादि की गति और परिणाम कहाजाताहै ॥

आहार पहले प्राण वायुसे प्रेरणा किया गया आमाशय में प्राप्त होताहै और छओंरससे युक्त भी आहार मधुरता और फेनके भावको प्राप्त होताहै (जो लेजायाजाय उसको आहार कहते हैं) आहार शब्दमें (अकर्त्तरिचकारके संज्ञायाम्) इससूत्रसे कर्म्म में घञ्प्रत्यय होताहै ॥ ६४ ॥

सचषड्विधस्तथाच ॥

आहार्य्यंषड्विधंभोज्यंभक्ष्यंचर्व्यन्तथैवच । लेह्यंचूष्यंतथापेयंतदुदाहरणानितु ॥ भोज्यमोदनसूपादिभक्ष्यंमोदकमण्डकम् । चर्व्यंचिपिटधान्यादिरसालादितुलेह्यके ॥ चूष्यमाम्रफलेक्षवादिपीयतेपानकंपयः ॥ ६५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वह आहार छःप्रकारकाहै ॥

आहार छः प्रकारका इसक्रम से है कि भोज्य-भक्ष्य-चर्व्य–लेह्य--चूष्य–पेय–और इनके उदाहरण यहहैं जैसे कि भोज्य, दालचावल आदि-भक्ष्य, मोदकादि–चर्व्य, चिड़वे आदि–लेह्य शिखरन आदि–चूष्य, आम्रादि पेय, पना और दूधआदि ॥ ९५ ॥

आमाशयमाह चरकः ॥

नाभिस्तनान्तरेजन्तोराहुरामाशयंबुधाइति ॥ ९६ ॥ अत्र विशेषमाह ॥ नाभेर्वितस्तिमात्रंचकण्ठेदेशात्षडंगुलम् । उरसस्ताद्विजानीयाच्छेषंतुहृदयंमतम् ॥ उरोरक्ताशयस्तस्मादधःश्लेष्माशयःस्मृतः ॥ आमाशयस्तुतदधस्तदधोदहनाशयइति॥प्राणानिलेरितइति॥हृदयाधिष्ठानेनप्राणनाम्नावायुनामुखंगतेनान्तःप्रवेशितः॥९७॥

अब चरकमुनि का कहाहुआ आमाशयका वर्णन करते हैं ॥

पण्डितलोग जीवोंके नाभि और स्तनोंके बीचमें आमाशयको कहते हैं ९६(अब इसमें विशेषता कहते हैं) नाभिसे बिलस्त भर ऊपर और कण्ठसे छः अंगुल नीचे उर कहलाताहै और बाकी हृदय जानना चाहिये और उरही रक्ताशय कहलाताहै–उसके नीचे श्लेष्माशय है–श्लेष्माशयके नीचे आमाशयहै और आमाशयके नीचे दहनाशयहै ॥ ९७ ॥

तथा च सुश्रुतः ॥

योवायुःप्राणनामासौमुखंगच्छतिदेहधृक् । सोऽन्नंप्रवेशत्यन्तःप्राणांचाप्यवलम्बते क्लेदननामाकफःक्लेदयतिक्लेदनात्संहतंभिनत्तिच (उक्तं च सुश्रुते) क्लेदनःक्लेदयत्यन्नंसंहतंचभिनत्त्यतइति ॥ ९८ ॥

और सुश्रुतजी कहते हैं कि,शरीरका धारणकरनेवाला प्राणनाम वायु जो मुखमें जाताहै वह अन्नको भीतर लेजाताहै और प्राणोंका भी अवलम्बन करताहै. क्लेदन नाम कफ अन्नको गीलाकरता है और इकट्ठे हुये अन्नको भिन्न २ भी करताहै और सुश्रुतने कहाभी है कि क्लेदननाम कफ अन्नको गीलाकरताहै और इकट्ठे हुये अन्नको पृथक् २ भी करताहै ॥ ९८ ॥

सआहारःषड्रसोऽप्यामाशयेमाधुर्य्यंलभते । आमाशयस्थस्य मधुरस्य कफस्य योगात् ॥ ९९ ॥

आमाशय में स्थित मधुर कफ के योग से वह आहार छः रसवाला भी आमाशय में मधुरताको प्राप्त होताहै ॥ ९९ ॥

उक्तञ्च श्लेष्मस्वरूपम् ॥

श्लेष्माश्वेतोगुरुःस्निग्धःपिच्छिलःशीतलस्तथा । तमोगुणाधिकःस्वादुर्विदग्धोलवणोभवेदिति ॥ फेनभावञ्चलभतेजठरानलतेजसा ॥ १०० ॥

और श्लेष्माका स्वरूप कहा गयाहै कि श्लेष्मा श्वेतवर्ण,भारी, चिकना, फिसलाहटवाला,शीतल, अधिक तमोगुणवाला और मधुर होताहै परन्तु विकारयुक्त श्लेष्मा लवणके स्वादु होताहै और उदरकी अग्निको तेजसे फेनके भावको प्राप्त होताहै ॥ १०० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एतआह वाग्भटः ॥

सन्धुक्षितःसमानेन पचत्यामाशयस्थितम् । औदर्य्योऽग्निर्यथाबाह्यःस्थालीस्थंतोय तण्डुलमिति ॥ १०१ ॥

जैसा कि वाग्भटने कहाहै कि जैसे लौकिक अग्नि बटुएमें स्थित जलसंयुक्त चावलोंको पकाती है उसी प्रकार समानवायुसे तेजकिया हुआ उदरकी अग्नि आमाशयमें स्थित अन्नको पकाती है॥ १०१ ॥

अथ सएवाहारःप्राणवायुनाप्रेरितस्ततःकिञ्चित् स्खलितःपाचकाख्यपित्तोष्मणा यत्पक्कोऽम्लरसोभवति ॥ १०२ ॥

इसके उपरान्त (आमाशयके जानेके पीछे) वही आहार प्राणवायुसे प्रेरणा किया हुआ और उस्से कुछ गिराहुआ पाचकनाम पित्तकी ऊष्मासे पकाहुआ खट्टा होजाताहै ॥ १०२ ॥

उक्तंच अथ पाचकपित्तेनविदग्धंचाम्लतांव्रजेत् । पाचकपित्तेन पाचकपित्त स्योष्मणा १०३ ततः सएवाहारोनाभिमण्डलाधिष्ठानेनसमाननाम्नावायुनाप्रेरितो ग्रहणीमभिनीयते ॥ १०४ ॥

और जैसा कहागयाहै कि पाचकनाम पित्तकी अग्नि से पकाहुआ आहार खट्टा होजाताहै १०३ इसके उपरान्त नाभिमण्डल में रहनेवाला समान नाम वायु उसी आहारको प्रेरणा करके ग्रहणी नाम नाड़ी में लेजाताहै ॥ १०४ ॥

ग्रहणीलक्षणमाह ॥

षष्ठीपित्तधरानामयाकलापरिकीर्त्तिता। आमपक्काशयान्तस्थाग्रहणीसाऽभिधीयते ॥ पित्तधरापाचकाख्यंपित्तंयदग्न्याधिष्ठानं तद्धारयतितत्रग्रहण्यामामाशयपक्काशयमध्यव र्त्तिपाचकाख्यपित्ताधिष्ठानेनाग्निनाहारःपच्यतेसकटूष्मभवति । तथा च ग्रहण्यां पच्यतेकोष्ठे वह्निनाजायतेकटुरिति अयमर्थः आहारोग्रहण्यां कोष्ठवह्निना ग्रहणी स्थितपाचकपित्तेन वह्निना पच्यते पच्यमानः सग्रहणी स्थितस्य कटुरसस्य योगात् कटुर्भवति ॥ १०५ ॥

अब ग्रहणीका लक्षण कहते हैं ॥

पित्तधरा नाम जो छठी कला कही गई है वही आमाशय और पक्काशयके बीचमें ग्रहणी कहलाती है पित्तधराकला–अग्निके स्थान रूप पाचकनाम पित्तको धारण करती है आहार जोहै सो आमाशय और पक्काशयके बीचमें रहनेवाला जो पाचकनाम पित्त उसमें रहनेवाली अग्नि से पकाया गया कड़ुआ होजाताहै–जैसा कहागयाहै कि कोष्ठकी अग्नि से ग्रहणी में पकाया हुआ अन्न कड़ुआ होताहै इसका यहअर्थ है कि ग्रहणी में स्थित पाचकनाम पित्तकी अग्निसे पकाहुआ आहार ग्रहणीमें स्थित रहनेवाले कटुरसयुक्त पित्तके योगसे कड़ुआ होजाताहै ॥ १०५ ॥

एतदाहारपाकेविशेषमाह ॥

शरीरंपाञ्चभौतिकम् । तत्रपञ्चसुभूतेषुपञ्चाग्नयस्तिष्ठन्ति ॥ उक्तंचरकेणभौमाप्या ग्नेयवायव्याःपञ्चोष्माणःसनाभसाः। पञ्चाहारगुणान्स्वान्स्वान्पार्थिवादीन्पचन्त्यनु ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अत्रोष्मपदेनाग्निरुच्यते ॥ आहारोऽपिपाञ्चभौतिकः, तत्रपाचकपित्तस्थेनाग्निनोत्तेजितेनशरीरवर्त्तिनाभूभागाग्निनाहारवर्त्तिभूभागःपच्यते। पक्कोभूभागःस्वकीयान्गुणानाभिवर्द्धयति एवंजलादिभागाअपिपच्यन्ते ॥ १०६ ॥

इस आहारके पाकविषयमें विशेषता कहतेहैं ॥

शरीर पांचभौतिकहै उन पांचमहाभूतों में पांचअग्नि हैं और चरकनेभीकहाहै कि पृथ्वीसम्बन्धी, जलसंबन्धी, अग्निसंबन्धी, वायुसंबन्धी और आकाश संबन्धी यह पांचअग्निहैं यहअग्नियां आहार के पृथ्वीसंबन्धी आदिक अपने २ पांचों गुणोंको परिपाक करती हैं आहारभी पांचभौतिके होते हैं उनमें से पाचक पित्तमें स्थित अग्निके द्वारा तेजकीगई शरीरमें रहनेवाली पृथ्वी भागकी अग्निसे भोजन में रहनेवाला पृथ्वी का भाग परिपाकको प्राप्त होताहै और पकाहुआ पृथ्वी का भाग अपने गुणोंको बढ़ाताहै इसी प्रकार जलादिकों के भी भाग परिपाक को प्राप्त होते हैं ॥ १०६ ॥

तथा च सुश्रुते ॥

पञ्चभूतात्मकेदेहेआहारःपाञ्चभौतिकः । विपक्कःपञ्चधासम्यग्गुणान्स्वानभिवर्द्धयेदिति ॥ गुणशब्देनात्रगुणिनःपृथिव्यादयउच्यन्ते। तेनगुणान्शरीरवर्त्तिनःपार्थिवादीन्भागानभिवर्द्धयेदित्यर्थः ॥ एवमहोरात्रेणपक्कआहारोमिष्टःपटुश्चमधुरोभवति । अम्लस्त्वम्लोभवति कटुतिक्तः कषायश्चकटुर्भवति उक्तञ्च, मिष्टः पटुश्चमधुरमम्लोऽम्लंपच्यतेरसः । कटुतिक्तकषायाणांविपाकोजायतेकटुरिति ॥ १०७ ॥

वैसाही सुश्रुतमें कहाहै कि पञ्चभूतात्मक शरीरमें पञ्चभूतात्मक आहार परिपाकको प्राप्तहुआ पांच प्रकारसे शरीरमें स्थित अपने२ पृथिव्यादि भागों को बढ़ाताहै इस प्रकार रात्रि दिनमें परिपाक हुआ मधुर लवण युक्त आहार मीठा होजाताहै खट्टा आहार खट्टाही होजाताहै और कडुआ तीता तथा कषैला यह सब कटु होजाते हैं और कहाहै कि मधुर और लवण रस विपाकमें मधुर होते हैं। खट्टा रस विपाकमेंभी खट्टा होताहै कडुआ तिक्त तथा कषैला यह सब विपाकमें कटु होजाते हैं ॥ १०७ ॥

एवंविपक्कस्याहारस्यसारोनिगदितोरसः। शेषोग्रहणीस्थोमलद्रवःमलद्रवस्यजलभागःशिराभिर्वस्तिंनीतोमूत्रंभवति । उक्तञ्च। आहारस्यरसःसारःसारहीनोमलद्रवः।शिराभिस्तज्जलंनीतंवस्तिंमूत्रत्वमाप्नुयात् ॥ शेषंकिट्टञ्चयत्तस्यतत्पुरीषंनिगद्यते । समानवायुनानीतन्तात्तिष्ठतिमलाशये ॥ तत्रमलाशयेनापानवायुनाप्रेरितंमूत्रंमेढ्रभगमार्गेण। पुरीषंगुदमार्गेणशरीराद्बहिर्यांति। उक्तञ्चमूत्रञ्चोपस्थमार्गेणपुरीषंगुदमार्गतः। अपानवायुनाक्षिप्तंबहिर्यातिशरीरतः ॥ उपस्थःशिश्नो भगञ्च ॥ १०८ ॥

इस प्रकार परिपाकको प्राप्त हुआ आहारका सारांश रस कहलाताहै और शेष ग्रहणी में स्थित द्रवरूप पिघला हुआ मल होताहै ॥ द्रवरूप मलका जल भाग नाड़ियोंसे मूत्राशयमें पहुंचा हुआ मूत्र होताहै और कहाहै कि आहारका सारांश रसहै और सारांशसे रहित द्रवरूप मल होताहै और उसका जल नाड़ियोंके द्वारा मूत्राशयमें गयाहुआ मूत्र कहा जाताहै और उस मलका फोक विष्टा कहलाताहै वह समानवायुके द्वारा जाकर मलाशयमें रहताहै उस मलाशयमें अपानवायु के द्वारा प्रेरणाकिया हुआ मूत्र लिङ्ग और योनिके द्वारा और पुरीष गुदाके द्वारा शरीरसे बाहर जाताहै और कहाहै कि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अपान वायुके द्वारा फेंका हुआ मूत्र लिङ्ग और योनिके मार्गसे और पुरीष गुदाके मार्ग से शरीर के बाहर जाताहै ॥ १०८ ॥

रसस्तु समानवायुना प्रेरितो धमनीमार्गेण शरीरारम्भकस्य रसस्य स्थानं हृदयं गत्वा तेनसह मिश्रितो भवति । उक्तञ्च । रसस्तु हृदयं याति समानमरुतेरितः ॥ स तुव्यानेन विक्षिप्तः सर्वान् धातून् विवर्द्धयेत् ॥ केदारेषुयथाकुल्याः पुष्णन्तिविविधौषधीः । तथाकलेवरेधातून् सर्वान्वर्द्धयतेरसः ॥ १०६ ॥

और रस समान वायुके द्वारा प्रेरणा किया गया नाड़ियों के मार्ग से शरीरके आरम्भ करने वाले रसके स्थानरूप हृदयमें जाकर उसके साथ मिलताहै और कहाहै कि समान वायुके द्वारा प्रेरणा किया हुआ रस हृदय में जाताहै और वह रस व्यानवायु के द्वारा फेंका हुआ संपूर्ण धातुओं को बढ़ाताहै जैसे खेतों में छोटी२ नदियां अनेक प्रकारकी औषधियोंको पुष्ट करती हैं उसीप्रकार शरीर में रस सम्पूर्ण धातुओं को बढ़ाताहै ॥ १०६ ॥

रसस्तु तत्र तत्र त्रिधा विभज्यते उक्तञ्च चरके ॥

स्थूलः सूक्ष्मस्तन्मलश्च तत्र तत्र त्रिधारसः ॥ स्वंस्थूलोंशःपरंसूक्ष्मस्तन्मलोयाति तन्मलम् ॥ अयमर्थः।स्थूलोंऽशः स्वंयाति यथास्थितस्तिष्ठति सूक्ष्मस्त्वंशःपरं द्वितीयं धातुं यातितन्मलः रसादिमलःतन्मलं शरीरारम्भकं तत्तद्धातुमलं यातीत्यर्थः ॥ ११० ॥

रस इन२ स्थानों में तीनप्रकारसे विभागको प्राप्त होताहै और चरकमें कहाहै ॥

स्थूल-सूक्ष्म और उसका मल यह तीन प्रकारसे रसकाविभाग होताहै- स्थूल अंश अपनेही स्वरूपमें रहताहै सूक्ष्म अंश दूसरे धातुमें प्राप्त होताहै और उन रसादिकों के मल अपने २ मलमें प्राप्त होते हैं इसका यह अर्थ है कि स्थूल अंश तो यथास्थित रहताहै और सूक्ष्म अंश दूसरे रुधिरादि धातुओं में प्राप्त होता है और उन रसादिकों का मल शरीरके आरम्भ करने वाले उन २ धातुओं के मल में प्राप्त होताहै ॥ ११० ॥

यथा लौकिकाग्निनेक्षुरसः पच्यते तथा शरीरारम्भकस्य रसस्याग्निनाहाररसः पच्यते पच्यमानः स पञ्चाहोरात्रात् सार्द्धदण्डमेकञ्च यावत् प्राक्तनरसधातावेव तिष्ठति ॥ १११ ॥

जिस प्रकार लौकिक अग्निसे ऊखका रस पकताहै उसी प्रकार शरीरके आरम्भ करनेवाले रसकी अग्निसे आहारका रस परिपाकको प्राप्तहोताहै और वह पकाहुआ रस पांच दिन पांच रात्रि और डेढ़ घड़ी तक प्राक्तन रस धातु (शरीरके आरम्भ करने वाले रस) में रहताहै ॥ १११ ॥

(उक्तंच सुश्रुते) सखलुरसः त्रीणित्रीणि कलासहस्राणि पञ्चदश कला एकैकस्मिन्धातावुपतिष्ठते । अत्रकलानां विंशतिः मुहूर्त्तः सचदण्डद्वयात्मकः । तथाच भोजः । धातौरसादौमज्जांते प्रत्येकंक्रमतोरसः । अहोरात्रात्स्वयंपञ्च सार्द्धदण्डंचतिष्ठति ॥ प्रत्येकमेकैकस्मिन्नित्यर्थः । ततो यथापच्यमानादिक्षुरसान्मलो निर्गच्छति । तथा पच्यमानादाहाररसान्मलो निर्गच्छति सः कफः ॥ ११२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

और सुश्रुतमें कहाहै कि वह रस तीनहज़ार कला और पन्द्रहकला पर्य्यन्त एक एक धातु में रहताहै यहां बीस कलाका एक मुहूर्त्त और मुहूर्त्त दोघडी का होताहै और ऐसाही भोजभी कहते हैं रस पांचदिन पांच रात्रि और डेढ़घडी पर्य्यन्त रस से लेकर मज्जा पर्य्यन्त एक एक धातु में रहता है तब जैसे पकेहुये ऊखके रससे मल निकलताहै उसीप्रकार पके हुये आहार के रस से मल निकलताहै और वह कफ कहलाताहै ॥ ११२ ॥

उक्तंच सुश्रुते ॥

कफःपित्तंमलःस्त्रेषु प्रस्वेदोनखरोमच । नेत्रविट्त्वक्षुचस्नेहो धातूनांक्रमशोमलाः ॥ स्वेतुमलःकर्णादि श्रोतोमलःसचकफःप्राणानिलप्रेरितो धमनीमार्गेण शरीरारम्भकं क्ले दनाख्यं कफं गत्वा पुष्णाति ॥ ११३ ॥

और सुश्रुतमें कहा है कि कफ- पित्त और कर्णादि स्रोतोंको मल स्वेद-नख-रोम-नेत्रकामल और त्वचाका स्नेह यहक्रमसे धातुओंके मलहैं और वह कफ और प्राणवायुके द्वारा प्रेरण कियागया नाड़ियों के मार्ग से शरीरके आरम्भ करनेवाले क्लेदननाम कफके स्थानमें प्राप्तहोकर उसको पुष्ट करता है ॥११३॥

ततःसारभूतस्याहाररसस्य द्वौ भागौ भवतःस्थूलःसूक्ष्मश्च तत्रसूक्ष्मोभागःशरीरा रम्भकं रसं पोषयति सकलशरीराधिष्ठानेन व्यानवायुना प्रेरितो धमनीभिः सञ्चरन् पोषणस्नेहन जठरानलोष्मकृतसंतापनिवारणादिभिर्गुणैः सकलशरीरं पुष्णाति ततः स्थूलोभागः प्राणवायुना प्रेरितो धमनीमार्गेण शरीरारम्भकस्य रक्तस्य स्थानं गत्वा यकृत्प्लीहरूपं गत्वा तेन सह मिलितो भवति ॥ ११४ ॥

इसके उपरान्त आहारके सारांशरूप रसके स्थूल और सूक्ष्म दोभाग होते हैं उनमें से सूक्ष्मभाग शरीरके आरम्भ करनेवाले रसको पुष्टकरताहै इसके उपरान्त संपूर्ण शरीरमें रहनेवाले व्यान वायुसे प्रेरणा किया गया नाड़ियों में घूमता हुआ पुष्ट करना चिकना करना जठराग्निकी ऊष्मा से उत्पन्न हुए सन्ताप का निवारण करना आदिक गुणोंसे संपूर्ण शरीर को पुष्ट करताहै इसके उपरान्त स्थूलभाग प्राणवायुके द्वारा प्रेरणा किया गया नाड़ियों के मार्ग से शरीर के आरम्भ करनेवाले यकृत् और प्लीहारूप रुधिरके स्थानमें जाकर उस्से मिलताहै ॥ ११४॥

ततःप्राक्तनस्य रक्तस्याग्निना पुनः पच्यमानः पञ्चाहोरात्रात्सार्द्धदण्डञ्च यावत् प्राक्तनरक्तधातावेव तिष्ठति । ततो यथाग्निना पुनः पुनः पच्यमानादिक्षुविकारं वारं वारं मलं निर्गच्छति । तथा पुनः पुनः पच्यमानादाहाररसात् प्रतिवारं मलं निर्गच्छ ति । तत्र रक्ताग्निना पच्यमानान्मलं पित्तं निर्गच्छति। तच्च पित्तं समानवायुना प्रेरितं धमनीमार्गेण शरीरारम्भकं पाचकाख्यं गत्वा पुष्णाति । ततःसारभूतस्याहाररसस्य द्वौभागौ भवतः स्थूलः सूक्ष्मश्च तत्र सूक्ष्मोभागो रञ्जकाग्निना पित्तेन स रक्तीकृतः । शरीरारम्भकं रक्तं व्यानवायुना प्रेरितो धमनीभिः सञ्चरन् सकलशरीरगतानि रुधि राणि पुष्णाति । ततः स्थूलोभागः व्यानवायुना प्रेरितो धमनीभिः शिराभिश्च शरी रारम्भकानि मांसानि याति ॥ ११५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इस के उपरान्त प्राक्तन (पूर्वके) रुधिर की अग्निसे फिर परिपाकको प्राप्तहुआ पांच दिन रात्रि और डेढ़ घडी पर्यन्त प्राचीन॰रुधिरही में रहताहै इसके पीछे जैसे कि लौकिक अग्नि के द्वारा वारंवार पकाये हुए ऊखके रससे वारंवार मल निकलताहै उसी प्रकार वारंवार परिपाकको प्राप्तहुए आहार के रससे वारंवार मल निकलताहै वहां रुधिरकी अग्निसे पकेहुए रससे पित्तरूप मल निकलताहै और वह पित्त समानवायुसे प्रेरणा कियाहुआ नाडियों के मार्गसे शरीरके आरम्भ करने वाले पाचकनाम पित्तको प्राप्तहोकर उसे पुष्ट करताहै इसके उपरान्त सारभूत आहारके रसके दोभाग होतेहैं एक स्थूल और दूसरा सूक्ष्म उनमेंसे सूक्ष्मभाग रञ्जकनाम पित्तसे रंगाहुआ शरीरके आरम्भकरनेवाले रुधिर को पुष्टकरता हुआ व्यानवायुके द्वारा प्रेरणा कियागया नाडियों में घूमता हुआ संपूर्ण शरीरमें रहनेवाले रुधिरको पुष्टकरताहै इसके उपरान्त स्थूलभाग व्यानवायुके द्वारा प्रेरणा कियाहुआ धमनी और शिराओंके द्वारा शरीरके आरम्भ करनेवाले मांसमें प्रवेश करताहै ॥ ११५ ॥

ततो मांसाग्निना पुनः पच्यमानः पञ्चाहोरात्रात् सार्द्धदण्डश्च यावन्मांसेष्वेवतिष्ठति । ततः पच्यमानात्तस्मान्मलं निर्गच्छति । तद्व्यानवायुना क्षिप्रं कर्णावागत्यकर्णविड् भवति ॥ ११६ ॥

इसके अनन्तर मांसकी अग्निसे फिर परिपाकको प्राप्तहुआ पांच रात्रि दिन और डेढ़घडी पर्य्यन्त मांसहीमें रहताहै फिर पकेहुए उस मांससे मल निकलताहै और वह मल व्यानवायुके द्वारा शीघ्र कानोंमें आकर कानोंका मैल होजाताहै ॥ ११६ ॥

ततःसारभूतस्य रसस्य द्वौभागौ भवतः। स्थूलः सूक्ष्मश्च ततः सूक्ष्मो भागो मांसानि पुष्णाति । ततः स्थूलोभागो व्यानवायुना प्रेरितो धमनीभिः शरीरारम्भकस्य मेदसः स्थानमुदरं याति ॥ ११७ ॥

फिर सारभूत रसके स्थूल और सूक्ष्म दोभाग होतेहैं उनमेंसे स्थूलभाग मांसको पुष्ट करताहै फिर सूक्ष्मभाग व्यानवायुके द्वारा प्रेरणा कियागया नाडियोंके मार्गसे शरीरके आरम्भकरनेवाले मेदके स्थानरूप उदरमें प्राप्त होताहै ॥ ११७ ॥

ततो मेदसोऽग्निना पुनः पच्यमानः पञ्चाहोरात्रात् सार्द्धदण्डंच यावन्मेदस्येव तिष्ठति । ततः पच्यमानात्तस्मान्मलो निर्गच्छति प्रस्वेदरूपः । स च शीतः स्रोतस्येव तिष्ठति शरीरोष्मणा तप्तश्चेत्तदा व्यानवायुना प्रेरितः शिरामार्गैर्लोमकूपेभ्यो बहिर्याति ॥ जिह्वादन्तकक्षामेढ्रादिमलञ्च मेदोमलमित्येके ॥ ११८ ॥

इसके पीछे मेदकी अग्निसे फिर परिपाक को प्राप्तहुआ पांच दिन रात्रि और डेढ़ घडी पर्य्यन्त मेदहीमें रहताहै फिर परिपाकको प्राप्तहोनेवाले उससे प्रस्वेदरूप मल निकलताहै और वह शीतल प्रस्वेद स्रोतों मेंही रहताहै और जो शरीरकी ऊष्मासे तप्त हो तो व्यानवायुके द्वारा प्रेरणा कियागया शिरारूपी मार्गमें होताहुआ रोमकूपोंसे बाहर जाताहै और कोई आचार्य्य यह कहतेहैं कि जिह्वा, दन्त, बगल, लिङ्ग आदिकों का मल मेदका मल है ॥ ११८ ॥

ततः सारभूतरसस्य द्वौभागौ भवतः स्थूलः सूक्ष्मश्च तत्र सूक्ष्मोभागः मेदः पुष्णा-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ति उदरे तिष्ठन् व्यानवायुना प्रेरितोधमनीभिः शिराभिश्च शरीरारम्भकाण्यस्थीनि याति ११९॥

इसके उपरान्त सारभूत रसके स्थूल और सूक्ष्म दोभाग होतेहैं उनमेंसे स्थूलभाग मेदको पुष्टकरताहै और उदर में रहताहुआ व्यानवायुके द्वारा प्रेरण। कियागया स्रोतरूपी मार्गोंसे जाकर सूक्ष्म हड्डियों में रहनेवाले मेदको पुष्ट करताहै और सूक्ष्मभाग धमनी और शिराओं के द्वारा शरीरके आरम्भ करनेवाली हड्डियोंमें प्राप्त होताहै॥ ११९॥

ततोऽस्थ्यग्निना पुनः पच्यमानं पञ्चाहोरात्रात्सार्द्धदण्डश्च यावदस्थिष्वेव तिष्ठति। ततः पच्यमानात्तस्मान्मलो निर्गच्छति। स च व्यानवायुना प्रेरितः शिराभिः मार्गेणागत्यांगुलिषु नखः स्तनौ लोमानि भवन्ति॥ १२०॥

फिर हड्डियोंकी अग्निसे परिपाकको प्राप्त हुआ पांच दिन रात्रि और डेढ़ घड़ीतक हड्डियों में रहताहै इसके उपरान्त उस पकेहुएसे मल निकलता है और वह मल व्यानवायुके द्वारा प्रेरणाकिया गया नसोंके मार्गसे आकर अंगुलियोंमें नख और शरीरमें रोम होताहै॥ १२०॥

ततः सारभूतस्य रसस्य द्वौभागौ भवतः स्थूलः सूक्ष्मश्च तत्र सूक्ष्मभागो अस्थीनि पुष्णाति ततः स्थूलभागो व्यानवायुना प्रेरितः स्रोतोमार्गैर्मज्जास्थानानि स्थूलास्थ्यभ्यन्तराणि याति॥ १२१॥

तदनन्तर सारभूत रसके स्थूल और सूक्ष्म दोभाग होते हैं उनमें से स्थूलभाग हड्डियोंको पुष्ट करताहै और सूक्ष्मभाग व्यानवायुके द्वारा प्रेरणा कियागया स्रोतोंके मार्गसे मज्जाके स्थानरूप बड़ी हड्डियोंके भीतर जाताहै॥ १२१॥

ततो मज्जाग्निना पुनः पच्यमानः पञ्चाहोरात्रात् सार्द्धदण्डश्च यावन्मज्जन्येव तिष्ठति ततः पच्यमानात्तस्मान्मलं निर्गच्छति। तच्च व्यानवायुना प्रेरितं शिरामार्गैर्नयनयोरागत्य नेत्रविट्चक्षुः स्नेहश्च भवति॥ १२२॥

इसके अनन्तर मज्जाकी अग्निसे फिर परिपाक हुआ पांच दिन रात्रि और डेढ़ घड़ी पर्य्यन्त मज्जाहीमें रहताहै फिर उस परिपाकको प्राप्त होनेवाले से मल निकलता है और वह मल व्यानवायुकेद्वारा प्रेरणा कियागया नाड़ियोंके मार्गसे नेत्रोंमें आकर नेत्रोंका मल और स्नेह होताहै१२२॥

ततः सारभूतस्य रसस्य द्वौभागौ भवतः। स्थूलः सूक्ष्मश्च तत्र सूक्ष्मभागो मज्जानं पुष्णाति ततः स्थूलोभागो व्यानवायुना प्रेरितः धमनीभिः शिराभिश्च शुक्रस्य स्थानं सकलं शरीरंगत्वा शरीराम्भकेण शुक्रेण सह मिश्रितो भवति॥ १२३॥

इसके उपरान्त सारभूत रसके स्थूल और सूक्ष्म दोभाग होतेहैं उनमें से स्थूलभाग मज्जा को पुष्ट करताहै और सूक्ष्मभाग व्यानवायुके द्वारा प्रेरणा कियागया धमनी और शिराओंके मार्ग से वीर्य्यके स्थानरूप सम्पूर्ण शरीरमें जाकर शरीरके आरम्भ करनेवाले वीर्य्यसे मिल जाताहै॥ १२३॥

ततः शुक्राग्निना पुनः पच्यते पच्यमाने तस्मिन्मलं नास्ति। सहि सहस्रधाध्मात सुवर्णवत्॥ १२४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इसके पीछे वीर्य्यकी अग्निसे फिर परिपाक को प्राप्तहोताहै और हज़ारबार तपायेहुए सुवर्ण के समान उस पकेहुए वीर्य्यमें मल नहीं होताहै॥ १२४॥

उक्तञ्च। स्वाग्निभिःपच्यमानेषु मलःषट्सुरसादिषु। षट्सुधातुषुजायन्ते मलानिमुनयोजगुः॥ यथासहस्रधाध्माते नमलंकिलकाञ्चने। तथारसेमुहुःपक्वे नमलंशुक्रतांगते॥ १२५॥

अपनी २ अग्निसे परिपाकको प्राप्त हुए रसको आदि लेकर मज्जा पर्य्यन्त छः धातुओं में मल होताहै जैसे कि हज़ारबार परिपाकको प्राप्त हुए सुवर्ण में मल नहीं होताहै उसीप्रकार वारंवार पके हुए वीर्य्यरूपको प्राप्तहुए रसमें मल नहीं होताहै॥ १२५॥

ततःसारभूतस्य रसस्य द्वौभागौ भवतः स्थूलः सूक्ष्मश्च। तत्र सूक्ष्मः स्नेहभागः ओजस्तस्य लक्षणमाह। ओजःसर्वशरीरस्थं स्निग्धंशीतंस्थिरंसितम्। सोमात्मकंशरीरस्य बलपुष्टिकरंमतम्॥ (बलंचेष्टापाटवम्) तथाच। चेष्टासु पाटवं यत्तु बलंतदभिधीयते। यत्तुसुश्रुते रसादीनां शुक्रान्तानां धातूनां यत्परं तेजस्तत् खल्वत्तदोजस्तदेवबलमिति तेजस्तेजद्रवः। अत्रायमभिप्रायः, यस्माद्रसादोजो भवति स-रसः सर्वधातुस्थानगतत्वात्तत्तद्धातुवन्मन्यत इति सर्वधातूनां स्नेहमोजः। क्षीरे घृतमिव तदेव बलमिति॥ तत्कार्यकारणयोरभेदोपचारात्॥अभेदकथनञ्च चिकित्सैक्यार्थम्॥१२६॥

इसके अनन्तर सारभूतरसके स्थूल और सूक्ष्म दोभाग होतेहैं उनमें से स्थूलभाग शरीरके आरम्भ करनेवाले वीर्य्य में प्राप्त होताहै और सूक्ष्म स्नेहभाग ओज कहलाताहै उसका लक्षण कहतेहैं सम्पूर्ण शरीरमें रहनेवाला ओज चिकना शीतल स्थिर श्वेत सोमात्मक और शरीरको बल तथा पुष्टि देनेवाला कहागयाहै यहां बल शब्दका अर्थ चेष्टाओं में समर्थ होना लियागयाहै और वैसाही कहाहै कि चेष्टाओं में समर्थ होनेको बल कहते हैं और जो सुश्रुतमें कहाहै कि रसको आदि लेकर शुक्रपर्य्यन्त जो धातुओंका द्रवरूप तेज है उसको ओज कहते हैं और वही बल कहलाताहै इसका यह अभिप्राय है कि जिस रससे ओज उत्पन्न होताहै वह रस सम्पूर्ण धातुओं में जानेसे उन २ धातुओं के समान माना जाताहै इस कारणसे सम्पूर्ण धातुओं का स्नेहभाग ओजहै कार्य्य और कारण के अभेद मानलेने से दूधमें घृतके समान वह ओजही बल है और अभेदका कथन चिकित्साकी एकताके लिये है॥ १२६॥

अन्यच्च। गुरुशीतंमृदुस्निग्धं सान्द्रंस्वादुस्थिरंतथा। प्रसन्नंपिच्छिलंसूक्ष्ममोजोदशगुणंस्मृतम्॥ १२७॥

और भी कहागयाहै कि ओजमें दशगुणहैं भारी शीतल कोमल चिकना गाढ़ा मधुर स्थिर निर्मल फिसलाहटवाला और सूक्ष्म॥ १२७॥

चरकेतु। अष्टबिन्दुप्रमाणं तदीषद्रक्तं सपीतकम्। अग्निसोमात्मकत्वेन द्विरूपंवर्णितन्तुतत्॥ १२८॥

और चरकमें तो ऐसा कहागया है कि ओज आठ बिन्दुओंके प्रमाण कुछ पीतवर्ण और कुछ रक्तवर्ण अग्नि सोमात्मक होनेसे दोरूपवाला कहागयाहै॥ १२८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वाग्भटश्च। ओजश्चतेजोधातूनां शुक्रान्तानांपरंस्मृतनम्। हृदयस्थमपिव्यापि देहस्थितिनिबन्धनम्॥ यस्यप्रवृद्धौदेहस्य तुष्टिपुष्टिबलोदयाः। यन्नाशेनियतोनाशो यस्मिंस्तिष्ठतिजीवनम्॥ निष्पद्यन्तेयतोभावा विविधादेहसंश्रयाः। उत्साहप्रतिभाधैर्य्यलावण्यसुकुमारताः॥ १२९॥

और वाग्भट कहते हैं कि वीर्य्यपर्य्यन्त सम्पूर्ण धातुओंका उत्कृष्ट तेज ओज कहलाताहै वह हृदयमें स्थितभी व्यापक होकर शरीर की स्थितिका कारणहै और जिसकी वृद्धिहोने से शरीर की तुष्टता पुष्टता और बलका उदय होता है–जिसके नाशहोनेसे अवश्य मृत्युहोती है स्थित रहने से मनुष्य जीताहै और जिसके द्वारा देहमें स्थित अनेक प्रकारके पदार्थ उत्साह-प्रतिभा-धैर्य्य-लावण्य और सुकुमारता यह सब उत्पन्न होते हैं-॥ १२९॥

ततःस्थूलोभागोरसो मासेन पुंसां शुक्रंस्त्रीणान्त्वार्त्तवं शुक्रञ्च भवति। उक्तं च सुश्रुते। एवं मासेन रसः शुक्रो भवति। स्त्रीणांचेति चकारात् स्त्रीणामपि शुक्रं भवति। अतएवोक्तं सुश्रुते। योषितोऽपिस्रवत्येव शुक्रंपुंसःसमागमे। तत्रगर्भस्यकिंचित्तु करोतीतिनचिन्त्यते॥ गर्भस्यशुद्धस्य विकृतस्यतु गर्भस्यकारणं तदपि भवति। (यतउक्तम्) यदानार्य्यावुपेयातां वृषस्यन्त्यौकथञ्चन। मुञ्चन्त्यौशुक्रमन्योऽन्यमनस्थिस्तत्रजायत इति॥ एतेन स्त्रीणां सप्तमो धातुरार्त्तवं शुक्रमष्टममिति बोधितम्। आशयाधिक्यवत्॥ १३०॥

इसके उपरान्त रसका स्थूलभाग महीनेभर में पुरुषोंका वीर्य्य और स्त्रियोंका रज तथा वीर्य्य होताहै और सुश्रुतने भी कहाहै कि इस प्रकार मासभर में रसवीर्य्य होजाताहै स्त्रियों के भी वीर्य्य होताहै इसीसे सुश्रुत में कहाहै कि पुरुषके संगमें स्त्रियां भी वीर्य्य को छोड़ती हैं परन्तु वह वीर्य्य गर्भका कुछभी उपकार नहीं करताहै अर्थात् इस वीर्य्य से शुद्ध गर्भ नहीं होता परन्तु विकारयुक्त गर्भका यह वीर्य्य भी कारण होताहै क्योंकि कहागयाहै कि जब काम से अत्यन्त पीड़ित दो स्त्रियां परस्पर मैथुन करती हैं तो किसी प्रकार उनदोनोंका वीर्य्यपात होताहै उस्से हड्डीरहित गर्भ उत्पन्न होता है इस्से यह प्रकट किया गयाहै कि स्त्रियोंकी सातवीं धातु रज और आठवीं वीर्य्यहै जैसे कि उनके एक आशयभी अधिकहै-॥ १३०॥

स्त्रीणांगर्भोपयोगि स्यादार्त्तवंसर्वसम्मतम्। तासामपिबलंवर्णं शुक्रंपुष्टिंकरोतिहि॥ एवंरस एव केदारकुल्यान्यायेन सर्वान् धातून् पूरयन् मासेन नवदण्डोत्तरेण शुक्रमार्त्तवं भवतीति सिद्धान्तः। एवंसति रसाद्रक्तमिति संगतमेव॥ १३१॥

स्त्रियोंका रज गर्भका उपयोगी होताहै यह सर्वसम्मतहै और उनका वीर्य्य तो बल-वर्ण तथा पुष्टताको करताहै-इस प्रकार रसही केदारकुल्या न्याय (नालियां खेतों में जाकर औषधियों को पुष्ट करती हैं इसकानाम केदारकुल्यान्यायहै) से सम्पूर्ण धातुओं को पूर्ण करताहुआ एक महीने और नौघड़ी में वीर्य्य और रज बनताहै यह सिद्धान्तहै ऐसा होने से रस से रुधिर उत्पन्न होताहै यह ठीकही है-॥ १३१॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ततोमांसन्ततोरक्तोत्पत्तेरनन्तरंमांसंजायतेरसादेवेत्यर्थः। मांसान्मेदःप्रजायतइति॥ मांसादनंतरं मेदः प्रजायते रसादेवेत्यर्थः। मेदसोऽस्थिजायतेरसादेवेत्यर्थः॥ एवं ततोमज्जाअग्रे शुद्धशुक्रं सम्भवतीत्यर्थः॥ १३२॥

रुधिर उत्पन्न होने के उपरान्त उस रसही से मांस उत्पन्न होता है फिर मांसरूप रससे मेद मेद रूप रससे अस्थि और अस्थिरूप रस से मज्जा उत्पन्न होतीहै फिर शुद्धवीर्य्य उत्पन्न होताहै॥ १३२॥

रसःशरीरेत्रिधासञ्चरति। तथाचोक्तम्। रसःशरीरेशब्दार्चिर्जलसन्तानवत्त्रिधा॥ सञ्चरत्यनुरूपोऽयंनित्यमेवहिदेहिनाम्। अस्यायमभिप्रायः। पुरुषास्तीक्ष्णाग्नयोमध्यमाग्नयोमन्दाग्नयश्चभवन्ति। तत्रतीक्ष्णाग्नीनांसरसःशब्दसन्तानवत्शीघ्रंसञ्चरति॥ मध्यमाग्नीनामर्चिःसन्तानवन्मध्यवेगेनचरतिमन्दाग्नीनांजलसंतानवन्मन्दंचरति। तेनमासेनरसाच्छुक्रंभवतीति॥ यदुक्तम्। तन्मध्यवेगेनचरति॥ मन्दाग्नीनांजलसंतानवन्मन्दंचरतितेनमासेनरसः शुक्रंभवतीतियदुक्तंतन्मध्यमाग्नीनधिकृत्योक्तम्। दीप्ताग्नीनांतुरसःकिंचिन्न्यूनेनमासेनशुक्रंभवति॥ मन्दाग्नेःकिंचिदधिकेन मासेनेतिसिद्धान्तः॥ १३३॥

रस मनुष्यों के शरीरमें तीनप्रकारसे घूमताहै और ऐसा कहाभीहै कि रस मनुष्यों के शरीर में सदैव शब्द—अग्नि की ज्वाला और जलके प्रवाहकी समान तीन प्रकारसे घूमताहै इसका यह आशयहै कि पुरुष तीक्ष्णाग्नि, मध्यमाग्नि और मन्दाग्नि होतेहैं उनमेंसे तीक्ष्णाग्निवाले पुरुषों का रस शब्दके वेगके समान शीघ्र चलताहै मध्यम अग्निवालोंका रस अग्निकी ज्वालाके समान मध्यम वेग से चलताहै और मन्दाग्निवालोंका रस जलके प्रवाहके समान मन्द २ चलताहै इस्से महीने भरमें रससे वीर्य्य होताहै यह जो कहागयाहै वह मध्यम वेगसे चलताहै— मन्दाग्निवालोंका रस जल केप्रवाहके समान धीरे धीरे चलताहै इस्से महीने में रसवीर्य्य होताहै यह जो कहागया वह मध्यम अग्निवालोंको लेकर कहागयाहै और तीक्ष्ण अग्निवालोंका रस तो कुछ कम महीने में वीर्य्य होजाताहै और मन्दाग्निवालेका रस महीने से कुछ दिन अधिक में वीर्य्य होताहै॥ १३३॥

तर्हिवाजीकरणानामौषधीनांकिंप्रयोजनमित्याह। वाजीकरिण्यऔषध्यःस्वप्रभावगुणोच्छ्रयात्॥ विरेचयन्तिताःशुक्रंविरेकिद्रव्यवन्नृणाम्। वाजीकरिण्यःयाभिरोषधीभिःपुरुषः शुक्राधिक्यात्स्त्रीषुवाजीवत्सामर्थ्यंप्राप्नोतिताःवाजीकरिण्यःस्वप्रभावगुणोच्छ्रयात्तत्रकाश्चिदौषध्यःस्वप्रभावाधिक्यात्॥ काश्चित्स्वगुणाधिक्यात्। काश्चित्स्वप्रभावगुणाधिक्यात्॥ तत्रसङ्कल्पपादलेपविशिष्टकान्तास्पर्शादयःस्वप्रभावाधिक्याच्छुक्रंविरेचयन्ति। घृतक्षीरादयःस्वगुणाधिक्यात्। स्निग्धत्वादाधिक्यान्माषादयः स्वप्रभावस्निग्धत्वादिगुणाधिक्यात्॥ १३४॥

यदि ऐसाहै तो वाजीकरण औषधियों का क्या प्रयोजन है? इसलिये कहते हैं कि वाजीकरण औषधि रेचक द्रव्यके समान मनुष्योंका वीर्य्य निकालती हैं जिन औषधियोंके द्वारा पुरुष वीर्य्य की अधिकतासे स्त्रियोंमें घोड़ेके समान सामर्थ्यको प्राप्त होताहै वह वाजीकरण कहलाती हैं उनमें

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

से कुछ औषधि अपने प्रभावकी अधिकतासे कुछ अपने गुणकी अधिकतासे और कुछ अपने प्रभाव और गुण दोनोंकी अधिकतासे वीर्य्यको निकालती हैं जैसे कि संकल्प (विषयोंकाध्यान) पैरोंकालेप– उत्तम स्त्रियोंका आलिङ्गन आदिक अपने प्रभावकी अधिकतासे घृत दुग्धादिक अपने गुणकी अधिकतासे और चिकनेपन आदि गुणोंके द्वारा उर्द आदिक अपने प्रभाव तथा स्निग्धता (लसीलेपन) आदि गुणोंकी अधिकता से वीर्य्यको निकालती हैं ॥ १३४ ॥

वाजीकरिण्यइतिबहुवचनमाद्यर्थानुवर्त्तनम्। बल्यंबृंहणंजीवनीयगणादयस्तद्वद्बोद्धव्याः ॥ विरेचयन्तिस्वप्रभावगुणाधिक्यात् । शीघ्रमेवरसाद्युत्पादनपूर्वकंशुक्रंजनयित्वाप्रवर्त्तयन्ति ॥ यतआह । दुग्धंमाषाश्चभल्लातःफलमज्जामलानिच ॥ जनकानिनिगद्यन्तेरेचनानिचरेतसः ॥ १३५ ॥

(वाजीकरिण्यः) इस बहुवचनान्त पदसे आदिक अर्थका ग्रहण किया जाताहै इस्से बलकारक बृंहण– जीवनीयगण आदिकभी इसी प्रकार जानने चाहिये वीर्य्य को निकालती हैं इसका यह तात्पर्य्य है कि शीघ्रही रसादिकोंकी उत्पत्तिपूर्व्वक वीर्य्यको उत्पन्न करके निकालती हैं जैसा कहा भी है कि दुग्ध–उर्द– भिलावाँ– मज्जावाले बादाम आदिक फल और आमले यह वीर्य्यके उत्पन्न करनेवाले और निकालनेवालेभी कहेजाते हैं ॥ १३५ ॥

ननुबालानांकथंशुक्रंनदृश्यतइत्याह बालानांशुक्रमस्त्येवकिन्तुसौक्ष्म्यान्नदृश्यते । पुष्पाणांमुकुलेगन्धोयथासन्नपिनाप्यते। तेषांतदेवतारुण्येपुष्टित्वाद्व्यक्तिमेतिहि। कुसुमानांप्रफुल्लानांगंधः प्रादुर्भवेद्यथा ॥ रोमराज्यादयःपुंसांनारीणामपियौवने । जायतेऽत्रचयोमेदोज्ञेयोव्याख्यानतःसच ॥ व्याख्यानंयथापुंसांरोमराजीश्मश्रुप्रभृतयः । नारीणांतुरोमराजीस्तनस्तन्यार्त्तवप्रभृतयः ॥ १३६ ॥

अब इस सन्देहका उत्तर लिखते हैं कि बालकोंके वीर्य्य क्यों नहीं उत्पन्न होताहै ॥ जैसे कि पुष्पोंकी कलीमें सुगन्ध होने पर भी सुगन्धि नहीं मालूम होती है उसीप्रकार बालकोंके वीर्य्य होता तो अवश्य है परन्तु सूक्ष्मताके कारणसे दिखाई नहीं देता और जैसे प्रफुल्लित पुष्पों की सुगन्धि प्रकट होतीहै उसी प्रकार युवावस्थामें पुष्टताके कारण वह वीर्य्य प्रकट होताहै–पुरुषों के तथा स्त्रियोंके भी युवावस्था में रोमादिक उत्पन्न होतेहैं और इनमें जो भेदहै वह व्याख्यानसे जानना चाहिये जैसे कि पुरुषोंके रोम तथा डाढ़ी मूछ आदि होते हैं और स्त्रियोंके रोम स्तन दुग्ध और रजादिक होतेहैं ॥ १३६ ॥

ननु,अन्नरसोवृद्धस्यधातुवृद्धिंकथं न करोतीत्याह। वार्द्धकेवर्द्धमानेनवायुनारसशोषणात् ॥ नतथाधातुवृद्धिःस्यात्ततस्तत्रानिलंजयेत् ॥ १३७॥

अब यह सन्देह कियाजासक्ताहै कि वृद्धोंके धातुओंकी वृद्धि क्यों नहीं होती ? इसका उत्तर कहतेहैं ॥ वृद्धावस्थामें बढ़ा हुआ वायु आहारके रसको सुखा देताहै इसी से धातु की वृद्धि नहीं होती इसकारण उस अवस्था में वायुकी नाशक औषधी सेवनकरनी चाहिये ॥ १३७ ॥

अथ शुक्रस्यस्वरूपमाह ॥

शुक्रंसौम्यंसितंस्निग्धंबलपुष्टिकरंस्मृतम्।गर्भवीजंवपुःसारोजीवस्याश्रयउत्तमः १३८

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अब वीर्य्य का स्वरूप कहतेहैं ॥

वीर्य्य सोमात्मक श्वेतवर्ण-चिकना-बलपुष्टि का करनेवाला-गर्भकाबीज-शरीर का सारांश और जीव का उत्तम स्थान कहागयाहै ॥ १३८ ॥

जीवस्याश्रयउत्तमइतिआह । जीवोवसतिसर्वस्मिन्देहेतत्रविशेषतः ॥ वीर्य्येरक्ते मलेयस्मिन्क्षीणेयातिक्षयंक्षणात् ॥ १३९ ॥

अबजीवका उत्तमस्थानहै इसके विषयमें कहते हैं ॥

जीवसंपूर्ण शरीरमें रहताहै परन्तु वीर्य्य-रुधिर और मलमें विशेष करके रहताहै क्योंकि जिनके क्षीणहोनेसे जीव क्षणभरमें नाशको प्राप्त होताहै ॥ १३९ ॥

अथ गर्भसञ्जननशुक्रस्यलक्षणमाह ॥

स्फटिकाभंद्रवंस्निग्धंमधुरंमधुगन्धिच॥शुक्रमिच्छंतिकेचित्तुतैलक्षौद्रनिभंचतत्॥१४०॥

अब गर्भकेउत्पन्नकरनेवाले वीर्य्यका लक्षण कहते हैं ॥

स्फटिकके समान निर्मलवर्णवाला द्रव-सचिक्कण मधुर सहतके समान गन्धवाला वीर्य्य शुद्ध होताहै और. कोई ऐसा कहते हैं कि तेल अथवा सहतके समान वीर्य्य गर्भका उत्पन्न करनेवाला होताहै ॥ १४० ॥

अथ शुक्रस्य स्थानमाह ॥

यथापयसिसर्पिस्तुगूढश्चेक्षुरसोयथा । एवंहिसकलेकायेशुक्रंतिष्ठतिदेहिनाम् ॥ अत्र सर्पिर्दृष्टान्तोबहुशुक्रेऽल्पमथनेनसर्पिःशुक्रयोर्लाभात्। इक्षुरसदृष्टान्तस्तुस्वल्पशुक्रे पुंसिअतिपीडनेक्षुरसस्यशुक्रयोर्लाभात् ॥ १४१ ॥

अब वीर्य्यका स्थान कहतेहैं ॥

जैसे दूधमें घृत और ऊखमें रस छिपाहुआ रहताहै उसीप्रकार मनुष्यों के संपूर्ण शरीरमें वीर्य्य रहताहै यहां घृतका दृष्टान्त बहुत वीर्य्यवाले पुरुष के लिये दियागयाहै जैसे थोडेही मथनेसे घृत प्राप्त होताहै उसी प्रकार बहुत वीर्य्यवाले पुरुषके वीर्य्य शीघ्र निकलताहै और ऊखका दृष्टान्त थोडे वीर्य्यवाले के लियेहै क्योंकि जैसे ऊखका रस बहुत दबाने से निकलताहै उसी प्रकार थोडे वीर्य्य वाले पुरुषके वीर्य्य देरमें निकलताहै ॥ १४१ ॥

अथ शुक्रस्यक्षरणमार्गमाह ॥

द्व्यंगुलेदक्षिणेपार्श्वेवस्तिद्वारस्यचाप्यधः । मूत्रस्रोतःपथेशुक्रंपुरुषस्यप्रवर्त्तते । वृद्धवाग्भटोऽप्याह ॥ सप्तमीशुक्रधराद्व्यंगुलेदक्षिणेपार्श्वेवस्तिद्वारस्यचाप्यधोमूत्रमार्गमाश्रिता सकलशरीरव्यापिनीशुक्रंप्रवर्त्तयतीति ॥ सप्तमीकला ॥ १४२ ॥

अब वीर्य्य के निकलनेका मार्ग कहते हैं ॥

वस्ति द्वार के नीचे दाहिनी ओर दो अंगुलकी मूत्र नाली के मार्ग से पुरुषका वीर्य्य निकलताहै और वृद्धवाग्भटने भी कहाहै कि मूत्राशयके द्वारके नीचे दाहिनी ओर दोउंगलपर मूत्रके मार्ग का आश्रय करनेवाली संपूर्ण शरीरमें व्याप्त वीर्य के धारण करनेवाली सातवीं कला वीर्य्य को निकालती है ॥ १४२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ शुक्रक्षरणकारणमाह ॥

कृत्स्नदेहस्थितंशुक्रंप्रसन्नमनसस्तथा। स्त्रीषुव्यायच्छतश्चापिहर्षात्तत्सम्प्रवर्त्तते॥ स्त्रीषुव्यायच्छतःस्त्रीषुरतरूपंव्यायामंकुर्वतः । अन्यच्च ॥ शुक्रंकामेनकामिन्यादर्शनात् स्पर्शनादपि। शब्दसंश्रवणाद्ध्यानात्संयोगाच्चप्रवर्त्तते ॥ १४३ ॥

अब वीर्य्य के निकलने का कारण कहते हैं ॥

प्रसन्न मन और स्त्रियों के साथ संभोगरूपी व्यायाम करनेवाले पुरुषके संपूर्ण शरीरमें रहनेवाला वीर्य्य हर्षसे निकलताहै और भी कहागया है कि कामदेवसे पीडित होकर स्त्रीके देखनेसे आलिङ्गन करनेसे-शब्द सुननेसे-ध्यान करने से और संयोग से वीर्य्य निकलताहै ॥ १४३ ॥

अथार्त्तवस्यस्वरूपमाह ॥

स्त्रीणांरसएवमासेनार्त्तवंभवतीत्युक्त्वापुनराहशुक्रतएव। रसादेवरजःस्त्रीणांमासिमासित्र्यहंस्रवेत् ॥ तद्वर्षाद्द्वादशादूर्ध्वंयातिपञ्चाशतःक्षयम् । मासेनोपचितंकालेधमनीभ्यस्तदार्त्तवम् ॥ ईषद्विवर्णंकृष्णञ्चवायुर्योनिमुखंनयेत् ॥ १४४ ॥

अब रजका स्वरूप कहतेहैं ॥

स्त्रियोंका रसही महीनेमें रज होजाताहै यह कहकर फिर कहतेहैं कि रज वीर्य्यसेही उत्पन्न होता है स्त्रियोंके रससेही उत्पन्न हुआ रज प्रतिमास तीन दिनतक बहताहै वह बारहवर्ष से प्रवृत्त होकर पचास वर्षमें नाशको प्राप्त होताहै और महीने भरमें इकट्ठे हुए कुछ विकृति वर्ण और कुछ कृष्ण वर्णवाले उस रजको समयमें वायु नाडियोंके द्वारा योनिके मुखमें लाताहै ॥ १४४ ॥

गर्भग्रहणयोग्यस्यार्त्तवस्यलक्षणमाह ॥

शशासृक्प्रतिमंयच्चयद्वालाक्षारसोपमम् । तदार्त्तवंप्रशंसन्तियद्वासोनविरञ्जयेत् ॥ आर्त्तवस्यवर्णद्वयाभिधानम् । वातादिप्रकृतिभेदेनवर्णभेदात् ॥ यद्वासोनविरञ्जयेत् । यद्वासोलग्नंप्रक्षालितंतद्वासस्त्यजतिनतुविकृतरक्तंकुर्यात् । ऋतुस्त्रीणांरजोदर्शनात् षोडशनिशाः तत्रभवमार्त्तवंगृहीतगर्भाणां स्त्रीणामार्त्तववहानांस्रोतसांगर्भेणावरोधादार्त्तवंनस्रवति ॥ किन्तुतदेवाधःप्रतिहतमूर्ध्वमागतमुपचीयमानमपराभवति । अपरातुश्रीवरइतिलोके ॥ शेषंचोर्ध्वतरमागतंपयोधरोयातितस्माद्गर्भिण्याःपीवरपयोधराभवन्ति ॥ १४५ ॥

अब गर्भग्रहण करनेके योग्य रजका लक्षण कहतेहैं ॥

जो रज खरगोशके रुधिरके समान अथवा लाखके रसके समान और जो वस्त्रमें लगाहुआ धोने से छुटजाय वह रज गर्भधारण करने के योग्य होताहै यहां रजके दो वर्ण इसलिये कहेगये हैं कि वातादि प्रकृतियोंके भेदसे वर्णोंका भी भेद होताहै स्त्रियोंके रजोदर्शन के प्रथम दिनसे सोलहरात्रि पर्य्यन्त ऋतु कहलातीहै उस ऋतुकालमें जो उत्पन्न होताहै (रुधिर उत्पन्न होताहै) वह आर्त्तव कहलाताहै गर्भवती स्त्रियोंकी रजके बहानेवाली नाडियोंका गर्भके द्वारा अवरोध होनेसे रज नहीं बहताहै किन्तु वही नीचेसे रुकाहुआ ऊपर आकर इकट्ठा होके जरायु (गर्भाशय) होजाताहै और

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शेष अधिक ऊपर आया हुआ स्तनोंमें प्राप्त होताहै इसीसे गर्भिणीस्त्रीके स्तन बडेहोजातेहैं॥ १४५॥

अथ धातुष्वतिरिक्तानूगुणानाह ॥

अतिरिक्तागुणारक्तेवह्नेर्मांसेतुपार्थिवाः । मेदस्यपांभुवस्त्वस्थ्निपृथिव्यनिलतेजसाम् ॥ मज्ज्ञिशुक्रेचसोमस्यमूत्रेचशिखिनोगुणाः। भुवस्तथार्त्तवेत्वग्नेरसेक्षीरे तथाम्भसः॥ १४६॥

अब धातुओं के पृथक् २ गुण कहतेहैं ॥

रुधिरमें २ अग्निके १ मांसमें २ पृथ्वीके १ मेदमें २ जल २ और पृथ्वी के १ हड्डीमें २ पृथ्वी वायु और तेजके १ मज्जा और वीर्य्य में २ सोमके १ मूत्रमें २ अग्निके १ रजमें २ पृथ्वी और अग्निके १ और रस तथा दुग्ध में २ जलके १ गुण अधिक हैं॥ १४६ ॥

अथ धातूनांमलाः॥

कफःपित्तंमलःखेषुप्रस्वेदोनखलोमच । नेत्रविट्चत्वचःस्नेहोधातूनांक्रमशोमलाः ॥ नेत्रजिह्वाकपोलानांजलञ्चरसजंमलमित्येके ॥ कर्णादिश्रोतःसुमलःरसनादन्तकक्षामेढ्रादिमलमपिमेदोमलमित्येके । नेत्रविट्त्वचांस्नेहश्चमज्जामलः शुक्रस्यमलमेवनास्ति सहस्रधाध्मातसुवर्णस्येव ॥ १४७॥

अब धातुओं के मल कहते हैं ॥

कफ, पित्त, कान आदिक छिद्रोंका मैल, स्वेद नख, रोम, नेत्रका मल और त्वचा का चिकनापन यह क्रमसे रसादि धातुओं के मलहैं—कोई आचार्य्य ऐसा कहते हैं कि नेत्र जिह्वा और कपोलों का जल रसका मलहै और कोई यह भी कहते हैं कि जिह्वा दांत बगल और लिङ्गादिकों का मल भी मेदका मलहै नेत्रका मैल और त्वचा का चिकनापन मज्जाका मैल है और हजारबार तपाये हुये सुवर्ण के समान वीर्य्य में मल नहीं होता है ॥ १४७ ॥

अथोपधातवः॥

वनितानांप्रसूतानांधमनीभ्यांस्तनौगतात् । रसादेवहिजायेतस्तन्यंस्तनयुगाशयम् ॥ शुद्धमांसस्ययःस्नेहःसावसापरिकीर्त्तिता । मेदसःस्रवमाणस्यस्नेहोवाकथितःवसा ॥ शार्ङ्गधरेतु ॥ स्तन्यंरजोवसास्वेदोदन्ताःकेशास्तथैवच । ओजश्चसप्तधातूनांक्रमात्सप्तोपधातवः॥ १४८॥

अब उपधातुओंका वर्णन करते हैं ॥

प्रसूता स्त्रियों के नाडियों के द्वारा स्तनों में लायेगये रससे दोनों स्तनों में रहनेवाला दुग्ध उत्पन्न होताहै और शुद्ध मांसका स्नेह वसा कहलाताहै अथवा बहतेहुए मेदका स्नेह वसा कहलाताहै और शार्ङ्गधरमें तो ऐसा कहागया है कि स्तनोंसे उत्पन्नहुआ दूध रज वसा स्वेद दन्तकेश और ओज यह सातों क्रमसे रसादि सातों धातुओं के उपधातु हैं॥ १४८ ॥

अथाशयाः॥

उरोरक्ताशयस्तस्मादधःश्लेष्माशयःस्मृतः। आमाशयस्तुतदधस्तत्त्रिकञ्चरकोऽवदत् ॥ तद्यथा ॥ नाभिस्तनान्तरेजन्तोराहुरामाशयंबुधाइति । आमाशयादधःपक्वाशयादू

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ध्वन्तुयाकला ॥ ग्रहणीनामकासैवकथितःपाचकाशयः । ऊर्ध्वमग्न्याशयोनाभेर्मध्यभागेऽव्यवस्थिता ॥ तस्योपरितिलंज्ञेयंतदधःपवनाशयः । पक्वाशयस्तुतदधःसएवतुमलाशयः ॥ तदधःकथितोवस्तिःसहिमूत्राशयोमतः ॥ १४९ ॥

अब आशयों का वर्णन करते हैं ॥

छाती रक्ताशयहै उसके नीचे श्लेष्माशयहै उसके नीचे आमाशयहै और उसका लक्षण चरकमुनि ने कहाहै प्राणियों के नाभि और स्तनों के बीच में आमाशय कहागया है आमाशय के नीचे और पक्वाशय के ऊपर ग्रहणी नाम जो कला कही गई है वही पाचकाशय है नाभिके ऊपर वामभाग में अग्न्याशयहै उसके ऊपर तिलहै और तिलके नीचे पवनाशय उसके नीचे पक्वाशयहै वही मलाशय कहाताहै उसके नीचे वस्तिहै और उसीको मूत्राशय कहते हैं ॥ १४९ ॥

आशयानुक्रमस्तुवाग्भटेनोक्तःसयथा ॥

कफाऽऽमपित्तवातानामाशयामलमूत्रयोः।पुरुषेभ्योऽधिकाश्चान्येनारीणामाशयास्त्रयः॥ धरागर्भाशयःप्रोक्तःपित्तपक्वाशयान्तरे। स्तनौप्रवृद्धौतावेवबुधैस्तन्याशयौमतौ॥१५०॥

अब वाग्भटके कहेहुए आशयों के क्रम कहते हैं ॥

कफ, आम, पित्त, वात, मल और मूत्र इनके आशय क्रमसे एक २ के नीचे स्थितहैं–स्त्रियों के पुरुषों से विशेष तीन आशय और होते हैं वह यहहैं कि पित्ताशय और पक्वाशयके बीचमें धरानाम गर्भाशयहै और बढ़ेहुए दोनों स्तनोंको पण्डितलोग दो स्तन्याशय अर्थात् दुग्धाशय कहते हैं ॥ १५० ॥

अथ कलास्वरूपमाह ॥

स्नायुभिश्चप्रतिच्छन्नान्सन्ततांश्चजरायुणा । श्लेष्मणावेष्टितांश्चापिकलाभागांस्तुतान्विदुः ॥ धात्वाशयान्तरेधातोर्यःक्लेदस्त्वधितिष्ठति । देहोष्मणाभिपक्वश्चसाकलेत्यभिधीयते ॥ १५१ ॥

अब कलाओंका स्वरूप कहते हैं ॥

स्नायु के द्वारा आच्छादित गर्भाशय से व्याप्त श्लेष्मा से वेष्टित शरीर के भाग कला कहलाते हैं, धात्वाशयके बीचमें देहकी ऊष्मासे पकाहुआ जो धातुका मल रहताहै वह कला कहाजाताहै१५१॥

ताःसप्त ॥ आद्यामांसधराप्रोक्ताद्वितीयारक्तधारिणी । मेदोधरातृतीयातुचतुर्थीश्लेष्मधारिणी ॥ पञ्चमीतुमलंधत्तेषष्ठीपित्तधरामता । रेतोधरासप्तमीस्यादितिसप्तकलाःस्मृताः ॥ १५२ ॥

वह कला सातहैं पहली मांसकी धारणकरनेवाली, दूसरी रुधिर की धारणकरनेवाली, तीसरी मेद की धारणकरनेवाली, चौथी श्लेष्मा की धारणकरनेवाली, पांचवीं मलकी धारणकरनेवाली छठी पित्तकीधारणकरनेवाली और सातवीं बीजकी धारणकरनेवाली कही गई है १५२ ॥

अथ मर्म्माणि ॥

सन्निपातःशिरास्नायुसन्धिमांसास्थिसम्भवः । मर्म्माणितेषुतिष्ठन्ति प्राणाःखलुविशेषतः ॥ सप्तोत्तरशतंसंति देहेमर्म्माणिदेहिनाम् । तान्येकादशमांसेस्युरष्टावस्थिषु

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सन्तिहि॥ संधीनांविंशातिस्तानि स्नायूनांसप्तविंशतिः। चत्वारिंशत्तथैकञ्च शिरामर्म्मा णितत्रतु॥ द्वाविंशतिःसंक्थियुगे तावन्त्येवभुजद्वये। द्वादशोरसिकुक्षौ च पृष्ठदेशेचतुर्दश॥ ग्रीवायामूर्ध्वभागेतु सप्तत्रिंशच्चतानिहि। शरीरेतानिमर्म्माणि पञ्चधा च भवन्तितु॥ (तान्याह) सद्यःप्राणहराणिस्युर्मर्म्माण्येकोनविंशतिः। मर्म्मदेशास्त्रयस्त्रिंशत् स्युःकालांतरमारकाः॥ चत्वारिंशच्चचत्वारि वैकल्यंजनयन्तिहि। मर्म्माष्टकंरुजाकारि विशल्यघ्नंत्रिकंमतम्॥ १५३॥

अब मर्मोंका वर्णन करते हैं॥

शिरा–स्नायु–सन्धि–मांस और अस्थि इनके एकस्थानपर मिलनेको मर्म कहते हैं इन में विशेष करके प्राण रहताहै (अब उनकी संख्या कहते हैं) प्राणियों के शरीर में एकसौ सात १०७ मर्म हैं वह मांसमें ११ हड्डियों में ८ सन्धियों में २० स्नायुमें २७ शिराओंमें ४१ इस क्रमसे १०७ हुये और यही १०७ मर्म सब देहमें इस क्रम से हैं कि दोनों जङ्घाओं में २२ दोनों भुजाओं में २२ हृदय और कोखमें १२ पीठमें १४ और ग्रीवाके ऊर्ध्वभागमें ३७ और शरीरमें यह मर्म पांच प्रकार से रहतेहैं शीघ्रही प्राणके नाशक १९ कालान्तरमें मारनेवाले ३३ विकलता करनेवाले ४४ रोग के उत्पन्न करनेवाले ८ और विशल्यघ्न (कांटेआदि के निकालने से मारने वाले) हैं॥ १५३॥

शृङ्गाटकान्यधिपतिः शङ्खौकण्ठशिरागुदम्। हृदयंवस्तिनाभीच सद्योघ्नन्तिहतानिचेत्॥ १५४॥

अब शीघ्र प्राणके नाशकरनेवाले मर्मोंका वर्णन करते हैं॥

शृङ्गाटक, अधिपति, शङ्ख, कण्ठ, शिरा, गुदा, हृदय, वस्ति और नाभि इन मर्मों में चोट लगने से शीघ्र प्राण निकल जाते हैं॥ १५४॥

शृङ्गाटकानि॥

घ्राणश्रोतोक्षिजिह्वा सन्तर्पकाणां शिरामुखानां शिरसो मध्ये संयोगस्थानन्तानि चत्वारि शिरामर्म्माणिचतुरंगुलप्रमाणानिहतानि घ्नन्तिसद्योमारकाणिभवन्ति॥ १५५॥

शृङ्गाटक का वर्णन॥

नासिका, कर्ण, नेत्र, जिह्वा इनके तृप्तकरनेवाली नाड़ियों का शिरके मध्य में जो संयोग का स्थानहै उसमें चार अंगुल के प्रमाण चार नाड़ियों के मर्मोंको शृङ्गाटक कहते हैं वह शीघ्र प्राण के नाश करनेवाले होते हैं॥ १५५॥

अधिपतिर्मस्तकस्याभ्यन्तरे सन्धिशिरसोः सन्निपातः उपरिष्टाद्रोमावर्त्तः सएकः संधि मर्म्मेदमर्द्धांगुलप्रमाणं सद्योमारकम्॥ १५६॥

अधिपति का वर्णन॥

मस्तक के भीतर नाड़ियोंकी जो सन्धि जिसके ऊपर रोमावर्त्त होताहै वह आधे अंगुलका सन्धि मर्म अधिपति कहलाताहै इसमें चोट लगने से शीघ्रही प्राण निकलते हैं॥ १५६॥

शङ्खाभ्रुवोरधोपरिकर्णललाटमध्ये तौद्वौ अस्थिमर्मणी सार्द्धांगुलेमारके॥ १५७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शङ्खका वर्णन ॥

भृकुटियों के अन्तके ऊपर कान और मस्तकके ऊपर डेढ़ अंगुलके दो अस्थिमर्म हैं उनमें चोट लगने से शीघ्रही प्राण निकलते हैं ॥ १५७ ॥

कण्ठशिरामातृकाः ग्रीवायामुभयपार्श्वयोश्चतस्रः शिरास्ता अष्टौशिरा मर्म्माणि चतुरंगुलानि सद्यो मारकाणि ॥ १५८ ॥

अब कण्ठका वर्णन करते हैं ॥

ग्रीवाके दोनोंओर चार २ नाड़ियां कण्ठशिरा या शिरामातृका कहलाती हैं चारअंगुलके प्रमाण यह आठशिरामर्म हैं इनमें चोट लगनेसे शीघ्रही प्राण निकलते हैं ॥ १५८ ॥

गुदम्प्रसिद्धं। वातवर्चो निरसनं स्थूलान्त्रप्रतिबद्धं गुदंनाम ॥ एकम्मांसमर्म्म चतुरंगुलं सद्यो मारकम् ॥ १५९ ॥

गुदाके मर्मका वर्णन ॥

वायु और मलकी निकालनेवाली मोटी आंतों से बँधीहुई गुदा तो प्रसिद्धहै वह चारअंगुल के प्रमाण मांसका एक मर्म है इसमें चोट लगने से शीघ्रही प्राण निकलते हैं ॥ १५९ ॥

स्तनयोर्मध्यमधिष्ठायोरस्यामाशयद्वारं सत्त्वरजस्तमसामधिष्ठानं हृदयं नाम शिरामर्म्मचतुरंगुलं सद्यो मारकम् ॥ १६० ॥

हृदय के मर्म का वर्णन ॥

दोनोस्तनोंका मध्य आमाशयका द्वार सत्त्व रज और तमोगुणका स्थान हृदयहै वह चारअंगुलके प्रमाणका चोटलगनेसे शीघ्रही प्राणोंका नाशकरनेवाला शिराओंका एक मर्म है ॥ १६० ॥

वस्तिर्नाभिःपृष्ठकटी गुदवङ्क्षणशेफसाम् । मध्येवस्तितनुत्वक्च एकद्वारोह्यधोमुखः । स्नायुमर्मेदञ्चतुरंगुलं सद्यो मारकम् १६१ ॥

वस्तिके मर्मका वर्णन ॥

नाभि पीठ कटि गुदा वङ्क्षण और लिङ्ग इनके मध्यमें सूक्ष्म त्वचावाली एकद्वारवाली अधोमुख वस्ति नामहै यह चार अंगुलके प्रमाणका चोटलगनेसे शीघ्रही प्राणका नाशकरने वाला स्नायु का एकमर्म है ॥ १६१ ॥

नाभिः प्रसिद्धा पक्वामाशयोर्मध्ये शिराप्रभवा नाभिर्नाम शिरा मर्म्मेदंचतुरंगुलं सद्यो मारकम् ॥ १६२ ॥

नाभिके मर्मका वर्णन ॥

पक्वाशय और आमाशयके मध्यमें शिराओंसे उत्पन्न नाभि नामसे प्रसिद्ध चारअंगुल के प्रमाण का चोटलगने से शीघ्रही प्राणका नाशकरनेवाला शिराओंका एक मर्म है ॥ १६२ ॥

वक्षोमर्म्माणिसीमन्तस्तलक्षिप्रेन्द्रवस्तयः । वृहत्यौपार्श्वयोःसंधी कटीकतरुणेच ये ॥ नितम्बावितिचैतानि कालन्तरहराणितु ॥ १६३ ॥

अब कालान्तर में मारनेवाले मर्मों का वर्णन करते हैं ॥

वक्षमर्म सीमन्त तल क्षिप्र इन्द्रवस्ति वृहती पार्श्वसन्धि कटीक तरुण नितम्ब यह कालान्तरमें प्राणोंके नाशकरनेवाले मर्म हैं ॥ १६३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वक्षोमर्म्माणि ॥

स्तनमूलेस्तनरोहितापलापापस्तम्भाः। उरसःस्तनमूलस्य नरोहिस्तनराहिते॥ १६४॥

अब वक्षमर्मोंके नाम कहते हैं॥

स्तनमूल, स्तनरोहित, अपलाप और अपस्तम्भ यह वक्षमर्म हैं॥ १६४॥

स्तनयोरधरस्ताद्द्व्यंगुलमुभयतः स्तनमूले नाम शिरामर्म्मणी द्व्यंगुले कफ पूर्णकोष्ठतयाकासश्वासाभ्यांचकालान्तरमारके॥ १६५॥

स्तनमूलका वर्णन॥

स्तनों के नीचे दोनों ओर दो अंगुल प्रमाणवाले दो शिरामर्म हैं वह चोटलगनेसे कफ से परिपूर्ण होनेके कारण कास और श्वास के द्वारा कालान्तरमें प्राणोंको हरते हैं॥ १६५॥

स्तनयोरुपर्य्युभयतो द्व्यंगुलं यावत्। स्तनरोहिते नाम द्वे मांसमर्म्मणी रक्तपूरितकोष्ठतया कालान्तरमारके॥ १६६॥

स्तनरोहित का वर्णन॥

स्तनों के ऊपर दो अंगुलपर्य्यन्त स्तनरोहित नामवाले दो मांसके मर्म रुधिरसे पूर्ण होनेके कारण चोटलगनेसे कालान्तरमें प्राणोंको हरते हैं॥ १६६॥

अपलापौ अंसकूटयोरधस्तात् पार्श्वयोरुपरि द्वेशिरामर्म्मणी। अर्द्धांगुलेरक्तेन पूयतांगतेन कालान्तरमारके॥ १६७॥

अपलापीका वर्णन॥

कन्धों के नीचे और पसलियों के ऊपर अर्द्धअंगुलके प्रमाणवाले दो शिराओं के मर्म चोटलगनेसे रुधिर के पीपहोजाने पर कालान्तरमें प्राणोंको हरते हैं॥ १६७॥

अपस्तम्भौ उरस उभयोर्नाड्योः वातवहे शिरामर्मणी। अर्द्धांगुले वातपूर्णकोष्ठतया कासश्वासाभ्यांच कालान्तरमारके॥ १६८॥

अपस्तम्भका वर्णन॥

छाती के दोनों ओर नाडियों में वायुके ले चलनेवाले अपस्तम्भ नाम अर्द्धांगुल प्रमाणवाले दो शिराओं के मर्म हैं वह वायुके द्वारा भरेरहने के कारण चोटलगने से खांसी और श्वासके द्वारा कालान्तरमें प्राणोंको हरते हैं॥ १६८॥

सीमन्ताः शिरसि पञ्च संधयः संधिमर्माणि चतुरंगुलानि। उन्मादभयचित्तविनाशैः कालान्तरमारकाणि॥ १६९॥

सीमन्तमर्मका वर्णन॥

शिरकी पांच सन्धियों में चार अंगुल प्रमाणवाले पांच संधियोंके मर्म हैं वह चोट लगनेसे उन्माद भय और चित्तके बिगडजाने के द्वारा कालान्तर में प्राणोंको हरते हैं॥ १६९॥

तलानि मध्यांगुलिमनुक्रम्य हस्तस्य मध्यन्तलमेवमपरस्य हस्तस्य। पादयोश्चत्वारि तलानि मांसमर्माणि द्व्यंगुलानि रुजाभिः कालान्तरमारकाणि॥ १७०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तलमर्मका वर्णन ॥

बीचकी उंगलीसे लेकर दोनों हाथ और दोनों पैरोंके तलुओं में दो अंगुलके प्रमाणवाले तल नाम मांसके चार मर्म चोट लगनेसे रोगोंके द्वारा कालान्तरमें प्राणोंको हरते हैं ॥ १७० ॥

क्षिप्राण्यङ्गुष्ठांगुल्योर्मध्यंक्षिप्रम् । तच्चहस्तद्वयोर्द्वेतथापादयोः एवंचत्वारिस्नायुमर्माण्यर्द्धांगुलान्याक्षेपकेणकालान्तरमारकाणि ॥ १७१ ॥

क्षिप्रमर्मका वर्णन ॥

अंगूठे और उसके पासकी तर्जनी नाम उंगलीके बीचको क्षिप्र कहतेहैं दोनों हाथ और पैरों के क्षिप्रोंमें आधेअंगुलके प्रमाणवाले स्नायुके चार मर्म चोट लगने से आक्षेप (रोगविशेष) कालान्तरमें प्राणोंको हरते हैं ॥ १७१ ॥

इन्द्रवस्तयःप्रकोष्ठयोर्मध्येद्वौजङ्घयोर्मध्येद्वौ। एवंचत्वारिमांसमर्माणिद्व्यंगुलानिशोणितक्षयेणकालान्तरमारकाः ॥ १७२ ॥

इन्द्रवस्तिमर्मका वर्णन ॥

दोनों पहुंचे और दोनों पिंडलियोंमें दो अंगुलके प्रमाणवाले मांसके चार मर्म चोट लगनेसे रुधिरके नाशके द्वारा कालान्तरमें प्राणोंको हरते हैं ॥ १७२ ॥

बृहत्यौ। स्तनमूलादुभयतःसपृष्ठवंशंयावत् । शिरामर्मणी । अर्द्धांगुलेशोणितातिप्रवृत्तैरुपद्रवैःकालान्तरमारके ॥ १७३ ॥

बृहतीमर्मका वर्णन ॥

स्तनोंके मूलसे दोनों ओर पीठकी रीढ़तक आधे अंगुलके प्रमाणवाले शिराओंके दो मर्म चोटलगने से रुधिर के बहुत निकलजाने के कारण कालान्तरमें प्राणोंको हरते हैं ॥ १७३ ॥

पार्श्वसंधीजघनपार्श्वयोः संधीशिरामर्मण्यर्द्धांगुले शोणितपूर्णकोष्ठतयाकालान्तरमारके ॥ १७४ ॥

पार्श्वसन्धिमर्मका वर्णन॥

जङ्घा और पसलियोंकी सन्धिमें आधे अंगुलके प्रमाणवाले शिराओंके दो मर्म रुधिरसे भरे रहने के कारण चोट लगने से कालान्तरमें प्राणोंको हरते हैं ॥ १७४ ॥

कटीकतरुणेत्रिकसन्निधानेउभयतः श्रोणिकाण्डेलक्षीकृत्यास्थिस्थितेअस्थिमर्मणी अर्द्धांगुलेशोणितक्षयात्पाण्डुविवर्णरूपंकृत्वाकालान्तरमारके ॥ १७५ ॥

कटीकतरुणनाममर्मोंकावर्णन ॥

त्रिक (रीढ़केनीचेकीतीनहड्डी) के निकट दोनों ओर नितम्बोंमें हड्डियोंके बीच में रहनेवाले आधे अंगुलके प्रमाणवाले कटीकतरुणनाम हड्डियों के दो मर्म चोट लगनेसे रुधिरके नाशहोने के कारण पांडु और विकारयुक्त रूपको धारण करके कालान्तर में प्राणोंको हरतेहैं ॥ १७५ ॥

नितम्बौप्रसिद्धौद्वावुभयतःश्रोणीकाण्डयोरुपर्य्याशयाच्छादनौपार्श्वान्तरप्रतिबद्धौनितम्बौनामअस्थिमर्मण्यर्द्धांगुलावधःकायशोषेणदौर्बल्येनचकालान्तरमारकौ ॥ १७६ ॥

नितम्बमर्मका वर्णन ॥

नितम्ब प्रसिद्धहैं उनके दोनों ओर ऊपर आशयके आच्छादन करनेवाले पसलियों में बँधेहुये

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नितम्बनाम आधे अंगुल के प्रमाणवाले हड्डियों के दोमर्म चोटलगने से शरीर के सूखजाने के कारण उत्पन्न हुई दुर्बलता के द्वारा कालान्तर में प्राणों को हरते हैं ॥ १७६ ॥

लोहिताक्षाणिजानूर्वीकूर्चाविटपकूर्पराः । कुकुन्दरेकक्षधरेविधुरेसकृकाटिके ॥ अंसांसफलकापाङ्गौनीलेमन्येफणेतथा ॥ १७७ ॥

व्याकुल करनेवाले मर्मोंका वर्णन ॥

लोहिताक्ष, आणि, जानु, ऊर्व्वी, कूर्च, विटप, कूर्पर, कुकुन्दर, कक्षधर, विधुर, सकृकाटिक, अंस, अंसफलक, अपांग, नील, मन्य, हनु और आवर्त्त इन सम्पूर्ण मर्मों में चोटलगने से विकलता उत्पन्न होती है ॥ १७७ ॥

वैकल्यकरणान्याहुरावर्त्तौद्वौतथैवच । ऊर्व्वोरूर्ध्वमधोवङ्क्षणसन्धेर्लोहिताक्षंतच्चद्वे बाह्वोर्द्वेऊर्वोरेवन्तानिचत्वारिशिरामर्म्माण्यर्द्धांगुलानिवैकल्यकराणि ॥ तत्रशोणितक्षये नपक्षघातःसक्थिसादोवा ॥ १७८ ॥

लोहिताक्षमर्मों का वर्णन ॥

जङ्घाओंके ऊपर और वङ्क्षण सन्धिके नीचे तथा दोनों भुजाओं के मूल में लोहिताक्षनाम आधे अंगुल के प्रमाणवाले शिराओं के चार मर्म विकलता के करनेवाले हैं इनमें चोटलगने से रुधिर के नाश होनेके कारण पक्षाघात अथवा जङ्घाओं में पीड़ा होती है ॥ १७८ ॥

आण्यन्यः । जानुनःऊर्ध्वमुभयोःपार्श्वयोस्त्र्यंगुलाएकस्मिन्जानुनिद्वेअपरस्मिन्द्वेएवं चतस्रःस्नायुमर्माण्यर्द्धांगुलानिवैकल्यकराणितत्रशोथाभिवृद्धिःसक्थिस्तम्भश्च १७९

आणि नाम मर्मों का वर्णन ॥

दोनों घुटनोंके तीनअंगुल ऊपर दोनों ओर आधे अंगुलके प्रमाणवाले स्नायु के आणिनाम चार मर्म विकलता के उत्पन्न करनेवाले हैं उनमें चोट के लगने से शोथकी वृद्धि और जङ्घाओं में स्तम्भ (जकड़ना) होताहै ॥ १७९ ॥

जानुजङ्घयोःसंधौसंधिमर्मणीद्वयंगुलेवैकल्यकरेतत्रखञ्जता ॥ १८० ॥

जानुमर्म का वर्णन ॥

पिंडली और जङ्घाओंकी सन्धि में दो अंगुल के प्रमाणवाले जानुनाम सन्धियों के दो मर्म विकलताके उत्पन्न करनेवाले होते हैं उनमें चोट लगने से मनुष्य लँगड़ा होजाताहै ॥ १८० ॥

ऊर्व्व्यौद्वेऊर्व्वोर्मध्येद्वेप्रगण्डयोर्मध्येद्वेएवंचतस्रः शिरामर्माणिएकांगुल्यःवैकल्यकर्यस्तत्रशोणितक्षयात्सक्थिशोषः ॥ १८१ ॥

ऊर्व्विनाम मर्मोंका वर्णन ॥

जङ्घाओं में दो और भुजदण्डों में दो इसप्रकार शिराओं के एक अंगुलके प्रमाणवाले ऊर्व्विनाम चार मर्म विकलताके करनेवाले होते हैं इनमें चोटलगने से रुधिरके नाशके द्वारा जङ्घा और भुजा सूख जाती हैं ॥ १८१ ॥

कूर्चाःपादयोरंगुष्ठांगुल्योर्मध्येतयोरूर्ध्वमधश्चएवंचत्वारिस्नायुमर्म्माणिवैकल्यकराणितत्रपादयोर्भ्रमणवेपनेभवतः ॥ १८२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कूर्चमर्मोंका वर्णन ॥

दोनों पैरों के अंगूठे और अंगूठे के पासकी उंगली के बीच में नीचे और ऊपर स्नायुके चार मर्म विकलताको करते हैं उनमें चोट लगने से पैरों में भ्रमण और कम्प होता है ॥ १८२ ॥

विटपेद्वेवङ्क्षणवृषणयोर्मध्येस्नायुमर्माण्येकांगुल्यवैकल्यकरेचतत्राल्पशुक्रताच १८३॥

विटपनाम मर्मोंका वर्णन ॥

वङ्क्षण और अण्डकोशोंके बीचमें स्नायुके विटपनाम एक अंगुल प्रमाणवाले दो मर्म विकलता करनेवाले होते हैं उनमें चोटलगने से नपुंसकता और वीर्य्यकी स्वल्पता होती है ॥ १८३ ॥

कूर्परौ। कफोणिजौद्वौसंधिमर्मणीद्व्यंगुलौवैकल्यकरौतत्रबाहुमध्येसङ्कोचः॥ १८४ ॥

कूर्परमर्मों का वर्णन ॥

कुहनियों में दो अंगुल के प्रमाणवाले कूर्परनाम सन्धियों के दो मर्म विकलता करनेवाले होते हैं उनमें चोट लगनेसे भुजा संकुचित होजाती हैं ॥ १८४ ॥

कुकुन्दरेपार्श्वजघनबहिर्भागेपृष्ठवंशस्योभयतोनातिनिम्नेकुकुन्दरेनाममर्म्मणी। तत्र स्पर्शाज्ञानमधःकाये । चेष्टोपघातश्च । मर्मण्यर्द्धांगुलेवैकल्यकरेतत्रस्पर्शाज्ञानमधःकायस्यचेष्टोपघातश्च ॥ १८५ ॥

कुकुन्दरमर्मोंका वर्णन ॥

नितम्बों के गढ्ढों में आधे अंगुल के प्रमाणवाले सन्धि के दो मर्म विकलता करनेवाले होते हैं उनमें चोट लगने से नीचे के अंग में स्पर्श का ज्ञान नहीं होता और क्रियाओं के करनेकी शक्ति नहीं रहती ॥ १८५ ॥

कक्षधरे। वक्षःकक्षयोर्मध्येद्वेस्नायुमर्मण्येकांगुलेवैकल्यकरेतत्रपक्षाघातः॥ १८६ ॥

कक्षधरमर्मोंका वर्णन ॥

छाती और बगलोंके बीचमें एक अंगुलके प्रमाणवाले स्नायुके दो मर्म विकलता करनेवाले होते हैं इनमें चोट लगने से पक्षाघात होताहै ॥ १८६ ॥

विधुरेकर्णपृष्ठतोऽधःसंश्रितेकिञ्चिन्निम्नाकारेद्वेस्नायुमर्म्मण्यर्द्धांगुलेवैकल्यकरेतत्रबाधिर्य्यम् ॥ १८७॥

विधुरनाममर्मों का वर्णन ॥

कानों के पीछे नीचेकी ओर स्थित कुछ गहरे आधे अंगुलके प्रमाणवाले विधुरनाम स्नायु के दो मर्म होते हैं इनमें चोट लगनेसे बधिरता होती है ॥ १८७ ॥

कृकाटिकेशिरोग्रीवयोरुभयतः । सन्धिद्वे । सन्धिमर्मण्यर्द्धांगुलेवैकल्यकरेशिरःकम्पः ॥ १८८ ॥

कृकाटिकमर्मोंका वर्णन ॥

शिर और ग्रीवाके दोनों ओर सन्धियोंके दो मर्म आधे अंगुलके प्रमाणवाले विकलता करनेवाले होते हैं उनमें चोट लगनेसे मस्तक कंपायमान होताहै ॥ १८८ ॥

अंसौस्कन्धौबाहुमूर्द्धग्रीवामध्ये अंसपीठस्कन्धनिबन्धनावंसौनाम । स्नायुमर्मण्यर्द्धांगुलेवैकल्यकरेतत्रबाहुस्तम्भः ॥ १८९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अंस नाम मर्मोका वर्णन ॥

बाहु ग्रीवा और मस्तक इनके बीचमें अंस नाम आधे अंगुलके प्रमाणवाले स्नायुके दो मर्म विकलता करनेवाले होते हैं उनमें चोट लगने से भुजा जकड जाती हैं ॥ १८९ ॥

अंसफलकेपृष्ठोपरिपृष्ठवंशमुभयतस्त्रिकसम्बद्धे ग्रीवायामंसद्वयस्यचसंयोगोयत्रत त्रिकम् । अस्थिमर्मण्यर्द्धांगुलेवैकल्यकरेतत्रबाह्वोःशून्यताशोषश्च ॥ १९० ॥

अंसफलकनाम मर्मोंका वर्णन ॥

पीठके ऊपर रीढके दोनों ओर त्रिक (गर्दन और कन्धों का जोड) से लगे हुए आधे अंगुल के प्रमाणवाले अंसफलक नाम हड्डियों के दो मर्म विकलता करने वाले होते हैं उनमें चोट लगने से भुजा सुन्न होजाती हैं और सूख जाती हैं ॥ १९० ॥

अपांगौनेत्रयोरंतौशिरामर्मण्यर्द्धांगुलौवैकल्यकरौतत्रान्ध्यंदृष्ट्युपघातोवा॥ १९१ ॥

अपाङ्गनाम मर्मोंका वर्णन ॥

नेत्रों के अन्तमें अपाङ्गनाम शिराओं के दो मर्म आधे अंगुलके प्रमाण वाले विकलता करनेवाले होते हैं उनमें चोट लगने से मनुष्य अन्धा अथवा मन्ददृष्टि होजाताहै ॥ १९१ ॥

नीलेमन्येचकण्ठनाडीमुभयतश्चतस्रोधमन्योद्वेनीलेद्वेमन्ये । तत्रैकामन्या एका नीला॥ एकस्मिन्पार्श्वेमन्यानीलाः अपरस्मिन्पार्श्वेद्वेद्वेशिरामर्मणीद्व्यंगुलेवैकल्यकरे तत्रमूकताविकृतिस्वरताऽरसग्राहिता च ॥ १९२ ॥

नीला और मन्यानाम मर्मोंका वर्णन ॥

कण्ठकी नाडी के दोनोंओर चार नाडी हैं उनमेंसे दो नीलानाम और दो मन्या नामहैं और एक २ ओर एक नीला और एक मन्या नाम नाडी है इसप्रकार दोनों ओर दो अंगुल के प्रमाणवाले दो २ शिराओं के मर्म विकलताकरनेवाले होते हैं उनमें चोट लगने से गूंगापन-स्वरभङ्ग और मधुरादि रसोंकी अज्ञता होती है ॥ १९२ ॥

फणेघ्राणमार्गमुभयतोमांसमर्मण्यर्द्धांगुलेवैकल्यकरेतत्रगन्धाज्ञानम् ॥ १९३ ॥

फणनाम मर्मोंका वर्णन ॥

नासिका के दोनों ओर आधे अंगुलके प्रमाणवाले फणनाम शिराओं के दो मर्म विकलता करने वाले होते हैं इनमें चोट लगने से गन्धका ज्ञान नहीं होता ॥ १९३ ॥

आवर्तौभ्रुवोरुपरिनिम्नयोःसंधिमर्मण्यर्द्धांगुलेवैकल्यकरेतत्रान्ध्यंदृष्ट्युपघातः॥ १९४॥

आवर्त्तनाम मर्मोंका वर्णन ॥

भृकुटियों के ऊपर कुछ खाली आधे अंगुल के प्रमाणवाले आवर्त्तनाम सन्धियों के दो मर्म्म विकलता करने वाले होते हैं इनमें चोट लगने से अन्धता और दृष्टिकी मन्दता होती है ॥ १९४॥

गुल्फौद्वौमणिबन्धौद्वौतथाकूर्च्चशिरांसिच । रुजाकराणिजानीयादृष्टौचैतानिबुद्धिमान् ॥ १९५ ॥

रोगके उत्पन्न करनेवाले मर्मोंका वर्णन ॥

दो पैरके गट्टे दो कलाई और चार कूर्च के शिर बुद्धिमान् लोगों को रोगों के उत्पन्न करने वाले यह आठ मर्म जानने चाहिये ॥ १९५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गुल्फौघुण्टिकेसंधिमर्मणीद्व्यंगुलौरुजाकरौतत्ररुजापादस्तम्भःखञ्जताच १९६॥

गुल्फनाम मर्मोंका वर्णन ॥

पैरों के घुटने में दो अंगुल के प्रमाणवाले सन्धिके गुल्फ नाम दो मर्म रोगके करनेवाले होते हैं उनमें चोट लगने से मनुष्य लंगडा होजाताहै अथवा पैर जकड जाते हैं ॥ १९६ ॥

मणिबन्धौहस्तप्रकोष्ठसन्धीसन्धिमर्म्मणीद्व्यंगुलौरुजाकरौ। तत्रहस्तयोःक्रियारा हित्यम् ॥ १९७ ॥

मणिबन्धमर्मोंका वर्णन ॥

पहुँचे और पञ्जेकी सन्धि में दो अंगुलके प्रमाणवाले मणिबन्धनाम सन्धियोंके दो मर्म्म रोगके करनेवाले होते हैं इनमें चोट लगने से हाथों में काम करनेकी शक्ति नहीं रहती है ॥ १९७ ॥

कूर्च्चशिरांसि। पादसन्धेरधउभयतएकस्मिन्पादेद्वेचद्वितीये ॥ एवंचत्वारिस्नायु मर्म्माण्येकांगुलानिरुजाकराणितत्ररुजाशोफश्च ॥ १९८ ॥

कूर्चशिरमर्मोंका वर्णन ॥

दोनों पैरोंके चारों गट्टोंके नीचे एक अंगुलके प्रमाणवाले कूर्चशिरनाम चार स्नायुके मर्म पीडा करनेवाले होते हैं उनमें चोट लगने से पीडा और सूजन उत्पन्न होती है ॥ १९८ ॥

उत्क्षेपौस्थापिनीचैवविशल्यघ्नंत्रिकम्मतम् १९९ उत्क्षेपौशङ्खयोरुपरिकेशाया वत्। स्नायुमर्म्मण्यर्द्धांगुलेतयोर्विद्धयोःसशल्योजीवेत्पाकात्पततिशल्योवाउद्धृतशल्य स्तुम्रियेतअतएव विशल्यमुद्धृतंशल्यंहंतिविशल्यघ्नंमर्म्मस्थापनी। एकाभ्रुवोर्मध्येशिरा मर्म्मैदमर्द्धांगुलंविशल्यघ्नम् ॥ २०० ॥

विशल्यघ्न मर्मोंका वर्णन ॥

दो उत्क्षेप और एक स्थापिनी यह तीन मर्म विशल्यघ्न कहलाते हैं १९९ (उत्क्षेप मर्मका वर्णन) मस्तक की दोनों हड्डियों के ऊपर बालोंतक उत्क्षेप नाम आधे अंगुल के प्रमाणवाले दो स्नायु के मर्म होते हैं इनमें कांटा आदि लगने से जो वह लगारहे अथवा पककर गिरपडे तो मनुष्य जीतारहताहै और उसके निकाललेने से मरजाताहै इसीसे विशल्यघ्न (जिसका कांटा निकाललिया जाय उसका मारनेवाला) नामहै भृकुटियों के मध्यमें आधे अंगुलके प्रमाणवाला स्थापिनी नाम शिरा का मर्म विशल्यघ्नहै ॥ २०० ॥

सप्तरात्रान्तरेहन्युः सद्यःप्राणहराणिहि। कालान्तरप्राणहरंपक्षे मासे च मारकम्॥ सद्यःप्राणहरंचान्तेविद्धंकालेनमारयेत्। कालान्तरेप्राणहरमन्तेविद्धन्तुदुःखदम् (अन्ते मर्म्मसमीपे) मर्म्माण्यधिष्ठायहियेविकारा मूर्च्छन्तिकायेविविधानराणाम्। प्रायेणते कृच्छ्रतमाभवन्ति वैद्येनयत्नैरपिसाध्यमानाः ॥ २०१ ॥

शीघ्र प्राणों के हरनेवाले मर्मों में चोट लगनेसे सात रात्रिके भीतर प्राण निकल जाते हैं और कालान्तरमें प्राणोंके हरनेवाले मर्म एकपक्ष अथवा एक मासमें प्राणोंको हरते हैं शीघ्र प्राण हरने वाले मर्म समीप में चोट लगने से कालान्तरमें प्राणोंको हरते हैं और कालान्तर में प्राण हरनेवाले मर्म पीडा उत्पन्न करते हैं मनुष्यों के शरीरमें जो रोग मर्मोंके ऊपर उत्पन्न होते हैं वह वैद्यों से यत्न पूर्वक चिकित्सा किये जाने परभी अत्यन्त कष्टसाध्य होते हैं ॥ २०१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ सन्धयः ॥

तेद्विविधाश्चेष्टावन्तःस्थिराश्च ॥ शाखासुहन्वोःकट्यांच चेष्टावन्तोभवन्तिहि । शेषास्तुसन्धयःसर्वेस्थिरास्तज्ज्ञैरुदाहृताः ॥ कथितादेहिनांदेहेसन्धयोद्वेशतेदश । शाखासुतेऽष्टषष्टिश्चकोष्ठेत्वेकोनषष्टिकाः॥ग्रीवायामूर्ध्वदेशेतुत्र्यशीतिस्तेप्रकीर्त्तिताः॥२०२॥

सन्धियोंका वर्णन ॥

सन्धि चेष्टायुक्त और निश्चल इन दोप्रकारों की होती हैं हाथ पैर जाबड़े तथा कमरमें चेष्टायुक्त और शेष स्थिर होती हैं मनुष्योंके शरीर में २१० सन्धियां कहीगई हैं हाथ पैरोंमें ६८ कोष्ठमें ५६ और ग्रीवा तथा ग्रीवा के ऊर्ध्वभाग में ८३ कहीगई हैं ॥ २०२ ॥

प्रथमंपरिगणयन्तेतेषुशाखागताइह । एकैकस्यांपादांगुल्यांत्रयस्त्रयोद्वावंगुष्ठेतेचतुर्दश ॥ गुल्फजानुवङ्क्षणेष्वेकैकमेवंसप्तदश एकस्मिन्सक्थिनिभवन्ति। एतेनेतरसक्थिबाहूचव्याख्यातौ ॥ एवमष्टषष्टिशाखासु ॥ २०३ ॥

उन में से पहले हाथपैरोंकी सन्धियों का वर्णन किया जाताहै पैरकी एक२उंगलीमें तीन२ अंगूठेमें२ गट्टे घुटने और वङ्क्षणमें एक२ इस प्रकार एक जङ्घामें१७ हुईं इसीरीति से दूसरी जङ्घा और दोनों भुजाओंमें जाननी चाहिये इस क्रम से सब ६८ हुईं ॥ २०३ ॥

अथ कोष्ठगतानाह ॥

त्रयःकटीकपालेषुचतुर्विंशतिः पृष्ठवंशे तावन्तएवपार्श्वयोरष्टावुरसिएवमेकोनषष्टिः कोष्ठे ॥ २०४ ॥

कोष्ठकी सन्धियोंका वर्णन ॥

कमर में ३ पीठकीरीढमें २४ दोनों पसलियों में २४ और छातीमें ८ इस प्रकार ५६ हुईं ॥२०४॥

अथ ग्रीवोर्ध्वगतानाह ॥

अष्टौग्रीवायांत्रयःकण्ठनाडीषुहृदयक्लोमफुप्फुसनिबद्धास्त्वष्टादश ।द्वात्रिंशद्दन्तमूलेषु एकःकण्ठमणौनासायांचएकैकःद्वौद्वौ वर्त्ममण्डलगण्डकर्णशङ्खेषुद्वौहनुसन्धौद्वावुपरिष्टाद् भ्रुवोःशङ्खयोश्चोपरिष्टात् पञ्चशीर्षकपालेष्वेकोमूर्द्धनीतिकण्ठमणौघण्टिकेति प्रसिद्धे ॥ २०५ ॥

ग्रीवाके ऊपरकी सन्धियोंका वर्णन ॥

ग्रीवामें ८ कण्ठ में ३ हृदय -क्लोम और फुप्फुस और फुप्फससे बंधीहुई नाडियोंमें १८ दांतों के मूल में ३२ घांटी में १ नासिका में १ नेत्रों के ऊपर के चर्ममें २ कपोलों में २ कानों में २ कनपटी की हड्डियोंमें २ जाबडों में २ भृकुटियोंके ऊपर २ कनपटी की हड्डियों के ऊपर २ मस्तक की हड्डियोंमें ५ मस्तकमें १ इसप्रकार ८३ हुईं ॥ २०५ ॥

एतेसन्धयोऽष्टविधाभवन्ति (तेयथा) कोरोदूखलसामुद्गाःप्रतरस्तूनसेविनी । काकतुण्डंमण्डलंचशङ्खावर्त्तोऽष्टसन्धयः ॥ कोरोगर्त्तः ॥ नलिकेत्यन्येउदूखलःप्रसिद्धःसमुद्गःसम्पुटःसमुद्गएवसामुद्गः अत्रस्वार्थेअण् । प्रतरन्त्यनेनेतिप्रतरोवेलकः तूनस्येवतूनीर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्य सेविनीस्तूनसेविनी ॥ काकतुण्डंकाकमुखं । मण्डलंप्रसिद्धंशङ्खस्यावर्त्तःशङ्खावर्त्तः ॥ एतेयथानामप्रकृतयःसन्धयोभवन्तीत्यर्थः। एषामंगुलिमणिबन्धगुल्फजानुकूर्परेषु कोराःसन्धयः ॥ कक्षावङ्क्षणदन्तेषूदूखलाःअंसपीठगुदाभगनितम्बेषुसामुद्गाः। ग्रीवापृष्ठवंशयोस्तुप्रतराःशिरःकटीकपालेषु तूनसेविन्यः । हन्वोरुभयतःकाकतुण्डाख्याःकण्ठहृदयक्लोमनाडीषुमण्डलाख्याः ॥ शिरःश्रोत्रशृङ्गाटकेषुशंखावर्त्ताः अस्थ्नांतु सन्धयोह्येतेकेवलाःसमुदाहृताः। पेशीस्नायुशिराणान्तुसन्धिसंख्या न विद्यते ॥ २०६ ॥

यह सन्धियां आठप्रकार की होती हैं ॥

कोर (गर्त्त और कोई नलिकाभी कहते हैं) उदूखल (उलूखल) सामुद्ग (संपुट) प्रतर (जिससे कोई वस्तु जासके) तूनसेविनी (तरकस) काकतुण्ड (काककी चोंच) मण्डल- शंखावर्त्त (शंखकाचक्र) यह सन्धियां नामके अनुसार प्रकृतिवाली होती हैं इनमें से उंगली कलाई गट्टे घुटने और भुजदंडोंमें कोर -बगल वंङ्क्षण और दांतोंमें उदूखल कन्धे गुदा योनि और नितम्बोमें सामुद्ग ग्रीवा और रीढमें प्रतर शिर, कटि और शिरकी हड्डीमें तूनसेविनी, जाबड़ों में दोनों ओर काकतुण्ड, कण्ठ, हृदय, क्लोम और नाडियों में मंडल और शिर, कान तथा शृंगाटकों में शंखावर्त्तनाम सन्धियां होतीहैं यह सब सन्धियां, केवल हड्डियों की कहीगई हैं– पेशी, स्नायु और शिराओंकी सन्धियों की संख्या नहीं है ॥ २०६ ॥

अथ शिरामाह ॥

सन्धिबन्धनकारिण्योदोषधातुवहाःशिराः । नाभ्यांसर्वानिबद्धास्ताःप्रतन्वन्तिसमंततः ॥ शरीरंसकलंचैतच्छिराभिःपोष्यतेसदा । प्रणालीभिरिवारामाःकुल्याभिःक्षेत्रधान्यवत् ॥ अत्रप्रणालीभिःकुल्याभिरिति दृष्टान्तद्वयंस्थूलसूक्ष्मशिराभेदात् ॥ २०७ ॥

शिराओंका वर्णन ॥

सन्धियोंको बांधनेवाली और दोष तथा धातुओं को लेचलनेवाली शिरा होती हैं वह सम्पूर्ण शिरा नाभि में बंधीहुई सब ओर को फैलती हैं जैसे नालियों से बगीचे और छोटी नदियों से खेत के धान्य पुष्ट होते हैं उसी प्रकार यह सम्पूर्ण शरीर शिराओंसे सदैव पुष्ट होताहै यहां नाली और छोटी नदियोंके दो दृष्टान्त स्थूल और सूक्ष्म दोप्रकार की शिराओं के भेद प्रकट करने के लियेहैं ॥ २०७ ॥

प्रसारणाकुञ्चनादिक्रियाभिःसततंतनौ । शिराएवोपकुर्वन्तिताःस्युस्सप्तशतानितु ॥ यथाद्रुमदलेसाक्षाद्दृश्यन्तेप्रतताशिराः । तथैवदेहिनोदेहे वर्त्तन्तेसकलेशिराः ॥ नाभिस्थाःप्राणिनांप्राणाःप्राणान्नाभिरुपाश्रिता । शिराभिरावृतानाभिश्चक्रनाभिरिवारकैः ॥ तद्यथा ॥ तासांखलुमूलशिराचत्वारिंशत् । तासांदशवातवहाः,दशपित्तवहाः,दशश्लेष्मवहाः,दशरक्तवहाः–तासांखलुवातवहानांवातस्थानगतानांसपंचसप्ततिशतानिभवन्ति। तावन्त्यएवपित्तवहाःपित्तस्थानगताः॥श्लेष्मावहास्ताःश्लेष्मस्थानगताःरक्तवहायकृत्प्लीहगताः एवंशिरासप्तशतानिभवन्ति ॥ २०८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शिरा फैलाना और सकोड़ना आदि क्रियाओंसे शरीरका उपकार करती हैं और वह संख्यामें ७०० हैं जैसे कि वृक्षके पत्तेमें साक्षात् फैलीहुई नसें दिखाई देती हैं उसीप्रकार मनुष्य के संपूर्ण शरीरमें शिरा रहती हैं जीवोंकेप्राण नाभिमें स्थितहैं और वह प्राणोंकी आशय भूतनाभि शिराओंसे ऐसे घिरी हुई हैं जैसे कि पहियेकी नाह आरोंसे घिरीहुई होतीहै उनमें से मुख्य शिरा चालीस हैं दश वायुकी दश पित्तकी दश कफकी और दश रुधिरकी लेचलनेवाली हैं वातके स्थानमें प्राप्त वातकी लेचलने वाली शिरा १७५ होती हैं इसी प्रकार पित्तके स्थानमें प्राप्त पित्तकी लेचलनेवाली भी शिरा १७५ ही हैं श्लेष्मा के स्थानमें प्राप्त श्लेष्माकी लेचलनेवालीभी १७५ हैं और यकृत् और प्लीह में प्राप्त रुधिर की लेचलनेवाली भी १७५ ही हैं इस क्रमसे सब सातसौ ७०० हैं (२०८)

तत्रवातवहाःएकस्मिन्सक्थिनिपञ्चविंशतिएतेनेतरसक्थिबाहूचव्याख्यातौ । विशेषतःकोष्ठेचतुस्त्रिंशत्तासांश्रोण्यांगुदमेढ्राश्रिताअष्टौ ॥ द्वेद्वेपार्श्वयोः । षट्पृष्ठे ६ तावन्त्य एवोदरे ६ दशवक्षसि १० एकचत्वारिंशद्जत्रुणः ऊर्ध्वन्तासांचतुर्दश १४ ग्रीवायां ४ चतस्रः कर्णयोः ९ नव जिह्वायां ६ षट् नासिकायां ८ अष्टौ नेत्रयोः ॥ एवंवातवहानां सपञ्चसप्ततिशतं भवन्ति । एवंविभागः पित्तवहानामपि विशेषस्तु पित्तवहा नेत्रयोर्दश १० कर्णयोर्द्वे २ एवं रक्तवहाःश्लेष्मवहास्तु (षोडश १६ ग्रीवायां कर्णयोर्द्वे २)एवं शिराणां सप्तशतानि व्याख्यातानि ॥ क्रियाणामप्रतीघातममोहंबुद्धिकर्मणाम् । करोत्यन्यान्गुणांश्चापि स्वाःशिराःपवनश्चरन् ॥ क्रियाणां प्रसारणाकुञ्चनादीनाम् । अमोहंबुद्धिकर्म्मणाम् । बुद्धीन्द्रियाणां मनसो बुद्धेश्च स्वेस्वे विषयज्ञानं करोतीत्यर्थः । अन्यान् गुणान् रसादिव्यापनद्वारा शरीरपोषणादीन् । यदा तु कुपितो वायुःस्वाःशिराःप्रतिपद्यते । तदास्यविविधारोगा जायन्तेवातसम्भवाः ॥ २०९ ॥

वायुकी लेचलनेवाली शिरा दोनों भुजा और दोनों जंघाओं में पच्चीस २ होती हैं कोष्ठमें विशेष करके चौंतीस होती हैं उनमें से नितम्ब गुदा और लिंगमें ८ दोनों पसलियों में दो २ पीठमें ६ उदर में ६ छातीमें १० इसप्रकार चौंतीस होती हैं जत्रु (कन्धेकी सन्धि) के ऊपर ४१ उनमें से ग्रीवा में १४ कानोंमें ४ जिह्वामें ९ नासिकामें ६ नेत्रोंमें ८ इस प्रकार ४१ हुई इस रीतिसे वायुके लेचलने वाली शिरा १७५ होती हैं इसी प्रकार से पित्तकी लेचलनेवाली शिराओंकाभी विभाग जानना चाहिये परन्तु विशेषता इतनी है कि वे नेत्रों में १० और कानोंमें २ होती हैं इसीप्रकारसे रुधिरकी भी लेचलनेवाली होती हैं और श्लेष्माकी लेचलनेवाली भी होती हैं परन्तु ग्रीवामें १६ और कानों में दो होती हैं इस क्रमसे सातसौ ७०० शिराओंका वर्णनहै अपनी शिराओं में विचरताहुआ वायु फैलाना और सकोड़ना आदि क्रियाओं का नष्ट न होना बुद्धीन्द्रिय मन और बुद्धिका अपने २ विषय में ज्ञान तथा रसादिकोंको व्याप्त करने से शरीरके पुष्टता आदि अन्य २ गुणोंको भी करती हैं परन्तु जब विकारयुक्त होकर वायु अपनी शिराओं में प्राप्त होती है तब अनेक वातकेरोग उत्पन्न होजाते हैं २०९॥

भ्राजिष्णुतामन्नरुचिमग्निदीप्तिमरोगताम् । करोत्यन्यान्गुणांश्चापि पित्तमात्मा शिराश्चरन् ॥ अरोगतां पैत्तिकरोगानुत्पत्तिं करोति । अन्यान् गुणान् मेधाबुद्धिदर्शन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शक्त्यादीन् ॥ यदातुकुपितंपित्तं सेवतेस्ववहाःशिराःतदास्यविविधारोगा जायन्ते पित्तसम्भवाः ॥ स्नेहमंगेषुसंधीनां स्थैर्य्यंबलमरोगताम् । करोत्यन्यान्गुणांश्चापि ब लासःस्वाःशिराश्चरन् ॥ अरोगतांश्लैष्मिकरोगानुत्पत्तिम् । अन्यान् गुणान् बलपुष्ट्या दीन् ॥ यदातुकुपितःश्लेष्मा स्वाःशिराःप्रतिपद्यते । तदास्यविविधारोगा जायन्तेश्ले ष्मसम्भवाः ॥ २१० ॥

अपनी शिराओं में विचरता हुआ पित्त कान्ति—अन्नमें रुचि—अग्निकी दीप्ति—पित्तके रोगोंका अभाव और मेधा—बुद्धि—दर्शनशक्ति आदि अन्य गुणोंको भी करताहै परन्तु विकारको प्राप्त हुआ पित्त अपनी शिराओं में विचरताहै तब अनेक पित्तके रोग उत्पन्न होते हैं अपनी शिराओं में विचरता हुआ श्लेष्मा शरीर में चिकनाई—सन्धियोंकी स्थिरता—बल—कफके रोगोंका अभाव और पुष्टता आदि अन्यगुणों को भी करताहै परन्तु विकार को प्राप्त हुआ श्लेष्मा जब अपनी शिराओं में प्राप्त होताहै तब अनेक श्लेष्मा के रोग उत्पन्न होते हैं ॥ २१० ॥

धातूनांपूर्णांवर्णंस्पर्शज्ञानमसंशयम् । स्वाशिरासुचरद्रक्तं कुर्य्याच्चान्यान्गुणानपि ॥ (अन्यान् गुणान् बलपुष्ट्यादीन्) यदातु कुपितंरक्तं सेवतेस्ववहाःशिराः । तदास्यवि विधारोगा जायन्तेरक्तसम्भवाः ॥ २११ ॥

अपनी शिराओं में चलता हुआ रुधिर धातुओं की पूर्णता—वर्ण—स्पर्शका ज्ञान और बल तथा पुष्टता आदि अन्यगुणों को भी करताहै परन्तु विकारको प्राप्तहुआ रुधिर जब अपनी शिराओं में प्राप्त होताहै तब रुधिरके अनेकरोग उत्पन्न होते हैं ॥ २११ ॥

तत्रारुणावातवहाः पूर्य्यन्तेवायुनाशिराः । पित्तादुष्णाश्चनीलाश्च शीतागौर्य्यःस्थि राःकफात् ॥ असृग्धरास्तुतारक्ताःस्युश्चनात्युष्णशीतलाः ॥ २१२ ॥

जो शिरा वायु से पूर्ण रहती हैं उनका रक्तवर्ण होताहै पित्त से पूर्णहुई शिरा नीलवर्ण और उ- ष्ण कफसे पूर्णहुई शीतल और गौरवर्ण और रुधिरधारण करनेवाली शिरा न बहुत उष्ण न शी- तल रक्तवर्ण होती हैं ॥ २१२ ॥

अथ स्नायुस्तत्रस्नायोः स्वरूपमाह ॥

मेदसःस्नेहमादाय शिरास्नायुत्वमाप्नुयात् । शिराणांहिमृदुःपाकः स्नायूनान्तुततः खरः ॥ स्नायवोबन्धनानिस्युर्देहमांसास्थिमेदसाम् । संधीनामपियत्तास्तु शिराभ्यःसु दृढाःस्मृताः ॥ नौर्यथाफलकास्तीर्णा बंधनैर्बहुभिर्युता । नियुक्ताऽगाधसलिले भवेद्भार सहाभृशम् ॥ एवमेवशरीरेऽस्मिन् यावन्तःसंधयःस्मृताः । स्नायुभिर्बहुभिर्बद्धास्तेन भारसहानराः ॥ (फलकैःकाष्ठपट्टैः आस्तीर्णाव्याप्ताः) शतानिनवजायन्ते शरीरेस्नाय वोनृणाम् । तासांविवरणंक्रमः शिष्याःशृणुत एतत ॥ शाखासुषट्शतानिस्युः कोष्ठेत्रिंश च्चतद्वयम् । ग्रीवायामूर्ध्वदेशेतु स्नायूनांसप्ततिःस्मृता ॥ २१३ ॥

स्नायुओं के वर्णन में प्रथम स्नायुका स्वरूप वर्णन करते हैं ॥

शिरा मेदके स्नेहको लेकर स्नायु कहलाती हैं शिराओंका पाक मृदु और स्नायुकाउनकी अपेक्षा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कठोर होताहै स्नायुके द्वारा शरीरके मांस अस्थि–मेद और संधियोंका बन्धन होताहै इस कारण वह शिराओंकी अपेक्षा दृढ होती हैं जिस प्रकार काष्ठके टुकडोंसे व्याप्त बहुत बंधनोंसे युक्त नौका अथाह जल में छोडी गई बहुत भारकी,सहनेवाली होजाती है इसी प्रकार इस शरीर में सम्पूर्ण सन्धियां स्नायुसे बंधी हुई हैं इसीसे मनुष्य भारके सहनेवाले होते हैं मनुष्य के शरीरमें नौसै ९०० स्नायु होती हैं उनका विवर्ण कहते हैं हे शिष्य लोगो! तुम इसको यत्नसे श्रवणकरो हाथ पैरोंमें ६०० कोष्ठ में २३० और ग्रीवाके ऊपर ७० होती हैं ॥ २१३ ॥

तत्र शाखागताः प्राह ॥

एकैकस्यां पादांगुल्यां षट्षट्तास्त्रिंशत् । तावन्त्यएवतलकूर्चगुल्फेषु । तावन्त्य एव जंघायां दशजानुनि । चत्वारिंशदूरौ । दशवंक्षणे । एवंसार्द्धशतमेकस्मिन् सक्थि नि भवन्ति । एतेनेतरसक्थिबाहू च व्याख्यातौ ॥ २१४ ॥

हाथ पैरों की स्नायुओंका वर्णन ॥

पैरकी एक२ उंगलीमें छः छः इस प्रकार सब तीसहुई तलुए, कूर्च और टकनोंमें ३० पिंडली में ३० घुटने में १० जंघामें ४० वंक्षण में १० इसप्रकार सब पैरसे जंघातक में १५० हुई इसी रीति से दूसरी जंघा और दोनों भुजाओं में भी समझना चाहिये ॥ २१४ ॥

अथ कोष्ठागताः प्राह ॥

षष्टिःकट्यां तावन्त्यएवपार्श्वयोः। अशीतिःपृष्ठे त्रिंशदुरसि २१५ अथ ग्रीवोर्ध्वगताः प्राह ॥ षट्त्रिंशद् ग्रीवायाम्। चतुस्त्रिंशन्मूर्ध्नि एवंस्नायूनांनवशतानिभवन्ति ॥ २१६ ॥

कोष्ठकी स्नायुओंका वर्णन ॥

कमरमें ६० दोनों पसलियोंमें ६० पीठमें ८० छाती में ३० हैं २१५ ग्रीवाके ऊपरकी स्नायुओंका वर्णन ॥ ग्रीवामें ३६ शिरमें ३४ इस प्रकार सब ९०० हुई ॥ २१६ ॥

अथ धमन्यः ॥

धमन्योनाभितोजाताश्चतुर्विंशतिसंख्यया । दशोर्ध्वगादशाऽधोगाःशेषास्तिर्य्यग्ग ताःस्मृताः ॥ २१७ ॥

धमनियों का वर्णन ॥

नाभि से उत्पन्न हुई चौबीस २४ धमनी होती हैं उनमें से दश ऊपरको जानेवाली दश नीचे की जानेवाली और बाकी तिरछी जानेवाली होती हैं ॥ २१७ ॥

तत्रोर्ध्वगाः । शब्दस्पर्शरूपरसगंधप्रश्वासोच्छ्वासजृम्भितक्षुतहसितकम्पितरुदित गीतादिविशेषानभिवहन्त्यः शरीरं धारयन्ति। प्रश्वासः अंतः प्रविष्टो वायुः । उ च्छ्वासः ऊर्ध्वगच्छद्वायुः । तास्तु हृदयंगतास्त्रिधा जायन्ते । तास्त्रिंशत्तासां मध्ये द्वे द्वे वातपित्तकफशोणितरसान्वहतः । तादश अष्टाभिः शब्दरसरूपगंधान् गृह्णाति पुरुषः ॥ द्वाभ्यां भाषते द्वाभ्यां घोषंकरोति द्वाभ्यां स्वपिति द्वाभ्यां जागर्त्ति द्वेचाश्रु वाहिन्यौ द्वेस्तन्यंस्त्रिया वहतः स्तन संश्रिते तेएवशुक्रं नरस्य स्तनाभ्यामभिवहतःएता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्त्रिशत् । एताभिरुदरपार्श्वपृष्ठोरुस्कन्धग्रीवाशिरोबाहवोधार्य्यन्तेचाल्यन्ते च॥२१८॥

उनमें ऊपर जानेवाली धमनी शब्द, स्पर्श,रूप,रस,गंध,श्वासलेना औ छोड़ना-जंभाई-क्षुधा-हँसना कांपना-रोना और गाना आदि कार्य्योंके द्वारा शरीर को धारण करती हैं और वह हृदय में जाकर तीन प्रकार की होजाती हैं उन तीसमें से दो २ करके दश वात पित्त कफ रुधिर और रसको लेजाती हैं आठ से पुरुष शब्द, रस रूप और गन्ध को ग्रहण करताहै दोसे भाषण करताहै दोसे शब्द करताहै दोसे सोताहै दोसे जागताहै और दोसे अश्रु बहाताहै और दोस्तनोंमें स्थितहोकर स्त्रीके दुग्धको धारण करती हैं और वेही मनुष्यके स्तनों से वीर्य्य को लेजाती हैं इस प्रकार तीस हुईं इनके द्वारा उदर पसली पीठ छाती कन्धे ग्रीवा शिर और बाहुधारणकिये जाते हैं और हिलाये झुलाये जातेहैं २१८॥

अधोगतास्तु।वातमूत्रपुरीषशुक्रार्त्तवादीनधोबहन्ति। तास्तुपित्ताशयंगतास्त्रिधाजायन्तेतास्त्रिंशत् ॥ तासाम्मध्यद्वेद्वेवातपित्तकफशोणितरसान्वहतः । तादशद्वेअन्त्रबद्धे अन्त्राश्रितेद्वेतोयवहेद्वेवस्तिगतेमूत्रवहेद्वेशुक्रस्यप्रादुर्भावायद्वेतद्विसर्गाय तेएवनारीणामार्त्तवप्रादुर्भावायतेऽधिसृजतश्च ॥ द्वेस्थूलांत्रप्रतिबद्धेपुरीषंविसृजतः । अष्टावन्यास्तिर्य्यग्गताःस्वेदमर्पयन्ति ॥ एतास्त्रिंशदेताभिरधोनाभेःपक्वाशयकटीमूत्रपुरीषवस्तिगुदमेढ्रसक्थीनिधार्य्यन्तेचाल्यन्ते च ॥ २१९ ॥

नीचे जानेवाली धमनी वात मूत्र विष्ठा वीर्य्य और रजादिकोंको नीचे लेजातीहैं और वह पित्ताशयमें गई हुई तीनप्रकार की होकर तीस होती हैं उनमेंसे दो२ करके दश वात पित्त कफ और रुधिर को लेजातीहैं आंतोंके आश्रित अन्नकी लेजानेवाली दो जलकी लेजानेवाली दो वस्ति में प्राप्त मूत्र की लेजानेवाली दो वीर्य्य के उत्पन्न होनेके लिये और उसके त्यागकरने के लिये दो २ और वही स्त्रियोंके रजके उत्पन्न करने और त्याग करने के लिये होती हैं और दो स्थूल आंतों से बंधीहुई मल को छोड़ती हैं और शेष आठ तिरछी गईहुई पसीने को छोड़ती हैं इस प्रकार तीसहुई यह नाभि के नीचे पक्वाशय कटि मूत्र विष्ठा वस्ति गुदा लिंग और सन्धि (पूरीटांग) को धारण करती हैं और चेष्टा युक्त करतीहैं ॥ २१९ ॥

तिर्य्यग्गतानांतुचतसृणामेकैकंशतधासहस्रधाचोत्तरोत्तरंविभज्यन्ते। तास्त्वसंख्येयास्ताभिरिदंशरीरंगवाक्षितंनिबद्धमाततंगवाक्षवत् निबद्धमायतंगवाक्षो वातायनंयथा गवाक्षेबहूनिछिद्राणिभवंति तथा अस्मिन्देहेयावत्शिराः व्याप्यतिष्ठंतीतिभावःनिबद्धमायतंगवाक्षितम् । गवाक्षाकारांत्रनिकरयुक्तंकृतमित्यर्थः॥ तासांमुखानिरोमलग्नानि यैर्मुखैःस्वेदःस्रवतिरसञ्चाभिसंतर्पयंत्यंतर्बहिश्च । तैरेवाभ्यङ्गपरिषेकावगाहनालेपनवीर्य्याणित्वचिपक्वान्यन्तःप्रवेशयन्ति॥ तैरेवस्पर्शंशुभमशुभंवागृह्णन्ति यथा स्वभावतःखानिमृणालेषुविसेषुच । धमनीनांतथाखानिरसोयैरभितश्चरेत् ॥ २२० ॥

तिरछी गईहुई चार धमनियों मेंसे एक२ सैकड़ों और हज़ारों प्रकारसे क्रमपूर्वक विभाग को प्राप्त होती हैं इससे उनकी संख्या नहींहै और उनके द्वारा यह शरीर जाली के समान अनेक छिद्रों से युक्तहै अर्थात् जैसे जाली में अनेक छिद्र होतेहैं उसीप्रकार इस शरीरमें जाल के समान शिरा व्याप्त

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

होकर स्थितहैं उनके मुखै रोमों में लगे होते हैं जिनमुखोंसे स्वेद वहताहै और भीतर तथा बाहर रस सींचा जाताहै उन्हीं से अभ्यंग(तैलमर्दन)स्नान सिंचन और आलेपन(चन्दनादिलगाना) के साराश त्वचामें प्रविष्ट होते हैं और इन्हींसे अच्छे बुरे स्पर्शका ग्रहण होताहै जैसे कमलदंडों में स्वभावही से छिद्र होते हैं उसी प्रकार नाड़ियों में भी छिद्र होते हैं जिनसे रस सबओरको घूमताहै ॥ २२० ॥

पञ्चाभिभूतास्त्वथपञ्चकृत्वःपञ्चेन्द्रियम्पञ्चसुभावयन्ति । पञ्चेन्द्रियं पञ्चसुभावयि त्वापञ्चत्वमायान्तिविनाशकाले । धमन्यः कथंभूताः पञ्चाभिभूताःपञ्चभ्यः आकाशा दिमहाभूतेभ्यः अभिसमंतातभूताःउभयात्मकंमनश्चयस्यतंपञ्चेन्द्रियं जीवात्मानंपंच सुइन्द्रियाधिष्ठानेषुश्रोत्रादिषुपंचकृत्वःपञ्चवारान् ॥ पर्यायेणत्वेकदैवभावयन्तिप्रापय न्तिपञ्चेन्द्रियंपञ्चानामिंद्रियाणांसमाहारः पञ्चेन्द्रियंश्रोत्रादितदुपलक्षितंकर्म्मेंद्रियम्मन श्च । पञ्चसुपृथिव्यादिषु । बुद्धींद्रियविषयेषु । तदुपलक्षितेषु हस्तादिषुकर्मेन्द्रिय विषयेषु मंतव्येमनोविषयेचभावयित्वाप्राप्यसंयोज्येतियावत् ॥ विनाशकालेपञ्चत्वमा काशादिभावमायान्तिप्राप्नुवंतीत्यर्थः ॥ २२१ ॥

पांच आकाशादि महाभूतों से सबओर व्याप्त धमनी पंचेन्द्रिय अर्थात् जीवात्माको श्रोत्र आदिक पांच इन्द्रियों में पांच बार प्राप्त करती हैं और पंचज्ञानेन्द्रिय पंचकर्मेन्द्रिय और मनको बुद्धीन्द्रियके पृथ्वीआदिक पांचविषय वा कर्मेन्द्रियोंके हस्तादि पांचविषय और मनन करनेके योग्य मनके विषय में प्राप्तकरके विनाशकाल में पञ्चत्व अर्थात् आकाशादि भावको प्राप्त होजाती हैं ॥ २२१ ॥

अथ कण्डराः ॥

महत्यःस्नायवःप्रोक्ताःकण्डरास्तास्तुषोडश । प्रसारणाकुञ्चनयोर्दृष्टंतासांप्रयोजन म् ॥ चतस्रोहस्तयोस्तासांतावन्त्यःपादयोःस्मृताः । ग्रीवायामपितावंत्यस्तावंत्यःपृष्ठ संगताः ॥ तत्रपादहस्तगतानांकण्डराणांनखाःप्ररोहाःग्रीवानिबन्धनानामधोभागगता नांप्ररोहोमेढ्रःपृष्ठनिबन्धानांप्ररोहोनितम्बमूर्द्धोरुवक्षोऽक्षस्तनपिण्डाः ॥ २२२ ॥

कण्डराओंका वर्णन ॥

बड़ी स्नायु कंडरा कहलाती हैं वह सोलह होती हैं और उनका प्रयोजन फैलाने और सकोड़ने में देखा जाताहै उनमें से दोनों हाथोंमें दोनों पैरोंमें ग्रीवामें और पीठमें चार २ होती हैं उनमें से और पैर हाथों में रहनेवाली कंडराओं से नख उत्पन्न होतेहैं ग्रीवा में रहनेवाली नीचेकी ओर गई हुई कंडराओं से लिंग उत्पन्न होताहै पीठमें रहनेवाली कंडराओं से नितम्ब-मस्तक-उर-छाती-नेत्र और स्तन पिण्ड उत्पन्न होते हैं ॥ २२२ ॥

अथ रन्ध्राणि ॥

नेत्रश्रवणनासानांद्वेद्वेरंध्रेप्रकीर्त्तिते । मुखमेहनपायूनामेकैकंरंध्रमुच्यते ॥ दशमंम स्तकेप्रोक्तंरंध्राणीतिनृणांविदुः । स्त्रीणामन्यानिचत्रीणिस्तनयोगर्भवर्त्मनि ॥ २२३ ॥

रन्ध्रोंका वर्णन ॥

नेत्र श्रवण और नासिकामें दो २ रन्ध्र होते हैं मुख लिंग तथा गुदामें एक २ रन्ध्र होताहै और एक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मस्तकमें होताहै इसप्रकार पुरुषों के दशरन्ध्र होते हैं पर स्त्रियोंके तीन और होते हैं स्तनों में दो और गर्भाशय में एक ॥ २२३ ॥

अथ स्रोतांसि ॥

मनःप्राणान्नपानीयदोषधातूपधातवः ॥ धातूनाञ्चमलामूत्रंमलमित्यादयः स्त नौ ॥ सञ्चरान्तिहियैर्मार्गैस्तानिस्रोतांसिसञ्जगुः । बहूनितानिसंख्यायशक्यंतेनैव भाषितुम् ॥ २२४ ॥

स्रोतोंका वर्णन ॥

मन,प्राण,अन्न,जल,दोष (कफादि) धातु,उपधातु,धातुओंके मल,मूत्र, विष्टाइत्यादिक शरीर में जिन मार्गोंसे घूमते हैं वह स्रोत कहलाते हैं उनके बहुतहोनेके कारण संख्या नहींकीजासक्ती है२२४॥

अथ जालानि ॥

निरंतररंध्रानिकरकलितानिसमाहितानि च जालानीवजालानि । जालानि तु शिरा स्नायुमांसास्थ्नामुद्भवन्तिहि ॥ तानिचत्वारिचत्वारि सर्वाण्येवचषोडश ॥ तानिमणिबंधगुदसंस्तृतानि परस्परनिबद्धानि परस्परसंश्लिष्टानि परस्परगवाक्षितानि चेति यैर्गवाक्षितमिदंशरीरम् ॥ अयमर्थः । एकस्मिन्मणिबंधे ॥ एकञ्जालंशिरायाः । अपरंस्नायोस्तृतीयंमांसस्यचतुर्थमस्थ्नः एवञ्चत्वारिजालानिएतेनेतरमणिबंधौगुल्फौचव्याख्यातौ ॥ गवाक्षितंविरचितंनिरंतरजालाकाररंध्रनिकरपरिकल्पितमित्यर्थः ॥ २२५ ॥

जालोंका वर्णन ॥

जाल के समान निरन्तर अनेक छिद्रों से युक्त और परस्पर मिलेहुये जाल होते हैं शिरा-स्नायु मांस और अस्थिसे चार चार जाल उत्पन्न होते हैं इसप्रकार सब सोलह होते हैं और वह मणिबंध (कलाई) और गुल्फ (गट्टा) में स्थित परस्पर बँधेहुये मिलेहुये और छिद्रमय होते हैं जिनसे कि यह शरीर छिद्रमय होताहै इसका यह तात्पर्य्य है कि एक मणिबंध में शिरा स्नायु-मांस और हड्डियों का एक एक जाल होताहै इसीप्रकार दूसरे मणिबंध और दोनों गुल्फों में भी होते हैं ॥ २२५ ॥

अथ कूर्चाः ॥

कूर्चास्तुहस्तयोर्द्वौतुतावन्तौपादयोरपि । ग्रीवायामेकएकस्तुमेढ्रेऽप्येवंषट्स्मृताः ॥ कूर्चाअपिशिरास्नायुमांसास्थिप्रभवाःस्मृताः ॥ २२६ ॥

कूर्चोंका वर्णन ॥

दोनों हाथों में दो दोनों पैरों में दो ग्रीवामें १ और लिङ्गमें एक इस प्रकार सब छः कूर्च होते हैं कूर्च भी शिरा—स्नायु-मांस और हड्डियों से उत्पन्न होते हैं ॥ २२६ ॥

अथ रज्जवः ॥

पृष्ठवंशस्योभयत्रमहत्योमांसरज्जवः । चतस्रोमांसपेशीनांबंधनंतत्प्रयोजनम् २२७॥

रज्जुओं का वर्णन ॥

रीढ़के दोनों ओर बड़ी २ मांसकी चार रज्जु होती हैं उनसे मांसकी पेशीबंधी रहती हैं ॥ २२७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ सेवन्यः ॥

सेवन्यःसप्ततासांतुभवेयुःपंचमस्तके। एकाशेफसिजिह्वयामेकाविद्धयेन्नताःक्वचित् २२८॥

सीवनों का वर्णन ॥

सेवनी सात होती हैं उनमें से मस्तकमें ५ लिंग में १ और जिह्वा में १ होती है इनको चतुर वैद्य कभी बिधने न दे ॥ २२८ ॥

अथ संघातः ॥

चतुर्दशास्थ्नांसंघातास्तेषान्त्रयोगुल्फजानुवंक्षणेषु । एतेनेतरसक्थिबाहूचव्याख्या तौ ॥ त्रिकशिरसोरेकैकम् ॥ अत्रतुत्रिकपदेनबाहूग्रीवास्थिसंघातउच्यते ॥ २२९ ॥

संघातों का वर्णन ॥

हड्डियों के चौदह १४ संघात होते हैं उनमें से गुल्फ घुटना और वंक्षणमें एक २ होते हैं इसी प्रकार दूसरे पैर और दोनों हाथों में जानने चाहिये-यहां त्रिकपदसे (बाहु और ग्रीवाकी हड्डियों का समूह कहाजाताहै) उसमें और शिर में एक २ ॥ २२९ ॥

अथ सीमंताः ॥

चतुर्दशैवसीमंताःकथितामुनिपुंगवैः। संघाताःक्षोभितायैस्तुसीमन्तास्तेप्रकीर्तिताः ॥ यैरस्थिभिः ॥ २३० ॥

सीमन्तोंका वर्णन ॥

मुनिगणों ने चौदह सीमन्त कहे हैं जिन अस्थियों के द्वारा संघात सिंवे रहते हैं वह सीमन्त कहाते हैं ॥ २३० ॥

अथ त्वचः ॥

क्षीरस्यपच्यमानस्ययथासन्तानिकाभवेत्। पच्यमानस्यशुक्रस्यरजसश्चतथात्वचः ॥ पूर्वावभासिनीतासांसिध्मस्थानंचसास्मृता ॥ २३१ ॥

त्वचाओं का वर्णन ॥

जैसे औटे हुए दूधपर मलाई पडजाती है उसी प्रकार पकेहुए वीर्य्य और रजसे त्वचा उत्पन्न होती है उनमें से पहली अवभासिनी है वह श्वेत कुष्ठका स्थान कही गई है ॥ २३१ ॥

अथावभासिनी ॥

भ्राजकेनपित्तेनावभासनात् । परिणाहेनविस्तारितस्यव्रीहेर्विंशतिभागेऽष्टादशभागःप्रमाणन्तस्याः ॥ व्रीहिरत्रयवः । सासिध्मपद्मकण्टकयोरधिष्ठाना ॥ द्वितीयालोहिताज्ञेया तिलकालकजन्मभूः । सा यव षोडशभागप्रमाणा तिलकालकन्यच्छव्यंगानामधिष्ठानम् । तृतीयातुभवेच्छ्वेता स्थानञ्चर्म्मदलस्यसा । सा यव द्वादशभागप्रमाणा चर्म्मदला जगल्लिका मशकानामधिष्ठानम् । ताम्राचतुर्थीविज्ञेया किलासश्वित्रभूमिका ॥ (यवाष्टभागप्रमाणा ॥) पञ्चमीवेदिनीनामा पञ्चभागप्रमाणिका । विसर्पकुष्ठाधिष्ठाना ज्ञेयाषष्ठीतुलोहिता ॥ विख्यातारोहिणीषष्ठी ग्रन्थिगण्डापचीस्थितिः । व्रीहिमात्रप्रमाणासाग्रन्थिगण्डापचीस्थितिः ॥ व्रीहिप्रमाणाग्रन्थ्यपचीगलमाण्डमालार्बुद

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्लीपदानामधिष्ठानम्। स्थूलात्वक्सप्तमीख्याताविद्रध्यादेःस्थितिश्चसा॥ साव्रीहिद्वय प्रमाणा। तदेवोक्तंशार्ङ्गधरेणस्थूलाव्रीहिद्विमात्रयेति सप्तापित्वचःसमुदिताविंशतितम भागोनषट्यवप्रमाणा॥ षट्यवप्रमाणन्तुअंगुष्ठोदरतुल्यम्। यतउक्तम्। उदरेष्वंगुष्ठ प्रमाणंगाढ़मवविध्येदिति॥ एतत्प्रमाणंमांसलेषुस्थूलेषुबोद्धव्यम्। नतुललाटसूक्ष्मां गुल्यादिषु॥ २३२॥ अवभासिनीका वर्णन॥

भ्राजक नाम पित्तके द्वारा प्रकाशित होनेसे अवभासिनी कहलाती है उसका प्रमाण जौकी लंबाई के $\frac{1}{18}$ भागहै और वह श्वेत कुष्ठ और पद्मकंकट रोगका स्थानहै दूसरी जौके सोलहवें भागकी प्रमाण वाली होती है और वह तिलकालक न्यच्छ और व्यंगोंका स्थानहै तीसरी जौके बारहवें भागकी प्रमाणवाली श्वेताहै वह चर्मदल जगल्लिका और मस्सोंका स्थानहै चौथी जौके आठवें भागकी प्रमाण वाली ताम्राहै वह किलास और श्वित्र नाम कुष्ठका स्थानहै वेदिनीनाम पांचवीं जौके पांचवें भाग की प्रमाणवाली विसर्प और कुष्ठका स्थानहै छठी रोहिणी नाम एकजौके प्रमाण वाली है यह ग्रंथि अपची गलगण्ड गण्डमाला अर्बुद और श्लीपदका स्थानहै सातवीं स्थूलाहै यह दो जौके प्रमाणवाली और विद्रधि आदि रोगोंका स्थानहै और शार्ङ्गधरने भी कहाहै कि स्थूलनाम त्वचा दो जौके प्रमाण वाली है यह कहीहुई सातों त्वचा सब मिलकर बीसवें भागरहित छःजौके प्रमाणहैं इनका प्रमाण अंगूठे के मध्यभागके समानहै क्योंकि कहाहुआहै कि उदरमें अंगूठे के समान बेध करना चाहिये परन्तु यह प्रमाण स्थूल और मांसयुक्त स्थानोंही में जानना चाहिये क्योंकि ललाट और छोटी अंगुलियों में यह होही नहीं सक्ता॥ २३२॥

अथ लोमानिलोमकूपाश्च॥

अस्थ्नांमलानिलोमानिअसंख्यानिभवन्तिहि। सन्तियावन्तिलोमानितावन्तोल्लोमकूपकाः॥ अंगप्रत्यंगनिर्वृत्तिःस्वभावादेवजायते। सन्निवेशश्चगात्राणांनात्रास्तेकारणान्तरम्॥ निर्वृत्तिःसिद्धिःस्वभावादीश्वरात्। सन्निवेशोरचनाविशेषः॥ अंगप्रत्यंग निर्वृत्तौयेभवन्त्यगुणागुणाः। तेतेगर्भस्यविज्ञेयाधर्म्माधर्म्मनिमित्तजाः॥ दंतानांपतनं जन्मपुनःपातेत्वसम्भवः। तलेष्वनुद्भवोलोम्नामेतत्सर्वंस्वभावतः॥ २३३॥

रोम और रोमकूपोंका वर्णन॥

रोम हड्डियोंके मलहैं वह असंख्य होते हैं और जितने रोम होते हैं उतनेही रोमकूप होते हैं अंग और प्रत्यंगों की उत्पत्ति और शरीरकी रचना विशेष में ईश्वरीय स्वभावही कारणहै और कोई कारण नहीं है-गर्भस्थ सन्तानकी उत्पत्ति के समय जो अंग और प्रत्यंगोंके दोष गुण होते हैं उनमें धर्म और अधर्म्मही कारणहै-दांतों का गिरकर फिर उत्पन्न होना और फिर गिरकर उत्पन्न न होना और तलुओं में रोमोंका उत्पन्न न होना यह सब स्वभावही से होताहै॥ २३३॥

गर्भेमासिमासियद्भवति तदाह॥

गर्भाशयेनिपतितेयादृक्शुक्रंतथार्त्तवम्। तादृगेवद्रवीभूतंप्रथमेमासितिष्ठति॥ मरुत्पित्तकफैस्तत्रस्थैःपच्यमानोद्वितीयके। कललस्थंमहाभूतंसमुदायोघनोभवेत्॥ अन्नमरुत्

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कफयोरपिपाकहेतुत्वेतयोरत्यूष्मणेऽनधिकरत्वात् । यत्तूक्तंचरके । भौमाप्याग्नेयवायव्याःपंचोष्माणःसनाभसाः ॥ २३४ ॥

गर्भमें जो मास २ में होताहै उसका वर्णन ॥

गर्भाशयमें जिसप्रकारका वीर्य्य और रज गिरताहै प्रथम मासमें उसीप्रकार द्रवरूप रहताहै दूसरे मासमें गर्भाशयमें रहनेवाले वात पित्त और कफकी ऊष्मा के द्वारा परिपाकको प्राप्तहोकर जरायुमें प्राप्त पंचमहाभूतात्मक वीर्य्य और रज गाढ़ा होजाता है यहां परिपाकमें वायु और कफभी कारणहैं क्योंकि उनमेंभी ऊष्मा रहती है क्योंकि चरकमें कहाहै कि पृथ्वीसंबन्धी जलसम्बन्धी अग्निसंबंधी वायुसंबंधी और आकाशसंबंधी पांच ऊष्मा होती हैं ॥ २३४ ॥

तृतीयेमासिशिरसोहस्तयोःपादयोस्तथा । पिण्डकाःपंचसिध्यंतिसूक्ष्माश्चावयवास्तनोः ॥ सर्व्वाण्यंगान्युपांगानिचतुर्थेस्युःस्फुटानिहि । हृदयेव्यक्तभावेनव्यजतेचेतनापिच ॥ तस्माच्चतुर्थगर्भस्तुनानावस्तूनिवाञ्छति। ततोद्विहृदयायत्स्यान्नारीदौहृदिनीमता ॥ दौहृदावज्ञयाकुब्जंकुणिंखञ्जंचवामनम् । विकृताक्षमनक्षंवापुत्रंनारीप्रसूयते ॥ यतःस्त्रीदौहृदंप्राप्यवीर्य्यवन्तंचिरायुषम् । पुत्रंप्रसूयतेतस्मात्तस्मैवाञ्छितमर्प्पयेत् ॥ इंद्रियार्थांस्तुयान्यान्साभोक्तुमिच्छतिगर्भिणी । गर्भबाधाभयात्तांस्तान्भिषगाहृत्यदापयेत् । भोक्तुमुपभोक्तुमित्यर्थः ॥ साप्राप्तदौहृदापुत्रंजनयेत्तुगुणान्वितम् । अलब्धदौहृदागर्भेलभेतात्मनिवाभयम् ॥ येषुयेष्विंद्रियार्थेषुदौहृदेसावमानिता । प्रसूयतेसुतंसार्त्तिंतस्मिंस्तस्मिंस्तदिंद्रिये ॥ सार्त्तिसव्यथाम् ॥ २३५ ॥

तृतीयमासमें मस्तक दो हाथ और दो पैरोंके सूक्ष्मअंग प्रत्यंगवाले पांच पिण्ड उत्पन्न होते हैं- चौथेमासमें संपूर्ण अंग और प्रत्यंग प्रकाशित होते हैं और हृदयके उत्पन्न होनेसे चैतन्यताभी होतीहै इसी कारणसे चौथेमासमें गर्भ नानाप्रकारकी वांछा करता है इसीसे दो हृदयवाली स्त्री दौहृदिनी कहलाती है- दौहृद (गर्भिणी स्त्रीका अभिलाष) के अनादरसे स्त्री कुबडा- पंगुला- लूला- बौना- विगडेनेत्रवाला अथवा अंधा पुत्र उत्पन्न करती है- गर्भिणी दौहृदको पाकर बलवान् और बड़ी आयुवाली सन्तानको उत्पन्न करती है इसहेतु से उसका अभिलाष पूरा करनाचाहिये- गर्भिणी स्त्री जिस २ इन्द्रिय के विषयकी अभिलाषाकरे वह संपूर्ण गर्भकी बाधाके भयसे लाय २ कर वैद्यको दिलवाना उचितहै गर्भिणी दौहृदको पाकर गुणवान् पुत्र उत्पन्न करती है और दौहृदको न पाकर अपने में अथवा गर्भ में कुछ भयको प्राप्तहोती है-गर्भिणी जिस २ इन्द्रिय के विषय में अपमानको प्राप्तहोती है उसी २ इन्द्रियसे पीड़ायुक्त पुत्रको उत्पन्न करती है ॥ २३५ ॥

दौहृदस्य विशेषफलमाह ॥

राजसंदर्शनेयस्यादौहृदंजायतेस्त्रियाः । अर्थवंतंमहाभागंकुमारंसाप्रसूयते ॥ दुकूलपट्टकौशेयभूषणादिषुदौहृदात् । अलङ्कारैषिणंपुत्रंललितंसाप्रसूयते ॥ आश्रमेसंयतात्मानंधर्म्मशीलंप्रसूयते । देवताप्रतिमायांतुप्रसूतेपार्षदोपमम् ॥ आश्रमेतपस्विनामा दर्शनेव्यालजातीनांहिंसाशीलंप्रसूयते । रक्ताश्रमेदौहृदात्पार्षदोपमम् प्रमथोपमम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्षेत्रलोमशंशूरंमहिषामिषदौहृदात् ॥ वाराहमांसेस्वप्नालुंशूरंसंजनयेत्सुतम् । मृगमांसे तुतच्छीलंविक्रांतंवनचारिणम् ॥ अतोऽनुक्तेषुयानारीदौहृदंविदधातिहि । शरीराचार शीलैःसासमानंजनयिष्यति ॥ २३६ ॥

जो गर्भिणी को राजाके दर्शन की इच्छाहो तो धनवान् और महाभाग्यवान् पुत्र उत्पन्न होता है-रेशमी वस्त्र और भूषणादिकों के अभिलाषसे मनोहर आभूषण की इच्छावाला पुत्र उत्पन्न होता है-आश्रम की अभिलाषासे धर्मवान् और जितेन्द्रियपुत्र उत्पन्न होता है-देवताओं की प्रतिमाओं के अभिलाषासे प्रमथ (शिवजीकेपार्षद) के समान पुत्र उत्पन्न होता है-सर्पादिकों के दर्शन की अभिलाप से हिंसक पुत्र उत्पन्न होताहै- भैंसेके मांसकी इच्छासे शूरवीर रक्तनेत्र और रोमयुक्त सन्तान उत्पन्न होती है-शूकरके मांसकी इच्छासे बहुतसोनेवाला और शूरवीर पुत्र उत्पन्न होता है मृगके मांस की इच्छासे शीघ्रगामी पराक्रमी और वनमें घूमनेवाली सन्तान उत्पन्न होती है इनके सिवाय और मांसादिकोंके अभिलाष से उसीप्रकार के शरीर आचार और स्वभाववाली सन्तान उत्पन्न होती है ॥ २३६ ॥

पंचमेमानसंषष्ठेबुद्धिश्चातिप्रबुध्यते । सर्व्वाण्यंगान्युपांगानिभृशंव्यक्तानिसप्तमे ॥ ओजोऽष्टमेसंचरतिमातापुत्रौमुहुःक्रमात् । तेनतौम्लानमुदितौस्यातांजातोनजीवति ॥ नजीवत्यष्टमेजातस्तत्रौजोनस्थिरंयतः । तथानैर्ऋत्यभागत्वाद्दापयेत्तद्बलिंततः ॥ नैर्ऋत्यायभागश्चबालेषुरुद्रेणदत्तः । यतूउक्तंकुमारतंत्रे । अष्टमेमासिनैर्ऋत्यायमांसौदनं बलिंदापयेदिति ॥ २३७ ॥

पांचवें महीने में मन छठे में बुद्धि सातवें में संपूर्ण अंग और उपांग अत्यन्त प्रकाशित होते हैं और आठवें महीने में माता और पुत्रका ओजनामधातु एकका दूसरे में वारंवार घूमता रहता है इसीसे वह दोनों म्लान और प्रसन्न हुआ करते हैं इसकारण से अष्टम महीने में उत्पन्नहुई सन्तान नहींजीती क्योंकि ओजधातु स्थिर नहीं रहता-आठवें महीने में नैर्ऋत्य दिशाके देवता को बलि देना चाहिये क्योंकि वह उसके अंशका भागीहै और शिवजी ने भी बालकोंकी रक्षा के लिये उस को भाग दियाहै- कुमारतंत्रमें भी कहा है कि आठवें महीने में नैर्ऋत्यके अधिष्ठाता को मांस और भातकी बलि देनी चाहिये ॥ २३७ ॥

नवमेदशमेमासिनारीबालंप्रसूयते । एकादशेद्वादशेवाततोऽन्यत्रविकारतः॥२३८॥

नवम--दशम--एकादश अथवा द्वादश मासमें भी गर्भिणी पुत्रको उत्पन्न करती है और इससे आगे विकार से उत्पन्न हुआ जानों ॥ २३८ ॥

गर्भेयदंगंप्रथमंभवतितदाह ॥

शिरोभवतिचांगस्यपूर्वमित्याहशौनकः । शिरस्येवोपजायंतेप्रधानानीन्द्रियाणियत् । हृदयंजायतेपूर्वंकृतवीर्योऽवदन्मुनिः । बुद्धेश्चमनसश्चापियतस्तत्स्थानमीरितम ॥ पाराशर्य्यइतिप्राहपूर्वंनाभिसमुद्भवः । प्राणोयत्रस्थितोदेहंवर्द्धयत्यूष्मसंयुतः ॥ पाणिपादंभवेत्पूर्वंमार्कण्डेयमुनेर्मतम्। देहिनःसक्र्लाश्चेष्टाःपाणिपादाश्रयायतः॥प्रथमं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जायतेकोष्ठंततःसर्व्वाङ्गसम्भवः । एतत्तुकथयामासगौतमोमुनिपुंगवः ॥ सर्व्वाण्यं गान्युपाङ्गानियुगपत्सम्भवन्तिहि । सूक्ष्मत्वान्नोपलभ्यंतेमतंधन्वंतरेरिदम् ॥ आम्र स्याणुफलेभवंतियुगपन्मांसास्थिमज्जादयो लक्ष्यन्तेनपृथक्पृथक्तनुतयापुष्टास्तएव स्फुटाः । एवंगर्भसमुद्भवेत्ववयवाःसर्वेंभवन्त्येकदा लक्ष्याःसूक्ष्मतयानतेप्रकटतामायां तिवृद्धिंगताः ॥ मज्जादयःइत्यादिशब्देनत्वक्केशरमज्जत्वगंकुरवृत्तानिगृह्यन्ते ॥२३९॥

शरीर में जो अंग पहले उत्पन्न होताहै उसका वर्णन ॥

गर्भ में प्रथम शिर उत्पन्न होताहै क्योंकि शिरसेही प्रधान इन्द्रिय उत्पन्न होती हैं यह शौनक का मतहै प्रथम हृदय उत्पन्न होताहै क्योंकि वह बुद्धि और मनका स्थानहै यह कृतवीर्यमुनिका मतहै- प्रथम नाभि उत्पन्न होती है क्योंकि उसमें स्थित ऊष्मायुक्त प्राण देहको बढ़ाते हैं यह व्यासजीका मतहै- प्रथम हाथ और पैर उत्पन्न होते हैं क्योंकि देहीकी सब चेष्टा हाथ और पैरोंके आधीनहै यहमार्कण्डेयमुनिका मतहै-प्रथम कोष्ठ उत्पन्न होताहै इसके पीछे सब अंग उत्पन्न होते हैं यह मुनियों में श्रेष्ठ गौतमजी का मतहै-परन्तु यह सब ठीक नहीं है कि संपूर्ण अंग और उपांग इकट्ठे उत्पन्न होते हैं परन्तु सूक्ष्मतासे मालूम नहीं पडते यह धन्वन्तरिजीका मतहै जैसे आमके छोटे से छोटेबडे सूक्ष्म फल में गूदा, गुठली और बिजली आदि इकट्ठेही उत्पन्न होते हैं परन्तु अतिसूक्ष्मता से अलग २ नहीं मालूम होते हैं और पुष्टहोनेपर वही प्रकट होजाते हैं इसीप्रकार गर्भ के उत्पन्न होने के समय सम्पूर्णअंग इकट्ठेही उत्पन्न होते हैं परन्तु वह सूक्ष्मता से मालूम नहीं पडते और बढ़ने पर प्रकट होजाते हैं ॥ २३९ ॥

अथ शरीरेपितृजमातृजरसजात्मजाभागाउच्यन्ते ॥

तत्र। केशाःश्मश्रुचलोमानिनखादंताःशिरास्तथा। धमन्यःस्नायवःशुक्रमेतानिपितृजानिहि ॥ मांसासृङ्मज्जमेदांसियकृत्प्लीहांत्रनाभयः । हृदयञ्चगुदञ्चापिभवन्त्येतानिमातृतः ॥ शरीरोपचयोवर्णोबलंदेहस्थितिस्तथा । रसादेतानिजायन्ते भिषजोमुनयोजगुः ॥ ज्ञानंविज्ञानमायुश्चसुखदुःखादिकन्तथा। इन्द्रियाणिचसर्वाणिभवन्त्येतानिचात्मनः ॥ दुःखादिकमित्यादिशब्देननानायोनिजन्मादिकमुच्यते ॥ आत्मनःआत्मसन्निकर्षान्नत्वात्मनोजायन्तेआत्मनोनिर्विकारात्प्रकृतिभावानुपेतः २४० ॥

शरीरमें पिता, माता, रस और आत्मासे उत्पन्नहुये भागोंको कहते हैं ॥

केश, दाढ़ी, रोम, नख, दन्त, शिरा, धमनी, स्नायु और वीर्य यह पितासे उत्पन्न होते हैं मांस, रुधिर, मज्जा, मेद, यकृत्, प्लीहा, आंत, नाभि, हृदय और गुदा यह सब मातासे उत्पन्न होते हैं शरीरकी वृद्धि वर्ण, बल और देहकी स्थिति यह रससे उत्पन्न होते हैं ऐसा वैद्यमुनियोंने कहाहै ज्ञान, विज्ञान, आयु, सम्पूर्णइन्द्रिय, सुख, दुःख (नानायोनिजन्मादि) आदि यह सब आत्मा से उत्पन्न होते हैं अर्थात् आत्मा के संयोगसे उत्पन्न होते हैं क्योंकि आत्मा निर्विकार और प्रकृतिके भावोंसे रहितहै ॥ २४० ॥

गर्भस्यकिंकिंविशिष्टोपकारकन्तत्तदाह ॥

अग्नीषोमौमहीवायुर्नभःसत्त्वंरजस्तमः । पञ्चेन्द्रियाणिभूतात्मागर्भसञ्जीवयन्तिहि॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अग्निरत्रपाचकालोचकरञ्जकभ्राजकसाधकानाम् तथा पाञ्चभौतिकानां तथासप्तधातुगतानामग्नीनाम्। शक्तिरूपतयावस्थितोवाचोधिदेवत्वंप्राप्तोबोद्धव्यः ॥ पाचकादिकर्मणाजीवयतिसोमश्चपञ्चात्मकश्लेष्मरसशुक्रादीनां सोमात्मकानांभावानांरसेन्द्रियस्य चशक्तिरूपतयावस्थितोमनसश्चाधिदैवत्वंप्राप्तोबोद्धव्यः। सचसौम्यधातोरोजःप्रभृतेः पोषणेनपवनपावकसंशुष्कभागस्यार्द्रताविधानेनजीवयतीतिशेषःमहीचजलेन क्लिन्नस्यापिकठिनविधानेनवायुर्दोषधातुमलांगोपांगादीनां सञ्चारणेनोच्छ्वासनिःश्वासाभ्यां मनोरूपतयापरिणतंजीवात्मनःशरीरान्तरेजीवनग्रहणमोक्षणेहेतुरितितदपिजीवयतिपञ्चेन्द्रियाणिश्रोत्रत्वङ्नेत्रजिह्वाघ्राणानिशब्दादिग्रहणकर्म्मणा ॥ भूतात्माकर्म्मपुरुषःसचाशेषस्यैवराशेश्चैतन्यहेतुर्जीवयतीति ॥ २४१ ॥

गर्भके विशेष उपकारियों का वर्णन ॥

अग्नि,सोम,पृथ्वी,वायु,आकाश,सत्त्व,रज,तम, पांचइन्द्रिय और भूतात्मा इनके द्वारा गर्भ जीताहै यहां पाचक,आलोचक,रंजक,भ्राजक,साधक नाम पित्तोंकी पंचमहाभूतसंबंधी अग्नियोंकी और सातों धातुओं में प्राप्त अग्नियोंकी शक्तिरूप से स्थित वाणी के अधिदेवत्व को प्राप्त अग्नि जाननी चाहिये और वह पाचक आदि कार्यांसे गर्भको जिलावती है और सोम (जल) पांच श्लेष्मा रस और वीर्यादि संबंधी सोमात्मकभावों के और रसना इन्द्रियकी शक्तिरूपसे स्थित मनके अधिदेवत्वको प्राप्त जानना चाहिये वह सोमसंबंधी ओजादिक धातुओं के पोषण से और वायु तथा अग्नि के द्वारा सूखेहुये भागके आर्द्र करने से गर्भको जिलाताहै और पृथ्वी जल के द्वारा आर्द्रहुये भागको कठिन करने से गर्भको जिलाती है और वायु दोष धातु मल अंग और उपांगादि के चलाने से और श्वास के भीतर लेने और छोड़ने से गर्भको जिलाती है और आकाश वायु तथा अग्नि के द्वारा विदीर्णहुये स्रोतों को ऊपर नीचे और तिरछे अवकाश देने से गर्भको जिलाता है सत्त्व रज और तम मनरूपसे बदलकर जीवात्माके शरीरान्तर में जीवके ग्रहण और त्यागमें हेतु होने के कारण से गर्भको जिलाते हैं और कान, त्वचा, नेत्र, जिह्वा और नासिका यह पांचों इन्द्रिय शब्दादिकों के ग्रहण करने से गर्भको जिलाती हैं जीवात्मा अर्थात् कर्मपुरुष सम्पूर्णजगत् को चैतन्य करके गर्भको जिलाताहै ॥ २४१ ॥

अपरंगर्भस्यजीवनोपायमाह ॥

गर्भस्यनाभिनाड्यातुनाडीरसवहास्त्रियाः। संलग्नातेनगर्भस्यवृद्धिर्भवतिनित्यशः॥ निःश्वासोच्छ्वाससंक्षोभस्वप्नांशान्सोऽधिगच्छति । मातुर्निश्वसितोच्छ्वाससंक्षोभः स्वप्नसम्भवात् ॥ संक्षोभःसञ्चलनम्मातानिश्वासादिकायाश्चेष्टाःकरोतितास्तागर्भोऽपिकरोतीत्यर्थः ॥ २४२ ॥

गर्भके जीने का दूसरा उपाय ॥

स्त्रीकी रसकी लेजानेवाली नाडी गर्भकी नाभिकी नाड़ीसे लगी होती है इससे गर्भकी नित्यवृद्धि होती है माता के श्वास लेने और छोड़ने चलने और सोने से गर्भभी श्वास लेता और छोड़ताहै चलता और सोताहै अर्थात् जो २ चेष्टा माता करती है वह सब गर्भभी करता है ॥ २४२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ गर्भवृद्धेर्हेतुमुपायमाह ॥

गर्भस्यनाभिमध्येतुज्योतिःस्थानंध्रुवंस्मृतम् । तदाधमतिवातश्चदेहस्तेनास्यवर्द्धते ॥ उष्णेनासहितश्चापिदारयत्यस्यमारुतः । ऊर्ध्वन्तिर्य्यगधस्ताच्चस्रोतांसितुयथा तथा ॥ यथादारयतिविस्तारयति । तथातथादेहींवर्द्धयति इतिपूर्वेणान्वयः॥ २४३ ॥

गर्भ की वृद्धिके हेतुरूप उपाय को कहते हैं ॥

गर्भकी नाभिके मध्यमें तेजका स्थान होताहै और वायु उसको धोंकती है इससे उसका शरीर बढ़ताहै ऊष्मासहित वायु ऊपर नीचे और तिरछे तथा स्रोतोंको जैसे २ विस्तारित करताहै वैसेही वैसे वह बढ़ता है ॥ २४३ ॥

दृष्टिरोमकूपानामवृद्धिमाह ॥

दृष्टिश्चरोमकूपाश्चनवर्द्धन्तेकदाचन।ध्रुवाण्येतानिमर्त्यानामितिधन्वन्तरेर्मतम्॥२४४॥

दृष्टि और रोमकूपों के न बढ़नेका वर्णन ॥

दृष्टि और रोमकूप कभी नहीं बढ़ते हैं क्योंकि वह मनुष्यों के सदैव एकरूप से रहते हैं यह धन्वन्तरिजीका मतहै ॥ २४४ ॥

नखकेशानांसदावृद्धिमाह ॥

शरीरेक्षीयमाणेऽपिवर्द्धेतेद्वाविमौसदा । स्वभावंप्रकृतिंकृत्वानखकेशावितिस्थितिः ॥ प्रकृतिंकृत्वाकारणंकृत्वास्थितिर्मर्य्यादा ॥ २४५ ॥

नख और केशोंकी सदैव वृद्धिका वर्णन ॥

शरीरके क्षीणहोनेपरभी यह नख और केश दोनों स्वभावके कारण सदैव बढ़ते हैं यह मर्य्यादाहै॥२४५॥

अचेतनान्यंगान्याह ॥

चेतनानामधिष्ठानंमनोदेहश्चसेन्द्रियः । केशलोमनखाग्रांतर्मलद्रव्यगुणैर्विना ॥२४६॥

चेतनारहित अंगों का वर्णन ॥

मन और इन्द्रियों करके सहित देह चेतनाका स्थान है और केश- रोम, नखाग्र, भीतरका मल द्रव्य और गुण अचेतनहैं ॥ २४६ ॥

गर्भस्य वातविण्मूत्रोत्सर्गाकरणे कारणमाह ॥

वाताल्पत्वादयोगाच्च वायोःपक्वाशयस्यच । वातमूत्रपुरीषाणि गर्भस्थोनविमुञ्चति ॥ (अयोगात् । ईषद्योगात्) ॥ २४७ ॥

गर्भके वायु विष्ठा और मूत्र के त्याग न करनेका वर्णन ॥

वायुकी अल्पता और पक्वाशयमें गये हुये वायुके अल्पयोग होने से गर्भमें स्थित जीव वायु मूत्र और विष्ठाको नहीं करताहै ॥ २४७ ॥

गर्भारोदने कारणमाह ॥

जरायुणामुखेच्छन्नेकण्ठेचकफवेष्टिते।वायोर्मार्गनिरोधाच्च नगर्भस्थःप्ररोदिति ॥ २४८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गर्भके न रोनेका कारण ॥

जरायुके द्वारा मुख के ढकेरहने कफके द्वारा कण्ठ के घिरेहोने और वायुके मार्गके न होनेसे गर्भ का जीव नहीं रोता है॥ २४८ ॥

अथ गर्भवतीकृत्याकृत्यानि ॥

गुर्विणीप्रथमादह्नः प्रहृष्टाभूषिताशुचिः । भवेच्छुक्लाम्बरधरा गुरुविप्रार्चनेरता ॥ भोज्यन्तुमधुरप्रायं स्निग्धंहृद्यन्द्रवंलघु । संस्कृतंदीपनीयन्तु नित्यमेवोपयोजयेत् ॥ गुर्विणीनतुकुर्वीत व्यायाममपतर्पणम् । व्यवायञ्चनसेवेत नकुर्यादतितर्पणम् ॥ रात्रौजागरणंशोकं यानस्यारोहणंतथा । रक्तमोक्षंवेगरोधं नकुर्य्यादुत्कटासनम् ॥ दोषाभिघातैर्गर्भिण्या योयोभागःप्रपीड्यते । ससभागःशिशोस्तस्य गर्भस्थस्यप्रपीड्यते ॥ मलिनांविकृताकारां हीनांगीन्नस्पृशेत्स्त्रियम् । नजिघ्रेदपिदुर्गन्धं नपश्येन्नयनाप्रियम् ॥ वचांसिनापिशृणुयात्कर्णयोरप्रियाणिच । नान्नंपर्य्युषितंशुष्कं भुञ्जीतक्वथितंनच ॥ चैत्यश्मशानवृक्षांश्च भावांश्चाप्ययशस्करान् । बहिर्निष्क्रमणंक्रोधं शून्यागारञ्चवर्ज्जयेत् ॥ नोच्चैर्ब्रूयान्नतत्कुर्य्याद् येनगर्भोविनश्यति । तैलाभ्यंगोद्वर्तनञ्च नात्यर्थंकारयेदपि ॥ नामृद्वास्तरणं कुर्य्यान्नात्युच्चंशयनासनम् । एतांस्तुनियमान्सर्वान् यत्नात्कुर्वीतगुर्विणी ॥ २४९ ॥

गर्भवती की कृत्य और अकृत्य ॥

गर्भवती स्त्री पहले दिनसे प्रसन्न आभूषण युक्त, पवित्र, श्वेत वस्त्रोंकी धारण करनेवाली और गुरु तथा ब्राह्मण के पूजन में रतहोवे और नित्य मधुर सचिक्कण हृदयकी रुचि योग्यतर हलका संस्कारयुक्त और अग्निका बढ़ानेवाला भोजनकरे और गर्भवती स्त्री व्यायाम, लंघन, मैथुन बहुत भोजन, रात्रि में जागरण, शोक, सवारी पर चढ़ना फस्त लेना मूत्रादि वेगोंका रोकना और उकडू बैठना इन सब बातों को छोड़देवे दोष और चोटलगने से गर्भिणी स्त्रीका जो २ भाग पीड़ित होताहै वह वह भाग गर्भ में स्थितहोने वाले बालक का भी पीड़ित होता है गर्भिणी स्त्री मलिन विकारयुक्त चेष्टावाली और हीन अंगवाली किसी स्त्रीको न स्पर्श करे, दुर्गन्धि न सूंघे नेत्रों के अप्रियको न देखे कानोंके अप्रिय वचनोंको न सुने, बासी और सूखे और क्वाथ किये हुये अन्न को न खाय और चैत्य जिन वृक्षोंपर भूतादि रहतेहैं और श्मशान वृक्ष अपयश करनेवाले कार्य्य, बाहरजाना क्रोध और शून्यघरको त्यागकरदे और जोरसे न बोले ऐसा कोई काम न करे जिससे गर्भ नष्ट होवे और बहुत तेललगाना तथा उबटन न करावे- कठोर बिछौने तथा ऊंची शय्यापर न सोवे गर्भिणी स्त्री इन नियमों को यत्नपूर्व्वक करे ॥ २४६ ॥

अथ प्रसवमासानाह ॥

नवमेदशमेमासि नारीगर्भंप्रसूयते । एकादशेद्वादशेवा ततोऽन्यत्रविकारतः ॥२५०॥

प्रसवमासों का वर्णन ॥

स्त्री नवे दशवें ग्यारहवें अथवा बारहवें महीने में संतान को उत्पन्न करती है इससे भिन्न विकार युक्त जानना चाहिये ॥ २५० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ सूतिकागृहाकृतिः ॥

अष्टहस्तायतञ्चारु चतुर्हस्तविशालकम् । प्राचीद्वारमुदग्द्वारं विदध्यात्सूतिकागृहम् ॥ २५१ ॥

सूतिकागृहकी आकृतिका वर्णन ॥

आठ हाथ लंबा चारहाथ चौड़ा पूर्व अथवा उत्तरकी ओर द्वारवाला सुन्दर सूतिका गृह बनावै॥२५१॥

आसन्नप्रसवाया लक्षणमाह ॥

जातेहिशिथिलेकुक्षौ मुक्तेहृदयबन्धने । सशूलेजघनेनारी विज्ञेयाप्रसवोन्मुखा॥ आसन्नप्रसवायास्तु कटीपृष्ठन्तुसव्यथम्। भवेन्मुहुःप्रवृत्तिश्च मूत्रस्यचमलस्यच॥ २५२॥

शीघ्रप्रसवहोनेवालीके लक्षण ॥

कोखके शिथिल होजाने पर हृदयबंधन के छूटजाने पर और कटिके आगेकी ओर वेदना होनेपर स्त्री शीघ्र प्रसव उत्पन्न करनेवाली जाननी चाहिये शीघ्रप्रसव होनेवाली स्त्री के कटि तथा पीठ में पीडा और मल और मूत्रकी बारंबार प्रवृत्ति होती है ॥ २५२ ॥

अथासन्नप्रसवाया उपचारः ॥

तैलेनाभ्यक्तगात्राणां संस्नातामुष्णवारिणा । यवागूम्पाययेत्कोष्णां मात्रयाघृतसंयुताम् ॥ कृतोपधानेमृदुभिर्विस्तीर्णेशयनेशनैः । आभुग्नसक्थिचोत्ताना नारीतिष्ठेद्व्यथान्विता ॥ (आभुग्नसक्थि आसङ्कोचितोरू) ॥ २५३ ॥

शीघ्रप्रसव न होनेवाली के उपचार ॥

शरीरमें तेल लगाकर गरमजलसे स्नानकरवाके शीघ्रप्रसवहोनेवाली स्त्री को कुछ उष्ण मात्रा के अनुसार घृतसंयुक्त यवागू (छःगुनेपानीमें पकेहुये चामल) पिलावे तकिआ और कोमल बिछौने से युक्त शयनपर घुटनोंको फैलाकर उतानी व्यथावाली स्त्री सोवे ॥ २५३ ॥

अथ जनयित्री ॥

चतस्रोऽशङ्कनीयाश्च स्रावणेकुशलाहिताः । वृद्धाःपरिचरेयुस्ताः सम्यक्छिन्ननखाः स्त्रियः ॥ २५४ ॥

दाइयोंका वर्णन ॥

विश्वासित सन्तान उत्पन्न कराने में प्रवीण हितकी चाहनेवाली वृद्ध अच्छे प्रकारसे कटे हुए नखवाली चार स्त्रियां सेवा करैं ॥ २५४ ॥

अथ जनयित्रीकृत्यम् ।

अपत्यमार्गंतैलेन समभ्यज्यसमन्ततः । एकातुतासुसुभगे प्रवाहस्वेतितांवदेत् ॥ अव्यथामाप्रवाहिष्ठाः प्रवाहेथाव्यथायदि । प्रवाहेथाःशनैःपूर्वं प्रगाढञ्चततःपरम् ॥ ततोगाढतरेगर्भे योनिद्वारमुपागते । अपरासहितोगर्भो यावत्पततिभूतले ॥ २५५ ॥

दाइयों का काम ॥

गर्भके मार्गको तेलसे अच्छेप्रकार सब ओर चुपड़कर एकदाई हे सुभगे ! प्रवाह करो ऐसा कहे-व्यथारहित स्त्री प्रवाहन (गर्भके निकालनेके लिये कांखकर बलकरना) न करे और व्यथा होय तो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

करे प्रथम धीरे २ करे फिर जोरसे करे फिर गर्भको योनिके द्वारपर आजानेपर जबतक नालस-हित गर्भ पृथ्वीपर नहीं गिरे तबतक बहुत जोरसे प्रवाहन करे ॥ २५५ ॥

व्यथारहितायाः प्रवाहणाद्दैगुण्यमाह ॥

मूकंवाबधिरंकुब्जंश्वासकासक्षयान्वितम्।सूतेस्रस्ततनुंबालमकालेतुप्रवाहणात्॥२५६॥

इति श्रीमिश्रलटकनतनयश्रीमन्मिश्रभावविरचितेभावप्रकाशे गर्भप्रकरणंद्वितीयम्॥ २ ॥

व्यथारहित स्त्रीके प्रवाहन करने में दोष ॥

समय के विना प्रवाहन करने से गूंगा- बहिरा- कुबड़ा- श्वास, खांसी तथा क्षयसे युक्त शिथिल अंगवाला बालक उत्पन्न होता है॥ २५६ ॥

इति श्रीमिश्रलटकनतनयश्रीमन्मिश्रभावविरचितभावप्रकाशस्य भाषानुवादे गर्भप्रकरणं द्वितीयम् ॥ २ ॥

अथ बालस्यजन्मोत्तरविधिः ॥

अथ बालेसमुत्पन्ने विदधीतविधिंततः। यथैवकुलवृद्धास्त्री व्यवहारपरम्परा ॥ १ ॥

बालक के जन्म होने के उपरान्त की विधि ॥

बालक के उत्पन्नहोने के उपरान्त कुलकी वृद्ध स्त्रियों के व्यवहार की परम्परा के अनुसार विधिकरे ॥ १ ॥

अथ प्रसूताया नियमानाह ॥

प्रसूताहितमाहारं विहारंचसमाचरेत्। व्यायाममैथुनंक्रोधं शीतसेवांविवर्जयेत् ॥ मिथ्या चारात्सूतिकायायोव्याधिरुपजायते। सकृच्छ्रसाध्योऽसाध्योवाभवेत्तत्पथ्यमाचरेत्॥२॥

प्रसूता स्त्रीके नियम ॥

प्रसूता स्त्री हित आहार और विहार करे और व्यायाम मैथुन- क्रोध- सर्दी खाना आदि न करे विरुद्ध आहार से उसको जो व्याधि उत्पन्न होती है वह कष्टसाध्य अथवा असाध्य होती है इससे पथ्य करना चाहिये ॥ २ ॥

प्रसूतायानियमसमयाऽवधिमाह ॥

सर्वतःपरिशुद्धास्यात्स्निग्धपथ्याऽल्पभोजना । स्वेदाभ्यंगपरानित्यंभवेन्मासमत न्द्रिता ॥ ४ ॥ सर्वतःपरिशुद्धातुअवसृष्टदुष्टरुधिराअतन्द्रितासावधाना ॥ ३ ॥

प्रसूता स्त्रीके नियमों के समय की अवधि ॥

महीने भरतक बिगडे हुये रुधिर का त्यागकरे चिकना पथ्य वा थोड़ा भोजन करे प्रतिदिन स्वेद निकालने के लिये तैलमर्दन करे और सावधान रहै ॥ ३ ॥

प्रसूतासार्द्धमासान्तेदृष्टेवापुनरार्त्तवे । सूतिकानामहीनास्यादितिधन्वन्तरेर्मतम् ॥ व्युपद्रवांविशुद्धाञ्चविज्ञायवरवर्णिनीम् । ऊर्ध्वंचतुर्भ्योमासेभ्योनियमंपरिहारयेत् ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रसूता स्त्री डेढ़ महीने में अथवा फिर ऋतुके होनेतक सूतिकापने से रहित होजातीहै यह धन्वन्तरिजी का मतहै उपद्रवोंसे रहित और शुद्ध शरीरवाली जानकर चारमहीने के उपरान्त प्रसूता स्त्री को नियमों का त्याग करावे ॥ ४ ॥

अथ स्तन्यस्वरूपमाह ॥

रसप्रसादोमधुरःपक्काहारनिमित्तजः। कृत्स्नाद्देहात्स्तनौप्राप्तःस्तन्यमित्यभिधीयते रसप्रसादोरसस्यसारः ॥ ५ ॥

दुग्धका स्वरूप ॥

रसका उत्तम भाग परिपाकको प्राप्तहुए आहार से उत्पन्नहुआ मधुरताको प्राप्त संपूर्ण देह से स्तनों में प्राप्तहुआ स्तन्य अर्थात् दुग्ध कहलाताहै ॥ ५ ॥

स्तन्यस्यप्रवृत्तिमाह ॥

स्तन्यंत्रिरात्रात्स्त्रीणांवाचतूरात्रादनन्तरम्।प्रवर्त्तयन्तिविवृताधमन्योहृदयेस्थिताः॥६॥

दुग्धका निकलना ॥

हृदयमें स्थित फैलीहुई धमनी तीन अथवा चार रात्रिके उपरान्त स्त्रियोंके दूधको निकालतीहैं॥६॥

अथ स्तन्यप्रवृत्तिमाह ॥

पयःपुत्रस्यसंस्पर्शाद्दर्शनात्स्पर्शनादपि। ग्रहणादप्युरोजस्यशुक्रवत्संप्रवर्त्तते ॥ स्नेहोनिरन्तरस्तस्यप्रवाहेहेतुरुच्यते ॥ ७ ॥

दुग्धकी प्रवृत्ति ॥

दूधपुत्रके स्पर्शकरने से देखने से स्मरण करने से और ग्रहण करनेसेभी वीर्य्य के समान स्तनों से प्रवृत्त होताहै इससे निरन्तर स्नेहही दुग्धके प्रवाह में कारण होता है ॥ ७ ॥

अथ स्तन्यस्याल्पतायांहेतुमाह ॥

अवात्सल्याद्भयाच्छोकात्क्रोधादत्यपतर्पणात् । स्त्रीणांस्तन्यंभवेत्स्वल्पंगर्भान्तरविधारणात् ॥ ८ ॥

दुग्धकेथोड़ेहोनेका कारण ॥

स्नेहका न होना- भय- शोक-क्रोध-लंघन और दूसरे गर्भके धारण करने से स्त्रियोंका दूध थोड़ा होजाता है ॥ ८ ॥

अथ स्तन्यस्यवृद्धिहेतुमाह ॥

शालिषष्टिकगोधूमान्मांसक्षुद्रयवानपि। कालशाकमलाबूञ्चनारिकेरंकसेरुकम्॥शृंगाटकंवरींचापिविदारींकन्दमेवच। लशुनंदुग्धवृद्ध्यैस्त्रीसेवेतसुमनाभवेत् ॥ कमलस्यतण्डुलानांकल्कंयाक्षीरेपेषितंपिबति। साभवतिभृशंतरुणीक्षीरभरेणैवतुङ्गकुचयुगला ॥ काश्मीरकलमोधान्यविशेषस्तस्यलक्षणमाह। कलमःकलिविरयातोजायतेसब्रहद्वने। काश्मीरदेशएवोक्तोमहातण्डुलसंज्ञकः ॥ विदारिकन्दस्यरसंपिबेत्स्तन्यस्यवृद्धये। तच्चूर्णंतस्यवृद्ध्यर्थंपिबेद्वाक्षीरसंयुतम् ॥ ६ ॥

दुग्धकी वृद्धिका कारण ॥

शालि- साठीके चावल- गेंहू- मांस- छोटी मछली- नारीकासाग-लौकी- नारियल - कसेरू-सिंघा-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ड़ा-सतावरि- विदारीकन्द-लहसन- इन वस्तुओं को सती दूध बढ़नेके लिये प्रसन्नचित्तहोकर सेवन करे जो स्त्री कलमके चावलोंको दूधके साथ पीसकर पीती है वह दूधके भारसे उन्नत दोनों स्तनवाली होती है कलम धान्य विशेषको कहतेहैं उसका यह लक्षणहै कि कलम कलिनामसे विख्यात बहुत जलमें उत्पन्न होताहै वही काश्मीरदेशमें महातंडुल नामसे विख्यातहै- दूधके बढ़ने के लिये विदारीकन्दकारस अथवा दूधसमेत उसका चूर्ण पिये ॥ ६ ॥

अथ स्तन्यस्यदुष्टहेतुमाह ॥

धात्र्यागुरुभिराहारैर्विहारैर्दोषलैस्तथा । देहेदोषाःप्रकुप्यंतिततःस्तन्यंप्रदुष्यति मिथ्याहारविहारिण्यादुष्टावातादयःस्त्रियाःदूषयंतिपयस्तेनशरीरेव्याधयःशिशोः॥१०॥

दूधके दुष्ट होनेकाकारण ॥

धायके गरिष्ठ और दोषयुक्त आहार विहारोंसे देहमें कोपको प्राप्त हुए दोष दूधको बिगाड़ते हैं- विरुद्ध आहार विहार करनेवाली स्त्री के वात आदिक बिगड़कर दूधको बिगाड़ते हैं इससे बालक के शरीरमें रोग उत्पन्न होते हैं ॥ १० ॥

अथ दुष्टस्तन्यस्य लक्षणमाह ॥

कषायंसलिलप्लाविस्तन्यंमारुतदूषितम् । पित्तादम्लञ्चकटुकंराज्योऽम्भसितुपीतिका ॥ कफदुष्टंतुयत्तोयेनिमज्जतिचपिच्छिलम् । द्वंद्वजंतुद्विलिंगंस्यात्त्रिलिंगंसान्निपातिकम् ॥ ११ ॥

बिगड़ेहुए दूधके लक्षण ॥

वायुसे बिगड़ा हुआ दूध कसैला और पानी में तिरनेवाला- पित्त से बिगड़ा हुआ खट्टा कडुआ और पानीमें डालनेसे पीली रेखावाला और कफसे बिगड़ाहुआ दूध चिकना और पानी में डालने से डूबनेवाला होताहै और दो दोषोंसे बिगड़ा हुआ दोनोंके लक्षणोंसे युक्त और तीनों दोषोंसे बिगड़ा हुआ तीनों लक्षणोंवाला होताहै ॥ ११ ॥

अथ दुष्टस्तन्यस्य शोधनविधिमाह ॥

धात्रीक्षीरविशुद्ध्यर्थंमुद्गयूषरसाशिनी । भार्ङ्गीदारुवचापिष्ट्वापिबेत्सातिविषास्तथा॥ पाठामूर्वाब्दभूनिम्बैर्दारुशुण्ठीकलिंगकैः । सारिवामत्स्यपित्ताख्यैः क्वाथःस्तन्यविशोधनः॥ मतस्यपित्ताकटुकी ॥ पटोलनिम्बासनदारुपाठा मूर्वागुडूचीकटुरोहिणीच । सनागरञ्चकथितञ्चतोयेधात्रीपिबेत्स्तन्यविशुद्धिहेतोः ॥ १२ ॥

बिगड़ेहुए दूध के शोधनकी विधि ॥

धाय दूध के शुद्ध करने के लिये भारंगी- देवदारु- वच और अतीस को पीसकर पिये और मूंग का पानी अथवा मांसका रस पिये और पाठा (पाढ़र) चिनार- नागरमोथा- चिरायता- देवदारु सोंठ- इन्द्रजौ- सारिवा (अनन्तमूल) और कुटकी इन सबका क्वाथदूध का शुद्ध करनेवाला होता है परवल- नींब- पीतशालि- देवदारु- पाढ़र- चिनार गिलोय- कुटकी और सोंठ इनके क्वाथ को धाय दूधके शुद्ध करने के निमित्त पिये ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ शुद्धस्यलक्षणमाह ॥

नीरेस्तन्यंयदेकीस्यादविवर्णमतन्तुमत्। पाण्डुरंतनुशीतञ्चतद्दुग्धंशुद्धमादिशेत् ॥१३॥

शुद्धदूधके लक्षण ॥

जो दूध पानी में छोडने से मिलजाय कहेहुए वातादिविकारों से रहितहो जिसमें रेखा न पड- तीहों श्वेतवर्ण पतला और शीतल हो वह दूध शुद्ध जानना चाहिये ॥ १३ ॥

धात्रीलक्षणमाह ॥

पीतायदिबालस्यविदध्यादुपमातरम् । सुविचार्य्यगुणान्दोषान्कुर्य्याद्धात्रींतदे दृशीम् ॥ सवर्णांमध्यवयसां सच्छीलांमुदितांसदा । शुद्धदुग्धाम्बहुक्षीरांसवत्सामति वत्सलाम्। स्वाधीनामल्पसन्तुष्टांकुलीनांसज्जनात्मजाम् ॥ कैतवेनापरित्यक्तां निज पुत्रदृशंशिशौ ॥ १४ ॥

धाय के लक्षण ॥

जो बालक के दूध पिलाने के लिये धायरक्खे तो गुणदोषों को विचार करके इस प्रकार की रक्खे कि अपनी जातिकी, मध्य अवस्थावाली, अच्छेस्वभाववाली, सदैव प्रसन्न, शुद्ध और बहुत दूधवाली, सन्तानयुक्त, बहुतप्रेमकरनेवाली, अपने आधीन, थोडे में सन्तोष करनेवाली, कुलीन, सज्जन की कन्या, कपटरहित और बालक को अपने पुत्र के समान जाननेवाली ऐसी स्त्री को धाय बनावे ॥ १४ ॥

अथ निषिद्धांधात्रीमाह ॥

शोकाकुलाक्षुधार्त्ताच श्रान्ताव्याधिमतीसदा । अत्युच्चानितरांनीचास्थूलातीवभृशं कृशा ॥ गर्भिणीज्वरिणीचापिलम्बोन्नतपयोधरा । अजीर्णभोजिनीचापि तथापथ्यविव र्जिता ॥ आसक्ताक्षुद्रकार्य्येतु दुःखार्त्ताचञ्चलापिच । एतासांस्तन्यपानेन शिशुर्भव तिसामयः ॥ १५ ॥

निषिद्ध धाय के लक्षण ॥

शोकसेव्याकुल, भूखी, थकीहुई, सदैवरोगिणी, बहुत बडी या बहुत छोटी, बहुत मोटी या दुबली, गर्भिणी, ज्वरयुक्त, लंबे और ऊंचे स्तनवाली, अजीर्ण में भोजन करनेवाली, पथ्यरहित, शुद्रकाम करनेवाली, दुःखित और चंचल ऐसी स्त्रियोंके दूधपीनेसे बालक रोगी होजाताहै ॥ १५ ॥

अथ बालस्यस्तन्यपानविधिः ॥

तत्रमाताप्रशस्तांगी चारुवस्त्रापुरोमुखी । उपविश्यासनेसम्यग्दक्षिणंस्तनमम्बु ना ॥ प्रक्षाल्येषत्परिस्राव्य मन्त्राभ्यामभिमन्त्रितम् । उदङ्मुखंशिशुंक्रोडेशनैःसन्धार्य पाययेत् ॥ मातेत्युपलक्षणम् धात्रीच ॥ १६ ॥ ईषत्परिस्राव्य ॥

बालक के दूध पिलाने की विधि ॥

सुन्दर अंगवाली बालककी माता अथवा धाय सुन्दर वस्त्रोंको पहनकर पूर्वाभिमुख आसन पर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बैठकर दक्षिणस्तनको जल से धोकर कुछ दूध निचोड़कर और मंत्रोंसे अभिमंत्रित करके उत्तरकी ओर मुखवाले बालकको गोदी में धीरेसे लुटाकर दूध पिलावे ॥ १६ ॥

अन्यथावैगुण्यमाह । सुश्रुतः । अस्राविर्तस्तनंबालः पिबन्स्तन्येनभूयसा । पूर्णश्रोतावमीकासश्वासैर्भवतिपीडितः ॥ १७ ॥

विनानिचोड़े दूधपिलाने का दोष सुश्रुतजी लिखतेहैं ॥

विनानिचोड़े हुए स्तनको पीनेवाला बालक बहुत दूधसे गलेकी नाड़ीके पूर्ण होजाने के कारण छर्दि खांसी और श्वास से पीड़ित होताहै ॥ १७ ॥

अभिमंत्रणमाह ॥

क्षीरनीरनिधिस्तेतुस्तनयोःक्षीरपूरकः । सदैवशुभगोबालो भवत्येषमहाबलः॥ पयोऽमृतसमम्पीत्वाकुमारस्तेशुभानने । दीर्घमायुरवाप्नोतिदेवाःप्राप्यामृतंयथा ॥ मन्त्रौचपित्रान्येनब्राह्मणेनपठनीयौ यावन्मन्त्रपाठस्तावन्मात्रा धात्र्यादक्षिणहस्तेनस्पर्शःकार्य्यः॥ १८ ॥

अभिमंत्रण ॥

हे सुन्दर नेत्रवाली ! क्षीरसमुद्र और जलसमुद्र तुम्हारे स्तनोंको दूधसे पूर्ण करे यह बालक सदैव सुन्दर और महाबलवान्हो जैसे देवतालोग अमृतको पीकर अमरहुएहैं उसी प्रकार अमृत के समान तुम्हारे दूधको पीकर यह बालक दीर्घायु होवे इनमंत्रोंको पिता या अन्य कोई ब्राह्मण पढ़े जबतक मंत्र पढ़ाजाय तबतक माता अथवा धाय दक्षिण हाथ से दक्षिणस्तनको पकड़ेरहे ॥ १८ ॥

अथ जनन्याक्षीराभावेधात्र्याश्चालाभेप्रकारमाह ॥

क्षीरसात्म्यतयाक्षीरमाजंगव्यमथापिवा।दद्यादास्तन्यपर्य्याप्तेर्बालेभ्योवीक्ष्यमात्रया॥ क्षीरसात्म्यतयेतियतः शिशोः क्षीरमेवासात्म्यम्भवति नत्वन्नादिकम् । स्तन्यपर्य्याप्तेरितियावत्स्त्रियाःस्तन्यस्यसन्ततोभावेनप्राप्तिर्भवति ॥ अथ यावत्स्तन्यपानस्य योग्यतातावदित्यर्थः ॥ १९ ॥

माताके दूध न होने में और धायके न मिलने में उपाय ॥

माता अथवा धायके दूध न मिलने पर जबतक स्त्री के दूधहो आवे अथवा जबतक दूधपीने के लायकहो तबतक बकरी अथवा गौका दूधही मात्राके अनुसार बालक को पिलावे क्योंकि बालक को दूधही सात्म्य होताहै न कि अन्नादिक ॥ १६ ॥

अथ बालस्यान्नप्राशनसमयः ॥

यथोक्तविधिनाबालंमासिषष्ठेऽष्टमेऽपिच । अन्नंसम्प्राशयेत्किञ्चित्ततस्तद्वर्द्धयन्क्रमात् ॥ २० ॥

बालक के अन्नप्राशनका समय ॥

छठे अथवा आठवें महीने में बालक को कुछ अन्न चटावे फिर क्रम २ से बढ़ावे ॥ २० ॥

अथ बालस्य परिचर्य्याविधिः ॥

बालमङ्केसुखन्दद्यान्नचैनन्तर्ज्जयेत्क्वचित् । सहसाबोधयेन्नैवनायोग्यमुपवेशयेत् ॥ अयोग्यंउपवेशनासमर्थम् । नाकृष्यस्थापयेत्क्रोडेनक्षिप्रंशयनेक्षिपेत् । रोदयेन्नक्वचित्कार्ये

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विधिमावश्यकंविना ॥ आवश्यकोविधिःभेषजदानतैलाभ्यंगोद्वर्त्तनादिभिः । तच्चित्तमनुवर्त्तेततंसदैवानुमोदयेत् ॥ निम्नोच्चस्थानतश्चापिरक्षेद्बालं प्रयत्नतः ॥ २१ ॥

बालककी परिचर्य्या की विधि ॥

बालकको सुखपूर्वक गोदी में रखकर सुखी करे और कभी ललकारे नहीं एकीएका न जगावे बैठने की सामर्थ्य विना कभी न बैठावे खेंचकर गोदी में न बैठावे जल्दीसे बिछौने पर न डालदे आवश्यकविधि (औषधिदेना तेललगाना आदि) के विना कभी न रुलावे उसके चित्तके अनुकूल कामकरे सदैव उसको प्रसन्न रक्खे और नीचे ऊंचे स्थान से बालककी यत्नपूर्वक रक्षाकरे ॥ २१ ॥

बालस्य स्वभावाद्धितान्याह ॥

अभ्यंगोद्वर्त्तनंस्नानंनेत्रयोरञ्जनन्तथा । वसनंमृदुयत्तच्चतथामृद्वनुलेपनम् ॥ जन्मप्रभृतिपथ्यानिबालस्यैतानिसर्व्वथा ॥ २२ ॥

बालककी स्वाभाविक हितकारी वस्तु ॥

तेल लगाना, उबटन, स्नान, नेत्रों में अञ्जन, कोमल वस्त्र और कोमललेप यह सब बालकको जन्म सेही लेकर हितकारी हैं ॥ २२ ॥

बालस्य कवलादेःसमयमाह ॥

कवलःपञ्चमाद्वर्षादष्टमान्नस्यकर्मच । विरेकःषोड़शाद्वर्षाद्विंशतेश्चैवमैथुनम् ॥२३॥

बालकको ग्रास आदि देनेका समय ॥

बालक को पांचवें वर्ष से ग्रास आठवें से हुलास सोलहवें से विरेचन और बीसवें वर्षसे मैथुन उचितहै ॥२३॥

बालादेरवधिमाह सुश्रुतः ॥

वयस्तुत्रिविधम्बाल्यं मध्यमंवार्द्धकन्तथा । ऊनषोड़शवर्षस्तु नरोबालोनिगद्यते ॥ त्रिविधःसोऽपिदुग्धाशी दुग्धान्नाशीतथान्नभुक् । दुग्धाशीवर्षपर्य्यन्तंदुग्धान्नाशीशरद्द्वयम् । तदुत्तरंस्यादन्नाशी एवंबालस्त्रिधामतः ॥ २४ ॥

सुश्रुतकी कहीहुई बाल्यावस्था आदिकी अवधि ॥

तीनप्रकारकी अवस्था होती हैं बाल्य मध्यम और वृद्धता सोलह वर्षसे कमका बालक कहावता है वह तीनप्रकारका होताहै दूध पीनेवाला दूध और अन्न खानेवाला और केवल अन्न खानेवाला एक वर्षतक दूध पीनेवाला दो वर्षतक दूध और अन्न खानेवाला इसके उपरान्त सुन्दर अन्न खानेवाला यह तीन प्रकारके बालक होते हैं ॥ २४ ॥

मध्येषोड़शसप्तत्योर्मध्यमःकथितोबुधैः । चतुर्द्धामध्यमोवृद्धियुवापूर्णक्षयान्वितः ॥ भवेदाविंशतेर्वृद्धिःयुवाद्यात्रिंशतोमतः । चत्वारिंशत्समायावत्तिष्ठेद्वीर्य्यादिपूरितः ॥ ततःक्रमेणक्षीणःस्याद्यावद्भवतिसप्ततिः ॥ वीर्य्यादित्यादि शब्देन रसादिसर्व्वधात्विन्द्रियबलोत्साहा उच्यन्ते । क्षीणःसर्व्वधात्विन्द्रियबलोत्साहैर्हीनः ॥ ततस्तुसप्ततेरूर्ध्वं क्षीणधातुरसादिकः । क्षीयमाणेन्द्रियबलःक्षीणरेतादिनेदिने ॥ वलीपलितखालित्ययुक्तः कर्मसुचाक्षमः । कासश्वासादिभिःक्लिष्टो वृद्धोभवतिमानवः ॥ २५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सोलह और सत्तर वर्षके बीच में मध्यम कहलाताहै वह चारप्रकारका होताहै वृद्धि युवा पूर्ण और क्षययुक्त बीसवर्षतक वृद्धि होती है बत्तीस वर्षतक युवा रहताहै चालीस वर्षतक वीर्य्यादिकों से पूर्ण रहताहै फिर क्रमसे सम्पूर्णधातु इन्द्रिय बल और उत्साहसे सत्तर वर्ष पर्यन्त क्षीण होताहै और सत्तर वर्षके उपरान्त क्षीणहुये धातु और रसवाला क्षीण इन्द्रिय और बलवाला प्रतिदिन क्षीणहुये वीर्य्यवाला झुरीं बालोंका पकना खालित्य (बांयटे आदि) से युक्त कार्य्यों में असमर्थ खांसी और श्वासादिकों से पीडित मनुष्य वृद्ध कहलाताहै ॥ २५ ॥

बाल्येविवर्द्धतेश्लेष्मा पित्तंस्यान्मध्यमेधिकम् । वार्द्धकेवर्द्धतेवायुर्विचार्य्यैं तदुपक्रमेत् ॥ उपक्रमेत् चिकित्सेत् तंत्रांतरेतु । बाल्यंवृद्धिश्छविर्मेधा त्वग्दृष्टिःशुक्रविक्रमौ ॥ बुद्धिःकर्मेन्द्रियञ्चेतो जीवितन्दशतोह्रसेत् ॥ २६ ॥

बाल्यावस्थामें श्लेष्मा बढ़ताहै मध्यममें पित्त अधिक होताहै और वृद्धावस्थामें वायु बढ़ती है ऐसा विचारकर चिकित्साकरे शास्त्रान्तर में कहाहुआहै कि बाल्य वृद्धि छवि मेधा त्वचा दृष्टि वीर्य बल बुद्धि कर्मेन्द्रिय चित्त और जीव यह जन्म से लेकर क्रम से दश २ वर्ष में घटते जाते हैं ॥ २६ ॥

अथ प्रकृतिलक्षणानि ॥

सप्तप्रकृतयोनॄणांवातात्पित्तात्कफात्तथा । संसर्गात्सन्निपाताच्च भवन्तिभिषजाम्मते ॥ शुक्रशोणितसंयोगो योदोषस्तूत्कटोभवेत् । प्रकृतिर्जायतेतेन तस्यालक्षणमुच्यते ॥ २७ ॥

प्रकृतियों के लक्षण ॥

मनुष्योंकी सात प्रकृति होती हैं वातसे पित्तसे कफसे तीनोंके अलग२ संसर्गसे और तीनोंके मिलनेसे वीर्य और रजके संयोगके समय जौनसा दोष अधिक होताहै उसीसे प्रकृति होती है उसका लक्षण कहते हैं ॥ २७ ॥

वाग्भटेत्वात्रेयादयः । शुक्रासृग्गर्भिणीभोज्यचेष्टागर्भाशयान्तरे । यःस्याद्दोषोऽधिकस्तेन प्रकृतिःसर्व्वथोदिता ॥ सोऽपिदोषःस्वभावावस्थितो नतुदुष्टःदुष्टेनतु शुक्रशोणितयोर्दुष्टाशुद्धगर्भसम्भवात् ॥ २८ ॥

वाग्भटमें आत्रेयादिकोंने कहाहै कि वीर्य और रजमें तथा गर्भिणीके आहार विहारके द्वारा गर्भाशयमें जिस दोषकी अधिकता होती है उसीके अनुसार सात प्रकारकी प्रकृति होती हैं वह दोष भी स्वाभाविक लियाजाताहै नकि विकारयुक्त क्योंकि विकारको प्राप्तहुयेसे तो बिगड़ेहुये वीर्य और रजसे गर्भका होनाही असम्भवहै ॥ २८ ॥

जागरूकोऽल्पकेशश्च स्फुटितांघ्रिकरःकृशः । शीघ्रगोबहुवाग्रूक्षः स्वप्नेवियतिगच्छति ॥ एवंविधःसविज्ञेयो वातप्रकृतिकोनरः ॥ २९ ॥

वातप्रकृति के लक्षण ॥

बहुत जागनेवाला, थोड़े बालवाला, फटेहुये हाथ पैर वाला, दुर्बल, शीघ्रगामी, बहुत बोलनेवाला, रूखा और स्वप्न में आकाशमें चलनेवाला मनुष्य वातप्रकृतिवाला होताहै ॥ २९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पित्तप्रकृतिकोलोको यादृशोऽथनिगद्यते । अकालपलितोगौरः क्रोधीस्वेदीचबुद्धिमान् ॥ बहुभुक्ताघ्रनेत्रश्च स्वप्नेज्योतींषिपश्यति । एवंविधोभवेद्यस्तु पित्तप्रकृतिको नरः ॥ ३० ॥

पित्तप्रकृतिके लक्षण ॥

विना समयके श्वेतबालवाला- गौरवर्ण- क्रोधी- बहुतपसीनेवाला- बुद्धिमान्- बहुतभोजन करनेवाला और स्वप्नमें तेजोंका देखनेवाला मनुष्य पित्तप्रकृतिवाला होता है ॥ ३० ॥

श्यामकेशःक्षमीस्थूलो बहुवीर्य्योमहाबलः । स्वप्नेजलाशयालोकी श्लेष्मप्रकृतिको नरः॥दृश्यतेप्रकृतौयत्र रूपंदोषद्वयस्यतु।द्विसंसर्गेणजानीयात्सर्वैर्लिंगैस्त्रिदोषजम्॥३१॥

कफप्रकृतिके लक्षण ॥

श्यामकेशवाला- क्षमाकरनेवाला- स्थूल- बहुतवीर्य्यवाला- महाबलवान् और स्वप्नमें जलाशयोंका देखनेवाला मनुष्य कफप्रकृति होताहै- जिस प्रकृतिमें दो दोषोंका रूपदिखाईदे वह संसर्गज और जिसमें सबके चिह्न दिखाई देवें वह त्रिदोषज जानना चाहिये ॥ ३१ ॥

वाग्भटेतु। विभुत्वादाशुकारित्वाद्बलित्वादल्पकोपनात् । स्वातन्त्र्याद्बहुरोगत्वाद्दोषाणांप्रबलोनलः ॥ ३२ ॥

वाग्भटमें तो ऐसा कहाहै कि सर्वव्यापक होना-शीघ्रकारी होना-बलवान्होना-कोपकमकरना-स्वतन्त्रता और बहुत रोगोंको उत्पन्नकरना इनगुणों से वायु सब दोषोंमें प्रबलहै ॥३२॥

शीत प्रायस्तएव पवनाध्युषिता मनुष्या दोषात्मकाः स्फुटितधूसर केशगात्राः ॥ शीतद्विषश्चलधृतिस्मृतिबुद्धिचेष्टाः । सौहार्ददुष्टगतयोऽतिबहुप्रलापाः ॥ अल्पपित्तकफजीवितनिद्रासन्नशक्तबहुजर्ज्जरवाचः । नास्तिकाबहुभुजःसविलासा गीतहास्यमृगयाकलिलोलाः ॥ मधुराम्लकटूष्णसात्म्यकांक्षाः कृशदीर्घाकृतयः सशब्दयानाः। नदृढ़ा न जितेन्द्रिया नवीर्य्याः नच कान्तादयिताबहुप्रजावा ॥ अक्षीणि चैवं खरधूसराणि वृत्तान्यचारूणि मृतोपमानि । उन्मीलितानीव भवन्ति सुप्ते शैलद्रुमान्ते गगनंप्रयाति॥ अधन्यामत्सराध्मानास्तेनाः प्रोद्धतपिण्डिकाः ॥ स्वप्नेश्रृगालोष्ट्रगृध्राखुकाकोलूकाश्च वातिकाः ॥ ३३ ॥

वाग्भटमें कहेहुए वातप्रकृतिके लक्षण ॥

वातप्रकृति मनुष्य प्रायः दोषयुक्त होतेहैं फटेगात्रवाले, धूसरकेशवाले, शीतसे द्वेष करनेवाले, चंचल, धैर्य्य, स्मृति, बुद्धि और चेष्टावाले मित्रतामें दुष्टता करनेवाले, बहुत बोलनेवाले, थोड़े पित्त कफ जीवन और निद्रासे युक्त, बहुत जर्जरबाणी वाले, नास्तिक, बहुत भोजन करनेवाले, विलास से युक्त, गाने, हंसने और शिकार खेलनेमें तत्पर, मधुर- अम्ल,कटु और उष्ण भोजनके अभ्यासमें रुचि रखने वाले, दुर्बल और लम्बे आकारवाले शब्द सहित गमन करनेवाले, दृढ़तासे रहित, इन्द्रियों के नहीं जीतनेवाले,हीन वीर्य्य,स्त्रियोंके अप्रिय,बहुत सन्तानोंसे रहित,रूखे, धूसर, गोल सुन्दरतारहित और मृतकोंके समान नेत्रवाले, सोनेमें खुलेसे नेत्रवाले स्वप्नमें पर्व्वत वृक्ष तथा आकाशमें जाने-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वाले, यशरहित, ईर्षायुक्त, चोर और उठी हुई पिंडलीवाले वातप्रकृति होतेहैं कुत्ता शृगाल ऊंट गृध्र मूसा काग और उलूक यहभी वातप्रकृति होतेहैं ॥ ३३ ॥

पित्तंवह्निर्वह्निजंवैतदस्मात् पित्तोद्रिक्तस्तीव्रतृष्णोबुभुक्षुः ॥ गौरोष्णांगस्ताम्रहस्तांघ्रियुग्मः शूरोमानी पिंगकेशोऽल्परोमा ॥ दयितमाल्यविलेपनमण्डनः सुरचितः शुचिराश्रितवत्सलः । विभवसाहसबुद्धिबलान्वितो भवति भीष्मगतिर्द्विषतामपि ॥ मेधावी प्रशिथिलितसन्धिबन्धमांसो नारीणामनभिमतोऽल्प शुक्रकामः ॥ आवासश्चलिततरंगनीरकेषु । भुंक्तेऽन्नं मधुरकषायतिक्तशीतम् ॥ धर्मद्वेषी स्वेदनः पूतिगन्धिर्भूर्य्युच्चारक्रोधपानाशनेर्ष्यः । सुप्तःपश्येत् कर्णिकारान् पलाशान् दिग्दाहोल्का विद्युदर्कानलांश्च ॥ तनूनिपिंगानि चलानिचैषां तन्वल्प पक्ष्माणि हिमप्रियाणि । क्रोधेन मद्येनरवेश्च भासा रागं व्रजन्त्याशु विलोचनानि ॥ मध्यायुषोमध्यबलाःपण्डिताःक्लेशभीरवः । व्याघ्रर्क्षकपिमार्जारयक्षाभूताश्चपैत्तिकाः ॥ ३४ ॥

पित्तप्रकृतिके लक्षण ॥

पित्त अग्निस्वरूप और अग्निसे उत्पन्न हुआहै इससे पित्तप्रकृतिवाला पुरुष तीव्र तृषा और क्षुधावाला गौरवर्ण उष्ण अंग लाल हाथ पैर और नेत्रवाला शूर अभिमानी पिंगलकेश और थोड़े रोमवाला प्रिय पुष्पादिकोंकी माला और सुगन्धादि द्रव्योंके लेपोंसे आभूषित सत् चरित्र पवित्र आश्रितोंका प्रतिपालक ऐश्वर्य्य साहस बुद्धि और बल करके युक्त शत्रुओंका भी भयमें रक्षाकरनेवाला बुद्धिमान् शिथिल सन्धि बन्धन और मांसवाला स्त्रियोंको अप्रिय थोड़े वीर्य्य और कामदेववाला चंचलतरंगवाले जलमें बास करनेवाला मधुर कषैला तिक्त और शीतल भोजन करनेवाला धर्मद्वेषी वहुत पसीनेवाला शरीरमें दुर्गन्धि युक्त मल क्रोध पान भोजन और ईर्षाकी अधिकतासे युक्त स्वप्नमें कनेर टेसूके फूल दिग्दाह उल्का बिजली सूर्य्य और अग्निका देखनेवाला सूक्ष्म पिंगल वर्ण चंचल थोड़े पलकवाले शीतलताके चाहनेवाले क्रोध मद्य और सूर्य्यके तेजसे रक्तवर्णहोनेवाले नेत्रोंसे युक्त मध्यम अवस्था और वलवाले पण्डित और क्लेशसे डरनेवाले होतेहैं व्याघ्र रीछ वन्दर बिल्ली भेड़िया और भूत यह पित्तप्रकृतिहैं ॥ ३४ ॥

श्लेष्मासोमः श्लेष्मलस्तेनसौम्यो गूढ़स्निग्ध श्लिष्टसन्ध्यास्थिमांसः । क्षुत्तृड्दुःखक्लेशधर्मैरतप्तोबुद्ध्यायुक्तः सात्विकः सत्यसन्धः ॥ प्रियंगुदूर्वाःशरकाण्ड दर्भ गोरोचना पद्मसुवर्णवर्णः ॥ प्रलम्बबाहुः पृथुपीनवक्षाः महाललाटो घननीलकेशः ॥ मृदंगः समसुविभक्त चारुदेहो बह्वोजा रतिरसयुक्तसपुत्रभृत्यः ॥ धर्मात्मा वदति न निष्ठुरंचजातु प्रच्छन्नं वहतिदृढं चिरञ्च वैरम् ॥समदद्विरदेन्द्र तुल्ययानो जलदाम्भोधिमृदंग शंखघोषः । स्मृतिमानभियोगवान्विनीतो नच बाल्येऽप्यति रोदनो न लोलः ॥ तिक्तंकषायंकटुकोष्णरूक्षमल्पञ्चभुंक्तेबलवांस्तथापि ॥ रक्तान्तसुस्निग्धविशालदीर्घसुव्यक्तशुक्लासितपद्मलाक्षः॥ अल्पाहार क्रोधपानाशनेर्ष्यः प्रज्ञावित्तोदीर्घसूत्रीवदान्यः हदूगम्भीरः स्थूलवक्षाः क्षमावान्निद्रालुश्चालुब्धवृत्तःकृतज्ञः ॥ ऋजुविपश्चित्सुभग,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सलज्जोभक्तो गुरूणांस्थिरसौहृदश्च ॥ स्वप्नेसपद्मान्सविहंगमालास्तोयाशया नूपश्यतितोयदांश्च ॥ विष्णुरुद्रेन्द्रवरुणतार्क्ष्यहंसगजाधिपैः । श्लेष्मप्रकृतयस्तुल्या स्तथासिंहाश्वगोवृषैः ॥ ३५

श्लेष्मप्रकृतिके लक्षण ॥

श्लेष्मा सोमस्वरूप होताहै इसी से कफप्रकृति मनुष्य सौम्य होताहै उसकी सन्धि और हड्डी दिखाई नहीं देतीहैं और मांस चिकना होताहै वह क्षुधा तृषा और मानसिक तथा बाह्य दुःखोंसे संतप्त नहीं होता बुद्धिमान् सात्त्विक और सत्य बोलनेवाला होताहै कांगनी दूब शर्कण्डा कुश गोरोचन कमल और सुवर्णके समान वर्णवाला होताहै उसकी भुजा लम्बी छाती मोटी और चौडी बडाललाट और बाल नीले और घने होतेहैं उसका शरीर कोमलअंग सुडौल सुन्दरदेह और ओज मैथुन शक्ति रस वीर्य्य और पुत्र अधिक होतेहैं और भृत्यभी अधिक होते हैं वह धर्मात्मा और कभी कटोरवचन नहीं कहताहै द्वेष को चित्तमें छिपाहुआ और दृढ रखताहै उसका गमन मतवाले हाथी के समान और स्वर मेघ समुद्र मृदंग तथा शंखके समान गंभीर होताहै वह स्मरण शक्ति और उद्योग युक्त होकर बहुत सुशील होताहै और बाल्यअवस्था में भी बहुत रोनेवाला और चंचल नहीं होता है तिक्त कषैला कटु उष्ण रूखा और थोडा भोजन करनेपर भी बलवान् रहताहै उसके नेत्र भीतर कोनेकी ओर लाल चिकने बडे और लम्बे श्वेत और कृष्ण भाग अच्छी रीतिसे प्रकाशित और मोटे पलकवाले होतेहैं आहार क्रोध तृषा वचन और ईर्षा यह स्वल्प होते हैं दूरदर्शी दीर्घसूत्री उदार गंभीर हृदय चौडी छाती क्षमायुक्त अधिक निद्रालु लोभरहित कृतज्ञ सीधा पण्डित सुन्दर लज्जावान् गुरुभक्त और अचल प्रेमवाला होताहै और स्वप्नमें कमल और जलजीवों से युक्त तडागोंको तथा मेघों को देखताहै विष्णु रुद्र इन्द्र वरुण गरुड हंस ऐरावत सिंह घोडा गौ और बैल यह भी कफप्रकृति होते हैं ॥ ३५ ॥

ननुप्रकृतिहेतूनां मध्येयोऽधिकःसस्वव्याधीन्कथं नकरोतीत्याशङ्कामाह ॥ विषजातोयथाकीटो नविषेणप्रबाध्यते । तद्वत्प्रकृतयोमर्त्यंशक्नुवन्तिनबाधितुम् ॥ एतौद्वौनत्रावपीषदर्थैतेन विशेषेणविषजदाहादिना । ईषत्प्रबाध्यते नतुभृशं तथाचप्रकृतयःप्रकृतिहेतवोदोषाः बाधितुंनशक्नुवन्तिकरचरणस्फुटितत्वंस्वेदनिद्राधिक्यादिनाईषद्बाधितुंशक्नुवन्त्येव॥ नतुज्वरादिभिः। प्रकोपोवान्यभावोवाक्षयोवानोपजायते। प्रकृतीनांस्वभावेन जायतेतुगतायुषः ॥ ३६ ॥

इति श्रीमिश्रलटकनतनयश्रीमन्मिश्रभावविरचिते
भावप्रकाशेबालप्रकरणंतृतीयम् ॥ ३ ॥

यह सन्देह उत्पन्न होसकाहै कि प्रकृतियोंके कारणोंमें से जो अधिक होताहै वह अपने २ रोगों को क्यों नहीं उत्पन्न करताहै इसके उत्तरमें कहतेहैं कि जैसे विष से उत्पन्नहुआ कीट विषसे बहुत पीडित नहीं होताहै उसी प्रकार प्रकृति के कारण वातादिक भी मनुष्यको बहुत पीडित नहीं करते हैं अर्थात् हाथपैरोंका फटना अधिक श्वेत होना और निद्राकी अधिकता आदि से कुछ पीडिततो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

करतेहीहैं परन्तु ज्वर आदि रोगोंसे अत्यन्त पीडित नहीं करतेहैं प्रकृतियोंकेद्वारा वातादिकोंका कोप नहीं होता प्रकृतियोंका भेद नहीं होता और क्षय नहीं होता और जो यह बातें होयँ तो मनुष्यको गत आयु जानना चाहिये ॥ ३६ ॥

इति श्रीमिश्रलटकनतनयश्रीमन्मिश्रभावविरचितभावप्रकाश
स्यभाषानुवादे बालप्रकरणं तृतीयम् ॥ ३ ॥

अथदेशाः ॥

भूमिदेशस्त्रिधानूपो जांगलोमिश्रलक्षणः । तत्रानूपलक्षणम् ॥ नदीपल्वलशैलाढ्यः फुल्लोत्पलकुलैर्युतः ॥ हंससारसकारण्डचक्रवाकादिसेवितः । शशवाराहमहिषरुरुरोहिकुलाकुलः ॥ प्रभूतद्रुमपुष्पाढ्यो नीलशस्यफलान्वितः । अनेकशालिकेदारकदलीक्षविभूषितः ॥ अनूपदेशोज्ञातव्यो वातश्लेष्मामयार्त्तिमान् ॥ २ ॥

देशोंका वर्णन ॥

भूमिदेश तीनप्रकारकेहैं अनूप-जांगल और साधारण १ (अनूपदेशका लक्षण) जिस देशमें नदी छोटे २ तडाग- पर्व्वत- प्रफुल्लित कमल, हंस, सारस, कारंड (बत्तक) चकवा चकवी आदि पक्षी खरगोश; शूकर, भैंस, भैंसा, रुरुमृग आदि पशु बहुत वृक्ष और पुष्प, नीलेधान फल अनेक प्रकार के चावलोंसे युक्त खेत, केला और ऊख यह सब शोभायमानहों वह अनूपदेश जानना चाहिये और ऐसे देशमें वात और कफकी पीडा अधिकहोती है ॥ २ ॥

अथ जांगललक्षणम् ॥

आकाशशुभ्रउच्चश्चस्वल्पपानीयपादपः । शमीकरीरबिल्वार्कपीलुकर्कन्धुसंकुलः ॥ हरिणैणर्क्षपृषत गोकर्णखरसंकुलः ॥ सुस्वादुफलवान्देशोवातलोजांगलःस्मृतः ॥ ३ ॥

जांगलदेशके लक्षण ॥

जो देश आकाशके समान निर्मल तथा ऊंचाहो और जिसमें जलाशय और वृक्ष न्यूनहों, शमी, करील, बेल आक और बेर, यह सबवृक्ष बहुत उत्पन्नहों और जिसमें हरिण, एणनाममृग, रीछ पृषत (मृगविशेष) गोकर्ण (मृगभेद) और गर्दभ यह बहुतरहें वह देश अच्छे फलों से युक्त जांगल कहाताहै और देशवादी होतीहै ॥ ३ ॥

तत्रान्तरे । बहूदकनगोऽनूपःकफमारुतरोगवान् । जांगलोऽल्पाङ्गशाखीचपित्तासृङ्मारुतोत्तरः ॥ ४ ॥

शास्त्रान्तरमें तो बहुत जल और पर्वतोंसे युक्त देश अनूप कहलाताहै इसमें कफ और वायु के रोग बहुत होतेहैं और थोडे जल और वृक्षवाला जांगलदेशहै इसमें पित्त रुधिर और वायुकी अधिकता होतीहै ॥ ४ ॥

साधारणलक्षणम् ॥

संसृष्टलक्षणोयस्तुदेशःसाधारणोमतः । समास्साधारणेयस्माच्छीतवर्षोष्णमारुताः ॥ समतातेनदोषाणां तस्मात्साधारणोवरः ॥ ५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

साधारण देशके लक्षण ॥

जिस में अनूप और जांगल इनदोनों देशोंके लक्षण मिलें वह साधारण देशहै और उसमें शीत वर्षा गर्मी तथा वायु समहोते हैं दोषों के समहोने के कारण साधारण देश उत्तम है ॥ ५ ॥

(सुश्रुतात्) उचितेवर्त्तमानस्या नास्तिदुर्देशजंभयम्। आहारस्वप्नचेष्टादौ तद्देशस्य कृतेसति (वृद्धवाग्भटः) यस्यदेशस्ययोजन्तुस्तज्जन्तस्यौषधंहितम् । देशादन्यत्र वसतस्तत्तुल्यगुणमौषधम् ॥ स्वेदेशेनिचितादोषा अन्यस्मिन्कोपमागताः । बलव न्तस्तथानस्युर्जलजास्थानजास्तथा ॥ ६ ॥

जो उचितदेश में रहकर आहार, स्वप्न और चेष्टादिकों में उसी देशके अनुकूल आचरण करे उस को दुष्टदेशका भय नहीं होताहै यह सुश्रुतमें लिखाहै वृद्धवाग्भट में कहा है कि जिसका जिसदेशमें जन्म और बासहो उसको उसी देशकी औषधि उपकारीहै और उसदेशको त्यागकरके दूसरे देशमें रहनेवाले को जिसदेशमें रहताहो उसी की औषधि गुणकारीहै क्योंकि जलज अथवा स्थलजदेश में इकट्ठे हुये दोष अन्य देश में जाकर कुपित हुये विशेष बलवान् नहीं होसक्ते ॥ ६ ॥

अथ दिनादिचर्य्या ॥

मानवोयेनविधिनास्वस्थस्तिष्ठतिसर्वदा । तमेवकारयेद्वैद्योयतःस्वास्थ्यंसदेप्सितम् दिनचर्य्यांनिशाचर्य्यामृतुचर्य्यांयथोदिताम् । आचरन्पुरुषःस्वस्थःसदातिष्ठति नान्यथा ॥ ७ ॥

दिनचर्य्या ॥

मनुष्य जिस विधि (आहार विहारादि) से सदैव प्रसन्नरहै वैद्यको उचितहै कि उसी रीतिको करवाये क्योंकि प्रसन्नता सदैव सब को प्रियहै कही हुई विधि से दिनचर्य्या रात्रिचर्य्या और ऋतु-चर्य्याको करताहुआ पुरुष स्वस्थ रहताहै अन्यथा नहीं रहता ॥ ७ ॥

तत्र स्वस्थस्यलक्षणमाह ॥

(सुश्रुतः)समदोषःसमाग्निश्चसमधातुमलक्रियः। प्रसन्नात्मेंद्रियमनाःस्वस्थ इत्यभि धीयते ॥ क्रियात्रकर्मतेनसमक्रियः। शरीरानुरूपकर्मा ॥ ८ ॥

स्वस्थका लक्षण ॥

वातादि दोष अग्निमल और रसादि धातुओं की समताहो—शरीर के अनुसार कार्य्य में शक्तिहो आत्माइन्द्रिय और मन प्रसन्नहो तो स्वस्थ कहलाता है ॥ ८ ॥

तत्र दिनचर्य्यामाह ॥

ब्राह्मेमुहूर्तेबुद्ध्येत स्वस्थोरक्षार्थमायुषः। तत्रदुःखस्यशान्त्यर्थस्मरेद्धिमधुसूदनम् ॥ दध्याज्यादर्शसिद्धार्थबिल्वगोरोचनास्रजाम् । दर्शनंस्पर्शनंकार्य्यंप्रबुद्धेनशुभावहम् ॥ स्वमाननंघृतेपश्येद्यदीच्छेच्चिरजीवितम् । आयुष्यमुषसिप्रोक्तंमलादीनांविसर्जनम् ॥ तदत्रकूजनाध्मानोदरगौरववारणम् । आदिशब्देनवातमूत्रादीनांग्रहणम् ॥ आटोप शूलौपरिकर्त्तिकाच संगःपुरीषस्यतथोर्ध्ववातः। पुरीषमास्यादथवानिरेति पुरीषवेगेऽभि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हतेनरस्य ॥ परिकर्त्तिका। गुदेपरिकर्त्तनवत्पीडा । पुरीषस्य संगोनिरोधः । ऊर्ध्ववातः उद्गाढवाहुल्यम् ॥ वातमूत्रपुरीषाणां संगोऽध्मानं क्लमोरुजा । जठरे वातजाश्चान्ये रोगाःस्युर्वातनिग्रहात् ॥ वस्तिमेहनयोःशूलं मूत्रकृच्छ्रंशिरोरुजा । विनामोवङ्क्षणाना हःस्याल्लिङ्गंमूत्रनिग्रहे ॥ विनामःशरीरस्य नम्रतावङ्क्षणानाहः । वंक्षणस्याकर्षण व त्पीडा ॥ नवेगितोऽन्यकार्यःस्यान्नवेगानीरयेद्बलात् । कामशोकभयक्रोधान् मनो वेगान्विधारयेत् ॥ गुदादि मलमार्गाणां शौचं कान्तिबलप्रदम् । पवित्रकरमाख्यातम लक्ष्मीकलिपापहृत् ॥ प्रक्षालनंमतंपाण्योः पादयोःशुद्धिकारणम् । मलश्रमहरंवृष्यं च क्षुष्यंराजसापहम् ॥ ६ ॥

दिनचर्य्या ॥

स्वस्थ मनुष्य स्वस्थताकी रक्षाके लिये ब्राह्ममुहूर्त्तमें उठकर दुःखकी शांतिके लिये मधुसूदनजी का स्मरण करे फिर दही घृत सरसों बेल–गोरोचन-इनका सुखदायी दर्शन तथा स्पर्शकरे-और जो बड़ी आयुकी इच्छाकरे तो घृत में अपने मुख को देखे–प्रातःकाल मल मूत्रादि का त्यागकरना भी आयुका बढ़ानेवालाहै क्योंकि उससे उदरका गडगड़ाना–अफरा और भारीपन दूरहोताहै मल के वेग रोकनेसे मनुष्य के उदर में गड़ २ शब्दपीड़ा गुदामें कैंची से काटने कीसी पीड़ा कब्ज बहुत डकारें और मुख से मल निकलना यह सब बातें होतीहैं, वायुके रोकने से वायुमल मूत्रका निरोध उदर में अफरा ग्लानि पीड़ा और उदरमेंवायुके अनेकरोग उत्पन्न होतेहैं, मूत्रका वेगरोकनेसे पेडू और लिंगमें पीड़ा मूत्रकृच्छ्र शिर में पीड़ा शरीरकी नम्रता और वंक्षण में खेंचने के समान पीड़ा होती है मलादिकों का वेग उपस्थित होने पर अन्यकार्य्य न करे और बलकरके मलको निकाले नहीं परन्तु काम शोकभय और मनके वेगोंकोरोके गुदादि मलोंके मार्गका शौच कान्ति और बलकादेनेवाला पवित्र आयुवर्द्धक और दुर्भाग्य तथा कलिके पापका नाश करनेवाला कहागयाहै, हाथ और पैरों का धोना शुद्ध करनेवाला मल तथा श्रमका नाशक वीर्य्यवर्द्धक नेत्रों को हितकारी और रजोगुण का नाश करनेवाला होताहै ॥ ६ ॥

दन्तकाष्ठ विधिः।

भक्षयेद्दन्तपवनं द्वादशांगुलमायतम् । कनिष्ठिकाग्रवत्स्थूलमृज्वग्रन्थितथाऽव्रण म् ॥ एकैकंघर्षयेद्दन्तं मृदुनाकूर्चकेणतु । दन्तशोधनचूर्णेन दन्तमांसान्यबाधयन् ॥ क्षौ द्रत्रिकटुकाक्तेन तैलसिन्धुभवेनवा । चूर्णेनतेजोवत्याश्च दन्तान्नित्यंविशोधयेत् ॥ तेजो वती तेजवल्कल इतिलोकेप्रसिद्धा । मधूकोमधुरेश्रेष्ठः करञ्जःकटुकेतथा ॥ निम्बस्स्या त्तिक्तकेश्रेष्ठः कषायेखदिरस्तथा समयन्तुसमालोक्यदोषञ्चप्रकृतितथा ॥ यथोचितैर सैर्वीर्य्यैर्युक्तंद्रव्यंप्रयोजयेत् । तेनास्यमुखवैरस्यदन्ताजिह्वास्यजागदाः ॥रुचिवैशद्यलघु तानभवन्तिभवन्तिच । अर्केवीर्य्यंवटेदीप्तिः करञ्जेविजयोभवेत् ॥ प्लक्षेचैवार्थस म्पत्ति र्वदर्य्यांमधुराशनम् । खदिरेमुखसौगन्ध्यं बिल्वेतुविपुलंधनम् ॥ उदम्बरेतुवाक् सिद्धिराम्रेत्वारोग्यमेवच । कदम्बेतुधृतिर्मेधा चम्पकेदृढवाक्श्रुतिः ॥ शिरीषेकीर्त्ति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सौभाग्यमायुरारोग्यमेवच । अपामार्गेधृतिर्मेधाप्रज्ञाशक्तिस्तथाशने ॥ दाडिम्यांसुन्दराकारः ककुभेकुटजेतथा । जातीतगरमन्दारैर्दुःस्वप्नञ्चविनश्यति ॥ गुवाकतालहिन्तालं केतकश्चबृहद्वरः । खर्जूरंनारिकेरञ्च सप्तैतेतृणराजकाः ॥ तृणराजसमुत्पन्नं यःकुर्याद्दन्तधावनम् । नरश्चाण्डालयोनिःस्याद्यावद्गंगान्नपश्यति ॥ नखादेद्गलताल्वोष्ठजिह्वादन्तगदेषुतत् । मुखस्यपाकेशोथेच श्वासकासवमीषुच ॥ दुर्बलोजीर्णभुक्तश्च हिक्कामूर्च्छामदान्वितः । शिरोरुजार्त्तस्तृषितःश्रान्तःपानक्लमान्वितः ॥ अर्दितः कर्णशूलीच नेत्ररोगीनवज्वरी । वर्ज्जयेद्दन्तकाष्ठन्तु हृदामययुतोऽपिच ॥ अजीर्णभुक्तः नजीर्णं भुक्तं यस्यसः । जिह्वानिर्लेखनंहैमं राजतंताम्रजंतथा ॥ पाटितंमृदुतत्काष्ठं मृदुपत्रमयंतथा । (तत्काष्ठंदन्तशोधनयोग्यंकाष्ठम्) दशांगुलंमृदुस्निग्धं तेनजिह्वांलिखेत्सुखम् । तज्जिह्वामलवैरस्यदुर्गन्धजडताहरम् ॥ गंडूषमपिकुर्व्वीत शीतेनपयसामुहुः । कफतृष्णामलहरं मुखांतःशुद्धिकारकम् ॥ सुखोष्णोदकगण्डूषः कफारुचिमलापहः । दन्तजाड्यहरश्चापि मुखलाघवकारकः ॥ विषमूर्च्छामदार्त्तानां शोषिणांरक्तपित्तिनाम् । कुपिताक्षिमलक्षीणरूक्षाणांसनशस्यते ॥ सुखोष्णोदकगण्डूषः । मुखप्रक्षालनंशीतपयसारक्तपित्तजित् ॥ मुखस्यपीडिकाशोषनीलिकाव्यंगनाशनम् । कुर्य्याद्वापिकदुष्णेन पयसास्यविशोधनम् ॥ कफवातहरंस्निग्धं मुखशोषविनाशनम् । कटुतैलादिनस्यार्थं नित्याभ्यासेनयोजयेत् ॥ प्रातःश्लेष्मणिमध्याह्ने पित्तेसायंसमीरणे । सुगन्धवदनाःस्निग्धानिःस्वनाविमलेन्द्रियाः ॥ निर्वलीपलितव्यंगा भवेयुर्नस्यशीलिनः । सौवीरमञ्जनंनित्यं हितमक्ष्णोस्ततोभजेत् ॥ लोचनेभवतस्तेन मनोज्ञेसूक्ष्मदर्शने । सौवीरं श्वेतसुरमा इति लोके प्रसिद्धम् ॥ स्रोतोऽञ्जनंमतंश्रेष्ठं विशुद्धंसिन्धुसम्भवम् । दृष्टेःकण्डूमलहरं दाहक्लेदरुजापहम् ॥ अक्ष्णोरूपावहञ्चैव सहतेमारुतातपौ । नेत्ररोगानजायन्ते तस्मादञ्जनमाचरेत् ॥ स्रोतोऽञ्जनंकृष्णसुरमा इति लोके । विशुद्धंशोधनं विनापि सिन्धुसम्भवम् । सिंधुनाम पर्वतः तत्रसम्भवम् ॥ रात्रौजागरितःश्रान्तश्छर्दितोभुक्तवांस्तथा । ज्वरातुरःशिरःस्नातो नाक्ष्णोरञ्जनमाचरेत् ॥ १० ॥

दन्तधावनविधि ॥

बारह अंगुल लंबी कनिष्ठिका (छगुनी उंगली) के समान मोटी कोमल ग्रन्थि दाग आदि से रहित दांतन करे–मंजन को लगाकर कोमल कूंचीसे दांतोंके मांसको पीडा न देताहुआ एक २ दांतरगडे सहत और त्रिकुटा से अथवा सरसों के तेल और सेंधोनोनसे अथवा तेजवल्कलके चूर्ण से दांतोंको नित्य शुद्धकरे–मधुर काष्ठों में महुआ–कडुओंमें करंज–तिक्तों में नींब और कषैलों में खैर श्रेष्ठ है-समय दोष और प्रकृतिको देखकर यथायोग्य रस और वीर्य्य से युक्त काष्ठसे दंतधावन करे इससे मनुष्यके मुखकी विरसता–दन्त जिह्वा और मुखके अन्यरोग नहीं होतेहैं और रुचि स्वच्छता और हलकापन होताहै आकसे वीर्य्य-वटसे दीप्ति-करंजसे विजय-पकरिया से अर्थ सम्पत्ति–बेरसे मधुर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भोजन-खैरसे मुखकी सुगन्धि-बेलसे विपुलधन-गूलर से वाक्सिद्धि-आमसे नीरोग्य-कदम्बसे धैर्य और मेधा-चंपासे दृढबुद्धि-शिरससे कीर्त्ति सौभाग्य आयु और आरोग्य-लटजीरे से धैर्य्य-मेधा बुद्धि और उत्तम कण्ठ-अनार अर्जुन और कुटज से सुन्दर आकार और जायफल तगर तथा मंदारकी दतौन से दुस्स्वप्नका नाशहोताहै चिरमिटी-ताल-हिंताल-केतकी-बृहत्तृण-खजूर और नारियल यह सात तृणराज कहलातेहैं इनकी दतौन करने से मनुष्य जबतक गंगाजीके दर्शन न करे तबतक चांडाल रहता है गला-तालु-ओष्ठ-जिह्वा और दांतोंमें रोगवाला पकेहुए तथा सूजे मुखवाला श्वासकास और छर्दिके रोगसे युक्त दुर्बल-अजीर्णयुक्त हुचकी मूर्च्छा-तथा मदयुक्त शिरकी पीडा से व्याकुल-प्यासा-थका-मद्यपीने की ग्लानि से युक्त अर्दित रोगी कानमें शूलवाला नेत्ररोगी नवीन ज्वरवाला और हृदय के रोगसे युक्त मनुष्य दतौन न करे-सोना चांदी अथवा तांबे की या चिरेहुए कोमल दतौन के काष्ठकी वा कोमल पत्तेकी दश उंगलकी लंबी और कोमल चिकनी जीभीसे जिह्वाको शुद्धकरे इससे जिह्वा का मल विरसता-दुर्गन्धि और जडताका नाश होताहै शीतल जल से कफ तृषा और मल के नाशक मुखके भीतर शुद्ध करनेवाले वारंवार कुल्लेकरे कुछ गरमजल के द्वारा कुल्ले करने से कफ अरुचि-मल तथा दांतोंकी जडता का नाश और मुखमें हलकापन होताहै परन्तु विष मूर्च्छा मद राजयक्ष्मा रक्तपित्त नेत्ररोग कुपितमल क्षीणता और रूक्षता इन रोगोंसे युक्त मनुष्यको गरम जल से कुल्ले करना उचित नहींहै शीतल जल के द्वारा मुख धोनेसे रक्तपित्त मुखकी पिडिका (फुंसी) खुशकी नीलिका और व्यंगका नाश होताहै कुछ गरमजल के द्वारा मुखधोनेसे कफ वात और मुखकी खुशकी तथा चिकनाई का नाश होताहै प्रतिदिन कडुए तेल आदि की नास का अभ्यास करनाचाहिये प्रातःकाल श्लेष्मा मध्याह्नमें पित्त और सायंकाल में वायुकी शान्ति के लिये कडुए तेलकी नासलेनी चाहिये नासके अभ्यासी पुरुषके मुखमें सुगन्धि होतीहै स्वर उत्तम होताहै इन्द्रियां निर्मल होतीहैं झुर्रीबालोंका पकना और व्यंग यह नहीं होतेहैं नेत्रोंका हितकारी श्वेत सुरमा नित्य लगावे इससे नेत्र सुन्दर सूक्ष्म देखनेवाले होतेहैं सिन्धु नाम पर्व्वतसे उत्पन्न शुद्ध काला सुरमा श्रेष्ठ कहागयाहै इसके लगाने से नेत्रोंकी खुजली मल दाह क्लेद और रोगनाश होतेहैं और नेत्रसुन्दर होतेहैं वायु धूपको सहते हैं और नेत्रोंमें कोई रोग नहीं उत्पन्न होताहै इससे अंजन लगाना उचित है ज्वर से पीडित और शिरसे स्नान किया हुआ रात्रि में जागाहुआ-थका-वमनकरनेवाला और भोजन कियाहुआ पुरुष नेत्रों में अंजन नहीं लगावे ॥ १० ॥

पञ्चरात्रान्नखश्मश्रुकेशरोमाणिकर्त्तयेत् । केशश्मश्रुनखादीनांकर्त्तनंसम्प्रसाधनम् ॥ पौष्टिकंधनमायुष्यंशौचकान्तिकरंपरम् । सम्प्रसाधनम् शोभाजनकम् ॥ उत्पाटयेत्तु लोमानिनासायां नकदाचन । तदुत्पाटनतोदृष्टेर्दौर्बल्यंत्वरयाभवेत् ॥ केशपाशेप्रकुर्व्वीत प्रसाधन्याप्रसाधनम् । केशप्रसाधनंकेश्यंरजोजन्तुमलापहम् ॥ आदर्शालोकनंप्रोक्तं मांगल्यंकांतिकारकम् । पौष्टिकंबल्यमायुष्यंपापालक्ष्मीविनाशनम् ॥ लाघवंकर्मसामर्थ्यं विभक्तघनगात्रता । दोषक्षयोऽग्निवृद्धिश्चव्यायामादुपजायते ॥ व्यायामदृढगात्रस्य व्याधिर्नास्तिकदाचन । विरुद्धंवाविदग्धंवाभुक्तंशीघ्रंविपच्यते ॥ भवन्तिशीघ्रंनैतस्य देहेशिथिलतादयः । नचैनंसहसाऽऽक्रम्य जरासमधिरोहति ॥ नचास्तिसदृशन्तेनकि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ञ्चित्स्थौल्यापकर्षकम् ॥ ससदागुणमाधत्तेबलिनांस्निग्धभोजिनाम् ॥ वसन्ते शीतसमयेसुतरांसहितोमतः । अन्यदापिचकर्त्तव्योबलार्द्धेनयथाबलम् ॥ हृदय स्थोयदावायुर्वक्त्रंशीघ्रंप्रपद्यते । मुखञ्चशोषंलभतेतद्बलार्द्धस्यलक्षणम् ॥ किंवा ललाटेनासायांगात्रसन्धिषुकक्षयोः । यदासञ्जायतेस्वेदोबलार्द्धन्तुतदादिशेत् ॥ भुक्तवान्कृतसम्भोगः कासीश्वासीकृशःक्षयी । रक्तपित्तीक्षतीशोषीनतंकुर्य्यात्कदाच न ॥ अतिव्यायामतःकासोज्वरश्छर्दिःश्रमःक्लमः । तृष्णाक्षयःप्रतमकोरक्तपित्तञ्चजा यते ॥ अभ्यंगंकारयेन्नित्यंसर्वेष्वंगेषुपुष्टिदम् । शिरःश्रवणपादेषुतंविशेषेणशीलयेत् ॥ सार्षपंगन्धतैलञ्चयत्तैलंपुष्पवासितम् । अन्यद्द्रव्ययुतंतैलंनदुष्यतिकदाचन ॥ गन्ध तैलम् गन्धद्रव्याणाम् गुर्वादीनामग्नियोगेननिष्काशितःस्नेहः । अभ्यंगोवातकफ हृच्छ्रमशान्तिबलंसुखम्।निद्रावर्णमृदुत्वायुष्कुरुतेदेहपुष्टिकृत् ॥ अभ्यंगःशीलितोमूर्ध्नि सकलेन्द्रियतर्पकः । दृष्टिपुष्टिकरोहन्तिशिरोभूमिगतान्गदान् ॥ केशानांबहुतांदार्ढ्यं मृदुतांदीर्घतांतथा । कृष्णतांकुरुतेकुर्य्याच्छिरसं पूर्णतामपि ॥ नकर्णरोगानमलंनच मन्याहनुग्रहः । नोच्चैःश्रुतिर्नबाधिर्य्यंस्यान्नित्यंकर्णपूरणात् ॥ रसाद्यैःपूरणंकर्णेभोजनात् प्राक्प्रशस्यते । तैलाद्यैःपूरणंकर्णेभास्करेऽस्तमुपागते ॥ पादाभ्यंगश्चतत्स्थैर्य्यंनिद्रा दृष्टिप्रसादकृत् । पादसुप्तिश्रमस्तम्भसङ्कोचस्फुटनप्रणुत् ॥ ११ ॥

पांचदिन में नख, डाढ़ी, केश और रोमोंको कटवावे इससे शोभा पुष्टता धन आयु शौच और कान्ति होती है नासिका के रोम कभी न उखाडे इससे दृष्टि बडी शीघ्रन्यून होजातीहै कंघीसे केशों को बहावे इससे केशों की उत्तमता और धूल जुआं तथा मलका नाशहोताहै दर्पणका देखना मंगल, कान्ति, पुष्टि, बल, आयुकाबढ़ानेवाला और पाप दुर्भाग्यका नाश करनेवाला कहागयाहै व्याया-मसे हलकापन काया में सामर्थ्य शरीरका सुडौलहोना दोषोंका नाश और जठराग्निकी वृद्धिहोती है व्यायामसे दृढशरीरवाले पुरुषको कोई रोग नहीं होताहै विरुद्ध और कठोर भोजन भी शीघ्र पच जाताहै शरीरमें शिथिलताआदिक शीघ्र नहीं होती. एकाएकी वृद्धावस्था नहीं दबातीहै व्यायामके सदृश स्थूलता का नाश करनेवाला दूसरा कोई उपाय नहीं है बलवान्पुरुष और चिकने भोजनकर-नेवालोंको व्यायाम सदैव गुण करता है वसन्त और शीत समय में अत्यन्त हितकारी होताहै अन्य ऋतुओं में भी अपने२ बलके अनुसार बलार्द्ध (हृदयमें स्थित वायु शीघ्र मुखमें आने लगे मुख सूख-नेलगे अथवा मस्तक, नासिका, शरीरकी सन्धि और बगलोंमें स्वेद आजाय वह बलार्द्ध कहाताहै) से करे भोजन तथा मैथुन कियाहुआ दुर्बल खांसी श्वास राजयक्ष्मा रक्तपित्त. क्षत और शोष रोग से युक्त पुरुष कदापि भी व्यायाम न करे बहुत व्यायाम करने से खांसी, ज्वर, छर्दि, श्रम, ग्लानि, तृषा, क्षय, प्रतमक और रक्तपित्त उत्पन्न होताहै सम्पूर्ण अंगोंमें पुष्टि के लिये नित्य तैलमर्दन करा-वे परन्तु मस्तक कान और पैरों में विशेष करावे सरसों का तेल अगरादि सुगन्धित वस्तुओं से अग्नि के द्वारा निकालाहुआ तैल पुष्पों से बसायाहुआ तेल अथवा अन्य किसी हितकारी वस्तुओं से युक्त तेल कभी दोष नहीं करता है-तेल लगाने से कफ, वायु, श्रमकानाश, शान्ति, बल, सुख,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

निद्रा, वर्णकोमलता, आयु और शरीरकी पुष्टता होती है और शिरमें तेल लगानेसे सम्पूर्ण इन्द्रियोंकी तृप्ति, दृष्टिपुष्टता, शिरके रोगोंका नाश, केशोंकी वृद्धि, दृढ़ता, कोमलता, दीर्घता, श्यामता और शिरकी पुष्टता होतीहै प्रतिदिन कानोंमें तेल छोड़ने से कानों के रोग, मल, मन्या (गले के पीछेकी नस) का स्तंभ हनुग्रह बहुत जोर से शब्दका सुनाई देना और बधिरता नहीं होती है कानमें रसादिकों को छोड़ना भोजन से पूर्व और तेलका छोडना सूर्य्यास्त के उपरान्त उचित है पैरोंमें तेल लगानेसे पैरोंकी स्थिरता निद्रा और दृष्टिकी प्रकाशता होती है पैरोंका सोजाना श्रम-स्तंभ संकोच और फटना यह नहीं होते हैं ॥ ११ ॥

व्यायामक्षुण्णवपुषंपद्भ्यांसंमर्दितंतथा । व्याधयोनोपसर्पन्तिवैनतेयमिवोरगाः ॥लोमकूपंशिराजालंधमनीभिःकलेवरे । तर्पयेद्बलमाधत्तेस्नेहयुक्तोऽवगाहने ॥ अद्भिःसंसिक्तमूलानांतरूणाम्पल्लवादयः । वर्द्धन्तेहितथानृणांस्नेहसंसिक्तधातवः ॥ १२ ॥

व्यायाम करनेवाले और पैर मलवानेवाले पुरुषको रोग ऐसे नहीं प्राप्तहोते जैसे कि गरुड़ को सर्प नहीं प्राप्तहोते हैं, शरीर में तेललगा स्नान करके रोमकूप, शिराजाल और धमनियों के द्वारा शरीर को पुष्टकरने से ऐसे बल बढ़ता है जैसे कि जल से सिंचेहुए मूलवाले वृक्षों के पल्लवादिक बढ़ते हैं उसी प्रकार स्नेहसे सिंचीहुई मनुष्योंकी धातुभी बढ़ती हैं ॥ १२ ॥

नवज्वरीअजीर्णीचनाभ्यक्तव्यःकथञ्चन । तथाविरिक्तोवान्तश्चनिरूढोयश्चमानवः॥ निरूढःदत्तोनिरूहवस्तिश्चयस्मैसः । पूर्व्वयोःकृच्छ्रताव्याधेरसाध्यत्वमथापिवा । शेषाणांनत्विहप्रोक्तावह्निसादादयोगदाः ॥ पूर्व्वयोःतरुणज्वरिणोऽजीर्णिनोश्च ॥ १३ ॥

नवीनज्वर और अजीर्णवाला तेल नहीं लगावे क्योंकि इससे कृच्छ्रसाध्य अथवा असाध्य होजाता है और विरेचनवाला, वमन करनेवाला और जिसको निरूहवस्ति दीगई हो ऐसा मनुष्य भी तेल नहीं लगावे क्योंकि इससे अग्निमन्दता आदि रोग उत्पन्न होते हैं ॥ १३ ॥

उद्वर्त्तनङ्कफहरंमेदोघ्नंशुक्रदम्परम् । बल्यंशोणितकृच्चापित्वक्प्रसादमृदुत्वकृत् ॥ मुखलेपाद्दृढंचक्षुःपीनोगण्डस्तथाननम् । कान्तमव्यंगपिडकंभवेत्कमलसन्निभम् ॥ दीपनंवृष्यमायुष्यंस्नानमोजोबलप्रदम् । कण्डूमलश्रमस्वेदतन्द्रातृड्दाहपाकनुत् ॥ वाह्यैश्चसेकैःशीतायैरूष्मान्तर्यातिपीडितः । नरस्यस्नातमात्रस्यदीप्यतेतेनपावकः ॥ शीतेनपयसास्नानंरक्तपित्तप्रशांतिकृत् ॥ तदेवोष्णेनतोयेनबल्यंवातकफापहम् ॥ शिरःस्नानमचक्षुष्यमत्युष्णेनाम्बुनासदा ॥ वातश्लेष्मप्रकोपेतुहितन्तच्चप्रकीर्त्तितम् ॥१४॥

उबटन कफ और मेदका नाशक वीर्य, बल, रुधिर, त्वचाकी कोमलता और उत्तमता का करनेवाला होताहै, और मुख के लेप करने से नेत्र दृढ़ होते हैं कपोल मोटे और मुख सुन्दर व्यंगपिडिकारहित कमल के समान होताहै स्नान, अग्निदीपक, वीर्य, आयु, ओज और बलका बढ़ानेवाला होकर, खुजली, मल, कामस्वेद, तन्द्रा, तृषा, दाह और पाकका नाश करनेवाला होता है, शीतल जलादिकों के सिंचनसे बाहरकी ऊष्मा दबकर शरीरके भीतर जाती है इसीसे केवल स्नानहीमात्रके द्वारा मनुष्यकी जठराग्नि दीप्त होती है, शीतल जलके स्नान करनेसे रक्त पित्तकी शांति होती है, उष्णजल के द्वारा स्नान करने से बलकी वृद्धि और वातकफका नाश होताहै, बहुत गरम

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जलके द्वारा शिरसे स्नानकरना नेत्रोंको अहितहै परन्तु वात पित्तके कोपमें हितकहागयाहै ॥ १४॥

अशीतेनाम्भसास्नानंपयःपानन्नवास्त्रियः । एतद्वोमानवाःपथ्यं स्निग्धमल्पञ्च भोजनम् ॥ १५ ॥

हेमनुष्यगण! मन्दोष्ण जल से स्नान दुग्धपान नवीन स्त्री स्निग्ध स्वल्प भोजन यह तुम्हारा पथ्यहै ॥ १५ ॥

हरिश्चंद्रस्यैतत् ॥

यःसदामलकैस्स्नानंकरोतिसविनिश्चितम् । वलीपलितनिर्मुक्तोजीवेद्वर्षशतन्नरः १६॥ स्नानंज्वरेऽतिसारेचनेत्रकर्णानिलार्तिषु।आध्मानपीनसाजीर्णभुक्तवत्सुचगर्हितम्॥ स्नानस्यानन्तरंसम्यग्वस्त्रेणांगस्यमार्ज्जनम्।कान्तिप्रदंशरीरस्यकण्डूत्वग्दोषनाशनम् १७

हरिश्चन्द्रका कहाहुआ ॥

जो मनुष्य सदैव आमलोंका शरीरमें लेप करके स्नान करताहै वह झुर्री और बालोंके पकने से रहित सौ वर्ष तक जीता है स्नानकरना ज्वर अतीसार नेत्र कान और वायुकी पीडा, अफरा पीनस अजीर्ण इनरोगोंसे युक्त और भोजन किये हुये मनुष्यों को वर्जित है स्नानके उपरान्त अच्छे प्रकार वस्त्रसे शरीर का पोंछना कान्तिका देनेवाला शरीरकी खुजली और त्वचाके दोषोंका नाशकरनेवालाहोताहै १६। १७॥

कौशेयौर्णिकवस्त्रञ्चरक्तवस्त्रन्तथैवच । वातश्लेष्महरन्तत्तुशीतकालेविधारयेत् ॥ कौशेयंपट्टाम्बरंटसरवस्त्रञ्च । मेध्यंसुशीतम्पित्तघ्नंकषायंवस्त्रमुच्यते।तद्धारयेदुष्णकाले तत्रापिलघुशस्यते ॥ कषायङ्कोकमौइतिलोकेकषायरागरक्तंवा। शुक्लन्तुशुभदंवस्त्रंशीतातपनिवारणम् । नचोष्णन्नचवाशीतन्तत्तुवर्षासुधारयेत् ॥ १८ ॥

रेशमी, ऊनी और रक्त वस्त्र वात और श्लेष्मा को दूर करेहैं उसको शीतकालमें धारणकरना चाहिये कषाय पवित्र शीतल वस्त्र पित्तका नाशकरनेवाला होताहै वह उष्णकालमें धारनकरना चाहिये उसमेंभी हलका उत्तम है शुक्लवस्त्र कल्याण का देनेवाला शीत और आतपका दूर करनेवाला न अति उष्ण न शीतल होताहै उसको वर्षा में धारणकरे ॥ १८ ॥

यशस्यङ्काम्यमायुष्यंश्रीमदानंदवर्द्धनम् । त्वच्यंवशीकरंरुच्यंनवनिर्मलमम्बरम् ॥ कदापिनजनैःसद्भिर्धार्य्यम्मलिनमम्बरम् । तत्तुकण्डूकृमिकरं ग्लान्यलक्ष्मीकरम्परम् ॥ अलक्ष्मीअशोभादारिद्र्यञ्च ॥ १९ ॥

नवीन और निर्मलवस्त्र यशकारी कामका उद्दीपक आयु और लक्ष्मीका बढ़ानेवाला त्वचाका हित वश करनेवाला और रुचि उत्पन्न करनेवाला होताहै सज्जन पुरुषोंको मलिन वस्त्र कभी न धारण करना चाहिये क्योंकि वह खुजली कीडे ग्लानि अशोभा और दरिद्रका करनेवाला होताहै ॥ १९ ॥

कुंकुमञ्चन्दनञ्चापि कृष्णागुरुचमिश्रितम् । उष्णंवातकफध्वंसि शीतकालेतदिष्येत ॥ चन्दनंघनसारेण वालकेनचमिश्रितम् । सुगंधिपरमंशीतमुष्णकालेप्रशस्यते॥ (घनसारः कर्पूरः, वालंह्रीवेरम्) चन्दनंघुसृणोपेतं मृगनाभिसमायुतम् । नचोष्णंनच

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वाशीतं वर्षाकालेतदिष्यते॥ (घुसृणंकुंकुमम् । मृगनाभिः कस्तूरी) अनुलेपस्तृषामूर्च्छा दुर्गन्धस्वेददाहजित्। सौभाग्यतेजस्त्वग्वर्णप्रीत्यौजोबलवर्द्धनः॥ सस्नानानर्हलोकानामनुलेपोऽपिनोहितः॥ २०॥

केशर चन्दन और कालाअगर यह मिलेहुए उष्ण और वात कफके नाशकरनेवाले होतेहैं इनका लेप शीतकालमें करना चाहिये चन्दन कपूर सुगन्धबाला यह सब मिलेहुए सुगन्धित अत्यन्त शीतल होतेहैं इनका लेप शीतकाल में करना चाहिये चन्दन केशर और कस्तूरी यह मिलेहुए न शीतल न उष्ण होतेहैं इनका लेप वर्षाऋतुमें करना चाहिये अनुलेप तृषा, मूर्च्छा, दुर्गन्धि, स्वेद, दाहका नाशक और सौभाग्य, तेज, त्वचा का वर्ण, प्रीति, ओज और बलका वर्द्धक होताहै जिन पुरुषोंको स्नान का निषेध है उनको लेपभी न करना चाहिये॥ २०॥

सुगंधिपुष्पपत्राणां धारणङ्कान्तिकारकम्। पापरक्षोग्रहहरं कामदंश्रीविवर्द्धनम् २१॥

सुगन्धित पुष्प और पत्रोंका धारण, कान्ति, काम लक्ष्मी का वर्द्धक और पाप राक्षस ग्रह इन्हों का नाशक होता है॥ २१॥

भूषणैर्भूषयेदङ्गं यथायोग्यंविधानतः। शुचिसौभाग्यसन्तोष दायकंकाञ्चनंस्मृतम्॥ग्रहदृष्टिहरम्पुष्टिकरंदुःस्वप्ननाशनम्। पापदौर्भाग्यशमनं रत्नाभरणधारणम्॥ माणिक्यन्तरणेःसुजातममलं मुक्ताफलंशीतगोर्माहेयस्यचविद्रुमोनिगदितः सौम्यस्य गारुत्मकम्। देवेज्यस्यचपुष्परागमसुराचार्यस्यवज्रंशनेर्नीलन्निर्मलमन्ययोश्चगदिते गोमेदवैदूर्य्यके॥ २२॥

विधिपूर्व्वक यथायोग्य आभूषणों से अंगोंको शोभित करे, सुवर्ण के आभूषण पवित्रता सौभाग्य और सन्तोषके देनेवाले होते हैं, रत्नोंके आभूषणोंका धारण ग्रहोंकी दृष्टि, दुस्स्वप्न, पाप और दौर्भाग्य का नाशक और पुष्टता करनेवाला होता है सूर्य्यका माणिक्य, चन्द्रमाका सुन्दरमोती, मंगल का मूंगा, बुधका पन्ना, शुक्रका हीरा- शनैश्चरकी नीलम, बृहस्पति का पुखराज राहुका गोमेद और केतुका वैदूर्य्य यह सबग्रहोंके जुदे २ रत्न हैं॥ २२॥

वासःसुगन्धरत्नानांधारणम्प्रीतिवर्द्धनम्। रक्षोघ्नमर्थ्यमोजस्यं सौभाग्यकरमुत्तमम्॥ २३॥

सुन्दर वस्त्र पुष्पमाला, चन्दन, अतर आदि और रत्नों का धारण प्रीति धन ओज और सौभाग्य का बढ़ानेवाला होकर राक्षसों का नाशक होताहै॥ २३॥

सततंसिद्धमन्त्रस्य महौषध्यास्तथैवच। रोचनासर्षपादीनां मांगल्यानाञ्चधारणम्॥ आयुर्लक्ष्मीकरंरक्षोहरंमंगलदंशुभम्। हिंस्रादिभयविध्वंसि वशीकरणकारणम्॥ २४॥

सिद्ध मन्त्र- महौषधि- मंगलीकगोरोचन और सरसों आदि इनका धारण आयु- लक्ष्मी- सहित मंगल का देनेवाला और राक्षस तथा व्याघ्रादि हिंसकोंके भयका नाश करनेवाला वशीकरण का कारण और शुभ होता है॥ २४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ततोभोजनवेलायां कुर्य्यान्मांगलयदर्शनम् । तस्यप्रदर्शनन्नित्यमायुर्धर्मविवर्द्ध नम् ॥ लोकेऽस्मिन्मंगलान्यष्टौ ब्राह्मणोगौर्हुताशनः। पुष्पस्रक्सर्पिरादित्यआपोराजा तथाष्टमः ॥ २५ ॥

भोजन के समय मंगल पदार्थोंका दर्शनकरे उनके दर्शन से नित्य आयु और धर्म की वृद्धिहोतीहै- इसलोक में ब्राह्मण-गौ-अग्नि-पुष्पोंकी माला—घृत—सूर्य्य—जल और राजा यह आठ मंगलहैं ॥ २५॥

पादुकारोहणंकुर्य्यात् पूर्व्वंभोजनतःपरम्। पादरोगहरंवृष्यं चक्षुष्यञ्चायुषोहितम् ॥ शरीरेजायतेनित्यंवाञ्छानृणाञ्चतुर्विधा । बुभुक्षाचपिपासाच सुषुप्साचरतिस्पृहा । भोजनेच्छाबिघातात्स्यादंगमर्दोऽरुचिःश्रमः ॥ तंद्रालोचनदौर्बल्यं धातुदाहोबलक्षयः । बिघातेनपिपासाया शोषःकण्ठास्ययोर्भवेत् ॥ श्रवणस्यावरोधश्च रक्तशोषोहृदिव्यथा। निद्राविघाततोजृम्भा शिरोलोचनगौरवम् ॥ अंगमर्दस्तथातंद्रास्यादन्नापाकएवच २६ ॥

भोजन के पूर्व्व और पश्चात् खडाउओंपर चढ़े इससे पैरके रोगोंका नाश वीर्य्य की वृद्धि और नेत्र तथा आयुको हित होता है -मनुष्योंके शरीर में चारप्रकार की सदैव इच्छा होती है क्षुधा-तृषा, निद्रा और मैथुन की इच्छा इनमें भोजनकी इच्छाके रोकने से अंगमें हड़फूटन, अरुचि, काम तन्द्रा, नेत्रोंकी दुर्बलता धातुओंकी जीर्णता और बलकी हानि होती है- प्यास के रोकने से गले और मुखका सूखना, कानोंका रुकना, रुधिरका सूखना और हृदय में पीड़ा होती है, निद्राके रोकने से जंभाई, शिर और नेत्रोंका भारीपन, हड़फूटन, तन्द्रा और अजीर्ण होता हैं ॥ २६ ॥

बुभुक्षितोनयोऽश्नाति तस्याहारेन्धनक्षयात् । मन्दीभवतिकायाग्निर्यथाचाग्निर्निरिंधनः॥ आहारं पचति शिखीदोषानाहार वर्ज्जितः। पचति दोषक्षये धातून् प्राणान्धातुक्षयेऽपिच ॥ २७ ॥

जो क्षुधातुर भोजनको नहीं करता है उसके आहाररूपी इन्धन के नाशसे इन्धनरहित अग्नि के समान जठराग्नि मन्द होजाती है यह जठराग्नि पहिले आहार को पचाती है आहार के न होंने पर दोषोंको और दोषोंके नाशहोजाने पर धातुओंको और धातुओंके नाश होजाने पर प्राणोंको विनाश करती है ॥ २७ ॥

आहारःप्रीणनःसद्योबलकृद्देहधारणः । स्मृत्यायुःशक्तिवर्णौजःसत्त्वशोभाविवर्द्धनः २८॥

आहार तृप्त करनेवाला शीघ्रबलकारी, शरीर को धारण करनेवाला, स्मृति,आयु, शक्ति,वर्ण, ओज,सत्त्व और शोभाका बढ़ानेवाला होता है ॥ २८ ॥

यथोक्तगुणसम्पन्नं नरःसेवेतभोजनम् ॥ विचार्य्यदोषकालादीन् कालयोरुभयोरपि ॥ उभयोः कालयोः प्रातः सायञ्च। तथाच सायं प्रातर्मनुष्याणामशनं श्रुतिबोधितम्॥ नान्तराभोजनंकुर्य्यादग्निहोत्रसमोविधिः। प्रातः,प्रथमयामादुपरिद्वितीययामादर्वाक्॥ तथाच ॥ याममध्येनभोक्तव्यंयामयुग्मंनलंघयेत् । याममध्येरसोत्पत्तिर्यामयुग्माद्बलक्षयः ॥ अन्यच्च। क्षुत्सम्भवति पथ्येषुरसदोषमलेषुच । कालेवायदिवाकालेसोऽन्नकालउदाहृतः ॥ २९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यथोक्त गुणोंसे युक्त भोजन दोष और समयादि को विचारकर प्रातःकाल और सायंकाल के बीचमें न करे क्योंकि यह विधि अग्निहोत्र के समान है प्रथम प्रहरके उपरान्त और दूसरे प्रहरके पहिले भोजन करे क्योंकि पहिले पहर में रसकी उत्पत्ति होतीहै और दूसरे पहर के उपरान्त बल का नाश हो जाताहै, कोई कहतेहैंकि समय में अथवा असमय में रस दोष और मलके परिपाक होजाने पर जब क्षुधा उत्पन्नहो तब भोजन करे ॥ २९ ॥

रसादीनां पाकज्ञानमाह ॥

उद्गारशुद्धिरुत्साहोवेगोत्सर्गोयथोदितः।लघुताक्षुत्पिपासाचजीर्णाहारस्यलक्षणम् ३०॥

रसादिकोंके पाककालक्षण ॥

डकार की शुद्धि, उत्साह, यथायोग्य मलमूत्रादि वेगोंका त्याग, शरीर का हलकापन, क्षुधा और पिपासा काहोना यह परिपाक हुए भोजन के लक्षण हैं ॥ ३० ॥

स्थानमाह ॥

आहारन्तुरहःकुर्य्यान्निर्हारमपिसर्वदा । उभाभ्यांलक्ष्म्युपेतःस्यात्प्रकाशेहीयतेश्रिया ॥ निर्हारोमलमूत्रोत्सर्गः। अन्यच्च । आहारनिर्हारविहारयोगाः सदैवसद्भिर्विजनेविधेयाः ॥ ३१ ॥

भोजन का स्थान ॥

मनुष्य भोजन और मल मूत्रादिका त्याग सदैव निर्जन स्थानमें करे इससे शरीर की श्री बढ़ती है और सबके आगे करने से श्रीका नाश होताहै और कहाभीहै कि आहार-मलमूत्रका त्याग और विहार यह सज्जन लोगोंको सदैव निर्जन स्थानों में करने उचितहैं ॥ ३१ ॥

भोजनपात्रमाह ॥

दोषहृद्दृष्टिदंपथ्यंहैमंभोजनभाजनम्। रौप्यंभवतिचाक्षुष्यंपित्तहृत्कफवातकृत् ॥ कांस्यंबुद्धिप्रदंरुच्यंरक्तपित्तप्रसादनम्। पैत्तलंवातकृद्रूक्षमुष्णंकृमिकफप्रणुत् ॥ आयसेकाचपात्रेचभोजनंसिद्धिकारकम् ॥ शोथपाण्डुहरंबल्यं कामलापहमुत्तमम्॥शैलेयेमृन्मयेपात्रेभोजनंश्रीनिवारणम् ॥ दारूद्भवेविशेषेणरुचिदंश्लेष्मकारितु । पात्रंपत्रमयंरुच्यं दीपनंविषपापनुत् ॥ जलपात्रन्तुताम्रस्यतदभावेमृदोहितम् । पवित्रंशीतलंपात्रंरचितं स्फटिकेनयत् ॥ काचेनरचितन्तद्वत्तथावैदूर्य्यसम्भवम् ॥ ३२ ॥

भोजनके पात्र ॥

सुवर्णका भोजनपात्र–दोषोंका नाशक, दृष्टिवर्द्धक और पथ्यहै, चांदीका पात्र-नेत्रोंको हित, पित्तनाशक और कफवातका करनेवालाहै, कांसेका पात्र-बुद्धिका उत्पन्नकरनेवाला, रुचिकारक और रक्त पित्तको उत्पन्न करताहै, पीतलका पात्र-वात करनेवाला, रूखा, उष्ण और कृमि तथा कफका नाशक होताहै लोहे और काचकापात्र-सिद्धिदायक, बलकारक सूजन पांडु और कामला रोगकानाशक होताहै-पाषाण और मृत्तिका का पात्र-श्री नाशक होताहै- काष्ठका पात्र विशेष करके रुचि करनेवाला और कफको उत्पन्न करताहै पत्तों का पात्र रुचिकारक जठराग्नि दीपक और विष तथा पाप

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कानाशक होताहै जल पान करने के लिये ताम्रका पात्र उचितहै उसके अभाव में मृत्तिकाका पात्र श्रेठहै स्फटिक कांच और वैदूर्य्य से बनाहुआ पात्र पवित्र और शीतल होता है ॥ ३२ ॥

भोजनाग्रेसदापथ्यंलवणार्द्रकभक्षणम् । अग्निसन्दीपनंरुच्यंजिह्वाकण्ठविशोधनम् ॥ ननुलवणस्यपित्तजनकत्वादार्द्रकस्यकटुकत्वेन पित्तलत्वाद्बुभुक्षितस्यवृद्धपित्तस्यकथम्प्रथमं लवणार्द्रकमुचितम् । उच्यते । लवणंसैन्धवंज्ञेयंचन्दनंरक्तचन्दनमिति वचनाल्लवणमत्रसैन्धवंतत्त्रिदोषघ्नं ॥ यतआह । गुणग्रन्थे । सैन्धवंलवणंस्वादुदीपनम्पाचनंलघु ॥ स्निग्धंरुच्यंहितंवृष्यंसूक्ष्मंनेत्र्यंत्रिदोषहृत् । आर्द्रकन्तुकटुकमपिनपित्तविरोधिमधुरपाकित्वात् । यतआह । तत्रैव ॥ आर्द्रिकाभेदिनीगुर्वीतीक्ष्णोष्णादीपनीचसा । कटुकामधुरापाकेसूक्ष्मावातकफापहा ॥ अथचान्यदपिलवणमार्द्रकञ्चनात्रपित्तविरोधिसंयोगस्वभावात् ॥ संयोगस्वभावे चैतादृशम् । भोजनस्यपूर्व्वंलवणार्द्रकभक्षणबोधकवचनमेवप्रमाणयति ॥ ३३ ॥

भोजन के पूर्व्व लवणयुक्त अदरकका भोजन सदैव पथ्यहै इस्से अग्निकी दीप्ति रुचि और जिह्वा तथा कण्ठकी शुद्धता होती है अब यह सन्देह उत्पन्न होताहै कि लवण पित्तकारक होताहै और अदरक भी कटुताके कारण पित्तकारकहै तो बढ़ेहुए पित्तवाले क्षुधित पुरुष को लवण युक्त अदरकका भोजन कैसे उचितहै? इसका उत्तर यहहै कि लवण कहनेसे सैंधव लवण चन्दन कहनेसे रक्तचन्दन इस वचन के द्वारा यहां सैंधव लवण लियाजाताहै और वह त्रिदोषनाशक है जैसा कि गुण ग्रंथ में कहा गयाहै सैंधव लवण मधुर रस-दीपन-पाचक-हलका-स्निग्ध-रुचिकारक-वीर्य्य में शीतल-वीर्य्यवर्द्धक सूक्ष्म नेत्रोंका हितकारी और त्रिदोष नाशक है और अदरक कटुरस होनेपर भी पित्तवर्द्धक नहीं है क्योंकि पाकमें मधुरहै जैसा कि द्रव्य गुण ग्रंथमें कहागया है कि अदरक मलभेदक भारी तीक्ष्ण वीर्य्य में उष्ण दीपनी कटुरस पाकमें मधुर सूक्ष्म और वायु तथा कफ की नाश करनेवाली होतीहै और भी कहाहुआहै कि संयोगके स्वभावसे लवण और अदरक पित्तकारक नहींहै और भोजन के पूर्व्व लवण और अदरक के भक्षण का विधायक वचनही इसमें प्रमाणहै ॥ ३२ ॥

भोजनादौदृष्टिदोषविनाशाय ब्रह्मादीन स्मरेत् । तद्यथा अन्नं ब्रह्मा रसो विष्णुर्भोक्ता देवो महेश्वरः ॥ इतिसञ्चिन्त्यभुञ्जानं दृष्टिदोषोनबाधते । अञ्जनीगर्भसम्भूतं कुमारंब्रह्मचारिणम् ॥ दृष्टिदोषविनाशाय हनुमन्तंस्मराम्यहम् । अश्नीयात्तन्मना भूत्वापूर्व्वंतुमधुरंरसम् ॥ मध्येऽम्ललवणौपश्चात् कटुतिक्तकषायकान् । फलान्यादौ समश्नीयाद्दाडिमादीनिबुद्धिमान् ॥ विनामोचफलन्तद्वद्वर्ज्जनीयाचकर्कटी । मृणालविसशालूककन्देक्षुप्रभृतीनपि । पूर्व्वमेवहिभोज्यानि नतुभुक्त्वाकदाचन ॥ मृणालं पद्मनालंविशम्भिशण्डकम्शालूककन्दप्रसिद्धम् । गुरुपिष्टमयंद्रव्यंतण्डुलान्पृथुकानपि ॥ नजातुभुक्तवान्खादेन्मात्रांखादेद्बुभुक्षितः ॥ घृतपूर्व्वंसमश्नीयात्कठिनंप्राक्ततोमृदु । अंतेपुनर्द्रवाशीतुबलाद्रोगेणमुञ्चति ॥ मृणालविसशालूककंदेक्षुप्रभृतीनपि । पूर्व्वमेवहिभोज्यानिनतुभुक्त्वाकदाचन । अयमर्थः ॥ प्राक्घृतपूर्व्वंकठिनंसम

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्नीयात् । यथाकाश्यादिवासिनः ॥ प्रथमंसव्यञ्जनां घृतपूर्व्वरोटिकाम्भुञ्जते। ततोमृदुससूपादिमोदनम्भुञ्जते ॥ अंतेपुनर्द्रवाशी । भोजनांतेदधितक्रदुग्धादिभुञ्जते ॥ ३४ ॥

भोजनके पूर्व दृष्टिके दोषकी शान्तिके लिये ब्रह्मादिकोंका स्मरणकरे ब्रह्मा अन्न विष्णुरस महादेव जी भोजन करनेवाले ऐसा विचार कर भोजन करनेवाले को दृष्टि का दोष बाधा नहीं करता है और दृष्टिदोषकी शान्ति के लिये अंजनी के गर्भ से उत्पन्न कुमार ब्रह्मचारी हनुमान्जीको स्मरण करताहूं इस प्रकार विचारता हुआ प्रथम मधुर रस भोजन करे मध्यमें खट्टा और निमकीन पीछे कटु तिक्त और कषाय खाय बुद्धिमान् पुरुष प्रथम अनार आदिफल ककडी और केलेको छोड़कर भोजन करे कमल की डंडी भिषंडक जड कन्द ईख आदिको भी प्रथमही भोजन करे और भोजनके पीछे कभी न करे और भारी पिट्ठीकी वस्तु चावल और चिड़वे को भी भोजनके उपरान्त कदापि न खाय और क्षुधा लगने परभी थोड़ाही खाय भोजन के पहले घृत और कठिन द्रव्य खाय बीचमें कोमल और अन्तमें द्रवद्रव्य पानकरे इस प्रकार भोजन करनेसे बल और स्वस्थता होती है प्रथम घृतयुक्त कठिन द्रव्य खानेका यह तात्पर्य्यहै कि जैसे काशी आदिके वासी पुरुष प्रथम घृतयुक्त व्यंजन के द्वारा रोटी खातेहैं फिर कोमल दाल भात खाते हैं और अन्तमें दही मट्ठा और दूध आदिक पीते हैं ॥ ३४ ॥

यद्यत्स्वादुतरंतद्धिनदद्यादुत्तरोत्तरम्॥भुक्त्वायत्प्रार्थ्यतेभूयस्तदुक्तंस्वादुभोजनम् ३५

जो २ वस्तु अधिक स्वादुसे युक्त हो वह उत्तरोत्तर देनी चाहिये- भोजन करके जिसको फिर मांगे वह स्वाद अन्न कहलाता है ॥ ३५ ॥

स्वाद्वन्नस्यगुणमाह ॥

सौमनस्यंबलम्पुष्टिमुत्साहंवृद्धिमायुषः । स्वादुसञ्जनयत्यन्नमस्वादुचविपर्य्ययम् ॥ अत्युष्णान्नंबलंहंतिशीतशुष्कञ्चदुर्ज्जरम् ॥ अतिक्लिन्नंग्लानिकरंयुक्त्यायुक्तंहिभोजनम् ॥ अतिद्रुताशिताहारेगुणान्दोषान्नविन्दति । भोज्यंशीतमहद्यञ्चस्याद्विलम्बितमश्नतः ॥ ३६ ॥

स्वादु अन्नके गुण ॥

स्वादुयुक्त अन्न मनकी प्रफुल्लता-बल-पुष्टता-और आयुकी वृद्धि करता है और स्वादरहित अन्न इस्से विपरीत गुणकरता है अत्यन्त उष्ण अन्न बलनाशक, अत्यन्त शीतल शुष्क अन्न दुर्जर कठिनता से पचनेवाला और अत्यन्त गलाहुआ अन्न ग्लानिकारक होताहै इस्से युक्तिपूर्वक भोजन करना चाहिये, बहुत शीघ्र भोजन करने से गुण और दोष नहीं मालूम होतेहैं, बहुतदेर में भोजन करने से भोजन शीतल और स्वादु रहित होजाता है ॥ ३६ ॥

गुरुत्रिविधन्तन्निवारयन्नाह ॥

मंदानलोनरोद्रव्यंमात्रागुरु विवर्ज्जयेत् । स्वभावतश्चगुरुयत्तथासंस्कारतोगुरु ॥ मात्रागुरुस्तमुद्गादिर्माषादिःप्रकृतेर्गुरुः॥संस्कारगुरुपिष्टान्नंप्रोक्तमित्युपलक्षणम्॥३७॥

तीनप्रकार के भारी अन्न होते हैं इनका निवारण करते हैं ॥

मंदाग्नि पुरुष मात्रा स्वभाव और संस्कारसे भारी पदार्थोंको भोजन न करे मात्रागुरु, मूंग आदि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्वभावसे गुरु उडद आदि और संस्कार से गुरु पीठी आदि यह नमूनेके लिये कहागयाहै ॥ ३७॥

आहारंषड्विधञ्चूष्यंपेयंलेह्यंतथैवच । भोज्यम्भक्ष्यन्तथाचर्व्यंगुरुविद्यात्‌यथोत्तरम् ॥ (चूष्यमिक्षुदाडिमादि) पेयंपानकशर्करोदकादि, लेह्यंरसाला,क्वथितादिक्कथिताकढ़ीइतिलोके। भोज्यंभक्तसूपादि।भक्ष्यंलडुकंमण्डुकादि चर्व्यञ्चिपिटश्चणकादि ॥ ३८॥

आहार छः प्रकारका है ॥

चूष्य, पेय, लेह्य, भोज्य, भक्ष्य और चर्व्य यह उत्तरोत्तर गुरु हैं, चूष्य ईख और अनार आदि,पेय पना और शर्बत आदि, लेह्य शिखरन और कढ़ी आदि, भोज्य दाल चावल आदि भक्ष्य लड्डू और मट्टे ठौर आदि- चर्व्य चिड़वे चने आदि ॥ ३८॥

स्वभावगुरुसंस्कारगुरुणोःस्वभावलघुत्वाद्‌भक्ष्यस्यभोजनपरिमाणमाह ॥

गुरूणामर्द्धसौहित्यंलघूनांतृप्तिरिष्यते। अयमर्थःमाषपिष्टान्नादिभिरर्द्धसौहित्यंकर्त्तव्यंमुद्गादिभिः स्वभावादेवलघुभिर्मात्रयातृप्तिःकर्तव्येत्यर्थः ॥ द्रवोद्रवोत्तरश्चापिनमात्रागुरुरिष्यते।द्रवःपेयादिःद्रवोत्तरःतक्राद्यधिकओदनादिः॥ मात्रातोऽधिकोऽपिमात्रागुरुर्नमंतव्यः ॥ पेयस्यसर्व्वतोलघुत्वात्‌ ॥ ३९ ॥

स्वभाव गुरु, संस्कारगुरु और स्वभाव लघु, भक्ष्य के भोजन का प्रमाण कहते हैं ॥

गुरुपदार्थों की आधी तृप्ति और लघुपदार्थोंकी पूरीतृप्ति करनी चाहिये इसका यह तात्पर्य्य है कि उडद और पीठी आदिक आधीमात्रा से और स्वभाव से लघु मूंग आदि पूरीमात्रासे खानाचाहिये द्रव अर्थात् पेय पदार्थ और द्रवोत्तर अर्थात् मट्ठे आदिसे तरकिये हुये चावल आदि मात्रासे अधिक भी गुरु नहीं मानेजाते हैं क्योंकि पेय सबसे लघु होता है ॥ ३९ ॥

उक्तञ्चसुश्रुतेन। पेयलेह्यादिभक्ष्याणांगुरुर्विद्याद्यथोत्तरमितिपेयम्पेयादि। लेह्यंरसालादि। आदिशब्दाद्‌भोज्यमोदनसूपादि ॥ भक्ष्यम्मोदकादिः । द्रव्याढ्यमपिशुष्कन्तु सम्यगेवोपपद्यते। विशुष्कमन्नमभ्यस्तंनपाकंसाधुगच्छति ॥ अयमर्थःशुष्कमपिस्रोतोरोधकमपिद्रव्याढ्यंसम्यक्‌पाकंयाति। केवलस्यशुष्कान्नस्यदोषमाह ॥ विशुष्कमन्नमित्यादि। (अपक्कंतत्किम्भवतीत्यपेक्षायामाह) पिण्डीकृतमसंक्लिन्नंविदाहमुपगच्छति । पिण्डीकृतमष्ठीलावदुद्भूतम् ॥ असंक्लिन्नंनसम्यगार्द्रं । विदाहमुपगच्छतिविदग्धंभवतीत्यर्थः॥ ४०॥

और सुश्रुतने भी कहाहै ॥

कि पेय और लेह्य आदि भोजन उत्तरोत्तर गुरुहैं इस अधिक द्रवद्रव्यसे मिलाहुआ शुष्क अर्थात् स्रोतों का रोकनेवाला पदार्थ भी अच्छे प्रकार से परिपाकको प्राप्त होता है और केवल शुष्कअन्न भोजन कियाहुआ अच्छे प्रकार से परिपाकको नहीं प्राप्तहोता है क्योंकि वह आर्द्रताके न होने से घुटने के समान पिण्डाकार होकर विदग्ध होजाता है ॥ ४०॥

शुष्कादीनां वैगुण्यमाह ॥

शुष्कंविरुद्धंविष्टम्भि वह्निव्यापदकृद्भवेत्। शुष्कञ्चिपिटकादि ॥ विरुद्धंक्षीरमत्स्यादि। विष्टम्भि चणकमसुरादि वह्निमान्द्यं कुर्यात् ॥ ४१॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शुष्कादि अन्नोंके दोष ॥

शुष्क चिड़वे आदि विरुद्ध मिलेहुए दूध और मछली आदि विष्टंभी चने और मसूर आदि यह जठराग्नि को मन्दकर देते हैं ॥ ४१ ॥

नभुक्त्वानरदैश्छित्त्वाननिशायांनवाबहून् । नजलान्तरितानद्भिःसक्तूनद्यान्नकेवलान् ॥ पुनर्दानंपृथक्पानंसामिषम्पयसानिशि । दन्तच्छेदनमुष्णञ्चसप्तसक्तुषुवर्ज्जयेत् ॥ सुश्रुतः सक्तूनामाशुजीर्य्येत मृदुतादवलेहिका ॥ ४२ ॥

भोजन के उपरान्त अथवा दांतों से काटकर या रात्रि को अथवा अधिकमात्रासे या जल पी२कर अथवा केवल जलहीसे सत्तू न खाय और केवल सत्तूही न खाय, सत्तुओंमें सातबातें छोड़दे वह यहहैं कि पुनर्दान (एकबारखाकर फिर दिये हुये सत्तू) अलग जलपीना- मांसके साथ खाना- दूध में मिलाके खाना- रात्रिकोखाना- दांतों से काट २ करखाना (पिंडीबनाकरखाना) और उष्ण करके खाना सुश्रुतने कहाहै कि सत्तुओंका अवलेह लघुता के कारण शीघ्रही परिपाकको प्राप्त होताहै ४२॥

विषमाशनस्य लक्षणमाह ॥

यथाकालेतिमात्रंयत्तद्भवेद्विषमाशनम् । बहुस्तोकमकालेवाज्ञेयंतद्विषमाशनम् ॥ ४३ ॥

विषमभोजनकालक्षण ॥

समय पर अधिक मात्रासे भोजन करना अथवा असमय में अधिक या अल्पमात्रासे भोजन करना विषम भोजन कहलाताहै ॥ ४३ ॥

बहुनाल्पस्यभक्षितस्यदोषमाह ॥

आलस्यगौरवाटोपशब्दांश्चकुरुतेऽधिकम् । हीनमात्रंतनोःकार्श्यंकरोतिचबलक्षयम् । अधिकमन्नम् ॥ ४४ ॥

बहुत और थोड़ेभोजन के दोष ॥

अधिक अन्न भोजन करनेसे आलस्य- शरीरमें भारीपन, उदरमें अफरा और गड़ २ शब्द उत्पन्न होताहै अल्प अन्न भोजन करनेसे शरीरकी दुर्बलता और बलका नाश होताहै ॥ ४४ ॥

अकालेभुक्तस्यदोषमाह ॥

अप्राप्तकालेभुञ्जानोह्यसमर्थतनुर्नरः । तांस्तान्व्याधीनवाप्नोतिमरणञ्चाधिगच्छति ॥ अप्राप्तकालःकालादतिप्राक्भुञ्जानःअसमर्थशरीरोभवति । तथासतितांस्तान् व्याधीन्शिरोव्यथाविसूचिकालसकविलम्बिकादीन्प्राप्नोति ॥ तेषामाधिक्ये मरणमपि प्राप्नोतीत्यर्थः । कालेऽतीतेऽश्नतोजन्तोर्वायुनोपहतेऽनले ॥ कृच्छ्राद्विपच्यतेभुक्तंन स्याद्भोक्तुंपुनःस्पृहा ॥ ४५ ॥

अकाल में भोजन करनेके दोष ॥

भोजनके समयसे बहुत पहिले भोजन करनेसे शरीर असमर्थ होजाताहै इस्से शिरकी पीड़ा विसूचिका अलसक और विलम्बिका आदि रोग उत्पन्न होते हैं, और इनरोगों की अधिकता से मरणभी होजाताहै और भोजनके समयसे उपरान्त भोजन करनेसे वायुके द्वारा जठराग्निकेनष्ट होजानेपर भोजन बहुत देर में पचताहै और फिर भोजन करने की इच्छा नहीं होतीहै ॥ ४५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कुक्षेर्भागद्वयंभोज्यैस्तृतीयेवारिपूरयेत् । वायोःसञ्चारणार्थाय चतुर्थमवशेषयेत् ॥ रसेनान्नस्यरसना प्रथमेनोपतर्पिता । नतथास्वादुमाप्नोति ततःशोध्याम्बुनान्तरा ॥ अत्यम्बुपानान्नविपच्यतेऽन्नमनम्बुपानाच्च सएव दोषः ॥ तस्मान्नरोवह्निविवर्द्धनाय मुहुर्मुहुर्वारिपिबेदभूरि ॥ ४६ ॥

कोखके दोभाग भोजन से और तीसरा भाग जल से पूर्णकरे और चौथा भाग वायु के आने जाने को छोड़दे, भोजनके रस से पहिले तृप्तहुई जिह्वामें फिर दूसरा स्वादुनहीं प्राप्तहोता इस लिये बीच २ में जलपीकर जिह्वाका शोधन करना चाहिये बहुत जलपीने से और जल के न पीने से भी भोजन नहीं पचता इस कारण भोजन के समय अग्नि की वृद्धि के लिये मनुष्यको बारंबार थोड़ा २ जलपीना चाहिये ॥ ४६ ॥

भुक्तस्यादौजलम्पीतंकार्श्यमन्दाग्निदोषकृत् । मध्येऽग्निदीपनंश्रेष्ठमन्तेस्थौल्यकफप्रदम्॥अन्यच्च समस्थूलकृशाभुक्तमध्यान्तःप्रथमाम्बुपा। इतिवाग्भटः। भुक्तंभोजनम्॥तृषितस्तुनचाश्नीयात्क्षुधितोनपिबेज्जलम्॥तृषितस्तुभवेद्गुल्मीक्षुधितस्तुजलोदरी॥४७॥

भोजन के आदिमें जलपीने से दुर्बलता और मंदाग्नि मध्यमें पीने से अग्निकी दीप्ति और अन्तमें जलपीने से स्थूलता तथा कफकी उत्पत्ति होतीहै इस्से मध्यमें जलपीना श्रेष्ठहै और वाग्भटमें भी कहाहै कि भोजन के मध्य में जलपीने से समता अन्तमें स्थूलता और आदि में कृशता होती है प्यासा भोजन न करे भूखा जल न पिये क्योंकि प्यासमें भोजन करने से गुल्मरोग और भूख में जलपीने से जलोदर होताहै ॥ ४७ ॥

ननुशिष्टा भोजनान्ते दुग्धं पिबन्ति तत्कथमुचितम् । यतस्त्रिधा विभक्तस्य भोजन
कालस्य प्रथमो भागो वातस्य द्वितीयः पित्तस्य तृतीयः कफस्य अतएवाह। अश्नीया
त् तन्मना भूत्वा पूर्वन्तु मधुरं रसम् ॥ मध्येऽम्ललवणौ पश्चात् कटुतिक्तकषायका
न्। (अस्यायमभिप्रायः) भोजने पूर्व्वभुक्तो मधुरो रसो बुभुक्षितस्य वातपित्तयोः श
मको भवति भोजनमध्ये भुक्तावम्ललवणौ पित्ताशयेच वह्निवृद्धिं कुरुतः। भोजनांत
समये भुक्ताःकटुतिक्तकषायरसाः कफं शमयन्तीति। अथ भोजनावसानसमयस्य क
फकालत्वात् तत्रकथं श्लेष्मजनकं दुग्धं पातुमुचितम्भवति। यत उक्तम् ॥ दुग्धं
स्वादुरसांस्निग्धमोजस्यधातुवर्द्धनम् । वातपित्तहरंवृष्यंश्लेष्मलंगुरुशीतलम् ॥ इ
तिउच्यते। विदाहीन्यन्नपानानियानिभुंक्तेहिमानवः ॥ तत्विदाहप्रशान्त्यर्थंभोजनांते
पयःपिबेत्। (तथाचब्रह्मपुराणे) कुर्य्यात्क्षीरांतमाहारंनदध्यन्तंकदाचनेति । लवणा
म्लकटूष्णानिविदाहीन्यतियानितु ॥ तद्दोषंहर्त्तुमाहारंमधुरेणसमापयेत् ॥ भोजनावसा
नसमयेदुग्धादिमधुरभोजनेनैववर्द्धितः कफोलवणाम्लकटुभोजनजाननपित्तस्यवृद्धिंवि
नाशयतिपित्तवृद्धिनाशनेनकफस्यापिवृद्धिस्तुक्षीणाभवति। क्षीणाकफवृद्धिरग्निमान्द्या
दीन्व्याधीनुत्पादयितुंनशक्नोति॥ ननुशत्रोर्नाशनेनशत्रुहन्तुर्वृद्धिर्दृश्यतेनतुक्षीणताततः
कथंकफःक्षीणइति। उच्यते॥ बलवच्छत्रुविनाशनेनशत्रुहन्तुःदृश्यते। तथाच॥ नाश

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नात् प्रत्यनीकस्य स्वयं वाक्षीयतेयथा ॥ वह्निसन्तप्तलोहस्य तप्तता नाशयेज्जलम् ॥ ननुभोजनावसानसमये भुक्ताः कटुतिक्तकषायाः रसाः कफं शमयिष्यन्ति वातस्य वृद्धिं विधास्यन्ति इति चेत्। तन्न कट्वादीनां क्षीणशक्तिकत्वात् (तथाच) यदेकंनाशयेद्दोषं तन्नान्यंवर्द्धयेत्कुतः। नाशनेह्येकदोषस्य यतस्तत् क्षीणशक्तिकमिति ॥ वस्तुतो य एवरसः प्राचुर्य्येण भुक्तस्तस्यैव सर्वेरसावशा भवन्ति। (यतआह सुश्रुतः) जग्धाः सर्वेऽपिगच्छन्ति बलिनोवश्यतांरसाः। यथाप्रकुपितादोषा वशंयान्तिबलीयसः ॥ (बलिनः रसस्य बलीयसः दोषस्य) ॥ ४८ ॥

अब यह सन्देह होताहै कि शिष्टलोग भोजन के अन्त में दुग्ध पीते हैं यह कैसे उचितहै ? क्योंकि भोजन के समय के तीन भागहैं उनमेंसे पहिला वायुका दूसरा पित्तका और तीसरा कफकाहै इसी से कहागयाहै कि भोजन के पहिले मधुर रस मध्य में अम्ल और लवण और पीछे कटु तिक्त और कषाय भोजनकरे इसका यह अभिप्रायहै कि भोजन के आदि में खायाहुआ मधुर रस भूखे पुरुषके वात और पित्तको शान्तकरताहै भोजन के मध्य में खाये हुये अम्ल और लवण पित्ताशयमें अग्नि की वृद्धि करते हैं, और भोजन के अन्त में खायेहुए कटु तिक्त और कषाय कफको शान्त करते हैं तो भोजन के अन्तका समय कफका है उस में कफके बढ़ानेवाले दूधका पीना कैसे उचितहै ? क्योंकि कहाहुआ है कि दुग्ध, मधुर स्निग्ध–ओज और रसादि धातुओं का वर्द्धक वात पित्त नाशक वीर्य जनक कफकारक गुरु और शीतल होताहै, इसका समाधान करते हैं कि मनुष्य जो संपूर्ण दाहकारी अन्न और पेय पदार्थका भोजन करते हैं उन के दाह की शान्ति के अर्थ भोजन के अन्त में दूधपीना उचितहै और ऐसाही ब्रह्मपुराणमें लिखाहै कि भोजन के अन्त में दूधपीना चाहिये और दधि उससमय कभी न खाय, लवण अम्ल, कटु, उष्ण और दाहकारी पदार्थों के दोष दूरकरने के लिये भोजन के अन्त में मधुर रसखाय भोजन के अन्त में दूधआदिक मधुर रस भोजन से बढ़ाहुआ कफ लवण अम्ल और कटु भोजन से बढ़ेहुए पित्तको नाशकरताहै फिर पित्तकी वृद्धिके नाशकरने से कफकी वृद्धि भी क्षीण होजातीहै और उसके क्षीण होनेसे अग्निकी मन्दता आदि रोग नहीं उत्पन्न होसक्ते हैं अब यह कहा जासक्ता है कि शत्रुके मारने से उस मारनेवाले की वृद्धि होतीः है नकि क्षीणता तो कफ कैसे क्षीण होजाता है ? इसका उत्तर यह है कि बलवान् शत्रुके नाशकरने से मारनेवाले की भी क्षीणता होती है इसी के दृष्टान्त में कहागयाहै कि जैसे अग्नि से तपे हुये लोहे की उष्णता के नाशकरने में जल स्वयं भी नष्ट होजाताहै इसी प्रकार शत्रुके नाशकरनेसे मारनेवाला आपभी क्षीणहोजाताहै यदि ऐसा कहाजाय कि खायेहुये कटु तिक्त और कषाय रस भोजन के अन्त में उत्पन्नहुये कफ को तो शान्त करेंगे परन्तु वायुकी वृद्धि करेंगे सो ऐसा नहीं होसक्ता क्योंकि कफके नाशकरने से कटुआदिरसों की शक्ति क्षीणहोजायगी और ऐसाही कहाहै कि जिस वस्तु से एकदोषका नाश होताहै उस्से दूसरा दोष नहीं बढ़सक्ताहै क्योंकि एकदोषके नाशकरनेही से उसकी शक्ति क्षीणहोजाती है ठीक २ तो जौनसा रस भोजन में बहुत खायाजाताहै उसीके वशीभूत और रसभी होजाते हैं और सुश्रुतनेभी ऐसाही कहाहै कि जैसे कोप को प्राप्त हुये दोषोंमें से जो बलवान् होताहै उसीके सब वशहोते हैं इसी प्रकार खाये हुये रसों में से जो रस बलवान् होताहै उसी के वशीभूत और रस होजाते हैं ४८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एवंभुक्त्वासमाचामेद्रूक्षग्रहणपूर्व्वकम् । भोजनेदन्तलग्नानि निर्हृत्याचमनंचरेत् ॥ दन्तांतरगतंचान्नं शोधनेनाहरेच्छनैः । कुर्य्यादनिर्हृतंतद्धि मुखस्यानिष्टगंधताम् ॥ दन्तलग्नमनिर्हार्य्यं लेपंमन्येतदंतवत् । नतत्रबहुशःकुर्य्याद् यत्नंनिर्हरणंप्रति ॥ ४९ ॥

इसप्रकार भोजनकरके किसी रूखी वस्तुसे हाथ धोवै भोजन के समय दांत में लगी हुई वस्तु को निकालकर आचमन करै और दांतोंके भीतर प्रविष्ट हुये अन्नको खरकेसे धीरे २ निकाले क्योंकि उस के विनानिकाले मुख में दुर्गन्ध उत्पन्न होती है और दांतों में जमेहुये लेपको दांतों के समान जानकर उसके निकालने में बहुत यत्नकरै ॥ ४९ ॥

आचम्यजलयुक्ताभ्यां पाणिभ्यांचक्षुषीस्पृशेत् । भुक्त्वापाणितलंघृष्ट्वा चक्षुषोर्दीयतेयदि ॥ अचिरेणैवतद्वारितिमिराण्यपोहति ॥ ५० ॥

हाथ धोकर जलसे युक्त हाथोंके द्वारा नेत्रोंका स्पर्शकरै क्योंकि वह जल शीघ्रही नेत्रोंके अन्धकार को दूर करताहै ॥ ५० ॥

भुक्त्वाचसंस्मरेन्नित्यमगस्त्यादीन्सुखावहान् । विष्णुरात्मातथाचान्नं परिणामश्चवै यथा ॥ सत्येनतेनमद्भुक्तं जीर्य्यत्वन्नमिदंतथा । अगस्तिरग्निर्वडवानलश्च भुक्तंममान्नं जरयंत्वशेषम् ॥ सुखञ्चमेतत्परिणामसम्भवं यच्छन्त्वरोगं ममचास्तुदेहम् ॥ अंगारकमगस्तिञ्च पावकंसूर्य्यमश्विनौ । पञ्चैतान्संस्मरेन्नित्यं भुक्तंतस्याशुजीर्य्यति ॥ इत्युच्चार्यस्वहस्तेन परिमार्ज्यतथोदरम् । अनायासप्रदायीनि कुर्य्यात्कर्म्माण्यतंद्रितः ॥ अतंद्रितः निरंतरं जाग्रतस्तिष्ठेन्नतु स्वप्यात् । भुक्तमात्रस्यतु स्वप्नाद्धन्त्यग्निं कुपितः कफ इति वचनात् । जीर्णेऽन्नेवर्द्धतेवायुर्विदग्धेपित्तमेधते ॥ भुक्तमात्रेकफश्चापिक्रमोऽयंभोजनोपरि । विदग्धेकिंचित्पक्के किंचिदपक्के ॥ ५१ ॥

भोजनके उपरान्त करने के कार्य ॥

भोजन के उपरान्त सुखदेने वाले अगस्त्य आदिकों का स्मरणकरै विष्णु आत्मा विष्णु अन्न और विष्णुही परिपाकहै इसी सत्यसे मेरा भोजन किया हुआ अन्न शीघ्र परिपाक को प्राप्त होवै अगस्ति और वडवानल अति मेरे भोजन किये हुए सम्पूर्ण अन्न को परिपाक करैं और उसके परिपाक से भए सुखको भी दें और मेरे शरीरको नीरोगकरैं मंगल अगस्ति अग्नि सूर्य अश्विनीकुमार इन पांचोंके स्मरणकरने से भोजन शीघ्र परिपाकको प्राप्त होताहै यह कहकर उदरपर हाथ फेरै इसके उपरान्त परिश्रमरहित कार्यौंको करै और उसी समय शयन न करै क्योंकि ऐसा कहागयाहै कि भोजन के उपरान्त सोने से जठराग्नि मन्दहोकर कफ उत्पन्नहोताहै भोजन के परिपाकहोजाने पर वायु बढ़तीहै कुछ परिपाकहोजाने पर पित्त बढ़ता है और भोजन के उपरान्तही कफ बढ़ताहै ॥ ५१ ॥

भुक्तमात्रे सञ्जातस्य कफस्य प्रतीकारमाह ॥

फलैर्क धूमेनापोह्यहृद्यैर्वा कषायकटुतिक्तकैः । पूगकर्पूरकस्तूरीलवंगसुमनःफलैः ॥ फलैर्क धूमेनापोह्यहृद्यैर्वा ... ॥ धूमेन अगुर्वाटुकषायैर्वा मुखवैशद्यकारिभिः । ताम्बूलपत्रसहितैःसुगंधैर्वाविचक्षणः ॥ धूमेन अगुर्वा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दि धूमेन । अपोह्य कफं दूरीकृत्य कषाय कटुतिक्तकैः फलैः कर्पूरकस्तूरीलवंगादिभिः । पूगैः क्रमुकैः सुमनः फलैः जातीफलैः एला हरीतक्यादि फलैः ॥ ५२ ॥

भोजन के उपरान्त बढ़ेहुये कफका प्रतीकार ॥

भोजनके उपरान्त अगर आदि के धूमसे कफको दूरकरके हृदय को हित वा कटु तिक्त कषाय रस युक्त फलोंको चबाकर मुखको निर्मल करै अथवा सुपारी कपूर कस्तूरी लवंग जायफल अथवा मुखके निर्मल करनेवाले कटु तिक्त और कषाय रसयुक्त फलसहित और सुगन्धितवस्तु युक्त ताम्बूल भक्षण करै ॥ ५२ ॥

रतौसुप्तोत्थितेस्नाते भुक्तेवांतेचसंगरे।सभायांविदुषांराज्ञां कुर्यात्ताम्बूलचर्वणम्५३॥

मैथुनके समयमें निद्रा के अन्तमें स्नान और भोजन के उपरान्त वमन के अन्तमें परिश्रम के उपरान्त तथा पण्डितों की और राजाओंकी सभामें ताम्बूल भक्षण करै ॥ ५३ ॥

ताम्बूलमुक्तंतीक्ष्णोष्णं रोचनंतुवरंसरम् । तिक्तंक्षारोषणंकाम रक्तपित्तकरंलघु ॥ वश्यंश्लेष्मास्यदौर्गन्ध्यं मलवातश्रमापहम् । मुखवैशद्यसौगंध्यकांतिसौष्ठवकारकम् ॥ हनूदन्तमलध्वंसि जिह्वेंद्रियविशोधनम् । मुखप्रसेकशमनं गलामयविनाशनम् ॥ नवंत देवमधुरं कषायानुरसंगुरु । बलासजननंप्रायः पत्रशाकगुणंस्मृतम् ॥ वंगदेशोद्भवंपर्णं परंकटुरसंसरम् । पाचनंपित्तजनकमुष्णंकफहरंस्मृतम् ॥ पर्णंपुराणमकटुक्षुल्लकंतनु पांडुरम् । विशेषादगुणवद्धेयमन्यद्धीनगुणंस्मृतम् (ताम्बूलगुणम्) ॥ ५४ ॥

ताम्बूलके गुण ॥

ताम्बूल तीक्ष्ण उष्ण रुचिकारक कषैला—सारक, तिक्तक्षार कटु काम तथा रक्त पित्तका करनेवाला लघुवशकरनेवाला कफ मुखकी दुर्गन्धता मल वायु और श्रमका नाशक मुखकी स्वच्छता सुगंधकान्ति और सुन्दरता करनेवाला जबड़े तथा दांतों के मलका नाशक जिह्वा इन्द्रियकाशुद्ध करनेवाला और मुखकी लारका तथा गलेके रोगोंका नाशकरनेवाला होताहै नवीन ताम्बूल कुछ कषैला मधुर गुरु कफकारक और पत्रशाकके समानगुण वाला होताहै वंगदेशमें उत्पन्नहुआ ताम्बूल अत्यन्त कटु सारक पाचक पित्तवर्द्धक उष्ण और कफनाशक होताहै पुराना ताम्बूल कटु रसरहित लघु अत्यन्त कोमल पाण्डुवर्ण और अत्यन्त गुणकारी होताहै अन्यताम्बूल इसकी अपेक्षा गुणमें न्यून होते हैं ॥ ५४ ॥

पूगंगुरुहिमंरूक्षंकषायंकफपित्तनुत् । मोहनंदीपनंरुच्यमास्यवैरस्यनाशनम् ॥ पूगं स्याद्दृढमध्यंयत्स्विन्नंवापित्रिदोषनुत् । सरसंगुर्वभिष्यन्दितद्भृशंवह्निनाशनम् ॥ खदिरःकफपित्तघ्नश्चूर्णंवातबलासनुत् । संयोगतस्त्रिदोषघ्नंसौमनस्यंकरोतिच॥ मुखवैशद्यसौगन्ध्यकान्तिसौष्ठवकारकम् । प्रभातेपूगमधिकं मध्याह्नेखदिरंतथा ॥ निशासुचूर्णमधिकं ताम्बूलंभक्षयेत्सदा । आयुरग्रेयशोमूलेलक्ष्मीमध्येऽवस्थिता ॥ तस्मादग्रं तथामूलंमध्यं पर्णस्यवर्जयेत् । पर्णमूलेभवेद्व्याधिःपर्णाग्रेपापसम्भवः ॥ मध्यंपर्णंहरत्यायुः शिरावुद्धिविनाशिनी । आद्यंविषोपमंपीतं द्वितीयंभेदिदुर्जरम्॥तृतीयादनुपातव्यं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सुधातुल्यंरसायनम् । ताम्बूलंनातिसेवेत नविरिक्तोबुभुक्षितः ॥ देहदृक्केशदन्ताग्नि श्रोत्रवर्णबलक्षयः । शोषःपित्तानिलास्त्रंस्याद्दितिताम्बूलचर्व्वणात् ॥ ताम्बूलंनहितंदंत दुर्बलेक्षणरोगिणाम् । विषमूर्च्छामदार्त्तानां क्षयिणांरक्तपित्तिनाम् ॥ ५५ ॥

सुपारी गुड शीतल रूखी कषैली कफ और पित्तनाशक मदकारक अग्निदीपक रुचिकारक और मुखकी बिरसता की नाश करनेवाली होती है मध्य में दूध अथवा उबाली हुई सुपारी त्रिदोष को नाशकरती है कच्ची सुपारी गुरु अभिष्यन्दी और जठराग्नि की अत्यन्त मन्द करने वाली होती है खदिर, कफ और पित्त का नाश करनेवाला होता है चूना वायु और कफ का नाश करनेवाला होता है पान सुपारी कत्था चूना यह सब मिले हुए त्रिदोषों का नाश मन की प्रसन्नता मुख की निर्मलता तथा सुगन्धि कान्ति और सुन्दरता को करते हैं प्रातःकाल ताम्बूल भक्षण करने में सुपारी मध्याह्न में खदिर और रात्रि में चूना अधिक होना चाहिये ताम्बूल के अग्र भाग में आयु मूल में यश और मध्य में लक्ष्मी वास करती है इस कारण से ताम्बूल का अग्रभाग मध्य और मूल त्यागकर देना चाहिये ताम्बूल का मूल भक्षण करने से रोग उत्पन्न होते हैं अग्रभाग भक्षण करने से पातक होता है केवल ताम्बूल और चूना खाने से आयुका नाश होताहै और पान की नस खाने से बुद्धिका नाश होता है सुपारी आदि से युक्त पानकी पहली पीक विष तुल्य दूसरी बार की पीक भेदक और कठिनतासे पचनेवाली होती है इससे अमृत तुल्य गुणदायक और रसायनरूप पीक तीसरी बारसे पीनी चाहिये विरेचन लेनेवाला और क्षुधित पुरुष ताम्बूल को बहुत सेवन न करै ताम्बूल के बहुत खाने से शरीर दृष्टि केश दंत अग्नि श्रवणेन्द्रिय वर्ण तथा बलका नाश होताहै और शोष पित्त तथा वायु की वृद्धि होती है दुर्बल दांतवालों को तथा नेत्ररोग विष मूर्च्छा मदात्यय क्षय और रक्त पित्तसे युक्त पुरुषों को ताम्बूल हित नहीं है ॥ ५५ ॥

भुक्त्वाशतपदंगच्छेच्छनैस्तेनतुजायते। अंगसङ्घातशैथिल्यंग्रीवाजानुकटीमुखम् ॥ भुक्तोपविशतस्तंद्रा शयानस्यतुपुष्टता । आयुश्चंक्रममाणस्य मृत्युर्धावतिधावतः ॥ चंक्रममाणस्य पदशतंशनैर्गच्छतः श्वासानष्टौसमुत्तानस्तान्द्विःपार्श्वेतुदक्षिणे। ततस्त द्विगुणान्वामेपश्चात् स्वप्याद्यथासुखम् ॥ वामदिशायामनलोनाभेरूर्ध्वेऽस्तिजन्तूनाम् । तस्मात्तुवामपार्श्वेशयीतभुक्तप्रपाकार्थम् ॥ ५६ ॥

भोजनके उपरान्त धीरे २ सौपद (कदम) चले इस्से अंगोंकी सघनता तथा ग्रीवाघुटने कटि और मुख में शिथिलता होतीहै अर्थात् यह सम्पूर्ण शिथिल होकर अच्छीतरहसे घुमानेके योग्य होजाते हैं भोजनके उपरान्त बैठनेवाले को तन्द्रा सोनेवाले को पुष्टता धीरे२शतपद गमन करनेवालेको आयु और दौडने वालेको मृत्यु प्राप्त होती है उताने होकर आठ श्वास इसके द्विगुण दक्षिण करवट से और इस्के भी द्विगुण श्वास वाम पार्श्व से भोजनके उपरान्त शयन करने के समयमें ग्रहण करने चाहिये इसके उपरान्त जिसरीतिसे इच्छाहो उस रीतिसे शयनकरै मनुष्योंकी बाईं कोखमें नाभि के ऊपर अग्निके रहनेकास्थानहै इस कारण से भोजनके परिपाकके लिये बाईं करवट शयनकरै ५६॥

त्रिदोषशमनीखट्वा तूलीवातकफापहा । भूशय्याबृंहणीवृष्याकाष्ठपट्टीतुवातला ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अन्यःपुनराह भूशय्यावातलातीवरूक्षापित्तास्रनाशिनी । भूशय्याशयनंहृष्यंपुष्टिनिद्रा धृतिप्रदम् ॥ श्रमानिलहरंवृष्यंविपरीतमतोऽन्यथा ॥ ५७ ॥

खट्वा की शय्या त्रिदोषनाशक तोशक वात तथा कफकी नाश करने वाली होती है पृथ्वी पर सोनेसे शरीर की वृद्धि और पुष्टि होती है और तखतपर सोनेसे वायुकी वृद्धि होतीहै–किसी दूसरेका यहमत है कि पृथ्वीपर सोनेसे वायुकी वृद्धि और कफ तथा रक्त पित्तका नाश होताहै–उत्तम शय्यापर सोनेसे मनकी प्रसन्नता पुष्टता निद्रा तथा धारणा शक्तिकी वृद्धि होतीहै श्रम तथा वायुका नाश होताहै और वीर्य बढ़ताहै निकृष्ट शय्यापर सोनेसे इसके विपरीत गुण होते हैं ॥ ५७ ॥

सम्बाहनंमांसरक्तत्वक्प्रसादकरंपरम्॥प्रीतिनिद्राकरंवृष्यंकफवातश्रमापहम् ५८॥

संबाहन (अंगमलवाना) मांस रुधिर और त्वचाका प्रसन्न करनेवाला प्रीति निद्रा तथा वीर्य का बढ़ानेवाला और कफ वात तथा श्रमका नाश करनेवाला होता है ॥ ५८ ॥

प्रवातंरौक्ष्यवैवर्ण्यस्तम्भकृद्दाहपित्तनुत्॥स्वेदमूर्च्छापिपासाघ्नमप्रवातमतोऽन्यथा सुखंप्रवातंसेवेतग्रीष्मेशरदिचान्तरा ॥ निर्वातमायुषेसेव्यमारोग्यायचसर्वदा । पूर्वोनिलोगुरुःसोष्णःस्निग्धः पित्तास्रदूषकः । विदाहीवातलःश्रांतिकफशोषवतांहितः।स्वादुः पटुरभिष्यन्दीत्वग्दोषार्शोविषक्रमीन् ॥ सन्निपातंज्वरं श्वासमामवातञ्चकोपयेत् । (स्वादुर्भक्ष्यद्रव्येषुबाहुल्येनमधुररसजनकः) दक्षिणः पवनः स्वादुःपित्तरक्तहरोलघुः। वीर्य्येणशीतलोबल्यश्चक्षुष्योनतुवातलः ॥ पश्चिमःपवनस्तीक्ष्णःशोषणोबलहल्लघुः। मेदः पित्तकफध्वंसी प्रभञ्जनविवर्द्धनः ॥ उत्तरोमारुतःशीतःस्निग्धोदोषप्रकोपकृत् । क्लेदनःप्रकृतिस्थानांबलदोमधुरोमृदुः ॥ दोषप्रकोपकृत् आतुराणाम् । आग्नेयोदाहकृद्रूक्षोनैर्ऋतोनविदाहकृत् । वायव्यस्तुभवेत्तिक्त ऐशानः कटुकः स्मृतः ॥ विष्वग्वायुरनायुष्यःप्राणिनांबहुरोगकृत् । अतस्तंनैवसेवेतसेवितः स्यान्नशर्म्मणे ॥ व्यजनस्यानिलोदाहस्वेदमूर्च्छाश्रमापहः ॥ तालवृन्तभवोवातस्त्रिदोषशमकोमतः ॥ वंशव्यजनजस्तूष्णोरक्तपित्तप्रकोपनः । चामरोवस्त्रसंभूतोमायुरोवेत्रजस्तथा ॥ एतेदोषजितावाताः स्निग्धाहृद्याःसुपूजिताः ॥ ५९ ॥

अधिक वायुयुक्त स्थान रूक्षता विवर्णता तथा स्तंभकारक और दाह पित्त स्वेद मूर्च्छा तथा पिपासा नाशक होताहै और वायु रहित स्थान इससे विपरीत गुणवाला होताहै, ग्रीष्मऋतुसे शरत्काल पर्यन्त थोड़ी २ सुखदायक वायुका सेवन करै, आयु और आरोग्य के निमित्त वायु रहित स्थानका सेवन करै, पूर्वदिशा की वायु गुरु उष्ण स्निग्ध पित्त तथा रुधिरकी दूषक विदाही बादी थकेहुए तथा कफ रहित पुरुषोंको हितकारी स्वादु अर्थात् भोजन की वस्तुको मधुर करने वाली लवण रस युक्त अभिष्यन्दी और त्वचाके दोष बवासीर, विष, कृमि, सन्निपात, ज्वर, श्वास तथा आमवात उत्पन्न करनेवाली होती है, दक्षिणदिशा की वायु स्वादु रक्त पित्तनाशक लघु वीर्य में शीतल बलकारक और नेत्रोंको हितहोतीहै और बादी नहीं होती है, पश्चिम की वायु तीक्ष्ण सुखानेवाली बलनाशक लघु बादी और मेद कफ तथा पित्तकी नाश करनेवाली होती है, उत्तर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दिशाकी वायु शीतल स्निग्ध रोगियों के दोषकी बढ़ानेवाली क्लेदन स्वस्थ पुरुषों के बलकी बढ़ानेवाली मधुर और कोमल होती है, अग्निकोण की वायु दाह करनेवाली और रूक्ष होतीहै, नैर्ऋत्य कोण की वायु दाहकारक नहीं होती है, वायुकोण की वायु तिक्तरस होती है, ईशानकोण की वायु कटुरस होती है. चौवाई वायु आयुको हानिकारक और प्राणियों के अनेक रोगों की करनेवाली होतीहै इसकारण से उसका सेवन नहीं करना चाहिये क्योंकि इससे दुःख होताहै,पंखेकी वायु दाह स्वेद मूर्च्छा और श्रमनाशक होती है, ताडके पंखे की वायु त्रिदोषनाशक होती है, बांसके पंखे की वायु उष्ण और रक्तपित्त करनेवाली होतीहै, चामर वस्त्र मोरपंख और वेत के पंखे की वायु त्रिदोष की नाश करनेवाली स्निग्ध और हृदयको हितकारी होतीहै और चामर आदि इनकी वायु सबसे श्रेष्ठ कहीगई है ॥ ५६ ॥

दिवास्वापंनकुर्व्वीतयतोऽसौस्यात्कफावहः ॥ ग्रीष्मवर्ज्येषुकालेषु दिवास्वप्नोनिषिध्यते। उचितोहिदिवास्वप्नो नित्यंयेषांशरीरिणाम् ॥ वातादयःप्रकुप्यन्ति तेषामस्वपतांदिवा। व्यायामप्रमदाध्ववाहनरतान्क्लान्तानतीसारिणः शूलश्वासवतस्तृषापरिगतान्हिक्कामरुत्पीडितान् ॥ क्षीणान्क्षीणकफान्शिशून्मदहतान्वृद्धान्रसाजीर्णिनो। रात्रौजागरितान्नरान्निरशनान्कामंदिवास्वापयेत् ॥ दिवावायदिवारात्रौनिद्रासात्मीकृतातुयैः ॥ नतेषांस्वपतांदोषोजाग्रतांचोपजायते ॥ स्वपतांदिवाजाग्रतांरात्रौ। भोजनानंतरं निद्रावातंहरतिपित्तहृत्। कफंकरोतिवपुषःपुष्टिसौख्यन्तनोतिहि ॥ शयनंपित्तनाशाय वातनाशायमर्द्दनम्। वमनंकफनाशायज्वरनाशाय लङ्घनम् ॥ आसीनंघूर्णितंयत्तुनाभिष्यन्दिनरूक्षणम् ॥ ६० ॥

दिनको न सोवे क्योंकि इससे कफ उत्पन्न होताहै परन्तु ग्रीष्मऋतु में दिनका सोना वर्जित नहीं है-और जिन मनुष्योंको सदैव दिनके सोने का अभ्यासहै उनके दिनमें न सोने से वातादिक कोप करते हैं-व्यायाम मैथुन तथा मार्गचलने से व्याकुल अतीसार शूल श्वास तृषा हिचकी तथा वायुसे पीड़ित क्षीण अल्पकफवाले बालक मदसे पीड़ित वृद्ध अजीर्णयुक्त रात्रि में जगेहुये और लङ्घन करनेवाले पुरुषों को दिनमें सोना उचितहै-जिन पुरुषों ने दिन में सोनेका और रात्रिमें जागने का अभ्यास करलिया है उनको इससे कोई दोष नहीं होताहै-भोजनके अन्तमें सोनेसे वातपित्तकानाश कफकी वृद्धि और शरीरमें पुष्टता तथा सुख होताहै-पित्त के नाशके लिये शयन वायुके नाशके निमित्त अङ्गमर्द्दन कफके नाशके लिये वमन और ज्वरके नाशके लिये लङ्घन करना चाहिये-बैठकर अङ्गमर्द्दन करवाना अभिष्यन्दी और रूक्ष नहीं होताहै ॥ ६० ॥

अपरानप्युदरेऽन्नस्य संस्थापनहेतूनाह ॥

शब्दान्स्पर्शांश्चरूपाणिरसान्गन्धान्मनःप्रियान्। भुक्तवानपि सेवेततेनान्नंसाधुतिष्ठति ॥ उदरेइतिविशेषः ॥ ६१ ॥

उदरमें अन्नस्थापन करनेके दूसरे कारण ॥

भोजनके उपरान्त मनके प्रिय शब्द स्पर्श रूप रस और गन्धका सेवनकरै इससे अन्न उदरमें अच्छे प्रकार स्थित होजाताहै ॥ ६१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अन्नस्योदरेऽस्थितिहेतूनाह ॥

शब्दःस्पर्शस्तथारूपं रसोगन्धोजुगुप्सितः। भुक्तमप्रयतञ्चान्नमतिहास्यञ्चवामयेत्॥ अप्रयतमपवित्रम् ॥ ६२ ॥

अन्नके उदरमें न ठहरनेके कारण ॥

भोजन के उपरान्त मनके अप्रिय शब्द स्पर्श रूप रस और गन्धके सेवनसे अपवित्र अन्नखानेसे और बहुत हँसने से वमन होजाताहै ॥ ६२ ॥

अन्यदपि वर्ज्जनीयमाह ॥

शयनंचासनञ्चाति नभजेन्नद्रवाधिकम् । नाग्न्यातपौनप्लवनंनयानंनापिवाहनम् ॥ प्लवनंबाहुभ्यांजलप्रतरणम्। यानंमार्गेचलनम् ॥ वाहनमश्वादि । व्यायामञ्च व्यवायञ्च धावनंयानमेवच ॥ युद्धंगीतञ्चपाठञ्चमुहूर्तंभुक्तवांस्त्यजेत् ॥ ६३ ॥

भोजनके उपरान्तत्यागकरनेके योग्यदूसरी बातैं ॥

भोजनके उपरान्त सोना बैठना अत्यन्त पतली वस्तुका पीना अग्नि धूप तैरना मार्ग में चलना घोडे आदिकों पर चढ़ना व्यायाम मैथुन दौड़ना युद्ध गान करना और पढ़ना यह सब मुहूर्त भर त्यागकरदे ॥ ६३ ॥

परिवर्जनार्थमजीर्णस्यहेतूनाह ॥

अत्यम्बुपानाद्विषमाशनाच्चसन्धारणात्स्वप्नविपर्य्ययाच्च ॥ कालेऽपिसात्म्यं लघुचापिभुक्तमन्नंनपाकं भजतेनरस्य। ईर्ष्याभयक्रोधसमन्वितेनलुब्धेनरुग्दैन्यनिपीडितेन॥ विद्वेषयुक्तेनचसेव्यमानमन्नंनसम्यक्परिपाकमेति ॥ सन्धारणात् । अधोवातमलमूत्रादीनाम् ॥ ६४ ॥

त्याग करदेनेके निमित्त अजीर्ण के कारणोंका वर्णन ॥

बहुतजल पीना विषम भोजन करना मलमूत्रादि वेगोंकारोकना और दिनमें सोना इनकारणों से मनुष्यका समय अनुसारभी सात्म्य और लघुभोजन कियागया अन्न परिपाकको नहीं प्राप्त होता है-ईर्ष्या भय क्रोध तथा लोभयुक्त रोग तथा दीनतासे पीडित और द्वेषयुक्त पुरुषका भोजन कियाहुआ अन्न अच्छे प्रकारसे परिपाक को नहीं प्राप्त होताहै ॥ ६४ ॥

अध्यशनलक्षणमाह ॥

अजीर्णेभुज्यतेयत्तुतदध्यशनमुच्यते। तन्निवारयन्नाह। प्राग्भुक्ते चानलेमन्देद्विरह्नोन समाहरेत् ॥ अस्यायमर्थः प्रातर्भुक्तेऽजीर्णे सति । अहन्येवपुनर्नभुञ्जीतइत्यर्थः। रात्रौ पुनस्तथापिसति भुञ्जीतैव ॥ यतआहसुश्रुतएव । प्रातराशेत्वजीर्णेतुसायमाशेनदुष्यतीति ॥ पूर्वभुक्ते विदग्धेऽन्नेभुञ्जानोहन्तिपावकान् । अस्यत्वयमर्थः। पूर्वभुक्तेरात्रिभुक्तेअन्नेविदग्धेकिञ्चिदपक्वेप्रातर्भुञ्जानः पावकंहन्तीत्यर्थःयतआह सायमाशेत्वजीर्णेतुप्रातर्भुक्तंविषोपममिति ॥ ६५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अध्यशन का लक्षण ॥

अजीर्ण में भोजन करनेको अध्यशन कहते हैं (अब उसका निवारण करते हैं) कि प्रातःकाल भोजन करनेसे जो अजीर्णहोय तो दिनको फिर न खाय और रात्रि में भोजनकरनेसे कोई दोष नहींहै क्योंकि सुश्रुतने कहाहै कि प्रातःकाल कियेहुये भोजनके परिपाक न होनेपर सायङ्काल को भोजन करै और रात्रिका किया भोजन यदि अच्छीरीतिसे परिपाकको न प्राप्त होय तो दूसरेदिन प्रातःकाल भोजनकरने से अग्नि नष्ट होजाती है क्योंकि कहागयाहै कि रात्रि के कियेहुये भोजन के अजीर्ण होनेपर दूसरे दिन प्रातःकाल को भोजन विषतुल्यहै ॥ ६५ ॥

सायमाशाजीर्णे भोजनोपायमाह ॥

भवेद्यदिप्रातरजीर्णशङ्का तदाभयांनागरसैन्धवाभ्याम् । विचूर्णितांशीतजलेनभुक्त्वा भुञ्जीतचान्नंमितमन्नकाले ॥ ६६ ॥

रात्रिके भोजनसे हुये अजीर्ण में भोजनका उपाय ॥

यदि प्रातःकाल अजीर्णका सन्देह होय तो सोंठ सेंधानोन और हड़ इनके चूर्णको शीतलजलके साथ भक्षण करके भोजन के समयपर थोडासा भोजन करै ॥ ६६ ॥

आयुःक्षयभयाद्विद्वान्नाह्निसेवेतकामिनीम् । अवशोयदिसेवेततदाग्रीष्मवसन्तयोः ॥ अवशः अजितेन्द्रियः ॥ ६७ ॥

पण्डित दिनमें स्त्रीसंसर्ग (मैथुन) न करै और यदि इन्द्रिय के वशीभूत होकर करै तो केवल ग्रीष्म और वसन्तऋतुमेंही करै ॥ ६७ ॥

आस्यावर्णकफस्थौल्यसौकुमार्य्यसुखप्रदा । अध्वा वर्णकफस्थौल्यसौकुमार्य्यविनाशनः ॥ यत्तुचंक्रमणंनाति देहपीडाकरंभवेत् । तदायुर्बलमेधाग्निप्रदमिन्द्रियबोधनम् ॥ ६८ ॥

बैठेरहने से कफ स्थूलता सुकुमारता और सुख होताहै मार्गमें चलने से कफ स्थूलता और सुकुमारताका नाशहोताहै, शरीर को विना बहुत पीडादिये धीरे २ चलनेसे आयु बल मेधा तथा अग्नि की वृद्धि और इन्द्रियों में चैतन्यता होती है ॥ ६८ ॥

उष्णीषंकान्तिकृत्केश्यं रजोवातकफापहम् । लघुतच्छस्यतेयस्माद्गुरुपित्ताक्षिरोगकृत् ॥ ६९ ॥

पगडी कान्तिवर्द्धक केशोंको हितकारी धूलि वायु और कफकी नाशकरनेवाली होती है परन्तु हलकी पगडी धारण करनी चाहिये क्योंकि भारीपगडी पित्त और नेत्रके रोगोंको उत्पन्नकरती है ६९॥

उपानद्धारणंनेत्र्यमायुष्यंपादरोगहृत् ।सुखप्रचारमोजस्यंवृष्यञ्चपरिकीर्त्तितम् ॥पादाभ्यामनुपानद्भ्यां सदाचंक्रमणंनृणाम् । अनारोग्यमनायुष्यमिन्द्रियघ्नमदृष्टिदम् ॥ ७० ॥

जूतोंके पहिरनेसे नेत्रोंको हित आयुकी वृद्धि पैरोंके रोगोंकानाश सुखकी प्राप्ति और ओज तथा वीर्यकी वृद्धि होती है ॥ ७० ॥

छत्रस्यधारणंवर्षातपवातरजोऽपहम् ।हिमघ्नंहितमक्ष्णोश्चमांगल्यमपिकीर्त्तितम् ॥ ७१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

छत्रधारण वर्षा धूप धूलि तथा हिमका नाशक नेत्रोंको हित और मंगलकारी होता है ॥ ७१ ॥

सत्त्वोत्साहबलस्थैर्य्यधैर्य्यतेजोविवर्द्धनम् । अवष्टम्भकरञ्चापि भयघ्नं दण्ड धारणम् ॥ ७२ ॥

दंडका धारण सत्त्व, उत्साह, बल, स्थिरता, शूरता, तेजकीवृद्धि, अवलम्ब देनेवाला और भयका नाशक होताहै ॥ ७२ ॥

ऊर्ध्वाच्छादनसंयुक्ताशिबिकासर्ववल्लभा । तस्यामारोहणंनृणांत्रिदोषशमकंमतम् ॥ वातश्लेष्मसदार्त्तानामहिताश्रमकृत्तरिः । पित्तानिलकरोहस्ती लक्ष्म्यायुःपुष्टिवर्द्धनः ॥ घोटकारोहणंवातपित्ताग्निश्रमकृन्मतम् । मेदोवर्णकफघ्नञ्चहितंतद्बलिनांपरम् ॥ ७३ ॥

घटाटोप पालकी सबको प्रिय होतीहै और इसपर चढ़ने से मनुष्यों के त्रिदोष नाश होतेहैं वात श्लेष्मा के रोगोंसे व्याकुल मनुष्यों को नाव का चढ़ना हानिकारक होताहै और इससे श्रमभी होताहै हाथीपर चढ़नेसे पित्त वायु लक्ष्मी आयु और पुष्टताकी वृद्धि होती है घोडेपर चढ़ना वात पित्त अग्नि और श्रम करनेवाला और मेद वर्ण तथा कफका नाशक होताहै और यह बलवान् पुरुषों को अत्यन्तहित होताहै ॥ ७३ ॥

आतपस्वेदमूर्च्छास्रपित्ततृष्णाक्लमश्रमान् । दाहंविवर्णतांकुर्य्यादेतान्छायाव्यपोहति ॥ वृष्टिर्वृष्याहिमाबल्यानिद्रालस्यविधायिनी । भयावहामोहकरीकुहतिःकफवातला ॥ कुहतिःकुहराइतिलोके अग्निर्वातकफस्तम्भशीतवेपथुनाशनः । आमाभिष्यन्दिशमनोरक्तपित्तप्रकोपनः ॥ सद्यःश्लेष्मकरोधूमोनेत्रयोरहितोभृशम् । शिरोगौरवकृच्चापि वातपित्तञ्चकोपयेत् ॥ ७४ ॥

आतप (धूप) से स्वेद मूर्च्छा रक्त पित्त ग्लानि श्रम दाह और विवर्णता उत्पन्न होती है और छायासे इनसबका नाश होताहै वृष्टिसे वीर्य्य शीतलता बल निद्रा और आलस्य होताहै कोहरे से भय मोह और कफ तथा वायुकी वृद्धि होतीहै अग्निसे वायु कफ स्तम्भ शीत और कंपका नाश आम तथा अभिष्यन्द की शान्ति और रक्त पित्तका कोप होताहै धूमसे शीघ्र कफ की उत्पत्ति नेत्रों को अत्यन्तअहित शिरमें भारीपन और वायु पित्तका कोप होताहै ॥ ७४ ॥

अथ सदाचारः ॥

मैत्रींसद्भिःसमंकुर्यात् स्नेहंसत्सुतुसर्वथा । संसर्गंसाधुभिःकुर्यादसत्संगंपरित्यजेत् ॥ सत्सुसर्वथासज्जनेषुमनोवाक्कर्मभिः । सेवेतदेवभूदेववृद्धवैद्यनृपातिथीन् ॥ विमुखान्नार्थिनः कुर्य्यान्नावमन्येतकानपि । गुरूणांसन्निधौतिष्ठेत्सदैवविनयान्वितः ॥ पादप्रसारणादीनितत्रनैवसमाचरेत् । अपकारपरेऽपिस्यादुपकारपरःपुमान् ॥ आत्मवत्सकलान्पश्येद्वैरिणोदूरतोवसेत् । नकिञ्चिदात्मनः शत्रुन्नात्मानंकस्यचिद्रिपुम् ॥ प्रकाशयेन्नापमानंनचनिस्नेहतांप्रभोः । नात्मानमुदकेपश्येन्ननग्नः प्रविशेज्जलम् ॥ तथानाज्ञातगाम्भीर्य्यं नहिंस्रप्राणिसेवितम् । कालेहितंमितंसत्यं संवादिमधुरंवदेत् ॥ भुञ्जीतमधुरप्रायं स्निग्धंकालेहितंमितम् । नरात्रौदधिभुञ्जीत नचनिर्लवणंतथा ॥ नामुद्गसूप

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

न्ना क्षौद्रंनचाप्यघृतशर्करम्॥जनस्याशयमालक्ष्य योयथापरितुष्यति। तन्तथैवानुवर्त्तेत पराराधनपण्डितः ॥ नैकःसुखीनसर्वत्र विश्वस्तोनचशंकितः । नोद्यमेविरमेत्क्वापि हेतावीर्षेत्फलेनतु ॥ (हेतौफलहेतौ । उद्यमेफले धनादौ) वेगान्नधारयेज्जातु मनोवेगान्विधारयेत् । नपीडयेदिंद्रियाणि नचैताननतिलालयेत् ॥ वर्षातपादिषुच्छत्री दण्डीरात्रौभयेषुच । सोपानत्कस्तनुंरक्षेद् विचरेद्युगमात्रदृक् ॥ युगमात्रदृक् अग्रतो हस्तचतुष्टयमितां भूमिंपश्यन् । नदीन्तरेन्नबाहुभ्यान्नाग्निस्कन्धमभिव्रजेत् ॥ संदिग्धनावंवृक्षञ्च नारोहेद्दुष्टयानवत् । दुष्टयानं दुष्टगजघोटकादि ॥ ७५ ॥

आचारका वर्णन ॥

मित्रता सज्जन तथा असज्जन दोनोंके साथकरै परन्तु सज्जनोंके साथ मन वचन कर्मसे मित्रता करनी उचितहै साधुओंका संसर्ग करै और असत्संग छोडदे देवता ब्राह्मण वृद्ध वैद्य राजा और अतिथियों की सेवा करै याचकोंको विमुख और किसीका अनादर न करै गुरुओं के समीप सदैव विनय पूर्वक रहना चाहिये और उनके निकट पैर फैलाना आदि उद्दण्डता न करै अपकार करनेवाले सेभी उपकार करै सबको अपने समानदेखै और शत्रुसे दूररहै किसीको अपना शत्रु तथा अपने को किसीका शत्रु अपमान और स्वामी की अप्रीति (नाराजी) को प्रकट न करे जलमें अपनी छाया न देखै नग्नहोकर जलमें प्रवेश न करै और जिसकी गहराई न मालूम तथा जिसमें हिंसकजीव रहते हों ऐसे जलमें प्रवेश न करै, समय के अनुसार हितकारी थोडा सत्य सङ्गत और मधुर भाषण करै, भोजनके समयमें प्रायः मधुर स्निग्ध हित और थोडा भोजन करै, रात्रिमें दही न खाय और यदि खाय तो लवण मूंगकी दाल सहत घृत और शर्करा मिलाकर खाय दूसरेके प्रसन्न करनेसे चतुरपुरुष लोगोंके आशय को जानकर जो जिससे प्रसन्न होता हो उसके साथ वैसाही वर्ताव करै, आपही अकेला सुखी न होवै सब लोगोंपर विश्वास और सबपर सन्देह न करै, उद्यम से कभी विरत न होय हेतुमें ईर्षाकरै परन्तु फलमें कदापि न करै अर्थात् किसी पुरुषको ऐश्वर्य्यवान् देखकर ऐश्वर्य्य में ईर्षा न करे परन्तु जिन विद्यादि कारणोंसे ऐश्वर्यहुआहै उनमें यह ईर्षा करनीचाहिये कि वहीकाम मैंभी करूं जिससे ऐश्वर्यवान् होजाऊं मलमूत्रादि वेगोंको न धारण करे और मनके वेगको रोके इन्द्रियोंको न बहुतकष्टदे और अत्यन्त उनका लालन न करे वर्षा और गरमीकी ऋतु में छत्र और रात्रि तथा भयके स्थानमें दंड धारणकरे जूतेसे चरणोंकी रक्षाकरे मार्ग चलनेके समय चार हाथ आगेकी पृथ्वी देखकर चले भुजाओंसे पैरकर नदी के पार न जाय जहां अग्नि लगीहो उसके सम्मुख न जाय, जिस नौकाके टूटनेका सन्देहहो उसपर वृक्षपर और दुष्ट हाथी घोडे आदि सवारियोंपर न चढे७५॥

नासंवृतमुखंकुर्य्यात्सभायाञ्चविचक्षणः । कासंश्वासंतथोद्गारंजृम्भणंक्षवथुन्त था॥नासिकांनविकुष्णीयान्नासीतोत्कटुकःक्वचित्। नोर्ध्वजानुश्चिरंतिष्ठेन्ननखेनलिखेद्भुवम् ॥ सम्मार्ज्जनीरजोनैव देहेदद्यात्कदाचन । ननखेनतृणंछिन्द्यान्नोच्छिष्टोब्राह्मणं स्पृशेत् ॥ नोपरक्तंनचोद्यन्तं नास्तंयान्तंदिवाकरम् । सर्वथानसमीक्ष्येत नजलेप्रतिबिम्बितम् ॥ नेक्षेतसततंसूक्ष्मं दीप्तामेध्याप्रियाणिच । पौरंदरंधनुर्नैव दर्शयेत्कस्यपिक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चित् ॥ नेच्छेद्बलवतायुद्धं नभारंशिरसावहेत्। गात्रंनवादयेत्केशान् हस्तेनधुनुयान्न च ॥ नगच्छेत्पूज्ययोर्मध्ये दम्पत्योरन्तरेणच । रिपोरन्नंनभुञ्जीत गणिकान्नमपिक्वचित् । प्रतिभूर्नभवेत्क्वापि नचसाक्षीवृथाभवेत् ।(प्रतिभूः जामिनः) स्थागीन्नधारयेज्जातुद्यूतंदूरात्परित्यजेत् । (स्थागीथाती) विश्वासंनाचरेत् स्त्रीणां ताः स्वतन्त्राश्च नाचरेत् । रक्षणीयाःसदायत्नाद्यौवनेतुविशेषतः ॥ नभिन्नेशयनेसुप्यान्नानेकविवरेऽपि च । नैकोदेवालयेनैव रात्रौतरुतलेऽपिच ॥ एवंदिनानिगमयेत् सदाचारपरःसदा । ततोरात्रिप्रयुक्तानि कुर्य्यात्कर्म्माणिमानवः ॥ इत्याचारंसमासेन भाषितंयःसमाचरेत् । सविन्दत्यायुरारोग्यं प्रीतिंधर्म्मंधनंयशः ७६ ॥

बुद्धिमान्पुरुष सभामें मुखको विना बन्द किये खांसी श्वास डकार जंभाई और छींक यह न करै नाकको न कुरेदे उकडू न बैठे,बहुत देरतक घुटनेको ऊपर करके न बैठे नखोंसे पृथ्वीपर न लिखै बुहारी और बुहारीकी धूलका स्पर्श न करे नखों से तिनके न तोडे न काटे जूँठे मुख से ब्राह्मण को न छुए ग्रहणके समय उदय और अस्त के समय सूर्य को कभी न देखे और जल में दिखाई देनेवाले सूर्य्य के प्रतिबिम्ब को न देखे सूक्ष्म जलतीहुई अपवित्र और अप्रियवस्तु को लगातार न देखे किसी को इन्द्रका धनुष न दिखावे बलवान्शत्रु से युद्ध न करे शिरपर बोझा न लेचले अङ्गोंको न बजावे हाथ से बालोंको न बहावे दोपूज्य पुरुष और स्त्री पुरुषोंके मध्यमें न जाय शत्रु और वेश्याके अन्नको कभी न खाय किसीकी जमानत न करे और व्यर्थ किसी का साक्षी भी न हो किसीकी धरोहड न रक्खे जुआंको दूरसे छोडदे स्त्रियोंका विश्वास न करे और उनको स्वतन्त्र न करे स्त्रियोंकी सदैव रक्षाकरे और युवावस्था में विशेष करे स्त्रीसे पृथक् शय्यापर न सोवे बहुत पुरुषों से युक्त स्थान में स्त्री को न रक्खे रात्रिके समय अकेला देवता के स्थान में और वृक्षके नीचे न जाय इसप्रकार सदाचार में प्रवृत्त होकर दिनोंको व्यतीत करे इसके उपरान्त रात्रिके योग्य कार्य्यों को करे इस संक्षेप से कहे-हुये आचार को जो मनुष्य करता है वह आयु आरोग्य धन यश धर्म और प्रीतिको प्राप्तहोताहै ७६॥

अथ सन्ध्यायां निषिद्धानि कर्माण्याह ।

एतानिपञ्चकर्म्माणि सन्ध्यायांवर्ज्जयेद्बुधः । आहारंमैथुनंनिद्रां सम्पाठंगतिमध्वनि ॥ भोजनाज्जायतेव्याधिर्मैथुनाद्गर्भवैकृतिम् । निद्रायानिःस्वतापाठादायुर्हानिर्गतेर्भयम् ॥ ७७ ॥ सन्ध्यामें निषिद्धकर्म्म ॥

आहार,मैथुन, निद्रा, पढना, मार्गगमन-यह पांच कार्य सन्ध्याके समय पंडितोंको त्यागने योग्य हैं क्योंकि भोजन करने से व्याधि, मैथुनले गर्भमें विकार, निद्रासे दरिद्रता, पढनेसे आयु की हानि और गमन करने से भय उत्पन्न होताहै ॥ ७७ ॥

अथ रात्रिचर्य्यामाह ।

ज्योत्स्नाशीतास्मरानन्दप्रदातृट्पित्तदाहहृत् । ततोहीनगुणःकुर्य्याद्वश्यायोऽनिलङ्कफम् ॥ ७८ ॥ रात्रिचर्य्या ॥

चांदनी शीतल कामोद्दीपक और पित्त तृषा तथा दाहकी नाशकरनेवाली होती है-पाला इससे गुणों में न्यून होताहै और वायु कफके दोषोंको बढ़ाताहै ॥ ७८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तमोभयावहंमोहदिङ्मोहजनकम्भवेत् । पित्तहृत्कफहृत्कामवर्द्धनंक्लमकृच्चतत् ॥ ७९ ॥

अंधकारसे भय मोह दिग्भ्रम पित्त तथा कफकानाश कामकी वृद्धि और शरीरमें ग्लानि होती है ७९॥

रात्रौचभोजनंकुर्य्यात् प्रथमप्रहरान्तरे । किंचिदूनंसमश्नीयाद् दुर्ज्जरन्तत्रवर्ज्जयेत् ॥ अजीर्णेभोजनंयच्चयच्चजीर्णेनभुज्यते । रात्रौनभुज्यतेयच्चतेनजीर्य्यन्तिमानवाः ॥ शरीरे जायतेनित्यं देहिनःसुरतस्पृहा । अव्यवायान्मेहमेदोवृद्धिःशिथिलताततनोः ॥ बालेति गीयतेनारी यावद्वर्षाणिषोडश । ततस्तुतरुणीज्ञेया द्वात्रिंशद्वत्सरावधि ॥ तदूर्ध्वमधिरूढास्यात् पञ्चाशद्वत्सरावधि । वृद्धातत्परतोज्ञेयासुरतोत्सववर्ज्जिता ॥ (अधिरूढाप्रौढा) निदाघशरदोर्बालाहिताविषयिणांमता । तरुणीशीतसमयेप्रौढावर्षावसन्तयोः ॥ ८० ॥

रात्रिके समय प्रथम पहरमेंही कुछ न्यून भोजन करे और कठिनतासे पचने के योग्य भोजन न करे अजीर्ण में भोजन करे और जब अन्नपचजावे तब भोजन नहीं करे इसी प्रकार जो रात्रिमें भोजन (व्यारू) नहीं करते हैं उसीसे वे मनुष्य बूढ़े होजाते हैं और मनुष्यों के शरीरमें नित्य मैथुन* की इच्छा होती है इसके रोकने से प्रमेह मेद वृद्धि और शरीरकी शिथिलता होती है सोलह वर्ष की स्त्री बाला सोलह से बत्तीसतक तरुणी बत्तीस से पचास तक प्रौढ़ा और इसके उपरान्त वृद्धा कही जाती हैं यह वृद्धास्त्री मैथुन में वर्जितहै ग्रीष्म और शरत्कालमें बालास्त्री शीतकालमें तरुणी और वर्षा तथा वसन्तऋतुमें प्रौढ़ा स्त्री मैथुनके लिये श्रेष्ठ है ॥ ८० ॥

नित्यम्बालासेव्यमाना नित्यंवर्द्धयतेबलम् । तरुणीह्रासयेच्छक्तिं प्रौढोद्भावयते जराम् ॥ ८१ ॥

बालास्त्री के नित्य सेवनकरने से बलकी वृद्धि होती है तरुणी स्त्रीके साथ मैथुन करने से शक्ति की हानि होती है और प्रौढ़ा स्त्रीके साथ मैथुन करने से शरीर रोगग्रस्त होताहै ॥ ८१ ॥

सद्योमांसन्नवञ्चान्नं बालास्त्रीक्षीरभोजनम् । घृतमुष्णोदकेस्नानं सद्यःप्राणकराणिषट् ॥ ८२ ॥

ताजा मांस नवीनअन्न बाला स्त्री घृत दुग्धका भोजन और गरम जल से स्नान इन छःबातों से शीघ्र बल उत्पन्न होताहै ॥ ८२ ॥

पूतिमांसंस्त्रियोवृद्धा बालार्कस्तरुणोदधि । प्रभातेमैथुनंनिद्रा सद्यःप्राणहराणिषट् ॥ प्राणशब्दोऽत्र बलवाचकःबालार्कःकन्यार्कः ॥ ८३ ॥

सड़ा मांस, वृद्धा स्त्री, कन्याके सूर्य्य, ताजादही, प्रातःकालमैथुन और निद्रा यह छः शीघ्र बलके नाश करनेवाले हैं ॥ ८३ ॥

वृद्धोऽपितरुणींगत्वा तरुणत्वमवाप्नुयात् । वयोऽधिकांस्त्रियंगत्वा तरुणःस्थविरायते ॥ आयुष्मन्तोमन्दजरावपुर्वर्णबलान्विताः । स्थिरोपचितमांसाश्च भवन्तिस्त्रीषु संयताः ॥ ८४ ॥

---

* विनोपदेशांसद्धोहिकामोऽनाख्यातशिक्षितः । स्वकान्तारमणोपायेकोगुरुर्मृगपक्षिणाम् ॥ मुमुक्षवोपिसिद्ध्यन्ति विरागाद्रागपूर्वकात् । विषयेच्छातुयन्धिन्यो निसर्गात्प्राणिनांधियः ॥ तृणानामिवहिव्यर्थंनृणांजन्मसुखद्विषाम् । दोषास्तुपरिहर्तव्या इत्याचार्य्यैः स्थिरीकृतम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वृद्धपुरुषभी तरुणी स्त्रीके साथ संगकरनेसे तरुण होजाताहै और अपनी अवस्थासे अधिक अवस्थावाली स्त्री से भोगकरने से तरुणभी वृद्ध होजाताहै-नियमपूर्व्वक स्त्रियों के साथ गमन करने से आयुकी वृद्धि वृद्धावस्थाकी कमी पुष्टता—वर्णकी उत्तमता बलकी वृद्धि और मांसकी स्थिरता होती है ॥ ८४ ॥

सेवेतकामतःकामं बलाद्वाजीकृतोहिमे । प्रकामन्तुनिषेवेत मैथुनंशिशिरागमे ॥ त्र्यहाद्वसंतशरदोः पक्षाद्वृष्टिनिदाघयोः। (सुश्रुतस्तु) त्रिभिस्त्रिभिरहोभिर्हिसमेयात्प्रमदान्नरः ॥ सर्वेष्वृतुषुघर्मेषु पक्षात्पक्षाद्व्रजेद्बुधः । समेयात् संगच्छेत् घर्मे ग्रीष्मे ॥ ८५ ॥

हेमन्तऋतु में वाजीकरण औषधियोंका सेवन करके कामके वेग के अनुसार संभोगकरे-शिशिर ऋतु में इच्छा के अनुसार मैथुन करना चाहिये—वसन्त और शरद्ऋतु में तीन २ दिनका अन्तर देकर मैथुन करना चाहिये—वर्षा और ग्रीष्मऋतुमें पंद्रह २ दिन के उपरान्त मैथुन करना चाहिये सुश्रुतने तो कहाहै कि बुद्धिमान् पुरुषका सम्पूर्णऋतुओं में तीन२ दिनके अन्तरसे और ग्रीष्मऋतु में पन्द्रह २ दिनके अन्तरसे मैथुन करना चाहिये ॥ ८५ ॥

शीतंरात्रौदिवाग्रीष्मेवसन्तेतुदिवानिशि । वर्षासुवारिदध्वानेशरत्सुस्वरसःस्मरः ८६ ॥

शीतऋतुमें रात्रिके समय ग्रीष्ममें दिनको वसन्त में दिन और रात्रि दोनों समय पर वर्षा में मेघोंके गर्जनेपर और शरद्ऋतुमें अपनी इच्छाके अनुसार मैथुन कियाजाताहै ॥ ८६ ॥

उपेयात्पुरुषोनारीं सन्ध्ययोर्नचपर्व्वसु । गोसर्गेचार्द्धरात्रेच तथामध्यदिनेऽपिच ॥ विहारम्भार्ययाकुर्य्याद्देशेऽतिशयसंवृते । रम्येश्राव्यांगनागाने सुगन्धेसुखमारुते ॥ देशेगुरुजनासन्ने विकृतेऽतित्रपाकरे । श्रूयमाणेऽयथाहेतुवचनेनरमेतना ॥ ८७ ॥

सन्ध्याकालमें पर्वके दिनों में प्रातःकालमें आधीरात में और दोपहरमें पुरुषोंको मैथुन करना उचित नहीं है-बहुत गुप्तमनोहर सुन्दर स्त्रियोंके गानसे युक्त सुगन्धित और सुखदायक वायुवाले स्थान में पुरुषों को स्त्रियोंसे सम्भोग करना उचितहै-खुलेहुए लज्जाके योग्य और जिसमें गुरुलोग निकटहों तथा दुःखदायीवचन सुनाई पड़तेहों ऐसे स्थानमें संभोग करना उचित नहींहै ॥ ८७ ॥

स्नातश्चन्दनलिप्तांगः सुगंधसुमनोऽन्वितः । भुक्तवृष्यःसुवसनः सुवेषःसमलंकृतः ॥ ताम्बूलवदनःपत्न्यामनुरक्तोधिकस्मरः । पुत्रार्थीपुरुषोनारीमुपेयाच्छयनेशुभे ८८ ॥

स्नान कियेहुए शरीरमें चन्दनको लगायेहुए सुगन्धित पुष्पोंको धारण कियेहुए वीर्यके बढ़ानेवाली वस्तुओंको खायेहुये अच्छे वस्त्रपहनेहुये सुन्दर वेषधारण कियेहुए आभूषणों से युक्त ताम्बूल खायेहुए स्त्री में प्रेमयुक्त अधिक कामके वेगवाले और पुत्रकी अभिलाषा करनेवाले पुरुषको सुन्दर शय्यामें स्त्रीकेसाथ सम्भोग करना उचितहै ॥ ८८ ॥

अत्याशितोऽधृतिःक्षुद्वान् सव्यथांगःपिपासितः । बालोवृद्धोऽन्यवेगार्त्तस्त्यजेद्रोगीचमैथुनम् ॥ रोगीमैथुनसंवर्द्धनीयरोगयुक्तः ॥ ८९ ॥

बहुत भोजन कियाहुआ धैर्यरहित भूखा प्यासा पीड़ायुक्त शरीरवाला बालक वृद्ध मल मूत्रादि वेगयुक्त और रोगयुक्त (मैथुनकरनेसे जो रोग बढ़ताहो उससे युक्त) पुरुष मैथुन न करे॥ ८९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भार्य्यांरूपगुणोपेतां तुल्यशीलांकुलोद्भवाम्। अतिकामोऽभिकामान्तु हृष्टोहृष्टामलंकृताम्॥ सेवेतप्रमदांयुक्त्या वाजीकरणबृंहितः॥ ९०॥

अधिक कामके वेगवाला प्रसन्न और वाजीकरण औषधियों से बढ़े वीर्यवाला पुरुष रूप तथा गुणोंसे युक्त अपने समान स्वभाववाली कुलीन कामके अधिक वेगसे युक्त प्रसन्न और आभूषणों से युक्त युवती स्त्रीके साथ विधिपूर्वक सम्भोग करै॥ ९०॥

रजस्वलामकामाञ्च मलिनामप्रियान्तथा। वर्णवृद्धांवयोवृद्धां तथाव्याधिप्रपीडिताम्॥ हीनांगींगर्भिणींद्वेष्यां योनिरोगसमन्विताम्। सगोत्रांगुरुपत्नीञ्च तथाप्रव्रजितामपि॥ नाभिगच्छेत्पुमान्नारीं भूरिवैगुण्यशंकया॥ ९१॥

रजस्वला कामके वेगसेरहित मलिन अप्रिय वर्ण तथा अवस्थामेंवृद्ध रोगसे व्याकुल गर्भिणी द्वेष युक्त योनिमें रोगवाली समानगोत्रवाली गुरुपत्नी और संन्यास युक्त इनसम्पूर्ण स्त्रियों के साथ सम्भोगकरना अनुचितहै क्योंकि इससे बड़ी हानिकी शंकाहै॥ ९१॥

रजस्वलांगतवतो नरस्यासंयतात्मनः। दृष्ट्यायुस्तेजसांहानिरधर्मश्चततोभवेत् ९२॥

इन्द्रियों के वशीभूतहोकर रजस्वला स्त्री के साथ गमन करनेवाले पुरुषों की दृष्टि आयु तथा तेजकी हानि और अधर्मकी वृद्धि होतीहै॥ ९२॥

लिंगिनींगुरुपत्नीञ्च सगोत्रामथपर्व्वसु। वृद्धाञ्चसन्ध्ययोश्चापि गच्छतोजीवनक्षयः॥ (लिंगिनीं। प्रव्रजिताम्) गर्भिण्यांगर्भपीडास्याद्व्याधितायांबलक्षयः। हीनांगींमलिनांद्वेष्यां क्षामाम्बन्ध्यामसंवृते॥ देशेऽभिगच्छतोरेतः क्षीणंग्लानंमनोभवेत्। गर्भिणी गर्भवासदिवसात् द्वितीयेमासि गर्भस्थितेरनिश्चिते यथोक्तनक्षत्रादिलाभाभावे वा तृतीये मासि पुंसवने कृते नाभिगच्छेत्। (यथापुंसवनानन्तरमाह व्यासः) ततस्त्यजेन्नदीतीरं देवखातोदकंतथा। भर्त्तुःशय्यांमृतापत्यां तथैवामिषभोजनम्॥ अन्यच्च॥ आमिषस्याशनंयत्नात्प्रमदापरिवर्ज्जयेत्। देवारामनदीयानं प्रयोगंपुरुषस्यचेति॥ ९३॥

संन्यासिनी, गुरुपत्नी, समानगोत्रवाली और वृद्धस्त्री के साथ भोगकरने से और पर्व दिन तथा संध्याकाल में भोगकरने से जीवका नाश होताहै और गर्भिणी स्त्रीसे भोगकरनेसे गर्भ में बाधाहोती है व्याधिसे पीडित स्त्रीसे भोगकरनेमें बलकी हानिहोतीहै—हीन अंगवाली मलिन द्वेषयुक्त—दुर्बल और बंध्याके साथ भोगकरने से अथवा बेपर्दे के स्थानमें भोगकरने से-वीर्य्य की क्षीणता और मन की अप्रसन्नता होतीहै यहां गर्भिणी स्त्रीसे यह तात्पर्य्यहै कि गर्भस्थिति के दिनसे दूसरे महीने में अथवा गर्भस्थिति के न होने में या यथोक्त नक्षत्रादिकों के न मिलने से तीसरे महीने में पुंसवन कर्मके होजाने पर संभोग नहीं करना चाहिये और ऐसाही व्यासजीने भी कहाहै कि पुंसवन के पीछे स्त्री नदीका तट, देवताओं के कुंडों का जल, पति के साथ शयन, मृतवत्सास्त्रीका दर्शन और मांस भोजन त्यागकरदे और भी कहाहुआहै कि गर्भिणी स्त्री मांस भोजन, देवस्थान, बाग, नदी, यान पर चढ़ना और मैथुन यत्नपूर्वक छोड़दे॥ ९३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्षुधितःक्षुब्धचित्तश्च मध्याह्नेतृषितोऽबलः । स्थितस्यहानिंशुक्रस्यवायोःकोपञ्च विन्दति॥ व्याधितस्यरुजाप्लीहा मूर्च्छामृत्युश्चजायते । प्रत्यूषेचार्द्धरात्रेचवातपित्ते प्रकुप्यतः॥ तिर्य्यग्योनावयोनौवादुष्टयोनौतथैवच । उपदंशास्तथावायोः कोपःशुक्र सुखक्षयः॥ ९४॥

क्षुधित, घबराया हुआ, तृषायुक्त और दुर्बल मैथुनकरने से वीर्य्यकी हानि और वायु के कोप को प्राप्तहोताहै और मध्याह्न में भी मैथुनकरने से यही दोष उत्पन्नहोतेहैं और व्याधियुक्त पुरुष मैथुन करने से प्लीहा मूर्च्छा आदि अनेक रोग और मृत्यु को भी प्राप्त होताहै प्रातःकाल अथवा अर्द्ध रात्रि में मैथुन करने से वात और पित्तका कोप होताहै पशु आदिकी योनि अयोनि (छोटी अवस्था के कारण भोगके अयोग्य) और दोषयुक्त योनिमें मैथुन करने से आतशक वायुका कोप और वीर्य्य तथा सुखकी हानि होतीहै॥ ९४॥

उच्चारितेमूत्रितेचरेतसश्चविधारणे । उत्तानेचभवेच्छीघ्रंशुक्राश्मर्य्यास्तुसम्भवः॥ सर्वमेतत्त्यजेत्तस्माद्यतोलोकद्वयाऽहितम्। शुक्रन्तूपस्थितम्मोहान्नसन्धार्य्यंकदाचन॥ स्नानंसशर्करंक्षीरंभक्ष्यमैक्षवसंस्कृतम्।वातोमांसरसःस्वप्नोसुरतान्तेहिताअमी॥शूलका सज्वरश्वासकार्श्यपाण्ड्वामयक्षयाः।अतिव्यवायाज्जायन्तेरोगाश्चाक्षेपकादयः॥९५॥

मैथुन करनेके समय मल मूत्र और वीर्यके वेगको रोकनेसे अथवा चित्त सोनेसे शीघ्रही शुक्राश्मरी (वीर्यकीपथरी) उत्पन्न होतीहै इसी कारणसे उचितहै कि इन दोनों लोकोंकी हानिकारक बातोंका त्यागकरदे और मोहसे गिरतेहुए वीर्य्य को कदापि न रोके स्नान शर्करा युक्त दुग्ध मिष्ट भोजन वायुका सेवन मांसका रस और निद्रा यह संपूर्ण भोगके अन्तमें अत्यन्तहितकारी हैं बहुतमैथुनकरने से शूल कास ज्वर श्वास दुर्बलता पांडु क्षय और आक्षेप आदि रोग उत्पन्न होते हैं॥ ९५॥

रात्रौजागरणंरूक्षंकफदोषविषार्तिजित्। निद्रातुसेविताकालेधातुसाम्यमतन्द्रिताम्॥ पुष्टिंवर्णंबलोत्साहंवह्निदीप्तिंकरोतिहि। योलेढिशयनसमयेमधुमिश्रंबीजपूरदलचूर्णम्। सतुलज्जाकरवातप्रसरनिरोधात्सुखंस्वपिति॥ ९६॥

रात्रिमें जागनेसे शरीरकी रूक्षता होती है और कफके दोष तथा विषकी पीडा शान्ति होती है समयके अनुसार शयन करने से धातुओंकी समता आलस्यका नाश शरीरकी पुष्टता–बल–वर्ण-उत्साह और जठराग्नि की दीप्ति होती है जो मनुष्य शयन के समय बिजौरे नींबू के पत्तेके चूर्णको सहत के साथ चाटताहै वह अपानवायुकी वृद्धि के रुकनेसे सुखपूर्वक सोताहै॥ ९६॥

सवितुःसमुदयकालेप्रसृतीःसलिलस्यपिबेदष्टौ। रोगजरापरिमुक्तोजीवेद्वत्सरशतं साग्रम्॥ अस्यजलपानस्योपक्रमकालेरात्रेश्चतुर्थप्रहरेप्रवेशः॥ तथाचभोजः पिबति पर्य्युषितंजलमन्वहन्तिमिरणीचरमेप्रहरेयदि। एतज्जलपानकालमर्य्यादासूर्य्योदयाति सन्निहितप्रातःकालः तथाच तन्त्रान्तरे अम्भसःप्रसृतीरष्टौरवावनुदितेपिबेत्। वातपित्तकफान्जित्वाजीवेद्वर्षशतंसुखीइति॥ सलिलस्यात्रपर्य्युषितग्रहणंभोजवचनानुरोधात्। अर्शःशोथग्रहण्योज्वरजठरजराकुष्ठमेदोविकारः मूत्राघातास्रपित्तश्रवणगल

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शिरःश्रोणिशूलाक्षिरोगाः ॥ येचान्येवातपित्तक्षतजकफकृता व्याधयःसन्तिजन्तोस्तां स्तान्नभ्यासयोगादपहरतिपयःपीतमन्तेनिशायाः ॥ ९७ ॥

सूर्य्य के उदयके समयमें आठ चुल्लू जल पीनेसे संपूर्ण रोग और वृद्धावस्थासे छूटकर एक सौ वर्षकी आयुहोतीहै इस जलके पीनेके प्रारम्भ का समय रात्रिके चौथे प्रहरका प्रवेश कहागयाहै और ऐसाही भोजनमें कहाहै रात्रिके चौथे प्रहरमें जो बासीजल पीताहै इत्यादि वचनके अनुसार सूर्य्यो-दयके कुछ पूर्वकाल में जल पीना उत्तमहै शास्त्रान्तरमें भी कहागयाहै कि सूर्योदय के पूर्व आठ चुल्लू जल पिये क्योंकि इससे वायु पित्त और कफ के दोषदूर होकर सुखपूर्व्वक सौवर्षतक जीताहै यहां बासी जल का पीना भोजके वचनके अनुसार लिया गयाहै रात्रि के अन्तमें जल पीनेसे बवासीर सूजन संग्रहणी ज्वर उदररोग और वृद्धावस्था कुष्ठ मेदरोग मूत्राघात रक्तपित्त कान गला शिर तथा नितंबोंकी पीड़ा नेत्ररोग और मनुष्यों के वातपित्त कफ और घाव से उत्पन्न हुए संपूर्ण रोग नाशको प्राप्त होते हैं ॥ ९७ ॥

विगतघननिशीथेप्रातरुत्थायनित्यं पिबतिखलुनरोयोघ्राणरन्ध्रेणवारि ॥ सभ वतिमतिपूर्णश्चक्षुषाताक्ष्र्यतुल्यो वलिपलितविहीनःसर्वरोगैर्विमुक्तः ॥ निशीथोऽत्रनि शान्धकारःपातव्यंनासयानीरं प्रसृतित्रयमात्रया।व्यंगवलीपलितघ्नंपीनसवैस्वर्यकास शोथहरम् ॥ रजनीक्षयेम्बुनस्यंरसायनंदृष्टिसञ्जननम् ॥ स्नेहेपीतेक्षतेशुद्धावाध्मानेस्ति मितोदरे। हिक्कायांकफवातोत्थे व्याधौतद्वारिवारयेत् ॥ तद्वारिनासापेयम् ॥ ९८ ॥

रात्रिके अन्तमें अंधकारके दूर होजाने पर प्रातः काल उठकर जो मनुष्य नासिका के छिद्र से जल पीताहै वह अधिक बुद्धिवाला और गरुडके समान दृष्टिवाला होताहै झुर्री बालोंकी श्वेतता और संपूर्ण रोगों से छूटजाताहै नासिका के द्वारा जल पीने की मात्रा तीन चुल्लूहै रात्रिके अन्तमें नासिका के द्वारा जलपीने से व्यंग झुर्री बालों की श्वेतता पीनस स्वरभंग खांसी तथा सूजन यह सब नाश होतेहैं और यह रसायन और दृष्टि का अत्यन्त उपकारक है स्नेहपीने में क्षतरोग में वमन और विरेचन करने में अफरा में पेटके भारीपने में हिचकी में और कफ वात से उत्पन्न हुए रोगों में नासिका से जल न पीवे ॥ ९८ ॥

अथर्तुचर्य्या ॥

चयकोपशमायस्मिन्दोषाणांसम्भवन्तिहि। ऋतुषट्कंतदाख्यातंरवेराशिषुसंक्रमात्॥ ग्रीष्मोमेषवृषौप्रोक्तःप्रावृण्मिथुनकर्कटौ। सिंहकन्येस्मृतावर्षातुलावृश्चिकयोःशरत् ॥ धनुर्ग्राहौचहेमन्तोवसन्तःकुम्भमीनयोः। मेषवृषौरविणासंक्रान्तौ। एवंमिथुनकर्कटावि त्यादि(अन्येतु)शिशिरःपुष्पसमयोग्रीष्मोवर्षाशरद्धिमाः।माघादिमासयुग्मैःस्युर्ऋतवः षट्क्रमादमी॥गंगायादक्षिणेदेशे वृष्टेर्बहुलभावतः। उभौमुनिभिराख्यातौ प्रावृड्वर्षाभि धावृतू ॥ ९९ ॥

ऋतुचर्य्या ॥

वातादिक दोषोंका संचय कोप और शान्ति जिनमें होतेहैं वह छः ऋतु सूर्य्यके राशियोंमेंबदलने से होती हैं मेष और वृषके सूर्य्य में ग्रीष्म मिथुन और कर्कके सूर्य्य में प्रावृट् सिंह और कन्याके सूर्य्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

में वर्षा तुला और वृश्चिकमें शरद् धन और मकरमें हेमन्त और कुंभ और मीनके सूर्य में वसन्त ऋतु होती है और किसी का मत यह है कि माघको आदि लेकर दो२ महीने के क्रमसे शिशिर वसन्त ग्रीष्म वर्षा शरद् और हेमन्त यह छः ऋतु होती हैं गंगाजीके दक्षिण देशमें वृष्टिके बहुतहोने के कारण मुनि लोगोंने प्रावृट् और वर्षा दो ऋतु कहीं हैं गंगाजी के उत्तरके देश में शीत के बहुत होने के कारण हेमन्त और शिशिर नाम दो ऋतु कही गई हैं ॥ ९९ ॥

उत्तरायणमाद्यैस्तैः परैः स्याद्दक्षिणायनम्। आद्यमुष्णंबलहरंततोऽन्यद्बलदंहिमम् १००

पहली तीन ऋतुओं में उत्तरायण और पिछली तीन ऋतुओं में दक्षिणायन उत्तरायण उष्ण और बलका नाशक होताहै और दक्षिणायन बलका देनेवाला और शीतल होताहै ॥ १०० ॥

हेमन्तःशीतलःस्निग्धःस्वादुर्जठरवह्निकृत् । शिशिरःशीतलोऽतीवरूक्षोवाताग्निवर्द्धनः॥ हेमन्तःस्वादुःप्रायेणद्रव्येषुस्वादूरसजनकः। एवमन्यत्रापिबोद्धव्यम् ॥ वसन्तो मधुरःस्निग्धःश्लेष्मवृद्धिकरश्चसः । ग्रीष्मोरूक्षोऽतिकटुकःपित्तकृत्कफनाशनः ॥ वर्षा शीताविदाहिन्यो वह्निमान्द्यानिलप्रदाः।शरदुष्णापित्तकर्त्रीनृणांमध्यबलावहा ॥१०१॥

हेमन्तऋतु स्निग्ध—शीतल प्रायः संपूर्ण वस्तुओंमें मधुरताकी उत्पन्न करनेवाली और जठराग्नि की दीप्ति करनेवाली होती है शिशिरऋतु शीतल अत्यन्त रूखी और वायु तथा अग्निकी बढ़ानेवाली होती है, वसन्तऋतु प्रायः संपूर्ण वस्तुओं में मधुरता उत्पन्न करनेवाली स्निग्ध और कफवर्द्धक होती है—ग्रीष्मऋतु रूखी प्रायः संपूर्ण वस्तुओं में अत्यन्त कटुता उत्पन्न करनेवाली पित्तवर्द्धक और कफ नाशक होती है, वर्षाऋतु शीतल विदाह (अन्नका कच्चा पक्का पकना) तथा मंदाग्नि करनेवाली और वायुवर्द्धक होती है शरद्ऋतु उष्ण पित्तवर्द्धक और मनुष्योंको कुछबलदेनेवाली होती है ॥ १०१ ॥

चयप्रकोपोपशमा वायोर्ग्रीष्मादिषुत्रिषु। वर्षादिषुचपित्तस्यश्लेष्मणःशिशिरादिषु॥ चीयतेलघुरूक्षाभिरोषधीभिः समीरणः । तद्विधस्तद्विधेदेहेकालस्योष्णान्नकुप्यति ॥ तुल्येऽपिकालेस्निग्धेतद्विधेरूक्षोलघुश्चतद्विधेरूक्षेलघौच । अद्भिरम्लविपाकाभिरोषधीभिश्चतादृशम् । पित्तंयातिचयंकोपंनतुकालस्यशैत्यतः ॥ तादृशम्,अम्लविपाकम् ॥ चीयतेस्निग्धशीताभिरुदकौषधिभिःकफः । तुल्येचकालेदेहेचस्कन्नत्वान्नप्रकुप्यतितुल्येऽपिकालेस्निग्धेशीतलेचस्कन्नत्वाद् देहेशुष्कत्वात् । हिमेयातिशमंपित्तंवायुःश्लेष्माचचीयते। सवायुःशिशिरेकोपंयात्येवोपहतःकफः ॥ हेमन्तेसञ्चितःश्लेष्माशिशिरेत्वतिचीयते। शीतस्निग्धगुरुद्रव्यैःशैत्यस्कन्नोनकुप्यति ॥ स्कन्नःकठिनीभूतः। इतिकालस्वभावोऽयमाहारादिवशात्पुनः। चयादीन्यान्तिसद्योऽपिदोषाःकालेविशेषतः ॥ १०२ ॥

ग्रीष्मादिक तीनऋतुओं में वायुका संचय, कोप तथा शान्ति क्रमसे होती है वर्षा आदिक तीन ऋतुओं में पित्तका संचय कोप तथा शान्ति क्रमसे होती है और शिशिर आदिक तीन ऋतुओं में कफका संचय कोप तथा शान्ति क्रमसे होती है लघु और रूक्ष औषधियोंके सेवन से वायुका संचय होताहै लघु और रूक्ष गुणयुक वायु लघु और रूखे शरीर में कालकी उष्णता से कोप को नहीं प्राप्तहोती है, खट्टे पाकवाले जल और औषधियों से खट्टे पाकवाला पित्त इकट्ठा होजाता है और समयकी शीतलता से कोप को प्राप्त नहींहोता, स्निग्ध और शीतल जल तथा औषधियों से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कफका संचय होता है वह कफ स्निग्ध और शीतल समय तथा शरीर में शुष्क होजाने के कारण से कोप को नहीं प्राप्त होताहै हेमन्तऋतुमें पित्तकी शान्ति और वायु तथा श्लेष्माका संचय होताहै शिशिरऋतुमें वह वायु कोपको प्राप्तहोता है और कफ संचित रहताहै हेमन्तऋतुमें संचयको प्राप्त हुआ श्लेष्मा शीतल स्निग्ध और भारी द्रव्योंके सेवनसे शीतलता के कारण शिशिरऋतु में अत्यन्त संचित हुआ सूखजाने से अत्यन्त कोपको नहीं प्राप्त होताहै यह तो समयका स्वभाव है फिर आहारादिकों के कारण से वातादिक दोष तत्काल संचयादिकों को प्राप्त होते हैं परन्तु अपने २ समय में विशेष करके संचयादि को प्राप्त होते हैं ॥ १०२ ॥

चयकोपसमाःपूर्व्वाह्णे वसन्तस्य लिंगं मध्याह्ने ग्रीष्मस्य अपराह्णे प्रावृषःप्रदोषे वार्षिकम् ॥ शरदमर्द्धरात्रे प्रत्यूषसि हेमन्तमुपलक्षयेत् । एवमहोरात्रमपि वर्षामिव शीतोष्णवर्षादोषोपचयप्रकोपोपशमाः जानीयादितिसुश्रुतः ॥ चयकोपशमादोषाविहाराहारसेवनैः । समानैर्य्यान्त्यकालेऽपि विपरीतैर्विपर्य्ययम् ॥ समानैस्तुल्यैश्चयादियोग्यैरितियावत् । विपर्य्ययंकालेपि वैपरीत्यं बोध्यम् ॥ १०३ ॥

सुश्रुतने कहा है कि दिनरात्रि में भी संवत्सरके समान वसन्तादि ऋतुओं के लक्षण प्रकट होते हैं यह दोषों के संचय कोप और शान्तिसे जानेजाते हैं अर्थात् प्रातःकाल वसन्तका लक्षण मध्याह्न में ग्रीष्मका लक्षण तीसरे पहर प्रावृट्का लक्षण सायंकाल में वर्षाका लक्षण अर्द्धरात्रि में शरद्का लक्षण और पिछली रात्रि में हेमन्तका लक्षण जानना चाहिये संचय कोप और समता करनेवाले आहार विहारों के सेवनसे समय के विनाभी वातादिक दोष संचय कोप और समताको प्राप्तहोते हैं परन्तु विपरीत आहार विहारोंके सेवनसे समय होनेपरभी विपरीत फल होताहै॥१०३॥

एवंचयलक्षणमाहसुश्रुतः ॥

स्वस्थानस्थस्यदोषस्य वृद्धिःस्याच्छ्वासकोष्ठता । पीतावभासतावह्निमन्दताचांगगौरवम् ॥ आलस्यञ्चयहेतौतु द्वेषश्चचयलक्षणम् । सञ्चयोपहतादोषालभन्तेनोत्तरांगतिम् ॥ तेतूत्तरासुगतिषु भवन्तिबलवत्तराः । वर्षासुप्रबलोवायुस्तस्मान्मिष्टादयस्त्रयः॥ रसाःसेव्याविशेषेण पवनस्योपशान्तये । (मिष्टादयस्त्रयोमधुराम्ललवणाः) भवेद्वर्षासु वपुषः क्लिन्नत्वं यद्विशेषतः । तत्क्लेदशान्तयेसेव्या अपिकट्वादयस्त्रयः ॥ (कट्वादयस्त्रयःकटुतिक्तकषायाः) ॥ १०४ ॥

सुश्रुतका कहाहुआ संचयका लक्षण ॥

यदि अपने स्थानमें स्थित हुआ दोष वृद्धिको प्राप्त होजाय तो कोष्ठबद्धता-शरीरका पीलापन-मंदाग्नि-शरीरमें भारीपना और आलस्य होताहै और दोषके संचय होनेपर औषधि करने से कोप नहीं होता और कोप होनेपर वह अत्यन्त बलवान् होजातेहैं वर्षाऋतुमें वायुप्रबल होता है इसकारण से मधुर खट्टा और लवण द्रव्योंका अधिकसेवन करनाचाहिये इनसे वायुकी शांतिहोतीहै और उसी ऋतुमें शरीरमें गीलापन होताहै उसकी शान्ति के लिये कटु तिक्त और कषाय रसका सेवन करना चाहिये ॥ १०४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्वेदनंमर्दनंसेव्यंदध्युष्णंजांगलामिषम् । गोधूमाःशालयोमाषाजलंकौपंजलंच्युतम् ॥ नभजेत्पूर्वपवनं वृष्टिंघर्मंहिमंश्रमम्। नदीतीरंदिवास्वप्नं रूक्षंनित्यञ्चमैथुनम्॥ सर्पिःस्वादुकषायतिक्तकरसा यच्छीतलंयल्लघु । क्षीरंस्वच्छसितेक्षवःपटुरसःस्वल्पंपलंजांगलम् ॥ गोधूमायवमुद्गशालिसहिता नादेयमंशूदकम् । चन्द्रश्चन्दनमिन्दुराजिरजनीमाल्यंपटोनिर्मलः ॥ विश्रामःसुहृदांगणेषुमधुरा वाचःसरःक्रीडनम् । पित्तानांचविरेचनंबलवतो युक्तंशिरामोक्षणम् ॥ एतान्यत्रघनावसानसमये पथ्यानिमुञ्चेद्दधि। व्यायामाम्लकटूष्णतीक्ष्णदिवसस्वप्नंहिमञ्चातपम् ॥ १०५ ॥

पसीने के उत्पन्न करनेवाली वस्तु अंगमर्दन दधि–उष्णवस्तु और जांगलजीवों का मांस गेहूं चावल–उर्द–कूपका जल और टपकायाहुआ जल–यह पदार्थ वर्षाऋतुमें सेवनकरने चाहिये पूर्व की वायु–वृष्टि, धूप, शीत, श्रम, नदीका तट, दिनका सोना–रूखीवस्तु और नित्य मैथुन इन सब को वर्षा में सेवन न करै–घृत, मधुर–कषाय तथा तिक्त रसयुक्त द्रव्य, शीतल और हलकी वस्तुदुग्ध स्वच्छ श्वेत वर्णयुक्त शर्करादिक लवण, थोडा जांगल जीवोंका मांस, गेहूं, जौ, मूंग, चावल, नदीका जल, अंशूदक, कपूर, रक्तचन्दन, रात्रि में चन्द्रमाकी किरणें, मालाका धारण, निर्मल वस्त्र विश्राम, मित्रोंके साथ मधुर भाषण, तडागों में क्रीडा, अधिक पित्तवालों को विरेचन और बलवान् पुरुषोंको फस्त लेना यह सम्पूर्ण वर्षाके अन्त में हितकारकहैं और दही, व्यायाम, खट्टी, कटु, उष्ण तथा तीक्ष्ण वस्तु दिन में सोना, शीत और धूप यह वर्षाके अन्त में त्यागदेना चाहिये ॥ १०५ ॥

अंशूदकलक्षणमाह ॥

दिवसेऽर्ककरैर्जुष्टं निशिशीतकरांशुभिः। ज्ञेयमंशूदकंनाम स्निग्धंदोषत्रयापहम्॥ अत्रसमग्रप्राप्त्यर्थं दिवसदिवापादद्वये निशापादंच। चन्द्रः कर्पूरः॥ १०६ ॥

अंशूदकका लक्षण ॥

जो जल दिनभर में सूर्य्यकी किरणों से और रात्रिभर में चन्द्रमाकी किरणों से संयुक्त होताहै वह अंशूदक कहलाताहै यह अंशूदक स्निग्ध और त्रिदोषनाशक होताहै ॥ १०६ ॥

इक्षवःशालयोमुद्गाः सरोऽम्भःक्वथितंपयः। शरद्येतानिपथ्यानि प्रदोषेचेंदुरश्मयः१०७॥

ईख, चावल, मूंग, तलावका जल, औटादूध और सायंकाल के समय चन्द्रमाकी किरणें यह सब शरदृऋतुमें सेवन करने चाहिये ॥ १०७॥

प्रातर्भोजनमम्लमिष्टलवणानभ्यंगघर्म्मश्रमांन् । गोधूमैक्षवशालिमाषपिशितं पिष्टंनवान्नंतिलान् ॥ कस्तूरीवरकुंकुमागुरुयुतामुष्णाम्बुशौचंतथा । स्निग्धंस्त्रीषुसुखंगुरूष्णवसनं सेवेतहेमन्तके॥ १०८॥

हेमन्तऋतु में प्रातःकाल भोजन खट्टी, मधुर और लवण रसयुक्त वस्तु तैलादिका मर्दन, धूप व्यायाम गेहूं, शर्करादि इक्षुसंबंधी वस्तु, चावल उरद मांस पिट्ठीकी वस्तु, नवीन अन्न, तिल, कस्तूरी गुग्गुल केशर, अगर, उष्ण जलसे शौच चिकनी वस्तु, स्त्री संभोग और भारी तथा उष्ण वस्त्र सेवन करने चाहिये ॥ १०८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शिशिरेशीतमधिकंरौक्ष्यंचादानकालजम्।विशेषतस्ततस्तत्रहेमंतस्यमतोविधिः१०९॥

शिशिरऋतुमें हेमन्तकी अपेक्षा शीत अधिक होताहै और कालके स्वभावसे रूक्षता अधिकहोती है इस कारण इस ऋतु में हेमन्तऋतु की कही हुई विधि अधिकतासे करे ॥ १०९ ॥

वान्तिनस्यमथाभयाञ्चमधुना व्यायाममुद्वर्त्तनम् । संसेवेतमधौकफघ्नकवलं शूल्यं पलंजांगलम् ॥ गोधूमान्बहुशालिभेदसहितान्मुद्गानयवान्षष्टिकान् । लेपश्चन्दनकुंकुमागुरुकृतं रूक्षंकटूष्णंलघु ॥ मिष्टमम्लंदधिस्निग्धं दिवास्वप्नञ्चदुर्ज्जरम् । अवश्यायमपिप्राज्ञो वसन्तेपरिवर्ज्जयेत् ॥ स्वादुस्निग्धहिमंलघुद्रवमयन्द्रव्यंरसालांसिताम् । सक्तुक्षीरमजागलानिसितया शालिंरसंमांसजम् ॥ शीतांशुंशयनन्दिवामलयजं शीतम्पयःपानकम् । सेवेतोष्णदिनेत्यजेत्तुकटुकक्षाराम्लघर्म्मश्रमान् ॥ ऋतुष्वेषुयएतैस्तु विधिभिर्वर्त्ततेनरः । दोषान्नृतुकृताँश्चैव लभते स कदाचन ॥ ११० ॥

इति श्रीलटकनमिश्रतनयश्रीमन्मिश्रभावविरचितेभावप्रकाशे
दिनचर्य्यर्त्तुप्रकरणञ्चतुर्थम् ॥ ४ ॥

वमन- हुलास- सहतसंयुक्तहड- व्यायाम- उबटन- कफनाशकग्रास लोहकी सलाकासे सेकाहुआ जांगलजीवोंका मांस (कबाब) गेहूं- बहुतप्रकारके चावल मूंग- जौ- साठी चन्दन केशर तथा अगरका लेप- और रूखी- कडवी- उष्ण तथा हलकी वस्तु यह सब वसन्तऋतु में हितकारी हैं और मधुर तथा खट्टी वस्तु दही- चिकनीवस्तु–दिनका सोना–कठिनतासे पचनेवाली वस्तु और शीत यह सब वसन्तऋतु में त्यागदेना चाहिये–मधुर–चिकनी–शीतल–हल्की तथा पिघली हुई वस्तु शिखरन–शक्कर–सत्तू–दुग्ध ग्रामके जीवोंकामांस शक्करके साथ शाली चावल–मांसका रस–कपूर दिनकासोना- चन्दन शीतल जल और पना यह सब ग्रीष्मऋतु में सेवन करना चाहिये–कटुखार तथा खट्टी वस्तु धूप और श्रम यह सब ग्रीष्मऋतु में त्याग देना चाहिये और जो मनुष्य इनऋतुओं में उक्त विधियोंका बर्त्ताव करताहै उसको ऋतुओंके दोष कभी नहीं होते हैं ॥ ११० ॥

इति श्रीमिश्रलटकनतनयश्रीमन्मिश्रभावविरचितभावप्रकाशस्यभाषानुवादे
दिनचर्य्यर्त्तुचर्य्याप्रकरणंचतुर्थम् ॥ ४ ॥

अथ व्याधेर्लक्षणम् । तत्रवाग्भटः ॥

रोगस्तुदोषवैषम्यं दोषसाम्यमरोगता । रोगादुःखस्यदातारो ज्वरप्रभृतयोहिते ॥ तेचस्वाभाविकाःकेचित्केचिदागन्तवःस्मृताः । मानसाःकेचिदाख्याताः कथिताःकेऽपि कायिकाः ॥ (तत्रस्वाभाविकाः शरीरस्वभावादेवजाताः) क्षुत्पिपासासुषुप्त्याच जरामृत्युप्रभृतयः अथवा स्व स्व भाविकादुत्पत्तेर्जाताः स्वाभाविकाः सहजा इति यावत् । तेच जन्मान्धत्वादयः आगन्तवोऽभिघातादिजनिताः । अथवा जन्मोत्तरभाविनः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कामक्रोधलोभमोहभयाभिमानदैन्यपैशुन्यशोकविषादेर्ष्यासूयामात्सर्य्यप्रभृतयः अथवा उन्मादापस्मारमूर्च्छाभ्रममोहतमःसंन्यासप्रभृतयः। कायिकाःपाण्डुरोगप्रभृतयः॥ १॥

वाग्भटकाकहाहुआ व्याधिका लक्षण॥

दोषोंकी विषमता रोगहै और समता रोगका न होनाहै मनुष्यों को दुःख देनेवाले ज्वर आदिक रोगकहाते हैं- वह रोग स्वाभाविक- आगन्तुक-मानसिक और कायिक इननामोंसे चारप्रकारके हैं- इनमें से जोरोग स्वभावसे उत्पन्न होते हैं वह स्वाभाविकहैं जैसे क्षुधापिपासा—निद्रा—वृद्धता और मृत्यु आदिक अथवा जो रोग जन्महीसे उत्पन्न होतेहैं वह स्वाभाविक अर्थात् सहजरोग कहलाते हैं जैसे जन्मांधतादिक होते हैं-चोट लगनेसे उत्पन्न अथवा जन्मान्तरमें होनेवाले आगन्तुक कहलाते हैं काम—क्रोध—लोभ—मोह—भय—अभिमान—दीनता—चुगली—शोक—विषाद ईर्ष्या, असूया (गुणोंमें दोषलगाना)और मत्सरता(पराई सम्पत्तिका न सहना)आदि अथवा उन्माद-मृगी मूर्च्छा—भ्रम मोह अन्धकार और अचेतता आदिक मानसिक रोगहैं और पांडु आदिक रोगोंको कायिकरोग कहतेहैं॥१॥

कर्म्मजाःकथिताः केचिद्दोषजाः सन्तिचापरे। कर्म्मदोषोद्भवाश्चान्ये व्याधयस्त्रिविधाःस्मृताः॥ तत्र कर्म्मजाः व्याधयः। यत्प्राक्तनन्दुष्कर्मप्रबलंकेवलभोगनाश्यम्। प्रायश्चित्तनाश्यं वा ततोजाताःनतु दुष्टवातादिदोषेण जनितास्तथा॥ यथा शास्त्रन्तु निर्णीतो यथाव्याधिचिकित्सितः। नशमंयातियोव्याधिः सज्ञेयःकर्म्मजोबुधैः॥ (दोषजाः। मिथ्याहारविहारप्रकुपितवातपित्तकफजाः)॥ २॥

और वह रोग कर्मज दोषज और कर्मदोषज इसक्रमसे तीनप्रकारके होते हैं पूर्वजन्म में किये हुए दुष्कर्मों के द्वारा उत्पन्न हुए रोग केवल भोगकरनेसे अथवा प्रायश्चित्तके द्वारा नाश होतेहैं यही कर्मजरोग कहलाते हैं यह वातादिक की दुष्टतासे नहीं उत्पन्न होतेहैं और कहा भी है कि शास्त्रके अनुसार निर्णयकरके विधिपूर्व्वक चिकित्सा करने पर भी जो रोग शान्त नहीं होताहै उसको पण्डित लोग कर्म्मज कहतेहैं- नियमके विना आहार विहारादिकों के द्वारा कोपको प्राप्त होनेवाले वायु पित्त और कफसे जो रोग उत्पन्न होतेहैं वह दोषज कहलातेहैं॥ २॥

ननुमिथ्याहारविहारिणामपि प्राक्तनसुकृतेन नैरुज्यं दृश्यतएव। ततो दोषजेष्वपि प्राक्तनं दुष्कर्म्मैव कारणं तत्कथं दोषजाइत्युच्यते। दोषजेष्वपि वस्तुतः। आदि कारणंदुष्कर्म वर्त्ततएव किन्तु तत्र मिथ्याहारविहारदूषिता दोषा हेतवो दृश्यन्त इति दोषजा इत्युच्यन्त इति समाधिः॥ ३॥

अब यह सन्देह होताहै कि नियमके विना आहार विहार करनेवालों को भी पूर्व्वजन्म के पुण्य के द्वारा नीरोगता देखतेहैं तो दोषोंसे भी उत्पन्न हुए रोगों में पूर्वजन्मका पापही कारणहै तब दोषज रोग कैसे हो सक्तेहैं इसका समाधान यहहै कि दोषसे उत्पन्न हुए भी रोगोंमें ठीक २ तो मूलकारण पापहीहै परन्तु नियम के विना आहार विहारसे कोप को प्राप्त हुए दोष भी उनमें कारण देखेजातेहैं इसलिये दोषज कहने में कोई हानि नहींहै॥ ३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कर्मदोषोद्भवाः। स्वल्पदोषागरीयांसस्तेज्ञेयाःकर्म्मदोषजाः ॥ अत्र कारणं दुष्कर्म प्रबलंयतो दोषाल्पत्वेऽपि व्याधेर्गरीयस्त्वन्तत्कर्म्मक्षयादेव क्षीणं भवति। दोषाःस्वल्पा अपि निदानत्वे नोक्ता दृश्यन्त एवेति दोषाणां कारणता मन्यन्त इति। कर्म्मक्षयात् कर्म्मकृता दोषजाः स्वस्वभेषजैः। कर्म्मदोषोद्भवायान्ति कर्म्मदोषक्षयाक्षयम् ॥ दोषजाः स्वस्वभेषजैरिति दोषजेष्वादिकारणं। दुष्कर्म्म तद्भेषजार्थं द्रव्यक्षयादिजनित दुःखभोगेन कटुतिक्तकषायाद्यहृद्यभक्षणादिजनितदुःखभोगे न च क्षयंयांति। शेषादुष्टा हेतवो दोषास्ते स्वस्वभेषजैः क्षयं यान्तीत्यर्थः ॥ ४ ॥

जो दोष थोड़े विकारको प्राप्तहोवें और रोग अत्यन्त प्रबलहोवें तो कर्मदोषजरोग जानना चाहिये इनका कारणतो प्रबल पापही है क्योंकि दोषोंके थोड़े होनेपर भी रोगकी प्रबलता होती है और वह कर्मके नाशसेही नाशको प्राप्तहोताहै थोड़े दोषभी रोगकी उत्पत्तिके कारण कहेगये देखेजाते हैं इससे दोषों को भी कारण मानते हैं और इसी हेतुसे यह कर्मदोषजरोग कहाते हैं कर्मके नाशसे कर्म्मजरोग, अपनी २ औषधियोंसे दोषजरोग और कर्म तथा दोषके नाशसे कर्मदोषजरोग नाशको पाते हैं यहां अपनी २औषधियोंसे दोषजरोग शान्तहोते हैं इसका यह तात्पर्य्य है कि दोषजरोगों का मूलकारण दुष्कर्म है वह औषधिके निमित्त खर्च होनेवाले धनके दुःख भोगनेसे और कडवे तिक्त तथा कषाय आदिक मनके न रुचनेवाले पदार्थों के भोजनके द्वारा उत्पन्नहुये दुःखके भोगने से नाशको प्राप्तहोताहै फिर अपनी२ औषधियों के द्वारा विकारको प्राप्त रोगोंके प्रत्यक्ष कारण दोषभी नाशको प्राप्त होते हैं ॥ ४ ॥

साध्यायाप्याअसाध्याश्च व्याधयस्त्रिविधाःस्मृताः। सुखसाध्यःकष्टसाध्योद्विविधः साध्यउच्यते ॥ ५ ॥

साध्य, याप्य और असाध्य यह तीन प्रकारके रोग होते हैं इनमें से सुखसाध्य और कष्टसाध्य इन दो भेदोंसे साध्य दोप्रकारका होताहै ॥ ५ ॥

याप्यलक्षणमाह।

यापनीयन्तुतंविद्यात् क्रियाधारयतेहियम्। क्रियायांतुनिवृत्तायां सद्योयश्चविनश्यति ॥ प्राप्ताक्रियाधारयति सुखिनंयाप्यमातुरम्। प्रपतिष्यदिवागारं स्तम्भोयत्नेन योजितः ॥ साध्यायाप्यत्वमायान्ति याप्यश्चासाध्यतान्तथा। घ्नन्तिप्राणानसाध्यास्तु नराणामक्रियावताम् ॥ अक्रियावतां चिकित्सारहितानाम् ॥ ६ ॥

याप्यका लक्षण ॥

जो रोग चिकित्साके द्वारा रुकताहै और विना चिकित्सा के प्राणों को नाशक रहताहै वह याप्य है जैसे यत्नपूर्वक अडवार के लगानेसे गिरताहुआ घर रुकजाताहै इसी प्रकार योग्य दवाके द्वारा इलाज करनेसे याप्यरोगी भी सुखपूर्वक शरीर को धारण करताहै इलाज के विना मनुष्यों के साध्यरोग याप्य होजातेहैं याप्यअसाध्यहोजाते हैं और असाध्यरोग प्राणों को नाश करते हैं ॥ ६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथोपद्रवस्य लक्षणम् ॥

रोगारम्भकदोषस्य प्रकोपादुपजायते। योऽन्योविकारःसबुधैरुपद्रवइहोदितः ॥ ७ ॥

उपद्रवका लक्षण ॥

रोग के उत्पन्न करनेवाले दोषके कोपसे जो अन्य विकार उत्पन्न होते हैं उनको पण्डितलोग उपद्रव कहते हैं ॥ ७ ॥

अथारिष्टस्य लक्षणमाह ॥

रोगिणोमरणंयस्माद्वश्यम्भाविलक्ष्यते । तल्लक्षणमरिष्टंस्याद्रिष्टंचापितदुच्यते ॥ ८ ।

अरिष्टका लक्षण ॥

जिन लक्षणों से रोगी की मृत्युका निश्चय होताहै उनको अरिष्ट वा रिष्ट भी कहतेहैं ॥ ८॥

अथ चिकित्सायाः लक्षणमाह ॥

याक्रियाव्याधिहरणी साचिकित्सानिगद्यते । दोषधातुमलानांया साम्यकृत्सैवरोगहृत् ॥ क्रियात्रकर्म्मव्याधिर्हन्यतेऽनयेति व्याधिहरणी करणाधिकरणयोश्चेति सूत्रेण करणार्थेल्युट् तथाच । याभिःक्रियाभिर्जायन्ते शरीरेधातवःसमाः ॥ साचिकित्साविकाराणां कर्म्मतद्भिषजाम्मतम् । याह्युदीर्णंशमयति नान्यंव्याधिंकरोतिच ॥ साक्रियानतुयाव्याधिं हरत्यन्यमुदीरयेत् । (क्रियात्र चिकित्सा) तथा चामरसिंहः । आरम्भोनिष्कृतिःशिक्षा पूजनं सम्प्रधारणम् । उपायःकर्म्मचेष्टाच चिकित्साचनवक्रिया इति ॥ ९ ॥

चिकित्साका लक्षण ॥

जो क्रिया रोगकी नाशकरनेवाली और दोष धातु तथा मलोंकी समता करनेवाली होती है उसीको चिकित्सा (इलाज) कहते हैं जिस क्रियाके द्वारा शरीर की सब धातु समताको प्राप्तहोवें उसी क्रियाको रोगोंकी चिकित्सा कहतेहैं और यही चिकित्सा वैद्यलोगोंको पसन्द है जिस क्रियाके द्वारा उत्पन्न हुआ रोग शान्त होताहै और दूसरा कोई रोग नहीं उत्पन्न होताहै उसीको चिकित्सा (मालजा) कहतेहैं और जिससे रोगकी कमीहो और दूसरा पैदाहो उसको चिकित्सा नहीं कहते हैं यहां क्रिया शब्दका अर्थ चिकित्सा (इलाज) है जैसा कि अमरसिंह ने कहाहै कि आरंभ, निष्कृति–शिक्षा, पूजन, संप्रधारण, उपाय, कर्म, चेष्टा और चिकित्सा यह नौ क्रियाशब्द के अर्थ हैं ॥ ९ ॥

अथ चिकित्साविध्युपदेशः ॥

जातमात्रश्चिकित्स्यःस्यान्नोपेक्ष्योऽल्पतयागदः । वह्निशत्रुविषैस्तुल्यःस्वल्पोऽपिविकरोत्यसौ ॥ रोगमादौ परीक्षेत ततोऽनन्तरमौषधम् । ततःकर्म्मभिषक्पश्चाज्ज्ञानपूर्वंसमाचरेत् ॥ अयमर्थः भिषक्आदौरोगं परीक्षेतविचारयेत् । ततःपश्चाद्रोगौषधविचारानन्तरं ज्ञानपूर्वंसावधानोनत्ववज्ञायकर्म्म चिकित्सामौषधदानादिरूपं समाचरेदित्यर्थः ॥ १० ॥

चिकित्साविधि का उपदेश ॥

रोगके उत्पन्न होतेही चिकित्सा करनी योग्य है थोडा समझकर उसकी उपेक्षा (लापरवाही) न

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

करना चाहिये क्योंकि अग्नि शत्रु और विषके समान थोड़ा भी रोग दुःखदायी होजाता है वैद्य प्रथम रोगकी परीक्षाकरे इसके पीछे औषधको विचारे तदनन्तर सावधानीसे चिकित्साका प्रारंभकरे॥१०॥

रोगाज्ञानेन चिकित्साकरणेदोषमाह ॥

यस्तुरोगमविज्ञायकर्म्माण्यारभतेभिषक्। अप्यौषधविधानज्ञस्तस्य सिद्धिर्यदृच्छया ॥ स्वैरतया सिद्धिर्भवति नापिभवतीत्यर्थः (अन्यच्च) भेषजंकेवलंकर्त्तुंयोजानातिन चामयम् ॥ वैद्यकर्म्मसचेत्कुर्य्याद्वधमर्हतिराजतः ॥ ११ ॥

रोगके विना जाने चिकित्सा करने में दोष ॥

जो वैद्य रोगको विना जाने, चिकित्साका प्रारंभ करता है वह चाहे औषधियों के विधानको जानताभी हो परन्तु आराम होने और न होने का निश्चय नहीं होता और भी कहा हुआ है कि जो केवल औषधि करना जानता है और रोग को नहीं पहचान सका है वह जो चिकित्सा करे तो राजा को उचित है कि उसका वधकरे ॥ ११ ॥

रोगज्ञाने भेषजाज्ञाने दोषमाह ॥

यस्तुकेवलरोगज्ञो भेषजेष्वविचक्षणः। तंवैद्यंप्राप्यरोगीस्याद्यथा नौर्नाविकंविना॥ नाविकं कर्णधारंविनायथानौःसङ्कटेपततितथारोगीत्यर्थः (अन्यच्च) यस्तुकेवलशास्त्रज्ञः क्रियास्वकुशलोभिषक्। समुह्यत्यातुरंप्राप्ययथाभीरुरिवाहवम् ॥ १२ ॥

रोगको जानकरके भी औषधि के न जानने में दोष ॥

जो केवल रोगों को जानता है और औषधियों को नहीं जानता उसकी औषधि करने से रोगी मल्लाहरहित नौकाके समान विपत्ति में पड़ता है और भी कहाहुआ है कि जो वैद्य केवल शास्त्र जानता है और क्रिया में चतुर नहीं है वह युद्ध में डरपोक के समान रोगी को पाकर मोहको प्राप्त होता है ॥ १२ ॥

रोगौषधयोर्ज्ञाने गुणमाह ॥

यस्तुरोगविशेषज्ञःसर्वभैषज्यकोविदः। देशकालविभागज्ञस्तस्य सिद्धिर्नसंशयः ॥ आदावन्तेरुजांज्ञाने प्रयतेतचिकित्सकः। भेषजानांविधानेन ततःकुर्य्याच्चिकित्सितम्॥ चिकित्सितमित्यत्रभावेक्तः ॥ १३ ॥

रोग और औषधि दोनों के जानने में गुण ॥

जो संपूर्ण रोग तथा औषधियों को जानता है और देश तथा कालके विभागको भी जानता है उसकी औषधि निस्सन्देह सफल होतीहै, वैद्य प्रथम आदि से अन्ततक रोगके जाननेमें यत्नकरे फिर औषधियोंके विधानपूर्वक चिकित्सा करे ॥ १३ ॥

विकारनामाकुशलोनजिह्रीयात्कदाचन।नहिसर्वविकाराणांनामतोऽस्तिध्रुवास्थितिः॥ नजिह्रीयात् नलज्जेत्। ध्रुवानियता ॥ नास्तिरोगोविनादोषैर्यस्मात्तस्माच्चिकित्सकः। अनुक्तानामपिदोषाणांलिंगैर्व्याधिमुपाचरेत् ॥ येनकुर्वन्त्यसाध्यानांचिकित्सातेभिषग्वराः। अतोवैद्यैःश्रमःकार्य्यःसाध्यासाध्यपरीक्षणे ॥ रोगज्ञानोपायाअग्रेवक्ष्यन्ते ॥ १४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संपूर्ण रोगोंका नामके जाने विना निश्चयकरने में वैद्यको लज्जा नहीं करनी चाहिये क्योंकि सम्पूर्ण रोगों के नाम निश्चित नहीं हैं दोषों के कोपके विना रोगकी उत्पत्ति नहीं होती इसलिये रोगके नामको विनाजाने भी वातादि दोषोंके लक्षणसे चिकित्सा करनी चाहिये जो वैद्य असाध्य रोगोंकी चिकित्सा नहीं करते हैं वह श्रेष्ठहैं इससे वैद्योंको साध्यासाध्य जाननेमें श्रमकरना चाहिये, रोगों के जानने के उपाय आगे कहे हैं ॥ १४ ॥

शीतेशीतप्रतीकारमुष्णेतूष्णनिवारणम् । कृत्वाकुर्य्यात्क्रिया प्राप्तांक्रियाकालंनहापयेत् ॥ अप्राप्तेवाक्रियाकाले प्राप्तेवानक्रियाकृता । क्रियाहीनातिरिक्ताच साध्येष्वपिनसिद्ध्यति (अयमर्थः) कालेचिकित्साऽवसरे । अप्राप्तेऽनागते ॥ याक्रियाचिकित्सा यथाज्वरेजीर्णतामप्राप्ते तरुणएवकषायदानक्रियानासिद्ध्यति।याचक्रियाचिकित्सावसरे प्राप्तेनकृत्वा । अर्थात्पश्चात्कृता यथादाहेकथञ्चिच्छान्तेपश्चाच्छीतलानुलेपनादिक्रिया। तथाहीनातिरिक्ताचक्रियासाध्येष्वपि न सिद्ध्यति ॥ १५ ॥

शीत में शीतलताका निवारण और उष्णरोगमें उष्णता का निवारण करके चिकित्साका समय प्राप्त होनेपर चिकित्सा करे उसके समय को न जाने दे चिकित्सा के समय के पहले अथवा पीछे चिकित्सा करनेसे और थोड़े रोगमें बहुत चिकित्सा तथा बड़े रोगमें थोड़ी चिकित्सा करने से साध्य रोग भी नहीं आराम होते ॥ १५ ॥

अतिरिक्तांहीनांचक्रियावर्ज्जयन्नाह ॥

विकारेऽल्पेमहत्कर्म्मक्रियालघ्वीगरीयसी । द्वयमेतदकौशल्यंकौशल्यंयुक्तकर्म्मत ॥ क्रियायास्तुगुणालाभे क्रियामन्यांप्रयोजयेत् । पूर्वस्यांशान्तवेगायांनक्रियासङ्करोहितः ॥ भिन्नरूपाभिस्तुक्रियाभिः साङ्कर्य्यमपिनदोषाय (यतआह) क्रियाभिस्तुल्यरूपाभिर्न्न क्रियासङ्करोहितः । ताभिस्तुभिन्नरूपाभिःसाङ्कर्य्यन्नैवदुष्यति (अतएवोक्तम्) लङ्घनं वालुकास्वेदो नस्यंनिष्ठीवनंतथा । अवलेहोऽञ्जनञ्चापि प्राक्प्रयोज्यंत्रिदोषजे ॥ ज्वर इतिशेषः ॥ १६ ॥

अधिक और न्यून चिकित्सा का निषेध ॥

थोड़ेरोग में बड़ीक्रिया और बड़ेरोग में थोड़ीक्रिया वह दोनों निषिद्ध हैं और युक्तिपूर्वक योग्य क्रियाकरना हितकारी है—एक क्रियाके करनेपर जो उसका कुछ उपकार न हो तो उसके वेगके शान्त होने पर दूसरी क्रिया करे क्योंकि क्रियासंकर (मेल) हितकारी नहीं होता कहा है कि तुल्यरूप वाली क्रियाओंका संकर हितकारी नहीं होता परन्तु भिन्न रूपवाली क्रियाओं का संकर दोषकारी नहीं होता इसीसे कहागयाहै कि त्रिदोषज ज्वरमें लंघन वालुकास्वेद (एकप्रकारकापसीना) हुल्लास, वमन, अवलेह और अंजन का प्रयोग (इस्तैमाल) करना चाहिये ॥ १६ ॥

नचैकान्तेननिर्दिष्टेशास्त्रेनिविशतेबुधः । स्वयमप्यत्रभिषजातर्कणीयं चिकित्सता ॥ (यतआह)उत्पद्यतेचसावस्थादोषकालबलम्प्रति । यस्यांकार्य्यमकार्य्यंस्यात्कर्मकार्य्यं विवर्ज्जितम् ॥ विवर्जितंकर्म्मकर्त्तव्यंभवतीत्यर्थः ॥ १७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पंडित वैद्य केवल शास्त्र में कहीहुई विधि के अनुसार क्रिया नहीं करते औषधि करने के समय वैद्य को अपनी बुद्धि के अनुसार आपभी विचार करलेना चाहिये क्योंकि कहाहुआ है कि दोषकाल और बलकी अवस्थाके अनुसार शास्त्रमें भी कहीहुई विधि हितकारी नहीं होती है और निषेध की हुई भी विधि हितकारी होजाती है ॥ १७ ॥

अथ चिकित्सायां फलमाह ॥

क्वचिदर्थःक्वचिन्मैत्री क्वचिद्धर्म्मःक्वचिद्यशः । कर्म्माभ्यासःक्वचिच्चेति चिकित्साना स्तिनिष्फला ॥ आयुर्व्वेदोदितांयुक्तिं कुर्व्वाणाविहिताश्चये । पुण्यायुर्वृद्धिसंयुक्ता निरोगाश्चभवन्तिते ॥ नैवकुर्व्वीतलोभेन चिकित्सापुण्यविक्रियम् । ईश्वराणांवसुमतां लिप्सेतार्थन्तुवृत्तये ॥ चिकित्सितंशरीरंयोननिष्क्रीणातिदुर्म्मतिः । सयत्करोतिसुकृतं सर्व्वंतद्भिषगश्नुते ॥ नदेशोमनुजैर्हीनो नमनुष्यानिरामयाःततःसर्व्वत्रवैद्यानां सुसिद्धा एववृत्तयः ॥ १८ ॥

चिकित्साका फल ॥

चिकित्सा कभी व्यर्थ नहीं होती कहीं धन लाभ कहीं मित्रता–कहीं धर्म, कहीं यश और कहीं अपने कार्य्य में अभ्यासही होताहै, जो वैद्य आयुर्वेद शास्त्र में कहीहुई विधिके अनुसार चिकित्सा करतेहैं उनके पुण्य तथा आयुकी वृद्धि होतीहै और शरीर नीरोग होता है वैद्य लोभसे चिकित्सा रूपी पुण्यको न बेचे और जीविका के निमित्त राजा और धनवानों से धन प्राप्त करे, जो दुर्बुद्धि पुरुष चिकित्सा किये हुये शरीर को क्रय (मोललेने की वस्तु) के समान धन देकर नहीं मोल लेता है उसके सम्पूर्ण पुण्य वैद्यको प्राप्तहोतेहैं–मनुष्यों से रहित देश नहीं होता और रोगरहित मनुष्य नहीं होता इससे वैद्योंकी जीविका सर्वत्र होसक्ती है ॥ १८ ॥

अस्यचिकित्साया अंगानि ॥

रोगीदूतोभिषग्दीर्घमायुर्द्रव्यंसुसेवकःसदौषधंचिकित्सायामित्यंगानिबुधाजगुः॥१९॥

चिकित्साके अंग ॥

रोगी, दूत, वैद्य, दीर्घायु, द्रव्य, अच्छा सेवक और उत्तम औषधि यह पण्डितलोगोंने चिकित्सा के अंग कहे हैं ॥ १९ ॥

तत्ररोगिणोलक्षणमाह ॥

रोगोयस्यास्तिरोगीससचिकित्स्यस्तुयादृशः । यादृशश्चाचिकित्स्योऽपि वक्ष्यमाणो निशम्यताम् ॥ २० ॥

रोगीका लक्षण ॥

जिसके रोगहो वह रोगी कहावताहै वह चिकित्साके योग्य और अयोग्य दोप्रकार का होताहै ॥२०॥

तत्रचिकित्स्यः ॥

निजप्रकृतिवर्णाभ्यां युक्तःसत्त्वेनचक्षुषा । चिकित्स्योभिषजारोगी वैद्यभक्तोजिते न्द्रियः ॥ सत्त्वं व्यसनाभ्युदयक्रियादिष्वविक्लताकरं तेनयुक्तः । चक्षुषा चक्षुरुपल

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संपूर्ण रोगोंका नामके जाने विना निश्चयकरने में वैद्यको लज्जा नहीं करनी चाहिये क्योंकि सम्पूर्ण रोगों के नाम निश्चित नहीं हैं दोषों के कोपके विना रोगकी उत्पत्ति नहीं होती इसलिये रोगके नामको विनाजाने भी वातादि दोषोंके लक्षणसे चिकित्सा करनी चाहियें जो वैद्य असाध्य रोगोंकी चिकित्सा नहीं करते हैं वह श्रेष्ठहैं इससे वैद्योंको साध्यासाध्य जाननेमें श्रमकरना चाहिये, रोगों के जानने के उपाय आगे कहे हैं ॥ १४ ॥

शीतेशीतप्रतीकारमुष्णेतूष्णनिवारणम्। कृत्वाकुर्य्यात्क्रिया प्राप्तांक्रियाकालंनहापयेत् ॥ अप्राप्तेवाक्रियाकाले प्राप्तेवानक्रियाकृता। क्रियाहीनातिरिक्ताच साध्येष्वपिन सिद्ध्यति (अयमर्थः) कालेचिकित्साऽवसरे। अप्राप्तेऽनागते ॥ याक्रियाचिकित्सा यथाज्वरेजीर्णतामप्राप्ते तरुणएवकषायदानक्रियानासिद्ध्यति। याचक्रियाचिकित्सावसरे प्राप्तेनकृत्वा। अर्थात्पश्चात्कृता यथादाहेकथञ्चिच्छान्तेपश्चाच्छीतलानुलेपनादि क्रिया। तथाहीनातिरिक्ताचक्रियासाध्येष्वपि न सिद्ध्यति ॥ १५ ॥

शीत में शीतलताका निवारण और उष्णरोगमें उष्णता का निवारण करके चिकित्साका समय प्राप्त होनेपर चिकित्सा करे उसके समय को न जाने दे चिकित्सा के समय के पहले अथवा पीछे चिकित्सा करनेसे और थोडे रोगमें बहुत चिकित्सा तथा बडे रोगमें थोडी चिकित्सा करने से साध्य रोग भी नहीं आराम होते ॥ १५ ॥

अतिरिक्तांहीनांचक्रियावर्ज्जयन्नाह ॥

विकारेऽल्पेमहत्कर्म्मक्रियालघ्वीगरीयसी। द्वयमेतदकौशल्यंकौशल्यंयुक्तकर्म्मता॥ क्रियायास्तुगुणालाभे क्रियामन्यांप्रयोजयेत्। पूर्वस्यांशान्तवेगायांनक्रियासङ्करोहितः॥ भिन्नरूपाभिस्तुक्रियाभिः साङ्कर्य्यमपिनदोषाय (यतआह) क्रियाभिस्तुल्यरूपाभिर्न्न क्रियासङ्करोहितः। ताभिस्तुभिन्नरूपाभिःसाङ्कर्य्यंन्नैवदुष्यति (अतएवोक्तम्) लङ्घनं वालुकास्वेदो नस्यंनिष्ठीवनंतथा। अवलेहोऽञ्जनञ्चापि प्राक्प्रयोज्यंत्रिदोषजे ॥ ज्वर इतिशेषः ॥ १६ ॥

अधिक और न्यून चिकित्सा का निषेध ॥

थोडेरोग में बडीक्रिया और बडेरोग में थोडीक्रिया वह दोनों निषिद्ध हैं और युक्तिपूर्व्वक योग्य क्रियाकरना हितकारी है—एक क्रियाके करनेपर जो उसका कुछ उपकार न हो तो उसके वेगके शान्त होने पर दूसरी क्रिया करे क्योंकि क्रियासंकर (मेल) हितकारी नहीं होता कहा है कि तुल्यरूप वाली क्रियाओंका संकर हितकारी नहीं होता परन्तु भिन्न रूपवाली क्रियाओं का संकर दोषकारी नहीं होता इसीसे कहागयाहै कि त्रिदोषज ज्वरमें लंघन वालुकास्वेद (एकप्रकारकापसीना) हुलास, वमन, अवलेह और अंजन का प्रयोग (इस्तैमाल) करना चाहिये ॥ १६ ॥

नचैकान्तेननिर्दिष्टेशास्त्रेनिविशतेबुधः। स्वयमप्यत्रभिषजातर्कणीयं चिकित्सता ॥ (यतआह) उत्पद्यतेचसावस्थादेशकालबलम्प्रति। यस्यांकार्य्यमकार्य्यंस्यात्कर्मकार्य्यं विवर्ज्जितम्॥ विवर्जितंकर्म्मकर्त्तव्यंभवतीत्यर्थः ॥ १७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पंडित वैद्य केवल शास्त्र में कहीहुई विधि के अनुसार क्रिया नहीं करते औषधि करने के समय वैद्य को अपनी बुद्धि के अनुसार आपभी विचार करलेना चाहिये क्योंकि कहाहुआ है कि दोषकाल और बलकी अवस्थाके अनुसार शास्त्रमें भी कहीहुई विधि हितकारी नहीं होती है और निषेध की हुई भी विधि हितकारी होजाती है ॥ १७ ॥

अथ चिकित्सायां फलमाह ॥

क्वचिदर्थःक्वचिन्मैत्री क्वचिद्धर्म्मःक्वचिद्यशः । कर्म्माभ्यासःक्वचिच्चेति चिकित्सानास्तिनिष्फला ॥ आयुर्व्वेदोदितांयुक्तिं कुर्व्वाणाविहिताश्चये । पुण्यायुर्वृद्धिसंयुक्ता निरोगाश्चभवन्तिते ॥ नैवकुर्व्वीतलोभेन चिकित्सापुण्यविक्रियम् । ईश्वराणांवसुमतां लिप्सेतार्थन्तुवृत्तये ॥ चिकित्सितंशरीरंयोननिष्क्रीणातिदुर्म्मतिः । सयत्करोतिसुकृतं सर्व्वंतद्भिषगश्नुते ॥ नदेशोमनुजैर्हीनो नमनुष्यानिरामयाः।ततःसर्व्वत्रवैद्यानां सुसिद्धा एववृत्तयः ॥ १८ ॥

चिकित्साका फल ॥

चिकित्सा कभी व्यर्थ नहीं होती कहीं धन लाभ कहीं मित्रता—कहीं धर्म, कहीं यश और कहीं अपने कार्य्य में अभ्यासही होताहै, जो वैद्य आयुर्वेद शास्त्र में कहीहुई विधिके अनुसार चिकित्सा करतेहैं उनके पुण्य तथा आयुकी वृद्धि होतीहै और शरीर नीरोग होता हैं वैद्य लोभसे चिकित्सा रूपी पुण्यको न बेचे और जीविका के निमित्त राजा और धनवानों से धन प्राप्त करे, जो दुर्बुद्धि पुरुष चिकित्सा किये हुये शरीर को क्रय (मोललेने की वस्तु) के समान धन देकर नहीं मोल लेता है उसके सम्पूर्ण पुण्य वैद्यको प्राप्तहोतेहैं—मनुष्यों से रहित देश नहीं होता और रोगरहित मनुष्य नहीं होता इससे वैद्योंकी जीविका सर्वत्र होसक्ती है ॥ १८ ॥

अस्यचिकित्साया अंगानि ॥

रोगीदूतोभिषग्दीर्घमायुर्द्रव्यंसुसेवकः।सदौषधंचिकित्सायामित्यंगानिबुधाजगुः॥१९॥

चिकित्साके अंग ॥

रोगी, दूत, वैद्य, दीर्घायु, द्रव्य, अच्छा सेवक और उत्तम औषधि यह पण्डितलोगोंने चिकित्सा के अंग कहे हैं ॥ १९ ॥

तत्ररोगिणोलक्षणमाह ॥

रोगोयस्यास्तिरोगीससचिकित्स्यस्तुयादृशः।यादृशश्चाचिकित्स्योऽपि वक्ष्यमाणो निशम्यताम् ॥ २० ॥

रोगीका लक्षण ॥

जिसके रोगहो वह रोगी कहावताहै वह चिकित्साके योग्य और अयोग्य दोप्रकार का होताहै ॥२०॥

तत्रचिकित्स्यः ॥

निजप्रकृतिवर्णाभ्यां युक्तःसत्त्वेनचक्षुषा । चिकित्स्योभिषजारोगी वैद्यभक्तोजितेन्द्रियः ॥ सत्त्वं व्यसनाभ्युदयक्रियादिष्वविक्लताकरं तेनयुक्तः । चक्षुषा चक्षुरुपल

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्षितेन । ततोऽन्येनापीन्द्रियेण चिकित्स्यः रोगान्मोचयितव्यः ॥ (अन्यत्र) आयुष्मान् सत्त्ववान् साध्यो द्रव्यवान् मित्रवानपि । चिकित्स्योभिषजारोगी वैद्यवाक्यकृदास्तिकः ॥ आयुर्वेदोऽस्तीति मतिर्यस्य आस्तिकः ॥ २१ ॥

अब इनके लक्षण कहते हैं वहां चिकित्सा करने योग्य के लक्षण ॥

जो रोगी प्रकृति, वर्ण, बल तथा नेत्रादि इन्द्रियों से युक्त और वैद्यका भक्त तथा जितेन्द्रिय हो उसकी चिकित्सा करनी चाहिये और भी कहाहै कि जो रोगी आयुवाला बलवान्, साध्य, द्रव्यवान्, मित्रवान् और वैद्यक शास्त्र में विश्वासयुक्त तथा वैद्यका कहना माननेवाला हो उसकी चिकित्सा करनी चाहिये ॥ २१ ॥

अथाचिकित्स्यः ॥

चण्डःसाहसिको भीरुः कृतघ्नोव्यग्रएवच । शोकाकुलोमुमूर्षुश्च विहीनःकरणैश्च यः ॥ वैरीवैद्यविदग्धश्च श्रद्धाहीनश्चशंकितः । भिषजामविधेयाःस्युर्नोपक्रम्याःभिषग्विधाः ॥ एतानुपाचरन्वैद्योबहून्दोषानवाप्नुयात् । चण्डोऽत्यन्तक्रोधशीलः ॥ साहसिकःअविचार्य्यकारीभीरुर्भयशीलः । कृतघ्नोवैद्यकृतोपकारलोपकः ॥ व्यग्रोव्याकुलः । विहीनःकरणैश्चयः जितेन्द्रियशक्तिरहितः ॥ वैरी न चिकित्स्यःकदाचिद्रोगोद्रेकेअपवाद भयात् । वैद्यविदग्धोवैद्यधूर्त्तः ॥ तथाचसुश्रुतः । सनसिद्ध्यतिवैद्यस्तुगृहेयस्यनपूज्यते॥ शङ्कितोवैद्यविश्वासरहितः । भिषजामविधेयाः ॥ वैद्यवचनाभिधायिनः । भिषग्विधाः वैद्यतुल्याः एतेनोपक्रम्याः न चिकित्स्याः ॥ २२ ॥

चिकित्सा के अयोग्यवाले के लक्षण ॥

जो रोगी अत्यन्तक्रोधी विना विचारे कार्य्य करनेवाला भीरु, वैद्य के उपकार को न माननेवाला, व्याकुल, इन्द्रियों की शक्ति से रहित शोकयुक्त, आसन्नमृत्यु, द्वेषी, (रोगके बिगड़ने में कलंक देनेवाला) वैद्यसे धूर्तता करनेवाला, वैद्यमें विश्वास से रहित, वैद्यके वचन का न माननेवाला और आपको भी वैद्यके तुल्य चिकित्सा जाननेवाला होवे वह चिकित्सा करने के अयोग्यहै क्योंकि उसका इलाज करने से अनेकप्रकार के दोष उत्पन्न होते हैं सुश्रुतने कहाहै कि जिस रोगी के घरमें वैद्यका सत्कार नहीं होताहै उसका कार्य्यसिद्ध नहीं होता ॥ २२ ॥

अथ दूतस्यलक्षणम् ॥

यश्चिकित्सकमानेतुंयातिदूतःसकथ्यते । सचयादृक्समुचितस्तादृगत्रनिगद्यते ॥ दूताःस्वजातयोव्यंगाः पटवोनिर्मलाम्बराः । सुखिनोऽश्ववृषारूढाःशुभ्रपुष्पफलैर्युताः ॥ सजातयःसुचेष्टाश्चसजीवदिशिसंगताः । भिषजंसमयेप्राप्तारोगिणःसुखहेतवे ॥ सजातयःरोगिसमानजातयः । यस्यांप्राणमरुद्वातिसानाडीजीवसंज्ञिता ॥ २३ ॥

दूत के लक्षण ॥

जो वैद्यके बुलानेको जाताहै वह दूत कहाताहै वह जैसा उचित है उसको कहतेहैं अच्छीजातिवाला सबअंगयुक्त चतुर निर्मलवस्त्रधारी प्रसन्न घोड़े तथा बैलकी सवारीपरचढ़ाहुआ श्वेतपुष्प तथा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

फलों से युक्त रोगी का सजाती सुन्दर चेष्टावाला वैद्यकी जिस नाड़ी में प्राण वायु चलता हो उस ओर गयाहुआ और समय पर वैद्यको प्राप्त हुआ दूत रोगीको सुखदायक होताहै ॥ २३ ॥

अथदूतस्ययात्रायाशकुनविचारः ॥

वैद्याह्वानायदूतस्यगच्छतोरोगिणः कृते । नशुभंसौम्यशकुनंप्रदीप्तन्तुसुखावहम् ॥ प्रदीप्तमग्निः दूतोरोगीचरिक्तहस्तोवैद्यंनपश्येत् (अथच) रिक्तहस्तोनपश्येत्तुराजानं भिषजंगुरुम् । दैवज्ञं देवतांमित्रंफलेनफलमादिशेदिति ॥ २४ ॥

दूतकी यात्रा में शकुन का विचार ॥

रोगी के निमित्त वैद्यको बुलानेको जातेहुये दूत के सन्मुख जो सौम्य (सुन्दर) शकुन होय तो शुभ नहीं है और जलतीहुई अग्नि शुभदायकहै दूत और रोगी खाली हाथ वैद्यका दर्शन न करे क्योंकि कहाहुआ है कि राजा, वैद्य, गुरु, ज्योतिषी, देवता और मित्र इनको खाली हाथ न देखे किन्तु फलको लेकर देखै क्योंकि फलसेही उत्तम फलकी प्राप्तिहोती है ॥ २४ ॥

अथ वैद्यस्यलक्षणम् ॥

चिकित्सांकुरुतेयस्तुसचिकित्सकउच्यते । सचयादृक्समीचीनस्तादृशोऽपिनिगद्यते ॥ तत्त्वाधिगतशास्त्रार्थोदृष्टकर्मास्वयंकृती । लघुहस्तःशुचिः शूरः सज्जोपस्करभेषजः ॥ प्रत्युत्पन्नमतिर्धीमान्व्यवसायीप्रियंवदः । सत्यधर्मपरोयश्चवैद्यईदृक्प्रशस्यते ॥ दृष्टकर्म्मादृष्टपरेणकृताचिकित्सायेनसः स्वयंकृतीस्वयंचिकित्साकुशलः । लघुहस्तः सिद्धिमद्धस्तः ॥ २५ ॥

वैद्यके लक्षण ॥

जो चिकित्सा (इलाज) करे वह वैद्य कहलाताहै और जिसप्रकारका वैद्य उत्तम होताहै उसे कहते हैं शास्त्रों के तत्त्वों का जाननेवाला दूसरेसे की हुई चिकित्साका देखनेवाला आपभी चिकित्सा में प्रवीण सिद्धयुक्त हाथवाला (दस्तसफा) पवित्र शूर अच्छी औषधि और शास्त्रादिकों से युक्त कार्यके समय झटित उत्पन्न होनेवाली बुद्धिवाला बुद्धिमान् उद्योगी मधुरभाषी सत्यवादी और धर्म्मात्मा वैद्य प्रशंसा के योग्यहै ॥ २५ ॥

अथ निषिद्धोवैद्यः ॥

कुचैलः कर्कशःस्तब्धोग्रामीणःस्वयमागतः । पंचवैद्यानपूज्यन्तेधन्वन्तरिसमायदि ॥ कर्कशः अप्रियवादी स्तब्धःसाभिमानः । ग्रामीणः व्यवहाराचतुरः ॥ २६ ॥

निषिद्धवैद्य के लक्षण ॥

मैले वस्त्र धारण करनेवाला—अप्रिय बोलनेवाला—अभिमानी—व्यवहारका न जाननेवाला और अपनेआप आयाहुआ यह पांच प्रकारके वैद्य जो धन्वन्तरिकेभी समान होयँ तौभी प्रशंसा के योग्य नहीं हैं ॥ २६ ॥

अथ वैद्यस्य कर्म्माह ।

व्याधेस्तत्त्वपरिज्ञानंवेदनायाश्चनिग्रहः । एतद्वैद्यस्यवैद्यत्वंनवैद्यःप्रभुरायुषः(अस्यायमर्थः) व्याधेः सम्यक्परिचयोव्यथाशांतिकरणंवैद्यस्यकर्म्मनतुवैद्यआयुषःप्रभुरित्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

र्थः । अपरेत्वेवंव्याचक्षते ॥ व्याधेस्तत्त्वतः परिचयोवेदनायाः शांतिकरणञ्च । एतदेव वैद्यस्यवैद्यत्वंकिन्तुवैद्यआयुषःप्रभुः आगन्तुमृत्युशतहरणात् ॥ तथाचसुश्रुतेधन्वन्तरिः । एकोत्तरंमृत्युशतमथर्वाणः प्रचक्षते ॥ तत्रैकः कालसंयुक्तः शेषास्त्वागन्तवःस्मृताः (अयमर्थः) अथर्वाणः अर्थतत्त्वज्ञत्वेनाथर्वतुल्याः । मृत्युमेकोत्तरंशतंप्रचक्षते ॥ तत्रैकोमृत्युःकालसंयुक्तः । कालआयुषोऽन्तेशरीरिणामवश्यंसंहर्त्ता ॥ सर्वैरुपायैर्निवारयितुमशक्यः । सब्रह्मादीनायुषोऽन्तेसंहरति ॥ यतआह्लिङ्गपुराणे । कार्त्तिकेयंप्रतिमहादेवः ॥ ममायुर्ग्रसतेकालःकुतःपुत्ररसायनमिति ॥ तेनकालेनसंयुक्ता संहारायनियुक्तः सोऽवश्यंभावी ॥ शेषाःशतंमृत्यवःआगन्तवः । आगन्तुरूपहेतुजन्मानःकार्य्यकारणयोरभेदोपचारात् ॥ आगन्तवोहेतवोयथा । विषभक्षणमजीर्णोऽत्यन्तभोजनञ्चदुर्देशजलपानम् ॥ तथाऽतिबलवैरिव्याघ्रवनमहिषमत्तमातंगादिभिर्युद्धम् । दन्दशूकेनक्रीडनमत्युच्चवृक्षाग्रारोहणं बाहुभ्याम् । महातरङ्गिणीतरणमेकाकिनो रात्रौदुर्गमार्गेगमनमित्यादि । आगन्तुहेतुजामृत्यवोदुर्निमित्ता भाविभावनाबलवत्त्वादायुषि सत्यपि मारयन्ति । यथामल्लिकातैलवर्त्तिवह्निषुविद्यमानेषुवायुनादीपंनाशयति ॥ तथाच । तथा सत्यपि तैलादौदीपंनिर्वापयेन्मरुत् ॥ एवमायुष्यहीनेऽपिहिंसन्त्यागन्तुमृत्यवः । किन्तुआगन्तुनिमित्तानिनिवारयितुंचशक्यन्ते (यतआहसुश्रुतेधन्वन्तरिः) दोषागन्तुनिमित्तेभ्योरसमन्त्रविशारदौ।रक्षेतांनृपतिंनित्यंयत्नाद्वैद्यपुरोहितौ॥ वैद्यमन्त्रिणौनृपतिंनित्यंयत्नाद्रक्षेताम्।कुतः दोषागन्तुनिमित्तेभ्यःदोषानिषिद्धाहारविहारभूषितावातपित्तकफरोगोत्पादकाः ॥ आगन्तवःनिषिद्धाविहाराअतिबलवैरि विग्रहादयः । तेनिमित्तानियेषान्तेभ्यःशतमृत्युभ्यः ॥ ननुवैद्यपुरोहितौकथंशतंमृत्युंनिवारयितुंशक्तौतत्राह । यतस्तौरसमन्त्रविशारदौप्रथमंवैद्यो दिनचर्य्यांरात्रिचर्य्यंर्तुचर्य्योक्ताहाराविहाराभ्यांवातपित्तकफधातुमलान्समानेवरक्षति ॥ ततोरसज्ञत्वाद्रसैर्मृत्युंजयादिभिर्निषिद्धाहारविहारदूषितदोषजनितान्विकारान्मृत्युहेतूनपहरति । मंत्रीचसद्बुद्धिदानेनमृत्युहेतुभ्योनृपतिंनिवारयति ॥ ततआगन्तुमृत्यवोनिवारयितुंशक्यानत्ववश्यम्भाविनः ॥ २७ ॥

वैद्यका कर्म्म (काम) ॥

रोगका अच्छे प्रकारसे जानना और उसका दूरकरना यह वैद्यका कर्म अर्थात् कामहै वैद्यआयु देनेवाला नहीं है और कोई कोई यह अर्थ करते हैं कि रोगका अच्छी रीति से जानना और उसका शान्तकरना केवल यही वैद्यका कर्म नहीं है किन्तु वैद्य आगन्तुक (आनेवाली) सौ मृत्यु के निवारण करने से आयुका स्वामी है सुश्रुत में धन्वन्तरिजीने कहा है कि अथर्वण वेदके जानने वाले एकसौ एक मृत्यु कहते हैं उनमें से एक कालसंयुक्त और बाक़ी आगन्तुक कहलाती हैं कालसंयुक्त मृत्यु आयु के अन्त में प्राणियों को अवश्य संहार करती है उसका निवारण किसी उपाय से नहीं होसक्ता वह आयु के अन्त में ब्रह्मादिकोंको भी संहार करती है क्योंकि लिङ्गपुराण में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्वामिकार्तिकेय से महादेवजी का वचन है कि हे पुत्र ! मुझे भी कालसंहार करता है तो रसायन क्या वस्तु है इससे कालसंयुक्त मृत्यु प्राणियों के संहार के लिये अवश्य होगी और शेष एक सौ मृत्यु आगन्तुक कहलाती हैं कार्य्य और कारण के अभेद मानने से आगन्तुक हेतुओं से होनेवाली मृत्यु आगन्तुक कहलाती हैं, आगन्तुक हेतु यह हैं कि विष खाना—अजीर्ण में अत्यन्त भोजन करना बुरे देश का जलपीना—अत्यन्त बलवान् शत्रु—व्याघ्र—बनका भैंसा तथा मतवाले हाथी आदिकों से लड़ना—सर्पकेसाथ क्रीड़ाकरना—बहुत ऊंचे वृक्षकी चोटीपर चढ़ना—हाथों से बड़ी नदियों में तैरना और रात्रिके समय दुर्घट मार्गों में चलना इत्यादि, जैसे दीपक में बत्ती तेल और अग्निके होते हुए भी वायु के द्वारा दीपक बुझजाता है उसीप्रकार आगन्तुक हेतुओंके द्वारा होनेवाली मृत्यु दुष्टकर्मों से होनहार की प्रबलता के द्वारा आयुके होनेपर भी मारडालती हैं कहा भी है कि जैसे तैलादिकों के होनेपर भी वायुसे दीपक बुझजाता है उसीप्रकार आगन्तुक मृत्यु भी प्राणोंको नाशकरती है आगन्तुक मृत्युओंका निवारण होसक्ता है क्योंकि ऐसाही सुश्रुत में धन्वन्तरि जी ने कहा है कि रस और मन्त्रके जाननेवाले वैद्य और पुरोहित यत्नपूर्वक दोष और आगन्तुक हेतुओं से राजाकी सर्वदा रक्षा करें, दोष अर्थात् निषिद्ध आहार विहारसे विकारको प्राप्त रोगके उत्पन्न करनेवाले वात पित्त और कफ और आगन्तुक अर्थात् अत्यन्त बलवान् शत्रु आदिसे युद्धादिक—अब यह प्रश्न करते हैं कि वैद्य और पुरोहित किस प्रकार से सौ आगन्तुक मृत्युओंको निवारण करसक्ते हैं इसका उत्तर यहहै कि वैद्य रसक्रिया में चतुर और पुरोहित मंत्रमें चतुर होते हैं पहिले वैद्य दिनचर्य्या रात्रिचर्य्या और ऋतुचर्य्या में कहेहुए आहार विहारोंसे वात पित्त कफ धातु और मलोंकी समता रखताहै फिर रस के जानने से मृत्युंजयादिक रसोंके द्वारा निषिद्ध आहार विहार से कोपको प्राप्त दोषों से उत्पन्नहुए मृत्यु के कारणरूप विकारों को नाश करता है और पुरोहित या मंत्री अच्छी बुद्धि देनेके द्वारा मृत्यु के कारणरूप निषिद्ध व्यवहारों से राजा को निवारण करता है इससे आगन्तुक मृत्युओं का तो निवारण होसक्ता है परन्तु अवश्य होनेवाली कालसंयुक्त मृत्युका निवारण नहीं होसक्ताहै ॥ २७ ॥

अथायुर्विचारः ॥

भिषगादौपरीक्षेतरुग्णस्यायुःप्रयत्नतः।ततआयुषिविस्तीर्णेचिकित्सासफलाभवेत्॥२८॥

आयुका विचार ॥

वैद्य पहले रोगीकी आयुकी परीक्षा यत्नपूर्वक करे क्योंकि आयुके दीर्घ होनेही में चिकित्सा सफल होती है ॥ २८ ॥

तत्रदीर्घायुषोलक्षणानि ॥

सौम्यादृष्टिर्भवेद्यस्यश्रोत्रंवक्त्रन्तथैवच । स्वादुङ्गन्धंविजानातिससाध्योनात्रसं शयः ॥ पाणिपादौचयस्योष्णौदाहःस्वल्पतरोभवेत् । जिह्वातुकोमलायस्यसरोगीनविन श्यति ॥ स्वेदहीनोज्वरोयस्यश्वासोनासिकयाचरेत् । कण्ठश्चकफहीनःस्यात्सरोगी जीवतिध्रुवम् ॥ यस्यनिद्रासुखेनस्यात् शरीरंद्युतिमद्भवेत् । इन्द्रियाणिप्रसन्नानिसरो गीनैवनश्यति ॥ २९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दीर्घायुके लक्षण ॥

जिसके दृष्टि कान तथा मुख में कोई विकार न होय और जो अच्छी बुरी गंधका ज्ञान करसक्ता हो वह निस्सन्देह साध्यहै जिसरोगी के हाथ पैर उष्णहों थोडा दाहहो और जिह्वा कोमलहो वह अवश्य जीताहै जिस रोगी के स्वेदरहित ज्वरहो नासिकाके द्वारा श्वास ले और कण्ठमें कफ न हो वह अवश्य जीताहै जिस रोगीको सुखपूर्वक निद्रा आवै शरीर में कान्तिहो और संपूर्ण इन्द्रिय प्रसन्नहों वह नहीं मरता है ॥ २६ ॥

अथस्वल्पायुषोलक्षणानि ॥

शरीरशीलयोर्यस्यप्रकृतेर्विकृतिर्भवेत्। तदरिष्टंसमासेनव्यासतश्चनिबोधमे ॥ शृणोतिविविधान्शब्दान्विपरीतान्शृणोतिच। योनशृणोतिचाकस्मात्तंवदन्तिगतायुषम् ॥ यस्तूष्णमिवगृह्णातिशीतमुष्णञ्चशीतवत्। उष्णगात्रोऽतिमात्रंयोभृशंशीतेनकम्पते ॥ (तमपिगतायुषंवदन्तीत्यन्वयः) प्रहारंनैवजानातियोगच्छेदन्यथापिवा। पांशुनेवावकीर्णानियश्चगात्राणिमन्यते॥ वर्णान्यभावोराज्योवायस्यगात्रेभवंतिहि। स्नातानुलिप्तंयञ्चापिभजंतेनीलमक्षिकाः ॥ विपरीतेनगृह्णातिरसान्यश्चोपयोजितान् । योवारसान्नसंवेत्तितंगतासुम्प्रचक्षते ॥ सुगंधंवेत्तिदुर्गंधंदुर्गंधञ्चसुगंधवत्। गृह्णातियोऽन्यथागंधंशांतेदीपेनिरामयः ॥ रात्रौसूर्यंज्वलंतंवादिवावाचंद्रवर्चसम्। दिवाज्योतींषियश्चापिज्वलितानीवपश्यति ॥ दिवावाचंद्रवर्चसम् । सूर्य्यमित्यन्वयः ॥ ज्योतींषिनक्षत्राणि। विद्युत्वतोऽसितान्मेघान्गगनेनिर्घनेघनान् ॥ विमानयानप्रासादैर्यश्चसंकुलमम्बरम् ॥ यश्चानिलंमूर्त्तिमंतमंतरिक्षेऽवलोकते। धूमनीहारवासोभिरावृतामिवमेदिनीम् ॥ प्रदीप्तमिवयोलोकंयोवास्तुतमिवाम्भसा। भूमिमष्टापदाकारांलेखाभिर्यश्चपश्यति ॥ योनपश्यतिऋक्षाणियश्चदेवीमरुंधतीम् । ध्रुवमाकाशगङ्गाञ्चतंवदंतिगतायुषम् ॥ आदर्शेऽम्बुनिघर्मेवाछायांयश्चनपश्यति । पश्यत्येकांगहीनांवाविकृतांवान्यसत्त्वजाम् ॥ श्वकाककङ्कगृध्राणांप्रेतानांयक्षरक्षसाम्। आतुरोलभतेमृत्युंस्वस्थोव्याधिमवाप्नुयात् ॥ ह्रीश्रियौनश्यतोयस्यतेजओजःस्मृतिप्रभा (प्रतिभा) अकस्माद्भजंतेयंसगतासुरसंशयम्। यस्याधरौष्ठौपतितौक्षिप्तश्चोर्ध्वंतथोत्तरः ॥ उभौवाजाम्बवाभासौदुर्लभंतस्यजीवितम्। आरक्तादशनायस्यश्यावावास्युःपतंतिवा ॥ खञ्जनप्रतिभावापितंगतायुषमादिशेत् । कृष्णातथानुलिप्ताचजिह्वाशूनाचयस्यवै ॥ कर्कशावाभवेद्यस्यसोऽचिराद्विजहात्यसून्।कुटिलास्फुटितावापिशुष्कावायस्यनासिका।अवस्फूर्ज्जतिभग्नावासनजीवतिमानवः ॥ (स्फूर्ज्जतिश्वासवेगेनोच्चैःशब्दंकरोतीत्यर्थः) संक्षिप्तेविषमेस्तब्धेरूक्षेसास्रेचलोचने। स्यातांपरिस्रुतेयस्यसगतायुर्नरोध्रुवम् ॥ केशाःसीमंतिनोयस्यसंक्षिप्तेविनतेभ्रुवौ। लुठंतिचाक्षिपक्ष्माणिसोऽचिराद्यातिमृत्यवे ॥ (लुठंतिपतंति) नाहरत्यन्नमास्यस्थंनधारयतियःशिरः। एकाग्रदृष्टिर्मूढात्मासद्यःप्राणान्विमुञ्चति ॥ उत्था

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्यमानोबहुशःसंमोहंयोधिगच्छति । बलवानूदुर्बलोवापितंयाप्यंभिषगादिशेत् ॥ निद्रानिरंतरंयस्ययोजागर्तिचसर्व्वदा । मुह्येद्वावक्तुकामश्चप्रत्याख्येयःसजानता ॥ उत्तरौष्ठञ्चयोलिह्यादुत्कारांश्चकरोतियः । प्रेतैर्वाभाषतेसायंप्रेतरूपंतमादिशेत् (उत्कारानूहस्तपादादिविक्षेपान्)खेभ्यश्चरोमकूपेभ्योयस्यरक्तंप्रवर्त्तते॥ पुरुषस्यात्रिषार्त्तस्य ससद्योजीवितंत्यजेत् । सम्यक्चिकित्स्यमानस्यविकारोयोऽभिवर्द्धते ॥ प्रक्षीणबलमांसस्यलक्षणंतद्गतायुषः ॥ ३० ॥

अल्पायु के लक्षण ॥

जिसके शरीर और स्वभावकी प्रकृति बदल जाय यह संक्षेपसे अरिष्टहै और इसका विस्तारपूर्वक वर्णन करतेहैं कि जो शब्दके न होने परभी अनेक प्रकार के शब्द सुने अथवा विपरीत शब्दोंको सुने अथवा शब्दोंके होनेपरभी एकाएकी न सुने उसको गतायु(शीघ्रमरनेवाला)कहते हैं जो उष्णको शीत के समान तथा शीतको उष्ण के समान ग्रहण करे और जो अत्यन्त उष्णशरीरवाला भी शीतसे कांपे उसको भी गतायु कहते हैं जिसके चोटलगनेसे भी पीडा न हो जो स्वभावके विपरीत कार्य्य करे अपने शरीरको धूल से लिपटा हुआ जाने जिसके अंगोंका वर्ण बदल जाय अथवा रेखा सी पड जायँ स्नानकरने और चन्दनादिक के लगानेपरभी जिसके शरीर पर नीलीमक्खी बैठै और जो दिये हुए रसोंको विपरीत जाने अथवा रसोंका ज्ञान न हो उसको गतायु कहतेहैं जो वातादि दोषों के शान्त होजाने से रोग रहित हुआ सुगंध को दुर्गन्ध और दुर्गन्धको सुगन्धजाने रात्रि में ज्वलित सूर्य्य को तथा दिन में चन्द्रमा की किरणको अथवा जलते हुए नक्षत्रों को देखै निर्मल आकाशमें बिजली सहित काले मेघोंको देखे विमानकी सवारी और महलोंसे परिपूर्ण आकाश देखे आकाशमें मूर्तिमान् वायुका दर्शन करे धुआं पाला तथा वस्त्रों से ढकीहुईके समान पृथ्वी को देखे जगत्को जलता हुआ अथवा पानीसे बहता हुआ सा देखे लकीरों से चौपडसी बिछीहुई पृथ्वी को देखे और नक्षत्र अरुन्धती देवी ध्रुव तथा आकाशगंगा को न देखे उसको गतायु कहते हैं जो दर्पणमें जल में अथवा धूपमें छाया को नहीं देखताहै और जो देखताहै तो एक अंगसे रहित विकारयुक्त अथवा कुत्ता काक कंक (उजली चील) गृध्र प्रेत यक्ष राक्षस आदिक अन्य जीवोंके समान अपनी छायाको देखताहै वह जो रोगी होय तो मृत्यु को प्राप्त होताहै और अच्छा हो तो रोगी होजाता है जिस की लज्जा श्री तेज ओज स्मृति और प्रतिभा (सूझबूझवाली बुद्धि) अकस्मात् नष्ट होजावे और लज्जादि रहित पुरुषको अकस्मात् लज्जादिक प्राप्त होजायँ उसको निस्सन्देह गतायु जानना चाहिये जिसके दोनों ओष्ठ लटक पडते हैं अथवा ऊपरका ओष्ठ ऊंचेको उठजाता है या दोनों ओष्ठ जामन के रंग के समान रंगवाले होजाते हैं उसका जीना दुर्लभ है जिसके दांत रक्तवर्ण श्यामवर्ण अथवा खंजन के समान वर्णवाले होजायँ या एकाएकी गिरपडें उसको गतायु जानना चाहिये जिस की जिह्वा काली जकडी हुई लिपीहुई सूजन युक्त अथवा कठोर होजाय वह भी शीघ्र प्राणों को त्याग करताहै जिसकी नाक टेढ़ी फटी हुई सूखी टूटी अथवा श्वासके वेगसे उच्चशब्द करती हो वह मनुष्य नहीं जीताहै जिसके नेत्र भीतर को धसेहुए विषम (एक बडा एकछोटा) कठोर रूखे और रुधिर करके सहितहों अथवा बहतेहों उसको निस्सन्देह गतायु जानना चाहिये जिसके बालबंधेहुएसे होजायँ भौंह छोटी तथा झुकी हुई होजायँ और नेत्रोंके पलक गिरपडें वह शीघ्रही प्राणों को त्याग करताहै

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जो मुखमें रक्खीहुई चीज़को निगल न सके शिरको अच्छे प्रकारसे धारण न करसके और जिसकी दृष्टि एकाग्रहो चैतन्य शक्ति जातीरहै वह शीघ्रही प्राणों को त्याग करताहै जो उठाने से बारम्बार मूर्च्छा को प्राप्त होताहै वह रोगी बलवान् हो चाहै निर्बल हो बुद्धिमान् वैद्य उसका त्याग करदे जो वह बराबर सोवे अथवा जागे और कुछ कहने की इच्छासे मोहको प्राप्तहो उस रोगी को बुद्धिमान् वैद्य शीघ्र त्यागे जो ऊपर के ओष्ठको चाटे हाथ पैरोंको फेंके और सायंकाल में प्रेतोंसे बातेंकरे उस रोगीको प्रेतरूप जानना चाहिये विषकी पीडाके विना जिस रोगीके रोमोंसे रुधिर बहे वह शीघ्रही प्राणोंको त्याग करताहै बल और मांस की क्षीणतावाले रोगीकी अच्छेप्रकार चिकित्सा करनेपर भी जो विकार बढ़ताही जाय तो गतायुका लक्षण जानना चाहिये ॥ ३० ॥

भूताःप्रेताःपिशाचाश्चरक्षांसिविविधानिचामरणाभिमुखंजन्तुमुपसृत्यचनित्यशः॥तानि भेषजवीर्य्याणिप्रतीच्छन्तिजिघांसया॥तस्मात्मोघाःक्रियाःसर्वाभवन्त्येवगतायुषः ३१॥

भूत-प्रेत-पिशाच और अनेक प्रकारके राक्षस आकर मारने की इच्छा से गतायुपुरुषकी औषधियोंके वीर्य्यको हरलेते हैं इससे सम्पूर्ण क्रिया व्यर्थ होजाती हैं ॥ ३१ ॥

नन्वायुषिसतिचिकित्सायाःसाफल्यमुक्तम् । आयुश्चेदस्तितदातदेवजीवनहेतुः॥किं चिकित्साविधानंतत्रोच्यते । आयुषिसतिचिकित्सायाःफलंवेदनानिग्रहः ॥ (उक्तञ्च) आयुष्मान्पुरुषोजीवेत्सव्यथोभेषजंविना । भेषजेनपुनर्ज्जीवेत्सएवहिनिरामयः ॥ किञ्च । आयुषिसत्यपिरोगीचिकित्सांविनाउत्थातुंनशक्नोति (यतआहचरकः) सतिचायुषिनोपायंविनोत्थातुंक्षमोरुजो ॥ दर्शितश्चात्रदृष्टान्तःपङ्कलग्नोयथागजः । किञ्च ॥ चिकित्सांविनायुष्मानप्यवसीदति । यतआहसएव ॥ सतिचायुषिनष्टःस्यादामयैश्चाचिकित्सितः । यथासत्यपितैलादौदीपोनिर्व्वातिवात्यया ॥ अतएवोक्तम् । साध्यायाप्यत्वमायान्तियाप्यागच्छन्त्यसाध्यताम्॥घ्नन्तिप्राणानसाध्यास्तुनराणामक्रियावतामिति। चिकित्सातुअनिश्चितायुषोऽपिकर्त्तव्या (यतआह) तावत्प्रतिक्रियाकार्य्यायावच्छ्वसितिमानवः ॥ कदाचिद्दैवयोगेनदृष्टाऽरिष्टोऽपिजीवति । इतितुयस्यासाध्यत्वंसन्दिग्धंतंप्रत्युक्तम्॥येषुत्वसाध्यताशास्त्रेणानुभवेनविनिश्चितास्तेपुनर्न्नचिकित्स्याः। यतउक्तम् ॥ सद्वैद्यास्तेनयेसाध्यानारभन्तेचिकित्सितुमिति ॥ ३२ ॥

अब यह सन्देह होताहै कि आयुके होनेपर चिकित्साकी सफलता कही तब जो आयुहै तो वही जीवनका कारण होजायगी फिर औषधि करनेसे क्या इसका उत्तर यहहै कि आयुके होनेपरभी चिकित्साका फल पीडाका रोकना है और कहाभी गयाहै कि आयुके होनेपरभी औषधिके विना शरीर पीडायुक्त होकर सजीव रहताहै और औषधि करनेसे नीरोगी होकर जीता है किन्तु आयुके होनेपरभी रोगी पुरुष चिकित्सा के विना उठ नहीं सक्ता और ऐसाही चरकने कहाहै कि जिसप्रकार कीचड़में फँसाहुआ हाथी विना किसी सहारेके उठ नहीं सक्ता है उसीप्रकार आयुके होनेपरभी विना किसी उपाय रूप औषधीके रोगसे नहीं उठ सक्ता है और आयुके होनेपरभी चिकित्सा या औषधिके विना मृत्यु होजाती है क्योंकि चरकने कहाहै कि जिसप्रकार तैलादिकों के होनेपरभी वायुके द्वारा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दीपक बुझजाताहै इसीप्रकार आयुके होनेपर भी चिकित्साके विना रोगोंसे प्राण नष्ट होजातेहैं इसी से कहागया है कि औषधि न करने से साध्य याप्य होजाते हैं याप्य असाध्य होजाते हैं और असाध्य रोगोंसे मृत्युको प्राप्त होजाते हैं जिसकी आयुका निश्चय न हो उसकी भी चिकित्सा करनी चाहिये क्योंकि कहागया है कि जबतक मनुष्यका श्वासरहै तबतक चिकित्सा करनी चाहिये कदाचित् दैव- योगसे अरिष्टके लक्षणोंके होनेपर भी प्राण बचजायँ परन्तु यह तो जिसके असाध्य होने में सन्देह है उसके लिये कहागया है और जिनकी असाध्यता शास्त्र और अनुभवके द्वारा निश्चय करलीहो उन की चिकित्सा नहीं करनी चाहिये ऐसाही कहा भी गयाहै कि जो असाध्यों की चिकित्सा करते हैं वह सद्वैद्य नहीं है ॥ ३२ ॥

अथ द्रव्यम् ॥

सर्वेद्रव्यमपेक्षन्तेरोगिप्रभृतयोयतः। विनावित्तंनभैषज्यंचिकित्साङ्गंततोधनम्॥३३॥

द्रव्यका वर्णन ॥

रोगी आदिक सब द्रव्यकी अपेक्षा करते हैं क्योंकि धनके विना औषधि नहीं होसक्ती इससे धन भी चिकित्सा का अंग है ॥ ३३ ॥

अथ परिचारकस्य लक्षणम् ॥

स्निग्धोऽजुगुप्सुर्बलवान्युक्तोव्याधितरक्षणे । वैद्यवाक्यकृदश्रान्तोयुज्यतेपरिचार कः॥स्निग्धःप्रीतःअजुगुप्सुःअनिन्दकः ॥ ३४ ॥

सेवकका लक्षण ॥

प्रीतियुक्त अनिन्दक—बलवान्—रोगीकी रक्षाकरने में युक्त—वैद्यके वाक्यके अनुसार कार्य्य करने वाला और परिश्रमी ऐसा पुरुष रोगीका सेवक होना चाहिये ॥ ३४ ॥

अथ भेषजस्यलक्षणम् ॥

वैद्योव्याधिंहरेद्येनतद्द्रव्यंप्रोक्तमौषधम्। तद्यादृशमवश्यंस्याद्रोगघ्नन्तादृशंब्रुवे॥३५॥

औषधि का लक्षण ॥

वैद्य जिस वस्तु से रोगको नाश करता है उस वस्तुको औषधि कहते हैं जिस प्रकारकी औषधि से निस्सन्देह रोग नाश होताहै उसको कहते हैं ॥ ३५ ॥

तत्रौषधग्रहणपरिभाषा ॥

प्रशस्तदेशेसञ्जातंप्रशस्तेऽहनिचोद्धृतम् । अल्पमात्रंबहुगुणंगन्धवर्णरसान्वित म् ॥ दोषघ्नमग्लानिकरमधिकंनविकारियत् । समीक्ष्यकालेदत्तञ्चभेषजंस्याद्गुणा वहम् ॥ ३६ ॥

औषधिके ग्रहण करनेकी परिभाषा ॥

अच्छे देशमें उत्पन्न हुई—अच्छे समय में उखाडीगई थोडी मात्रासे बहुत गुण देनेवाली गन्ध वर्ण तथा रसकरके युक्त दोषकी नाशक ग्लानिरहित और अधिक खाने से भी दोष की नहीं करनेवाली औषधि विचारपूर्वक समयपर दीगई गुणकारी होतीहै ॥ ३६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आग्नेयाविन्ध्यशैलाद्याःसौम्योहिमगिरिःस्मृतः। अतस्तदौषधानिस्युरनुरूपाणिहेतुभिः॥ आग्नेयाःअधिकाग्न्यांशाःसौम्यःअधिकसोमांशः। औषधयएवौषधानि॥ अत्रस्वार्थेअण्। अनुरूपाणि सदृशानि॥ अन्येष्वपिप्ररोहन्तिवनेषूपवनेषुच। गृह्णीयात्तानिसुमनाःशुचिःप्रातःसुवासरे॥ आदित्यसम्मुखोमौनीनमस्कृत्यशिवंहृदि। साधारणधराद्रव्यंगृह्णीयादुत्तराश्रितम्॥ साधारणधराद्रव्यं सर्वभूमिभवन्द्रव्यम्॥ उत्तराश्रितंस्वस्मात्उत्तरदिग्भवम्। वल्मीककुत्सितानूपश्मशानोषरमार्गजाः॥ जन्तुवह्निहिमव्याप्तानौषध्यःकार्य्यसाधिकाः॥ ३७॥

विन्ध्यादिक पर्वत अधिक अग्निके गुणसेयुक्त और हिमालयादि पर्वत अधिक जल के गुणवाले होते हैं इससे उनमें उत्पन्न हुई औषधि भी उन्हींके समान गुणवाली होती हैं और भी बाग तथा जंगलोंमें औषधि उत्पन्न होतीहैं उनको प्रसन्नचित्त पवित्र सूर्य्यके सन्मुख अच्छे दिन में शिवजीको हृदयमें प्रणाम करके प्रातःकाल के समय मौन होकर उखाडे अपने से उत्तरकी ओर सम्पूर्ण पृथ्वी में उत्पन्न हुई वस्तुको ग्रहण करे सर्पकी बामी अपवित्र स्थान बहुत जल युक्त स्थान श्मशान ऊषर तथा मार्ग में उत्पन्न हुई और कीडे अग्नि तथा पाले से व्याप्त औषधियों से कार्य्य सिद्ध नहीं होता॥ ३७॥

शरद्यखिलकार्य्यार्थंग्राह्यंसरसमौषधम्। विरेकवमनार्थन्तुवसन्तान्तेसमाहरेत्॥ वसन्तान्तेवसन्तमध्येसमाहरेत्संगृह्णीयात्। अतिस्थूलजटायास्स्युस्तासांग्राह्यास्त्वचोध्रुवम्॥ गृह्णीयात्सूक्ष्ममूलानिसकलान्यपिबुद्धिमान्। अन्यच्च॥ महान्तियेषांमूलानिकाष्ठगर्भाणिसर्व्वतः। तेषान्तुवल्कलंग्राह्यंह्रस्वमूलानिसर्व्वशः॥ न्यग्रोधादेस्त्वचोग्राह्याःसारःस्याद्बीजकादितः। तालीसादेश्चपत्राणिफलंस्यात्त्रिफलादितः॥क्वचिन्मूलंक्वचित्कन्दःक्वचित्पत्रंक्वचित्फलम्।क्वचित्पुष्पंक्वचित्सर्व्वंक्वचित्सारःक्वचित्त्वचः॥ चित्रकंसूरणंनिम्बोवासाचत्रिफलाक्रमात्। धातकीकण्टकारीचखदिरःक्षीरपादपः३८॥

शरदृतु में सम्पूर्ण कार्य्यों के लिये सरस औषधि लेनी चाहिये वमन और विरेचन के लिये औषधि वसन्तऋतु में लेनी चाहिये जिन वृक्षोंकी जड बहुतमोटीहो उनकी छाल लेनीचाहिये और छोटी जडवाले वृक्षों का सर्वांग लेना चाहिये और भी कहाहै कि जिन वृक्षों की जड मोटी और काष्ठसे भरीहो उनकी छाल लेनी चाहिये और छोटी जडवाले वृक्षों की जड लेनी चाहिये बर्गद आदि वृक्षोंकी त्वचा विजयसारआदिक वृक्षों के सारांश तालीस आदिक वृक्षों के पत्र और त्रिफला आदिकों से फल लेना चाहिये किसीकी जड किसी का कन्द किसीका पत्र किसीका फल किसीका पुष्प किसीका सर्वांग किसीका सारांश और किसीकी छाल लेनी चाहिये जैसे चीतेकी छाल सूरन का कन्द (ज़िमींकन्द) नींव और अडूसे के पत्ते त्रिफलाके फल धवई के फूल भटकटैयाका सर्वांग कत्थेका सारांश और बर्गद आदिकों की छाल लेनी चाहिये॥ ३८॥

क्वचिन्निम्बस्यगृह्णीयात्पत्राभावेत्वचामपि। बालंफलन्तुबिल्वस्यपक्कमारग्वधस्यच॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अङ्गेऽनुक्तेजटाग्राह्याभागेऽनुक्तेऽखिलंसमम् । पात्रेऽनुक्तेमृदःपात्रंकालेऽनुक्तेत्वह मुखम् ॥ ३६ ॥

कहीं २ नींब के पत्तों के अभावमें छालभी ग्रहण की जाती है-बेलका कच्चाफल लेना चाहिये और अमलतास का पक्काफल लेना चाहिये जहांपर औषधिका अंग न कहाहो वहां उसकी जडलेनी चाहिये और जहां औषधियों के भाग न कहेहों वहां समभाग लेना चाहिये पात्र न कहाहो तो मृत्तिका का पात्र लेना चाहिये समय न कहाहोवे तो प्रातःकाल लेना चाहिये ॥ ३६ ॥

नवान्येवहियोज्यानिद्रव्याण्यखिलकर्मसु । विनाविडङ्गकृष्णाभ्यांगुडधान्याज्यमाक्षिकैः॥ (धान्यमन्नम्) पुराणन्तुप्रशस्तंस्यात्ताम्बूलङ्काञ्जिकंतथा । शुष्कन्नवीनद्रव्यन्तुयोज्यंसकलकर्म्मसु ॥ आर्द्रन्तुद्विगुणंयुञ्ज्यादेषसर्व्वत्रनिश्चयः ॥ ४० ॥

सम्पूर्ण कार्यों में वायविडंग-पीपल-गुड अन्न घृत तथा मदको छोडकर सब वस्तु नवीन लेनी चाहिये और ताम्बूल तथा कांजी भी प्राचीनही श्रेष्ठ होती है सम्पूर्ण कार्य्यों में नवीन और सूखी वस्तु लेनी चाहिये और जो गीली लेतो दूनी मात्रा लेनी चाहिये यह सर्वत्र निश्चयहै ॥ ४० ॥

गुडूचीकुटजोवासाकूष्माण्डश्चशतावरी ॥ अश्वगन्धासहचरः शतपुष्पाप्रसारिणी। प्रयोक्तव्यास्सदैवार्द्रा द्विगुणंनैवकारयेत् ॥ सहचरःकुरण्टकःकटसरैआ इति लोके । वासानिम्बपटोलकेतकबलाकूष्माण्डकेंदीवरी वर्षाभूःकुटजाश्चकन्दसहितास्सापूतिगन्धास्मृता । ऐन्द्रीनागबलाकुरण्टकपुरच्छत्रामृतासर्व्वदा सार्द्राएवतुतत्क्वचिद् द्विगुणिताकार्यैषुयोज्याबुधैः ॥ ऐन्द्री इन्द्रवारुणी । वरी शतावरी । पूतिगन्धा गन्धप्रसारणी। नागबलागुलशकरी । कुरण्टकः पीतपुष्पकटसरैआ । पुरो गुग्गुलः ॥ ४१ ॥

गिलोय-कुरैया-अडूसा-पेठा-सतावर-असगन्ध-कटसरैया-सौंफ और आकाशबेल यह सब गीली लेनी चाहिये और इनकी मात्रा दूनी नहीं होती- अडूसा- नींब- परवल- केतकी-बरियारा- पेठा इन्द्रायन-सतावर- गदहपूरना-कुरैया- कन्दशाक- गन्धप्रसारणी- इन्द्रवारुणी- गुलशकरी- कटसरैया गूगल, सौंफ और गिलोय यह भी संपूर्ण गीली लेनी चाहिये और इनकी मात्रा कहीं २ दूनीभी करदेनी चाहिये ॥ ४१ ॥

घृतन्तैलञ्चपानीयं कषायंव्यञ्जनादिकम् । पक्वाशीतीकृतंचोष्णं तत्सर्व्वंस्याद्विषोपमम् ॥ ४२ ॥

घृत, तेल- जल- कषाय- और व्यंजनादिक एकवार परिपाक करके शीतलहुये फिर उष्णकरनेसे विषके तुल्य होजाते हैं ॥ ४२ ॥ अथ द्रव्याणांपरीक्षा ॥

सूक्ष्मास्थिमांसलापथ्यासर्व्वकर्म्मणिपूजिता । क्षिप्ताम्भसि निमज्जेद्याभल्लातकस्तथोत्तमाः॥ वराहमूर्द्धवत्कन्दोवाराहीकन्दसंज्ञकः । सौवर्चलन्तुकाचाभंसैन्धवंस्फटिकप्रभम् ॥ सुवर्णच्छविकंज्ञेयंस्वर्णमाक्षिकमुत्तमम् । इन्द्रपुष्पप्रतीकाशामनोज्ञाचोत्तमामता ॥ श्रेष्ठंशिलाजतुज्ञेयंप्रक्षिप्तंनविशीर्यते । तोयपूर्णेकांस्यपात्रे प्रतानेनविवर्द्धते ॥ कर्पू

(१) सर्वाणिचार्द्राणिनवौषधानितुवीर्यवन्तीतिवदन्तिधीराः । सर्वाणिशुष्काणितुमध्यमानिशुष्काणिजीर्णानिचनिष्फलानि ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रःस्तुवरःस्निग्धः एलासूक्ष्मफलावरा॥ श्वेतचन्दनमत्यन्तंसुगन्धिगुरुपूजितम् । रक्तचन्दनमत्यन्तं लोहितम्प्रवरंमतम् ॥ काकतुण्डनिभःस्निग्धोगुरुःश्रेष्ठोऽगुरुर्मतः ॥ सुगंधिलघुरूक्षञ्चसुरदारुवरंमतम् । सरलंस्निग्धमत्यर्थं सुगंधिचगुणावहम् ॥ अतिपीताप्रशस्तातुज्ञेयादारुनिशाबुधैः । जातीफलंगुरुस्निग्धं समंशुभ्रान्तरंवरम् । मृद्वीकासोत्तमाज्ञेयायास्याद्गोस्तनसन्निभा ॥ करमर्द्दफलाकारामध्यमासाप्रकीर्त्तिता ॥ गोस्तनसन्निभा मुनक्का इतिलोके । करमर्द्दफलाकारा करौंदीदाख इतिलोके । खण्डन्तुविमलंश्रेष्ठंचंद्रकान्तिसमप्रभम् ॥ गव्याज्यसदृशंरुच्यंगंधंमधुतरम्मतम् ॥ ४३ ॥

द्रव्योंकी परीक्षा ॥

छोटी गुठलीवाली गूदेदार पानी में डालने से डूबजानेवाली हड़ सब कामों में श्रेष्ठ होती है और इसीप्रकार का भिलावां भी उत्तम होताहै शूकरके शिरके समान जो कन्द होताहै उसको वाराहीकन्द कहतेहैं काचके समान सौवर्चल (कालानोन) श्रेष्ठहै स्फटिकके समान सेंधानोन श्रेष्ठ है सुवर्ण के समान कान्तिवाली सोनामक्खी श्रेष्ठहै इन्द्रपुष्प के समान मैनसिल श्रेष्ठहै जो शिलाजीत जलसे भरेहुये पात्रमें छोडने से क्रमसे सूतके समान बढ़े और बिखरे नहीं वह उत्तम है चिकना कपूर श्रेष्ठ है इलाचियों में छोटी इलायची श्रेष्ठहै अत्यन्त सुगन्धित और भारी श्वेत चन्दन श्रेष्ठ है बहुत लाल रंगका रक्तचन्दन श्रेष्ठ है काक की टोंटके समान कान्तिवाला चिकना और भारी अगर श्रेष्ठ है सुगंधियुक्त हलका और रूखा देवदारु श्रेष्ठ है अत्यन्त सुगन्धित और चिकना सरल (एकतरहकादेवदारु) श्रेष्ठहै अत्यन्त पीले रंगवाली दारुहल्दी श्रेष्ठहै भारी चिकना भीतर से सफा जायफल श्रेष्ठहै गौके थन के समान मुनक्का श्रेष्ठ करौंदे के फल के समान मुनक्का मध्यम है निर्मल और चन्द्रकान्ति मणि के समान खांड श्रेष्ठहै गौके घृतके समान वर्णवाला रुचिकारक और सुगन्धियुक्त सहत श्रेष्ठहै ॥ ४३ ॥

अथ स्वभावतोहितानि॥

शालीनांलोहितःशालिःषष्टिकेषुचषष्टिकः। शूकधान्येष्वपियवोगोधूमःप्रवरोमतः ॥ शिम्बीधान्येष्वरोमुद्गोमसूरश्चाढकीतथा । रसेषुमधुरःश्रेष्ठोलवणेषुचसैंधवः ॥ दाडिमामलकंद्राक्षाखर्ज्जूरंचपरूषकम् । राजादनंमातुलुङ्गंफलवर्गेषुशस्यते ॥ परूषकंफालसा इतिलोके। राजादनं खिरणी इतिलोके ॥ मातुलुङ्गं बिजउरा इतिलोके । पत्रशाकेषु वास्तूकंजीवन्तीपोतिकवरा ॥ पटोलंफलशाकेषुकन्दशाकेषुसूरणम् । एणःकुरङ्गोहरिणोजांगलेपुप्रशस्यते ॥ पक्षिणांतित्तिरिर्लावोवरोमत्स्येषुरोहितः ॥ हरिणस्ताम्रवर्णःस्यादेणःकृष्णतयामतः। कुरंगस्ताम्रउद्दिष्टोहरिणाकृत्तिकोमहान् ॥ जलेषुदिव्यंदुग्धेषु गव्यमाज्येषुगोभवम् । तैलेषुतिलजंतैलमैक्षवेषुसिताहिता ॥ ४४ ॥

स्वभावसे हितकारी वस्तु ॥

धानों में लालधान श्रेष्ठहै और षष्टिकधान्यों में साठीके चावल श्रेष्ठहैं शूक धान्यों (तुषयुक्तधान्यों)

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

में जो गेहूं श्रेष्ठहैं फलीवाले धान्यों में मूंग मसूड और अरहड श्रेष्ठहै रसोंमें मधुर रस श्रेष्ठहै लवणों में सैंधव श्रेष्ठहै फलोंमें अनार आंवला मुनक्का खजूर फालसा खिन्नी और बिजौरा नींबू श्रेष्ठहैं पत्रशाकोंमें बथुआ जीवन्ती और पोई श्रेष्ठहै फल शाकोंमें परवल श्रेष्ठहै कन्द शाकोंमें जिमीकन्द श्रेष्ठहै जंगली जीवोंके मांसमें एण कुरंग और हरिण श्रेष्ठहै पक्षियोंमें तीतर और बटेर श्रेष्ठ है और मछलियों में रोहू श्रेष्ठहै ताम्रवर्णवाले मृगको हरिण कृष्णवर्णवाले को एण और ताम्रवर्ण वाले मृगकी आकृतिके समान और उससे कुछ बड़े मृगको कुरंग कहतेहैं जलोंमें वर्षाका जल श्रेष्ठहै दुग्धोंमें गौका दूध श्रेष्ठहै घृतोंमें गौकाघृत श्रेष्ठहै तेलोंमें तिलका तेल श्रेष्ठहै ईषकी वस्तुओंमें चीनी श्रेष्ठहै ॥ ४४ ॥

अथ स्वभावादहितानि ॥

शिम्बीषुमाषान्ग्रीष्मर्तौलवणेष्वौषरंत्यजेत्। फलेषुलकुचंशाकेसार्षपंनहितम्मतम्॥
गोमांसंग्राम्यमांसेषुनहितंमहिषीवसा। मेषीपयःकुसुम्भस्य तैलन्त्याज्यञ्चफाणितम्॥
इक्षुरसःपरिपक्वोयोऽर्द्धघनफाणितम्। तद्धिज्ञोयाराब इतिलोके॥ ४५ ॥

स्वभावसे अहितकारी ॥

शिम्बी धान्यों में उर्द ग्रीष्मऋतु में अहित हैं, लवणों में पांगात्यागने के योग्य है, फलों में बड़हर और सागों में सरसों का साग अहित है- गांवके पशुओं के मांसमें गोमांस और भैंसकी चरबी अहित है, भेडीका दूध कुसुमका तेल, ईख की वस्तुओं में फाणित (ईखकापकाया हुआ रस आधा गाढ़ाहुआ फाणित अर्थात् राब कहाता है) अहित है ॥ ४५ ॥

अथ संयोगविरुद्धानि ॥

मत्स्यमानूपमांसञ्चदुग्धयुक्तंविवर्ज्जयेत्। कपोतंसर्षपस्नेहंभर्ज्जितम्परिवर्ज्जयेत्॥
मत्स्यानिक्षोर्विकारेणतथाक्षौद्रेणवर्ज्जयेत्। सक्तूनुमांसपयोयुक्तानुष्णैर्दधिविवर्ज्जयेत् ॥
उष्णैर्नभोऽम्बुनाक्षौद्रंपायसंकृशरान्वितम् । रम्भाफलंत्यजेत्तक्रंदधिबिल्वफलान्वितम्॥ दशाहमुषितंसर्पिःकांस्येमधुघृतंसमम्। कृतान्नञ्चकषायञ्चपुनरुष्णीकृतंत्यजेत्॥
एकत्रबहुमांसानि विरुध्यन्तेपरस्परम्। मधुसर्पिर्वसातैलंपानीयंवापयस्तथा ॥ ४६ ॥

संयोग से अहित करनेवाली वस्तु ॥

मत्स्य और अनूप मांस दूधके साथ न भोजन करे, सरसों के तेल से भुनेहुए कबूतर के मांस को त्याग करदे, गुड आदिक ईखके पदार्थ अथवा सहत के साथ मछली न खाय–मांस और दूधके साथ सत्तू–और गरम चीजों के साथ दही न खाय–गरम वस्तुओं के साथ वर्षाका जल और सहत न खाय–खिचड़ी के साथ दूधकी वस्तु और केलेका फल न खाय–बेलके साथ दही और मठा न खाय–दशदिन तक कांसेके पात्र में धराहुआ घी अथवा सहत के समभाग न खाय–पका अन्न और क्काथ फिर पकाकर न खाय–बहुत प्रकार के मांस एकही में मिलाकर न खाय–सहत–घृत चरबी-तेल–जल और दूध एक में मिलाकर न खाय ॥ ४६ ॥

अथ भेषजग्रहणसङ्केतः ॥

लवणंसैन्धवंप्रोक्तंचन्दनंरक्तचन्दनम्। चूर्णलेहासवस्नेहाःसाध्याधवलचन्दनैः ॥
कषायलेपयोःप्रायोयुज्यतेरक्तचन्दनम् । अंतःसम्मार्ज्जनेज्ञेयाह्यजमोदायवानिका ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बहिःसम्मार्ज्जनेसैववविज्ञातव्याजमोदिका ॥ पयःसर्पिःप्रयोगेषुगव्यमेवहिगृह्यते । स कृद्रसोगोमयकंमूत्रंगोमूत्रमुच्यते ॥ ४७ ॥

औषधि के ग्रहण का संकेत ॥

लवण कहने से सैंधानोन–चन्दन कहने से रक्तचन्दन–परन्तु चूर्ण–अवलेह–आसव और स्नेह में श्वेतचन्दन कषाय तथा लेप में प्रायः रक्तचन्दन डालाजाता है–खाने पीनेके विषय में अजमोद कहने से अजवाइन लेनी चाहिये और लेपादिकोंमें वही अजमोद लेनाचाहिये–दूध और घी कहने से गौकादूध और घी लेना चाहिये–मलकारस और मूत्र लिखाहो तो गौके गोबर का रस और गौका मूत्र लेना चाहिये ॥ ४७ ॥

प्रतिनिधिः ॥

चित्रकाभावतोदन्तीक्षारःशिखरिजोऽथवा । अभावेधन्वयासस्यप्रक्षेप्यातुदुरालभा ॥ (शिखरीअपामार्गः ।) तगरस्याप्यभावेतुकुष्ठंदद्याद्भिषग्वरः । मूर्वाभावेत्वचोग्राह्याजिगिनीप्रभवाबुधैः ॥ अहिंस्रायाअभावेतुमानकन्दःप्रकीर्त्तितः । लक्ष्मणायाअभावेतु नीलकण्ठशिखामता ॥ वकुलाभावतोदेयंकह्लारोत्पलपङ्कजम् । नीलोत्पलस्याभावेतु कुमुदंदेयमिष्यते ॥ जातीपुष्पंनयत्रास्तिलवङ्गंतत्रदीयते । अर्कपर्णादिपयसोह्यभावे तद्रसोमतः ॥ पौष्कराभावतःकुष्ठंतथालांगल्यभावतः । स्थौणेयकस्याभावेतुभिषग्भिर्दीयतेगदः ॥ चविकागजपिप्पल्यौपिप्पलीमूलवत्स्मृतौ । अभावेसोमराज्यास्तुप्रपुन्नाटफलंमतम् ॥ यदिनस्याद्दारुनिशातदादेयानिशाबुधैः । सोमराजीवाकुची ॥ प्रपुन्नाटफलं चक्रमर्द्दनफलम् । दारुनिशादारुहरिद्रा । निशाहरिद्रा । रसाञ्जनस्याभावेतुसम्यग्दार्वीप्रयुज्यते ॥ सौराष्ट्र्यभावतोदेयास्फटिकातद्गुणाजनैः । सौराष्ट्रीसोरटीमाटीइतिलोके ॥ स्फटिकाफटिकरीइतिलोके । तालीशपत्रकाभावे स्वर्णतालीप्रशस्यते ॥ भार्ग्यभावेतुतालीशंकण्टकारीजटाथवा । रुचकाभावतोदद्याल्लवणंपांशुपूर्वकम् । अभावेमधुयष्ट्यास्तुधातकीञ्चप्रयोजयेत् ॥ रुचकंचौहारइतिलोके । पांशुलवणंखारीअथवा रेहइतिलोके । अम्लवेतसकाभावे चुक्रंदातव्यमिष्यते । द्राक्षायदिनलभ्येत प्रदेयंकाश्मरीफलम् ॥ तयोरभावेकुसुमं बन्धूकस्यमतंबुधैः । लवंगकुसुमंदेयं नखस्याभावतःपुनः ॥ कस्तूर्य्यभावेकङ्कोलं क्षेपणीयंविदुर्बुधाः । कङ्कोलस्याप्यभावेतु जातीपुष्पंप्रदीयते ॥ सुगन्धिमुस्तकंदेयं कर्पूराभावतोबुधैः । कर्पूराभावतोदेयंग्रन्थिपर्णंविशेषतः ॥ कुंकुमाभावतोदद्यात् कुसुम्भकुसुमंनवम् । श्रीखण्डचन्दनाभावे कर्पूरंदेयमिष्यते ॥ अभावेत्वेतयोर्वैद्यः प्रक्षिपेद्रक्तचंदनम् । रक्तचंदनकाभावे नवोशीरंविदुर्बुधाः ॥ मुस्ताचातिविषाभावे शिवाभावेशिवामता । अभावेनागपुष्पस्य पद्मकेसरमिष्यते ॥ मेदाजीवककाकोली ऋद्धिवृद्धेऽपिवासति । वरीविदार्य्यश्वगंधावाराहीश्चक्रमात्क्षिपेत् ॥ (वरीशतावरी) वाराह्याश्चतथाभावेचर्मकारालुकोमतःवाराहीकंदसंज्ञस्तु पश्चिमेगृष्टिसंज्ञकः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वाराहीकंदएवान्यश्चर्म्मकारालुकोमतः । अनूपसम्भवेदेशे वराहइवलोमवान् ॥
भल्लातकासहत्वेतु रक्तचंदनमिष्यत । भल्लातभावतश्चित्रं नलश्चेक्षोरभावतः ॥ सुव
र्णाभावतःस्वर्णमाक्षिकंप्रक्षिपेत्बुधः । श्वेतंतुमाक्षिकंज्ञेयं बुधैःरजतवद्ध्रुवम् ॥ माक्षि
कस्याप्यभावेतु प्रदद्यात्स्वर्णगैरिकम् । सुवर्णमथवारौप्यं मृतंयत्रनलभ्यते ॥ तत्रकांते
नकर्म्माणि भिषक्कुर्य्याद्विचक्षणः । कांताभावेतीक्ष्णलोहं योजयेद्वैद्यसत्तमः ॥ अभावेमौ
क्तिकस्यापि मुक्ताशुक्तिंप्रयोजयेत् । मधुयत्रनलभ्येत तत्रजीर्णगुडोमतः ॥ मत्स्यण्ड्य
भावतोदद्युर्भिषजःसितशर्कराम् । असम्भवेसितायास्तु बुधैःखण्डंप्रयुज्यते ॥ क्षीराभा
वेरसोमौद्गो मासूरोवाप्रदीयते । अत्रप्रोक्तानिवस्तूनि यानितेषुचतेषुच ॥ योज्यमेकत
राभावे परंवैद्येनजानता । रसवीर्य्यविपाकाद्यैः समंद्रव्यंविचिन्त्यच ॥ युञ्ज्याद्विविधमन्य
द्वा द्रव्यानांतुरसादिवित् । योगेयदप्रधानंस्यात्तस्यप्रतिनिधिर्म्मतः ॥ यत्तुप्रधानंतस्या
पि सदृशंनैवगृह्यते । व्याधेरयुक्तंयत्द्रव्यं गणोक्तमपितत्यजेत् ॥ अनुक्तमपियुक्तंयत्
योजयेत्तद्रसादिवित् ॥ ४८ ॥

एकके बदले दूसरी वस्तु देना ॥

चीते की छालके अभाव में जमालगोटा अथवा ओंगे का खार लेना चाहिये, धमासे के अभाव में जवासा—अगर के अभाव में कूट, मरोडफली के अभाव में मजीठ की छाल, बालछड के अभाव में मानकेचू, लक्ष्मणाके अभावमें मोरशिखा, मोमलिरी के अभावमें श्वेत वा नील कमल लेना चाहिये, नीलकमल के अभाव में कुमुद, चमेली के अभाव में लौंग, आक और ढाक आदि के दूधके अभाव में उनका रस, पुष्करमूल कलहारी और कुकरौंधा इनके अभाव में कूट, चाव और गजपीपल के अभाव में पीपलामूल, बकुची के अभाव में चकोडके बीज—दारुहल्दी के अभाव में हल्दी—रसौत के अभाव में दारुहल्दी सोरठी मट्टी के अभाव में फिटकरी तालीसपत्र के अभाव में स्वर्णताली भारंगी के अभाव में तालीस अथवा भटकटैयाकी जड काले निमक के अभाव में खारी निमक मुलहठी के अभाव में धव अमलवेत के अभावमें चूक सुनक्का के अभाव में खंभारी और इन दोनों के अभाव में दुपहरिया का फूल नख के अभाव में लौंग कस्तूरी के अभाव में कंकोल और कंकोल भी न मिले तो चँवेली कपूर के अभाव में नागरमोथा और कुकरौंधा भी केसर के अभाव में नवीन कुसुम के फूल श्रीखण्ड चन्दन के अभाव में कपूर इन दोनों के अभाव में रक्त-चन्दन रक्तचन्दन के अभाव में नवीन खस अतीस के अभाव में नागरमोथा हड के अभाव में आं-वला नागकेसरके अभावमें पद्मकेसर मेदा जीवक काकोली ऋद्धि और वृद्धि के अभावमें क्रम से शतावरि विदारीकन्द असगन्ध और वाराहीकन्द वाराहीकन्द पश्चिमदेशमें गृष्टिकहाताहै और उसी को चर्मकार आलू भी कहते हैं यह अनूपदेश में उत्पन्नहोता है और इसमें सूअर केसे रोयें होते हैं भिलावे के अभावमें लालचन्दन अथवा चीता—ईखके अभाव में नरकट—सोने के अभाव में सोना-मक्खी—चांदीके अभाव में रूपामक्खी—रूपामक्खी के अभाव में सुनहरी गेरू सोने और चांदी की भस्म के अभाव में कांतीसार कान्तीसारके अभाव में फोलाद मोतीके अभाव में मोतीकीसीप सहत के अभाव में पुरानागुड मिश्रीके अभाव में चीनी और चीनी के अभावमें शक्कर और दूधके अभावमें

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मूंग अथवा मसूरकारस देना चाहिये यहांपर जो वस्तु जिसके स्थानपर कही हैं उनके अभावही में वह वस्तु लेनीचाहिये—रस—वीर्य और विपाक आदिकों से द्रव्यकी समताको विचारकर अनेक प्रकारकी अन्य वस्तुभीलेवे औषधियों के संयोग में जो द्रव्य प्रधान नहीं है उस के बदले में दूसरी वस्तुलीजाती है परन्तु जो प्रधानहै उसके सदृश अन्य नहीं लीजातीहै जो द्रव्य रोगमें हितकारी न हो और समूह में कही भी होय उसका त्याग करदेना चाहिये और विना कही हुई भी रोग में हितकारी वस्तुको रसादिकोंका जाननेवाला वैद्य ग्रहण करै॥ ४८॥

इतस्तुद्रव्यगतपञ्चपदार्थकर्म्माण्याह ॥

द्रव्येरसोगुणोवीर्य्यं विपाकःशक्तिरेवच। पदार्थःपञ्चतिष्ठन्ति स्वंस्वंकुर्वंतिकर्म्मच॥ (तत्र वाग्भटः) रसाःस्वाद्वम्ललवणतिक्तोषणकषायकाः। षट्द्रव्यमाश्रितास्ते च यथा पूर्व्वंबलावहाः॥ (ऊषणः कटुः) तत्राद्यामारुतंघ्नंति त्रयस्तिक्तादयःकफम्। कषाय तिक्तमधुराः पित्तमन्येतुकुर्व्वते॥ येरसावातशमना भवंतियदितेषुवै। रौक्ष्यलाघवशै त्यानि नतेहन्युःसमीरणम्॥ येरसाःपित्तशमना भवंतियदितेषुवै। तीक्ष्णोष्णलघुताचै व नतेतत्कर्म्मकारिणः॥ येरसाःश्लेष्मशमना भवंतियदितेषुवै। स्नेहगौरवशैत्यानि नते हन्युःकफंतदा॥ ४९॥

द्रव्य में रहनेवाले पांचपदार्थों के कर्म॥

द्रव्यमें रस, गुण, वीर्य, विपाक और शक्ति यह पांच पदार्थ रहतेहैं और अपना २ कार्य्य करतेहैं वाग्भटने कहाहै कि मधुर अम्ल लवण तिक्त कटु और कषाय यह छःरस द्रव्यमें रहते हैं यह एक से एक पूर्वके क्रमसे अधिक बलके देनेवाले हैं इनमें से पहले तीन वायुको शान्तकरते हैं और तिक्तादिक तीन कफको शान्तकरते हैं और कषाय तिक्त तथा मधुर पित्तको शान्त करते हैं और बाकी तीन २ बढ़ाते हैं वातके शान्त करनेवाले रसों में जो रूखापन हलकापन और शीतलता होवे तो वह वायु को नहीं शान्त करताहै पित्तके शान्त करनेवाले रसों में जो तीक्ष्णता उष्णता और लघुता होवे तो वह पित्तको नहीं शान्त करते हैं कफ के शान्त करनेवाले रसों में जो भारी शीतल और चिकनापन होय तो वह कफको नहीं शान्त करता है॥ ४९॥

तत्रमधुररसस्य गुणाः॥

मधुरोहिरसःशीतो धातुस्तन्यबलप्रदः। चक्षुष्योवातपित्तघ्नः कुर्य्यात्स्थौल्यमल क्रमीन्॥ रसेषुप्रवरश्चापि स्निग्धःप्रीत्यायुषोर्हितः। बालवृद्धक्षतक्षीणवर्णकेशेन्द्रियौ जसाम्॥ प्रशस्तोबृंहणःकण्ठ्यो गुरुःसंधानकृन्मतः। विषघ्नःपिच्छिलश्चापि स्निग्धः प्रीत्यायुषोर्हितः॥ ५०॥

मधुररसके गुण॥

मधुररस शीतल धातु दुग्ध तथा बल करनेवाला नेत्रोंको हित वात पित्तका नाशक स्थूलता मल तथा कृमियोंका उत्पन्न करनेवाला बालक वृद्ध घायल क्षीण वर्ण केश इन्द्रिय और ओजको हितकारी है धातुओंका बढ़ानेवाला कंठको हित भारी टूटेको जोड़नेवाला विषनाशक चिकना और फिसलाहटवाला और प्रीति तथा आयु को हितकारी होता है॥ ५०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथातियुक्तस्य मधुररसस्यगुणाः ॥

सोऽतियुक्तोज्वरश्वासगलगण्डार्बुदक्रमीन्। स्थौल्याग्निमान्द्यमेहांश्च कुर्यान्मेदःकफामयान् ॥ ५१ ॥

मधुररसके बहुत सेवन करनेके गुण ॥

बहुत सेवन कियाहुआ मधुररस ज्वर- श्वास- गलगण्ड- अर्बुद- कृमि- स्थूलता- अग्निकी मन्दता- प्रमेह- मेद और कफके रोगोंको करता है ॥ ५१ ॥

अथाम्लस्य गुणाः ॥

रसोऽम्लःपाचनोरुच्यःपित्तश्लेष्मास्रदोलघुः। लेखितोष्णोबहिःशीतःक्लेदनःपवनापहः ॥ स्निग्धस्तीक्ष्णःसरःशुक्रविबन्धानाहदृष्टिहा । हर्षणोरोमदन्तानामक्षिभ्रूविनिकोचनः ॥ लेखितःलेखनःबहिःशीतःस्पर्शेशीतः विनिकोचनःसङ्कोचनः ॥ ५२ ॥

अम्लरस के गुण ॥

अम्लरस पाचन- रुचि करनेवाला- पित्त श्लेष्मा तथा रुधिर का बढ़ानेवाला- हलका- लेखन- स्पर्श में शीतल. उष्ण- क्लेदन- वायुनाशक- चिकना- तीक्ष्ण- रेचक (दस्तावर) वीर्य्य- विबन्ध- अफरा तथा दृष्टिकानाशक-रोम तथा दांतोंको खट्टा करनेवाला और नेत्र तथा भृकुटियोंका संकोच करनेवाला होता है ॥ ५२ ॥

अथातियुक्तस्याम्लस्यगुणाः ॥

सोऽतियुक्तोभ्रमंकुर्य्यात्तृड्दाहतिमिरज्वरान् । कण्डुपाण्डुत्ववीसर्पशोथविस्फोटकुष्ठकृत् ॥ ५३ ॥

बहुत सेवन कियेहुए अम्लरसके अवगुण ॥

बहुत सेवन कियागया अम्लरस भ्रम- तृषा- दाह- तिमिर- ज्वर- खुजली, पांडु, विसर्प, सूजन विस्फोटक और कुष्ठरोगको उत्पन्न करता है ॥ ५३ ॥

अथ लवणस्यगुणाः ॥

लवणःशोधनोरुच्यःपाचनःकफपित्तदः । पुंस्त्ववातहरःकायशैथिल्यमृदुताकरः ॥ चक्षुर्नासास्यजलदःकपोलगलदाहकृत् ॥ ५४ ॥

लवणरसके गुण ॥

लवणरस संशोधन करनेवाला-रुचिकारक-पाचन-कफपित्तकरनेवाला-पुरुषार्थ तथा वात का नाशक-शरीरमें शिथिलता तथा कोमलता करनेवाला-नेत्र-नासिका तथा मुखमें जलका बढ़ानेवाला और कपोल तथा गलेमें दाह करनेवाला होता है ॥ ५४ ॥

अतियुक्तस्य लवणस्यगुणाः ॥

सोऽतियुक्तोऽक्षिपाकास्रपित्तकोठक्षतादिकृत् । बलीपलितखालित्यंकुष्ठवीसर्पतृट्प्रदः ॥ कोठोवरटाकृतदंशशोथवत् पलितंकेशशुक्लता । खालित्यंशिरसिकेशनाशः ५५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बहुत सेवन किये हुए लवण के अवगुण ॥

बहुत सेवन कियाहुआ लवण रस नेत्रोंका पकना रक्तपित्त- चकत्ते- घाव- झुर्री- बालोंकी सफेदी गंजापन- कुष्ठ- वीसर्प और तृषा इनको करता है ॥ ५५ ॥

अथ कटुगुणाः ॥

कटुरुष्णश्चतीक्ष्णश्चविशदोवातपित्तकृत्।श्लेष्महल्लघुराग्नेयःकृमिकण्डूविषापहः ॥ रूक्षस्तन्यहरश्चापिमेदःस्थौल्यापकर्षणः। अश्रुदोनासिकास्याक्षिजिह्वाग्रोद्वेजकोमतः ॥ दीपनःपाचनोरुच्यो नासिकाशोषणोभृशम् । क्लेदमेदोवसामज्जाशकृन्मूत्रोपशोषणः ॥ स्रोतःप्रकाशकोरूक्षो मेध्योवर्चोविबन्धकृत् । आग्नेयःअधिकाग्न्याशः मेध्योमेधायै हितः । वर्चोविबन्धकृत् मलवद्धंकरोति ॥ ५६ ॥

कटुरसके गुण ॥

कटुरस- उष्ण- तीक्ष्ण- विशद- वात पित्त करनेवाला- कफनाशक- हलका- अधिक अग्निके गुण वाला कृमि खुजली तथा विषकानाशक- रूखा—दूधका नाशक- मेद तथा स्थूलता का घटानेवाला आंशू बहानेवाला- नासिका- मुख-नेत्र तथा जिह्वाके अग्रभागको दुःखदेनेवाला दीपन- पाचन- रुचि- कारक- नाकका सुखानेवाला क्लेद, मेद, चर्वी, मज्जा, मल तथा मूत्रका सुखानेवाला, स्रोतों का खोलनेवाला- रूखा, मेधाका बढ़ानेवाला और मलका रोकनेवाला होता है ॥ ५६ ॥

अतियुक्तस्यकटुरसस्यगुणाः ॥

सोऽतियुक्तोभ्रान्तिदाहमुखताल्वोष्ठशोषकृत् । कण्ठादिपीडामूर्च्छान्तर्दाहृदोबलका न्तिहृत् ॥ ५७॥

बहुत सेवन कियेहुए कटुरसके अवगुण ॥

बहुत सेवन कियागया कटुरस भ्रम, दाह, मुख तालु तथा ओठोंका सूखना, कंठादिकों में पीड़ा मूर्च्छा शरीरके भीतर दाह और बल तथा कान्तिका नाश इनसबको करता है ॥ ५७॥

अथ तिक्तरसस्यगुणाः ॥

तिक्तःशीतस्तृषामूर्च्छाज्वरपित्तकफान्जयेत्। कृमिकुष्ठविषोत्क्लेददाहरक्तगदापहः॥ रुच्यःस्वयमरोचिष्णुःकण्ठस्तन्यविशोधनः । वातलोऽग्निकरोनासाशोषणोरूक्षणोल घुः ॥ रुच्यःअन्येषुवस्तुषुरुचिमुत्पादयति । स्वयमरोचिष्णुःयथानिम्बःस्वयन्नरोचते ॥ अन्येषुवस्तुषुरुचिंकरोति ॥ ५८ ॥

तिक्तरस के गुण ॥

तिक्त, शीतल, तृषा, मूर्च्छा, ज्वर, पित्त तथा कफका जीतनेवाला, कृमि, कुष्ठ, विष, क्लेद, दाह तथा रुधिर के रोगोंका नाशक, रुचिकर्ता, आप रुचिसे रहित, कंठ तथा दूध का शोधक, वायुवर्द्धक, अग्निकारक, नाकका सुखानेवाला, रूखा और हलका होताहै ॥ ५८॥

अतियुक्तस्य तिक्तस्यगुणाः ॥

सोऽतियुक्तःशिरःशूलमन्यास्तम्भश्रमार्तिकृत्। कम्पमूर्च्छातृषाकारीबलशुक्रक्षयप्रदः ५९

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बहुत सेवन कियेहुए तिक्तरसके अवगुण ॥

बहुत सेवन कियागया तिक्तरस शिरमें पीडा, गलेकी पीछेकी नसका जकडना, श्रम, कम्प मूर्च्छा, तृषा और बल तथा वीर्य्यका नाश इन सबको उत्पन्न करता है ॥ ५६ ॥

अथ कषायगुणाः ॥

कषायोरोपणोग्राहीस्तम्भनःशोधनस्तथा। लेखनःपीडनःसौम्यःशोषणोवातकोपनः॥ कफशोणितपित्तघ्नोरूक्षःशीतोलघुर्मतः । त्वक्प्रसाधनमामस्यस्तम्भनोविशदोमतः॥ जिह्वायाजाड्यकृत्कण्ठस्रोतसाञ्चविबन्धकृत् । रोपणःव्रणस्यस्तम्भनोगात्राणांशोधनोव्रणस्यलेखनोव्रणाद्युतसन्नमांसस्यशोषणोव्रणमज्जादीनामूपीडनो हृदयस्यवातकारित्वात्सौम्यःसोमादुत्पन्नः ॥ ६० ॥

कषायरसके गुण ॥

कषायरस घावका भरनेवाला, कब्जकरनेवाला, अंगोंको जकडनेवाला, घावका शुद्ध करनेवाला व्रणपर उठेहुए मांसादिकों का घटानेवाला, हृदयमें पीड़ा करनेवाला, सौम्य, घाव तथा मज्जादिकों का सुखानेवाला, वायुवर्द्धक, कफ तथा रक्त पित्तनाशक, रूखा, शीतल, हलका त्वचा को उत्तम करनेवाला, आंवका रोकनेवाला, विशद जिह्वाको जड़करनेवाला और कंठ तथा स्रोतों को रोकनेवाला होताहै ॥ ६० ॥

अतियुक्तस्य कषायस्यगुणाः ॥

सोऽतियुक्तोगृहाध्मानहृत्पीडाक्षेपणादिकृत् ॥ ६१ ॥

बहुत सेवनकियेहुए कषायरस के अवगुण ॥

कषायरसके बहुत सेवन करने से कंठादिकों का जकड़ना, अफरा, हृदयमें पीड़ा और आक्षेप आदिरोग उत्पन्न होतेहैं ॥ ६१ ॥

मधुरादीनामपरेविशेषाः ॥

मधुरंश्लेष्मणंप्रायोजीर्णशालियवाद्दते । मुद्गाद्गोधूमतःक्षौद्रात् सितायाजाङ्गलामिषात् ॥ अम्लंपित्तकरंप्रायोविनाधात्रीञ्चदाडिमीम् । लवणंप्रायशोद्वेषिनेत्रयोःसैन्धवंविना ॥ प्रायःकटुतथातिक्तमवृष्यंवातकोपनम् । शुण्ठीकृष्णारसोनानिपटोलममृतंविना ॥ (चरकेऽपि) पिप्पलीनागरंवृष्यंकटुचावृष्यमुच्यते । प्रायशःस्तम्भनंप्रोक्तंकषायमभयांविना ॥ सामान्येनात्रनिर्दिष्टागुणाःषड्रससम्भवाः । रसानांयोगतस्तुस्यादन्यएवगुणोदयः ॥ संयोगाद्विषतांयातिसममाज्येनमाक्षिकम् । अमृतत्वंविषंयातिसर्पदष्टस्यवैयथा ॥ ६२ ॥

मधुरादिरसों की और विशेषता ॥

पुराने चावल, जौ, मूंग, गेहूं, सहत, चीनी और जांगली जीवोंका मांस इनके सिवाय प्रायः मधुररस कफकारक होताहै, आंवला और अनार के सिवाय प्रायः अम्लरस पित्तकारक होताहै सेंधोनोनके सिवाय प्रायः लवण नेत्रोंको अहित होते हैं, सोंठ, पीपल, लहसन, परवल और गिलोय के सिवाय प्रायः कटु और तिक्तरस वीर्य्यको अहित और वातके बढ़ानेवाले होते हैं, चरकमें भी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कहाहै कि पीपल और सोंठ वीर्य्यकोहित और कटुरस अहित होतेहैं, हड़केसिवास प्रायः कषाय रस स्तंभन करतेहैं, यहां संक्षेपसे छओंरसोंके गुण कहेगये हैं परन्तु रसोंके संयोगहोनेसे औरके और गुणहोजाते हैं, जैसे बराबर मिलेहुए सहत और घृत विष के तुल्य होजाते हैं और सांपके काटेहुएको विष अमृतके तुल्य होजाताहै॥ ६२॥

अथ गुणाः॥

लघुर्गुरुस्तथास्निग्धोरूक्षस्तीक्ष्णइतिक्रमात् । नभोभूवारिवातानांवह्नेरेतेगुणाः स्मृताः॥ ६३॥

गुणोंका वर्णन॥

आकाशका हलकापन, पृथ्वीकी गुरुता, जलकी सचिक्कणता, वायुका रूखापन और अग्निकी तीक्ष्णता गुणहै॥ ६३॥

अथ लघ्वादिगुणवतांगुणाः॥

लघुपथ्यंपरंप्रोक्तं कफघ्नंशीघ्रपाकिच। लघुद्रव्यम्॥ एवंगुर्वादितथाचोक्तम्॥ गुर्वादयोगुणाद्रव्ये पृथिव्यादौरसाश्रये। रसेषुव्यपदिश्यन्ते साहचार्य्योपचारतः॥ गुरुवातहरंपुष्टिश्लेष्मकृच्चिरपाकिच। स्निग्धंवातहरंश्लेष्मकारिवृष्यंबलावहम्॥ रूक्षंसमीरणकरं परंकफहरंमतम्। तीक्ष्णंपित्तकरंप्रायो लेखनंकफवातहृत्॥ सुश्रुतेतुगुणाएते विंशतिस्तान्ब्रुवेश्शृणु। गुरुर्लघुःस्निग्धरूक्षौ तीक्ष्णःश्लक्ष्णःस्थिरःसरः॥ पिच्छिलोविशदःशीतउष्णश्चमृदुकर्कशौ। स्थूलःसूक्ष्मोद्रवःशुष्कआशुर्मन्दःस्मृतागुणाः। तत्र गुरुलघुस्निग्धरूक्षतीक्ष्णागुणाउक्ताएव॥ श्लक्ष्णःस्नेहंविनापिस्यात्कठिनोऽपिहिचिक्कणः। स्थिरोवातमलस्तम्भी सरस्तेषांप्रवर्त्तकः॥ पिच्छिलस्तन्तुलोबल्यःसन्धानःश्लेष्मलोगुरुः॥ सन्धानोभग्नस्य। छेदच्छेदकरःख्यातोविशदोव्रणरोपणः। शीतस्तुह्लादनःस्तम्भीमूर्च्छातृट्स्वेददाहनुत्॥ उष्णोभवतिशीतस्यविपरीतश्चपाचनः। ह्लादनः सुखजनकःस्तम्भीरक्तातिप्रवृत्त्यादीनाम् उष्णः॥ शीतस्यविपरीतस्तेनअसुखजनकः रक्तातिप्रवृत्त्यादीनामस्तम्भनः। मूर्च्छातृट्स्वेददाहकृत् पाचनोव्रणादीनाम्॥ मृदुकर्कशौप्रसिद्धौस्थूलःस्थौल्यकरौदेहे स्रोतसामवरोधकृत्। देहस्यसूक्ष्मच्छिद्रेषुविशेत्यत सूक्ष्ममुच्यते॥ द्रवःक्लेदकरोव्यापी शुष्कस्तदविपरीतकः। आशुराशुकरोदेहेधावत्यम्भसितैलवत्॥ मन्दः सकलकार्येषुशिथिलोऽल्पोऽपिकथ्यते॥ ६४॥

लघुआदिगुणयुक्तद्रव्योंके गुण॥

लघुद्रव्य अत्यन्तहितकारी, कफनाशक और शीघ्र परिपाक होनेवाला होताहै यहां लघु शब्द का अर्थ लघुगुणयुक्तद्रव्य है इसीप्रकार गुरुआदिकों मेंभी जानना चाहिये ऐसाही कहागयाहै कि गुरु आदिक गुण रसके आश्रयभूत पृथिवी आदिक द्रव्योंमें होते हैं और पृथिवी आदिकोंके एकसाथ होने के माननेसे रसों में कहे जाते हैं, गुरुगुणयुक्तद्रव्य वातनाशक, पुष्टता तथा कफकारक और देरमें पकनेवाली होती है, स्निग्धद्रव्य वातनाशक कफकारक वीर्यवर्द्धक और बलकारक होता है

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रूखीद्रव्य वायुवर्द्धक और अत्यन्त कफनाशक होतीहै, तीक्ष्णद्रव्य पित्तकारक, लेखन और कफ वातनाशक होती है, और सुश्रुतमें यह गुण संख्यामें बीस कहेगयेहैं उनको कहते हैं, गुरु, लघु, स्निग्ध, रूक्ष, तीक्ष्ण, श्लक्ष्ण, स्थिर, सर, पिच्छिल, विशद, शीत, उष्ण, मृदु, कर्कश, स्थूल, सूक्ष्म, द्रव, शुष्क, आशु और मन्द इनमें से गुरु, लघु, स्निग्ध, रूक्ष और तीक्ष्ण इनका वर्णन तो होचुकाहै और शेषोंका वर्णन करते हैं श्लक्ष्णद्रव्य स्नेहरहित कठिन होकर भी चिकनी होती है, स्थिरद्रव्य वात और मलको रोकतीहै, सरद्रव्य वायु और मलको प्रवृत्त करतीहै, पिच्छिल गुणयुक्त द्रव्य तन्तुयुक्त बलकारक, टूटेको जोड़नेवाली, कफवर्धक और गुरु होती है, विशदगुणयुक्त द्रव्य क्लेदनाशक और घावकी भरनेवाली होतीहै, शीतगुणयुक्त द्रव्य सुखदायी और रुधिरके बहने आदिको रोकने वाली होती है, उष्णगुणयुक्त द्रव्य शीतसे विपरीत अर्थात् दुःखदायी तथा रुधिर आदिके बहनेको नहीं रोकनेवाली मूर्च्छा, तृषा, स्वेद तथा दाह करनेवाली और व्रणादिकों की पकानेवाली होतीहै। मृदु और कर्कश प्रसिद्ध हैं, स्थूलगुणयुक्त द्रव्य शरीरकी स्थूल करनेवाली और स्रोतों की रोकने वाली होती है, सूक्ष्मगुणयुक्त द्रव्य शरीरके सूक्ष्मछिद्रोंमें प्रवेश करती है, द्रवगुणयुक्त द्रव्य क्लेदकारक और व्यापी होती है, शुष्कगुणयुक्त द्रव्य क्लेदशोषक और अव्यापी होती है, आशुगुणयुक्त द्रव्य जलमें तेलके समान शीघ्र शरीरमें फैलजाती है, मन्दगुणयुक्त द्रव्य संपूर्ण कार्यों में शिथिल और अल्पता करनेवाली होती है ॥ ६४ ॥

अथ गुणप्रस्तावेदीपनादयोगुणाःसलक्षणालिख्यन्ते ॥

पचेन्नामंवह्निकृद्यद्दीपनं तद्यथामिसिः। वह्निकृद्वह्निदीप्तिकृत्। ननुयद्वह्निंप्रदीपयति ॥ तदामंकथंनपचेदित्याशंकायामुच्यतेदीपनद्रव्यंतावन्तंवह्निंप्रदीपयतितथाअन्नेभोक्तुमिच्छामुत्पादयतिनत्वामंपक्तुंक्षमः यथासूक्ष्मदीपाग्निस्तथातंकरोतिनतुबृहत्स्थालीस्थानूतण्डुलानोदनंकर्तुंक्षमः ॥ ६५ ॥

अब गुणोंकेवर्णनमें दीपनआदिकगुणलक्षणसहित लिखेजाते हैं ॥

जिसकेद्वारा आमका परिपाक न होय और अग्निकी दीप्तिहो वह दीपन कहलातीहै जैसे सौंफ अब यह सन्देह उत्पन्न होताहै कि जो अग्निको दीप्तकरताहै वह आपको क्यों नहीं पचाता? इसका उत्तर यहहै कि जैसे सूक्ष्म दीपककी अग्नि प्रकाशकरती है परन्तु बड़ीडेगचीमें स्थितहुए चावलोंको नहीं पकासक्ती है इसी प्रकार दीपन वस्तु उतनीही अग्निको प्रकाशित करती है जिससे अन्नमें भोजनकी रुचिहोतीहै परन्तु आमको परिपक्क नहीं करसक्ती ॥ ६५ ॥

पचत्यामन्नवह्निञ्चकुर्य्याद्यत्तद्धिपाचनम् ! नागकेशरवद्विद्याच्चित्रोदीपनपाचनः ॥ ननुयद्वह्निंनदीपयतितदामंकथंपचतीत्याशङ्कायामाह। पाचनवह्निदीप्तिमकुर्वाणमप्याममपचति। यथाग्न्याधानीस्थोऽगारसमूहोऽन्नम्पचति। नतुदीपवत्सर्व्वतःप्रदीपयति ६६

जिसके द्वारा आमका परिपाकहो और अग्निकी दीप्ति न होय वह पाचन जैसे नागकेशर और चीते में दीपन और पाचन दोनों गुण हैं अब यह सन्देह होता है कि जो अग्नि को दीपन नहीं करता है वह आमको कैसे पचासक्ता है? इसका उत्तर यहहै कि जैसे अग्निके स्थानमें रक्खा हुआ अंगारोंका समूह अन्नको पकाताहै परन्तु दीपकके समान सब ओर प्रकाश नहीं करता इसी प्रकार पाचनवस्तु अग्निको विना दीप्ति किये अन्नको पचाती है ॥ ६६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नशोधयतियत्दोषान्समान्नोदीरयत्यपि।समीकरोतिविषमान्शमनन्तद्यथामृता॥ यत्द्रव्यन्दोषत्रयंन शोधयतिनोर्ध्वाधोमार्गाभ्यामानयति। समान्दोषान्नोदीरयतिनव र्द्धयतिशमनंतत्॥ ६७॥

जिसके द्वारा वातादिक दोष ऊर्ध्व, वा अधोमार्गसे न निकाले जायँ तथा समदोष अपने स्थान से न हटाये जायँ और अपने प्रमाण से न्यून अथवा अधिकभाव में स्थित दोष समता को प्राप्त किये जायँ वह शमन कहलाताहै जैसे गिलोय॥ ६७॥

कृत्वापाकम्मलानाञ्चभित्त्वाबन्धमधोनयेत्। तच्चानुलोमनंज्ञेयं यथाप्रोक्ताहरीतकी मलानाम्। अपक्वानांवातपित्तश्लेष्मणांबन्धंवायुबन्धंभित्त्वाअधोनयेत् मलानधःपात यति॥ पक्तव्यंयदपक्वैवश्लिष्टंकोष्ठेमलादिकम्। नयत्यधःस्रंसनन्तद्यथास्यात्कृत मालकम्॥ मलादिकम् आदिशब्दात्कफपित्ते। कृतमालःधनबहेराइतिलोके॥ ६८॥

जो द्रव्य विना परिपाक हुए वात पित्त और कफको परिपाक करके वायुके बंधन को तोडके मलोंको नीचेलेजाती है उसको अनुलोमन कहते हैं जैसे हड ओ द्रव्यकोष्ठ में लिपटे हुए पाक करने के योग्य मल कफ और पित्तको नीचे गिराती है उसको स्रंसन कहते हैं जैसे अमलतास॥ ६८॥

मलादिकमबद्धंयद्बद्धंवापिण्डितंमलैः।भित्त्वाधःपातयतियद्भेदनंकटुकीयथा॥ अबद्धं शिथिलम्बद्धंगाढंमलैःदोषैःतत्रापिवातैः। बहुत्वमाधिक्यबोधनार्थन्तैःपिण्डितम्। गुट कीकृतम्॥विपक्वंयदपक्वंवामलादिंद्रवतांनयेत्। रेचयत्यपितज्ज्ञेयंरेचनन्त्रिवृतायथा॥ रेचत्यपिअधःपातयतिचत्रिवृतापनिलरा॥ ६९॥

जो द्रव्य बंधेहुए नहीं बंधेहुए अथवा अधिक वायुके द्वारा गांठके समान होजानेवाले मलको तोडकर नीचे गिराती है वह भेदन कहलाती है, जैसे कुटकी, जोद्रव्य पकेहुए अथवा विना पकेहुए अथवा विनापकेहुए मलादिको पतला करके नीचेसे निकालती है वह रेचनहै जैसे निसोत॥६९॥

अपक्वंपित्तश्लेष्माणंबलादूर्ध्वंनयेत्तुयत्। वमनन्तद्धिविज्ञेयंमदनस्यफलंयथा॥ ऊर्ध्वंनयेत्तुमुखमार्गेणबहिष्कुर्य्यात्। मदनस्यफलंमयनफलमितिलोके॥ ७०॥

जो द्रव्य विनापकेहुए पित्त कफ और भोजन कियेहुए पदार्थ को जबरदस्ती मुखके मार्ग से बाहर निकालती है वह वमन कहलाती है जैसे मैनफल॥ ७०॥

स्थानाद्बहिर्नयेदूर्ध्वमधोवामलसञ्चयम्। देहसंशोधनन्ततस्याद्देवदालीफलंयथा॥ देवदालीसोनैआइतिलोके॥ ७१॥

जो द्रव्य शरीरमें इकट्ठेहुए मलको अपने स्थान से बाहर नीचे अथवा ऊपर लेजाय इसको संशोधन कहते हैं जैसे देवदाली अर्थात् सुनैया॥ ७१॥

दीपनम्पाचनंयत्स्यादुष्णत्वाद्द्रवशोषकृत्।ग्राहीतच्चयथाशुण्ठीजीरकंगजपिप्पली॥७२॥

जो द्रव्य दीपन पाचन दोनों गुणों से युक्त और उष्णताके कारण द्रवको सुखानेवालीहो उसको ग्राही कहते हैं जैसे सोंठ, जीरा और गजपीपल॥ ७२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रौक्ष्याच्छैत्यात्कषायत्वाल्लघुपाकाच्चयद्भवेत् । वातकृत्स्तम्भनन्तत्स्याद्यथावत्सकटुएटुकौ ॥ वातकृत् प्रतिलोमवातकृत् । स्तम्भनमधोगामिमलादीनाम् । वत्सकंकुरैआ । टुएटुकःसोनापाठा ॥ ७३ ॥

जो द्रव्य रूखापन, शीतलता, कषैलापन और जल्दी परिपाक होनेसे वायुको उलटी करके नीचे जानेवाले मलादिकों को रोके वह स्तंभन कहलाती है जैसे कुरैया और सोनापाठा ॥ ७३ ॥

शिलष्टान्कफादिकान्दोषानुन्मूलयतियद्बलात् । छेदनन्तत्यथाक्षारमरिचानिशिलाजतु ॥ क्षारायवक्षारादयः ॥ ७४ ॥

जो द्रव्य लिपटे हुए कफादि दोषों को बलपूर्व्वक उखाड़ती है वह छेदन कहलाती है, जैसे जवाखार आदिकखार मिरच और शिलाजीत ॥ ७४ ॥

धातून्मलान्वादेहस्यविशोष्योल्लेखयेच्चयत् । लेखनन्तद्यथाक्षौद्रंनीरमुष्णंवचायवाः ॥ उल्लेखयेत्कृशीकुर्य्यात् । लेखनं कृशीकारकम् । क्षौद्रंमधुयवाइन्द्रयवाः ॥ ७५ ॥

जो द्रव्य शरीर के धातु और मलों को सुखाकर दुर्बल करे उसको लेखन कहते हैं जैसे सहत गरम जल वच और इन्द्रयव ॥ ७५ ॥

यस्माद्द्रव्याद्भवेत्स्त्रीषुहर्षोवाजिकरंहितत् । यथाश्वगन्धामुशलीशर्क्कराचशतावरी ॥ हर्षोरन्तुंसमुत्साहः ॥ ७६ ॥

जो द्रव्य स्त्रियों के संभोग करने में उत्साह उत्पन्न करे उसको वाजीकरण कहते हैं जैसे असगंध मुशली, शक्कर और सतावर ॥ ७६ ॥

यस्माच्छुक्रस्यवृद्धिःस्याच्छुक्लंहितदुच्यते । यथानागबलाद्याःस्युर्बीजञ्चकपिकच्छुजम् ॥ नागबलागुलशकरी ॥ ७७ ॥

जिस द्रव्यके द्वारा वीर्य्यकी वृद्धिहोय उसे शुक्ल कहतेहैं जैसे गुलशकरी और कवांचके बीज ७७॥

दुग्धंमाषाश्चभल्लातफलमज्जामलानिच । एतानिजनकानिस्यूरेचकानिचरेतसः ॥ जनकानिप्रभावाच्छीघ्रमेवरसाद्युत्पादनपूर्व्वकंशुक्रञ्जनयन्ति । रेचकाणिआधिक्यात् प्रवर्त्तयन्तिच ॥ ७८ ॥

दूध, उर्द, भिलावें का फल तथा मज्जा और आमला यह संपूर्ण पदार्थ अपनेप्रभावसे शीघ्र रसादिकों को उत्पन्न करके वीर्य्यको उत्पन्न करते हैं और अधिकताकेकारण निकालते भी हैं ॥ ७८ ॥

प्रवर्त्तनीस्त्रीशुक्रस्यरेचकंबृहतीफलम्जातीफलंस्तम्भकंस्यात्कालिंगंक्षयकारिच ॥ स्त्रीस्मरणकीर्त्तनदर्शनसम्भाषणस्पर्शनचुम्बनालिङ्गननिधुवनैः समस्तैर्व्यस्तैश्चशुक्रस्यप्रवर्तिनी । प्रवर्तिनीप्रवृत्तिकारिणी । रेचकम्बृहतीफलम् । बृहत्कण्टकारीफलमपिशुक्रस्यरेचकम् प्रवर्त्तकम् । कालिंगंकलिन्दफलम् ॥ ७९ ॥

स्त्रीस्मरण, कीर्त्तन, दर्शन, भाषण, स्पर्श, चुम्बन, आलिंगन और मैथुन इन सबसे और प्रत्येक से भी वीर्य्य को प्रवृत्तकरातीहै और भटकटैयाका फलभी वीर्य्यको निकालताहै, जायफल वीर्य्य का स्तंभन करता है और तरबूज वीर्य्य का नाशक है ॥ ७९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रसायनन्तुतज्ज्ञेयंयज्जराव्याधिनाशनम्। यथा हरीतकीरुद्रवन्तीचगुग्गुलुश्चशिलाजतु ॥ ८० ॥

जो द्रव्य वृद्धावस्था और रोगोंको नाशकरे उसको रसायन कहते हैं जैसे हड, रुद्रवंती अथवा दन्ती,गुग्गुल और शिलाजीत ॥ ८० ॥

पूर्वंव्याप्याखिलंकायंततःपाकञ्चगच्छति । व्यवायितद्यथाभंगाफेनञ्चाहिसमुद्भवम् ॥ अन्यद्रव्यंपक्वन्तद्गुणंकरोतिव्यवायितुअपक्वमेवस्वगुणैःसकलशरीरंव्याप्यपाकंयाति। अहिसमुद्भवफेनम् अफीम ॥ ८१ ॥

जो द्रव्य अपने गुणसे सब शरीरको व्याप्तकरके पीछे परिपाकको प्राप्त होती है उसको व्यवायि कहते हैं जैसे भंग और अफीम- अन्यद्रव्य परिपाकको प्राप्तहोकर गुणकरती हैं परन्तु व्यवायि द्रव्य विना परिपाकको प्राप्तहुए अपनेगुणोंसे संपूर्णशरीरको व्याप्तकरके पीछे परिपाकको प्राप्त होतीहै ८१॥

सन्धिबन्धांस्तुशिथिलान्यत्करोतिविकाशितत् । विशोष्यौजश्चधातुभ्योयथाक्रमुककोद्रवौ ॥ धातुभ्यःसकलशरीरस्थेभ्योवीर्य्येभ्यः। ओजःउपधातुविशेषम् विशोष्याक्रमुकम्पूगफलम् ॥ ८२ ॥

जो द्रव्य संपूर्ण शरीरमें स्थित वीर्य्योंसे ओजनामवाली उपधातुको सुखाकर संधिके बन्धनोंको शिथिल करतीहै उसको विकाशी कहते हैं जैसे सुपारी और कोदों ॥ ८२ ॥

बुद्धिंलुम्पतियद्द्रव्यं मदकारितदुच्यते। तमोगुणप्रधानञ्च यथामद्यंसुरादिकम्॥ मदकारि मादकम् ॥ ८३ ॥

जो द्रव्य अधिक तमोगुणयुक्त और बुद्धिका लोपकरनेवाली होतीहै उसको मादक कहते हैं जैसे सुरा आदिक मद्य ॥ ८३ ॥

व्यवायिचविकाशिस्यात् श्लेष्मच्छेदिमदावहम्।आग्नेयंजीवितहरं योगवाहिस्मृतंविषम्॥ व्यवायि सकलकायगुणव्यापनपूर्वकपाकगमनशीलम्। विकाशिओजः शोषणपूर्वकसंधिबंधशिथिलीकरणशीलम् । मदावहम् तमोगुणाधिक्येन बुद्धिविध्वंसकम्। आग्नेयं अधिकाग्निगुणम्। योगवाहिसंसर्गिगुणग्राहकम्। विषंलक्ष्यं दृष्टान्तो वत्सनाभशक्तुकादिभिः ॥ ८४ ॥

व्यवायि अर्थात् संपूर्ण शरीरमें अपने गुणको व्याप्तकरके परिपक्व होनेवाला विकाशि अर्थात् ओजको सुखाकर संधिके बंधनोंको शिथिल करनेवाला कफनाशक, मदावह अर्थात् तमोगुण की अधिकतासे बुद्धिनाशक अधिक अग्निके गुणोंसे युक्त, प्राणनाशक और संसर्गी के गुणोंका लेनेवाला द्रव्य विष कहलाताहै, जैसे वत्सनाभ और शक्तुक आदि ॥ ८४ ॥

निजवीर्य्येणयद्द्रव्यं स्रोतोभ्योदोषसञ्चयम्। निरस्यतिप्रमाथिस्यात्तद्यथामरिचंवचा ॥ (दोषावातादयः) ॥ ८५ ॥

जो द्रव्य अपने वीर्यके द्वारा स्रोतों से इकट्ठेहुए वातादि दोषोंको निकालती है उसको प्रमाथी कहते हैं जैसे कालीमिर्च और वच ॥ ८५ ॥

१ यथा हरीतकी दन्ती-यथामृतारुदन्ती चेति पाठान्तरम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पैच्छिल्याद्गौरवाद्द्रव्यं रुध्वारसवहाःशिराः । धत्तेयद्गौरवन्तत्स्यादभिष्यन्दियथा दधि ॥ (गौरवंशरीरे) ॥ ८६ ॥

जो द्रव्य पिच्छिलता और गौरवताके कारण रसके लेजानेवाली शिराओंको रोककर शरीरमें भारीपन उत्पन्न करतीहै उसको अभिष्यन्दी कहतेहैं जैसे दही ॥ ८६ ॥

विदाहिद्रव्यमुद्गारमम्लंकुर्य्यात्तथातृषाम् । हृदिदाहञ्चजनयेत्पाकंगच्छतितच्चिरात् ॥ ८७ ॥

जिस द्रव्य के भोजन करने से डकार खट्टी आवे प्यास और दाह उत्पन्नहो और परिपाक बहुत देरमें हो उसको विदाही कहते हैं ॥ ८७ ॥

गृह्णातियोगवाहिद्रव्यंसंसर्गिवस्तुगुणान् । पच्यमानंतथैतन्मधुजलतैलाज्यसूतलोहादि ॥ ८८ ॥

जो द्रव्य संसर्गी वस्तुके गुणोंको ग्रहण करे उसको योगवाही कहते हैं जैसे सहत जल तेल घृत पारा और लोहा आदिक यह सब पाक होनेपर जिस वस्तु के साथ होते हैं उस वस्तुके गुणको ग्रहण करलेतेहैं ॥ ८८ ॥

अथ वीर्यन्तत्रवाग्भटः ॥

उष्णशीतगुणोत्कर्षात् बुधैर्वीर्य्यन्द्विधास्मृतम् । यत्सर्वमग्निसोमीयं दृश्यतेभुवनत्रयम् ॥ ८९ ॥

वाग्भटके मतसे वीर्य का वर्णन ॥

बुद्धिमान् लोगोंने उष्ण और शीत गुणोंकी अधिकतासे दो प्रकार का वीर्य कहाहै क्योंकि संपूर्ण संसार अग्नि और जलमय दिखाई देताहै ॥ ८९ ॥

अथ तद्गुणः ॥

उष्णंवातकफौहन्याच्छीतन्तुतनुतेजराम् । शीतंवातकफातङ्कान् कुरुतेपित्तहृत्परम् ॥ अन्यच्च तत्रोष्णंभ्रमतृड्ग्लानिस्वेददाहाशुपाकताम् । समञ्चवातकफयोः करोतिशिशिरम्पुनः । ह्लादनंजीवनंस्तम्भं प्रसादंरक्तपित्तयोः ॥ ९० ॥

वीर्य के गुण ॥

उष्ण वीर्य वायु कफनाशक और पित्त तथा जीर्णताका बढ़ानेवाला होताहै औरभी कहाहुआहै कि उष्णवीर्य भ्रम तृषा ग्लानि स्वेद दाह और शीघ्र परिपाक को करताहै और इससे वात कफकी शांतिभी होती है शीतलवीर्य हर्ष जीवन मलका स्तंभ और रक्तपित्तकी प्रसन्नता को करता है ॥ ९० ॥

अथ विपाकः ॥

जाठरेणाग्निनायोगाद्यदुदेतिरसान्तरम् । रसानांपरिणामांते सविपाकइतिस्मृतः ॥ मिष्टःपटुश्चमधुरमम्लोऽम्लंपच्यतेरसः । कटुतिक्तकषायाणां पाकःस्यात्प्रायशःकटुः ॥ (तथाचवाग्भटः) त्रिधारसानांपाकःस्यात् स्वाद्वम्लकटुकात्मकः ॥ प्रायःपदेनत्रीहिः स्यात्स्वाद्वम्लरविपाकतः । शिवाकषायामधुरापाकेशुण्ठीकटुकामधुरपाकेत्यादि ९१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विपाक का वर्णन ॥

जठराग्निके संयोगसे भोजनके जो रस उत्पन्न होते हैं उनके परिणाम में जो एक दूसरारस उत्पन्न होताहै उसको विपाक कहते हैं मधुर और लवणरस का विपाक मधुर अम्लका विपाक अम्ल और तिक्त कटु तथा कषायरस का विपाक प्रायः कटु होताहै ऐसाही वाग्भटने कहाहै कि मधुर अम्ल और कटु इनभेदों से रसोंका विपाक तीन प्रकारका होताहै यहां प्रायः शब्दसे यह तात्पर्य्य है कि यह नियम सब कहीं नहींहै क्योंकि चावलका रस मधुर और विपाक खट्टा होताहै हड़ कषैली है इसका विपाक मधुर होताहै और सोंठि कटु है इसका विपाक मधुर होताहै ॥ ६१ ॥

अथ विपाकानांगुणाः ॥

श्लेष्मकृन्मधुरःपाकोवातपित्तहरोमतः । अम्लस्तुकुरुतेपित्तंवातश्लेष्मगदापहः ॥ कटुःकरोतिपवनंकफंपित्तञ्चनाशयेत् । विशेषएवरसतोविपाकानांनिदर्शितः ॥ ६२ ॥

विपाकों के गुण ॥

मधुर विपाक कफकारक और वात पित्तनाशक, अम्लविपाक पित्तवर्द्धक और वायुकफके रोगों का नाशक और कटुविपाक वायुवर्द्धक और कफ पित्तनाशक होताहै यह रसोंसे विपाकोंकी विशेषता कही गई है ॥ ६२ ॥

अथ प्रभावः ॥

रसादिसाम्येयत्कर्म्म विशिष्टंतत्प्रभावजम् । दन्तीरसाद्यैस्तुल्यापिचित्रकस्यविरेचनी ॥ मधूकस्यचमृद्वीकाघृतंक्षीरस्यदीपनम् । प्रभावस्तुयथाधात्री लकुचस्यरसादिभिः ॥ समापिकुरुतेदोषत्रितयस्यविनाशनम् । क्वचित्तुकेवलंद्रव्यं कर्म्मकुर्य्यात्प्रभावतः ॥ ज्वरंहन्तिशिरोबद्धासहदेवीजटायथा ॥ ६३ ॥

प्रभावका वर्णन ॥

रसादिकोंके तुल्य होनेपर भी जो विशेषक्रिया उत्पन्न होती है उसे प्रभाव कहते हैं जैसे चीता और जमालगोटा रसादिकों में तुल्यहैं परन्तु जमालगोटा रेचकहै मुनक्का महुए से और घृत दुग्ध से रसादिकों में तुल्य होनेपर भी दीपनहैं आमला रसादिकों में बड़हलके समान होनेपर भी त्रिदोष नाशक है कोई २ द्रव्य केवल प्रभावही से कार्य्य सिद्ध करती हैं जैसे सहदेईकी जटा शिरमें बांधनेसे ज्वर नष्ट होताहै ॥ ६३ ॥

तथानानौषधियोगेषुफलंप्रतिस्वभावएवाश्रयणीयो नतुतत्ररसादिरूपहेतुविचारःकर्त्तव्यः । (यतआहसुश्रुतः) अमीमांस्यान्यचिंत्यानिप्रसिद्धानिस्वभावतः ॥ आगमेनोपयोज्यानिभेषजानिविचक्षणैः ॥ प्रत्यक्षलक्षणफलाः प्रसिद्धाश्चस्वभावतः । नौषधीर्हेतुभिर्विद्वान्परीक्षेतकदाचन । सहस्रेणापिहेतूनां नाम्बष्ठादिर्विरेचयेत् । तस्मात्तिष्ठेत्तुमतिमानागमेनतुहेतुभिरिति ॥ विरुद्धगुणसंयोगे भूयसाल्पंहिजायते । रसंविपाकस्तौवीर्य्यम्प्रभावस्तान्व्यपोहति ॥ इतिरसगुणवीर्य्यविपाकप्रभावाणांस्वरूपाण्यभिधाय कुत्रद्रव्येकेरसगुणवीर्य्यविपाकप्रभावाः संतीतिबोधयितुंद्रव्यगतान्रसगुणवीर्य्यविपाकप्रभावानाह ॥ ९४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अनेक प्रकारकी औषधियोंके योग में फल के लिये स्वभावही का आश्रय करना चाहिये और उसमें रसादि रूप कारणों का विचार न करना चाहिये क्योंकि सुश्रुतने भी कहा है कि जो संपूर्ण औषधि स्वभाव से प्रसिद्ध हैं उनमें विचार और चिन्ता का कोई प्रयोजन नहीं है बुद्धिमान् वैद्य संपूर्ण प्रसिद्ध औषधियों का व्यवहार शास्त्र की रीति से करें जो संपूर्ण औषधि स्वभाव से प्रसिद्ध और प्रत्यक्ष फलवाली हैं उन औषधियों की बुद्धिमान् लोग हेतुओं से कभी परीक्षा न करें जैसे हजारों हेतु दिखाने पर भी अम्बष्ठादि गणमें विरेचन शक्ति नहीं उपस्थित होगी इसीसे बुद्धिमान् वैद्य हेतु वाद को त्याग कर शास्त्रोक्त विधि का अनुवर्तन करें क्योंकि विरुद्ध गुणके संयोग से दोषों की अधिकता और न्यूनता होजाती है रसको विपाक और रसविपाक को वीर्य्य और सबको प्रभाव नाश करता है इस प्रकार रसगुण वीर्य विपाक और प्रभाव के स्वरूपोंको कहकर किस द्रव्य में कौन से रस गुण वीर्य विपाक और प्रभाव होते हैं यह जनानेके लिये द्रव्यों में स्थित रसगुण वीर्य्य विपाक और प्रभावों का वर्णन करते हैं॥ ९४॥

तत्रप्रथमंहरीतक्याउत्पत्तिनामलक्षणगुणानाह॥

दक्षंप्रजापतिंस्वस्थमश्विनौवाक्यमूचतुः । कुतोहरीतकीजातातस्यास्तुकतिजातयः॥ रसाःकतिसमाख्याताःकतिचोपरसाःस्मृताः । नामानिकतिचोक्तानिकिंवातासाञ्चलक्षणम्॥ केचवर्णागुणाःकेचकाचकुत्रप्रयुज्यते । केनद्रव्येणसंयुक्ताकांश्चरोगान्व्यपोहति॥ प्रश्नमेतद्यथापृष्टंभगवन्वक्तुमर्हसि । अश्विनोर्वचनंश्रुत्वादक्षोवचनमब्रवीत्॥ पपातबिन्दुर्म्मेदिन्यांशक्रस्यपिबतोऽमृतम् । ततोदिव्यात्समुत्पन्नासप्तजातिर्हरीतकी॥ हरीतक्यभयापथ्या कायस्थापूतनामृता। हेमवत्यव्यथाचापि चेतकीश्रेयसीशिवा॥ वयस्थाविजयाचापि जीवन्तीरोहिणीतिच॥ ९५॥

इनमें से प्रथम हडकी उत्पत्ति नाम लक्षण और गुण कहे जाते हैं॥

एक समय स्वस्थ चित्त बैठेहुए दक्ष प्रजापति से अश्विनीकुमार पूछते भये कि हे भगवन्! हड कहां से उत्पन्न हुई कितनी उसकी जातिहैं उनके रस उपरस नाम लक्षण वर्ण और गुण कितने हैं किस जातिकी हड किस काम में लाई जाती है और किस द्रव्य के साथ कौन से रोगोंको नाश करतीहै आप इस प्रश्नका उत्तर अनुग्रह पूर्वक दीजिये अश्विनी कुमार के वचनको सुनकर दक्ष प्रजापति बोले कि एकसमय इन्द्र अमृत पी रहे थे उसका एक बिन्दु पृथ्वी पर गिर पडा उससे सात–प्रकारकी हड उत्पन्न हुई हरीतकी–अभया–पथ्या–कायस्था–पूतना अमृता–हैमवती–चेतकी श्रेयसी–शिवा–वयस्था–विजया–जीवन्ती और रोहिणी यह हडके नाम हैं॥ ९५॥

विजयारोहिणीचैव पूतनाचामृताभया। जीवन्तीचेतकीचेति विज्ञेयाःसप्तजातयः॥ अलाबुवृत्ताविजया वृत्तासारोहिणीस्मृता। पूतनास्थिमतीसूक्ष्मा कथितामांसलामृता॥ पञ्चरेखाभयाप्रोक्ता जीवन्तीस्वर्णवर्णिनी। त्रिरेखाचेतकीज्ञेया सप्तानामियमाकृतिः॥ विजयासर्वरोगेषु रोहिणीव्रणरोहिणी। प्रलेपेपूतनायोज्या शोधनार्थेऽमृताहिता॥ अक्षि

*विंध्याद्रौविजयाहिमाचलभवास्याच्चेतकीपत्तना सिन्धौस्याद्थरोहिणीतुविजयाजाताप्रतिष्ठानके। पम्पायाममृताभयाचजनिता देशेसुराष्ट्राह्वयेजीवन्तीतिहरीतकीनिगदितासप्तप्रभेदाबुधैः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रोगेऽभयाशस्ता जीवन्तीसर्वरोगहृत् । चूर्णार्थेचेतकीशस्ता य[illegible]युक्तंप्रयोजयेत् ॥ चेतकीद्विविधाप्रोक्ता श्वेताकृष्णाचवर्णतः।षडंगुलायताशुक्ला कृष्[illegible]त्वेकांगुलास्मृता ॥ काचिदास्वादमात्रेण काचिद्गन्धेनभेदयेत् । काचित्स्पर्शेनदृष्ट्यान्या चतुर्द्धाभेदयच्छिवा ॥ चेतकीपादपच्छायामुपसर्प्पन्तियेनराः भिद्यन्तेतत्क्षणादेव पशुपक्षिमृगादयः ॥ चेतकीतुधृताहस्ते यावत्तिष्ठतिदेहिनः । तावद्भिद्येतवेगैस्तु प्रभावान्नात्रसंशयः ॥ नधार्यं सुकुमाराणां कृशानांभेषजद्विषाम् ॥ चेतकीपरमाशस्ता हितासुखविरेचनी ॥ सप्तानामपिजातीनां प्रधानंविजयास्मृता । सुखप्रयोगासुलभा सर्वरोगेषुशस्यते ॥ हरीतकीपञ्चरसा लवणातुवरापरम् । रूक्षोष्णादीपनीमेध्या स्वादुपाकारसायनी ॥ चक्षुष्यालघुरायुष्या बृंहणीचानुलोमिनी । श्वासकासप्रमेहार्श कुष्ठशोथोदरकृमीन् ॥ वैस्वर्य्यग्रहणीरोग विबन्धविषमज्वरान् । गुल्माध्मानतृषाच्छर्दि हिक्काकण्डूहृदामयान् ॥ कामलांशूलमानाहं प्लीहानञ्चयकृत्तथा । अश्मरीमूत्रकृच्छ्रञ्च मूत्राघातञ्चनाशयेत् ॥ स्वादुतिक्तकषायत्वात्पित्तहृत्कफहृत्त्वसा । कटुतिक्तकषायत्वादम्लत्वाद्वातहृच्छिवा ॥ पित्तकृत्कटुकाम्लत्वाद्वातकृन्नकथंशिवा । प्रभावाद्दोषहन्तृत्वं सिद्धंयत्तत्प्रकाश्यते ॥ हेतुभिःशिष्यबोधार्थं नपूर्व्वंकथ्यतेऽधुना । कर्म्मान्यत्वंगुणैःसाम्यं दृष्टमाश्रयभेदतः ॥ यतस्ततोनेति चिन्त्यं धात्रीलकुचयोर्यथा ।पथ्यायामज्जनिस्वादुःस्नाय्वावम्लोऽव्यवस्थितः ॥ वृन्तेतिक्तस्त्वचिकटुरस्थिस्थस्तुवरोरसः । नवास्निग्धाघनावृत्ता गुर्वीक्षिप्ताचयाम्भसि ॥ निमज्जेत्साप्रशस्ताच कथितातिगुणप्रदा । नवादिगुणयुक्तत्वं तथैकत्रद्विकर्षता ॥ हरीतक्याः फलेयत्र द्वयंतच्छ्रेष्ठमुच्यते । चर्विताबर्द्धयत्यग्निं पेषितामलशोधिनी ॥ स्विन्नासंग्राहिणीपथ्या भृष्टाप्रोक्तात्रिदोषनुत् । उन्मीलिनीबुद्धिबलेन्द्रियाणां निर्मूलिनीपित्तकफानिलानाम् ॥ विस्रंसिनीमूत्रशकृन्मलानां हरीतकीस्यात्सहभोजनेन । अन्नपानकृतान्दोषान् वातपित्तकफोद्भवान् ॥ हरीतकीहरत्याशु भुक्तस्योपरियोजिता । लवणेनकफंहन्ति पित्तंहन्तिसशर्करा ॥ घृतेनवातजान्रोगान् सर्वरोगान्गुडान्विता । सिंधूत्थशर्कराशुण्ठीकणामधुगुडैःक्रमात् । वर्षादिष्वभयाप्राश्या रसायनगुणैषिणा ॥ अध्वातिखिन्नोबलवर्जितश्च रूक्षकृशो लंघनकर्षितश्च । पित्ताधिकोगर्भवतीचनारी विमुक्तरक्तस्त्वभयान्नखादेत् ॥ ९६ ॥

विजया रोहिणी पूतना अमृता अभया जीवन्ती और चेतकी यह सात जाति हैं तोंबीके समान गोल विजया होती है गोल रोहिणी छोटी गुठलीवाली पूतना गूदेदार अमृता पांच रेखावाली अभया सुवर्णके समान वर्णवाली जीवन्ती और तीन रेखावाली चेतकी यह सातोंके स्वरूप हैं सब रोगोंमें विजया घावोंके भरनेमें रोहिणी लेपमें पूतना शोधनमें अमृता नेत्र रोगोंमें अभया सवरोगों के नाशके लिये जीवन्ती और चूर्णमें चेतकी श्रेष्ठ है इनको यथायोग्य काममें लाना चाहिये चेतकी श्वेत और कृष्ण दोप्रकारकी होती है छः अंगुलकी लम्बी श्वेत और १ अंगुल की कृष्ण जानो कोई

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

खाने से कोई सूंघनेसे कोई छूने से और कोई देखने से इस प्रकार चार रीतिसे हडदस्त लाती है मनुष्य पशु पक्षी और मृगादिक जो कोई चेतकीके वृक्षकी छायामें जातेहैं उनको उसी समय दस्त आते हैं चेतकी नाम हडको जबतक हाथमें लिये रहौ तबतक उसके प्रभावसे बडेबेगकेदस्तआतेहैं इस्से प्यासे सुकुमार दुर्बल और औषधि से शत्रुता करने वाले पुरुषोंको चेतकी सुखपूर्वक दस्तोंके लिये अत्यन्त श्रेष्ठ है सात प्रकारकी हडोंमेंसे विजया श्रेष्ठहै यह सुखसे व्यवहार करनेके योग्य सुलभ और सम्पूर्ण रोगोंमें सुखकारीहै हडमें लवणके सिवाय पांच रस होते हैं उनमें से कषाय रस अधिक है हड रूखी उष्ण दीपनी मेधा करनेवाली विपाक में मधुर रसायन नेत्रोंको हित हलकी आयु को हित मांस बढ़ानेवाली वायु आदिकको नीचे लेजाने वाली श्वास खांसी प्रमेह बवासीर कुष्ठ सूजन उदर कृमि स्वरभंग संग्रहणी विबन्ध विषमज्वर गुल्म अफरा तृषा छर्दि हुचकी खुजली हृदयकेरोग कामला शूल आनाह प्लीहा यकृत् पथरी मूत्रकृच्छ्र और मूत्राघात इन सब रोगोंको नाश करती है हड मधुर तिक्त और कषाय रससे पित्तको कटु तिक्त और कषाय रस से कफको और अम्ल रस से वायुको नष्ट करतीहै परन्तु कटु और अम्ल रसके द्वारा पित्तकी बढ़ानेवाली हड वायुको क्यों नहीं बढ़ातीहै ? इसमें जो कुछ कारण प्रसिद्धहै उसको कहतेहैं कि प्रभावहीसे दोषोंका निवारणहोताहै इसमें क्या कारणहै यह कहना असंभवहै इस्से इससमय शिष्योंके समझानेके लिये इतनाही कहा जाताहै कि गुणों की समानता होनेपर भी आश्रय के भेदसे क्रियाओंका भेद देखाजाता है जैसे बड़-हर और आमला (इनकी रसादिकों में समानता होनेपर भी गुणोंमें बड़ाअन्तर है) इस हेतु से इसमें और कुछ सन्देह न करना चाहिये हडकी मज्जा में मधुररस नसमें अम्लरस परदे में तिक्त त्वचामें कटु और गुठली में कषायरस होताहै नवीन स्निग्ध कठोर गोल भारी और पानी में फेंकने या डालने में डुबनेवाली हड अत्यन्त गुणकारी और श्रेष्ठ कहीगई है जो हड पहले कहे हुए नवीन आदिक गुणों से युक्त और दो कर्षके प्रमाणवाली होतीहै वह सब में श्रेष्ठ कहीगई है हड चबाने से अग्नि बढ़ानेवाली पीसकर सेवन करनेसे मलको शुद्ध करनेवाली सिझायकर सेवन करने से मल को रोकनेवाली और भूनकर सेवनसे त्रिदोषनाशक कहीगईहै भोजनके साथ हडका सेवन करने से बुद्धि बल और इन्द्रियों का प्रकाश पित्त कफ वायुका नाश और विष्ठा मूत्र तथा शरीर के मलों का नीचे गिरना होताहै भोजन के उपरान्त हड खानेसे अन्न और पानके किये हुए दोष और वात पित्त कफके दोष शान्त होते हैं लवणके साथ कफ शक्करके साथ पित्त घृतके साथ वातके रोग और गुड़के साथ हड़ सब रोगों को नाश करती है रसायनके गुणका चाहनेवाला पुरुष वर्षादिक छओं ऋतुओंमें क्रमसे सेंधानोन शर्करा सोंठ पीपल सहत और गुड़के साथ हडको खाय मार्गसे थकाहुआ बलहीन रूखा दुर्बल लंघनकरनेवाला अधिक पित्तवाला गर्भवती स्त्री और फस्त लियाहुआ पुरुष यह सबलोग हडको न खायँ ॥ ९६॥

अथ बिभीतकस्यनामानिगुणाश्च ॥

बिभीतकस्त्रीलिङ्गःस्यान्नाक्षःकर्षफलस्तुसः। कलिद्रुमोभूतवासस्तथाकलियुगालयः॥ बिभीतकंस्वादुपाकंकषायंकफपित्तनुत्। उष्णवीर्यंहिमस्पर्शंभेदनंकासनाशनम्॥ रूक्षं नेत्रहितंकेश्यंकृमिवैस्वर्यनाशनम् ॥ बिभीतमज्जातृट्छर्दिकफवातहरोलघुः । कषायो मदकृच्चाथधात्रीमज्जापितद्गुणः॥९७॥

बहेडेकेनाम और गुण ॥

बिभीतक शब्द त्रिलिङ्गी है अक्ष—कर्षफल—तुष—कलिद्रुम—भूतवास और कलियुगालय यह बहे-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ड़ेके नामहैं-बहेड़ा पाक में मधुर कषैला-कफ पित्तनाशक वीर्य्यमें उष्ण स्पर्शमें शीतल-दस्तावर खांसीका नाशक-रूखा, नेत्र और बालोंको हित और स्वरभंग तथा कृमि को दूर करनेवाला होताहै, बहेड़ेकी मींगी तृषा, छर्दि कफ और वातको नाश करनेवाली और हलकी होती है इसके सिवाय यह कषैली और मद करनेवाली भी होतीहै, आमलेकी मींगीमें भी इसीके समान गुण होते हैं ॥९७॥

अथामलक्यानामानिगुणाश्च ॥

त्रिष्वामलकमाख्यातंधात्रीतिष्यफलामृता ॥ हरीतकीसमन्धात्रीफलंकिन्तुविशेषतः । रक्तपित्तप्रमेहघ्नंपरंवृष्यंरसायनम् ॥ हन्तिवातंतदम्लत्वात्पित्तंमाधुर्य्यशैत्यतः । कफंरूक्षकषायत्वात्फलंधात्र्यास्त्रिदोषजित् ॥ यस्ययस्यफलस्येहवीर्य्यंभवति यादृशम् ॥ तस्यतस्यैववीर्येणमज्जानमपिनिर्दिशेत् ॥ ९८ ॥

आमलेकेनाम और गुण ॥

आमलक शब्द त्रिलिंगी है धात्री, तिष्यफला और अमृता यह आमलेके नामहैं, आमला हड़के समानहै परन्तु विशेषता यहहै कि रक्तपित्त तथा प्रमेह का नाशक और अत्यन्त पुष्टकारक तथा रसायनहै यह अम्लरस से वायु मधुर तथा शीतलता से पित्त और रूक्षता और कषैलेपन से कफको दूर करताहै इस प्रकार यह त्रिदोषनाशक है, यहां जिस २ फलका वीर्य्य जैसा कहागयाहै उसी के अनुसार उसकी मींगी भी जानलेनी चाहिये ॥ ९८ ॥

अथ त्रिफलायालक्षणनामगुणाः ॥

पथ्याबिभीतधात्रीणांफलैःस्यात्त्रिफलासमैः । फलत्रिकञ्चत्रिफलासावराचप्रकीर्तिता ॥ त्रिफलाकफपित्तघ्नीमेहकुष्ठहरासरा। चक्षुष्यादीपनीरुच्याविषमज्वरनाशिनी९९॥

त्रिफलाके लक्षण समेत नाम और गुण ॥

हड़-बहेड़ा और आमला इनतीनों के समभाग संयोग से त्रिफला कहाजाताहै-फलत्रिक-त्रिफला और वरा यह इसके नामहैं-त्रिफला कफ पित्त प्रमेह तथा कुष्टका नाशक, दस्तावर नेत्रों को हित-दीपन-रुचिकारक और विषमज्वर का नाश करनेवाला होताहै ॥ ९९ ॥

अथ शुण्ठ्यानामानिगुणाश्च ॥

शुण्ठीविश्वाचविश्वञ्चनागरंविश्वभेषजम् । ऊषणंकटुभद्रञ्चशृङ्गवेरंमहौषधम् ॥ शुण्ठीरुच्यामवातघ्नीपाचनीकटुकालघुः । स्निग्धोष्णमधुरापाकेकफवातविबन्धनुत् ॥ वृष्यास्वर्य्यावमिश्वासशूलकासहृदामयान् । हन्तिश्लीपदशोथार्शआनाहोदरमारुतान् ॥ आग्नेयगुणभूयिष्ठंतोयांशम्परिशोषियत् । संगृह्णातिमलंतत्तुग्राहिशुण्ठ्यादयोयथा ॥ विबन्धभेदनीयातुसाकथंग्राहिणीभवेत्।शक्तिर्विबन्धभेदेस्यात्यतोनमलपातने॥१००॥

सोंठके नाम और गुण ॥

शुंठी-विश्वा-विश्व-नागर-विश्वभेषज-ऊषण,कटुभद्र, शृंगवेर और महौषधि यह सोंठके नाम हैं सोंठ रुचिकारक, पाचक, रसमेंकटु, हलकी, स्निग्ध उष्ण, पाकमें मधुर, पुष्टिकारक-स्वरको हित और आमवात कफ वायु विबन्ध, छर्दि,श्वास, शूल, खांसी-हृदयके रोग, श्लीपद, सूजन, बवासीर, आनाह, उदर तथा वायुके रोगोंकी नाश करनेवाली होती है, अग्निके गुणकी अधिकतासे भीतरके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जलको सुखाकर मलको [illegible] वह ग्राही कहातीहै जैसे शुंठीआदिक,अब यह सन्देह होताहै कि जो वस्तु विबन्धको नाशकरती है [illegible] विबन्ध कैसे होसक्ती है ? इसका उत्तर यह है कि उसकी शक्ति विबन्ध के नाशकरने में है (ज[illegible] मलको तोड़ती है) परन्तु मलके गिराने में नहीं है ॥ १०० ॥

अथार्द्रकस्यनामानिगुणाश्च ॥

आर्द्रकंशृंगवेरंस्यात्कटुभद्रंतथार्द्रिका । आर्द्रिकाभेदिनीगुर्वीतीक्ष्णोष्णादीपनीमता ॥ कटुकामधुरापाकेरूक्षावातकफापहा । येगुणाःकथिताःशुंठ्यास्तेऽपिसंत्यार्द्रकेऽखिलाः ॥ भोजनाग्रेसदापथ्यंलवणार्द्रकभक्षणम् । अग्निसन्दीपनंरुच्यंजिह्वाकण्ठविशोधनम् ॥ कुष्ठपाण्ड्वामयेकृच्छ्रेरक्तपित्तेव्रणेज्वरे । दाहेनिदाघशरदोर्नैवपूजितमार्द्रकम् १०१ ॥

अदरकके नाम और गुण ॥

आर्द्रक–शृंगवेर–कटुभद्र और आर्द्रिका यह अदरक के नाम हैं–अदरक भेदक, भारी, तीक्ष्ण उष्ण, दीपन कटु, पाक में मधुर, रूखी और वात तथा कफकी नाशकहै जो गुण सोंठ के कहेगयेहैं वह संपूर्ण अदरक में भी हैं। भोजनके आदिमें सदैव सेंधानोन और अदरक पथ्य है इससे अग्निकी दीप्ति, रुचि और जिह्वासमेत कण्ठका शोधन होता है, कुष्ठ, पांडु, मूत्रकृच्छ्र, रक्तपित्त घाव, ज्वर और दाह इनरोगों में और ग्रीष्म तथा शरदृऋतु में अदरक हितकारी नहीं है ॥ १०१ ॥

अथ पिप्पल्यानामानिगुणाश्च ॥

पिप्पलीमागधीकृष्णावैदेहीचपलाकणा । उपकुल्योषणाशौण्डीकोलास्यात्तीक्ष्णतण्डुला ॥ पिप्पलीदीपनीवृष्यास्वादुपाकारसायनी । अनुष्णाकटुकास्निग्धावातश्लेष्महरीलघुः ॥ पिप्पलीरेचनीहन्तिश्वासकासोदरज्वरान् । कुष्ठप्रमेहगुल्मार्शःप्लीहशूलाममारुतान् ॥ आर्द्राकफप्रदास्निग्धाशीतलामधुरागुरुः । पित्तप्रशमनीसातुशुष्कापित्तप्रकोपिणी ॥ पिप्पलीमधुसंयुक्ता मेदःकफविनाशिनी । श्वासकासज्वरहरावृष्यामेध्याग्निवर्द्धिनी ॥ जीर्णज्वरेऽग्निमान्द्येचशस्यतेगुडपिप्पली । कासाजीर्णारुचिश्वासहृत्पाण्डुकृमिरोगनुत् ॥ द्विगुणःपिप्पलीचूर्णाद्गुडोऽत्रभिषजांमतः ॥ १०२ ॥

पीपल के नाम और गुण ॥

पिप्पली, मागधी, कृष्णा, वैदेही, चपला कणा, उपकुल्या, ऊषणा, शौण्डी, कोला और तीक्ष्ण तंडुला यह पीपल के नाम हैं, पीपल. दीपन, पुष्टिकारक, विपाक में मधुर, रसायन, कुछ उष्ण, कटु,स्निग्ध, हलकी, दस्तावर और वायु, कफ, श्वास, खांसी, उदर, ज्वर, कुष्ठ, प्रेमह, गुल्म, बवासीर, प्लीहा, शूल तथा आमवात की नाशक होती है, कच्ची पीपल. कफकारक, स्निग्ध, शीतल, मधुर,भारी और पित्तनाशक होती है परन्तु सूखने से पित्तको कुपित करती है, पीपल सहत के साथ मेद कफ, श्वास, खांसी तथा ज्वरकी नाशकारी वीर्यवर्द्धक मेधा तथा अग्निकी वृद्धि करने वाली होती है गुड़ के साथ पीपलका सेवन करने से जीर्णज्वर, अग्निकी मन्दता, खांसी,अजीर्ण अरुचि, श्वास, हृदय के रोग, पांडु और कृमि इन सबरोगोंका नाश होताहै यहां पीपल के चूर्ण से दूना गुड़ मिलाना यह वैद्योंकी संमति है ॥ १०२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ मरिचस्यनामानिगुणाश्च ॥

मरिचंवेल्लजंकृष्णमूषणंधर्मपत्तनम् । मरिचंकटुकंतीक्ष्णंदीप्नं कफवातजित् ॥ उष्णं पित्तकरंरूक्षंश्वासशूलकृमीन्हरेत् । तदार्द्रमधुरंपाकेनात्युष्णंकटुकंगुरुः ॥ किञ्चित्तीक्ष्णगुणश्लेष्मप्रसेकिस्यादपित्तलम् ॥ १०३ ॥

मिर्चकेनाम और गुण ॥

मरिच, वेल्लज, कृष्ण, ऊषण–और धर्मपत्तन यह मिर्चके नामहैं–मिरच, कटु, तीक्ष्ण दीपन कफ, वातनाशक, उष्ण, पित्तकारक, रूक्ष और श्वास शूल तथा कृमिरोग की नाशक होती है, गीली मिरच पाक में मधुर कुछ उष्ण, कटु, भारी, कुछतीक्ष्ग और कफ की निकालनेवाली तथा कुछ पित्त करनेवाली होती है ॥ १०३ ॥

अथ त्रिकटुकनामलक्षणगुणाः ॥

विश्वोपकुल्यामरिचंत्रयंत्रिकटुकथ्यते । कटुत्रिकन्तुत्रिकटुत्र्यूषणंव्योषउच्यते॥त्र्यूषणंदीपनंहन्तिश्वासकासत्वगामयान् ।गुल्ममेहकफस्थौल्यमेदःश्लीपदपीनसान् १०४।

त्रिकटु के नाम लक्षण और गुण ॥

सोंठ, पीपल और मिर्च इनको त्रिकटु कहते हैं कटुत्रिक, त्रिकटु, त्र्यूषण और व्योष यह इसके नाम हैं, त्रिकटु अग्निदीपक और श्वास खांसी, त्वचाके रोग, गुल्म, प्रमेह, कफ, स्थूलता, मेद, श्लीपद तथा पीनस का नाशक होता है॥ १०४ ॥

अथ पिप्पलीमूलस्यनामानिगुणाश्च ॥

ग्रन्थिकंपिप्पलीमूलमूषणंचटकाशिरः । दीपनंपिप्पलीमूलंकटूष्णंपाचनंलघु ॥ रूक्षं पित्तकरंभेदिकफवातोदरापहम् । आनाहप्लीहगुल्मघ्नंकृमिश्वासक्षयापहम् ॥ १०५ ॥

पीपलामूल के नाम और गुण ॥

ग्रंथिक, पिप्पलीमूल, ऊषण और चटका शिर यह पीपलामूलके नामहैं पीपलामूल दीपन, कटु, उष्ण, पाचक, हलका, रूखा, पित्तवर्द्धक, भेदक, कफ, वायुनाशक और उदर आनाह, प्लीहा, गुल्म कृमि, श्वास और क्षयरोगनाशक होताहै॥ १०५॥

अथ चतुरूषणस्यलक्षणगुणाः ॥

त्र्यूषणंसकणामूलंकथितंचतुरूषणम्॥व्योषस्यैवगुणाःप्रोक्ताअधिकाश्चतुरूषणे १०६॥

चतुरूषण के लक्षण और गुण ॥

त्रिकटु और पीपलामूल यह चारों मिलकर चतुरूषण कहाते हैं इसमें त्रिकटु के कलु अधिक गुण होते हैं ॥ १०६ ॥

चव्यगुणः ॥

भवेच्चव्यन्तुचविकाकथितासातथोषणा॥कणामूलगुणंचव्यंविशेषाद्गुदजापहम्१०७॥

चव्यके नाम और गुण ॥

चव्य, चविका और ऊषणा यह चव्यके नाम हैं, चव्य में पीपलामूल के समान गुणहैं परन्तु यह गुदाके रोगोंको विशेष करके नाश करती है ॥ १०७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ गजपिप्पल्या नामानिगुणाः ॥

चविकायाःफलंप्राहुःकथितागजपिप्पली । कपिवल्लीकोलवल्लीश्रेयसीवशिरश्च सा ॥ गजकृष्णाकटुर्वातश्लेष्महृद्वह्निवर्द्धिनी । उष्णानिहन्त्यतीसारं श्वासकण्ठामय कृमीन् ॥ १०८ ॥

गजपीपलके नाम और गुण ॥

पण्डितलोग चव्यके फलको गजपीपल कहते हैं, कपिवल्ली, कोलवल्ली, श्रेयसी और वशिर यह गजपीपल के नामहैं गजपीपल. कटु, वातकफनाशक अग्निवर्द्धक, उष्ण और अतीसार, श्वास कंठरोग तथा कृमिनाशक होतीहै ॥ १०८ ॥

अथ चित्रकस्य नामानि गुणाश्च ॥

चित्रकोऽनलनामाच पीठोव्यालस्तथोषणः । चित्रकःकटुकःपाके वह्निकृत्पाचनोल घुः ॥ रूक्षोष्णग्रहणीकुष्ठशोथार्शःकृमिकासनुत् । वातश्लेष्महरोग्राहीवातार्शःश्ले ष्मपित्तहृत् ॥ १०९ ॥

चीतेके नाम और गुण ॥

चित्रक, अनल, पीठ, व्याल और ऊषण यह चीतेके नामहैं चीता. पाकमें कटु अग्निवर्द्धक पाचक हलका रूखा उष्ण,ग्राही और संग्रहणी कुष्ठ सूजन बवासीर कृमि खांसी मिलेहुए वात कफवात कफ तथा।पित्तका नाशक होताहै ॥ १०९ ॥

अथ पञ्चकोलस्यलक्षणगुणाः ॥

पिप्पलीपिप्पलीमूलंचव्यचित्रकनागरैः । पञ्चभिःकोलमात्रंयत्पञ्चकोलं तदुच्यते ॥ पञ्चकोलंरसेपाकेकटुकंरुचिकृन्मतम् । तीक्ष्णोष्णंपाचनं श्रेष्ठं दीपनं कफवातनुत् ॥ गु ल्मप्लीहोदरानाहशूलघ्नंपित्तकोपनम् ॥ ११० ॥

पंचकोलके लक्षण और गुण ॥

पीपल, पीपलामूल, चव्य, चीता और सोंठ यहसब आठ २ माशे मिलकर पंचकोल कहलाता है, पंचकोल. रस तथा पाकमें कटु, रुचिकारक, तीक्ष्ण, उष्ण, अत्यन्त पाचक, दीपन, पित्तके कोपका करनेवाला और कफ वात गुल्म प्लीहा उदर आनाह तथा शूलनाशक होताहै ॥ ११० ॥

अथ षडूषणस्यलक्षणगुणाः ॥

पञ्चकोलंसमरिचंषडूषणमुदाहृतम् । पञ्चकोलगुणंतत्तुरूक्षमुष्णंविषापहम् ॥ १११ ॥

षडूषण के लक्षण और गुण ॥

मिर्च समेत पंचकोलको षडूषण कहतेहैं षडूषण पंचकोलके समान गुणवाला होताहै परन्तु वह विशेष करके रूखा उष्ण और विषदोषनाशक होताहै ॥ १११ ॥

अथ यवान्यानामानिगुणाः ॥

यवानिकोग्रगंधाचब्रह्मदर्भाऽजमोदिका । सैवोक्तादीप्यकादीप्या तथास्याद्यवसाह्व

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

या ॥ यवानीपाचनीरुच्यातीक्ष्णोष्णा कटुकालघुः। दीपनीच तिक्तापित्तलाशुक्रशूल हृत् ॥ वातश्लेष्मोदरानाहगुल्मप्लीहकृमिप्रणुत् ॥ ११२ ॥

अजवाइन के नाम और गुण ॥

यवानी, उग्रगंधा, ब्रह्मदर्भा, अजमोदिका, दीप्यका, दीप्या और यवसाह्वा यह अजवाइनके नाम हैं अजवाइन. पाचक रुचिकारक तीक्ष्ण उष्ण और कटु हलकी दीपन तिक्त पित्तवर्द्धक वीर्यनाशक और शूल वात कफ उदर आनाह गुल्म प्लीहा तथा कृमिनाशक होती है ॥ ११२ ॥

अथाजमोदायाः नामानि गुणाश्च ॥

अजमोदाखराश्वाच मयूरोदीप्यकस्तथा। तथाब्रह्मकुशाप्रोक्ता कारवीलोचमस्तका ॥ अजमोदाकटुस्तीक्ष्णा दीपनीकफवातनुत्। उष्णाविदाहिनीहृद्या वृष्याबलकरी लघुः ॥ नेत्रामयकफच्छर्दिहिक्कावस्तिरुजोहरेत् ॥ ११३ ॥

अजमोदके नाम और गुण ॥

अजमोदा, खराश्वा, मयूर, दीप्यक, ब्रह्मकुशा, कारवी और लोचमस्तका यह अजमोदके नामहैं, अजमोद. कटु, तीक्ष्ण, दीपन, कफ वातनाशक, उष्ण, विदाही, हृदयकोहित, वीर्यवर्द्धक, बलकारी, लघु और नेत्ररोग, कृमि, छर्दि, हिचकी तथा वस्तिकी पीडाका नाशक होती है ॥ ११३ ॥

अथ खुरासानीयवानीगुणाः ॥

पारसीकयवानीतुयवानीसदृशीगुणैः। विशेषात्पाचनीरुच्याग्राहिणीमादिनीगुरुः ११४

खुरासानी अजवाइनकेगुण ॥

खुरासानीअजवाइन अजवाइनके समान गुणवाली होतीहै परन्तु यह विशेष करके पाचक रुचि-कारक ग्राही, मदकारी और भारी होती है ॥ ११४ ॥

अथ शुक्लजीरा कृष्णजीरा कलौंजी एषां नामानि गुणाश्च ॥

जीरकोजरणोजाजी कणास्याद्दीर्घजीरकः। कृष्णजीरःसुगन्धश्च तथैवोद्गारशोधनः ॥ कालाजाजीतुसुषवी कालिकाचोपकालिका। पृथ्वीकाकारवीपृथ्वी पृथुकृष्णोपकुञ्चिका ॥ उपकुञ्चीचकुञ्चीचबृहज्जीरकइत्यपि। जीरकत्रितयंरूक्षंकटूष्णंदीपनंलघु ॥ संग्राहिपित्तलंमेध्यं गर्भाशयविशुद्धिकृत्। ज्वरघ्नंपाचनंवृष्यंबल्यंरुच्यंकफापहम् ॥ चक्षुष्यंपवनाध्मानगुल्मछर्द्यतिसारहृत् ॥ ११५ ॥

श्वेतजीरा कालाजीरा और कलौंजीके नाम और गुण ॥

सफेदजीरेको जीरक, जरण, अजाजी, कणा और दीर्घजीरक कहते हैं, कालेजीरेको सुगन्ध, उद्गार, शोधन, कालाजाजी, सुषवी, कालिका, उपकालिका, पृथ्वीका, कारवी, पृथ्वी, पृथु, कृष्णा और उपकुंचिका कहते हैं और कलौंजीका कुंची उपकुंची और बृहज्जीरक कहते हैं यहतीनों प्रकारके जीरे. रूखे, कटु, उष्ण, दीपन, लघु, ग्राही, पित्तवर्द्धक, मेधाको हित, गर्भाशयके शुद्धकरनेवाले, ज्वर-नाशक, पाचक, वीर्यवर्द्धक, रुचि तथा बलकारक, कफनाशक, नेत्रोंको हित और वायु, उदर, आ-ध्मान, गुल्म, छर्दि और अतीसारनाशक होते हैं ॥ ११५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ धान्यकस्य नामानि गुणाश्च ॥

धान्यकंधानकंधा[illegible]धानेयकंतथा । कुनटीधेनुकाछत्राकुस्तुम्बुरुवितुन्नकम् ॥ धान्यकंतुवरंस्निग्धम[illegible]यंमूत्रलंलघु। तिक्तंकटूष्णवीर्य्यञ्चदीपनंपाचनंस्मृतम्॥ ज्वरघ्नं रोचकंग्राहिस्वादुपाकि[illegible]दोषनुत् । तृष्णादाहवमिश्वासकासकार्श्यक्रिमिप्रणुत् ॥ आर्द्रन्तुतद्गुणंस्वादुविशेषात्पित्तनाशितत् ॥ ११६ ॥

धनियें के नाम और गुण ॥

धान्यक–धानक–धान्य–धाना-धानेयक-कुनटी धेनुका–छत्रा-कुस्तुम्बुरु और वितुन्नक यह धनियें के नामहैं धनियां. तिक्त,कटु,कषाय, रसयुक्त, स्निग्ध, वीर्यको अहित, मूत्रकारक, हलका, वीर्य में उष्ण, दीपन, पाचक, ज्वरनाशक, रुचिकारक, ग्राही, पाकमें मधुर,त्रिदोषनाशक और तृषा, दाह,छर्दि,श्वास खांसी, कृशता तथा क्रिमिका दूर करनेवाला होताहै गीले धनियेंमें भी यहीगुण होतेहैं परन्तु विशेष करके पित्तका नाशक होताहै ॥ ११६ ॥

अथ सौंफिसोआतयोर्नामानिगुणाश्च ॥

शतपुष्पाशताह्वाचमधुराकारवीमिसिः।अतिलम्बीसितच्छत्रासंहिताछत्रिकापिच॥ छत्राशालेयशालीनोमिश्रेयामधुरामिसिः । शतपुष्पालघुस्तीक्ष्णापित्तकृद्दीपनीकटुः ॥ उष्णाज्वरानिलश्लेष्मव्रणशूलाक्षिरोगहृत् । मिश्रेयातद्गुणाप्रोक्ताविशेषाद्योनिशूलनुत् ॥ अग्निमान्द्यहरीहृद्याबद्धविट्क्रिमिशूलहृत् । रूक्षोष्णापाचनीकासवमिश्लेष्मानिलान् हरेत् ॥ ११७ ॥

सौंफ और सोवा के नाम और गुण ॥

शतपुष्पा,शताह्वा,मधुरा,कारवी,मिसि, अतिलम्बी, सितच्छत्रा, संहिता, और छत्रिका यह सौंफ के नामहैं छत्रा, शालेय, शालीना मिश्रेया, मधुरा और मिसि यह सोवाके नामहैं सौंफ. लघु,तीक्ष्ण, पित्तवर्द्धक, दीपन, कटु, उष्ण और ज्वर, वायु कफ, घाव शूल तथा नेत्ररोगकी नाशक होतीहै सोवा. सौंफ के समान गुणवाला, विशेष करके योनिकी पीड़ा मन्दाग्नि हृदयको हित मलकी बद्धता, क्रिमि शूल नाशक रूखा, उष्ण, पाचक, खांसी छर्दि कफ तथा वायुका नाशक होताहै ॥ ११७ ॥

अथ मेथीवनमेथी नामगुणाः ॥

मेथिकामेथिनीमेथीदीपनीबहुपत्रिका । बोधिनीबहुबीजाचजातिगन्धफलातथा ॥ वल्लरीचन्द्रिकामन्थामिश्रपुष्पाचकैरवी । कुञ्चिकाबहुपर्णीचपीतबीजामुनिच्छदा ॥ मेथिकावातशमनीश्लेष्मघ्नीज्वरनाशिनी।ततःस्वल्पगुणाबल्यावाजिनांसातुपूजिता ॥११८॥

मेथी और वनमेथीके नाम व गुण ॥

मेथिका, मेथिनी, मेथी, दीपनी, बहुपत्रिका, बोधिनी, बहुबीजा, जाति, गन्धफला, वल्लरीचन्द्रिका, मन्था, मिश्रपुष्पा, कैरवी, कुंचिका, बहुपर्णी, पीतबीजा और मुनिच्छदा यह मेथीके नामहैं मेथी. वायु कफ और ज्वरकी नाश करनेवाली होती है और वनमेथी इस्से गुणों में न्यून होती है परन्तु यह घोड़ोंको हितकारक होती है ॥ ११८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ चन्द्रशूरगुणाः ॥

चन्द्रिकाचर्महन्त्रीचपशुमेहनकारिका। नन्दिनीकारवीभद्रा[illegible]पासुवासरा॥ चन्द्रशूरंहितंहिक्कावातश्लेष्मातिसारिणाम्। असृग्वातगदद्वेषिबल[illegible]विवर्द्धनम्॥११९॥

चन्द्रशूर के नाम और गुण॥

चन्द्रिका, चर्म्महन्त्री, पशुमेहनकारिका, नन्दिनी, कारवी, भद्रा वासपु[illegible] और सुवासरा यह चन्द्रशूरके नामहैं चन्द्रशूर. वातरक्त रोगमें अहित बल तथा पुष्टिकारक हिचकी वात श्लेष्मा तथा अतीसार में हित होताहै॥ ११९॥

अथ चारदाना॥

मेथिकाचन्द्रशूरश्चकालाजाजीयवानिका। एतच्चतुष्टयंयुक्तंचतुर्बीजमितिस्मृतम्॥तच्चूर्णंभक्षितंनित्यंनिहन्तिपवनामयम्।अजीर्णंशूलमाध्मानंपार्श्वशूलंकटिव्यथाम्।१२०॥

चारदाने के लक्षण और गुण॥

मेथिका, चन्द्रशूर, कालाजीरा और अजवाइन यह सब मिलेहुए चतुर्बीज अर्थात् चारदाना कहलातेहैं इनका चूर्ण नित्य खानेसे वायुरोग, अजीर्ण, शूल, उदर, आध्मान, पशलियों का दर्द और कमरका दर्द नष्ट होताहै॥ १२०॥

अथ हिंगुः॥

सहस्रवेधिजतुकंवाह्लीकंहिंगुरामठम्। हिंगूष्णंपाचनंरुच्यंतीक्ष्णंवातबलासहृत्॥ शूलगुल्मोदरानाहक्रिमिघ्नंपित्तवर्द्धनम्। स्त्रीपुष्पजननंबल्यंमूर्च्छापस्मारहृत्परम्॥१२१॥

हींगके नाम और गुण॥

सहस्रवेधि, जतुक, वाह्लीक, हिंगु और रामठ यह हींगके नामहैं हींग. उष्ण, पाचक, रुचिकारक, तीक्ष्ण, पित्तवर्द्धक और वायु कफ शूल गुल्म उदर आनाह और क्रिमि नाशक रज प्रवर्त्तक, बलकारक, मूर्च्छा और अपस्मार (मृगी) नाशक होतीहै॥ १२१॥

अथ वचनामानिगुणाश्च॥

वचोग्रगन्धाषड्ग्रन्थागोलोमीशतपर्विका।क्षुद्रपत्रीचमङ्गल्याजटिलोग्राचलोमशा॥ वचोग्रगन्धाकटुकातिक्तोष्णावान्तिवह्निकृत्। विबन्धाध्मानशूलघ्नीशकृन्मूत्रविशोधिनी॥ अपस्मारकफोन्मादभूतजन्त्वनिलान्हरेत्॥ १२२॥

वचके नाम और गुण॥

वचा उग्रगन्धा षड्ग्रन्था गोलोमी शतपर्विका क्षुद्रपत्री मंगल्या जटिला उग्रा और लोमशा यह वच के नामहैं वच. उग्रगन्धवाली, कटु, तिक्त रससे युक्त, उष्ण, छर्दि करानेवाली, अग्निवर्द्धक, विबन्ध, आध्मान, शूलमलमूत्र शोधक, मृगी, कफ, उन्माद, भूतदोष तथा वायुनाशक होतीहै॥ १२२॥

अथ खुरासानीवचा॥

पारसीकवचाशुक्लाप्रोक्ताहैमवतीतिसा। हैमवत्युदितातद्वद्वातंहन्तिविशेषतः॥१२३॥

खुरासानी वच॥

पारसीकवचा हैमवती यह खुरासानी वचके नामहैं इसका रंग श्वेत होताहै इसमें वचके समान गुण होते हैं परन्तु यह वायुको विशेष करके नाश करती है॥ १२३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथमहाभरीवचा ॥

यस्यालोकेकुलि[illegible]नामान्तरम् । सुगन्धाप्युग्रगन्धाचविशेषात्कफकासनुत्॥ सुस्वरत्वकरीरुच्या[illegible]ण्ठमुखशोधिनी । अपरासुगन्धा ॥ स्थूलग्रन्थिःयस्यालोकेमहाभरीइतिनाम । स्थूल[illegible]न्थिःसुगन्धास्यात्ततोहीनगुणास्मृता ॥ १२४ ॥

महाभरीवचा अर्थात् कुलींजन के नाम और गुण ॥

सुगन्धा और उग्रगंधा यह कुलींजनके नाम हैं यह विशेष करके कफ तथा खांसीको नाशकरता है स्वरको उत्तम करता है रुचिकारकहै और हृदय कंठ तथा मुखको शुद्ध करता है और मोटी गांठवाला दूसरा कुलींजन जिसको लोकमें महाभरी कहते हैं यह पहले कुलींजन से गुणोंमें हीन है ॥१२४॥

अथचोवचीनीतिलोकेतुप्रसिद्धातस्यागुणाः ॥

द्वीपान्तरवचाकिञ्चित्तिक्तोष्णावह्निदीप्तिकृत् । विबन्धाध्मानशूलघ्नी शकृन्मूत्रविशोधिनी ॥ वातव्याधीनपस्मारमुन्मादंतनुवेदनाम् । व्यपोहतिविशेषेण फिरंगामयनाशिनी ॥ १२५ ॥

चोपचीनीके गुण ॥

द्वीपान्तर वचा अर्थात् चोपचीनी कुछ तिक्त उष्ण अग्निदीपक और विबन्ध, आध्मान, शूल मलमूत्रकी शुद्धि करने वाली वातव्याधि मृगी उन्माद और शरीर की पीडाकी नाशक होतीहै और यह फिरंग रोगको विशेष करके नाश करती है ॥ १२५ ॥

अथ हौहवेरद्वयम् ॥

तन्मध्येप्रथमंफलंमत्स्यसदृशंविस्रगन्धंद्वितीयमश्वत्थफलसदृशंमत्स्यगन्धंतयोर्नामानिगुणाश्च । हवुषाहपुषाविस्रापराश्वत्थफलामता। मत्स्यगंधाप्लीहहंत्रीविषघ्नीध्वांक्षनाशिनी॥हवुषादीपनीतिक्ताम्रदूष्णातुवरागुरुः।पित्तोदरसमीरार्शोग्रहणीगुल्मशूलहृत्। पराप्येतद्गुणाप्रोक्तारूपभेदोद्वयोरपि ॥ १२६ ॥

दोनों हाऊबेर ॥

उनमें से पहला फल मछली के समान कच्चे मांसकी दुर्गन्धिवाला और दूसरा पीपलकेफल के समान और मछली के समान दुर्गन्धिवाला होताहै उनदोनोंके नाम और गुण कहे जाते हैं हवुषा हपुषा और विस्रा यह पहले के नाम हैं अश्वत्थफला मत्स्यगन्धा प्लीहहन्त्री विषघ्नी और ध्वांक्षनाशिनी यह दूसरी के नामहैं हवुषा अग्नि दीप्ति कारक तिक्त कषाय रस युक्त कोमल उष्ण भारी और पित्त उदर वायु बवासीर ग्रहणी गुल्म और शूल रोगकी नाशक होतीहै दूसरी में भी इसीके समान गुण होते हैं केवल सूरतमें भेद है ॥ १२६ ॥

अथ वायुभृंगइतिलोके ॥

पुंसिक्लीवेविडंगःस्यात्क्रिमिघ्नोजन्तुनाशनः । तण्डुलश्चतथावेल्लममोघाचित्रतण्डुला ॥ विडंगंकटुतीक्ष्णोष्णंरूक्षंवह्निकरंलघु । शूलाध्मानोदरश्लेष्मक्रिमिवातविबन्धनुत्॥ १२७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वायविडङ्ग के नाम और गुण ।

विडङ्ग शब्द पुल्लिंग और नपुंसक लिंगहै क्रिमिघ्न जन्तुनाशक तंडुल अमोघा और चित्रतंडुला यह वायविडंगके नामहैं वायविडंग. कटु, तीक्ष्ण ,उष्ण, रूखी, अग्निवर्द्धक लघु और शूल आध्मान उदर रोग कफ क्रिमि वायु तथा विबन्धका नाशक होताहै ॥ १२७ ॥

अथ तुम्बुरुफलम् ॥

तुम्बुरुःसौरभःसौरोवनजःसानुजोन्धकः । तुम्बुरुप्रथितंतिक्तंकटुपाकेऽपितत्कटु ॥ रूक्षोष्णंदीपनंतीक्ष्णंरुच्यंलघुविदाहिच । वातश्लेष्माक्षिकर्णोष्ठशिरोरुग्गुरुताक्रिमीन् ॥ कुष्ठशूलारुचिश्वासप्लीहकृच्छ्राणिनाशयेत् ॥ १२८ ॥

तुम्बुरु (मिर्चके आकार फटे मुखवाला फल)के नाम और गुण ॥

तुम्बुरु,सौरभ,सौर,वनज,सानुज और अन्धक यह तुम्बुरु के नामहैं तुम्बुरु. तिक्त कटुरसयुक्त,विपाकमें कटु, रूखा, उष्ण, दीपन, तीक्ष्ण, रुचिकारक, लघु, बिदाही और वात कफके रोग नेत्र कर्ण ओष्ठ तथा शिरके रोग, शरीरका भारीपन, क्रिमि, कुष्ठ,शूल, अरुचि, श्वास, प्लीहा, तथा मूत्रकृच्छ्रका नाशक होताहै ॥ १२८ ॥

अथ वंशलोचननामगुणाः ॥

स्याद्वंशरोचनावांशीतुगाक्षीरातुगाशुभा । त्वक्क्षीरीवंशजाशुभ्रावंशक्षीरीचवैणवी ॥ वंशजाबृंहणीवृष्याबल्यास्वाद्वीचशीतला । तृष्णाकासज्वरश्वासक्षयपित्तास्रकामलाः ॥ हरेत्कुष्ठंव्रणंपाण्डुंकषायंवातकृच्छ्रजित् ॥ १२९ ॥

बंशलोचन के नाम और गुण ॥

बंशरोचना, बांशी, तुगाक्षीरी, तुगा, शुभा, त्वक्क्षीरी, बंशजा, शुभ्रा, बंशक्षीरी और बैणवी यह बंशलोचन के नामहैं बंशलोचन धातुओं का बढ़ानेवाला वीर्य्यवर्द्धक, बलकारक, मधुर, कषाय रस युक्त, शीतल और तृषा खांसी, ज्वर, श्वास, क्षय, रक्तपित्त, कामला, कुष्ठ, व्रण, पांडु तथा वात रोग नाशक होताहै ॥ १२९ ॥

अथ समुद्रफेन ॥

समुद्रफेनःफेनश्चडिण्डीरोऽब्धिकफस्त था । समुद्रफेनश्चक्षुष्योलेखनःशीतलश्च सः ॥ कषायोविषपित्तघ्नःकर्णरुक्कफहल्लघुः ॥ १३० ॥

समुद्र फेन के नाम और गुण ॥

समुद्रफेन,फेन,डिंडीर और अब्धिकफ यह समुद्रफेनके नामहैं, समुद्रफेन नेत्रोंकोहित. दुर्बलता करने वाला, शीतल, दस्तावर, कषैला और विषदोष, पित्त, कानके रोग, तथा कफका नाशक और हलका होताहै ॥ १३० ॥

अथाष्टकवर्गस्यलक्षणंगुणाः ॥

जीवकर्षभकौमेदकाकोल्यौऋद्धिवृद्धिके। अष्टवर्गोऽष्टभिर्द्रव्यैःकथितश्चरकादिभिः ॥ अष्टवर्गोहिमःस्वादुःबृंहणःशुक्रलोगुरुः । भग्नसन्धानकृत्कामबलासबलवर्द्धनः ॥ वातपित्तास्रतृड्दाहज्वरमेहक्षयापहः ॥ १३१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अष्टकवर्गके लक्षण और गुण ॥

जीवक, ऋषभक, मे[illegible]महामेदा, काकोली, क्षीरकाकोली, ऋद्धि और वृद्धि इनसबके योगको चरक आदिकोंने अष्टव[illegible]है, अष्टवर्ग शीतल, स्वादु, धातुओंका वर्द्धक, वीर्यवर्द्धक, भारी, टूटेको जोडनेवाला, काम, बल[illegible] कफका वर्द्धक और वात, रक्तपित्त, तृषा, दाह, ज्वर, प्रमेह तथा क्षयरोग का नाशक होता है ॥ १[illegible] ॥

तत्रजीवकर्षभकयोरुत्पत्तिलक्षणनामगुणाः ॥

जीवकर्षभकौज्ञेयौ हिमाद्रिशिखरोद्भवौ । रसोनकन्दवत्कन्दी निःसारौसूक्ष्मपत्रकौ ॥ जीवकःकूर्चकाकार ऋषभोवृषशृंगवत् । जीवकोमधुरःशृंगो ह्रस्वांगःकूर्चशीर्षकः ॥ ऋषभोवृषभोधीरो विषाणीन्द्राक्षइत्यपि । जीवकर्षभकौबल्यौ शीतौशुक्रकफप्रदौ ॥ मधुरौपित्तदाहास्त्रकार्श्यवातक्षयापहौ ॥ १३२ ॥

जीवक ऋषभक की उत्पत्ति लक्षण नाम और गुण ॥

जीवक और ऋषभक हिमालयपर्व्वतके शिखरपर उत्पन्नहोते हैं इनका कन्द लहसनके समान पत्ते छोटे तथा निस्सार होते हैं, जीवकका आकार कूचीके समान और ऋषभकका आकार बैलके सींगके समान होताहै, मधुर शृंग, ह्रस्वांग और कूर्चशीर्षक यह जीवकके नामहैं, ऋषभ, वृषभ, धीर, विषाणी और इन्द्राक्ष यह ऋषभकके नामहैं, जीवक और ऋषभक बलकारक, शीतल, वीर्य्य तथा कफके वर्द्धक, मधुर और पित्त, दाह, रुधिरदोष, दुर्बलता, वात तथा क्षयरोगके नाशकहैं ॥ १३२ ॥

अथ मेदामहामेदयोरुत्पत्तिलक्षणनामगुणाः ॥

महामेदाभिधःकंदो मोरंगादौप्रजायते । महामेदाखनौमेदा स्यादित्युक्तंमुनीश्वरैः ॥ शुक्लार्द्रकनिभःकंदो लताजातःसुपाण्डुरः । महामेदाभिदोज्ञेयो मेदोलक्षणमुच्यते ॥ शुक्लकंदोनखच्छेद्यो मेदोधातुमिवस्रवेत् । यःसमेदेतिविज्ञेयो जिज्ञासातत्परैर्जनैः ॥ स्वल्पपर्णीमणिच्छिद्रा मेदामेदोभवाध्वरा । महामेदावसुच्छिद्रा त्रिदंतीदेवतामणिः ॥ मेदायुगंगुरुस्वादु वृष्यंस्तन्यकफावहम् । बृंहणंशीतलंपित्तरक्तवातज्वरप्रणुत् ॥ १३३ ॥

मेदामहामेदाके उत्पत्ति लक्षण नाम और गुण ॥

महामेदा नामक कन्द मोरंग आदि स्थानों में उत्पन्न होताहै, मुनिलोगोंने इसको खनोमेदानाम सेभी कहाहै, यह कन्द लतासे उत्पन्न होताहै और श्वेत अदरकके समान रंगमें श्वेत होताहै, मेदा नामक कन्द श्वेतवर्णहोताहै इसको नखोंसे फाडने में मेदधातुके समान रस निकलताहै स्वल्पपर्णी मणिच्छिद्रा, मेदा, मेदोभवा और अध्वरा यह मेदाके नामहैं, महामेदा, वसुच्छिद्रा, त्रिदन्ती और देवतामणि यह महामेदाके नामहैं, मेदा और महामेदा भारी, मधुर, वीर्य्यवर्द्धक, दुग्ध तथा कफ-कारक, शरीरपोषक, शीतल और रक्तपित्त वात तथा ज्वरनाशक होती हैं ॥ १३३ ॥

अथ काकोलीक्षीरकाकोल्योरुत्पत्तिलक्षणनामगुणाः ॥

जायतेक्षीरकाकोली महामेदोद्भवस्थले । यत्रस्यात्क्षीरकाकोली काकोलीतत्रजायते ॥ पीवरीसदृशःकंदः क्षीरंस्रवतिगंधवान् । सप्रोक्तःक्षीरकाकोली काकोलीलिंगमुच्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ते ॥ यथास्यात्क्षीरकाकोली काकोल्यपितथाभवेत् । एषाकिं[illegible]वेत्कृष्णा भेदोऽयमुभयोरपि ॥ काकोलीवायसोलीच वीराकायस्थिकातथा । सा[illegible]क्षीरकाकोली वयस्था क्षीरवल्लिका ॥ कथिताक्षीरिणीधारा क्षीरशुक्लापयस्विनी । [illegible]युगलंशीतं शुक्लंमधुरंगुरु ॥ बृंहणंवातदाहास्रपित्तशोषज्वरापहम् ॥ १३४ ॥

काकोली और क्षीरकाकोलीकी उत्पत्ति लक्षण नाम [illegible] गुण ॥

जहां महामेदा उत्पन्न होतीहै वहां काकोली और क्षीरकाकोलीभी उत्पन्न होतीहै, क्षीरकाकोली का कन्द सतावरिके समान होताहै उसमें दूध और उत्तम सुगन्धि होती है यह क्षीरकाकोली कहीगई अब काकोलीका लक्षण कहते हैं-क्षीरकाकोली और काकोली समान होती हैं भेद इतनाहै कि काकोली कुछकाली होती है, काकोली, वायसोली, वीरा और कायस्थिका यह काकोली के नाम हैं वयस्था, क्षीरवल्लिका, क्षीरिणी, धारा,क्षीरशुक्ला और पयस्विनी यह क्षीरकाकोली के नामहैं, काकोली और क्षीरकाकोली शीतल, वीर्य्यवर्द्धक, मधुर, भारी, मांसवर्द्धक और वात, दाह, रक्तपित्त, शोष तथा ज्वरकी नाशक होती हैं ॥ १३४ ॥

अथर्द्धिवृद्ध्योरुत्पत्तिलक्षणनामगुणाः ॥

ऋद्धिर्वृद्धिश्चकंदौद्वौ भवतःकोशयामले । श्वेतलोमान्वितःकंदो लताजातःसुरन्ध्रकः ॥ सएवऋद्धिर्वृद्धिश्च भेदमप्येतयोर्ब्रुवे । तूलग्रन्थिसमाऋद्धिर्वामावर्त्तफलाच सा ॥ वृद्धिस्तुदक्षिणावर्त्तफलाप्रोक्तामहर्षिभिः । ऋद्धिर्योग्यंसिद्धिलक्ष्म्यौ वृद्धेरप्याह्वयाइमे ॥ ऋद्धिर्बल्यात्रिदोषघ्नी शुक्रलामधुरागुरुः । प्राणैश्वर्य्यकरीमूर्च्छा रक्तपित्तविनाशिनी ॥ वृद्धिर्गर्भप्रदाशीता बृंहणीमधुरास्मृता । वृष्यापित्तास्रशमनी क्षतकासक्षयापहा ॥ राज्ञामप्यष्टवर्गास्तु यतोऽयमतिदुर्लभः। तस्मादस्यप्रतिनिधिंगृह्णीयात्तद्गुणं भिषक् ॥ (मुख्यः सदृशः प्रतिनिधिः) एतस्य प्रतिनिधिमाह ॥ मेदाजीवककाकोली ऋद्धिवृद्धेऽपिचासती । वरीविदार्य्यश्वगन्धा वाराहीश्चक्रमात्क्षिपेत् ॥ मेदामहामेदा स्थाने शतावरीमूलम् । जीवकर्षभकस्थानेविदारीमूलम् । काकोली क्षीरकाकोलीस्थाने अश्वगन्धामूलम् । ऋद्धिवृद्धिस्थाने वाराहीकंदंगुणैस्तत्तुल्यं क्षिपेत् ॥ १३५ ॥

ऋद्धिवृद्धिकी उत्पत्ति लक्षण नाम और गुण ॥

ऋद्धि वृद्धि यह दोनों कन्द कोशयामलनाम देशमें उत्पन्न होते हैं यह दोनों कन्द श्वेतरंग रोमयुक्त छिद्र संयुक्त और लतासे उत्पन्न होते हैं-अब इनका भेद कहते हैं-ऋद्धि रुईके डोंडेके समान होती है उसका फल बाईं ओरको घूमाहुआ होताहै और वृद्धिका फल दाहिनी ओरको घूमाहुआ होताहै-योग्य सिद्धि और लक्ष्मी यह ऋद्धि और वृद्धि इनदोनोंके नामहैं- ऋद्धि बलकारक, त्रिदोषनाशक, वीर्यवर्द्धक, मधुर, भारी, आयु तथा ऐश्वर्य्य की देनेवाली और मूर्च्छा तथा रक्तपित्तकी नाशक होती है वृद्धि, गर्भदायक, शीतल, मांसवर्द्धक, मधुर, वीर्य्यवर्द्धक और रक्तपित्त, घाव, खांसी तथा क्षयरोग की नाशक होती है वैद्य प्रायः इनके बदलेमें इनके ही समान औषधियों को ग्रहणकरें क्योंकि यह अष्टवर्ग राजालोगोंको भी दुर्लभहै, मेदा और महामेदाके बदले में सतावरि, जीवक ऋषभकके बदले

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

में विदारीकन्द काकोली क्षीरकाकोली के अभावमें असगन्ध और ऋद्धि तथा वृद्धि के अभाव में वाराहीकन्द ग्रहणकरे क्योंकि यह गुणमें समानहैं॥ १३५॥

अथ जेठीमधु॥

यष्टीमधुतथायष्टी मधुकंक्लीतकंतथा। अन्यत्क्लीतनकन्तत्तु भवत्युपमधूलिका॥ यष्टीहिमागुरुःस्वाद्वी चक्षुष्याबलवर्णकृत्। सुस्निग्धाशुक्रलाकेश्या स्वर्य्यापित्तानिलास्रजित्॥ व्रणशोथविषच्छर्दितृष्णाग्लानिक्षयापहा॥ १३६॥

मुलहटी के नाम और गुण॥

यष्टीमधु, यष्टी, मधूक और क्लीतक यह मुलहटी के नाम हैं, एक दूसरे प्रकार की जो मुलहटी उसको क्लीतनक और मधूलिका कहते हैं—मुलहटी. शीतल, भारी, मधुर, नेत्रोंको हित, बल तथा वर्ण करनेवाली, स्निग्ध, वीर्य्यवर्द्धक, केशोंको हित, स्वर को उपकारी और पित्त वायु, रुधिरदोष, घाव, सूजन, विषदोष, छर्दि, तृषा, शरीर की ग्लानि तथा क्षयकी नाशक होती है॥ १३६॥

अथ कम्बीला॥

काम्पिल्लःकर्क्कशश्चन्द्रो रक्तांगोरोचनोऽपिच। काम्पिल्लःकफपित्तास्रकृमिगुल्मोदरव्रणान्॥ हन्तिरेचीकटूष्णश्च मेहानाहविषाश्मनुत्॥ १३७॥

कबीले के नाम और गुण॥

कांपिल्ल, कर्कश, चन्द्र, रक्तांग और रोचन यह कबीले के नाम हैं, कबीला. कफ पित्त रुधिर दोष, कृमि, गुल्म, उदर, व्रण, प्रमेह, आनाह, विष तथा पथरीका नाशक, रेचक, कटु और उष्ण होता है॥ १३७॥

अथ आरग्वधः॥

आरग्वधोराजवृक्षःसम्पाकश्चतुरङ्गुलः। आरवेतोव्याधिघातःकृतमालःसुवर्णकः॥ कर्णिकारोदीर्घफलःस्वर्णाङ्गःस्वर्णभूषणः। आरग्वधोगुरुःस्वादुःशीतलःस्रंसनोमृदुः॥ ज्वरहृद्रोगपित्तास्रवातोदावर्त्तशूलनुत्। तत्फलंस्रंसनंरुच्यं कुष्ठपित्तकफापहम्॥ ज्वरेतु सततंपथ्यंकोष्ठशुद्धिकरंपरम्॥ १३८॥

अमलतास के नाम और गुण॥

आरग्वध, राजवृक्ष, संपाक, चतुरंगुल, आरवेत, व्याधिघात, कृतमाल, सुवर्णक, कर्णिकार, दीर्घफल, स्वर्णांग और स्वर्णभूषण यह अमलतास के नाम हैं, अमलतास. भारी, मधुर, शीतल, स्रंसन और ज्वर, हृदय के रोग, रक्तपित्त, वात, उदावर्त तथा शूलरोगनाशक होता है, अमलतास का फल स्रंसन, रुचिकारक, कुष्ठ, पित्त तथा कफनाशक, ज्वरमें सदैव पथ्य और कोष्ठका अत्यन्त शोधक होता है॥ १३८॥

अथ कटुकी॥

कट्वीतुकटुकातिक्ताकृष्णभेदाकटुम्भरा। अशोकामत्स्यशकलाचक्राङ्गीशकुलादनी॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मत्स्यपित्ताकाण्डरुहारोहिणीकटुरोहिणी । कटूवीतुकटुकापा[illegible]क्तारूक्षाहिमालघुः ॥ भेदिनीदीपनीहृद्याकफपित्तज्वरापहा । प्रमेहश्वासकासास्र[illegible]ष्ठक्रिमिप्रणुत् ॥ १३९ ॥

कुटकी के नाम और गुण ॥

कट्वी, कटुका, तिक्ता, कृष्णभेदा, कटुम्भरा, अशोका, मत्स्यशकला, [illegible]ांगी, शकुलादिनी, मत्स्यपित्ता, काण्डरुहा, रोहिणी और कटुरोहिणी यह कुटकी के नाम हैं, [illegible]की. विपाक में कटुतिक्त, रूखी, शीतल, हल्की, भेदक, दीपन, हृदयको हित और कफ, पित्त, ज्वर, प्रमेह, श्वास, खांसी, रुधिर के दोष, दाह, कुष्ठ तथा कृमिकी नाशक होती है ॥ १३९ ॥

अथ चिरायता ॥

किराततिक्तःकैरातःकटुतिक्तःकिरातकः । काण्डतिक्तोनार्य्यतिक्तो भूनिम्बोरामसेनकः ॥ किरातकोऽन्योनैपालःसोऽर्द्धतिक्तोज्वरान्तकः । किरातःसारकोरूक्षःशीतलस्तिक्तकोलघुः ॥ सन्निपातज्वरश्वासकफपित्तास्रदाहनुत् । कासशोथतृषाकुष्ठज्वरव्रणकृमिप्रणुत् ॥ १४० ॥

चिरायते के नाम और गुण ॥

किराततिक्त, कैरात, कटुतिक्त, किरातक, कांडतिक्त, नार्य्यतिक्त, भूनिम्ब और रोमसेनक यह चिरायते के नामहैं—एक दूसरे प्रकारका चिरायता नैपाल देशमें होताहै उसको अर्द्धतिक्त और ज्वरांतक भी कहते हैं—चिरायता. दस्तावर, रूखा, शीतल, तिक्त, हलका और सन्निपातज्वर, श्वास, कफ, रक्तपित्त, दाह, खांसी, सूजन, तृषा, कुष्ठ, ज्वर, घाव तथा कृमिका विनाशक होताहै ॥ १४० ॥

अथ इन्द्रयवः ॥

उक्तंकुटजबीजन्तुयवमिन्द्रयवंतथा । कलिंगञ्चापिकालिंगंतथाभद्रयवंस्मृतम् (इतिक्लीबेअमरःप्राह) क्वचिदिन्द्रस्यनामैवभवेत्तदभिधायकम् । फलानीन्द्रयवास्तस्यतथाभद्रयवाअपि॥ इन्द्रयवंत्रिदोषघ्नंसंग्राहिकटुशीतलम् । तिक्तंदाहहरंहन्तिरक्तपित्तप्रवाहिकाम् । ज्वरातीसाररक्तार्शोवमिवीसर्पकुष्ठनुत् । दीपनंगुदकीलास्रवातास्रश्लेष्मशूलजित् १४१

इन्द्रजौ के नाम और गुण ॥

कुटज के बीजको यव, इन्द्रयव, कलिंग, कालिंग और भद्रयव कहते हैं इसको अमरसिंहने नपुंसकलिंग में कहाहै और धन्वन्तरि कहते हैं कि इन्द्रके सम्पूर्ण नाम कुटज वृक्षके नाम हैं उसके फलको इंद्रयव और भद्रयव कहते हैं इंद्रयव त्रिदोषनाशक, ग्राही, कटु, शीतल, तिक्त, दाहनाशक, रक्तपित्तप्रवाहिकानाशक तथा दीपन और ज्वर अतीसार खूनी बवासीर, छर्दि, वीसर्प, कुष्ठ, गुदकील, रुधिरदोष, वातरक्त कफ तथा शूलका नाशक होताहै ॥ १४१ ॥

मयनफलम् ॥

मर्दनश्छर्दनःपिंडीनटःपिंडीतकस्तथा । करहाटोमरुवकःशल्यकोविषपुष्पकः । मदनोमधुरस्तिक्तोवीर्य्योष्णोलेखनोलघुः ॥ वान्तिकृद्विद्रधिहरःप्रतिश्यायव्रणान्तकः । रूक्षःकुष्ठकफानाहशोथगुल्मव्रणापहः ॥ १४२ ॥

मैनफल के नाम और गुण ॥

मर्दन, छर्दन, पिंड, नट, पिंडीतक, करहाट, मरुवक, शल्यक और विषपुष्पक यह मैनफलके नामहैं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मैनफल. मधुर, तिक्तरस, वीर्य्य में उष्ण, लेखन, हलका, छर्द्दिकारक, प्रतिश्यायनाशक, रूखा और विद्रधि, पीनस, कुष्ठ, कफ, आनाह, सूजन, गुल्म तथा व्रणनाशक होताहै ॥ १४२ ॥

अथ रासना ॥

रास्नायुक्तरसारस्या सुवहारसनारसा। एलापर्णीचसुरसासुगन्धाश्रेयसीतथा ॥ रास्नामपाचिनीतिक्तागुरूष्णाकफवातजित्। शोथश्वाससमीरास्रवातशूलोदरापहा ॥ कासज्वरविषाशीतिवातिकामयसिध्महृत् ॥ १४३ ॥

रासनाके नाम और गुण ॥

रासना, युक्तरसा, रस्या, सुवहा, रसना, रसा, एलापर्णी, सुरसा, सुगंधा और श्रेयसी यह रासनाके नामहैं, रासना. आमकी पचानेवाली, तिक्त, भारी, उष्ण और कफ, वात, सूजन, श्वास, वातरक्त, वातशूल, उदररोग, खांसी, ज्वर, विष, अस्सी प्रकारके वातरोग तथा सिध्मरोगकी नाशक होती है १४३॥

अथ रास्नाभेदनाईइतिलोके ॥

नाकुलीसरसानागसुगन्धागन्धनाकुली । नकुलेष्टाभुजङ्गाक्षीसर्प्पाङ्गीविषनाशिनी ॥ नाकुलीतुवरातिक्ताकटुकोष्णाविनाशयेत् । भोगीलूतावृश्चिकाखुविषज्वरकृमिव्रणान् ॥ १४४ ॥

रासनाका भेद अर्थात् नाईके नाम और गुण ॥

नाकुली, सुरसा, नागसुगन्धा, गन्धनाकुली, नकुलेष्टा, भुजंगाक्षी, सर्पाङ्गी और विषनाशिनी यह नाई के नामहैं, नाई. तिक्त कटु, कषायरसयुक्त, उष्ण और सर्प, मकडी, बिच्छू तथा मूसेका विष, ज्वर कृमि तथा घावकी नाशक होती है ॥ १४४ ॥

अथ माचिका ॥

(पश्चिमदेशेमोइआइतिलोकेप्रसिद्धोवृक्षविशेषः) माचिकाप्रस्थिकाम्बष्ठातथाचाम्बालिकाम्बिका। मयूरविदलाकेशी सहस्राबालमूलिका ॥ माचिकाम्लारसेपाकेकषाया शीतलालघुः। पक्वातीसारपित्तास्रकफकण्ठामयापहा ॥ १४५ ॥

माचिका अर्थात् पश्चिम देशमें मोइया इस प्रसिद्ध के नाम और गुण ॥

माचिका, प्रस्थिका, अम्बष्ठा, अम्बालिका, अम्बिका, मयूरविदला, केशी, सहस्रा और बालमूलिका यह माचिकाके नामहैं, माचिका. रसमें अम्ल, पाकमें कषाय, शीतल, हलकी और पक्वातीसार पित्त, रुधिरदोष, कफ तथा कंठके रोगोंकी नाशक होती है ॥ १४५ ॥

अथ तेजवती ॥

तेजवल्कलइतिच। तेजस्विनीतेजवती तेजोह्वातेजनीतथा॥ तेजस्विनीकफश्वासकासास्यामयवातहृत्। पाचन्युष्णाकटुस्तिक्तारुचिवह्निप्रदीपिनी ॥ १४६ ॥

तेजवती के नाम और गुण ॥

तेजस्विनी, तेजवती, तेजोह्वा और तेजनी यह तेजोवती के नामहैं, तेजवती. कफ, श्वास, खांसी, मुखके रोग तथा वातकी नाशक, पाचक, उष्ण, कटु, तिक्तरसयुक्त, रुचिकारक और अग्निदीपक होती है ॥ १४६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ उमिजिनीमालकांगुनीइतिवा ॥

ज्योतिष्मतीस्यात्कटभीज्योतिष्काकङ्गुनीतिच। पारावतपदीपण्यालताप्रोक्ताककुन्दनी ॥ ज्योतिष्मतीकटुस्तिक्तासराकफसमीरजित्। अत्युष्णवमनीतीक्ष्णावह्निबुद्धिस्मृतिप्रदा ॥ १४७ ॥

मालकांगनीके नाम और गुण ॥

ज्योतिष्मती,कटभी,ज्योतिष्का,कंगुनी, पारावतपदी, पण्यालता और ककुन्दनी यह मालकागनी के नामहैं, मालकांगनी. कटु तिक्तरसयुक्त, सारक, कफ वातनाशक, अत्यन्त उष्ण, छर्द्दिकारक तीक्ष्ण और अग्नि, बुद्धि तथा स्मृति की देनेवाली होती है ॥ १४७ ॥

अथ कूटः ॥

कुष्ठरोगाह्वयंवाप्यंपारिभव्यन्तथोत्पलम् ॥ कुष्ठमुष्णङ्कटुस्वादुशुक्रलन्तिक्तकंलघु ॥ हन्तिवातास्रवीसर्पकासकुष्ठमरुत्कफान् ॥ १४८ ॥

कूटके नाम और गुण ॥

कुष्ठ,रोगाह्वय, वाप्य,पारिभव्य और उत्पल यह कूटके नामहैं, कूट. उष्ण,कटु, तिक्त मधुररसयुक्त, वीर्य्यवर्द्धक, हलकी और वातरक्त, वीसर्प, खांसी, कुष्ठ, वात तथा कफनाशक होती है ॥ १४८ ॥

अथ कुष्ठभेदपुष्करमूलम् ॥

उक्तंपुष्करमूलन्तुपौष्करंपुष्करञ्चतत्। पद्मपत्रञ्चकाश्मीरंकुष्ठभेदमिमंजगुः ॥ पौष्करं कटुकन्तिक्तमुष्णंवातकफज्वरान्। हन्तिशोथारुचिश्वासान्विशेषात्पार्श्वशूलनुत् १४९ ॥

पुष्करमूल के नाम और गुण ॥

पुष्करमूल, पौष्कर, पुष्कर, पद्मपत्र, काश्मीर और कुष्ठभेद यह पुष्करमूलके नामहैं, पुष्करमूल कटु तिक्तरसयुक्त, उष्ण और वातकफज्वर, सूजन, अरुचि तथा श्वासनाशक होताहै और यह विशेष पसली की पीडामें अत्यन्तगुणदायक है ॥ १४९ ॥

अथ चोक ॥

कटुपर्णीहैमवतीहेमक्षीरीहिमावती। हेमाह्वापीतदुग्धाचतन्मूलञ्चोकमुच्यते ॥ हेमाह्वारेचनीतिक्ताभेदिन्युत्क्लेशकारिणी। कृमिकण्डूविषानाहकफपित्तास्रकुष्ठनुत् ॥ १५० ॥

चोकके नाम और गुण ॥

कटुपर्णी, हैमवती,हेमक्षीरी, हिमावती, हेमाह्वा और पीतदुग्धा, यह कटुपर्णी के नामहैं इसकी जडको चोक कहते हैं, चोक.दस्तावर, तिक्त, भेदक, मचली करनेवाली और कृमि, कंडू,विष, आनाह कफ, पित्त, कुष्ठ तथा रक्तदोषकी नाशक होती है ॥ १५० ॥

अथ काकराशृंगी ॥

शृंगीकर्कटशृंगीचस्यात्कुलीरविषाणिका। अजशृंगीचवक्त्राचकर्कटाख्याचकीर्तिता ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शृंगीकषायातिक्तोष्ण कफवातक्षयज्वरान् । श्वासोऽर्द्ध्ववाततृट्कासहिक्कारुचिवमीन् हरेत् ॥ १५१ ॥

काकडासिंगी के नाम और गुण ॥

शृंगी, कर्कटशृंगी, कुलीर, विषाणिका, अजशृंगी, वक्रा और कर्कटाख्या यह काकडासिंगी के नामहैं, काकडासिंगी. तिक्त कषायरसयुक्त, उष्ण और कफ वात क्षय, ज्वर, श्वास, ऊर्द्ध्व वात, तृषा खांसी, हिचकी, अरुचि तथा छर्द्दिकी नाशक होती है ॥ १५१ ॥

अथ कायफरस्यनामगुणाः ॥

कट्फलःसोमवल्कश्च कैटर्य्यःकुम्भिकाऽपिच । श्रीपर्णीकाकुमुदिकाभद्राभद्रवतीतिच ॥ कट्फलस्तुवरस्तिक्तःकटुर्वातकफज्वरान् । हन्तिश्वासप्रमेहार्शःकासकण्ठामयारुचीः ॥ १५२ ॥

कायफल के नाम और गुण ॥

कट्फल, सोमवल्क, कैटर्य्य, कुंभिका, श्रीपर्णिका, कुमुदिका, भद्रा और भद्रवती यह कायफलके नामहैं, कायफल. कषाय तिक्त और कटुरसयुक्त और वातकफज्वर, श्वास, प्रमेह, बवासीर, खांसी, कंठरोग तथा अरुचिका नाशक होताहै ॥ १५२ ॥

अथ भार्ङ्गीवभनेटीइतिच ॥

भार्ङ्गीभृगुभवापद्माफञ्जीब्राह्मणयष्टिका । ब्राह्मण्यंगारवल्लीचखरशाकाचहञ्जिका ॥ भार्ङ्गीरूक्षाकटुस्तिक्तारुच्योष्णापाचनीलघुः । दीपनीतुवरागुल्मरक्तमुन्नाशयेद्ध्रुवम् ॥ शोथकासकफश्वासपीनसज्वरमारुतान् ॥ १५३ ॥

भारंगीके नाम और गुण ॥

भार्ङ्गी, भृगुभवा, पद्मा, फंजी, ब्राह्मणयष्टिका, ब्राह्मणी, अंगारवल्ली, खरशाका और हञ्जिका यह भारंगीके नामहैं, भारंगी. रूखी, कटुतिक्तकषायरसयुक्त, रुचिकारक, उष्ण, पाचक, लघु, दीपन और गुल्म, रुधिर, सूजन, खांसी, कफ, श्वास, पीनस, ज्वर तथा वातनाशक होती है ॥ १५३ ॥

अथ पाषाणभेदः ॥

पाषाणभेदकोऽश्मघ्नोगिरिभिद्भिन्नयोजनी। अश्मभेदोहिमस्तिक्तःकषायोवस्तिशोधनः ॥ भेदनोहन्तिदोषार्शोगुल्मकृच्छ्राश्महृद्रुजः । योनिरोगान्प्रमेहांश्च प्लीहशूलव्रणानिच ॥ १५४ ॥

पाषाणभेदके नाम और गुण ॥

पाषाणभेद, अश्मघ्न, गिरिभित् और भिन्नयोजनी यह पाषाणभेद के नामहैं, पाषाणभेद. शीतल, तिक्त कषायरसयुक्त, मूत्राशयका शोधक, भेदक और त्रिदोष, बवासीर, गुल्म, मूत्रकृच्छ्र, पथरी, हृदयकेरोग, योनिरोग, प्रमेह, प्लीहा, शूल तथा घावका नाशक होताहै ॥ १५४ ॥

अथ धावई ॥

धातकीधातुपुष्पीचताम्रपुष्पीचकुञ्जरा। सुभिक्षाबहुपुष्पीचवह्निज्वालाचसास्मृता॥ धातकीकटुकाशीतामृदुकृत्तुवरालघुः। तृष्णातीसारपित्तास्रविषकृमिविसर्पजित् १५५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

धवई के नाम और गुण ॥

धातुकी, धातुपुष्पी, ताम्रपुष्पी, कुंजरा, सुभिक्षा, बहुपुष्पी और [illegible] यह धवई के नाम हैं धवई. कटु, कषायरसयुक्त, शीतल, कोमलता करनेवाली, हल्की और [illegible], अतीसार, पित्त, रक्तदोष, विष, कृमि और वीसर्पनाशक होती है ॥ १५५ ॥

अथ मञ्जिष्ठा ॥

मञ्जिष्ठाविकसाजिङ्गीसमंगाकालमेषिका । मण्डूकपर्णीभण्डीरीभण्डीयोजनवल्ल्यपि ॥ रसायन्यरुणाकालारक्तांगीरक्तयष्टिका। भण्डीतकीचगण्डीरीमञ्जूषावस्त्ररञ्जिनी॥ मञ्जिष्ठामधुरातिक्ताकषायास्वरवर्णकृत् । गुरुरुष्णाविषश्लेष्मशोथयोन्यक्षिकर्णरुक् ॥ रक्तातीसारकुष्ठास्त्रवीसर्प्पव्रणमेहनुत् ॥ १५६ ॥

मजीठके नाम और गुण ॥

मंजिष्ठा, विकसा, जिंगी, समंगा, कालमेषिका, मंडूकपर्णी, भंडीरी, भंडी, योजनवल्ली, रसायनी, अरुणा काला, रक्तांगी, रक्तयष्टिका, भंडीतकी, गण्डीरी, मंजूषा और वस्त्ररंजिनी यह मजीठ के नाम हैं, मजीठ. मधुर तिक्त कषायरसयुक्त, स्वरको उत्तम करनेवाला, वर्णकोहित, भारी, उष्ण और विषकफ, सूजन, योनिरोग, नेत्ररोग, कर्णरोग और रक्तातीसार, कुष्ठ, रक्तदोष, वीसर्प, घाव तथा प्रमेहनाशक होता है ॥ १५६ ॥

अथ कुसुम्भ ॥

स्यात्कुसुम्भंवह्निशिखं वस्त्ररञ्जकमित्यपि । कुसुम्भंमधुरंरूक्षंवह्निकृद्रोचनंमतम् ॥ विण्मूत्रदोषशमनंकटूष्णंगुरुपित्तलम् । कृमिहृद्वातलंकृच्छ्रं रक्तपित्तकफापहम् १५७ ॥

कुसुंभके नाम और गुण ॥

कुसुंभ, वह्निशिख और वस्त्ररंजक यह कुसुम के नामहैं, कुसुम. मधुर, रूखा, दीपन, रोचक तथा मलमूत्रोंके दोषोंका नाशक, कटु, उष्ण, भारी, पित्तकारी, कृमिहारी तथा वातवर्द्धक और मूत्रकृच्छ्र, रक्तपित्त तथा कफनाशक होताहै ॥ १५७ ॥

अथ लाही ॥

लाक्षापलंकषालक्तो यावोवृक्षामयोजतुः । लाक्षावर्ण्याहिमाबल्यास्निग्धाचतुवरालघुः ॥ अनुष्णाकफपित्तास्त्रहिक्काकासज्वरप्रणुत् । व्रणोरःक्षतवीसर्प्पकृमिकुष्ठगदापहा ॥ अलक्तकोगुणैस्तद्वद्विशेषाद्व्यङ्गनाशनः ॥ १५८ ॥

लाखके नाम और गुण ॥

लाक्षा, पलंकषा, अलक्त, याव, वृक्षामय और जतु यह लाख के नामहैं, लाख. वर्ण के लिये हित, शीतल, बलकारक, स्निग्ध, कषाय, हलकी उष्णतासे रहित और कफ पित्तरक्तदोष, हिचकी, खांसी, ज्वर, घाव, उरःक्षत, वीसर्प, कृमि तथा कुष्ठरोगकी नाशक होती है और अलक्तकमें भी इसीप्रकार के गुण होते हैं यह व्यंगरोग में अधिक गुणकरताहै ॥ १५८ ॥

अथ हरिद्रा ॥

हरिद्राकाञ्चनीपीतानिशाख्यावरवर्णिनी । कृमिघ्नाहलदीयोषित्प्रियाहट्टविलासिनी॥ हरिद्राकटुकातिक्तारूक्षोष्णाकफपित्तनुत्।वर्ण्यात्वग्दोषमेहास्त्रशोथपांडुव्रणापहा १५९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हल्दी के नाम और गुण ॥

हरिद्रा-कांचनी-पीता-... वरवर्णिनी-कृमिघ्ना-हल्दी-योषितप्रिया और हट्टविलासिनी यह हल्दी के नामहैं-हल्दी.कटु ति... रसयुक्त-रूखी-उष्ण-वर्णके लिये हित और कफ पित्त त्वचादोष, प्रमेह रक्तदोष-सूजन-पांडु और ...व के रोगकी नाशक होती है ॥ १५६ ॥

कर्पूरहरदि ॥

दार्वीभेदाम्रगन्धाचसुरभीदारुदारुच । कर्पूराःपद्मपत्रास्यात्सुरीमत्सुरतारका॥ आम्रगन्धिर्हरिद्रायासाशीतावातलामता। पित्तहन्मधुरातिक्तासर्वकण्डूविनाशिनी ॥ १६० ॥

कपूरहल्दी के नाम और गुण ॥

दार्वीभेदा, आम्रगन्धा, सुरभीदारु, दारु, कर्पूरा, पद्मपत्रा, सुरीमत् और सुरतारका यह कपूरहल्दी के नामहैं, कपूरहल्दी. शीतल, वायुवर्द्धक, पित्तनाशक, मधुर तिक्त रसयुक्त और सब प्रकारकी खुजली की नाशक होती है ॥ १६० ॥ अथ वनहरदी ॥

अरण्यहलदीकन्दः कुष्ठवातास्रनाशनः ॥ १६१ ॥

वनहल्दी के गुण ॥

वनहल्दी नामका कन्द कुष्ठ और वातरक्तदोष का नाशक होताहै ॥ १६१ ॥

अथ दारुहरिद्रा ॥

दार्वीदारुहरिद्राचपर्ज्जन्यापर्ज्जनीतिच। कटंकटेरीपीताचभवेत्सैवपचम्पचा॥ सैव कालीयकःप्रोक्तस्तथाकालेयकोऽपिच । पीतद्रुश्चहरिद्रुश्च पीतदारुकपीतकम् ॥ दार्व्युष्णाकटुकातिक्तानेत्रकर्णास्यरोगनुत् । मेहकण्डूविसर्पघ्नी त्वग्दोषव्रणनाशिनी ॥ विषघ्नीस्वेदनीपित्तकफशोथविनाशिनी ॥ १६२ ॥

दारुहल्दी के नाम और गुण ॥

दार्वी,दारुहरिद्रा,पर्ज्जन्या,पर्ज्जनी,कटङ्कटेरी,पीता,पचम्पचा,कालीयक,कालेयक, पीतद्रु,हरिद्रु, पीतदारु और कपीतक यह दारुहल्दीके नामहैं दारुहल्दी. उष्ण,कटु तिक्त रसयुक्त, नेत्ररोग,कर्णरोग, मुखरोग, प्रमेह, खुजली, वीसर्प, त्वचाके दोष, घावपूरक,विषनाशक,पसीनाकारक और पित्तकफनाशक तथा शोथनाशक होती है ॥ १६२ ॥ रसांजनम् ॥

दार्वीक्काथसमंक्षीरंपादम्पक्कायथाघनम् । तदारसाञ्जनाख्यन्तन्नेत्रयोःपरमंहितम् ॥ रसाञ्जनन्तार्क्ष्यशैलं रसगर्भञ्चतार्क्ष्यजम् । रसाञ्जनंकटुश्लेष्मविषनेत्रविकारनुत् ॥ उष्णंरसायनन्तिक्तंछेदनंव्रणदोषहृत् ॥ १६३ ॥

रसौतके नाम और गुण ॥

दारुहल्दी के काढ़ेमें समभाग दूध मिलाकर परिपाक करने से जब चौथाई गाढ़ा शेष रहजाय उसको रसौत कहते हैं यह नेत्रोंको अत्यन्तहितकारी होता है रसांजन, तार्क्ष्यशैल, रसगर्भ और तार्क्ष्यज यह रसौतके नामहैं रसौत. कटु तिक्तरसयुक्त, उष्ण, रसायन, छेदन और कफ विष नेत्ररोग तथा घावनाशक होताहै ॥ १६३ ॥ अथ बाकुची ॥

अवल्गुजीबाकुचीस्यात् सोमराजीसुपर्णिका । शशिलेखाकृष्णफलासोमापूतफली

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तिच ॥ सो॰नवल्लीकालमेषीकुष्ठघ्नीचप्रकीर्त्तिता । बाकुचीमधु[illegible]काकटुपाकारसायनी॥ विष्टम्भहृद्धिमारुच्यासराश्लेष्मास्रपित्तनुत् । रूक्षाहृद्याश्[illegible]स[illegible]हज्वरकृमिप्रणुत् ॥ तत्फलंपित्तलंकुष्ठकफानिलहरंकटु । केश्यन्त्वच्यंवमिश्वासकास[illegible]मामपाण्डुनुत् १६४॥

बकुची के नाम और गुण ॥

अवल्गुज, बाकुची, सोमराजी, सुपर्णिका, शशिलेखा, कृष्णफला, सोमा, पूतिफली, सोमवल्ली, कालमेषी और कुष्ठघ्नी यह बकुचीके नामहैं बकुची. मधुर, तिक्तरसयुक्त, विपाकमें कटु, रसायन, विष्टम्भनाशक, शीतल, रुचिकारक, दस्तावर, कफनाशक, रक्तपित्तनाशक, रूखा, हृदयको हित और श्वास, कुष्ठ, प्रमेह, ज्वर तथा कृमिनाशक होती है बकुचीका फल. पित्तवर्द्धक, कटु, केशोंको हित, त्वचा का उपकारी और कुष्ठ कफ वात श्वास खांसी सूजन आमदोष तथा पांडुका नाशक होताहै ॥ १६४ ॥

अथ चक्रमर्द्दः ॥

चक्रमर्द्दःप्रपुन्नाटोदद्रुघ्नोमेषलोचनः। पद्माटःस्यादेड़गजश्चक्रीपुन्नाटइत्यपि ॥ चक्रमर्दोलघुःस्वादुरूक्षःपित्तानिलापहः । हृद्योहिमःकफश्वासकुष्ठदद्रुकृमीन्हरेत् ॥ हन्त्युष्णं तत्फलंकुष्ठकण्डूदद्रुविषानिलान् । गुल्मकासकृमिश्वासनाशनंकटुकंस्मृतम् ॥ १६५ ॥

पवांड़के नाम और गुण ॥

चक्रमर्द, प्रपुन्नाट, दद्रुघ्न, मेषलोचन, पद्माट, एड़गज, चक्री और पुन्नाट यह पवांड़के नामहैं पवांड़. हलका, मधुर, रूखा, हृदयको हित, शीतल और पित्त, वात, कफ, श्वास, कुष्ठ, दाद तथा कृमिका नाशक होताहै पवांड़ का फल. उष्ण, कटु और कुष्ठ, खुजली, दाद, विष, वात, गुल्म, खांसी, कृमि तथा श्वासनाशक होताहै ॥ १६५ ॥

अथ अतीसः ॥

विषात्वतिविषाविश्वाशृङ्गीप्रतिविषारुणा । शुक्लकन्दाचोपविषाभंगुराघुणवल्लभा ॥ विषासोष्णाकटुस्तिक्तापाचनीदीपनीहरेत् ।कफपित्तातिसारामविषकासवमिकृमीन् १६६॥

अतीसके नाम और गुण ॥

विषा, अतिविषा, विश्वा, शृङ्गी, प्रतिविषा, अरुणा, शुक्लकन्दा, उपविषा, भंगुरा और घुणवल्लभा यह अतीसके नामहैं, अतीस. उष्ण, कटु, तिक्तरसयुक्त, पाचक, दीपन और कफ, पित्त, अतीसार, आमरोग, विष, खांसी, छर्दि तथा कृमिनाशक होताहै ॥ १६६ ॥

अथ सावरलोधः । पठिआलोधइतिलोके ॥

लोध्रस्तिल्वस्तिरीटश्चशावरोगालवस्तथा ॥ द्वितीयःपट्टिकालोध्रःक्रमुकःस्थूलवल्कलः । जीर्णपत्रोबृहत्पत्रःपट्टीलाक्षाप्रसादनः ॥ लोध्रोग्राहीलघुःशीतश्चक्षुष्यःकफपित्तनुत् । कषायोरक्तपित्तासृग्ज्वरातीसारशोथहृत् ॥ १६७ ॥

लोध और पठानीलोधके नाम और गुण ॥

लोध्र, तिल्व, तिरीट, शावर और गालव यह लोधके नामहैं पट्टिकालोध्र, क्रमुक, स्थूलवल्कल जीर्णपत्र, बृहत्पत्र, पट्टी और लाक्षाप्रसादन यह पठानीलोधके नामहैं लोध. ग्राही, हलका, शीतल नेत्रों को हित, कफ पित्तनाशक, कषाय और रक्तपित्त, रक्तदोष, ज्वर, अतीसार तथा सूजनका नाशक होताहै १६७ ॥

१ त्रिविधातिविषाज्ञेया शुक्लाकृष्णातथारुणा ॥ रसवीर्य्यविपाकेषु निर्विशेषगुणाचसा ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ लशुनः ॥

लशुनस्तुरसोनः[illegible]ग्रगन्धोमहौषधम्। अरिष्टोम्लेच्छकन्दश्चयवनेष्टोरसोनकः। यदामृतंवैनतेयो जह्रे सुरसत्तमात् ॥ तदाततोऽपतद्बिन्दुःसरसोनोऽभवद्भुवि। पञ्चभिश्चरसैर्युक्तो रसे[illegible]म्लेनवर्ज्जितः ॥ तस्माद्रसोनइत्युक्तोद्रव्याणांगुणवेदिभिः। कटुकश्चापिमूलेषुतिक्तःपत्रेषुसंस्थितः ॥ नालेकषायउद्दिष्टोनालाग्रेलवणःस्मृतः। बीजेतुमधुरःप्रोक्तोरसस्तद्गुणवेदिभिः ॥ रसोनोबृंहणोवृष्यःस्निग्धोष्णःपाचनःसरः। रसेपाकेचकटुकस्तीक्ष्णोमधुरकोमतः ॥ भग्नसंधानकृत्कण्ठ्योगुरुःपित्तास्रवृद्धिदः। बलवर्णकरोमेधाहितोनेत्र्योरसायनः। हृद्रोगजीर्णज्वरकुक्षिशूलविबन्धगुल्मारुचिकासशोफान्॥ दुर्नामकुष्ठानलसादजन्तुसमीरणश्वासकफांश्चहन्ति। मद्यंमांसंतथाम्लञ्चहितंलशुनसेविनाम् ॥ व्यायाममातपंरोषमतिनीरंपयोगुडम्। रसोनमश्नन्पुरुषस्त्यजेदेतान्निरन्तरम् ॥ १६८ ॥

लहसन के नाम उत्पत्ति और गुण ॥

लशुन, रसोन, उग्रगन्ध, महौषध, अरिष्ट, म्लेच्छकन्द, यवनेष्ट और रसोनक यह लहसन के नामहैं, जिस समय गरुडजीने इंद्रसे अमृत छीनलिया था उस समय उस अमृतसे एक बूंद पृथ्वी पर गिरपडी उसी से लहसन उत्पन्नहुआहै, लहसनमें अम्लरस के विना पांचो रस होते हैं इसी से इसका नाम रसोनहै, लहसनकी जडमें कटु पत्र में तिक्त, नाल में कषाय, नालके अग्रभाग में लवण और बीज में मधुररस होताहै, यह उसके रसज्ञ लोगोंने कहाहै, लहसन. धातुवर्द्धक, वीर्य्यवर्द्धक, स्निग्ध, उष्ण, पाचक, सारक, कटु मधुर रसयुक्त,विपाकमें कटु, तीक्ष्ण,टूटेको जोडनेवाला गलेका शुद्धकरनेवाला, कंठको हित, भारी, रक्तपित्तवर्द्धक, बलकारी, वर्णको उत्तम करनेवाला मेधाको हित, नेत्रोंको हित, रसायन और हृदय के रोग, जीर्णज्वर, कुक्षिकी पीडा विबन्ध, गुल्म अरुचि, खांसी, सूजन, बवासीर, कुष्ठ, आमदोष, मंदाग्नि,कृमि, वात श्वास तथा कफनाशक होताहै, लहसन खानेवाले पुरुषको मद्य, मांस तथा खट्टी वस्तु हित है और व्यायाम, धूप, क्रोध बहुत जलपान, दुग्ध और गुड यह संपूर्ण निरन्तर त्यागकरने के योग्य हैं ॥ १६८ ॥

अथ पलाण्डुः ॥

पलाण्डुर्यवनेष्टश्चदुर्गन्धोमुखदूषकः। पलाण्डुस्तुगुणैर्ज्ञेयोरसोनसदृशोगुणैः ॥ स्वादुपाकेरसोऽनुष्णःकफकृन्नातिपित्तलः। हरतेकेवलंवातंबलवीर्य्यकरोगुरुः ॥ १६९ ॥

प्याजके नाम और गुण ॥

पलांडु, यवनेष्ट, दुर्गन्ध और मुखदूषक यह प्याज के नाम हैं, प्याजमें लहसनके समान गुणहैं और विशेषता यहहै कि प्याज.रस तथा पाक में मधुर, शीतल, कफकृत् कुछ पित्तकारक,केवल वातनाशक बलवीर्य्यवर्द्धक और भारी होती है ॥ १६९ ॥

अथ भल्लातकम् ॥

भल्लातकंत्रिषुप्रोक्तमरुष्कोऽरुष्करोऽग्निकः। तथैवाग्निमुखीभल्लीवीरवृक्षश्चशोफकृत् ॥ भल्लातकफलंपक्कंस्वादुपाकरसंलघु। कषायंपाचनंस्निग्धंतीक्ष्णोष्णंछेदिभे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दनम् ॥ मेध्यंवह्निकरंहन्तिकफवातव्रणोदरम् । कुष्ठार्शोग्रहणी[illegible]गुल्मशोफानाहज्वरकृमी
न् ॥ तन्मज्जामधुरोवृष्योबृंहणोवातपित्तहा । वृन्तमारुष्कर[illegible]मधुपित्तघ्नंकेश्यमग्निकृ
त् ॥ भल्लातकःकषायोष्णःशुक्लोमधुरोलघुः । वातश्लेष्म[illegible]नाहकुष्ठार्शोग्रहणीग
दान् ॥ हन्तिगुल्मज्वरश्वित्रवह्निमांद्यकृमिव्रणान् ॥ १७० ॥

भिलावेके नाम और गुण ॥

भल्लातक शब्द त्रिलिंगी है, अरुष्क, अरुष्कर, अग्निक, अग्निमुखी, भल्ली, वीरवृक्ष और शोफकृत्, यह भिलावेके नामहैं, भिलावेका पक्काफल-मधुर कषायरसयुक्त पाक में मधुर, हलका, पाचक स्निग्ध, तीक्ष्ण, उष्ण, छेदक, भेदक, मेधाको हित, अग्निकारक और कफ, वात, घाव, उदर, कुष्ठ बवासीर, ग्रहणी, गुल्म, सूजन, आनाह,ज्वर तथा कृमिनाशक होताहै, उसकी मींगी.मधुर वीर्य्यवर्द्धक, धातुवर्द्धक और वात तथा पित्तनाशक होता है गोलभिलावा. मधुर, पित्तनाशक, केशों को हित और अग्निवर्द्धक होताहै, भिलावा. कषाय मधुर रसयुक्त, उष्ण, वीर्यवर्द्धक, हलका और वातकफ, उदर, आनाह, कुष्ठ, बवासीर, ग्रहणी, गुल्म, ज्वर, श्वित्र, मंदाग्नि, कृमि तथा घावनाशक होता है ॥ १७० ॥

अथ भंगा ॥

भंगागञ्जामातुलानीमादिनीविजयाजया । भंगाकफहरीतिक्ताग्राहिणीपाचनीलघुः॥ तीक्ष्णोष्णापित्तलामोहमन्दवाग्वह्निवर्द्धिनी । मदनोद्दीपनीनिद्राजननीहर्षदायिनी ॥ धनुस्तम्भंजलत्रासंविषूचिंचमदात्ययम्। प्रवृत्तिंरजसाबर्क्कींहन्त्यापत्यप्रसूतिकृत् १७१ ॥

भांगके नाम और गुण ॥

भंगा,गंजा,मातुलानी,मादिनी,विजया और जया-यह भंगके नामहैं,भंग. कफनाशक,तिक्त,ग्राही पाचक, हलकी, तीक्ष्ण,उष्ण,पित्तवर्द्धक, मोह तथा मदकारक और वाक्य तथा अग्निकी भी बढ़ाने वाली व कामोद्दीपक, निद्राजनक और हर्षदायक होतीहै इसके सेवन करने से धनुस्तंभ वायु,जल त्रास, विषूचिका मदात्यय और अधिक रज प्रवृत्ति का निवारण तथा इसके द्वारा जरायु की शिथिलता दूरहोकर प्रसवबाधा नष्ट होतीहै ॥ १७१ ॥ अथ पोस्ता ॥

तिलभेदःखसतिलःखाखसश्चापिसस्मृतः । स्यात्खाखसफलोद्भूतंवल्कलंशीतलं लघु ॥ ग्राहितिक्तंकषायञ्चवातकृत्कफास्रहृत् । धातूनांशोषकंरूक्षंमदकृद्वाग्विवर्द्धनम्॥ मुहुर्मोहकरंरुच्यंसेवनात्पुंस्त्वनाशनम् ॥ १७२ ॥

पोस्तके नाम और गुण ॥

तिलभेद, खसतिल और खाखस यह पोस्ते के नाम हैं,पोस्ते का वक्कल. शीतल, हलका, ग्राही तिक्त कषाय रसयुक्त, वातवर्द्धक , कफ तथा खांसीनाशक, धातुओं का सुखानेवाला, रूखा, मदकारक, वाक्यवर्द्धक, वारंवार मोह करनेवाला, रुचिकारक और अधिक सेवन करने से पुरुषार्थ का नाशक होता है ॥ १७२ ॥

अथ अफीम ॥

उक्तंखसफलक्षीरमाफूकमहिफेनकम् । आफूकंशोषणंग्राहिश्लेष्मघ्नंवातपित्तलम् ॥ आक्षेपशमनंनिद्राजननंमदकारिच ।स्वेदनंवेदनाहृच्चमूत्रातीसारनुत्परम् ॥ कासश्वासा तिसारघ्नंशोणितस्रुतिवारणम्। तथाखसफलोद्भूतवल्कलप्रायमित्यपि ॥ १७३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अफीम के नाम और गुण ॥

पोस्त फल के दूधको [illegible]और अहिफेण कहते हैं, अफीम. सुखानेवाली, ग्राही, कफनाशक, वातपित्तवर्द्धक, आक्षेप[illegible]नाशक, निद्राजनक, मादक, स्वेदकारक, वेदनानाशक, मूत्रातीसार, खांसी, श्वास, अतीसार [illegible] रक्तस्रावको निवारणकरतीहै और प्रायः पोस्तके वल्कलकेही समान इसमें गुण होते हैं ॥ १७[illegible]॥

अथ खाखसबीजानि ॥

उच्यन्तेखसबीजानि तेखाखसतिलाअपि । खसबीजानिबल्यानि वृष्याणिसुगुरूणि च ॥ जनयन्तिकफंतानि शमयन्तिसमीरणम् ॥ १७४ ॥

खसखस के नाम और गुण ॥

खसबीज और खाखसतिल यह खसखस के नाम हैं, खसखस.बलकारक, वीर्यवर्द्धक, बहुत भारी, कफकारक और वातनाशक होतीहै ॥ १७४ ॥

अथ सैन्धवः ॥

सैन्धवोऽस्त्रीशीतशिवं माणिमंथञ्चासिंधुजम् । सैन्धवंलवणंस्वादुदीपनंपाचनंलघु ॥ स्निग्धंरुच्यंहिमंवृष्यं सूक्ष्मंनेत्र्यंत्रिदोषहृत् ॥ १७५

सेंधोनोन के नाम और गुण ॥

सैंधव शब्द पुंलिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग, शीतशिव, माणिमन्थ और सिन्धुज यह सेंधोनोन के नाम हैं, सेंधानोन. लवण मधुर रसयुक्त, दीपन, पाचक, हलका, स्निग्ध, रुचिकारक, शीतल, वीर्य-वर्द्धक, सूक्ष्म, नेत्रहित और त्रिदोषनाशक होता है ॥ १७५ ॥

अथ शाकम्भरि ॥

शाकम्भरीयंकथितं गुडाख्यंरोमकन्तथा । गुडाख्यंलघुवातघ्नमत्युष्णंभेदिपित्तलम् ॥ तीक्ष्णोष्णञ्चापिसूक्ष्मञ्चाभिष्यन्दिकटुपाकिच ॥ १७६ ॥

सांभरनोनके नाम और गुण ॥

शाकंभरीय, गुडाख्य और रोमक यह सांभरनोनके नाम हैं, सांभरनोन. हलका, वातनाशक, अतिउष्ण, भेदक, पित्तवर्द्धक, तीक्ष्ण, उष्ण, सूक्ष्म, अभिष्यंदी और विपाकमें कटु होताहै ॥ १७६ ॥

अथ पांगा ॥

सामुद्रंयत्तुलवणमक्षीवंवशिरञ्चतत् । सामुद्रजंसागरजं लवणोदधिसम्भवम् ॥ सामुद्रंमधुरम्पाके सतिक्तंमधुरंगुरु । नात्युष्णंदीपनंभेदि सक्षारमविदाहिच ॥ श्लेष्मलंवात नुत्तीक्ष्णमरूक्षंनातिशीतलम् ॥ १७७ ॥

पांगानोन के नाम और गुण ॥

सामुद्रलवण, अक्षीव, वशिर, सामुद्रज, सागरज और लवणोदधिसंभव यह पांगानोनके नाम हैं, पांगानोन. पाक में मधुर, तिक्त, मधुररसयुक्त, भारी, मंदोष्ण, दीपन, भेदक, क्षारयुक्त, विदाहरहित, कफकारक, वातनाशक, तीक्ष्ण, रूक्षतारहित और कुछ शीतल होताहै ॥ १७७ ॥

अथ विरिआसोचर इति ॥

विडम्पाकञ्चकतकं तथाद्राविडमासुरम् । विडंसक्षारमूर्ध्वाधः कफवातानुलोमनम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पाचक, सारक और शूलगुल्म, विबन्ध, आमदोष वातकफ छर्दि, तृषा, मुखकी विरसता, हृदय के रोग तथा मन्दाग्निका नाशक होताहै ॥ १८६ ॥

इति श्रीमिश्रलटकनतनयश्रीमिश्रभावविरचितभावप्रकाशस्यभाषानुवादे हरीतक्यादिवर्गःप्रथमः ॥ समाप्तः

अथ कर्पूरादिवर्गः (तत्रादौकर्पूरस्य नामगुणाश्च) ॥

पुंसिक्लीबेचकर्पूरःसिताभ्रोहिमवालुकः । घनसारश्चन्द्रसंज्ञः हिमनामापिसस्मृतः॥ कर्पूरःशीतलोवृष्यश्चक्षुष्योलेखनोलघुः । सुरभिर्मधुरस्तिक्तः कफपित्तविषापहः ॥ दाहतृष्णास्यवैरस्य मेदोदौर्गन्ध्यनाशनः॥ आक्षेपशमनोनिद्राजननोघर्मवर्धनः। वेदनाहारकःकामशान्तिकृच्छुक्रमेहहृत् ॥ कर्पूरोद्विविधःप्रोक्तः पक्वापक्वप्रभेदतः ॥ पक्वात्कर्पूरतःप्राहुरपक्वंगुणवत्तरम् ॥ १ ॥

अथकर्पूरादिवर्गः । कपूरके नाम और गुण ॥

कर्पूरशब्द पुंलिङ्ग और नपुंसकलिंगहै सिताभ्र, हिमवालुक, घनसार, चन्द्र और हिम यह कपूर के नाम हैं, कपूर. शीतल, वीर्य्यवर्द्धक, नेत्रोंकोहित, लेखन, हलका, सुगन्धियुक्त, मधुर तिक्तरस युक्त और कफपित्त, विष, दाह, तृषा, मुखकी विरसता, मेदरोग तथा दुर्गन्धिनाशक, आक्षेपवातनाशक, निद्राजनक, स्वेदवर्धक, वेदनाहारक और कामवेगशान्तकारक तथा शुक्रप्रमेहनाशक होता है, कपूरकच्चा तथा पक्का इनदोप्रकारोंका होताहै, पक्के कपूरकी अपेक्षा कच्चाकपूर अधिक गुणकारी होताहै ॥ १ ॥

अथ चीनिआकर्पूरः ॥

चीनकश्चीनकर्पूरःकृत्रिमोधवलःपटुः । मेघसारस्तुषारश्चद्वीपकर्पूरजःस्मृतः ॥ चीनाकसंज्ञःकर्पूरःकफक्षयकरःस्मृतः । कुष्ठकंडूवमिहरस्तथातिक्तरसश्चसः ॥ २ ॥

चीनियाकपूर के गुण ॥

चीनक, चीनकर्पूर, कृत्रिम, धवल, पटु, मेघसार, तुषार और द्वीपकर्पूरज यह चीनियाकपूर के नामहैं चीनाक नाम कपूर. कफनाशक, तिक्तरसयुक्त, कोढ़ और खुजली तथा छर्दिनाशक होताहै २॥

अथ कस्तूरी ॥

मृगनाभिर्मृगमदः कथितस्तुसहस्रभित् । कस्तूरिकाचकस्तूरी वेधमुख्याचसास्मृता ॥ कामरूपोद्भवाश्रेष्ठानेपालीमध्यमाभवेत् । कामरूपोद्भवाकृष्णानैपालीनीलवर्णयुक्॥ काश्मीरदेशसम्भूता कस्तूरीह्यधमामता । काश्मरीकपिलच्छायाकस्तूरीत्रिविधास्मृता॥ कस्तूरिकाकटुस्तिक्ताक्षारोष्णाशुक्रलागुरुः।कफवातविषच्छर्दिशीतदौर्गन्ध्यशोषहृत् ३ ॥

कस्तूरी के नाम और गुण ॥

मृगनाभि, मृगमद, सहस्रभित, कस्तूरिका, कस्तूरी और वेधमुख्या यह कस्तूरी के नामहैं, कामरूपदेशमें उत्पन्न हुई कस्तूरी कृष्णवर्ण तथा उत्तम होती है, नैपालदेश में उत्पन्न हुई नीलवर्ण तथा मध्यम होती है और कश्मीरदेश में उत्पन्न हुई कस्तूरी कुछ कपिल वर्ण तथा निकृष्ट होती है इस प्रकार कस्तूरी के तीन भेद होते हैं, कस्तूरी. कटुतिक्तरसयुक्त, क्षार, उष्ण, वीर्यवर्द्धक, भारी और कफ, वात, विष, छर्दि, शीत, दुर्गन्धि तथा शोषरोगकी नाशक होती है ॥ ३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ मुमुकदाना ॥

लताकस्तूरिकातिक्ता स्वाद्वीवृष्याहिमालघुः। चक्षुष्याच्छेदिनीश्लेष्मतृष्णावस्त्यास्य रोगहृत् ॥ ४ ॥

लताकस्तूरीके गुण ॥

लताकस्तूरी (वेदमुश्क) तिक्त मधुर रसयुक्त, वीर्य्यवर्द्धक, शीतल, हलकी, नेत्रोंकोहित, छेदक और कफ, तृषा, मूत्राशय के रोग तथा मुखरोगनाशक होती है ॥ ४ ॥

अथ गौरासाखभेद आएडी इति लोके ॥

गन्धमार्ज्जारवीर्य्यन्तुवीर्य्यकृत्कफवातहृत्।कण्डुकुष्ठहरंनेत्र्यंसुगन्धंस्वेदगन्धनुत् ५॥

आंडी (मुश्कबिलाई) के गुण ॥

आंडीको गन्धमार्जारबीज कहते हैं यह वीर्यवर्द्धक नेत्रोंको हित, सुगन्धियुक्त और कफ बात खुजली कुष्ठ तथा पसीने की दुर्गन्धिनाशक होती है ॥ ५ ॥

अथ चन्दनम् ॥

श्रीखण्डंचन्दनंनस्त्रीभद्रश्रीस्तैलपर्णिकः।गन्धसारोमलयजस्तथाचन्द्रद्युतिश्चसः॥ स्वादेतिक्तंकषेपीतंच्छेदेरक्तंतनौसितम्। ग्रन्थिकोटरसंयुक्तंचन्दनंश्रेष्ठमुच्यते ॥ चन्दनं शीतलंरूक्षंतिक्तमाह्लादनंलघु। श्रमशोषविषश्लेष्मतृष्णापित्तास्रदाहनुत ॥ ६ ॥

श्वेतचन्दनके नाम और गुण ॥

श्रीखण्ड, चन्दन शब्द पुंलिंग और नपुंसकलिंग है भद्रश्री तैलपर्णिक गन्धसार मलयज और चन्द्रद्युति यह चन्दनके नामहैं स्वादुमें तिक्त रगड़नेसे पीला काटने से लाल ऊपर देखने में श्वेतवर्ण और गांठ तथा गढ्ढोंसेयुक्त चन्दन श्रेष्ठ होताहै चन्दन शीतल रूखा तिक्त प्रसन्न करनेवाला हलका और श्रम, शोष, विष, कफ, तृषा, पित्त, रक्तदोष तथा दाहनाशक होताहै ॥ ६ ॥

अथ पीतचन्दनम् ॥

कलम्बकइतिलोके। कालीयकन्तुकालीयंपीताभंहरिचन्दनम् ॥ हरिप्रियंकालसारं तथाकालानुसार्य्यकम्। कालीयकंरक्तगुणंविशेषाद्व्यंगनाशनम् ॥ ७ ॥

पीतचन्दन अर्थात् कलंबकके नाम और गुण ॥

कालीयक कालीय पीताभ हरिचन्दन हरिप्रिय कालसार और कालानुसार्य्यक यह पीतचन्दन के नामहैं पीतचन्दन. गुणोंमें रक्तचन्दन के समानहै और विशेष करके मुखकी झांईको दूर करताहै ॥ ७ ॥

अथ रक्तचन्दनम् ॥

रक्तचन्दनमाख्यातं रक्तांगंक्षुद्रचन्दनम्। तिलपर्णंरक्तसारं तत्प्रवालफलंस्मृतम् ॥ रक्तंशीतंगुरुस्वादुछर्दितृष्णास्रपित्तहृत्। तिक्तंनेत्रहितंवृष्यंज्वरव्रणविषापहम् ॥ ८ ॥

रक्तचन्दन के नाम और गुण ॥

रक्तचन्दन रक्तांग क्षुद्रचन्दन तिलपर्ण, रक्तसार और प्रवालफल यह रक्तचन्दन के नाम हैं लाल-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चन्दन. शीतल, भारी, मधुरतिक्तरसयुक्त, नेत्रोंको हित, वीर्यवर्द्धक, छर्दि, तृषा, रक्तपित्तज्वर, व्रण तथा विषका नाशक होताहै ॥ ८ ॥

अथ वकम् ॥

पतंगंरक्तसारञ्चसुरंगंरञ्जनंतथा। पट्टरञ्जकमाख्यातंपत्तूरञ्चकुचन्दनम् ॥ पतंगंमधुरंशीतंपित्तश्लेष्मव्रणास्रनुत्। हरिचंदनवद्वेद्यंविशेषाद्दाहनाशनम् ॥ चन्दनानितुसर्वाणिसदृशानिरसादिभिः। गन्धेनतुविशेषोऽस्तिपूर्वःश्रेष्ठतमोगुणैः ॥ ९ ॥

पतंगके नाम और गुण ॥

पतंग, रक्तसार, सुरंग, रंजन, पट्टरंजक, पत्तूर और कुचन्दन यह पतंगकेनाम हैं पतंग. मधुर, शीतल और पित्तकफ घाव तथा रुधिरनाशक होताहै यह गुणोंमें हरिचन्दन के समानहै और विशेष करके दाहनाशक है सब प्रकार के चन्दन रसादिकों में तुल्य हैं केवल गन्ध में भेद है इनमें क्रमपूर्व्वक एक से दूसरा गुणों में श्रेष्ठहै ॥ ९ ॥

अथ अगुरु कृष्णागुरु अगुरुसत ॥

अगुरुप्रवरंलोहंराजार्हंयोगजंतथा। वंशिकंकृमिजंवापिकृमिजग्धमनार्यकम् ॥ अगुरूष्णंकटुत्वच्यंतिक्तंतीक्ष्णञ्चपित्तलम्। लघुकर्णाक्षिरोगघ्नंशीतवातकफप्रणुत् ॥ कृष्णंगुणाधिकंतत्तुलोहवद्वारिमज्जति। अगुरुप्रभवःस्नेहःकृष्णागुरुसमःस्मृतः ॥ १० ॥

अगर और काले अगरके नाम व गुण ॥

अगुरु, प्रवर, लोह, राजार्ह, योगज, वंशिक, कृमिज, कृमिजग्ध और अनार्यक यह अगरके नाम हैं अगर. उष्ण, कटु, तिक्त रसयुक्त, त्वचाको हित, तीक्ष्ण, पित्तवर्द्धक, हलका और कर्णरोग, नेत्ररोग, शीत, वात तथा कफनाशक होता है इसमें से काला अगर गुणों में अधिक है यह पानी में डालने से लोहे के समान डूबजाताहै अगर का तेलभी काले अगर के समान गुणकारी होताहै ॥ १० ॥

अथ देवदारुः ॥

देवदारुस्मृतंदारुभद्रंदार्विन्द्रदारुच। मस्तदारुद्रुकिलिमंकृत्रिमंसुरभूरुहः ॥ देवदारुलघुस्निग्धंतिक्तोष्णंकटुपाकिच। विबन्धाध्मानशोथामतन्द्राहिक्काज्वरास्रजित् ॥ प्रमेहपीनसश्लेष्मकासकण्डूसमीरनुत् ॥ ११ ॥

देवदारुके नाम और गुण ॥

देवदारु, दारुभद्र, दारु, इन्द्रदारु, मस्तदारु, द्रुकिलिम कृत्रिम और सुरभूरुह यह देवदारु के नाम हैं देवदारु. हलका, स्निग्ध, तिक्त, उष्ण, पाक में कटु और विबन्ध, आध्मान, सूजन, आमदोष, तन्द्रा, हिचकी, ज्वर, रक्तदोष, प्रमेह, पीनस, कफ, खांसी, खुजली तथा वात का नाशक होताहै ॥ ११ ॥

अथ धूपसरलः ॥

सरलःपीतवृक्षःस्यात्तथासुरभिदारुकः। सरलोमधुरस्तिक्तोकटुपाकरसोलघुः ॥ स्निग्धोष्णःकर्णकण्ठाक्षिरोगरक्षोहरःस्मृतः। कफानिलस्वेददाहकासमूर्च्छाव्रणापहः ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सरल अर्थात् एक प्रकार के देवदारुके नाम और गुण॥

सरल, पीतवृक्ष और सु[illegible]रू यह सरलकेनामहैं सरल.मधुर, तिक्त और कटुरसयुक्त, पाकमें कटु, हलका, स्निग्ध, उष्ण और [illegible]रोग, कंठरोग, नेत्ररोग, राक्षसोंकी पीडा, कफ, वात, स्वेद, दाह, खांसी, मूर्च्छा तथा घावका नाशक होताहै॥ १२॥

अथतगरम्॥

कालानुसार्य्यंतगरंकुटिलंलघुसंनतम्। अपरंपिण्डतगरंदण्डहस्तीचबर्हिणम्॥ तगरद्वयमुष्णंस्यात्स्वादुस्निग्धंलघुस्मृतम्। विषापस्मारशूलाक्षिरोगदोषत्रयापहम्॥१३॥

तगरके नाम और गुण॥

कालानुसार्य्य, तगर, कुटिल और लघुसन्नत यह तगरके नामहैं और दूसरे प्रकारके तगरको पिंडतगर दण्डहस्ती और बर्हिण कहते हैं यह दोनोंप्रकारके तगर. उष्ण, मधुर, स्निग्ध, लघु और विष, मृगी, शूल, नेत्ररोग तथा त्रिदोषनाशक होते हैं॥ १३॥

अथपद्मकम्॥

पद्मकंपद्मगन्धिस्यात्तथापद्माह्वयंस्मृतम्। पद्मकन्तुवरन्तिक्तंशीतलंवातलंलघु॥ वीसर्पदाहविस्फोटकुष्ठश्लेष्मास्रपित्तनुत्। गर्भसंस्थापनंवृष्यंवमित्रणतृषाप्रणुत्॥१४॥

पद्माक के नाम और गुण॥

पद्मक, पद्मगंधि और पद्म यह पद्माक के नामहैं, पद्माक. कषाय तिक्तरसयुक्त, शीतल, वातवर्द्धक हलका, गर्भका स्थापन करनेवाला, रुचिकारक और विसर्प, दाह, विस्फोट, कुष्ठ, कफ, रक्तदोष, पित्त, छर्दि, घाव तथा तृषाका नाशक होताहै॥ १४॥

अथगुग्गुलुः॥

गुग्गुलुर्देवधूपश्चजटायुःकौशिकःपुरः। कुस्तालूखलकंक्कीबेमहिषाक्षःपलङ्कषः॥ महिषाक्षोमहानीलःकुमुदःपद्मइत्यपि। हिरण्यःपञ्चमोज्ञेयोगुग्गुलोःपञ्चजातयः॥ भृंगाञ्जनसवर्णस्तुमहिषाक्षइतिस्मृतः। महानीलस्तुविज्ञेयःस्वनामसमलक्षणः॥ कुमुदःकुमुदाभःस्यात्पद्मोमाणिक्यसन्निभः। हिरण्याक्षस्तुहेमाभःपञ्चानांलिंगमीरितम्॥ महिषाक्षोमहानीलोगजेन्द्राणांहितावुभौ। हयानांकुमुदःपद्मःस्वस्त्यारोग्यकरौपरौ॥ विशेषेणमनुष्याणांकनकःपरिकीर्तितः। अभावान्महिषाक्षश्चयतःकैश्चिन्नृणामपि॥ गुग्गुलुर्विशदस्तिक्तोवीर्य्योष्णःपित्तलःसरः। कषायःकटुकःपाकेकटूरूक्षोलघुःपरः॥ भग्नसन्धानकृद्वृष्यःसूक्ष्मःस्वर्योरसायनः। दीपनःपिच्छिलोबल्यःकफवातव्रणापचीः॥ मेदोमेहाश्मवातांश्चक्लेदकुष्ठाममारुतान्। पिडिकाग्रन्थिशोफार्शोगण्डमालाकृमीन्जयेत्॥ माधुर्य्याच्छमयेद्वातंकषायत्वाच्चपित्तहा। तिक्तत्वात्कफजित्तेनगुग्गुलुःसर्व्वदोषहा॥ सनवोबृंहणोवृष्यःपुराणस्त्वतिलेखनः। स्निग्धःकाञ्चनसङ्काशःपक्वजम्बूफलोपमः॥ नूतनोगुग्गुलुःप्रोक्तःसुगन्धिर्यस्तुपिच्छिलः। शुष्कोदुर्गन्धकश्चैवत्यक्तप्रकृतिवर्णकः॥ पुराणःसतुविज्ञे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यःगुग्गुलुर्वीर्य्यवर्जितः। अम्लंतीक्ष्णमजीर्णञ्च व्यवायंश्रममातपम् ॥ मद्यंरोषन्त्यजे त्तुसम्यग्गुणार्थीपुरसेवकः ॥ १५ ॥

गूगल के नाम और गुण ॥

*गुग्गुलु, देवधूप, जटायु, कौशिक, पुर, कुस्तालु, उलूखल, (यह शब्द नपुंसकलिंगहै) महिषाक्ष और पलंकष यह गुग्गुलके नाम हैं महिषाक्ष, महानील, कुमुद, पद्म और हिरण्य यह पांच गुग्गुलके भेदहैं, यह महिषाक्ष गूगल भौंरे तथा अंजनके समान रंगवाला होताहै महानील गूगल अत्यन्तनील वर्ण होताहै, कुमुदनाम गूगल कुमुद के समान कांतिवाला होताहै, पद्मनाम गूगल माणिक्य के समान होताहै, और हिरण्याक्ष गूगल सुवर्ण के समान कान्तिवाला होताहै यह पांचों के लक्षण कहे गये हैं महिषाक्ष और महानील गूगल हाथियोंके लिये हितकारी होतेहैं, कुमुद और पद्मनाम गूगल घोड़ोंके लिये मंगलकारी और रोगनाशक होते हैं और हिरण्याक्ष गूगल मनुष्यों के लिये हितकारी है, कहीं २ महिषाक्ष गूगल भी मनुष्योंके प्रयोजनमें आताहै, गूगल विशद, तिक्त, कटु, कषायरस-युक्त, पाकमें कटु, वीर्यमें उष्ण, पित्तवर्द्धक, दस्तावर, रूखा, अत्यन्त लघु, टूटेको जोड़नेवाला, वीर्य-वर्द्धक, सूक्ष्म, स्वरको हित, रसायन, दीपन, फिसलाहटवाला, बलकारी और कफ, वात, घाव अपची, मेददोष, प्रमेह, पथरी, वातरोग, क्लेद, कुष्ठ, आमवात, पीड़िता, गंडमाला, ग्रंथि, सूजन बवासीर तथा कृमिका नाश करताहै, गूगल मधुरता से वातको, कषायरस से पित्तको और तिक्त रससे कफ को नाश करताहै इसप्रकार करके गूगल सर्वदोषों का नाशक है, नवीन गूगल मांस तथा वीर्य्यवर्द्धक होता है प्राचीन गूगल अत्यन्त कफकारक होता है, सुवर्ण के समान कान्तियुक्त पक्की जामन के समान वर्णवाला, सुगन्धित और पिच्छिल गूगल नवीन कहलाता है, सूखा दुर्गन्धितयुक्त, विकारी वर्णवाला और वीर्य्यरहित गूगल पुराना जानना चाहिये- गुणों की प्राप्ति की इच्छासे गूगल का सेवन करनेवाला पुरुष खट्टी, तीक्ष्ण तथा अजीर्ण करनेवाली वस्तु मैथुन परिश्रम धूप, मद्य और क्रोधको अच्छे प्रकार से छोड़े देवे ॥ १५ ॥

अथ सरलनिर्य्यासगुग्गुलुः ॥

श्रीवासःसरलस्रावःश्रीवेष्टोवृक्षधूपकः।श्रीवासोमधुरस्तिक्तःस्निग्धोष्णस्तुवरःसरः॥ पित्तलोवातमूर्द्धाक्षिस्वररोगकफापहः। रक्षोघ्नःस्वेददौर्गन्ध्यःयूकाकण्डूव्रणप्रणुत्॥१६॥

सरलनिर्यास (गंधाबिरोजा) के नाम और गुण ॥

श्रीवास, सरलस्राव, श्रीवेष्ट और वृक्षधूपक यह सरलनिर्यासके नामहैं, सरलनिर्यास मधुर तिक्त कषाय रसयुक्त, स्निग्ध, उष्ण, दस्तावर, पित्तवर्द्धक और वातरोग, शिररोग, नेत्ररोग, स्वरभंग कफ, राक्षसोंकी पीड़ा, पसीनेकी दुर्गन्धि, जुआं, खुजली तथा व्रणका नाशक होताहै ॥ १६ ॥

अथ रालः ॥

रालस्तुशालनिर्य्यासस्तथासर्ज्जरसःस्मृतः। देवधूपोयक्षधूपस्तथासर्वरसश्चसः ॥ रालोहिमोगुरुस्तिक्तःकषायोग्राहकोहरेत्। दोषास्रस्वेदवीसर्पज्वरव्रणविपादिकाः ॥ ग्रहभग्नाग्निदग्धाश्चशूलातीसारनाशनः ॥ १७ ॥

---

* जायन्तेसुरपादपामरुभुविग्रीष्मेऽर्कसंतापिताःशीतार्ताःशिशिरेपिगुग्गुलुरसंमुञ्चन्तितेपञ्चधा। हेमाभंमहिषाक्षतुल्यमपरंसत्प द्मरागोपमंभृङ्गाभंकुमुदद्युतिचविधिनाग्राह्यंपरीक्ष्याततः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

राल केनाम और गुण ॥

राल सालनिर्यास सर्जरस, देवधूप, यक्षधूप और सर्वरस यह रालके नामहैं, राल शीतल, भारी, तिक्त कषाय रसयुक्त, ग्राही और वातादिक दोष, रुधिरके दोष, स्वेद वीसर्प, ज्वर, घाव, बिवांई ग्रहोंके दोष- भग्नरोग- अग्निदग्ध- शूल और अतीसार इनसबका नाशक है ॥ १७ ॥

अथ कुंदुरुसुगन्धद्रव्यशल्लकीनिर्यासः ॥

कुन्दुरुस्तुमुकुन्दःस्यात्सुगन्धःकुन्दइत्यपि । कुन्दुरुर्मधुरस्तिक्तस्तीक्ष्णस्त्वच्यःकटुर्हरेत् ॥ ज्वरस्वेदग्रहालक्ष्मीमुखरोगकफाऽनिलान् ॥ १८ ॥

कुन्दुरु एकप्रकार की सुगन्धित द्रव्य जो शल्यकीवृक्षकागोंद है उसके नामगुण ॥

कुन्दुरु मुकुन्द सुगन्ध और कुन्द यह कुन्दुरुके नाम हैं कुन्दुरु मधुर तिक्त कटुरसयुक्त तीक्ष्ण त्वचा को हितकारी और ज्वर धूप ग्रहोंके दोष आलस्य मुखरोग कफ तथा वातका नाशक होताहै ॥ १८ ॥

अथ शिलारसः ॥

सिह्लकस्तुतुरुष्कःस्याद्यतोयवनदेशजः । कपितैलंचसंख्यातस्तथाचकपिनामकः ॥ सिह्लकःकटुकःस्वादुःस्निग्धोष्णाशुक्रकान्तिकृत् । वृष्यःकण्ठ्यःस्वेदकुष्ठज्वरदाहग्रहापहःमूत्राघाताश्मरीमूत्रकृच्छ्रकण्डूविनाशनः ॥ १९ ॥

शिलारस के नाम और गुण ॥

शिला रस यवनदेशमें उत्पन्न होताहै इसीसे इसको तुरुष्क कहते हैं सिह्लक, कपितैल और कपि यह शिलारसके नाम हैं शिलारस. कटु, मधुर, रसयुक्त, स्निग्ध, उष्ण, वीर्य्यवर्द्धक, कान्तिवर्द्धक, पुष्ट गलेका शुद्ध करनेवाला और स्वेद, कुष्ठ, ज्वर, दाह तथा ग्रहोंके दोषोंका दूर करनेवाला तथा मूत्राघात, पथरी, मूत्रकृच्छ्र और खुजलीका नाशक होताहै ॥ १९ ॥

अथ जायफल ॥

जातीफलंजातिकोशंमालतीफलमित्यपि । जातीफलंरसेतिक्तंतीक्ष्णोष्णंरोचनंलघु॥ कटुकंदीपनंग्राहिस्वर्य्यंश्लेष्मानिलापहम् । निहन्तिमुखवैरस्यंमलदौर्गन्ध्यकृष्णताः ॥ कृमिकासवमिश्वासशोषपीनसहृद्रुजः ॥ २० ॥

जायफल के नाम और गुण ॥

जातीफल, जातिकोश और मालती फल यह जायफलकेनामहैं जायफल—तिक्त, कटु रसयुक्त, तीक्ष्ण, उष्ण, रुचिकारक, हलका, दीपन, ग्राही, स्वरकोहित और कफ वात मुखकी विरसता, मलकी दुर्गन्धि तथा कृष्णता कृमि खांसी छर्दि श्वास शोष पीनस तथा हृदय के रोगोंका नाशक होताहै ॥ २० ॥

अथ जावत्री ॥

जातीफलस्यत्वक्प्रोक्ताजातीपत्रीभिषग्वरैः । जातिपत्रीलघुःस्वादुःकटूष्णारुचिवर्णकृत् ॥ कफकासवमिश्वासतृष्णाकृमिविषापहा रक्तवैशद्यजननीतिक्तादौर्गन्ध्यनाशिनी ॥ २१ ॥

जावित्रीके नाम और गुण ॥

वैद्यलोग जायफल की त्वचाको जातिपत्री कहते हैं जावित्री. हलकी, मधुर, कटु रसयुक्त, उष्ण, रुचि-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कारक, वर्णको हित और कफ, खांसी, छर्दि, श्वास, तृषा, कृमि तथा [illegible] नाशक खूनकी साफ़ करनेवाली, तिक्त और दुर्गन्धि नाशक होतीहै ॥ २१ ॥

अथ लवंगः ॥

लवंगंदेवकुसुमंश्रीसंज्ञंश्रीप्रसूनकम् । लवंगंकटुकंतिक्तंलघुनेत्रहितंहिमम् ॥ दीपनंपाचनंरुच्यंकफपित्तास्रनाशकृत् । तृष्णांछर्दिंतथाध्मानंशूलमाशुविनाशयेत् ॥ कासंश्वासंचहिक्काञ्चक्षयंक्षपयतिध्रुवम् ॥ २२ ॥

लवङ्गके नाम और गुण ॥

लवंग, देवकुसुम, श्रीसंज्ञ और श्रीप्रसूनक, यह लवंगके नाम हैं लौंग.कटु, तिक्त रसयुक्त, हलकी, नेत्रोंकोहित, शीतल, दीपन, पाचक, रुचिकारक और कफ पित्तरक्तदोष, तृषा, छर्दि, उदर, आध्मान, शूल, खांसी, श्वास, हिचकी तथा क्षयरोग की नाशक होती है ॥ २२ ॥

अथ इलायचीपूरवी ॥

एलास्थूलाचबहुलापृथ्वीकात्रिपुटापिच । भद्रैलाबृहदेलाचचन्द्रवालाचनिष्कुटिः ॥ स्थूलैलाकटुकापाकेरसेचानलकृल्लघुः । रूक्षोष्णाश्लेष्मपित्तास्रकण्डूश्वासतृषापहा ॥ हल्लासविषवस्त्यास्यशिरोरुग्वमिकासनुत् ॥ २३ ॥

बडी इलायची के नाम और गुण ॥

एला, स्थूला, बहुला, पृथ्वीका, त्रिपुटा, भद्रैला, बृहदेला, चन्द्रवाला और निष्कुटि यह बडी इलायची के नामहैं बडी इलायची.रस तथा विपाक में कटु, अग्निवर्द्धक, हलकी, रूखी, उष्ण और कफ, पित्त, रक्तदोष, खुजली, श्वास, तृषा, हल्लास (थुकथुकी) विषमूत्राशयके रोग, मुखरोग, शिरकेरोग, छर्दि तथा खांसीकी नाशक होती है ॥ २३ ॥

अथ एलागुजराती ॥

सूक्ष्मोपकुञ्चिकातुच्छाकोरंगीद्राविडीत्रुटिः । एलासूक्ष्माकफश्वासकासार्शोमूत्रकृच्छ्रहृत् ॥ रसेतुकटुकाशीतालघ्वीवातहरीमता ॥ २४ ॥

छोटी इलायचीके नाम और गुण ॥

सूक्ष्मा, उपकुंचिका, तुच्छा, कोरंगी, द्राविडी और त्रुटि, यहछोटीइलायचीके नाम हैं छोटीइलायची-कफ, श्वास, खांसी, बवासीर, मूत्रकृच्छ्र तथा वातनाशक, कटु, शीतल और लघु होती है ॥ २४ ॥

अथ तज ॥

त्वक्पत्रञ्चवरांगंस्याद्भृंगंचोदन्तथोत्कटम् । त्वचंलघूष्णंकटुकंस्वादुतिक्तञ्चरूक्षकम् ॥ पित्तलंकफवातघ्नं कण्ड्वामारुचिनाशनम् । हृद्वस्तिरोगवातार्शः कृमिपीनसशुक्रहृत् ॥ २५ ॥

तजकेनाम और गुण ॥

त्वक्पत्र, वरांग, भृंग और उत्कट, यह तजके नामहैं, तज, हलकी, उष्ण, कटु. मधुर तिक्तरसयुक्त रूखी, पित्तवर्द्धक और कफ, वात, खुजली, आमदोष, अरुचि, मूत्राशयके रोग, बादी बवासीर, कृमि, पीनस तथा वीर्य्यनाशक होती है ॥ २५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दालचीनी ॥

त्वक्स्वाद्वीतुतनुत्वक्स्यात्तथादारुसितामता । उक्तादारुसितास्वाद्वीतिक्ताचानिल पित्तहृत् ॥ सुरभिः शुक्रलावण्यामुखशोषतृषापहा ॥ २६ ॥

दालचीनीके नाम और गुण ॥

त्वक् स्वाद्, तनुत्वक् और दारुसिता, यहदालचीनी के नामहैं, दालचीनी. मधुर, तिक्तरस युक्त वात, पित्तनाशक, सुगन्धित, वीर्य्यवर्द्धक, बलकारक मुखका सूखना तथा तृषानाशक होतीहै॥ २६ ॥

अथ पत्रकम् ॥

पत्रन्तमालपत्रञ्चतथास्यात्पत्रनामकम् । पत्रकंमधुरंकिञ्चित्तीक्ष्णोष्णंपिच्छिलं लघु ॥ निहन्तिकफवातार्शोहल्लासारुचिपीनसान् ॥ २७ ॥

तेजपातके नाम और गुण ॥

पत्र, तमालपत्र और पत्रनामक, यह तेजपातके नामहैं, तेजपात. मधुर, कुछ तीक्ष्ण, उष्ण, लस-दार, हलका और कफ, वात, बवासीर, हल्लास (मतली) अरुचि तथा पीनसकानाशक होताहै ॥ २७ ॥

अथ नागकेशरः ॥

नागपुष्पःस्मृतोनागःकेशरोनागकेशरः । चाम्पेयोनागकिञ्जल्कः कथितःकाञ्चना ह्वयः ॥ अयंपुष्पेतुक्लीबे । नागपुष्पंकषायोष्णंरूक्षंलघ्वामपाचनम् । ज्वरकण्डूतृषास्वेद च्छर्दिहल्लासनाशनम् ॥ दौर्गन्ध्यकुष्ठवीसर्पकफपित्तविषापहम् ॥ २८ ॥

नागकेशर के नाम और गुण ॥

नागपुष्प, नाग, केशर, नागकेशर, चाम्पेय, नागकिञ्जल्क और काञ्चनाह्वय, यह नागकेशर के नामहैं, यह शब्द जब नपुंसकलिंगमें व्यवहार कियेजातेहैं तब पुष्पवाची होते हैं, नागकेशर कषाय, उष्ण, रूखी, हलकी, आमकी पचानेवाली और ज्वर, खुजली, तृषा, स्वेद, छर्दि, मतली, दुर्गन्धि, कुष्ठ, वीसर्प, कफ, पित्त तथा विषनाशक होतीहै ॥ २८ ॥

अथ त्रिजातचातुर्जातके ॥

त्वगेलापत्रकैस्तुल्यैस्त्रिसुगन्धित्रिजातकम् । नागकेशरसंयुक्तं चातुर्जातकमुच्यते ॥ तद्द्वयंरोचनंरूक्षंतीक्ष्णोष्णंमुखगन्धहृत्लघुपित्ताग्निकृद्वर्ण्यंकफवातविषापहम् ॥२६॥

त्रिजात और चतुर्जातके लक्षण तथा गुण ॥

तज, इलायची और तेजपात यह समभाग एक में मिलाने से त्रिजात या त्रिसुगन्ध कहलाता है और इन्हों में नागकेशर मिलाने से चातुर्ज्जातक कहलाता है यह दोनों रोचक, रूखे, तीक्ष्ण, उष्ण, मुख की दुर्गन्धिनाशक, हलके, पित्तवर्द्धक, अग्निकारक, वर्णको हित और कफ वात तथा विषनाशक होते हैं ॥ २६ ॥

अथ कुंकुमम् ॥

कुंकुमंघुसृणंरक्तंकाश्मीरंपीतकंवरम् । सङ्कोचंपिशुनंधीरं वाह्लीकंशोणिताभिधम् ॥ कुंकुमंघुसृणंरक्तंकाश्मीरंपीतकंवरम् । सूक्ष्मकेशरमारक्तंपद्मगन्धितदुत्तमम् ॥ वाह्लीक काश्मीरदेशजक्षेत्रेकुंकुमंयद्भवेद्धितत् । सूक्ष्मकेशरमारक्तंपद्मगन्धितदुत्तमम् ॥ वाह्लीक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देशसञ्जातं कुंकुमंपाण्डुरम्मतम् । केतकीगन्धयुक्तन्तन्मध्यं सूक्ष्मकेशरम् ॥ कुंकुमम्पारसीकेयन्मधुगन्धितदीरितम् । ईषत्पाण्डुरवर्णंतदधमंस्थूलकेशरम् ॥ कुंकुमंकटुकं स्निग्धं शिरोरुग्व्रणजन्तुजित् । तिक्तंवमिहरंवर्ण्यंव्यंगदोषत्रयापहम् ॥ ३० ॥

केशरके नाम और गुण ॥

कुंकुम, घुसृण, रक्त, काश्मीर- पीतक- वर- संकोच- पिशुन- धीर—वाह्लीक और शोणित-यह केशर के नामहैं-जो केशर कश्मीरमें उत्पन्न होतीहै वह सूक्ष्म केशर रक्तवर्ण पद्मके समान गन्धिवाली और श्रेष्ठ होतीहै,जो केशर वाह्लीकदेश में उत्पन्न होतीहै वह पाण्डुवर्ण, केतकीके समानगन्धवाली सूक्ष्म केशर मध्यम होतीहै और जो केशर पारसदेशमें उत्पन्न होतीहै वह शहदके समान गन्धियुक्त कुछ पाण्डुवर्ण स्थूल केशर निकृष्ट होतीहै- केशर-तिक्त, कटुरसयुक्त, स्निग्ध, वर्णकोहित-और शिररोग, घाव, कृमि, छर्दि, व्यंग तथा त्रिदोषनाशक होतीहै ॥ ३० ॥

अथ गोरोचना॥

गोरोचनातुमङ्गल्यावन्ध्यागौरीचरोचना । गोरोचनाहिमातिक्तावश्यामङ्गलकान्तिदा॥ विषालक्ष्मीग्रहोन्मादगर्भस्रावक्षतास्रहृत् ॥ ३१ ॥

गोरोचनके नाम और गुण ॥

गोरोचना, मङ्गल्या- वन्ध्या—गौरी और रोचना यह गोरोचनके नाम हैं, गोरोचन.शीतल, तिक्त, वशीकरण, मङ्गलकारक कांतिवर्द्धक और विष, अलक्ष्मी,ग्रहोंके दोष, उन्माद, गर्भगिरना,घाव तथा रक्तदोष नाशक होताहै ॥ ३१ ॥

अथ नखनखीगन्धद्रव्यम् ॥

नखंव्याघ्रनखंव्याघ्रा युधन्तच्चक्रकारकम् । नखंस्वल्पंनखीप्रोक्ताहनुर्हट्टविलासिनी॥ नखद्रव्ययग्रहश्लेष्मवातास्रज्वरकुष्ठहृत् । लघूष्णंशुक्रलंवर्ण्यंस्वादुव्रणविषापहम् ॥ अलक्ष्मीमुखदौर्गन्ध्यहृत्पाकरसयोःकटुः ॥ ३२ ॥

नखनखीके नाम और गुण ॥

नख, व्याघ्रनख, और चक्रकारक यह नखके नामहैं, और छोटे नखको नखी, हनु, और हट्टविलासिनी कहते हैं. नख और नखी दोनों ग्रह दोष, कफ,वात, रुधिर, ज्वर,कुष्ठ, घाव,विष,अलक्ष्मी और मुखकी दुर्गन्धिके नाशक लघु, उष्ण, वीर्यवर्द्धक वर्णकोहित, मधुर कटुरसयुक्त और विपाकमें कटुहोते हैं ॥ ३२ ॥

अथ सुगन्धबाला ॥

बालंह्रीवेरबर्हिष्ठोदीच्यङ्केशाम्बुनामच । बालकंशीतलंरूक्षंलघुदीपनपाचनम् ॥ हृल्लासारुचिवीसर्पहृद्रोगामातिसारजित् ॥ ३३ ॥

सुगन्धबालाके नाम और गुण ॥

बाल, ह्रीवेर, बर्हिष्ठ, उदीच्य, केश और अंबु—यह सुगन्धबालाके नाम हैं, सुगन्धबाला. शीतल,रूखी, लघु, दीपन, पाचक और मतली, अरुचि, वीसर्प, हृदयके रोग, आमदोष तथा अतीसार नाशक होताहै ॥ ३३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

लघुः॥ तिक्ताकषायामधुरा वातकृत्कटुपाकिनी। दाहतृष्णाबलासास्रकुष्ठपित्तज्वरा
पहा॥ ६३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गांडरके नाम और गुण ॥

गण्डाली, गण्डदूर्वा, मत्स्याक्षी और शकुलाक्षक यह गांडर के नामहैं गांडर. शीतल लोहेकी गलानेवाली, ग्राही, हलकी, तिक्त, कषाय, मधुर, बादी, पाकमें कटु, दाह, तृषा, कफ, रक्त, पित्त तथा ज्वर नाशक होती है ॥ ६३ ॥

अथ विदारीकन्दः। क्षीरविदारीगेण्ठिइतिलोके ॥

वाराहीकन्दएवान्यैश्चर्मकारालुकोमतः । अनूपसम्भवेदेशेवाराहइवलोमवान् ॥ विदारीस्वादुकन्दाचसातुक्रोष्ट्रीसितास्मृता। इक्षुगन्धाक्षीरवल्लीक्षीरशुक्लापयस्विनी ॥ वाराहवदनागृष्टिर्वदरेत्यपिकथ्यते। विदारीमधुरास्निग्धाबृंहणीस्तन्यशुक्रदा॥ शीता स्वर्य्यामूत्रलाचजीवनीबलवर्णदा। गुरुःपित्तास्रपवनदाहान्हन्तिरसायनी ॥ ६४ ॥

विदारीकन्दके नाम और गुण ॥

इसको पश्चिम में गृष्टि कहते हैं और इसीको कोई चर्मकारालुकभी कहते हैं यह अनूपदेशमें वाराह के समान रोमोंसेयुक्त उत्पन्न होता है विदारी, स्वादुकंद, क्रोष्ट्री, सिता, इक्षुगन्धा, क्षीरवल्ली, क्षीरशुक्ला, पयस्विनी, वाराहवदना, गृष्टि और वदरा यह विदारीकन्द के नामहैं विदारीकन्द. मधुर, स्निग्ध, धातुवर्द्धक, दुग्धवर्द्धक, वीर्यवर्द्धक, शीतल, स्वरकोहित, मूत्रकारक, जीवनरूप, बलकारक, वर्णकोहित, भारी, रसायन और पित्त, रक्तदोष वात तथा दाहनाशक होताहै ॥ ६४ ॥

अथ मुशलीकन्दम् ॥

तालमूलीतुविद्वद्भिर्मुशलीपरिकीर्तिता। मुशलीमधुरावृष्यावीर्य्योष्णाबृंहणीगुरुः॥ तिक्तारसायनीहन्तिगुदजान्यनिलन्तथा॥ ६५ ॥

मुशली के नाम और गुण॥

तालमूली को पण्डितलोग मुशली कहते हैं मुशली. मधुर, वीर्यवर्द्धक, वीर्य में उष्ण, धातुवर्द्धक, भारी, रसायन, तिक्त और गुदाके रोग तथा वातनाशक होती है ॥ ६५ ॥

अथ शतावरीमहाशतावरी ॥

शतावरीबहुसुताभीरुरिन्दीवरीवरी। नारायणीशतपदीशतवीर्य्याचपीवरी ॥ महा शतावरीचान्याशतमूल्यर्द्धकण्टिका । सहस्रवीर्य्याहेतुश्चऋष्यप्रोक्तामहोदरी॥ शता वरीगुरुःशीतातिक्तास्वाद्वीरसायनी। मेधाग्निपुष्टिदास्निग्धानेत्र्यागुल्मातिसारजित् ॥ शुक्रस्तन्यकरीबल्यावातपित्तास्रशोथजित् । महाशतावरीमेध्याहृद्यावृष्यारसायनी ॥ शीतवीर्य्यानिहन्त्यर्शोग्रहणीनयनामयान् ॥ ६६ ॥

शतावरी महाशतावरी के नाम और गुण॥

शतावरी, बहुसुता, भीरु, इन्दीवरी, वरी, नारायणी, शतपदी, शतवीर्या और पीवरी यह शतावरि के नामहैं शतमूली, अर्द्धकंटिका, सहस्रवीर्या, हेतु, ऋष्यप्रोक्ता और महोदरी यह महाशतावरीके नामहैं शतावरी. भारी, शीतल, तिक्त, मधुर, रसायन, मेधा, अग्नि तथा पुष्टिवर्द्धक, स्निग्ध, नेत्रहित, वीर्यवर्द्धक, दुग्धवर्द्धक, बलकारक और गुल्म, अतीसार, वात, पित्त, रक्तदोष तथा सूजनकी नाशक होती है

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

महाशतावरी. मेधाकोदि हृदयको प्रिय, वीर्य्यवर्द्धक, रसायन, शीतल और बवासीर, ग्रहणी तथा नेत्ररोगनाशक होती है ॥ ६६ ॥

अथ असगन्धः ॥

गन्धान्तावाजिनामादिरश्वगन्धाहयाह्वया। वराहकर्णीवरदाबलदाकुष्ठगन्धिनी ॥ अश्वगन्धानिलश्लेष्माश्वित्रशोथक्षयापहा। बल्यारसायनीतिक्ताकषायोष्णातिशुक्रला॥६७

असगन्ध के नाम और गुण ॥

गन्धान्ता, वाजिनामादि, अश्वगन्धा, हयाह्वया, वराहकर्णी, वरदा, बलदा और कुष्ठगन्धिनी यह असगन्ध के नामहैं असगन्ध. वात, कफ, श्वेतकुष्ठ, सूजन तथा क्षयरोगकी नाशक, बलकारक, रसायन, तिक्त, कषाय, उष्ण और अत्यन्तवीर्यवर्द्धक होती है ॥ ६७ ॥

अथ पाठा ॥

पाठाम्बष्ठाम्बष्ठिकाचप्राचीनापापचेलिका । एकष्ठीलारसाप्रोक्तापाठिकावरतिक्तिका ॥ पाठोष्णाकटुकातीक्ष्णावातश्लेष्महरीलघुः । तिक्तारुचिकरीचाम्लाभानसन्धानकारिणी ॥ हन्तिशूलज्वरच्छर्दिकुष्ठातीसारहृद्रुजः ॥ दाहकण्डुविषश्वासकृमिगुल्मगरव्रणान् ॥ ६८ ॥

पाठा वा पाढर के नाम और गुण ॥

पाठा, अम्बष्ठा, अम्बष्ठिका, प्राचीना, पापचेलिका, एकष्ठीला, रसा, पाठिका और वरतिक्तिका यह पाठा वा पाढर के नामहैं पाठा. उष्ण, कटु, तीक्ष्ण, वातकफनाशक, हलकी और तिक्त, अरुचिनाशक, स्वादमें खट्टी और टूटेहुये की जोड़नेवाली तथा शूल, ज्वर, छर्दि, कुष्ठ, अतीसार, हृदय के रोग, दाह, खुजली, विष, श्वास, कृमि, गुल्म, गरदोष तथा घावनाशक होती है ॥ ६८ ॥

अथ श्वेतपनिलर ॥

श्वेतात्रिवृत्त्रिभण्डीस्यात्त्रिवृतात्रिपुटापिच । सर्व्वानुभूतिःसरलानिशोत्रारेचनीतिच ॥ श्वेतात्रिवृद्रेचिनीस्यात्स्वादुरुष्णासमीरहृत् । रूक्षापित्तज्वरश्लेष्मपित्तशोथोदरापहा ॥ ६९ ॥

श्वेतनिशोथ के नाम और गुण ॥

श्वेता, त्रिवृत्, त्रिभण्डी, त्रिवृता, त्रिपुटा, सर्वानुभूति, सरला, निशोत्रा और रेचनी यह सफेद निशोथके नामहैं सफेद निशोथ. दस्तावर, मधुर, उष्ण, रूखा और वात, पित्तज्वर, कफ, पित्त, सूजन तथा उदररोगका नाशक होताहै ॥ ६९ ॥

अथ श्यामपनिलर ॥

त्रिवृत्श्यामार्द्धचन्द्राचपालिन्दीचसुषेणिका । मसूरविदलाकोलाकैषिकाकालमेषिका ॥ श्यामात्रिवृत्ततोहीनागुणातीव्रविरेचनी । मूर्च्छादाहमदभ्रान्तिकण्ठोत्कर्षणकारिणी ॥ ७० ॥

काले निशोथ के नाम और गुण ॥

त्रिवृत्, श्यामा, अर्द्धचन्द्रा, पालिन्दी, सुषेणिका, मसूरविदला, कोला, कैषिका और कालमेषिका

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

यह काले निशोथके नामहैं काला निशोथ. श्वेत निशोथकी अपेक्षा गुणोंमें न्यूनहै, विशेषता यहहै कि बहुत दस्तावर और मूर्च्छा, दाह, मद, भ्रान्ति तथा कण्ठ की उत्तमता करनेवालाहै ॥ ७० ॥

अथ लघुदन्ती ॥

लघुदन्तीविशल्याचस्यादुदुम्बरपर्ण्यपि । तथैरण्डफलाशीघ्राश्येनघण्टाघुणप्रिया ॥ वाराहाङ्गीचकथितानिकुम्भश्चमकूलकः (अथ बृहद्दन्तीएरण्डपत्रविटपा) द्रवन्तीसावरीचित्राप्रत्यक्पर्ण्यर्कपर्ण्यपि ॥ चित्रोपचित्रान्यग्रोधीप्रत्यक्छ्रेण्याखुकर्ण्यपि ॥ दन्तीद्वयंसरम्पाकेरसेचकटुदीपनम् ॥ गुदांकुराश्मशूलार्शःकण्डूकुष्ठविदाहनुत् । तीक्ष्णोष्णंहन्तिपित्तास्रकफशोथोदरकृमीन् (अथ लघुदन्तीफलम्) क्षुद्रदन्तीफलन्तुस्यान्मधुरंरसपाकयोः । शीतलंसृष्टविण्मूत्रंगरशोथकफापहम् ॥ ७१ ॥

छोटी दन्ती के नाम और गुण ॥

विशल्या, उदुम्बरपर्णी, एरण्डफला, शीघ्रा, श्येनघण्टा, घुणप्रिया, वाराहांगी, निकुम्भ और मकूलक यह छोटी दन्तीके नामहैं बड़ीदन्ती. इसके पत्ते अरण्डके पत्तोंके समान होते हैं द्रवन्ती, सावरी, चित्रा, प्रत्यक्पर्णी, अर्कपर्णी, चित्रोपचित्रा, न्यग्रोधी, प्रत्यक्श्रेणी और आखुकर्णी यह बड़ी दन्तीके नामहैं यह दोनों दन्ती.दस्तावर, रस तथा पाकमें कटु, दीपन, तीक्ष्ण, उष्ण और गुदांकुर, पथरी शूल, बवासीर, खुजली, कुष्ठ, विदाह, पित्त, रक्तदोष कफ, सूजन, उदर तथा कृमिनाशक होती हैं छोटी दन्ती का फल रस तथा पाक में मधुर, शीतल, मल मूत्रका निकालनेवाला और गरदोष, सूजन तथा कफनाशक होताहै ॥ ७१ ॥

जयपालोदन्तिबीजंविख्यातन्तितिडीफलम् । जयपालोगुरुःस्निग्धोरेचीपित्तकफापहः ॥ ७२ ॥

जमालगोटेके नाम और गुण ॥

जयपाल, दन्तीबीज और तिंतिड़ीफल यह जमालगोटेके नामहैं जमालगोटा. भारी, स्निग्ध, दस्तावर और पित्त तथा कफनाशक होताहै ॥ ७२ ॥

इन्द्रारुण बड़ीइन्द्रकला ॥

ऐन्द्रीन्द्रवारुणीचित्रागवाक्षीचगवादिनी । वारुणीचपराप्युक्तासाविशालामहाफला ॥ श्वेतपुष्पामृगाक्षीचमृगैर्वारुमृगादनी । गवादिनीद्वयंतिक्तंपाकेकटुसरंलघु ॥ वीर्योष्णंकामलापित्तकफप्लीहोदरापहम् । श्वासकासापहंकुष्ठगुल्मग्रन्थिव्रणप्रणुत् ॥ प्रमेहमूढगर्भामगण्डामयविषापहम् ॥ ७३ ॥

दोनों इन्द्रायण के नाम और गुण ॥

ऐन्द्री, इन्द्रवारुणी, चित्रा, गवाक्षी, गवादनी और वारुणी यह इन्द्रायनके नामहैं दूसरी इंद्रायनको विशाला, महाफला, श्वेतपुष्पा, मृगाक्षी, मृगैर्वारु और मृगादनी कहतेहैं दोनों इन्द्रायन. तिक्त, पाक में कटु, दस्तावर, हलकी, उष्ण और कामला, पित्त, कफ, प्लीहा, उदर, श्वास, खांसी, कुष्ठ, गुल्म, ग्रन्थि, घाव, प्रमेह, मूढगर्भ (वायुकेद्वारा टेढ़ाहोकर योनिमें आयाहुआ गर्भ) आम, गलगंड तथा विषनाशक होती हैं ॥ ७३ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ नील ॥

नीलीतुनीलिनीतूलीकालदोलाचनीलिका । रञ्जनीश्रीफलीतुच्छाग्रामीणामधुपर्णिका ॥ क्लीतकाकालकेशीचनीलपुष्पाचसास्मृता । नीलिनीरेचिनीतिक्ताकेश्यामोहभ्रमापहा ॥ उष्णाहन्त्युदरप्लीहवातरक्तकफानिलान् । आमवातमुदावर्त्तम्मन्दंचविषमुद्धतम् ॥ ७४ ॥

नीलके नाम और गुण ॥

नीली, नीलिनी, तूली ,कालदोला, नीलिका, रञ्जनी, श्रीफली, तुच्छा, ग्रामीणा, मधुपर्णिका क्लीतका, कालकेशी और नीलपुष्प यह नीलके नामहैं नील. दस्तावर, तिक्त, केशोंको हित, उष्ण और मोह,भ्रम, उदर, प्लीहा, वात रक्त, वात कफ, आमवात, उदावर्त्त, मद तथा विषका नाशक होताहै ॥ ७४ ॥

अथ शरफोका ॥

शरपुङ्खःप्लीहशत्रुर्नीलीवृक्षाकृतिश्चसः । शरपुङ्खोयकृत्प्लीहगुल्मव्रणविषापहः । तिक्तःकषायःकासास्रश्वासज्वरहरोलघुः ॥ ७५ ॥

सर्फोंकाके नाम और गुण ॥

शरपुङ्ख प्लीहशत्रु और नीलीवृक्षाकृति, यह शरफोंका के नामहैं शरफोंका. तिक्त, कषाय,हलका और यकृत्,प्लीहा,गुल्म,घाव, विष, खांसी, रक्तदोष,श्वास तथा ज्वरनाशक होता है ॥ ७५ ॥

अथ यवासदुरालभानामानिगुणाश्च ॥

यासोयवासोदुःस्पर्शोधन्वयासःकुनाशकः । दुरालभादुरालम्भासमुद्रान्ताचरोदिनी॥ गान्धारीकच्छुरानन्ताकषायादुरभिग्रहा । यासःस्वादुःसरस्तिक्तस्तुवरःशीतलोलघुः ॥ कफमेदोमदभ्रान्तिपित्तासृक्कुष्ठकासजित्। तृष्णाविसर्पवातास्रवमिज्वरहरःस्मृतः॥ यवासस्यगुणैस्तुल्याबुधैरुक्तादुरालभा ॥ ७६ ॥

जवासा और दुरालभाके नाम और गुण ॥

यास,यवास,दुःस्पर्श,धन्वयास,कुनाशक,दुरालभा,दुरालम्भा,समुद्रान्ता,रोदनी,गान्धारी,कच्छुरा, अनन्ता,कषाया और दुरभिग्रहा यह जवासेके नामहैं जवासा.मधुर, दस्तावर, तिक्त, कषाय, शीतल, हलका और कफ, मेद, मद, भ्रान्ति, पित्त, रक्तकुष्ठ, खांसी, तृषा, वीसर्प, वातरक्त, छर्दि तथा ज्वर नाशक होताहै पण्डितलोग दुरालभाको भी जवासे के समान गुणवाली कहते हैं ॥ ७६ ॥

अथ मुण्डी ॥

मुण्डीभिक्षुरपिप्रोक्ताश्रावणीचतपोधना । श्रवणाह्वामुण्डतिकातथाश्रवणशीर्षका॥ महाश्रावणिकान्यातुसास्मृताभूकदम्बिका। कदम्बपुष्पिकाचस्यादव्यथातितपस्विनी ॥ मुण्डतिकाकटुःपाकेवीर्योष्णामधुरालघुः। मेध्यागण्डापचीकृच्छ्रकृमियोन्यर्त्तिपाण्डुनुत्॥ श्लीपदारुच्यपस्मारप्लीहमेदोगुदार्त्तिहृत्। महामुण्डीचतत्तुल्यागुणैरुक्तामहर्षिभिः ७७॥

मुण्डी और महामुण्डीके नाम और गुण ॥

मुण्डी, भिक्षु, श्रावणी, तपोधना, श्रवणाह्वा, मुण्डतिका और श्रवणशीर्षका यह मुण्डीके नाम

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हैं, महामुण्डी को महाश्रावणिका, भूकदम्बिका, कदम्बपुष्पिका, अव्यथा और अतितपस्विनी कहते हैं, मुण्डी. पाकमें कटु, वीर्य में उष्ण, मधुर, हलकी, मेधाको हित और गलगण्ड, अपची, मूत्रकृच्छ्र, कृमि, योनिरोग, पाण्डु, श्लीपद, अरुचि, मृगी, प्लीहा, मेद तथा गुदाका व्याधिनाशक होती है महर्षिलोगोंने महामुण्डी को भी मुण्डी के समान कहा है ॥ ७७ ॥

अथ चिरचिरि ॥

अपामार्गस्तुशिखरीह्यधःशल्योमयूरकः ॥ मर्कटीदुर्ग्रहाचापिकिणिहीखरमञ्जरी॥अपामार्गःसरस्तीक्ष्णोदीपनस्तिक्तकःकटुः । पाचनोरोचनश्छर्दिकफमेदोऽनिलापहः ॥ निहन्तिहृद्रुजाध्मार्शःकण्डूशूलोदरापची ॥ ७८ ॥

लटजीराके नाम और गुण ॥

अपामार्ग, शिखरी, अधश्शल्य, मयूरक, मर्कटी, दुर्ग्रहा, किणिही और खरमञ्जरी यह लटजीरे के नाम हैं लटजीरा. दस्तावर, तीक्ष्ण, दीपन, तिक्त, कटु, पाचक, रुचिकारक और छर्दि, कफ, मेद, वात, हृदयके रोग, आध्मान, बवासीर, खुजली, शूल, उदर तथा अपचीका नाशक होता है ॥ ७८ ॥

अथ रक्तचिरचिरा ॥

रक्तोन्योवसिरोवृत्तफलोधामार्गवोऽपिच । प्रत्यक्पर्णीकेशपर्णीकथिताकपिपिप्पली॥ अपामार्गोऽरुणोवातविष्टम्भीकफकृद्धिमः ॥ रूक्षःपूर्वगुणैर्न्यूनःकथितोगुणवेदिभिः ॥ अपामार्गफलंस्वादुरसेपाकेचदुर्जरम् । विष्टम्भिवातलंरूक्षंरक्तपित्तप्रसादनम् ॥ ७९ ॥

लाललटजीरे के नाम और गुण ॥

वसिर, वृत्तफल, धामार्गव, प्रत्यक्पर्णी, केशपर्णी और कपिपिप्पली यह लाललटजीरे के नाम हैं, लाललटजीरा. बादी, विष्टंभी, कफकारक, शीतल, रूखा और श्वेतलटजीरे से गुणोंमें कम होता है यह गुणज्ञलोगोंने कहा है लटजीरे के फल. रस तथा पाकमें मधुर विलम्बसे पचनेवाले विष्टम्भी, बादी, रूखे और रक्त पित्त करनेवाले होते हैं ॥ ७९ ॥

अथ तालमखाना ॥

कोकिलाक्षस्तुकाकेक्षुरिक्षुरःक्षुरकःक्षुरः।भिक्षुःकाण्डेक्षुरप्युक्तइक्षुगन्धेक्षुबालिका॥क्षुरकः शीतलोवृष्यःस्वाद्वम्लःपित्तलस्तथा॥तिक्तोवातामशोथाश्मतृष्णादृष्ट्यनिलास्रजित्॥८०॥

तालमखाने के नाम व गुण ॥

कोकिलाक्ष, काकेचु, इक्षुर, क्षुरक, क्षुर, भिक्षु, काण्डेक्षु, इक्षुगन्धा और इक्षुबालिका यह तालमखानेके नाम हैं-तालमखाना. शीतल, वीर्यवर्द्धक, मधुर, अम्ल, तिक्त, पित्तवर्द्धक और आमवात, सूजन, पथरी, तृषा, दृष्टि तथा वातरक्त का नाशक होता है ॥ ८० ॥

अथ हड़सङ्कारि ॥

ग्रन्थिमानस्थिसंहारीवज्रांगीवास्थिशृङ्खला। अस्थिसंहारकःप्रोक्तोवातश्लेष्महरोऽस्थियुक् ॥ उष्णःसरःकृमिघ्नश्चदुर्नामघ्नोऽक्षिरोगजित् । रूक्षःस्वादुर्लघुर्वृष्यःपाचनः पित्तलःस्मृतः॥ काण्डत्वग्विरहितमस्थिशृङ्खलायामाषार्द्धैर्द्विदलमकञ्चुकन्तदर्द्धम्। सम्पिष्टंतदनुततस्तिलस्यतैलेसम्पक्वंवटकमतीववातहारि ॥ ८१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हारसिंगारके नाम और गुण ॥

ग्रन्थिमान, अस्थिसंहारी, वज्राङ्गी और अस्थिशृङ्खला यह हारसिंगारके नामहैं हारसिंगार. हड्डियोंका जोडनेवाला, उष्ण, सारक,रूखा, मधुर,हलका, वीर्यवर्द्धक, पाचक, पित्तवर्द्धक और वातकफ, कृमि, बवासीर तथा नेत्ररोगोंका नाशक होताहै हारसिंगार के बक्कलको निकालकर उसके आधे छिलेहुये चने आदिककी दालें एकमें पीसकर बनाये हुये बडेको तिल्लोंके तेलमें पकाकर सेवनकरने से अत्यन्त वातका नाश होताहै ॥ ८१ ॥

अथ घिउकुवारि ॥

कुमारीगृहकन्याचकन्याघृतकुमारिका । कुमारीभेदिनीशीतातिक्तानेत्र्यारसायनी ॥ मधुराबृंहणीबल्यावृष्यावातविषप्रणुत् । गुल्मप्लीहयकृद्वृद्धिकफज्वरहरीहरेत् ॥ ग्रन्थ्यग्निदग्धविस्फोटपित्तरक्तत्वगामयान् ॥ ८२ ॥

घीग्वारके नाम और गुण ॥

कुमारी, गृहकन्या,कन्या और घृतकुमारिका यह घीग्वारके नाम हैं घीग्वार. भेदक,शीतल,तिक्त, नेत्रोंको हित, रसायन, मधुर, धातुवर्द्धक, बलकारी, वीर्यवर्द्धक और वात, विष, गुल्म, प्लीहा,यकृत्, वृद्धि,ज्वर,ग्रंथि,मन्दाग्नि,अग्निदग्ध,विस्फोट,रक्तपित्त और त्वचा के रोगोंका नाशक होताहै॥ ८२ ॥

अथ श्वेतपुनर्नवा ॥

पुनर्नवाश्वेतमूलाशोथघ्नीदीर्घपत्रिका । कटुःकषायानुरसापाण्डुघ्नीदीपनीसरा ॥ शोफानिलगरश्लेष्महरीव्रणयोदरप्रणुत् ॥ ८३ ॥

श्वेतगदहपूरना के नाम और गुण ॥

पुनर्नवा, श्वेतमूला, शोथघ्नी और दीर्घपत्रिका यह श्वेतगदहपूरना के नाम हैं श्वेतगदहपूरना. कटु,कुछ कषाय,दीपन और पांडु,सूजन,वात,गरदोष, कफ,घाव तथा उदररोग नाशक होता है॥८३॥

अथ रक्तपुष्पापुनर्नवा ॥

पुनर्नवापरारक्तारक्तपुष्पाशिलाटिका । शोथघ्नःक्षुद्रवर्षाभूर्वृषकेतुःकपिल्लकः ॥ पुनर्नवारुणातिक्ताकटुपाकाहिमालघुः । वातलाग्राहिणीश्लेष्मपित्तरक्तविनाशिनी ॥ ८४ ॥

लालगदहपूरनाके नाम और गुण ॥

रक्तपुष्पा, शिलाटिका, शोथघ्नी, क्षुद्रवर्षाभू,वृषकेतु और कपिल्लक यह लालगदहपूरनाके नामहैं लालगदहपूरना. तिक्त, पाकमेंकटु, शीतल, हलका, बादी,ग्राही कफ और पित्त तथा रक्तनाशक होताहै ॥ ८४ ॥

अथ गन्धप्रसारणी ॥

प्रसारणीराजबलाभद्रपर्णीप्रतापनी । सरणीसारणीभद्राबलाचापिकटम्भरा॥प्रसारणीगुरुर्वृष्याबलसन्धानकृत्सरा । वीर्योष्णावातहृत्तिक्तावातरक्तकफापहा ॥ ८५ ॥

गन्धप्रसारणी के नाम और गुण ॥

प्रसारिणी,राजबला, भद्रपर्णी, प्रतापनी, सरणी, सारिणी, भद्रा, बला और कटंभरा यह गन्धप्रसारिणीके नामहैं गन्धप्रसारिणी. भारी, वीर्यवर्द्धक, बलकारी, टूटे की जोडनेवाली, दस्तावर, उष्ण,वातनाशक, तिक्त और वात, रक्त तथा कफनाशक होतीहै ॥ ८५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ करिआबांसा ॥

इन्द्रजम्बूकवत्पत्रासुगन्धाकलघण्टिका । कृष्णातुसारिवाश्यामागोपीगोपवधूश्च सा (गोरियासांउ) इयमपिजम्बूवत्पत्रादुग्धगर्भाव्रततिर्भवति । धवलासारिवागोपी गोपकन्याकृशोदरी ॥ स्फोटाश्यामागोपवल्लीलतास्फोताचचन्दना । गोपीगोपस्यस्त्रीपुं योगादीप् । गोपा गांपातीतिगोपागोपकन्या श्यामापदेनकृष्णाश्वेतापिसारिवाकथ्यते॥ साश्वतेनसारिवापदस्यप्रयुक्तत्वात् (तद्यथा) सारिवायांनिशिश्यामाश्यामौचहरिता सिताविति । सारिवायुगलंस्वादुस्निग्धंशुक्रकरंगुरु ॥ अग्निमान्द्यारुचिश्वासाकासा मविषनाशनम् । दोषत्रयास्त्रप्रदरज्वरातीसारनाशनम् ॥ ८६ ॥

कृष्ण और श्वेतसारिवा (सांई) के नाम और गुण ॥

कालीसारिवा के पत्ते इन्द्रजम्बू (जामन) के समान होतेहैं सुगन्धा, कलघण्टिका, कृष्णा, सारिवा श्यामा गोपी और गोपवधू, यह कालीसारिवा के नामहैं श्वेतसारिवा के भी पत्ते जामन के समान होतेहैं इसका वृक्ष दूधसे भरीहुई लताकी जातिका होताहै धवला, सारिवा, गोपा, गोपकन्या, कृशोदरी, स्फोटा, श्यामा, गोपवल्ली, लता, आस्फोता और चन्दना, यह श्वेत सारिवा के नाम हैं श्यामशब्दसे कृष्ण और श्वेत दोनों सारिवा लीजाती हैं क्योंकि साश्वतने सारिवामात्रमें इसशब्दका प्रयोग कियाहै जैसे सारिवा शब्दमें निशि, श्यामा श्याम हरित और असित, यह कहेजातेहैं दोनों सारिवा मधुर, स्निग्ध, वीर्यवर्द्धक, भारी और मन्दाग्नि, अरुचि, श्वास खांसी, आम विष, त्रिदोष, रक्त दोष, प्रदर, ज्वर तथा अतीसारनाशक होती हैं ॥ ८६ ॥

अथ भंगरा ॥

भृङ्गराजोभृङ्गरजो मार्कवोभृङ्गएवच । अङ्गारकःकेशराजोभृङ्गारःकेशरञ्जनः ॥ भृङ्गारःकटुकस्तीक्ष्णोरूक्षोष्णःकफवातनुत् । केश्यस्त्वच्यःकृमिश्वासकासशोथामपाण्डु नुत् ॥ दन्त्योरसायनोबल्यः कुष्ठनेत्रशिरोर्त्तिनुत् ॥ ८७ ॥

भंगरे के नाम और गुण ॥

भृङ्गराज, भृङ्गरज, मार्कव, भृङ्ग, अङ्गारक, केशराज, भृङ्गार और केशरञ्जन यह भंगरेके नामहैं भंगरा.कटु, तीक्ष्ण, रूखा, उष्ण, कफ वात नाशक, केशोंकोहित, त्वचा को उपकारी, रसायन, बलकारक, दांतों को हित और कृमि, श्वास, खांसी, सूजन, आम, पाण्डु, कुष्ठ, नेत्ररोग तथा शिरके रोगोंका नाशक होताहै ॥ ८७ ॥

शणपुष्पाइति च हुली । शण इव पुष्पा ॥

शणपुष्पीस्मृताघण्टाशणपुष्पसमाकृतिः।शणपुष्पीकटुस्तिक्तावामिनीकफपित्तजित्८८

शणपुष्पी (इसके पुष्प सनके पुष्पके समान होते हैं) के नाम और गुण ॥

शणपुष्पी, घण्टा और शणपुष्पसमाकृति यह शणपुष्पी के नामहैं शणपुष्पी. कटु, तिक्त, छर्द्दिकारक और कफ पित्तनाशक होती है ॥ ८८ ॥

अथ त्रायमाणा ॥

बलभद्रात्रायमाणा त्रायन्तीगिरिसानुजा । त्रायन्तीतुवरातिक्तासरापित्तकफापहा ॥ ज्वरहृद्रोगगुल्मार्शोभ्रमशूलविषप्रणुत् ॥ ८९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त्रायमाणा (चिरायते के फल) के नाम गुण ॥

बलभद्रा, त्रायमाणा, त्रायन्ती और गिरसानुजा यह त्रायमाणा के नाम हैं त्रायमाणा. कषाय, तिक्त, दस्तावर और पित्त, कफ, ज्वर, हृदयरोग, गुल्म, बवासीर, भ्रम, शूल तथा विषकी नाशक होती है ॥ ८९ ॥

अथ चूर्णहार ॥

मूर्व्वामधुरसादेवी मोरटातेजनीस्रुवा । मधूलिकामधुश्रेणीगोकर्णीपीलुपर्ण्यपि ॥ मूर्व्वासरागुरुस्वादुस्तिक्तापित्तास्रमेहनुत् । त्रिदोषतृष्णाहृद्रोगकण्डूकुष्ठज्वरापहा ॥९०॥

मरोडफली के नाम और गुण ॥

मूर्वा, मधुरसा, देवी, मोरटा, तेजनी स्रुवा, मधूलिका, मधुश्रेणी, गोकर्णी और पीलुपर्णी यह मरोडफली के नाम हैं मरोड़फली. दस्तावर, भारी, मधुर, तिक्त और रक्तपित्त, प्रमेह, त्रिदोष, तृषा, हृदयकेरोग, खुजली, कुष्ठ तथा ज्वरनाशक होती है ॥ ९० ॥

अथ कवैआ ॥

काकमाचीध्वाङ्क्षमाची काकाह्वाचैववायसी । काकमाचीत्रिदोषघ्नी स्निग्धोष्णा स्वरशुक्रदा ॥ तिक्तारसायनीशोथकुष्ठार्शोज्वरमेहजित् । कटुर्नेत्रहिताहिक्काच्छर्दिहृद्रोगनाशिनी ॥ ९१ ॥

मकोह के नाम और गुण ॥

काकमाची. ध्वांक्षमाची, काकाह्वा और वायसी यह मकोह के नाम हैं मकोह. त्रिदोषनाशक, स्निग्ध, उष्ण. स्वरकोहित, वीर्यवर्द्धक, तिक्त, कटु, रसायन, नेत्रोंकोहित और सूजन, कुष्ठ, बवासीर, ज्वर, प्रमेह, हिचकी, छर्दि तथा हृदय के रोगोंकी नाशक होती है ॥ ९१ ॥

कौआठोढ़ी ॥

काकनासातुकाकाङ्गी काकतुण्डफलाचसा । काकनासाकषायोष्णा कटुकारसपाकयोः ॥ कफघ्नीवामनीतिक्ता शोथार्शःश्वित्रकुष्ठहृत् ॥ ९२ ॥

कौआठोडी के नाम और गुण ॥

काकनासा, काकाङ्गी और काकतुण्डफला, यह कौआठोडी के नाम हैं, कौआठोडी. कषाय, उष्ण, रस तथा पाक में कटु, छर्दिकारक, तिक्त और कफ, सूजन, बवासीर तथा श्वेतकुष्ठ नाशक होती है ॥ ९२ ॥

अथ काकजङ्घा मसीतिलोके ॥

काकजङ्घानदीकान्ता काकतिक्तासुलोमशा । पारावतपदीदासी काकाचापिप्रकीर्तिता ॥ काकजङ्घाहिमातिक्ता कषायाकफपित्तजित् । निहन्तिज्वरपित्तास्रज्वरकण्डूविषक्रमीन् ॥ ९३ ॥

काकजङ्घा के नाम और गुण ॥

काकजङ्घा, नदीकान्ता, काकतिक्ता, सुलोमशा, पारावतपदी, दासी और काका यह काकजङ्घाके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नामहैं काकजङ्घा. शीतल, तिक्त, कषाय और कफ, पित्त,ज्वर, रक्तपित्त, घाव, खुजली, विष तथा कृमिनाशक होती है ॥ ९३ ॥

अथ नागपुष्पी ॥

नागपुष्पीश्वेतपुष्पानागिनीरामदूतिका॥ नागिनीरोचनीतिक्ता तीक्ष्णोष्णाकफपित्तनुत्॥ विनिहन्तिविषंशूलं योनिदोषवमिकृमीन् ॥ ९४ ॥

नागपुष्पी के नाम और गुण ॥

नागपुष्पी,श्वेतपुष्पा, नागिनी और रामदूतिका यह नागपुष्पीके नाम हैं नागपुष्पी. रुचिकारक, तिक्त, तीक्ष्ण,उष्ण और कफपित्त,विष, शूल, योनिदोष, छर्दि तथा कृमिनाशक होती है ॥ ९४ ॥

अथ मेढ़ासिङ्गी ॥

मेषशृङ्गीविषाणीस्यान्मेषवल्ल्यजशृङ्गिका । मेषशृङ्गीरसेतिक्ता वातलाश्वासकासहृत् ॥ रूक्षापाकेकटुस्तिक्ताव्रणश्लेष्माक्षिशूलनुत् । मेषशृङ्गीफलंतिक्तंकुष्ठमेहकफप्रणुत्॥ दीपनंस्रंसनंकासकृमिव्रणविषापहम् ॥ ९५ ॥

मेढ़ासिंगी के नाम और गुण ॥

मेषशृङ्गी विषाणी मेषवल्ली और अजशृङ्गिका यह मेढ़ासिंगी के नाम हैं मेढ़ासिंगी.तिक्त, बादी, रूखी, पाकमें कटु और श्वास, खांसी, कुष्ठ, घाव, कफ तथा नेत्रकी पीडाकी नाशक होती है मेढ़ासिंगी का फल. तिक्त, दीपन, स्रंसन और कुष्ठ, प्रमेह, कफ, खांसी, कृमि, घाव तथा विषदोष नाशक होताहै ॥ ९५ ॥

अथ हंसपदी ॥

हंसपादीहंसपदी कीटमातात्रिपादिका । हंसपादीगुरुःशीता हन्तिरक्तविषव्रणान् ॥ विसर्पदाहातीसारलूताभूताग्निरोहिणीः ॥ ९६ ॥

हंसपदी के नाम और गुण ॥

हंसपादी, हंसपदी, कीटमाता और त्रिपादिका यह हंसपदी के नाम हैं हंसपदी. भारी, शीतल और रक्तदोष विष, घाव, वीसर्प, दाह, अतीसार, मकड़ी, भूतदोष तथा अग्निरोहिणीरोग को नाशकरतीहै ॥ ९६ ॥

अथ सोमलता ॥

सोमवल्लीसोमलता सोमक्षीरीद्विजप्रिया । सोमवल्लीत्रिदोषघ्नी कटुस्तिक्तारसायनी ॥ ९७ ॥

सोमलता के नाम और गुण ॥

सोमवल्ली ,सोमलता, सोमक्षीरी और द्विजप्रिया यह सोमलता के नामहैं सोमलता. त्रिदोषनाशक, कटु, तिक्त और रसायन होती है ॥ ९७ ॥

अथ आकाशवल्ली ॥

(अमरवेलि इति च) आकाशवल्लीतुबुधैः कथितामरवल्लरी। खवल्लीग्राहिणीतिक्ता पिच्छिलाक्ष्मामयापहा ॥ तुवराग्निकरीहृद्या पित्तश्लेष्मामनाशिनी ॥ ९८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अमरवेल के नाम और गुण ॥

आकाशवल्ली और अमरवल्लरी यह अमरवेलके नामहैं अमरवेल. ग्राही, तिक्त, पिच्छिल, कषाय, अग्निवर्द्धक हृदयको हित और नेत्ररोग, पित्त, कफ तथा आमनाशक होतीहै ॥ ९८ ॥

अथ पातालगरुडी ॥

छिलिहिण्टोमहामूलःपातालगरुडाह्वयः। छिलिहिण्टःपरंवृष्यःकफघ्नःपवनापहः ९९

पातालगरुडी के नाम और गुण ॥

छिलिहिण्ट महामूल और पातालगरुडी यह नामहैं पातालगरुडी. अत्यन्त वीर्यवर्द्धक और कफ तथा वायुनाशक होतीहै ॥ ९९ ॥

अथ वन्दा ॥

वन्दावृक्षादनीवृक्षभक्ष्यावृक्षरुहापिच। वन्दाकःस्याद्धिमस्तिक्तःकषायोमधुरोरसे ॥ माङ्गल्यःकफवातास्रर‌क्षोव्रणविषापहः ॥ १०० ॥

बांदा के नाम और गुण ॥

वन्दा वृक्षादनी वृक्षभक्ष्या और वृक्षरुहा यह बांदाके नामहैं बांदा. शीतल, तिक्त, कषाय, मधुर, मङ्गलकारी और कफ, वात, रक्तदोष, राक्षसों की पीडा, घाव तथा विषनाशक होताहै ॥ १०० ॥

अथ वटपत्री ॥

वटपत्रीतुकथितामोहिनीरेचनीबुधैः। वटपत्रीकषायोष्णा योनिमूत्रगदापहा १०१ ॥

वटपत्रीके नाम और गुण॥

वटपत्री को पण्डितलोग मोहिनी और रेचनी कहतेहैं वटपत्री. कषाय, उष्ण और योनि तथा मूत्रके रोगोंको नाश करती है ॥ १०१ ॥

अथ हिंगुपत्री ॥

हिंगुपत्रीतु कवरीपृथ्वीकापृथुकापृथुः ॥ हिंगुपत्रीभवेद्रुच्यातीक्ष्णोष्णापाचनीकटुः। हृद्बस्तिरुग्विबन्धार्शः श्लेष्मगुल्मानिलापहा ॥ १०२ ॥

हिङ्गुपत्री के नाम और गुण ॥

हिंगुपत्री कवरी पृथ्वीका पृथुका और पृथु यह हिंगुपत्री के नामहैं हिंगुपत्री. रुचिकारक, तीक्ष्ण, उष्ण, पाचक, कटु और हृदयके रोग, मूत्राशयके रोग, विबन्ध, बवासीर, कफ, गुल्म तथा वायु-नाशक होती है ॥ १०२ ॥

अथ वंशपत्री ॥

वंशपत्रीवेणुपत्रीपिण्डाहिंगुशिवाटिका। हिंगुपत्रीगुणाविज्ञैर्वंशपत्रीचकीर्तिता ॥ १०३ ॥

वंशपत्री के नाम और गुण ॥

वंशपत्री वेणुपत्री पिण्डा और हिंगु शिवाटिका यह पत्रीके नामहैं वंशपत्री हिंगुपत्रीकेसमान गुण-दायक होतीहै ॥ १०३ ॥

अथ मत्स्याक्षी ॥

मत्स्याक्षीवाह्लिकामत्स्यगन्धामत्स्यादनी मछेछीइतिलोके। छछमछरिआइतिच ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तिच। मत्स्याक्षीग्राहिणीशीताकुष्ठपित्तकफास्रजित् ॥ लघुस्तिक्ताकषायाचस्वाद्वीकटुविपाकिनी ॥ १०४ ॥

मत्स्याक्षी (छछमछरिया या मछेछी)
के नाम और गुण ॥

मत्स्याक्षी, वाह्लिका, मत्स्यगन्धा और मत्स्यादनी यह मत्स्याक्षी के नामहैं मत्स्याक्षी. ग्राही, शीतल, हलकी, तिक्त, कषाय, मधुर, पाकमें कटु और कुष्ठ, पित्त, कफ तथा रक्तदोषनाशक होतीहै ॥ १०४ ॥

अथ सरहटीगण्डनीतिच ॥

सर्पाक्षीस्यात्तुगण्डालीतथानाडीकपालकः। सर्पाक्षीकटुकातिक्तासोष्णाकृमिनिकृन्तनी ॥ वृश्चिकोन्दुरसर्पाणांविषघ्नीव्रणरोपिणी ॥ १०५ ॥

सर्पाक्षीके नाम और गुण ॥

सर्पाक्षी, गण्डाली और नाडीकपालक यह सर्पाक्षीके नामहैं सर्पाक्षी. कटु, तिक्त, उष्ण, घावभरनेवाली, कृमिनाशक और बिच्छू, मूस तथा सर्पके विषकी नाशक होती है ॥ १०५ ॥

अथ शङ्खपुष्पी ॥

शङ्खपुष्पीतुशङ्खाह्वामाङ्गल्यकुसुमापिच। शङ्खपुष्पीसरामेध्यावृष्यामानसरोगहृत् ॥ रसायनीकषायोष्णास्मृतिकांतिबलाग्निदा। दोषापस्मारभूताश्रीकुष्ठकृमिविषप्रणुत् १०६

शङ्खपुष्पी के नाम और गुण ॥

शङ्खपुष्पी, शङ्खाह्वा और माङ्गल्यकुसुमा यह शङ्खपुष्पी के नामहैं शङ्खपुष्पी. दस्तावर, मेधाको हित, आयुको हित, उष्ण, रसायन, कषाय, स्मृति, कान्ति, बल तथा अग्निवर्द्धक और मानसिक रोग, त्रिदोष, मृगी, भूतदोष, अलक्ष्मी, कुष्ठ, कृमि तथा विषकी नाशक होती है ॥ १०६ ॥

अथ अर्कपुष्पी ॥

अर्कपुष्पीक्रूरकर्मापयस्याजलकामुका। अर्कपुष्पीकृमिश्लेष्ममेहपित्तविकारजित् १०७॥

अर्कपुष्पी के नाम और गुण ॥

अर्कपुष्पी, क्रूरकर्मा, पयस्या और जलकामुका यह अर्कपुष्पी के नामहैं अर्कपुष्पी. कृमि, कफ, प्रमेह और पित्तके विकारों की नाशक होती है ॥ १०७ ॥

अथ लज्जालुः ॥

लज्जालुःस्याच्छमीपत्रासमङ्गाजलकारिका। रक्तपादीनमस्कारीनाम्नाखदिरकेत्यपि ॥ लज्जालुःशीतलातिक्ताकषायाकफपित्तजित्। रक्तपित्तमतीसारंयोनिरोगान्विनाशयेत् ॥ १०८ ॥

लज्जालू के नाम और गुण ॥

लज्जालु, शमीपत्रा, समङ्गा, जलकारिका, रक्तपादी, नमस्कारी और खदरिका यह लज्जालू के नाम हैं लज्जालू. शीतल, तिक्त, कषाय, और कफपित्त, रक्तपित्त, अतीसार तथा योनिरोगनाशक होतीहै ॥ १०८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लज्जालूभेदः अलम्बुषा ॥

अलम्बुषाखरत्वक्च तथामेदोगलास्मृता। अलम्बुषा लघुः स्वादुः कृमिपित्तकफापहा ॥ १०९ ॥

लज्जालू का भेद अलम्बुषाके नाम और गुण ॥

अलम्बुषा, खरत्वक् और मेदागला यह अलम्बुषा के नामहैं अलम्बुषा. हलकी, मधुर और कृमि, कफ तथा पित्तनाशक होती है ॥ १०९ ॥

अथ दूधी ॥

दुग्धिकास्वादुपर्णीस्यात्क्षीराविक्षीरिणीतथा। दुग्धिकोष्णागुरूरूक्षावातलागर्भकारिणी ॥ स्वादुक्षीराकटुस्तिक्तासृष्टमूत्रमलापहा । स्वादुर्विष्टम्भिनीवृष्याकफकुष्ठकृमिप्रणुत् ॥ ११० ॥

दूधीके नाम और गुण ॥

दुग्धिका, स्वादुपर्णी, क्षीरा और विक्षीरिणी यह दूधी के नामहैं दूधी. उष्ण, भारी, रूखी, बादी, गर्भकारक, स्वादिष्ठ दुग्धवाली, कटु, तिक्त, मधुर, मलमूत्रकी निकालनेवाली, विष्टंभी, वीर्यवर्द्धक और कफ, कुष्ठ तथा कृमिनाशक होती है ॥ ११० ॥

अथ भुइआंवला ॥

भूम्यामलकिकाप्रोक्ताशिवातामलकीतिच। बहुपत्राबहुफलाबहुवीर्य्याजटापिच। भूधात्रीवातकृत्तिक्ताकषायामधुराहिमा। पिपासाकासपित्तास्रकफपाण्डुक्षतापहा॥ १११ ॥

भुइँआमलेके नाम और गुण ॥

भूम्यामलकिका, शिवा, तामलकी, बहुपत्रा, बहुफला, बहुवीर्या और अजटा यह भुइँआमले के नाम हैं भुइँआमला. बादी, तिक्त, कषाय, मधुर, शीतल और तृषा, खांसी, रक्तपित्त, कफ, पांडु तथा क्षतनाशक होताहै ॥ १११ ॥

अथ ब्राह्मी ब्रह्ममाण्डूकी ॥

ब्राह्मीकपोतवङ्काचसोमवल्लीसरस्वती ॥ मण्डूकपर्णीमाण्डूकी त्वाष्ट्री दिव्यामहौषधी ॥ ब्राह्मीहिमासरातिक्तालघुर्मेध्याचशीतला ॥ कषायामधुरास्वादुपाकायुष्यारसायनी । स्वर्य्यास्मृतिप्रदाकुष्ठपाण्डुमेहास्रकासजित् ॥ विषशोथज्वरहरीतद्वन्मण्डूकपर्णिनी ॥ ११२ ॥

ब्राह्मी और ब्रह्ममाण्डूकी के नाम और गुण ॥

ब्राह्मी कपोतवङ्का सोमवल्ली और सरस्वती यह ब्राह्मी के नामहैं मण्डूकपर्णी माण्डूकी त्वाष्ट्री दिव्या और महौषधी यह ब्रह्ममाण्डूकी के नामहैं ब्राह्मी. दस्तावर, वीर्य में शीतल, तिक्त, कषाय, मधुर, हलकी, मेधाको हित, शीतल, पाकमें मधुर, आयुको हित, रसायन, स्वरको हित, स्मृतिदायक और कुष्ठ, पाण्डु, प्रमेह, रक्तदोष, खांसी, विष, सूजन तथा ज्वरनाशक होती है ब्रह्ममाण्डूकी में भी इसी के समान गुणहोते हैं ॥ ११२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ गूमा ॥

द्रोणाचद्रोणपुष्पीचफलेपुष्पाचकीर्त्तिता।द्रोणपुष्पीगुरुःस्वादूरूक्षोष्णावातपित्तकृत् । स तीक्ष्णलवणास्वादुपाकाकट्वीचभेदिनी।कफामकामलाशोथतमकश्वासजन्तुजित् ११३॥

गूमाके नाम और गुण ॥

द्रोणा, द्रोणपुष्पी और फलेपुष्पा यह गूमा के नामहैं गूमा. भारी, लवण, मधुर, कटु, रूखा, उष्ण, बादी, पित्तवर्द्धक, तीक्ष्ण, पाकमें मधुर, भेदक और कफ, आम, कामला, सूजन, तमकश्वास तथा कृमिनाशक होताहै ॥ ११३ ॥

अथ हुरहुरद्वितीयहुरहुर ॥

सुवर्च्चलासूर्य्यभक्तावरदाबदरापिच । सूर्य्यावर्त्तारविप्रीताऽपराब्रह्मसुवर्च्चला॥ सुवर्च्चलाहिमारूक्षास्वादुपाकासरागुरुः । अपित्तलाकटुःक्षाराविष्टम्भकफवातजित् ॥ अन्यातिक्ताकषायोष्णासरारूक्षालघुःकटुः । निहन्तिकफपित्तास्रश्वासकासारुचिज्वरान् ॥ विस्फोटकुष्ठमेहास्रयोनिरुक्कृमिपाण्डुताः ॥ ११४ ॥

दोनों प्रकार के हुरहुर के नाम और गुण ॥

सुवर्चला, सूर्य्यभक्ता, वरदा, बदरा, सूर्य्यावर्ता और रविप्रीता यह हुरहुर के नामहैं और दूसरे प्रकारके हुरहुर को ब्रह्मसुवर्चला कहते हैं हुरहुर. शीतल, रूखा, पाक में मधुर,दस्तावर,भारी, पित्तको न करनेवाली, क्षार, कटु और विष्टंभ, कफ तथा वातको नाशकरतीहै और दूसरे प्रकारकी हुरहुर. तिक्त, कषाय, उष्ण, दस्तावर, रूखी, हलकी, कटु और कफ, पित्त, रक्तदोष, श्वास, खांसी, अरुचि, ज्वर, विस्फोट, कुष्ठ, प्रमेह, रक्तपित्त, योनिरोग, कृमि तथा पांडुनाशक होतीहै ॥ ११४ ॥

अथ बांझखखसा ॥

बन्ध्याकर्कोटकीदेवीकन्यायोगीश्वरीतिच ।नागारिर्नक्रदमनीविषकण्टकिनीतथा ॥ बन्ध्याकर्कोटकीलघ्वीकफनुद्व्रणशोधिनी । सर्पदर्पहरीतीक्ष्णाविसर्पविषहारिणी ११५ ॥

बांझखखसा के नाम और गुण ॥

बन्ध्याकर्कोटकी, देवी, कन्या, योगीश्वरी, नागारि, नक्रदमनी और विषकंटकिनी यह बांझखखसा के नामहैं बांझखखसा. हलका, घावको शोधक,तीक्षण और कफ, सर्पकाविष विसर्प तथा विषनाशक होताहै ॥ ११५ ॥

अथ भुइखखसा वल्लीभूमिप्रसरणशीला ॥

मार्कण्डिकाभूमिवल्लीमार्कण्डीमृदुरेचनी । मार्कण्डिकाकुष्ठहरी ऊर्ध्वाधःकायशोधिनी ॥ विषदुर्गन्धकासघ्नीगुल्मोदरविनाशिनी ॥ ११६ ॥

भुइँखखसा के नाम और गुण ॥

मार्कण्डिका,भूमिवल्ली,मार्कण्डी और मृदुरेचनी यह भुइँखखसाकेनामहैं भुइँखखसा.वमन,विरेचन के द्वारा ऊपर नीचे के शरीरका शुद्ध करनेवाला और कुष्ठ, विष, दुर्गन्धि, खांसी, गुल्म तथा उदररोगनाशक होताहै ॥ ११६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ देवदालीसोनैआखखसावत् फलव्रततिः ॥

देवदालीतुवेणीस्यात् कर्कटीचगरागरी। देवताडीवृत्तकोशस्तथाजीमूतइत्यपि॥ पीतपराखरस्पर्शाविषघ्नीगरनाशिनी। देवदालीरसेतिक्ताकफार्शःशोफपाण्डुताः॥नाशयेत् वामनीतिक्ताक्षयहिक्काकृमिज्वरान्। देवदालीफलंतिक्तंकृमिश्लेष्मविनाशनम्॥ स्रंसनं गुलमशूलघ्नमर्शोघ्नंवातजित्परम्॥११७॥

सुनैया (खकसा के समान फलवाली लता) के नाम और गुण ॥

देवदाली, वेणी, कर्कटी, गरागरी, देवताण्डी वृत्तकोश और जीमूत यह सुनैयाके नामहैं पीतवर्ण की दूसरी सुनैयाको खरस्पर्शा, विषघ्नी और गरनाशिनी कहते हैं सुनैया. रसमें तिक्त, छर्दिकारक, तीक्ष्ण और कफ,बवासीर, सूजन, पांडु,क्षय, हिचकी, कृमि तथा ज्वरनाशक होती है सुनैयाका फल. तिक्त, स्रंसन और कफ, कृमि, गुल्म, श्वास, शूल, बवासीर तथा अत्यन्त वातनाशक होताहै ११७॥

अथ जलपिप्पली पानिसगाइतिलोके ॥

जलपिप्पल्यभिहिताशारदीशकुलादनी। मत्स्यादनीमत्स्यगन्धालाङ्गलीत्यपिकीर्त्तिता॥ जलपिप्पलिकाहृद्याचक्षुष्याशुक्रलालघुः। संग्राहिणीहिमारूक्षारक्तदाहव्रणापहा॥ कटुपाकरसारुच्याकषायावह्निवर्द्धिनी॥ ११८॥

जल पीपल के नाम और गुण ॥

जलपिप्पली, शारदी, शकुलादनी, मत्स्यादनी, मत्स्यगंधा और लांगली यह जलपीपलके नामहैं जलपीपल. हृदयको हित, नेत्रोंकोहित, वीर्यवर्द्धक, हलकी, ग्राही, शीतल, रूखी, रस तथा पाक में कटु, रुचिकारक, कषाय,अग्निवर्द्धक और रक्तदोष, दाह तथा घाव की नाशक होती है ११८॥

अथ गोभी ॥

गोजिह्वागोजिकागोभीदार्विकाखरपर्णिनी॥गोजिह्वावातलाशीताग्राहिणीकफपित्तनुत्॥ हृद्याप्रमेहकासास्रव्रणज्वरहरीलघुः। कोमलातुवरातिक्तास्वादुपाकरसास्मृता॥११९॥

गावजबाँके नाम और गुण ॥

गोजिह्वा, गोजिका, गोभी, दार्विका और खरपर्णिनी यह गोभी के नामहैं गोभी. बादी, शीतल, ग्राही, हृदयको हित,हलकी, कषाय, तिक्त, मधुर, पाकमें मधुर और प्रमेह, खांसी, रक्तदोष तथा ज्वर नाशक होताहै ११९॥

अथ नागदमनी ॥

बलामोटाविषापहा। नागपुष्पीनागपत्रामहायोगेश्वरीतिच। विज्ञेयानागदमनी बलामोटाकटुस्तिक्तालघुःपित्तकफापहा। मूत्रकृच्छ्रव्रणान्रक्षोनाशयेज्जालगर्दभम्। सर्वग्रहप्रशमनीनिश्शेषविषनाशिनी। जयंसर्वत्रकुरुतेधनदासुमतिप्रदा॥१२०॥

नागदमनके नाम और गुण ॥

नागदमनी,बलामोटा, विषापहा, नागपुष्पी, नागपत्रा और महायोगेश्वरी यह नागदमनके नाम हैं नागदमनी.कटु, तिक्त, हलकी, सर्वत्र जयदायक, धन देनेवाली, सुबुद्धिदायक और पित्त, कफ,मूत्रकृच्छ्र घाव,राक्षसोंकीपीडा,जालगर्दभ,सर्वग्रहपीडानिवारक तथा अत्यन्त विषनाशक होतीहै १२०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ वरवेल ॥

वेल्लंतरोजगतिवीरतरुःप्रसिद्धःश्वेतासितारुणविलोहितनीलपुष्पः । स्याज्जातितुल्यकुसुमःशमिसूक्ष्मपत्रः स्यात्कण्टकीविजलदेशजएषवृक्षः ॥ वेल्लंतरोरसेपाकेतिक्तस्तृष्णाकफापहः । मूत्राघाताश्मजिद्ग्राहीयोनिमूत्रानिलार्त्तिजित् ॥ १२१ ॥

वरवेलके नाम और गुण ॥

वेल्लंतर जगत् में वीरतरु नाम से प्रसिद्ध है इसके पुष्प श्वेत कृष्ण कुछ लाल लाल और नील वर्ण के होते हैं पुष्पों का आकार चमेलीके समान होता है पत्ते छोंकर के समान सूक्ष्म होते हैं यह वृक्ष जलरहित स्थान में उत्पन्न होता है और कांटेवाला होता है वरवेल. रस तथा पाकमें तिक्त, ग्राही और तृषा, कफ, मूत्राघात, पथरी, योनिरोग, मूत्ररोग तथा वातरोग नाशक होताहै ॥ १२१ ॥

छिक्कनी ॥

छिक्कनीक्षवकृत्तीक्ष्णाछिक्किकाघ्राणदुःखदा । छिक्कनीकटुकारुच्यातीक्ष्णोष्णावह्निपित्तकृत् ॥ वातरक्तहरीकुष्ठकृमिवातकफापहा ॥ १२२ ॥

नकछिकनी के नाम और गुण ॥

छिक्कनी,क्षवकृत्,तीक्ष्णा,छिक्किका और घ्राणदुःखदा यह नकछिकनी केनामहैं नकछिकनी. कटु,रुचिकारक,तीक्ष्ण,उष्ण,अग्निवर्द्धक,पित्तकारक और वातरक्त,कुष्ठ,कृमि,वात तथा कफनाशकहोतीहै १२२

अथ कुकुन्दरः ॥

कुकुन्दरस्ताम्रचूडः सूक्ष्मपत्रोमृदुच्छदः । कुकुन्दरःकटुस्तिक्तोज्वररक्तकफापहः ॥ तन्मूलमार्द्रंनिःक्षिप्तंवदनेमुखशोषहृत् ॥ १२३ ॥

कुकुरोंदेके नाम और गुण ॥

कुकुन्दर, ताम्रचूर, सूक्ष्मपत्र और मृदुच्छद यह कुकुरोंदा के नाम हैं यह कटु, तिक्त और ज्वर, रक्तदोष तथा कफनाशक होताहै कुकुरोंदेकी गीली जड़ मुखमें रखनेसे मुखका सूखना मिटताहै ॥ १२३॥

अथ सुदर्शनः ॥

सुदर्शनासोमवल्लीचक्राह्वामधुपर्णिका।सुदर्शनास्वादुरुष्णाकफशोफास्रवातजित् १२४

सुदर्शनके नाम और गुण ॥

सुदर्शना, सोमवल्ली, चक्राह्वा और मधुपर्णिका यह सुदर्शनके नाम हैं सुदर्शन. मधुर, उष्ण और कफ, सूजन तथा वात रक्त नाशक होताहै ॥ १२४ ॥

अथ मूसाकर्णी ॥

आखुकर्णीत्वाखुकर्णपर्णिकाभूदरीभवा । आखुकर्णीकटुस्तिक्ताकषायाशीतलालघुः॥ विपाकेकटुकामूत्रकफामयकृमिप्रणुत् ॥ १२५ ॥

मूसाकर्णीके नाम और गुण ॥

आखुकर्णी,आखुकर्णपर्णिका और भूदरीभवा यह मूसाकर्णी के नाम हैं यह कटु, तिक्त, कषाय, शीतल, लघु, पाकमें कटु और मूत्र, कफ तथा कृमिरोग नाशक होतीहै ॥ १२५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ मयूरशिखा ॥

मयूराङ्कशिखाप्रोक्ता सहस्राहिर्म्मधुच्छदा । नीलकण्ठशिखालघ्वी पित्तश्लेष्मातिसारजित् ॥ १२६ ॥

इति भावप्रकाशेगुडूच्याादिवर्गः ॥

मोरशिखाके नाम और गुण ॥

मयूराङ्कशिखा सहस्राहि और मधुच्छदा यह मोरशिखा के नाम हैं यह हलकी और पित्त, कफ तथा अतीसार नाशक होती है ॥ १२६ ॥

इति भावप्रकाशस्थभाषानुवादेगुडूच्यादिवर्गः ॥

अथ पुष्पवर्गः । तत्रादौकमलस्यनामानिगुणाश्च ॥

वापुंसिपद्मंनलिनमरविन्दंमहोत्पलम् । सहस्रपत्रंकमलं शतपत्रंकुशेशयम् ॥ पङ्केरुहन्तामरसं सारसीसरसीरुहम् । बिसप्रसूनराजीवपुष्कराम्भोरुहाणिच ॥ कमलंशीतलंवर्ण्यं मधुरंकफपित्तजित् । तृष्णादाहास्रविस्फोटविषवीसर्पनाशनम् ॥ विशेषतःसितंपद्मंपुण्डरीकमितिस्मृतम् । रक्तंकोकनदंज्ञेयं नीलमिन्दीवरंस्मृतम् ॥ धवलंकमलंशीतं मधुरंकफपित्तजित् । तस्मादल्पगुणंकिञ्चिदन्यद्रक्तोत्पलादिकम् ॥ १ ॥

अथ पुष्पवर्गः ॥

कमल के नाम और गुण ॥

पद्म, नलिन, अरविन्द, महोत्पल, सहस्रपत्र, कमल, शतपत्र, कुशेशय, पंकेरुह, तामरस, सारस, सरसीरुह, बिसप्रसून, राजीव पुष्कर और अम्भोरुह यह कमलके नामहैं यह सब शब्द पुल्लिंग और नपुंसकलिंगहैं कमल.शीतल, वर्णकोहित, मधुर और कफ, पित्त, तृषा, दाह, रक्तदोष, विस्फोट, विष तथा वीसर्पनाशक होता है श्वेत कमलको पुण्डरीक लालको कोकनद और नीलको इन्दीवर कहते हैं श्वेतकमल शीतल मधुर और कफ पित्त नाशक होताहै और लालकमलादिक इसकी अपेक्षा कुछ कम गुणवाले होतेहैं ॥ १ ॥

अथ पद्मिनी ॥

मूलनालदलोत्फुल्लफलैःसमुदितापुनः । पद्मिनीप्रोच्यतेप्राज्ञैर्बिसिन्यादिचसास्मृता ॥ आदिशब्दान्नलिनीकमलिनीत्यादि ॥ पद्मिनीशीतलागुर्व्वी मधुरालवणाचसा । पित्तासृक्कफनुद्रूक्षावातविष्टम्भकारिणी ॥ २ ॥

कमलिनी के नाम और गुण ॥

मूल नाल और पत्ते इन सब समेत कमल के पुष्पको पण्डितलोग पद्मिनी कहते हैं विसिनी नलिनी और कमलिनी आदिक उसके नामहैं कमलिनी.शीतल, भारी, मधुर, लवण, रक्त पित्त नाशक कफघ्न, रूखी, बादी और विष्टंभकारक होतीहै ॥ २ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ नवपत्रादि ॥

सम्वर्त्तिकानवदलंबीजकोशस्तुकर्णिका। किञ्जल्कःकेशरःप्रोक्तोमकरन्दोरसःस्मृतः॥ पद्मनालंमृणालंस्यात्तथाबिसमितिस्मृतम्। सम्वर्त्तिकाहिमातिक्ताकषायादाहतृट्प्रणुत्॥ मूत्रकृच्छ्रगुदव्याधिरक्तपित्तविनाशिनी। पद्मस्यकर्णिकातिक्ताकषायामधुराहिमा॥ मुखवैशद्यकृल्लघ्वीतृष्णास्रकफपित्तनुत्। किञ्जल्कःशीतलोवृष्यःकषायोग्राहकोऽपिसः॥ कफपित्ततृषादाहरक्तार्शोविषशोथजित्। मृणालंशीतवृष्यंपित्तदाहास्रजिद्गुरु। दुर्ज्जरंस्वादुपाकञ्चस्तन्यानिलकफप्रदम्। संग्राहिमधुरंरूक्षं शालूकमपितद्गुणम्॥ ३॥

कमल के नवीन पत्ते आदिकोंके नाम और गुण॥

कमल के नवीन पत्तों को सम्बार्त्तिका बीजकोश को कर्णिका केशरको किंजल्क रसको मकरन्द और नालको मृणाल तथा बिस कहते हैं कमलके नवीन पत्ते-शीतल, तिक्त, कषाय और दाह, तृषा, मूत्रकृच्छ्र,गुदा के रोग तथा रक्त पित्त नाशक होते हैं कमलकीकर्णिका (जिसमें बीज होते हैं) तिक्त कषाय मधुर शीतल मुखको सुस्वादु करनेवाली हलकी और तृषा रक्तदोष कफ तथा पित्तनाशक होतीहै कमलकी केशर शीतल वीर्यवर्द्धक कषाय ग्राही और कफ पित्त तृषा दाह रक्तदोष बवासीर विष तथा सूजन की नाशक होती है कमलकीडंडी-शीतल वीर्यवर्द्धक भारी देरमें पचनेवाली, पाक में मधुर दुग्धवर्द्धक, बादी, कफकारक, ग्राही, मधुर तथा रूखी होती है कमल की जडमें भी डण्डी के समान गुण होताहै॥ ३॥

अथ स्थलकमलम्॥

पद्मचारिण्यतिचराव्यथापद्माचशारदा। पद्मानुष्णाकटुस्तिक्ता कषायाकफवातजित्॥ मूत्रकृच्छ्राश्मशूलघ्नी श्वासकासविषापहा॥ ४॥

स्थलकमलके नाम और गुण॥

पद्मचारिणी, अतिचरा, अव्यथा, पद्मा और शारदा यह स्थलकमलकेनामहैं स्थलकमल. कुछ उष्ण, कटु, तिक्त, कषाय और कफ, वात, मूत्रकृच्छ्र, पथरी, शूल, श्वास, खांसी तथा विषनाशकहोताहै॥४॥

अथ कुमुदिनी कोई इतिलोके॥

श्वेतंकुवलयंप्रोक्तंकुमुदंकैरवंतथा। कुमुदंपिच्छिलंस्निग्धं मधुरंह्लादिशीतलम्॥ ५॥

कुमुदकोकाबेलीके नाम और गुण॥

श्वेत, कुमुदको कुवलय और कैरव कहते हैं कुमुद. पिच्छिल, स्निग्ध, मधुर, आनन्ददायक और शीतल होताहै॥ ५॥

अथ कुमुद॥

कुमुद्वतीकैरविकातथाकुमुदिनीतिच। सातुमूलादिसर्वाङ्गैरुक्तासमुदिताबुधैः॥ पद्मिन्यायेगुणाःप्रोक्ताकुमुदिन्याश्चतेस्मृताः॥ ६॥

कुमुदिनीके नाम और गुण॥

कुमुद्वती कैरविका और कुमुदिनी यह नामहैं पण्डितलोग मूल आदि सर्वाङ्ग युक्त कुमुद को कुमुदिनी कहतेहैं कमलनी के जो गुण कहेगये हैं वही कुमुदिनी में भी होते हैं॥ ६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ जलकुम्भीसेवार ॥

वारिपर्णीकुम्भिकास्याच्छैवालंशैवलञ्चतत् । वारिपर्णीहिमातिक्तालघ्वीस्त्राद्वीसरा कटुः ॥ दोषत्रयहरीरूक्षाशोणितज्वरशोषकृत् । शैवालंतुवरंतिक्तंमधुरंशीतलंलघु ॥ स्निग्धंदाहतृषापित्तरक्तज्वरहरंपरम् ॥ ७ ॥

पुरइन और शिवारके नाम और गुण ॥

वारिपर्णी और कुम्भिका यह पुरइनके नाम हैं शैवाल और शैवल यह शिवारके नामहैं पुरइन. शीतल, तिक्त, हलकी, मधुर, दस्तावर, कटु, रूखी और त्रिदोष, रक्तज्वर तथा शोष नाशक होतीहै शिवार. कषाय, तिक्त, मधुर, शीतल, हलका, स्निग्ध और दाह, तृषा, रक्तपित्त तथाज्वरनाश रुहोताहै ७॥

अथ सेवती गुलाब इतिच ॥

शतपत्रीतरुण्युक्ताकर्णिकाचारुकेशरा। महाकुमारीगन्धाढ्यालाक्षाकृष्णातिमञ्जुला॥ शतपत्रीहिमाहृद्याग्राहिणीशुक्रलालघुः। दोषत्रयास्रजिद्वर्ण्यातिक्ताकट्वीचपाचनी ८ ॥

सेवती गुलाब के नाम और गुण ॥

शतपत्री, तरुणी, कर्णिका, चारुकेशरा, महाकुमारी, गन्धाढ्या, लाक्षा, कृष्णा और अतिमञ्जुला यह सेवती गुलाबके नाम हैं सेवतीगुलाब. शीतल, हृदयको हित, ग्राही, वीर्य्यवर्द्धक, हलका, त्रिदोष नाशक, रक्तदोषनाशक, वर्णकोहित, तिक्त, कटु और पाचक होताहै ॥ ८ ॥

अथ वसन्ती नेवारिइतिलोके ॥

नैपालीकथितातज्ज्ञैःसप्तलानवमालिका । वासन्तीशीतलालघ्वीतिक्तादोषत्रयास्र जित् ॥ ९ ॥

नेवारी के नाम और गुण ॥

नैपाली, सप्तला और नवमालिका यह नेवारी के नामहैं नेवारी. शीतल, हलकी, तिक्त और त्रिदोष तथा रक्तदोषनाशक होती है ॥ ९ ॥

अथवा वार्षिकी बेल इति लोके ॥

श्रीपदीषट्पदानन्दावार्षिकीमुक्तबन्धना। वार्षिकीशीतलालघ्वीतिक्तादोषत्रयापहा ॥ कर्णाक्षिमुखरोगघ्नीतत्तैलंतद्गुणंस्मृतम् ॥ १० ॥

बर्साती बेलके नाम और गुण ॥

श्रीपदी, षट्पदानन्दा, वार्षिकी और मुक्तबन्धना यह बर्साती बेलके नाम हैं बर्सातीबेल. शीतल, हलकी, तिक्त, त्रिदोषनाशक और कर्ण नेत्र तथा मुखरोगनाशक होती है इसके तेल में भी इसी के समान गुण होते हैं ॥ १० ॥

अथ चमेली स्वर्णजाती ॥

जातिर्जातीचसुमनामालतीराजपुत्रिका। चेतिकाहृद्यगन्धाचसापीतास्वर्णजातिका ॥ जातीयुगंतिक्तमुष्णंतुवरंलघुदोषजित्। शिरोक्षिमुखदन्तार्त्तिविषकुष्ठानिलास्रजित ११ ॥

चमेली और पीलीचमेली के नाम और गुण ॥

जाति, जाती, सुमना, मालती, राजपुत्रिका, चेतकी और हृद्यगन्धा यह चमेलीकेनामहैं और पीली चमेलीको स्वर्णजाति कहतेहैं यह दोनों प्रकार की चमेली तिक्त, उष्ण, कषाय, हलकी और त्रिदोष,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शिरकी पीडा, नेत्ररोग, मुखरोग, दन्तरोग, विष, कुष्ठ, वात तथा रक्तदोषनाशक होती है ॥ ११ ॥

अथ जुही सुवर्णजुही ॥

यूथिकागणिकाम्बष्ठासापीताहेमपुष्पिका । यूथीयुगंहिमंतिक्तंकटुपाकरसंलघु ॥ मधुरंतुवरंहृद्यंपित्तघ्नंकफवातलम् । व्रणास्रमुखदन्ताक्षिशिरोरोगविषापहम् ॥ १२ ॥

जूही और पीलीजूही के नाम व गुण ॥

यूथिका गणिका और अम्बष्ठा यह जूही के नामहैं पीली जूहीको हेमपुष्पिका कहते हैं यह दोनों जूही. शीतल, तिक्त, पाकमें कटु, रसमेंकटु, हलकी, मधुर, कषाय, हृदयकोहित, पित्तनाशक, कफवर्द्धक, बादी और घाव, रक्तदोष, मुखरोग, दन्तव्याधि, नेत्ररोग, शिरकी पीडा तथा विषनाशक होती है ॥ १२ ॥

अथ चम्पा ॥

चाम्पेयश्चम्पकःप्रोक्तोहेमपुष्पश्चसस्मृतः एतस्यकलिकागन्धफलीतिकथिताबुधैः ॥ चम्पकःकटुकस्तिक्तःकषायोमधुरोहिमः । विषकृमिहरःकृच्छ्रकफवातास्रपित्तजित् ॥ १३ ॥

चंपाके नाम व गुण ॥

चांपेय चंपक और हेमपुष्प यह चंपा के नामहैं पंडित लोग चंपा की कलीको गन्धफली कहते हैं चंपा. कटु, तिक्त, कषाय, शीतल और विष, कृमि, मूत्रकृच्छ्र, वात तथा रक्त पित्त नाशक होती है १३ ॥

अथ वकुल मौलसिरी इति लोके ॥

वकुलोमधुगन्धश्चसिंहकेसरकस्तथा । वकुलस्तुवरोऽनुष्णःकटुपाकरसोगुरुः ॥ कफपित्तविषश्वित्रकृमिदन्तगदापहः ॥ १४ ॥

मौलसिरी के नाम व गुण ॥

वकुल मधुगन्ध और सिंहकेसर मौलसिरी के नाम हैं मौलसिरी. कषाय, कुछ उष्ण, रस तथा पाकमें कटु, भारी और कफ, पित्त, विष, श्वेतकुष्ठ, कृमि तथा दन्तरोगनाशक होती है ॥ १४ ॥

अथ वकुलबृहद्बोलशरीतिच ॥

शिवमल्लीपाशुपतएकाष्ठीलोवुकोवसुः । वुकोऽनुष्णःकटुस्तिक्तःकफपित्तविषापहः ॥ योनिशूलतृषादाहकुष्ठशोथास्रनाशनः ॥ १५ ॥

बडी मौलसिरी के नाम व गुण ॥

शिवमल्ली, पाशुपत, एकाष्ठीला, वुक और वसु यह बडी मौलसिरी के नामहैं बडी मौलसिरी. कुछ उष्ण, कटु, तिक्त और कफ पित्त विष योनिशूल तृषा दाह कुष्ठ सूजन तथा रक्तदोषनाशक होतीहै १५ ॥

अथ कदम्बः ॥

कदम्बःप्रियकोनीपोवृत्तपुष्पोहलिप्रियः । कदम्बोमधुरःशीतोकषायोलवणोगुरुः ॥ सरोविष्टम्भकृद्रूक्षःकफस्तन्यानिलप्रदः ॥ १६

कदम्ब के नाम व गुण ॥

कदम्ब, प्रियक, नीप, वृत्तपुष्प और हलिप्रिय यह कदम्बके नामहैं कदम्ब. मधुर, शीतल, कषाय, लवणभारी, दस्तावर, विष्टंभी, रूखा, कफकारक, दुग्धवर्द्धक और बादी होता है ॥ १६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ कूजा ॥

कुब्जकोभद्रतरणिर्बृहत्पुष्पोऽतिकेसरः। महासहाकण्टकाढ्यानीलालिकुलसंकुला ॥ कुब्जकःसुरभिःस्वादुःकषायानुरसःसरः।त्रिदोषशमनोवृष्यःशीतहर्त्ताचसस्मृतः॥१७॥

कूजा के नाम व गुण ॥

कुब्जक, भद्रतरणि, बृहत्पुष्प, अतिकेसर, महासहा, कण्टकाढ्या, नीला और अलिकुलसंकुला यह कूजा के नामहैं कूजा. सुगन्धित, मधुर, कुछ कषैला, दस्तावर, त्रिदोषनाशक, वीर्यवर्द्धक और शीतनाशक होताहै ॥ १७ ॥

अथ मल्लिका ॥

मल्लिकामदयन्तीचशीतभीरुश्चभूपदी। मल्लिकोष्णालघुर्वृष्यातिक्ताचकटुकाहरेत् ॥ वातपित्तास्यदृग्व्याधिकुष्ठारुचिविषव्रणान् ॥ १८ ॥

बेला के नाम व गुण ॥

मल्लिका, मदयन्ती, शीतभीरु और भूपदी यह बेला के नाम हैं बेला. उष्ण, हलका, वीर्यवर्द्धक, तिक्त, कटु और वात, पित्त, मुखरोग, नेत्ररोग, कुष्ठ, अरुचि, विष तथा घावनाशक होताहै ॥ १८ ॥

अथ माधवी ॥

माधवीस्यात्तुवासन्तीपुण्ड्रकोमण्डकोऽपिच। अतिमुक्तोविमुक्तश्चकामुकोभ्रमरोत्सवः ॥ माधवीमधुराशीतालघ्वीदोषत्रयापहा ॥ १९ ॥

मोतियाके नाम व गुण ॥

माधवी, वासन्ती, पुण्ड्रक, मण्डक, अतिमुक्त, विमुक्त, कामुक और भ्रमरोत्सव यह मोतिये के नाम हैं मोतिया. मधुर, शीतल, हलका और त्रिदोषनाशक होताहै ॥ १९ ॥

अथ केवरासुवर्णकेतकी ॥

केतकःसूचिकापुष्पोजम्बुकःक्रकचच्छदः। सुवर्णकेतकीत्वन्यालघुपुष्पासुगन्धिनी॥ केतकःकटुकःस्वादुर्लघुस्तिक्तःकफापहः। उष्णातिक्तरसाज्ञेयाचक्षुष्याहेमकेतकी ॥ २० ॥

केवडा और सुवर्णकेतकी के नाम व गुण ॥

केतक, सूचिकापुष्प, जम्बुक और क्रकचच्छद यह केवडे के नामहैं सुवर्णकेतकी केवडे का भेद है उस को लघुपुष्पा और सुगन्धिनी कहते हैं केवडा. कटु मधुर, तिक्त, हलका और कफनाशक होताहै सुवर्णकेतकी. तिक्त उष्ण, और नेत्रों को हित होतीहै ॥ २० ॥

अथ किङ्किरात इति गौडादौ प्रसिद्धः ॥

किङ्किरातोहेमगौरःपीतकःपीतभद्रकः ॥ किङ्किरातोहिमस्तिक्तःकषायश्चहरेदसौ। कफपित्तपिपासास्रदाहशोषवमिकृमीन् ॥ २१ ॥

किंकिरात के नाम व गुण ॥

किंकिरात, हेमगौर, पीतक और पीतभद्रक यह किंकिरात के नामहैं किंकिरात. शीतल, तिक्त, कषाय और कफ, पित्त, तृषा, रक्तदोष, दाह, शोष, छर्दि तथा कृमिनाशक होताहै ॥ २१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ कर्णिकारः ॥

कर्णिकारःपरिव्याधःपादपोत्पलइत्यपि ॥ कर्णिकारः कटुस्तिक्तस्तुवरः शोधनोलघुः। रञ्जनःसुखदः शोथश्लेष्मास्रव्रणकुष्ठजित् ॥ २२ ॥

कर्णिकार के नाम व गुण ॥

कर्णिकार, परिव्याध और पादपोत्पल यह कर्णिकार के नामहैं कर्णिकार. कटु, तिक्त, कषाय, शोधन करनेवाला,हलका,रंगदेनेवाला,सुखदायक और सूजन,कफ,रक्तदोष,व्रण तथा कुष्ठनाशक होताहै२२॥

अथ अशोक अमोगि ॥

अशोकोहेमपुष्पश्चवञ्जुलस्ताम्रपल्लवः। कङ्केलिःपिण्डपुष्पश्चगन्धपुष्पोनटस्तथा ॥ अशोकःशीतलस्तिक्तोग्राहीवर्ण्यःकषायकः।दोषापचीतृषादाहकृमिशोथविषास्रजित् २३

अशोक के नाम व गुण ॥

अशोक, हेमपुष्प, वञ्जुल, ताम्रपल्लव, कंकोलि, पिण्डपुष्प, गन्धपुष्प और नट यह अशोक के नामहैं अशोक. शीतल, तिक्त, ग्राही, वर्णकोहित, कषैला और त्रिदोष, अपची, तृषा, दाह, कृमि, शोथ, विष तथा रक्तदोषनाशक होताहै ॥ २३ ॥

अथ बाणपुष्प इति गौडादौ प्रसिद्धः ॥

अम्लातोऽम्लाटनःप्रोक्तस्तथाम्लातकइत्यपि ॥ कुरण्टकोवर्णपुष्पःसएवोक्तोमहासहः। अम्लाटनःकषायोष्णःस्निग्धःस्वादुश्चतिक्तकः ॥ २४ ॥

बाणपुष्प के नाम व गुण ॥

अम्लात, अम्लाटन, अम्लातक, कुरण्टक, वर्णपुष्प और महासह यह बाणपुष्प के नामहैं बाणपुष्प. कषाय, मधुर, तिक्त, उष्ण और स्निग्ध होताहै ॥ २४ ॥

अथ कटसरैया ॥

सैरेयकःश्वेतपुष्पःसैरेयःकटसारिका। सहाचरःसहचरःसचभिन्द्यपिकथ्यते ॥ कुरण्टकोऽत्रपीतेस्याद्रक्तेकुरवकःस्मृतः। नालेबाणाद्वयोरुक्तोदासीआर्त्तगलश्चसः ॥ सैरेयः कुष्ठवातास्रकफकण्डूविषापहः। तिक्तोष्णोमधुरोऽनम्लःसुस्निग्धःकेशरञ्जनः ॥ २५ ॥

कटसरैया के नाम व गुण ॥

सैरेयक, श्वेतपुष्प, सैरेय, कटसारिका, सहाचर, सहचर और भिन्दी यह कटसरैया के नामहैं पीली कटसरैयाको कुरंटक लालकटसरैयाको कुरवक और नीली कटसरैया को बाण दासी और आर्तगल कहतेहैं कटसरैया. कुष्ठ, वात, रक्तदोष, कफ, खुजली तथा विषनाशक, तिक्त, उष्ण, मधुर, कुछ अम्ल, स्निग्ध और बालोंकी रंगनेवाली होतीहै ॥ २५ ॥

अथ कुन्दः ॥

कुन्दन्तुकथितंमाघ्यंसदापुष्पश्चततस्मृतम् । कुन्दंशीतंलघुश्लेष्मशिरोरुग्विषपित्तहृत् ॥ २६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कुन्दके नाम गुण ॥

कुन्द, माध्य और सदापुष्प यह कुन्दके नामहैं कुन्द. शीतल, हलका और कफ, शिररोग, विष तथा पित्तनाशक होताहै ॥ २६ ॥

अथ मुचुकुन्दनाम्नैवप्रसिद्धः ॥

मुचुकुन्दःक्षत्रवृक्षश्चित्रकःप्रतिविष्णुकः । मुचुकुन्दःशिरःपीडापित्तास्रविषनाशनः २७॥

मुचकुन्द के नाम और गुण ॥

मुचुकुन्द, क्षत्रवृक्ष, चित्रक और प्रतिविष्णुक यह मुचकुन्दके नामहैं मुचकुंद. शिरकीपीडा रक्त पित्त तथा विषनाशक होताहै ॥ २७ ॥

अथ तिलाभपुष्पस्तिलकनाम्नैवप्रसिद्धः ॥

तिलकःक्षुरकःश्रीमान् पुरुषश्छिन्नपुष्पकः । तिलकःकटुकःपाकेरसेचोष्णोरसायनः॥ कफकुष्ठकृमीन्वस्तिमुखदन्तगदान्हरेत् ॥ २८ ॥

तिलक के नाम गुण ॥

तिलक, क्षुरक, श्रीमान्, पुरुष और छिन्नपुष्पक यह तिलकके नामहैं तिलक. रस तथा पाक में कटु, कुछ उष्ण, रसायन और कफ, कुष्ठ, कृमि, वस्तिरोग, मुखरोग तथा दन्तरोगोंका नाशक होताहै २८ ॥

अथ गेजुनिआ ॥

बन्धूकोबन्धुजीवश्च रक्तोमाध्याह्निकोऽपिच। बन्धूकःकफकृद्ग्राहीवातपित्तहरोलघुः२९

दुपहरिया के नाम व गुण ॥

बन्धूक, बन्धुजीव, रक्त और माध्याह्निक यह दुपहरियाके नामहैं दुपहरिया. कफकारक, ग्राही, वात-पित्तनाशक और हलका होताहै ॥ २९ ॥

अथ वोडहुल तथा साम्फी ॥

ओड्रपुष्पञ्जपाचाथ त्रिसन्ध्यासारुणासिता । जपासंग्राहिणीकेश्या त्रिसन्ध्याकफवातजित् ॥ ३० ॥

गुडहल के नाम व गुण ॥

ओड्रपुष्प, जपा और त्रिसंध्या यह गुडहल के नामहैं गुडहल लाल और सफेद दोप्रकारकी होती है गुड़हल. ग्राही, केशोंकोहित और कफवातनाशक होती है ॥ ३० ॥

अथ सेन्दुरिआ ॥

सिन्दूरीरक्तबीजाचरक्तपुष्पासुकोमला। सिन्दूरीविषपित्तास्रतृष्णावान्तिहरीहिमा३१ ॥

सिंदूरिया के नाम व गुण ॥

सिन्दूरी, रक्तबीजा, रक्तपुष्पा और सुकोमला यह सिंदूरिया के नामहैं सिंदूरिया. विष पित्तरक्त तृषा तथा छर्दिनाशक और शीतल होताहै ॥ ३१ ॥

अथागस्तिः ॥

अथागस्त्योवङ्गसेनो मुनिपुष्पोमुनिद्रुमः ॥ अगस्तिःपित्तकफजिच्चातुर्थकहरोहिमः । रूक्षोवातकरस्तिक्तःप्रतिश्यायनिवारणः ॥ ३२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अगस्त्यके नाम गुण ॥

अगस्त्य, वङ्गसेन, मुनिपुष्प और मुनिद्रुम यह अगस्त्यकेनामहैं अगस्त्य, पित्त, कफ, चातुर्थिकज्वर तथा जुकाम का नाशक, शीतल, रूखा, बादी और तिक्त होताहै ॥ ३२ ॥

अनन्तरतुलसीशुक्लाकृष्णाच ॥

तुलसीसुरसाग्राम्यासुलभाबहुमञ्जरी । अपेतराक्षसीगौरी शूलघ्नी देवदुन्दुभिः ॥ तुलसीकटुकातिक्ताहृद्योष्णादाहपित्तकृत् ॥ दीपनीकुष्ठकृच्छ्रास्रपार्श्वरुक्कफवातजित् ॥ शुक्लाकृष्णाचतुलसीगुणैस्तुल्याप्रकीर्तिता ॥ ३३ ॥

श्वेत और कृष्ण तुलसी के नाम व गुण ॥

तुलसी, सुरसा, ग्राम्या, सुलभा, बहुमञ्जरी, अपेतराक्षसी, गौरी, शूलघ्नी और देवदुन्दुभि यह तुलसीके नामहैं तुलसी. कटु, तिक्त, हृदय को हित, उष्ण, दाहकारक, पित्तवर्द्धक, प्रदीपन और कुष्ठ, मूत्रकृच्छ्र, रक्तदोष, पसलीकी पीड़ा, कफ तथा वातनाशक होती है दोनों तुलसियों में समान गुण होते हैं ॥ ३३ ॥

अथ मरुआ ॥

मारुतोऽसौमरुवकोमरुन्मरुरपिस्मृतः ॥ फणीफणिज्जकश्चापि प्रस्थपुष्पःसमीरणः । मरुदग्निप्रदोहृद्यस्तीक्ष्णोष्णःपित्तलोलघुः ॥ वृश्चिकादिविषश्लेष्मवातकुष्ठकृमिप्रणुत् । कटुपाकरसोरुच्यास्तिक्तोरूक्षःसुगन्धिकः ॥ ३४ ॥

मरुआ के नाम व गुण ॥

मारुत, मरुवक, मरुत्, मरु, फणी, फणिज्जक, प्रस्थपुष्प और समीरण यह मरुआके नामहैं मरुआ. अग्निवर्द्धक, हृदयकोहित, तीक्ष्ण, उष्ण, पित्तवर्द्धक, हलका, पाक तथा रसमें कटु, रुचिकारक, तिक्त, रूखा, सुगन्धियुक्त और बिच्छू आदिका विष, कफ, वात, कुष्ठ तथा कृमिनाशक होताहै ॥ ३४ ॥

अथ दवना ॥

उक्तोदमनकोदान्तोमुनिपुत्रस्तपोधनः । गन्धोत्कटोब्रह्मजटोविनीतःकुलपुत्रकः ॥ दमनस्तुवरस्तिक्तोहृद्योवृष्यःसुगन्धिकः । ग्रहणीविषकुष्ठास्रक्लेदकण्डूत्रिदोषजित् ३५ ॥

दोना के नाम व गुण ॥

दमनक, दान्त, मुनिपुत्र, तपोधन, गन्धोत्कट, ब्रह्मजट, विनीत और कुलपुत्रक यह दोनाके नाम हैं दोना. कषाय, तिक्त, हृदयकोहित, वीर्यवर्द्धक, सुगन्धित और ग्रहणी, विष, कुष्ठ, रक्तदोष, क्लेद, खुजली तथा त्रिदोषनाशक होताहै ॥ ३५ ॥

अथ वर्वरी ॥

वर्वरीतुवरीतुङ्गीखरपुष्पाजगन्धिका । पर्णाशस्तत्रकृष्णेतुकठिल्लककुठेरकौ ॥ तत्र शुक्लेऽर्जकःप्रोक्तोवटपत्रस्ततोपरः । वर्वरीत्रितयंरूक्षंशीतंकटुविदाहिच ॥ तीक्ष्णंरुचिकरंहृद्यंदीपनंलघुपाकिच ॥ पित्तलंकफवातास्रकण्डूकृमिविषापहम् ॥ ३६ ॥

इति श्रीभावप्रकाशेपुष्पादिवर्गः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बबईके नाम व गुण ॥

वर्वरी,तुवरी,तुङ्गी, खरपुष्पा, अजगन्धिका और पर्णाश यह बबईके नामहैं कालीबबईको कटिञ्जक तथा कुठेरक कहतेहैं और श्वेतबबईको अर्जक तथा वटपत्र कहतेहैं यह तीनोंप्रकारकी बबई. रूखी, शीतल, कटु, विदाही, तीक्ष्ण, रुचिकारक, हृदयकोहित, दीपन, शीघ्रपरिपाक होनेवाली, पित्तवर्द्धक और कफ, वातरक्त, खुजली, कृमि तथा विषनाशक होती हैं ॥ ३६ ॥

इति भावप्रकाशस्यभाषानुवादेपुष्पादिवर्गः ॥

अथ वटादिवर्गस्तत्रादौवटस्यनामानिगुणाश्च ॥

वटोरक्तफलःशृङ्गीन्यग्रोधःस्कन्धजोध्रुवः।क्षीरीवैश्रवणावासोबहुपादोवनस्पतिः॥ वटः शीतोगुरुर्ग्राहीकफपित्तव्रणापहः। वर्ण्योविसर्पदाहघ्नः कषायोयोनिदोषहृत् ॥ १ ॥

अथ वट आदि वर्ग ॥

बर्गदके नाम और गुण ॥

वट, रक्तफल, शृंगी, न्यग्रोध, स्कन्धज, ध्रुव, क्षीरी, वैश्रवणावास, बहुपाद और वनस्पति यह बर्गदके नामहैं बर्गद. शीतल, भारी, ग्राही, वर्णकोहित, कषाय और कफ, पित्त,घाव, विसर्प, दाह तथा योनिदोषनाशक होताहै ॥ १ ॥

अथ पिप्पलः ॥

बोधिद्रुःपिप्पलोऽश्वत्थश्चलपत्रोगजाशनः। पिप्पलोदुर्ज्जरःशीतः पित्तश्लेष्मव्रणास्रजित् ॥ गुरुस्तुवरकोरूक्षो वर्ण्योयोनिविशोधनः ॥ २ ॥

पीपल के नाम गुण ॥

बोधिद्रु, पिप्पल, अश्वत्थ, चलपत्र और गजाशन यह पीपल के नाम हैं पीपल. कठिनतासे पचनेवाला, शीतल, पित्तनाशक, कफघ्न, व्रण तथा रक्तदोषनाशक, भारी, कषाय, रूखा, वर्णको हित और योनिदोषका शुद्धकरनेवाला होता है ॥ २ ॥

अथ पिप्पलभेदः। गजदण्डसहोराइतिलोके ॥

पारीषोऽन्यःपलाशश्च कपिचूतःकमण्डलः। गर्द्दभाण्डःकन्दरालःकपीतनःसुपार्श्वकः ॥ पारीषोदुर्ज्जरःस्निग्धः कृमिशुक्रकफप्रदः। फलेऽम्लोमधुरोमूलेकषायःस्वादुमज्जकः ॥ ३ ॥

पीपल के भेद (गजदण्ड सहोरा) के नाम और गुण ॥

पारीष, पलाश, कपिचूत,कमण्डल, गर्द्दभाण्ड, कन्दराल, कपीतन और सुपार्श्वक यह गजदण्ड सहोरा के नाम हैं गजदण्ड. कठिनता से पचनेवाला, स्निग्ध और कृमि, वीर्य तथा कफका वर्द्धक होता है इसका फल. अम्ल तथा मधुर जड. कसैली और मींगी. मीठी होती है ॥ ३ ॥

अथ वेलियापीपर ॥

नन्दीवृक्षोऽश्वत्थभेदःप्ररोहीगजपादपः। स्थालीवृक्षःक्षयतरुःक्षीरीचस्याद्वनस्पतिः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नन्दीवृक्षोलघुःस्वादुस्तिक्तस्तुवरउष्णकः। कटुपाकरसोग्राहीविषपित्तकफास्रजित्॥४॥

वेलियापीपल के नाम व गुण॥

नन्दीवृक्ष, अश्वत्थभेद, प्ररोही, गजपादप, स्थालीवृक्ष, क्षयतरु, क्षीरी और वनस्पति यह वेलियापीपल के नाम हैं वेलियापीपल. लघु, मधुर, तिक्त, कषाय, उष्ण, रस तथा पाक में कटु, ग्राही और विष, पित्त, कफ तथा रक्तदोषनाशक होता है॥ ४॥

अथ उदुम्बरः॥

उदुम्बरोजन्तुफलोयज्ञाङ्गोहेमदुग्धकः। उदुम्बरोहिमोरूक्षोगुरुःपित्तकफास्रजित्॥ मधुरस्तुवरोवर्ण्योव्रणशोधनरोपणः॥ ५॥

गूलर के नाम व गुण॥

उदुम्बर, जन्तुफल, यज्ञाङ्ग और हेमदुग्धक यह गूलर के नाम हैं गूलर. शीतल, रूखा, पित्तनाशक, कफ तथा रक्तनाशक, मधुर, कषाय, वर्ण को हित और घावको शुद्धकरके भरनेवाला होताहै ५॥

अथ कटुम्भरी॥

काकोदुम्बरिकाफल्गुर्मलयूर्जघनेफला। मलयूःस्तम्भकृत्तिक्ताशीतलातुवराजयेत्॥ कफपित्तव्रणश्वित्रकुष्ठपाण्डर्शकामलाः॥ ६॥

कठियागूलर के नाम व गुण॥

काकोदुम्बरिका, फल्गु, मलयू और जघनेफला यह कठियागूलर के नाम हैं कठियागूलर. स्तम्भन, तिक्त, शीतल, कषाय और कफ, पित्त, घाव, श्वेतकुष्ठ, कुष्ठ, पाण्डु, बवासीर तथा कामला नाशक होता है॥ ६॥

अथ पर्करिः॥

प्लक्षोजटीपर्करीचपर्कटीचस्त्रियामपि। प्लक्षःकषायःशिशिरोव्रणयोनिगदापहः॥ दाहपित्तकफास्रघ्नःशोथहारक्तपित्तहृत्॥ ७॥

पकरिया के नाम व गुण॥

प्लक्ष, जटी, पर्करी और पर्कटी यह पकरियाके नामहैं पकरिया. कषाय, शीतल और घाव, योनिरोग, दाह, पित्त, कफ, रक्तदोष, सूजन तथा रक्तपित्तनाशक होता है॥ ७॥

अथ शिरीषः॥

शिरीषोभण्डिलोभण्डीभण्डीरश्चकपीतनः। शुकपुष्पःशुकतरुर्मृदुपुष्पःशुकप्रियः॥ शिरीषोमधुरोऽनुष्णस्तिक्तश्चतुवरोलघुः। दोषशोथविसर्पघ्नःकासव्रणविषापहः॥ ८॥

सिरस के नाम व गुण॥

शिरीष, भण्डिल, भण्डी, भण्डीर, कपीतन, शुकपुष्प, शुकतरु, मृदुपुष्प और शुकप्रिय यह सिरस के नाम हैं सिरस. मधुर, कषाय, तिक्त, कुछ उष्ण, हलका और त्रिदोष, सूजन, विसर्प, खांसी, घाव तथा विषनाशक होता है॥ ८॥

अथ क्षीरवृक्षपञ्चवल्कलयोर्लक्षणंगुणाश्च॥

पूर्वकालमें अपने आश्रममें बैठेहुये जितेन्द्रिय सप्तर्षिलोगोंकी युवावस्थायुक्त[illegible] को देखकर कामके वेगसे चलायमानचित्तवाले अग्निदेवताका जो वीर्य पृथ्वीप[illegible]वर्ण गया मरीचि, अंगिरा, अत्रि, पुलस्त्य, पुलह, क्रतु और वशिष्ठ यह सातों ऋषि [illegible] पारेके बेधसे कृत्रिम सुवर्णभी होताहै स्वर्ण, सुवर्ण, कनक, हिरण्य, हेम, हाटक, तपनी[illegible] काञ्चन, चामीकर, शातकुम्भ, कार्त्तस्वर, जाम्बूनद, जातरूप और महारजत य[illegible]के नामहैं जो सुवर्ण तपानेसे लाल, काटनेसे श्वेत, कसौटीमें कसनेसे केशरके समान चांदीरहित तांबेसे रहित स्निग्ध कोमल और भारी होताहै वह उत्तम होताहै जो सुवर्ण श्वेत कठिन रूखा विवर्ण मलयुक्त दलवाला तपानेमें तथा काटनेमें श्वेत कसौटीपर कसनेसे घीके वर्ण हलका और घनके मारनेसे फटनेवाला होताहै वह निकृष्ट कहाताहै सुवर्ण. शीतल, वीर्यवर्द्धक, बलकारक, भारी, रसायन, मधुर, तिक्त, कषैला, पाकमें मधुर, पिच्छिल, पवित्र, धातुवर्द्धक, नेत्रोंको तथा बुद्धिकोहित, स्मृतिदायक, बुद्धिवर्द्धक, हृदयको हित, आयुवर्द्धक, कान्तिकारक, वाणीको उत्तम तथा स्थिर करनेवाला और स्थावर, जङ्गम, विष, क्षय, उन्माद, त्रिदोष, ज्वर तथा राजयक्ष्मा नाशक होताहै अशुद्ध सुवर्ण. बलवीर्य नाशक रोगकारी शरीरशोषक और सुखका नाशक होताहै और इससे मृत्युभी होजाती है अच्छेप्रकार से नहीं माराहुआ सुवर्ण. बलवीर्यनाशक और रोग तथा मृत्युकारक भी होताहै इससे यत्नपूर्वक सुवर्ण को मारना चाहिये ॥ २ ॥

अथ रूप्यस्योत्पत्तिनामलक्षणगुणाश्च ॥

त्रिपुरस्यवधार्थायनिर्निमिषैर्विलोचनैः । निरीक्षयामासशिवःक्रोधेनपरिपूरितः ॥ अग्निस्ततकालमपतत्तस्यैकस्माद्विलोचनात् । ततोरुद्रःसमभवद्वैश्वानरइवज्वलन् ॥ द्वितीयादपतन्नेत्रादश्रुबिन्दुस्तुवामकात् । तस्माद्रजतमुत्पन्नमुक्तकर्म्मसुयोजयेत् ॥ कृत्रिमञ्चभवेत्तद्धिवङ्गादिरसयोगतः । रूप्यन्तुरजतंतारञ्चन्द्रकान्तिसितप्रभम् ॥ गुरुस्निग्धंमृदुश्वेतंदाहच्छेदघनक्षमम् । वर्णाढ्यंचन्द्रवत्स्वच्छंरूप्यंनवगुणंशुभम् ॥ कठिनंकृत्रिमंरूक्षंरक्तंपीतदलंलघु । दाहच्छेदघनैर्नष्टंरूप्यंदुष्टंप्रकीर्तितम् ॥ रूप्यंशीतंकषायाम्लंस्वा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दुपाकरसंसरम् । वय[illegible]स्थापनंस्निग्धंलेखनंवातपित्तजित् ॥ प्रमेहादिक[illegible]नाश यत्यचिराद्ध्रुवम् । तारंश[illegible]रीरस्यकरोतितापंविद्वंघनंयच्छतिशुक्रनाशम् [illegible]यंबलंह न्तितनोश्चपुष्टिंमहागदान्पोषयतिह्यशुद्धम् ॥ ३ ॥

रूपेकी उत्पत्तिनामलक्षण और गुण ॥

त्रिपुरके मारनेके लिये क्रोधमें पूर्णहोके शिवजीने विना पलक लगाये नेत्रोंसे देखा उससमय एक नेत्रसे अग्नि गिरी उस अग्निसे अग्निके समान जाज्वल्यमान रुद्र उत्पन्न हुए और दूसरे वाम नेत्र से अश्रुबिन्दु गिरा उससे चांदी उत्पन्न हुई उसको कहेहुए अनेक कामोंमें लानाचाहिये यह वङ्ग आदि [illegible]ओंके योगसे कृत्रिमभी होतीहै रूप्य,रजत, तार,चन्द्रकांति और सितप्रभ यह रूपाके नामहैं जो रूपा. तृष[illegible] चिकना,कोमल,तपानेसे अथवा काटनेसे श्वेत,चोटका सहने वाला,चन्द्रमाके समान कान्तिवा- [illegible] स्वच्छ होताहै वह श्रेष्ठहै जो रूपा. काठिन, कृत्रिम, रूखा,रक्तवर्ण, पीतदलयुक्त, हलका और [illegible] तथा चोट लगानेसे विकारयुक्त होवे वह निकृष्टहै रूपा,शीतल, कषैला, खट्टा, मधुर, [illegible]वर, अवस्थाका स्थित रखनेवाला, स्निग्ध, लेखन और वातपित्त तथा प्रमेह आदि [illegible]क होताहै विनाशोधा हुआ रूपा. तापकारक, वीर्य्य, बल, वीर्यनाशक, धातु तथा शरीर[illegible]शक और बडे रोगोंका उत्पन्न करनेवाला होताहै ॥ ३ ॥

अथ ताम्रस्योत्पत्तिर्नामलक्षणंगुणाश्च ॥

शुक्रंय[illegible]केयस्यपतितंधरणीतले। तस्मात्ताम्रंसमुत्पन्नमिदमाहुःपुराविदः ॥ ताम्रमौदुम्बरंशुल्बमुदुम्बरमपिस्मृतम् । रविप्रियंम्लेच्छमुखंसूर्य्यपर्यायनामकम् ॥ जपाकुसुमसङ्काशंस्निग्धंमृदुघनक्षमम् । लोहनागोज्झितंताम्रंमारणायप्रशस्यते ॥ कृष्णंरूक्षमतिस्तब्धंश्वेतञ्चापिघनासहम् । लोहनागयुतञ्चेतिशुल्बंदुष्टंप्रकीर्तितम् ॥ ताम्रंकषायंमधुरञ्चतिक्तमम्लञ्चपाकेकटुसारकञ्च । पित्तापहंश्लेष्महरञ्चशीतंतद्रोपणंस्याल्लघुलेखनञ्च ॥ पाण्डूदरार्शोज्वरकुष्ठकासश्वासक्षयान्पीनसमम्लपित्तम् । शोथंकृमिंशूलमपाकरोतिप्राहुःपरेबृंहणमल्पमेतत् ॥ एकोदोषोविषेताम्रेत्वसम्यङ्मारितेऽष्टते । दाहःश्वेदोरुचिर्मूर्च्छाक्लेदोरेकोवमिर्भ्रमः (रेकोविरेकः) ॥ ४ ॥

तांबेकी उत्पत्तिनाम लक्षण और गुण ॥

प्राचीन पण्डित लोग कहते हैं कि जो स्वामिकार्तिकजी का वीर्य्य पृथ्वी पर गिरा उससे तांबा उत्पन्न हुआ ताम्र, औदुम्बर, शुल्ब, उदुम्बर, रविप्रिय, म्लेच्छमुख और सूर्यके संपूर्णनाम यह तांबे के नामहैं जो तांबा. गुडहलके फूलके समान वर्णयुक्त, चिकना, कोमल, चोटसहनेवाला और लोह तथा सीसेके मेलसे रहित होताहै वह श्रेष्ठहै जो तांबा.कृष्ण अथवा श्वेतवर्ण रूखा बहुत कठिन लोह तथा सीसेके मेलवाला और चोट लगनेसे फटने वाला होताहै वह निकृष्ट होताहै तांबा.कषाय,मधुर, तिक्त, अम्ल, पाकमेंकटु, दस्तावर, पित्त तथा कफनाशक, शीतल, घावका पूरनेवाला, हलका ,लेखन, कुछ धातु वर्द्धक और पांडु, उदर, बवासीर, ज्वर, कुष्ठ, खांसी, श्वास,क्षय, पीनस, अम्लपित्त, सूजन, कृमि तथा शूलनाशक होताहै विषमें एक दोष होताहै और अच्छे प्रकार से विना मारेहुए तांबेमें दाह, स्वेद, अरुचि, मूर्च्छा, क्लेद, दस्त, छर्दि और भ्रम यह आठ दोष होते हैं ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ रङ्गस्यनामलक्षणगुणाः ॥

रङ्गं ... प्रोक्तंतथापिच्चटमित्यपि । खुरकंमिश्रकञ्चापिद्विविधंवङ्गमुच्यते ॥ उत्तमं खुरकंतत्र ... कंत्ववरंमतम् । रङ्गंलघुसरंरूक्षमुष्णंमेहकफक्रमीन् ॥ निहन्तिपाण्डुंसश्वासंचक्षुष्यं ... मनाक् । सिंहोयथाहस्तिगणंनिहन्ति तथैववंगोऽखिलमेहवर्गम् ॥ देहस्यसौख्यंप्रबलेन्द्रियत्वं नरस्यपुष्टिंविदधातिनूनम् ॥ ५ ॥

रांगाके नाम व गुण ॥

रङ्ग, वङ्ग, त्रपु और पिच्चट यह रांगेके नामहैं रांगा दोप्रकार काहै एक क्षुरक दूसरा मिश्रक मिश्रककी अपेक्षा क्षुरक उत्तम होताहै रांगा. हलका, दस्तावर, रूखा, उष्ण, नेत्रोंकोहित, कुछ पित्तवर्द्धक ... प्रमेह, कफ, कृमि, पांडु तथा श्वासनाशक होताहै जिस प्रकार सिंह हाथियोंको मारताहै उसी... वङ्ग संपूर्ण प्रमेहोंको नाशकरताहै और यह शरीरको सुखदायक इन्द्रियों को प्रबल ... मनुष्योंको पुष्टतादेनेवाला होताहै ॥ ५ ॥

अथ यसद ॥

यसदंरंगसदृशंरीतिहेतुश्चतन्मतम् । यसदंतुवरंतिक्तंशीतलंकफपि... परमंमेहात्पाण्डुंश्वासञ्चनाशयेत् ॥ ६ ॥

जस्तेके नाम व गुण ॥

जस्ता वङ्गके समान होताहै और पीतलका कारणहै जस्ता. कषैला, तिक्त, शीतल, नेत्रोंकोहित और कफ, पित्त, प्रमेह, पांडु तथा श्वासनाशक होताहै ॥ ६ ॥

अथ सीसस्योत्पत्तिर्नामगुणाश्च ॥

दृष्ट्वाभोगिसुतांरम्यांवासुकिस्तुमुमोचयत् । वीर्य्यंजातस्ततोनागःसर्वरोगापहोनृणाम् ॥ सीसंब्रध्नञ्चवप्रञ्चयोगेष्टंनागनामकम् । नागःभुजङ्गःइत्यादि ॥ सीसंवङ्गगुणंज्ञेयंविशेषान्मेहनाशनम् । नागस्तुनागशततुल्यबलंददातिव्याधिंविनाशयतिजीवनमातनोति ॥ वह्निंप्रदीपयतिकामबलंकरोतिमृत्युञ्चनाशयतिसन्ततसेवितःसः । पाकेनहीनौकिलवङ्गनागौकुष्ठानिगुल्मांश्चतथातिकष्टान् ॥ कण्डूम्प्रमेहानलसादशोथभगन्दरादीन्कुरुतःप्रभुक्तौ ॥ ७ ॥

सीसेकी उत्पत्ति नाम और गुण ॥

भोगीसर्पकी सुन्दर कन्याको देखकर वासुकिका वीर्यगिरा उससे सीसा उत्पन्नहुआ यह सीसा मनुष्योंके सम्पूर्ण रोगोंका नाशक होताहै सीस, ब्रध्न, वप्र, योगेष्ट और सर्पोंके नाम भुजङ्ग इत्यादिनाम यह सीसेके नामहैं सीसा. वङ्गके समान गुणवाला होताहै और विशेषकरके प्रमेहों का नाशकहै यह सीसा सदैव सेवनकरनेसे सौ हाथियोंके समान बलदायक रोगनाशक जीवनदायक अग्निदीपक और कामतथा बलकावर्द्धकहोताहै इससे मृत्युकाभी नाशकहोताहै अच्छी रीतिसे नहीं फुकेहुये सीसा और रांगा, कुष्ठ, गुल्म, अत्यन्त कष्ट, खुजली, प्रमेह, मन्दाग्नि, जकडना सूजन और भगन्दरको करते हैं ॥ ७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ लोहस्योत्पत्तिर्नामलक्षणगुणाश्च ॥

पुरालोमिनदैत्यानांनिहतानांसुरैर्युधि । उत्पन्नानिशरीरेभ्योलोहानिविविधानिच ॥
लोहोऽस्त्रीशस्त्रकंतीक्ष्णंपिण्डंकालायसायसी । गुरुतादृढतोत्क्लेदःकश्मलंदाहकारिता ॥
अश्मदोषःसुदुर्गन्धोदोषःसप्तायसस्यतु । लोहंतिक्तंसरंशीतंमधुरंतुवरंगुरु ॥ रूक्षंवय
स्यंचक्षुष्यंलेखनंवातलंजयेत् । कफंपित्तंगरंशूलंशोथार्शःप्लीहपाण्डुताः ॥ मेदोमेहकृमी
नूकुष्ठंतत्किट्टंतद्वदेवहि । पाण्डुत्वकुष्ठामयमृत्युदंभवेद्धृद्रोगशूलौकुरुतेऽश्मरीञ्च ॥ ना
नारुजानाञ्चतथाप्रकोपं करोतिहल्लासमशुद्धलोहम् ॥ जीवहारिमदकारिचायसंदेह
कृत्पदसंस्कृतंध्रुवम् ॥ पाटवंनतनुतेशरीरकेदारुणांहृदिरुजाञ्चयच्छति । कूष्माण्डं
...ञ्चमाषान्राजिकांतथा ॥ मद्यमम्लरसञ्चापित्यजेल्लोहस्यसेवकः ॥ ८ ॥

लोहेकी उत्पत्ति नाम लक्षण और गुण ॥

...पुनःप्र... लोगोंकेद्वारा युद्धमेंमारेगये लोमिन नाम दैत्योंके शरीरसे अनेकप्रकारके लोहेकी
...पुंल्लिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग) शस्त्रक, तीक्ष्ण, पिण्ड, कालायस और आयस यह लो-
...भारीपन, कठिनता, मचली, मूर्च्छा, दाह, पत्थरकादोष और दुर्गन्धि यह सात लोहेके दोष
हैं लोहा ... है कबर, शीतल, मधुर, कषैला, भारी, रूखा, अवस्थाकास्थापक, नेत्रोंकोहित, लेखन,
बा... पीडा और कफ और लारदोष, शूल, सूजन, बवासीर, प्लीहा, पाण्डु, मेद, प्रमेह, कृमि तथा कुष्ठनाशक होता
है और इसीकेदिक सुलोहके कीटमें भी गुणहोतेहैं बिना शोधाहुआ लोहा नपुंसकता कुष्ठ हृदयकेरोग
शूल पथरी मतली अनेक प्रकारकी पीडा और मृत्युको भी करताहै अशुद्ध लोहा. जीवकानाशक, म-
दकारी, देहको अशुद्ध करनेवाला, शरीरको असमर्थकरनेवाला और हृदयके रोगोंका अत्यन्त उत्पन्न
करनेवाला होताहै लोहके सेवनकरनेवाले मनुष्योंको पेठा, तिलका तेल, उर्द, राई, मद्य और खटाई
त्यागदेनी चाहिये ॥ ८ ॥ तत्र सारलोहस्य लक्षणं गुणाश्च ॥

क्ष्माभृच्छिखराकाराण्यङ्गान्यम्लेनलेपयेत् । लोहेस्युर्यत्रसूक्ष्माणितत्सारमभिधीय
ते ॥ लोहंसाराह्वयंहन्याद्ग्रहणीमतिसारकम् । अर्द्धसर्वाङ्गजंवातंशूलञ्चपरिणामजम् ॥
छर्दिञ्चपीनसंपित्तंश्वासंकासंव्यपोहति ॥ ९ ॥

सारलोह के लक्षण और गुण ॥

जो लोहा खटाईके लेपकरनेसे सूक्ष्म भाग पर्वतके शृंगके समान लक्षितहो वह सार कहलाता है
सार नाम लोहा. ग्रहणी, अतीसार, अर्द्धाङ्ग तथा सर्वाङ्ग, वात, परिणामशूल, छर्दि, पीनस, पित्त, श्वास
तथा खांसीका नाशक होताहै ॥ ९ ॥ अथ कान्तलोहस्य लक्षणं गुणाश्च ॥

यत्पात्रेनप्रसरतिजलेतैलबिन्दुःप्रतप्ते हिङ्गुर्गन्धंत्यजतिचनिजं तिक्ततांनिम्बक
ल्कः । तप्तंदुग्धंभवतिशिखराकारकंनैतिभूमिं कृष्णाङ्गस्यात्सजलचणकः कान्तलोहं
तदुक्तम् ॥ गुल्मोदरार्शःशूलाममामवातंभगन्दरम् । कामलाशोथकुष्ठानिक्षयंकान्तमयो
हरेत् ॥ प्लीहानमम्लपित्तञ्चयकृच्चापिशिरोरुजम् ॥ सर्वान्रोगान्विजयतेकान्तलोहंन
संशयः ॥ बलंवीर्य्यंवपुःपुष्टिंकुरुतेऽग्निंविवर्द्धयेत् ॥ १० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कान्तलोह के लक्षण और गुण ॥

जो [illegible] -ोहेके पात्रमें जलको तपाकर तेल डालनेसे फैलेनहीं हींग भूननेसेहींगकी सुगन्धिजाती रहै नींब [illegible] ल का कड़वाहट न हो और दूध गरम करने से शिखरके समान ऊंचाहो और गिरे नहीं उसको क[illegible] र लोहा कहते हैं कान्तीसार लोहा.गुल्म, उदर, बवासीर, शूल, आम, आमवात, भगंदर, कामल[illegible], सूजन, कुष्ठ, क्षय, प्लीहा, अम्लपित्त, यकृत्, शिरके रोग और सम्पूर्ण रोगों को निस्सन्देह दूर करता है यह बल, वीर्य, शरीरकी पुष्टता और अग्निकी वृद्धि करताहै ॥ १० ॥

अथ कीटी ॥

ध्मायमानस्यलोहस्यमलंमण्डूरमुच्यते । लोहसिंहानिकाकिट्टीसिंहानश्चनिगद्यते यल्लोहंयद्गुणंप्रोक्तंतत्किट्टमपितद्गुणम् ॥ ११ ॥

कीटीके नाम व गुण ॥

तपाये हुये लोहे के मलको मण्डूर लोह सिंहानिका किट्ट और सिंहान कहते[illegible] गुण होते हैं वही उसकी कीटी में भी होतेहैं ॥ ११ ॥

अथोपधातवः ॥

तत्रोपधातूनांलक्षणंगुणाश्च ॥

सप्तोपधातवःस्वर्णमाक्षिकंतारमाक्षिकम् । तुत्थंकांस्यंचरीतिश्चसिन्[illegible]चशि[illegible]ला[illegible] ॥ (उपधातवःगौणाधातवः) उपधातुषुसर्वेषुतत्तद्धातुगुणाअपि । सन्ति[illegible]ऽत्रोना[illegible] दंशाल्पभावतः ॥ १२ ॥

उपधातुओं के लक्षण और गुण ॥

सोनामक्खी, रूपामक्खी, तूतिया, कांसा, पीतल, सिंदूर, और शिलाजीत यह सात उपधातुहैं संपूर्ण उपधातुओं में अपनी २ धातुके गुण होतेहैं परन्तु कुछ कम होते हैं क्योंकि इनमें धातुओंका अंशथोड़ा होताहै ॥ १२ ॥

तत्र सुवर्णमाक्षिकस्य नामानिगुणाश्च ॥

स्वर्णमाक्षिकमाख्यातं तापीजंमधुमाक्षिकम् । ताप्यंमाक्षिकधातुश्चमधुधातुश्चसस्मृतः ॥ किंचित्सुवर्णसाहित्यात्स्वर्णमाक्षिकमीरितम् । उपधातुःसुवर्णस्यकिंचित्स्वर्णगुणान्वितम् ॥ तथाचकाञ्चनाभावेदीयतेस्वर्णमाक्षिकम् । किन्तुतस्यानुकल्पत्वात्किञ्चिदूनगुणास्ततः ॥ नकेवलंस्वर्णगुणावर्त्तन्तेस्वर्णमाक्षिके । द्रव्यान्तरस्यसंसर्गात्सन्त्यन्येऽपिगुणायतः ॥ सुवर्णमाक्षिकंस्वादुतिक्तंवृष्यंरसायनम् । चक्षुष्यंवस्तिरुक्कुष्ठपाण्डुमेहविषोदरान् ॥ अर्शःशोथंविषङ्कण्डूंत्रिदोषमपिनाशयेत् ॥ मन्दानलत्वंबलहानिमुग्रांविष्टम्भितांनेत्रगदान्सकुष्ठान् । तथैवमालांव्रणपूर्वकाञ्चकरोतितापीजमशुद्धमेतत् ॥ १३ ॥

सोनामक्खी के नाम और गुण ॥

स्वर्णमाक्षिक, तापीज, मधुमाक्षिक, ताप्य, माक्षिकधातु और मधुधातु यह सोना मक्खी के नामहैं कुछ सुवर्ण के योग होनेसे स्वर्णमाक्षिक कहलातीहै इसमें सुवर्ण के कुछ गुणहैं यह सुवर्ण के अभाव में व्यवहार कीजाती है सोनामक्खी सोनेकी उपधातुहोनेसे उसकी अपेक्षा कुछ न्यूनगुणवाली है सोना मक्खी में केवल सुवर्णही के गुण नहीं हैं किन्तु अन्य द्रव्योंके संयोगसे और २ भी गुण होते हैं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सोनामक्खी.मधुर,तिक्त,वृष्यबलवर्द्धक,रसायन,नेत्रोंको हित और मूत्राशय के रोग,कुष्ठ,[illegible],विष, उदर,बवासीर,सूजन,क्षय,खुजली तथा त्रिदोषनाशक होती है विना शोधीहुई सोनामक्खी मन्दाग्नि, अत्यन्त बल की हानि,विष्टम्भ,नेत्ररोग,कुष्ठ,गण्डमाला तथा घावको करतीहै ॥ १३ ॥

अथ तारमाक्षिकस्य नामगुणाः ॥

तारमाक्षिकमन्यत्तुतद्भवेद्रजतोपमम् । किञ्चिद्रजतसाहित्यात्तारमाक्षिकमीरितम् ॥ अनुकल्पतयातस्यततोहीनगुणाःस्मृताः । नकेवलंरूप्यगुणायतःस्यात्तारमाक्षिकम् ॥ स्वादुपाकेरसेकिञ्चित्तिक्तंवृष्यंरसायनम् । चक्षुष्यंवस्तिरुक्कुष्ठपाण्डुमेहविषोदरम् ॥ [illegible]र्शःशोथंक्षयङ्कण्डूंत्रिदोषमपिनाशयेत् । मन्दानलत्वंबलहानिमुग्रांविष्टम्भितान्नेत्रग तृष[illegible]कुष्ठान् । तथैवमालांव्रणपूर्व्विकाञ्चकरोतितापीजमिदञ्चतद्वत् ॥ १४ ॥

रूपामक्खी के नाम व गुण ॥

[illegible]पुनःप्र[illegible] समान होतीहै कुछ चांदीके संयोग से तारमाक्षिक कहलाती है यह चांदीकी अ- [illegible] से चांदीकी अपेक्षा कम गुणवाली है रूपामाखी में केवल चांदीकेही गुण नहीं क्षा[illegible] होते [illegible]रूपामाखी;[illegible]द्रव्योंके संयोगसे अन्य २ भी गुण होतेहैं रूपामाखी.रस तथा पाकमें मधुर,कुछ तिक्त, [illegible]वर्द्ध[illegible],रस[illegible]है व[illegible]नेत्रोंकोहित और मूत्राशय की पीड़ा,कुष्ठ,खुजली,प्रमेह,विष,उदर,बवासीर,सूजन, [illegible]पाण्डु[illegible]त्रिदोषनाशक होतीहै जैसे विनाशोधी सोनामाखी. मन्दाग्नि,अत्यन्त बलनाश, वि- ष्टम्भ,नेत्ररोग[illegible]दिक गण्डमाला औरघावकोभरतीहै इसीप्रकार अशुद्धरूपामाखीभी जाननीचाहिये१४॥

अथ तूतिया ॥

तुत्थंवितुन्नकञ्चापिशिखिग्रीवंमयूरकम् । तुत्थन्ताम्रोपधातुर्हिकिञ्चित्ताम्रेणतद्भवे त् ॥ किञ्चित्ताम्रगुणन्तस्माद्वक्ष्यमाणगुणञ्चतत् । तुत्थकंकटुकंक्षारंकषायंवामकंलघु ॥ लेखनम्भेदनंशीतंचक्षुष्यंकफपित्तहृत् । विषाश्मकुष्ठकण्डूघ्नंखर्परञ्चापितद्गुणम् ॥ १५ ॥

तूतियाके नाम व गुण ॥

तुत्थ,वितुन्नक,शिखिग्रीव और मयूरक यह तूतियाके नामहैं तूतिया तांबेकी उपधातुहै उसमें कुछ तांबेका संयोगहै इसकारण से इसमें कुछ तांबेके गुणहैं और आगे लिखे हुए गुणभी हैं तूतिया.कटु, क्षार,कषैला,छर्द्दि करानेवाला,हलका,लेखन,भेदक,शीतल,नेत्रोंकोहित और कफ,पित्त,विष, पथरी, कुष्ठ तथा खुजली नाशक होताहै खपरिया में भी इसीके समान गुण होतेहैं ॥ १५ ॥

अथ कांसा ॥

उपधातुर्भवेत्कांस्यंद्वयोस्तरणिरङ्गयोः॥ ताम्रत्रपुजमाख्यातङ्कांस्यंघोषञ्चकंसकम् । संयोगजप्रभावेणतस्यान्येऽपिगुणाःस्मृताः ॥ कांसस्यतुगुणाज्ञेयाःस्वयोनिसदृशाजनैः । गुरुनेत्रहितंरूक्षंकफपित्तहरम्परम् ॥१६॥ कांस्यङ्कषायन्तिक्तोष्णंलेखनंविशदंसरम् ।

कांसे के नाम व गुण ॥

कांस्य,घोष और कंसक यह कांसे के नामहैं यह तांबे और रांगेकी उपधातुहै तांबे और रांगेसे कांसा बनताहै कांसेमें अपने कारण के समान गुण होते हैं और संयोगके प्रभाव से अन्य२भी गुणहैं कांसा.

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कषाय ... ण,लेखक,विशद,दस्तावर,भारी,नेत्रों को हित और कफ तथा पित्त के नाश करने में श्रेष्ठ है ... १६ ॥

तथा पीतरिकांचीपीतरि ॥

पित्त... रकूटंस्यादारोरीतिश्चकथ्यते । राजरीतिर्ब्रह्मरीतिःकपिलापिङ्गलापिच ॥ संरीतिरप्युप... गुःस्यात्ताम्रस्ययसदस्यच । पित्तलस्यगुणाज्ञेयाःस्वयोनिसदृशाजनैः ॥ संयोगजप्रभावेणतस्याप्यन्येगुणाःस्मृताः । रीतिकायुगलंरूक्षंतिक्तञ्चलवणंरसे ॥ शोधनंपाण्डुरोगघ्नंक्रिमिघ्नंनातिलेखनम् ॥ १७ ॥

पीतल और कच्ची पीतल के नाम व गुण ॥

पित्तल,आरकूट,आर,रीति यह पित्तल के नामहैं कपिला,राजरीति,पिंगला और ब्रह्मरीति यह ... पीतल के नामहैं पीतल तांबे और जस्तेकी उपधातुहै पीतल में अपने कारण के समान गुण ... और संयोग के प्रभाव से अन्य गुणभी होतेहैं दोनों पीतल,रूखी,तिक्त,लवण, शोधनकार... तथा कृमिनाशक और बहुत लेखन नहीं होतीहैं ॥ १७ ॥

अथ सिन्दूर ॥

सिन्दूरंरक्तरेणुश्चनागगर्भश्चसीसजम् । सीसोपधातुःसिन्दूरंगु... ... वन तम् ॥ संयोगजप्रभावेणतस्याप्यन्येगुणाःस्मृताः ॥ सिन्दूरमुष्णंवीस... कण्डू विषहम् । भग्नसन्धानजननंव्रणशोधनरोपणम् ॥ १८ ॥

सिन्दूर के नाम और गुण ॥

सिन्दूर,रक्तरेणु,नागगर्भ और सीसज यह सिंदूर के नामहैं सिंदूर सीसेकी उपधातुहै इसीसे इसमें सीसेके समान गुण होतेहैं और संयोग के प्रभाव से अन्य गुणभी होतेहैं सिंदूर.उष्ण,टूटेको जोड़ने वाला,घावका शोधक तथा भरनेवाला और वीसर्प,कुष्ठ तथा खुजली नाशक होताहै ॥ १८ ॥

अथ शिलाजतु ॥

(तदुत्पत्तिर्नामलक्षणेगुणाश्च) निदाघेघर्म्मसन्तप्ताधातुसारन्धराधराः । निर्य्यासवत्प्रमुञ्चन्तितच्छिलाजतुकीर्त्तितम् ॥ सौवर्णंराजतन्ताम्रमायसन्तच्चतुर्विधम् । शिलाजत्वद्रिजतुचशैलनिर्य्यासइत्यपि ॥ गैरेयमश्मजञ्चापिगिरिजंशैलधातुजम् । शिलाजंकटुतिक्तोष्णंकटुपाकंरसायनम् ॥ छेदियोगवहंहन्तिकफमेदाश्मशर्कराः । मूत्रकृच्छ्रंक्षयंश्वासंवातार्शांसिचपाण्डुताम् ॥ अपस्मारन्तथोन्मादंशोथकुष्ठोदरकृमीन् । सौवर्णन्तुजपापुष्पवर्णंभवतितद्रसात् । मधुरंकटुतिक्तञ्चशीतलंकटुपाकिच ॥ राजतम्पाण्डुरंशीतंकटुकंस्वादुपाकिच । ताम्रंमयूरकण्ठाभंतीक्ष्णमुष्णञ्चजायते ॥ लौहंजटायुपक्षाभंतत्तिक्तंलवणम्भवेत् । विपाकेकटुकंशीतंसर्वश्रेष्ठमुदाहृतम् ॥ १९ ॥

शिलाजीत के नाम उत्पत्ति लक्षण और गुण ॥

ग्रीष्म ऋतुमें धूपसे तप्त पर्वतों से जो धातुओं का सार गोंदके समान निकलताहै उसको शिलाजीत कहतेहैं सोनेका चांदीका तांबेका और लोहेका इसरीति से चार प्रकारका शिलाजीत होताहै अद्रिजतु, शिलाजतु,शैलनिर्यास,गैरेय,अश्मज,गिरिज और शैलधातुज यह शिलाजीत के नामहैं शिलाजीत-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कटु, तिक्त, उष्ण, पाकमें क[illegible]सायन, छेदन, योगवाही और कफ, मेद, पथरी, शर्करा, मू[illegible] क्षय, श्वास, वात, बवासीर, पाण्डु, मृगी, उन्माद, सूजन, कुष्ठ, उदर तथा कृमि नाशक होताहै सो[illegible]जीत. गुडहर के पुष्पसमान वर्णवाला, मधुर, कटु, तिक्त, शीतल और पाकमें कटु होताहै च[illegible], शिलाजीत. श्वेतवर्ण, शीतल, कटु और पाकमें मधुर होताहै तांबेका शिलाजीत. मोरकेकंठसम[illegible]वाला, तीक्ष्ण और उष्ण होताहै लोहेका शिलाजीत. जटायु के पक्षके समान वर्णवाला, तिक्त, [illegible]ण, पाकमें कटु और शीतल होताहै और यही शिलाजीत गुणमें सबसे अधिक होताहै ॥ १६ ॥

अथ रसस्तत्ररसस्यनिरुक्तिः ॥

रसायनार्थिभिर्लोकैःपारदोरस्यतेयतः । ततोरसइतिप्रोक्तःसचधातुरपिस्मृतः॥२०॥

पारेका वर्णन व पारेकी निरुक्ति ॥

[illegible] की इच्छा करनेवाले लोग पारेको रसन अर्थात् भक्षण करतेहैं इसीसे इसको रस कहते हैं [illegible] भी कहते हैं ॥ २० ॥

अथ पारदस्योत्पत्तिर्लक्षणनामगुणाः ॥

[illegible]युतंरेतःपतितन्धरणीतले । तद्देहसारजातत्वाच्छुक्लमच्छमभूच्चतत्॥क्षे[illegible]वीर्य्यञ्चतुर्विधम् । श्वेतंरक्तन्तथापीतंकृष्णन्तत्तुभवेत्क्रमात् ॥ ब्रा[illegible]ःशूद्रश्चखलुजातितः । श्वेतंशस्तंरुजांनाशेरक्तङ्किलरसायनम्॥ धातु[illegible]कृष्णमेवच । पारदोरसधातुश्चरसेन्द्रश्चमहारसः ॥ चपलःशिववीर्य्यश्चरसःसूत[illegible]वाङ्मयः । पारदःषड्रसःस्निग्धस्त्रिदोषघ्नोरसायनः ॥ योगवाहीमहावृष्यःसदादृष्टिबलप्रदः । सर्वामयहरःप्रोक्तोविशेषात्सर्वकुष्ठनुत् ॥ स्वस्थोरसोभवेद्ब्रह्मा बद्धोज्ञेयोजनार्दनः । रञ्जितःक्रामितश्चापिसाक्षाद्देवोमहेश्वरः ॥ मूर्च्छितोहरतिरुजंबन्धनमनुभूयखेगतिंकुरुते। अजरीकरोतिहिमृतःकोऽन्यःकरुणाकरःसूतात्॥ असाध्योयोभवेद्रोगोयस्यनास्तिचिकित्सितम् । रसेन्द्रोहन्तितंरोगंनरकुञ्जरवाजिनाम् ॥ मलंविषंवह्निगिरित्वचापलन्नैसर्गिकन्दोषमुशन्तिपारदे । उपाधिजौद्वौत्रपुनागयोगजौदोषौरसेन्द्रे कथितौमुनीश्वरैः ॥ मलेनमूर्च्छामरणंविषेणदाहोऽग्निनाकष्टतरःशरीरे । देहस्यजाड्यङ्गिरिणासदास्याच्चाञ्चल्यतोवीर्य्यहतिश्चपुंसाम् ॥ वङ्गेनकुष्ठम्भुजगेनषण्ढोभवेदतोऽसौपरिशोधनीयः । वह्निर्विषमलश्चेतिमुख्यादोषास्त्रयोरसे ॥ एतेकुर्वन्तिसन्तापंमृतिंमूर्च्छान्नृणांक्रमात् । अन्येऽपिकथितादोषाभिषग्भिःपारदेयदि ॥ तथाप्येतेत्रयोदोषाहरणीयाविशेषतः । संस्कारहीनंखलुसूतराजंयःसेवतेतस्यकरोतिबाधाम्॥ देहस्यनाशंविदधातिनूनंकष्टांश्चरोगाञ्जनयेन्नराणाम् ॥ २१ ॥

पारेकी उत्पत्ति नाम लक्षण और गुण ॥

पृथ्वीपर गिरेहुए शिवजी के वीर्यसे पारा उत्पन्न हुआहै शिवजीके शरीरके सारांशसे उत्पन्नहोनेके कारण वह श्वेत और स्वच्छ हुआ और क्षेत्र के भेदसे श्वेत, रक्त, पीत तथा कृष्ण इनभेदों से चार प्रकारका होता है ब्राह्मण, क्षत्री, वैश्य और शूद्र यह क्रमसे चारोंकी जातिहैं श्वेत पारा. रोगोंके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

[illegible] रक्तवर्ण पारा. रसायन में पीतवर्ण पारा. धातुओं के भेद[illegible] और कृष्णवर्ण पारा. आ-नाश[illegible] करने में श्रेष्ठ है पारद, रसधातु, रसेन्द्र, महारस, चपल, शिववीर्य, रस, सूत और शिव काश [illegible] पारेके नाम हैं पारा. छः रसोंसे युक्त, स्निग्ध त्रिदोषनाशक, रसायन, योगवाही, जीके न[illegible] [illegible]क, सदैव दृष्टि को बल देनेवाला, सर्वरोगनाशक और विशेष करके सर्वकुष्ठनाशक अत्यन्त[illegible] होता है स्वस्थपारा. ब्रह्माके समान बंधाहुआ पारा जनार्दन के समान और रञ्जित तथा कामित पारा. साक्षात् शिवजी के समान होताहै मूर्च्छितपारा. रोगनाशक बंधाहुआपारा आकाशकी गति देनेवाला और मराहुआ पारा. वृद्धावस्थानाशक होता है पारेसे अधिक हित करनेवाला कोई नहीं है जो रोग असाध्य होते हैं जिनकी चिकित्सा नहींहै मनुष्य हाथी तथा घोड़े के वह रोग पारेकेद्वारा नष्टहोते हैं पारेमें स्वभावहीसे मल, विष, वह्नि, गिरि और चञ्चलता यह दोष होते हैं और [illegible] रांगे और सीसे के योगसे उपाधिज होनेवाले होते हैं मलसे मूर्च्छा, विषसे मरण, अग्नि से[illegible] अत्यन्त दाह, गिरिसे शरीर की जड़ता, चञ्चलता से वीर्यका नाश, वङ्गसे कुष्ठ और सीसे[illegible] ता होती है इससे पारे को शुद्ध करना चाहिये अग्नि विष और मल यह तीन [illegible] द्वारा क्रमसे सन्ताप, मृत्यु और मूर्च्छा होती है यद्यपि पारेमें और अनेक दोष[illegible] पि इनतीनों दोषोंके दूर करने में विशेष यत्न करना चाहिये जो मनुष्य विना श[illegible] से करता है उसको अत्यन्त बाधा उत्पन्न होती हैं अर्थात् देहका नाश होता [illegible] बड़े कठिन रोग उत्पन्न होते हैं ॥ २१ ॥

अथोपरसानांलक्षणम् ॥

गन्धोहिंगुलमभ्रतालकशिलाःस्रोतोऽञ्जनण्टङ्कणंराजावर्त्तकचुम्बकौस्फटिकयाशङ्खः खटीगैरिकम् । कासीसंरसकङ्कपर्दसिकताबोलांश्चकंकुष्ठकंसौराष्ट्रीचमताअमीउपरसाः सूतस्यकिञ्चिद्गुणैः ॥ (उपरसागौणारसाः) ॥ २२ ॥

उपरसों के लक्षण ॥

गन्धक, सिंदरफ, अभ्रक, हरताल, मैनशिल, सुरमा, सुहागा, रेह, चुम्बक, फिटकरी, शंख, खड़िया, गेरू, हीराकसीस, खपरिया, कौड़ी, बालू, बोल, मुरदासिंग और सोरठी मट्टी यह सब उपरस कहलाते हैं इनमें पारे के कुछ २ गुण होते हैं ॥ २२ ॥

हिंगुलस्यनामानिलक्षणंगुणाश्च ॥

हिंगुलन्दरदंम्लेच्छमिंगुलञ्चूर्णपारदम् । दरदस्त्रिविधःप्रोक्तश्चर्म्मारःशुकतुण्डकः ॥ हंसपादस्तृतीयःस्याद्गुणवानुत्तरोत्तरम् । चर्म्मारःशुक्लवर्णःस्यात्सपीतःशुकतुण्डकः ॥ जपाकुसुमसङ्काशोहंसपादोमहोत्तमः । तिक्तंकषायंकटुहिंगुलंस्यान्नेत्रामयघ्नङ्कफपित्तहारि । हृल्लासकुष्ठज्वरकामलांश्चप्लीहामवातौचगरञ्जिहन्ति ॥ ऊर्ध्वपातनयुक्त्यातुडमरूयन्त्रपाचितम् । हिंगुलन्तस्यसूतन्तुशुद्धमेवंनशोधयेत् ॥ २३ ॥

सिंदरफ के नाम लक्षण व गुण ॥

हिंगुल, दरद, म्लेच्छ, इंगुल और चूर्णपारद यह सिंदरफके नाम हैं चर्मार, शुकतुण्डक और हंसपाद यह तीन प्रकार के सिंदरफ होते हैं यह क्रमसे उत्तरोत्तर गुणमें अधिक होते हैं चर्मार.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सिंदरफ. श्वेतवर्ण, शुकतुण्डक, पीतवर्ण और हंसपाद. गुडहरके पुष्पके समान रक्तवर्ण ... और यही सबसे उत्तम होताहै सिंदरफ. तिक्त, कषाय, कटु और नेत्ररोग, कफ, पित्त, मतली ... ज्वर, कामला, प्लीहा, आमवात तथा गरदोषनाशक होताहै ऊपर उडाने की युक्ति से ... यंत्र में पकाए हुए सिंदरफ से निकला हुआ पारा शुद्ध होताहै उसको फिर शुद्ध न करे ॥ २३ ॥

अथ गन्धकस्योत्पत्तिर्नामलक्षणेगुणाश्च ॥

श्वेतद्वीपेपुरादेव्याः क्रीडन्त्यारजसाप्लुतम्। दुकूलन्तेनवस्त्रेणस्नातायाःक्षीरनीरधौ॥
...नंयद्रजस्तस्माद्गन्धकःसमभूत्ततः । गन्धकोगन्धिकश्चापिगन्धपाषाणइत्यपि ॥
...कश्चकथितोबलिर्बलरसोपिच । चतुर्द्धागन्धकःप्रोक्तोरक्तःपीतःसितोऽसितः ॥
...होय सक्तः पीतश्चैवरसायने।व्रणादिलेपनेश्वेतःकृष्णःश्रेष्ठःसुदुर्ल्लभः॥(श्रेष्ठःहेम
...पुनः ...स्ततरः)गन्धकःकटुकस्तिक्तोवीर्य्योष्णस्तुवरःसरः।पित्तलःकटुकःपा
...जेत्।हन्तिकुष्ठक्षयप्लीहकफवातान्रसायनः ।अशोधितोगन्धकएषकु
...शरीरे। शोषञ्चरूपञ्चबलंतथोजःशुक्रंनिहन्त्येवकरोतिचास्रम्॥ २४॥

गन्धक की उत्पत्ति नाम लक्षण और गुण ॥

पीर्वकाल और ...द्वीप में क्रीडा करती हुई श्रीपार्वतीजी का वस्त्र रज से भरगया उसी वस्त्र को पहनकर क्षीर ...दिक मु... स्नान करने से जो रज फैला उसीसे गन्धक उत्पन्न हुई गन्धक, गन्धिक, गन्धपाषाण, सौगन्धिक, बलि और बलरस यह गन्धक के नामहैं लाल, पीली, श्वेत और कृष्ण इन भेदोंसे चारप्रकार की गन्धक होती है लालगन्धक. सुवर्ण बनाने में पीली. रसायन में श्वेत. घाव आदिके लेप करने में और कृष्णगन्धक. सुवर्णादिक बनाने में सबसे श्रेष्ठ है परन्तु वह दुर्लभ है गन्धक. कटु, तिक्त, उष्ण, कषैली, दस्तावर, पित्तवर्द्धक, रसायन, पाक में कटु और खुजली, वीसर्प, कृमि, कुष्ठ, क्षय, प्लीहा, कफ तथा वातनाशक होतीहै विना शोधीहुई गन्धक. कुष्ठ, शरीर संताप और सुख, रूप, बल, ओज तथा वीर्य्य की हानि और रुधिर के दोषों को करती है ॥ २४ ॥

अथाभ्रकस्योत्पत्तिर्नामलक्षणेगुणाश्च ॥

पुरावधायवृत्रस्यवज्रिणावज्रमुद्धृतम्। विस्फुलिङ्गास्ततस्तस्यगगनेपरिसर्पिताः ॥
तेनिपेतुर्घनध्वानाच्छिखरेषुमहीभृताम्। तेभ्यएवसमुत्पन्नंतत्तद्गिरिषुचाभ्रकम् ॥ तद्वज्रं
वज्रपातत्वादभ्रमभ्ररवोद्भवात्।गगनात्स्खलितंयस्माद्गगनञ्चततोमतम् ॥ विप्रक्ष
त्रियविट्शूद्रभेदात्तत्स्याच्चतुर्विधः। क्रमेणैवासितंरक्तंपीतंकृष्णञ्चवर्णतः । प्रशस्यतेसि
तन्तारंरक्तंतत्तुरसायने॥ पीतंहेमनिकृष्णन्तुगदेषुद्रुतयेऽपिच । पिनाकंदर्दुरंनागंवज्रञ्चे
तिचतुर्विधम् ॥ मुञ्चत्यग्नौविनिक्षिप्तंपिनाकन्दलसञ्चयम् । अज्ञानाद्भक्षणंतस्यमहाकु
ष्ठप्रदायकम्॥ दर्दुरंत्वग्निनिःक्षिप्तंकुरुतेदर्दुरध्वनिम् । गोलकान्बहुशःकृत्वासस्यान्मृ
त्युप्रदायकः ॥ नागन्तुनागवद्वह्नौफूत्कारंपरिमुञ्चति । तद्भक्षितमवश्यन्तुविदधातिभग
न्दरम्॥ वज्रन्तुवज्रवत्तिष्ठेत्तन्नाग्नौविकृतिंव्रजेत्। सर्वाभ्रेषुवरंवज्रंव्याधिवार्द्धक्यमृत्युह
त्॥ अभ्रमुत्तरशैलोत्थंबहुसत्त्वंगुणाधिकम्। दक्षिणाद्रिभवंस्वल्पंसत्त्वमल्पगुणप्रदम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अभ्र[illegible]मधुरंसुशीतमायुष्करंधातुविवर्द्धनञ्च । हन्यात्त्रिदोषंव्रणमेहकुष्ठप्लीहोदरंग्रन्थिवि[illegible]गांश्च ॥ रोगान्हन्तिदृढयतिवपुर्वीर्यवृद्धिंविधत्तेतारुण्याढ्यंरमयतिशतंयोषितां[illegible]त्येष । दीर्घायुष्कान्जनयतिसुतान्विक्रमैः सिंहतुल्यान् मृत्योर्भीतिंहरतिसततंसेव्यमानंमृताभ्रम् ॥ पीडांविधत्तेविविधांनराणांकुष्ठंक्षयंपाण्डुगदञ्चशोथम् । हृत्पार्श्वपीडाञ्चकरोत्यशुद्धमभ्रन्त्वसिद्धंगुरुताप्रदंस्यात् ॥ २५ ॥

अभ्रककी उत्पत्तिलक्षण नाम और गुण ॥

पहले वृत्रासुरके मारने के लिये जब इन्द्रने वज्रउठाया तब उससे पतंगे उडकर आकाशमें फैले पीछे मेघोंके गर्जनेसे पहाडोंके शिखरोंपर गिरे जिन २ पर्वतोंपर वह अग्निकी चिनगारियां गिरी में अभ्रक उत्पन्न हुआ यह वज्रसे उत्पन्न होनेके कारण वज्रअभ्र [मेघ] अभ्रके [illegible] कारण अभ्र और गगनसे गिरनेकेकारण गगनकहलाताहै ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और [illegible] चारप्रकार का होताहै यह चारों प्रकारका अभ्रक क्रमसे श्वेत, रक्त, पीत और कृष्ण [illegible] चांदीकी क्रियामें लाल. रसायनकी क्रियामें पीला. सुवर्णकी क्रियामें और कृष्ण [illegible] नाशकरने में श्रेष्ठहै पिनाक, दर्दुर, नाग और वज्र यह चारप्रकार का अभ्रक होताहै [illegible] अग्निमें छोडनेसे पत्तर२ अलग होजाताहै अज्ञानतासे जो उसको खाय तो महाकु[illegible] नाम अभ्रक.अग्निमें छोडनेसे गोलाकार होकर मेढकके समान शब्दकरताहै इस[illegible]से मृत्युहोती है नागनाम अभ्रक.अग्निमें छोडनेसे सर्पके समान फुंकार शब्द करता है इसके खा[illegible] अवश्य भगन्दर नाम रोग होताहै और वज्रनाम अभ्रक.अग्निमें छोडनेसे वज्रके समान स्थित रहताहै विकारको नहीं प्राप्तकरता यह संपूर्ण अभ्रकोंमें श्रेष्ठहै इससे रोग वृद्धावस्था और मृत्युका नाश होताहै उत्तरके पर्वतों में उत्पन्न हुआ अभ्रक अत्यन्त बलयुक्त और गुणदायक होताहै दक्षिणीय पर्वतों में पैदाहुआ अभ्रक स्वल्पबल और गुणयुक्त होताहै अभ्रक. कषैला, मधुर, शीतल, आयुवर्द्धक, धातुवर्द्धक और त्रिदोष, घाव, प्रमेह, कुष्ठ, प्लीहा, उदरग्रन्थि, विष तथा कृमिनाशक होताहै नित्यसेवन कियाहुआ माराहुआ अभ्रक. रोगनाशक, शरीरको दृढकरनेवाला, मृत्युकेभयका नाशक और वीर्यवर्द्धक होताहै इसको सेवन करने वाला पुरुष तरुण सौ स्त्रियोंको नित्य रमाताहै और सिंहके समान पराक्रमवाले दीर्घायु पुत्रोंको उत्पन्न करताहै विनाशोधाहुआ अभ्रक मनुष्योंको अनेक प्रकारकी पीडाओंका देनेवाला और कुष्ठ क्षय पाण्डु सूजन हृदय की पीडा पसलीकी पीडा और भारीपनका करनेवाला होताहै ॥ २५ ॥

अथ हरितालस्य नामानि लक्षणंगुणाश्च ॥

हरितालंतुनालंस्यादालंतालकमित्यपि । हरितालंद्विधाप्रोक्तंपत्राख्यंपिण्डसंज्ञकम् ॥ तयोराद्यंगुणैःश्रेष्ठंततोहीनगुणंपरम् । स्वर्णवर्णंगुरुस्निग्धंसपत्रंचाभ्रपत्रवत् ॥ पत्राख्यंतालकंविद्याद्गुणाढ्यंतद्रसायनम् । निष्पत्रंपिण्डसदृशंस्वल्पसत्वंतथागुरु ॥ स्त्रीपुष्पहारकंस्वल्पगुणंतत्पिण्डतालकम् । हरितालंकटुस्निग्धंकषायोष्णंहरेद्विषम् ॥ कण्डूकुष्ठास्यरोगास्रकफपित्तकचव्रणान् । हरतिचहरितालञ्चारुतांदेहजातांसृजतिचबहुतापमंगसङ्कोचपीडाम् । वितरतिकफवातौकुष्ठरोगंविदध्यादिदमशितमशुद्धंमारितञ्चाप्यसम्यक् ॥ २६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हरितालके नाम लक्षण और गुण ॥

हरिताल, ताल, आल और तालक यह हरितालके नामहैं हरिताल दो प्रकारकी है ... की दूसरी गोबरिया इनमें पहली गुणोंमें श्रेष्ठ है और दूसरीमें कम गुणहैं तबकिया हरिताल ... के समान वर्णवाली, भारी, स्निग्ध, अभ्रकके समान पत्रयुक्त, श्रेष्ठ, गुणदायक और रसायन होतीहै ... बरियाहरिताल. पिण्डकेसमान पत्ररहित, स्वल्पबलवाली, थोड़ेगुणोंसेयुक्त, हलकी और स्त्रीकेरजकीनाशक होती है हरिताल. कटु, कषाय, स्निग्ध, उष्ण और विष खजुली, कुष्ठ, मुखरोग, रक्तदोष, कफ, पित्त तथा कचव्रण (बालोंकाघाव) नाशक होतीहै विनाशोधी और अच्छी न मारीहुई हरितालके सेवनकरनेसे देहकी ...ताकानाश और अनेक प्रकारके सन्ताप आक्षेप कफ वात तथा कुष्ठरोग होताहै ॥ २६ ॥

अथ मनःशिलानामानिगुणाश्च ॥

... मनोगुप्तामनोह्वानागजिह्विका । नैपालीकुनटीगोधाशिलादिव्यौषधिः ... पुनःश्रे... लागुरुर्वर्ण्यासरोष्णालेखनीकटुः । तिक्तास्निग्धाविषश्वासकासभूतक... शिलामन्दबलंकरोतिजन्तुंध्रुवंशोधनमन्तरेण । मलानुबन्धंकिलमूत्ररो... दश्मकुर्य्यात् ॥ २७ ॥

मैनसिल के नाम और गुण ॥

मनःशिल... गुप्ता, मनोह्वा, नागजिह्विका, नैपाली, कुनटी, गोधा, शिला और दिव्यौषधि यह मैनसिल के ना... मैनसिल. भारी, वर्णकोहित, दस्तावर, उष्ण, लेखन, कटु, तिक्त, स्निग्ध और विष, श्वास, खांसी, भूतबाधा. कफ तथा रक्तदोषनाशक होती है विनाशोधी मैनसिल के खाने से बलकी हानि, मलमूत्रका अवरोध, शर्करा और मूत्रकृच्छ्र इनकी उत्पत्ति होतीहै ॥ २७ ॥

अथ सुरमासौवीर ॥

अञ्जनंयामुनञ्चापिकापोताञ्जनमित्यपि । तत्तुस्रोतोऽञ्जनंकृष्णं सौवीरंश्वेतमीरितम् ॥ वल्मीकशिखराकारंभिन्नमञ्जनसन्निभम् । घृष्टन्तुगैरिकाकारमेतत्स्रोतोऽञ्जनंस्मृतम् ॥ स्रोतोऽञ्जनसमंज्ञेयंसौवीरन्तत्तुपाण्डुरम् । स्रोतोऽञ्जनंस्मृतंस्वादुचक्षुष्यंकफपित्तनुत् ॥ कषायंलेखनंस्निग्धंग्राहिच्छर्दिविषापहम् । सिध्मक्षयास्रहच्छ्रीतंसेवनीयंसदाबुधैः ॥ स्रोतोञ्जनगुणाःसर्वेसौवीरेपिमताबुधैः । किन्तुद्वयोरञ्जनयोःश्रेष्ठंस्रोतोऽञ्जनंस्मृतम् ॥ २८ ॥

सुरमा के नाम और गुण ॥

अञ्जन यामुन और कापोताञ्जन यह सुरमेके नाम हैं काले सुरमेको स्रोतोञ्जन और श्वेतको सौवीर कहतेहैं कालासुरमा. वामीके शिखरके समान आकारवाला, तोडनेसे अञ्जनकेसमान कान्तिवाला और घिसनेसे गेरूके समान होताहै सौवीरनाम सुरमा भी इसीके समान होताहै परन्तु वह श्वेत वर्णहोताहै कालासुरमा. मधुर, नेत्रोंकोहित, कफपित्तनाशक, कषैला, लेखन, स्निग्ध, ग्राही और छर्दि विष, सिध्म (श्वेतकुष्ठ वा सेंहुआं) क्षय तथा रक्तदोषनाशक होताहै इस कारण पण्डितों को सदैव इसका सेवन करना चाहिये श्वेतसुरमा भी इसी के समान गुणवाला होताहै परन्तु दोनों सुरमों में कालासुरमा श्रेष्ठहै ॥ २८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ सोहागा ॥

टङ्कणं ...नकरोरूक्षःकफघ्नोवातपित्तकृत् । अयमुपरसत्वात्पुनरुक्तः ॥ २९ ॥

सुहागे के गुण ॥

सुहागा. अग्निवर्द्धक, रूखा, कफघ्न, बादी और पित्तवर्द्धक होताहै यह उपरसके कारण दुबारालिखाहै २९

अथ फिटकरी ॥

स्फटीचस्फटिकाप्रोक्ताश्वेताशुभ्राचरङ्गदा। दृढरङ्गासुरङ्गा च गतरङ्गापिकथ्यते॥ स्फाटिकातुकषायोष्णावातपित्तकफव्रणान्। निहन्तिश्वित्रवीसर्पान्योनिसङ्कोचकारिणी ॥...

फिटकरीके नाम व गुण ॥

स्फटी, स्फटिका, श्वेता, शुभ्रा, रङ्गदा, दृढरङ्गा, सुरङ्गा और गतरङ्गा यह फिटकरीकेनामहैं फिटकरी ... उष्ण, योनिसंकोचक और वातपित्त, कफ, घाव, श्वेतकुष्ठ तथा वीसर्पकी नाशकरने...

अथ रेवटी ॥

...निग्धंहिंदा...

राजावर्त्तःकटुस्तिक्तःशिशिरःपित्तनाशनः। राजावर्त्तःप्रमेहघ्नश्छर्द्दिहिक्का...नकेटा ३१

रेवटी के गुण ॥

राजावर्त अर्थात् रेवटी. कटु, तिक्त, शीतल और पित्त, प्रमेह, छर्दि तथा हिचकीन...होताहै ३१

अथ चुम्बकः ॥

चुम्बकःकान्तपाषाणोयःकान्तोलोहकर्षकः । चुम्बकोलेखनःशीतो मदोविषगरापहः ॥ ३२ ॥

चुम्बक के नाम व गुण ॥

चुम्बक, कान्तपाषाण और लोहकर्षक यह चुम्बक के नामहैं जिस पत्थर से लोहा खिंचजाता है उसे चुम्बक कहते हैं चुम्बक. लेखन, शीतल और मेद, विष तथा गरदोषनाशक होताहै ॥ ३२ ॥

गेरू सुवर्णगेरू ॥

गैरिकंरक्तधातुश्चगैरेयंगिरिजंतथा। सुवर्णगैरिकन्त्वन्यत्ततोरक्ततरंहितत् ॥ गैरिकद्वितयंस्निग्धंमधुरंतुवरंहिमम् । चक्षुष्यंदाहपित्तास्रकफहिक्काविषापहम् ॥ ३३ ॥

गेरू और सुनहरी गेरू के नाम व गुण ॥

गैरिक, रक्तधातु, गैरेय और गिरिज यह गेरूके नामहैं और दूसरी सुनहरी गेरू इससे अधिक लाल होताहै दोनों गेरू. स्निग्ध, मधुर, कषैले, शीतल, नेत्रकोहित और दाह, पित्त, रक्तदोष, कफ, हिचकी तथा विषनाशक होते हैं ॥ ३३ ॥

अथ खरी. गौरखरी ॥

खटिकाकटिकाचापिलेखनीचनिगद्यते। खटिकादाहजिच्छीतामधुराविषशोथजित्॥ लेपादेतद्गुणाप्रोक्ताभक्षितामृत्तिकासमा। खटीगौरखटीद्वेचगुणैस्तुल्येप्रकीर्त्तिते ॥ ३४॥

खडिया और श्वेतखडिया के नाम व गुण ॥

खटिका, कटिका और लेखनी यह खडियाके नामहैं खडिया. मधुर, शीतल और दाह, विष तथा सूजन की नाशक होतीहै यह गुण लेपकरने में हैं और खानेमें मृत्तिकाके समान होतीहै खडिया और श्वेतखडिया दोनों में समान गुणहैं ॥ ३४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ बालू ॥

बालुकासिकताप्रोक्ताशर्करारेतजापिच। बालुकालेखनीशीताव्रणोरःक्षतनाशिनी ३५

बालू के नाम व गुण ॥

बालुका, सिकता, शर्करा और रेतजा यह बालू के नामहैं बालू. लेखन, शीतल और घाव तथा उरःक्षतनाशक होतीहै ॥ ३५ ॥

खपरी आतुत्थभेद ॥

खर्परीतुत्थकंतुत्थादन्यत्तद्रसकंस्मृतम्। येगुणास्तुत्थकेप्रोक्तास्तेगुणारसकेस्मृताः३६॥

तूतिये का भेद खपरिया के नाम व गुण ॥

खर्परीतुत्थक और तुत्था यह तूतिया का भेदमात्र है इसका दूसरा नाम रसक है तूतिया के जो गुण हैं वेही पुनः खपरियामें भी हैं ॥ ३६ ॥

काशीस मांगफूल ॥

काशीसंधातुकाशीसंपांशुकाशीसमित्यपि। तदेवकिंचित्पीतंतुपुष्पकाशीसमुच्यते॥ काशीसमम्लमुष्णंचतिक्तश्चतुवरंतथा। वातश्लेष्महरंकेश्यंनेत्रकण्डूविषप्रणुत्॥ मूत्रकृच्छ्राश्मरीश्वित्रनाशनंपरिकीर्त्तितम्॥ ३७॥

हीराकशीस के नाम व गुण ॥

काशीस, धातुकाशीस और पांशुकाशीस यह हीराकशीस के नामहैं कुछ पीले कशीस को पुष्प काशीस कहते हैं हीराकशीस. खट्टा, उष्ण, तिक्त, कषैला, केशोंकोहित और वात, कफ, नेत्रोंकी खुजली, विष, मूत्रकृच्छ्र, पथरी तथा श्वेतकुष्ठनाशक होताहै ॥ ३७ ॥

अथ सौराष्ट्रीमाटी ॥

सौराष्ट्रीतुवरीकांक्षीमृत्तालकसुराष्ट्रजे ॥ आढकीचापिसाख्यातामृत्स्नाचसुरमृत्तिका। स्फटिकायागुणाःसर्वेसौराष्ट्र्यापिकीर्त्तिताः ३८ (अथ कृष्णमृत्तिका) कृष्णमृत्क्षतदाहास्रप्रदरश्लेष्मदाहनुत् ३९ (अथ कर्दमः) कर्दमोदाहपित्तार्त्तिशोथघ्नः शीतलःसरः ॥ ४० ॥

सोरठी मिट्टी के नाम व गुण ॥

सौराष्ट्री, तुवरी, कांक्षी, मृत्तालक, सुराष्ट्रज, आढकी, मृत्स्ना और सुरमृत्तिका यह सोरठी मट्टी के नामहैं इसमें सब फिटकरी के गुण होतेहैं ३८ [काली मट्टीके गुण] कालीमट्टी. घाव, दाह, रक्तदोष, प्रदर, कफ तथा पित्तनाशक होती है ३९ [कर्दम [कीचड़] के गुण] कर्दम. दाह, पित्तरोग तथा सूजन की नाशक, शीतल और दस्तावर होती है ॥ ४० ॥

अथ बोल ॥

बोलगन्धरसप्राणःपिण्डगोपरसाःसमाः। बोलंरक्तहरंशीतंमेध्यन्दीपनपाचनम् ॥ मधुरंकटुतिक्तंचदाहस्वेदत्रिदोषजित् ॥ ज्वरापस्मारकुष्ठघ्नंगर्भाशयविशुद्धिकृत् ४१ ॥

बोल के नाम व गुण ॥

बोल, गन्धरस, प्राण, पिण्डगोपरस और सम यह बोलके नाम हैं बोल. रक्तनाशक, शीतल,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मेधा को [illegible] दीपन, पाचक, मधुर, कटु, तिक्त, गर्भाशयशोधक और दाह, स्वेद,त्रिदोष,ज्वर, मृगी तथा कुष्ठ [illegible] होता है ॥ ४१ ॥

अथ कंकुष्ठोत्पत्तिलक्षणनामगुणाः ॥

हिमवत्पादशिखरे कंकुष्ठमुपजायते । तत्रैकं नालिकाख्यं स्यात्तदन्यद्रेणुकं स्मृतम् ॥ पीतप्रभं गुरु स्निग्धं श्रेष्ठं कंकुष्ठमादिशेत् ॥ श्यामं पीतं लघुत्यक्तं मत्त्वं नेष्टं तथाण्डकम् । कंकुष्ठं काककुष्ठञ्च वराङ्गं रङ्गदायकम् ॥ कंकुष्ठं रेचनं तिक्तं कटूष्णं वर्णकारकम् । कृमिशोथोदराध्मानगुल्मानाहकफापहम् ॥ ४२ ॥

कंकुष्ठ [मुर्दासिंग] की उत्पत्ति नाम व गुण ॥

हिमालय पर्वत के शिखर में कंकुष्ठ उत्पन्न होता है कंकुष्ठ दोप्रकारकाहै एक [illegible] दूसरा पीतवर्ण होता है पीतवर्ण भारी और स्निग्ध होता है वह श्रेष्ठ होताहै जो [illegible] और हलका होता है वह बल और गुण से रहित होता है कालकुष्ठ कंकुष्ठ वर [illegible] यह कंकुष्ठ के नाम हैं कंकुष्ठ रेचक तिक्त कटु उष्ण वर्णकारक और कृमि सू[illegible] गुल्म आनाह तथा कफनाशक होता है ॥ ४२ ॥

(अथ रत्नस्यनिरुक्तिः) धनार्थिनोजनाःसर्वेरमन्तेऽस्मिन्नतीवयत [illegible]तोरत्नमि[illegible] प्रोक्तंशब्दशास्त्रविशारदैः ॥ ४३ ॥ रत्नकी निरुक्ति ॥

धनार्थीलोग इसमें अत्यन्त अनुरक्त रहते हैं इसी से शब्दशास्त्र के जाननेवाले इसको रत्न कहते हैं ॥ ४३ ॥

अथ रत्नस्यनामानिस्वरूपणंच ॥

रत्नंक्लीबेमणिःपुंसिस्त्रियामपिनिगद्यते । तत्तुपाषाणभेदोऽस्तिमुक्तादिचतदुच्यते ॥ तथा (चामरसिंहः) रत्नंमणिर्द्वयोरश्मजातोमुक्तादिकेऽपिच ॥ ४४ ॥

रत्न के नाम और स्वरूप ॥

रत्न [नपुंसकलिङ्ग] को मणि पुँल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग कहते हैं यह पाषाण का भेदहै जैसे मोती आदिक और अमरकोषमें कहाहै कि रत्न अथवा मणि पत्थरों के भेद तथा मोती आदिक कहातेहैं ॥ ४४ ॥

अथ रत्नानांनिरूपणम् ॥

रत्नंगारुत्मतंपुष्परागोमाणिक्यमेवच । इन्द्रनीलश्चगोमेदस्तथावैडूर्यमित्यपि ॥ मौक्तिकंविद्रुमश्चेतिरत्नान्युक्तानिवैनव । रत्नंहीरा ॥ गारुत्मतंपन्ना । माणिक्यंपद्मरागः । इन्द्रनीलःलीला । (विष्णुधर्म्मोत्तरेऽपिनवरत्ननिरूपणम्) मुक्ताफलंहीरकंचवैडूर्यंपद्मरागकम् ॥ पुष्परागंचगोमेदंनीलंगारुत्मतंतथा । प्रवालयुक्तान्येतानिमहारत्नानिवैनव ॥ तत्रहीरकंहीराइतिलोके ॥ ४५ ॥

रत्नोंका वर्णन ॥

हीरा, पन्ना, पुष्पराग, माणिक्य, नीलम, गोमेद, वैडूर्य, मोती और मूंगा यह नौरत्न हैं विष्णुधर्मोत्तरग्रन्थ में भी रत्नोंका वर्णन है जैसे कि मोती, हीरा, वैडूर्य, माणिक्य, पुष्पराग, गोमेद, नीलम, पन्ना और मूंगा यह नौ महारत्न हैं ॥ ४५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तस्यनामलक्षणंगुणाश्च ॥

हीरकःपुंसिवज्रोऽस्त्रीचन्द्रोमणिवरश्चसः । सतुश्वेतःस्मृतोविप्रोलोहितः ...यः स्मृतः ॥ पीतोवैश्योऽसितःशूद्रश्चतुर्वर्णात्मकश्चसः । रसायनेमतोविप्रःसर्वसिद्धि...दायकः ॥ क्षत्रियोव्याधिविध्वंसीजरामृत्युहरःस्मृतः । वैश्योधनप्रदःप्रोक्तस्तथादेहस्यदार्ढ्यकृत् ॥ शूद्रोनाशयतिव्याधीन्वयस्तम्भंकरोतिच । पुंस्त्रीनपुंसकानीहलक्षणीयानिलक्षणैः ॥ ...वृत्ताःफलसम्पूर्णास्तेजोयुक्ताबृहत्तराः । पुरुषास्तेसमाख्यातारेखाबिन्दुविवर्जिताः ॥ ...बिन्दुसमायुक्ताःषडस्रास्तेस्त्रियःस्मृताः । त्रिकोणाश्चसुदीर्घास्तेविज्ञेयाश्चनपुंस... ...तेषुस्युःपुरुषाःश्रेष्ठारसबन्धनकारिणः । स्त्रियःकुर्वन्तिकायस्यकान्तिंस्त्रीणांसुख... ...स्त्ववीर्य्यास्युरकामाःसत्त्ववर्जिताः । स्त्रियःस्त्रीभ्यःप्रदातव्याःक्लीबंक्लीबे... ...यःसर्वदादेयाःपुरुषाःवीर्य्यवर्द्धनाः । अशुद्धंकुरुतेवज्रंकुष्ठंपार्श्वव्यथा... ...स्यंगुरत्वञ्चतस्मात्संशोध्यमारयेत् ॥ ४६ ॥

हीराके नाम लक्षण और गुण ॥

... वज्र पुँल्लिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग चन्द्र और मणिवर यह हीरेके नाम हैं श्वेतहीरा ब्राह्मण, ... क्षत्रिय, पीला वैश्य और कालाहीरा शूद्रवर्ण होता है इस क्रमसे चारप्रकारका हीरा होता ... वर्णका हीरा. रसायन में श्रेष्ठ और सर्वसिद्धिदायक क्षत्रियवर्ण हीरा. रोग वृद्धावस्था और मृत्युका नाशक वैश्यवर्ण हीरा. संपत्तिदायक और शरीरका दृढकरनेवाला और शूद्रवर्ण हीरा. रोगनाशक और अवस्थाका स्थापन करनेवाला होता है हीरे में पुरुष स्त्री और नपुंसक इनके भी लक्षण होते हैं जो हीरा सुन्दर गोल सम्पूर्ण फलदायक तेजयुक्त बहुत बडा और रेखा तथा बिन्दुरहित होताहै वह पुरुष कहलाताहै जो हीरा रेखा तथा बिन्दुयुक्त और छःकोनेवालाहोताहै उसको स्त्री कहते हैं जो हीरा त्रिकोण और लम्बा होता है वह नपुंसक होता है उनमें से पुरुष जातिके हीरे श्रेष्ठ और पारेके बांधनेवाले होतेहैं स्त्रीजातिके हीरे शरीरकी शोभा करनेवाले और स्त्रियोंको सुखदायक होते हैं नपुंसक जातिके हीरे वीर्य्यरहित बलवर्जित और बेकाम होते है स्त्रियोंको स्त्रीहीरे नपुंसकों को नपुंसकहीरे और वीर्यबढानेवाले पुरुषहीरे सबको सदैव देनेचाहिये विनाशोधाहुआ हीरा कुष्ट,पसलीकीपीडा,पाण्डु और लूलेपनको करताहै इससे हीरेको शुद्धकरके मारनाचाहिये ॥ ४६ ॥

मारितस्यवज्रस्यगुणाः ॥

आयुःपुष्टिंबलंवीर्य्यंवर्णंसौख्यंकरोतिच । सेवितंसर्वरोगघ्नंमृतंवज्रंनसंशयः ॥ ४७ ॥

मारेहुएहीरेके गुण ॥

मराहुआ हीरा सेवनकरनेसे आयु, पुष्टता, बल, वीर्य, वर्ण, सुखकोकरता और निस्सन्देह सब रोगोंकोनाशकरताहै ॥ ४७ ॥

अथ हरितमणिः (पन्नाइतिलोके) तस्यनामानि ॥

गारुत्मतंमरकतमश्मगर्भोहरिन्मणिः ४८ (अथ माणिक्यइतिलोकेतस्यनामानि) माणिक्यंपद्मरागःस्याच्छोणरत्नं च लोहितम् ४९ (अथ पुष्परागनामानि) पुष्परागोमंजुमणिःस्याद्वाचस्पतिवल्लभः ५० (अथ इंद्रनीलगोमेदयोर्नामानि) नी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त्नंतथन ... ंचगोमेदःपीतरत्नकम् ५१ (अथ वैदूर्य्यं) वैदूर्य्यंदूरजंरत्नंस्यात्केतुग्रह वल्लभ... १२ ॥

पन्नाके नाम ॥

गारुत्म... मरकत, अश्मगर्भ और हरिन्मणि यह पन्नाके नामहैं ४८ [माणिक्यके नाम] माणिक्य, पद्मराग, शोणरत्न और लोहित यह माणिक्यके नाम हैं ४९ [पुष्परागके नाम] पुष्पराग, मञ्जुमणि और वाचस्पतिवल्लभ यह पुष्पराग के नामहैं ५० [नीलम और गोमेदके नाम] नीलमको नीले और इन्द्रनील और गोमेदको पीतरत्न कहते हैं ५१ [वैडूर्य के नाम] वैडूर्य, दूरजरत्न और केतुग्रहवल्लभ यह वैडूर्य के नामहैं ॥ ५२ ॥

अथ मौक्तिकस्यनामानि ॥

मौक्तिकंशौक्तिकंमुक्तातथामुक्ताफलंचतत् ॥ शुक्तिःशङ्खोगजक्रोडःफणीम... वेणुरेतेसमाख्यातास्तज्ज्ञैर्मौक्तिकयोनयः।मौक्तिकंशीतलंवृष्यंचक्षुष्यंब...

मोती के नाम ॥

मौक्तिक, शौक्तिक, मुक्ता और मुक्ताफल यह मोती के नाम हैं शुक्ति शङ्ख ... सर्प छर्ली मेढक और बांस यह मोतीके उत्पत्तिस्थानहैं मोती. शीतल, वीर्यवर्द्धक, नेत्रों ... हित, ... और पुष्टदायक होताहै ॥ ५३ ॥

अथ प्रवालस्यनामानि ॥

पुंसिःक्लीबेप्रवालःस्यात्पुमानेवतुविद्रुमः ॥ ५४ ॥ (अथ रत्नानांगुणाः) रत्नानिभक्षितानिस्युर्मधुराणिसराणिच । चक्षुष्याणिचशीतानिविषघ्नानिधृतानिच ॥ मङ्गल्यानि मनोज्ञानिग्रहदोषहराणिच (किंरत्नंकस्यग्रहस्यप्रीतिकारित्वेनदोषहरंभवतीतिप्रश्ने तदुत्तरमाहरत्नमालायाम्) माणिक्यन्तरणेःसुजातममलंमुक्ताफलंशीतगोर्माहेयस्यतुविद्रुमोनिगदितःसौम्यस्यगारुत्मतम् । देवेज्यस्यचपुष्परागमसुराचार्यस्यवज्रंशनेर्नीलंनिर्म्मलमन्ययोर्निगदितेगोमेदवैडूर्य्यके ॥ ५५ ॥

मूंगे के नाम ॥

प्रवाल [पुँल्लिङ्ग नपुंसकलिङ्ग] और विद्रुम [पुँल्लिङ्ग] यह मूंगे के नाम हैं ५४ रत्नों के गुण. रत्न सेवनकरने से मधुर, दस्तावर, नेत्रों को हित, शीतल तथा विषनाशक और धारणकरने से मङ्गलदायक तथा ग्रहदोषनाशक होते हैं कौनरत्न किसग्रहके दोषको शान्तकरता है यह रत्नमालामें कहाहै कि माणिक्य. सूर्यका, सुन्दर निर्मल मोती. चन्द्रमाका, मूंगा मङ्गलका, पन्ना बुधका, पुष्पराग बृहस्पतिका, हीरा शुक्रका, नीलम शनैश्चरका, गोमेद राहुका और वैडूर्यकेतुका, दोषनाशक होताहै ५५

अथोपरत्नानां निरूपणम् ॥

उपरत्नानिकाचश्चकर्पूराश्मातथैवच । मुक्ताशुक्तिस्तथाशङ्खइत्यादीनिबहून्यपि ॥ उपरत्नानिगौणरत्नानि । कर्पूराश्माकपनीयाकर्पुनीआ ॥ मुक्ताशुक्तिःसीप । गुणायथैव रत्नानामुपरत्नेपुतेतथा । किन्तुकिञ्चित्ततोहीनाविशेषोऽयमुदाहृतः ॥ ५६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उपरत्नोंका वर्णन ॥

काच, कर्पूरी, पत्थर, मोतीकी सीप और शङ्खादिक बहुतसे उपरत्नहैं रत्नोंमें जो गुण [illegible] उपरत्नों में हैं परन्तु विशेषता यहहै कि रत्नोंकी अपेक्षा कुछ कम गुण हैं ॥ ५६ ॥

अथ विषस्य नाम लक्षणगुणाः ॥

विषन्तुगरलःक्ष्वेडस्तस्यभेदानुदाहरे । वत्सनाभःसहारिद्रःसक्तुकश्चप्रदीपनः ॥ सौराष्ट्रिकःशृङ्गिकश्चकालकूटस्तथैवच । हालाहलोब्रह्मपुत्रोविषभेदाअमीनव ॥ ५७ ॥

विषके नाम लक्षण और गुण ॥

[illegible]विष, गरल और क्ष्वेड यह विषके नामहैं वत्सनाभ, हारिद्र, सक्तुक, प्रदीपन, सौराष्ट्रिक, शृङ्गिक, [illegible], हालाहल और ब्रह्मपुत्र यह नौ प्रकारके विषहैं ॥ ५७ ॥

तत्र वत्सनाभस्य स्वरूपनिरूपणम् ॥

[illegible]पुनःप्रो[illegible]ोवत्सनाभ्याकृतिस्तथा।यत्पार्श्वेनतरोर्वृद्धिर्वत्सनाभःसभाषितः ५८॥

वत्सनाभ विषके स्वरूप का वर्णन ॥

जि[illegible]वी, हर्लण्डीके समानहों और जिसकी आकृति बछडेके नाभिकी समान हो जिसके पास [illegible] वृद्धि न हो उसको वत्सनाभ [मीठातेलिया] विष कहते हैं ॥ ५८ ॥

अथ हारिद्रस्य स्वरूपनिरूपणम् ॥

हरिद्रा[illegible]योहारिद्रःसउदाहृतः ५९ (अथ सक्तुकस्य स्वरूपम्) यद्ग्रन्थिः सक्तुकेनैवपूर्णामध्यःससक्तुकः ॥ ६० ॥

हारिद्रका स्वरूप ॥

जिस विषवृक्षकी जड़ हल्दीके समानहो उसको हारिद्र (विष) कहते हैं ५९ (सक्तुक विषका स्वरूप) जिस विषकी गांठ सक्तुके समान चूर्णसे पूर्णहो उसे सक्तुक विष कहतेहैं ॥ ६० ॥

अथ प्रदीपनस्य स्वरूपम् ॥

वर्णतोलोहितोयःस्याद्दीप्तिमानूदहनप्रभः । महादाहकरःपूर्वैःकथितःसप्रदीपनः॥ ६१ ॥

प्रदीपनविषका स्वरूप ॥

जो विष रक्तवर्णदीप्तिमान् अग्नि के समान प्रभायुक्त और अत्यन्तदाह करनेवाला होताहै उस को प्राचीनलोग प्रदीपन कहतेहैं ॥ ६१ ॥

अथ सौराष्ट्रिकस्य स्वरूपम् ॥

सुराष्ट्रविषयेयःस्यात्ससौराष्ट्रिकउच्यते ६२ (अथ शृङ्गिकस्यस्वरूपम्) यस्मिन्गोशृङ्गेबद्धेदुग्धम्भवतिलोहितम् । सशृङ्गिकइतिप्रोक्तोद्रव्यतत्त्वविशारदैः ॥ ६३ ॥

सौराष्ट्रिकका स्वरूप ॥

जो विष सुराष्ट्रदेशमें उत्पन्न होताहै उसे सौराष्ट्रिकविष कहतेहैं ६२ [शृङ्गिकविषकास्वरूप] जिस विषको गौके सींगमें बांधनेसे दूध लाल होजाताहै उसको द्रव्य तत्त्वज्ञलोग शृङ्गिक [सिंगिया] कहते हैं ॥ ६३ ॥

अथ कालकूटस्य स्वरूपम् ॥

देवासुररणेदेवैर्हतस्यपृथुमालिनः । दैत्यस्यरुधिराज्जातस्तरुरश्वत्थसन्निभः ॥ नि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

र्यासःक[illegible]ोऽस्यमुनिभिःपरिकीर्तितः। सोहिक्षेत्रेशृङ्गवेरेकोङ्कणेमलयेभवेत् ॥ ६४ ॥

कालकूटका स्वरूप ॥

देवदा[illegible]के युद्धमें देवताओंसे मारेहुए पृथुमाली नाम दैत्यके रुधिरसे जो पीपलके समान वृक्ष उत्पन्नहुआ उसके गोंदको कालकूट कहते हैं यह शृङ्गवेर कोङ्कण और मलयमें उत्पन्न होताहै ॥ ६४ ॥

अथ हालाहलस्य स्वरूपम् ॥

गोस्तनाभफलोगुच्छस्तालपत्रच्छदस्तथा । तेजसायस्यदह्यन्तेसमीपस्थाद्रुमाद यः ॥ असौहालाहलोज्ञेयःकिष्किन्धायांहिमालये ॥ दक्षिणाब्धितटेदेशेकोङ्कणेऽपि[illegible] जायते ॥ ६५ ॥

हालाहलका स्वरूप ॥

जिस विष वृक्षके फल मुनक्काकेसमान गुच्छाकार उत्पन्न होते हैं जिसकेपत्ते ता[illegible] हैं और जिसके तेजसे निकटके वृक्षादिक जलजाते हैं उसको हालाहल कहते हैं [illegible] मालय दक्षिण समुद्रकातट और कोङ्कणदेश में उत्पन्न होता है ॥ ६५ ॥

अथ ब्रह्मपुत्रस्य स्वरूपम् ॥

वर्णतःकपिलोयःस्यात्तथाभवतिसारतः ॥ ब्रह्मपुत्रःसविज्ञेयोजायते[illegible] ॥ [illegible] ह्मणःपाण्डुरस्तेषुक्षत्रियोलोहितःप्रभः। वैश्यःपीतःसितःशूद्रोविषउक्त[illegible]धः ॥ र[illegible] यनेविषंविप्रंक्षत्रियन्देहपुष्टये। वैश्यंकुष्ठविनाशायशूद्रन्दद्याद्वधायहि ॥ विषंप्राणहरंप्रोक्तंव्यवायिचविकाशिच। आग्नेयंवातकफहृद्योगवाहिमदावहम् ॥ व्यवायिसकलकाय गुणव्यापनपूर्वकंपाकगमनशीलं। विकाशि। ओजःशोषणपूर्वकंसन्धिबन्धशिथिलीकर णशीलम्॥ आग्नेयं। अधिकाग्न्यंयोगवाहिसंगिगुणग्राहकं ॥ मदावहम् । तमोगुणा धिक्येनबुद्धिविध्वंसकम् ॥ तदेवयुक्तियुक्तन्तुप्राणदायिरसायनम् । योगवाहित्रिदोषघ्नं बृंहणंवीर्य्यवर्द्धनम् ॥ येदुर्गुणाविषेऽशुद्धेतेस्युर्हीनाविशोधनात्। तस्माद्विषंप्रयोगेषुशोध यित्वाप्रयोजयेत् ॥ ६६ ॥

ब्रह्मपुत्रका स्वरूप ॥

जोविष कपिलवर्ण और सार से उत्पन्नहोताहै उसको ब्रह्मपुत्र जानना चाहिये यह मलयपर्व्वत में होताहै श्वेतवर्ण ब्राह्मण, रक्तवर्ण क्षत्रिय, पीतवर्ण वैश्य और कृष्णवर्णविष शूद्र यह चारप्रकार का विष होताहै रसायनमें ब्राह्मणविष, शरीरकी पुष्टतामें क्षत्रियविष, कुष्ठनाशकरने में वैश्यविष और मारने में शूद्रविष देनाचाहिये विष प्राणनाशक व्यवायि [संपूर्ण शरीर में गुणके व्याप्त होजाने पर परिपाकको प्राप्त होनेवाला] विकाशी [ओजको सुखाकर सन्धि बन्धनोंको शिथिल करनेवाला] अधिक अग्निके गुणवाला वातघ्न कफनाशक योगवाही [जिस द्रव्यके साथ मिले उसीके गुणको ग्रहण करनेवाला] और मदावह [तमोगुणकी अधिकतासे बुद्धिका नाशक होताहै] यह विष जो युक्तिपूर्व्वक काममें लायाजाय तो प्राणदायक रसायन योगवाही त्रिदोषनाशक धातुवर्द्धक और वीर्य-वर्द्धक होताहै अशुद्ध विषमें जो दुर्गुण होतेहैं वह शुद्धकरने से हीन होजाते हैं इसकारण से विषको शुद्धकरके काममें लानाचाहिये ॥ ६६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथोपविषाणां निरूपणम् ॥

अर्कक्षीरंस्नुहीक्षीरंलांगलीकरवीरकः। गुञ्जाहिफेनोधत्तूरःसप्तोपविष [illegible]यः ॥ उपविषाःगौणविषाः। एषांगुणास्तत्रतत्रद्रष्टव्याः ॥ ६७ ॥

इति श्रीभावप्रकाशेधातूपधातुरसोपरसरत्नोपरत्नविषोपविषवर्गः ॥

उपविषोंका वर्णन ॥

[illegible] आककादूध,थूहरकादूध,करहारी,कनेर,घोंघची, अफीम और धतूरा यह सात उपविष हैं इनके गुण तृष[illegible] वर्णन होचुकेहैं ॥ ६७ ॥

[illegible] श्रीभा[illegible]वप्रकाशस्यभाषानुवादेधातुउपधातुरसउपरसरत्नउपरत्नविषउपविषवर्गसमाप्तः ॥

अथ धान्यवर्गः। तत्रधान्यानांभेदाः ॥

शा[illegible]हलं व्रीहिधान्यंशूकधान्यंतृतीयकम्। शिम्बीधान्यंक्षुद्रधान्यमित्युक्तंधान्यप[illegible]कम् ॥ [illegible]रक्तशाल्याद्याव्रीहयःषष्टिकादयः। यवादिकंशूकधान्यंमुद्गाद्यंशिम्बिधान्यकम् [illegible]ङ्ग्वादिकंक्षुद्रधान्यंतृणधान्यञ्चतत्स्मृतम् ॥ १ ॥

अथ धान्यवर्ग। धान्यों के भेद ॥

शालिधान्य,व्रीहिधान्य,शूकधान्य शिंबीधान्य और क्षुद्रधान्य यह पांचप्रकारके धान्य होते हैं लाल धान आदिक शालिधान्य साठीआदिक व्रीहिधान्य जौआदिक शूकधान्य मूंग आदिक शिंबीधान्य और कंगनी आदिक क्षुद्रधान्य अथवा तृणधान्य कहलातेहैं ॥ १ ॥

तत्र शालिधान्यस्यलक्षणंगुणाश्च ॥

कण्डनेनविनाशुक्लाहैमन्ताःशालयःस्मृताः २ (अथ शालीनांनामानि) रक्तशालिः सकलमःपाण्डुकःशकुनाहृतः। सुगन्धकःकर्दमकोमहाशालिश्चदूषकः ॥ पुष्पाण्डकः पुण्डरीकस्तथामहिषमस्तकः। दीर्घशूकःकाञ्चनकोहायनोलोध्रपुष्पकः ॥ इत्याद्याःशालयः सन्तिबहवोबहुदेशजाः। ग्रन्थविस्तरभीतेस्तेसमस्तानात्रभाषिताः ॥ ३ ॥

शालिधान्यके लक्षण और गुण ॥

जो हेमन्त ऋतुका धान्य विनाकूटे श्वेतहो वह शालिधान्य कहलाते हैं २ [शालियों के नाम] रक्तशालि,कलम,पांडुक,शकुनाहृत,सुगंधक,कर्दमक,महाशालि,दूषक,पुष्पांडक,पुंडरीक,महिषमस्तक, दीर्घशूक,कांचनक,हायन और लोध्रपुष्पक इत्यादिक बहुत से शालि अनेक देशों में होतेहैं यहां ग्रन्थ के विस्तार के भयसे सब नहीं कहेगये हैं ॥ ३ ॥

अथ तेषांगुणाः ॥

शालयोमधुराःस्निग्धाबल्याबद्धाल्पवर्चसः। कषायालघवोरुच्याःस्वर्य्यावृष्याश्च बृंहणाः ॥ अल्पानिलकफाःशीताः पित्तघ्नामूत्रलास्तथा। शालयोदग्धमृज्जाताःक षायालघुपाकिनः ॥ सृष्टमूत्रपुरीषाश्चरूक्षाःश्लेष्मापकर्षणाः ॥ कैदारावातपित्तघ्नाःगुर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मधुर[illegible]लेखनोमृदुः । व्रणेषुतिलवत्पथ्योरूक्षोमेधाग्निवर्द्धनः । कटुपाकोऽनभि[illegible]द्रीस्वर्य्योबलकरोगुरुः । बहुवातमलोवर्णस्थैर्य्यकारीचपिच्छिलः ॥ कण्ठत्वगामय[illegible]सपित्तमेद[illegible]प्रणाशनः । पीनसश्वासकासोरुस्तम्भलोहिततृट्प्रणुत् ॥ अस्मादतिय[illegible]यूनस्तोक्ययोन्यूनतरस्ततः ॥ १० ॥

शूकधान्यका वर्णन ॥

(जौ अतिजौ (बड़ीनोककृष्णा औररक्तवर्ण) स्तोक्य (हरावर्ण और नोकरहितजौ) इनकेनाम गुण) यव (इसकीनोक श्वेतहोती है) अतियव (इसमेंनोकनहींहोती) स्तोक्य (हरितवर्णऔरछोटा) यह जौकेभेदहैं जौ. कषैला, मधुर, शीतल, लेखन, कोमल, घावमें तिलके समान, पथ्य, रूखा[illegible]धाकोहित, अग्निवर्द्धक, पाकमेंकटु, अभिष्यन्दसे रहित, स्वरको हित, बलकारक, भारी, अत्यन्[illegible]दी, बहुतमल वर्द्धक, वर्णको स्थिर करने वाला, पिच्छिल और कण्ठरोग, त्वचारोग, कफ[illegible]पित्त, [illegible] नस, श्वास, खांसी, ऊरुस्तम्भ, रक्तदोष तथा तृषानाशक होताहै यवकी अपेक्षा अ[illegible] गुण कम होताहै और स्तोक्यमें बहुतही कम गुण होतेहैं ॥ १० ॥

अथ गोधूमस्यनामानिलक्षणंगुणाश्च ॥

गोधूमःसुमनोऽपिस्यात्त्रिविधःसचकीर्त्तितः । महागोधूमइत्याख्य[illegible]चादेशात्मागतः ॥ (महागोधूमः) बड़गोधूमाइतिलोके । मधूलीतुततःकिञ्चि[illegible]सामध्यदेशजा ॥ निःशूकोदीर्घगोधूमःक्वचिन्नंदीमुखाभिधः । गोधूमोमधुरःशी[illegible]वातपित्तहरोगुरुः ॥ कफशुक्रप्रदोबल्यःस्निग्धःसन्धानकृत्सरः । जीवनोबृंहणोवर्ण्योव्रण्योरुच्यःस्थिरत्वकृत् (कफप्रदोनवीनोनतुपुराणः) पुराणयवगोधूमःक्षौद्रजांगलशूल्यभागिति॥ वाग्भटेनवसंतेगृहीतत्वात् । मधूलीशीतलास्निग्धापित्तघ्नीमधुरालघुः ॥ शुक्रलाबृंहणीपथ्यातद्वन्नन्दीमुखःस्मृतः ॥ ११ ॥

गेहूँके नाम लक्षण और गुण ॥

गोधूम और सुमन यह गेहूँकेनामहैं महागोधूम जिसको बड़ागेहूं कहतेहैं पश्चिमदेशसे आताहै मधूली नाम गेहूं कुछ छोटा होताहै और मध्यदेशमें उत्पन्न होताहै और नन्दीमुखनाम गेहूं नोकरहित और लम्बाहोताहै गेहूं. मधुर, शीतल, वातघ्न, पित्तनाशक, भारी, कफकारक, वीर्यवर्द्धक, बलकारक, स्निग्ध, टूटेको जोड़नेवाला, सारक, जीवन, धातुवर्द्धक, वर्णकोहित, घावमेंपथ्य, रुचिकारक और शरीरको स्थिर करनेवाला होताहै नवीनगेहूं. कफकारक होताहै न कि पुराना क्योंकि वाग्भटमें कहाहै कि वसन्तऋतुमें पुराने जौ, गेहूं, सहत, जंगली जीवोंका मांस और शूल्य (कवाव) खानाकहाहै मधूली नाम गेहूं. शीतल, स्निग्ध, पित्तनाशक, मधुर, हलके, वीर्यवर्द्धक, धातुवर्द्धक और पथ्य होतेहैं नन्दीमुख गेहूंमें भी इसी के समान गुणहोते हैं ॥ ११ ॥

अथ शिम्बीधान्यम् ॥

तत्पर्य्यायानाह ॥ शमीजाःशिम्बिजाःशिम्बीभवाःसूप्याश्चवैदलाः (तेषांगुणाः) वैदलामधुरारूक्षाःकषायाःकटुपाकिनः ॥ वातलाःकफपित्तघ्नाबद्धमूत्रमलाहिमाः । ऋतेमु

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्गमसूराभ्यामन्येत्वाध्मानकारिणः ॥ मुद्गमसूरयोराध्मानकारित्वमन्यवैदल [illegible] ध्यानतुस र्व्वथा। एतयोरपिकिञ्चिदाध्मानकारित्वात् ॥ १२ ॥

शिम्बीधान्यका वर्णन इसके नाम और गुण ॥

शमीज, शिम्बीज, शिम्बभिव, सूर्य्य और वैदल यह शिम्बीधान्यके नामहैं इनके गुण शिम्बीधान्य. मधु कषाय रूखा पाकमेंकटु बादी कफनाशक पित्तघ्न मलमूत्ररोधक और शीतल होताहै मूंग और मसूरको छोडकर सब शिम्बीधान्य आध्मानकारक होतेहैं यहां मूंग और मसूर अन्य शिम्बीधान्यों की अपेक्षा आध्मानकारी नहीं हैं यह कहागया न कि सर्वथा क्योंकि यहभी कुछ आध्मानकरतेहैं आध्मा- [illegible] अफरेको कहते हैं ॥ १२ ॥

तत्र मुद्गस्यगुणाः ॥

[illegible]द्गोरूक्षोलघुर्ग्राहीकफपित्तहरोहिमः। स्वादुरल्पानिलोनेत्र्योज्वरघ्नोवनजस्तथा ॥ मुद्गो [illegible]विधःश्यामोहरितःपीतकस्तथा । श्वेतोरक्तश्चतेषान्तुपूर्व्वःपूर्व्वोलघुःस्मृतः ॥ सुश्रुतेनपुनःप्रोक्तोहरितःप्रवरोगुणैः। चरकादिभिरप्युक्तएषएवगुणाधिकः ॥ १३ ॥

मूंग के गुण ॥

मूंग. रूखी, हलकी, ग्राही, पित्तनाशक, कफघ्न, शीतल, मधुर, कुछ बादी, नेत्रों को हित और ज्वरकी नाशक होतीहै वनमूंगमें भी इसी के समान गुणहोते हैं मूंग बहुत प्रकारकी होती है जैसे श्याम हरी पीत श्वेत और लाल यह क्रम से पूर्व्व २ हलकी हैं सुश्रुत ने हरी मूंगको सबसे गुणों में श्रेष्ठ कहाहै और चरकादिक मुनियोंने भी इसीको अधिकगुणयुक्त कहाहै ॥ १३ ॥

अथ उड़द ॥

माषोगुरुःस्वादुपाकःस्निग्धोरुच्योऽनिलापहः। स्रंसनस्तर्पणोबल्यःशुक्रलोबृंहणः परः ॥ भिन्नमूत्रमलस्तन्योमेदःपित्तकफप्रदः। गुदकीलार्दितःश्वासपंक्तिशूलानिनाशयेत् ॥ कफपित्तकरामाषाःकफपित्तकरंदधि। कफपित्तकरामत्स्यावृन्ताकंकफपित्तकृत् १४॥

उर्द के गुण ॥

उर्द. भारी, पाक में मधुर, स्निग्ध, रुचिकारक, वातनाशक, उष्ण, तृप्तिकारक, बलकारी, वीर्यवर्द्धक, धातुवर्द्धक, मलमूत्रका पृथक् करनेवाला, दुग्धवर्द्धक, मेदकरनेवाला, पित्तवर्द्धक, कफकारी और गुदाकी कीलकीपीडा, श्वास तथा पंक्तिशूलका नाशक होताहै उर्द, दही, मछली और बैंगन यह चारों कफ तथा पित्तके करनेवालेहैं ॥ १४ ॥

अथ वोड़ायस्यचवेरातरालोविआइत्यादयोभेदाः ॥

राजमाषोमहामाषश्चपलश्चबलःस्मृतः। राजमाषोगुरुःस्वादुस्तुवरस्तर्पणःसरः ॥ रूक्षोवातकरोरुच्यःस्तन्यभूरिबलप्रदः। श्वेतोरक्तस्तथाकृष्णस्त्रिविधःसप्रकीर्त्तितः ॥ योमहांस्तेषुभवतिसएवोक्तोगुणाधिकः ॥ १५ ॥

(राजमाष जिसके बोड़ा वेरातरा और लुबिया आदिक भेद हैं उसके नाम और गुण)

राजमाष, महामाष, चपल और चवल यह राजमाष के नाम हैं राजमाष, भारी, मधुर, कषैले, तृप्तिकारक, दस्तावर, रूखे, वातवर्द्धक, रुचिकारक, दुग्धवर्द्धक और बहुत बलकारी होते हैं श्वेत रक्त तथा कृष्ण इनभेदोंसे राजमाष तीनप्रकारकाहोताहै इनमें जो बड़ाहोताहै वही अधिक गुणवान् होताहै १५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ निष्पावःसतुराजशिम्बीबीजंभटवासुइतिलोके ॥

निष्प... राजशिम्बिःस्याद्वल्लकःश्वेतशिम्बिकः। निष्पावोमधुरोरूक्षोविपाकेऽम्लो गुरुःसरः ...षायस्तन्यपित्तास्रमूत्रवातविबन्धकृत् । विदाह्युष्णोविषश्लेष्मशोथहृच्छुक्रनाशनः ॥ १६ ॥

भटमाष के नाम व गुण ॥

निष्पाव, राजशिम्बी, वल्लक और श्वेतशिम्बिक यह भटमाष के नाम हैं भटमाष. मधुर, रूखा, पाकमें खट्टा, भारी, दस्तावर, कषैला और दुग्ध, पित्त, रक्त, मूत्र, वात तथा विबन्धकारी उष्ण और विष, कफ, सूजन तथा वीर्यनाशक होताहै ॥ १६ ॥

अथ मोठ ॥

मकुष्ठोवनमुद्गःस्यान्मकुष्ठकमुकुष्ठकौ ॥ मकुष्ठोवातलोग्राहीकफपित्तहरोलघुः । वह्नि जिन्मधुरःपाकेकृमिकृज्ज्वरनाशनः ॥ १७ ॥

मोठ के नाम व गुण ॥

मकुष्ठ, वनमुद्ग, मकुष्ठक और मुकुष्ठक यह मोठ के नामहैं मोठ. बादी, ग्राही (क़ाबिज़) हलकी पाकमें मधुर, कृमिकारक और कफ, पित्त, जठराग्नि तथा ज्वरनाशक होती है ॥ १७ ॥

अथ मसूर ॥

मङ्गल्यकोमसूरःस्यान्मङ्गल्याचमसूरिका । मसूरोमधुरःपाकेसंग्राहीशीतलोलघुः ॥ कफपित्तास्रजिद्रूक्षोवातलोज्वरनाशनः ॥ १८ ॥

मसूर के नाम व गुण ॥

मङ्गल्यक, मसूर, मङ्गल्या और मसूरिका यह मसूर के नाम हैं मसूर. पाकमें मधुर, क़ाबिज़, शीतल, हलकी, रूखी, बादी और कफ, पित्त, रक्तदोष तथा ज्वरनाशक होती है ॥ १८ ॥

अथ रहरी ॥

आढकीतुवरीचापिसाप्रोक्ताशणपुष्पिका । आढकीतुवरारूक्षामधुराशीतलालघुः ॥ ग्राहिणीवातजननीवर्ण्यापित्तकफास्रजित् ॥ १९ ॥

अरहड के नाम व गुण ॥

आढकी, तुवरी और शणपुष्पिका यह अरहड के नाम हैं अरहड. कषैली, रूखी, मधुर, शीतल, हलकी, क़ाबिज़, बादी, वर्णकोहित और पित्त, कफ तथा रक्तनाशक होती है ॥ १९ ॥

अथ छोला ॥

चणकोहरिमन्थःस्यात्सकलप्रियइत्यपि । चणकःशीतलोरूक्षःपित्तरक्तकफापहः ॥ लघुःकषायोविष्टम्भीवातलोज्वरनाशनः । सचांगारेणसम्भृष्टस्तैलभृष्टश्चतद्गुणः ॥ आर्द्रभृष्टोबलकरोरोचनश्चप्रकीर्तितः । शुष्कभृष्टोऽतिरूक्षश्चवातकुष्ठप्रकोपणः ॥ स्विन्नःपित्तकफंहन्यात्सूपःक्षोभकरोमतः ॥ आर्द्रोऽतिकोमलोरुच्यःपित्तशुक्रहरोहिमः । कषायोवातलोग्राहीकफपित्तहरोलघुः ॥ २० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चने के नाम व गुण ॥

चणक, हरिमन्थ और सकलप्रिय यह चने के नाम हैं चना. शीतल,रूखा,हलका,कषै... विष्टम्भी, बादी और रक्त, पित्त, कफ तथा ज्वरनाशक होताहै अङ्गारों में और तेल में भूनेहुए च... भी यही गुणहैं गीला भूनाहुआ चना. बलकारी और रुचिवर्द्धकहोताहै सूखा भूनाहुआ चना. ...न्त रूखा और वात तथा कुष्ठकारीहोताहै सिझायाहुआ चना. पित्त तथा कफनाशक होताहै च..की दाल क्षोभ (बिगाड) करतीहै कच्चाचना.अत्यन्त कोमल,रुचिकारी, शीतल, कषैला, बादी, क़ाबिज़, हलका और रक्त, पित्त तथा कफ नाशक होताहै ॥ २० ॥ केराव ॥

कलायोवर्त्तुलःप्रोक्तःसतिनश्चहरेणुकः । कलायोमधुरःस्वादुपाकेरूक्षश्चशीतलः ॥२१॥

मटर के नाम गुण ॥

कलाय,वर्तुल, सतीन और हरेणुक यह मटर के नामहैं मटर. रस तथा पाक में मधुर, रूखा और शीतल होताहै ॥ २१ ॥

अथ खेसारी ॥

त्रिपुटःखण्डकोऽपिस्यात्कथ्यन्तेतद्गुणाअथ । त्रिपुटोमधुरस्तिक्तस्तुवरोरूक्षणोभृशम्॥ कफपित्तहरोरुच्योग्राहकःशीतलस्तथा । किन्तुखञ्जत्वपंगुत्वकारीवातातिकोपनः ॥२२॥

खिसारी के नाम व गुण ॥

त्रिपुट, और खण्डक यह खिसारीके नामहैं खिसारी. मधुर, तिक्त, कषैली, अत्यन्त रूखी, कफघ्न, पित्तनाशक, रुचिकारक, क़ाबिज़, शीतल, लूला, लँगड़ाकरनेवाली और अत्यन्त बादी होती है ॥२२॥

अथ कुलत्थी ॥

कुलत्थिकाकुलत्थश्चकथ्यन्तेतद्गुणाअथ । कुलत्थःकटुकःपाकेकषायःपित्तरक्तकृत् ॥ लघुर्विदाहीवीर्य्योष्णःश्वासकासकफानिलान् ॥ हन्तिहिक्काश्मरीशुक्रदाहानाहान्सपीनसान् । स्वेदसंग्राहकोमेदोज्वरकृमिहरःपरः ॥ २३ ॥

कुलथी के नाम व गुण ॥

कुलथीको कुलत्थिका और कुलत्थ कहते हैं कुलथी.पाकमें कटु,कषैली,पित्त तथा रक्तकारक,हलकी, विदाही,उष्ण,स्वेदरोधक और श्वास, खांसी, कफ, वात, हिचकी, पथरी, वीर्य, दाह, आनाह, पीनस, मेद, ज्वर तथा कृमिनाशक होती है ॥ २३ ॥ अथ तिलः ॥

तिलःकृष्णःसितोरक्तःसवर्ण्योऽल्पतिलःस्मृतः । तिलोरसेकटुस्तिक्तोमधुरस्तुवरोगुरुः ॥ विपाकेकटुकःस्वादुःस्निग्धोष्णःकफपित्तनुत् । बल्यःकेश्योहिमस्पर्शस्त्वच्यस्तन्योव्रणेहितः ॥ दन्त्योऽल्पमूत्रकृद्ग्राहीवातघ्नोऽग्निमतिप्रदः । कृष्णःश्रेष्ठतमस्तेषुशुक्लोमध्यमःसितः ॥ अन्येहीनतराःप्रोक्तास्तज्ज्ञैरक्तादयस्तिलाः ॥ २४ ॥

तिलके नाम गुण ॥

काला,श्वेत और रक्त यह तीन प्रकारका तिल होताहै एक प्रकार का और भी छोटा तिल जिसको वन्य कहतेहैं होताहै तिल. कटु, तिक्त, मधुर, कषैला, भारी, पाकमें कटु, तथा मधुर, स्निग्ध, उष्ण, कफघ्न, पित्तनाशक, बलकारक, केशोंकोहित, स्पर्शमें शीतल, त्वचाकोहित, दुग्धवर्द्धक, घावमें हित, दांतोंको दृढ करनेवाला,मूत्रको कम करनेवाला, क़ाबिज़,वातघ्न, अग्निकारक और बुद्धिवर्द्धकहोताहै

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सब ति[illegible] काले तिल श्रेष्ठ होतेहैं श्वेत तिल. वीर्यवर्द्धक और मध्यम होताहै और रक्तवर्ण आदिक [illegible] गुणों में हीन होते हैं ॥ २४ ॥ अथातसी ॥

अत[illegible]नीलपुष्पीचपार्वतीस्यादुमाक्षुमा । अतसीमधुरातिक्तास्निग्धापाकेकटुर्गुरुः ॥ उष्णा[illegible]क्शुक्रवातघ्नीकफपित्तविनाशिनी ॥ २५ ॥

अलसीके नाम व गुण ॥

अतसी, नीलपुष्पी, पार्वती, उमा और क्षुमा यह अलसीके नामहैं अलसी. मधुर, तिक्त, स्निग्ध, पाक में कटु, भारी, उष्ण और दृष्टि, वीर्य, वात, कफ तथा पित्तनाशक होतीहै ॥ २५ ॥

अथ तोरीतोड़िसेतिलोके ॥

तुवरीग्राहिणीप्रोक्तालघ्वीकफविषास्रजित् । तीक्ष्णोष्णावह्निदाकण्डूकुष्ठकोष्ठकृमीन्प्रणुत् ॥ २६ ॥

तोरी के गुण ॥

तोरी. क्राबिज्र, हलकी, तीक्ष्ण, उष्ण, अग्निकारक और कफ, विष, रक्त, खुजली, कुष्ट तथा कोष्ठ के कृमियोंकी नाशक होतीहै ॥ २६ ॥

अथ रक्तसरीसोपिअरीसरीसो ॥

सर्षपःकटुकःस्नेहस्तुन्तुभश्चकदम्बकः । गौरस्तुसर्षपःप्राज्ञैःसिद्धार्थइतिकथ्यते ॥ सार्षपस्तुरसेपाकेकटुःस्निग्धःसतिक्तकः । तीक्ष्णोष्णः कफवातघ्नोरक्तपित्ताग्निवर्द्धनः ॥ रक्षोहरोजयेत्कण्डूकुष्ठकोष्ठकृमिग्रहान् । यश्चारक्तस्तथागौरःकिन्तुगौरोवरोमतः ॥२७॥

लाल और पीलीसरसोंके नाम व गुण ॥

सर्षप, कटुक, स्नेह, तुन्तुभ और कदम्बक यह सरसोंके नामहैं श्वेत सरसोंको पण्डितलोग सिद्धार्थ कहतेहैं सरसों. रस तथा पाकमें कटु, स्निग्ध, कुछ तिक्त, तीक्ष्ण, उष्ण, रक्त, पित्त तथा अग्निवर्द्धक राक्षसीयबाध नाशक और कफ, वात, खुजली, कुष्ठ, कोष्ठके कृमि तथा ग्रहदोष नाशक होती है लाल और श्वेत यह दोनों सरसों समानहैं परन्तु श्वेतसरसों श्रेष्ठहै ॥ २७ ॥

अथ राई कृष्णराई ॥

राजीतुराजिकातीक्ष्णगन्धाकुञ्जनिकासुरी । क्षवःक्षुधाभिजनकःकृमिकृत्कृष्णसर्षपः । राजिकाकफपित्तघ्नीतीक्ष्णोष्णारक्तपित्तकृत् । किंचिद्रूक्षाग्निदाकण्डूकुष्ठकोष्ठकृमीन्हरेत् ॥ अतितीक्ष्णाविशेषेणतद्वत्कृष्णापिराजिका ॥ २८ ॥

राई और काली राईके नाम व गुण ॥

राजी, राजिका, तीक्ष्णगन्धा, कुञ्जनिका और आसुरी यह राई के नामहैं क्षव, क्षुधाभिजनक, कृमिकृत् और कृष्णसर्षप यह कालीराई के नामहैं राई. तीक्ष्ण, उष्ण, रक्त, पित्तकारक, कुछ, रूखी, अग्निवर्द्धक और कफ, पित्त, खुजली, कुष्ठ तथा कोष्ठ के कृमि की नाशक होती है कालीराई. विशेष करके तीक्ष्ण और राई के समान गुणवाली होती है ॥ २८ ॥

अथ क्षुद्रधान्यम् ॥

क्षुद्रधान्यंकुधान्यंचतृणधान्यमितिस्मृतम् । क्षुद्रधान्यमनुष्णंस्यात्कषायंलघुलेखनम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मधुरंकटुकंपाकेरूक्षंचक्लेदशोषकम् ॥ वातकृद्बद्धविट्कंचपित्तरक्तकफापहम् ॥ २९ ॥

क्षुद्रधान्यका वर्णन ॥

क्षुद्रधान्य, कुधान्य और तृणधान्य यह क्षुद्रधान्यके नामहैं क्षुद्रधान्य. कुछ उष्ण कषैला हलका लेखन मधुर पाकमें कटु रूखा गीलेको सुखानेवाला बादी मलरोधक और पित्त रक्त तथा कफना-शक होताहै ॥ २९ ॥

तत्र कंगुनी ॥

स्त्रियांकंगुप्रियंगुद्वेकृष्णारक्तासितातथा। पीताचतुर्विधाकंगुस्तासाम्पीतावरास्मृता॥ कंगुस्तुभग्नसंधानवातकृद्बृंहणीगुरुः। रूक्षाश्लेष्महरातीववाजिनांगुणकृद्भृशम्॥ ३० ॥

कंगुनीके नाम व गुण ॥

कंगुनीको कंगु और प्रियंगु कहते हैं यह कृष्ण, रक्त, श्वेत और पीत इन भेदोंसे चार प्रकारकीहै इन में पीलीकंगुनी श्रेष्ठहै कंगुनी. टूटे हाडको जोडनेवाली, बादी, धातुवर्द्धक, भारी, रूखी, अतिकफ-नाशक और घोडोंको अत्यन्त गुणदायक होती है ॥ ३० ॥

अथ चीना ॥

चीनाकःकंगुभेदोऽस्तिसज्ञेयःकंगुवद्गुणैः ३१ (अथ श्यामा) श्यामाकःशोषणोरूक्षोवातलःकफपित्तहृत् ॥ ३२ ॥

चीनाके गुण ॥

चीना. कंगुनीका भेदहै इसमें कंगुनीके समान गुणहोते हैं ३१ (सामाके गुण) सामा. सुखाने वाला, रूखा, बादी और कफपित्तनाशक होताहै ॥ ३२ ॥

अथ कोद्रवः ॥

कोद्रवःकोरदूषःस्यादुद्दालोवनकोद्रवः। कोद्रवोवातलोग्राहीहिमःपित्तकफापहः ॥ उद्दालस्तुभवेदुष्णोग्राहीवातकरोभृशम् ॥ ३३ ॥

कोदोंके नाम व गुण ॥

कोद्रवको कोरदूष कहतेहैं और वनकोदोंको उद्दाल कहतेहैं कोदो. बादी, क़ाबिज़, शीतल तथा पित्त कफनाशक और वनकोदो. उष्ण, क़ाबिज़ और अत्यन्त बादी होताहै ॥ ३३ ॥

अथ चारुकः सरबीजः ॥

चारुकःसरबीजःस्यात्कथ्यन्तेतद्गुणाअथ। चारुकोमधुरोरूक्षोरक्तपित्तकफापहः ॥ शीतलोलघुवृष्यश्चकषायोवातकोपनः ॥ ३४ ॥

सरबीजके नाम व गुण ॥

सरबीजको चारुक कहतेहैं सरबीज. मधुर, कषैला, रूखा, रक्तपित्तनाशक, कफघ्न, शीतल, हल-का, वीर्यवर्द्धक और बादी होताहै ॥ ३४ ॥

अथ वंशबीजः ॥

यवावंशभवारूक्षाःकषायाःकटुपाकिनः। बद्धमूत्राःकफघ्नाश्चवातपित्तकराःसराः॥३५॥

बांसके बीजोंके गुण ॥

बांसकेबीज. रूखे, कषैले, पाकमेंकटु, मूत्ररोधक, कफनाशक, बादी, पित्तवर्द्धक और दस्तावर होते हैं ३५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ बर्रेकुसुम्भबीज ॥

कुसुम्भबीजंवरटासैवप्रोक्तावरट्टिका । वरटामधुरास्निग्धारक्तपित्तकफापहा ॥ कषायाशीता,गुर्व्वीस्यादवृष्यानिलापहा ॥ ३६ ॥

कुसुमके बीजोंके नाम व गुण ॥

कुसुम्भबीज, वरटा और वरट्टिका यह कुसुमके बीजोंके नामहैं कुसुमकेबीज. मधुर, कषैले, स्निग्ध, रक्तपित्तनाशक, कफघ्न, शीतल, भारी, वीर्यके नहीं बढ़ानेवाले और वातनाशक होते हैं ॥ ३६ ॥

अथ गरहेडुआ ॥

गवेधुकातुविद्वद्भिर्गवेधुःकथितास्त्रियाम् । गवेधुःकटुकास्वाद्वीकार्श्यकृत्कफनाशिनी ३७॥

गरहडुआके नाम व गुण ॥

गरहडुआको गवेधुका और गवेधू (स्त्रीलिंग) कहते हैं गरहडुआ. कटु, मधुर, कृशकरनेवाला और कफनाशक होताहै ॥ ३७॥

अथ तीनी ॥

प्रसाधिकातुनीवारस्तृणान्नमितिचस्मृतम् । नीवारःशीतलोग्राही पित्तघ्नःकफवातकृत् ३८

तिन्नीपसाईके नाम व गुण ॥

प्रसाधिका, नीवार और तृणान्न यह तिन्नीपसाईके नामहैं तिन्नीपसाई. शीतल, ग्राही, पित्तनाशक, कफकारी और बादी होती है ॥ ३८ ॥

अथ पुनेरा ॥

पवनाल्लोहिमःस्वादुर्ल्लोहितःश्लेष्मपित्तजित् । अवृष्यस्तुवरोरूक्षःक्लेदकृत्कथितो लघुः ॥ ३९ ॥

पुनेराके गुण ॥

पवना पुनेरा. शीतल, मधुर, वीर्यको नहीं बढ़ानेवाला, कफघ्न, पित्तनाशक, रूखा, क्लेदकारक और हलका होताहै ॥ ३९ ॥

अथ सर्वधान्यगुणाः ॥

धान्यंसर्व्वंनवंस्वादुगुरुश्लेष्मकरंस्मृतम् । तत्तुवर्षोषितंपथ्यंयतोलघुतरंहितम् ॥ वर्षोषितंसर्वधान्यंगौरवंपरिमुञ्चति । नतुत्यजतिवीर्य्यंस्वंक्रमान्मुञ्चत्यतःपरम् ॥ एते पुयवगोधूमतिलमाषानवाहिताः ॥ पुराणाविरसारूक्षानतथागुणकारिणः ॥ पुराणावर्षद्वयादुपरिस्थिताः । यवादयोनवाःस्वास्थ्यान्प्रातिहिताः ॥ पथ्याशिनान्तुपुराणाहिताः । पुराणायवगोधूमक्षौद्रजांगलशूल्यभुगितिवासन्तेवाग्भटेनोक्तत्वात् ॥ ४० ॥

इति श्रीभावप्रकाशे धान्यवर्गः ॥

सम्पूर्णधान्योंके गुण ॥

सम्पूर्ण नवीनधान्य. मधुर, भारी और कफकारक होतेहैं एकवर्षका पुरानाधान्य. हलकेपनेसे पथ्य होताहै एकवर्षका पुराना सब अनाज भारीपनको छोडताहै और वीर्य्यको नहीं छोडता इसके उपरांत क्रमसे वीर्यको भी छोडताहै जौ, गेहूं, तिल और उर्द यह नवीनही हितकारी होतेहैं और दोवर्षके पुराने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रसरहित और रूखे होजाते हैं ऊपर कहेहुए जौ आदिक नवीन होनेपर स्वस्थपुरुषों को [illegible]कारी होते हैं परन्तु पथ्यवालोंको पुराने हितहैं क्योंकि वाग्भटने वसन्तचर्य्यामें पुराने जौ तथा गे[illegible]हूत जङ्गली जीवोंका मांस और शूल्य कबाब खाना कहाहै ॥ ४० ॥

इति श्रीभावप्रकाशस्यभाषानुवादेधान्यवर्गःसमाप्तः ॥

अथ शाकवर्गस्तत्र शाकनिरूपणम् ॥

पत्रंपुष्पंफलंनालंकन्दंसंस्वेदजंतथा। शाकंषड्विधमुद्दिष्टंगुरुविद्याद्यथोत्तरम् १ ॥

अथ शाकोंका वर्णन ॥

पत्र, पुष्प, फल, नाल, कन्द और स्वेदज यह छः प्रकारके शाक (तरकारी) होते हैं यह क्रमसे उत्तरोत्तर भारी होते हैं १ ॥

अथ शाकानांगुणाः ॥

प्रायःशाकानिसर्व्वाणिविष्टम्भीनिगुरूणिच। रूक्षाणिबहुवर्च्चांसिसृष्टविण्मारुतानिच ॥ शाकंभिनत्तिवपुरस्थिनिहन्तिनेत्रं वर्णंविनाशयतिरक्तमथापिशुक्रम्। प्रज्ञाक्षयञ्चकुरुतेपलितञ्चनूनं हन्तिस्मृतिंगतिमितिप्रवदन्तितज्ज्ञाः ॥ शाकेषुसर्व्वेषुवसन्तिरोगास्तेहेतवोदेहविनाशनाय। तस्माद्बुधःशाकविवर्ज्जनन्तुकुर्य्यात्तथाम्लेषुसएवदोषः ॥ एतानिशाकनिन्दकानिवचनानिसामान्यानि ॥ अथ शाकेषुविशिष्टानिवचनानि ॥ २ ॥

शाकों के गुण ॥

प्रायःसंपूर्ण शाक. विष्टम्भी, भारी, रूखे, अत्यन्त मलवर्द्धक, मलनिकालनेवाले और बादी होते हैं शाक शरीरकी हड्डी, नेत्र, वर्ण, रुधिर, वीर्य, बुद्धि, स्मृति तथा गतिको नष्टकरते हैं और बालोंको श्वेत करते हैं संपूर्ण शाकोंमें रोगरहते हैं वही शरीरके विनाशके कारण होते हैं इससे पण्डितलोग शाकका त्यागकरें और खटाई में भी यही दोषहै यह शाकोंकी निन्दा के सामान्य वचन हैं अब शाकोंके वर्णनमें विशेष वचन कहेजातेहैं ॥ २ ॥

तत्र पत्रशाकानि ॥ तत्रापिवास्तूकद्वयस्यनामानि गुणाश्च ॥

वास्तूकंवास्तुकञ्चस्यात्क्षारपत्रञ्चशाकराट्। तदेवतुबृहत्पत्रंरक्तस्याद्गौडवास्तुकम् ॥ प्रायशोयवमध्येस्याद्यवशाकंमतःस्मृतम्। वास्तूकद्वितयंस्वादुक्षारंपाकेकटूदितम्। दीपनंपाचनंरुच्यंलघुशुक्रबलप्रदम्। सरंप्लीहास्रपित्तार्शःकृमिदोषत्रयापहम् ॥ ३ ॥

पत्रशाकोंका वर्णन। दोनोंबथुईके नाम व गुण ॥

वास्तूक, वास्तुक, क्षारपत्र और शाकराट् यह बथुई के नामहैं बडेपत्तेकी लालबथुई को गौडवास्तुक और प्रायः यवोंके बीचमें होनेसे यवशाक कहतेहैं दोनों बथुई- मधुर, क्षार, पाकमें कटु, दीपन, पाचक, रुचिकारक, हलकी, वीर्यवर्द्धक, बलकारी, दस्तावर और प्लीहा, रक्तपित्त, बवासीर, कृमि तथा त्रिदोषनाशक होती हैं ॥ ३ ॥

अथ पोतकी

पोतक्युपोदिकासातुमालवामृतवल्लरी। पोतकीशीतलास्निग्धाश्लेष्मलावातपित्तनुत् ॥ अकण्ठ्यापिच्छिलानिद्राशुक्रदारक्तपित्तजित्। बलदारुचिकृत्पथ्याबृंहणीतृप्तिकारिणी ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पोयके नाम व गुण॥

पोतकी, [illegible]ोदिका, मालवा और अमृतवल्लरी यह पोयके नामहैं पोय.शीतल, स्निग्ध, कफकारक, वातपित्तनाश[illegible] कण्ठको अहित, पिच्छिल, निद्राकारी, वीर्यवर्द्धक, रक्तपित्तनाशक, बलकारी, रुचिकारक, पथ्य, धातुवर्द्धक और तृप्तिकारी होतीहै ॥ ४ ॥

अथ श्वेतमरुसा लोहितमरुसा नवड़ा इतिच॥

मारिषोवाष्पकोमार्षःश्वेतोरक्तश्चससमृतः । मारिषोमधुरःशीतोविष्टम्भीपित्तनुद्गुरुः॥ वातश्लेष्मकरोरक्तपित्तनुद्विषमाग्निजित्। रक्तमार्षोगुरुर्नातिसक्षारोमधुरःसरः॥ श्लेष्मलःकटुकःपाकेस्वल्पदोषउदीरितः ॥ ५ ॥

श्वेतमरसा और लालमरसाके नाम और गुण॥

मारिष वाष्पक और मार्ष यह दोनों मरसाके नामहैं मरसा. मधुर, शीतल, विष्टम्भी, पित्तनाशक, भारी, बादी, कफकारी और रक्तपित्त तथा विषमाग्निनाशक होताहै लालमरसा. बहुत भारीपन से रहित, कुछ क्षार, मधुर, दस्तावर, कफकारी, पाक में कटु और थोड़े दोषवाला होताहै ॥ ५ ॥

अथ चवराई । अल्पमरुसा इतिच॥

तण्डुलीयोमेघनादः काण्डेरस्तण्डुलेरकः । भण्डीरस्तण्डुलीबीजोविषघ्नश्चाल्पमारिषः ॥ तण्डुलीयोलघुःशीतोरूक्षःपित्तकफास्रजित् । सृष्टमूत्रमलोरुच्योदीपनोविषहारकः ॥ ६ ॥

चौराई के नाम व गुण॥

तण्डुलीय, मेघनाद, काण्डेर, तण्डुलेरक, भण्डीर, तण्डुलीबीज, विषघ्न और अल्पमारिष यह चौराई के नामहैं चौराई. शीतल, हलकी, रूखी, पित्तघ्न, कफनाशक, रक्तदोषनाशक, मलमूत्र निकालने वाली, रुचिकारी, दीपन और विषनाशक होती है ॥ ६ ॥

अथ चवराईभेदः॥

जलतण्डुलीयंशास्त्रेकचटामितिप्रसिद्धम् । पानीयंतण्डुलीयन्तुकचटंसमुदाहृतम् । कचटंतिक्तकंरक्तपित्तानिलहरंलघु ॥ ७ ॥

जलचौराईके नाम व गुण॥

जलचौराई को जलतण्डुलीय और कचट कहते हैं जलचौराई. तिक्त, रक्तपित्तनाशक, वातघ्न और हलकी होती है ॥ ७ ॥

अथ पलकी॥

पालक्यावास्तुकाकाराच्छुरिकाचीरितच्छदा ॥ पालक्यावातलाशीताश्लेष्मलाभेदिनीगुरुः। विष्टम्भिनीमदश्वासपित्तरक्तकफापहा ॥ ८ ॥

पालकके नाम व गुण॥

पालक्या, वास्तुकाकारा, छुरिका और चीरितच्छदा यह पालकके नामहैं पालक. बादी, शीतल, कफकारी, दस्तावर, भारी, विष्टम्भी और मदरोग, श्वास, पित्तरक्त तथा विषनाशक होताहै ॥ ८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ नारीशाकंकालशाकमितिच ॥

नाडिकंकालशाकञ्चश्राद्धशाकञ्चकालकम् ॥ कालशाकंसरंरुच्यंवातकृत्कफशोथहृत् । बल्यंरुचिकरंमेध्यंरक्तपित्तहरंहिमम् ॥ ९ ॥

नारीके शाक के नाम व गुण ॥

नाडिक,कालशाक,श्राद्धशाक और कालक यह नारीके शाकके नामहैं नारीकाशाक. दस्तावर,रुचिकारक,बादी,कफघ्न,शोथनाशक,बलकारी,रुचिकारक,मेधाकोहित,रक्तपित्तनाशक और शीतलहोताहै ९ ॥

अथ पटुआ ॥

पट्टशाकस्तुनाड़ीकोनाड़ीशाकश्चसःस्मृतः । नाड़ीकोरक्तपित्तघ्नोविष्टम्भीवातकोपनः १०

पटुआ शाकके नाम व गुण ॥

पट्टशाक नाडीक और नाडीशाक यह पटुशाक के नामहैं पटुआ. रक्तपित्तनाशक, विष्टम्भी और बादी होताहै ॥ १० ॥

अथ कलम्बी ॥

कलम्बीशतपर्वाचकथ्यन्तेतद्गुणाअथ । कलम्बीस्तन्यदाप्रोक्तामधुराशुक्रकारिणी ११ ॥

कलगीके नाम व गुण ॥

कलगीको कलंबी और शतपर्व्वा कहतेहैं कलगी. दुग्धवर्द्धक, मधुर और वीर्यवर्द्धक होतीहै ॥ ११ ॥

अथ लोणी बृहल्लोणी ॥

लोणालोणीचकथिताबृहल्लोणीतुघोटिका । लोणीरूक्षास्मृतागुर्वीवातश्लेष्महरीपटुः ॥ अर्शोघ्नीदीपनीचाम्लामन्दाग्निविषनाशिनी । घोटिकाम्लासराचोष्णावातकृत्कफपित्तहृत् ॥ वाग्दोषव्रणगुल्मघ्नीश्वासकासप्रमेहनुत् । शोथलोचनरोगेच हितातज्ज्ञैरुदाहता ॥ १२ ॥

छोटी और बडी नोनिया के नाम व गुण ॥

छोटी नोनियाको लोणा तथा लोणी और बडी नोनियाको घोटिका कहतेहैं नोनिया. रूखी, भारी, दीपन, खट्टी, नमकीन और वात कफ, बवासीर, मन्दाग्नि तथा विषनाशक होती है और बडी नोनिया. खट्टी, दस्तावर, उष्ण, बादी और कफ, पित्त, त्वचा के दोष, घाव, गुल्म, श्वास, खांसी, प्रमेह, सूजन और नेत्ररोगनाशक होती है ॥ १२ ॥

अथ चाङ्गेरी अम्बिलीनारातिच ॥

चाङ्गेरीचुक्रिकादन्तशठाम्बष्ठाम्ललोणिका । अश्मन्तकस्तुशफरीपिसलीचाम्लपत्रकः ॥ चाङ्गेरीदीपनीरुच्यारूक्षोष्णाकफवातनुत् । पित्तलाम्लाग्रहण्यर्शःकुष्ठातीसारनाशिनी ॥ १३ ॥

चाङ्गेरी चूकाका भेद उसके नाम व गुण ॥

चाङ्गेरी, चुक्रिका, दन्तशठा, अम्बष्ठा, अम्ललोणिका, अश्मन्तक, शफरी, पिसली और अम्लपत्रक यह चाङ्गेरी के नामहैं चाङ्गेरी. दीपन, रुचिकारक, रूखी, उष्ण, पित्तवर्द्धक, खट्टी और कफ, वात, ग्रहणी, बवासीर, कुष्ठ तथा अतीसारनाशक होतीहै ॥ १३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ चूक ॥

चुक्रिका ...तुपत्राम्लारोचनीशतवेधिनी ॥ चुक्रात्वम्लतरास्वाद्वीवातघ्नीकफपित्त कृत् । रुच्यालघुतरापाकेवृन्ताकेनातिरोचनी ॥ १४ ॥

चूकाके नाम व गुण ॥

चुक्रिका, पत्राम्ला, रोचनी और शतवेधिनी यह चूकाके नामहैं चूका बहुतखट्टा, मधुर, वातनाशक, कफ, पित्तकारक, रुचिकारी, शीघ्रपचनेवाला और बैंगन के साथ बहुत रुचिकारी होता है ॥ १४ ॥

अथ चेवुनानाड़ीचवत् ॥

चिञ्चाचञ्चुश्चञ्चुकीचदीर्घपत्रासतिक्तका ॥ चुञ्चुःशीतासरारुच्यास्वाद्वीदोषत्र यापहा । धातुपुष्टिकरीबल्यामेध्यापिच्छिलकास्मृता ॥ १५ ॥

चेवुना के नाम व गुण ॥

चिञ्चा, चञ्चू, चञ्चुकी, दीर्घपत्रा और तिक्तका चेवुना. शीतल, दस्तावर, रुचिकारी, मधुर, त्रिदोष- नाशक, धातुपोषक, बलकारी, मेधाकोहित और पिच्छिल होताहै ॥ १५ ॥

अथ हिलमोचिकाहुरहुरइतिलोके ॥

ब्राह्मीशङ्खधराचारीमन्त्रीचाहिलमोचिका । शोथंकुष्ठंकफंपित्तंहरतेहिलमोचिका १६ ॥

हुरहुर के नाम व गुण ॥

ब्राह्मी, शङ्खधरा, आचारी, मन्त्री और हिलमोचिका यह हुरहुरके नाम हैं हुरहुर. सूजन, पित्त, कफ और कुष्टनाशक होता है ॥ १६ ॥

अथ शिरिआरी ॥

शितिवारःशितिवरःस्वस्तिकःसुनिषण्णकः । श्रीवारकःसूचिपत्रःपर्णकःकुक्कुटःशिखी ॥ चाङ्गेरीसदृशःपत्रश्चतुर्दलइतीरितः । शाकोजलान्वितेदेशेचतुःपत्रीतिचोच्यते ॥ सु निषण्णोहिमोग्राहीमोहदोषत्रयापहः ॥ अविदाहीलघुःस्वादुःकषायोरूक्षदीपनः । वृष्यो रुच्योज्वरश्वासमेहकुष्ठभ्रमप्रणुत् ॥ १७ ॥

शिरयारी के नाम और गुण ॥

शितिवार, शितिवर, स्वस्तिक, सुनिषण्णक, श्रीवारक, सूचिपत्र, पर्णक, कुक्कुट और शिखी यह शिरयारी के नाम हैं इसके पत्ते चाङ्गेरी के समान होते हैं और यह सजलदेशमें उत्पन्न होताहै इसमें चार दल होते हैं उसको चतुःपत्री भी कहते हैं शिरयारी. शीतल, ग्राही, मेदनाशक, त्रिदोषघ्न, विदाह- रहित, हलकी, मधुर, कषैली, रूखी, दीपन, वीर्य्यवर्द्धक, रुचिकारी और ज्वर, श्वास, प्रमेह, कुष्ठ तथा भ्रमनाशक होतीहै ॥ १७ ॥

अथ मुरईपत्रम् ॥

पाचनंलघुरुच्योष्णंपत्रंमूलकजंनवम् । स्नेहसिद्धंत्रिदोषघ्नमसिद्धंकफपित्तकृत् १८ ॥

मूलीके पत्तों के गुण ॥

मूली के नये पत्ते. पाचक, हलके, रुचिकारक और उष्ण होते हैं यह स्नेह में पकायेहुए त्रिदोष- नाशक और कच्चे, कफ, पित्तकारी होते हैं ॥ १८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ गुम्मा ॥

द्रोणपुष्पीदलंस्वादुरूक्षंगुरुचपित्तकृत्। भेदनंकामलाशोथमेहज्वरहरं[illegible] ॥ १९ ॥

गूमाके गुण ॥

गूमाकेपत्ते.मधुर, कटु, रूखे,भारी,पित्तवर्द्धक, भेदक और कामला, सूजन, प्रमेह तथा ज्वरनाशक होते हैं ॥ १९ ॥

अथ जवाइन ॥

यवानीशाकमाग्नेयंरुच्यंवातकफप्रणुत्। उष्णंकटुचतिक्तंचपित्तलंलघुशूलहृत्॥२०॥

अजवाइन के शाकके गुण ॥

अजवाइनका शाक. अग्निके गुणवाला, रुचिकारी, वातघ्न, कफनाशक, उष्ण, कटु, तिक्त, पित्तवर्द्धक, हलका और शूलनाशक होताहै ॥ २० ॥

अथ चकवड़ ॥

दद्रुघ्नपत्रंदोषघ्नमम्लंवातकफापहम्। कण्डूकासक्रमिश्वासदद्रूकुष्ठप्रणुल्लघु ॥ २१ ॥

पवांड के पत्तोंके गुण ॥

पवांडके पत्ते. दोषनाशक,खट्टे, हलके और वात, कफ,खुजली,खांसी,कृमि,श्वास,दाद तथा कुष्ठ-नाशक होते हैं ॥ २१ ॥

अथ सेहुण्ड ॥

सेहुण्डस्यदलंतीक्ष्णंदीपनंरोचनंहरेत्।आध्मानाष्ठीलिकागुल्मशूलशोथोदराणिच २२॥

सेंहुड के पत्तों के गुण ॥

सेंहुडकेपत्ते. तीक्ष्ण,दीपन,रुचिकारक और उदर, आध्मान, अष्ठीला, गुल्म,शूल तथा सूजननाशक होते हैं ॥ २२ ॥

अथ दवनपापरा ॥

पर्प्पटोहन्तिपित्तास्रज्वरतृष्णाकफभ्रमान्।संग्राहीशीतलस्तिक्तोदाहनुद्वातलोलघुः २३॥

पित्तपापड़े के शाक के गुण ॥

पित्तपापड़ा. पित्त, रक्त, ज्वर, तृषा, कफ, भ्रम तथा दाहनाशक, ग्राही, शीतल, तिक्त, बादी और हलका होताहै ॥ २३ ॥

अथ गोभी ॥

गोजिह्वाकुष्ठमेहास्रकृच्छ्रज्वरहरोलघुः २४ ॥ (अथ पटोलपत्र) पटोलपत्रंपित्तघ्नं दीपनम्पाचनंलघु। स्निग्धंवृष्यंतथोष्णञ्चज्वरकासक्रमिप्रणुत् ॥ २५ ॥

गोभी के गुण ॥

गोभी. कुष्ठ, मेह, रक्तदोष, मूत्रकृच्छ्र तथा ज्वरनाशक और हलकी होती है ॥ २४ ॥ (परवलके पत्तोंके गुण) पटोलपत्र.पित्तघ्न, दीपन, पाचन, हलके, स्निग्ध, वीर्यवर्द्धक, उष्ण और ज्वर, खांसी तथा कृमिनाशक होते हैं ॥ २५ ॥

अथ गुडूची ॥

गुडूचीपत्रमाग्नेयंसर्वज्वरहरंलघु। कषायंकटुतिक्तञ्चस्वादुपाकंरसायनम् ॥ बल्य मुष्णञ्चसंग्राहिहन्याद्दोषत्रयंतृषाम्। दाहप्रमेहवातास्रकामलाकुष्ठपाण्डुताम् ॥ २६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गिलोयके पत्तों के गुण ॥

गिलोयके पत्ते. अग्निके गुणवाले, संपूर्ण ज्वरनाशक, हलके, कषैले, कटु, तिक्त, पाकमें मधुर, रसायन, बलकारी, उष्ण, ग्राही और त्रिदोष, तृषा, प्रमेह, वातरक्त, कामला, कुष्ठ तथा पांडुनाशक होते हैं॥२६॥

अथ कसौंदी ॥

काममर्दोऽरिमर्दश्चकासारिःकर्कशस्तथा।कासमर्ददलंरुच्यंवृष्यंकासविषास्रनुत्॥ मधुरंकफवातघ्नंपाचनंकण्ठशोधनम्। विशेषतःकासहरंपित्तघ्नंग्राहकंलघु ॥ २७ ॥

कसौंदी के नाम व गुण ॥

कासमर्द, अरिमर्द, कासारि और कर्कश यह कसौंदी के नाम हैं कसौंदीके पत्ते. रुचिकारी, वीर्यवर्द्धक, खांसीनाशक, विषघ्न, रक्तदोषनाशक, मधुर, कफवातनाशक, पाचक, कण्ठशोधक और विशेष करके खांसी तथा पित्तके नाशक, ग्राही और हलके होते हैं ॥ २७ ॥

अथ चणक ॥

रुच्यश्चणकशाकंस्याद्दुर्जरंकफवातकृत्।अम्लंविष्टम्भजनकंपित्तनुद्दन्तशोथहृत् ॥२८॥

चनेके शाकके गुण ॥

चनेकाशाक. रुचिकारी, कठिनतासे पचनेवाला, कफकारी, बादी, खट्टा, विष्टम्भी, पित्तनाशक और दांतोंकी सूजनका नाशक होताहै ॥ २८ ॥

अथ केराव ॥

कलायशाकम्भेदिस्याल्लघुतिक्तंत्रिदोषजित् २९ (अथसरिसो) कटुकंसार्षपंशाकं बहुमूत्रमलंगुरु। अम्लपाकंविदाहिस्याद्दुष्णंरूक्षंत्रिदोषजित् ॥ सक्षारंलवणंतीक्ष्णंस्वादुशाकेषुनिन्दितम् ॥ ३० ॥ मटरके शाकके गुण ॥

मटरकाशाक. दस्तावर, हलका, तिक्त और त्रिदोषनाशक होताहै २९ ॥ (सरसोंकेशाककेगुण) सरसोंकाशाक. कटु, मलमूत्रवर्द्धक, भारी, खट्टा, विदाही, उष्ण, रूखा, त्रिदोषनाशक कुछ क्षार सलोन मधुर और तीक्ष्ण होताहै यह संपूर्ण शाकों में निन्दितहै ॥ ३० ॥

अथ पुष्पशाकानि । तत्रागस्तिपुष्पस्यगुणाः ॥

अगस्तिकुसुमंशीतंचातुर्थकनिवारणम् । नक्तान्ध्यनाशनंतिक्तंकषायंकटुपाकिच । पीनसश्लेष्मपित्तघ्नंवातघ्नंमुनिभिर्मतम् ॥ ३१ ॥

पुष्पशाकोंका वर्णन ॥ अगस्तिके पुष्पोंका गुण ॥

अगस्तिके पुष्प. शीतल, चौथैया ज्वरनाशक, रतौंधी दूरकरनेवाले, तिक्त, कषैले, पाकमें कटु और पीनस, कफ, पित्त तथा वातनाशक होते हैं ॥ ३१ ॥

अथ कदलीपुष्पम् ॥

कदल्याःकुसुमंस्निग्धंमधुरंतुवरंगुरु । वातपित्तहरंशीतंरक्तपित्तक्षयप्रणुत् ॥ ३२ ॥

केलेकेफूलके गुण ॥

केलेके पुष्प. स्निग्ध, मधुर, कषैले, भारी, शीतल और वातपित्त, रक्तपित्त तथा क्षयनाशक होते हैं ३२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शोभाञ्जन ॥

शिग्रोःपुष्पन्तुकटुकंतीक्ष्णोष्णंस्नायुशोथकृत् । कृमिहृत्कफवातघ्नंवि[illegible]प्लीहगुल्मजित् ॥ मधुशिग्रोस्त्वक्षिहितंरक्तपित्तप्रसादनम् ॥ ३३ ॥

सहजनके पुष्पोंके गुण ॥

सहजने के पुष्प. कटु, तीक्ष्ण, उष्ण, स्नायु में सूजन करनेवाले और कृमि, कफ, वात, विद्रधि, प्लीहा तथा गुल्मनाशक होतेहैं लालसहजनके पुष्प. नेत्रोंको हित और रक्तपित्तकारक होते हैं ॥ ३३ ॥

अथ शाल्मलीपुष्पम् ॥

शाल्मलीपुष्पशाकंतुघृतसैन्धवसाधितम् । प्रदरंनाशयत्येवदुःसाध्यञ्चनसंशयः ॥ रसेपाकेचमधुरंकषायंशीतलंगुरु । कफपित्तास्रजिद्ग्राहिवातलंचप्रकीर्त्तितम् ॥ ३४ ॥

सेमरके पुष्पोंके गुण ॥

घृत और सेंधोनोनके द्वारा पकायेहुए सेमरके पुष्प. अत्यन्त दुस्साध्य प्रदरकोभी नाश करतेहैं यह मधुर, कषैले, पाकमें मधुर, शीतल, भारी, कफघ्न, पित्तघ्न, रक्तदोषघ्न, ग्राही और बादी होते हैं ॥ ३४ ॥

अथ फलशाकानि । तत्रकूष्माण्डस्यनामानिगुणाश्च ॥

कूष्माण्डंस्यात्पुष्पफलम्पीतपुष्पंबृहत्फलम् । कूष्माण्डंबृंहणंवृष्यंगुरुपित्तास्रवातनुत् ॥ बालंपित्तापहंशीतंमध्यमंकफकारकम् । वृद्धंनातिहिमंस्वादुसक्षारन्दीपनंलघु ॥ वस्तिशुद्धिकरंचेतोरोगहृत्सर्व्वदोषजित् ॥ ३५ ॥

फलशाकोंका वर्णन ॥ पेठेकेनाम और गुण ॥

कूष्माण्ड, पुष्पफल, पीतपुष्प और बृहत्फल यह पेठेके नामहैं पेठा. धातुवर्द्धक, वीर्यवर्द्धक, भारी और रक्तपित्त तथा वातनाशक होताहै कच्चापेठा. पित्तनाशक तथा शीतल मध्यमपेठा. कफकारक और पक्का पेठा. बहुत शीतलतासे रहित, मधुर, कुछक्षार, दीपन, हलका, मूत्राशयका शोधक और चित्तके रोग तथा सर्वदोषनाशक होताहै ॥ ३५ ॥ अथ कोहडी ॥

कूष्माण्डीतुभृशंलघ्वीकर्कारुरपिकीर्तितम् । कर्कारुर्ग्राहिणीशीतारक्तपित्तहरागुरुः ॥ पक्कातिक्ताग्निजननीसक्षाराकफवातनुत् ॥ ३६ ॥

छोटेपेठेके नाम व गुण ॥

बहुत छोटेपेठेको कूष्माण्डी और कर्कारु कहते हैं छोटापेठा. ग्राही, शीतल, रक्तपित्तनाशक और भारी होताहै पकाहुआ छोटापेठा. तिक्त, अग्निकारक, कुछक्षार और कफवातनाशक होताहै ॥ ३६ ॥

अथ लवलौआ । गृहलौआ ॥

अलाबूःकथितातुम्बीद्विधादीर्घाचवर्त्तुला । मिष्टतुम्बीदलंहृद्यंपित्तश्लेष्मापहंगुरु ॥ वृष्यंरुचिकरंप्रोक्तंधातुपुष्टिविवर्द्धनम् ॥ ३७ ॥

लौकीके नाम व गुण ॥

लौकीको अलाबू और तुम्बी कहते हैं यह लम्बी और गोल दोप्रकारकी होतीहै लौकी. मधुर, हृदयको हित, पित्तघ्न, कफनाशक, भारी, वीर्यवर्द्धक, रुचिकारी और धातुपोषक होतीहै ॥ ३७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ तीतलौकी ॥

इक्ष्वाकुः कटुतुम्बीस्यात्सातुम्बीचमहाफला । कटुतुम्बीहिमाहृद्यापित्तकासविषापहा ॥ तिक्ताकटुर्विपाकेचवातपित्तज्वरान्तकृत् ॥ ३८ ॥

कडवीतूंबीके नाम व गुण ॥

इक्ष्वाकु, कटुतुम्बी, तुम्बी और महाफला यह कडवीलौकीके नामहैं कडवीलौकी. शीतल, हृदयकोहित, तिक्त, पाकमें कटु और पित्त, खांसी, विष, वात तथा पित्तज्वरनाशक होती है ॥ ३८ ॥

अथ ककड़ी ॥

एर्वारुःकर्कटीप्रोक्ताकथ्यन्तेतद्गुणाअथ।कर्कटीशीतलारूक्षाग्राहिणीमधुरागुरुः॥रुच्यापित्तहरासामापक्वातृष्णाग्निपित्तकृत्॥३९॥ककडीके नाम व गुण ॥

ककडीको एर्वारु और कर्कटी कहते हैं ककडी. शीतल, रूखी, ग्राही, मधुर और भारी होतीहै कच्ची ककडी, रुचिकारक तथा पित्तनाशक और पक्की ककडी. तृषा, अग्नि तथा पित्तनाशक होती है ॥ ३६ ॥

अथ चिचिण्डा ॥

चिंचिण्डाश्वेतराजिःस्यात्सुदीर्घोगृहकूलकः । चिचिण्डोवातपित्तघ्नोबल्यःपथ्योरुचिप्रदः ॥ शोषिणोऽतिहितःकिञ्चिद्गुणैर्न्यूनःपटोलतः ॥ ४० ॥

चिचेंडाके नाम व गुण ॥

चिचिंड, श्वेतराजि, सुदीर्घ और गृहकूलक यह चिचेंडके नामहैं चिचेंडा. वातघ्न, पित्तनाशक, बलकारी, पथ्य, रुचिकारक, शोषरोगियोंको अत्यन्तहित और परवलसे कुछ कमगुणवाला होताहै ॥ ४० ॥

अथ करेलाकरेली ॥

कारवेल्लंकटिल्लंस्यात्कारवेल्लीततोलघुः । कारवेल्लंहिमंभेदिलघुतिक्तमवातलम् ॥ ज्वरपित्तकफास्रघ्नंपाण्डुमेहकृमीन्हरेत्।तद्गुणाकारवेल्लीस्याद्विशेषाद्दीपनीलघुः ४१॥

करेला और करेलीके नाम व गुण ॥

कारवेल्ल और कटिल्ल या कठिल्ल यह करेलेकेनामहैं करेली इससेछोटी होतीहै करेला.शीतल,दस्तावर, हलका, तिक्त, वातरहित और केवल पित्त, कफ, रक्त, पाण्डु, प्रमेह तथा कृमिनाशक होताहै और करेली में भी इसीके समान गुण होतेहैं यह विशेषकरके दीपन तथा हलकी होती है ॥ ४१ ॥

अथ नेनुआ ॥

महाकोशातकीप्रोक्ता हस्तिघोषामहाफला । धामार्गवोघोषकश्च हस्तिपर्णश्चसस्मृतः ॥ महाकोशातकीस्निग्धा रक्तपित्तानिलापहा ॥ ४२ ॥

घियातोरई के नाम व गुण ॥

महाकोशातकी, हस्तिघोषा, महाफला, धामार्गव, घोषक और हस्तिपर्ण यह घियातोरईके नामहैं घियातोरई. स्निग्ध और रक्तपित्त तथा वातनाशक होतीहै ॥ ४२ ॥

अथ तोरई ॥

धामार्गवःपीतपुष्पो जालिनीकृतवेधना।राजकोशातकीत्वेतितथोक्ताराजिमत्फला॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

राजकोशातकीशीता मधुराकफवातला। पित्तघ्नीदीपनीश्वासज्वरकासकृमि[illegible]त् ४३॥

तोरईके नाम व गुण॥

धामार्ग, पीतपुष्प, जालिनी, कृतवेधना, राजकोशातकी और राजिमत्फला यह तोरईके नामहैं तोरई. शीतल, मधुर, कफकारक, बादी, पित्तनाशक, दीपन और श्वास, ज्वर, खांसी तथा कृमिनाशक होती है॥ ४३॥

अथ पटोर॥

पटोलःकूलकस्तिक्तः पाण्डुकःकर्कशच्छदः। राजीफलःपाण्डुफलो राजेयश्चामृताफलः॥ बीजगर्भःप्रतीकश्च कुष्ठहाकासभञ्जनः। पटोलंपाचनंहृद्यं वृष्यंलघ्वग्निदीपनम्॥ स्निग्धोष्णंहन्तिकासास्रज्वरदोषत्रयकृमीन्। पटोलस्यभवेन्मूलंविरेचनकरंसुखात्॥ नालंश्लेष्महरंपत्रं पित्तहारिफलंपुनः। दोषत्रयहरंप्रोक्तंतद्वत्तिक्तापटोलिका ४४॥

परवलके नाम व गुण॥

पटोल, कूलक, तिक्त, पाण्डुक, कर्कशच्छद, राजीफल, पाण्डुफल, राजेय, अमृताफल, बीजगर्भ, प्रतीक, कुष्ठहा और कासभञ्जन यह परवलके नामहैं परवल. पाचक, हृदयको हित, वीर्यवर्द्धक, हलका, दीपन, स्निग्ध, उष्ण और खांसी, रक्तज्वर, त्रिदोष तथा कृमिनाशक होताहै परवलकी जड़. सुखपूर्वक दस्तावर परवलकी डण्डी. कफनाशक पत्ते. पित्तनाशक और फल. त्रिदोषनाशक होताहै और कडवे परवलमें भी इसी के समान फल होते हैं॥ ४४॥

अथ कुन्दुरी॥

बिम्बीरक्तफलातुण्डी तुण्डकेरीचबिम्बिका। ओष्ठोपमफलाप्रोक्ता पीलुपर्णीचकथ्यते॥ बिम्बीफलंस्वादुशीतं गुरुपित्तास्रवातजित्। स्तम्भनंलेखनंरुच्यं विबन्धाध्मानकारकम्॥ ४५॥

कुंदरूके नाम व गुण॥

बिम्बी, रक्तफला, तुण्डी, तुण्डकेरी, बिम्बिका, ओष्ठोपमफला और पीलुपर्णी यह कुंदरूके नामहैं कुंदरू. मधुर, शीतल, भारी, रक्तपित्तनाशक, वातघ्न, स्तम्भन, लेखन, रुचिकारक और विबन्ध तथा आध्मानकारी होताहै॥ ४५॥

शिम्बिशेवा॥

शिम्बिःशिम्बीपुस्ताशिम्बीस्तथापुस्तकशिम्बिका। शिम्बीद्वयञ्चमधुरं रसेपाकेहिमंगुरु॥ बल्यंदाहकरंप्रोक्तं श्लेष्मलंवातपित्तजित्॥ ४६॥

दोनोंसेमोंके नाम व गुण॥

शिम्बि और शिम्बी यह सेमके नामहैं दूसरी सेमको पुस्ताशिम्बी और पुस्तकशिम्बिका कहते हैं दोनों प्रकारकी सेम. रस तथा पाकमें मधुर, शीतल, भारी, बलकारी, दाहकारक, कफकारक और वातपित्तनाशक होती हैं॥ ४६॥

अथ सुवराशिम्बि॥

कोलशिम्बिःकृष्णफला तथापर्य्यङ्कपट्टिका। कोलशिम्बिःसमीरघ्नीगुर्व्युष्णाकफपित्तकृत्॥ शुक्राग्निसादकृद्वृष्या रुचिकृद्बद्धविड्गुरुः॥ ४७॥

सुवरासेम के नाम व गुण॥

कोलशिम्बि, कृष्णफला और पर्य्यङ्कपादिका यह सुवरासेम के नामहैं सुवरासेम. वातनाशक, भारी, उष्ण, मलरोधक और कफ, पित्त, वीर्य, मन्दाग्नि तथा रुचिकारक होती है॥ ४७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ सोहिजनाफल ॥

सौभाञ्जनफलंस्वादु कषायंकफपित्तनुत् ॥ शूलकुष्ठक्षयश्वासगुल्मघ्नंदीपनंपरम् ४८

सहजनके फलकेगुण ॥

सहजनके फल मधुर, कसैले, दीपन और कफ, पित्त, शूल, कुष्ठ, क्षय, श्वास तथा गुल्मनाशक होते हैं ॥ ४८ ॥

अथ भण्टा ॥

वृन्ताकंस्त्रीतुवार्ताकुर्भण्टाकीभाण्टिकापिच । वृन्ताकंस्वादुतीक्ष्णोष्णं कटुपाकमपित्तलम् ॥ ज्वरवातबलासघ्नं दीपनंशुक्रलंलघु । तद्बालंकफपित्तघ्नं वृद्धंपित्तकरंलघु ॥ वृन्ताकंपित्तलंकिञ्चिदङ्गारपरिपाचितम् । कफमेदोनिलामघ्नमत्यर्थंलघुदीपनम् ॥ तदेवहिगुरुस्निग्धं सतैलंलवणान्वितम् । अपरंश्वेतवृन्ताकं कुक्कुटाण्डसमंभवेत् ॥ तदर्शःसुविशेषेण हितंहीनञ्चपूर्ववत ॥ ४९ ॥

बैंगनके नाम व गुण ॥

वृन्ताक, वार्त्ताकु, भण्टाकी और भाण्टिका (यह तीन शब्द स्त्रीलिङ्ग हैं) यह बैंगनकेनाम हैं बैंगन. मधुर, तीक्ष्ण, उष्ण, पाकमें कटु. पित्तको न करनेवाले, ज्वरनाशक, वातघ्न, कफघ्न, दीपन, वीर्यवर्द्धक और हलके होते हैं कच्चे बैंगन. कफ पित्त नाशक और पक्के बैंगन. पित्तवर्द्धक तथा भारी होते हैं अङ्गार आदि में भूनेहुए बैंगन. कुछ पित्तवर्द्धक, हलके, दीपन और कफ, मेद, वात तथा आमदोषनाशक होते हैं इन्हीं में नोन और तेल मिलाने से भारी और स्निग्ध होते हैं मुर्गेके अण्डेके समान एकप्रकार के श्वेत बैंगन. बवासीर में अत्यन्त पथ्य और पहले कहेहुए बैंगनों से गुणमें कम होते हैं ॥ ४९ ॥

अथ डिंडिश ॥

डिण्डिशोरोमशफलो मुनिनिर्मितइत्यपि । डिण्डिशोरुचिकृद्भेदी पित्तश्लेष्मापहःस्मृतः ॥ सुशीतोवातलोरूक्षो मूत्रलश्चाश्मरीहरः ॥ ५० ॥

टिंडेके नाम व गुण ॥

डिण्डिश, रोमशफल और मुनिनिर्मित यह टिंडेकेनामहैं टिंडा. रुचिकारक, दस्तावर, पित्तघ्न, कफनाशक, शीतल, बादी, रूखा, मूत्रवर्द्धक और पथरीनाशक होताहै ॥ ५० ॥

अथ पिण्डारः ॥

पिण्डारंशीतलंबल्यंपित्तघ्नंरुचिकारकम् । पाकेलघुविशेषेणविषशान्तिकरंस्मृतम् ५१

पिंडारके गुण ॥

पिण्डार. शीतल, बलकारक, पित्तघ्न, रुचिकारी, शीघ्रपचनेवाला और विशेष करके विषनाशक होताहै ॥ ५१ ॥

अथ खेखसा ॥

कर्कोटकीपीतपुष्पा महाजालीतिचोच्यते । कर्कोटीमलहृत्कुष्ठहृल्लासारुचिनाशिनी ॥ श्वासकासज्वरान्हन्ति कटुपाकाचदीपनी ॥ ५२ ॥

खिखसाके नाम व गुण ॥

कर्कोटकी, पीतपुष्पा और महाजाली यह खिखसाके नामहैं खिखसा. मल, कुष्ठ, मतली, अरुचि, श्वास, खांसी तथा ज्वरनाशक, पाकमें कटु और दीपन होताहै ॥ ५२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ करेरुआ ॥

डोडिकाविषमुष्टिश्च डोडींत्यपिमुमुष्टिका । डोडिकापुष्टिदावृष्यारुच्यावह्निप्रदालघुः॥ हन्तिपित्तकफार्शांसि कृमिगुल्मविषामयान् ॥ ५३ ॥

करेरुआके नाम व गुण ॥

डोडिका, विषमुष्टि, डोडी और सुमुष्टिका यह करेरुआके नामहैं करेरुआ, पुष्टिकारी, वीर्यवर्द्धक, रुचिकारी, दीपन, हलका और पित्त, कफ, बवासीर, कृमि, गुल्म तथा विषरोगनाशक होताहै ॥ ५३ ॥

अथ कण्टकारीफलम् ॥

कण्टकारीफलंतिक्तंकटुकंदीपनंलघु । रूक्षोष्णंश्वासकासघ्नंज्वरानिलकफापहम् ५४ ॥

भटकटैयाकेफलकेगुण ॥

भटकटैया के फल. तिक्त, कटु, दीपन, हलके, रूखे, उष्ण और श्वास, खांसी, ज्वर, वात तथा कफ-नाशक होते हैं ॥ ५४ ॥

अथ नालशाकानि । तत्रसर्षपनालम् ॥

तीक्ष्णोष्णंसार्षपंनालंवातश्लेष्मव्रणापहम्।कण्डूवमिहरंदद्रूकुष्ठघ्नंरुचिकारकम् ५५

नालशाकोंकावर्णन ॥ सरसोंकीनालकेगुण ॥

सरसोंका नाल. तीक्ष्ण, उष्ण, रुचिकारक और वात, कफ, घाव, खुजली, कृमि, दाद तथा कुष्ठ-नाशक होताहै ॥ ५५ ॥

अथ कन्दशाकानि । तत्रसूरणस्यनामानिगुणाश्च ॥

सूरणःकन्दओलश्चकन्दलोऽर्शोघ्नइत्यपि। सूरणोदीपनोरूक्षःकषायःकण्डुकृत्कटुः॥ विष्टम्भीविशदोरुच्यःकफार्शःकृन्तनोलघुः ॥ विशेषादर्शसेपथ्यःप्लीहागुल्मविनाशनः ॥ सर्वेषांकन्दशाकानांसूरणःश्रेष्ठउच्यते ॥ दद्रूणांरक्तपित्तानांकुष्ठिनांनहितोहिसः । सन्धानयोगंसम्प्राप्तःसूरणोगुणवत्तरः ॥ ५६ ॥

कन्दशाकोंकावर्णन ॥ ज़िमींक़न्दके नाम व गुण ॥

सूरण, कन्द, ओल, कन्दल और अर्शोघ्न यह ज़िमींक़न्दके नाम हैं ज़िमींक़न्द. दीपन, रूखा, कषैला, कटु, खुजली करनेवाला, विष्टम्भी, विशद, रुचिकारक, हलका और कफ, बवासीर, प्लीहा, गुल्म और विशेष करके बवासीर नाशक होताहै यह ज़िमींक़न्द सब क़न्दशाकों में श्रेष्ठहै दाद, रक्तपित्त और कुष्ठरोगवालोंको ज़िमींक़ंद हितकारी नहीं है ज़िमींक़ंद संधानके योगसे अधिक गुणदायक होता है ५६॥

अथ आरु ॥

आरुकमप्यालुकं तत् कथितम्। (वीरसेनश्च) काष्ठालुकशङ्खालुकहस्त्यालुका
नि कथ्यन्ते ॥ पिण्डालुकसप्तालुकरक्तालुकानि चोक्तानि । काष्ठालुकं काठिन्ययुक्तंकढा
रु । शङ्खालुकंश्वेततायुक्तम् (शङ्खारु) हस्त्यालुकंदीर्घतायुक्तं महाशरीरम् । पिण्डा
लुकंवर्त्तुलम् (सुथनी) सप्तालुकंमधुरतायुक्तं रोमान्वितंदीर्घसुथनी । रक्तालूरक्तारुर
तड़ा इतिच ॥ आलुकंशीतलंसर्वंविष्टम्भिमधुरंगुरु । सृष्टमूत्रमलंरूक्षंदुर्ज्जरंरक्तपित्त
नुत् ॥ कफानिलकरंबल्यं वृष्यंस्वल्पाग्निवर्द्धनम् ॥ ५७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आलूके नाम व गुण ॥

आरुक ‑ लुक और वीरसेन यह आलूके नामहैं काष्ठालुक शङ्खालुक हस्त्यालुक पिण्डालुक मध्वालुक और रक्तालुक यह आलूके भेदहैं जो आलू कठिनतायुक्तहो वह काष्ठालुक (कठिया आलू) जो आलू श्वेतहो उसको शङ्खालुक जो आलू दीर्घ तथा बड़े आकारवालाहो उसको हस्त्यालुक गोल आलूको पिण्डालुक मधुरतायुक्त रोमयुक्त तथा दीर्घ आलूको मध्वालुक और लाल आलूको रक्तालू (रतालू) कहते हैं सम्पूर्ण आलू.शीतल, विष्टम्भी, मधुर,भारी, मलमूत्रनिस्सारी, रूखे,कठिनता से पचनेवाले, रक्तपित्तघ्न, कफकारी, बादी, बलकारक, वीर्यवर्द्धक और दुग्धवर्द्धक होते हैं ॥ ५७ ॥

अथ अरुई ॥

रक्तालुभेदेयादीर्घातन्वीचपृथुतालुकी । आलुकीबलकृत्स्निग्धागुर्वीहृत्कफनाशिनी ॥ विष्टम्भकारिणीतैलेतलितातिरुचिप्रदा ॥ ५८ ॥

अरुईके नाम व गुण ॥

जो रतालू लंबा और छोटा हो उसको आलुकी (अरुई) कहते हैं अरुई.बलकारक,स्निग्ध, भारी, हृदयके कफकी नाशक और विष्टम्भी होतीहै यह तेलमें तलीहुई अत्यन्त रुचिकारक होती है ॥५८॥

अथ वोचीमुरई नेवाएमुरई ॥

मूलकंद्विविधंप्रोक्तंतत्रैकंलघुमूलकम्॥शालमर्कटकंविस्रंशालेयंमरुसम्भवम्॥चाणक्यमूलकंतीक्ष्णंतथामूलकपोतिका । नेपालमूलकंचान्यत्तुतद्भवेद्गजदन्तवत् ॥ लघुमूलंकटूष्णंस्याद्रुच्यंलघुचपाचनम् । दोषत्रयहरंस्वर्यंज्वरश्वासविनाशनम् ॥ नासिकाकण्ठरोगघ्ननयनामयनाशनम् । महत्तदेवरूक्षोष्णंगुरुदोषत्रयप्रदम् ॥ स्नेहसिद्धंतदेवंस्याद्दोषत्रयविनाशनम् ॥ ५९ ॥

मूलीके नाम व गुण ॥

मूली दोप्रकार की होतीहै लघुमूलक,शालमर्कटक,विस्र, शालेय, मरुसंभव, चाणक्यमूलक और मूलकपोतिका यह मूलीके नामहैं दूसरी हाथी के दांतकी समान बड़ी मूली नेपालदेशमें उत्पन्न होतीहै छोटी मूली. कटु, उष्ण, रुचिकारक, हलकी, पाचक, त्रिदोषनाशक, स्वरकोहित और ज्वर, श्वास, नासिकाकेरोग,कण्ठरोग तथा नेत्ररोगोंकी नाशक होतीहै बड़ी मूली. रूखी, उष्ण, भारी और त्रिदोषकारी होती है परन्तु वह भी तैलादिमें पकाईहुई त्रिदोषनाशक होती है ॥ ५९ ॥

अथ गाजर ॥

गाजरंगृञ्जनंप्रोक्तं तथानारङ्गवर्णकम् । गाजरंमधुरंतीक्ष्णं तिक्तोष्णंदीपनंलघु ॥ संग्राहिरक्तपित्तार्शोग्रहणीकफवातजित् ॥ ६० ॥

गाजरके नाम व गुण ॥

गाजर, गृञ्जन और नारङ्गवर्णक यह गाजरके नामहैं गाजर. मधुर, तीक्ष्ण, उष्ण, तिक्त, दीपन हलकी, ग्राही. और रक्तपित्त, ववासीर, ग्रहणी, कफ तथा वातनाशक होती है ॥ ६० ॥

अथ केराकन्द ॥

शीतलःकदलीकन्दोबल्यःकेश्योऽम्लपित्तजित्॥वह्निकृद्दाहहारीचमधुरोरुचिकारकः ६१

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

केलाकन्दके गुण ॥

केलाकन्द. शीतल, बलकारी, केशोंकोहित, अम्ल, पित्तनाशक, दीपन, दाहनाशक, म[illegible] और रुचि-दायक होताहै ॥ ६१ ॥

अथ मानकन्दः ॥

मानकःस्यान्महापत्रःकथ्यन्तेतद्गुणाअथ। मानकःशोथहच्छीतःपित्तरक्तहरोलघुः ६२ ॥

मानकेचूके नाम व गुण ॥

मानकेचूको मानक और महापत्र कहते हैं मानकेचू. सूजननाशक, शीतल, रक्तपित्तघ्न और हलका होता है ॥ ६२ ॥

अथ वाराहीकन्दः ॥

गेठिइतिलोके । बाराहीपित्तलाबल्याकट्वीतिक्तारसायनी ॥ आयुःशुक्राग्निकृन्मेहकफकुष्ठानिलापहा ॥ ६३ ॥

बाराहीकन्दके गुण ॥

बाराहीकन्द. पित्तवर्द्धक, बलकारक, कटु, तिक्त, रसायन, आयु तथा वीर्यवर्द्धक, दीपन और प्रमेह, कफ, कुष्ठ तथा वातनाशक होताहै ६३ ॥

अथ हस्तिकर्णा ॥

गजकर्णातुतिक्तोष्णातथावातकफाञ्जयेत्। शीतज्वरहरीस्वादुःपाकेतस्यास्तुकन्दकः॥ पाण्डुशोथकृमिप्लीहगुल्मानाहोदरापहः। ग्रहण्यर्शोविकारघ्नोवनसूरणकन्दवत्॥ ६४ ॥

हस्तिकर्णाके गुण ॥

हस्तिकर्णा. तिक्त, उष्ण, पाकमें मधुर और वात कफ तथा शीतज्वरनाशकहोतीहै इसका कन्द. पाण्डु, सूजन, कृमि, प्लीहा, गुल्म, आनाह और उदररोगनाशक होताहै यह वनसूरण कन्दके समान ग्रहणी तथा बवासीरका नाशक होताहै ६४ ॥

अथ केमुकम् ॥

केमुआ इतिलोके । केमुकंकटुकंपाकेतिक्तंग्राहिहिमंलघु ॥ दीपनंपाचनंहृद्यं कफपित्तज्वरापहम्। कुष्ठकासप्रमेहास्रनाशनंवातलंकटु ॥ ६५ ॥

केमुआके गुण ॥

केमुआ. पाकमें कटु, तिक्त, ग्राही, शीतल, हलका, दीपन, पाचक, हृदयकोहित, बादी, सलौना और कफपित्तज्वर, कुष्ठ, खांसी, प्रमेह तथा रक्तदोषनाशक होताहै ॥ ६५ ॥

अथ कसेरुचिचोढ़ ॥

कसेरुद्विविधन्तत्तुमहद्राजकसेरुकम्। मुस्ताकृतिर्लघुस्याद्यत्तच्चिचोढ़मितिस्मृतम् ॥ कसेरुकद्वयं शीतंमधुरंतुवरंगुरु। पित्तशोणितदाहघ्नं नयनामयनाशनम् ॥ ग्राहिशुक्रानिलश्लेष्मारुचिस्तन्यकरंस्मृतम् ॥ ६६ ॥

कसेरू और चिचोडके गुण ॥

कसेरू दोप्रकारकाहै बडे कसेरूको राजकसेरू और मोथाके समान आकृतिवाले छोटे कसेरूको चिचोड़ कहतेहैं दोनोंकसेरू. शीतल, मधुर, कषैले, भारी, पित्तघ्न, रक्तनाशक, दाह तथा नेत्ररोग के दूर करनेवाले, ग्राही और वीर्य, वात कफ, अरुचि तथा दूध के वर्द्धक होते हैं ॥ ६६ ॥

अथ कसेरुभिसीड़ा ॥

पद्मादिकन्दःशालूकङ्करहाटश्चकथ्यते। मृणालमूलम्भिस्साण्डं जलालूकञ्चकथ्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ते ॥ ...कंशीतलंवृष्यंपित्तदाहास्रनुद्गुरु । दुर्ज्जरंस्वादु...कञ्च स्तन्यानिलकफ प्रदम् ॥ ...ग्राहिमधुरं रूक्षम्भिसाण्डमपितद्गुणम् ॥ ६७ ॥

कसेरूभिसंडिाके नाम व गुण ॥

कमल आदिके कन्दको शालूक, करहाट, मृणालमूल, भिस्सांड और जलालूक कहते हैं कमलका कन्द. शीतल, वीर्य्यवर्द्धक, पित्तघ्न, दाहनाशक, रक्तदोषनाशक, भारी, कठिनता से पचनेवाला, पाकमें मधुर, दुग्धवर्द्धक, बादी, कफकारक, ग्राही, मधुर और रूखा होता है भसीडमें भी इसीके समान गुण होते हैं ॥ ६७ ॥

बालंह्यनार्तवंजीर्णंव्याधितः क्रिमिभक्षितम् । कन्दंविवर्ज्जयेत् सर्वंयद्वाऽग्न्यादिविदूषितम् ॥ अतिजीर्णमकालोत्थं रूक्षंसिद्धमदेशजम् । कर्कशंकोमलंचातिशीतव्यालादिदूषितम् ॥ संशुष्कंसकलंशाकं नाश्नीयान्मूलकंविना । अतैलादिसिद्धं रूक्षमदेशजमशुभस्थानजम् ॥ ६८ ॥

कच्चा विना समयके उत्पन्न हुआ पुराना व्याधियुक्त कीडोंकाखायाहुआ और अग्निसे दूषित ऐसे कन्दको सदैव त्याग करदे बहुत पुराने अकालमें उत्पन्नहुए तैलादिक विना पकायेहुए बुरेस्थान में उत्पन्न हुए कठोर बहुत कोमल पाला तथा सर्पादिकसे दूषित और सूखे सब शाक न खाने चाहिये परन्तु मूली सूखीहुई भी अहित नहीं है ॥ ६८ ॥

अथ संस्वेदजशाकानितेषांनामानि गुणाश्च ॥

उक्तंसंस्वेदजंशाकम्भूमिच्छत्रंशिलीन्ध्रकम् । क्षितिगोमयकाष्ठेषु वृक्षादिषुतदुद्भवेत् । सर्वेसंस्वेदजाःशीतादोषलाः पिच्छिलाश्चते । गुरवश्छर्द्यतीसारज्वरश्लेष्मामयप्रदाः ॥ श्वेतशुभ्रस्थलीकाष्ठवंशगोव्रणसम्भवाः । नातिदोषकरास्तेस्युः शेषास्तेभ्योविगर्हिताः ॥ संस्वेदजाश्छाताइतिलोके ॥ ६९ ॥

इति श्रीभावप्रकाशे शाकवर्गः ॥

संस्वेदज [छाता] शाकोंका वर्णन । इनके नाम और गुण ॥

पृथ्वी, गोबर, काष्ठ और वृक्षादिकोंपर स्वेदजशाक उत्पन्न होते हैं इनको भूमिच्छन्न और शिलीन्ध्रक कहते हैं सबप्रकारके स्वेदजशाक. शीतल, दोषकारी, पिच्छिल, भारी और छर्दि, अतीसार, ज्वर तथा कफरोग करनेवाले होते हैं जो स्वेदजशाक. पवित्रस्थान, काष्ठ, बांस तथा वृक्षमें उत्पन्न होते हैं वह अत्यन्त दोषकारी नहीं होते हैं इनके सिवाय सब स्वेदजशाक निन्दित हैं ॥ ६९ ॥

इति श्रीभावप्रकाशस्यभाषानुवादेशाकवर्गःसमाप्तः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीगणेशाय नमः ॥

भावप्रकाश

द्वितीयभाग ॥

अथ मांसवर्गः । तत्र मांसस्य नामानि ॥

मांसंतुपिशितंक्रव्यमामिषंपललम्पलम्। मांसंवातहरंसर्वंबृंहणंबलपुष्टिकृत् ॥ प्रीणनं गुरुहृद्यञ्चमधुरंरसपाकयोः ॥ १ ॥

अथ मांसवर्ग । मांसके नाम ॥

मांस, पिशित, क्रव्य, आमिष, पलल और पल यह मांसके नामहैं सबप्रकारका मांस. वातनाशक, धातुवर्द्धक, बल तथा पुष्टताकारक, प्रीति उपजानेवाला, भारी, हृदयको हित और रस तथा पाकमें मधुर होताहै ॥ १ ॥

अथ तद्भेदाः ॥

मांसवर्गोद्विधाज्ञेयोजाङ्गलोऽनूपभेदतः २ (तत्र जाङ्गलस्यलक्षणंगुणाश्च) मांसवर्गोऽत्रजङ्घालाविलस्थाश्चगुहाशयाः तथापर्णमृगाज्ञेयाविष्किराःप्रतुदोऽपिच । प्रसहाः (अथग्राम्याअष्टौजाङ्गलजातयः) जाङ्गलामधुरारूक्षास्तुवरालघवस्तथा । बल्यास्ते बृंहणावृष्यादीपनादोषहारिणः ॥ मूकतांमिन्मिनत्वंचगद्गदत्वार्दितेतथा । बाधिर्यमरुचिच्छर्दिंप्रमेहंमुखजानूगदान् ॥ श्लीपदंगलगण्डञ्चनाशयत्यनिलामयान् ॥ ३ ॥

मांसकेभेद ॥

मांस दो प्रकारकाहै एक जाङ्गल दूसरा आनूप २ [जाङ्गलके लक्षण गुण] जङ्घाल, विलस्थ, गुहाशय, पर्णमृग, विष्किर, प्रतुद, प्रसह और ग्राम्य यह आठप्रकारके जाङ्गलमांसहैं जाङ्गल मांस. मधुर, कषैला, रूखा, हलका, बलकारी, धातुवर्द्धक, वीर्यवर्द्धक, दीपन, दोषनाशक और मूकता, मिनमिनापन, गद्गदता, अर्दित, बधिरता, अरुचि, छर्दि, प्रमेह, मुखरोग, श्लीपद, गलगण्ड तथा वातरोगनाशक होताहै ३ ॥

अथानूपस्यलक्षणं गुणाश्च ॥

कूलेचराःप्लवाश्चापिकोशस्थाःपादिनस्तथा । मत्स्याएतेसमाख्याताःपञ्चधाऽनूपजातयः ॥ अनूपामधुराःस्निग्धागुरवोवह्निसादनाः । श्लेष्मलाःपिच्छिलाश्चापिमांसपुष्टिप्रदाभृशम् ॥ तथाभिष्यन्दिनस्तेहिप्रायःपथ्यतमाःस्मृताः ॥ ४ ॥

अनूपमांसके लक्षण व गुण ॥

कूलेचर, प्लव, कोशस्थ, पादी और मत्स्य यह पांच प्रकारका अनूपमांस होताहै अनूपमांस. मधुर, स्निग्ध, भारी, मन्दाग्निकारी, कफकारी, पिच्छिल, अत्यन्त मांसपोषक, अभिष्यन्दी और प्रायः पथ्य होताहै ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ जाङ्गलानांगणनाविशिष्टगुणाश्च ॥

हरिणैणकुरङ्गर्ष्यपृषतन्यङ्कुसम्बराः। राजीवोऽपिचमुण्डीचेत्याद्याःजङ्गालसंज्ञकाः॥ हरिणस्ताम्रवर्णःस्यादेणःकृष्णःप्रकीर्त्तितः। कुरङ्गईषत्ताम्रःस्यादेणतुल्याकृतिर्महान् ॥ ऋष्योनीलाङ्गकोलोकेसरोझइतिकीर्त्तितः। पृषतश्चन्द्रबिन्दुःस्याद्धरिणात्किञ्चिदल्पकः॥ न्यङ्कुर्बहुविषाणोऽथसम्बरोगवयोमहान् । राजीवस्तुमृगोज्ञेयोराजभिःपरितोवृतः ॥ योमृगःशृंगहीनःस्यात्समुण्डीतिनिगद्यते । जङ्गालाःप्रायशःसर्वेपित्तश्लेष्महराःस्मृताः ॥ किञ्चिद्वातकराश्चापिलघवोबलवर्द्धनाः ॥ ५ ॥

जङ्गालोंकी गणना और विशेषगुण ॥

हरिण, एण, कुरङ्ग, ऋष्य, पृषत, न्यङ्कु, सम्बर, राजीव और मुण्डी यह जङ्गाल कहलातेहैं ताम्रवर्ण मृग को हरिण कृष्णवर्ण को एण कुछ ताम्रवर्ण बडे तथा कृष्णमृगके समान आकृतिवाले हिरणको कुरङ्ग नीलवर्ण हरिणको ऋष्य (यह रोझ नामसे प्रसिद्धहै) हिरणकी अपेक्षा कुछ छोटे तथा चन्द्र-बिन्दुयुक्त मृगको पृषत् और बहुत सींगवालेको न्यङ्कु बडे शरीरवालेको सम्बर अथवा गवय सबओर रेखाओंसे युक्त मृगको राजीव और सींगरहित मृगको मुण्डी कहते हैं प्रायः सम्पूर्ण जङ्घाल. पित्त, कफनाशक, कुछ बादी, हलके और बलवर्द्धक होते हैं ॥ ५ ॥

अथ विलेशयानां गणनागुणाश्च ॥

गोधाशशभुजंगाखुशल्लक्याद्याविलेशयाः। विलेशयावातहरामधुरारसपाकयोः ॥ बृंहणाबद्धविण्मूत्रावीर्य्योष्णाश्चप्रकीर्त्तिताः ॥ ६ ॥

विलेशयों की गणना और गुण ॥

गोह, खरगोश, सर्प, चूहा और सेई आदिक विलेशय कहलातेहैं विलेशय, वातनाशक रस तथा पाकमें मधुर, धातुवर्द्धक, मलमूत्ररोधक और वीर्य में उष्ण होते हैं ॥ ६ ॥

अथ गुहाशयानां गणना गुणाश्च ॥

सिंहव्याघ्रवृकाऋक्षतरक्षुद्वीपिनस्तथा।बभ्रूजम्बूकमार्ज्जाराइत्याद्याःस्युर्गुहाशयाः॥ तरक्षुःहउहाइतिलोके । द्वीपीचिताव्याघ्रइतिलोके ॥ स्थूलपुच्छोरक्तनेत्रोबभ्रूदेहःसनाकुलः। गुहाशयोवातहरागुरूष्णामधुराश्चते ॥ स्निग्धाबल्याहितानित्यंनेत्रगुह्यविकारिणाम् ॥ ७ ॥

गुहाशयों की गणना और गुण ॥

सिंह, व्याघ्र, भेडिया, रीछ, चीतल, चीता, व्याघ्र, मोटीपूंछ तथा लालनेत्रवाला बडानौला, सियार और बिलार इत्यादिक गुहाशय कहाते हैं गुहाशयों का मांस. वातनाशक, भारी, उष्ण, मधुर, बलकारी और नेत्र तथा गुदाके रोगवालों को सदैव हित होताहै ॥ ७ ॥

अथ पर्णमृगाणां गणना गुणाश्च ॥

वनौकोवृक्षमार्ज्जारोवृक्षमर्कटिकादयः। एतेपर्णमृगाःप्रोक्ताःसुश्रुताद्यैर्महर्षिभिः ॥ वनौकावानरःवृक्षमार्ज्जारोवृक्षबिडालः। वृक्षमर्कटिकारूषीइतिलोके । स्मृताःपर्णमृगाःवृष्याश्चक्षुष्याःशोषिणोहिताः। श्वासार्शःकासशमनाःसृष्टमूत्रपुरीषिकाः ॥ ८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पर्णमृगों की गणना और गुण ॥

वानर, वृक्षबिलार और वृक्षमर्कटिका (रूखी) इत्यादि पर्णमृग कहलाते हैं पर्णमृगोंका मांस. वीर्यवर्द्धक, नेत्ररोग तथा शोषरोगमें हित मलमूत्र निस्सारक और श्वास बवासीर तथा खांसी नाशक होता है ॥ ८ ॥

अथ विष्किराणांगणनागुणाश्च ॥

वर्त्तकालावववर्त्तीरकपिञ्जलकतित्तिराः । कुलिङ्गकुक्कुटाद्याश्चविष्किराःसमुदाहृताः ॥ विकीर्य्यभक्षयन्त्येतेयस्मात्तस्माद्धिविष्किराः । कपिञ्जलइतिप्राज्ञैःकथितोगौरतित्तिरिः ॥ कुलिङ्गोगवरैआइतिलोके । विष्किरामधुराःशीताःकषायाःकटुपाकिनः । बल्यावृष्यास्त्रिदोषघ्नाःपथ्यास्तेलघवःस्मृताः ॥ ९ ॥ विष्किरोंकी गणना और गुण ॥

बटेर, लवा, वर्त्तीर, श्वेततीतर, तीतर, गौरैया और मुर्गा आदि विष्किर कहलाते हैं यह बखेर करखातेहैं इस्से इनको विष्किर कहते हैं विष्किर मांस. मधुर, शीतल,कषैला,पाकमें कटु,बलकारक, वीर्यवर्द्धक, त्रिदोषनाशक, पथ्य और हलका होताहै ॥ ९ ॥

अथ प्रतुदानांगणनागुणाश्च ॥

हरीतोधवलःपाण्डुश्चित्रपक्षोबृहच्छुकः । पारावतःखञ्जरीटःपिकाद्याःप्रतुदाःस्मृताः ॥ प्रतुद्यभक्षयन्त्येतेतुण्डेनप्रतुदास्ततः ।हारीतःहारिलइतिलोके॥ कपोतोधवलःपाण्डुःशतपत्रोबृहच्छुकः । दार्वाघाटइत्यमरः । कठफोरवाइतिलोके ॥ प्रतुदामधुराःपित्तकफघ्नास्तुवराहिमाः । लघवोबद्धवर्चस्काकिञ्चिद्वातकराःस्मृताः ॥ १० ॥

प्रतुदोंकी गणना और गुण ॥

हारिल, कठफुरवा, जंगलीतीतर, पहाडीतोता, कबूतर, खञ्जन और कोयल आदिक प्रतुद कहलाते हैं यह टोंटमार कर खाते हैं इसी से प्रतुद कहातेहैं प्रतुदोंका मांस.मधुर, पित्तघ्न, कफ नाशक, कषैला, शीतल, हलका, मलरोधक और कुछ बादी होता है ॥ १० ॥

अथ प्रसहानाङ्गणनागुणाश्च ॥

काकोगृध्रउलूकश्चचिल्लश्चशशघातकः । चाषोभासश्चकुररइत्याद्याःप्रसहाःस्मृताः ॥ शशघातकः बाजइतिलोके । चाषंनीलकण्ठमितिलोके। भासोगृध्रविशेषःस्यात् । कुररःकराकुरइतिलोके । प्रसहाःकीर्तिताएतेप्रसह्याच्छिद्यभक्षणात् । प्रसहाःखलुवीर्योष्णास्तन्मांसंभक्षयन्तिये ॥ तेशोषभस्मकोन्मादशुक्रक्षीणाभवन्तिहि ॥ ११ ॥

प्रसहों की गणना और गुण ॥

काक,गृध्र,उलूक,चील,बाज,नीलकण्ठ,गृध्रविशेष और कुरर आदिक प्रसह कहाते हैं यह जबरदस्ती छीनकर खाते हैं इस हेतु से प्रसह कहाते हैं प्रसहमांस. वीर्य में उष्ण होताहै जो कोई इनके मांसको खातेहैं वह शोष भस्मक तथा उन्माद रोगसे व्याकुल और क्षीणवीर्य होजाते हैं ॥ ११ ॥

अथ ग्राम्याणांगणनागुणाश्च ॥

छागमेषवृषाश्चाश्वाग्राम्याःप्रोक्तामहर्षिभिः । ग्राम्यावातहराःसर्वेदीपनाःकफपित्तलाः ॥ मधुरारसपाकाभ्यांबृंहणाबलवर्द्धनाइत्यनूपाजन्तवः ॥ १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ग्राम्यों की गणना और गुण ॥

बकरा, मेढा, बैल और घोडे आदिको ग्राम्य कहते हैं संपूर्ण ग्राम्यमांस. वात नाशक, दीपन, कफ पित्तवर्द्धक, रस और पाकमें मधुर, धातुवर्द्धक और बलवर्द्धक होते हैं ॥ १२ ॥

अथ कूलेचराणांगणनागुणाश्च ॥

लुलायगण्डवाराहचमरीवारणादयः।एतेकूलचराःप्रोक्तायतःकूलेचरन्त्यपाम् ॥ लुलायोमहिषःगण्डः,खड्गः,(चमरीचमरपुच्छिगौ) कूलेचरामरुत्पित्तहरावृष्याबलावहाः । मधुराःशीतलाःस्निग्धामूत्रलाःश्लेष्मवर्द्धनाः ॥ १३ ॥

कूलेचरोंकी गणना और गुण ॥

भसा,गैंडा,सूअर,सुरागौ और हाथी आदिक कूलेचर कहलाते हैं क्योंकि यह जलके किनारेपर चरते हैं कूलेचरों का मांस. वात पित्तनाशक, वीर्यवर्द्धक, बलकारी, मधुर, शीतल, स्निग्ध, मूत्रकारक और कफवर्द्धक होताहै ॥ १३ ॥

प्लवानांगणनागुणाश्च ॥

हंससारसकारण्डबकक्रौञ्चशशारिकाः। नन्दीमुखीसकादम्बाबलाकाद्याःप्लवाःस्मृताः॥ प्लवन्तिसलिलेयस्मादेतेतस्मात्प्लवाःस्मृताः॥कारण्डःकपर्दिकाख्योबृहद्बकाशः "क्रौञ्च इतिकराकुलनामकोविहंगःस्यात्" टेङ्कइतिवालोके शशारिकासिन्धुइति ॥ स्थूलाकठोरावृत्ताचयस्याश्चञ्चूपरिस्थिता। गुटिकाजम्बुसदृशीप्रोक्तानन्दीमुखीतिसा॥ कादम्बः करवाइतिलोके। बलाकाबगुलीइतिलोके॥ प्लवाःपित्तहराःस्निग्धामधुरागुरवोहिमाः । वातश्लेष्मप्रदाश्चापिबलशुक्रकराःसराः ॥ १४ ॥

प्लवोंकी गणना और गुण ॥

हंस, सारस, कारण्ड, बगला, ढेंक, शशारिक नन्दीमुखी, बत्तक और बलाका (बगलाविशेष) आदि को प्लव कहते हैं क्योंकि यह जलपर तैरते हैं जिसपक्षी की चोंचपर स्थूल कठोर और गोलजामन के समान गोलीसी बनीहो उसको नन्दीमुखी कहते हैं प्लवोंका मांस. पित्तघ्न, स्निग्ध, मधुर, भारी, शीतल, बादी, कफकारक, बलवीर्यवर्द्धक और दस्तावर होताहै ॥ १४ ॥

अथ कोशस्थानांगणनागुणाश्च ॥

शङ्खःशङ्खनखश्चापिशुक्तिशम्बूककर्कटाः । जीवाएवंविधाश्चान्येकोशस्थाःपरिकीर्तिताः॥ शङ्खनखःक्षुद्रशङ्खः॥ कोशस्थामधुराःस्निग्धाःवातपित्तहराहिमाः। बृंहणाबहुवर्चस्कावृष्याश्चबलवर्द्धनाः ॥ १५ ॥

कोशस्थोंकी गणना और गुण ॥

शङ्ख, क्षुद्रशङ्ख, सीपी, घोंघा और कर्कट इसप्रकार के अनेक जीव कोशस्थ कहाते हैं कोशस्थों का मांस. मधुर, स्निग्ध, वातघ्न, पित्तनाशक, शीतल, धातुवर्द्धक, बहुत मलकारी और वीर्य तथा बलवर्द्धक होताहै ॥ १५ ॥

अथ पादिनांगणनागुणाश्च ॥

कुम्भीरकूर्मनक्राश्चगोधामकरशङ्कवः । घण्टिकः शिशुमारश्चेत्यादयःपादिनः स्मृताः ॥ कुम्भीरोमारकोजलजन्तुःकूर्मः कच्छपः नक्रःनाकइतिलोकेगोधागोहिजलज-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

न्तुः। मकरमगरइतिलोके। शंकुःसाकुचइतिलोके ॥ घण्टिकःघरीआलइतिलोके। शिशुमारःसूसइतिलोके। पादिनोऽपिचयेतेतुकोशस्थानाङ्गुणैःसमाः॥ १६ ॥

पादियों की गणना और गुण ॥

कुम्भीर (मारनेवाला जल का जीव) कछुआ, नाक, गोह, मगर, साकुच, घड़ियाल और सूंस आदिक पादिक कहलाते हैं पादियों में कोशस्थों के समान गुण कहते हैं ॥ १६ ॥

अथ मत्स्यनामानिगुणाश्च ॥

मत्स्योमीनोविसारश्चझषोवैसारिणोऽण्डजः। शकुलीपृथुरोमाचससुदर्शनइत्यपि॥ रोहिताद्यास्तुयेजीवास्तेमत्स्याःपरिकीर्तिताः। मत्स्याःस्निग्धोष्णमधुरागुरवःकफपित्तलाः॥ वातघ्नाबृंहणावृष्यारोचकाबलवर्द्धनाः। मद्यव्यवायसक्तानांदीप्ताग्नीनाञ्च पूजिताः॥ १७॥

मछलियों के नाम और गुण ॥

मत्स्य, मीन, विसार, झष, वैसारिण, अण्डज, शकुली, पृथुरोमा और सुदर्शन यह मछलियों के नामहैं रोहू आदि जीवोंको मत्स्य कहते हैं मछली. स्निग्ध, उष्ण, मधुर, भारी, कफवर्द्धक, पित्तकारक, वातघ्न, धातुवर्द्धक, वीर्यवर्द्धक, रुचिकारक और बलवर्द्धक होती है यह मद्य पीनेवाले मैथुन में आसक्त और दीप्ताग्निवाले पुरुषों को हितहै ॥ १७ ॥

अथ जङ्गलादीनांनामानिगुणाश्चतत्रजङ्गलेषुहरिणस्यगुणाः ॥

हरिणःशीतलोबद्धविण्मूत्रोदीपनोलघुः। रसेपाकेचमधुरःसुगन्धिःसन्निपातहा॥ १८॥

जङ्गल आदिकोंके नामगुण। जङ्गलों में हरिणके गुण ॥

हरिण का मांस. शीतल, मलमूत्र रोधक, दीपन, हलकारस तथा पाक में मधुर सुगन्धित और सन्निपात नाशक होता है ॥ १८ ॥

करीसाइलहरिणः ॥

एणःकषायोमधुरःपित्तासृक्कफवातहृत्। संग्राहीरोचनोबल्योज्वरप्रशमनःस्मृतः १६॥

एणके मांस के गुण ॥

काले हरिण का मांस. कषैला, मधुर, ग्राही, रुचिकारक, बलवर्द्धक और पित्त, रक्त, कफ वात तथा ज्वरनाशक होताहै ॥ १६ ॥

अथ कुरंगः ॥

कुरङ्गोबृंहणोबल्यःशीतलःपित्तहृद्गुरुः। मधुरोवातहृद्ग्राहीकिञ्चित्कफकरःस्मृतः २०॥

कुरङ्गके गुण ॥

कुरङ्गका मांस. धातुवर्द्धक, बलकारी, शीतल, पित्तघ्न, भारी, मधुर, वातघ्न, ग्राही और कुछ कफकारक होताहै ॥ २० ॥

अथ रोऊ ॥

ऋष्योनीलाण्डकश्चापिगवयोरोझइत्यपि। गवयोमधुरोबल्यःस्निग्धोष्णःकफपित्तलः २१

ऋष्य के नाम गुण ॥

ऋष्य, नीलाण्डक, गवय और रोझ यह ऋष्यकेनामहैं ऋष्यका मांस. मधुर, बलकारक और स्निग्ध, उष्ण और कफपित्तवर्द्धक होताहै ॥ २१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ चित्तरि॥

पृषतस्तुभवेत्स्वादुर्ग्राहकःशीतलोलघुः।दीपनोरोचनःश्वासज्वरदोषत्रयास्रजित्२२॥

चित्तर के गुण॥

चित्तर का मांस. मधुर, ग्राही, हलका, दीपन, रुचिकारक और श्वास, ज्वर, त्रिदोष तथा रक्तनाशक होता है॥ २२॥

अथ बारहसिंगी॥

न्यंकुःस्वादुर्लघुर्बल्यो वृष्योदोषत्रयापहः २३ (अथ साबर) साबरंपललंस्निग्धं शीतलंगुरु चस्मृतम्। रसेपाकेचमधुरं कफदंरक्तपित्तहृत्॥ राजीवस्तुगुणैर्ज्ञेयः पृषतेनसमोजनैः॥ २४॥

बारहसिंहा के गुण॥

बारहसिंहाका मांस. मधुर, हलका, बलकारी, वीर्यवर्द्धक और त्रिदोषनाशक होताहै २३ (साबरके गुण) साबर का मांस. स्निग्ध, शीतल, भारी, रस तथा पाकमें मधुर, कफकारक और रक्तपित्तनाशक होताहै राजीव में चित्तर के समान गुण होते हैं॥ २४॥

अथ पीठी॥

मुण्डीतुज्वरकासाम्लक्षयश्वासापहोहिमः २५ (अथ विलेशयेषु तत्रशशःस्यात्) लम्बकर्णःशशःशूली लोमकर्णोविलेशयः। शशःशीतोलघुर्ग्राही रूक्षःस्वादुःसदाहितः॥ वह्निकृत्कफवातघ्नो वातसाधारणःस्मृतः। ज्वरातीसारशोषास्रश्वासामयहरश्चसः॥ २६॥

मुण्डी मृग के गुण

मुण्डी का मांस. ज्वर, खांसी, रक्त क्षय तथा श्वास नाशक और शीतल होता है २५ (विलेशयों में से खरगोशके नामगुण) लम्बकर्ण, शशशूली, लोमकर्ण और विलेशय यह खरगोश के नाम हैं खरगोशका मांस. शीतल, हलका, ग्राही, रूखा, मधुर, सदैवहितकारी, दीपन, वातको ठीक करनेवाला और कफ, पित्त, ज्वर, अतीसार, शोष रक्तदोष तथा श्वासनाशक होता है॥ २६॥

अथ साही॥

सेधातुशल्यकःश्वावित्कथ्यन्तेतद्गुणाअथ।शल्यकःश्वासकासास्रशोषदोषत्रयापहः२७

सेई के नाम व गुण॥

सेधा. शल्यक और श्वावित् यह सेई के नाम हैं सेई का मांस. श्वास, खांसी, रक्तदोष, शोष तथा त्रिदोषनाशक होता है॥ २७॥

अथ पक्षिणांनामानि गुणाश्च॥

पक्षीखगोविहङ्गश्च विहगश्चविहङ्गमः। शकुनिर्विःपतत्रीच विष्किरोविकिरोऽण्डजः॥ धान्याःकूलेचरायेऽत्र तेषांमांसंलघूत्तमम्। आनूपंवलकृन्मांसं स्निग्धंगुरुतरंस्मृतम्॥ २८॥

पक्षियों के नाम और गुण॥

पक्षी, खग, विहङ्ग, विहग, विहंगम, शकुनि, वि, पतत्रि, विष्किर, विकिर और अण्डज यह पक्षियों के नामहैं इनमें से कूलेचर पक्षियों का मांस श्रेष्ठ और हलका होताहै अनूपदेशमें उत्पन्न होनेवाले पक्षियों का मांस. बलकारक स्निग्ध और भारी होता है॥ २८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तेषुविष्किरेषुवटेरवटइ ॥

वर्त्तीकोवर्त्तकश्चित्रस्तोऽन्यावर्त्तकाःस्मृताः । वर्त्तकोऽग्निकरःशीतो ज्वरदोषत्रयापहः ॥ सुरुच्यःशुक्रदोबलयो वर्त्तकाल्पगुणास्ततः ॥ २९ ॥

बटेर के नाम व गुण ॥

वर्त्तीक, वर्त्तक और चित्र यह बटेर के नाम हैं एकप्रकार की दूसरी बटेरको वर्त्तका कहते हैं बटेर. दीपन, शीतल, ज्वरघ्न, त्रिदोषनाशक, रुचिकारी, वीर्यवर्द्धक और बलकारक होताहै और वर्त्तकामें इससे कम गुण होते हैं ॥ २९ ॥ अथ लावा ॥

लावाविष्किरवर्गेषु तेचतुर्धामताबुधैः। पांशुलोगौरकोऽन्यस्तु पौण्डरीकोदरस्तथा॥ लावावह्निकराःस्निग्धा गरघ्नाग्राहिकाहिताः । पांशुलःश्लेष्मलस्तेषु वीर्य्योष्णोह्यनिलनाशनः ॥ गौरोलघुतरोरूक्षो वह्निकारीत्रिदोषजित् । पौण्ड्रकःपित्तकृत्किंचिल्लघुवातकफापहः ॥ दर्भरोरक्तपित्तघ्नो हृदामयहरोहिमः ॥ ३० ॥

लवा के नाम व गुण ॥

विष्किरों में से लवा चार प्रकार का होताहै पांशुल, गौरक, पौण्ड्रक और दर्भर लवाका मांस. अग्निकारक, स्निग्ध, विषदोष नाशक. ग्राही और हितकारी होताहै पांशुलका मांस. कफकारी, उष्ण तथा वात नाशक,गौरक का मांस. बहुत हलका, रूखा,दीपन तथा त्रिदोषनाशक, पौण्ड्रकका मांस. पित्तवर्द्धक कुछ हलका तथा वात कफ नाशक और दर्भरका मांस. रक्त पित्तघ्न, हृदय रोगनाशक तथा शीतल होताहै ॥ ३० ॥ अथ बगेरा ॥

वालीकोवर्त्तिचटकोवार्त्तीकश्चैवसस्मृतः।वालीकोमधुरःशीतोरूक्षश्चकफपित्तनुत् ३१॥

बगेराके नाम व गुण ॥

वालीक, वर्त्तिचटक और वार्त्तीक यह बगेराके नाम हैं बगेरा. शीतल, मधुर, रूखा और कफपित्त नाशक होताहै ॥ ३१ ॥ अथ कृष्णतित्तिरिगौरतित्तिरी ॥

तित्तिरिःकृष्णवर्णःस्याच्चित्रोऽन्योगौरतित्तिरिः । तित्तिरिर्बलदोग्राही हिक्कादोषत्रयापहः ॥ श्वासकासज्वरहरस्तस्माद्गौराधिकोगुणैः ॥ ३२ ॥

काले और गोरेतीतरके नाम व गुण ॥

काले तीतरको कृष्ण तित्तिर और चित्र वर्णवाले तीतरको गौर तित्तिर कहते हैं तीतर.बलकारी, ग्राही और हिचकी, त्रिदोष, श्वास, खांसी तथा ज्वरनाशक होताहै गौर. तित्तिर में इससे अधिक गुण होते हैं॥ ३२॥ अथ गवरैया ॥

चटकःकलविङ्कःस्यात् कुलिङ्गःकालकण्ठकः । कुलिंगःशीतलःस्निग्धः स्वादुःशुक्रकफप्रदः ॥ सन्निपातहरोवेश्म चटकश्चातिशुक्रलः ॥ ३३ ॥

गौरैया के नाम व गुण ॥

चटक, कलविङ्क, कुलिङ्ग और कालकण्ठक यह गौरैयाके नाम हैं गौरैया.शीतल, स्निग्ध, मधुर,वीर्य-वर्द्धक, कफकारी और सन्निपातनाशक होती है घरकी गौरैया बहुत वीर्यवर्द्धक होती हैं ॥ ३३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कुक्कुटो वनकुक्कुटः ॥

कुक्कुटः कृकवाकुःस्यात् कालज्ञश्चरणायुधः । ताम्रचूडस्तथादक्षो प्रातर्णादीशिखण्डिकः ॥ कुक्कुटोबृंहणःस्निग्धो वीर्योष्णोऽनिलहृद्गुरुः । चक्षुष्यःशुक्रकफकृद् बल्यो वृष्यःकषायकः ॥ आरण्यकुक्कुटःस्निग्धो बृंहणःश्लेष्मलोगुरुः । वातपित्तक्षयवमिविषमज्वरनाशनः ॥ ३४ ॥ मुर्गा और वनमुर्गे के नाम व गुण ॥

कुक्कुट कृकवाकु कालज्ञ चरणायुध ताम्रचूड दक्ष प्रातर्णादी और शिखण्डिक यह मुर्गे के नाम हैं मुर्गा धातुवर्द्धक स्निग्ध उष्ण वातनाशक भारी नेत्रोंको हित कफकारक बलकारी पोषक और कषैला होताहै वनमुर्गा स्निग्ध धातुवर्द्धक कफकारक भारी और वात पित्त क्षय छर्दि तथा विषमज्वर नाशक होताहै ॥ ३४ ॥ प्रतुदेषुहारीतस्य ॥

हारीतोरक्तपीतःस्याद्धरितोऽपिसकथ्यते । हारीतोहारीलइतिलोके ॥ हारीतोरूक्ष उष्णश्चरक्तपित्तकफापहः ॥ स्वेदस्वरकरःप्रोक्त ईषद्वातकरश्चसः ॥ ३५ ॥

प्रतुदों में हारिल के नाम व गुण ॥

हारीत (हारिल) रक्त तथा पीतवर्ण होता है इसको हारित भी कहते हैं हारिल रूखा उष्ण रक्त पित्त नाशक कफघ्न श्वेतकारी स्वर को हित और कुछ बादी होता है ॥ ३५ ॥

पाण्डुधवलपाण्डू ॥

पाण्डुस्तुद्विविधोज्ञेयश्चित्रपक्षःकलध्वनिः । द्वितीयोधवलःप्रोक्तःसकपोतःस्फुटस्वनः ॥ चित्रपक्षःपित्तरोषा इतिलोके ॥ चित्रपक्षःकफहरोवातघ्नोग्रहणीप्रणुत् ॥ धवलःपाण्डुरुद्दिष्टोरक्तपित्तहरोहिमः ॥ ३६ ॥ पाण्डु (पिण्डकी) के नाम व गुण ॥

पाण्डु दो प्रकारका होता है एक तो चित्रपक्ष तथा कलध्वनि कहाता है और दूसरा धवल कपोत तथा स्फुटस्वन कहाता है पहला कफ वात तथा ग्रहणी नाशक और दूसरा रक्त पित्त नाशक तथा शीतल होता है ॥ ३६ ॥ अथ मयूरः

मयूरश्चन्द्रकीकेकीमेघरावीभुजङ्गभुक् । शिखीशिखावलोबर्हीशिखण्डीनीलकण्ठकः ॥ शुक्लापाङ्गःकलापीचमेघनादःकपाल्यपि । रसेपाकेचमधुरःसंग्राहीवातशान्तिकृत् ॥ ३७ ॥

मयूरके नाम व गुण ॥

मयूर, चन्द्रकी, केकी, मेघरव, भुजङ्गभुक्, शिखी, शिखावल्ल, बर्हीं, शिखण्डी, नीलकण्ठक, शुक्लापाङ्ग, कलापी, मेघनाद और कपाल यह मयूरकेनामहैं मयूर, रस तथा पाकमें मधुर, ग्राही और वातनाशक होतेहैं ॥ ३७ ॥ कबूतर परेवा ॥

पारावतःकलरवःकपोतोरक्तवर्द्धनः । पारावतोगुरुःस्निग्धोरक्तपित्तानिलापहः ॥ संग्राहीशीतलस्तज्ज्ञैःकथितोवीर्य्यवर्द्धनः ॥ ३८ ॥

कबूतरके नाम व गुण ॥

पारावत, कलरव, कपोत और रक्तलोचन यह कबूतर के नामहैं कबूतर, भारी, स्निग्ध, रक्त पित्त-नाशक, वातघ्न, ग्राही, शीतल और वीर्यवर्द्धक होताहै ॥ ३८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ पक्ष्यण्डस्यगुणाः ॥

नातिस्निग्धानिवृष्याणिस्वादुपाकरसानिच । वातघ्नान्यपिशुक्राणिगुरूण्यण्डानि पक्षिणाम् ॥ ३९ ॥

पक्षियोंके अंडोंकेगुण ॥

पक्षियोंके अण्डे. कुछ स्निग्ध, पुष्टिकारक, रस तथा पाकमें मधुर, वातनाशक, भारी और अत्यन्त वीर्यवर्द्धक होते हैं ॥ ३९ ॥

ग्राम्येषु छागस्य ॥

छागलोवर्करश्छागोवस्तोजश्छेलकःस्तुभः। अजाछागीस्तुभाचापिछेलिकाचगलस्तनी ॥ छागमांसंलघुस्निग्धंस्वादुपाकंत्रिदोषनुत् । नातिशीतमदाहिस्यात्स्वादुपीनसनाशनम् ॥ परंबलकरंरुच्यंबृंहणंवीर्यवर्द्धनम् । अजायाअप्रसूतायामांसंपीनसनाशनम् ॥ शुष्ककासेऽरुचौशोषेहितमग्नेश्चदीपनम् । अजासुतस्यबालस्यमांसंलघुतरंस्मृतम् ॥ हृद्यंज्वरहरंश्रेष्ठंसुखदंबलदंभृशम् । मांसंनिष्कासिताण्डस्यछागस्यकफकृद्गुरु ॥ स्रोतःशुद्धकरंबल्यंमांसदंवातपित्तनुत् । वृद्धस्यवातलंरूक्षंतथाव्याधिमृतस्यच॥ ऊर्द्ध्वजत्रुविकारघ्नंछागमुण्डंरुचिप्रदम् ॥ ४० ॥

ग्राम्यों में बकरेकेनामगुण ॥

छागल, बर्कर, छाग, वस्त, अज, छेलक और स्तुभ यह बकरे के नाम हैं अजा, छागी, स्तुभा, छेलिका और गलस्तनी यह बकरीके नाम हैं बकरेका मांस. हलका, स्निग्ध, पाक में मधुर, त्रिदोषनाशक, कुछ शीतल,दाहरहित, मधुर, पीनसनाशक, बलकारी, रुचिकारी और धातु तथा वीर्यवर्द्धक होताहै विनाब्याईहुई बकरीका मांस. पीनसनाशक, सूखी खांसी अरुचि तथा सूजन में हितकारी और दीपनहोता है बकरे के बच्चेका मांस. बहुत हलका, हृदयकोहित, ज्वरनाशक, सुखदायक और अत्यन्त बलवर्द्धक होताहै बधिया बकरेका मांस. कफकारक, भारी, स्रोतों का शुद्ध करने वाला बलकारी,मांस वर्द्धक और वात पित्तनाशक होताहै वृद्ध अवस्था रोगसे मरेहुए बकरेका मांस. बादी और रूखा होताहै बकरेका शिर जत्रु (हँसुआ) के ऊपरका रोगों के नाशक और उसका मूँड रुचिकारी होताहै ॥ ४० ॥

अथ मेढा ॥

मेढ्रोमेढोहुडोमेषउरणोऽप्येडकोऽपिच। अविर्वृष्णिरस्तथोर्णायुरुक्थ्यन्तेतद्गुणाअथ॥ मेषस्यमांसंपुष्टौस्यात्पित्तश्लेष्मकरंगुरु।तस्यैवाण्डविहीनस्यमांसंकिञ्चिल्लघुस्मृतम् ४१

मेढ्रकेनाम व गुण ॥

मेढ्र, मेढ, हुड, मेष, उरण, एडक, अवि, वृष्णि और ऊर्णायु यह मेढेके नामहैं मेढेका मांस. पोषक, पित्तकारी, कफवर्द्धक तथा भारी और बधिया मेढेका मांस. कुछ हलका होताहै ॥ ४१ ॥

अथ एडिकादुम्बिका इतिलोके दुम्बा ॥

एडकःपृथुशृङ्गःस्यान्मेदःपुच्छस्तुदुम्बकः।एडकस्यपलंज्ञेयंमेषामिषसमंगुणैः ॥ मेदःपुच्छोद्भवंमांसंहृद्यंवृष्यंश्रमापहम्। पित्तश्लेष्मकरंकिञ्चिद्वातव्याधिविनाशनम् ॥४२॥

दुंबाके नाम व गुण ॥

एडक, पृथुशृङ्ग, मेदः, पुच्छ और दुम्बक यह दुंबाके नामहैं इसके मांसमें मेढेके मांसके सदृश गुण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

होतेहैं इस[illegible] पूंछका मांस. हृदयको हित, वीर्यवर्द्धक, कामनाशक, कफपित्तवर्द्धक और कुछ वात रोग नाशक होताहै ॥ ४२ ॥

अथ वर्द्गावः ॥

बलीवर्दस्तुवृषभऋषभश्चतथावृषः । अनड्वान्सौरभेयोपिगौरुक्षाभद्रइत्यपि ॥ सुरभिःसौरभेयीचमाहेयीगौरुदाहृता । गोमांसन्तुगुरुस्निग्धंपित्तश्लेष्मविवर्द्धनम् ॥ बृंहणंवातहृद्बल्यमपथ्यंपीनसप्रणुत् ॥ ४३ ॥

बैलके नाम व गुण ॥

बलीवर्द वृषभ, ऋषभ, वृष, अनड्वान्, सौरभेय, गो, उक्षा और भद्र यह बैलके नामहैं सुरभि, सौरभेयी, माहेयी और गो यह गौकेनामहैं गोमांस अत्यन्त भारी, स्निग्ध, पित्त तथा कफवर्द्धक, धातु वर्द्धक, वातघ्न, बलकारी, अपथ्य और पीनसनाशक होताहै ॥ ४३ ॥

अथ घोड़ा ॥

घोटकेप्यश्वतुरगतुरङ्गाश्चतुरङ्गमः । वाजिवाहार्वगन्धर्वहयसैन्धवसप्तयः ॥ अश्व मांसन्तुक्षुवरंवह्निकृत्कफपित्तलम् । वातहृद्बृंहणंबल्यंचक्षुष्यंमधुरंलघु ॥ ४४ ॥

घोड़ेके नाम व गुण ॥

घोटक, अश्व, तुरग, तुरङ्ग, तुरङ्गम, बाजी, वाह, अर्वन्, गन्धर्व, हय, सैंधव और सप्ति यह घोडेकेनाम हैं घोड़ेका मांस. लवण, दीपन, कफ, पित्तकारक, वातनाशक, धातुवर्द्धक, बलकारी, नेत्रोंकोहित, मधुर और हलका होताहै ॥ ४४ ॥

अथ कूलेचरेषुमाहिषस्य ॥

महिषोघोटकारिःस्यात्कासरश्चरजस्वलः । पीनस्कन्धःकृष्णकायोलुलायोयमवाहनः ॥ माहिषस्यामिषंस्वादुस्निग्धोष्णंवातनाशनम् । निद्राशुक्रप्रदंबल्यंतनुदार्ढ्यकरङ् गुरु ॥ वृष्यञ्चसृष्टविण्मूत्रंवातपित्तास्रनाशनम् ॥ ४५ ॥

कूलेचरोंमें भैंसेकेनाम व गुण ॥

महिष, घोटकारि, कासर, रजस्वल, पीनस्कन्ध, कृष्ण काय, लुलाय और यमवाहन यह भैंसेके नामहैं भैंसेका मांस. मधुर, स्निग्ध, उष्ण, वातनाशक, निद्राकारक, वीर्यवर्द्धक, बलिष्ठ, शरीरको दृढ करनेवाला, भारी, पुष्टकारक, मलमूत्र निस्सारक और वात, पित्त तथा रक्तनाशक होता है ॥ ४५ ॥

अथ मण्डूकः ॥

मण्डूकःप्लवगोभेकोवर्षाभूर्दर्दुरोहरिः । मण्डूकःश्लेष्मलोनातिपित्तलोबलकारकः ॥४६ ॥

मेढक के नाम व गुण ॥

मण्डूक, प्लवग, भेक, वर्षाभू, दर्दुर और हरि यह मेढक के नाम हैं मेढकका मांस. कफवर्द्धक कुछ पित्तकारक और बलकारी होता है ॥ ४६ ॥

अथ पादिषुकछुआ ॥

कच्छपोगूढपात्कूर्मःकमठोदृढपृष्ठकः । कच्छपोबलदोवातपित्तनुत्पुंस्त्वकारकः ॥ ४७ ॥

पादियों में से कच्छप के नाम व गुण ॥

कच्छप, गूढपाद, कूर्म, कमठ और दृढपृष्ठक यह कछुए के नाम हैं कछुएका मांस. बलकारक वात पित्त नाशक और पुंस्त्ववर्द्धक होता है ॥ ४७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ विशेषाः। अथ सद्योहतस्यमांसस्यगुणाः॥

सद्योहतस्यमांसंस्याद्रुग्व्याधिघातियथाऽमृतम्॥ वयस्यंबृंहणंसात्म्यमन्यथातद्विवर्जयेत्। स्वयंमृतस्यमांसम्॥ स्वयंमृतस्यचाबल्यमतीसारकरंगुरु॥ ४८॥

विशेषवर्णन। शीघ्रमारेहुएमांसकेगुण॥

शीघ्र माराहुआ मांस. अमृतके समान रोगनाशक, अवस्थाकोहित, धातुवर्द्धक और सात्म्य होता है और इससे विरुद्धको त्याग करना योग्यहै स्वयंमरेहुए जीवका मांस. बलनाशक, अतीसारकारक और भारी होताहै॥ ४८॥

वृद्धबालमांसम्॥

वृद्धानांदोषलंमांसंबालानांबलकृल्लघु। सर्पदष्टस्यमांसञ्चशुष्कमांसंत्रिदोषकृत्॥ व्यालदष्टञ्चदुष्टञ्चशुष्कंशूलकरंपरम्॥ ४९॥

वृद्धऔरबच्चोंकेमांसकागुण॥

वृद्धोंका मांस. त्रिदोषकारी, बच्चोंका मांस. बलकारी और हलका सर्पादिकोंसे दूषित तथा सूखा मांस. त्रिदोष तथा शूलकारक और भारी होताहै॥ ४९॥

अथ विषादिमृतस्यमांसम्॥

विषाम्बुरुङ्मृतस्यैतन्मृत्युदोषरुजांकरम्। क्लिन्नमुतक्लेशजनकंकृशवातप्रकोपनम्॥ तोयपूर्णशिराजालंमृतमप्सुत्रिदोषकृत्॥ ५०॥

विषआदिसेमरेहुएजीवोंकेमांसकागुण॥

विष जल तथा रोगसे मरेहुये जीवका मांस त्रिदोष रोग और मृत्युकारक होताहै सडाहुआ मांस क्लेशकारक होता है दुर्बल जीवों का मांस बादी जल में डूब कर मरे हुये तथा जलसे भरी हुई नसों वाले जीव का मांस त्रिदोषकारी होता है॥ ५०॥

विहङ्गेषुपुमाञ्छ्रेष्ठःस्त्रीचतुष्पदजातिषु। परार्द्धोलघुपुंसांस्यात्स्त्रीणांपूर्वार्द्धमादिशेत्॥ देहमध्यंगुरुप्रायंसर्वेषांप्राणिनांस्मृतम्॥ पक्षक्षेपाद्विहङ्गानांतदेवलघुकथ्यते। गुरूण्यण्डानिसर्वेषांगुर्वीग्रीवाचपक्षिणाम्॥ उरःस्कन्धोदरंकुक्षीपादौपाणीकटीतथा। पृष्ठत्वग्यकृदन्त्राणिगुरूणीहयथोत्तरम्॥ ५१॥

पक्षियोंमें नरोंकामांस और चौपायोंमें मादाओंका मांस श्रेष्ठहै नरोंका पिछला भाग और मादाओं का पहला भाग हलका होताहै संपूर्ण जीवोंके शरीरका मध्यभाग भारी होताहै परन्तु पक्षोंके चलाने से पक्षियोंका मांस हलका होता है सब पक्षियों के अण्ड तथा ग्रीवा भारी और छाती स्कन्ध, उदर, मस्तक, पैर, हाथ, कमर, पीठ, त्वचा, यकृत् तथा आंतें यह क्रमसे उत्तरोत्तर भारी होती हैं॥ ५१॥

लघुवातकरंमांसंखगानांधान्यचारिणाम्। मत्स्याशिनांपित्तकरंवातघ्नंगुरुकीर्तितम्॥ बृंहणंगुरुवातघ्नंतेषामेवंपलाशिनाम्। तुल्यजातिष्वल्पदेहामहादेहेषुपूजिताः। अल्पदेहेषुशस्यन्तेतथैवस्थूलदेहिनः॥ ५२॥ पलाशिनांश्लेष्मकरंलघुरूक्षमुदीरितम्।

जो पक्षी नाज खातेहैं उनका मांस. हलका तथा वातनाशक, मत्स्य खानेवालेपक्षियों का मांस. पित्तवर्द्धक, वातनाशक तथा भारी और मांसाहारी पक्षियोंका मांस कफकारी, हलका तथा रूखा होताहै

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तुल्य जाति[illegible]लोंमें बडे शरीरवालों की अपेक्षा छोटे शरीरवालों का श्रेष्ठ और उनमें भी स्थूल शरीरवालोंका मांस श्रेष्ठ होता है ॥ ५२ ॥ मत्स्येषुरोहितस्य ॥

रक्तोदरोरक्तमुखोरक्ताक्षोरक्तपक्षतिः । कृष्णपुच्छोझषश्रेष्ठोरोहितःकथितोबुधैः ॥ रोहितःसर्वमत्स्यानांवरोवृष्योऽर्दितार्तिजित् । कषायानुरसःस्वादुर्वातघ्नोनातिपित्तकृत् ॥ ऊर्ध्वंजत्रुगतानूरोगानूहन्याद्रोहितमुण्डकम् ॥ ५३ ॥

रोहू मछली के गुण ॥

लाल उदर, लालमुख, लालनेत्र, लालपर और कालीपूंछवाली सब मछलियों में श्रेष्ठ रोहू मछली कहलातीहै रोहू मछली.सब मछलियों में श्रेष्ठ, वीर्यवर्द्धक, अर्दित रोगनाशक, कुछ कषैली, मधुर, वात नाशक और कुछ पित्तकारक होती है इसका शिर हसुए के ऊपर के रोगोंको नाश करता है ॥ ५३ ॥

शिलीन्ध्रः ॥

शिलीन्ध्रःश्लेष्मलोबल्योविपाकेमधुरोगुरुः । वातपित्तहरोहृद्यमामवातकरश्चसः ॥५४॥

शिलिन्ध्रा मछली के गुण ॥

शिलीन्ध्र मछली. कफवर्द्धक, बलकारी, पाकमें मधुर, भारी, वात पित्तनाशक, हृदयको हित और आम वातकारक होतीहै ॥ ५४ ॥ अथ भाकुर ॥

भकुरोमधुरःशीतोवृष्यःश्लेष्मकरोगुरुः । विष्टम्भजनकश्चापिरक्तपित्तहरःस्मृतः॥५५॥

भाकुर मछली के गुण ॥

भाकुर मधुर, शीतल, वीर्यवर्द्धक, कफकारी, भारी, विष्टम्भी और रक्तपित्तनाशक होतीहै ॥ ५५ ॥

मोचिका ॥

मोचिकावातहृद्बल्याबृंहणीमधुरागुरुः । पित्तहृत्कफकृद्रुच्यावृष्यादीप्ताग्नयेहिता॥५६॥

मोचिकामछलीके गुण ॥

मोचिकामछली. वातनाशक, बलकारी, धातुवर्द्धक, मधुर, भारी, पित्तघ्न, कफकारक, रुचिकारी, वीर्य्यवर्द्धक और बडी अग्निवाले पुरुषों को हित है ॥ ५६ ॥

मठनाचूआरीइतिचपोठियावोरीइतिच ॥

पाठिनःश्लेष्मलोबल्योनिद्रालुःपिशिताशनः । दूषयेद्रुधिरंपित्तकुष्ठरोगंकरोतिच॥५७॥

पाठीनके गुण ॥

पाठीन, कफवर्द्धक, बलिष्ठ, निद्राकारक, रुधिरदूषक और पित्त तथा कुष्ठरोगकारक होतीहै ॥ ५७ ॥

अथ सींगी ॥

शृङ्गीतुवातशमनीस्निग्धाश्लेष्मप्रकोपनी॥रसेतिक्ताकषायाचलघ्वीरुच्यास्मृताबुधैः५८

सिंगीमछलीके गुण ॥

सिंगीमछली. वातनाशक, स्निग्ध, कफको कुपित करनेवाली, तिक्त, कषैली, हलकी और रुचिकारक होती है ॥ ५८ ॥

अथ हीलसा ॥

इल्लिसोमधुरःस्निग्धोरोचनोवह्निवर्द्धनः॥पित्तहृत्कफकृत्किञ्चिल्लघुर्वृष्योऽनिलापहः॥५९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हिलसामछली के गुण ॥

हिलसा. मधुर, स्निग्ध, रुचिकारक, दीपन, पित्त कफवर्द्धक, कुछ हलकी वीर्यवर्द्धक और वात-नाशक होती है ॥ ५९ ॥

अथ सौरी ॥

शष्कुलीग्राहिणीहृद्यामधुरातुवरास्मृता ६० (अथ गर्गरा) गर्गरःपित्तलःकिञ्चिद्वात
जित्कफकोपनः ॥ ६१ ॥

सौरीमछलीके गुण ॥

सौरी. ग्राही हृदयकोहित मधुर और कषैली होती है ६० (गर्गरामछलीके गुण) गर्गरा. पित्त-वर्द्धक कुछ वातनाशक और कफको कुपितकरनेवाली होती है ॥ ६१ ॥

अथ कवई ॥

कविकामधुरास्निग्धाकफघ्नारुचिकारिणी। किञ्चित्पित्तकरीवातनाशिनीवह्निवर्द्धिनी६२

कवईमछलीके गुण ॥

कवई. मधुर, स्निग्ध, कफनाशक, रुचिकारक, कुछ पित्तवर्द्धक, वातनाशक और दीपन होती है ॥ ६२ ॥

अथ बाम्बी ॥

वर्मिमत्स्योहरेद्वातंपित्तंरुचिकरोलघुः ६३ (अथ दण्डारी) दण्डमत्स्योरसेतिक्तः
पित्तरक्तंकफंहरेत्।वातसाधारणःप्रोक्तःशुक्लोबलवर्द्धनः ॥ ६४ ॥

बांबीमछली के गुण ॥

बांबी, वातनाशक, पित्तवर्द्धक, रुचिकारक और हलकी होती है ६३ (दण्डारीमछली के गुण) दण्डारी. तिक्त, पित्त, रक्त तथा कफनाशक, वीर्यवर्द्धक, बलकारक और वातको साधारण रखनेवाली होती है ॥ ६४ ॥

अथ अरङ्गी ॥

अरङ्गीमधुरःस्निग्धोविष्टम्भीशीतलोलघुः ६५ (अथ पपता) महासफरसंज्ञस्तु
तिक्तःपित्तकफापहः। शिशिरोमधुरोरुच्योवातसाधरणःस्मृतः ॥ ६६ ॥

अरंगी मछली के गुण ॥

अरंगी. मधुर, स्निग्ध, विष्टम्भी, शीतल और हलकी होती है ६५ (पपता मछली के गुण) पपता. तिक्त, मधुर, पित्त, कफनाशक, रुचिकारक, शीतल और वातको साधारण रखनेवाली होती है ॥ ६६ ॥

अथ गरई ॥

गरघ्नीमधुरातिक्तातुवरावातपित्तहृत्। कफघ्नीरुचिकृल्लघ्वीदीपनीबलवीर्य्यकृत् ६७

गिरई मछली के गुण ॥

गिरई. मधुर, तिक्त, कषैली, वात, पित्तनाशक, कफघ्न, रुचिकारक, हलकी, दीपन और बल, वीर्य वर्द्धक होती है ॥ ६७ ॥

अथ मंगुरी ॥

मंगुरोवातहृद्बल्योवृष्यःकफकरोलघुः ६८ (अथ टेङ्गरा) सपादमत्स्योमेधाकृन्मेदः
क्षयकरश्चसः। वातपित्तकरश्चापिरुचिकृत्परमोमतः ॥ ६९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मंगुरी मछली के गुण ॥

मंगुरी. वातनाशक, बलकारी, वीर्यवर्द्धक, कफकारी और हलकी होती है ६८ (टेंगरा मछलीके गुण) टेंगरा. मेधाकोहित, मदनाशक, वादी, पित्तवर्द्धक और अत्यन्तरुचिकारक होतीहैं ॥ ६९ ॥

अथ शफरीपोठीइतिच ॥

प्रोष्ठीतिक्ताकटुःस्वादुःशुक्रघ्नीकफवातजित् । स्निग्धास्यकण्ठरोगघ्नीरोचनीचलघुःस्मृतः ॥ ७० ॥

शफरी मछली के गुण ॥

शफरी. तिक्त, कटु, मधुर, वीर्यनाशक, स्निग्ध, रुचिकारी, हलकी और कफ, वात, मुखरोग तथा कण्ठरोगनाशक होतीहै ॥ ७० ॥

अथ क्षुद्रमत्स्याः ॥

क्षुद्रामत्स्याःस्वादुरसाःदोषत्रयविनाशनाः । लघुपाकारुचिकराबलदास्तेहितामताः ७१

छोटी मछलियों के गुण ॥

छोटी मछली. मधुर, त्रिदोषनाशक, हलकी, रुचिकारक, बलकारी और सबप्रकारसे हित होती हैं ॥७१॥

अथातिक्षुद्रमत्स्याः ॥

अतिसूक्ष्माःपुंस्त्वहरारुच्याःकासानिलापहाः ७२ (अथ मत्स्याण्डा) मत्स्यगर्भोभृशंवृष्यःस्निग्धःपुष्टिकरोलघुःकफमेदःप्रदोबल्योग्लानिकृन्मेहनाशनः (अथ सूखठी) शुष्कमत्स्यानवाबल्याद्दुर्जराविड्विबन्धिनः (अथ दग्धमत्स्याः) दग्धमत्स्योगणैःश्रेष्ठःपुष्टिकृद्बलवर्द्धनः ॥ ७३ ॥

बहुत छोटी मछलियोंके गुण ॥

बहुत छोटी मछली. रुचिकारक और पुंस्त्व, खांसी तथा वातनाशक होती हैं ७२ (मछलियों के अण्डोंके गुण) मछलियोंके अण्डे अत्यन्त वीर्यवर्द्धक, स्निग्ध, पुष्टकारी, हलके, प्रमेहनाशक और कफ, मेद, बल तथा ग्लानिकारक होतेहैं सूखीमछली. बलरहित कठिनतासे पचनेवाली और मलको बाँधनेवाली होती हैं भूनीहुई मछलीगुणोंमें श्रेष्ठ, पुष्टिकारक और बलवर्द्धक होतीहै ॥ ७३ ॥

अथ कूपजादिमत्स्यगुणाः ॥

कौपमत्स्याःशुक्रमूत्रकुष्ठश्लेष्मविवर्द्धनाः । सरोजामधुराःस्निग्धाबल्यावातविनाशनाः ॥ नादेयाबृंहणामत्स्यागुरवोऽनिलनाशनाः । रक्तपित्तकरावृष्याःस्निग्धोष्णाःस्वल्पवर्चसः ॥ चौड्याःपित्तकराःस्निग्धामधुरालघवोहिमाः । ताडागागुरवोवृष्याःशीतलाःबलमूत्रदाः ॥ ताडागावन्निर्झरजाबलायुर्मतिदृक्कराः ॥ ७४ ॥

कूपादिमें उत्पन्न मछलियोंके गुण ॥

कुएंकी मछली. वीर्य, मूत्र, कुष्ठ तथा कफवर्द्धक, सरोवरकी मछली. मधुर, स्निग्ध, बलकारी तथा वातपित्तनाशक, नदीकी मछली. धातुवर्द्धक, भारी, वातनाशक, रक्तपित्तकारी, वीर्यवर्द्धक, स्निग्ध, उष्ण तथा मलको स्वल्प करने वाली, गढैया की मछली. पित्त कारक, स्निग्ध, मधुर, हलकी तथा शीतल, तडाग की मछली भारी, वीर्यवर्द्धक, शीतल, बलिष्ठ तथा मूत्रकारक और झिरने की मछली तडाग की मछली के समान गुणकारक, बलिष्ठ, आयुवर्द्धक, बुद्धिदायक तथा दृष्टिवर्द्धक होती हैं ॥ ७४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथर्त्तुविशेषेमत्स्यविशेषः ॥

हेमन्तेकूपजामत्स्याःशिशिरेसारसाहिताः। वसन्तेतेतुनादेयाग्रीष्मेचौण्डयसमुद्भवाः॥तडागजातावर्षासुतास्वपथ्यानदीभवाः। नैर्झराःशरदिश्रेष्ठाविशेषोऽयमुदाहृतः ७५

इति श्रीभावप्रकाशेमांसवर्गः ॥

ऋतुविशेष में मत्स्यविशेष ॥

हेमन्तमें कुएंकी, शिशिरमें सरोवरकी, वसन्तमें नदीकी, ग्रीष्ममें गढैयाकी, वर्षामें तडागकी और शरदृतुमें झिरने की मछली श्रेष्ठहैं वर्षाऋतुमें नदी की मछलियों का सेवन करना अहितहै ७५ ॥

इति श्रीभावप्रकाशस्य भाषानुवादे मांसवर्गःसमाप्तः ॥

अथ कृतान्नवर्गः ॥

अत्रान्नानांसाधनप्रकारःसिद्धानांगुणाश्च। तत्रपरिभाषिता ॥

समवायिनिहेतौयेमुनिभिर्गणितागुणाः। कार्य्येऽपितेऽखिलाज्ञेयाःपरिभाषेतिभाषिता ॥ क्वचित्संस्कारभेदेनगुणभेदोभवेद्यतः। भक्तंलघुपुराणस्यशालेस्तच्चिपिटोगुरुः ॥ क्वचिद्योगप्रभावेनगुणान्तरमपेक्ष्यते। कदन्नंगुरुसर्पिश्चलघूक्तंसुहितंभवेत् ॥ १ ॥

कियेहुए अन्नका वर्ग ॥

इसमें अन्नोंके बनानेकी रीति और कियेहुओंके गुण। परिभाषा ॥

मुनियोंने समवायिकारण (जिन पदार्थोंसे वस्तु बनाईजातीहै) में जो गुण कहेहैं वही सम्पूर्ण उनके कार्यमें भी होतेहैं यह परिभाषा कहीहै कहीं संस्कारके भेदसे गुणोंका भेद होजाताहै जैसे पुराने चांवलका भात तौ हलका और उनके चिडवे भारी होते हैं कहीं संयोगके प्रभावसे गुणमें भेद होजाते हैं जैसे केला और घी यह दोनों भारी होतेहैं परन्तु यह दोनों मिलेहुए सुगमतासे परिपाक को प्राप्त होते हैं ॥ १ ॥

अथ भक्तस्यनामानिसाधनंगुणाश्च ॥

भक्तमन्नंतथान्धश्चक्वचित्कूरश्चकीर्त्तितम्। ओदनोऽस्त्रीस्त्रियांभिस्सादीदिविःपुंसिभाषितः ॥ सुधौतास्तण्डुलाःस्फीतास्तोयेपञ्चगुणेपचेत्। तद्भक्तंप्रस्तुतंचोष्णंविशदंगुणवन्मतम् ॥ भक्तंवह्निकरंपथ्यंतर्पणंरोचनंलघु। अधौतमश्रुतंशीतंगुर्वरुच्यंकफप्रदम् २॥

भातके नाम साधन और गुण ॥

भक्त, अन्न, अन्ध, कूर, ओदन, भिस्सा और दीदिवि यह भातके नामहैं अच्छे प्रकारसे धोयेहुए फूले हुए चांवलों को पांचगुने जलमें पकावे फिर मांड निकलेहुए कुछ उष्ण चांवल वह भात कहलाते हैं वह भात गुणकारी होताहै भात. अग्निवर्द्धक, पथ्य, तृप्तिकारक, रुचिकारी और हलका होताहै विना धोयेहुए चांवलोंका बेमांड निकलाहुआ भात. शीतल, भारी, अरुचिकारी और कफवर्द्धक होताहै २ ॥

अथ पहिति ॥

दलितन्तुशमीधान्यंदालिर्दालीस्त्रियामुभे। दालीतुसलिलेसिद्धालवणार्द्रकहिंगुभिः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संयुक्तासूप म्नीस्यात्कथ्यन्तेतद्गुणाअथ । सूपोविष्टम्भकोरूक्षःशीतस्तुसविशेषतः ॥
निस्तुषोभृष्टसंसिद्धःलाघवंसुतरांव्रजेत् ॥ ३ ॥

दालकेनाम साधन और गुण ॥

दलाहुआ शमीधान्य. दालि और दाली कहलाताहै जलमें पकीहुई और लवण, अदरक तथा हींग युक्त दालको सूप कहते हैं सूप (पकीहुई दाल) विष्टम्भी, रूखी और शीतल होतीहै छिलके रहित और भुनीहुई दालपकानेसे अत्यन्त हलकी होती है ॥ ३ ॥

अथ खिचिरी ॥

तण्डुलादालिसंमिश्रालवणार्द्रकहिंगुभिः । संयुक्तासलिलेसिद्धाकृशराकथिताबुधैः ॥
कृशराशुक्रलाबल्यागुरुःपित्तकफप्रदा । दुर्जराबुद्धिविष्टम्भमलमूत्रकरीस्मृता ॥ ४ ॥

खिचडीके नाम साधन और गुण ॥

लवण, अदरक तथा हींगयुक्त दाल चांवल जल में पाक कियेहुए कृशरा कहेजाते हैं खिचडी. वीर्य्यवर्द्धक, बलकारक, भारी, पित्तकफकारक, कठिनतासे पचनेवाली, बुद्धिकारक, विष्टम्भी और मलमूत्रकारी होती है ॥ ४ ॥

अथ तापहारी । ताताहरीतिलोके ॥

घृतेहरिद्रासंयुक्तेमाषजाम्भर्ज्जयेद्वटीम् । तण्डुलांश्चापिनिर्धौतान्सहैवपरिभर्जयेत् ॥ सिद्धयोग्यंजलंतत्रप्रक्षिप्यकुशलःपचेत् । लवणार्द्रकहिंगूनिमात्रयातत्रनिःक्षिपेत् ॥ एषा सिद्धिःसमानज्ञाप्रोक्तातापहरीबुधैः । भवेत्तापहरी बल्या वृष्याश्लेष्माणमाचरेत् ॥ बृंहणीतर्पणीरुच्यागुर्वीपित्तहरास्मृता ॥ ५ ॥

ताहरीके नाम साधन और गुण ॥

हल्दीके सहित घृतमें चांवल और उर्दकी बडियोंको भूने फिर परिपाक होने योग्य जलमें पकावे और प्रमाणके अनुसार उसमें लवण, अदरक तथा हींग छोडे यह परिपाकहोनेपर तापहरी (ताहरी) कहलातीहै ताहरी. बलकारी, वीर्यवर्द्धक, कफकारी, धातुवर्द्धक, तृप्ति तथा रुचिकारक, भारी और अपने कारणके समान गुणवाली होतीहै ५ ॥ अथ खीर ॥

पायसंपरमान्नंस्यात् क्षीरिकापितदुच्यते । शुद्धेऽर्द्धपक्केदुग्धेतु घृताक्तांस्तण्डुलान्पचेत् ॥ तैःसिद्धाक्षीरिकाख्याता ससिताज्ययुतोत्तमा । क्षीरिकादुर्जराप्रोक्ता बृंहणीबलवर्द्धिनी ॥ नालिकेरन्तनूकृत्यच्छिन्नंपयसिगोःक्षिपेत् । सितागव्याज्यसंयुक्ते तत्पचेन्मृदुनाऽग्निना ॥ नारीकेरोद्भवाक्षीरी स्निग्धाशीतातिपुष्टिदा । गुर्वीसुमधुरावृष्या रक्तपित्तानिलापहा ॥ ६ ॥

खीरके नाम साधन और गुण ॥

पायस, परमान्न और क्षीरिका यह खीरके नामहैं शुद्ध तथा अर्द्धपक्व दुग्धमें घृतयुक्त पकेहुए चांवलोंको पकाकर शर्करा तथा घृतसे युक्तकरे वह खीर कहातीहै खीर. कठिनतासे पचनेवाली, धातु बलवर्द्धक, विष्टम्भी और पित्त, रक्तपित्त, जठराग्नि तथा वातनाशक होती है नारियल बारीक कटेहुए गोलेको गौके दूधमें छोडकर शक्कर और गौके घृतसमेत मन्दाग्निसे पकावे यहनारियलकी खीर. स्निग्ध, शीतल, अत्यन्त पुष्टिकारक, भारी, मधुर, वीर्यवर्द्धक और रक्तपित्त तथा वातनाशक होती है ॥ ६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ सेवई ॥

समितांवर्त्तिकांकृत्वा सूक्ष्मांतुयवसन्निभाम् । शुष्कांक्षीरेणसंसाध्या भोज्याघृतसितान्विता ॥ सेविकातर्पणीबल्या गुर्वीपित्तानिलापहा । ग्राहिणीसन्धिकृद्रुच्या तांखादेन्नातिमात्रया ॥ ७ ॥

सेवईकेसाधन और गुण ॥

जौके समान मैदाकी अत्यन्त पतली बत्तियोंको बनाकर धूपमें सुखावे फिर उनको दूधमें पकाकर घृत शर्करा मिलाकर खाय सेवई. तृप्तिकारक, बलकारी, भारी, वातपित्तनाशक, ग्राही, टूटेको जोडनेवाली और रुचिकारक होती हैं इनको अधिक न खाय ॥ ७ ॥

अथ मण्डा ॥

गोधूमाधवलाधौताः कुट्टिताःशोषितास्ततः । प्रोक्षितायन्त्रनिष्पिष्टाश्चालिताः समितास्मृताः ॥ वारिणाकोमलांकृत्वा समितांसाधुमर्दयेत् । हस्ततलालनयातस्या लोप्त्रींसम्यक्प्रसारयेत् ॥ अधोमुखघटस्यैतद् विस्तृतंप्रक्षिपेद्बहिः । मृदुनावह्निनासाध्यः सिद्धो मण्डकउच्यते (लोप्त्रीलोइ इतिलोके) दुग्धेनसाज्यखण्डेन मण्डकंभक्षयेन्नरः । अथवासिद्धमांसेन सतक्रवटकेनवा ॥ मण्डकोबृंहणोवृष्यो बल्योरुचिकरोभृशम् । पाकेऽपि मधुरोग्राही लघुर्दोषत्रयापहः ॥ ८ ॥

मण्डेके साधन और गुण ॥

धवल धोयेहुए कूटेहुए और सुखायेहुए गेहुओंको पीसकर चालनेसे समिता (मैदा) कहलातीहै ...को जलसे सानकर खूब उसने और हाथोंसे उसकी लोईको खूबफैलावे उस फैलीहुई लोईको औंधेघडेके ऊपरडाले फिर मन्दाग्निसे उसको पकावे इसपकीहुई रोटीको मण्डा कहतेहैं मण्डेको दूध घी तथा खांडके साथ अथवा मांस और दही बडेके साथ खाय तो धातुओंकी पुष्टता वीर्यकी वृद्धि और रुचि होतीहै मण्डा. पाकमें मधुर, ग्राही, हलका और त्रिदोषनाशक होताहै ॥ ८ ॥

अथ पूरीकुत्रापिदुनौरी इतिच ॥

कुर्य्यात्समितयाऽतीवतन्वीपर्प्पटिकाततः । स्वेदयेत्तप्तकेतान्तुपोलिकांजगदुर्बुधाः ॥ तांखादेल्लप्सिकायुक्तां तस्यामण्डकवद्गुणाः । तप्तकं तवा इतिलोके ॥ ९ ॥

पूरीकासाधन और गुण ॥

मैदेकी बहुत पतली पपडीको तवेके ऊपर पकावे यह पोलिका कहलातीहै इसको हलुएके संग खाय इसमें मण्डेके समान गुण होते हैं ॥ ९ ॥

अथ प्रसंगाल्लप्सी ॥

समितांसर्पिषाभृष्टां शर्करांपयसिक्षिपेत् । तस्मिन्घनीकृतेन्यस्येल्लवङ्गमरिचादिकम् ॥ सिद्धैषालप्सिकाख्याता गुणास्तस्यावदाम्यहम् । लप्सिकाबृंहणीवृष्या बल्यापित्तानिलापहा ॥ स्निग्धाश्लेष्मकरीगुर्वी रोचनीतर्पणीपरम् ॥ १० ॥

लप्सीका साधन और गुण ॥

घृतमें भूनीहुई मैदाको शक्कर समेत दूधमें छोडे और औटनेसे गाढ़होजानेपर लौंग और मिर्च

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आदिक छो. यह पकीहुई लप्सी कहलाती है लप्सी. धातु और वीर्यवर्द्धक, बलकारी, वातपित्त-नाशक, स्निग्ध, कफकारी, भारी और रुचि तथा तृप्तिकारी होती है ॥ १० ॥

अथ रोटी ॥

शुष्कगोधूमचूर्णेन किञ्चित्पुष्टाञ्चपोलिकाम् । तप्तकेस्वेदयेत्कृत्वा भूयर्यङ्गारेऽपितांपचेत्॥ सिद्धैषारोटिकाप्रोक्ता गुणांस्तस्याः प्रचक्ष्महे । रोटिकाबलकृद्रुच्या बृंहणीधातुवर्द्धनी॥ वातघ्नीकफकृद्गुर्वी दीप्ताग्नीनांप्रपूजिता ॥ ११ ॥

रोटीका साधन और गुण ॥

सूखे गेहुओंके आटेकी रोटी बनाकर तवेपर सेंककर फिर अङ्गारोंपर सेंके इसको रोटिका (रोटी) कहते हैं रोटी. बल तथा रुचिकारक, पोषक, धातुवर्द्धक, वातनाशक, कफकारी, भारी और दीप्ताग्नियोंको हितकारी होतीहै ॥ ११ ॥

अथ वाटी ॥

शुष्कगोधूमचूर्णंतु साम्बुगाढंविमर्द्दयेत् । विधायवटकाकारं निर्धूमेऽग्नौशनैःपचेत् ॥ अङ्गारकर्कटीह्येषाबृंहणीशुक्रलालघुः । दीपनीकफकृद् बल्यापीनसश्वासकासजित् १२॥

बाटीका साधन और गुण

सूखे गेहुओंके आटेको जलसे कडा उसनकर बटिकाकार बाटी बनावे इनको निर्धूम अग्नि में धीरे २ पकावे इसको अङ्गारकर्कटी कहते हैं यह धातुवर्द्धक, वीर्यवर्द्धक, हलकी, दीपन, कफकारक, बलकारी और पीनस, श्वास तथा खांसीनाशक होतीहै ॥ १२ ॥

अथ यवरोटी ॥

यवजारोटिकारुच्यामधुराविशदालघुः । मलशुक्रानिलकरीबल्याहान्तिकफामयान् । पीनसश्वासकासांश्चमेदोमेहगलामयान् ॥ १३ ॥

जौकीरोटीके गुण ॥

जौकीरोटी. रुचिकारी, मधुर, विशद, हलकी, मलवर्द्धक, वीर्यकारक, बादी, बलिष्ठ और कफरोग, पीनस, श्वास, खांसी, मेद, प्रमेह तथा गलेके रोगोंकी नाशक होतीहै ॥ १३ ॥

अथ माषरोटिका ॥

चूर्णंयच्छुष्कमाषाणां चमसीसाभिधीयते । चमसीरचितारोटी कथ्यतेबलभद्रिका ॥ रूक्षोष्णावातलाबल्या दीप्ताग्नीनांप्रपूजिता । माषाणांदालयस्तोये स्थापितास्त्यक्तकञ्चुकाः ॥ आतपेशोषितायन्त्रे पिष्टास्ताधूमसीस्मृता । धूमसीरचिताचैव प्रोक्ताझर्झरिका बुधैः ॥ झर्झरीकफपित्तघ्नी किञ्चिद्वातकरीस्मृता ॥ १४ ॥

उर्दकी रोटीके गुण ॥

सूखे उर्दोंके आटेको चौंसी कहते हैं चौंसीकी रोटीको बलभद्रिका कहते हैं यह रूखी, उष्ण, बादी बलकारी और दीप्ताग्नियोंको हित होतीहै उर्दोंकी दाल पानीमें भिगोकर छिलकेको निकालकर धूपमें सुखाके पीसीहुई धूमसी कहलातीहै धूमसीकी रोटीको झर्झरिका कहते हैं यह कफपित्तनाशक और कुछ बादी होतीहै ॥ १४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ चणकरोटिका ॥

चणक्यारोटिकारूक्षाश्लेष्मपित्तास्रनुद्गुरुः । विष्टम्भिनीनचक्षुष्यातद्गुणाचातिशष्कुली ॥ १५ ॥

चनेकी रोटीके गुण ॥

चनेकी रोटी. रूखी, कफ तथा रक्त पित्त नाशक, भारी, विष्टम्भी और नेत्रों को अहित होती है तिल की रोटी में भी इसीके समान गुण होते हैं ॥ १५ ॥

अथ पिष्टिका ॥

दालिः संस्थापितातोयेततोऽपहतकञ्चुका । शिलायांसाधुसम्पिष्टा पिष्टिकाकथितावुधैः ॥ १६ ॥

पिट्ठी का लक्षण ॥

दालको जलमें भिजोकर छिल्के निकालके शिल पर पीसने से पिष्टिका कहलाती है ॥ १६ ॥

अथ बेढ़ई ॥

माषपिष्टिकयापूर्णगर्भागोधूमचूर्णतः । रचितारोटिकासैव प्रोक्तावेढमिकाबुधैः ॥ ...वेढमिकाबल्या वृष्यारुच्याऽनिलापहा । ऊष्मसन्तर्पणीगुर्वी बृंहणीशुक्रलापरम् ॥ ...मलास्तन्यमेदःपित्तकफप्रदा । गुदकीलार्दितश्वासपङ्क्तिशूलानिनाशयेत् १७॥

बेढ़ईके गुण ॥

राजक्षा पिट्ठी से भरीहुई गेहूंकी रोटीको वेढमिका कहते हैं बेढ़ई. बलकारक, पुष्टता करने वाली, रुचिकारी, वातनाशक, उष्ण, तृप्तिकारक, भारी, धातुवर्द्धक, वीर्यवर्द्धक, मल सूत्रको भिन्न करने वाली, दुग्ध कारक, मेदवर्द्धक, कफ पित्तकारक और गुदकील, अर्दित, श्वास तथा परिणाम शूल नाशक होती है ॥ १७ ॥

अथ पापर ॥

धूमसीरचिताहिङ्गुहरिद्रालवणैर्युताः । जीरकस्वर्जिकाभ्याञ्चतनूकृत्यचवेल्लिताः ॥ मौद्गापर्प्पटास्तेसदाङ्गारभृष्टाःपरमरोचकाः । दीपनाःपाचनारूक्षागुरवःकिञ्चिदीरिताः ॥ चणकस्यगुणैर्युक्ताःपर्प्पटाश्चणकोद्भवाः स्नेहभृष्टाश्चतद्गुणाःप्रोक्ताविशेषाल्लघवोहिताः । स्तुतेसर्वेभवेयुर्मध्यमागुणैः ॥ १८ ॥

पापड़ की विधि ॥

हींग, हल्दी, लौंग, जीरा और सज्जी सहित धुआंस बहुत पतली करके वेली गई और अङ्गारोंपर भुनी गई इसको परपट कहते हैं पापड़. अत्यन्त रुचिकारी, दीपन, पाचन, रूखे और कुछ भारीहोते हैं मूंग के पापड़. बहुत हलके और इन्हीं के समान गुण वाले होते हैं चने के पापड़ों में चनेके समानगुण होते हैं और सम्पूर्ण पापड़. घृतादि में भूनेहुये गुणों में मध्यम होते हैं ॥ १८ ॥

अथ पूरी ॥

माषाणांपिष्टिकांयुञ्ज्याल्लवणार्द्रकहिङ्गुभिः । तयापिष्टिकयापूर्णासमिताकृतपोलिका ॥ ततस्तैलेनपक्वासापूरीकाकथिताबुधैः । रुच्यास्वाद्वीगुरुःस्निग्धाबल्यापित्तास्रदूषिका ॥ चक्षुस्तेजोहरीचोष्णापाकेवातविनाशिनी । तथैवघृतपक्वापिचक्षुष्यारक्तपित्तहृत् ॥ १९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पूरीके गुण ॥

मैदामें. लौंग, अदरक और हींग समेत उर्दकी पीठीको भरकर बेली गई फिर तेल में पकाई गई पूरिका कहलाती है पूरी. रुचिकारक, सुस्वादु, भारी, स्निग्ध, बलवर्द्धक, रक्त पित्त कारक, पाकमें उष्ण-वात नाशक और दृष्टिको हरनेवाली होतीहैं घीकी पूरी. रक्त पित्त नाशक नेत्रोंको हित और इसीके समान गुणवाली होती है ॥ १६ ॥ अथ वरा ॥

माषाणांपिष्टिकायुक्तालवणार्द्रकहिङ्गुभिः । कृत्वाविदध्याद्वटकास्तांस्तैलेषुपचेच्छनैः ॥ विशुष्कावटकाबल्याबृंहणावीर्य्यवर्द्धनी ॥ वातामयहरारुच्याविशेषादर्दितापहा ॥ विबन्धभेदिनीश्लेष्मकारिणीऽत्यग्निपूजिता ॥ संचूर्ण्यनिक्षिपेत्तक्रेभृष्टजीरकहिङ्गुभिः। लवणंतत्रवटकान्सकलानपिमज्जयेत् ॥ शुक्लस्तत्रवटकोबलकृद्रोचनोगुरुः । विबन्धहृद्विदाहीचश्लेष्मलःपवनापहः ॥ राज्यक्तपातिनोवान्यान्पाचनांस्तांस्तुभक्षयेत् । राज्यक्ता राइताइतिलोके ॥ २० ॥

बडोंकी विधि ॥

उर्दकी पिट्ठी में. नोन, अदरक और हींग मिलाकर बडे बनावे और उनको तेलमें धीरे २ पकावे सूखे बडे. बलकारी, धातुवर्द्धक, वीर्यवर्द्धक, वातरोगनाशक, रुचिकारक, अर्दित तथा विबन्ध[illegible] कफकारी और तीक्ष्ण अग्निवालोंको हित होते हैं जीरा, हींग और नोन को मट्ठे में [illegible] अग्नि में उसमें बडे. भिजोवे यह बडे. वीर्यवर्द्धक, बल तथा रुचिकारी, भारी, विबन्धनाशक, विदाही, कफकारक, और वातनाशक होते हैं रायते के बडे अत्यन्त रुचिकारी और पाचक होते हैं यह खाने चाहि[illegible] ॥

अथ काञ्जीवरा ॥

मन्थनीनूतनाधार्य्याकटुतैलेनलेपिता । निर्मलेनाम्बुनापूर्य्यतस्यांचूर्णंविनिःक्षिपेत् ॥ राजिकाजीरलवणहिङ्गुशुण्ठीनिशाकृतम् । निःक्षिपेद्वटकांस्तत्रभाण्डस्यास्यञ्चमुद्रयेत् ॥ ततोदिनत्रयादूर्ध्वमम्लाःस्युर्वटकाध्रुवम् । काञ्जिकवटकोरुच्योवातघ्नःश्लेष्मकारकः ॥ शीतःदाहंशूलमजीर्णंहरतेदृगामयेष्वहितः ॥ २१ ॥

कांजीके बडोंकी विधि ॥

नवीन हांडीको कटु तेलसे लेपकर निर्म्मल जलसे भरे उसमें जीरा, राई, लौंग, हींग, सोंठ और हल्दी पीसकर छोंडे और इसमें बडोंको भिगोकर पात्र के मुखको बन्दकरदे फिर तीनदिन के उपरान्त बडे अवश्य खट्टे होजायँगे कांजीके बडे. रुचिकारक, वात नाशक, कफकारी और शूल, अजीर्ण तथा दाहनाशक होते हैं यह नेत्ररोग में हित नहीं होते हैं ॥ २१ ॥

झोर बड़ा ॥

अम्लिकांस्वेदयित्वातुजलेनसहमर्दयेत् । तन्नीरेकृतसंस्कारेवटकान्मज्जयेज्जनः ॥ अम्लिकावटकास्तेतुरुच्यावह्निप्रदीपनाः । वटकस्यगुणैःपूर्वैरेषोऽपिचसमन्वितः २२ ॥

इमलीके बडे ॥

इमली को जलमें भिगोकर मले और संस्कार युक्त उसी पानी में बडोंको भिगोवे इमली के बडे. रुचिकारी, दीपन और कांजीके बडों के समान गुणवाले होते हैं ॥ २२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ मूंगबरा ॥

मुद्गानांवटकास्तक्रेभर्जितालघवोहिमाः।संस्कारजप्रभावेनत्रिदोषशमनाहिताः २३ ॥

मूंगके बडे ॥

मट्ठे के साथ पकाये हुये मूंग के बडे. हलके, शीतल और संस्कार के प्रभाव से त्रिदोषनाशक तथा हितकारी होते हैं ॥ २३ ॥

अथ माषवटी ॥

माषाणांपिष्टिकाहिङ्गुलवणार्द्रकसंस्कृताः तयाविरचितावस्त्रेवटिकाःसाधुशोषिताः ॥ भर्जितास्तप्ततैलैस्ता अथवाम्बुप्रयोगतः। वटकस्यगुणैर्युक्ताज्ञातव्यारुचिदाभृशम् २४॥

उर्द्दकी बडियां ॥

हींग, नोन और अदरक समेत उर्द्द की पिट्ठीसे बडियां बनाकर वस्त्रपर अच्छेप्रकारसे सुखावे फिर उनको तेलमें भूनकर जलमें पकावे बडियोंमें बडोंकेही समान गुण होते हैं और यह अत्यन्त रुचिकारक होती हैं ॥ २४ ॥

अथ कोहडौरी ॥

कूष्माण्डकवटीज्ञेयापूर्वोक्तवटिकागुणाः। विशेषात्पित्तरक्तघ्नी लघ्वी चकथिताबुधैः २५ ॥

कुंभडौरीके गुण ॥

[illegible] बडियोंके समान गुण होतेहैं और यह विशेषकरके हलकी तथा रक्तपित्तनाशक होतीहै २५

अथ मुद्गवटी ॥

राजमाष[illegible] वटिकातद्वद्रचितासाधितातथा । पथ्यारुच्यातथालघ्वीमुद्गसूपगुणास्मृता २६ ॥

मूंगकी बडियां ॥

उर्द्दकी बडियोंके समान बनाईगई मूंगकी बडी. हित, पथ्य, रुचिकारक, हलकी और मूंगकी दालके समान गुणवाली होती हैं ॥ २६ ॥

अथ रिकवछ ॥

माषपिष्टिकयालिप्तंनागवल्लीदलंमहत् । तत्तुसंस्वेदयेद्युक्त्यास्थाल्यामास्तारकोपरि ॥ ततोनिष्काश्यतंखण्ड्यंततस्तैलेनभर्जयेत्। खण्ड्यंखण्डेनयोग्यमितियावत् ॥ अलीकमत्स्यउक्तोऽयंप्रकारःपाकपण्डितैः। तद्वृन्ताकभटित्रेणवास्तुकेनचभक्षयेत् २७॥

पानके सैंढेकी विधि ॥

बडे पानपर उर्द्दकी पिट्ठीको लपेटकर बटोही में कपडेपर रख युक्ति पूर्वक उबाले फिर निकालकर टुकडे करके तेल में भूने उसको पण्डित लोग अलीकमत्स्य कहतेहैं इसको बैंगनके भर्त्ते और बथुई के सागके सङ्ग खाय ॥ २७ ॥

अथकटी ॥

स्थाल्यांघृतेवातैलेवाहरिद्राहिङ्गुभर्जयेत्। अवलेहनसंयुक्तंतक्रन्तत्रैवनिक्षिपेत्॥ एषा सिद्धासमरिचाक्कथिताकथिताबुधैः। अवलेहनम् अरिहनइतिलोके । क्वथितापाचनी रुच्यालघ्वीवह्निप्रदीपनी ॥ कफानिलविबन्धघ्नीकिञ्चित्पित्तप्रकोपिणी । अलीकमत्स्याः शुष्कावाकिंवाक्कथितयापुनः ॥ बृंहणारोचनावृष्याबल्यावातगदापहाः । कोष्ठशुद्धिकराः शुक्त्याकिञ्चित्पित्तप्रकोपनाः ॥ अर्दितेसहनुस्तम्भेविशेषेणहिताःस्मृताः ॥ २८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कढ़ीकीविधि और गुण ॥

पात्रमें घृत अथवा तेल डालकर हल्दी और हींगको भूने फिर उसमें अरिहन वेसनआदि जिस चीजकीकढ़ी बनानीहो उससे मिलाहुआ मट्ठा छोड़े और निमक मिर्च डालकर पकावे उसको क्वथिता कहते हैं कढ़ी. पाचक, रुचिकारक, हलकी, दीपन, कफवातनाशक, विबन्धनाशक और कुछ पित्तकाकोप करनेवाली होतीहै सेंढे सूखे अथवा कढ़ी में भिगोयेहुए धातुवर्द्धक, रुचिकारक, वीर्य और बलवर्द्धक और वातनाशक होते हैं सूखे सेंढे. कोष्ठको शुद्ध करनेवाले और अर्दित तथा जाबड़ोंके जकड़ने में विशेष करके हितकारी होतेहैं और कुछ पित्तको कुपित करते हैं ॥ २८ ॥

अथ अदवरा ॥

मुद्गपिष्ठाविरचितान्वटांस्तैलेनपाचितान् । हस्तेनचूर्णयेत्सम्यक्तस्मिंश्चूर्णेविनिःक्षिपेत् । भृष्टंहिङ्ग्वार्द्रकंसूक्ष्मंमरीचंजीरकंतथा ॥ निम्बूरसंजवानींचयुक्त्यासर्वंविमिश्रयेत् । मुद्गपिष्टिंपचेत्सम्यक्स्थाल्यामास्तारकोपरि । तस्यास्तुगोलकंकुर्यात्तन्मध्येपूरणंक्षिपेत् ॥ तैलेतान्गोलकान्पक्त्वाक्वथितायांनिमज्जयेत् । गोलकाःपाचकाःप्रोक्तास्तेत्वार्द्रकवटाअपि । मुद्गार्द्रकवटारुच्यालघवोबलकारकाः । दीपनास्तर्पणाः[illegible]षुदोषेषुपूजिताः ॥ २९ ॥

अदवरा मूंगकी डुबकी की विधि ॥

तेलमें पकेहुए मूंगके बड़ोंको चूर्ण करके उसमें भुनी हींग, अदरक, मिर्च, जीरा, नींबूकारस, [illegible] और अजवाइन मिलावे और मूंगकी पीठीको किसी पात्रमें रख अच्छीतरह पकाले उसके गोले पूर्वोक्त मसालेसमेत मूंगकेचूर्णको भरकरतेलमेंपकावे फिर इनगोलोंको कढ़ीमें भिगोवे इनको आर्द्र[illegible] बड़ा कहते हैं यह रुचिकारक, हलके, बलकारी, दीपन, तृप्तिकारक, पथ्य और त्रिदोषमें हित होतेहैं २९ ॥

अथ पकोरी ॥

दालयश्चणकानान्तुनिस्तुषायन्त्रपेषिताः । तच्चूर्णंवेशनंप्रोक्तंपाकशास्त्रविशारदैः ॥ वटिकावेशनस्यापिक्वथितायांनिमर्जिताः । रुच्याविष्टम्भजननीबल्यापुष्टिकरीस्मृता ॥ एवमन्येऽपिवेशनभवाःप्रकाराःखण्डनखण्डप्रभृतयोबोद्धव्याः ॥ ३० ॥

पकौड़ी की विधि और गुण ॥

बिन छिलकेकी पिसीहुई चनेकी दालको बेशन कहतेहैं कढ़ीमें भिगोईहुई बेशनकी पकौड़ी. रुचिकारक, विष्टम्भी, बलवर्द्धक और पुष्टिकारक होतीहै इसीप्रकार औरभी बेशनके बनेहुए खण्ड आदिक पदार्थ जानने चाहिये ॥ ३० ॥

अथ मांसस्यप्रकारास्तच्छुद्धमांसंसुधवासुइतिलोके ॥

पाकपात्रेघृतंदद्यात्तैलञ्चतदभावतः । तत्रहिङ्गुहरिद्रांचभर्जयेत्तदनन्तरम् ॥ छागादेरस्थिरहितंमांसंतत्खण्डितंध्रुवम् । धौतंनिर्गालितंतस्मिन्घृतेतद्भर्जयेच्छनैः ॥ सिद्धयोग्यंजलंदत्त्वालवणन्तुपचेत्ततः सिद्धेजलेनसम्पिष्यवेशवारंपरिक्षिपेत् ॥ वेशवारःवेगर इतिलोके । द्रव्याणिवेशवारस्यनागवल्लीदलानिच । तण्डुलाश्चलवंगानिमरिचानिसमा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सतः ॥ अनेनविधिनासिद्धंशुद्धंमांसमितिस्मृतम् ॥ शुद्धमांसंपरंवृष्यंबल्यं च्यञ्चबृंहणम् । त्रिदोषशमकंश्रेष्ठंदीपनंधातुवर्द्धनम् ॥ ३१ ॥

मांस के प्रकार शुद्ध मांस (सुधवास) की विधि और गुण ॥

पकाने के पात्र में घृत अथवा अभाव में तेल डाल कर उसमें हींग और हल्दीको भूने फिर अस्थिरहित बकरे आदिके मांस को टुकडे २ करके और धोके साफ कर उसी घृतमें धीरे२भूने फिर उसमें परिपाक के अनुमान जल और निमक डाले पकजाने पर जल से पीसकर बेसवार (पान चावल लौंग और मिर्च यह संक्षेप विधिहै) डाले इस प्रकार से बनेहुए मांस को शुद्धमांस कहते हैं यह अत्यन्त वीर्यवर्द्धक, बलकारी, रुचिकारक, पोषक, त्रिदोषनाशक, दीपन और धातुवर्द्धक होताहै ॥ ३१ ॥

अथ सेहुडक । सहवासु इति लोके ॥

छागादेर्मांसमूर्वादेःकुट्टितंखण्डितंपुनः। शुद्धमांसविधानेनपचेदेतत्सहार्द्रकम् ॥ सहार्द्रकंगुणैर्ग्रन्थेशुद्धमांसगुणंस्मृतम् ॥ ३२ ॥

सेहुडक (सहवासु) की विधि और गुण ॥

बकरे आदि की जङ्घा आदिकों का मांस कूटकरके काटा गया और शुद्धमांस की विधिसे पकाया [illegible]र्द्रक कहाताहै इसमें शुद्धमांस के समान गुण होते हैं ॥ ३२ ॥

अथ अखनी ॥

[illegible]घृतंदत्त्वाहरिद्राहिङ्गुभर्जयेत्। छागादेस्सकलस्यापिखण्डान्यपिच भर्जयेत् ॥ [illegible]याग्यंजलंदत्त्वापचेन्मृदुतरंयथा । जीरकादियुतेतक्रेमांसखण्डानितारयेत् ॥ तक्र[illegible]ांसन्तुवातघ्नंलघुरुच्यंबलप्रदम् । कफघ्नंपित्तलंकिञ्चित्सर्वाहारस्यपाचनम् ॥ तक्रमांसम् अखनीइतिलोके ॥ ३३ ॥

अखनी की विधि और गुण ॥

पकाने के पात्र में घृत डालकर हल्दी और हींग को भूने फिर उसी में बकरी आदिके मांस के टुकडों को भूने इसके उपरान्त परिपाक के अनुसार धीमी अग्निमें पकावे फिर जीरा आदि मसालोंसे युक्त मठे में उन मांस के टुकडों को छोडे इसको तक्रमांस कहते हैं यह वातनाशक, हलका, रुचिकारी, बलिष्ठ, कफनाशक, कछु पित्तवर्द्धक और सम्पूर्ण भोजन के पदार्थों का पचानेवाला होताहै ॥ ३२ ॥

अथ आस ॥

पाकपात्रेतुबृहतीमांसखण्डानिनिःक्षिपेत्। पानीयंप्रचुरंसर्पिःप्रभूतंहिङ्गुजीरकम् ॥ हरिद्रामार्द्रकंशुण्ठीलवणंमरिचानिच । तण्डुलांश्चापिगोधूमान्जम्बीराणांरसान्बहून् ॥ यथासर्वाणिवस्तूनिसुपक्वानिभवन्तिहि । तथापचेत्तुनिपुणोबहुमांसंक्षितिर्यथा ॥ एषाहरीसाबलकृद्वातपित्तापहागुरुः । शीतोष्णाशुक्रदास्निग्धासरासंधानकारिणी ॥ ३४ ॥

आसकी विधि और गुण ॥

पकाने के बडे पात्र में मांस के टुकडे डाले उसमें अधिक जल, घी, हींग, जीरा, हल्दी, अदरक, सोंठ, निमक, मिरच, चांवल, गेहूं और जंभीरी नींबूका रस यह सब वस्तु डाले इन सब वस्तुओंको अच्छे प्रकार से पकावे फिर जब मांड के समान होजाय तब उतारे इसको हरीसा कहते हैं हरीसा बलकारी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वात पित्तना[illegible]क, भारी, शीतोष्ण, वीर्यवर्द्धक, स्निग्ध, दस्तावर और टूटे हुये को जोडने वाली होती है ॥ ३४ ॥

अथ तलितमांसम् ॥

शुद्धमांसविधानेनमांसंसम्यक्प्रसाधितम् । पुनस्तदाज्येसम्भृष्टंतलितंप्रोच्यतेबुधैः ॥ तलितंबलमेधाग्निमांसौजःशुक्रवृद्धिकृत् । तर्पणंलघुसुस्निग्धरोचनंदृढताकरम् ॥ ३५ ॥

तले हुये मांसकी विधि और गुण ॥

शुद्धमांस की रीति से पके हुये मांसको फिर घीमें भूने यह तलित कहलाताहै तला हुआ मांस बल, मेधा, अग्नि, मांस, ओज तथा वीर्यवर्द्धक, तृप्तिकारक, हलका, स्निग्ध, रुचिकारी और पुष्टि कारक होता है ॥ ३५ ॥

अथ सींख ॥

कालखण्डादिमांसानिग्रन्थितानिशलाकया । घृतंसलवणंदत्त्वानिर्धूमेदहनेपचेत् ॥ तत्तुशूल्यमिदंप्रोक्तंपाककर्मविचक्षणैः । शूल्यंपलंसुधातुल्यंरुच्यंवह्निकरंलघु ॥ कफ वातहरंबल्यंकिञ्चित्पित्तकरंहितम् ॥ ३६ ॥

सींककी विधि और गुण ॥

बकरे आदिके यकृत् आदिके मांसको घी और निमक मिलाकर शलाकामें पोवै फिर धूमरहित अग्नि में पकावे इसको शूल्य कहतेहैं यह अमृतके तुल्य रुचिकारी, अग्निवर्द्धक, हलका, कफ, वातन[illegible] कुछ पित्तवर्द्धक होताहै ॥ ३६ ॥

मांस शृङ्गाटकम् ॥

शुद्धमांसंतनूकृत्यकर्त्तितंस्वेदितंजले । लवङ्गहिङ्गुलवणमरिचार्द्रकसंयुतम् ॥ जीरकधान्याकनिम्बूरससमन्वितम् । घृतेसुगन्धेतद्भृष्टंमांसंशृङ्गाटकोच्यते ॥ मांस[illegible] ङ्गाटकंरुच्यंबृंहणंबलकृद्गुरु । वातपित्तहरंवृष्यंकफघ्नंवीर्यवर्द्धनम् ॥ ३७ ॥

मांस शृङ्गाटककीविधि और गुण ॥

शुद्धमांसके सूक्ष्म टुकडे करके जलमें उबाले फिर लौंग, हींग, निमक, मिर्च, अदरक, इलायची, जीरा, धनियां और नींबूके रसको मिलाके और सुगन्धित घृत में भूने यह पूरण कहलाता है मैदा के बनेहुए सिंघाडे में पूरनभरके फिर घृत में भूननेसे मांस शृंगाटक कहलाता है यह रुचिकारक, धातुवर्द्धक, बलकारी, भारी, वात पित्त नाशक, पुष्टिकारक, कफघ्न और वीर्यवर्द्धक होता है ॥ ३७ ॥

अथ मांसरसा ॥

सिद्धमांसरसोरुच्यःश्रमश्वासक्षयापहः । प्रीणनोवातपित्तघ्नः क्षीणानामल्परेतसाम् ॥ विश्लिष्टभग्नसन्धीनांशुद्धानांशुद्धिकाङ्क्षिणाम् । स्मृत्योजोबलहीनानांज्वरक्षीणक्षतोरसाम् ॥ शस्यतेस्वरहीनानांदृष्टय्रायुःश्रवणार्थिनाम् । प्रकाराःकथिताःसन्तिबहवोमांससम्भवाः ॥ ग्रन्थविस्तारभीतिस्तेमयानात्रप्रकीर्त्तिताः ॥ ३८ ॥

मांसके रसके गुण ॥

पकेहुए मांसका रस रुचिकारी, प्रसन्नताकारक और श्रम, श्वास, क्षय, वात तथा पित्तनाशक होता है यह क्षीण, अल्पवीर्यवाले, भग्नहुई संधिवाले, वमनादिकों से शुद्ध अथवा शुद्धताके चाहने वाले, स्मरण तथा ओजरहित, निर्बल, ज्वर से क्षीण, उरक्षत रोगयुक्त, स्वरहीन और दृष्टि, श्रवण,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शक्ति तथा आयुके चाहने वालोंको श्रेष्ठ होताहै मांसके बहुत से प्रकार प्राचीन लोगोंने कहेहैं परन्तु ग्रन्थ के विस्तारके भयसे मैंने यहां नहीं लिखे हैं ॥ ३८ ॥

शाकपाकविधिः ॥

हिङ्गुजीरयुतेतैलेक्षिपेच्छाकंसुखण्डितम् । लवणंचाम्लचूर्णादिसिद्धेहिङ्गूदकंक्षिपेत् ॥ इत्येवंसर्वशाकानांसाधनोऽभिहितोविधिः ॥ ३९ ॥

शाक बनाने की विधि ॥

शाकको टुकडे २ करके हींग और जीरायुक्त तेलमें छोडे फिर पकजानेपर निमक अमचूर आदिक मसाले और हींगयुक्तजल छोडे यह संपूर्ण शाकोंके बनानेकी विधि कही गई है ॥ ३९ ॥

तत्र मण्ठकंमाठइतिलोके ॥

समितांमर्दयेदन्यज्जलेनापिचसन्नयेत् । तस्यास्तुवटिकांकृत्वापचेत्सर्पिषिनीरसम् ॥ एलालवंगकर्पूरमरीचाद्यैरलंकृते । मज्जयित्वासितापाकेततस्तञ्चसमुद्धरेत् ॥ अयं प्रकारःसंसिद्धोमठइत्यभिधीयते । सन्नयेत्मर्दयेत् ॥ मठस्तुबृंहणोवृष्योबल्यःसुमधुरो [illegible] पित्तानिलहरोरुच्योदीप्ताग्नीनांसुपूजितः ॥ समिताःशर्करासर्पिर्निर्मिताअपरेऽ [illegible] काराअमुनातुल्यास्तेऽपिचेत्तद्गुणाःस्मृताः ॥ ४० ॥

पक्वान्नबनाने के प्रकार मांठ (बालूसाई) की विधि और गुण ॥

[illegible] पहले मैदाको घीसे मले फिर जलसे उसने उसकी बटिका बनाकर विना जलके घृतमें पकावे फिर इलायची लौंग कपूर और मिर्च आदि मसाल्लोंसे युक्त शक्करके पागमें भिगोकर निकाले इसको मंड (बालूसाई) कहते हैं यह धातुवर्द्धक, वीर्यवर्द्धक, बलकारी, सुन्दर, मधुर, भारी, वात पित्त नाशक, रुचिकारक और दीप्ताग्नि पुरुषोंको हित होतेहैं मैदा शक्कर और घृतके द्वारा इसी प्रकार बनेहुए अन्य पदार्थों में भी इसी प्रकारके गुण होतेहैं ॥ ४० ॥

अथ संयावपेराक ॥

पर्प्पट्यःसाज्यसमितानिर्मिताघृतभर्जिताः । कुट्टिताश्चालिताःशुद्धशर्कराभिर्विमर्द्दिताः ॥ तत्रचूर्णंक्षिपेदेलालवङ्गमरिचानिच । नालिकेरंसकर्पूरञ्चारवीजान्यनेकधा ॥ घृतक्तसमितापुष्टरोटिकारचितातततः । तस्यान्तःपूरणंतस्यकुर्य्यान्मुद्रांदृढांसुधीः ॥ सर्पिषि प्रचुरेतान्तुसुपचेन्निपुणोजनः । प्रकारज्ञैःप्रकारोऽयंसंयावइतिकीर्त्तितः ॥ ४१ ॥

पिराक गूंझा की विधि ॥

घृतयुक्त मैदाकी रोटी को घीमें सेके फिर उसको कूटकर छानले उसमें सफेद शक्कर मिला के इलायची, लौंग, मिर्च, नारियलकीगिरी, कपूर और चारदाना आदिक मसाले छोडे फिर घृतयुक्त मैदाके पुष्टरोट बनावे उसमें पहले कहेहुए पूरको भरकर दृढतासे उसके मुखको बन्दकरके गोठन लगादे फिर बहुतसे घीमें उसको अच्छे प्रकार से पकावे इसको संयाव (गूंझा) कहतेहैं इसमें माठके समान गुण होतेहैं ॥ ४१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ कर्पूरनालिका ॥

घृताढ्ययासमितयालम्बंकृत्वापुटंततः । लवङ्गोल्बणकर्पूरयुतयासितयाऽन्वितम् ॥ पचेदाज्येनसिद्धैषाज्ञेयाकर्पूरनालिका । संयावसदृशीज्ञेयागुणैःकर्पूरनालिका ॥ ४२ ॥

कर्पूर नालिकी विधि ॥

घृतयुक्त मैदासे लम्बा दोनासा बनाकर उसमें लौंग, मिर्च और कर्पूर युक्त शक्कर भरकर घृतमें पकावे इसको कर्पूरनालिका कहतेहैं इसमें पिराक के समान गुण होतेहैं ॥ ४२ ॥

फेनिका फेनी ॥

समितायाघृताढ्यायावर्त्तिर्दीर्घांसमाचरेत् । तास्तुसन्निहितादीर्घाःपीठस्योपरिधारयेत् ॥ वेल्लयेद्वेल्लनेनैतायथैकापर्प्पटीभवेत् । ततश्छुरिकयातान्तुसलग्नामेवकर्त्तयेत् ॥ ततस्तुवेल्लयेद्भूयःशट्टकेनचलेपयेत् । शालिचूर्णघृतंतोयंमिश्रितंशट्टकंवदेत् ॥ ततः संवृत्यतल्लोप्त्रींविदधीतपृथक्पृथक् । पुनस्तांवेल्लयेल्लोप्त्रींयथास्यान्मण्डलाकृतिः॥ ततस्तांसुपचेदाज्येभवेयुश्चपुटाःस्फुटाः । सुगन्धयाशर्करयातदुद्धूलनमाचरेत् ॥ सिद्धैषाफेनिकानाम्नीमण्डकेनसमागुणैः । ततःकिञ्चिल्लघुरियंविशेषोऽयमुदाहतः ॥ प्रसारयेत्वेल्लनः वेलनइतिलोके ॥ पर्प्पटीरोटी । लोप्त्रींलोईइतिलोके ॥ ४३

फेनी की विधि ॥

घृतयुक्त मैदाकी लम्बी बत्ती बनावे फिर उनको निकट रखकर बेलनसे बेले फिर एकरोटी सी [illegible] जानेपर चक्कूसे मिलीहुई को चीरे इसके पीछे (शट्टक) चावलों का आटा घी और जल (यह तीनो मिलेहुये शट्टक कहलातेहैं) को उस पर लेपकरके फिर उन चिरीहुई पट्टियोंको लपेटकर अलग २ करले और उनको मण्डलाकार बनाके बेले और घीमें पकाले तब तार २ अलग होजायँगे इसको सुगन्धि युक्त शक्कर में लपेटे यह फेनिका कहलती है इसमें मांठ (बालूसाई) के समान गुण होते हैं और विशेष करके कुछ हलकापन भी होताहै ॥ ४३ ॥

अथ शष्कुलीसोहाली इतिलोके ॥

समितायाघृताक्तायालोप्त्रींकृत्वाचवेल्लयेत् । आज्येतांभर्जयेत्सिद्धांशष्कुलीफेनिकागुणा ॥ ४४ ॥

सुहालीकी विधि ॥

घृतयुक्त मैदाकी लोईको बेलकर घीमें पकानेसे शष्कुलीकहलातीहै इसमें फेनीकेसमानगुण होतेहैं ४४

अथ सेवीकामोदकसेवकालाडू ॥

घृताढ्ययासमितयाकृत्वासूत्राणितानितु । निपुणोभर्जयेदाज्येखण्डपाकेनयोजयेत् ॥ युक्तेनमोदकान्कुर्य्यात्तेगुणैर्मण्डकायथा ॥ ४५ ॥

सेवके लड्डुओंकी विधि ॥

घृत युक्त मैदाके सूत्रोंको घीमें पकाकर फिर खांडके पाकमें लड्डू बनावे इन में मांठके समान गुण होते हैं ॥ ४५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ मुक्तामोदका मोतिलाडू ॥

मुद्गानांधूमसींसम्यग् घोलयेन्निर्मलाऽम्बुना। कटाहस्थघृतस्योर्ध्वं झर्झरंस्थापयेत्ततः॥ धूमसीन्तुद्रवीभूतां प्रक्षिपेद् झर्झरोपरि। पतन्तिबिंदवस्तस्मात्तान्सुपक्कान्समुद्धरेत्॥ सितापाकेनसंयोज्य कुर्य्याद्धस्तेनमोदकान् ॥ झर्झरंझर्झराइतिलोके। लघुर्ग्राहीत्रिदोषघ्नःस्वादुःशीतोरुचिप्रदः॥ चक्षुष्योज्वरहृद्बल्यस्तर्पणोमुद्गमोदकः ॥ ४६ ॥

मूंगके मोतीचूरके लड्डू ॥

मूंगकी धुआंसको स्वच्छ जल में घोलै फिर घीसे भरीहुई कढ़ाई के किनारे पर रक्खे हुए झरने में उसको छोडे उससे बुंदें गिरती हैं उनको पकाकर निकालले फिर शक्कर के पाक में उनके लड्डू बनाले मूंगके लड्डू हलके, ग्राही, त्रिदोषनाशक, मधुर, शीतल, रुचिकारी, नेत्रोंकोहित, ज्वरघ्न, बलकारी और तृप्तिकारक होतेहैं ॥ ४६ ॥

अथ वेशनमोदकः। सेवका लडुआ ॥

एवमेवप्रकारेण कार्य्यावेशनमोदकाः । तेबल्यालघवःशीताःकिञ्चिद्वातकरास्तथा ॥ ...नोज्वरघ्नाश्च पित्तरक्तकफापहाः ॥ ४७ ॥

बेशन की बूंदीके लड्डू ॥

...लड्डू भी मूंगकेही लड्डुओंके समान करने चाहिये यह. बलकारक, हलके, शीतल, कुछ ...विष्टम्भी और ज्वर, रक्तपित्त तथा कफनाशक होते हैं ॥ ४७ ॥

दुग्धकूपिका ॥

तण्डुलचूर्णविमिश्रितनष्टक्षीरेणसान्द्रपिष्टेन । दृढकूपिकांविदध्यात्ताञ्चपचेत्सर्पिषा सम्यक् ॥ अथतांकोरितमध्यांघनपयसापूर्णगर्भाञ्च । शङ्कमुद्रितवदनांसर्पिषिसपक्कव दनाञ्च ॥ अथपाण्डुखण्डपाकेस्नापयेत्कर्पूरवासितेकुशलः । अथदुग्धकूपिकासाबल्या पित्तानिलापहा ॥ वृष्याशीतागुर्वीशुक्रकरीबृंहणीरुच्या । विदधातिकायपुष्टिंदृष्टिंदूर प्रसारिणींसुचिरम् ॥ ४८ ॥ दुग्धकूपिका की विधि और गुण ॥

फटे दूधमें चावल के आटे को मिलाके उसको अच्छेप्रकार से पीसले फिर उसकी दृढ़ कुप्पी बनाकर घीमें अच्छी तरह सेंकले इसके उपरान्त इसमें गाढ़ा दूध भरके ऊपर कहेहुए फटेदूध में पीसेहुए चावलके चूरेसे उसके मुखको बंदकरके घीमें पकाले फिर उसे कपूरयुक्त श्वेत शक्करकी चासनी में पागले उसको दुग्धकूपिका कहते हैं यह. बलकारक, वातपित्तनाशक, शीतल, भारी, वीर्य-वर्द्धक, तृप्ति तथा रुचिकारी शरीर को पुष्ट करनेवाली और दृष्टिवर्द्धक होती है ॥ ४८ ॥

कुण्डलिनीजलेबी ॥

नूतनंघटमानीयतस्यान्तःकुशलोजनः । प्रस्थार्द्धपरिमाणेनदध्नाऽम्लेनप्रलेपयेत् ॥ द्विप्रस्थांसमितांतत्रदध्यम्लंप्रस्थसम्मितम् । घृतमर्द्धशरावञ्चघोलयित्वाघृतेक्षिपेत् ॥ आतपेस्थापयेत्तावद्यावद्यातितदम्लताम् । ततस्तत्प्रक्षिपेत्पात्रेसच्छिद्रेभाजनेतुतत् ॥ परिभ्राम्यपरिभ्राम्यतत्तन्तप्तेघृतेक्षिपेत्। पुनःपुनस्तदावृत्त्याविदध्यान्मण्डलाकृतिम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तांसुपक्कांघृतान्नीत्वासितापाकेतनुद्रवे । कर्पूरादिसुगन्धञ्चस्नापयित्वोद्धरेत्ततः ॥ एषा कुण्डलिनीनाम्नापुष्टिकान्तिबलप्रदा । धातुवृद्धिकरीवृष्यारुच्याचक्षिप्रतर्पणी ॥ ४९ ॥

जलेबी की विधि और गुण ॥

नवीन घटलाकर उसमें आधसेर खट्टे दहीका लेपकरे फिर दोसेर मैदा एकसेर खट्टादही और पावभर घी घोलकर उसमें छोडे यह छोडकर जबतक खट्टा न होजाय तबतक धूपमें रक्खे फिर उसको छिद्रयुक्त पात्रमें लेकर तपेहुए घीमें वारंवार घुमा २ कर मण्डलाकार बनाकर पकजाने पर कर्पूरादिकोंसे सुगन्धित शक्करकी चासनी में डुबोवे इसको कुण्डलिनी कहते हैं यह.पुष्टिकारक,कान्तिवर्द्धक,बलिष्ट धातु तथा वीर्यवर्द्धक, रुचिकारी और इन्द्रियोंको तृप्ति करनेवाली होतीहै ॥ ४९ ॥

अथ पश्चात्परिवेश्याणि सिखरिणी ॥

आर्दौमाहिषमम्लमम्बुरहितंदध्याढकंशर्करां शुभ्रांप्रस्थयुगोन्मितांशुचिपटेकिञ्चिञ्चकिञ्चित्क्षिपेत् । दुग्धेनार्द्धघटेनमृन्मयनवस्थाल्यांदृढंस्रावयेदेलाबीजलवङ्गचन्द्रमरिचैर्योग्यैश्चतद्योजयेत् ॥ भीमेनप्रियभोजनेनरचितानाम्नारसालास्वयं श्रीकृष्णेनपुरापुनःपुनरियंप्रीत्यासमास्वादिता ॥ एषायेनवसन्तवर्जितदिनेसंसेव्यतेनित्यशस्तस्य स्यादतिवीर्य्यवृद्धिरनिशंसर्वेन्द्रियाणांबलम् ॥ ग्रीष्मेतथाशरदियेरविशोषि[illegible] अग्नि में चप्रमत्तवनितासुरतातिखिन्नाः । येचापिमार्गपरिसर्पणशीर्णगात्रास्तेषामियं[illegible] कफक्षुरक, णमाशुकुर्य्यात् ॥ रसालाशुक्रलाबल्यारोचिनीवातपित्तजित् । दीपिनीबृंहणी[illegible] [illegible]॥ धुराशिशिरासरा । रक्तपित्तंतृषांदाहंप्रतिश्यायंविनाशयेत् ॥ ५० ॥

भोजन के पीछे परोसने की वस्तु । शिखरन की विधि और गुण ॥

पहले जलरहित भैंसके १६ सेर खट्टे दही और आठसेर शक्करको श्वेतवस्त्र में थोडी २ छोडे फिर आधे घडे दूध से नये मृत्तिकाके पात्र में छानलेवे और इसमें यथायोग्य इलायची, लौंग, कपूर और मिर्च डाले यह भोजन प्रिय भीमसेन से बनाई गई रसाला कहलाती है पूर्वकाल में श्रीकृष्णजीने प्रीतिपूर्वक वारंवार इसका स्वादु लियाथा जो मनुष्य वसन्तऋतुको छोडकर नित्य इसका सेवन करते हैं उनके अत्यन्त वीर्यकी वृद्धि और इन्द्रियों में बल होताहै जो मनुष्य ग्रीष्म तथा शरदृतुकी धूपसे अत्यन्त संतप्त अथवा मदोन्मत्त स्त्रियोंके साथ भोग करने से अत्यन्त खिन्न और मार्ग में चलने से जिनके अंग शिथिल होगये हैं उनके शरीर में यह शिखरन अत्यन्त शीघ्र पुष्टता को करतीहै शिखरन. वीर्यवर्द्धक, बलकारी, रुचिकारी, वातपित्तनाशक, दीपन, धातुवर्द्धक,स्निग्ध, मधुर,शीतल, दस्तावर और रक्तपित्त,तृषा,दाह तथा पीनसनाशक होती है ॥ ५० ॥

शर्करोदकशर्बत ॥

जलेनशीतलेनैवघोलिताशुभ्रशर्करा । एलालवङ्गकर्पूरमरिचैश्चसमन्विता ॥ शर्करोदकनाम्नातत्प्रसिद्धंविदुषांमुखे । शर्करोदकमाख्यातंशुक्रलंशिशिरंसरम् ॥ बल्यं रुच्यंलघुस्वादुवातपित्तप्रणाशनम् । मूर्च्छाछर्दितृषादाहज्वरशान्तिकरम्परम् ॥ ५१ ॥

शर्बत की विधि और गुण ॥

शीतल जलसे श्वेत शक्कर को घोलके इसमें इलायची, लौंग, कपूर और मिर्च मिलावे इसको

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुराणघृतस्य गुणाः ॥

वर्षादूर्ध्वंभवेदाज्यंपुराणंतत्त्रिदोषनुत् । मूर्च्छाकुष्ठविषोन्मादापस्मारतिमिरापहम् ॥ यथायथाऽखिलंसर्पिः पुराणमधिकंभवेत् । तथातथाऽगुणैःस्वैःस्वैरधिकंतदुदाहृतम् ॥ ११ ॥

पुराने घीके गुण ॥

एकवर्षके रक्खेहुये घीको पुराना घृत कहते हैं यह, त्रिदोषनाशक और मूर्च्छा, कुष्ठ, विष, उन्माद, मृगी तथा तिमिरनाशक होताहै संपूर्ण घी जैसे २ पुराने होते हैं वैसेही वैसे अपने २ गुणोंमें अधिक होते हैं ११

अथ नूतनस्यघृतस्यविषयाः ॥

योजयेन्नवमेवाज्यंभोजनेतर्पणेश्रमे । बलक्षयेपाण्डुरोगेकामलानेत्ररोगयोः ॥ १२ ॥

नवीनघीके विषय ॥

भोजन, तृप्ति, श्रम, बलकानाश, पांडुरोग, कामला तथा नेत्ररोग में नवीन घृतको काम में लाना चाहिये ॥ १२ ॥

घृतप्रयोगस्याविषयाः ॥

राजयक्ष्मणिबालेचवृद्धेश्लेष्मकृतेगदे । रोगेसामेविषूच्याञ्चविबन्धेचमदात्यये ॥ ज्वरेचदहनेमन्देनसर्पिर्बहुमन्यते ॥ १३ ॥

इति श्रीभावप्रकाशेघृतवर्गः ॥

घीदेनेमें निषेध कियेहुये स्थान ॥

राजयक्ष्मा, कफरोग, आमयुक्तरोग, विसूचिका, विबन्ध, मदात्यय, ज्वर तथा मन्दाग्निमें और बालक तथा वृद्धोंको बहुत घी उपकारी नहीं है ॥ १३ ॥

इति भावप्रकाशस्यभाषानुवादे घृतवर्गः समाप्तः ॥

अथ मूत्रवर्गस्तत्रगोमूत्रगुणाः ॥

गोमूत्रंकटुतीक्ष्णोष्णंक्षारंतिक्तकषायकम् । लघ्वग्निदीपनंमेध्यंपित्तकृत्कफवातहृत् ॥ शूलगुल्मोदरानाहकण्ड्वक्षिमुखरोगजित् । किलासगदवातामवस्तिरुक्कुष्ठनाशनम् ॥ कासश्वासापहंशोथकामलापाण्डुरोगहृत् । कण्डूकिलासगदशूलमुखाक्षिरोगान् गुल्मातिसारमरुदामयमूत्ररोधान् ॥ कासंसकुष्ठजठरकृमिपाण्डुरोगान् गोमूत्रमेकमपिपीतमपाकरोति ॥ सर्वेष्वपिचमूत्रेषुगोमूत्रंगुणतोऽधिकम् । अतोऽविशेषात्कथनेमूत्रंगोमूत्रमुच्यते ॥ प्लीहोदरश्वासकासशोथवर्चोग्रहापहम् । शूलगुल्मरुजानाहकामलापाण्डुरोगहृत् ॥ कषायंतिक्ततीक्ष्णञ्चपूरणात्कर्णशूलनुत् ॥ १ ॥

अथ मूत्रवर्गः । गोमूत्र के गुण ॥

गोमूत्र-कटु, तीक्ष्ण, उष्ण, क्षार, तिक्त, कषैला, हलका, दीपन, मेधाकोहित, पित्तकारी और कफ, वात, शूल, गुल्म, उदर, आनाह, खुजली, नेत्ररोग, मुखरोग, किलास, आमवात, वस्तिरोग, कुष्ठ, खांसी, श्वास, सूजन, कामला तथा पाण्डुरोग नाशक होताहै ग्रन्थान्तरमें कहाहुआहै, कि एक गोमूत्रपान करनेसे खुजली, किलास, शूल, मुखरोग, नेत्ररोग, गुल्म, अतीसार, वातरोग, मूत्राघात, खांसी, कुष्ठ, उदर, कृमि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

और पाण्डु इन सब रोगोंको नाशकरताहै सम्पूर्ण मूत्रोंमें गोमूत्र अधिक गुणवाला होताहै इसीकारण से जहां सामान्यतासे मूत्र कहाहो वहां गोमूत्रही का व्यवहार करना चाहिये गोमूत्र कषैला, तिक्त, तीक्ष्ण और प्लीहा, उदर, श्वास, खांसी, सूजन, मलका रुकना, शूल, गुल्म, आनाह, कामला तथा पाण्डु रोगनाशक और कानोंमें भरनेसे कानकी पीड़ाका नाश होताहै ॥ १ ॥

मानुषमूत्रगुणाः ॥

नरमूत्रंगरंहन्तिसेवितन्तद्रसायनम् । रक्तपामाहरंतीक्ष्णंसक्षारलवणंस्मृतम् ॥ गोजाविमहिषीणांतुस्त्रीणांमूत्रंप्रशस्यते । खरोष्ट्रेभनराश्वानांपुंसांमूत्रंहितंस्मृतम् ॥ २ ॥

इति श्रीभावप्रकाशेमूत्रवर्गः ॥

मनुष्यके मूत्रके गुण ॥

मनुष्यका मूत्र.गरदोषनाशक, रसायन, रक्तदोष तथा खुजलीनाशक, तीक्ष्ण, क्षार और नमकीन होताहै गौ, बकरी, भेड़ और भैंस इनमें स्त्रीजाति (मादा) कामूत्र श्रेष्ठहै गदहा, ऊंट, हाथी, मनुष्य और घोड़ा इनमें नरजातिकामूत्र श्रेष्ठहै ॥ २ ॥

इति भावप्रकाशस्यभाषानुवादे मूत्रवर्गः समाप्तः ॥

अथ तैलवर्गः । तत्रतैलस्य स्वरूपनिरूपणम् ॥

तिलादिस्निग्धवस्तूनांस्नेहस्तैलमुदाहृतम् । तन्तुवातहरंसर्वंविशेषात्तिलसम्भवम् ॥ १ ॥

अथ तैलवर्ग ॥ तेलके स्वरूपका वर्णन ॥

तिल आदिक स्निग्ध वस्तुओंके स्नेहको तैल कहते हैं सम्पूर्ण तेल वातनाशक होते हैं और तिल का तेल विशेष करके बादीको हरताहै ॥ १ ॥ अथ तिलतैलगुणाः ॥

तिलतैलंगुरुस्थैर्यबलवर्णकरंसरम् । वृष्यंविकाशिविशदंमधुरंरसपाकयोः ॥ सूक्ष्मंकषायानुरसंतिक्तंवातकफापहम् । वीर्येणोष्णंहिमंस्पर्शेबृंहणंरक्तपित्तकृत् ॥ लेखनंबद्धविण्मूत्रंगर्भाशयविशोधनम् । दीपनंबुद्धिदंमेध्यंव्यवायिव्रणमेहनुत् ॥ श्रोत्रयोनिशिरःशूलनाशनंलघुताकरम् । त्वच्यंकेश्यञ्चचक्षुष्यमभ्यङ्गेभोजनेऽन्यथा ॥ छिन्नभिन्नच्युतोत्पिष्टमथितक्षतपिच्चिते । भग्नस्फुटितविद्धाग्निदग्धविश्लिष्टदारिते ॥ तथाभिहतनिर्भुग्नमृगव्याघ्रादिविक्षते । वस्तौपानेऽन्नसंस्कारेनस्येकर्णाक्षिपूरणे ॥ सेकाभ्यङ्गावगाहेषुतिलतैलंप्रशस्यते । ननुबृंहणलेखनयोःकथंसामानाधिकरण्यमित्याह । रूक्षादिदुष्टःपवनःस्रोतःसङ्कोचयेद्यदा । रसोसम्यग्वहन्कार्श्यंकुर्य्याद्रक्ताद्यवर्द्धयन् ॥ तेषुप्रवेष्टुंसरत्वसौक्ष्म्यस्निग्धत्वमार्दवैः । तैलंक्षमंरसेनेतुंकृशानांतेनबृंहणम् ॥ व्यवायिसूक्ष्मतीक्ष्णोष्णसरत्वैर्मेदसःक्षयम् । शनैःप्रकुरुतेतैलंतेनलेखनमीरितम् ॥ द्रुतंपुरीषंबध्नातिस्खलितंतत्रवर्त्तयेत् । ग्राहकंसारकञ्चापितेनतैलमुदीरितम् ॥ घृतमब्दात्परंपक्कंहीनवीर्यंप्रजायते । तैलपक्कमपक्कंवाचिरस्थायिगुणाधिकम् ॥ २ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तिलके तेलके गुण ॥

तिलका तेल.भारी,स्थिरताकारक,बल तथा वर्णवर्द्धक, दस्तावर,पुष्टिकारक,विकाशी, विशद,रस तथा पाकमें मधुर, सूक्ष्म, कुछ कषैला, तिक्त, वातघ्न,कफनाशक,वीर्यमें उष्ण, स्पर्शमें शीतल,धातुवर्द्धक, रक्तपित्तकारी, कृशताकारी, मलमूत्ररोधक, गर्भाशय शोधन, दीपन, बुद्धिदायक,मेधाको हित, व्यवायि,घावनाशक,प्रमेहनाशक,वर्ण तथा योनि शूलनाशक,शिरकी पीड़ाका दूरकरनेवाला शरीरको हलका करनेवाला और शरीरमें लगानेसे त्वचा,केश तथा नेत्रोंकोहित परन्तु खानेसे त्वचा आदिकोंको अहित होताहै यह छिन्न,भिन्न,च्युत,मथित,उत्पिष्ट,क्षत,पिच्चित,भग्न,स्फुटित,विद्ध,अग्निदग्ध,विश्लिष्ट,विदारित,अभिहत,निर्भुग्न,मृग तथा व्याघ्र आदिकोंसे विक्षत (इन शब्दोंका विशेष अर्थ भग्न निदानमें कियाहै) पुरुषोंको वास्तिक्रियामें पानकरने में अन्नके संस्कार में नासलेने में कान तथा नेत्रोंके भरनेमें परिषेक में अभ्यंगमें और अवगाहमें श्रेष्ठ होताहै यहांपर यह सन्देह होसक्ताहै कि एकही वस्तुमें लेखन (कृशताकरना) और बृंहण (धातुओंका बढना) यह दोनों गुण कैसे होसक्ते हैं? इसका उत्तर यहहै कि जिससमय रूक्षादि वस्तुओंके सेवनसे दूषित वायु स्रोतोंको संकुचित करताहै तब रस अच्छप्रकारसे बह नहीं सक्ताहै इससे रुधिरादिकोंकी वृद्धि न होने से कृशता होती है सर सूक्ष्मता स्निग्धता और मृदुतासे तेल रसके लेजानेको समर्थ होताहै इसीसे कृशपुरुषोंकेलिये धातुवर्द्धक होताहै व्यवायी, सूक्ष्म,तीक्ष्ण, उष्ण और सर इन गुणोंके द्वारा तेल धीरे २ मेद धातुको क्षयकरताहै इसलिये पुष्टताकारक कहलाताहै तेल पतले मलको बांधताहै इससे ग्राही और स्खलित मलको निकालताहै इससे दस्तावर कहलाताहै एकवर्षका पुराना पकाहुआ घी हीन वीर्य होजाताहै परंतु तेल कच्चाहो वा पक्का जितना पुराना होगा उतनाही अधिक गुणकारी होगा ॥ २ ॥

सर्षपराजिक तैलगुणाः ॥

दीपनंसार्षपंतैलंकटुपाकरसंलघु । लेखनंस्पर्शवीर्य्योष्णंतीक्ष्णपित्तास्रदूषकम् ॥ कफमेदोऽनिलार्शोघ्नंशिरःकर्णामयापहम् । कण्डूकुष्ठकृमिश्वित्रकोठदुष्टकृमिप्रणुत् ॥ तद्वद्राजिकयोस्तैलंविशेषान्मूत्रकृच्छ्रकृत् । राजिकयोःकृष्णराईआरक्तराईद्वयोः ॥ ३ ॥

सरसों और राईके तेलके गुण ॥

सरसोंका तेल.दीपन, रस तथा पाकमें कटु,हलका,कृशताकारक, स्पर्श तथा वीर्य में उष्ण,तीक्ष्ण, रक्तपित्तदूषक और कफ,मेद,वात, बवासीर, शिरके रोग, कानके रोग, खुजली, कुष्ठ,कृमि, श्वेतकुष्ठ, कोठ तथा दुष्ट घावनाशक होताहै कृष्ण तथा लाल राईका तेलभी इसी के समान गुणकारी होताहै और विशेषकरके मूत्रकृच्छ्रकारी होताहै ॥ ३ ॥

तुवरीतैलगुणाः ॥

तीक्ष्णोष्णंतुवरीतैलंलघुग्राहिकफास्रजित् । वह्निकृद्विषहृत्कण्डूकुष्ठकोठकृमिप्रणुत् ॥ मेदोदोषापहञ्चापिव्रणशोथहरंपरम् ॥ ४ ॥

तुबरीतेलके गुण ॥

तुबरीका तेल.तीक्ष्ण, उष्ण, हलका, ग्राही,दीपन और कफ,रक्तदोष, विष, खुजली,कुष्ठ,कोठ,कृमि, मेददोष, घाव तथा सूजनका अत्यन्तनाशक होताहै ॥ ४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ अतसीतैलगुणाः ॥

अतसीतैलमाग्नेयंस्निग्धोष्णंकफपित्तकृत्। कटुपाकमचक्षुष्यंबल्यंवातहरंगुरु ॥ मलकृद्रसतःस्वादुग्राहित्वग्दोषहृद्घनम्। वस्तौपानेतथाभ्यङ्गेनस्येकर्णस्यपूरणे ॥ अनुपानविधौचापिप्रयोज्यंवातशान्तये ॥ ५ ॥

अलसीके तेलके गुण ॥

अलसीका तेल. अग्निके गुणवाला, स्निग्ध, उष्ण, कफ तथा पित्तवर्द्धक, पाकमें कटु, नेत्रोंको अहित, बलकारी, वातनाशक, भारी, मलवर्द्धक, मधुर, ग्राही, त्वचाके दोषों का नाशक और घना होताहै वस्ति क्रिया पान अभ्यङ्ग (तेल लगाना) नास कानोंका भरना अनुपान और वातकी शान्ति करनेकेलिये अलसीका तेल श्रेष्ठहै ॥ ५ ॥

वररेतैलगुणाः ॥

कुसुम्भतैलमम्लंस्यादुष्णंगुरुविदाहि च ॥ चक्षुर्भ्यामहितंबल्यंरक्तपित्तकफप्रदम् ६॥

कुसुमके तेलके गुण ॥

कुसुमका तेल. खट्टा, उष्ण, भारी, विदाही, नेत्रोंको अहित, बलकारी और रक्तपित्त तथा कफकारक होता है ॥ ६ ॥

अथ खाखसबीजतैलस्यगुणाः

तैलंतुखसबीजानांबल्यंवृष्यंगुरुस्मृतम्। वातहृत्कफहृच्छीतंस्वादुपाकरसंचतत् ७॥

खसखसके तेलके गुण ॥

खसखसका तेल. बलकारी, पुष्टिदायक, भारी, वातनाशक, कफघ्न, शीतल और रस तथा पाक में मधुर होता है ॥ ७ ॥

एरण्डतैलगुणाः ॥

एरण्डतैलंतीक्ष्णोष्णंदीपनंपिच्छिलंगुरु । वृष्यंत्वच्यंवयःस्थापिमेधाकान्तिबलप्रदम् ॥ कषायानुरसंसूक्ष्मंयोनिशुक्रविशोधनम्। विस्रंस्वादुरसेपाकेसतिक्तंकटुकंसरम् ॥ विषमज्वरहृद्रोगपृष्ठगुह्यादिशूलनुत्। हन्तिवातोदरानाहगुल्माष्ठीलाकटिग्रहान् ॥ वातशोणितविड्बन्धव्रध्नशोथामविद्रधीन्। आमवातगजेन्द्रस्यशरीरवनचारिणः ॥ एकएव निहन्तायमेरण्डस्नेहकेसरी ॥ ८ ॥

रेंडीके तेलके गुण ॥

रेंडीका तेल. तीक्ष्ण, उष्ण, दीपन, पिच्छिल, भारी, पुष्टिकारक, त्वचाकोहित, अवस्थाको स्थिररखनेवाला, मेधाकारी, कान्ति तथा बलकारी, कुछ कषैला, सूक्ष्म योनि तथा वीर्यशोधक, दुर्गन्धियुक्त, रस तथा पाक में मधुर, तिक्त, कटु, दस्तावर और विषमज्वर, हृदयरोग, पीठकी पीडा, गुह्यकाशूल, वात, उदर, आनाह, गुल्म, अष्ठीला, कटिग्रह, वातरक्त, मलका रुकना, बद, सूजन, आम तथा विद्रधिनाशक होताहै शरीररूपी वनमें विचरते हुए आमवातरूपी हाथीको मारनेवाला केवल सिंहरूप रेंडीका तेलही है ॥ ८ ॥

रालतैलगुणाः ॥

तैलंसर्जरसोद्भूतंविस्फोटव्रणनाशनम्। कुष्ठपामाकृमिहरंवातश्लेष्मामयापहम् ९ ॥

रालके तेलके गुण ॥

रालका तेल. विस्फोट, घाव, कुष्ठ, खुजली, कृमि और वात कफके रोगोंका नाशक होताहै ॥ ९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सर्वतैलगुणाः ॥

तैलंस्वयोनिगुणकृद्वाग्भटेनाखिलंमतम्॥ अतःशेषस्यतैलस्यगुणाज्ञेयाःस्वयोनिवत् १०

इति श्रीभावप्रकाशेतैलवर्गः ॥

संपूर्ण तेलोंके गुण ॥

वाग्भटने कहाहै कि जिस वस्तुका तेल होताहै उसमें उसीके समान गुण होते हैं इससे जो तेल नहीं लिखेगये हैं उनमें उनके कारणके समान गुण जानने चाहिये ॥ १० ॥

इति भावप्रकाशस्यभाषानुवादेतैलवर्गःसमाप्तः ॥

अथ सन्धानवर्गः। तत्रकाञ्जिकस्यलक्षणंगुणाश्च ॥

सन्धितंधान्यमण्डादिकाञ्जिकंकथ्यतेजनैः । काञ्जिकंभेदितीक्ष्णोष्णंरोचनंपाचनं लघु॥ दाहज्वरहरंस्पर्शात्पानाद्वातकफापहम् । माषादिवटकैर्यत्तुक्रियतेतद्गुणाधिकम् ॥ शोष लघुवातहरन्तत्तुरोचनंपाचनंपरम् । शूलाजीर्णविबन्धाननाशनंवस्तिशोधनम् ॥ शोष मूर्च्छाभ्रमार्त्तानांमदकण्डूविशोषिणाम्। कुष्ठिनांरक्तपित्तीनांकाञ्जिकंनप्रशस्यते॥ पाण्डु रोगेयक्ष्मणिचतथाशोषातुरेषुच। क्षतक्षीणेतथाश्रान्ते मन्दज्वरनिपीडिते ॥ एतेषान्तु हितंप्रोक्तंकाञ्जिकंदोषकारकम् ॥ १ ॥

अथ संधान (अचार) वर्ग। कांजीके लक्षण और गुण ॥

संधान कियेहुए धान्यके मण्ड आदिको कांजिक कहते हैं कांजी भेदक, तीक्ष्ण, उष्ण, रुचिकारी, पाचक और हलकी होती है इसके स्पर्श करने से दाह तथा ज्वर का नाश होता है और पान करने से वात और कफका नाश होताहै उर्द आदिके बड़ों से जो कांजी बनतीहै वह. अधिक गुणवाली, हलकी, वातनाशक, रुचिकारी, अत्यन्त पाचक, वस्तिशोधक और शूल, अजीर्ण, विबन्ध तथा आमदोषनाशक होती है शोष, मूर्च्छा, श्रम, मदरोग, खुजली, कुष्ठ तथा रक्तपित्तरोगवाले पुरुषोंको कांजी हितकारी नहीं है पाण्डुरोग, राजयक्ष्मा, शोषरोग, क्षतक्षीण, श्रम और मन्दज्वर में कांजी दोषकारी होतीहै ॥ १ ॥

अथ तुषोदकस्यलक्षणंगुणाश्च ॥

तुषोदकंयवैरामैःसतुषैःशकलीकृतैः। यवैरुदकेसंहितैःसन्धानवर्गोक्तत्वात्॥ तुषाम्बु दीपनंहृद्यंपाण्डुकृमिगदापहम्। तीक्ष्णोष्णंपाचनंपित्तरक्तकृद्वस्तिशूलनुत् ॥ २ ॥

तुषोदक के लक्षण और गुण ॥

भूसी समेत कच्चे जवोंको कूटकर जो कांजी बनाई जातीहै उसको तुषोदक कहते हैं तुषोदक. दीपन, हृदयकोहित, तीक्ष्ण, उष्ण, पाचक, रक्तपित्तकारी और पाण्डु, कृमि, तथा वस्तिशूल नाशक होताहै ॥ २ ॥

अथ सौवीरस्य लक्षणंगुणाश्च ॥

सौवीरन्तुयवैरामैःपक्वैर्वानिस्तुषैःकृतम् । गोधूमैरपिसौवीरमाचार्य्याःकेचिदूचिरे ॥ सौवीरन्तुग्रहण्यर्शःकफघ्नंभेदिदीपनम्। उदावर्त्ताङ्गमर्दास्थिशूलानाहेषुशस्यते ॥ ३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सौवीरके लक्षण और गुण ॥

भूसीविना पक्के अथवा कच्चे जवोंको कूटकर जो संधान कियाजाताहै उसको सौवीर कहते हैं कोई कोई आचार्य गेहुँओंकोभी सौवीर कहते हैं सौवीर. ग्रहणी तथा बवासीरनाशक, कफघ्न, भेदक, दीपन, और उदावर्त्त, अङ्गमर्द, हड्डियोंकी पीडा तथा आनाहनाशक होताहै ॥ ३ ॥

अथारनालस्य लक्षणं गुणाश्च ॥

आरनालन्तुगोधूमैरामैःस्यान्निस्तुषीकृतैः। पक्वैर्वासन्धितैस्तत्तुसौवीरसदृशंगुणैः ॥ ४ ॥

आरनाल के लक्षण और गुण ॥

विना भूसीके कच्चे अथवा पक्के गेहुँओं के संधान को आरनाल कहते हैं इसमें सौवीर के समान. गुण होतेहैं ॥ ४ ॥ अथ धान्याम्लस्य लक्षणंगुणाश्च ॥

धान्याम्लशालिचूर्णञ्चकोद्रवादिकृतंभवेत्। धान्याम्लंधान्ययोनित्वात्प्रीणनंलघुदीपनम् ॥ अरुचीवातरोगेषुसर्वेष्वास्थापनेहितम् ॥ ५ ॥

धान्याम्ल के लक्षण और गुण ॥

शालिचूर्ण और कोदों आदिकों के द्वारा जो संधान होताहै उसको धान्याम्ल कहते हैं धान्याम्ल. धान्यसे उत्पन्न होनेके कारण प्रीतिकारक, हलका, दीपन और अरुचि, संपूर्ण वातरोग तथा आस्थापन में हितकारी होताहै ॥ ५ ॥ अथ शिण्डाक्यालक्षणंगुणाश्च ॥

शिण्डाकीराजिकायुक्तैःस्यान्मूलकदलद्रवैः। सर्षपस्वरसैर्वापिशालिपिष्टकसंयुतैः ॥ सन्धितैरितिशेषः। शिण्डाकीरोचनीगुर्वीपित्तश्लेष्मकरीस्मृता ॥ ६ ॥

शिण्डाकी के लक्षण और गुण ॥

राई समेत मूली के पत्तोंके रससे अथवा चावल की पिट्ठी समेत सरसों के रससे जो संधान बनताहै उसको शिण्डाकी कहतेहैं शिण्डाकी. रुचिकारक, भारी और कफपित्तवर्द्धक होताहै ॥ ६ ॥

अथ शुक्तस्यलक्षणंगुणाश्च ॥

कन्दमूलफलादीनिसस्नेहलवणानिच । यत्रद्रव्येऽभिषूयन्तेतच्छुक्तमभिधीयते ॥ शुक्तंकफघ्नंतीक्ष्णोष्णंरोचनंपाचनंलघु। पाण्डुकृमिहरंरूक्षंभेदनंरक्तपित्तकृत् ॥ ७ ॥

जिस द्रव पदार्थ में तेल और लवणयुक्त कन्दमूल और फलादिक छोडे जायँ उसको शुक्त कहते हैं शुक्त. कफनाशक, तीक्ष्ण, उष्ण, रुचिकारी, पाचक, हलका, पाण्डु तथा कृमिनाशक, रूखा, भेदक और रक्त पित्तकारी होताहै ॥ ७ ॥

अथ सन्धानस्यलक्षणंगुणाश्च ॥

कन्दमूलफलाढ्यंयत्तत्तुविज्ञेयमासुतम्। तद्रुच्यंपाचनंवातहृल्लघुविशेषतः ॥ ८ ॥

संधान के लक्षण और गुण ॥

अधिक कन्दमूल और फलोंकरके युक्त संधान कियेहुए द्रव पदार्थको आसुत कहते हैं आसुत. रुचिकारी, पाचक, वातनाशक और हलका होताहै ॥ ८ ॥

अथ मद्यस्यनामानिलक्षणंगुणाश्च ॥

मद्यन्तुशीधुमैरेयमिराचमदिरासुरा। कादम्बरीवारुणीचहालापित्रलवल्लभा ॥ प्रेयं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

न्मदकंलोकेतन्मद्यमभिधीयते। यथारिष्टंसुराशीधुरासवाद्यमनेकधा॥ मद्यंसर्वंभवेदुष्णंपित्तकृद्वातनाशनम्। भेदनंशीघ्रपाकञ्चरूक्षंकफहरंपरम्॥ अम्लञ्चदीपनंरुच्यंपाचनंचाशुकारिच। तीक्ष्णंसूक्ष्मञ्चविशदंव्यवायिचविकाशिच॥ ९॥

मद्यके नाम लक्षण और गुण॥

मद्य, शीधु, मैरेय, मिरा, मदिरा, सुरा, कादम्बरी, वारुणी, हाला और बलबल्लभा यहमद्यकेनामहैं लोकमें मदकारी पीने के पदार्थों को मद्य कहतेहैं जैसे अरिष्ट सुरा शीधु और आसवादिक अनेक प्रकार हैं सब प्रकारके मद्य. उष्ण, पित्तवर्द्धक, वातनाशक, भेदक, शीघ्र पचनेवाले, रूखे, अत्यन्त कफनाशक, खट्टे, दीपन, रुचिकारी, पाचक, शीघ्रताकारी, तीक्ष्ण, सूक्ष्म, विशद, व्यवायी और विकाशी होते हैं॥ ९॥

अथारिष्टस्यलक्षणंगुणाश्च॥

पक्वौषधाम्बुसिद्धंयन्मद्यंतत्स्यादरिष्टकम्। अरिष्टंमद्यमितिलोके॥ यथाद्राक्षारिष्टम्। दशमूलारिष्टम्॥ बब्बूलारिष्टमिति अरिष्टंलघुपाकेनसर्वतश्चगुणाधिकम्। अरिष्टस्यगुणाज्ञेयाबीजद्रव्यगुणैःसमाः॥ १०॥

अरिष्ट के लक्षण और गुण॥

औषध और जलको पकाकर जो मद्य बनताहै उसको अरिष्ट कहतेहैं अरिष्ट. संपूर्ण मद्योंमें अधिक गुणकारी, हलका और जिस वस्तु से बनाहो उसके समान गुणकारी होताहै द्राक्षारिष्ट दशमूलारिष्ट और बब्बूलारिष्ट इत्यादि॥ १०॥

अथ सुरापानलक्षणंगुणाश्च॥

शालिषष्टिकपिष्टादिकृतंमद्यंसुरास्मृता। सुरागुर्वीबलस्तन्यपुष्टिमेदःकफप्रदा॥ ग्राहिणीशोथगुल्मार्शोग्रहणीमूत्रकृच्छ्रनुत्॥ ११॥

सुराके लक्षण और गुण॥

धान और साठी आदिकी पीठीसे जो मद्य बनताहै उसको सुरा कहते हैं सुरा. भारी, बलकारी, दुग्धवर्द्धक, शरीरको पुष्टकरनेवाली, मेद और कफकारी, ग्राही और सूजन, गुल्म, बवासीर, ग्रहणी तथा मूत्रकृच्छ्रनाशक होती है॥ ११॥

अथ सुराभेदोवारुणीतस्यालक्षणंगुणाश्च॥

पुनर्नवाशिलापिष्टैर्वारुणीविहितास्मृता। संहितैस्तालखर्जूररसैर्यासापिवारुणी॥ सुरावद्वारुणीलघ्वीपीनसाध्मानशूलनुत्। सुरातोभेदार्थेलघ्वीति॥ १२॥

सुराभेद वारुणी के लक्षण और गुण॥

सिलपर पीसीहुई पुनर्नवासे जो मद्य बनती है उसको वारुणी कहते हैं खजूर और तालके रसको संधान करके जो मद्य बनतीहै उसको भी वारुणी कहते हैं वारुणी. सुराके समान गुणकारी, अत्यन्त हलकी और पीनस, आध्मान तथा शूलनाशक होती है॥ १२॥

अथ शीधुद्वयस्यलक्षणंगुणाश्च॥

इक्षोःपक्वैःरसैःसिद्धःशीधुःपक्वरसश्चसः। आमैस्तैरेवयःशीधुःसचशीतरसःस्मृतः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शीधुःपक्करसैःश्रेष्ठःस्वराग्निबलवर्णकृत्। वातपित्तकरःसद्यःस्नेहनोरोचनोहरेत् ॥ विबन्धमेदःशोफार्शःशोफोदरकफामयान्। तस्मादल्पगुणःशीतरसैःसंलेखनःस्मृतः॥१३॥

दोप्रकारके शीधुके लक्षण और गुण ॥

ईख के पक्के रससे जो मद्य बनतीहै उसको पक्करस शीधु और कच्चे रससे जो बनतीहै उसको शीत रस शीधु कहतेहैं पक्केरसका शीधु. श्रेष्ठ, गुणकारी, स्वर तथा वर्णकोहित, अग्नि तथा बलकारी, बादी, पित्तवर्द्धक, शीघ्र, स्निग्ध करनेवाली, रुचिकारी और विबन्ध, मेद, शोष, बवासीर, सूजन, उदर तथा कफरोगनाशक होतीहै कच्चे रसकी शीधुमें इससे कमगुण होतेहैं और लेखन होती है ॥ १३ ॥

अथासवस्यलक्षणंगुणाश्च ॥

यदपक्कौषधाम्बुभ्यांसिद्धंमद्यंसआसवः। यथालोहासवादिः ॥ आसवस्यगुणाज्ञेया बीजद्रव्यगुणैःसमाः ॥ १४ ॥

आसव के लक्षण और गुण ॥

कच्ची औषध और जल से जो मद्य बनती है उसको आसव कहतेहैं यह जिस वस्तु से बनती है उसीके समान गुण करतीहै ॥ १४ ॥

अथ नवपुराणमद्यगुणाः ॥

मद्यंनवमभिष्यन्दित्रिदोषजनकंसरम्। अहृद्यंबृंहणन्दाहिदुर्गन्धंविशदंगुरु ॥ जीर्णन्तदेवरोचिष्णुकृमिश्लेष्मानिलापहम्। हृद्यंसुगन्धिगुणवल्लघुस्रोतोविशोधनम् ॥ १५ ॥

नवीन और पुरानी मद्य के गुण ॥

नवीनमद्य. अभिष्यन्दी, त्रिदोषकारी, दस्तावर, हृदयको अहित, धातुवर्द्धक, दाहकारी, दुर्गन्धियुक्त, विशद और भारी होती है प्राचीनमद्य. रुचिकारी, कृमिनाशक, कफघ्न, वातनाशक, हृदयकोहित सुगन्धियुक्त, हलकी और स्रोतोंको शुद्ध करनेवाली होती है इसी में विशेष गुण होते हैं ॥ १५ ॥

अथ सात्त्विकानांमद्यंपिबतांचेष्टाविशेषाः ॥

सात्त्विकेगीतहास्यादिराजसेसाहसादिकम् ॥ तामसेनिन्द्यकर्माणिनिद्रांचमदिराचरेत्। आचरेत्कुर्य्यात् ॥ १६ ॥

सात्त्विक आदि पुरुषोंकी मद्य पीनेकी चेष्टा ॥

सात्त्विकपुरुष. मद्य पीने से गीत तथा हास्यादिक राजसीपुरुष. मद्य पीने से साहस आदि कार्य और तामसीपुरुष. मद्यपीने से निन्दितकार्य्य तथा निद्राको प्राप्त होताहै ॥ १६ ॥

विधिनामात्रयाकालेहितैरन्नैर्यथाबलम्। प्रहृष्टोयःपिबेन्मद्यंतस्यस्यादमृतंयथा ॥ किन्तुमद्यंस्वभावेनयथैवान्नंतथास्मृतम्। अयुक्तियुक्तंरोगाययुक्तियुक्तंयथामृतम् ॥ १७ ॥

जो पुरुष विधिपूर्वक समयपर मात्राके अनुसार हितकारी द्रव्योंकेसाथ बलके अनुसार मद्य पीता है उसको वह मद्य अमृत के समान गुणकारी होती है मद्य. स्वभावहीसे अन्नके समान होतीहै जैसे युक्तिपूर्वक सेवन कियाहुआ अन्न अमृतके समान गुणकारी होताहै और विना युक्ति के रोगोंको उत्पन्न करताहै इसीप्रकार मद्यको भी जानना चाहिये ॥ १७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ मद्यानांगन्धनाशनोपायः ॥

मुस्तैलबालुगदजीरकधान्यकैला यश्चर्वयन्सदशिवाचमभिव्यनक्ति ॥ स्वाभाविकं मुखजमुज्झतिपूतिगन्धंगन्धञ्चमद्यलशुनादिभवञ्चनूनम् ॥ १८ ॥

इति श्रीभावप्रकाशेसन्धानवर्गः ॥

मद्यकी दुर्गन्धि नाशकरनेका उपाय ॥

नागरमोथा, एलबालुक, कूट, जीरा, धनियां और इलायची इनसबको चाबकर जो सभामें बोल चालकरताहै उसके मुखकी स्वाभाविक दुर्गन्धि और मद्य तथा लहसन आदिकीभी दुर्गन्धि मिट जाती है ॥ १८ ॥ इति श्रीभावप्रकाशस्य भाषानुवादे संधानवर्गः समाप्तः ॥

अथ मधुवर्गस्तत्रमधुनोनामानिगुणाश्च ॥

मधुमाक्षीकमाध्वीकक्षौद्रसारघ्यमीरितम् । मक्षिकावरटीभृंगवान्तपुष्परसोद्भवम् ॥ मधुशीतंलघुस्वादुरूक्षंग्राहिविलेखनम् । चक्षुष्यन्दीपनंस्वर्य्यंव्रणशोधनरोपणम् ॥ सौकुमार्य्यकरंसूक्ष्मंपरंश्रोतोविशोधनम् । कषायानुरसंह्लादिप्रसादजनकंपरम् ॥ वर्ण्यंमेधाकरंवृष्यंविशदंरोचनंहरेत् । कुष्ठार्शःकासपित्तास्रकफमेहक्लमकृमीन् ॥ मेदस्तृष्णावमिश्वासहिक्कातीसारविड्ग्रहान् । दाहक्षतक्षयांस्तत्तुयोगवाह्यल्पवातलम् ॥ १ ॥

अथ मधुवर्ग सहतकेनाम और गुण ॥

मधु, माक्षीक, माध्वीक, क्षौद्र, सारघ्य, मक्षिकावान्त, वरटीवान्त, भृङ्गवान्त और पुष्परसोद्भव यहसहतके नामहैंसहत. शीतल, हलका, मधुर, रूखा, ग्राही, कृशताकारक, नेत्रोंकोहित, दीपन, स्वरकोहित, घावकाशुद्धकरनेवाला औरभरनेवाला, सुकुमारकारी, सूक्ष्म, श्रोतोंकाशोधक, कुछकषैला, आनन्ददायक, प्रसन्नताकारी, वर्णकोहित, मेधाकारी, वीर्यवर्द्धक, विशद, रुचिकारी, योगवाही, कुछबादी और कुष्ठ, बवासीर, खांसी रक्त पित्त, कफ, प्रमेह, ग्लानि, कृमि, मेद, तृषा, छर्दि, श्वास, हिचकी, अतीसार, मलका रुकना, दाह, क्षत तथा क्षयनाशक होताहै ॥ १ ॥

अथ मधुभेदाः ॥

माक्षिकंभ्रामरंक्षौद्रंपैत्तिकंछात्रमित्यपि । आर्घ्यमौद्दालकंदालमित्यष्टौमधुजातयः ॥ २ ॥

सहतके भेद ॥

माक्षिक, भ्रामर, क्षौद्र, पैत्तिक, छात्र, आर्घ्य, औद्दालक और दाल यह आठप्रकारका सहतहोताहै ॥ २ ॥

अथ तेषांलक्षणंगुणाश्च । तत्रमाक्षिकस्यलक्षणम् ॥

माक्षिकाःपिंगवर्णास्तुमहत्योमधुमक्षिकाः । ताभिःकृतंतैलवर्णंमाक्षिकंपरिकीर्तितम् ॥ माक्षिकंमधुषुश्रेष्ठंनेत्रामयहरंलघु । कामलार्शःक्षतश्वासकासक्षयविनाशम् ॥ ३ ॥

इनके लक्षण और गुण इनमें से माक्षिक के लक्षण और गुण ॥

पिंगल वर्णवाली बड़ी मधु मक्षिकाओंको मक्षिका कहते हैं इनके कियेहुये तेलके समान वर्ण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वाले सहतको माक्षिक कहतेहैं यह संपूर्ण सहतोंमें श्रेष्ठ,हलका और नेत्ररोग,कामला,बवासीर,घाव, श्वास, खांसी तथा क्षयनाशक होताहै ॥ ३ ॥

अथ भ्रामरस्यलक्षणंगुणाश्च ॥

किञ्चित्सूक्ष्मैः प्रसिद्धेभ्यः षट्पदेभ्योऽलिभिश्चितम् । निर्मलंस्फटिकाभंयत्तन्मधुभ्रामरंस्मृतम् ॥ भ्रामरंरक्तपित्तघ्नंमूत्रजाड्यकरंगुरु ॥ स्वादुपाकमभिष्यन्दिविशेषात्पिच्छिलंहिमम् ॥ ४ ॥

भ्रामरके लक्षण और गुण ॥

प्रसिद्ध भ्रमरोंसे कुछ छोटे भ्रमरों के द्वारा इकट्ठे किये गये स्फटिकके समान निर्मल सहतको भ्रामर कहतेहैं यह रक्त पित्त नाशक मूत्ररोधक भारी पाकमेंमधुर अभिष्यन्दी अत्यन्त पिच्छिलं और शीतल होताहै ॥ ४ ॥

अथ क्षौद्रस्य लक्षणं गुणाश्च ॥

मक्षिकाः कपिलाः सूक्ष्माः क्षुद्राख्यास्तत्कृतंमधु । मुनिभिः क्षौद्रमित्युक्तंतद्वर्णात्कपिलंभवेत् ॥ गुणैर्माक्षिकवत्क्षौद्रंविशेषान्मेहनाशम् ॥ ५ ॥

क्षौद्रके लक्षण और गुण ॥

कपिल वर्णवाली छोटी मक्खियोंके द्वारा इकट्ठेकियेगये कपिलवर्णके सहतको क्षौद्र कहतेहैं यह माक्षिकके समान गुणवाला और विशेष करके प्रमेहनाशक होताहै ॥ ५ ॥

अथ पौतिकस्य लक्षणंगुणाश्च ॥

कृष्णायामशकोपमालघुतराः प्रायोमहापीडिका वृक्षानांतरुकोटरान्तरगताः पुष्पासवंकुर्वते । तास्तज्ज्ञैरिहपूतिकानिगदितास्ताभिः कृतंसर्पिषातुल्यंयन्मधुतद्वनेचरजनैः संकीर्तितंपौतिकम्॥ पौतिकंमधुरूक्षोष्णंपित्तदाहास्रवातकृत। विदाहिमेहकृच्छ्रघ्नंग्रन्थ्यादिक्षतशोषिच ॥ ६ ॥

पौतिकके लक्षण और गुण ॥

कृष्णवर्णवाली मच्छरके समान छोटी अत्यन्त पीडादेनेवाली और बडे वृक्षोंके खोखलोंमें सहतको इकट्ठा करनेवाली मधुमक्षिकाओंको पूतिका कहते हैं इनके कियेहुये घृततुल्य सहतको पौतिक कहते हैं यह रूखा, पित्तवर्द्धक, दाहकारी, रक्तदूषक, बादी, प्रमेह तथा मूत्रकृच्छ्रनाशक और ग्रन्थि आदि घावोंका नाशक होताहै ॥ ६ ॥

छात्रस्यलक्षणंगुणाः

वरटाः कपिलाः पीताः प्रायोहिमवतोवने । कुर्वन्तिछत्रकाकारंतज्जंछात्रंमधुस्मृतम् ॥ छात्रंकपिलपीतंस्यात्पिच्छिलंशीतलंगुरु ॥ स्वादुपाकंकृमिश्चित्ररक्तपित्तप्रमेहजित् । भ्रमतृष्णमोहविषहृत्तर्पणञ्चगुणाधिकम् ॥ ७ ॥

छात्रके लक्षण और गुण ॥

कपिल और पीतवर्णकी मधुमक्षिका प्रायः हिमालयके वनोंमें छत्तालगाती हैं इनके सहतको छात्र कहते हैं यह. कपिल तथा पीतवर्ण,पिच्छिल,शीतल,भारी,पाकमें मधुर, तृप्तिकारक, अधिक गुणकारी और कृमि, श्वेतकुष्ठ, रक्तपित्त, प्रमेह, भ्रम, तृषा, मोह तथा विषनाशक होताहै ॥ ७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथार्घ्यस्य लक्षणंगुणाश्च ॥

मधूकवृक्षनिर्यासंजरत्कार्वाश्रमोद्भवम् । स्रवन्त्यार्घ्यन्तदाख्यातंश्वेतकंमालवेपुनः॥ तीक्ष्णतुण्डास्तुयापीतामक्षिकाःषट्पदोपमाः॥ आर्घ्यास्तास्तत्कृतंयत्तदार्घ्यमित्यपरेजगुः आर्घ्यमध्वतिचक्षुष्यंकफपित्तहरंपरम् । कषायंकटुकंपाकेतिक्तञ्चबलपुष्टिकृत् ॥ ८ ॥

आर्घ्यके लक्षण और गुण ॥

जरत्कारु मुनिके आश्रमके महुओंके वृक्षोंके गोंदको आर्घ्य और इसको मालवदेशमें श्वेतक कहते हैं कोई आचार्य्य कहते हैं कि तीक्ष्ण चोंचवाली, भ्रमरों के समान पीतवर्णवाली, मधुमक्षिकाओं को आर्घ्य कहते हैं और इनके सहतकोभी आर्घ्य कहतेहैं यह अत्यन्तनेत्रोंको हित, कषैला, पाकमें कटु, तिक्त, बल और पुष्टिकारी तथा कफ पित्त का अत्यन्त नाशक होताहै ॥ ८ ॥

अथौद्दालकस्यलक्षणंगुणाश्च ॥

प्रायोवल्मीकमध्यस्थाःकपिलाःस्वल्पकीटकाः । कुर्वन्तिकापिलंस्वल्पंतस्थादौद्दालकंमधु ॥ औद्दालकंरुचिकरंस्वर्य्यंकुष्ठविषापहम् । कषायमुष्णमम्लञ्चकटुपाकञ्च पित्तकृत् ॥ ९ ॥

औद्दालक के लक्षण और गुण ॥

कपिल वर्णवाले प्रायःबामीमें रहनेवाले एकप्रकारके छोटे कीडे जो थोडासा कपिलवर्णकासहत इकट्ठा करतेहैं उसको औद्दालक कहतेहैं यह रुचिकारी, स्वरवर्द्धक, कुष्ठ तथा विषनाशक, कषैला, उष्ण, खट्टा, पाकमें कटु और पित्तवर्द्धक होताहैं ॥ ९ ॥

अथ दालस्यलक्षणंगुणाः ॥

संस्रुत्यपतितंपुष्पाद्यत्तुपत्रोपरिस्थितम् । मधुराम्लकषायञ्चतद्दालंमधुकीर्त्तितम् ॥ दालंमधुलघुप्रोक्तंदीपनीयंकफापहम् । कषायानुरसंरूक्षंरुच्यंछर्दिप्रमेहजित् ॥ अधिकंमधुरंस्निग्धंबृंहणंगुरुभारिकम् । लघुपाकेगुरुभारिकंतुलितम् ॥ १० ॥

दालके लक्षण और गुण ॥

पुष्पोंसे टपककर पत्तोंपर इकट्ठेहुए सहतको दाल कहतेहैं यह मधुर, खट्टा, कुछ कषैला, पाकमेंलघु, दीपन, कफनाशक, रूखा, रुचिकारी, छर्दि तथा प्रमेहनाशक, स्निग्ध धातुवर्द्धक और तौल में भारी होताहै ॥ १० ॥

अथ नवपुराणमधुगुणाः ॥

नवंमधुभवेत्पुष्ट्यैनातिश्लेष्महरंसरम् । पुराणंग्राहकंरूक्षंमेदोघ्नमतिलेखनम् ॥ मधुनःशर्करायाश्चगुडस्यापिविशेषतः । एकसंवत्सरेवृत्तेपुराणत्वंस्मृतंबुधैः ॥ ११ ॥

नये पुराने सहतके गुण ॥

नवीन सहत पुष्टिकारी, दस्तावर और अत्यन्त कफनाशक नहीं होताहै पुराना सहत ग्राही, रूखा, मेदनाशक और अत्यन्त कृशताकारक होताहै पण्डितलोग कहते हैं कि सहत शक्कर और गुड एक वर्षके व्यतीतहोनेपर पुराने होतेहैं ॥ ११ ॥

अथ मधुनःशीतस्यगुणाधिक्यमुष्णतायांनिषेधः ॥

विषपुष्पादपिरसंसविषाभ्रमरादयः । गृहीत्वामधुकुर्वन्तितच्छीतंगुणवन्मधु ॥ त्रिषा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

न्वयात्तदुष्णान्तुद्रव्येणोष्णेनवासह। उष्णार्त्तस्योष्णकालेचस्मृतंविषसमंमधु॥ १२॥

शीतल सहतकी गुणमें अधिकता और उष्णता का निषेध॥

विषयुक्त भ्रमरादिक विषयुक्त पुष्पोंसे भी रसको लाकर सहत बनाते हैं इसलिये शीतल सहत गुणकारी होताहै और विषयुक्त होनेके कारण उष्ण अथवा उष्ण वस्तुओंके साथ उष्णता से व्याकुल पुरुषको अथवा उष्णकाल में सहत विषके समान होताहै॥ १२॥

अथ मयनम्॥

मयनन्तुमधुच्छिष्टंमधुशेषञ्चसिक्थकम्। मध्वाहारोमदनकंमधूषितमपिस्मृतम्॥
मदनंमृदुसुस्निग्धंभूतघ्नंव्रणरोपणम्। भग्नसन्धानकृद्वातकुष्ठवीसर्परक्तजित्॥१३॥

इति श्रीभावप्रकाशेमधुवर्गः॥

मोम के नाम और गुण॥

मयन मधुच्छिष्ट मधुशेष सिक्थक मध्वाहार मदनक और मधूषित यह मोमके नाम हैं मोम कोमल स्निग्ध भूतनाशक घावका भरनेवाला टूटेको जोड़नेवाला और वात कुष्ठ वीसर्प तथा रक्त दोषनाशक होताहै॥ १३॥

इति श्रीभावप्रकाशस्यभाषानुवादेमधुवर्गःसमाप्तः॥

अथेक्षुवर्गस्तत्रादाविक्षोर्नामानिगुणाश्च॥

इक्षुर्दीर्घच्छदःप्रोक्तस्तथाभूमिरसोऽपिच। गुडमूलोऽसिपत्रश्चतथामधुतृणःस्मृतः॥
इक्षवोरक्तपित्तघ्नाबल्यावृष्याःकफप्रदाः स्वादुपाकरसाःस्निग्धागुरवोमूत्रलाहिमाः १॥

अथ इक्षुवर्ग। ईखके नाम और गुण॥

इक्षु,दीर्घच्छद,भूमिरस,गुड़मूल,असिपत्र और मधुतृण यह ईखके नामहैं ईख.रक्तपित्तनाशक,बलकारी, पुष्टिकारक, कफवर्द्धक,रस तथा पाक में मधुर,स्निग्ध, भारी,मूत्रवर्द्धक और शीतल होतीहै१॥

अथेक्षुभेदाः॥

पौण्ड्रकोभीरुकश्चापिवंशकःशतपोरकः। कान्तारस्तापसेक्षुश्चकाण्डेक्षुःसूचिपत्रकः॥नैपालोदीर्घपत्रश्चनीलपोरोऽथकोशकः॥इत्येताजातयस्तेषांकथयामिगुणानपि॥२॥

ईख के भेद॥

पौण्ड्रक, भीरुक, वंशक, शतपोरक,कान्तार,तापसेक्षु,कांडेक्षु,सूचिपत्रक,नैपाल,दीर्घपत्र, नीलपोर और कोशक यह बारह ईखके भेदहैं अब इनके गुणोंको कहता हूं॥ २॥

अथ श्वेतपौण्ड्राभौररीगुणाः॥

वातपित्तप्रशमनोमधुरोरसपाकयोः। सुशीतोबृंहणोबल्यःपौण्ड्रकोभीरुकस्तथा ३॥

श्वेत पौंडा और भौंरीके गुण॥

पौंडा और भीरुक यह दोनों वातपित्तनाशक, रस तथा पाक में मधुर, अत्यन्त शीतल, धातु वर्द्धक और बलकारी होते हैं॥ ३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ करियाकुशिआरगुणाः ॥

कोशकारोगुरुःशीतोरक्तपित्तक्षयापहः ४ (कान्तारेक्षुगुणः) कान्तारेक्षुर्गुरुर्वृष्यः श्लेष्मलोबृंहणःसरः ५ ॥

कोशकारके गुण ॥

कोशकार. भारी, शीतल और रक्तपित्त तथा क्षयनाशक होते हैं ४ (कान्तार के गुण) कान्तार. भारी, वीर्यवर्द्धक, कफकारी, धातुवर्द्धक और दस्तावर होताहै ५ ॥

वडौखागुणाः ॥

दीर्घपोरःसुकठिनःसक्षारोवंशकःस्मृतः ६ (शतपोरकगुणाः) शतपर्वाभवेत्किञ्चित्कोशकारगुणान्वितः । विशेषात्किञ्चिदुष्णश्चसक्षारःपवनापहः ॥ ७ ॥

बंशक (बड़ौखा) ईषके गुण ॥

बड़े पोरवाली कठिन और क्षारयुक्त ईषको वंशक कहतेहैं ६ (शतपोरकके गुण) शतपोरक कुछ कोशकार के समान गुणवाला और विशेषकरके कुछ उष्ण, क्षारयुक्त तथा वातनाशक होताहै ७ ॥

तापसेक्षुगुणाः ॥

तापसेक्षुर्भवेन्मृद्वीमधुराश्लेष्मकोपनी।तर्पणीरुचिकृच्चापिवृष्याचबलकारिणी ॥ ८ ॥

तापसेक्षुके गुण ॥

तापसेक्षु. कोमल, मधुर, कफकोकुपित करनेवाली, तृप्ति और रुचिकारक, वीर्यवर्द्धक तथा बलकारी होतीहै ॥ ८ ॥

काण्डेक्षुगुणाः ॥

एवंगुणैस्तुकाण्डेक्षुःसतुवातप्रकोपणः ९ (अथसूचीपत्रनैपालीदीर्घपत्रनीलपोराणांगुणाः) सूचीपत्रोनीलपोरोनैपालोदीर्घपत्रकः । वातलाःकफपित्तघ्नाःसकषायाविदाहिनः ॥ १० ॥

काण्डेक्षुके गुण ॥

काण्डेक्षु. तापसेक्षुके समानगुणवाली और विशेषकरके वातको कुपित करतीहै ९ (सूचीपत्र नैपाली दीर्घपत्र और नीलपोरके गुण) सूचीपत्र नीलपोर नैपाली और दीर्घपत्र नाम ईख बादी, कफपित्त नाशक, कषैली और विदाही होतीहै १० ॥

मनोगुप्तागुणाः ॥

मनोगुप्तावातहरीतृष्णामयविनाशिनी । सुशीतामधुरातीव्ररक्तपित्तप्रणाशिनी ॥ ११ ॥

मनोगुप्ताके गुण ॥

मनोगुप्ता नाम ईख. शीतल, मधुर और वायु, तृषा तथा रक्त पित्तनाशक होती है ॥ ११ ॥

अथ बालयुववृद्धेक्षुगुणाः ॥

बालइक्षुःकफंकुर्यान्मेदोमेहकरश्चसः । युवातुवातहृत्स्वादुरीषत्तीक्ष्णश्चपित्तनुत् ॥ रक्तपित्तहरोवृद्धःक्षतहृद्बलवीर्य्यकृत् ॥ १२ ॥

छोटी बड़ी और पकीहुई ईषके गुण ॥

छोटी ईख. कफकारी, मेदवर्द्धक तथा प्रमेहकारी, मध्यम ईख. वातनाशक, मधुर, कुछ तीक्ष्ण तथा पित्तनाशक और खूब पकी हुई ईख. बलवीर्यवर्द्धक, घाव नाशक तथा रक्त पित्तनाशक होती है १२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथांगभेदेनभेदः ॥

मूलेतुमधुरोऽत्यर्थंमध्येऽपिमधुरःस्मृतः । अग्रेग्रन्थिषुविज्ञेयइक्षुःपटुरसोजनैः ॥ १३ ॥

अङ्ग के भेदसे गुण के भेद ॥

ईखकी जड़ अत्यन्त मधुर मध्यमें मधुर और अग्रभाग तथा ग्रन्थिमें लवण रस होताहै ॥ १३ ॥

अथ दन्तपीडितेक्षुरसस्यगुणाः ॥

दन्तनिष्पीडितस्येक्षोरसःपित्तास्रनाशनः। शर्करासमवीर्य्यःस्यादविदाहीकफप्रदः॥ १४॥

दांतोंसे चूसेहुये ईखके गुण ॥

दांतसे चूसाहुआ ईखका रस. रक्तपित्तनाशक, शक्कर के समान वीर्यवाला, विदाह रहित और कफकारी होताहै ॥ १४ ॥ अथ यन्त्रपीडितेक्षुरसस्यगुणाः ॥

मूलाग्रजन्तुग्रन्थ्यादिपीडनान्मलसङ्करात् । किञ्चित्कालंविधृत्याचविकृतिंयाति यान्त्रिकः ॥ तस्माद्विदाहीविष्टम्भीगुरुःस्याद्यान्त्रिकोरसः ॥ १५ ॥

यन्त्रसे निकाले हुए ईखके रसके गुण ॥

यन्त्रके द्वारा निकालाहुआ ईखकारस. मूल अग्रभाग तथा ग्रन्थि आदिके एक साथ निचोड़नेके द्वारा मलके मिलजाने से और कुछदेर रखने से विकारयुक्त होजाताहै इसीसे यह विदाही विष्टम्भी और भारी होताहै ॥ १५ ॥ अथ पर्युषितेक्षुरसस्यगुणाः ॥

रसःपर्युषितोनेष्टश्चाम्लोवातापहोगुरुः । कफपित्तकरःशोषीभेदनश्चातिमूत्रलः ॥ १६ ॥

रक्खेहुएरसकेगुण ॥

ईखका बासीरस. अहितकारी, खट्टा, वातनाशक, भारी, कफ पित्तवर्द्धक, शोषकारी, भेदक और अत्यन्त मूत्रवर्द्धक होताहै १६ ॥ अथ पक्वस्येक्षुरसस्यगुणाः ॥

पक्वोरसोगुरुःस्निग्धःसुतीक्ष्णःकफवातनुत्।गुल्मानाहप्रशमनःकिञ्चित्पित्तकरःस्मृतः १७

ईखके पकेहुए रसके गुण ॥

ईखका पकाहुआ रस. भारी, स्निग्ध, अत्यन्त तीक्ष्ण, कफ वातनाशक, गुल्म तथा आनाहनाशक और कुछ पित्तकारी होताहै ॥ १७ ॥

अथेक्षुरसस्यविकाराणांगुणाः ॥

इक्षोर्विकारास्तृड्दाहमूर्च्छापित्तास्रनाशनाः । गुरवोमधुराबल्याःस्निग्धावातहराःस राः ॥ वृष्यामोहहराःशीताबृंहणाविषहारिणः ॥ १८ ॥

ईखके रसके विकारों के गुण ॥

ईखके रसके विकार. तृषा, दाह, मूर्च्छा, रक्तपित्त, वात, मोह तथा विषदोषनाशक, भारी, मधुर बलकारी, स्निग्ध, दस्तावर, वीर्यवर्द्धक, शीतल और धातुवर्द्धक होते हैं ॥ १८ ॥

अथ फाणित ! ढरकारावच्छोवाइतिलोके तस्यलक्षणंगुणाश्च ॥ ॥

इक्षोरसस्तुयःपक्वःकिञ्चिद्गाढोबहुद्रवः । सरावेक्षुविकारेषुरुयातःफाणितसंज्ञया ॥ फाणितंगुर्वभिष्यन्दिबृंहणंकफशुक्रकृत् । वातपित्तश्रमान्हन्तिमूत्रवस्तिविशोधनम् ॥ १९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

फाणित [राबके] के लक्षण और गुण ॥

ईखका काथहुआ रस. कुछ गाढा और बहुत पतला फाणित कहलाताहै राब. भारी अभिष्यन्दीपुष्ट कफ तथा वीर्यवर्द्धक वातघ्न, पित्त तथा श्रमनाशक और मूत्र तथा वस्तिशोधक होती है ॥ १६ ॥

अथ मत्स्यण्डी राबकाकवखण्डरावइतिलोके । तस्यलक्षणंगुणाश्च ॥

इक्षोरसोयःसम्पक्कोघनःकिञ्चिद्द्रवान्वितः । मन्दंयतस्स्यन्दतेतस्मात्तन्मत्स्यण्डीनिगद्यते । मत्स्यण्डीभेदिनीबल्यालघ्वीपित्तानिलापहा ॥ मधुराबृंहणीवृष्यारक्तदोषापहा स्मृता ॥ २०

मत्स्यण्डी [खड़रफ] के लक्षण और गुण ॥

कुछ पतला बहुत गाढा पकाहुआ ईखका रस किसी पात्रमें थोडा २ करके टपकायागया मत्स्यण्डी कहाताहै मत्स्यण्डी. भेदक, बलकारी, हलकी, वात, पित्तनाशक, मधुर, धातुवर्द्धक, पुष्टिकारक और रक्त दोषनाशक होतीहै ॥ २० ॥

अथ गुडस्यलक्षणंगुणाश्च ॥

इक्षोरसोयःसम्पक्कोजायतेलोष्टवद्दृढः । सगुडोगौडदेशेतुमत्स्यण्ड्येवगुडोमतः । गुडो वृष्योगुरुःस्निग्धोवातघ्नोमूत्रशोधनः ॥ नातिपित्तहरोमेदःकफकृमिबलप्रदः ॥ २१ ॥

गुडके लक्षण और गुण ॥

ईखका पकाहुआ रस ढेलेके समान दृढ होजाताहै उसे गुड कहते हैं गौडदेशमें मत्स्यण्डीकोही गुड कहते हैं गुड. वीर्यवर्द्धक, भारी, स्निग्ध, वातनाशक, मूत्रशोधक, कुछ पित्तनाशक और मेद, कफ, कृमि तथा बलवर्द्धक होताहै ॥ २१ ॥

अथ पुराणगुडस्यगुणाः ॥

गुडोजीर्णोलघुःपथ्योऽनभिष्यन्द्यग्निपुष्टिकृत् ॥ पित्तघ्नोमधुरोवृष्योवातघ्नोऽसृक्प्रसादनः ॥ २२ ॥

पुरानेगुडकेगुण ॥

पुरानागुड. हलका, पथ्य, अभिष्यन्दरहित, दीपन, पुष्टिकारी, पित्तघ्न, मधुर, वीर्यवर्द्धक, वातनाशक और रुधिरको उत्तम करनेवाला होताहै ॥ २२ ॥

नवीनगुडस्यगुणाः ॥

गुडोनवःकफश्वासकासकृमिकरोऽग्निकृत् । श्लेष्माणमाशुविनिहन्तिसदार्द्रकेणपित्तंनिहन्तिचतदेषहरीतकीभिः । शुण्ठ्यासमंहरतिवातमशेषमित्थंदोषत्रयक्षयकरायनमोगुडाय ॥ २३ ॥

नवीनगुडकेगुण ॥

नवीन गुड. कफ, श्वास, खांसी, कृमि और अग्निको बढाताहै अदरकयुक्त गुड. कफनाशक, हड सहित गुड पित्तनाशक और सोंठ सहित गुड संपूर्ण वातरोगनाशक होताहै इसप्रकार त्रिदोषनाशक गुड धन्यहै उसके लिये नमस्कारहै ॥ २३ ॥

अथ खांडगुणाः ॥

खण्डन्तुमधुरंवृष्यंचक्षुष्यंबृंहणंहिमम् । वातपित्तहरंस्निग्धंबल्यंवान्तिहरंपरम् । खण्डमतिप्रसिद्धम् ॥ २४ ॥

खांडकेगुण ॥

खांड. मधुर, वीर्यवर्द्धक, नेत्रोंको हित, धातुवर्द्धक, शीतल, वात, पित्तनाशक, स्निग्ध, बलकारी और अत्यन्त छर्द्दिनाशक होती है ॥ २४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ सिता चीनीइतिलोकेप्रसिद्धा। तस्यलक्षणंगुणाश्च॥

खण्डन्तुसिकतारूपंसुश्वेतंशर्करासिता। सितासुमधुरारुच्यावातपित्तास्रदाहहृत्॥ मूर्च्छाछर्दिज्वरान्हन्तिसुशीताशुक्रकारिणी॥ २५॥

चीनीकेलक्षण और गुण॥

अत्यन्त श्वेत और बालूके समान खांडको सिता और शर्करा कहते हैं चीनी.अत्यन्त मधुर, रुचिकारी,अत्यन्त शीतल,वीर्यवर्द्धक औरवात,रक्त,पित्त,दाह,मूर्च्छा,छर्दि तथा ज्वरनाशकहोती है॥ २५॥

अथ गुडशर्करामिश्रीद्वयोर्गुणाः॥

भवेत्पुष्पसिताशीतारक्तपित्तहरीलघुः। सितोपलासरालघ्वीवातपित्तहरीहिमा॥ २६॥

गुडशर्करा और मिश्रीकेगुण॥

पुष्पसिता (गुलशक्कर) शीतल, रक्त पित्तनाशक और हलकी होतीहै मिश्री. दस्तावर, हलकी, वात पित्तनाशक और शीतलहोती है॥ २६॥

मधु खण्डगुणाः॥

मधुजाशर्करारूक्षाकफपित्तहरीगुरुः॥ छर्द्यतीसारतृड्दाहरक्तहृत्तुवराहिमा॥ २७॥

सहतकी शक्करके गुण॥

सहतकी शक्कर. रूखी, कफ पित्तनाशक, भारी, कषैली, शीतल और छर्दि, अतीसार, तृषा, दाह तथा रक्तदोषनाशक होती है॥ २७॥

यथायथैषानैर्मल्यं मधुरत्वंतथातथा॥ स्नेहलाघवशैत्यादिसरत्वञ्चतथातथा॥२८॥

इति श्रीभावप्रकाशेइक्षुवर्गः समाप्तोद्रववर्गः॥

यह संपूर्ण जैसी२निर्मलहोंगी उतनीही अधिक मधुर,स्निग्ध हलकी,शीतल और दस्तावरहोंगी २८

इति श्रीभावप्रकाशस्यभाषानुवादेइक्षुवर्गोद्रववर्गस्समाप्तः॥

अथानेकार्थनामवर्गस्तत्रद्व्यर्थानिनामानि॥

यथा अश्मन्तकः अम्ललोणिकाकोविदारश्चकाठिल्लकः। कारवेल्लोरक्तपुनर्नवाचकुलकः। पटोलःकुपीलुश्चकुचिलाइतिलोकेप्रसिद्धः। कोशातकीमहाकोशातकीराजकोशातकीचदीप्यकः॥ यवान्यजमोदाचमरुचकःफणिज्जकःपिण्डीतकः। मरुवकःमरुषा इतिलोकेपिण्डीतकः॥ मयनफरइतिलोकेमधूलिकः। मूर्वाजलयष्टीचरुचकंसौवर्चलंबीजपूरकञ्च॥ लोणिकालोणिशाकञ्चाङ्गेरीशाकञ्चवसुकः॥ क्षारलवणश्चवाह्लीकम् कुंकुमंहिंगुचवित्तुन्नकम्। धान्यकंतुत्थुञ्चस्वादुकण्टकःगोक्षुरोविकङ्कतश्च। अग्निमुखीभल्लातकीलाङ्गलीच अग्निशिखम् कुंकुमंकुसुम्भश्च। अजशृंगीमेषशृंगीचप्रियंगुःफलिनीकंगूश्चभृंगःभृंगराजस्त्वक्च॥ समंगामञ्जिष्ठालज्जालूश्चअमोघाविडंगंपाटलाचमोचाकदली। शाल्मलिश्चकुटन्नटःस्योनाकःकैवर्त्तीमुस्तञ्चकुनटी॥ धनिकामनःशिलाच

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

घोण्टा। पूगोबदरीच। त्रिपुटा। त्रिवृत्सूक्ष्मैलाच। शटी। कर्चूरोगन्धपलाशश्च। दन्तशठः। जम्बीरःकपित्थश्च। दन्तशठा। अम्लिकाचाङ्गेरीच। अरुणम्। मञ्जिष्ठाअतिविषाच। कणा। पिप्पलीजीरकश्च। तालपर्णी। मुशलीमुराच। पीलुपर्णी। मूर्वाबिम्बीच। ब्राह्मणी। भार्ङ्गीस्पृक्काच। अपराजिता। विष्णुक्रान्ताशालिपर्णीच। आस्फोता। अपराजितासारिवाच। पारावतपदी। ज्योतिष्मतीकाकजङ्घाच। शारदी। सारिवाजलपिप्पलीच। उग्रगन्धा। वचायवानीच। परिव्याधः। कर्णिकारोजलवेतसश्च। अञ्जनम्। स्रोतोऽञ्जनंसौवीरञ्च। अग्निचित्रकोभल्लातश्च। कृमिघ्नः। विडङ्गोहरिद्राच। तेजनः। शरोवेणुश्च। तेजनो। तेजवतीमूर्वाच। रोचनः। कम्पिल्यःरोचनाच। रोचना। गोरोचना। राजादनम्। क्षीरिकाप्रियालश्च। शकुलादनी। कटुकाजलपिप्पलीच। गोलोमी। श्वेतदूर्वावचा। पद्मा। पद्मचारिणी भार्ङ्गीच। श्यामा। सारिवाप्रियङ्गुश्च। धान्यम्। धान्याकंशाल्यादिच। सहवीर्य्या। नीलदूर्वामहाशतावरीच। सेव्यम्। उशीरंलामज्जकञ्च। उदुम्बरः। जन्तुफलंताम्रञ्च। ऐन्द्री। इन्द्रवारुणीइन्द्राणीच। कटम्भरा। कटुकाश्योनाकश्च। क्षारः। यवक्षारःस्वर्जिकाच। गण्डीरः। शाकविशेषोगण्डीरीतिलोकेगण्डारीमञ्जिष्ठाच। गन्धारी। दुरालभा। गन्धपलाशीच। चित्रा। इन्द्रवारुणी वृहद्दन्तीच। तुण्डिकेरी। कार्पासीबिम्बीच। धारा। गुडूचीक्षीरकाकोलीच। अबालपत्रः। खदिरोयवासश्च। वारि। बालकमुदकञ्च। अङ्गारवल्ली। भार्गीमुञ्जाच। अमृणालम्। लामज्जकम् उशीरञ्च। कुण्डली। गुडूचीकोविदारश्च। गन्धफली। प्रियङ्गुश्चम्पककलिकाच। दीर्घमूलः। यवासःशालिपर्णीच। पिच्छिलाशाल्मलीशिंशिपाच। पुष्पफलः। कपित्थःकूष्माण्डश्च। पोटगलः। नलःकाशश्च। यवफलः। कुटजोवंशश्च। देवी। मूर्वास्पृक्काचविश्वा। शुण्ठ्यतिविषाच। शीतशिवम्। सैन्धवंमिश्रेयाच। कर्कशः। कांपिल्यःकासमर्दश्च। चर्मकषा। शातला मांसरोहिणीच। नन्दिवृक्षः। अश्वत्थभेदोगोमुखपत्रशाखः वेलियापीपर इतिलोके। तुणिश्च। पयःक्षीरमुदकश्च। रुहा। दूर्वामांस रोहिणीच। सिंही। बृहतीवासाच॥ १॥

अथ अनेकार्थनामवर्गः॥ दोअर्थवाचीनाम॥

अश्मन्तक (लोनियासाग और कचनार) कठिल्लक (करेला और लाल गदापूरना) कुलक (पर्वल और कुचला) कोशातकी (दोनोंतुरई) दीप्यक (अजवाइन अजमोद) मरुवक (मर्सामैनफल) मधूलिक (मरोरफली मुलहटी) रुचक (कालानिमक बिजौरानींबू) लोणिका (लोनियांऔचूकाकासाग) वसुक (लालआक औरखारीनिमक) वाह्लीक (केशर और हींग) वितुन्नक (धनियांऔरतूतिया) स्वादुकण्टक (गोखरू और शमी) अग्निमुखी (भिलावां और करिहारी) अग्निशिख (केशरऔर कुसुम) अजशृङ्गी (काकडासिंगी और मेढ़ासिंगी) प्रियङ्गु (मालकङ्गनी और काकुन) भृङ्ग (भंगराऔर दालचीनी) समङ्गा (मजीठ और छुईमुई) अमोघा (बायबिडंग और पाटला) मोचा (केला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

और सेमर) कुटन्नट [सोनापाठा और जलमोथा] कुनटी [धनियां और मैनसिल] घोंटा [सुपारी और बेर] त्रिपुटा [निशोत और छोटीइलायची] शटी [कपूर और कपूरकचरी] दन्तशठ [जंबीरी नींबू और कैथा] दन्तशठा [इमली और चूका] अरुण [मँजीठ और अतीस] कणा [पीपल और जीरा] तालपर्णी [मुसली और मुरामांसी] पीलुपर्णी [मरोड़फली और कुंदरू] ब्राह्मणी [भारंगी और स्पृक्का नामएकप्रकारकी बूटी] अपराजिता [विष्णुक्रान्ता और शालपर्णी] आस्फोता [विष्णुक्रान्ता और सारिवा] पारावतपदी [मालकङ्गनी और काकजङ्घा] शारदी [अनन्तमूल और जलपीपल] उग्रगन्धा [वच और अजवाइन] परिव्याध [अमलतास और बेतस] अंजन [श्वेत और कालासुरमा] अग्नि [चीता और भिलाँवा] क्रमिघ्न [बायबिडंग और हलदी] तेजन [सर और बांस] तेजनी [मालकङ्गनी और मरोरफली] रोचन [कपीला और गोरोचन] रोचना [गोरोचन और हल्दी] राजादन [खिन्नी और चिरोंजी] शकुलादनी [कुटकी और जलपीपल] गोलोमी [श्वेतदूब और बच] पद्मा [पद्मचारिणी और भारंगी] श्यामा [अनन्तमूल और मालकाँगनी] धान्य [धनियां और अन्न] सहवीरिया [नीलीदूब और बड़ी सतावर] सेव्य [खस और पीलीखस] उदुम्बर [गूलर और तांबा] ऐन्द्री [इन्द्रायन और बड़ीदन्ती] कटम्भरा [कुटकी और सोनापाठा] क्षार [जवाखार और सर्ज्जी] गण्डीर [गांडर और मँजीठ] गन्धारी [जवासा और गन्धपलासी] चित्रा [इन्द्रायण और बड़ीदन्ती] तुण्डकेरी [कपास और कुँदरू] धारा [गिलोय और क्षरिकाकोली] बालपत [कत्था और जवासा] वारि [सुगन्धबाला और जल] अङ्गारबल्ली [भारङ्गी और मूंग] अमृणाल [खस और पीलीखस] कुण्डली [गिलोय और कचनार] गन्धफली [मालकङ्गनी और चम्पेकीकली] दीर्घमूल [जवासा और शालिपर्णी] पिच्छिला [सेमर और सीसम] पुष्पफल [कैथा और कुम्हड़ा] पोटगल [नल और कास] यवफल [कुरैया और बांस] देवी [मरोरफली और स्पृक्का] विश्वा [सोंठ और अतीस] शीतशिव [सेंधानोन और सौंफ] कर्कश [कबीला और कसौंदी] चर्मकशा [सातला और मांसरोहिणी] नन्दिवृक्ष [बेलिया पीपल और तुन] पय [दूध और जल] रुहा [दूब और मांसरोहिणी] सिंही [कटैली और वासा] ॥ १ ॥

अथ त्र्यर्थानिनामानि ॥

क्रमुकः । पूगस्तूदः । पट्टिकालोध्रश्च । क्षुरकः । कोकिलाक्षोगोक्षुरस्तिलकनाम पुष्पविशेषश्च । प्रियकः । प्रियंगुकदम्बोऽसनश्च । पृथ्वीका । कालाजाजीबृहदेलाहिंगुपत्रीच । भूतीकम् । भूनिम्बकतृणभूस्तृणश्च । सोमवल्कः । कट्फलःश्वेतखदिरोघृतपूर्णकरञ्जश्च । सौगन्धिकंकह्लारंकत्तृणंगन्धकश्च । भृङ्गः । भृङ्गराजस्त्वग्भ्रमरश्च । अरिष्टः । निम्बोरसोनंमद्यञ्च । मर्कटीकपिकच्छुरपामार्गःकरञ्जीच । अम्बष्ठा । पाठानागरीमाचिका च । कृष्णा । पिप्पलीकालाजाजीनीलीच । क्षीरिणी । दुग्धिकाक्षीरकाकोलीश्वेतसारिवाच । मधुपर्णी । गुडूचीगम्भारीनीलाच । मण्डूकपर्णःस्योनाकःसःस्त्रियांतुमञ्जिष्ठा । ब्रह्ममाण्डूकीच । श्रीपर्णी । गम्भारीगणिकारिकाकट्फलञ्च । अमृता । गुडूची । हरीतकीधात्रीच । अनन्ता । दुरालभानीलदूर्वालाङ्गलीच । ऋष्यप्रोक्ता । अतिबलामहाशतावरीकपिकच्छूश्च । कृष्णवृन्ता । पाटलीगम्भारीमाषपर्णीच । जीवन्ती । गुडूचीशाकवि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शेषोवन्दाच । लता । सारिवाप्रियंगुर्ज्योतिष्मतीच । समुद्रान्ता । दुरालभाकर्पासीस्पृक्काच । हैमवती । हरीतकीश्वेतवचापीतदुग्धःसेहुण्डःयस्यमूलश्चोकइतिप्रसिद्धम् । अव्यथा हरीतकी । महाश्रावणीपद्मचारिणीच । षड्ग्रन्था । वचगन्धपलाशीकरञ्जीच । वरदा । सुवर्चलाहुरहुरइतिलोकेअश्वगन्धावाराहीगेंठीतिलोके । इक्षुगन्धाः । काशःकोकिलाक्षीगोक्षुरक्षीरविदारीच । कालस्कन्धः । तमालस्तिन्दुकंकालखदिरश्च । महौषधम् शुण्ठीरसोनोविषञ्च । मधु । क्षौद्रंपुष्परसोमद्यञ्च । कपीतनः । आम्रातकःशिरीषीगर्द्दभाण्डश्च । मदनः । पिण्डीतकोधत्तूरःसिक्थकञ्च । शतपर्वा । वंशोदूर्वावचाच । सहस्रवेधीअम्लवेतसोमृगमदाहिंगुच । ताम्रपुष्पी । धातकीपाटलाश्यामात्रिवृच्च । सदापुष्पाः । श्वेतार्कोरक्तार्कःकुन्दश्च । सुरभीमल्लकीमुरैलबालुकम् । लक्ष्मीः । ऋद्धिर्वृद्धिःशमीच । कालानुसार्य्यम् । कालीयकंतगरंशैलेयञ्च । चाम्पेयः । चम्पकोनागकेसरःपद्मकेसरश्च । विनादेयी । गणिकारिकाजलजम्बूर्जलवेतसीच । पाक्यम् । विडंसौवर्चलंयवक्षारश्च । विशल्या । लाङ्गलीगुडूचीलघुदन्तीच । इन्द्रद्रुः । ककुभोदेवदारुःकुटजश्च । काश्मीरम् । कुंकुमंपुष्करमूलंकाश्मीरीगम्भारीच । गुन्द्रः । पटेरकःशरश्च । गुन्द्रा । प्रियंगुर्भद्रमुस्तकश्च । चुक्रम् । चुक्रमम्लवेतसंवृक्षाम्लश्चपारिभद्राः । निम्बःपारिजातोदेवदारुश्च । पीतदारु । हरिद्रादेवदारुसरलश्च । वीरः । ककुभोवीरणंकाकोलीचवीरतरुः । ककुभोवीरणंशरश्च । मयूरः । अपामार्गोऽजमोदातुत्थञ्च । रक्तसारः । रक्तचन्दनंपतङ्गंखदिरश्च । बदरा । सुवर्चलाअश्वगन्धावाराहीच । वसिरः । रक्तापामार्गोगजपिप्पलीसमुद्रलवणञ्च । सौवीरम् । अञ्जनभेदोवदरसन्धानभेदश्च । वञ्जुलःअशोकोवेतसास्तिनिशश्च । शिला । मनःशिलाजतुगैरिकञ्च । सोमवल्ली । वाकुची गुडूचीब्राह्मीच । अक्षीवः । शोभाञ्जनोमहानिम्बःसमुद्रलवणञ्च । कारवी । कालाजाजीशताङ्काजमोदाच । धामार्गवः । रक्तापामार्गोराजकोशातकीमहाकोशातकीच । दुःस्पर्शः । यवासःकपिकच्छूःकण्टकारीच । पलाशः । किंशुकोगन्धपलाशीपत्रञ्च । कालमेषी । मञ्जिष्ठावाकुचीश्यामात्रिवृच्च । पलंकषा । गुग्गुलुगोक्षुरोलाक्षाच । मधुरसा । द्राक्षामूर्वागम्भारीच । रसा । रास्नाशल्लकीपाठाच । श्रेयसी । हरीतकीरास्नागजपिप्पलीच । लोहम् । अयःकांस्यमगरुच । सहा । मुद्गपर्णी । बलाभेदःककहीइतिलोके । शतपत्री । सेवतीगुलाबइतिलोके । रास्नानाकुलीनीलपुष्पः । सिन्दुवारः ॥ २ ॥

तीन अर्थवाले शब्द ॥

क्रमुक [सुपारी ब्रह्मदारु और पठानीलोध] क्षुरक [तालमखाना गोखुरू और तिलकनामपुष्पविशेष] प्रियक [मालकङ्गनी कदम्ब और आसन] पृथ्वीका [कालाजीरा, बड़ी इलायची और हिंगुपत्री] भूतीक [चिरायता कतृण और भूतृण] सोमवल्क [कायफल श्वेतकत्था और घृतपूर्ण करंजुआ] सौगन्धिक [कह्लार कतृण और गन्धक] भृंग [भंगरा दालचीनी और भ्रमर] अरिष्ट [निम्ब

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लहसन और मद्य] मर्कटी [किवांच लटजीरा और करंजुआ] अम्बष्ठा [पाढ़ल चूका और माचिका] कृष्णा [पीपल कालाजीरा और नील] क्षीरणी [दूधी क्षीरकाकोली और सफेद अनन्तमूल] मधुपर्णी [गिलोय गम्भारी और नील] मण्डूकपर्णी [सोनापाठा स्त्रीलिङ्गमें मंजीठ और ब्राह्मणी] श्रीपर्णी [गम्भारी गणकारिका और कायफल] अमृता [गिलोय हड और आमला] अनन्ता [जवासा नीलीदूब और लाङ्गली] ऋष्यप्रोक्ता [अतिबला बडीसतावर और किवांच] कृष्णवृन्ता [पाटली गंभारी और माषपर्णी] जीवन्ती [गिलोय शाकविशेष औरबन्दा] लता [अनन्तमूल प्रियंगु और मालकांगनी] समुद्रान्ता [जवासा कपास और स्पृक्का] हेमवती [हड सफेदवच और पीलेदूधकासेंहुडा] अव्यथा [हड मवडी मुण्डी और पद्मचारिणी] षड्ग्रन्था [वच कपूरकचरी और करंजुआ] बरदा [हुरहुर असगन्ध और गेंठी] इक्षुगन्धा [तालमखाना गोखुरू और क्षीरबिदारी] कालस्कन्ध [तमाल तेंदू और कालाकत्था] महौषधि [सोंठ, लहसन और विष] मधु [सहत पुष्परस और मद्य] कपीतन [आमरा सिरस और गर्दभाण्ड] मदन [मैनफल धतूरा और मोम] शतपर्व्वा [बांस दूब और वच] सहस्रवेधी [अमलवेत कस्तूरी और हींग] ताम्रपुष्पी [पाढ़ल धाई और कालानिशोत] सदापुष्प [सफेदमदार कालामदार और कुन्द] सुरभी [सनई मरोरफली और एलबालु] लक्ष्मी [ऋद्धि वृद्धि और शमी] कालानुसार्यम् [कालीयक तगर और शैलेय] चाम्पेय [चम्पा नागकेशर और पद्मकेशर] नादेयी [गणकारिका जलजामुन और जलवेत] पाक्य [बिड कालानोन और जवाखार] विशल्या [करिहारी गिलोय और छोटीदन्ती] इन्द्रद्रु [अर्जुन देवदारु और कुरैया] काश्मीर [केशर पुष्करमूल और गम्भारी] गुन्द्र [पटेरकसर्प] गुन्द्रा [प्रियंगु और भद्रमोथा] चुक्र [चूका अमलवेत और वृक्षाम्ल] पारिभद्र [नींब पारिजात और देवदारु] पीतदारु [हल्दी देवदारु और सरल] वीर [अर्जुनवीरन और काकोली] वीरतरु [अर्जुन वीरन और सर] मयूर [लटजीरा अजमोद और तूतिया] रक्तसार [रक्तचन्दन पतङ्ग और कत्था] बदरा [सौबर्चल असगन्ध और बाराहीकन्द] वसिर [लाललटजीरा गजपीपल और समुद्रकानोन] सौवीर [अञ्जनभेद बेर और सन्धानभेद] बञ्जुल [अशोकवेत और तिनिश] शिला [मैनसिल सिलाजीत और गेरू] सोमवल्ली [बकुची गिलोय और ब्राह्मी] अक्षीव [सहजन महानिम्ब और समुद्रलवण] कारवी [कालाजीरा सौंफ और अजमोद] धामार्गव [लाललटजीरा और दोनों तोरई] दुःस्पर्श [जवासा किवांच और भटकटैया] पलाश [टेसू कपूरकचरी और पत्ता] कालमेषी [मँजीठ बाकुची और कालानिशोत] पलंकषा [गूगल गोखुरू और लाख] मधुरसा [दाख मरोरफली और गम्भारी] रसा [रास्ना सल्लकी और पाठा] श्रेयसी [हड रास्ना और गजपीपल] लोह [लोहा कांसा और अगर] सहा [मुद्गपर्णी कहही और सेवती गुलाब] सुबहा [रास्ना नाकुली और नीलपुष्पका सिंदुवार] २ ॥

अथ बह्वर्थानिनामानि ॥

अक्षशब्दःस्मृतोऽष्टासुसौवर्चलबिभीतके। कर्षपद्माक्षरुद्राक्षशकटेन्द्रियपाशके। काकाख्यःकाकमाचीचकाकोलीकाकणान्तिका॥ काकजङ्घाकाकनासाकाकोदुम्बरिकापिच। सप्तस्वर्थेषुकथितःकाकशब्दोविचक्षणैः॥ सर्पद्विरदमेषेषुसीसकेनागकेसरे। नागवल्ल्या नागदन्त्यानागशब्दःप्रयुज्यते॥ मांसेद्रवेचेक्षुरसेपारदेमधुरादिषु। बालरोगेविषेनीरेरसोनवसुवर्त्तते॥ ३॥ इति श्रीभावप्रकाशेहरीतक्यादिद्रव्याणांनामानिगुणाश्च॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अनेकार्थक नाम ॥

अक्ष (कालानिमक बहेडा कर्ष पद्माक्ष रुद्राक्ष शकट इन्द्रिय और पाशा) काक (काकमाची काकोली घोंघची काकजङ्घा काकनासा काकोदुम्बरिका और काकाह्वय) नाग (सर्प हाथी मेढा सीसा नागकेसर नागवल्ली और नागदन्ती) रस (मांसरस ईखकारस पारा मधुरादिक छः रस बालरोग विष और जल ये रसके नौ अर्थ हैं ३ ॥

इति श्रीभावप्रकाशस्यभाषानुवादेहरीतकीआदिद्रव्योंके नाम और गुण समाप्त ॥

अथ मानपरिभाषा ॥

नमानेनविनायुक्तिर्द्रव्याणांजायतेक्वचित् । अतःप्रयोगकार्यार्थंमानमात्रोच्यतेमया ॥ चरकस्यमतंवैद्यैराद्यैर्यस्मान्मतंततः । विहायसर्वनामानि मागधंमानमुच्यते ॥ १ ॥

अथ मानपरिभाषा ॥

तोलके विना किसी द्रव्यकी युक्ति कहीं ठीक नहीं होती इस कारण से व्यवहार की सुगमताके लिये यहांपर मानका वर्णन करते हैं प्राचीन वैद्यलोगों ने चरकहीका मत मानाहै इसलिये सम्पूर्ण मानोंको छोडकर मागध मान कहतेहैं ॥ १ ॥

त्रसरेणुर्बुधैःप्रोक्तस्त्रिंशतापरमाणुभिः । त्रसरेणुस्तुपर्य्यायैर्नाम्नावंशीनिगद्यते ॥ जालान्तरगतैःसूर्य्यकरैर्वंशीविलोक्यते । षड्वंशीभिर्मरीचिःस्यात्ताभिःषड्भिश्चराजिका ॥ तिसृभीराजिकाभिश्चसर्षपःप्रोच्यतेबुधैः । यवोष्टसर्षपैःप्रोक्तोगुञ्जस्यात्तच्चतुष्टयम् ॥ षड्भिस्तुरक्तिकाभिस्स्यान्माषकोहेमधानकौ । माषैश्चतुर्भिःशाणःस्याद्धरणःसनिगद्यते ॥ टङ्कःसएवकथितस्तद्द्वयंकोलउच्यते । क्षुद्रकोवटकश्चैवद्रङ्क्षणःसनिगद्यते॥कोलद्वयन्तुकर्षःस्यात्सप्रोक्तःपाणिमानिकः। अक्षःपिचुःपाणितलंकिञ्चित्पाणिश्चतिन्दुकम् ॥ विडालपदकंचैवतथाषोडशिकामता । करमध्योहंसपदंसुवर्णंकवलग्रहः ॥ उदुम्बरञ्चपर्य्यायैःकर्षमेवनिगद्यते। स्यात्कर्षाभ्यामर्द्धपलंशुक्तिरष्टमिकातथा ॥ शुक्तिभ्याञ्चपलंज्ञेयंमुष्टिराम्रञ्चतुर्थिका । प्रकुञ्चःषोडशीबिल्वंपलमेवात्रकीर्त्यते ॥ पलाभ्यांप्रसृतिर्ज्ञेयाप्रसृतञ्चनिगद्यते । प्रसृतिभ्यामञ्जलिःस्यात्कुडवोर्द्धशरावकः ॥ अष्टमानञ्चसज्ञेयःकुडवाभ्याञ्चमानिका । शरावोऽष्टपलंतद्वज्ज्ञेयमत्रविचक्षणैः ॥ शरावाभ्यांभवेत्प्रस्थःचतुःप्रस्थैस्तथाढकः । भाजनंकांस्यपात्रंचचतुःषष्टिपलश्चसः ॥ चतुर्भिराढकैर्द्रोणःकलशोनल्वणोऽर्मणः । उन्मानञ्चघटोराशिर्द्रोणपर्यायसंज्ञितः ॥ द्रोणाभ्यांसूर्पकुम्भौचचतुःषष्टिशरावकः। सूर्प्पाभ्याञ्चभवेद्द्रोणीवाहोगोणीचसास्मृता ॥ द्रोणीचतुष्टयंखारीकथितासूक्ष्मबुद्धिभिः।चतुस्सहस्रपलिकाषण्णवत्यधिकाचसा॥ पलानांद्विसहस्रञ्चभारएकःप्रकीर्त्तितः। तुलापलशतंज्ञेयंसर्वत्रैवैषनिश्चयः॥माषटङ्काक्षबिल्वानिकुडवप्रस्थमाढकम्।राशिर्गोणीखारिकेतियथोत्तरंचतुर्गुणम्॥मागधपरिभाषायांषड्रत्तिकोमाषश्चतुर्विंशतिरत्तिकष्टङ्कःषण्णवतिरत्तिकःकर्षः। अयञ्चरकसम्मतः। सुश्रुतमते । पञ्चरत्तिकोमाषोविंशतिरत्ति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कष्टङ्कोऽशीतिरत्तिकःकर्षः। अयमेवकालिंगपरिभाषायामपि। यतस्तत्राष्टरत्तिकोमाषो द्वात्रिंशद्रत्तिकष्टङ्कःसार्द्धटङ्कद्वयमितःकर्षः॥ २॥

तीस परमाणु का एक त्रसरेणु अथवा वंशी कहतेहैं झरोखे आदि में से आईहुई सूर्य्यकी किरणों से जो सूक्ष्म पदार्थ दिखाई देतेहैं उनको त्रसरेणु और वंशी कहते हैं छः वंशीकी एकमरीचि, छः मरीचि की राई, तीन राई की सरसों, आठ सरसोंका जव, चारजवकी रत्ती, छःरत्ती का माशा इसको हेम और धामक भी कहते हैं चार माशे का शाण, इसको धरण और टङ्कभी कहते हैं दोशाणका कोल इसको क्षुद्र वटक और द्रंक्षण कहते हैं दो कोल का कर्ष इसको पाणिमानिक अक्ष पिचु पाणितल किंचित् पाणि तिन्दुक विडालपदक पोडाशिका करमध्या हंसपद सुवर्ण कवलग्रह और उदुम्बर कहते हैं दो कर्षका अर्द्धपल इसको शुक्ति और अष्टमिका कहते हैं दोशुक्ति का एकपल इसको मुष्टिमात्र चतुर्थिका प्रकुञ्च पोडशी और बिल्व कहते हैं दोपलकी प्रसृति इसको प्रसृत भी कहतेहैं दोप्रसृति की अञ्जली इसको कुडव अर्द्धशराव और अष्टमान दोकुडवकी एक मानिका इसको शराव और अष्टपद दोशराव का प्रस्थ, चारप्रस्थ का आढ़क, इसको भाजन कांस्यपात्र और चतुष्षष्टि पल कहतेहैं चार आढ़कका द्रोण इसको कलश नल्वण अर्मन उन्मान घट और राशि कहतेहैं दो द्रोणका सूर्प इसको कुंभभी कहतेहैं यह चौंसठ शरवाका होताहै दोसूर्पकी द्रोणी इसको बाह और गोणी कहतेहैं चार द्रोणीकी एक खारी यह चार हज़ार छयानबे पलकी होती है दो हज़ार पलका एक भार होता है एकसौ पलकी एकतुला होती है माशा टङ्क अक्ष बिल्व कुडव प्रस्थ आढ़क राशि गोणी और खारी यह सब क्रमसे उत्तरोत्तर चौगुने हैं जैसे माशे से चौगुना टङ्क इत्यादि मागध परिभाषा में छः रत्ती का माशा चौबिस रत्तीका टङ्क और छयानबे रत्तीका कर्ष यह चरक का मत है सुश्रुतके मत में ५ रत्ती का माशा २० रत्तीका टङ्क और अस्सी ८० रत्ती का कर्ष और इसी प्रकार से कलिङ्ग परिभाषा में भी आठरत्ती का माशा बत्तीस रत्ती का टङ्क और ढाई टङ्कका कर्ष होताहै॥ २॥

गुञ्जादिमानमारभ्ययावत्स्यात्कुडवस्थितिः। द्रवार्द्रशुष्कद्रव्याणांतावन्मानंसमंमतम्॥ प्रस्थादिमानमारभ्यद्विगुणंतद्द्रवार्द्रयोः। मानन्तथातुलायास्तुद्विगुणंनक्कचित्स्मृतम्॥ मृद्वृक्षवेणुलोहादेर्भाण्डंयच्चतुरंगुलम्। विस्तीर्णञ्चतथोच्चञ्चतन्मानंकुडवंवदेत्॥ इति मागधमानम्॥ ३॥

रत्तीआदिसे लेकर कुडवपर्य्यन्त द्रवआर्द्र और शुष्क द्रव्योंकामान तुल्यहोता है प्रस्थ से आदि लेकर संपूर्ण द्रव और आर्द्र पदार्थोंका प्रमाण दूना ग्रहण करना चाहिये और तुलाका मान द्विगुण कभी नहींहोता मृत्तिका वृक्ष बांस और लोहा आदिके पात्र जो चार अंगुल लंबे चारअंगुल चौंडे और चार ही अंगुल गहरे होते हैं उनमें जितना पदार्थ माताहै उसे कुडव कहतेहैं इति मागधमानम्॥ ३॥

कालिंगमानम्॥

यतोमन्दाग्नयोह्रस्वाहीनसत्त्वानराःकलौ। अतस्तुमात्रातद्योग्याप्रोच्यतेसुज्ञसम्मता॥ यवोद्वादशभिर्गौरसर्षपैःप्रोच्यतेबुधैः। यवद्वयेनगुञ्जास्यात्त्रिगुञ्जोवल्लउच्यते॥ माषोगुञ्जाभिरष्टाभिःसप्तभिर्वाभवेत्क्वचित्। चतुर्भिर्माषकैःशाणःसनिष्कष्टङ्कएवच॥ गद्याणोमाषकैःपड्भिःकर्षःस्याद्दशमाषिकः। चतुःकर्षैःपलंप्रोक्तंदशशाणमितंबुधैः॥ चतुः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पलैश्चकुडवःप्रस्थाद्याःपूर्ववन्मताः । स्थितिर्नास्त्येवमात्रायाःकालमग्निंवयोबलम् ॥ प्रकृतिंदोषदेशौचदृष्ट्वामात्रांप्रकल्पयेत् । नाल्पंहन्त्यौषधंव्याधिंयथाम्भोऽल्पंमहानलम् ॥ अतिमात्रंचदोषायशस्योसस्थेबहूदकम् । इतिमानपरिभाषा ॥ ४ ॥

अथ कलिङ्गमानम् ॥

कलियुगमें मन्दाग्नि ह्रस्व और सत्त्व से हीन पुरुष होते हैं इससे उनके योग्यमात्रा कहीजाती है बारहसफ़ेद सरसोंका जव दो जवोंकी एकरत्ती तीन रत्तीका बल्ल आठ अथवा सात रत्ती का माशा चारमाशेका शाण इसको निष्क और टङ्क कहते हैं छः माशेका गद्याण दशमाशेका कर्ष चारकर्षका अथवा दश शाणका पल चारपलका कुडव और प्रस्थादिक पूर्वके समान होते हैं मात्राका कोई नियम नहीं है काल, अग्नि, बल, अवस्था, प्रकृति, दोष और देश इनको विचारकर मात्राकी कल्पना करनी चाहिये जैसे थोडासा जल बहुतसी अग्निको नहीं बुझासक्ताहै इसीप्रकार बडे रोगको थोडी औषध नहीं नाश करती है और जैसे बहुत जल खेतमें अन्नकी हानि करताहै इसीप्रकार बहुत औषधभी दोषों को करती है इससे योग्यही मात्रा देनी चाहिये—इति मानपरिभाषा ॥ ४ ॥

अथ भेषजानां विधानानि ॥

स्वरसश्चतथाकल्कःक्वाथश्चहिमफाण्टकौ । ज्ञेयाःकषायाःपञ्चैतेलघवः स्युर्यथोत्तरम् ॥ ५ ॥

औषधोंकीविधि ॥

स्वरस, कल्क, क्वाथ, हिम और फाण्ट यह पांचप्रकार के कषाय उत्तरोत्तर हलके होते हैं ॥ ५ ॥

तत्रादौस्वरसविधिः ॥

आहतात्तत्क्षणात्कृष्टाद्द्रव्यात्क्षुण्णात्समुद्भवेत् । वस्त्रनिष्पीडितोयश्चस्वरसोरसउच्यते ॥ आहतात्शीताग्निकीटादिभिरनुपहतात् । क्षुण्णात् । संपिष्टात् । कुडवञ्चूर्णितंद्रव्यंक्षिप्तञ्चद्विगुणेजले । अहोरात्रंस्थितंतस्माद्भवेद्वारसउत्तमः ॥ चूर्णितञ्चूर्णीकृतं । स्वरआदायशुष्कद्रव्यंवास्वरसानामसम्भवे । जलेऽष्टगुणितेसाध्यंपादशिष्टंचगृह्यते ॥ स्वरसस्यगुरुत्वाच्चपलमर्द्धंप्रयोजयेत् । निशोषितञ्चाग्निसिद्धंपलमात्रंरसंपिबेत् ॥ निशोषितंनिशायामुषितम् । सितामधुगुडक्षारान्जीरकंलवणंतथा । घृतंतैलञ्चचूर्णादीन्कोलमात्रान्रसेक्षिपेत् ॥ कोलष्टङ्कद्वयंच ॥ ६ ॥

स्वरसकीविधि ॥

पाला अग्नि तथा कीट आदिकोंले नहीं बिगडीहुई औषधको लाकर उसी क्षण कूटकर जो वस्त्रके द्वारा अर्क निकाला जाताहै उसको स्वरस कहते हैं अथवा १२ तोले चारमाशे औषधको कूटकर दूने जलमें एकदिन रात भिगोवे फिर छानले यह उत्तम रस होताहै अथवा सूखी औषधोंका जब रस न निकलसके तब अठगुने पानीमें पकावे और चौथाई रहजानेपर छानले स्वरसके भारी होनेसे १ तोला ८ माशे पीना चाहिये जलमें भिगोयके और आगमें औटाकर निकलाहुआ रस तीनतोला चारमाशे पीनाचाहिये चीनी सहत गुड क्षार जीरा नोन तेल और चूर्णादिक आठमाशे स्वरसमें छोडनेचाहिये६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तण्डुलजलविधिः ॥

कण्डितंतण्डुलपलञ्जलेऽष्टगुणितेक्षिपेत् । भावयित्वाजलंग्राह्यंदेयंसर्वत्रकर्मसु ॥ भावयित्वाकोमलीकृत्य ॥ ७ ॥ चावलके पानीकी विधि ॥

कूटेहुये चारतोले चावल अठगुने जलमें भिगोवे और भीजजानेपर जल छानले इसको सब कार्यों में व्यवहार करे ॥ ७ ॥

अथ हिमविधिः ॥

क्षुण्णंद्रव्यंपलंसम्यक्षड्भिर्नीरपलैःप्लुतम्।निशोषितंहिमःसस्यात्तथाशीतकषायकः॥ तस्यमानंमतंपानेपलद्वयमितंबुधैः । क्षुण्णंचूर्णीकृतम् ॥ ८ ॥

इनकी विधि ॥

चारतोले औषध को खूब कूटकर छः गुने जलमें भिगोवे और रात्रिभर भीज जानेपर छानले इस को हिम और शीतकषाय कहते हैं यह आठ तोले पीना चाहिये ॥ ८ ॥

अथ मन्थविधिः ॥

जलेचतुःपलेशीतेक्षुण्णंद्रव्यपलंक्षिपेत् । मृत्पात्रेमन्थयेत्सम्यक्तस्माच्चद्विपलंपिबेत् ॥ क्षुण्णंचूर्णीकृतम् मन्थयेत्मथनीयात् ॥ ९ ॥

मन्थकी विधि ॥

कूटी हुई चार तोले औषध को सोलह तोले ठण्ढे जलमें भिगोकर मृत्तिकाके पात्र में अच्छेप्रकार से मथले इसको मन्थ कहते हैं यह आठतोले पीना चाहिये ॥ ९ ॥

अथ फाण्टविधिः ॥

क्षुण्णेद्रव्यपलेसम्यक्जलमुष्णंविनिःक्षिपेत् । मृत्पात्रेकुडवोन्मानंततस्तुस्रावयेत्पटात् ॥ सस्याच्चूर्णद्रवःफाण्टस्तन्मानंद्विपलोन्मितम् । क्षौद्रंसितागुडादींस्तुकर्षमात्रान्विनिःक्षिपेत् ॥ क्षुण्णेचूर्णीकृतेसचूर्णद्रवःफाण्टःस्यादित्यन्वयः ॥ १० ॥

फाण्टकी विधि ॥

कूटीहुई चारतोले औषधको सोलह तोले गरम जल डालकर मट्टी के पात्र में रक्खे फिर कपडे में छानले इसको फाण्ट कहते हैं इसकी मात्रा आठ तोले की है इसमें सहत चीनी और गुड आदिक तोले भर मिलावे ॥ १० ॥

अथ कल्कविधिः ॥

द्रव्यमार्द्रशिलापिष्टंशुष्कंवासजलंभवेत् । प्रक्षिप्यगालयेद्वस्त्रेतन्मानंकर्षसंमितम् ॥ कल्केमधुघृतंतैलंदेयंद्विगुणमात्रया । सितागुडसमन्दद्याद्द्रवोदेयश्चतुर्गुणः ॥ ११ ॥

कल्ककी विधि ॥

गीली औषधको अथवा सूखी औषधको जलसे शिलपर पीसकर छानले इसकी मात्रा एकतोले कीहै इसमें सहत घी और तेल दूना छोडना चाहिये चीनी तथा गुड समभाग और अन्य गीली वस्तु चौगुनी छोडनी चाहिये ॥ ११ ॥

अथ चूर्णविधिः ॥

अत्यन्तशुष्कंयद्द्रव्यंसुपिष्टंवस्त्रगालितम्। तत्स्याच्चूर्णंरजःक्षोदस्तन्मात्राकर्षसंमित॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चूर्णेगुडःसमोदेयःशर्कराद्विगुणामता। चूर्णेषुभर्जितंहिंगुदेयंनोत्क्लेदकृद्भवेत्॥ लिहेच्चूर्णं द्रवैःसर्वैर्घृताद्यैर्द्विगुणोन्मितैः। पिबेच्चतुर्गुणैरेवंचूर्णमालोडितंद्रवैः॥ १२॥

चूर्णकीविधि॥

अत्यन्त सूखीहुई औषधको खूब पीसकर कपडे से छानले इसको चूर्णरज और क्षोद कहते हैं इस की मात्रा तोलेभरकीहै चूर्ण में गुड बराबर और चीनी दूनी डालनी चाहिये चूर्ण में हींग मिलानी होय तो भूनके मिलावे जो चूर्ण को चाटे तो घृतआदिक गीलेपदार्थ दूने मिलाने चाहिये और जो घोल कर पिये तो चौगुनीडाले॥ १२॥

चूर्णावलेहगुटिकाकल्कानामनुपानकम्। पित्तवातकफातङ्केत्रिद्व्येकपलमाहरेत्॥यथा तैलंजलेप्राप्तंक्षणेनैवविसर्पति। अनुपानबलादङ्गेतथासर्पतिभेषजम्॥ १३॥

चूर्ण अवलेह गुटिका और कल्कका अनुपान पित्त वात और कफके रोगमें क्रमसे बारहतोले आठ तोले और चारतोले होने चाहिये जैसे जल में तेलछोडने से बहुत जल्दी फैलजाताहै उसी प्रकार औषधभी अनुपान के बलसे शरीर में फैलतीहै॥ १३॥

भावनाविधिः॥

द्रवेणयावतासम्यक्चूर्णंसर्वंप्लुतम्भवेत्। भावनायाःप्रमाणंतुचूर्णेप्रोक्तंभिषग्वरैः॥१४॥

भावनाकी विधि॥

श्रेष्ठवैद्योंने कहाहै कि चूर्ण जितनी गीलीवस्तुके छोडनेसे डूबजावे उतनीही छोडनीचाहिये॥१४॥

अथ पुटपाकविधिः॥

पुटपाकस्यकल्कस्यस्वरसोगृह्यतेयतः। अतस्तुपुटपाकानांयुक्तिरत्रोच्यतेमया॥ पुटपाकस्यपाकोऽयंलेपस्यांगारवर्णता। लेपंचद्व्यंगुलंस्थूलंकुर्य्याद्व्द्यंगुलमात्रकम्॥ काश्मरीवटजम्ब्वादिपत्रैर्वेष्टनमुत्तमम्। पलमात्रोरसोग्राह्यःकर्षमात्रंमधुक्षिपेत्॥ कल्कचूर्णद्रवाद्यास्तुदेयाःकोलमिताबुधैः॥ १५॥

पुटपाककी विधि॥

पुटपाक करके कल्कका स्वरस लियाजाताहै इसलिये यहां पुटपाककी विधि कहतेहैं गम्भारी बरगद और जामनआदि के पत्तोंसे लपेटकर दो अंगुल अथवा एकअंगुलका मट्टीका लेपकरे फिर जब तक लेप रक्तवर्ण न होय तबतक अग्निमें पकावे इसका चारतोले रसलेनाचाहिये सहत तोलेभर कल्कचूर्ण तथा अन्यकोई गीलीवस्तु आठमाशे छोडनीचाहिये॥ १५॥

उष्णोदकविधिः॥

अष्टमेनांशशेषेणचतुर्थेनार्द्धकेनवा। अथवाक्वथनेनैवसिद्धमुष्णोदकंभवेत्॥श्लेष्मामवातमेदोघ्नंवस्तिशोधनदीपनम्। कासश्वासज्वरान्हन्ति पीतमुष्णोदकंनिशि॥ उष्णोदकंमुद्रवटाइतिलोके॥ १६॥

गरमजलकी विधि॥

जल अग्निमें औटानेसे अष्टमांश चतुर्थांश या अर्द्धांश रहजानेपर लेनाचाहिये अथवा केवल उबालहीले गरमजल रात्रिमें पीने से कफ और मेद आमवात खांसी श्वास तथा ज्वरका नाशक मूत्राशय का शोधक और दीपन होताहै॥ १६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्षीरपाकविधिः ॥

क्षीरमष्टगुणंद्रव्यात्क्षीरान्नीरंचतुर्गुणम् । क्षीरावशेषंतत्पीतंशूलमामोद्भवंजयेत् ॥ १७॥

क्षीरपाकविधि ॥

जिस वस्तुके साथ दूध औटानाहो उसका अठगुना दूध दूधका चौगुना जल मिलाके औटावे जब केवल दूध बाकीरहै तब उसको पिये इससे आमका शूल नष्ट होताहै ॥ १७ ॥

क्वाथविधिः ॥

पानीयंषोडशगुणंक्षुण्णेद्रव्यपलेपिक्षेत् । मृत्पात्रेक्वाथयेद्ग्राह्यमष्टमांशावशेषितम् ॥ कर्षादौतुपलंयावद्दद्यात्षोडशिकंजलम् । ततस्तुकुडवंयावत्तोयमष्टगुणंभवेत् ॥ चतुर्गुणमतश्चोर्ध्वंयावत्प्रस्थादिकंजलम् । षोडशिकंषोडशगुणम् । तज्जलंपाययेद्धीमान्कोष्णं मृद्वग्निसाधितम् । शृतःक्वाथःकषायश्चनिर्यूहःसनिगद्यते ॥ १८ ॥

क्वाथकीविधि ॥

चार तोले कुटीहुई औषध सोलह गुने जलके साथ मृत्तिका के पात्रमें औटावे जब आठभागका एक भाग रहजाय तब छानले एक तोले से चारतोलेतक औषधमें सोलहगुना जल चारतोले से सोलह तोलेतक अठगुना जल और सोलह तोलेसे चौंसठ तोलेतक चौगुना जल क्वाथ बनाने में छोडनाचाहिये बुद्धिमान् पुरुष मन्द अग्निमें पकेहुए जलको कुछ उष्ण पिलवावे इसको शृत क्वाथ कषाय और निर्यूह कहतेहैं ॥ १८ ॥ क्वाथपानमात्रामाह ॥

मात्रोत्तमापलेनस्यात्त्रिभिरक्षैस्तुमध्यमा । जघन्याचपलार्द्धेनस्नेहक्वाथौषधेषुच ॥ तन्त्रान्तरे। क्वाथ्यद्रव्यपलेवारिद्भिरष्टगुणमिष्यते। चतुर्भागावशिष्टन्तुपेयंपलचतुष्टयम्॥ दीप्तानलंमहाकायंपाययेदञ्जलिंजलम् । अन्येत्वर्द्धंपरित्यज्य प्रसृतितुचिकित्सिकाः ॥ क्वाथत्यागमनिच्छन्तस्त्वष्टभागावशेषितम् । पारम्पर्योपदेशेन वृद्धवैद्याःपलद्वयम् ॥ अष्टभागवशेषितस्य चतर्भागावशिष्टपिक्षयागुरुत्वात् दीप्तानलंमहाकायंपलद्वयंपाययेन्मध्यमाग्निमल्पकायंपलमात्रंपाययेत् मात्रोत्तमापलेनस्यादित्यादिवचनात् ॥ क्वाथेक्षिपेत्सितामंशैश्चतुर्थाष्टमषोडशैः । वातपित्तकफातङ्केविपरीतंमधुस्मृतम् ॥ जीरकंगुग्गुलंक्षारं लवणंचशिलाजतु । हिंगुत्रिकटुकंचैव क्वाथेशाणोन्मितंक्षिपेत् ॥ क्षीरंघृतंगुडंतैलंमूत्रंचान्यद्द्रवंतथा । कल्कंचूर्णादिकंक्वाथे निक्षिपेत्कर्षसंमितम् ॥ तत्रोपविश्यविश्रान्तः प्रसन्नवदनेक्षणः । औषधंहेमरजतं मृद्भाजनपरिस्थितम् ॥ पिबेत्प्रसन्नहृदयः पीत्वापात्रमधोमुखम् । विधायाचम्यसलिलं ताम्बूलाद्युपयोजयेत् ॥ १९ ॥

क्वाथपीनेकी मात्रा ॥

चारतोलेकी उत्तम तीन तोलेकी मध्यम और दो तोलेकी निकृष्टमात्रा होती है स्नेह क्वाथ और औषधोंकी यह मात्राहै तन्त्रान्तरमें कहागया है कि चारतोले क्वाथकी औषध में सोलहगुना पानी डालकर गरम करने में जब चौथाई बाकीरहै तब उस सोलह तोले जलकोपिये दीप्ताग्नि और बडे शरीरवाले पुरुषको सोलह तोले क्वाथ पिलावे और जो मंदाग्नि तथा छोटे शरीरवालेहों उनको

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आधात्यागकर आधापिलानी चाहिये और जो क्वाथको त्याग न करना चाहते हों वह अष्टमांश बाकी रहै तब पियें यह वृद्धवैद्योंका संमतहै चतुर्थांश क्वाथकी अपेक्षा अष्टमांश बचाहुआ क्वाथ भारीहोताहै इसलिये दीप्ताग्नि और बडे शरीरवाले पुरुषोंको आठतोले और मध्यमाग्नि तथा छोटे शरीर वाले पुरुषोंको चारतोले क्वाथ पिलाना चाहिये क्योंकि उत्तममात्रा चार तोलेकी होती है इत्यादिक वचन कहेगये हैं क्वाथमें जो चीनी छोडनीहोय तो वातपित्त तथा कफके रोगों के क्रमसे चतुर्थांश अष्टमांश और षोडशांश छोडदे परन्तु सहतकी मात्रा इस्से विपरीत है जैसे वात रोगमें षोडशांश इत्यादि जीरा, गूगल, जवाखार, सैंधव, शिलाजीत, हींग, सोंठ, पीपल और मिरच यह सब वस्तु मिलानीहोयँ तो चारमाशे मिलावे दूध, घृत, गुड, तेल, मूत्र अथवा अन्य कोई गीलापदार्थ और कल्क तथा चूर्ण आदिक क्वाथमें एक तोलेभर मिलावे अच्छे प्रकारसे बैठकर प्रसन्नमुख नेत्रवाला पुरुष सुवर्ण चांदी अथवा मृत्तिकाके पात्रमें रक्खीहुई औषधको खुशीमनसे पीकर पात्रको औंधादे फिरजलसे मुखको धोकर तांबूल आदिको खाय ॥ १९ ॥

अवलेहविधिः ॥

क्वाथादेर्यत्पुनःपाकाद्घनत्वंसारसक्रिया। सोऽवलेहश्चलेहश्चतन्मात्रास्यात्पलोन्मिता ॥ सिताचतुर्गुणाकार्य्या चूर्णाच्चद्विगुणोगुडः। द्रवंचतुर्गुणंदद्यादितिसर्वत्रनिश्चयः ॥ सुपक्वेतन्तुमत्वंस्यादवलेहेऽप्सुमज्जनम्। स्थिरत्वपीडितेमुद्रांगन्धवर्णरसोद्भवः ॥ दुग्धमिक्षुरसंयूषंपञ्चमूलकषायजम्। वासाक्वाथंयथायोग्यमनुपानंप्रशस्यते ॥ २० ॥

अवलेहचटनी की विधि ॥

ऊपरके कहेहुये क्वाथ आदिकों को फिर औटाकर गाढाहोने से अवलेह अथवा लेह कहा जाताहै इसकी मात्रा चारतोले की है अवलेह बनानेमें औषधके चूर्णसे चौगुनी शक्कर दूना गुड और चौगुनेही सब द्रवपदार्थ छोडे पकेहुए अवलेहकी यह परीक्षाहै कि जलमें छोडनेसे डूबजाय तारसेछूटे दबानेसे स्थिर बनारहै सुगन्धआवे और वर्ण तथा रस ठीकहो अवलेह खानेके पीछे दूध ईखकारस पञ्चमूलका काढा अथवा बासाका काढा इनमेंसे किसी को उचित समझकर पिये ॥ २० ॥

वटकाविधिः ॥

वटकाअथकथ्यन्तेतन्नामगुटिकावटी। मोदकोवटिकापिण्डीगुडोवर्त्तिस्तथोच्यते ॥ लेहवत्साध्यतेवह्नौगुडोवाशर्कराथवा। गुग्गुलुर्वाक्षिपेत्तत्रचूर्णंतन्निर्मितावटी ॥ तत्रवह्निसिद्धेगुडादौ। कुर्यादवह्निसिद्धेनक्वचिद्गुग्गुलुनावटी ॥ द्रवेणमधुनावापिगुटिकांकारयेद्बुधः ॥ सिताचतुर्गुणादेयावटीषुद्विगुणोगुडः। चूर्णेचूर्णसमःकार्य्यो गुग्गुलुर्मधुतत्समम् ॥ (तत्समम्। चूर्णसमम्) द्रवंतुद्विगुणंदेयंमोदकेषुभिषग्वरैः ॥ द्रवंद्रवरूपद्रव्यं कर्षप्रमाणंतन्मात्राबलंदृष्ट्वाप्रयुज्यते। बलमितिकालादेरप्युपलक्षणम् ॥ २१ ॥

गोलीकीविधि ॥

वटक, गुटिका, वटी, मोदक, वटिका, पिंडी, गुड और वर्त्ति यह गोली के नाम हैं गुड, चीनी अथवा गूगलको अवलेह के समान अग्निमें पकाकर औषधियोंके चर्ण मिलाने से गोली बनतीहै कहीं २

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अग्निमें वि[illegible]ा पकाये गूगल अथवा सहत आदिक गीली वस्तुसे गोली बनाई जाती है मोदक बनाने में जो चीनी छोड़नीहोवे तो चौगुनी गुडदूना और चूर्ण गूगल तथा सहत औषधियों के चूर्णके बराबर डालने चाहिये और जो गीली वस्तु डालनी हो तो दूनी छोडे इसकी मात्रा एकतोलेकी है अथवा बल देश तथा काल अवस्था आदि विचारकर मात्रादेनी चाहिये ॥ २१ ॥

घृततैलयोर्विधिः ॥

कल्काच्चतुर्गुणीकृत्यघृतंवातैलमेवच । चतुर्गुणद्रवेसाध्यंतस्यमात्रापलोन्मिता ॥ मात्रापलोन्मिता । भक्षणाय ॥ निक्षिप्यक्काथयेत्तोयंक्काथ्यद्रव्याच्चतुर्गुणम् । पादाशिष्टंगृहीत्वातुस्नेहस्तेनैवसाधयेत् ॥ चतुर्गुणंमृदुद्रव्येकठिनेऽष्टगुणंजलम् । मृद्वादिक्काथ्यसंघातेदद्यादष्टगुणंपयः ॥ अत्यन्तकठिनेद्रव्येनीरंषोडशिकंमतम् । मृदुद्रव्येआर्द्रद्रव्येगुडूच्यादौ ॥ कठिनेशुष्कद्रव्येशुण्ठ्यादौअत्यन्तकठिने । चिरशुष्केदेवदार्व्यादौ ॥ कर्षादितःपलंयावत्क्षिपेत्षोडशिकंजलम् । तदूर्ध्वंकुडवंयावत्भवेदष्टगुणंपयः ॥ प्रस्थादितःक्षिपेन्नीरंखारीयावच्चतुर्गुणम् । पूर्वंचतुर्गुणंमृदुद्रव्यइत्यादिना क्काथ्यद्रव्यंतन्मृदुत्वादिगुणभेदेनजलगतपरिमाणमुक्तम् ॥ इदानींकेचिदाचार्याःकर्षादितःपलंयावदित्यादिवचने क्काथ्यंद्रव्यगतपरिमाणभेदेनजलगतपरिमाणंमन्यन्ते । अम्बुक्काथरसैर्यत्रपृथक्स्नेहस्यसाधनम् ॥ कल्कस्यांशन्तत्रदद्याच्चतुर्थंषष्ठमष्टमम् । अस्यायमर्थः ॥ अम्बुनास्नेहसाधने कल्कंस्नेहस्यचतुर्थमंशंदद्यात् । क्काथेनस्नेहसाधनेस्नेहस्यषष्ठभागंकल्कंदद्यात् ॥ स्वरसैःस्नेहसाधनेस्नेहस्याष्टमभागंकल्कंदद्यात् । पुनर्विशेषमाह ॥ दुग्धेदध्निरसेतक्रेकल्कोदेयोऽष्टमांशिकः । कल्काच्चसम्यक्पाकार्थंतोयमत्रचतुर्गुणम् ॥ कल्कात् । कल्कद्रव्यात् ॥ चतुर्गुणंतोयंपेषणार्थम् । द्रवाणियत्रस्नेहेषुपञ्चादीनिभवन्तिहि ॥ तत्रस्नेहसमान्याहुर्यथापूर्वञ्चतुर्गुणम् ॥ अस्यायमर्थः । यत्रस्नेहेषुआदीनिपञ्चद्रव्याणिदुग्धदधिस्वरसतक्रकल्कोपयुक्तजलानिप्रत्येकंस्नेहसमानिबोद्धव्यानियथापूर्वम् । दुग्धदधिस्वरसतक्रंसमदितंस्नेहाच्चतुर्गुणंभवति । द्रव्येणकेवलेनैवस्नेहपाकोभवेद्यदि ॥ तत्राम्बुपिष्टःकल्कस्याज्जलञ्चात्रचतुर्गुणम् ॥ अत्रकल्कद्रव्ये । क्काथेनकेवलेनैवपाकोयत्रोदितःक्कचित् क्काथ्यद्रव्यस्यकल्कोऽपितत्रस्नेहेप्रयुज्यते ॥ कल्कहीनस्तुयःस्नेहःससाध्यःकेवलेद्रवे । केवलेद्रवे ॥ क्काथितरस्मिन्स्वरसादिरूपे । पुष्पकल्कस्तुयःस्नेहस्तत्रतोयंचतुर्गुणम् ॥ स्नेहात्स्नेहाष्टमांशश्चपुष्पकल्कःप्रयुज्यते ॥ वर्त्तिवत्स्नेहकल्कःस्याद्यदांगुल्याविवर्त्तितः । शब्दहीनोऽग्निनिक्षिप्तःस्नेहःसिद्धोभवेत्तदा ॥ यदाफेनोद्गमस्तैलेफेनशान्तिश्चसर्पिषि । वर्णगन्धरसोत्पत्तिःस्नेहःसिद्धोभवेत्तदा ॥ स्नेहपाकस्त्रिधाप्रोक्तोमृदुर्मध्यःखरस्तथा । ईषत्सरसकल्कस्तुस्नेहपाकोमृदुर्भवेत् । मध्यपाकस्यसिद्धिश्चकल्केनीरसकोमले ईषत्कठिनकल्कश्चस्नेहपाकोभवेत्खरः ॥ तदूर्ध्वंदग्धपाकःस्याद्दाहकृन्निष्प्रयोजनः ॥ आमपक्वश्चनिर्वीर्योवह्निमान्द्यकरोगुरुः ॥ नस्यार्थंस्यान्मृदुःपाकोमध्यमःसर्वकर्मसु ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अभ्यंगार्थःखरःप्रोक्तोयुञ्ज्यादेवंयथोचितम् ॥ घृततैलगुडादींश्चसाधयेन्नैकवासरे। प्रकुर्वन्त्युषितास्त्वेतेविशेषाद्गुणसञ्चयम् ॥ २२ ॥

घृत और तैलकी विधि ॥

कल्कका चौगुना घी अथवा तेल चौगुने पतले पदार्थ में मिलाकर पाककरे इसके पीनेकी मात्रा चारतोलेकी है क्वाथकी औषधियोंको चौगुने जलमें औटावे फिर चौथाई रहजानेपर उसी में घृत आदिको मिलाकर पकावे क्वाथकी वस्तु जो कोमल गिलोय आदिक होयतो चौगुनाजल और सोंठ आदिक कठिन वस्तुहोंय तो अठगुना जल और सूखेदेवदारु आदिक अतिकठोर पदार्थ होंय तो सोलह गुना जलहोना चाहिये और जो कोमल और कठोर दोनों मिली वस्तुहोंय तो अठगुना जलडालना चाहिये चारमाशे से चारतोलेतक औषधमें सोलह गुना जल चारतोलेसे सोलह तोलेतक अठगुना और सोलह तोले से अधिक होय तो चौगुना जल छोडनाचाहिये जल क्वाथ अथवा स्वरसके द्वारा अलग तैल आदिक बनानेकी विधि जहांकहींहोवे वहां क्रमसे कल्क स्नेहका चतुर्थांश षष्ठांश और अष्टमांश लेनाचाहिये अर्थात् जलके द्वारा स्नेह बनाने में कल्क स्नेहका चौथाई क्वाथके साथ स्नेह बनानेमें कल्क स्नेहका छठाभाग औरस्वरसकेसाथ स्नेहबनानेमेंस्नेहका आठवांहिस्साकल्कलेनाचाहिये फिर विशेष कहतेहैं कि दूध दही स्वरस और मट्ठेके द्वारा स्नेह बनानेमें आठवांभाग कल्क लेना चाहिये और इस कल्कके अच्छेप्रकार परिपाक होने के लिये चौगुना जलपीसने में मिलाना चाहिये जिसस्नेहके बनानेमें प्रथम कहीहुई दूध,दही,स्वरस,मट्ठा और कल्क यह पांचोंद्रव वस्तु मिलानी कही हो वहां इन हर एक का प्रमाण स्नेह के समान होना चाहिये जैसे पहले दूध,दही,स्वरस, मट्ठा. यह सब मिल करके स्नेहके चौगुने होते हैं स्नेहके बनानेमें जो केवल द्रव्यही कहाहो तो उसमें जलसे पीसा हुआ कल्क और जल चौगुना मिलाना चाहिये जहां केवल क्वाथहीसे स्नेहका पाक करना लिखाहो वहां क्वाथकी औषधियोंका कल्क भी व्यवहार कियाजाता है और जहां कल्करहित स्नेह बनाना लिखाहो वहां केवल स्वरस आदि द्रव पदार्थों से पाक करे जो स्नेह पुष्पोंके कल्कसे बनाना लिखाहो वहां स्नेहसे चौगुना जल और स्नेहका आठवां भाग पुष्पका कल्क मिलाना चाहिये स्नेहका कल्क जो उंगलीके द्वारा दबानेसे बत्तीके समान होजाय और अग्निमें डालने से शब्द न हो तब स्नेहको ठीक हुआ जानना चाहिये जब तेलमें फेना उठनेलगे घीका फेना फटजाय और यथायोग्य वर्ण सुगन्धि तथा रसकी उत्पत्तिहो तब स्नेह सिद्धहुआ जानना चाहिये स्नेहका पाक तीनप्रकारका होताहै मृदु मध्य और खर इनमेंसे जिस स्नेहका कल्क कुछ रसयुक्तहो वह मृदु पाक जिसका कल्क नीरस तथा कोमल हो उसको मध्य पाक और जिसका कल्क कुछ कठोर होजाय उसको खरपाक कहते हैं इससे भी अधिकपाक करनेमें गन्धपाक कहलाताहै यह दाहकारी और निष्प्रयोजन होताहै और पाकमें कच्चा रहाहुआ स्नेह वीर्यरहित मन्दाग्निकारी और भारी होताहै नासलेनेमें मृदुपाक अन्य सम्पूर्ण कार्यों में मध्यपाक और शरीरमें लगानेके लिये खरपाक कहागया है घी तेल और गुड आदिको एकही दिनमें पाक न करे क्योंकि बासी होनेसे गुणकी विशेषता होती है ॥ २२ ॥

अथ सन्धानविधिः ॥

द्रवेषुचिरकालस्थंद्रव्यंयत्सन्धितम्भवेत् । आसवारिष्टभेदैस्तुप्रोच्यतेभेषजोचितम्॥ भेषजेषुयदुच्चितंतद्भैषजोचितम् ॥ २३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संधानकी विधि॥

पतले पदार्थमें बहुत दिनतक औषधको भिगोनेसे जो आसव और अरिष्ट आदिक भेद बनतेहैं उनको संधान कहते हैं ॥ २३॥ तत्रआसवारिष्टयोर्लक्षणमाह॥

यदपक्वौषधाम्बुभ्यां सिद्धंमद्यंसआसवः । अरिष्टःक्वाथसाध्यःस्यात्तयोर्मानंपलोन्मितम् ॥ (सामान्यतोऽरिष्टविधिः) अनुक्तमानारिष्टेषुद्रवाद्द्रोणगुडात्तुलम् । क्षौद्रक्षिपेद्गुडादर्द्धं प्रक्षेपंदशमांशिकम् ॥ दशमांशिकम् । गुडस्यैवदशमांशम् ॥ २४॥

आसव और अरिष्टके लक्षण॥

कच्ची औषधि और जलके द्वारा जो मद्य बनती है उसको आसव कहते हैं और क्वाथकरके जो मद्य बनतीहै उसको अरिष्ट कहते हैं इनदोनों की मात्रा चार तोलेकी है जहां अरिष्ट बनानेका प्रमाण न लिखाहो वहां जल एक द्रोण गुड ४०० तोले सहत २०० तोले और औषधि गुडका दशांश डालना चाहिये॥ २४॥ द्विविधंशीधुमाह॥

ज्ञेयःशीतरसःशीधुरपक्वमधुरद्रवैः (मधुरद्रवैरिक्षुरसादिभिः) सिद्धःपक्वरसःशीधुः सम्पक्वमधुरद्रवैः । परिपक्वान्नसन्धानात् समुत्पन्नांसुराञ्जगुः । सुरामण्डःप्रसन्नास्यात्ततःकादम्बरीघना । तदधोजगलोज्ञेयोमेदकोजगलाद्घनः ॥ २५॥

दोप्रकारके शीधुके लक्षण॥

विना पकाये हुए मधुर रसयुक्त ईखके रस आदि पतले पदार्थोंसे जो मद्य बनताहै उसको शीत रस शीधु कहतेहैं और मधुर रसयुक्त पतले पदार्थोंको पकाय करके जो मद्य बनता है उसको पक्व रस शीधु कहते हैं अन्नको पकाकर उसके संधानकरनेसे जो मद्य बनताहै उसको सुरा कहतेहैं मद्यके ऊपर के निर्मल अंशको प्रसन्ना उससे कुछ घनेको कादंबरी कादंबरी के नीचेके अंशको जगल और जगलसे भी घने अंशको मेदक कहते हैं॥ २५॥

पक्वौसौहतसारःस्यात्सुराबीजंचकिण्वकम् । सुराबीजम् ॥ यवगोधूमतण्डुलादि । यत्तालखर्जूररसैःसन्धितासाहिवारुणी ॥ कन्दमूलफलादीनिसस्नेहलवणानिच । विनष्टमभिषूयन्तेतच्चुक्रमभिधीयते ॥ अभिषूयन्ते । द्रवेणाप्लाव्यसन्धीयन्ते ॥ विनष्टमम्लतांयातंमद्यंवामधुरद्रवः ॥विनष्टंसन्धितोयस्तुतच्छुक्तमभिधीयते॥ गुडाम्बुजासतैलेनकन्दशाकफलैस्तथा । सन्धितश्चाम्लतांयातंगुडचुक्रंप्रचक्षते ॥ एवमेवहिशुक्तस्यान्मृद्वीकासम्भवंतथा । तुषाम्बुसन्धितंज्ञेयमामैर्विदलितैर्यवैः ॥ यवैस्तुनिस्तुषैःपक्वैःसौवीरंसाधितंभवेत् । आरनालन्तुगोधूमैरामैःस्यान्निस्तुषीकृतैः ॥ पक्वैर्वासंहितैस्तत्तुसौवीरसदृशंगुणैः । कल्माषधान्यमण्डादिसंहितंकांजिकंविदुः ॥ शिण्डाकिसहिताज्ञेयामूलकैःसर्षपादिभिः ॥ २६॥

परिपाक किये हुए सारांशरहित जौ गेहूं और चावल आदि वस्तुओं से जो मद्य बनती है उसको सुराबीज या किण्वक कहतेहैं और ताडकेरस तथा खजूरके रसको संधानकरके जो मद्य बनतीहै उसको वारुणी कहते हैं जिस पतले पदार्थमें तेल तथा लवणयुक्त कन्दमूलफलआदिक भिजोयकरके संधान

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

किये जाते हैं उसको चुक्र कहते हैं मद्य अथवा मधुर रसयुक्त पतलीवस्तुको संधान करके स्वाभाविक रस नष्ट होजानेपर उसको शुक्त कहतेहैं और गुडका शर्बत, जल, तेल, कन्द, शाक तथा फल इनकोसंधान करके खट्टे होजानेपर गुडशुक्त कहतेहैं इसीप्रकार मुनक्काको भी संधान करके शुक्त बनताहै कच्चे भूसी सहित जवोंको पीसकर संधान करनेसे तुषाम्बु बनताहै भूसी रहित जवोंको पकाकर संधान कियेहुएको सौवीर कहते हैं कच्चे अथवा पक्के भूसीरहित गेहुओंको संधान करके जो वस्तु बनतीहै उस को आर्नाल कहतेहैं इसमें सौवीरके समान गुण होतेहैं नाजके मराडके साथ कुछ भीजेहुए गेहूं आदिको संधान करके कांजी बनती है मूली और सरसों आदिको संधानकरके शिंडाकी बनतीहै॥२६॥

अथ धातूनांशोधनमारणविधिः ॥

तत्रमारणायोग्यंसुवर्णमाह । दाहेरक्तंसितञ्छेदेनिकषेकुङ्कुमप्रभम् ॥ तारशुल्बोज्झितंस्निग्धंकोमलंगुरुहेमसत् । सत् ॥ उत्तमम् । तच्छेदेकठिनंरूक्षंविवर्णंसमलंदलम् । दाहेछेदेसितंश्वेतंकषेस्फुटलघुस्त्यजेत् ॥ २७ ॥

धातुओं के शोधन और मारण की विधि मारने के योग्य सुवर्ण ॥

जो सुवर्ण तपाने में लाल काटने में श्वेत और कसने में केसर के समान होता है और जो रूपे अथवा तांबे के मेल से रहित, स्निग्ध, कोमल और भारी होताहै वह श्रेष्ठ है जो सुवर्ण श्वेत, कठोर-रूखा, वर्णरहित, मलयुक्त, दलसहित और तपाने में काटने में श्वेत चोट लगाने से फटनेवाला हलका तथा कसनेमें श्वेत हो वह निकृष्ट है ॥ २७ ॥

शोधनविधिः ॥

पत्तलीकृतपत्राणिहेम्नोवह्नौप्रतापयेत् । निषिञ्चेत्तत्तप्तानितैलतक्रेचकाञ्जिके ॥ गोमूत्रेचकुलत्थानांकषायेतुत्रिधात्रिधा । एवंहेम्नःपरेषाञ्चधातूनांशोधनंभवेत् ॥ २८ ॥

सुवर्ण के शोधने की विधि ॥

सुवर्ण के बहुत पतले पत्रों को आग में तपाकर तिलोंका तेल, मट्ठा, कांजी, गोमूत्र और कुलथी का काढ़ा इन सब में तीन तीन बार बुझावे इस रीति से सुवर्ण शुद्ध होता है और अन्य धातु भी शुद्ध होती हैं ॥ २८ ॥ अथाशुद्धस्यसुवर्णस्यदोषमाह ॥

असौख्यकार्यैचसदासुवर्णमशुद्धमेतन्मरणञ्चकुर्यात् ॥ २९ ॥ बलंसवीर्यंहरतेनराणांरोगव्रजंपोषयतीहकाये।

अशुद्ध सुवर्ण के दोष ॥

विना शोधा हुआ सुवर्ण बलवीर्य का नाश, रोगोंकी उत्पत्ति, कार्य्य में अनुत्साह और मृत्यु को भी करता है ॥ २९ ॥

स्वर्णस्यमारणविधिः ॥

स्वर्णस्यद्विगुणंसूतमम्लेनसहमर्दयेत् । तद्गोलकसमंगन्धंनिदध्यादधरोत्तरम् ॥ गन्धकचूर्णम् गोलकञ्चततोरुध्वाशरावदृढसंपुटे ॥ त्रिंशद्वनोपलैर्दद्यात्पुटान्येवचतुर्दश । निरुत्थंजायतेभस्मगन्धोदेयःपुनःपुनः ॥ रुध्वाासवस्त्रकुट्टितचिक्कणमृत्तिकया वनोपलः। गोइठाइतिलोके निरुत्थंयत्पुनर्नजीवति ३०॥ स्वर्णस्य अतितनूकृतपत्रस्यगन्धम् ।

सुवर्ण के मारण की विधि ॥

शुद्ध सुवर्ण को दूने पारे के साथ खटाई में घोटे फिर गोला बनाकर उसके ऊपर और नीचे गन्धक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

का चूरा रखे फिर उस गोले को सकोरों के मजबूत सम्पुट में रखकर वस्त्र युक्त कूटी हुई चिकनी मट्टी से बन्द कर दे फिर तीस बिनवां कण्डों से चौदह बार पुटपाक करे इस प्रकार वारंवार गन्धक देकर पुट देने से सुवर्ण की निरुत्थ (जो फिर न जी सके) भस्म होती है ॥ ३० ॥

अथान्यप्रकारः ॥

काञ्चनेगलितेनागंषोडशांशेननिःक्षिपेत् । चूर्णयित्वातथाम्लेनघृष्ट्वाकृत्वातुगोलकम् ॥ गोलकेनसमंगन्धंदत्वाचैवाधरोत्तरम् । शरावसम्पुटेधृत्वापुटेद्विंशद्वनोपलैः ॥ एवंसप्तपुटैर्हेमनिरुत्थंभस्मजायते । अत्रापिपूर्ववद्गन्धः प्रदातव्यः ॥ ३१ ॥

दूसरा प्रकार ॥

सुवर्ण को गलाकर उसका सोलहवां हिस्सा सीसा छोडे फिर चूर्ण करके खटाई में पीस गोला बनावे और गोले के ऊपर नीचे गोले के समान गन्धक लपेटे इस प्रकार वारंवार गन्धक देकर के बीस बीस बिनुवां कण्डों से सात पुट देवे इस रीति से सुवर्ण की निरुत्थ भस्म होती है ॥ ३१ ॥

अन्यच्च ॥

काञ्चनाररसैर्घृष्ट्वासमसूतकगन्धयोः । कज्जलींहेमपत्राणिलेपयेत्समयातया ॥ हेमपत्रसमया । काञ्चनारत्वचःकल्कैर्मूषायुग्मंप्रकल्पयेत् । धृत्वातत्सम्पुटेगोलं मृन्मूषासम्पुटेचतत् ॥ निधायसन्धिरोधञ्चकृत्वासंशोष्यगोलकम् । वह्निंखरतरंकुर्यादेवंदत्वापुटत्रयम् ॥ निरुत्थंजायतेभस्मसर्वकर्मसुयोजयेत् । काञ्चनारप्रकारेणलांगलीहन्तिकाञ्चनम् ॥ (लांगलीकरिहारी) ज्वालामुखीतथाहन्यात्तथाहन्तिमनःशिला । शिलासिन्दूरयोश्चूर्णंसमयोरर्कदुग्धकैः ॥ सप्तधाभावनान्दद्याच्छोषयेच्चपुनःपुनः । ततस्तुगलितेहेम्निकल्कोऽयंदीयतेसमः ॥ पुनर्द्धमेदतितरांयथाकल्कोविलीयते । एवंवेलात्रयंदद्यात्कल्कंहेमम्रतिर्भवेत् ॥ ३२ ॥ तीसरी विधि ॥

समभाग पारे और गन्धककी कजलीकरे फिर इसको कचनारके रसमें पीसकर समभाग सुवर्ण के पत्रोंपै लपेटे और गोला बनावे फिर कचनारकी छालको पीसकर दो घरिया बनावे उनमें गोलेको रक्खे फिर इन घरियाओंमें बन्दहुये सुवर्णको घरियासमेत मिट्टीके सकोरोंमें रक्खे और कपडौं करके सुखावे फिर अत्यन्ततीक्ष्ण अग्निमें तीन पुटपाकदेवे इसप्रकारसे सुवर्णकी सब कामकेयोग्य निरुत्थ भस्म होजातीहै ऊपर कही हुई कचनार की विधि के अनुसार करिहारी अरनी अथवा मैनसिलसे सुवर्ण की भस्म होती है मैनसिल और सिन्दूर का समभाग चूर्णकरके आकके दूधसे सातबार भावना देदेकर सुखावे फिर सुवर्णको गलाकर उसमें इसीचूर्णको समभाग छोडे और अत्यन्त तीक्ष्ण अग्नि में ऐसी आंच देवे जिससे कि यह कल्क भस्महोकर लुप्त होजाय तीनबार इस रीतिके करनेसे सुवर्ण की भस्म ठीक होतीहै ॥ ३२ ॥

एवंमारितस्य सुवर्णस्यगुणाः ॥

सुवर्णंशीतलंवृष्यंबल्यंगुरुरसायनम् । स्वादुतिक्तंचतुवरंपाकेचस्वादुपिच्छिलम् ॥ पवित्रंबृंहणंनेत्र्यंमेधास्मृतिमतिप्रदम् । हृद्यमायुष्करंकान्तिवाग्विशुद्धिस्थिरत्वकृत् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विषद्वयक्षयोन्मादत्रिदोषज्वरशोषजित् । वृष्यमूषायकामुकायहितम् ॥ असम्यङ्मारितंस्वर्णबलंवीर्यञ्चनाशयेत् । करोतिरोगान्मृत्युञ्चतद्धन्याद्यत्नतस्ततः ॥ ३३ ॥

सुवर्ण की भस्म के गुण ॥

सुवर्ण. शीतल, कामी लोगों को हित, बलकारी, भारी, रसायन, मधुर, तिक्त, कषैला, पाकमें मधुर पिच्छिल, पवित्र, धातुवर्द्धक, नेत्रों को हित, मेधाकारी, स्मृति तथा बुद्धिदायक, हृदय को हित, आयुकारी, कान्तिवर्द्धक, वाणी का शोधक, स्थिरताकारी और दोनों प्रकार के विष, क्षय, उन्माद, त्रिदोष, ज्वर तथा राजयक्ष्मा नाशक होता है अच्छे प्रकार से नहीं मरा हुआ सोना—बल, वीर्य्य की हानि, रोगोंकी उत्पत्ति और मृत्युकोभी करताहै इससे बडे यत्नपूर्वक सुवर्णको भस्म करनाचाहिये ॥ ३३ ॥

धात्वादिमारणोपयुक्तान्पुटप्रकारानाहरसप्रदीपे ॥

लोहादेरपुनर्भावस्तद्गुणत्वंगुणाढ्यता । सलिलेतरणञ्चापितत्सिद्धिःपुटनाद्भवेत् ॥ गम्भीरेविस्तृतेकुण्डेद्विहस्तेचतुरस्रके । वनोपलसहस्रेणपूरितंपुनरौषधम्॥कोष्ठिरुद्धेप्रयत्नेनगोविष्ठोपरिधारयेत्। वनोपलसहस्रार्द्धंकोष्ठिकोपरिनिःक्षिपेत् ॥ वह्निंविनिक्षिपेत्तत्रमहापुटमितिस्मृतम् । कोष्ठंमृन्मूषा गोविष्ठागोइटा महापुटम् ॥ ३४ ॥

रसप्रदीप में कहेहुये धातु आदिकों के मारनेके योग्य पुटोंके प्रकार—महापुट ॥

भस्म किये हुये लोहा आदिक का फिर न जीना और जल में डालने से तैरना ठीक भस्महोने का और गुणयुक्त होनेका चिह्नहै और यह चिह्न पुटपाकही से होते हैं दीर्घ चौडे और गम्भीर दो हाथ के चौकोने कुण्ड में एकहजार अरने कण्डे रखकर मट्टीकी घरिया में रक्खी हुई औषधि को अच्छे प्रकार बन्द करके कण्डोंपर रक्खे फिर पांच सौ कण्डे उसके ऊपर रखकर अग्नि लगादे यह महापुट कहलाताहै ॥ ३४ ॥

सपादहस्तमानेनकुण्डेनिम्नेतथायते । वनोपलसहस्रेणपूर्णेमध्येविधारयेत् ॥ पुटनद्रव्यसंयुक्तांकोष्ठिकांमुद्रितांमुखे । अथार्द्धानिकरण्डानिअर्द्धान्युपरिनिक्षिपेत् । एतद्गजपुटंप्रोक्तंख्यातंसर्वपुटोत्तमम् ॥ हस्तैश्चतुर्विंशत्यंगुलप्रमाणःससपादस्तेनत्रिंशदंगुलप्रमाणेनेत्यर्थःअतएवोक्तम् । साधारणनरांगुल्यात्रिंशदंगुलकोगजइतिगजपुटम् ॥ ३५ ॥

गजपुट का वर्णन ॥

सवाहाथ(तीसअंगुल) लम्बे चौडे कुण्डमें हजार अरने कण्डे भरे फिर औषधियुक्त अच्छे प्रकारसे बन्द मट्टीकी घरिया को उसपर रक्खे फिर उसपर पांचसौ कण्डे रखकर आग लगादे यह सम्पूर्ण पुटों में श्रेष्ठ गजपुट कहाताहै ऊपर कहेहुये सवाहाथ (तीसअंगुल) से एकगज समझना चाहिये क्योंकि ऐसाही कहा हुआ है कि मनुष्योंके साधारण तीसअंगुलका एक गजहोताहै ॥ ३५ ॥

अरत्निमात्रकेकुण्डेपुटंवाराहमुच्यते । वितस्तिमात्रकेखातेकथितंकौक्कुटंपुटम् ॥ अरत्निस्तूकनिष्ठेनमुष्टिनेत्यमरः । निःसृतकनिष्ठयामुष्ट्योपलक्षितोहस्तोऽरत्निरित्यर्थः ॥ षोडशांगुलकेखातेकस्यचित्कौक्कुटंपुटम् ॥ ३६ ॥

फैली हुई कनिष्ठिका उंगली समेत मुट्ठी युक्त हाथभरके गहरे चौडे कुण्ड में पुटदेनेको वाराहपुट

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

और बिलस्त [illegible]र के गहरे चौडे कुण्ड में पुट देनेको कुक्कुटपुट कहते हैं कोई २ लोग सोलह अंगुल के लम्बे चौडे गहरेकुण्ड में पुट देनेको कुक्कुट पुट कहते हैं ॥ ३६ ॥

यत्पुटंदीयतेखातेअष्टसंख्यैर्वनोपलैः । कपोतपुटमेतन्तु कथितंपुटपण्डितैः ॥ गोष्ठान्तर्गोखुरक्षुण्णशुष्कंचूर्णितगोमयम् । गोबरंतत्समाख्यातंवरिष्ठंरससाधने ॥ बृहद्भाण्डस्थितैर्यत्रगोबरैर्दीयतेपुटम् ॥ तद्गोबरपुटंप्रोक्तंभिषग्भिःसूतभस्मनि । बृहद्भाण्डेतुषैःपूर्णेमध्येमूषांविधारयेत् । क्षिप्त्वाग्निमुद्रयेद्भाण्डंतद्भाण्डंपुटमुच्यते ॥ ३७ ॥

आठकण्डे भरनेवाले कुण्ड में जो पुटपाक दिया जाता है उसको कपोतपुट कहते हैं गोशालाओंमें गौओं के खुरोंसे पिसे हुये गौओंके मलको गोबर कहते हैं यह पारेके साधन करनेमें श्रेष्ठहै बडे पात्र में स्थित गोबर के द्वारा जहां पुट दिया जाता है उसको गोबरपुट कहते हैं इस्से पाराभस्म होताहै भूसी से भरे हुये किसी बडे पात्रके बीचमें औषधयुक्त घडियाको रक्खे और अग्नि लगाकर पात्रको बन्द करदे यह भाण्डपुट कहलाताहै ॥ ३७ ॥

अथ यन्त्रप्रकारानाहतत्रैव ॥

भाण्डेवितस्तिगम्भीरेमध्येनिहितकूपिका । कूपिकाकण्ठपर्यन्तंबालुकाभिश्चपूरिते ॥ भेषजंकूपिकासंस्थंवह्निनायत्रपच्यते । बालुकायन्त्रमेतद्धियन्त्रंतत्रबुधैःस्मृतम् ॥ बालुकायन्त्रम् ॥ ३८ ॥

यन्त्रोंके प्रकार । बालुकायन्त्र ॥

एकबिलस्त गहरे पात्रके बीच में औषधयुक्त सीसीको रक्खे और सीसी के गले तक बालूभरदे फिर अग्नि के द्वारा औषध को पकावे यह बालुका यन्त्र कहलाताहै ॥ ३८ ॥

निबद्धमौषधंसूतंभूर्जेतत्त्रिगुणंवरे । रसपोटलिकाकाष्ठेदृढंबध्वागुणेनहि ॥ सन्धानपूर्णकुम्भान्तःस्वावलम्बनसंस्थितम् । अधस्ताज्ज्वालयेदग्नितत्तदुक्तक्रमेणहि ॥ दोलायन्त्रमिदंप्रोक्तंस्वेदनाख्यंतदेवहि । दोलायन्त्रम् । सन्धानंकाञ्जिकादि ॥ ३९ ॥

दोलायंत्र ॥

पारे समेत औषधि को भोजपत्रमें लपेटकर तीनतहकी पोटली बनावे फिर उस पोटलीको किसी काठके टुकडे में बांधकर कांजी आदिसे भरे हुये पात्र में पेंदीको न छूतीहुई लटकावे और उसपात्र के नीचे आग बलाकर क्रमसे अग्निदे इसको दोलायंत्र अथवा स्वेदनयंत्र कहते हैं ॥ ३९ ॥

साम्बुस्थालीमुखेबद्धेवस्त्रेस्वेद्यंनिधायच । पिधायपच्यतेयत्रतद्यन्त्रंस्वेदनंस्मृतम् ॥ स्वेदनंयन्त्रम् ॥ ४० ॥

जलसे भरी हुई बटलोई के मुखपर बँधे हुये कपडे में उबालने की औषध को रखकर उसका मुखबन्दकरदे और पाक करे इसको स्वेदन यन्त्र कहते हैं ॥ ४० ॥

अथस्थाल्यांरसंक्षिप्त्वानिदध्यात्तन्मुखोपरि । स्थालीमूर्ध्वमुखींसम्यङ्निरुध्यमृदुमृत्स्नया ॥ ऊर्ध्वस्थाल्यांजलंक्षिप्त्वाचुल्ल्यामारोप्ययत्नतः । अधस्ताज्ज्वालयेदग्निंयावत्प्रहरपञ्चकम् ॥ स्वाङ्गशीतंततोयन्त्रादुद्गृह्णीयाद्रसमुत्तमम् । विद्याधराभिधंयन्त्रमेतत्तज्ज्ञैरुदाहृतम् ॥ विद्याधरयन्त्रम् ॥ ४१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विद्याधर यन्त्र ॥

एकपात्र में पारा छोडकर उसके ऊपर एक ऊर्ध्वमुख दूसरा पात्र रक्खे और उसकी संधिकोगीली मट्टी से बन्द करदे फिर ऊपर के पात्र में जलभर के चूल्हे पर चढावे और नीचे पांच पहर तक आगबलावे फिर अच्छेप्रकारसे शीतल होजानेपर पारेको निकालले इसको विद्याधर यन्त्रकहतेहैं ४१॥

वालुकाभिःसमस्ताङ्गंगर्तेमूषांरसान्विताम् । दीप्तोपलैःसंवृणुयाद्यन्त्रंभूधरनामकम् ॥ भूधरयन्त्रम् ॥ ४२ ॥

भूधर यन्त्र ॥

पारे समेत घडिया को वालूसे अच्छे प्रकार ढककरके सब ओर से जलते हुये कण्डोंकी आंचदे इसको भूधरयन्त्र कहते हैं ॥ ४२ ॥

यन्त्रंडमरुसंज्ञंस्यात्तत्स्थाल्योर्मुद्रितेमुखे । डमरुयन्त्रम् ॥ ४३ ॥

डमरूयन्त्र ॥

दोपटलों के मुखोंको परस्पर संपुट जोडकर जो यन्त्र बनताहै उसको डमरूयन्त्र कहतेहैं ४३ ॥

अथ मारणाययोग्यंरूप्यमाह ॥

गुरुस्निग्धंमृदुश्वेतंदाहच्छेदघनक्षमम् । स्वर्णादिरहितंस्वच्छंतारंनवगुणंशुभम् ॥ (अथायोग्यम्) कठिनंकृत्रिमंरूक्षंरक्तंपीतदलंलघु । दाहच्छेदघनैर्नष्टंरूप्यंदुष्टंप्रकीर्त्तितम् ॥ ४४ ॥

मारनेके योग्य चांदी ॥

जो चांदी भारी,स्निग्ध,कोमल,तपाने वा काटने से श्वेत,चोटकी सहनेवाली,सुवर्णादि धातुओं के मेलसे रहित और निर्मल होतीहै वह उत्तम है और जो चांदी कठोर, कृत्रिम, रूखी, लाल, पीतदल युक्त,हलकी और तपानेसे काटने से अथवा घनकी चोटसे नष्ट होजाती है वह दोषयुक्त है ॥ ४४ ॥

अथ शोधनविधिः ॥

पत्तलीकृतपत्राणितारस्याग्नौप्रतापयेत् । निषिञ्चेत्तप्ततप्तानितैलेतक्रेचकाञ्जिके॥ गोमूत्रेचकुलत्थानांकषायेचत्रिधात्रिधा । एवंरजतपत्राणांविशुद्धिःसम्प्रजायते ॥ ४५ ॥

चांदीके शुद्धकरने की विधि ॥

चांदीके पतले पत्रोंको अग्निमें तपा २ कर क्रमसे तेल, मट्ठा,काँजी, गोमूत्र और कुलथी के काढे में तीन २ बार बुझावे इसप्रकार से चाँदी शुद्ध होती है ॥ ४५ ॥

अथाशुद्धस्यरूप्यस्यदोषमाह ॥

रूप्यंत्वशुद्धंप्रकरोतितापंविबन्धकंवीर्य्यबलक्षयञ्च । देहस्यपुष्टिंहरतेतनोतिरोगांस्ततःशोधनमस्यकुर्यात् ॥ ४६ ॥

अशुद्धचाँदीके दोष ॥

अशुद्धचाँदी ताप,विबन्ध,वीर्य,बलका नाश,देहकी पुष्टता का नाश और अनेक रोगोंको करतीहै ४६॥

अथ रूप्यमारणविधिः ॥

भागैकंतालकंमर्द्यंयाममम्लेनकेनचित् । तेनभागत्रयंतारपत्राणिपरिलेपयेत् ॥ धृत्वामूषापुटेरुध्वापुटेत्त्रिंशद्वनोपलैः । समुद्धृत्यपुनस्तालंदत्त्वारुध्वापुटेपचेत् ॥ एवंचतुर्दशपुटैस्तारभस्मप्रजायते । अथान्यप्रकारः । स्नुहीक्षीरेणसंपिष्टंमाक्षिकंतेनलेपयेत् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तालकस्यप्रकारेणतारपत्रस्यबुद्धिमान्॥ पुटेच्चतुर्दशपुटैस्तारम्भस्मप्रजायते॥ ४७॥

चाँदीमारने की विधि॥

एकभाग हरताल को पहरभर किसी खटाई से मर्दन करे उसको तीनभाग चाँदीके पत्रोंपर लपेटै फिर उनपत्रों को घड़ियामें रखकर उसका मुखबन्द करदे और तीस कण्डों में पुटपाक करे इसप्रकार वारंवार हरताल लेपकरके चौदह पुटदेनेसे चाँदीभस्महोती है-दूसराप्रकार-थूहरके दूधमें सोनामक्खी को पीसकर हरिताल के समान चाँदीके पत्रोंपर लेपकरके पहले कहीहुई विधि से चौदह पुटदेनेसे चाँदी भस्म होती है॥ ४७॥ एवं मारितस्य रूप्यस्य गुणः॥

रौप्यंशीतंकषायञ्चस्वादुपाकरसंसरम्। वयसःस्थापनंस्निग्धंलेखनंवातपित्तजित्॥ प्रमेहादिकरोगांश्चनाशयत्यचिराद्ध्रुवम्॥ ४८॥

चाँदीकी भस्म के गुण॥

चाँदी. शीतल, कषैली, रस और पाक में मधुर, दस्तावर, अवस्थाको स्थित रखनेवाली, स्निग्ध, लेखन वात पित्तनाशक और प्रमेहादिक रोगों की शीघ्र नाशक होती है॥ ४८॥

अथ मारणयोग्यंताम्रमाह॥

जपाकुसुमसङ्काशंस्निग्धंगुरुघनक्षमम्। लोहनागोज्झितंताम्रंमारणायप्रशस्यते॥ ४९॥

मारने के योग्य तांबा॥

जो तांबा गुडहर के समान लाल, स्निग्ध, कोमल घन का सहनेवाला और लोहे सीसे के मेलसे रहित होताहै वह श्रेष्ठहै॥ ४९॥ अथायोग्यताम्रमाह॥

कृष्णंरूक्षमतिस्वच्छंश्वेतंचापिघनासहम्। लोहनागयुतंचेतिशुल्बंदुष्टंप्रकीर्तितम्॥ ५०॥

अयोग्य तांबा॥

जो तांबा-कालेरङ्गका, रूखा, बहुत स्वच्छ, श्वेतवर्ण, घनको नहीं सहनेवाला और लोहे तथा सीसेसे युक्तहोताहै वह दोषयुक्त होताहै॥ ५०॥ अथ शोधनविधिः॥

पत्तलीकृतपत्राणिताम्रस्याग्नौप्रतापयेत्। निषिञ्चेत्तप्ततप्तानितैलेतक्रेचकाञ्जिके॥ गोमूत्रेचकुलत्थानांकषायेचत्रिधात्रिधा। एवंताम्रस्यपत्राणांविशुद्धिःसंप्रजायते॥ एको दोषोविषेताम्रेत्वशुद्धेऽष्टौभ्रमोवमिः। विरेकःस्वेदउत्क्लेदोमूर्च्छादाहोऽरुचिस्तथा॥ नवि षंविषमित्याहुस्ताम्रन्तुविषमुच्यते। एकोदोषोविषेताम्रेत्वष्टौदोषाःप्रकीर्तिताः॥ ५१॥

तांबा शुद्ध करने की विधि॥

तांबेके सूक्ष्म पत्रोंको अग्निमें तपा २ कर तेल, मट्ठा, कांजी, गोमूत्र और कुलथीके काढ़ेमें तीन २ बार बुझावे इस रीति से तांबा शुद्ध होता है विष में एकदोष और अशुद्ध तांबे में भ्रम, छर्दि, दस्त, स्वेद, क्लेद, मूर्च्छा, दाह, तथा अरुचि यह आठ दोषहैं इसीकारणसे एक दोषयुक्त विषको विष न कह-कर आठ दोषयुक्त अशुद्ध तांबे को विष कहते हैं॥ ५१॥

अथ ताम्रस्य मारणविधिः॥

सूक्ष्माणिताम्रपत्राणि कृत्वासंस्वेदयेद्बुधः। वासरत्रयमम्लेन ततः खल्वेविनिः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्षिपेत् ॥ पादांशंसूतकंदत्त्वा याममम्लेनमर्दयेत्। ततउद्धृत्यपत्राणिलेपयेद्द्विगुणेनच ॥ गन्धकेनाम्लघृष्टेनतस्यकुर्याच्चगोलकम् । ततःपिष्ट्वाचमीनाक्षींचाङ्गेरींवापुनर्नवाम् ॥ (चाङ्गेरीचतुष्पत्राम्ललोनिकाभेदः) तत्कल्केनबहिर्गोलंलेपयेद्द्व्यंगुलोन्मितम् ॥ धृत्वा तद्गोलकंभाण्डेशरावेणचरोधयेत्। बालुकाभिःप्रपूर्याथविभूतिलवणाम्बुभिः ॥ दत्त्वाभाण्डमुखेमुद्रांततश्चुल्ल्यांविपाचयेत्। क्रमवृद्ध्याग्निनासम्यग्यावद्यामचतुष्टयम्॥ स्वाङ्गशीतंसमुद्धृत्यमर्दयेच्छूरणद्रवैः। यामैकंगोलकंतच्चनिःक्षिपेच्छूरणोदरे॥ मृदालेपस्तुकर्त्तव्यःसर्वतोऽङ्गुष्ठमात्रकः। पाच्यंगजपुटेक्षिप्तंमृतंभवतिनिश्चितम्॥ वमनंचविरेकंचभ्रमंक्लममथारुचिम्। विदाहंस्वेदमुत्क्लेदंनकरोतिकदाचन ॥ ५२॥

तांबा मारने की विधि ॥

तांबेके बारीक पत्रोंको आगमें तपाकर तीन दिन खटाई में भिगोवे फिर चौथाई पारा मिलाकर खटाई समेत खरल में एक पहर मर्दन करे फिर खरल से निकालकर खटाई से पीसीहुई दूनी गन्धक से उन पत्रों पर लेप करके गोला बनावे और मकोय चूका अथवा पुनर्नवाको पीस कर गोले के ऊपर दो अंगुल का मोटा लेप करे फिर इस गोले को किसी पात्रमें रखकर पात्रमें बालू भरके और उसे सकोरेसे बन्दकरके मट्टी नोन और जल इनसबको मिलाके उसकेमुखको बन्द करदे और चूल्हे पर चढ़ायके धीरे २ अग्नि को बढ़ाता हुआ चार पहर तक आगदेवे फिर अच्छे प्रकार शीतल होजानेपर उस गोले को निकाल के जिमीकन्द के रस में एकपहर खरलकरे और फिर गोलाबनाकर जिमीकन्दके बीचमें रक्खे और उस पर एक अंगुलका मोटा मट्टी का लेपकरके गज पुटमें पाक करे इसप्रकार से निस्सन्देह तांबेकी उत्तम भस्म होती है और यह तांबा.वमन, विरेचन, भ्रम, ग्लानि, अरुचि, विदाह, स्वेद तथा क्लेदको नहीं करता है ॥ ५२ ॥

एवं मारितस्य ताम्रस्य गुणाः ॥

ताम्रंकषायंमधुरंसतिक्तमम्लञ्चपाकेकटुसारकञ्च। पित्तापहंश्लेष्महरञ्चशीतंतद्रोपणंस्याल्लघुलेखनञ्च॥ पाण्डूदरार्शोज्वरकुष्ठकासश्वासक्षयान्पीनसमम्लपित्तम्। शोथंकृमिंशूलमपाकरोतिप्राहुर्बुधाबृंहणमल्पमेतत् ॥ एकोदोषोविषेताम्रेत्वसम्यग्मारितेपुनः। दाहःस्वेदोऽरुचिर्मूर्च्छाक्लेदोरेकोवमिर्भ्रमः ॥ रेकोविरेकः ॥ ५३ ॥

तांबेकी भस्म के गुण ॥

तांबा. कषैला, मधुर, तिक्त, खट्टा, पाकमें कटु,दस्तावर,कफ पित्तनाशक,शीतल,घावको भरनेवाला, हलका, लेखन, कुछ धातुवर्द्धक और पांडु, उदर, बवासीर, ज्वर, कुष्ठ, खांसी, श्वास, क्षय, पीनस, अम्लपित्त, सूजन, कृमि तथा शूलनाशक होता है विषमें एक दोष और अच्छे प्रकारसे नहीं बने तांबेमें दाह, स्वेद, अरुचि, मूर्च्छा, क्लेद, विरेचन, छर्दि और भ्रम यह आठ दोष होते हैं ॥ ५३ ॥

अथ वङ्गस्यरूपनिरूपणम् ॥

वङ्गंचगिरिजंतच्चखुरकंमिश्रकंद्विधा। तयोस्तुखुरकंश्रेष्ठमिश्रकंत्वहितंमतम् ५४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बङ्गकास्वरूप ॥

बङ्ग और जस्ता यह दोनों खुरक और मिश्रक भेदसे दोप्रकारकेहैं इन्में से खुरकश्रेष्ठ और मिश्रक अहित होता है ॥ ५४ ॥

तस्याशुद्धस्यदोषमाह ॥

वङ्गंविधत्तेखलुशुद्धिहीनमाक्षेपकम्पौचकिलासगुल्मौ । कुष्ठानिशूलंकिलवातशोथं पाण्डुप्रमेहञ्चभगंदरञ्च ॥ विषोपमंरक्तविकारवृन्दंक्षयञ्चकृच्छ्राणिकफज्वरञ्च । मेहाश्मरी विद्रधिमुष्करोगानूनागोऽपिकुर्यात्कथितान्विकारान् ॥ ५५ ॥

अशुद्धबङ्गके दोष ॥

अशुद्ध बङ्ग. आक्षेप, कम्प, किलास, गुल्म, कुष्ठ, शूल, वात, सूजन, पांडु, प्रमेह, भगंदर, विषके समान रुधिर के विकार, क्षय, मूत्रकृच्छ्र, कफ, ज्वर, मेह, पथरी, विद्रधि और अण्डकोश के रोगोंको उत्पन्न करताहै ॥ ५५ ॥

तस्यशोधनमभिधीयते ॥

वङ्गनागौप्रतप्तौचगलितौतौनिषेचयेत् । त्रिधात्रिधाविशुद्धिःस्याद्रविदुग्धेऽपिचात्रिधा ॥ निषेचयेत्तैलतक्रकाञ्जिकगोमूत्रकुलत्थक्काथेषुप्रत्येकंत्रिधा त्रिधाततोऽर्कदुग्धेऽपित्रिधा ॥ ५६ ॥

बङ्गकेशोधनकी विधि ॥

बङ्ग और सीसेको पिघलाकर तेल, मट्ठा, कांजी, गोमूत्र, कुलथीकाकाढ़ा और आकका दूध इन सब में तीन २ वार क्रम से बुझावे इसप्रकारसे सीसा और रांगा शुद्धहोताहै ॥ ५६ ॥

अथ वङ्गस्यमारणविधिः ॥

मृत्पात्रेद्राविते वङ्गेचिञ्चाश्वत्थत्वचोरजः । क्षिप्त्वावङ्गचतुर्थांशमयोदर्व्याप्रचालयेत् ॥ चिञ्चाअमिली । रजश्चूर्णम्। अयोदर्वीकरछुली । ततोद्वियाममात्रेणवङ्गंभस्मप्रजायते ॥ अथभस्मसमंतालंक्षिप्त्वाम्लेनविमर्दयेत् । ततोगजपुटेपक्त्वापुनरम्लेनमर्दयेत् ॥ तालेनदशमांशेनयाममेकंततःपुटेत् ॥ एवंदशपुटैःपक्वंवङ्गंभवतिमारितम्॥ ५७ ॥

बङ्गमारनेकीविधि ॥

मिट्टीके पात्रमें बङ्गको गलाकर चतुर्थांश इमली और पीपलकी छालका चूर्ण छोड़े और लोहे की कलछीसे चलावे इसरीति से दोपहरमें बङ्गभस्महोती है फिर भस्म के समानभाग हरताल मिलाकर खटाईमें घोटे और गजपुटमें पाककरे फिर दशमांश हरिताल मिलाकर एक पहरतक पुटपाककरे इसप्रकार दशवार पुट देनेसे बङ्गकी भस्म होतीहै ॥ ५७ ॥

एवंमारितस्यवङ्गस्यगुणाः ॥

वंगंलघुसरंरूक्षंकुष्ठमेहकफक्रिमीन् । निहन्तिपाण्डुंसश्वासंनेत्र्यमीषत्तुपित्तलम्॥ सिंहोगजौघंतुयथानिहन्तितथैववङ्गोऽखिलमेहवर्गम्। देहस्यसौख्यंप्रबलेन्द्रियत्वंनरस्यपुष्टिंविदधातिनूनम् ॥ ५८ ॥

बङ्गकी भस्मके गुण ॥

बङ्ग. हलकी, दस्तावर, रूखी, नेत्रोंकोहित, कुछ पित्तकारी और कुष्ठ, प्रमेह, कफ, कृमि, पाण्डु तथा श्वास, रोगकी नाशक होतीहै जैसे सिंह हाथियोंके समूहको मारताहै उसी प्रकार बङ्ग सब प्रकारके प्रमेहोंको नाशकरतीहै और यह सुख इन्द्रियों में सामर्थ्य और शरीरकी पुष्टताको बढ़ाती है ॥ ५८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ यशदस्यस्वरूपम् ॥

यशदंगिरिजंतस्यदोषाःशोधनमारणे । वङ्गस्येवहिबोद्धव्यागुणास्तुगणयाम्यथ ॥ यशदंचसरंतिक्तंशीतलंकफपित्तहृत् । चक्षुष्यंपरमंमेहान्पाण्डुंश्वासञ्चनाशयेत् ॥ ५९ ॥

जस्तेकास्वरूप ॥

जस्तेके दोष शोधन और मारण बंगके समान हैं जस्ता. कषैला, तिक्त, शीतल, नेत्रोंको हित और कफ, पित्त, प्रमेह, पाण्डु तथा श्वासनाशक होताहै ॥ ५९ ॥

अथ सीसकस्यशोधनम् ॥

तस्यसाहजिकादोषारङ्गस्येवनिदर्शिताः । शोधनञ्चापितस्यैवभिषग्भिर्गदितंपुरा ६० ॥

सीसेकाशोधन ॥

सीसे के स्वाभाविक दोष रांगेके समानदेखाये हैं और उसका शोधन भी रांगेके समानही वैद्यों ने कहाहै ॥ ६० ॥

अथ सीसस्यमारणविधिः ॥

ताम्बूलरससंपिष्टंशिलालेपात्पुनःपुनः । द्वात्रिंशद्भिःपुटैर्नागानिरुत्थंभस्मजायते । शिलामनःशिलाः (अन्यच्च) अश्वत्थचिञ्चात्वक्चूर्णञ्चतुर्थांशेननिक्षिपेत् । मृत्पात्रे विद्रुतोनागोलोहदर्व्याप्रचालितः ॥ यामैकेनभवेद्भस्मतत्तुल्यास्यान्मनःशिला । काञ्जिकेनद्वयंपिष्ट्वापचेद्गजपुटेनच । स्वांगशीतंपुनःपिष्ट्वाशिलयाकाञ्जिकेनच । पुनःपचेच्छरावाभ्यामेवंषष्टिपुटैर्मृतिः ॥ ६१ ॥

सीसेकेमारणकीविधि ॥

पानके रसमें पिसीहुई मैनसिलका वारंवार लेपकरके बत्ती संपुटमें सीसेकी निरुत्थ भस्म होती है (दूसरीविधि) मृत्तिकाके पात्रमें सीसेको गलायकरपीपल और इमलीकीछालकाचूर्ण उसकाचतुर्थांश उसमें छोडे और लोहेकी कलछीसे उसको चलावे इसप्रकार एक पहरमें भस्म होतीहै फिर भस्मके समान मैनसिल मिलायकर दूनी कांजीमें पीस गजपुटमें पाककरे फिर शीतल होजानेपर मैनसिल सिलाके कांजीमें पीस पुटपाक करे इसप्रकार साठिपुटपाक करने से सीसेकी भस्म होतीहै ॥ ६१ ॥

एवं मारितस्यसीसस्यगुणाः ॥

सीसंरङ्गगुणंज्ञेयंविशेषान्मेहनाशनम् ॥ नागस्तुनागशततुल्यबलंददाति व्याधिञ्चनाशयतिजीवितमातनोति । वह्निंप्रदीपयतिकामबलंकरोति मृत्युञ्चनाशयतिसन्ततसेवितःसः ॥ ६२ ॥

सीसेकीभस्मके गुण

सीसेमें बङ्गके समान गुणहोतेहैं और विशेषकरके प्रमेहोंको नाशकरताहै सदैव सेवनकियागया सीसा सौहाथियों के समान बलदायक व्याधिनाशक आयुवर्द्धक दीपन काममें बलदायक और मृत्युकाभी नाशकहोताहै ॥ ६२ ॥

अथ लोहस्याशुद्धस्यदोषमाह ॥

षण्ढत्व[1]कुष्ठामयमृत्युकारीहृद्रोगशूलौकुरुतेऽश्मरीञ्च । नानारुजानांचतथाप्रकोपं कुर्याच्चहृल्लासमशुद्धलोहम् । अतस्तस्यदोषशान्तयेशोधनमभिधीयते । पत्तलीकृतपत्रा

(१) खण्डत्वेतिवा पाठः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

णिलोहस्याग्नौप्रतापयेत् । निषिञ्चेत्ततप्तानितैलेतक्रेचकाञ्जिके । गोमूत्रेचकुलत्थानां कषायंचत्रिधात्रिधा । एवंलोहस्यपत्राणांविशुद्धिःसंप्रजायते ॥ ६३ ॥

अशुद्धलोहेके दोष ॥

अशुद्ध लोहा लूलापन या नपुंसकता, कुष्ठ, मृत्यु, हृदयके रोग, शूल, पथरी, मतली और अनेक प्रकारके रोगोंको उत्पन्न करताहै इससे उसके दोषोंकी शान्तिकेलिये लोहेका शोधन कहते हैं लोहेके सूक्ष्म पत्रोंको अग्निमें तपा २ कर तेल, मट्ठा, कांजी, गोमूत्र और कुलथीके काढेमें तीन २ बार बुझावे इसरीतिसे लोहा शुद्ध होजाताहै ॥ ६३ ॥

अथ लोहस्य मारणविधिः ॥

शुद्धंलोहभवंचूर्णपातालगरुडीरसैः । मर्दयित्वापुटेद्वह्नौ दद्यादेवंपुटत्रयम् ॥ पुटत्रयं कुमार्याश्च कुठारच्छिन्निकारसैः । पुटषट्कंततोदद्यादेवं तीक्ष्णमृतिर्भवेत् (अन्यच्च) क्षिपेद्द्वादशमांशेन दरदंतीक्ष्णचूर्णतः । मर्दयेत्कन्यकाद्रावैर्यामयुग्मंततःपुटेत् ॥ एवं सप्तपुटैर्मृत्युं लोहचूर्णमवाप्नुयात् ॥ ६४ ॥

लोहेके मारनेकी विधि ॥

शुद्धलोहे के चूर्णको पातालगरुडी (इन्द्रायण) के अर्कमें घोटकर तीनवारपुटपाककरे फिर घी-कुवारके रसमें घोटकर तीनवार पुटपाककरे फिर कुरैयाके रस में घोटकर छः वार पुटपाककरे इस रीतिसे लोहा भस्महोताहै (दूसराप्रकार) लोहचूर्ण का दशमांश सिंगरफ मिलाके घीकुवारकेरस में घोटे दोपहरतक फिर पुटपाककरे इसप्रकार सातवार पुटपाक करनेसे लोहा भस्म होताहै ॥ ६४ ॥

सत्योऽनुभूतोयोगेन्द्रैः क्रमोऽन्योलोहमारणे। कथ्यतेरामराजेनकौतूहलधियाऽधुना॥ सूतकात्द्विगुणंगन्धंदत्त्वाकुर्याच्चकज्जलीम् । द्वयोःसमंलोहचूर्णमर्दयेत्कन्यकाद्रवैः ॥ यामयुग्मंततःपिण्डं कृत्वाताम्रस्यपत्रके । घर्म्मेधृत्वारुबूकस्यपत्रैराच्छादयेद्बुधः ॥ या मद्वयाद्भवेदुष्णं धान्यराशौन्यसेत्ततः। दत्त्वोपरिशरावंतु त्रिदिनान्तेसमुद्धरेत् ॥ पिष्ट्वा चगालयेद्वस्त्रादेवंवारितरंभवेत् । दाडिमस्यदलंपिष्ट्वातच्चतुर्गुणवारिणा ॥ तद्रसेनायस श्चूर्णंसञ्जीयप्लावयेदिति । आतपेशोषयेत्तच्चपुटेदेवंपुनःपुनः ॥ एकविंशतिवारैस्तंम्रियते नात्रसंशयः । एवंसर्वाणिलोहानि स्वर्णादीन्यपिमारयेत् ॥ ६५ ॥

योगीलोगों से अनुभव की हुई लोहे के मारने की अन्य विधि कुतूहल पूर्वक रामराजा ने कही है कि पारे से दूनी गन्धक लेकर कजली करे फिर कजली के समान लोहे का चूर्ण मिलाय घीकुवार के रस में दो पहर घोटि के गोला बनावे गोले को तांबे के पात्र में रखकर दो पहर रेंडी के पत्तों से ढककर धूप में रक्खे फिर गोलेके गरम होजाने पर सकोरेसे ढककर तीन दिन तक धान्य राशिमें रक्खे फिर तीन दिन के पीछे निकालकर कपडे से छानले इस रीति से लोहा पानी में तैरने लगता है फिर उससे चौगुने पानी में अनार की पत्ती को पीस कर उस के रस में लोहे को भिगोवे और धूपमें सुखावे और पुटपाक करे इस रीतिसे इक्कीस वार पुटपाक देने से निस्सन्देह लोहे की भस्म होती है ॥ ६५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एवंमारितस्य लोहस्यगुणाः ॥

लोहंतिक्तंसरंशीतंकषायंमधुरंगुरु । रूक्षंवयस्यंचक्षुष्यं लेखनंवातलंजयेत् ॥ कफं पित्तंगरंशूलंशोफार्शःप्लीहपाण्डुताः । मेदोमेहक्रिमीन्कुष्ठंतत्किट्टंतद्वदेवहि ॥ गुञ्जामेकां समारभ्य यावत्स्युर्नवरक्तिकाः । तावल्लोहंसमश्नीयाद्यथादोषानलंनरः ॥ कूष्माण्डं तिलतैलंच माषान्नंराजिकांतथा । मद्यमम्लरसञ्चैववर्जयेल्लोहसेवकः ॥ शिलागन्धार्क दुग्धाक्ताः ॥ स्वर्णाद्याःसर्वधातवः । म्रियन्तेद्वादशपुटैः सत्यंगुरुवचोयथा ॥ ६६ ॥

लोहे की भस्म के गुण ॥

लोहा.तिक्त,दस्तावर,शीतल,कषैला, मधुर, भारी, रूखा, अवस्था का रखनेवाला, नेत्रों कोहित, लेखन, बादी और कफ,पित्त,गरदोष,शूल, सूजन, बवासीर, प्लीहा, पाण्डु, मेद, प्रमेह, कृमि तथा कुष्ठ-रोगनाशक होताहै इसकी कीटीमें भी इसी के समान गुण होते हैं दोष और अग्नि के बल को विचार कर एक रत्ती से लेकर नौरत्ती तक लोहा खाना चाहिये लोह सेवन करनेवाला पुरुष.पेठा, तिलों का तेल, उर्द, राई, मद्य और खटाई को त्याग करदे मैनसिल गन्धक और आकके दूध में भि-गोई हुई संपूर्ण धातु बारह पुटों में भस्म होती हैं यह निस्सन्देह गुरु का वचनहै ॥ ६६ ॥

अथोपधातूनांमारणप्रकारमाह । तत्रस्वर्णमाक्षिकस्याशुद्धस्यदोषमाह ॥

मन्दानलत्वंबलहानिमुग्रांविष्टम्भितांनेत्रगदांसकुष्ठान् । मालांतथैवव्रणपूर्विका ञ्चकुर्यादशुद्धंखलुमाक्षिकञ्च ॥ (अतस्तस्यदोषशान्तये शोधनमभिधीयते) माक्षिक स्यत्रयोभागाभागैकंसैन्धवस्यच । मातुलुङ्गद्रवैर्वाथ जम्बीरस्यद्रवैःपचेत् ॥ चालयेल्लो हजेपात्रेयावत्पात्रंसुलोहितम् । भवेत्ततस्तुसंशुद्धिं स्वर्णमाक्षिकमृच्छति ॥ ६७ ॥

उपधातुओं के मारण का प्रकार अशुद्ध । सोनामक्खी के दोष ॥

अशुद्ध सोनामक्खी.मन्दाग्नि,बलहानि,विष्टम्भ,नेत्ररोग,कुष्ठ,गण्डमाला और घाव को करतीहै इससे उसके दोषोंकी शान्तिकेलिये शुद्धकरनेकी विधि कही जातीहै सोनामक्खी तीन भाग और सेंधानोन एक भाग मिलायकर बिजौरा अथवा जंभीरी नींबूके रसों से लोहेके पात्रमें पाककरे और जबतक पात्र लाल न होजाय तबतक चलातारहै इस रीतिसे सोनामक्खी शुद्ध होतीहै ॥ ६७ ॥

अथ मारणविधिः ॥

कुलत्थस्यकषायेणघृष्ट्वातैलेनवापुटेत्।तक्रेणवाजमूत्रेणम्रियतेस्वर्णमाक्षिकम् ६८ ॥

सोनामक्खी मारनेकी विधि ॥

कुलथीके काढ़े में तेलमें मट्ठे में अथवा बकरेके मूत्रमें घोटकर पुटपाक करने से सोनामक्खी भस्म होती है ॥ ६८ ॥

अथ तारमाक्षिकस्यशोधनमाह ॥

स्वर्णमाक्षिकवद्दोषाविज्ञेयास्तारमाक्षिके । अतस्तद्दोषशान्त्यर्थंशोधनंतस्यकथ्यते॥ कर्कोटीमेषशृंग्युत्थैर्द्रवैर्जम्बीरजैर्दिनम् । भावयेदातपेतीव्रे विमलाशुद्ध्यतिध्रुवम् ६९ विमला तारमाक्षिकम् । कर्कोटीखेखसा ॥ मेषशृङ्गीमेढाश्रृङ्गी ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रूपामक्खीका शोधन ॥

रूपामक्खीमें भी सोनामक्खीके समान दोष होते हैं इससे उसके दोषों के शान्त करनेके लिये उसका शोधन लिखतेहैं खिखसा मेढ्ढासिंगी और जंभीरी नींबूके रससे तेज धूप में एकदिन भावना देनेसे रूपामक्खी शुद्धहोतीहै ॥ ६९ ॥

अथ मारणम् ॥

कुलत्थस्यकषायेणघृष्ट्वातैलेनवापुटेत् । मरणंत्राजमूत्रेणतारमाक्षिकमृच्छति ॥ ७० ॥

रूपामक्खीका मारण ॥

कुलथी का काढा, तेल, अथवा बकरे का मूत्र इनमें घोटकर पुटपाक करने से रूपामक्खी भस्महोतीहै ॥ ७० ॥

अथ तयोर्विशिष्टागुणाः ॥

नकेवलंस्वर्णरूप्यगुणास्तापीजयोर्मताः । द्रव्यान्तरस्यसंसर्गात्सन्त्यन्येऽपिगुणास्तयोः ॥ माक्षिकंमधुरंतिक्तंस्वर्य्यंवृष्यंरसायनम् । चक्षुष्यंवस्तिरुक्कुष्ठंपाण्डुमेहविषोदरम् ॥ अर्शःशोफंक्षयंकण्डूंत्रिदोषञ्चनियच्छति ॥ ७१

सोनामक्खी और रूपामक्खी के गुण ॥

सोनामक्खी और रूपामक्खीमें केवल सोने और चांदीकेही गुण नहींहोते किन्तु द्रव्यान्तरकेसंयोग से अन्य २ गुणभीहोतेहैं सोनामक्खी और रूपामक्खी मधुर, तिक्त, स्वरकोहित, वीर्यवर्द्धक, रसायन, नेत्रोंकोहित और वस्तिकी पीडा, कुष्ठ, पाण्डु, प्रमेह, विष, उदर, बवासीर, सूजन, क्षय, खुजली तथा त्रिदोषनाशक होतीहै ॥ ७१ ॥

अथ तुत्थस्यशोधनमाह ॥

विष्ठयामर्दयेत्तुत्थंमार्जारककपोतयोः । दशांशंटङ्कणंदत्त्वापचेल्लघुपुटेततः ॥ पुटंदध्ना पुटंक्षौद्रैर्देयंतुत्थविशुद्धये ॥ ७२ ॥

तूतिये का शोधन ॥

बिल्ली और कबूतर की बिष्ठासे तूतियेको पीसे फिर दशांश सुहागा मिलाकर लघुपुटमें पाककरे फिर दहीकेसाथ पुटपाककरे और सहतकेसाथ पुटपाककरे इसरीतिसे तूतिया शुद्ध होताहै ॥ ७२ ॥

एवं शुद्धस्यतुत्थस्यगुणाः ॥

तुत्थकंकटुकंक्षारंकषायंवामकंलघु । लेखनंभेदनंशीतञ्चक्षुष्यंकफपित्तहृत् ॥ विषाश्मकुष्ठकण्डूघ्नंतद्गुणंखर्परेमतम् ॥ ७३ ॥

शुद्धतूतियाके गुण ॥

शुद्धतूतिया कटुक्षार कषैला छर्दिकारी हलका लेखन भेदक शीतल नेत्रोंको हित और कफ पित्त विष पथरी कुष्ठ तथा खुजली नाशक होताहै खपरियामें भी इसीके समान गुणहैं ॥ ७३ ॥

अथ कांस्यस्यरीतेश्चशोधनन्त्वभिधीयते । पत्तलेकृतपत्राणिकांस्यस्याग्नौप्रतापयेत् । निषिञ्चेत्तत्ततप्तानि तैलेतक्रेचकाञ्जिके ॥ गोमूत्रेचकुलत्थानांकषायेत्रत्रिधात्रिधा । एवंकांस्यस्यरीतेश्चविशुद्धिःसंप्रजायते ॥ ७४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कांसा और पीतलके शुद्ध करने की रीति ॥

कांसे और पीतलके बारीक पत्रोंको अग्निमें तपा २ कर तेल मट्ठा क़ांजी गोमूत्र और कुलथीके काढ़ेमें तीन २ बार बुझावे इससे कांसा और पीतल शुद्ध होताहै ॥ ७४ ॥

अथ मारणविधिः ॥

अर्कक्षीरेणसंपिष्टोगन्धकस्तेनलेपयेत् । समेनकांस्यपत्राणिशुद्धान्यम्लद्रवैर्मुहुः । ततोमूषापुटेधृत्वापचेद्गजपुटेनच । एवंपुटद्वयात्कांस्यंरीतिश्चम्रियतेध्रुवम् ॥ ७५ ॥

कांसे और पीतलके मारनेकी विधि ॥

गन्धकको आकके दूधमें पीसकर समभाग कांसे और पीतलके शुद्ध पत्रोंपर लेपकरे और खटाई में वारंवार शुद्धकरे फिर घड़ियामें रखकर गजपुट में दोबार पाककरे इसप्रकारसे कांसे और पीतल की भस्म होतीहै ॥ ७५

एवंमारितयोःकांस्यरीत्योर्गुणाः ॥

कांस्यंकषायंतीक्ष्णोष्णंलेखनंविशदंसरम् । रीतिकातुभवेद्रूक्षासतिक्तालवणारसे ॥ शोधिनीपाण्डुरोगघ्नी कृमिहन्नातिलेखनी ॥ ७६ ॥

कांसे और पीतलकी भस्मके गुण ॥

कांसा.कषैला,तीक्ष्ण,उष्ण,लेखन,विशद,दस्तावर, भारी,नेत्रोंकोहित, रूखा और कफ,पित्तनाशक होताहै पीतल. रूखी,तिक्त,नमकीन,शोधक,कुछलेखन और पाण्डु तथा कृमिनाशक होतीहै ॥ ७६ ॥

अथ सिन्दूरस्यशोधनमाह ॥

दुग्धाम्लयोगतस्तस्यविशुद्धिर्गदिताबुधैः । अथगुणाः ॥ सिन्दूरउष्णोवीसर्पकुष्ठकण्डूविषापहः । भग्नसन्धानजननो व्रणशोधनरोपणः ॥ ७७ ॥

सिंदूर का शोधन और गुण ॥

दूध और खटाई के संयोग से सिंदूर शुद्ध होताहै शुद्ध सिंदूर.उष्ण, टूटेको जोड़नेवाला, घावका शोधक और भरनेवाला और वीसर्प,कुष्ठ, खुजली तथा विष नाशक होताहै ॥ ७७ ॥

अथ शिलाजतुनःशोधनमाह । तत्रशोधनायोग्यशिलाजत्वाह ॥

गोमूत्रगन्धवत्कृष्णंस्निग्धंमृदुतथागुरु ॥ तिक्तंकषायंशीतञ्चसर्वश्रेष्ठंतदायसम् । (आयसम्अयसउपधातुः) विन्ध्यादौबहुलंतन्तुतत्रलोहंयतोऽधिकम् । तच्छोधनमृतव्यर्थमनेकमलमेलनात् । शिलाजतुसमानीयसूक्ष्मंखण्डंविधायच ॥ निक्षिप्यात्युष्णपानीयेयामैकंस्थापयेत्सुधीः । मर्दयित्वाततोनीरंगृह्णीयाद्वस्त्रगालितम् ॥ स्थापयित्वाच मृत्पात्रेधारयेदातपेबुधः । उपरिस्थंघनंयत्स्यात्तत्क्षिपेदन्यपात्रके । एवंपुनःपुनर्नीतंद्विनासाभ्यांशिलाजतु ॥ भवेत्कार्य्यक्षमंवह्नौक्षिप्तंलिङ्गोपमम्भवेत् । निर्धूमञ्चततःशुद्धंसर्वकर्मसुयोजयेत् ॥ अथान्यप्रकारः । तत्रप्रथमतस्तस्यबहिर्मलमपाकर्त्तुंकेवलजलेनप्रक्षालनंकर्त्तव्यं । ततस्तदन्तर्गतमृत्तिकासिकतादिदोषदूरीकरणायवक्ष्यमाणक्वाथेनतत्रभावनादेया (तदाहवाग्भटः) व्याधिव्याधितसात्म्यंसमनुसरन्भावयेदयःपात्रे । प्राक्केवल

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जलधौतंशु ष्कंक्काथैस्ततोभाव्यम् ॥ तुल्यंगिरिजेनजलेंद्वसुगुणेभावनौषधंक्काथ्यम्। तत्क्काथेपादांशेपूतोष्णंप्रक्षिपेद्गिरिजम् । तत्समरसतांयातंसंशुष्कंप्रक्षिपेद्रसेभूयः। स्वैःस्वैरेवंक्काथैर्भाव्यंवारान्भवेत्सप्त ॥ अथस्निग्धस्यशुद्धस्यघृतंतिक्तकसाधितम्। त्र्यहंयुञ्जीतगिरिजमेकैकेनतथात्र्यहम् ॥ फलत्रयस्ययूषेणपटोल्यामधुकस्यच। शिलाजमेवंदेहस्यभवन्त्यत्युपकारकम् ॥ ७८ ॥

शिलाजीतका शोधन और शोधने के योग्य शिलाजीत॥

गोमूत्र कीसी गन्धवाले,कृष्णवर्ण,स्निग्ध, कोमल,भारी,तिक्त,कषैला और शीतल,शिलाजीत सब से श्रेष्ठहोताहै शिलाजीत बिन्ध्य आदि पर्वतों में लोहेकी अधिकताके कारण बहुत उत्पन्न होताहै वह शोधन के विना व्यर्थ है क्योंकि उसमें अनेक मल मिले रहतेहैं शिलाजीत के छोटे २ टुकडे करके एकपहरतक गरमजल में भिगोवे फिर मलकर उसपानी को कपडे में छानले और मृत्तिका के पात्र में भरकर धूप में रक्खे उसके ऊपर जमेहुये घने भागको दूसरे पात्रमें रक्खे इसप्रकार दो महीने में वारंवार करनेसे शिलाजीत शुद्ध होताहै शिलाजीत अग्निमें जलनेसे लिंगके समान और धूपरहित होयतो शुद्धजानकर सम्पूर्ण कार्योंमें व्यवहारकरे दूसराप्रकार शिलाजीत को बाहरके मल के दूरकरने के लिये प्रथम केवल जल से धोवे फिर उसके भीतरी मृत्तिका और बालू आदिदोषों के दूर करने को आगे कहेहुये क्काथसे भावनादे और वाग्भटनेभी ऐसाही कहाहै कि रोगीके सात्म्य [स्वभाव] को देखकर पहले शिलाजीत को केवल जलसे धोकर सुखावे और क्काथ के द्वारा लोहे के पात्र में भावना दे शिलाजीतके समान क्काथकी औषधों को लेकर अठगुने पानी में पाककरे फिर चतुर्थांश रहजाने पर उसको छानकर उसमें शिलाजीत छोडे फिर क्काथ में मिलजाने पर सुखाके दूसरी बार रस में छोडे इसप्रकार वारंवार संपूर्ण क्काथों से सात २ भावनादे फिर तिक्त वस्तुओंसे बनायेहुये घृत में तीनदिन भिजोवे इसके उपरांत तीनदिन त्रिफलाके क्काथ में तीन दिन परवलके क्काथमें और तीन दिन मुलहठीके क्काथमें भिगोवे इसप्रकारसे बनकर शिलाजीत शरीरको अत्यन्त उपकारी होताहै ॥ ७८ ॥ क्काथद्रव्याणिभावानापलञ्चाहहारीतः ॥

लोहस्थितंनिम्बगुडूचिसर्पिर्यवैर्यथावत्परिभावयेत्तत् । सन्तानिकाकीटपतंगदंशदुष्टौषधीदोषनिवारणाय॥सन्तानिकातद्बहिःसंलग्नमृत्तिकादिमयी। एवंभावनांदत्वासंशोष्यकेवलेनजलेनशोधनंकर्त्तव्यम्॥ (तत्प्रकारमाहअग्निवेशः)उष्णेचकालेरवितापयुक्तेव्यभ्रेनिवातेसमभूमिभागे। चत्वारिपात्राण्यसितायसानिन्यस्यातपेतत्रकृतावधानः। शिलाजतुश्रेष्ठमवाप्यपात्रेप्रक्षिप्यतस्माद्द्विगुणञ्चतोयम्। उष्णंतदर्द्धंक्कथितञ्चदत्वाविशोधयेत्तन्मृदितंयथावत् ॥ ततस्तुयत्कृष्णमुपैतिचोर्ध्वंसन्तानिकायद्रविरश्मितप्तम्।पात्रेतदन्यत्रततोनिदध्यात्तत्रापरंकोष्णजलंक्षिपेच्च पुनश्चतस्मादपरत्रपात्रेपश्चाच्चपात्रादपरत्रभूयः। यदाविशुद्धंजलमेवमूर्ध्वेकृष्णंसमस्तंमलमेत्यधस्तात् ॥ तदात्यजेत्तत्सलिलंमलञ्चशिलाजतस्याज्जलशुद्धमेवम् ॥ ७९ ॥

हारीत की कहीहुई क्काथकी वस्तु और भावना का फल ॥

नींब गिलोय और जवों के क्काथसे शिलाजीतमें मृत्तिका आदिक बाहरके मैल कीट पतङ्गोंके काटने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

से उत्पन्नहुये दोष और दोषयुक्त औषधियों के संयोग से उत्पन्न हुये दोष के निवृत्त करने के लिये भावना देकर सुखावे और फिर केवल जलसे धोवे अग्निवेशने कहा है कि मेघोंसे और वायु से रहित धूपयुक्त ग्रीष्मऋतु के दिनों में चार काले रङ्गवाले लोहे के पात्र समतल की पृथ्वीपर धूपमें रक्खे फिर उत्तम शिलाजीत को लेकर एक पात्र में रक्खे उसमें दूना गरमजल और आधा भाग क्काथ डालकर मल करके शुद्ध करे फिर धूप में धरे २ जब उसपर काली मलाई सी पडजाय तो उसको दूसरे पात्र में रखदे और गरमजल छोडकर धूप में रखदे फिर उसीप्रकार मलाई सी पडजानेपर अन्यपात्र में रक्खे इसप्रकार वारंवार करने से जब ऊपर निर्मल जल आजाय और सम्पूर्ण काला मैल नीचे बैठ जाय तब उस जल और मैलको फेंकदे इसप्रकार शिलाजीत केवल जल से शुद्ध होजाती है ॥ ७९ ॥ एवं शोधितस्यशिलाजतुनोगुणानाह ॥

शिलाजतुस्मृतंतिक्तंकटूष्णंकटुपाकिच । रसायनंयोगवाहिश्लेष्ममेहाश्मशर्कराः ॥ मूत्रकृच्छ्रंक्षयंश्वासंशोथमर्शांसिपाण्डुताम् । वातरक्तंतथाकुष्ठमपस्मारोदरंहरेत् ॥ ८० ॥

शुद्धशिलाजीत के गुण ॥

शुद्ध शिलाजीत तिक्त,कटु,उष्ण,पाक में कटु,रसायन, योगवाही और कफ, प्रमेह, पथरी, शर्करा, मूत्रकृच्छ्र,क्षय, श्वास,सूजन,बवासीर,पाण्डु,वातरक्त,कुष्ठ,मृगी तथा उदरनाशक होती है ॥ ८० ॥

अथ रसस्यशोधनविधिः । तत्रस्वेदनम् ॥

नानाधान्यैर्यथाप्राप्तैस्तुषवर्जैर्जलान्वितैः। मृद्भाण्डंपूरितंरक्षेद्यावदम्लत्वमाप्नुयात् ॥ तन्मध्येभृङ्गरामुण्डीविष्णुक्रान्तापुनर्नवा । मीनाक्षीचैवसर्पाक्षीसहदेवीशतावरी ॥ त्रिफलागिरिकर्णीचहंसपादीचचित्रकम् । समूलंकुट्टयित्वातुयथालाभंविनिःक्षिपेत् ॥ पूर्वाम्लभाण्डमध्येतुधान्याम्लकमिदंस्मृतम्। स्वेदनादिषुसर्वत्ररसराजस्ययोजयेत् ॥ विष्णुक्रान्तागिरिकर्णीचअपराजितैवश्वेतनीलपुष्पभेदात् । अत्यम्लमारनालंवातदभावेप्रयोजयेत् (तदभावेधान्याम्लाभावे) त्र्यूषणंलवणंजाजीरजनीत्रिफलार्द्रकम्। महाबलानागबलामेघनादःपुनर्नवा॥ मेषशृङ्गीचित्रकञ्चनवसारंसमंसमम्। एतत्समस्तंव्यस्तंवापूर्वाम्लेनैवपेषयेत् ॥ प्रलिम्पेत्तेनकल्केनवस्त्रमंगुलमात्रकम्। तन्मध्येनिःक्षिपेत्सूतंबद्ध्वात्रिदिनंपचेत् ॥ दोलायन्त्रेऽम्लसंयुक्तेजायतेस्वेदितोरसः । मेघनादःचवराई शाकविशेषः। मेषशृङ्गी मेढ़ाशृंगी। तदलाभेकर्कटशृङ्गीग्राह्या। नवसारं। नवसादरं। अन्यच्च । मूलकानलसिन्धूत्थत्र्यूषणार्द्रकराजिकाः । रसस्यषोडशांशेनद्रव्यंयुञ्ज्यात्पृथक्पृथक् । द्रवेष्वनुक्तमानेषुमतंमानमितंबुधैः॥ पट्टाव्रतेषुचैतेषुसूतंप्रक्षिप्यकाञ्जिके ॥ स्वेदयेद्दिनमेकञ्चदोलायन्त्रेणबुद्धिमान् । स्वेदात्तीव्रोभवेत्सूतोमर्दनाच्चसुनिर्मलः ॥ मूलकमुरईअनलश्चित्रकम् ॥ त्र्यूषणंत्रिकटु राजिकाराई ॥ ८१ ॥

पारे का शोधन । प्रथम स्वेदन ॥

जहांतक मिलसके वहांतक भूसीरहित अनेक प्रकारोंके धान्योंको लेकर मृत्तिका के पात्र में जल से भिगोवे फिर खटाई आजाने पर भँगरा, गोरखमुण्डी, विष्णुक्रान्ता, पुनर्नवा, मछैछी, नागफनी,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सहदेई, सतावर, त्रिफला, नीले फूल की विष्णुक्रान्ता और चीता इन सब पदार्थोंको जहांतक मिल सकें जड समेत कूटकर उसी पात्र में छोडे इसको धान्याम्ल कहते हैं और जो धान्याम्ल न मिलै तो बहुत खट्टे आर्नाल को काम में लावे यही धान्याम्ल पारेके स्वेदनआदि सब कार्योंमें व्यवहार किया जाता है ॥ सोंठि, मिर्च, पीपल, सेंधानोन, राई, हल्दी, हड, बहेडा, आंवला, अदरक, बरियारा, गुलसकरी, चौराई, पुनर्नवा, मेढासिंगी, चीता और नौसादर यह सम्पूर्ण वस्तु समभाग लेकर इकट्ठे अथवा अलग अलग धान्याम्ल में पीसे इसी कल्क से वस्त्रके ऊपर एक अंगुल मोटा लेप करे और उसमें पारा रखके बांधकर तीन दिनतक किसी पात्र में खटाई भरकर दोलायन्त्र में पाक करे इस प्रकार से पारे का स्वेदन होता है ऊपर कहीहुई औषधियों में मेढासिंगी के अभाव में काकडासिंगी लेनीचाहिये (दूसराप्रकार) मूली, चीता, सेंधानोन, सोंठि, मिर्च, पीपल, अदरक और राई यह सम्पूर्ण औषधि प्रत्येक पारे के सोलहवें हिस्से लेकर जहां कोई ठीक ठीक परिमाण नहीं कहाहुआ हो वहां सम प्रमाण लेना चाहिये फिर किसी कपडे में यह सब औषधि और पारे को बांधकर कांजी में छोडे और एक दिन दोलायन्त्र में पाक करे स्वेदन से पारा तीव्र और मर्द्दन से निर्बल होता है ॥ ८१ ॥

अथ मर्द्दनम् ॥

इष्टिकाचूर्णचूर्णाभ्यामादौमर्द्योरसस्ततः । दध्नागुडेनसिन्धूत्थराजिकागृहधूमकैः ॥ अन्यच्च । कुमारिकाचित्रकरक्तसर्षपैः कृतैःकषायैर्बृहतीविमिश्रितैः । फलत्रिकेणापिविमर्दितोरसोदिनत्रयंसर्वमलैर्विमुच्यते ॥ ८२ ॥

मर्द्दनकी विधि ॥

सुरखी और चूनेसे पारे को मलकर दही, गुड, सेंधानोन, राई और घरके धुयें से मर्द्दनकरे अथवा घीगुआर, चीता, लाल सरसों, भटकटैया और त्रिफला के काढ़े से तीन दिनतक मर्द्दन कियाहुआ पारा सम्पूर्ण मलों से अलग होजाता है ॥ ८२ ॥

अथ मूर्च्छनम् ।

त्र्यूषणंत्रिफलावन्ध्याकन्दैःक्षुद्राद्वयान्वितैः ॥ चित्रकोर्णानिशाक्षारकन्यार्ककनकद्रवैः । सूतंकृतेनयूषेणवारान्सप्ताभिमर्दयेत् । इत्थंसंमूर्च्छितःसूतस्त्यजेत्सप्तापिकञ्चुकात् । वन्ध्याकन्दःबांझखेखसाकन्दःक्षुद्राद्वयंछोटीकटाईबड़ीकटाई । उर्णा । उर्ण मेषका। निशा हरिद्रा क्षारः यवक्षारःकन्याकुमारिकाअर्कपत्ररसः । कनकधत्तूरपत्ररसः ॥ ८३ ॥

पारे का मूर्च्छन ॥

सोंठ, पीपल, मिर्च, हड, बहेडा, आंवला, बांझखेखसा, दोनों भटकटैया, चीता, ऊन, हल्दी, जवाखार, घीगुआर, आक के पत्तों का और धतूरे के पत्तोंका रस इन सब के काढ़े में सातबार पारे को मर्द्दनकरै इस रीति से मूर्च्छित हुआ पारा सात केंचुलों को छोडता है ॥ ८३ ॥

अथोर्द्ध्वपातनम् ॥

मयूरग्रीवताप्याभ्यान्नष्टपिष्टीकृतस्यच।यन्त्रेविद्याधरेकुर्याद्रसेन्द्रस्योर्द्ध्वपातनम्॥ ताप्यम् सुवर्णमाखी । नष्टपिष्टीकृतस्य ॥ कुमारिकाद्रवयोगेनतावन्मर्दनं कर्त्तव्यंयावत्पारदःपृथक्नदृश्यतइत्यर्थः।विद्याधरयन्त्रेडमरुयन्त्रे ॥ ८४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पारे का ऊर्द्ध्वपातन ॥

तूतिया सोनामक्खी और घीगुआर के रस से पारेको इतना रगडे कि वह अलग नहीं दिखलाई पडे फिर विद्याधरयन्त्र में पारे को उडावे ॥ ८४ ॥

अथाधःपातनम् ॥

त्रिफलाशिग्रुशिखिभिर्लवणासुरिसंयुतैः । नष्टपिष्टंरसंकृत्वालेपयेदूर्द्ध्वभाजनम् ॥ ततोदीप्तैरधःपातमुपलैस्तस्यकारयेत् । यन्त्रेभूधरसंज्ञेतुततःसूतोविशुध्यति ॥ स्वेदनादिक्रियाभिस्तुशोधितोऽसौयदाभवेत् । तदाकार्याणिकुरुतेप्रयोज्यःसर्वकर्मसु ॥ ८५ ॥

पारे का नीचे गिराना ॥

हड़, बहेड़ा, आवला, सहँजना, चीता, सेंधानोन और राई इन वस्तुओं से पारे को खूब रगड कर ऊपर के पात्रमें लेप करदे और भूधरयन्त्र में कराडों की आंच देकर नीचे गिरावे इस रीति से भी पारा शुद्ध होताहै स्वेदन आदिक क्रियाओंसे शुद्ध पारा सम्पूर्ण कार्योंके लिये योग्य होता है ॥८५॥

अथ मुख्यदोषहरः शोधनविधिः ॥

गृहकन्याहरतिमलन्त्रिफलाग्निञ्चित्रकोविषंहन्ति । तस्मादेभिर्मिश्रैर्वारान्संमूर्च्छयेत्सप्त ॥ ८६ ॥ मुख्य दोष की नाश करनेवाली शोधन की विधि ॥

पारे के मल को घीगुआर अग्निदोष को त्रिफला और विषदोष को चीता नाशकरता है इस लिये इन सम्पूर्ण वस्तुओं से पारे को सात बार मूर्च्छित करना चाहिये ॥ ८६ ॥

अथ सर्वदोषहरःसंक्षिप्तशोधनविधिः ॥

कुमारिकाचित्रकरक्तसर्षपैःकृतःकषायैर्बृहतीविमिश्रितैः । फलत्रिकेणापिविमर्दितोरसोदिनत्रयंसर्वमलैर्विमुच्यते ॥ ८७ ॥

सर्वदोषनाशक संक्षिप्त शोधन की विधि ॥

घीगुआर, चीता,लाल सरसों, भटकटैया और त्रिफला इनके क्वाथ से तीन दिनतक मर्दन करने से पारे के सम्पूर्ण मल छूट जाते हैं ॥ ८७ ॥

कुमार्य्याचनिशाचूर्णैर्दिनंसूतंविमर्दयेत् । एवंकदर्थितःसूतोषण्ढोभवतिनिश्चितम् ॥ बह्वौषधीकषायेणस्वेदितःसबलीभवेत् । सर्पाक्षीचिञ्चिकावन्ध्याभृङ्गाब्दैःस्वेदितोबलीततःसपावकद्रावैःस्विन्नःस्यादतिदीप्तिमान् । सर्पाक्षी । नागफनी।चिञ्चिका।अम्बिलीवन्ध्याबांझखेखसा भृंगः भृंगराजः । अब्दोमुस्ता पावकः चित्रकम् ॥ ८८ ॥

घीगुआर और हल्दी के चूर्ण से एकदिन मर्दन कियागया पारा निस्सन्देह नपुंसक होजाता है फिर बहुत औषधियों के क्वाथ से स्वेदन कियागया बलवान् होजाता है नागफनी, इमली, बाँझ खेखसा, भांगरा और नागरमोथा इनऔषधियों के द्वारा स्वेदन करने से पारा बलीहोताहै और चीतेके रस से स्वेदन कियाहुआ पारा अत्यन्त दीप्तिमान होता है ॥ ८८ ॥

अथ रसस्यमारणविधिः ॥

धूमसारंरसंतोरीगन्धकंनवसादरम् । यामैकंमर्दयेदम्लैर्भागंकृत्वासमंसमम् ॥ काचकूप्यांविनिक्षिप्यताञ्चमृद्वस्त्रमुद्रया । विलिप्यपरितोवक्त्रेमुद्रान्दत्त्वाविशोषयेत् ॥ अधः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सच्छिद्रपिठरीमध्येकूपींनिवेशयेत्। पिठरींबालुकापूरैर्भृत्वाचाकूपिकागलम्॥ निवेश्यचुल्ल्यांतदधोवह्निंकुर्य्याच्छनैःशनैः।तस्मादप्यधिकंकिञ्चित्पावकंज्वालयेत्क्रमात्॥एवंद्वादशभिर्यामैर्म्रियतेरसउत्तमः। स्फोटयेत्स्वांगशीतंतमूर्ध्वगंगन्धकंत्यजेत् ॥ अधस्थञ्च मृतंसूतंगृह्णीयात्तन्तुमात्रया॥ यथोचितानुपानेनसर्वकर्मसुयोजयेत्॥ ८९ ॥

पारे की मारण विधि ॥

धुआं,पारा,गन्धक और नौसादर इन सब वस्तुओंको समभाग लेकर एकपहर खटाईमें घोटे फिर इन औषधियोंको शीशी में रखकर कपडौटी करे और धूपमें सुखावे फिर किसी हाँडी के बीचमें छेद करके उसमें शीशी रक्खे और उस हाँडी में शीशी के गलेतक बालू भरदे फिर इस हाँडी को चूल्हेके ऊपर चढ़ाकर नीचे मन्दी २ अग्नि जलावे और धीरे २ अग्नि तेजकरताजाय इसप्रकार बारहपहर में पारा भस्म होता है फिर शीतल होजाने पर शीशी फोड कर ऊपर की गन्धक को छोडकर नीचे स्थितहुई पारेकी भस्म को लेले और इसे यथायोग्य अनुपानके साथ सबकार्योंमें व्यवहारकरे॥८९॥

अथान्यप्रकारः॥

अपामार्गस्यबीजानांमूषायुग्मंप्रकल्पयेत्। तत्संपुटेक्षिपेत्सूतंमलयूदुग्धमिश्रितम्॥ (मलयूकाष्ठोदुम्बरिका) द्रोणपुष्पीप्रसूनानिविडङ्गमरिमेदकः। एतच्चूर्णमधश्चोर्द्ध्वं दत्त्वामुद्रांप्रदीयते॥ तद्गोलंस्थापयेत्सम्यक्मृन्मूषासंपुटेपचेत्। एवमेवपुटेनैव सूतकम्भस्मजायते॥ तत्प्रयोज्यंयथास्थानेयथामात्रंयथाविधि॥ ९०॥

अथान्यप्रकार॥

लटजीरे के बीजों से दोघड़िया बनावे उनके संपुट में कठियागूलर के दूध से घुटेहुए पारेको रक्खे फिर गूमाके फूल वायविडंग और दुर्गन्धित खैरके चूर्णको घड़ियोंके ऊपर और नीचे लपेटकर और बंदकरके माटी की घड़ियाओं में रक्खे और पुटपाक करे इसप्रकार पुट देने से पारा भस्म होताहै योग्यस्थान में मात्रा के अनुसार विधिपूर्व्वक इसका व्यवहार करना चाहिये॥ ९०॥

अथान्यप्रकारः॥

काष्ठोदुम्बरिकादुग्धैरसंकिञ्चिद्विमर्दयेत्। तद्दुग्धघृष्टहिंगोश्चमूषायुग्मंप्रकल्पयेत्॥ क्षिप्त्वातत्संपुटेसूतंतत्रमुद्रांप्रदापयेत्। धृत्वातद्गोलकं प्राज्ञोमृन्मूषासंपुटेऽधिके॥ ९१॥

अथान्यप्रकार॥

कठियागूलर के दूध में पारे को कुछ घोटकर कठियागूलर के दूध से हींग को पीस कर बनाई हुई घड़ियाओं में रक्खे और उस संपुटको बन्दकरदे और इस गोले को मट्टी की घड़ियाओं में रखकर गजपुट में पाककरे इस रीति से पारा भस्म होताहै॥ ९१॥

अन्यप्रकारः॥

नागवल्लीरसैर्घृष्टःकर्कोटीकन्दगर्भितः।मृन्मूषासंपुटेपक्वःसूतोयात्येवभस्मताम् ९२॥

अन्यप्रकार॥

पान के रसमें घुटेहुए पारेको ककडी की जडके भीतर भरके मट्टीकी घड़ियाओं के संपुट में पाक करने से पारा भस्म होताहै॥ ९२॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ कर्पूररसस्यविधिः ॥

तत्रपारदस्यसंक्षिप्तं शोधनंकर्त्तव्यं। शुद्धसूतसमंकुर्यात्प्रत्येकंगौरिकंसुधीः । इष्टिकां खटिकांतद्वत्स्फटिकां सिन्धुजन्मच । वल्मीकंक्षारलवणंभाण्डरञ्जनमृत्तिकाम् । सर्वाण्येतानिसञ्चूर्ण्यवाससाचापिशोधयेत् ॥ खटिकाखरी ॥ स्फटिकाफटकरी । सिन्धुजन्म सैन्धवम् । वल्मीकम्बवडर । क्षारलवणम् खारीनोन । भाण्डरञ्जनमृत्तिका काविसा : एभिश्चूर्णैर्युतंसूतं यावद्यामंविमर्दयेत् । तच्चूर्णसहितंसूतंस्थालीमध्येपरिक्षिपेत्॥तस्याः स्थाल्यामुखेस्थालीमपरांधारयेत्समाम् । सवस्त्रकुट्टितमृदामुद्रयेदनयोर्मुखम् ॥ संशोष्य मुद्रयेद्भूयो भूयःसंशोष्यमुद्रयेत् । सम्यग्विशोष्यमुद्रांतांस्थालींचुल्ल्यांविधारयेत् ॥ अग्निंनिरन्तरंदद्याद्यावद्दिनचतुष्टयम् । अंगारोपरितद्यन्त्रंरक्षेद्यत्नादहर्निशम् ॥ शनैरुद्घाटयेद्यन्त्रमूर्ध्वस्थालीगतंरसम् । कर्पूरवत्सुविमलंगृह्णीयाद्गुणवत्तरम् ॥ तद्देवं कसुमचन्दनकस्तूरीकुकुमैर्युक्तम् । खादन्हरतिफिरंगंव्याधिंसोपद्रवंसपदि ॥ विन्दति वह्नेर्दीप्तिंपुष्टिंवीर्यबलंविपुलम् । रमयतिरमणीशतकंरसकर्पूरस्यसेवकःसततम् ॥ इति कर्पूररसः ॥ ६३ ॥

कपूर रसकीविधि ॥

पारेको संक्षेप से शुद्धकरके गेरू, ईंट, खड़िया, फिटकडी, सैंधानोन, बामी की मिट्टी, खारी नोन खपरा यह प्रत्येक औषध पारेके समभाग लेकर चूर्णकरके छानले फिर इन चूर्णोंके साथ एकपहर पारे को रगड़कर इन चूर्णों समेत पारे को किसी बटले आदि में रखकर उसके ऊपर दूसरा बटला रक्खे और वस्त्रसमेत कूटी हुई मिट्टी से उन दोनोंके मुखको बन्दकरके सुखाले इस प्रकारसे वार-वार कपड़ौटी करे फिर सूख जाने पर उसको चूल्हे पर चढ़ावे और चार दिनतक बराबर आगबालता रहै और इस पात्रके अङ्गारों पर रक्खे हुये की यत्नपूर्वक रक्षाकरे फिर शीतल होजानेपर धीरे से यन्त्र को खोलकर ऊपरके बटलेमें स्थित कपूरके समान निर्मल अत्यन्त गुणकारी रसको लेले लौंग, चन्दन, कस्तूरी, और केशर के साथ इसका सेवन करने से शीघ्रही उपद्रव सहित फिरङ्ग रोग नष्ट होता है और कपूर रसका सेवन करने वाला पुरुष अग्निकी दीप्ति शरीर की पुष्टता तथा बलवीर्य की वृद्धिको और सौ स्त्रियों के साथ रमणकी शक्ति को प्राप्त होता है ॥ ६३ ॥

अथ सिन्दूररसः ॥

शुद्धसूतस्यगृह्णीयाद्भिषग्भागचतुष्टयम् । शुद्धगन्धस्यभागैकंतावत्कृत्रिमगन्धकम् ॥ अथवापारदस्यार्द्धंशुद्धगन्धकमेवहि । तयोःकज्जलिकांकुर्याद्दिनमेकंविमर्दयेत् ॥ मृत्तिकांवाससासार्द्धंकुट्टयेदतियत्नतः । तयावारत्रयंसम्यक्काचकूपींप्रलेपयेत् । मृत्तिकांशोषयित्वातुकूप्यांकज्जलिकांक्षिपेत्।तांकूपींबालुकायन्त्रेस्थापयित्वारसंपचेत् ॥ अग्निंनिरन्तरं दद्याद्यावद्दिनचतुष्टयम्।गृह्णीयादूर्ध्वसंलग्नंसिन्दूरसदृशंरसम्॥ इति सिन्दूररसः६४॥

सिन्दूर रस ॥

चारभाग शोधाहुआ पारा एकभाग शुद्ध गन्धक और एकभाग कृत्रिम गन्धक अथवा पारे की आधी शुद्ध गन्धक मिलाकर एक दिन पारे और गन्धक की कजली करे फिर अच्छे प्रकार कूटीहुई

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मिट्टीसे शीशी पर तीनबार कपड़ौटी करे और सूखजाने पर शीशी में कजली भरकर शीशी को बालुकायन्त्रमें चढ़ावे और चारदिनतक निरन्तर आगदेतारहै फिर शीतल होजानेपर शीशी के ऊपर लगेहुये सिन्दूरसमान रसको पोंछकरलेले ॥ ६४ ॥

एवंमारितस्यमूर्च्छितस्यपारदस्यगुणाः ॥

पारदःकृमिकुष्ठघ्नोजयदोदृष्टिकृत्सरः । मृत्युहच्चमहावीर्य्योयोगवाहीज्वरापहः ॥ स्मृत्योजोरूपदोवृष्योवृद्धिकृद्धातुवर्द्धनः । षण्ढत्वनाशनःशूरःखेचरःसिद्धिदःपरः ॥ पारदःसकलरोगहास्मृतःषड्रसोनिखिलयोगवाहकः । पञ्चभूतमयएषकीर्तितस्तेनतद्गुणगणैर्विराजते । (रसामृते)यस्यरोगस्ययोयोगस्तेनैवसहयोजितः । रसेन्द्रोहन्तितंरोगंनरकुञ्जरवाजिनाम् ॥ ६५ ॥ इसप्रकार मारेहुए और मूर्च्छित पारेके गुण ॥

पारा कृमि और कुष्ठनाशक, जयदायक, दृष्टिकारी, दस्तावर, मृत्युनाशक, अत्यन्त वीर्यवाला, योगवाही, वृद्धावस्थानाशक, स्मृति तथा ओजवर्द्धक, रूपको उत्तम करनेवाला, कामियोंकोहित, धातुवर्द्धक, नपुंसकतानाशक, शूरताकारी, और आकाश गमनमें शक्ति तथा सिद्धिदेनेवाला होताहै. पारा. सम्पूर्ण रोगोंका नाशक छः रसों से युक्त सबका योगवाही और पञ्चभूतात्माहोने से पांचों भूतोंके गुणों से युक्त होताहै रसामृतमेंकहाहै कि मनुष्य, घोड़ा और हाथी इनके जिन२ रोगोंका जौन२ सायोग है पारा उनयोगोंके साथ सम्पूर्ण रोगोंको नाश करताहै ॥ ६५ ॥

अथोपरसानां शोधनविधिः । तत्रहिंगुलस्य शोधनविधिः ॥

मेषीक्षीरेणदरदमम्लवर्गैश्चभावितम् । सप्तवारान्प्रयत्नेनशुद्धिमायातिनिश्चितम्६६ ॥

उपरसोंका शोधन । सिन्दरफका शोधन ॥

भेड़ीका दूध और अम्लवर्गकेद्वारा सातबार भावनादियाहुआ सिंदरफ निस्सन्देह शुद्धहोताहै॥६६॥

एवंशोधितस्य हिंगुलस्यगुणाः ॥

तिक्तंकषायंकटुहिंगुलंस्यान्नेत्रामयघ्नंकफपित्तहारि । हल्लासकण्डूज्वरकामलांश्चप्लीहामवातौचगरंनिहन्ति ॥ ६७ ॥ सोधेहुए सिंदरफके गुण ॥

सिंदरफ.तिक्त,कषैला, कटु और नेत्ररोग,कफ,मतली,खुजली, ज्वर, कामला, प्लीहा, आमवात तथा गरदोष नाशक होताहै ॥ ६७ ॥ अथ हिंगुलाद्रसाकर्षणविधिः ॥

निम्बूरसैर्निम्बपत्ररसैर्वायाममात्रकम् । घृष्ट्वादरदमूर्ध्वन्तुपातयेत्सूतयुक्तिवत् ॥ तत्रोर्ध्वपिठरीलग्नंगृह्णीयाद्रसमुत्तमम् । शुद्धमेवहितंसूतंसर्वकर्मसुयोजयेत् ॥ ६८ ॥

सिंदरफसे पारा निकालनेकी विधि ॥

निम्बू अथवा नींबके पत्तों के रससे सिंदरफको एक पहर घोटकर कहीहुई विधिसे पारे के समान ऊर्ध्व पातन करे और ऊपरके पात्रमें लगेहुये पारेको लेले यह पारा शुद्ध हितकारी और संपूर्णकार्यों में व्यवहार करने के योग्य होताहै ॥ ६८ ॥

अथ गन्धकस्याशुद्धस्यदोषमाह ॥

अशुद्धगन्धकःकुर्यात्कुष्ठंपित्तरुजांभ्रमम् । हन्तिवीर्यंबलंरूपंतस्माच्छुद्धःप्रयुज्यते॥६९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अशुद्ध गन्धकके दोष ॥

अशुद्ध गन्धक.कुष्ठ,पित्तरोग तथा भ्रमकारक और वीर्य, बल तथा रूपनाशक होताहै इस्से शुद्ध गन्धक व्यवहारमें लावे ॥ ९९ ॥

अथ शोधनविधिः ॥

लोहपात्रेविनिःक्षिप्यघृतमग्नौप्रतापयेत् । तप्तेघृतेतत्समानंक्षिपेद्गन्धकजंरजः ॥ विद्रुतंगन्धकंदृष्ट्वातनुवस्त्रेविनिःक्षिपेत् । यथावस्त्राद्विनिःस्रुत्यदुग्धमध्येऽखिलंपतेत् ॥ एवंसगन्धकःशुद्धःसर्वकर्मोचितोभवेत् ॥ १०० ॥

गन्धक शुद्धकरने की विधि ॥

लोहेके पात्र में घीको गरम करके उसमें उसीके समान गन्धक का चूरा छोडे फिर गन्धक को टिघला हुआ जानकर किसी पतले कपडे से दूधमें छानले इसप्रकार से शुद्धहुआ गन्धक सम्पूर्ण कार्यों के योग्य होताहै ॥ १०० ॥

एवं शुद्धस्यगन्धकस्यगुणाः ॥

गन्धकःकटुकस्तिक्तोवीर्य्योष्णस्तुवरः सरः । पित्तलः कटुकः पाकेकण्डूवीसर्पजन्तुजित् ॥ हन्तिकुष्ठक्षयप्लीहकफवातान्रसायनम् ॥ १०१ ॥

शुद्धगन्धकके गुण ॥

गन्धक. कटु, तिक्त, वीर्य में उष्ण, कषैली, दस्तावर, पित्तवर्द्धक, पाक में कटु और खुजली, वीसर्प, क्रमि, कुष्ठ, क्षय, प्लीहा, कफ तथा वातनाशक होताहै ॥ १०१ ॥

अथाभ्रकस्याशुद्धस्यदोषमाह ॥

पीडांविधत्तेविविधान्नराणांकुष्ठंक्षयंपाण्डुगदञ्चकुर्य्यात् । हृत्पार्श्वपीडाञ्चकरोत्यसह्यामशुद्धमभ्रंगुरुवह्निहृत्स्यात् ॥ १०२ ॥

अशुद्ध अभ्रकके दोष ॥

अशुद्ध अभ्रक. भारी, अग्निनाशक और मनुष्योंको अनेक प्रकारकी पीडा, कुष्ठ, क्षय, पाण्डु, हृदयकी पीडा और पसलीकी अत्यन्त पीडाको करताहै ॥ १०२ ॥

अथाभ्रकस्यशोधनविधिमाह ॥

कृष्णाभ्रकंधमेद्वह्नौततःक्षीरेविनिःक्षिपेत् । भिन्नपत्रंतुतत्कृत्वातण्डुलीयाम्लयोर्द्रवैः ॥ भावयेदष्टयामंतदेवमभ्रंविशुद्ध्यति ॥ १०३ ॥

अभ्रकका शोधन ॥

काले अभ्रकको आगमें तपाकर दूधमें बुझावे फिर पत्रोंको अलग करके चौराई सागकेरस और खट्टे रसमें आठपहर भावनादे इसप्रकार अभ्रक शुद्ध होताहै ॥ १०३ ॥

अथ तस्यमारणम् ॥

कृत्वाधान्याभ्रकंतच्चशोषयित्वाथमर्द्दयेत् । अर्कक्षीरैर्दिनंखल्वेचक्राकारंचकारयेत् ॥ वेष्टयेदर्कपत्रैश्चसम्यग्गजपुटेपचेत् । पुनर्मर्द्यंपुनःपाच्यंसप्तवारान्पुनःपुनः ॥ ततोवट

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जटाक्काथैस्तद्वद्देयंपुटत्रयम् । म्रियतेनात्रसंदेहःप्रयोज्यंसर्वकर्मसु ॥ तुल्यंघृतंमृताभ्रेण लोहपात्रेविपाचयेत् । घृतेजीर्णेतदभ्रन्तुसर्वयोगेषुयोजयेत् ॥ १०४ ॥

अभ्रक मारने की विधि ॥

धान्याभ्रक बनायकर सुखाले और आकके दूधसे एकदिन खर लकरके टिकिया बनाले फिर आकके पत्तोंमें लपेटकर गजपुटमें पकावे इसीप्रकार सातबार घोट २ कर गजपुटमें पाककरे फिर बरगदकी जटाओं के क्वाथसे घोट २ कर तीनबार पुटपाककरे इसप्रकारसे निस्संदेह अभ्रक भस्म होजाताहै अभ्रककी भस्मकेसम भाग घी मिलाकर लोहेके पात्रमें पाककरे घीके जलजानेपर उस अभ्रकको सब कार्यों में व्यवहारकरे ॥ १०४ ॥

अथ धान्याभ्रकस्यविधिः ॥

पादांशशालिसंयुक्तमभ्रंबध्वाथकम्बले । त्रिरात्रंस्थापयेन्नीरेतत्क्लिन्नंमर्दयेत्करैः ॥ कम्बलाद्गलितंसूक्ष्मंबालुकारहितञ्चयत् ॥ तद्धान्याभ्रमितिप्रोक्तमभ्रमारणसिद्धये १०५॥

धान्याभ्रककी विधि ॥

अभ्रकमें चौथाई शालिधान्य मिलाकर कंबलमें बांधे फिर तीनदिनतक पानीमें भिजोकर गीला होजानेपर हाथोंसे उसको मलै फिर बालूके समान जो अभ्रक उसकम्बलसे छने उसको धान्याभ्रक कहते हैं इससे अभ्रकका मारना सिद्ध होताहै ॥ १०५ ॥

एवंमारितस्याभ्रकस्यगुणाः ॥

अभ्रंकषायंमधुरंसुशीतमायुष्करन्धातुविवर्द्धनञ्च । हन्यात्त्रिदोषंव्रणमेहकुष्ठप्लीहादरं ग्रन्थिविषकृमींश्च ॥ रोगान्हन्तिदृढयतिवपुर्वीर्यवृद्धिंविधत्तेतारुण्याढ्यंरमयतिशतं योषितांनित्यमेव ॥ दीर्घायुष्कान्जनयतिसुतान्सिंहतुल्यप्रभावान् मृत्योर्भीतिंहरति सुतरांसेव्यमानंमृताभ्रम् ॥ १०६ ॥

अभ्रककी भस्मके गुण ॥

अभ्रक कषैला, मधुर, शीतल, आयुकारी, धातुवर्द्धक और त्रिदोष, घाव, प्रमेह, कुष्ठ, प्लीहा, उदर, ग्रन्थि, विष तथा कृमिनाशक होताहै अभ्रककी भस्मके सेवनसे रोगोंनाश, शरीरकी पुष्टता, तरुण, सौस्त्री के भोगनेकी शक्ति, सिंहकेतुल्य पराक्रमवाले दीर्घायु पुत्रोंके उत्पन्न करने की सामर्थ्य और मृत्युके भय का नाश होताहै ॥ १०६ ॥

अथ तालकस्याशुद्धस्यदोषमाह ॥

अशुद्धंतालमायुर्हृत्कफमारुतमेहकृत् । तापस्फोटाङ्गसङ्कोचंकुरुतेतेनशोधयेत् १०७॥

अशुद्धहरतालके दोष ॥

अशुद्ध हरताल आयुनाशक और कफ, वात, प्रमेह, ताप, विस्फोटक तथा अङ्ग संकोचकारी होताहै इसलिये इसको शुद्धकरना चाहिये ॥ १०७ ॥

अथ तालस्यशोधनमाह ॥

तालकंकणशःकृत्वातच्चूर्णंकाञ्जिकेपचेत् । दोलायन्त्रेणयामैकंततःकूष्माण्डजद्रवैः ॥ तिलतैलेपचेद्यामंयामञ्चत्रिफलाजले । एवंयन्त्रेचतुर्यामंपक्वंशुद्ध्यतितालकम् ॥१०८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हरतालका शोधन ॥

हरतालको चूर्णकरके दोलायन्त्रकेद्वारा कांजी, कुम्हडेकारस, तिलकातेल और त्रिफलाके काथमें पहर २ भर पाककरे इसप्रकार चारपहर पाककरनेसे हरताल शुद्ध होताहै ॥ १०८ ॥

अथ तालस्यमारणविधिः ॥

सदलंतालकंशुद्धंपौनर्नवरसेनतु । खल्वेविमर्दयेदेकंदिनंपश्चाद्विशोषयेत् ॥ ततः पुनर्नवाक्षारैःस्थाल्यामर्द्धंप्रपूरयेत् । तत्रतद्गोलकंधृत्वापुनस्तेनैवपूरयेत् ॥ आकण्ठंपिठरंतस्यपिधानंधारयेन्मुखे। स्थालींचुल्ल्यांसमारोप्यक्रमाद्वह्निंविवर्द्धयेत्॥दिनान्यन्तरशून्यानिपञ्चवह्निंप्रदापयेत् । एवंतन्म्रियतेतालंमात्रातस्यैकरक्तिका ॥ अनुपानान्यनेकानियथायोग्यंप्रयोजयेत् ॥ १०९ ॥

हरतालकी मारणविधि ॥

शुद्ध तबकिया हरतालको पुनर्नवाके रसमें एक दिन खरलकरके सुखावे फिर किसी बटले में आधीदूरतक पुनर्नवाके खारकोभरके उसमें उस हरतालके गोलेकोरक्खे और उसके ऊपर पुनर्नवाका खार ऊपरतक (गलेतक) भरदे फिर सकोरे आदिसे बटलेके मुखको बन्दकरके चूल्हेके ऊपर चढ़ाकर अग्निबलाकर क्रम २ से बढ़ाताजाय इसप्रकार निरन्तर पाककरनेसे हरतालकी भस्म होतीहै इसकी मात्रा एकरत्तीकी होतीहै और अनुपान यथायोग्य विचारके अनेक प्रकारसे व्यवहारकरे ॥ १०९

एवंशोधितस्यमारितस्यतालकस्यगुणाः ॥

हरितालंकटुस्निग्धंकषायोष्णंहरेद्विषम् । कण्डूकुष्ठास्यरोगास्त्रकफपित्तकचव्रणान् ॥ (अन्यच्च)तालकंहरतेरोगान्कुष्ठमृत्युज्वरापहम् । शोधितंकुरुतेकान्तिवीर्य्यवृद्धितथायुषम् ॥ ११० ॥

हरतालकी भस्मके गुण ॥

हरताल. कटु, स्निग्ध, कषैली, उष्ण और विष, खुजली, कुष्ठ, मुखरोग, रक्तदोष, कफ, पित्त, तथा केशोंके घावका नाशक होताहै औरभी कहागया है कि शुद्ध हरताल कुष्ठ आदि रोग मृत्यु तथा वृद्धावस्था नाशक और कान्ति, वीर्यकी वृद्धि और आयुकारक होताहै ॥ ११० ॥

अथ अशुद्धायामनःशिलाया दोषमाह ॥

तालकस्यैवभेदोऽस्तिमनोगुप्तैतदन्तरम् । तालकंत्वतिपीतंस्याद्भवेद्रक्तामनःशिला॥ मनःशिलामन्दबलंकरोतिजन्तुंध्रुवंशोधनमन्तरेण । मलस्यबन्धंकिलमूत्ररोधंसशर्करंकृच्छ्रगदश्चकुर्यात् ॥ १११ ॥

अशुद्ध मैनशिल के दोष ॥

मैनशिल हरतालका भेदमात्रहै विशेषता यहहै कि हरताल पीला और मैनशिल लाल होताहै अशुद्ध मैनशिल बलकी घटाने वाली कृमिकारक मल मूत्र की रोधक और शर्करासहित मूत्रकृच्छ्रकारी होतीहै ॥ १११ ॥

अथ तच्छोधनविधिः ॥

पचेत्त्र्यहमजामूत्रे दोलायन्त्रेमनःशिलाम् । भावयेत्तत्सप्तधापित्तैरजायाःसाविशुद्ध्यति ॥ ११२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मैनशिल का शोधन॥

मैनशिल को तीनदिन तक बकरे के मूत्र में दोलायन्त्रसे पकाकर बकरे के पित्तेसे सातबार भावनादे इसरीतिसे मैनशिल शुद्ध होतीहै॥ ११२॥

एवंशोधितायामनःशिलायागुणानाह॥

मनःशिलागुरुर्वर्ण्यासरोष्णालेखनीकटुः। तिक्तास्निग्धाविषश्वासकासभूतविषास्रनुत्॥ ११३॥ शुद्ध मैनशिलके गुण॥

शुद्ध मैनशिल. भारी, वर्ण को हित, दस्तावर, उष्ण, लेखन, कटु, तिक्त, स्निग्ध और विष, श्वास, खांसी, भूतावेश, कफ तथा रक्तदोषनाशक होतीहै॥ ११३॥

अथ खर्परस्तुत्थभेदस्तस्यशोधनविधिः॥

नरमूत्रेचगोमूत्रेसप्ताहंरसकम्पचेत्।दोलायन्त्रेणशुद्धःस्यात्ततःकार्य्येषुयोजयेत्॥११४॥

तूतियाका भेद खपरियाका शोधन॥

नरमूत्र और गोमूत्र में सातबार दोलायन्त्रके द्वारा खपरियाको पाककरे इस प्रकारसे शुद्धहुई खपरिया सब कार्योंके योग्य होतीहै॥ ११४॥

अथ तस्यगुणाः॥

खर्परंकटुकंक्षारंकषायंवामकंलघु। लेखनंभेदनंशीतंचक्षुष्यंकफपित्तहृत्॥ विषाश्मकुष्ठकण्डूनांनाशनंपरमंमतम्॥ ११५॥

खपरियाके गुण॥

खपरिया. कटु, खारी, कषैली, छर्दिकारक, हलकी, लेखन, भेदक, शीतल, नेत्रोंको हित और कफ, पित्त, विष, पथरी, कुष्ट तथा खुजलीनाशक होतीहै॥ ११५॥

अथ सर्वोपरसानांसाधारणशोधनविधिः॥

सूर्य्यावर्त्तोवज्रकन्दःकदलीदेवदालिका।शिग्रुःकोशातकीवन्ध्याकाकमाचीचबालकम्॥ एषामेकरसेनैवत्रिक्षारैर्लवणैःसह। भावयेदम्लवर्गैश्चदिनमेकंप्रयत्नतः॥ ततःपचेच्चतद्द्रवैर्दोलायन्त्रेदिनंसुधीः। एवंशुद्ध्यन्तितेसर्वेप्रोक्ताउपरसाह्मिये॥ विशेषश्च। कंकुष्ठंगैरिकंशङ्खःकासीसंटङ्कणंतथा। नीलाञ्जनंशुक्तिभेदाःक्षुल्लकाःसवराटकाः॥ जम्बीरवारिणास्विन्नाःक्षालिताःकोष्णवारिणा॥ शुद्धिमायान्त्यमीयोज्याभिषग्भिर्योगसिद्धये। एवंशोधितानामुपरसानांपृथग्गुणागुणग्रन्थेद्रष्टव्याः॥ ११६॥

सम्पूर्ण उपरसोंकी साधारण शोधन विधि॥

सूर्यावर्त्त, वज्रकन्द, केला, देवदाली, सहँजना, तुरई, बांझखिखसा, काकमाची और सुगन्धबाला इनमें से किसी एकका रस जवाखार, सज्जी, सुहागा, सेंधानोन और अम्लवर्गके साथ एक दिन भावना देकर इसी रसके साथ एकदिन दोलायन्त्रमें पाककरे इसप्रकार सम्पूर्ण उपरस शुद्धहोते हैं मुर्दासिंग, गेरू, शंख, हीराकसीस, सुहागा, लीलासुरमा, सीपीकेभेद घोंघे और कौडी यह सम्पूर्ण उपरस जंभीरी नींबूके रसके साथ पाककरके कुछ गरम जलसे धोने से शुद्ध होतेहैं इसप्रकार शुद्ध कियेगये उपरसोंके अलग २ गुण गुणग्रन्थ में देखने चाहिये॥ ११६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ रत्नानांशोधनमारणविधिः । तत्राशुद्धस्यवज्रस्यदोषमाह ।
अशुद्धंकुरुतेवज्रंकुष्ठंपार्श्वव्यथांतथा।।पाण्डुतापंगुरुत्वञ्चतस्मात्संशोध्यमारयेत् ११७॥

रत्नोंके शोधन और मारणकी विधि । अशुद्ध हीरे के दोष ॥

अशुद्धहीरा. कुष्ठ, पसलियोंमें पीड़ा, पाण्डु और लूलेपनको करताहै इससे हीरे को शुद्धकरके भस्म करना चाहिये ॥ ११७ ॥

अथ वज्रस्यशोधनविधिः ॥

कुलत्थकोद्रवक्काथेदोलायन्त्रेविपाचयेत् । व्याघ्रीकन्दगतंवज्रंत्रिदिनंतद्धिशुद्ध्यति ॥ व्याघ्रीकण्टकारिका । अन्यःशोधनविधिः । गृहीत्वाह्निशुभेवज्रंव्याघ्रीकन्दोदरेक्षिपेत् ॥ माहिषीविष्ठयालिप्त्वाकारीषाग्नौविपाचयेत् ॥ त्रियामायांचतुर्यामंयामिन्यन्तेऽश्वमूत्रके सेचयेत्पाचयेदेवंसप्तरात्रेणशुद्ध्यति ॥ ११८ ॥

हीरा शुद्ध करनेकी विधि ॥

हीरेको भटकटैयाकी जड में भरकर कुलथी और कोदोंके काढ़ेके साथ तीन दिनतक दोलायन्त्र में पाककरे तो हीरा शुद्धहोवे दूसरी विधि शुभ दिनमें हीरालेकर भटकटैयाकी जड़में रक्खे और उस में भैंसका गोबर लपेटकर रातभर कण्डोंकी आंचमें पकावे और प्रातःकाल घोडे के मूत्रमें बुझावे इस प्रकार सात रात्रितक पाककरने और बुझाने से हीरा शुद्ध होताहै ॥ ११८ ॥

अथ वज्रस्यमारणविधिः ॥

हिंगुसैन्धवसंयुक्तेक्षिपेत्काथेकुलत्थजे । तप्तंतप्तंपुनर्वज्रम्भवेद्भस्मत्रिसप्तधा (अन्य मारणप्रकारः) मेषशृंगभुजंगास्थिकूर्मपृष्ठाम्लवेतसम् ॥ शशदन्तंसमम्पिष्ट्वावज्रीक्षीरेणगोलकम् । कृत्वातन्मध्यगंवज्रंम्रियतेध्मातमेवहि ॥ ११९ ॥

हीरा मारनेकी विधि ॥

हीरेको तपा २करहींग और सेंधोनोनके साथ कुलथीके काढ़ेमें इक्कीसबार बुझानेसे हीरा मरजाता है (दूसरी विधि) मेढ़ेकेसींग, सर्पकी, हड्डी, कछुयेकी पीठ, अमलवेत और खरगोशके दांत इन सबको सम भाग लेकर थूहरके दूधमें पीसकर गोला बनावै इस गोलेके बीचमें हीरा रखकर पाककरने से शीघ्रही भस्म होताहै ॥ ११९ ॥

मारितस्यवज्रस्यगुणाः ॥

आयुःपुष्टिंबलंवीर्यंवर्णंसौख्यंकरोतिच । सेवितंसर्वरोगघ्नंमृतंवज्रंनसंशयः ॥ १२० ॥

हीरेकी भस्मके गुण ॥

हीरेकी भस्म. आयु, पुष्टता, बल, वीर्य, वर्ण तथा सुखकारी और सम्पूर्ण रोगनाशक होतीहै १२० ॥

अथ शेषरत्नानांशोधनमारणविधिः ॥

वज्रवत्सर्वरत्नानिशोधयेन्मारयेत्तथा। शुद्धानांमारितानाञ्चतेषांशृणुगुणानपि ॥ मणयोवीर्यतःशीतामधुरास्तुवरारसात् । चक्षुष्यालेखनाश्चापिसारकाविषहारकाः ॥ धारणात्तेतुमंगल्याग्रहदृष्टिहराअपि । उपरत्नानांशोधनमारणविधिश्चिन्त्यः ॥ १२१ ॥

शेषरत्नोंके शोधन मारणकी विधि ॥

हीरेकेसमान सम्पूर्णरत्नोंका शोधन और मारण होताहै इनकेगुण रत्न वीर्यमें शीतल, मधुर, कषैले

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नेत्रोंका हित, लेखन, दस्तावर और विषनाशक होते हैं यहधारणकरने से ग्रहदृष्टिनाशक और मङ्गलकारी होते हैं ॥ १२१ ॥ अथविषाणांशोधनविधिः। तत्रवत्सनाभस्य स्वरूपनिरूपणम् ॥

सिंदुवारसदृक्पत्रोवत्सनाभ्याकृतिस्तथा। यत्पार्श्वेनतरोर्वृद्धिर्वत्सनाभःसभाषितः १२२

विषोंकी शोधनविधि। वत्सनाभ का स्वरूप वर्णन ॥

जिसवृक्षके पत्ते निर्गुण्डीके पत्तों के समान जिसकी आकृति बछडेकी नाभिके समान और जिसके निकटके वृक्षोंकी वृद्धि न हो उसको वत्सनाभ कहते हैं ॥ १२२ ॥

विषस्यशोधनविधिः ॥

गोमूत्रेत्रिदिनंस्थाप्यंविषंतेनविशुद्ध्यति। रक्तसर्षपतैलाक्तेतथाधार्य्यञ्चवाससि ॥ येगुणागरलेप्रोक्तास्तेस्युर्हीनाविशोधनात्। तस्माद्विषंप्रयोगेतुशोधयित्वाप्रयोजयेत् १२३

विषका शोधन ॥

विषको तीन दिनतक गोमूत्रमें भिजोकर लाल सरसों के तेलसे भीगे हुये कपडे में तीन दिन तक रक्खे विष में जो दोष कहेगये हैं वह शुद्ध करने से हीनहोजाते हैं इस विषको शोध कर काम में लाना चाहिये ॥ १२३ ॥ अथ विषस्यगुणाः ॥

विषंप्राणहरंप्रोक्तंव्यवायिचविकाशिच। आग्नेयंवातकफहृद्योगवाहिमदावहम् ॥ व्यवायिसकलकायगुणव्यापनपूर्वकपाकगमनशीलं। विकाशिओजःशोषणपूर्वकसन्धिबन्धशिथलीकरणशीलम्। आग्नेयम् अधिकाग्न्यंशं ॥ योगवाहिसंगिगुणग्राहकम् मदावहंतमोगुणप्राधान्येनबुद्धिविध्वंसकम् ॥ तदेवयुक्तियुक्तन्तुप्राणदायिरसायनम्। योगवाहिपरंवातश्लेष्मजित्सन्निपातहृत् ॥ १२४ ॥

विषके गुण ॥

विष. प्राणनाशक, संपूर्ण शरीरमें अपने गुणके फैल जानेपर पाक होनेवाला ओजको सुखाकर संधियों के बन्धन को शिथिल करनेवाला, अधिक अग्नि के गुणवाला संगीके गुण का ग्राहक कफ वातनाशक और तमोगुणकी प्रधानतासे बुद्धिका नाशक होताहै परन्तु युक्तिपूर्वक व्यवहार करनेसे प्राणदायक रसायन योगवाही और वात कफ तथा सन्निपातका अत्यन्त नाशक होताहै॥१२४॥

अथोपविषाणां निरूपणम् ॥

अर्कक्षीरंस्नुहीक्षीरंलांगलीकरवीरकः। गुञ्जाहिफेनोधत्तूरःसप्तोपविषजातयः ॥ एतेषांशोधनंचिन्त्यंगुणास्तत्रतत्रद्रष्टव्याः ॥ १२५ ॥

उपविषोंका वर्णन ॥

आकका दूध, थूहर का दूध, करिहारी, कनेर, घोंघची, अफ़ीम और धतूरा यह सात उपविषहैं इनका शोधन बिचार लेनाचाहिये और इनका गुण वहां देखना चाहिये जहां इनका वर्णन होचुकाहै ॥१२५॥

अथ द्रव्याणांगुणवतामवधिः ॥

गुणहीनंभवेद्वर्षादूर्ध्वंतद्रूपमौषधम्। मासद्वयात्तथाचूर्णंलभतेहीनवीर्य्यताम् ॥ हीनत्वंगुटिकालेहौलभेतेवत्सरंयदि। हीनाःस्युर्घृततैलाद्याश्चतुर्मासाधिकास्तथा ॥ घृत

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तैलाद्याइतियोगविशेषणम् । चतुर्मासाधिकाःवत्सरादुपरिचत्वारोमासाअधिकायेषुते । घृततैलयोर्विशेषमाह (तन्त्रान्तरे) घृतमब्दात्परंपक्वंहीनवीर्य्यत्वमाप्नुयात् । तैलंपक्वम पक्वञ्चचिरस्थायिगुणाधिकम् ॥ तदपिषोडशमासाभ्यन्तरेणंपक्वंतैलंगुणाधिकंबोद्धव्यम् औषध्योलघुपाकाःस्युर्निवीर्य्यावत्सरात्परम् । औषध्योधान्यादयःलघुपाकाःशीघ्रपाकाः निर्वीर्याःस्युःपुराणाःस्युर्गुणैर्युक्ताआसवाधातवोरसाः ॥ १२६ ॥

द्रव्योंके गुणोंकी अवधि ॥

एकवर्ष के उपरांत तद्रूप औषध गुणरहित होजाती है चूर्ण कीहुई औषध दोमहीने के उपरात हीनवीर्य होजाती है गुटिका तथा अवलेह एकवर्षमें हनिवीर्य होजातेहैं और घृत तथा तेल आदिक एकवर्ष चार महीनें के पीछे हनिवीर्य होजाते हैं तन्त्रान्तर में घृत और तेलके विषय में विशेषता कही गईहै कि पक्वाघी एकवर्ष के ऊपर हनिवीर्य होजाताहै परन्तु तेल कच्चाहोचाहे पक्काहो जितना पुराना होगा उतनाही अधिक गुणकारी होगा इसपरभी सोलह महीनोंके भीतर पक्का तेल अधिक गुणकारी होता है शीघ्र परिपाक होने वाले धान्यादिक एकवर्ष के उपरांत हनिवीर्य होजातेहैं और आसव धातु तथा रस यह पुरानेही अधिक गुणकारी होते हैं ॥ १२६ ॥

अथ स्नेहपानविधिः ॥

स्नेहश्चतुर्विधःप्रोक्तोघृततैलंवसातथा । मज्जाचतंपिबेन्मर्त्यःकिंचिदभ्युदितेरवौ ॥ स्थावरोजंगमश्चैवद्वियोनिःस्नेहउच्यते । तिलतैलंस्थावरेषुजंगमेषुघृतंवरम् ॥ द्वाभ्यां त्रिभिश्चतुर्भिर्वायमकास्त्रिवृतोमहान् । अस्यायमर्थः । द्वाभ्यांस्नेहाभ्यांघृततैलाभ्यांय मकाख्यःस्नेहःस्यात् । त्रिभिःस्नेहैःघृततैलवसारूपैस्त्रिवृताख्यःस्यात् । चतुर्भिर्घृततै लवसामज्जाभिर्महान्महास्नेहःस्यादित्यर्थः (पिबेत्त्र्यहंचतुरहंपञ्चाहंषडहानिचेतियदु क्तम्) मृदुकोष्ठस्त्रिरात्रेणस्निग्धस्नेहोपसेवया । मध्यकोष्ठश्चतुर्भिश्चादिवसैःस्निह्यतिध्रु वम् ॥ पञ्चभिर्वाथषड्भिर्वादिनैःक्रूरोविशुद्ध्यति । सप्तरात्रात्परंस्नेहःसात्मीभवतिसेवि तः ॥ मृदुमध्यक्रूरकोष्ठानांसर्वेषांसप्तरात्रात्परंसात्मीभवति । वातानुलोम्यवह्निर्दीप्तिको ष्ठशुद्धिमृदस्निग्धांगतास्वरवचनांगलाघवधातुपुष्टिद्विजदार्ढ्यंनिर्जरताबलवर्णकारीभ- वति ॥ नतुभक्तद्वयेवातानुलोम्यादीन्करोति । दोषकालवयोवह्निबलान्यालोक्ययोजयेत् । हीनाञ्चमध्यमांज्येष्ठांमात्रांस्नेहस्यबुद्धिमान् ॥ अमात्रयातथाकालेमिथ्याहारविहारतः । स्नेहःकरोतिशोथार्शस्तन्द्रानिद्राविसंज्ञिताः ॥ देयादीप्ताग्नयेमात्रास्नेहस्यैकपलोन्मि ता । मध्यमायत्रिकर्षास्याज्जघन्यायाद्विकार्षिकी ॥ मध्यमायमध्यमाग्नयेजघन्यायहीना ग्नये अथवास्नेहमात्राःस्युस्तिस्रोन्याःसर्वसम्मताः ॥ अहोरात्रेणमहतीजीर्यत्यह्नितुमध्य मा । जीर्य्यत्यल्पादिनार्द्धेनसाविज्ञेयासुखावहा (अयमर्थः) याहोरात्रेणजीर्यतिसामात्रा महती । एवंमध्यमाकनिष्ठाचज्ञेया । अल्पास्याद्दीपनीवृष्यास्वल्पदोषेप्रपूजिता । मध्यमा स्नेहनीज्ञेयाबृंहणीभ्रमहारिणी ॥ ज्येष्ठाकुष्ठविषोन्मादग्रहापस्मारनाशिनी ॥ १२७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्नेह पानकीविधि ॥

स्नेह चार प्रकार का होताहै घी, तेल, चरबी और मज्जा कुछ सूर्य उदय होने पर स्नेह पानकरना चाहिये स्थावर तथा जङ्गम कारणों के भेदसे स्नेह दो प्रकारका होताहै उन में से स्थावर में तिल कातेल और जङ्गम में घृत सबसे श्रेष्ठ होताहै घी और तेल मिलकर जो स्नेह बनता है उसकोयमक घी तेल और चरबी मिलकर जो स्नेह बनताहै उसको त्रिवृत् और घी तेल चरबी और मज्जा इन चारोंके मिलने से जो स्नेह बनताहैं उसको महास्नेह कहते हैं कोमलकोष्ठवाला तीन दिन मध्यम कोष्ठवाला चारदिन और कठिन कोष्ठवाला पांच अथवा छःदिन स्नेहपानकरे क्योंकि कहाहुआहै किं कोमल कोष्ठवाला तीनदिन स्नेह पानकरनेसे स्निग्ध मध्यम कोष्ठवाला चारदिन स्नेह पान करने से स्निग्ध और क्रूरकोष्ठ वाला पांच अथवा छःदिन स्नेहपान करने से शुद्ध होताहै कोमल मध्यम और क्रूरकोष्ठवाले सबहीको सात दिनके उपरांत स्नेह सात्म्य (स्वभावकेअनुकूल)होजाता है और स्नेह के सेवनसे वातकी अनुलोमता (नीचेका जाना) अग्निदीप्ति कोष्ठ शुद्धि शरीर की कोमलता तथा स्निग्धता स्वर वचन तथा शरीर का हलकापन वृद्धावस्था का नाश और बल वर्ण की उत्तमता होती है इससे भोजनमें अरुचि और शरीरमें ग्लानि आदिक नहीं होती दोष काल अवस्था बल और अग्निके बलको विचारकर हीन मध्य अथवा बडी मात्रा से स्नेह को काममें लाना चाहिये मात्रा के विना अकाल में अथवा नियमरहित आहार करने से स्नेहपानकरने वालेको सूजन बवासीर तन्द्रा निद्रा और संज्ञारहित होना यह सबरोग उत्पन्न होते हैं और दीप्ताग्निको चार तोलेकी मात्रा मध्यम अग्निवाले को तीन तोलेकी और मन्द अग्निवालेको दो तोले स्नेह की मात्रा देनी चाहिये स्नेह पीने की अन्यभी तीन मात्रा सर्व सम्मतहैं जितना स्नेह एक रात दिनमें पचे वह बडीमात्रा एक दिनमें जितना पचे वह मध्यममात्रा और आधे दिनमें जितना पचे वह हीनमात्रा कहलातीहै हीनमात्रा दीपन बीर्यवर्द्धक और थोडेदोष में हितकारी होती है मध्यममात्रा स्निग्धकरनेवाली धातुवर्द्धक और श्रमनाशक होती है और बडीमात्रा कुष्ठ विष उन्माद ग्रहदोष मृगीनाशक होतीहै ॥ १२७ ॥

सुश्रुतःपुनरेवाह । यामात्राप्रथमेयामेगतेजीर्य्यतिवासरे । सामात्रादीपयत्यग्निमल्पदोषेचपूजिता ॥ यामात्रावासरस्यार्द्धेव्यतीतेपरिजीर्य्यति । सावृष्याबृंहणीचस्यान्मध्यदोषेप्रपूजिता ॥ यामात्राचरमेयामेस्थितेऽह्नःपरिजीर्य्यति ॥ सामात्रास्नेहनीज्ञेयाबहुदोषेषुपूजिता ॥ केवलंपैत्तिकेसर्पिर्वातिकेलवणान्वितम् । देयंबहुकफेवह्निव्योषक्षारसमन्वितम् ॥ रूक्षक्षतविषार्त्तानांवातपित्तविकारिणाम् । हीनमेधास्मृतीनांचसर्पिःपानंप्रशस्यते । कृमिकोष्ठानिलाविष्ठाःप्रवृद्धकफमेदसः । पिबेयुस्तैलसात्म्यास्तुतैलंदार्ढ्यार्थिनस्तुये ॥ व्यायामाकर्षिताःशुष्करेतोरक्तामहारुजाः । क्रूराशयाःक्लेशसहावातार्त्तादीप्तवह्नयः । मज्जानंचपिबेयुस्तेसर्पिर्वासर्वतोहितम् ॥ क्रूरकोष्ठाःसर्वतःसर्वस्मात्स्नेहात् । शीतकालेदिवास्नेहमुष्णकालेपिबेन्निशि । वातपित्ताधिकेरात्रौवातश्लेष्माधिकेदिवा ॥ नस्याभ्यञ्जनगण्डूषमूर्द्धकर्णाक्षितर्पणे ॥ तैलंघृतंवायुञ्जीतदृष्ट्वादोषबलाबलम् ॥ घृते कोष्णजलंपेयंतैलेयूषःप्रशस्यते ॥ वसामज्ज्ञोःपिबेन्मण्डमनुपानंसुखावहम् ॥ १२८ ॥

फिर सुश्रुतने कहाहै कि जो मात्रा दिनके एकपहर व्यतीत होनेपर परिपाक होती है वह दीपन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

और थोड़े दोषमें हितहै जो मात्रा आधादिन व्यतीत होनेपर परिपाक होतीहै वह वीर्य तथा धातुवद्धक और मध्यदोषमें हितहै और जो मात्रा दिनके चौथे पहर में परिपाक होतीहै वह स्निग्ध करने वाली और बहुतदोषमें हित है पित्तरोगमें केवल घी वातज रोगमें सेंधानोन युक्त घी और बहुतकफ में चीता त्रिकटु तथा जवाखारयुक्त घी पानकराना चाहिये रूखे क्षत तथा विषसे व्याकुल वात पित्त के रोगसे ग्रसित और हीन हुई मेधा तथा स्मृतिवाले पुरुषों को घी पीना श्रेष्ठहै कृमिरोगी क्रूर कोष्ठवाले कफ तथा मेदकी वृद्धि से युक्त सदैव तैल सेवन करनेवाले पुष्टताचाहनेवालों को तेल पीना चाहिये और व्यायामसे दुर्बल क्षीण बीर्य तथा रुधिरवाले और महारोग से ग्रसित व क्रूर कोष्ठवाले, क्लेशके सहने वाले तथा बादीसे पीड़ित व दीप्ताग्नि वाले पुरुषों को मज्जा पीना उचित है अथवा सबसे उत्तम पीना चाहिये तथा शीतल काल में दिनको उष्णकाल में तथा वात पित्तके कोपमें रातको और कफ वात के कोप में दिन को स्नेह पान करना चाहिये नासलेने में शरीरके लगाने में कुल्ला करने में शिरपर लगाने में और कान तथा नेत्रोंके भरने में तेल अथवा घीका व्यवहार दोषके बलाबलको देखकर करना चाहिये घी का कुछ उष्णजल तेलका यूष और चरबी तथा मज्जाका माड़ अनोपान करना चाहिये ॥ १२८ ॥

स्नेहद्विषःशिशूनवृद्धानसुकुमारानकृशानपि। तृष्णालुकानुष्णकालेसहभक्तेनपाययेत् ॥ सर्पिष्मतीबहुतिलायवागूस्वल्पतण्डुला । सुखोष्णासेव्यमानातुसद्यःस्नेहनकारिणी ॥ शर्कराचूर्णसंयुक्तेदोहनस्थेघृतेतुगाम् । दुग्ध्वाक्षीरंपिबेद्रूक्षःसद्यःस्नेहनमुत्तमम् ॥ मिथ्याचाराबहुत्वाद्वायस्यस्नेहोनजीर्य्यति । विष्टभ्यवापिजीर्य्येतवारिणोष्णेनवामयेत् ॥ स्नेहस्याजीर्णशङ्कायांपिबेदुष्णोदकन्नरः। तदोद्गारोभवेच्छुद्धोभक्तंप्रतिरुचिस्तथा । स्नेहेनपैत्तिकस्याग्निर्यदातीक्ष्णतरीकृतः । तदास्योदीर्य्यतेतृष्णांविषमान्तस्यपाययेत् ॥ शीतलंपायसंतेनतृष्णातस्यप्रशाम्यति ॥ १२९ ॥

स्नेह से द्वेष करनेवाले बालक, वृद्ध, सुकुमार, कृश और तृषा से व्याकुल पुरुषोंको उष्णकाल में भात के साथ स्नेह पान कराना चाहिये अधिक तिलयुक्त और थोड़ेचावलयुक्त यवागूको घीके साथ कुछ उष्ण पान करने से बहुत शीघ्र स्नेहन होताहै दुहनेके पात्रमें शक्कर और घी छोड़कर गौ को दुहै है उसके पीने से रूखा पुरुष शीघ्रही स्निग्ध होजाता है नियमरहित आचार से अथवा अधिकता से जो स्नेह न पचे अथवा देरमें पचे तो उष्णजल पीकर वमनकरना चाहिये स्नेहके अजीर्णहोने के सन्देह में उष्णजल पान करना चाहिये इससे डकारकी शुद्धता और अन्न में रुचिहोतीहै जोस्नेह से पित्त प्रकृतिवाले पुरुषकी अग्नि तीक्ष्ण होकर अत्यन्त तृषाको उत्पन्नकरे तो शीतलजल पिलाकर वमन कराने से तृषा निवृत्त होतीहै ॥ १२९ ॥

अजीर्णीवर्जयेत्स्नेहमुदरीतरुणज्वरी ॥ दुर्बलोऽरोचकीस्थूलोमूर्च्छितोमेहपीडितः। दत्तवस्तिर्विरक्तश्चवान्तस्तृष्णाश्रमान्वितः । अकालप्रसवानारीदुर्दिनेचविवर्जयेत् ॥ स्वेद्यःसंशोध्यमद्यस्त्रीव्यायामासक्तचिन्तकाः॥वृद्धबालकृशारूक्षाःक्षीणास्राःक्षीणरेतसः। वातार्त्तास्तिमिरार्त्तायेतेषांस्नेहनमुत्तमम् ॥ वातानुलोम्यदीप्ताऽग्निर्वर्चःस्निग्धमसंहतम् ॥ मृदुस्निग्धांगताग्लानिःस्नेहद्वेषोऽथलाघवम् ॥ विमलेन्द्रियतासम्यक्स्निग्धेरू

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्षेविपर्य्ययः। भक्तद्वेषोमुखस्रावोगुदेदाहःप्रवाहिका ॥ तन्द्रातीसारषण्ढत्वंमृशंस्निग्ध स्यलक्षणम् । रूक्षस्यस्नेहनंस्नेहैरतिस्निग्धस्यरूक्षणम् ॥ १३० ॥

अजीर्ण, उदर, नवीन, ज्वर, दुर्बलता, अरुचि, स्थूलता, मूर्च्छा,प्रमेह,तृषा, तथाश्रमसे युक्त, वमन किया हुआ, विरेचनकियाहुआ, जिसको वस्ति दीगई हो ऐसा पुरुष और अकालमें प्रसूताहुई स्त्री स्नेह पान न करे और दुर्दिनमें भी स्नेह पान न करे स्वेदन तथा संशोधन करने के योग्य मतवाले स्त्रियोंमें आसक्त व्यायाम करनेवाले वृद्ध,बालक,कृश,रूखे,क्षीणवीर्य तथा रुधिरवाले वातसे व्याकुल और तिमिररोगवाले पुरुषों को स्नेहपान विशेष उपकारी होता अच्छे प्रकारसे स्नेहपान कियेहुए पुरुषकी वायुकी शुद्धता अग्नि की दीप्ति कोष्ठकी शुद्धता शरीर की कोमलता तथा स्निग्धता ग्लानि स्नेहसे द्वेष हलकापन और इन्द्रियों की निर्मलता होतीहै और रूखे पुरुष के इस्से विपरीत लक्षण होतेहैं अधिक स्नेहपान करनेसे भोजनमें अरुचि मुखका बहना गुदा में दाह प्रवाहिका तन्द्रा अतीसार और पौलापन होताहै रूखेको स्निग्ध करना और बहुत स्निग्धको रूखा करना चाहिये ॥ १३० ॥

श्यामाकचणकाद्यैश्चतक्रपिण्याकसक्तुभिः । दीप्ताग्निःशुद्धकोष्ठश्चपुष्टधातुर्दृढेन्द्रियः ॥ निर्जरोबलवर्णाढ्यःस्नेहसेवीभवेन्नरः । स्नेहेऽव्यायामसंशीतवेगाघातप्रजागरान् ॥ दिवास्वप्नमभिष्यन्दिरूक्षान्नंचविवर्जयेत् ॥ १३१ ॥

सामा,चने,मट्ठा, खल अथवा सत्तू आदिकोंके साथ स्नेहपान करने से अग्नि की दीप्ति, कोष्ठकी शुद्धता,धातुओंकी पुष्टता,इन्द्रियों की दृढता,वृद्धावस्थाकानाश,बलकी अधिकता और वर्णकी उत्तमताहोतीहै स्नेहपान करके व्यायाम, शीत, वेगों का रोकना, रात्रि में जागरण,दिनकासोना और अभिष्यन्दी तथा रूखा अन्न त्याग करना चाहिये ॥ १३१ ॥ अथ पञ्चकर्माणि ॥

प्रथमंवमनंपश्चाद्विरेकश्चानुवासनम् । एतानिपञ्चकर्माणिनिरूहोनावनंतथा १३२॥

पंचकर्म्म ॥

प्रथम वमन फिर विरेचन फिर अनुवासन फिर निरूहवस्ति और सब के पीछे नासलेना यह पांचकर्म्म हैं ॥ १३२ ॥ अथ वमनविधिः ॥

शरत्कालेवसन्तेचप्रावृट्कालेचदेहिनाम् । वमनंरेचनंचैवकारयेत्कुशलोभिषक् ॥ बलवन्तंकफव्याप्तंहल्लासादिनिपीडितम् ॥ तथावमनसात्म्यञ्चधीरचित्तञ्चवामयेत् ॥ विषदोषेस्तन्यरोगेमन्देऽग्नौश्लीपदेऽर्बुदे॥ हृद्रोगेकुष्ठवीसर्पेमेहाजीर्णभ्रमेषुच॥ विदारिकापचीकासश्वासपीनसवृद्धिषु ॥ अपस्मारेज्वरोन्मादेतथारक्तातिसारिषु ॥ नासतात्वोष्ठपाकेषुकर्णस्रावेऽधिजिह्वके ॥ गलशुण्ड्यामतीसारेपित्तश्लेष्मगदेतथा । मेदोगदेऽरुचौचैववमनंकारयेद्भिषक् ॥ स्तन्यरोगेदुष्टदुग्धजनितेबालस्यरोगे ॥ १३३ ॥

वमन की विधि ॥

चतुर वैद्य मनुष्योंको शरद, वसन्त और प्रावृट् ऋतु में वमन तथा विरेचन करावें बलवान् कफसे व्याप्त,मतली आदिरोगों से व्याकुल वमनमें अभ्यास रखने वाले और धीर चित्तवाले पुरुषों को वमन कराना चाहिये विषदोष,दुग्धरोग,मन्दाग्नि, श्लीपद, अर्बुद, हृदय के रोग, कुष्ठ, वीसर्प, प्रमेह, अजीर्ण,भ्रम,विदारिका,अपची,खांसी,श्वास,पीनस, वृद्धि, मृगी, ज्वर, उन्माद, रक्तातीसर, नासिका

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पकना तालु और ओष्ठका पकना, कानका बहना, अधिजिह्वक, गलशुण्डी, अतीसा, कफ तथा पित्तके रोग, मेदरोग और अरुचि में वमन कराना श्रेष्ठहै ॥ १३३ ॥

नवाम्यनीयस्तिमिरीनगुल्मीनोदरीकृशः ॥ नातिवृद्धोगर्भिणीचनस्थूलोनक्षतातुरः ॥ मदार्तोबालकोरूक्षःक्षुधितश्चनिरूहितः ॥ उदावर्त्त्यूर्ध्वरक्तीचदुश्छर्द्यःकेवलानिली ॥ पाण्डुरोगीकृमीव्याप्तःपठनात्स्वरघातवान् ॥ एतेऽप्यजीर्णव्यथितावाम्यायेविषपीडिताः । कफव्याप्ताश्चतेवास्यामधुकक्वाथपानतः ॥ ऊर्ध्वरक्तीयस्यनासाक्षिकर्णास्यमार्गैरक्तेप्रवर्त्ततेसः । भुक्तरूक्षकर्कशद्रव्याद्दुश्छार्द्यःमधुकस्थानेमधुकेतिद्वितीयःपाठः ॥ १३४ ॥

तिमिर, गुल्म (बायगोला) तथा उदररोगवाले, कृश, अत्यन्त वृद्ध, गर्भिणी स्त्री, स्थूल, क्षतसे व्याकुल, मदसे पीडित, बालक, रूखे, क्षुधायुक्त, निरूहवस्तियुक्त, उदावर्त्त तथा ऊर्ध्व रक्तवाले, केवलवात रोगी, रूखी अथवा कठोरवस्तु भोजन करनेवाले, पाण्डुरोगी, कृमियुक्त, वातके द्वारा स्वरभङ्ग वाले इन पुरुषोंको वमन न कराना चाहिये और इन्हीं लोगों से युक्त भी अजीर्ण तथा विषसे पीडित और कफ से व्याप्त होय तो मौहेके काढ़ेसे वमन कराना चाहिये ॥ १३४ ॥

सुकुमारंकृशम्बालंवृद्धंभीरुञ्चवामयेत् । पाययित्वायवागूंवाक्षीरतक्रदधीनिच ॥ असात्म्यैःश्लेष्मलैर्भोज्यैर्दोषानुत्क्लेश्यदेहिनाम् । स्निग्धस्विन्नायवमनंदत्तंसम्यक्प्रवर्त्तते । वमनेषुचसर्वेषुसैन्धवंमधुवाहितम् । बीभत्संवमनंदद्याद्विपरीतंविरेचनम् ॥ बीभत्समरुच्यंविपरीतंरुच्यम् ॥ १३५ ॥

सुकुमार, कृश, बालक, वृद्ध और भयभीत पुरुष को यवागू, दूध, मट्ठा अथवा दही पिलाकर वमन करानी चाहिये स्निग्ध और स्वेदनयुक्त पुरुष को असात्म्य और कफकारी भोजनों से दोषोंको उखाड़कर वमन कराने से अच्छे प्रकार दोषनिकलजातेहैं संपूर्ण वमन की औषधियों में सेंधानोन और सहत मिलाना हितकारीहै वमन कराने वाली औषध अरुचिकारी और विरेचनकारी औषध रुचियुक्त देनी चाहिये ॥ १३५ ॥

क्वाथ्यद्रव्यस्यकुडवंश्रपयित्वाजलाढके । अर्द्धभागावशिष्टञ्चवमनेष्ववचारयेत् ॥ क्वाथपानेनवप्रस्थाज्येष्ठामात्राप्रकीर्त्तिता । मध्यमाषण्मताप्रोक्तात्रिप्रस्थाचकनीयसी ॥ वमनेचविरेकेचतथाशोणितमोक्षणे । अर्द्धत्रयोदशपलंप्रस्थमाहुर्मनीषिणः ॥ अर्द्धत्रयोदशपलंसार्द्धषट्कम् । कल्कचूर्णावलेहानांत्रिपलंमात्रयोत्तमम् । मध्यमंद्विपलंविद्यात्कनीयस्तुपलंभवेत् । वमनेचाष्टवेगास्युःपित्तान्ताउत्तमास्तुते । षड्वेगामध्यमावेगाश्चत्वारस्त्ववरेमताः ॥ कफंकटुकतीक्ष्णोष्णैःपित्तंस्वादुहिमैर्जयेत् । सस्वादुलवणाम्लोष्णैःसंसृष्टंवायुनाकफम् ॥ कृष्णांकट्फलंसिन्धुंचकफेकोष्णजलैःपिबेत् । पटोलवासानिम्बांश्चपित्तेशीतजलैःपिबेत् ॥ कट्फलंमयनफलम् । सश्लेष्मवातपीडायांसक्षीरंमदनंपिबेत् । अजीर्णेकोष्णपानीयंसिन्धुंपीत्वावमेत्सुधीः ॥ मदनं(मयनफलम्)वमनंपाययित्वातुजानुमात्रासनेस्थितम् । कण्ठमेरण्डनालेनस्पृष्टशन्तंवामयेद्भिषक् ॥ प्रसेकोहृद्ग्रहःकोठःकण्डूदुश्छर्दितेभवेत् । अतिवान्तेभवेत्तृष्णाहिक्कोद्गारोविसंज्ञता ॥ जिह्वानिःसरणंचाक्ष्णोर्व्यावृ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त्तिर्हनुसंहतिः।रक्तछर्दिःष्ठीवनञ्चकण्ठपीडाचजायते॥हनुसंहतिर्हन्वोरमिलनम् १३६॥
क्वाथ की औषध को एककुडवमात्र लेकर आढकभर जलमें औटावे जबआधाबाकीरहे तब उसे काम में लावे वमन के क्वाथ की बडीमात्रा ९ प्रस्थ मध्यममात्रा ६ प्रस्थ और छोटीमात्रा ३ प्रस्थकी होतीहै वमन विरेचन और फस्त लेनेमें साढेछः पलका एक प्रस्थ लियाजाताहै कल्क, चूर्ण और अवलेहकी बडीमात्रा ३ पलकी मध्यममात्रा २ पलकी और छोटीमात्रा एकपलकी होतीहै वमनमें आठवार वेग होना उत्तमहै इनके अन्तमें पित्तगिरताहै छःवारवेगहोनामध्यम और चारवार वेगहोना हीन गिना जाताहै वमनकेद्वारा कफको कटु, तीक्ष्ण तथा उष्ण वस्तुओंसे पित्तको मधुर तथा शीतल वस्तुओंसे और वातयुक्त कफको मधुर लवण खट्टी तथा उष्ण वस्तुओंसे नाशकरे कफमें पीपल मैनफल तथा सैंधेनोनको उष्ण जलसे पान करके पित्तमें परवल वांसा तथा नींबको शीतल जलसे पान करके कफयुक्त वातमें मैनफल को दूध के साथ पान करके और अजीर्ण में सैंधेनोन युक्त गरमजलको पीकर वमनकरे वमन की औषधिको पिलाके उकडू बैठाकर और गलेको रेंडीकी नालसे स्पर्श कराकर वमन करावे वमन के बिगड जानेसे लारकाबहना हृदय के रोग कोढ और खुजली होजातीहै अत्यन्त वमनकरने से तृषा हिचकी डकार अज्ञानता जिह्वाकानिकालना नेत्रों का उलटनापलटना जावडोंका न मिलना वमन में रुधिरका गिरना थूकना और कंठमें पीडा यह लक्षण होतेहैं ॥ १३६ ॥

वमनस्यातियोगेतुमृदुःकुर्य्याद्विरेचनम्। वमनेनप्रविष्टायांजिह्वायांकवलःग्रहः॥ स्निग्धाम्ललवणैर्युक्तःघृतक्षीररसैर्हिताः।(रसैर्मांसरसैः) फलान्यम्लानिखादेयुस्तस्यचान्येऽग्रतोनराः॥ निःसृतान्तुतिलद्राक्षाकल्कलिप्तांप्रवेशयेत्। (निःसृतांजिह्वां) व्यावृत्तेऽक्षिणघृताभ्यक्तेपीडनञ्चशनैःशनैः। हनुमोक्षेस्मृतःस्वेदोनस्यञ्चश्लेष्मवातहृत् ॥ रक्तपित्तविधानेनरक्तष्ठीवमुपाचरेत् ॥ १३७॥

वमनकी अधिकतामें हलका विरेचन देनाचाहिये और वमनकेद्वारा जिह्वाके भीतर प्रविष्टहोजाने पर स्निग्ध खट्टे लवणयुक्त हृदयको हित घी दूध और मांस के रस के द्वारा ग्रास बनाकर मुख में रक्खे और दूसरे पुरुष उसके सन्मुख खट्टे फलों को खायँ जो वमन के वेग से जिह्वा बाहर निकल आईहो तो तिल और मुनक्काओं को पीसकर जिह्वा में लेपकरके भीतर को प्रविष्टकरे जो वमनसे नेत्रों में बाधा पहुंचे तो घी लगाकर धीरे २ दबावे जो वमन से दोनोंजावडे परस्पर न मिलतेहों तो कफ वातनाशक स्वेद और नासका प्रयोग करना चाहिये और वमनसे जो मुख के द्वारा रुधिर निकलताहो तो रक्त पित्त की विधि से शान्त करना चाहिये ॥ १३७ ॥

धात्रीरसाञ्जनोशीरलाजाचन्दनवारिभिः ॥ मन्थंकृत्वापाययेच्चसघृतंक्षौद्रशर्करम् । शाम्यन्त्यनेनतृष्णाद्यारोगाश्छर्दिसमुद्भवाः॥ हृत्कण्ठशिरसांशुद्धिर्दीप्ताग्नित्वञ्चलाघवम्। कफपित्तविनाशश्चसम्यग्वान्तस्यलक्षणम् ॥ ततोऽपराह्णेदीप्ताग्निंमुद्गषष्टिकशालिभिः। हृद्यैश्चजांगलरसैःकृत्वायूषञ्चभोजयेत् ॥ तन्द्रानिद्रास्यदौर्गन्ध्यंकण्डूञ्चग्रहणींविषम्। सुवान्तस्यनपीडायैभवन्त्येतेकदाचन ॥ अजीर्णशीतपानीयंव्यायाममैथुनंतथा। स्नेहाभ्यंगञ्चरोषञ्चदिनमेकंसुधीस्त्यजेत् ॥ (इतिवमनाधिकारः) ॥ १३८॥

आमला, रसौत, खस, खील, चन्दन और सुगन्धवाला इनको मथकर घी, सहत और शक्कर मिला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

के पीने से वमन से उत्पन्न होनेवाले तृषा आदिक सम्पूर्ण उपद्रव शान्त होतेहैं अच्छे प्रकारसे वमन-नहोनेपर हृदय कण्ठ और शिरकी शुद्धता, अग्निकी दीप्ति, हलकापन और कफ पित्तका नाशहोताहै फिर अच्छी तरहसे वमन होजाने पर तीसरे पहर दीप्ताग्नि पुरुषको मूंग,साठी और चावलोंके साथ जंगली जीवोंके मांसका मनोहर जूस बनाकर पिलाना चाहिये तन्द्रा,निद्रा,मुखकी दुर्गन्धि, खुजली, ग्रहणी और विष यह सब अच्छी रीतिसे वमन करने वाले को पीड़ा नहीं देतेहैं वमनके उपरान्त एक दिन अजीर्णकारी वस्तु, शीतल जल, व्यायाम, मैथुन,तैलादि लगाना और क्रोध का त्यागकरे इति वमनाधिकारः ॥१३८॥ अथ विरेचनविधिः ॥

स्निग्धस्विन्नायवान्तायदद्यात्सम्यग्विरेचनम् । अवान्तस्यत्वधःस्रस्तोग्रहणींछादये त्कफः ॥ मन्दाग्निंगौरवंकुर्य्याज्जनयेद्वाप्रवाहिकाम् । अथवापाचनैरामंबलासंपरिपाच येत् ॥ ऋतौवमन्तेशरदिदेहशुद्धौविरेचयेत् । अन्यदात्ययिकेकार्य्येशोधनंशीलयेद् बुधः ॥ आत्ययिके प्राणसङ्कटे । पित्तेविरेचनंयुञ्ज्यादामोद्भूतेगदेतथा । उदरेचतथा ध्मानेकोष्ठशुद्धौविशेषतः॥ दोषाःकदाचित्कुप्यन्तिजितालङ्घनपाचनैः । शोधनैःशोधिता येतुननेषांपुनरुद्भवः ॥ बालोवृद्धोभृशंस्निग्धक्षतक्षीणोभयान्वितः । श्रान्तस्तृषार्त्तःस्थूल श्चगर्भिणीचनवज्वरी॥नवप्रसूतानारीचमन्दाग्निश्चमदात्ययी । शल्यार्द्दितश्चरूक्षश्च नविरेच्याविजानता ॥ १३९ ॥ विरेचनकी विधि ॥

स्नेहन, स्वेद और वमनके उपरान्त विरेचन देना चाहिये विना वमन कराये विरेचन देनेसे कफ नीचे जाकर ग्रहणी को आच्छादित करके मन्दाग्नि शरीर का भारीपन अथवा प्रवाहिका को उत्पन्न करताहै अथवा पाचन औषधों से कच्चे कफ के परिपाक होने पर विरेचन दे वसन्त और शरद् ऋतुमें देहकी शुद्धता के लिये विरेचन दे और प्राणोंके संकट आजाने पर अन्य ऋतु-ओं में भी विरेचन देना चाहिये पित्तमें आमसे उत्पन्न हुए रोग में उदर तथा आध्मान रोग में और कोष्ठकी शुद्धता के लिये विरेचन देना चाहिये लंघन और पाचन के द्वारा शान्त हुए दोष चाहे फिर कुपित होजायँ परन्तु वमन आदिके द्वारा निकाले हुए दोष फिर नहीं उत्पन्न होतेहैं बालक, वृद्ध, अत्यन्त स्निग्ध,क्षतसे क्षीण,भयभीत, श्रान्त, कृशित,स्थूल, गर्भिणी स्त्री, नवीन ज्वरवाला, नवीन प्रसूतास्त्री, मन्दाग्निवाला, मदात्यय से युक्त, शस्त्रसे पीड़ित और रूखा इन सबको कदापि विरेचन न देना चाहिये ॥ १३९ ॥

जीर्णज्वरीगरव्याप्तोवातरोगीभगन्दरी । अर्शःपाण्डूदरग्रन्थिहृद्रोगारुचिपीडिताः । योनिरोगप्रमेहार्त्तोगुल्मप्लीहव्रणार्द्दितः । विद्रधिच्छर्दिविस्फोटविषूचीकुष्ठसंयुताः ॥ कर्ण नासाशिरोवक्रगुदमेढ्रामयान्विताः।प्लीहशोथाक्षिरोगार्त्ताःकृमिक्षारानिलार्द्दिताः॥शूलिनो मूत्रघातार्त्ताविरेकार्हानरामताः॥बहुपित्तोमृदुःकोष्ठोबहुश्लेष्माचमध्यमः ॥ बहुवातःक्रूर कोष्ठोदुर्विरेच्यःसकथ्यते । मृद्वीमात्रामृदौकोष्ठेमध्यकोष्ठेचमध्यमा॥ क्रूरेतीक्ष्णामताद्रव्यै मृदुमध्यमतीक्ष्णकैः॥मृदुर्द्राक्षापयश्चञ्चुतैलैरपिविरिच्यते॥ मध्यमस्त्रिवृतातिक्ताराजवृक्षै र्विरिच्यते । क्रूरार्कपयसाहेमक्षीरीदन्तीफलादिभिः ॥ चञ्चुतैलमैरण्डतैलम् । राजवृक्षः ।

(१) क्रूरःस्नुकपयसेतिवापाठः ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

धनवहेरा।स्नुक्षीरी। चोकदन्तीफलम् बृहदन्तीफलम्। जयपालेतिप्रसिद्धम् ॥ १४०॥

जीर्णज्वर, गरदोष, वातरोग, भगन्दर, बवासीर, पाण्डु, उदरग्रन्थि, हृदयके रोग, अरुचि, योनिरोग, प्रमेह, गुल्म, प्लीहा, व्रण, विद्रधि, छर्दि, विस्फोटक, विसूचिका, कुष्ठ, कान तथा नासिकाके रोग, शिर मुख गुदा तथा लिङ्ग के रोग, प्लीहा की सूजन, नेत्ररोग, कृमि, क्षार तथा वातकी पीडा, शूल और मूत्राघात इनसंपूर्ण रोगों में विरेचन देना उचितहै अधिक पित्तवाले का कोष्ठ कोमल और अधिक कफवालेका मध्यम और अधिक वातवाले कोष्ठ क्रूर (कठिनता से विरेचन देनेके योग्य) होताहै कोमल कोष्ठ में कोमल दस्तावर औषधों की हलकी मात्रा मध्यमकोष्ठ में मध्यम दस्तावर औषधियों की मध्यम मात्रा और क्रूरकोष्ठमें तीक्ष्ण दस्तावर औषधियों की बडीमात्रा देनी चाहिये दाख, रेडीकातेल और दूधके द्वारा कोमल कोष्ठका विरेचन होताहै निसोथ, कुटकी और अमलतास के द्वारा मध्यम कोष्ठ का विरेचन होताहै और आकका दूध या सेहुँडका दूध चोक और जमालगोटाके द्वारा क्रूरकोष्ठ का विरेचन होताहै ॥ १४० ॥

मात्रोत्तमाविरेकस्यत्रिंशद्वेगैःकफान्तिकः। वेगैर्विंशतिभिर्मध्याहीनोक्तादशवेगिका॥ द्विपलंश्रेष्ठमाख्यातंमध्यमंचपलंभवेत्। पलार्द्धञ्चकषायाणांकनीयस्तुविरेचनम् । कल्क मोदकचूर्णानांकर्षमध्वाज्यलेहतः। कर्षद्वयंपलंवापिवयोरोगाद्यपेक्षया ॥ पित्तोत्तरेत्रिवृ च्चूर्णंद्राक्षाक्काथादिभिःपिबेत्। त्रिफलाक्काथगोमूत्रैःपिबेद्व्योषंकफार्द्दितः॥ त्रिवृत्सैन्धव शुण्ठीनांचूर्णमम्लैःपिबेन्नरः। वातार्द्दितोविरेकायजांगलानांरसेनवा॥ एरण्डतैलंत्रिफ लाक्काथेनद्विगुणेनवा। युक्तंपीतंपयोभिर्वानचिरेणविरिच्यते॥शीघ्रमेवविरिच्यतइत्यर्थः। त्रिवृताकौटजंबीजंपिप्पलीविश्वभेषजम्। समृद्वीकारसंक्षौद्रंवर्षाकालेविरेचनम् ॥ त्रिवृ द्दुरालभामुस्तशर्करोदीच्यचन्दनम्। द्राक्षाम्बुनासयष्ट्याह्वंशीतलञ्चघनात्यये॥उदीच्य म्बालाघनात्ययेशरदि। पिप्पलीनागरंसिन्धुंश्यामांत्रिवृतयासह॥ लिह्यात्क्षौद्रेणशिशि रेवसन्तेचविरेचनम्।श्यामाकृष्णसारण्ड॥त्रिवृताशर्करातुल्याग्रीष्मकालेविरेचनम्१४१

विरेचन की जिस मात्रा से तीस दस्तआवें वह उत्तम है इसके अन्तमें कफ गिरताहै मध्यममात्रा में बिस दस्त और हीनमात्रा में दश दस्त आते हैं और दस्तावर औषधियों के क्काथकी पूरी मात्रा दोपल मध्यममात्रा एकपल और हीनमात्रा आधे पलकी होती है कल्क मोदक और चूर्ण एकतोले घी और सहत के साथ दोकर्ष अथवा एकपल रोगी की अवस्था और रोग आदि को विचार कर देनी चाहिये पित्त के कोपमें मुनक्का आदिके काढे के साथ निसोथका चूर्ण कफके कोपमें त्रिफला के क्काथ तथा गोमूत्र के साथ त्रिकुटा का चूर्ण और वात के कोप में खटाई अथवा जंगली जीवोंके मांस के रस के साथ निसोथ सेंधानोन तथा सोंठके चूर्ण को अथवा द्विगुण त्रिफला के क्काथ तथा दूधके साथ रेडीकेतेल को पिये इनसे शीघ्रही विरेचन होताहै वर्षाकाल में निसोथ, इन्द्रजौ, पीपल और सोंठ को मुनक्का के काढेके साथ सहत मिलाकर विरेचन के लिये पिये शरदृतु में विरेचन के लिये निसोथ, जवासा, नागरमोथा, शक्कर, सुगन्धबाला, लालचन्दन और मुलहठी को मुनक्काके काढेके साथ पानकरे हेमन्तऋतु में विरेचन के लिये निसोथ, चीता, पाढर, जीरा, सरल, वच और चोक यह सब गरमजलके साथ चूर्ण करके पिये शिशिर तथा वसन्तऋतु में पीपल, सोंठ, सेंधानोन, काला निसोथ और सफ़ेद निसोथ इनसबके चूर्णको सहतके साथ चाटे और

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गीष्मऋतुमें विरेचन के लिये निसोथका चूर्ण और शक्कर समभाग मिलाकर सेवन करे ॥ १४१ ॥

अभयामरिचंशुण्ठीविडंगामलकानिच । पिप्पलीपिप्पलामूलंत्वक्पत्रंमुस्तमेवच ॥ एतानिसमभागानिदन्तीतुत्रिगुणाभवेत् । त्रिवृताष्टगुणाज्ञेयाषड्गुणाचात्रशर्करा ॥ मधुनामोदकान्कृत्वाकर्षमात्रान्प्रमाणतः । एकैकंभक्षयेत्प्रातःशीतञ्चानुपिबेज्जलम् ॥ तावद्विरिच्यतेजन्तुर्यावदुष्णंनसेवते । पानाहारविहारेषुभवेन्नियन्त्रणःसदा ॥ विषमज्वरमन्दाग्निपाण्डुकासभगन्दरान् । पृष्ठपार्श्वोरुजघनजङ्घोदररुजंजयेत् । स्नेहाभ्यङ्गञ्चरोषञ्चदिनमेकंसुधीस्त्यजेत् । सततंशीलनादेवपलितानिप्रणाशयेत् । अभयामोदकाह्येतेरसायनवराःस्मृताः ॥ इति अभयादिमोदकः ॥ १४२ ॥

हड,मिर्च,सोंठ,बायबिडंग,आंवला,पीपल,पीपरामूल, दालचीनी, तेजपात, नागरमोथा यह संपूर्ण समभाग इनका तिगुना जमालगोटा, अठगुना निसोथ और छःगुनी शक्कर मिलाकर सहत के साथ दो २ तोलेके मोदकबनावै प्रातःकाल उठकर शीतल जलके अनुपानसे एक २ मोदक रोजखाय जब तक गरम जल न पियेगा तबतक दस्त आते रहेंगे इन मोदकोंके सेवनमें पान आहार और विहारकी कोई रोक नहीं है विषमज्वर, मन्दाग्नि, पाण्डु, खांसी, भगन्दर, पीठ तथा पसलियोंकी पीडा जङ्घा पिण्डली नितम्ब तथा उदरकीपीडा इन सब रोगोंका इसके सेवन से नाश होताहै इनको खाकर एक दिन तेलमर्दन और क्रोध न करे इनके सदैव सेवन करनेसे श्वेत बाल काले होजाते हैं यह अभयादि मोदक रसायनोंमें श्रेष्ठ कहे गये हैं इति अभयादि मोदक ॥ १४२ ॥

पीत्वाविरेचनंशीतजलैःसंसिच्यचक्षुषी । सुगन्धिकिञ्चिदाघ्रायताम्बूलंशीलयेद्बुधः ॥ निर्वातस्थोनवेगांश्चधारयेन्नशयीतच । शीताम्बुनस्पृशेत्क्वापिकोष्णनीरंपिबेन्मुहुः ॥ बलासौषधपित्तानिवायुर्वान्तेयथाव्रजेत् । रेकात्तथामलंपित्तंभेषजंचकफोव्रजेत् ॥ १४३ ॥

विरेचन औषधको पीकर शीतल जलसे नेत्रोंको सींचे और कोई सुगन्धित वस्तु सूंघकर तांबूल खाके वातरहित स्थान में बैठे और वेगोंका धारण शयन तथा शीतल जलका स्पर्श न करे वारंवार गरम जल पिये जैसे वात वमनके अन्तमें कफ पित्त और औषधियों से मिलजातीहै इसी प्रकार विरेचनके अन्तमें मल, पित्त और औषधियों के साथ कफ मिल जाता है ॥ १४३ ॥

दुर्विरक्तस्यनाभेस्तुस्तब्धताकुक्षिशूलरुक् । पुरीषवातसङ्गश्चकण्डूमण्डलगौरवम् ॥ विदाहोऽरुचिराध्मानंभ्रमश्छर्दिश्चजायते । तंपुनःपाचनैःस्नेहैःपक्वास्निग्धन्तुरेचयेत् ॥ तेनास्योपद्रवायान्तिदीप्ताग्निर्लघुताभवेत् । विरेकस्यातियोगेनमूर्च्छाभ्रंशोगुदस्यच ॥ शूलंकफातियोगःस्यान्मांसधावनसन्निभम् । मेदोनिभञ्जलाभासंरक्तञ्चापिविरिच्यते ॥ तस्यशीताम्बुभिःसिक्त्वाशरीरंतण्डुलाम्बुभिः । मधुमिश्रैस्तथाशीतैःकारयेद्वमनंमृदु ॥ सौसहकारत्वचःकल्कोदध्नासौवीरकेणवा । पिष्ट्वानाभिप्रलेपेनहन्त्यतीसारमुल्बणम् ॥ सौवीरन्तुयवैरामैःपक्वैर्वानिस्तुषैःकृतैः । सौवीरंसन्धानम् । अजाक्षीरंरसञ्चापिवैष्किरंहारिणंतथा । शालिभिःषष्टिकैस्तुल्यैमसूरैर्वापिभोजयेत् । वर्तिकालावविष्किरकपिञ्जलकतित्तिराः ॥ चकोरक्रकराद्याश्चविष्किराःसमुदाहृताः । कपिञ्जलइतिख्यातोलोकेकपिश

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तित्तिराः ॥ क्रकरः । कण्टइतिलोके ॥ हारिणस्ताम्रवर्णःस्यान्मृगः । शीतैःसंग्राहिभिर्द्रव्यैःकुर्यात्संग्रहणंभिषक् ॥ १४४ ॥

जिसको अच्छे प्रकार से विरेचन नहीं होते हैं उसके नाभि का जकड़ना, कोख में पीड़ा, मल तथा वायुका न निकलना, खुजली, चकत्ते, भारीपन, बिदाह, अरुचि, आध्मान, भ्रम और छर्दि होतीहै ऐसी दशा में स्निग्ध तथा पाचक औषधियों से दोषों को परिपाककरके फिर विरेचन देना चाहिये इसरीति से उपद्रवों का नाश अग्नि की दीप्ति और हलकापन होताहै विरेचनकी अधिकतामें मूर्च्छा, गुदभ्रंश, कफका बहुत निकलना, शूल और मांसके धोवन मेद जल अथवारुधिरके समान दस्त होता है ऐसी दशामें रोगीके शरीरमें शीतल जल सींचकर चावलों के शीतल जल में सहत मिलाकर पान कराके कुछ वमन करावे अथवा दही (सौवीर कच्चे अथवा पक्के भूसी सहित यवोंको सन्धान करके जो वस्तु बनती है उसे सौवीर कहते हैं) के साथ आम की छाल को पीसकर नाभि पर लेप करे इस्से बहुत बढ़ा हुआ भी अतीसार शान्त होताहै और बकरी का दूध विष्किर (बटेर लवा कपिशवर्ण तीतर चकोर और कराट आदिक विष्किर कहलातेहैं) पक्षी अथवा लालमृगके मांसकारस चावल साठी और मसूरके साथ पानकरावे और शीतल तथा ग्राही वस्तुओंसे दस्तोंको रोंके ॥ १४४ ॥

लाघवेमनसस्तुष्टावनुलोमंगतेऽनिले । सुविरिक्तंनरंज्ञात्वापाचनंपाययेन्निशि । इन्द्रियाणांबलंबुद्धेःप्रसादोवह्निदीप्तिता । धातुस्थैर्य्यंवयस्थैर्य्यम्भवेद्रेचनसेवनात् ॥ प्रवातसेवांशीताम्बुस्नेहाभ्यंगमजीर्णताम् । व्यायामंमैथुनञ्चैवनसेवेतविरेचितः ॥ शालिषष्टिकमुद्गाद्यैर्यवागूंभोजयेत्कृताम् । जङ्गालविष्किराणांवारसैःशाल्योदनंहितम् । हरिणैणकुरङ्गर्ष्यवातायुमृगमात्रकाः । राजीवःपृषतश्चैवजङ्गालाःशरभादयः ॥ १४५ ॥

शरीर का हलकापन मनकी प्रसन्नता और वायु का नीचे जाना इनवातों से अच्छी रीति का विरेचन हुआ जान के रात्रि के समय पाचन औषधियों का पान करावे विरेचन के सेवन से इन्द्रियों में बल, बुद्धिकी प्रसन्नता, अग्निकी दीप्ति और धातु तथा अवस्था की स्थिरता होती है और विरेचन वस्तुका सेवन करनेवाला अत्यन्त वायु शीतल जल तैलमर्दन अजीर्णकारी वस्तुओंका भोजन व्यायाम तथा मैथुन का त्याग करदे विरेचन के उपरान्त चावल साठी और मूंग की यवागू (अथवा जङ्गाल हरिण, एण, कुरंग, ऋष्य, वातायु, राजीव, पृषत और शरभादिक जङ्गाल कहलातेहैं) और विष्किर जीवों के मांस के रस के साथ भात खिलावे ॥ १४५ ॥

अथ स्नेहवस्तिविधिः ॥

वस्तिर्द्विधानुवासाख्योनिरूहश्चततःपरम् । यःस्नेहोदीयतेसःस्यादनुवासननामकः ॥ कषायक्षीरतैलैर्योनिरूहःसनिगद्यते । वस्तिभिर्दीयतेयस्मात्तस्माद्वस्तिरितिस्मृतः ॥ वस्तिभिःमृगादीनांमत्राशयैः तत्रानुवासनाख्योहिवस्तिर्यःसोऽत्रकथ्यते । अनुवासनभेदश्चमात्रावस्तिरुदीरितः ॥ पलद्वयन्तस्यमात्रातस्मादर्द्धापिवाभवेत् । अनुवासस्तुरूक्षःस्यात्तीक्ष्णाग्निःकेवलानिली ॥ १४६ ॥

अथ स्नेहवस्तिविधि ॥

वस्ति दो प्रकारकी होती है एक अनुवासन दूसरी निरूह केवल स्नेहके द्वारा जो वस्ति दीजाती

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

है वह अनुवासन और क्वाथ दूध तथा तेल के द्वारा जो वस्ति दीजाती है उसको निरूह कहते हैं वस्ति (मृगादिकों के मूत्राशय) द्वारा इसका व्यवहार कियाजाताहै इसलिये इसको वस्ति क्रिया कहते हैं इनमें से प्रथम अनुवासन को कहते हैं मात्रावस्ति अनुवासनवस्ति का भेद कहीगई है इस की मात्रा दो अथवा एक पलकी होती है रूखे दीप्ताग्निवाले और केवल वातकी प्रबलतावाले पुरुषों को अनुवासन हितहै ॥ १४६ ॥

नानुवास्यस्तुकुष्ठीस्यान्मेहीस्थूलस्तथोदरी। नास्थाप्यानानुवास्याश्चजीर्णोन्मादतृडर्दिताः॥ शोथमूर्च्छारुचिभयश्वासकासक्षयातुराः॥ १४७॥

कुष्ठ प्रमेह स्थूलता और उदर रोगवालों को अनुवासन हितकारी नहीं है अजीर्ण, उन्माद, तृषा, सूजन, मूर्च्छा, अरुचि, भय, श्वास, खांसी तथा क्षयसे व्याकुल पुरुषों को अनुवासन और आस्थापन दोनों निषिद्ध हैं ॥ १४७ ॥

नेत्रंकार्य्यंसुवर्णादिधातुभिर्वृक्षवेणुभिः॥ नलैर्दन्तैर्विषाणाग्रैर्मणिभिर्वाविधीयते। नेत्रं नाडीतथाचोक्तंविश्वप्रकाशे। नेत्रंमथिगुणेवस्त्रेतरुमूलेविलोचने। नेत्रबन्धेचनाड्याञ्चनेत्रोनेतरिभेद्यवत्॥ एकवर्षात्तुषड्वर्षाद्यावन्मानंषडंगुलम्। ततोद्वादशकंयावन्मानंस्यादष्टसम्मितम्॥ ततःपरंद्वादशभिरंगुलैर्नेत्रदीर्घता। मुखच्छिद्रंकलायाभच्छिद्रंकोलास्थिसन्निभम्॥ यथासङ्ख्यंभवेन्नेत्रंश्लक्ष्णंगोपुच्छसन्निभम्। गोपुच्छसन्निभंमूलेस्थूलंतस्मात्क्रमात्कृशम्॥ मुखच्छिद्रादिप्रमाणंनेत्रंक्रमेणषड्वर्षायद्वादशवर्षायतदूर्ध्ववर्षायज्ञेयम् आतुरांगुष्ठमानेनमूलेस्थूलंविधीयते। कनिष्ठिकापरीणाहमग्रेचगुटिकामुखम्॥ परिणाहोऽत्रस्थौल्यम्। तन्मूलेकर्णिकेद्वेचकार्येभागाच्चतुर्थकात्। कर्णिकागवादिकर्णवत्। योजयेत्तत्रवस्तिञ्चबन्धद्वयविधानतः। मृगाजशूकरगवांमहिषस्यापिवाभवेत्॥ वस्तिरितिशेषः। मूत्रकोशस्यवस्तिस्तुतदलाभेतुचर्मणः। कषायरक्तःसुमृदुर्वस्तिःस्निग्धोदृढोहितः॥ व्रणवस्तेस्तुनेत्रंस्यात्श्लक्ष्णमष्टांगुलोन्मितम्। मुद्गच्छिद्रंगृध्रपक्षनलिकापरिणाहिच॥ शरीरोपचयंवर्णंबलमारोग्यमायुषः। कुरुतेपरिवृद्धिञ्चवस्तिःसम्यगुपासितः॥ दिवाशीतेवसन्तेचस्नेहवस्तिःप्रदीयते। ग्रीष्मवर्षाशरत्कालेरात्रौस्यादनुवासनम्॥ नचातिस्निग्धमशनंभोजयित्वानुवासयेत्। मदंमूर्च्छाञ्चजनयेद्द्विधास्नेहःप्रयोजितः॥ द्विधाभोजनेवस्तौच। रूक्षंभुक्तवतोत्यन्तंबलंवर्णञ्चहापयेत्। युक्तस्नेहमतोजन्तुंभोजयित्वानुवासयेत्॥ युक्तस्नेहंयथोचितस्नेहंभोज्यंभोजयित्वेत्यर्थः॥ १४८ ॥

सुवर्णादि धातु वृक्ष बांस नलदांत सींगों के अग्रभाग अथवा मणियों के द्वारा नेत्र (नल) बनावे नेत्र शब्दका नल अर्थ विश्वप्रकाश कोश में लिखा है मथानी की रस्सी वस्त्र वृक्षोंकी जड़ आंख आंखोंकीपट्टी नली और नायक यह नेत्र शब्दके अर्थ हैं एकवर्षसे छः वर्षकी अवस्थाके बालकको छः अंगुल छः वर्षसे बारहवर्षतक के बालकको आठ अंगुल और बारहवर्ष के उपरांत चाहे जितनी अवस्थाहो बारह अंगुलकी लम्बीनली होनीचाहिये नलीका छेद क्रमसे मूंग मटर और बेरकी गुठली के बराबर करना चाहिये यह चिकनी और गौकीपूंछ के समान मूलमें स्थूल और नीचेकी ओर क्रम क्रम

(१) नेत्रम्मथिगुणेवस्त्रभेदेमूलेद्रुमस्यच। रथेचक्षुषिनेनद्यांचनीनाड्यांचयोषिदितिमेदिनी॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

से पतली पौती है नलीकामूल रोगी के अंगूठेके समान मोटा अग्रभाग कनिष्ठा उंगली के समान मोटा और मुख बहुत चिकना तथा गोलीके समान गोलबनाना चाहिये और नलीके मूल के चतुर्थ भाग में दोगोंके स कान बनाने चाहिये उनमें वस्तिको दोबन्धनोंसे बांधे मृग बकरा शूअर बैलअथवा भैंसेकी मूत्राशय वस्ति में श्रेष्ठ होती है परन्तु इनके अभाव में चमडेकीवस्ति बनवानी चाहिये सबप्रकार की वस्ति कषायवर्ण से रंगीहुई कोमल स्निग्ध और मजबूत होनी चाहिये घाव में देने की वस्तिकी नली कोमल तथा आठउंगलकी लम्बी साफहोनी चाहिये उसके मुखका छिद्र मूंगकेसमान और मुटाई गिद्ध के परके समान होनी चाहिये अच्छेप्रकार से वस्ति क्रिया होजाने पर शरीर की पुष्टता, वर्णकी उत्तमता, बल, आरोग्य और आयुकी वृद्धिहोती है शीत तथा वसन्त ऋतु में दिन को और ग्रीष्म वर्षा तथा शरद्ऋतु में रात्रि को स्नेह वस्ति लेनी चाहिये अत्यन्त स्निग्ध भोजन कराय के स्नेहवस्ति नहीं देनी चाहिये क्योंकि एकसमय में भोजन और वस्ति दोनों से सेवना किया हुआ स्नेह, मद और मूर्च्छा को उत्पन्न करताहै और अत्यन्त रूखी वस्तु खिलाकरकेभी स्नेह वस्ति देने से बल और वर्णका नाशहोता है इसीकारण से यथायोग्य स्निग्ध भोजन करायकर स्नेह वस्ति देनी चाहिये ॥ १४८ ॥

हीनमात्रावुभौवस्तीनातिकार्य्यकरौस्मृतौ । अतिमात्रौतथानाहक्लमातीसारकारकौ॥ उभौवस्तीअनुवासननिरूहाख्यौ । उत्तमास्यात्पलैःषड्भिर्मध्यमास्यात्पलैस्त्रिभिः । पलाद्वयर्द्धेनहीनास्यादुक्तमात्रानुवासने । शताह्वासैन्धवाभ्याञ्चदेयंस्नेहेचचूर्णकम् । तन्मात्रोत्तममध्यान्त्याषट्चतुर्द्वयमाषकैः ॥ १४९ ॥

हीनमात्रा से व्यवहार की गई दोनों वस्ति अच्छे प्रकार से कार्यको नहीं सिद्धकरसक्ती हैं और मात्रा की अधिकता से आनाह ग्लानि तथा अतीसारको उत्पन्न करती हैं स्नेह वस्तिकी उत्तम मात्राछः पल मध्यम मात्रा तीनपल और हीनमात्रा डेढ़ पलकी होती है जिस स्नेह से वस्ति देनी हो उसमें सौंफ और सेंधोनोनके चूर्ण को मिलावै इसचूर्ण की उत्तममात्रा छः माशेकी मध्यममात्रा चारमाशे की और हीन मात्रा दो माशेकी होती है ॥ १४९ ॥

विरेचनात्सप्तरात्रेगतेजातबलायच । भुक्तान्नायानुवास्यायवस्तिर्देयोऽनुवासनः ॥ अथानुवास्यंस्वभ्यक्तमुष्णाम्बुस्वेदितंशनैः । भोजयित्वायथाशास्त्रंकृतञ्चंक्रमणंततः ॥ उत्सृष्टानिलविण्मूत्रंयोजयेत्स्नेहवस्तिना । उष्णाम्बुस्वेदितम् । उष्णाम्बुनास्नापितं १५०

विरेचनके पीछे सात रात्रि व्यतीत होजाने पर और बलहोजाने पर भोजन करायके स्नेहवस्ति देनीचाहिये जिसको वस्ति देनीहोय उसे शरीर में तेल मल के उष्णजल से स्नानकरावे फिर विधिके अनुसार भोजन कराकर कुछ टहलावे फिर वायु मूत्र और मल के त्यागहोजाने पर स्नेहवस्ति देवे ॥ १५० ॥

सुप्तस्यवामपार्श्वेनवामजङ्घाप्रसारिणः । कुञ्चितापरजङ्घस्यनेत्रंस्निग्धेगुदेन्यसेत् ॥ बद्ध्वावस्तिमुखंसूत्रैर्वामहस्तेनधारयेत् । पीडयेद्दक्षिणेनैवमध्यवेगेनधीरधीः ॥ जृम्भाकासक्षवादीश्चवस्तिकालेनकारयेत् । त्रिंशन्मात्रामितःकालःप्रोक्तोवस्तेस्तुपीडने ॥ ततःप्रणिहितेस्नेहेउत्तानोवाक्शतंभवेत् । स्वजानुनःकरावर्त्तंकुर्य्याच्छोटिकयापुनः ॥ एषा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मात्राभवेदेकासर्वत्रैवैषतिश्चयः। निमिषोन्मेषणंपुंसामंगुल्याश्छोटिकाथवा। गुर्वक्षरोच्चारणंवास्यान्मात्रेयंस्मृताबुधैः। प्रसारितैःसर्व्वगात्रैर्यथावीर्यंप्रसर्पति॥ यथावीर्य्यं स्नेहादि। ताडयेत्तलयोरेनन्त्रींस्त्रीन्वारान्छनैःशनैः। स्फिजोश्चैवतथाश्रोणीशय्यांचैवोत्क्षिपेत्ततः॥ स्फिजोश्चैनंस्वपाणिभ्यांपूर्ववत्ताडयेद्बुधः। शय्याञ्चपदतस्तस्यत्रीन्वारानुत्क्षिपेत्ततः॥ जातेविधानेतुततःकुर्य्यान्निद्रांयथासुखम्। सानिलःसपुरीषश्चस्नेहःप्रत्येतियस्यतु॥ उपद्रवंविनाशीघ्रंससम्यगनुवासितः। उपद्रवस्थानेतुषचौषाविति सुश्रुतेपाठः॥ १५१॥

वस्ति देनेके समय रोगीको बाईं करवट से सुलाकर बाईं जांघको फैलवावे और दक्षिण जांघको सुकड़वावे फिर गुदामें तेललगाकर वैद्य बायेंहाथसे, सूत्रोंसे बंधेहुये वस्ति के मुखको पकड़ेरहै और दाहिने हाथसे धीरे २ नलीको भीतर डाले वस्तिदबानेका समयतीसमात्रा(अपने घुटनेके चारों तरफ चुटकी बजाकर हाथ घुमाने में जितना समय लगताहै उसको एकमात्रा कहते हैं अथवा नेत्रोंका एक बार खोलना मूंदना जितने समयमें हो पुरुषों के चुटकी बजाने में जो समय हो अथवा एक गुरु अक्षर के बोलने में जितना समयहो उसको मात्रा कहते हैं) का कहागया है और वस्तिदेनेके समय जंभाई, खांसी, तथा छींकको त्यागदे इस प्रकारसे स्नेह भीतर प्रविष्ट होजानेपर सौवाक्य के उच्चारण करने में जितनी देर लगती है उतनीदेरतक चित्त पड़ारहै संपूर्ण अङ्गोंके फैलाने से स्नेह आदिक अपने वीर्यके अनुसार फैलजातेहैं रोगीके नितम्ब और दोनों हाथोंको तीन २वारफैलवावे फिर हाथ पैरके तलुए और कमर में हाथसे ताडन करे और पगांतनकी ओरसे शय्याको तीन बार ऊँचे को उचकावे फिर एड़ियों में हाथसे थपकी लगावे इस प्रकार संपूर्ण विधानके होजानेपर रोगीको सुखपूर्वक निद्रा करावे जिसके उपद्रवोंके विना वायु और मलसहित स्नेह फिर निकल आवे उसका अनुवासन अच्छे प्रकारसे हुआ जानों॥ १५१॥

जीर्णान्नमथसायाह्नेस्नेहेप्रत्यागतेपुनः। लघ्वन्नंभोजयेत्कामंदीप्ताग्निस्तुनरोयदि॥ अनुवासितायदातव्यमितरेऽह्निसुखोदकम्। धान्यशुण्ठीकषायंवास्नेहव्यापत्तिनाशनम्॥ सुखोदकमुष्णोदकव्यापत्तिर्व्याधिः। अनेनविधिनाषड्वासप्तवाष्टौनवापिवा। विधेयावस्तयस्तेषामन्तेचैवनिरूहणम्॥ १५२॥

स्नेह के निकलजाने पर जो क्षुधा लगे तो सायंकाल के समय खूब गलाहुआ अथवा कोई हलका अन्न भोजन करावे दूसरे दिन उष्णजल अथवा धनियां और सोंठ का काढ़ा पिलावे इससे स्नेह की संपूर्ण व्याधि नष्ट होजाती हैं इस प्रकारसे छः सात आठ अथवा नौबार स्नेह वस्ति देकर निरूहवस्ति दे॥ १५२॥

दत्तस्तुप्रथमोवस्तिःस्नेहयेद्वस्तिवङ्क्षणौ। सम्यग्दत्तोद्वितीयस्तुमूर्द्धस्थमनिलंजयेत्॥ बलंवर्णञ्चजनयेत्तृतीयस्तुप्रयोजितः। चतुर्थपञ्चमौदत्तौस्नेहयेतांरसासृजी॥ षष्ठोमांसंस्नेहयतिसप्तमोमेदएवच। अष्टमोनवमश्चापिमज्जानञ्चयथाक्रमम्॥ यथाक्रममितिवचनादष्टमोऽस्थिस्नेहयेत्। एवंशुक्रगतान्दोषान्द्विगुणःसाधुसाधयेत्॥ (अ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ष्टादशादधिकवस्तिः) अष्टादशाष्टादशकान्दिनाद्योनानिषेवते । सकुञ्जरबलोऽश्वस्यजव तुल्योऽमरप्रभः ॥ रूक्षायबहुवातायस्नेहवस्तिंदिनेदिने । दद्याद्वैद्यस्तथान्येषामग्न्या बाधभयात्त्र्यहात् ॥ स्नेहोऽल्पमात्रोरूक्षाणांदीर्घकालमनत्ययः । अनत्ययः । अबाधः । तथानिरूहःस्निग्धानामल्पमात्रःप्रशस्यते । अथवायस्यतत्कालंस्नेहोनिर्यातिकेवलः ॥ तस्याप्यल्पतरोदेयोनहिस्निग्धेऽवतिष्ठते । अवतिष्ठतेदत्तःस्नेहइतिशेषः । अशुद्धस्य मलोन्मिश्रःस्नेहोनैतियदापुनः । तदाङ्गसदनाध्मानेशूलंश्वासश्चजायते ॥ पक्वाशयेगुरु त्वञ्चतत्रदद्यान्निरूहणम् । तीक्ष्णंतीक्ष्णौषधैर्युक्तंफलवर्तिमथापिवा ॥ यथानुलोमनोवा युर्मलःस्नेहश्चजायते । तथाविरेचनंदद्यात्तीक्ष्णंनस्यञ्चशस्यते ॥ १५३ ॥

पहली वस्ति देने से मूत्राशय और वङ्क्षण स्निग्ध होते हैं, दूसरी वस्ति से मस्तक की वायुशान्त होती है, तीसरी वस्ति से बल तथा वर्ण की उत्तमता होती है, चौथी तथा पांचवीं वस्ति से रस तथा रक्त छठी वस्तिसे मांस सातवीं वस्ति से मेद आठवीं से हड्डी और नवीं वस्ति से मज्जा स्निग्धहोती है अठारहदिन तक वस्ति लेने से वीर्य्यके संपूर्ण दोष नष्ट होते हैं और छत्तीस दिनतक वस्तिलेने से हाथी के समान बल घोडे के समान वेग और देवताओं के समान कांति होती है रूखापन और वायु की अधिकता होने पर प्रतिदिन स्नेहवस्तिदे परन्तु अन्यस्थानों में मन्दाग्निके भय से तीन दिनका अन्तर देकर स्नेहवस्तिदे रूखे पुरुषों को थोडीमात्रा से बहुत दिनतक स्नेह देने में दोष नहीं इसी प्रकार स्निग्ध पुरुषोंको थोडीमात्रासे निरूहवस्ति देना श्रेष्ठहै जिसके वस्तिदेनेसे तत्क्षण केवलस्नेह निकल आवे उसको फिर बहुत थोडीमात्रा देनी चाहिये वमन विरेचनादिकों के द्वारा शरीर को विना शुद्धकिये स्नेहवस्ति देनेसे जो स्नेह मलके साथ मिलकर बाहर न निकले तो शरीरकीशिथिलता आध्मान शूल श्वास और पक्वाशयमें भारीपन मालूम होताहै उससमय निरूहवस्ति अथवा तीक्ष्ण औषध सहित तीक्ष्ण फलवर्ति (इसका आगे वर्णन होगा) का प्रयोग करे वायु मल और स्नेह के नीचे जाने के लिये विरेचन और तीक्ष्ण नासदे ॥ १५३ ॥

यस्यनोपद्रवंकुर्य्यात्स्नेहवस्तिरनिःसृतः।सर्वोऽल्पोऽथ्यावृतोरौक्ष्याद्युपेक्ष्यःसविजानता॥ अनायातन्त्वहोरात्रेस्नेहंसंशोधनैर्हरेत्।स्नेहवस्तावनायातेनान्यःस्नेहोविधीयते १५४॥

जिसके स्नेह वस्ति निकलनेसे कोई उपद्रव न हो वहां रूखेपनका कारण समझकर कोई यत्न न करे एक रात्रि और दिनतक जो स्नेह न निकले तो शोधक औषधियोंके द्वारा स्नेह को निकाले स्नेह वस्तिके न निकलने पर दूसरे बार स्नेह देना अनुचित है ॥ १५४ ॥

गुडूच्येरण्डपूतीकभार्ङ्गीवृषकरौहिषम् । शतावरींसहचरंकाकनासांपलोन्मिताम् ॥ यवमाषातसीकोलकुलत्थान्प्रसृतोन्मितान् । चतुर्द्रोणेऽम्भसःपक्त्वाद्रोणशेषेणतेनच॥ पचेत्तैलाढकंसर्वैर्जीवनीयैःपलोन्मितैः । अनुवासनमेतद्धिसर्ववातविकारनुत् ॥ पूतीकःक रञ्जः । रौहिषमीषत्सुगन्धतृणविशेषः । काकनासाकौआठोढ़ी । प्रसृतम् । पलद्वयम् । षो ढासप्तव्यापदस्तुजायन्तेवस्तिकर्म्मणः । दूषितान्समुदायेनतांश्चिकित्स्याच्चसुश्रुतात् ॥ समुदायेनसमुचितनेत्रादिसामग्र्या ॥ १५५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गिलोय, रेंडी, करञ्जुआ, भारङ्गी, वांसा, आगियासतावर, झिण्टी और काकजङ्घा यह संपूर्ण एक २ पल जौ, उर्द, अलसी, बेर और कुलथी यह सब दो २ पल इन सबको चार द्रोण पानीमें औटाकर एक द्रोण बाकी बचने पर उस पानी को छानले और उस पानी से एक आढक तेल जीवनीयगण का एक २ पल औषधियोंका कल्क मिलाकर पकावे इस तेलके द्वारा अनुवासन करने से सब वात रोगों का नाश होताहै अयोग्य नली आदि के द्वारा वस्तिक्रिया करने से छिहत्तर रोग उत्पन्न होते हैं सुश्रुत के मत से इन रोगोंकी चिकित्सा करे ॥ १५५ ॥

पानाहारविहाराश्च परिहाराश्चकृत्स्नशः । स्नेहपानसमाःकार्य्या नात्रकार्य्याविचारणा ॥ १५६ ॥

वस्तिक्रिया में पान, आहार, विहार और संपूर्ण त्याग करने के योग्य वस्तु स्नेहपान के समान जाननी चाहिये ॥ १५६ ॥

अथ निरूहवस्ति विधिः ॥

निरूहवस्तिबहुधाभिद्यतेकारणान्तरैः । तैरेवतस्यनामानिधृतानिमुनिपुङ्गवैः ॥ कारणान्तरैः । समवायिकारणभेदैः । निरूहस्यापरन्नामप्रोक्तमास्थापनंबुधैः । स्वस्थाने स्थापनाद्दोषधातूनांस्थापनंमतम् ॥ निरूहस्यप्रमाणंतुप्रस्थपादोत्तरंपरम् । मध्यमंप्रस्थमुद्दिष्टंहीननञ्चकुडवास्त्रयः ॥ परंश्रेष्ठम् ॥ १५७ ॥

निरूहवस्ति की विधि ॥

निरूहवस्ति बहुधा कारणों के भेदसे अनेक प्रकारकी होतीहै और उन्हीं कारणों के अनुसार उसके नाम होते हैं दोष और धातुओं को अपने २ स्थानमें स्थापित करने से निरूहवस्तिका दूसरा नाम आस्थापन है निरूहवस्तिकी श्रेष्ठमात्रा सवा प्रस्थ मध्यममात्रा एकप्रस्थ और हीनमात्रा तीन कुडवकी होतीहै ॥ १५७ ॥

अतिस्निग्धोऽक्लिष्टदोषःक्षतःक्षीणःकृशस्तथा । अक्लिष्टदोषः । अदत्तोत्क्लेशनइतियावत्क्षतोरस्कःउरःक्षतवान् । आध्मानछर्दिहिक्कार्शःकासश्वासप्रपीडितः ॥ गुदशोफातिसारार्त्तोविसूचीकुष्ठसंयुतः ॥ गर्भिणीमधुमेहीचनास्थाप्यश्च जलोदरी ॥ १५८ ॥

अत्यन्त स्निग्ध ऊपर को गये दोषवाला, छातीमें घाववाला, कृश और उदर, आध्मान, छर्दि, हिचकी, बवासीर, खांसी, श्वास, गुदा के रोग, सूजन, अतीसार, विसूचिका, कुष्ठ, मधुप्रमेह तथा जलन्धर रोगसे ग्रसित पुरुष और गर्भिणी स्त्रीको आस्थापन न दे ॥ १५८ ॥

वातव्याधावुदावर्त्तेवातासृग्विषमज्वरे ॥ मूर्च्छातृष्णोदरानाहमूत्रकृच्छ्राश्मरीषुच । वृद्ध्यासृगुदरमन्दाग्निप्रमेहेषुनिरूहणम्॥ शूलेऽम्लपित्तेहृद्रोगेयोजयेद्विधिवद्बुधः । उत्सृष्टानिलविण्मूत्रंस्निग्धंस्विन्नमभोजनम् ॥ मध्याह्नेगृहमध्येचयथायोग्यंनिरूहयेत् ॥ स्निग्धंस्वभ्यक्तम् । उष्णाम्बुस्नापितम् । स्नेहवस्तिविधानेनबुधःकुर्य्यान्निरूहणम् ॥ जातेनिरूहेचततोभवेदुत्कटकासनः ॥ तिष्ठेन्मुहूर्त्तमात्रन्तुनिरूहागमनेच्छया । अत्रमुहूर्त्तमात्रशब्देनैतदपिबोधितम् निरूहप्रत्यागमनकालोमुहूर्त्तमात्रः ॥ अनायातंमुहूर्त्तेतु निरूहंशोधनैर्हरेत् । निरूहैरेवमतिमान्क्षारमूत्राम्लसैन्धवैः ॥ १५९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वातव्याधि, उदावर्त्ति, वातरक्त, विषमज्वर, मूर्च्छा, तृषा, उदर, आनाह, मूत्रकृच्छ्र, पथरी, वृद्धि, प्रदर, मन्दाग्नि, प्रमेह, शूल, अम्लपित्त और हृदय के रोगों में विधिपूर्व्वक वस्ति देनी चाहिये वायु मल और मूत्र का त्याग करके और तेल लगाकरके गरम जल से स्नान करे फिर विना भोजन किये घरमें बैठालकर मध्याह्नके समय यथायोग्य निरूहवस्तिदेवे स्नेहवस्तिके समान निरूहवस्ति देनी चाहिये निरूहवस्तिके होजानेपर उसके निकलने के लिये एकमुहूर्त्त भर उकडू बैठे जो मुहूर्त्त भर में बाहर न निकले तो शोधन औषधियों से अथवा क्षार मूत्र खटाई और सेंधा नोन के द्वारा फिर निरूहवस्तिदेकर उस को निकाले ॥ १५९ ॥

यस्यक्रमेणगच्छन्तिविट्पित्तकफवायवः । लाघवंचोपजायेतसुनिरूढंतमादिशेत् । यस्यस्याद्वस्तिबल्याल्पवेगोहीनमलानिलः ॥ मूर्च्छार्त्तिजाड्यारुचिमान्दुर्निरूढंतमादिशेत् । विविक्ततामनस्तुष्टिःस्निग्धताव्याधिनिग्रहः ॥ आस्थापनेस्नेहवस्त्योःसम्यग्दानेतुलक्षणम् ॥ विविक्तता। दत्तौषधनिःसरणम्। अनेनविधिनायुञ्ज्यान्निरूहंवस्तिदानवित् ॥ द्वितीयंवातृतीयंवाचतुर्थंवायथोचितम् ॥ १६० ॥

कफ, पित्त, वात और मल इनके निकलजानेसे शरीरमें हलकापन मालूमदे तो अच्छेप्रकारसे हुई निरूहवस्ति जानना जिसके वस्ति के वेगकी अल्पता से वायु तथा मल कमनिकले मूत्र रुकजाय और जडता तथा अरुचि उत्पन्न हो उसकी निरूहवस्ति बिगडी हुई जानना चाहिये औषधियों का अच्छी रीति से निकलजाना, मनकी प्रसन्नता, स्निग्धता और रोग की शान्ति यह स्नेह और निरूहवस्ति के अच्छे प्रकार से होजाने के लक्षण हैं इसप्रकारसे दो तीन अथवा चार बार यथा योग्य विचार कर निरूहवस्ति लेनी चाहिये ॥ १६० ॥

सस्नेहएकःपवनेपित्तेद्वौपयसासह ॥ कषायकटुमूत्राद्याःकफेतूष्णास्त्रयोहिताः ॥ पित्तश्लेष्मानिलाविष्टंक्षीरयूषरसैःक्रमात् । निरूहंभोजयित्वाचततस्तमनुवासयेत् ॥ सुकुमारस्यवृद्धस्यबालस्यचमृदुर्हितः । वस्तिस्तीक्ष्णःप्रयुक्तस्तुतेषांहन्याद्बलायुषी ॥ दद्यादुत्क्लेशनंपूर्व्वमध्यंदोषहरन्ततः । पश्चाच्छंशमनीयञ्चदद्याद्वस्तिंविचक्षणः ॥ १६१ ॥

वायुरोगमें स्नेहसहित एकबार पित्तरोग में दुग्धसहित दोबार और कफजरोगों में उष्ण कषैली तथा कटु मूत्रादिकोंके साथ तीनबार वस्ति देनी चाहिये निरूहवस्ति देनेके उपरान्त पित्तवालेको दूध कफवाले को यूष और वातवाले को मांस का रस खिलाकर अनुवासनवस्ति देनी चाहिये, सुकुमार वृद्ध और बालकको कोमलवस्ति हितहै क्योंकि इनको तीक्ष्णवस्ति देनेसे बल और आयुकी हानिहोती है पहले उत्क्लेशनवस्ति मध्यमें दोपहर वस्ति और पीछे संशमनीय वस्ति लेनी चाहिये ॥ १६१ ॥

एरण्डबीजंमधुकंपिप्पलीसैन्धवंवचा । हबुषाफलकल्कश्चवस्तिरुत्क्लेशनःस्मृतः ॥ इत्युत्क्लेशनवस्तिः शताह्वामधुकंबिल्वंकौटजंफलमेवच ॥ सकाञ्जिकःसगोमूत्रोवस्तिर्दोषहरःस्मृतः । इति दोषहरवस्तिः ॥ प्रियङ्गुर्मधुकंमुस्तातथैवचरसाञ्जनम् । सक्षीरःशस्यतेवस्तिर्दोषाणांशमनःस्मृतः ॥ इति शमनवस्तिः ॥ १६२ ॥

रेडीके बीज, मुलहठी, पीपल, सेंधानोन, वच और हाऊवेर इनके कल्कसे जो वस्ति दीजाती है उस को उत्क्लेशन कहते हैं सतावर, मुलहठी, बेल और इन्द्रजौ इन सब को कांजी और गोमूत्र के साथ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जो वस्ति दीजाती है उसको दोषहर कहते हैं मालकंगनी,मुलहठी, नागरमोथा और रसौत इनसब को दूध के साथ मिलाकर जो वस्ति दीजाती है उसको शमनवस्ति कहते हैं ॥ १६२ ॥

त्रिफलाक्काथगोमूत्रक्षौद्रक्षारसमायुताः॥ऊषकादिप्रतीवापैर्वस्तयोलेखनाःस्मृताः।ऊषकादिप्रतीवापाः। ऊषकादिगणविशेषेणचूर्णप्रक्षेपाः ॥ इति लेखनवस्तयः॥ १६३ ॥

त्रिफलाकाकाढा, गोमूत्र, सहत और जवाखार के साथ ऊषकादि गणका चूर्ण मिलाकर जो वस्ति दीजाती है उसको लेखनवस्ति कहतेहैं इति लेखनवस्ति ॥ १६३ ॥

बृंहणद्रव्यनिष्क्वाथैः कल्कैर्मधुरकैर्युताः ॥ सर्पिर्मांसरसोपेतावस्तयोबृंहणाःस्मृताः ॥ इतिबृंहणवस्तयः ॥ १६४ ॥

बृंहण [धातुपोषक] औषधियों के क्काथ और जीवनीयगणके कल्कके साथ घी और मांसकारस मिलाकर जो वस्ति दीजातीहै उसको बृंहणवस्ति कहते हैं इति बृंहणवस्ति ॥ १६४ ॥

बदर्य्यैरावतीशेलुशाल्मलीपुष्पजांकुराः ॥ ऐरावती । नारङ्गी । शेलुः । बहुआर । क्षीरसिद्धाःक्षौद्रयुक्तानाम्नापिच्छिलसंज्ञिताः । अजोरभ्रैणरुधिरैर्युक्तादेयाविचक्षणैः ॥ अजश्छागः । उरभ्रोमेषः ॥ एणःकृष्णमृगः। मात्रापिच्छिलवस्तीनांपलैर्द्वादशभिर्मता ॥ इति पिच्छिलवस्तयः १६५ ॥

बेर, नारङ्गी, बहुआर, सेमर के फूलके अंकुर इन संपूर्ण वस्तुओं को दूधके साथ परिपाक करके सहत और रुधिरके साथ जो वस्तु दीजातीहै उसको पिच्छिलवस्ति कहते हैं बकरा मेढ़ा और काले मृगकारुधिर वस्तियोंमें युक्त करना चाहिये पिच्छिलवस्तिकी मात्रा बारह पलकी होतीहै इति पिच्छिलवस्ति ॥ १६५ ॥

दत्त्वादौसैन्धवस्याक्षंमधुनःप्रसृतिद्वयम् । विनिर्म्मथ्यततोदद्यात्स्नेहस्यप्रसृतित्रयम्॥एकीभूतेततःस्नेहेकल्कस्यप्रसृतिङ्क्षिपेत् । संमूर्च्छितेकषायन्तु चतुःप्रसृतिसम्मितम्॥गृह्णीयाच्चतदावायमन्तेद्विप्रसृतोन्मितम्।क्षिप्त्वाविमथ्यदद्याच्चनिरूहंकुशलोभिषक्॥एवंप्रकल्पितोवस्तिर्द्वादशप्रसृतिर्भवेत्॥वातेचतुष्पलंक्षौद्रंदद्यात्स्नेहस्यषट्पलम्॥ पित्तेचतुष्पलंक्षौद्रंस्नेहंदद्यात्पलत्रयम्॥कफेतुषट्पलंक्षौद्रंक्षिपेत्स्नेहं चतुष्पलम् १६६ ॥

पहले एकतोला सैंधानोन, सोलह तोले सहत,एकमें मिलाकर चौबीस तोले घी,आठतोले कल्क की औषधि, बत्तीसतोले क्काथ और सोलह तोले उसमें छोडने की औषधि यह संपूर्ण वस्तु एकमें मिलाकर मथले फिर इसीसे निरूहवस्ति लेनी चाहिये इसका प्रमाण चौबीस पलका है वातरोगमें सोलह तोले सहत और चौबीस तोले स्नेह पित्तरोगमें सोलह तोले सहत और बारहतोले स्नेह और कफके रोगोंमें चौबीस तोले सहत और सोलह तोले स्नेहके द्वारा निरूहवस्ति देनी चाहिये इति निरूहमात्रा ॥ १६६ ॥

एरण्डक्काथतुल्यांशंमधुतैलंपलाष्टकम्। शतपुष्पापलार्द्धेनसैन्धवार्द्धेनसंयुतम्॥ मधुतैलकसंज्ञोऽयंवस्तिर्दारुविलोडिताः। मेदोगुल्मकृमिप्लीहमलोदावर्तनाशनः ॥ बलवर्णकरश्चैववृष्योदीपनबृंहणः । मधुतैलकवस्तिः॥ १६७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रेंडी का क्वाथ बत्तीसतोले, सहत और तेलमिला हुआ बत्तीस तोले, सौंफ दो तोले और सेंधानोन दो तोले इनसब वस्तुओं को मिलाकर किसी काष्ठके टुकडे से खूबचलावे इसरीति से जो वस्तिदीजाती है उसको मधुतैलक कहते हैं इससे मेद, गुल्म, कृमि, प्लीहा, मल तथा उदावर्त्तका नाश, बल तथा वर्णकी वृद्धि, अग्नि की दीप्ति और वीर्य तथा धातुओं की पुष्टता होती है इति मधुतैलकवस्ति ॥१६७॥

क्षौद्राज्यक्षीरतैलानांप्रसृतंप्रसृतंभवेत् । हबुषासैन्धवाक्षांशोवस्तिःस्याद्यापनःपरः॥ इति पाचनसारकोयापनवस्तिः १६८ ॥

सहत, घी और दूध आठ २ तोले और हाऊबेर तथा सेंधानोन एक २ तोले इन सम्पूर्ण वस्तुओंसे जो वस्ति दीजाती है उसको यापन कहते हैं इति यापनवस्ति ॥ १६८ ॥

एरण्डमूलनिष्क्वाथोमधुतैलंससैन्धवम् । एषयुक्तरथोवस्तिःसवचापिप्पलीफलः ॥ इति युक्तरथोवस्तिः ॥ १६९ ॥

रेंडीका क्वाथ, सहत, तेल, सेंधानोन, वच और पीपल इनसबको मिलाकर जो वस्ति दीजाती है उसको युक्तरथ कहते हैं इति युक्तरथवस्ति ॥ १६९ ॥

पञ्चमूलस्यनिष्क्वाथैस्तैलंमागधिकामधु।ससैन्धवःसयष्ट्याह्वःसिद्धवस्तिरितिस्मृतः॥ इति सिद्धवस्तिः ॥ १७० ॥

पञ्चमूल का काढ़ा, तेल, पीपल, सहत, सेंधानोन और मुलहठी इन सबकी वस्ति को सिद्धवस्ति कहते हैं इति सिद्धवस्ति ॥ १७० ॥

स्नानमुष्णोदकैःकुर्य्याद्दिवास्वप्नमजीर्णताम्।वर्जयेदपरंसर्वमाचरेत्स्नेहवस्तिवत् १७१

निरूहवस्ति के उपरान्त उष्णजल से स्नानकरे दिनमें न सोवे अजीर्णकारी वस्तु न खाय और संपूर्ण कार्य स्नेहवस्ति के समान करे ॥ १७१ ॥

अथोत्तरवस्तिविधिः ॥

अतःपरम्प्रवक्ष्यामिवस्तिमुत्तरसंज्ञितम् । निरूहादुत्तरोयस्मात्तस्मादुत्तरसंज्ञकः ॥ द्वादशाङ्गुलकंनेत्रंमध्येचकृतकर्णिकम् । मालतीपुष्पवृन्ताभञ्छिद्रंसर्षपनिर्गमम्॥पञ्चविंशतिवर्षाणामधोमात्राद्विकार्षिकी।तदूर्ध्वम्पलमात्राचस्नेहस्योक्ताभिषग्वरैः ॥१७२ ॥

उत्तरवस्ति की विधि ॥

निरूहवस्ति के उपरान्त यह दीजाती है इसी से इसको उत्तरवस्ति कहते हैं इसकी विधि अब कहतेहैं उत्तरवस्ति की नली बारह अंगुल की लम्बी होतीहै उसके बीचमें गौ के कानके समान एक कार्णिका होतीहै यह चमेली के फूलकी डण्डी के समान बनीहुई होती है और इसके अग्रभाग में सरसों निकलने के लायक एक छिद्र होताहै पच्चीस वर्ष से कम अवस्थावाले को दो तोले की मात्रा और इससे अधिक अवस्थावाले को आठ तोले स्नेह की मात्रा श्रेष्ठ है ॥ १७२ ॥

अथास्थापनशुद्धस्यतृप्तस्यस्नानभोजनैः । स्थितस्यजानुमात्रेचपीठेस्निग्धशलाकया॥ स्निग्धयामेढ्रमार्गेतुततोनेत्रन्नियोजयेत् । शनैःशनैर्घृताभ्यक्तंमेढ्ररन्ध्राङ्गुलानिषट् ॥ ततोऽवपीडयेद्वस्तिंशनैर्नेत्रंविनिर्हरेत्॥ततःप्रत्यागतेस्नेहेस्नेहवस्तिक्रमोहितः ॥१७३॥

रोगीको आस्थापनसे शुद्धकरके स्नान भोजनकराके घुटनोंके बलखड़ाकरे फिर स्नेहयुक्त शलाका

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

के द्वारा अच्छे प्रकारसे देखकर स्नेहयुक्त नली को धीरे २ लिङ्गमें प्रवेशकरे छः अंगुलतक प्रवेश करके वस्ति को दबावे फिर धीरे २ नलीको निकालले फिर स्नेह के बाहर निकल आनेपर स्नेह-वस्ति के समान विधिकरे ॥ १७३ ॥

स्त्रीणांकनिष्ठिकास्थूलन्नेत्रंकुर्य्याद्दशांगुलम् । मुद्गप्रवेशयोग्यञ्चयोन्यन्तश्चतुरंगुलम् ॥ द्व्यंगुलंमूत्रमार्गेचसूक्ष्मंनेत्रंवियोजयेत् । मूत्रकृच्छ्रविकारेषुबालानांत्वेकमंगुलम् ॥ शनैर्निष्कम्पमाधेयंसूक्ष्मंनेत्रंविचक्षणैः । मालतीपुष्पवृन्ताभन्नेत्रमित्युदितंपुनः । सूक्ष्मशब्दाभिधानेबालानांततोऽपिनेत्रस्यसूक्ष्मताबोधनार्थं । योनिमार्गेषुनारीणांस्नेहमात्राद्विपालिकी ॥ मूत्रमार्गेपलोन्मानंबालानांचद्विकार्षिकी । उत्तानायैस्त्रियैदद्यादूर्ध्वजान्वैविचक्षणः । अप्रत्यागच्छतिभिषग्वस्तावुत्तरसंज्ञिते ॥ भूयोवस्तिंविदध्याच्चसंयुक्तंशोधनैर्गुणैः । फलवर्त्तिंविदध्याद्वायोनिमार्गेदृढाम्भिषक् ॥ सूत्रैर्विनिर्मितांस्निग्धांशोधनद्रव्यसंयुताम् । दह्यमानेतथावस्तौदद्याद्वस्तिंविशारदः ॥ क्षीरवृक्षकषायेणपयसाशीतलेनवा । दह्यमानेवस्तौ । यस्मिन्स्थानेवस्तिर्दत्तस्तस्मिन्दह्यमाने ॥ १७४ ॥

स्त्रियोंके लिये दश अंगुल लम्बी और कनिष्ठिकाके समान मोटी नली बनानी चाहिये और उसका छेद एक मूंग जाने के समान होना चाहिये योनि के भीतर चार अंगुल और जिस छिद्र से मूत्र निकलता है उस में दो अंगुल नली छोडनी चाहिये लडकियों के मूत्ररुच्छ्र रोग में एक अंगुल प्रमाण की पतली नली धीरे २ इस प्रकार से छोडनी चाहिये कि वह किसी प्रकार से हिलने न पावे नली की आकृति चमेली के फूल की डण्डी के समान होनी चाहिये स्त्रियोंके योनि मार्ग में आठ तोले की स्नेहमात्रा मूत्रमार्ग में चारतोले की मात्रा और लडकियों के लिये दो तोले की मात्रा होनी चाहिये स्त्री को चित्त सुलाकर और दोनों घुटने उठा कर वस्ति देनी चाहिये जो उत्तर वस्ति फिर बाहर न निकल आवे तो संशोधक औषध मिलाकर फिर वस्ति दे अथवा योनिमार्ग में सूत्रसे बनी हुई स्निग्ध शोधन औषधियुक्त दृढ फल वर्ति रक्खे जो वस्ति लेनेसे वस्ति के स्थान में दाह उत्पन्न हो तो क्षीर वृक्षों के काढेसे अथवा शीतल जल से वस्ति दे ॥ १७४ ॥

वस्तिशुक्ररुजःपुंसांस्त्रीणामार्त्तवजारुजः । हन्यादुत्तरवस्तिस्तुनोचितोमेहिनांक्वचित् ॥ सम्यग्दत्तस्यलिंगानिव्यापदःक्रममेवच । वस्तेरुत्तरसंज्ञस्यसमानःस्नेहवस्तिना १७५ ॥

वस्ति देनेसे पुरुषोंके वीर्यदोष और स्त्रियों के रजदोष नष्ट होते हैं परन्तु प्रमेहवालों को उत्तर वस्ति कभी नहीं देनी चाहिये उत्तर वस्ति के अच्छेप्रकार देने के तथा उसके बिगडने के चिह्न और क्रम संपूर्ण स्नेहवस्ति के समान होते हैं ॥ १७५ ॥

अथ फलवर्तिविधिः ॥

घृताभ्यक्तेगुदेक्षिप्त्वाश्लक्ष्णास्वांगुष्ठसन्निभा । मलप्रवर्तिनीवर्त्तिःफलवर्त्तिश्चसास्मृता ॥ १७६ ॥

फलवर्तिकी विधि ॥

गुदा में घृतलगाकर रोगी के अंगूठेके बराबर आकारवाली चिकनी और मलकी निकालने वाली जो बत्ती रक्खी जाती है उसको फलवर्ति कहते हैं ॥ १७६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ नस्यग्रहणविधिः ॥

नस्यंतत्कथ्यतेधीरैर्नासाग्राह्यंयदौषधम्। नावनंनस्यकर्मेतितस्यनामद्वयंमतम्॥ नस्यकर्मनासिकायांकर्मचिकित्सायेनतत्नस्यकर्म । नस्यभेदोद्विधाप्रोक्तोरेचनंस्नेहनंतथा। रेचनंकर्षणंप्रोक्तंस्नेहनंबृंहणंमतम्॥ कफपित्तानिलध्वंसीपूर्वमध्यापराह्णके । दिनस्यग्रह्यनेनस्यंरात्रावप्युत्कटेगदे ॥ दिनस्य। त्रिधाविभक्तस्य। पूर्वभागादौ ॥ १७७॥

नासलेने की विधि ॥

नासिका के द्वारा जो औषध ग्रहण की जाती है उसको नस्य नावन और नस्य कहते हैं नस्य दोप्रकार की होती है रेचन और स्नेहन इनमेंसे रेचन घटाने वाली और स्नेहन बढ़ाने वालीहोती है कफ पित्त तथा वायु के नाश करने के लिये क्रमसे पूर्वाह्न मध्याह्न और पराह्न में नास लेनी चाहिये और बड़ी कठिन व्याधि में रात्रिकेसमय भी नास लीजाती है ॥ १७७ ॥

नस्यन्त्यजेद्भोजनान्तेदुर्दिनेचापतर्पितः । तथानवप्रतिश्यायीगर्भिणीगरदूषितः ॥ अजीर्णीदत्तवस्तिश्चपीतस्नेहोदकासवः । क्रुद्धःशोकाभिभूतश्चतृषार्त्तोवृद्धबालकौ ॥ वेगावरोधीश्रान्तश्चस्नातुकामश्चवर्ज्जयेत् । नस्यमितिशेषः ॥ १७८॥

भोजन के अन्त में मेघोंसे छाये हुये दिनमें तर्पण क्रिया में नयेजुकाममें गर्भ में विषरोग में अजीर्ण में वस्तिक्रिया के उपरांत स्नेह जल अथवा मदिरा पीकर क्रोधमें शोक में तृषा में वृद्धतामें लड़कपन में वेगोंके रोकने में थकावट में और स्नान करने के समय नस्य का त्याग करे ॥ १७८ ॥

अष्टवर्षस्यबालस्यनस्यकर्मसमाचरेत्। अशीतिवर्षादूर्ध्वञ्चनावनंनैवदीयते १७९॥

आठ वर्ष की अवस्था के भीतर और अस्सीवर्ष के उपरांत नास न लेनी चाहिये ॥ १७९ ॥

अथवैरेचनंनस्यंग्राह्यंतैलेसुतीक्ष्णकैः । तीक्ष्णंभेषजसिद्धैर्वास्नेहैःक्काथैःरसैस्तथा ॥ नासिकारन्ध्रयोरष्टौषट्चत्वारइवबिन्दवः । प्रत्येकंरेचनंयोग्यंमुख्यमध्याल्पमात्रया ॥ नस्यकर्माणिदानव्यंशाणैकंतीक्ष्णमौषधम्। हिंगस्याद्यवमात्रन्तुमाषैकंसैन्धवंमतम्॥ क्षीरञ्चैवाष्टशाणंस्यात्पानीयञ्चत्रिकार्षिकम्॥कार्षिकंमधुरद्रव्यंनस्यकर्मणियोजयेत्१८० ॥

रेचन नस्य लेने में अत्यन्त तीक्ष्ण तैल अथवा तीक्ष्ण औषधियों से बनेहुये स्नेह क्वाथ और रसके द्वारा नास लेनी चाहिये नासिका के छिद्रों में उत्तम मध्यम और हीनमात्रा के अनुसार क्रम से आठ बिन्दु छः बिन्दु और चार बिन्दु विरेचन हुलास लेनी चाहिये नस्य कर्म में तीक्ष्ण औषध एक शाण तीन माशे हींग एक जौ सेंधानोन छः रत्ती दूध दो तोले पानी तीन तोले और मधुर पदार्थ एक तोलेभर ग्रहण करना चाहिये ॥ १८० ॥

अवपीडःप्रधमनंद्वौभेदावपरौस्मृतौ । शिरोविरेचनस्यार्थेतौतुदेयौयथायथम् ॥ कल्कीकृतादौषधाद्यःपीड़ितोनिःसृतोरसः। सोऽवपीड़ःसमुद्दिष्टस्तीक्ष्णद्रव्यसमुद्भवः ॥ षडंगुलाद्विवक्त्रायानाडीचूर्णन्तयाधमेत्। तीक्ष्णंकोलमितंवक्त्रवातैःप्रधमनंहितम्॥ ऊर्ध्वजत्रुगतेरोगेकफजेस्वरसंक्षये। अरोचकेप्रतिश्यायेशिरःशूलेचपीनसे ॥ शोफापस्मारकुष्ठेषुनस्यंवैरेचनंहितम्। भीरुस्त्रीकृशबालानांनस्यंस्नेहेनशस्यते ॥ गलरोगेसन्निपाते

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

निद्रायांविषमज्वरे। मनोविकारेकृमिषुपूज्यतेचावपीडनम्॥ अत्यन्तोत्कटदोषेषुविसंज्ञेषु चदीयते। चूर्णंप्रधमनंधीरैस्तद्धितीक्ष्णतरंयतः (नस्यंवैरेचनंयथा) नस्यंस्याद्गुडशुण्ठीभ्यांपिप्पलीसैन्धवेनवा। जलपिष्टेनकर्णाक्षिनासामूर्द्धभवागदाः॥ मन्याहनुगलोद्भूता नश्यन्तिभुजपृष्ठजाः॥ १८१॥

नस्यके और भी दो भेद हैं अवपीड और प्रधमन यह दोनों शिर के विरेचनके लिये देनीचाहिये तीक्ष्ण औषधियों को कूटकर उनका रस निकालकर जो नास लीजाती है उसको अवपीड कहते हैं छः अंगुल की लम्बी दोनों ओर मुखवाली, भीतरसे पोली, नलीमें छःमाशे तीक्ष्ण औषधियों काचूर्ण भरकर फूंकने से नासिका के छिद्र में चूर्ण के प्रवेश कराने को प्रधमन कहते हैं गले की हँसली के ऊपर के रोगों में कफजनित स्वरभङ्ग में अरुचि प्रतिश्याय (जुकाम) शिरकी पीड़ा, पीनस, सूजन, मृगी और कुष्ठमें रेचन नास हितकारी है भयभीत स्त्री कृश और बालकों को स्नेहननास हितकारी है गले के रोग, सन्निपात, निद्रा विषमज्वर, मनके विकार और कृमिरोगों में अवपीड नास श्रेष्ठ है अत्यन्त प्रबल दोषों में और संज्ञारहित होने में बुद्धिमान् लोग प्रधमन नास देते हैं क्योंकि यह अत्यन्त तीक्ष्ण है गुड और सोंठ समभाग मिलाकर अथवा पीपल और सेंधानोन यह दोनों समभाग जल में पीस कर इनके द्वारा नासलेने से नासिका गलेके पीछे की नस, मस्तक, जाबडे, गला और कान तथा नेत्र के ऊपरके रोग नष्टहोते हैं और हाथ तथा पीठके रोगभी नाशको प्राप्त होते हैं॥ १८१॥

मधूकसारकृष्णाभ्यांवचामरिचसैन्धवैः॥ नस्यंकोष्णाम्भसापिष्टंदद्यात्संज्ञाप्रबोधनम्। अपस्मारेतथोन्मादेसन्निपातेऽपतन्त्रके॥ सैन्धवंश्वेतमरिचंसर्षपाकुष्ठमेवच। वस्तमूत्रेणसंपिष्टंनस्यन्तन्द्रानिवारणम्(श्वेतमरिचंसहिजनकाबीजं) रोहितस्यचपित्तेनभावितंमरिचंवचा। कट्फलंचेतितच्चूर्णंदेयंप्रधमनंबुधैः॥ १८२॥

महुवे का गाभा, पीपल,बच,मिर्च और सेंधानोन इनसम्पूर्ण औषधियों को समभाग लेकर गरम जलसे पीसले फिर इसकी नास लेनेसे जड़ता दूर होकर संज्ञा आजाती है मिरगी उन्माद सन्निपात औ अपतन्त्रक रोगमें भी ये नासलेनी चाहिये सेंधानोन, सहँजनके बीज, सरसों, और कूट इनसबको बकरे के मूत्रमें पीसकर नासलेने से तन्द्रा का नाश होता है रोहू मछलीके पित्तसे मिर्च बच और कायफलके चूर्णको भावना देकर इसके द्वारा प्रधमन नास लेनेसे तन्द्राका नाश होताहै१८२॥

अथबृंहणनस्यस्यकल्पनाकथ्यतेऽधुना। मर्शश्चप्रतिमर्शश्चद्वौभेदौस्नेहनेमतौ॥ मर्शस्यतर्पणीमात्रामुख्याशाणैःस्मृताऽष्टभिः। मध्यमातुचतुःशाणैर्हीनाशाणमितामता॥ एकैकस्मिंस्तुमात्रेयंदेयानासापुटेबुधैः। मर्शस्यद्वित्रिवेलंवावीक्ष्यदोषबलाबलम्॥ एकांतरंद्व्यन्तरंवानस्यंदद्याद्विचक्षणः (एकांतरमेकंदिनमन्तरंनस्यशून्यंयत्रतदेकान्तरम्) त्र्यहंपञ्चाहमथवासप्ताहंवासुयन्त्रितः। अथवात्र्यहम्। त्रीण्यहानियावत्। प्रतिदिनं एवंपञ्चाहंसप्ताहञ्च। सुयन्त्रितः। सावधानः। यथाऽच्छिक्कंनभवति। मर्मेशिरोविरेके चव्यापदोविविधाःस्मृताः॥ दोषोत्क्लेशात्क्षयाच्चैवविज्ञेयास्तायथाक्रमम्॥ दोषोत्क्लेशनिमित्तासुयुञ्ज्याद्वमनशोधनम् (वमनरूपं शोधनम्) अथ क्षयनिमित्तासु यथास्वंबृंहणंहितम्॥ १८३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अब बृंहण नस्य का विधान कहा जाता है इसके मर्श और प्रतिमर्श दोभेद हैं मर्शकी उत्तममात्रा दो तोलेकी, मध्यममात्रा एकतोले की, और हीनमात्रा तीनमाशे की होती है नासिका के एक २ छिद्र में इतनी २ मात्रा देनी चाहिये दोषके बलाबल को देखकर दिनमें दोबार तीनबार अथवा एक दिनका या दो दिनका अन्तर दे कर तीनदिन पांचदिन अथवा सातदिन तक मर्शनस्य का ग्रहण करै मर्श औ विरेचन नस्यके प्रयोगसे क्रमपूर्वक दोषोंकीवृद्धि और क्षयके द्वारा अनेक उपद्रव होसके हैं इसलिये दोषोंकी वृद्धिसे भये उपद्रवों में वमन रूप शोधन और क्षयसे भये उपद्रवों में क्षयके अनुसार बृंहणक्रिया करनी चाहिये ॥ १८३ ॥

शिरोनासाक्षिरोगेषुसूर्य्यावर्त्तार्द्धभेदके॥ दन्तरोगेऽबलेहीनेमन्याबाह्वंसजेगदे। मुखशोषेकर्णनादेवातपित्तगदेतथा॥ अकालपलितेचैवकेशश्मश्रुप्रपातने । पूज्यतेबृंहणंनस्यंस्नेहैर्वामधुरद्रवैः ॥ १८४ ॥

शिर नासिका तथा नेत्र के रोगों में सूर्य्यावर्त्तमें अर्द्धावभेदकमें दन्तरोग बलकी क्षीणता गलेके पीछे की नसके रोग भुजाओं के रोग कन्धेके रोग मुखका सूखना तथा कानमें शब्द उठने में और वात पित्त रोग में स्नेह अथवा मधुर पतली वस्तुओंसे बृंहणनस्य देना चाहिये और विनासमय के बालोंका पकना और बालोंका अथवा दाढ़ीका गिरना इन रोगोंमें भी नस्य देनी चाहिये ॥ १८४ ॥

बृंहणंनस्यंयथा ॥

सशर्करंपयःपिष्टंभृष्टमाज्येनकुंकुमम् । नस्यप्रयोगतोहन्याद्वातरक्तभवारुजः ॥ भ्रूशङ्खाक्षिशिरःकर्णसूर्य्यावर्त्तार्द्धभेदकान् । नस्यंस्यादणुतैलेनतथानारायणेनवा ॥ माषादिनावासर्पिर्भिस्तद्भेषजसाधितैः (अणुतैलमुक्तंसुश्रुतेनतद्यथा) तिलपरिपीड़नोपकरणकाष्ठान्याहृत्ययैरनल्पकालंतिलाः परिपीड़ितास्तान्यणूनिखण्डशः कल्पयित्वाउलूखलेसंकुट्यकटाहेपानीयेनाङ्गाठ्यक्वाथयेत्ततस्तैलं निःसरतितत्तैलंहस्तेनजलान्निःसार्य्यवातघ्नौषधकल्केनपचेत् । तदणुतैलमितितद्वातरोगहरम् ॥ तैलंकफेस्याद्वातेचकेवलेपवनेतथा । दद्यान्नस्यंसदापित्तेसर्पिर्मज्जानमेवच ॥ १८५ ॥

बृंहणनस्य ॥

केसरको धीमें भूनकर शक्कर और दूधके साथ पीसलेय इसके नस्य लेने से वात रक्तजनित रोग, सूर्य्यावर्त, अर्द्धावभेदक और भौंह, शिर की हड्डी, नेत्र, शिर और कानके रोग नष्ट होते हैं अणुतैल, नारायण तैल अथवा उर्द आदि यथायोग्य औषधियों से बनाये भये घीकेद्वारा नस्य लेनेको बृंहण नस्य कहते हैं (अणुतैल की सुश्रुत में कहीहुई विधि) जिनकाष्ठों से तिल पेरेजातेहों उनको लाकर छोटे २ टुकडे करके ओखलीमें कूटे फिर कढ़ाई में पानीकेसाथ औटाने से काठमें लगाहुआ तेल निकलता है इस तेलको ठंढेहोनेपर हाथकेद्वारा जल से निकालकर वातनाशक औषधियों के कल्ककेसाथ पाककरे इसको अणुतैल कहते हैं यह वातनाशक होताहै कफ वातजनितरोगों में तेलकी नास केवल वातरोगोंमें चरबीकीनास और पित्तकेरोगोंमें घी तथामज्जाकी नास लेनीचाहिये १८५॥

माषात्मगुप्तरास्नाभिर्बलारुबुकरौहिषैः । कृतोऽश्वगन्धयाक्वाथोहिंगुसैंधवसंयुतः ॥ कोष्णोनस्यप्रयोगेणपक्षाघातंसकम्पनम् । जयेदर्दितवातञ्चमन्यास्तम्भापबाहुकौ १८६

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उड़द, किवांच, रासना, बरियारा, रेंडी, गन्धतृण और असगन्ध इनसंपूर्ण वस्तुओंका काढ़ाकरके हींग और सेंधानोन मिलावे फिर कुछ उष्णता बाकी रहनेपर इसकी नासले इससे पक्षाघात, कम्प, अर्दित वात, गलेकेपीछेकी नसका जकड़ना और अपबाहुक रोगका नाशहोता है ॥ १८६ ॥

प्रतिमर्शस्यमात्रातुद्वित्रिबिन्दुमितामता । प्रत्येकशोनासिकायास्नेहनेऽतिविनिश्चितम् । स्नेहग्रंथिद्वयंयावन्निमग्नाचोद्धृताततः । तर्ज्जनीयंस्रवेद्विन्दुंसामात्राबिन्दुसंज्ञिता।एवंविधैर्बिन्दुसंज्ञैरष्टाभिःशाणउच्यते।सदेयोमर्शनस्येषुप्रतिमर्शोद्विबिन्दुकः १८७॥

प्रतिमर्शकी मात्रा नासिकाके दोनों छिद्रों में दो अथवा तीन बिन्दु देनी चाहिये तर्जनी उंगली को दोपोरुएतक स्नेह में डुबोकर निकालने से जो बूंद टपकती है उसीकी यहां बिंदुसंज्ञाहै इन आठ बिंदुओंका एक शाण होताहै यही एक शाण मर्शनस्यकी मात्रा है और प्रतिमर्शनस्य की मात्रा दो बिंदुकी होती है ॥ १८७ ॥

समयाःप्रतिमर्शस्यबुधैःप्रोक्ताश्चतुर्दश ॥ प्रभातेदन्तकाष्ठान्तेगृहान्निर्गमनेतथा ॥ व्यायामाध्वव्यवायान्तेविण्मूत्रान्तेऽञ्जनेकृते।कवलान्तेभोजनान्तेदिवास्वप्नोत्थितेतथा॥ वमनान्तेतथासायंप्रतिमर्शःप्रयुज्यते। ईषदुच्छिङ्कनात्स्नेहोयथावक्त्रंप्रपद्यते ॥ नस्येनिषिक्तन्तंविन्द्यात्प्रतिमर्शःप्रमाणतः । (मात्रायुक्तम्) उच्छिष्टन्नपिबेच्चैतन्निष्ठीवेन्मुखमागतम् (उच्छिष्टम् । नस्यावशिष्टं) क्षीणेतृष्णास्यशोषार्त्तेबालेवृद्धेचपूज्यते । प्रतिमर्शान्नजायन्तेरोगाश्चैवोर्ध्वजत्रुजाः ॥ बलीपलितनाशश्चबलमिन्द्रियजंभवेत् १८८॥

पण्डित लोगोंने प्रतिमर्श नस्य के चौदह समय कहे हैं प्रातःकाल दन्तधावन के पीछे घरसे बाहर निकलने के समय, व्यायामके पीछे, मार्ग पर्य्यटनके पीछे, मैथुनके उपरांत मलमूत्र का त्यागकरके, अञ्जन लगाकर, कवलके उपरान्त भोजन करके, दिनमें सोकर वमनके उपरान्त और सायंकाल में जितना स्नेह सूंघकर छींकलेने से मुखमें आजाय वही प्रतिमर्शका प्रमाणहै जो स्नेह नासिकासेमुख में आजाय उसको थूकदे पिये नहीं क्षीणता तृषा तथा मुखके सूखनेसे व्याकुल बालक और वृद्धको प्रतिमर्श उत्तम होता है और इससे हँसलीके ऊपरके रोग झुर्री बालोंका पकना इन रोगोंका नाश होता है और इन्द्रियों में बल होताहै ॥ १८८ ॥

बिभीतंनिम्बगम्भारीशिवाशेलुश्चकाकिनी।एकैकतैलनस्येनपलितंनश्यतिध्रुवम् १८९

बहेड़ा, नींब, गम्भारी, हड़, बहुआर और कौआटोंटी इन में से किसी का तेल बनाकर नास लेनेसे बालोंका पकना नष्ट होताहै ॥ १८९ ॥

अथ नस्यविधिंवक्ष्येनस्यग्रहणहेतवे । देशेवातरजोमुक्तेकृतदन्तनिघर्षणम् ॥ विशुद्धंधूमपानेनस्विन्नभालगलंतथा। उत्तानशायिनंकिञ्चित्प्रलम्बाशिरसंनरम् ॥ आस्तीर्णेहस्तपादञ्चवस्त्राच्छादितलोचनम् ॥ समुन्नामितनासाग्रंवैद्योनस्तेनयोजयेत् ॥ कोष्णेनास्तपादञ्चवस्त्राच्छादितलोचनम् ॥ शुक्त्यावायन्त्रयुक्त्यावाञ्ज्ञोतैर्वानस्यमाचरेत् (स्रोच्छिन्नधारेणहेमतारादिशुक्तिभिः । शुक्त्यावायन्त्रयुक्त्यावाञ्ज्ञोतैर्वानस्यमाचरेत् (स्रोतैर्वस्त्रैस्तदुपलक्षितैस्तूलैरपि) नस्येष्वासिच्यमानेषुशिरोनैवप्रकम्पयेत् । नकुप्येन्नप्रभाषेतनोच्छिकेन्नहसेत्तथा ॥ एतैर्हिविहितःस्नेहोनैवान्तःसम्प्रपद्यते । ततःकासतिप्र

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्यायशिरोऽक्षिगदसम्भवः॥शृंगाटकमभिव्याप्यस्थापयेन्नगिलेद्द्रवम्। पञ्चसप्तदशैवा स्युर्मात्राःस्नेहस्यधारणे॥ उपविश्याथनिष्ठीवेन्नासावक्त्रागतंद्रवम्। वामदक्षिणपार्श्वाभ्यांनिष्ठीवेत्संमुखन्नहि। नीतेनस्येमनस्तापंरजःक्रोधञ्चसन्त्यजेत्। शयीतनिद्रान्त्यक्त्वा चप्रोत्तानोवाक्शतन्नरः॥ तथाशिरोविरेकान्तेधूमोवाकवलोहिता। नस्येत्रीण्युपदिष्टानिलक्षणानिप्रयोगतः॥ १६०॥

नासलेने की विधि॥

वायु और धूलसे रहित स्थान में दन्तधावन और धूम्रपान कराकर मस्तकपर पसीना आजाने पर चित्त सुलाकर हाथ पैर फैलावे और शिरको कुछ लंबा रक्खे फिर किसी वस्त्र से नेत्र मूंदकर नासिका के अग्रभागको कुछ उठाकर नासदेवे सुवर्ण और चाँदी आदि से बनी हुई सीपी अथवा साधारण सीपी या वस्त्र अथवा रुईके द्वारा कुछ उष्ण नासकी औषधिकी धार लगातार छोंडे और यन्त्रके द्वाराभी नास दीजाती है नासलेनेके उपरान्त शिरका कंपाना क्रोध करना बोलना छींकना और हँसी का त्यागकरे क्योंकि शिरके कंपाने आदिसे छोडाहुआ स्नेह भीतर नहीं आता और खांसी जुकाम शिरके रोग तथा नेत्रके रोग उत्पन्न होते हैं शृङ्गाटक पर्य्यन्त स्नेहके पहुंचजानेपर इसको निगले नहीं पांच सात अथवा दशमात्रा तक स्नेहको धारण करे नासिका के द्वारा मुखमें आये हुये गीले पदार्थको बैठकर बाईं अथवा दाहिनी ओरको थूंकदे परन्तु सन्मुख न थूंके नस्यको त्यागकरके मनका ताप रजोगुण के कार्य्य और क्रोधको त्याग करदे और सौवाक्य के उच्चारण में जितना समय लगताहै उतनी देरतक चित्त लेटे परन्तु सोवे नहीं शिरके विरेचन के उपरान्त धूम अथवा कवलका ग्रहण करना हितहै शास्त्रज्ञ पण्डितों ने प्रयोगके अनुसार शुद्धिहीन और अतियोग यह तीन लक्षण नस्य के कहेहैं॥ १६०॥

शुद्धहीनातियोगाहिविज्ञेयाःशास्त्रचिन्तकैः। लाघवंमलसंशुद्धिःस्रोतसांव्याधिसंक्षयः॥चित्तेन्द्रियप्रसादश्चशिरसःशुद्धिलक्षणम्। कण्डूप्रदेहोगुरुतास्रोतसांकफसंस्रवः॥ मूर्ध्निहीनविशुद्धेस्तुलक्षणंपरिकीर्तितम् (हीनविशुद्धेर्हीननस्येनविशुद्धेः) मस्तुलुङ्गागमोवातवृद्धिरिन्द्रियविभ्रमः॥ शून्यताशिरसश्चापिमूर्ध्निगाढंविरेचिते॥मस्तुलुङ्गम्॥मस्तकान्तःस्नेहः इन्द्रियविभ्रमः। इन्द्रियाणामन्यथाविषयग्रहणः। हीनातिशुद्धेशिरसिकफवातघ्नमाचरेत्। तत्रहीनेननस्येनशुद्धेवातघ्नमाचरेत्। सम्यग्विशुद्धेशिरसिसर्पिर्नस्येनदीयते॥ कफप्रसेकःशिरसोगुरुतेन्द्रियविभ्रमः॥ लक्षणन्तदतिस्निग्धेतत्ररूक्षंप्रदापयेत्॥ भोजयेच्चानभिष्यन्दिनस्येवातिकमादिशेत्॥ वातिकम्। वातलमुपदिशेत्। इति पञ्चकर्माणि॥ १६१॥

इन में से हलकापन, स्रोतोंके मलकी शुद्धता, रोगकानाश और मन तथा इन्द्रियों की प्रसन्नता यह शिरके शुद्ध होनेके लक्षणहैं खुजली, भारीपन, स्रोतों में कफका बहना और ग्लानि यह शिरके अच्छे प्रकार न शुद्धहोनेके लक्षणहैं मस्तक के भीतरसे स्नेहका निकलना वायुकी वृद्धि इन्द्रियोंका भ्रम और मस्तक की शून्यता यह शिरके अधिक विरेचन होनेसे अतियोग लक्षण कहलाताहै हीन शुद्धि में कफनाशक और अतियोग में वातनाशक क्रिया करनी चाहिये हीननस्यसे शुद्धता होनेपर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वातघ्न क्रिया करे शिरके अच्छेप्रकार शुद्ध होजानेपर नासमें घी छोडें शिरके अत्यन्त चिकनेहोजाने पर कफका बहना मस्तककी भारीपन और इन्द्रियोंका भ्रम होताहै ऐसी अवस्थामें रूक्षक्रियाकरनी चाहिये और अभिष्यन्द रहितभोजन तथा बादी औषधियोंकेद्वारा नासलेनीचाहिये इतिपंचकर्म१६१॥

अथ धूमपानविधिः॥

धूमस्तुषड्विधःप्रोक्तःशमनोबृंहणस्तथा॥ रेचनःकासहाचैववामनोव्रणधूपनः॥ शमनस्यतुपर्य्यायौमध्यःप्रायोगिकस्तथा॥ बृंहणस्यचपर्य्यायौस्नेहनोमृदुरेवच। रेचनस्यापिपर्यायौशोधनस्तीक्ष्णएवच॥ १६२॥ धूमपान विधि॥

धूमपान छः प्रकार का है शमन, बृंहण, रेचन, कासघ्न वामन और व्रणधूपन शमनधूम को मध्य तथा प्रायोगिकभी कहते हैं बृंहण को स्नेहन तथा मृदु कहतेहैं और रेचन धूमको शोधन तथा तीक्ष्ण भी कहतेहैं॥ १६२॥

अधूमार्हाश्चखल्वेतेश्रान्तोभीतश्चदुःखितः। दत्तवस्तिविरिक्तश्चरात्रौजागरितस्तथा॥ पिपासितश्चदाहार्त्तस्तालुशोषीतथोदरी। शिरोऽभितापीतिमिरीच्छर्द्याध्मानप्रपीडितःक्षतोररुकःप्रमेहार्त्तःपाण्डुरोगीचगर्भिणी। रूक्षःक्षीणोऽभ्यवहृतक्षीरक्षौद्रघृतासवः॥ भुक्तान्नदधिमत्स्यश्चबालोवृद्धःकृशस्तथा। अकालेचातिपीतश्चधूमःकुर्य्यादुपद्रवान्॥ तत्रेष्टंसर्पिषःपानंनावनांजनतर्पणम्। सर्पिरिक्षुरसंद्राक्षांपयोवाशर्कराम्बुवा॥ मधुराम्लौरसौवापिवमनायप्रदापयेत्॥ १६३॥

थकाहुआ, भीत, दुःखी, वस्ति अथवा जिसको विरेचन दियागयाहो, रात्रिमें जागाहुआ, तृषित, दाहयुक्त और तालूका सूखना, उदर, शिरकेरोग, तिमिर, छर्दि, आध्मान, उरःक्षत, प्रमेह तथा पाण्डुरोगसे युक्त, गर्भिणीस्त्री, रूक्षतायुक्त, क्षीण, दूध, सहत अथवा आसवपान कियेहुए अन्न, दही अथवा मछली खायेहुए बालक, वृद्ध और कृश इनसबको धूमपान अयोग्यहै और समयके विना भी धूमपान करनेसे उपद्रव उत्पन्न होतेहैं उपद्रवों के उत्पन्न होनेपर घृतपान, नस्य, अञ्जन तथा संतर्पणक्रिया करनीचाहिये और घी, ईखकारस, दाख, दूध, शर्बत अथवा मधुर अम्लरस के द्वारा वमनकरे॥ १६३॥

धूमस्तुद्वादशाद्वर्षात्गृह्यतेशीतकान्नच। कासश्वासप्रतिश्यायान्मन्याहनुशिरोरुजः॥ वातश्लेष्मविकारांश्चहन्याद्धूमःसुयोजितः। धूमोपयोगात्पुरुषःप्रसन्नेन्द्रियवाङ्मनः॥ दृढकेशद्विजश्मश्रुःसुगन्धिवदनोभवेत्॥ १६४॥

बारह वर्ष की अवस्थासे लेकर अस्सी वर्ष तक धूमपान कराना चाहिये अच्छे प्रकार धूमपान करनेसे खांसी, श्वास, जुकाम, गलेकेपीछेकी नस तथा जाबडे के रोग शिरकी पीडा और वातकफके रोग शान्तहोतेहैं और इन्द्रिय, वाक् तथा मनकी प्रसन्नता केश, दांत तथा दाढीकी दृढता और मुखमें सुगन्ध होजाती है॥ १६४॥

धूमनाडीभवेत्तत्रत्रिखण्डाचत्रिपर्व्विका। कनिष्ठिकापरीणाहाराजमाषागमान्तरा॥ (राजमाषागमःसमस्तानाडी) धूमनाडीभवेद्दीर्घाशमनेरोगिणोऽङ्गुलैः। चत्वारिंशन्मितैस्तद्वद्द्वात्रिंशद्भिर्मृदौमता॥ (मृदौबृंहणे) तीक्ष्णेचतुर्विंशतिभिःकासघ्नेषोड

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शोन्मितैः (तीक्ष्णेरेचने) दशांगुलैर्वामनीयेतथास्याद्व्रणनाडिका (तथादशांगुलमिता) कलायमण्डलस्थूलाकुलत्थागमरन्ध्रिका ॥ १९५ ॥

धूमपीने की नली तीनखण्ड तथा तीनपोरवाली बनानी चाहिये इसकी मुटाई कनिष्ठा उंगली के समान और छेद बड़ेउर्द के जाने के लायक होना चाहिये नलीकी लम्बाई शमनधूममें रोगीके चालीस अंगुल बृंहणधूममें बत्तीस अंगुल रेचन धूममें चौबीस अंगुल कासघ्न धूममें सोलह अंगुल और वामनधूममें दश अंगुलकी होनी चाहिये व्रणधूपन धूममें दशअंगुलकी लम्बाई मटरके समान मुटाई और कुलथी के जाने भरेका छेद होना चाहिये ॥ १९५ ॥

अथेषिकांप्रलिम्पेच्चसुश्लक्ष्णंद्वादशांगुलाम्। (ईषिकाम् शरकाण्डम्) धूमद्रव्यस्य कल्केनलेपश्चाष्टांगुलःस्मृतः। कल्कंकर्षमितंलिप्त्वाच्छायाशुष्कंचकारयेत् ॥ ईषिकाम पनीयाथस्नेहाक्तांवर्त्तिमादरात्। अङ्गारैर्दीपितांकृत्वाधृत्वानेत्रस्यरन्ध्रके ॥ वदनेनपिबे द्धूमंवदनेनैवसंत्यजेत्। नासिकाभ्यांततःपीत्वामुखेनैववमेत्सुधीः ॥ १९६ ॥

बारह अंगुल के लम्बे एक सरकण्डेपर एकतोला धूमपान की औषधियों के कल्क से आठ अंगुल तक चारोंओर लेप करके छायामें सुखावे फिर सूखजाने पर सरकण्डे को धीरे धीरे निकालकर उस पोली बत्ती में तेल लगाकर और अङ्गारे से जलाकर नलीके छेदपर रक्खे पहले मुख से धूमपीकर मुखही से निकाले फिर नाकसे धुआं पीकर मुखमें से निकाले ॥ १९६ ॥

शरावसंपुटेक्षिप्त्वाकल्कमङ्गारदीपितम्। छिद्रेनेत्रंनिवेश्याथव्रणंतेनैवधूपयेत् ॥ एलादिकल्कंशमनेस्निग्धंसर्जरसंमृदौ। रेचनेतीक्ष्णकल्कंचश्वासघ्नेक्षुद्रकोषणम् ॥ वमनेस्नायुचर्माद्यंदद्याद्धूमस्यपानकम्। व्रणेनिम्बवचाद्यंचधूपनंसंप्रशस्यते ॥ १९७ ॥

किसी सकोरे में औषधियों का कल्क धरके अङ्गारोंपर रक्खे और उसे एकछिद्र युक्त सकोरेसे बंद करदे फिर उसी सकोरेके छेदमें नली लगाकर घावमें धूप देवे शमनधूममें इलायची आदि औषधियों का कल्क बृंहण में चिकना राल का रस रेचन में तीक्ष्ण औषधियों का कल्क कासघ्न में भटकटैया तथा मिर्च और वामन में स्नायु चर्मादिक पीने के लिये ग्रहण करने चाहिये और व्रणमें नींब तथा वच आदिके कल्क से धुआं देना श्रेष्ठहै ॥ १९७ ॥

अन्येऽपिधूमागेहेषुकर्त्तव्यारोगशान्तये। (सयथा) मयूरपिच्छंनिम्बस्यपत्राणिबृह तीफलम् ॥ मरिचंहिंगुमांसीचबीजंकार्पाससम्भवम्। छागरोमाहिनिर्मोकोविष्ठावैडा लिकीतथा ॥ (अहिनिर्मोकः सर्पकञ्चुकः) गजदन्तश्चतच्चूर्णंकिंचिद्घृतविमिश्रितम्। गेहेषुधूपनंदत्तंसर्वान्बालग्रहान्हरेत् ॥ पिशाचान्राक्षसान्हत्वासर्वज्वरहरंभवेत्। (इत्यपराजितोधूमः) ॥ १९८ ॥

रोगों के नाशके लिये घरमें औरभी धूम काम में लाने चाहिये जैसे मोरकी पूंछ, नींबकेपत्ते, भटकटैया का फल, मिर्च, हींग, जटामांसी, बिनौला, बकरे के रोंयें, साँपकी केंचली, बिल्ली की विष्ठा और हाथीदांत इनसबका चूर्ण करके कुछ घी मिलाय घरमें धूपदेने से संपूर्ण बालग्रह पिशाच तथा राक्षसों कानाश होकर संपूर्ण ज्वरों का नाश होताहै इति अपराजित धूप ॥ १९८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मनस्तापंरजःक्रोधोधूमपानेनिवारयेत्नेत्राणिधातुजान्याहुर्नलंवंशादिजान्यो ॥१९९॥

धूमपानकरके मनकातापं रजोगुणके काम और क्रोधको त्यागदेवे धूमपानकी नली धातुकी अथवा बांसआदि की बनावे ॥ १९९ ॥ अथ गण्डूषकवलप्रतिसारणविधिः ॥

तत्रगण्डूषकवलप्रतिसारणानांभेदकानिलक्षणान्याह । तत्रगण्डूषः । स्नेहक्षीरकषायादिद्रवैःसम्पूर्णमाननम् । आपूर्य्यस्थीयतेतावद्विधिर्गण्डूषधारणे । कफपूर्णास्यताया वच्छेदोदोषस्यवाभवेत् ॥ नेत्रघ्राणस्रुतिर्य्यावत्तावद्गण्डूषधारणम् । गण्डूषान्सुस्थितः कुर्य्यात्स्विन्नभालगलादिकः ॥ मनुष्यस्त्रींस्तथापञ्चसप्तवादोषनाशनात् । गलादिकइत्यादिशब्देनगण्डकपोलौगृह्येतेसुश्रुतोक्तत्वात् ॥ चतुर्विधःस्याद्गण्डूषःस्नेहनःशमनस्तथा ॥ शोधनोरोपणश्चैवकवलश्चापितादृशः । स्निग्धोष्णैःस्नैहिकोवातेस्वादुशीतैः प्रसादनः ॥ पित्तेकट्वम्ललवणैरुष्णैःसंशोधनङ्कफे । कषायतिक्तमधुरैःकटूष्णोरोपणो व्रणे । दद्याद्द्रवेषुचूर्णञ्चगण्डूषेकोलमात्रकम् । कर्षप्रमाणःकल्कश्चकवलेदीयतेबुधैः ॥ धार्यन्तेपञ्चमाद्वर्षाद्गण्डूषाःकवलादयः । व्याधेरपचयस्तुष्टिर्वैशद्यंवक्त्रलाघवम् ॥ इन्द्रियाणांप्रसादश्चगण्डूषेविधृतेभवेत् । हरेदास्यस्यवैरस्यंशोषपाकंव्रणंतृषाम् ॥ दन्तचालञ्चगण्डूषोवैशद्यंतुकरोतिहि ॥ २०० ॥

गण्डूष (कुल्ला) कवल (ग्रास) और प्रतिसारण (मंजन) की विधि गंडूषकवल और प्रतिसारणके अलग २ लक्षण ॥

गण्डूष स्नेह दूध अथवा क्वाथ आदिकपतले पदार्थोंको मुखमें भरके रखनेको गण्डूष धारण कहते हैं जबतक मुखमें कफ भराहै अथवा दोषों का नाश होवे और नेत्र तथा नासिकासे जल टपकने लगे तबतक गण्डूष धारणकरे स्वस्थ होकर जबतक माथे और गले आदिमें स्वेद न आजावे तबतक कुल्ले करता रहै एक दो तीन पांच अथवा सात बार दोषके नाशहोने के लिये कुल्ले करे गण्डूष (गरारा) चार प्रकार काहै स्नेहन, शमन, शोधन और रोपण और इसी प्रकारसे ग्रासके भी यही चारप्रकार होते हैं वातरोगमें स्निग्ध तथा उष्ण औषधियोंके द्वारा स्नेहन गण्डूष पित्तकी अधिकतामें मधुर तथा शीतल औषधियोंके द्वारा शमन गण्डूष कफकी अधिकता में कटु अम्ल तथा लवण रसयुक्त उष्ण औषधियों के द्वारा शोधन गण्डूष और घाव में कषैली, तिक्त, मधुर, कटु तथा उष्ण औषधियों के द्वारा रोपण गण्डूषको काम में लाना चाहिये गण्डूष के लिये पतली वस्तुओं में औषधियों का चूर्ण छः माशे और ग्रासके लिये एक तोला कल्क देना चाहिये पांच वर्ष की अवस्था के उपरान्त गण्डूष और ग्रास आदिको धारण करना चाहिये गण्डूष धारण करनेसे रोग का नाश संतुष्टता प्रसन्नता मुखमें हलकापन तथा इन्द्रियों की चैतन्यता होती हैं और मुख की विरसता, सूखना, पकना, घाव, तृषा तथा दांतों का हिलना नष्ट होताहै और मुख निर्मल होजाताहै ॥ २०० ॥

अथ कवलः ॥

अर्द्धंनिःक्षिप्यसंचर्व्यनिष्ठीवेत्कवलेविधिः ॥

वातपित्तकफघ्नस्यद्रव्यस्यकवलंमुखे । कवलःकुरुतेकाङ्क्षाम्भक्ष्येषुहरतेकफम् । तृष्णांशोषञ्चवैरस्यंदन्तचालञ्चनाशयेत् २०१

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ग्रास की विधि॥

वात, पित्त और कफनाशक वस्तुओं के ग्राससे आधा मुखभर के चबाकेर थूक देनेको ग्रास विधि कहतेहैं ग्रास धारणकरनेसे भोजन में रुचि और कफ तृषा मुखका सूखना विरसता तथा दांतोंका हिलना नष्ट होताहै॥ २०१॥

अथ प्रतिसारणम्॥

दन्तजिह्वामुखानांयच्चूर्णकल्कावलेहकैः। शनैर्घर्षणमंगुल्यातदुक्तंप्रतिसारणम्॥ वैर स्यंमुखदौर्गन्ध्यंमुखशोकंतथातृषाम्। अरुचिन्दन्तपीडाञ्चनिहन्तिप्रतिसारणम्॥ हीने जाड्यकफोत्क्लेशावरसज्ञानमेवच। अतियोगान्मुखेपाकःशोषस्तृष्णावमिःक्लमः॥ २०२॥

प्रतिसारण की विधि॥

चूर्ण, कल्क अथवा अवलेहको उंगलियों में लगाकर दांत जिह्वा और मुखके धीरे २ रगड़ने को प्रति सारण कहतेहैं प्रतिसारण से मुखकी विरसता तथा दुर्गन्धि मुखका सूखना तृषा अरुचि और दांतों की पीड़ा का नाशहोताहै परन्तु प्रतिसारण के अच्छेप्रकारसे न होने में मुखकी जड़ता कफकी वृद्धि और रसों के ग्रहण करने में असामर्थ्य होती है प्रतिसारणकी अधिकता में मुखका पकना, सूखना, तृषा, छर्दि और ग्लानि होती है॥ २०२॥

अथ स्वेदविधिः॥

स्वेदश्चतुर्विधःप्रोक्तस्तापोष्मस्वेदसंज्ञितः॥ उपनाहोद्रवःस्वेदःसर्वेवातार्त्तिहारिणः तापस्वेदउष्मस्वेदश्चताभ्यांसंज्ञितः॥ उपनाहःस्वेदः। स्वेदौतापोष्मजौप्रायःश्लेष्मघ्नौ समुदीरितौ। उपनाहस्तुवातघ्नः पित्तसंगेद्रवोहितः॥ द्रवोहिद्रवस्वेदः। महाबलेमहाव्या धौशीतेस्वेदोमहान्स्मृतः। दुर्बलेदुर्बलस्वेदोमध्यमेमध्यमोमतः॥ बलासेरूक्षणःस्वेदो रूक्षस्निग्धःकफानिले। रूक्षणःरूक्षयतीतिरूक्षणःनन्द्यादित्वाल्ल्युप्रत्ययः॥ २०३॥

स्वेद की विधि॥

स्वेद चार प्रकारका होताहै तापसस्वेद उष्णस्वेद उपनाहस्वेद और द्रवस्वेद यह चारों प्रकारके स्वेद वातनाशक होते हैं तापसस्वेद तथा उष्णस्वेद यह दोनों कफनाशक उपनाहस्वेद वातनाशक और द्रवस्वेद पित्तनाशक होताहै बलवान् अथवा बड़ेरोग से युक्त अथवा शीतकाल में महास्वेद दुर्बल में स्वल्पस्वेद और मध्यम अवस्थावाले को मध्यमस्वेद हितहै कफ में रूखा स्वेद कफवात में रूखा और चिकनास्वेद देना चाहिये॥ २०३॥

कफमेदोवृतेवातेकोष्णंगेहंरवेःकरान्। नियुद्धंमार्गगमनंगुरुप्रावरणंध्रुवम्॥ चिन्ता व्यायामभारांश्चसेवेतामयमुक्तये। येषांनस्यंप्रदातव्यंवस्तिश्चापिहिदेहिनाम्॥ शोधनी याश्चयेकेचित्पूर्वंस्वेद्याश्चतेमताः। स्वेद्याऊर्ध्वन्त्रयोऽपीहभगन्दर्य्यर्शसस्तथा॥ अ श्मर्य्याचातुरोजन्तुःशमयेच्छस्त्रकर्मणः। शस्त्रकर्मणःऊर्ध्वंपश्चाच्चेतिसुश्रुते। पश्चात्स्वे द्याहृतेशल्येमूढगर्भगदेतथा। कालेप्रजाताऽकालेवापश्चात्स्वेद्यानितम्बिनी॥ २०४॥

कफ तथा मेदके द्वारा वायुके रुकजानेपर उष्णघरमें रहना धूप युद्ध मार्ग गमन भारी वस्त्रोंका ओढ़ना चिन्ता व्यायाम और बोझालेचलना इन सबबातोंका सेवनकरे जिनको नस्य तथा वस्तिदेनी होय अथवा विरेचन आदिकेद्वारा शुद्धकरनाहो उनको प्रथम स्वेद कराना चाहिये भगन्दर बवासीर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

और पथरी इन रोगोंमें शस्त्रकर्मके पीछे स्वेद करानाचाहिये मूढगर्भरोग (वायुसेगर्भका ...होजाना) में शस्त्रके निकाललेनेपर और समयमें अथवा बे समयमें प्रसवहोनेके उपरान्त स्वेददेना चाहिये २०४

सर्वान्स्वेदान्निवातेचजीर्णान्तेवाविचारयेत् । स्वेदाद्धातुस्थितादोषाःस्नेहक्लिन्नस्य देहिनः ॥ द्रवत्वंप्राप्यकोष्ठान्तर्गत्वायान्तिविरेकताम् । स्नेहाभ्यक्तशरीरस्यशीतैराच्छाद्यचक्षुषी ॥ स्वेद्यमानशरीरस्यहृदयंशीतलैःस्पृशेत् (शीतैरार्द्रवस्त्रादिभिः)॥ २०५ ॥

संपूर्ण स्वेद भोजनके परिपाक होजानेपर वायुरहित स्थानमें निकालने चाहिये स्नेह धारणकिये हुए पुरुषको स्वेद देनेसे धातुओंमें स्थित संपूर्ण दोष पिघलकर कोष्ठके भीतर जातेहैं और दस्त के द्वारा निकलजातेहैं शरीरमें तेलआदिक लगायेहुए मनुष्यके नेत्रोंको शीतल वस्त्रसे ढके फिर पसीना निकालकर इसके हृदयको शीतल वस्तुसे स्पर्शकरे ॥ २०५ ॥

अजीर्णोदुर्बलीमेहीक्षतःक्षीणःपिपासितः । अतीसारीरक्तपित्तीपाण्डुरोगीतथोदरी॥ मेदस्वीगर्भिणीचैवनहिस्वेद्याविजानता । (स्वेदादेषांयातिदेहोविनाशंनोसाध्यत्वंयाति चैषांविकाराः) एतान्यपिमृदुस्वेदैःस्वेदसाध्यानुपाचरेत् । मृदुस्वेदंप्रयुञ्जीततथाहृन्मुष्कदृष्टिषु ॥ २०६ ॥

अजीर्ण,दुर्बलता,प्रमेह,घावसे क्षीणता तथा तृषासेयुक्त और गर्भिणी स्त्रीको स्वेद नहीं देनाचाहिये और अतीसार,रक्तपित्त,पाण्डु,उदर तथा मेदसे युक्त कोभी स्वेद दिवाना हितकारी नहीं है क्योंकि इनको स्वेद देने से रोगियों के शरीर नष्ट होजाते हैं अथवा रोग असाध्य होजाते हैं और इनको जो स्वेदहीसे साध्यसमझे तो थोडा स्वेददे हृदय अण्डकोश और नेत्रोंमेंभी कोमल स्वेद देनाचाहिये २०६

अतिस्वेदात्सन्धिपीडादाहस्तृष्णाक्लमोभ्रमः । पित्तासृक्पिडिकाकोपस्तत्रशीतैरुपाचरेत् ॥ २०७ ॥

अधिक स्वेददेनेसे सन्धियों में पीडा, दाह, तृषा, ग्लानि, भ्रम, रक्तपित्त और पिडिका (फुंसी) उत्पन्न होतीहैं इन उपद्रवोंमें शीत इलाज करना चाहिये ॥ २०७ ॥

तत्र तापस्वेदमाह ॥

तेषुतापाभिधःस्वेदोबालुकावस्त्रपाणिभिः प्रतप्तैरम्लसिक्तैश्चकायेऽलक्तकवेष्टिते २०८॥

तापस्वेद की विधि ॥

शरीर में लत्ते लपेटकर बालूवस्त्र अथवा हाथों को खटाई में भिगोकर और गरम करके जो स्वेद दिया जाताहै उसको तापस्वेद कहते हैं ॥ २०८ ॥

ऊष्मस्वेदमाह ॥

अथवावातनिर्नाशिद्रव्यक्राथरसादिभिः । उष्णैर्घटंपूरयित्वापार्श्वेच्छिद्रंविधायच ॥ विमुद्ध्यास्यंत्रिखण्डांचधातुजांकाष्ठजामुत । षडंगुलास्यांगोपुच्छांनाडींयुञ्ज्याद्द्विहस्त काम् ॥ सुखोपविष्टंस्वभ्यक्तंगुरुप्रावरणावृतम् । हस्तिशुण्डिकयानाड्यास्वेदयेद्वात रोगिणम् ॥ त्रिखण्डामितिस्त्रेदसौकर्यार्थम् षडंगुलास्यामिति । मूलेषडंगुलंविशाल मुखंगोपुच्छमिवक्रमकृशम् । तेनाग्रगोपुच्छाग्रपरिमाणेनकृशाम् नाडीमन्तःसरन्ध्रांद्वि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हस्तिकाः हस्तद्वयपरिमाणाम्॥ हस्तिशुण्डिकयेतिहस्तिशुण्डेवक्रमशःकृतत्वान्नाड्या इयंसंज्ञा ॥ २०९ ॥

उष्ण स्वेद ॥

किसी घटमें वातनाशक औषधियों का उष्ण क्काथ अथवा रसादिक भरके उसका मुख बन्द करे और उसके किसी ओर एकछिद्र करके तीन खण्डवाली धातु अथवा काष्ठसे बनीहुई भीतरसे पोली मूल में छः अंगुल के मुखवाली दो हाथ की लम्बी और गौ की पूंछके समान गावदुम बनीहुई नली लगावे वातरोगीकोतेल आदि लगाकर और भारी वस्त्र उढ़ाकर सुखपूर्वक बैठावे फिर हस्तिशुण्डिक (हाथी की सूंड के समान होने से हस्तिशुंण्डक कहाती हैं) नाम नली से स्वेद देवे ॥ २०९ ॥

पुरुषायाम्मात्रांवाभूमिंसंमार्ज्यखादिरैः॥काष्ठैर्दग्ध्वातथाभुक्ष्यक्षीरधान्याम्लवारिभिः॥ वातघ्नपत्रैराच्छाद्यशयानंस्वेदयेन्नरम्। एवंमाषादिभिःस्विन्नैःशयानंस्वेदमाचरेत् २१०

जितना बड़ा रोगी हो उतनी पृथ्वी को सफाकरके उसपर कत्थे की लकड़ी को जलाकर पीछे दूध और कांजी छिड़ककर वातनाशक पत्ते बिछावे फिर उनपर रोगीको सुलाकर उर्द आदिकोंके द्वारा स्वेद देवे ॥ २१० ॥

उपनाहस्वेदः ॥

तथोपनाहस्वेदञ्चकुर्य्याद्वातहरौषधैः। प्रदह्यदेहंवातार्त्तंक्षीरमांसरसादिभिः ॥ अम्ल पिष्टैःसलवणैःसुखोष्णैःस्नेहसंयुतैः। उपग्राम्यानूपमांसैर्जीवनीयगणेनच ॥ दधिसौवीर कक्षीरैर्वीरतर्वादिनातथा। कुलत्थमाषगोधूमैरतसीतिलसर्षपैः ॥ शतपुष्पादेवदारुशे फालीस्थूलजीरकैः॥एरण्डमूलजीरैश्चरास्नामूलकशिग्रुभिः। मिसिकृष्णाकुठेरैश्चलवणै रम्लसंयुतैः ॥ प्रसारण्यश्वगन्धाभ्यांबलाभिर्दशमूलकैः। गुडूच्यावानरीबीजैर्यथालाभं समाहृतैः॥क्षुण्णैःस्विन्नैश्चवस्त्रेणबद्धैःसंस्वेदयेन्नरम्। महाशाल्वणसंज्ञोऽयंयोगःसर्वानि लार्त्तिहृत् ॥ अस्यायमर्थः। उपनाहस्वेदञ्चकुर्य्यात्केनप्रकारेणेत्याकाङ्क्षायांतत्प्रकारमा ह। वातहरौषधैःकथम्भूतैः। अम्लपिष्टैः। अम्लेनकाञ्जिकतक्रादिनापिष्टैःसलवणैः। स्ने हसंयुतैः। क्षीरमांसरसन्वितैः। सुखोष्णैः। वातार्त्तंदेहंप्रदह्यप्रलिप्यस्वेदयेदित्यर्थः।अथ वाम्लेनसंपिष्टैःकोष्णैःसूक्ष्मपुटस्थितैः।भेषजैःस्वेदयेत्किंवास्विन्नैःकोष्णैःपटस्थितैः २११

उपनाह स्वेद ॥

कांजी से वातनाशक औषधियों को पीसकर लवण तेल आदिक दूध तथा मासके रसादिकोंको मिलावे फिर कुछ गरमकरके वातरोगी के शरीर में लेपकरके उपनाह स्वेद देवे अथवा ग्रामीण तथा अनूपदेश के जीवों के मांसकारस जीवनीयगण दही सौवीर दूध और वीरतरु आदिगण के द्वारा स्वेद देना चाहिये कुलथी, उर्द, गेहूं, अलसी, तिल, सरसों, सौंफ, देवदारु, शेफालिका, कालीजीरी, रेंडी कीजड़, जीरा, रासना, मूली, सहँजन, सौंफ, पीपल, सफेद तुलसी, सेंधानोन, कांजी, गन्धप्रसारणी, असगन्ध, वरियारा, दशमूल, गिलोय और किवांच के बीज इनसंपूर्ण औषधियों में से जितनी मिलसकें उनकोलेकर कूटकर उबाले फिर किसी वस्त्रमें बाँधकर स्वेददेवे यह महाशाल्वण नाम स्वेद संपूर्ण वात रोगों का नाशक है ऊपर कही हुई औषधियों को कांजी आदिसे पीसकर कुछ उष्ण करके अथवा उबालकर कुछ उष्णता रहनेपर वस्त्र में बाँध के स्वेद देवे ॥ २११ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्रवस्वेदमाह ॥

द्रवस्वेदस्तुवातघ्नोद्रव्यक्काथेनपूरिते। कटाहेकोष्ठकेवापिसूपविष्टोवगाहयेत् ॥ सौवर्णं राजतंवापिताम्रंलोहश्चदारुजम् । कोष्ठकन्तत्रकुर्वीतोच्छ्रायेषड्विंशदंगुलम् ॥ आयामेवातदेवस्याञ्चतुष्कोणन्तुचिक्कणम् (पक्षान्तरमाह) नाभेःषडंगुलंयावन्मग्नंक्काथस्य धारया ॥ कोष्णयास्कन्धयोःसिक्तस्तिष्ठेत्स्निग्धतनुर्नरः ॥ (अयमर्थः) प्रथमतोवातघ्न द्रव्यक्काथेनकण्ठपूरिते कोष्ठकेकटाहेवासूपविष्टस्तिष्ठेत् ॥ अथवानाभेःषडंगुलमूर्ध्वंयावत्क्काथेमग्नउपविष्टः। पश्चात्क्काथस्यधारयास्कन्धयोःसिच्यमानस्तिष्ठेत् ॥ यावत्कोष्ठकं परिपूर्णंभवतीत्यर्थः। क्काथपक्षेप्रथमतःस्नेहाभ्यक्ततनुरुपविशेत् ॥ मुहूर्त्तैकंसमारभ्ययावत्स्याच्चतुष्टयम्। तावत्तदवगाहेतयावदारोग्यनिश्चयः ॥ एवंतैलेनदुग्धेनसर्पिषास्वेदयेन्नरम्। एकान्तरेद्व्यन्तरेवायुक्तःस्नेहोऽवगाहने ॥ एतावताक्काथोदुग्धश्चनित्यमेवयुज्यतेस्नेहस्तुदिनमेकन्द्वेवादिनेगमयित्वायुक्तः । अग्निमान्द्यशङ्कयेतिभावः ॥ शिरामुखैर्लोमकूपैर्धमनीभिश्चतर्पयेत्। शरीरेबलमाधत्तेयुक्तःस्नेहोऽवगाहने ॥ जलसिक्तस्यवर्द्धन्तेयथामूलेऽङ्कुरादयः। तथैवधातुवृद्धिर्हिस्नेहसिक्तस्यजायते ॥ नातः परतरःकश्चिदुपायोवातनाशनः। शीतशूलव्युपरमेस्तम्भगौरवनिग्रहे ॥ दीप्तेऽग्नौमार्दवेजातस्वेदनाद्विरतिर्मता ॥ २१२ ॥ द्रवस्वेद ॥

वातनाशकऔषधियोंकेकाढे से किसी कढाव अथवा हौंजको भरके उसमें रोगीको बैठालकर स्नान करावे सुवर्ण,चाँदी,तांबा,लोहा अथवा काष्ठकेद्वारा चौकोना चिकना हौदबनावे यहउंचाई तथा चौडाईमें छव्बीस अङ्गुलका होना चाहिये(दूसरा प्रकार)रोगी शरीरमें तैलमर्दन करके नाभिके छःअंगुलऊपरतकके धडको डुबोकर कढाव अथवा हौज़में बैठे और उस कडाह अथवा हौज़में वातनाशक औषधियोंका क्काथभरदे फिर रोगीके कन्धेपर धीरे२ कुछ गरम क्काथकी धारा तबतक छोडतारहे जबतक वह कडाह अथवा हौज़ ऊपरतक भर न जाय चारमुहूर्त्ततक अथवा जबतक रोगके नाशका निश्चय न हो जाय तबतक उसीमें बैठारहे इसप्रकार तैल दूध अथवा घृतके द्वारा स्वेददेवे परन्तु तैलादिक स्नेहके द्वारा एक अथवा दो दिनका बीच देकर स्वेददेवे क्योंकि स्नेहके द्वारा नित्य स्वेदके देने से मन्दाग्नि होनेका संदेह होताहै अवगाहनके द्वारा स्नेह देनेसे रोमकूप शिराओं के मुख और धमनियों के द्वारा संपूर्ण शरीरमें स्नेह प्रविष्ट होकर शरीरकी तृप्ति और बलको बढ़ाताहै जैसे जड में जलके सींचने से अंकुरादि उत्पन्न होतेहैं उसी प्रकार स्नेह के द्वारा सिंचेहुये शरीरकी धातु बढ़तीहैं इससे बढ़कर और कोई वातके नाशकरने का उपाय नहीं है शीतलता,शूल,स्तब्धता तथा भारीपनके निवृत्त होजानेपर और अग्निकी दीप्ति तथा शरीरमें कोमलता उत्पन्न होनेपर स्वेदको नहीं देनाचाहिये २१२॥

अथ मूर्द्धतैलविधिः ॥

अभ्यंगःपरिषेकश्चपिचुर्वस्तिरितिक्रमात्॥मूर्द्धतैलञ्चतुर्द्धास्याद्बलवत्तद्यथोत्तरम्॥ अभ्यंगःतैलेनशिरसोमर्दनम्। परिषेकः। शिरसिधारापातनंपिचुः। तैलाक्तस्तूलःफाहा इतिलोकेवस्तिर्वक्ष्यमाणः ॥ त्रयोऽभ्यंगादयःपूर्वेप्रसिद्धाःसर्वतःस्मृताः। शिरोवस्ति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विधिश्चात्रप्रोच्यतेसुज्ञसम्मतः॥शिरोवस्तिश्चर्म्मणःस्याद्द्विमुखोद्वादशांगुलः। शिरःप्रमाणस्तंबध्द्वापस्तकेमाषपिष्टकैः ॥ सन्धिरोधंविधायाशुस्नेहैःकोष्णैःप्रपूरयेत्।तावद्धार्य्यस्तुयावत्स्यौन्नासाकर्णमुखस्रुतिः॥वेदनोपशमोवापिमात्राणांवासहस्रकम्।स्वजानुनःकरावर्त्तंकुर्य्याच्छोटिकयायुतम् ॥ एषामात्राभवेदेकासर्व्वत्रैवेषनिश्चयः। विनाभोजनमेवात्रशिरोवस्तिःप्रशस्यते ॥ प्रयोज्यस्तुशिरोवस्तिःपञ्चसप्तदिनानिवा । विमोच्यशिरसोवस्तिंगृह्णीयाच्चसमन्ततः ॥ ऊर्ध्वकायन्ततःकोष्णेनीरेस्नानंसमाचरेत् । अनेनदुर्ज्जयारोगावातजायान्तिसंक्षयम् ॥ शिरःकम्पादयस्तेनसर्व्वकालेषुयुज्यते।पञ्चसप्तदिनानिवेत्युक्त्वासर्व्वकालेष्वितिशिरःकम्पादिरोगानुवृत्तौज्ञेयम् ॥ २१३ ॥

मस्तकमेंतेलडालने की विधि ॥

अभ्यङ्ग [शिरमें तेलमलना] परिषेक [मस्तकमें तेलकी धार छोड़ना] पिचु [तेलसे डूबीहुई रुईको शिरमें रखना] और वस्ति [वस्तिकी रीतिआगे लिखेंगे] यह चारप्रकार शिरमें तेलडालने केहैं यह क्रमसे एकसे एक बलकारी हैं प्रथम तीन अभ्यङ्गादिक प्रसिद्ध हैं। अब शिरकी वस्तिका विधान कहा जाताहै। मस्तकके प्रमाणके अनुसार दो मुखवाली बारह अंगुलकी चमड़ेकी वस्ति बनवाकर मस्तक में बाँधे और उसकी संधियों को उर्द्दकी पिट्ठी से बंदकरदे फिर कुछ गरम तेलादिकसे भरके जबतक नाक कान और मुख न बहनेलगे या रोगकी शान्ति न होजाय तबतक अथवा एकहज़ार मात्रा पर्य्यन्त उसको धारणकरे[घुटने के ऊपर चुटकी बजाकर हाथ घुमानेमें जितना समय लगताहै उसको मात्रा कहतेहैं] भोजन विना कियेही शिरोवस्ति दीजाती है यह पांच अथवा सातदिन तक देनी चाहिये वस्तिको खोलकर उस तेल आदिको सब ओरसे ग्रहणकरे फिर उष्ण जलमें स्नानकरे इसके द्वारा दुर्जय वातजरोग और शिरका कंपना आदिक नाश होते हैं इस्से सब समयोंमें इसका ग्रहण करना चाहिये ॥ २१३ ॥

अथ कर्णविधिः ॥

स्वेदयेत्कर्णदेशन्तुकिञ्चिन्नुःपार्श्वशायिनः । मूत्रैःस्नेहैःरसैरुष्णैःश्रोत्ररन्ध्रंप्रपूरयेत्॥ कर्णञ्चपूरितंरक्षेच्छतंपञ्चशतानिवा । सहस्रंवापिमात्राणांश्रोत्रकण्ठशिरोगदे ॥ मूत्राद्यैःपूरणंकर्णेभोजनात्प्राक्प्रशस्यते। तैलाद्यैःपूरणंकर्णेभास्करेऽस्तमुपागते ॥ २१४ ॥

कानमेंतेल आदिछोड़नेकी विधि ॥

मनुष्यको कुछ करवट युक्त सुलाकर कानमें स्वेददे पीछे कुछ गरम २ मूत्र स्नेह तथा मांसके रससे कानको भरदेवे कानकण्ठ अथवा शिरके रोगमें पांच सात अथवा हज़ार मात्रा पर्य्यन्त कानको स्नेहादिसे भरारखना चाहिये जो कान में मूत्रादिक भरने हों तो भोजनसे पहले और तैलआदिक भरने होयँ तो सूर्य्यास्तके उपरान्त भरने चाहिये ॥ २१४ ॥

(तद्यथा)कर्णशूलाकुलेकोष्णंवस्तमूत्रंससैन्धवम् । निःक्षिपेत्तेनशाम्यन्तिशूलपाकादिकारुजः ॥ शृंगवेरञ्चमधुकंसैन्धवंतैलमेवच । कदुष्णंकर्णयोर्देयमेतत्स्याद्वेदनापहम्॥पीतार्कपत्रमाज्येनलिप्तंवह्नौप्रतापयेत्। तद्रसःश्रवणेक्षिप्तःकर्णशूलहरःपरः२१५

कानकी पीड़ामें कुछ गरम २ बकरेकामूत्र सेंधानिमक मिलाकर डालनेसे कानकी पीड़ा और

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कानका पकना आदिक नष्ट होताहै अदरक,मुलहठी,सेंधानोन और तेल यह सब कुछ गरम २ कान में छोडनेसे कानकी पीडा नष्ट होती है पीलेआकके पत्तों में घी चुपडकर आगमें तपाकर निकाले फिर यह रसकानमें छोडनेसे कानकी पीडा नष्ट होतीहै ॥ २१५ ॥

अथ लेपविधिः ॥

आलेपस्यतुनामानिलेपोलेपनलिप्तकौ । दोषघ्नोविषहावर्ण्यःसचलेपस्त्रिधामतः ॥
त्रिप्रमाणश्चतुर्भागस्त्रिभागार्द्धांगुलोन्नतः । आर्द्रोऽव्याधिहरःसस्याच्छुष्कोदूषयतिच्छविम् ॥ (चतुर्भागत्रिभागार्द्धांगुलोन्नतः) ॥ २१६ ॥

लेपकी विधि ॥

आलेप लेप लेपन और लिप्तक यह लेप के नामहैं दोषघ्न, विषहा और वर्ण्य इनभेदोंसे लेपतीन प्रकार का होताहै लेपकी मुटाई के तीनप्रमाणहैं चौथाई अंगुल तिहाई अंगुल और आधाअंगुल गीलालेप रोगनाशक और सूखालेप कान्तिनाशक होताहै ॥ २१६ ॥

दोषघ्नोलेपोयथा ॥

शोथघ्नोदारुसिद्धार्थशुण्ठीशोभाञ्जनत्वचाम् । आरनालेनपिष्टानांप्रलेपःसर्व्वशोथहा
(शोथघ्नीपुनर्नवा) शिरीषंमधुयष्टीचतगरंरक्तचन्दनम् । एलामांसीनिशायुग्मंकुष्ठंबालकमेवच॥इतिसंचूर्ण्यलेपोऽयंपञ्चमांशघृतप्लुतः।जलेनक्रियतेसुज्ञैर्दशांगइतिसंज्ञितः ॥
वीसर्पञ्चविषस्फोटाञ्छोथदुष्टव्रणान्जयेत् ॥ २१७ ॥

दोषघ्न लेप ॥

पुनर्नवा, देवदारु,सरसों,सोंठऔर सहँजन की छाल इन सबको आरनालसे पीसकर लेपकरने से सब प्रकार की सूजनों का नाश होताहै सिरस की छाल,मुलहठी,तगर,लालचन्दन,इलायची,जटा-मांसी, हल्दी, दारुहल्दी,कूट और सुगन्धबाला इन सब के चूर्णको पंचमांश घी में मिलाकर जल के साथ लेपकरने से वीसर्प, विषस्फोट, सूजन और दुष्टव्रणोंका नाश होताहै ॥ २१७ ॥

विषहालेपो यथा ॥

अजादुग्धतिलैर्लेपोनवनीतेनसंयुतः । शोथमारुष्करंहन्तिलेपोवाकृष्णमार्त्तिकः ॥
(नवनीतेनार्द्रकेण) ॥ २१८ ॥ विषनाशक लेप ॥

बकरी के दूधमें तिल मिलाकर भैंसके मक्खनके साथ लेप करनेसे भिलावे से होनेवाली सूजन नष्ट होतीहै अथवा कालीमिट्टी के लेपसे भी उसका नाश होताहै ॥ २१८ ॥

वर्ण्यलेपोयथा ॥

रक्तचन्दनमञ्जिष्ठालोध्रकुष्ठप्रियंगवः।वटांकुरामसूराश्चव्यंगघ्नामुखकान्तिदाः ॥ २१९ ॥

वर्ण्यलेप ॥

लालचन्दन,मजीठ,लोध,कूट,मालकांगनी, बडके अंकुर और मसूर इन सब वस्तुओं के लेपकरनेसे व्यङ्ग रोगका नाश और मुखकी कान्ति होतीहै ॥ २१६ ॥

अथलेपविधिश्चैवप्रोच्यतेसुज्ञसम्मतः । आलेपश्चप्रदेहश्चद्वौभेदौतस्यभाषितौ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चर्मार्द्रमाहिषंयद्वत्प्रोच्यतेसंमितस्तयोः। शीतस्तनुर्विशोषीचप्रलेपःपित्तहन्मतः ॥ आर्द्रोघनस्त[illegible]ष्णःस्यात्प्रदेहःश्लेष्मवातहा। नरात्रौलेपनंकुर्य्याच्छुष्यमाणंनधारयेत् ॥ शुष्यमाणमु[illegible]ेतप्रदेहंपीडनम्प्रति। तमसापिहितोह्यूष्मालोमकूपमुखेस्थितः ॥ विना लेपेननिर्यातिरात्रौनलेपयेदतः। तमसारात्र्यन्धकारेण। रात्रावपिप्रलेपादिर्व्रणेदेयोविचक्षणैः। अपाकिन्यतिगम्भीरेरक्तश्लेष्मसमुद्भवे ॥ लेपोयथा। मधुकंचन्दनंमूर्वानलमूलञ्चपर्पटम्। उशीरंबालकंपद्मंप्रलेपःपित्तशोथहृत् ॥ प्रदेहोयथा। बीजपूरजटाहिंस्रादेवदारुमहौषधम्। रास्नाऽरणिःप्रदेहोऽयंवातशोथविनाशनः॥ अरणिरग्निमन्थः। कृष्णापुराणपिण्याकशिग्रुत्वक्सिक्ताशिवा। गोमूत्रपिष्टःकोष्णोऽयंप्रदेहःश्लेष्मशोथहा २२०॥

अवलेपकी विधि कहीजातीहै ॥

प्रलेप और प्रदेह यह लेप के दोभेद हैं यह भैंसे के गीले चमडे की मुटाई के समान प्रमाण में होनी चाहिये शतिल और सुखानेवाला पतला लेप प्रलेप कहलाता है इस्से पित्तकानाश होता है गीले गाढ़े और उष्ण लेपको प्रदेह कहते हैं इस्से कफवात का नाश होताहै रात्रि के समय लेप नहीं लगाना चाहिये और सूख जानेपर छुडा डालना चाहिये परन्तु घाव आदि से पीब निकालने के लिये सूखा लेप भी लगारहनेदे अन्धकार के द्वारा ढकी हुई रोमकूपों में स्थित ऊष्मा रात्रिके समय निकलतीहै इसलिये रात्रिकेसमय लेप न करना चाहिये परन्तु नहींपकेहुए बहुत गंभीर और रक्तकफसे उत्पन्नहुए घावमें रात्रिमें भी लेपलगाना चाहिये प्रलेपकी विधि मुलहठी, लाल चन्दन, मरोरफली, चीतेकीजड, पित्तपापडा, खस, सुगन्धबाला और कमल इनके लेपकरनेसे पित्तजनित सूजन का नाश होताहै प्रदेह, बिजौरा, नींबूकीजड, जटामांसी, देवदारु, सोंठ, रासना और अरणी काष्ठ इनका लेप वातजनित सूजन का नाश करताहै पीपल, पुरानी तिलकीखली, सहँजने की छाल, बालू और हड इनसबको गोमूत्रमें पीस गरम २ लेपकरने से कफजनित सूजन नष्टहोतीहै ॥ २२० ॥

अथ शोणितस्रावणविधिः ॥

शोणितंस्रावयेज्जन्तोरामयंप्रसमीक्ष्यच। प्रस्थंप्रस्थार्द्धमथवाप्रस्थार्द्धार्द्धमथापिवा॥ शरत्कालेस्वभावेनशोणितंस्रावयेन्नरः। त्वग्दोषग्रन्थिशोथाद्यानश्यन्तिरुधिरोद्भवाः॥ ऽभ्रे वर्षासुविद्युत्सुशीतेग्रीष्मेशरद्यपि। मध्याह्नेशीतकालेचरुधिरंस्रावयेद्बुधः ॥ २२१ ॥

रक्तस्रावण [फस्त] की विधि ॥

प्राणी के रोगको देखकर एकप्रस्थ आधे प्रस्थ अथवा चौथाई प्रस्थ रुधिर निकलवावे शरदृतु में स्वभावही से रुधिर निकलावाना चाहिये इस्सेरुधिर जनितत्वचाके दोष, ग्रंथि औरसूजनआदिकनष्ट होतेहैं वर्षा शीत ग्रीषम और शरदृतुमें मेघरहित मध्याह्नकालमें रुधिर निकलवानाचाहिये २२१ ॥

मधुरंवर्णतोरक्तमशीतोष्णंतथागुरु। शोणितंस्निग्धविस्रञ्चविदग्धंपित्तवद्भवेत् ॥ विस्रताद्रवतारागश्चलनंविलयस्तथा। भूम्यादिपञ्चभूतानामेतेरक्तेगुणाःस्मृताः ॥ २२२ ॥

मधुर, रक्तवर्ण अनुष्ण, शीत, भारी, स्निग्ध, आमकीसी गन्धिसे युक्त और विदाही रुधिर पित्तकारक होताहै रुधिर में आमकीसी दुर्गन्धि, पतलापन, रक्तता, चलना और लीन होजाना यह पृथ्वी आदि पांचों महाभूतों के गुणहैं ॥ २२२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रक्तेदुष्टेभवेच्छोथोरक्तमण्डलमेवच । व्यथादाहश्चपाकश्चकण्डूश्चपिडिकोद्गमः॥ वृद्धेरक्तांगनेत्रत्वंशिराणांपूर्णतातथा । गात्राणांगौरवंनिद्रामेहोदाहश्चजायते॥ क्षीणेऽस्रे मधुराकांक्षामूर्च्छाचत्वचिरूक्षता । शैथिल्यञ्चशिराणांस्याद्वातादुन्मार्गगामिता ॥ वातातूरूक्षक्षैण्यजनितात् ॥ २२३ ॥

रुधिर दूषित होने से सूजन, रुधिरके चकत्ते,व्यथा,दाह,पकना,खुजली और फुन्सी उत्पन्न होती हैं रुधिर अधिक होनेसे शरीरतथा नेत्रोंमें,रक्तता,शिराओंकी पूर्णता,शरीरका भारीपन,अधिक निद्रा, मद और दाह उत्पन्न होताहै रुधिर क्षीण होनेपर मधुर वस्तुकी इच्छा,मूर्च्छा,त्वचा में रूखापन तथा शिराओंकी शिथिलता होतीहै और रूखेपन वा क्षीणतासे उत्पन्नहुई वायुऊपरको जातीहै ॥ २२३॥

अरुणंफेनिलंरूक्षंपरुषंतनुशीघ्रगम् । अास्कन्दिसूचीनिस्तोदिरक्तंस्याद्वातदूषितम् ॥ पित्तेनपीतंहरितंनीलंश्यावञ्चविस्त्रकम् । अस्वादूष्णंमाक्षिकाणांपिपीलिकामनिष्टकम् ॥ शीतलंबहुलंस्निग्धंगैरिकोदकसन्निभम् । मांसपेशीप्रभंस्कन्दिमन्दगंकफदूषितम् ॥ द्विदोषदुष्टंसंसृष्टंत्रिदुष्टंपूतिगन्धकम् । सर्वलक्षणसंयुक्तंकाञ्जिकाभञ्चजायते ॥ विषदुष्टंभवेच्छ्यावंनासिकोन्मार्गगंतथा । विस्रंकाञ्जिकसंकाशंसर्वकुष्ठकरंतथा ॥ इन्द्रगोपप्रभंज्ञेयंप्रकृतिस्थमसंहतम् ॥ २२४ ॥

वायुसे दूषित रुधिर. लाल, फेनायुक्त, रूखा,कर्कश, पतला, शीघ्रगामी,विशद और शरीर में सुई चुभोने के समान पीडा देताहै पित्त से दूषित रुधिर.पीत, हरा, नीला, श्याम, आमकी दुर्गन्धिवाला मधुरतारहित, उष्ण और मक्खी तथा चैंटियों को अप्रिय होताहै और कफसे दूषित रुधिर शीतल बहुत चिकना गेरू मिलेहुये जल के समान वर्णवाला, मांसपेशी के समान कान्तिवाला, पिच्छिल और धीरेचलने वाला होताहै दो दोषोंसे दूषित रुधिर दो दोषों के लक्षणवाला और तीन दोषों से दूषित रुधिर आम के समान गन्धियुक्त कांजी के समान आभावाला तथा त्रिदोषों के संपूर्णलक्षणों से युक्त होताहै विष दूषित रुधिर श्यामवर्ण आमकी गन्धिवाला कांजी के समान आभायुक्त नाक के द्वारा ऊपर से निकलनेवाला और सबप्रकारोंके कुष्ठों का उत्पन्न करने वाला होताहै निर्दोष रुधिर बीरबहूटी के समान वर्ण वाला और पतला होताहै ॥ २२४ ॥

शोथेदाहेऽङ्गपाकेचरक्तवर्णोऽसृजःस्रुतौ। वातरक्तेतथाकुष्ठेसपीडेदुर्जयेऽनिले ॥ पाण्डुरोगेश्लीपदेचविषदुष्टेचशोणिते । ग्रन्थ्यर्बुदापचीक्षुद्ररोगाधिमन्थकाभिधे॥ विदारीस्तनरोगेषुगात्राणांसादगौरवे। रक्ताभिष्यन्दतन्द्रायांपूतिघ्राणास्यदाहके ॥ यकृत्प्लीहविसर्पेषुविद्रधौपिडिकोद्गमे । कर्णौष्ठघ्राणवक्त्राणांपाकेदाहेशिरोरुजि॥ उपदंशेरक्तपित्तेरक्तस्रावेप्रशस्यते । दोषेष्वेषुप्रक्षणैर्वाजलौकालाबुकादिभिः ॥ अथवापिशिरामोक्षैःकारयेद्रक्तपातनम् ॥ २२५ ॥

सूजन और दाह शरीर का पकना,शरीरका रक्तवर्णहोना,रुधिर का बहना,वात रक्त,कुष्ठ अत्यन्त पीडादायक,दुर्जय,वात,पांडु,श्लीपद,रुधिर का विषसे दूषित होना, ग्रन्थि, अर्बुद, अपची छिद्ररोग अधिमन्थ,विदारी,दूधके रोग,शरीर का टटना तथा भारीपन, रक्ताभिष्यन्द,तन्द्रा नासिककी दुर्गन्धि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मुखका दाह, रक्त, प्लीहा, वीसर्प, विद्रधि, फुन्सी, कान, ओठ, नासिका तथा मुखकापकना, दाह, शिरके रोग, उपदंश और रक्तपित्त इनसम्पूर्ण रोगोंमें रुधिर निकलवाना श्रेष्ठहै ऊपर कहेहुए रोगोंमें सींगी, जोंक, तोंबी के द्वारा अथवा फस्त लेकर रुधिर निकलवाना चाहिये ॥ २२५ ॥

नकुर्वीतशिरामोक्षंकृशस्यातिव्यवायिनः । क्लीबस्यभीरोर्गर्भिण्याःसूतायाःपाण्डुरोगिणः ॥ पञ्चकर्मविशुद्धस्यपीतस्नेहस्यचार्शसाम् । सर्वांगशोथयुक्तानामुदरिश्वासकासिनाम् ॥ छर्द्यतीसारकुष्ठानामतिस्विन्नतनोरपि । ऊनषोडशवर्षस्यगतसप्ततिकस्यच ॥ आघातात्स्नुतरक्तस्यशिरामोक्षोनशस्यते । तथाचस्नुतरक्तस्यरक्तपित्तादिनागतरक्तस्य एषांचात्ययिकेरोगेजलौकाभिर्विनिर्हरेत् । तथाचविषजुष्टानांशिरामोक्षोपिशस्यते ॥ गोशृंगेणजलौकाभिरलाबूभिरपित्रिधा । वातपित्तकफैर्दुष्टंशोणितंस्नावयेद्बुधः ॥ द्विदोषाभ्यान्तुदुष्टंयत्त्रिदोषैरपिदूषितम् । दूषितंस्नावयेद्युक्त्याशिरामोक्षैःपदैस्तथा ॥ २२६ ॥

कृश, अत्यन्त मैथुन करनेवाला, नपुंसक, भयभीत, गर्भिणी, शीघ्रप्रसूतास्त्री, पांडुरोगी, पञ्चकर्मशुद्ध स्नेहपान कियेहुए बवासीर रोगवाला, सबअंगोंमें सूजनवाला और उदर, श्वास, खांसी, छर्दि, अतीसार तथा कुष्ठरोग से व्याकुल इनसबको फस्तलेना हितकारी नहीं है अत्यन्त स्वेदादियागया सोलहवर्ष की उमर से कम सत्तरबर्ष की अवस्था से ऊपर और जिस के रक्त पित्तादिरोगोंसे रुधिर निकल गयाहो इनसबको भी फस्त लेना हितकारी नहीं है परन्तु यह सम्पूर्ण रोग मिले झुले होंतो जोंक लगवाकर रुधिर निकालना चाहिये और जो विषसे युक्त होयँ तो फस्त लेना उपकारी है वातपित्त तथा कफके द्वारा रुधिर के दूषित होनेपर क्रमसे सिंगी जोंक तथा तोंबीके द्वारा रुधिर निकलवाना चाहिये दोदोष अथवा तीनदोषोंसे रुधिर न दूषित होनेपर युक्तिपूर्व्वक फस्तसे अथवा पद से रुधिर निकलवाना चाहिये ॥ २२६ ॥

गृह्णातिशोणितंशृंगंदशांगुलमितम्बलात् । जलौकाहस्तमात्रंतुतुम्बीतुद्वादशांगुलम् ॥ पदमंगुलमात्रस्याशिरासर्वांगशोधिनी ॥ २२७ ॥

सींगीसे दशअंगुल तक का जोंकों से हाथभरका तोंबी से बारह अंगुलतकका पद से एक अंगुल तक का और फस्त लेनेसे सम्पूर्ण शरीर भरेका रुधिर शुद्ध होताहै ॥ २२७ ॥

शीतेनिरन्नेमूर्च्छार्तिनिद्राभीतिमदश्रमैः ॥ युक्तेनास्नावयेद्रक्तंतथाविण्मूत्रसंगिनाम् ॥ शोणितेचाप्रवृत्तेतुकुष्ठत्रिकटुसैन्धवैः ॥ मर्द्दयेद्व्रणवक्त्रञ्चतेनरक्तंप्रवर्त्तते ॥ तस्मान्नशीतेनात्युष्णेनास्विन्नेनातितापिते ॥ पीत्वायवागूंतप्तस्यस्नावयेच्छोणितंबुधः ॥ अतिस्विन्नस्योष्णकालेतथैवातिशिराव्यधात् ॥ अतिप्रवर्त्ततेरक्तंतत्रकुर्यात्प्रतिक्रियाम् ॥ अतिप्रवृत्तेरक्तेतुलोध्रसर्ज्जरसाञ्जनैः ॥ यवगोधूमचूर्णैश्चयवधन्वनगैरिकैः ॥ सर्पनिर्म्मोकचूर्णैर्वाभस्मनाक्षौमवस्त्रयोः ॥ मुखंव्रणस्यबद्ध्वाचशीतैश्चोपचरेद्व्रणम् ॥ विध्येदूर्ध्वंशिरान्तावद्दहेत्क्षारेणवह्निना ॥ २२८ ॥

शीत, उपवास, निद्रा, भय, मद, श्रम और मल, मूत्र के वेग में रुधिर नहीं निकलवाना चाहिये जो फस्त देने से रुधिर निकले तो कूट त्रिकटु और सेंधानोन मिलाकर घाव के ऊपर रगड़ने से रुधिर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

निकलताहै शीतकाल अत्यन्त उष्णऋतु स्वेदक्रिया और संतर्पणक्रिया में रुधिर नहीं निकलवाना चाहिये बुद्धिमान् वैद्य यवागू को पिलाकर तृप्तहुए मनुष्य का रुधिर निकलवावे अत्यन्त स्वेदयुक्त मनुष्यका उष्णकाल में अथवा बड़ीसिराके छिदजाने से जो बहुत रुधिर निकले तो उसका यत्न करे बहुत रुधिर के बहनेपर लोध, राल, रसौत, जौ तथा गेहुँओंका आटा, धवई, जवासा, गेरू, सर्पकी काँचलीका चूर्ण अथवा रेशमी कपड़े की भस्म के द्वारा घाव के मुखको बाँधकर शीतल इलाजकरे और ऊपर की नस को छेदकर क्षार अथवा अग्नि से घाव के मुख को जलावे ॥ २२८ ॥

व्रणंकषायःसन्धत्तेरक्तंस्कन्दयतेहिमः। व्रणास्यंयोजयेत्क्षारोदाहःसङ्कोचयेच्छिराः ॥ रक्तेदुष्टेऽवशिष्टेपिव्याधिर्नैवप्रकुप्यति। अतोरक्षेत्सावशेषंरक्तेनातिस्रुतिर्हिता ॥ आन्ध्यमाक्षेपकंतृष्णान्तिमिरंशिरसोरुजः। पक्षाघातंश्वासकासौहिक्कादाहौचपाण्डुताम् ॥ कुरुतेऽतिस्रुतंरक्तंमरणंवाकरोतिच। देहस्योत्पत्तिरसृजादेहस्तेनैवधार्य्यते ॥ रक्तंजीवस्यचाधारस्तस्माद्रक्षेदसृग्बुधः। शीतोपचारैःकुपितेस्रुतरक्तस्यमारुते ॥ कोष्णेनसर्पिषाशोथंसव्यथंपरिषेचयेत्। क्षीणस्यैणशशोरभ्रहरिणच्छागमांसजः ॥ रसःसमुचितःपानेक्षीरंषष्टिकयाहितम्। पीडाशान्तिर्लघुत्वंचव्याध्युपद्रवसंक्षयः ॥ मनःस्वास्थ्यंभवेच्चिह्नंसम्यङ्निःसारितेऽसृजि। व्यायाममैथुनक्रोधशीतस्नानप्रवातकान् ॥ एकाशनंदिवानिद्राक्षाराम्लकटुभोजनम्। शोकंवादमजीर्णंचत्यजेदाबलदर्शनात् ॥ २२६ ॥

कषाय घाव को जोड़ताहै, शीत क्रिया रुधिर को गाढ़ा करती है, क्षार घाव के मुखको जोड़ताहै और जलाने से सिरा शिकुड़जातीहै जो दूषितरुधिर कुछ बाकीभी रहजाय तो रोग कुपित नहीं होता इसलिये कुछ रुधिर बचालेना चाहिये क्योंकि रुधिर का बहुत निकलना अच्छा नहीं होता बहुत रुधिर निकलवानेसे अन्धता, आक्षेप, तिमिरि, तृषा, शिरकीपीड़ा, पक्षाघात, श्वास, खांसी, हिचकी, दाह, पाण्डुरोग और मृत्युभी होती है रुधिर से शरीर की उत्पत्ति तथा स्थिति होतीहै और रुधिरही जीव का आधारहै इसलिये यत्नपूर्वक रुधिर की रक्षा करना चाहिये रुधिर निकलवानेवालेकी वायु जो शीतल क्रियाओं से कुपित होजाय तो कुछ उष्ण घी से पीड़ायुक्त घाव की सूजन को सींचे रुधिर निकलनेसे क्षीण होनेवाले पुरुषको एण, खरगोश, भेड़, हिरन अथवा बकरेके मांसका रस पिलावे या सांठी के चावलों की खीर पिलावे पीड़ा की शांति, शरीरका हलकापन, रोगके उपद्रवोंका नाश और मनकी प्रसन्नता यह अच्छेप्रकारसे रुधिर निकलने के लक्षणहैं रुधिर निकलवाके जबतक बल न आजाय तबतक व्यायाम, मैथुन, क्रोध, शीतक्रिया, स्नान, अधिक वायु, एकबार भोजन, दिनको सोना, खार, खटाई तथा कटु वस्तुका खाना, शोक, बकबाद और अजीर्णकारी वस्तुओंका भोजन इन सबको त्याग करे ॥ २२६ ॥

अथ प्रसादनकर्म्माणि ॥

सेकआश्च्योतनंपिण्डीविडालस्तर्पणंतथा ॥ पुटपाकेऽञ्जनञ्चेतिकृत्वानेत्रमुपाचरेत् २३०

नेत्रप्रसादनकर्म ॥

सेक, आश्च्योतन, पिण्डी, विडाल, तर्पण, पुटपाक और अञ्जन इन सब उपायों से नेत्रोंका इलाज करनाचाहिये ॥ २३० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ कल्पोविधिः । तत्रसेकाविधिः ।

सेकस्तुसूक्ष्मधाराभिःसर्वस्मिन्नयनेहितः। मीलिताक्षस्यमर्त्यस्यप्रदेयश्चतुरंगुलात्॥ ससस्नेहोभवेद्वातेपित्तेरक्तेचरोपणः । लेखनस्तुकफेकार्यस्तस्यमात्राभिधीयते ॥ षड्भिर्वाचांशतैःस्नेहे चतुर्भिश्चैवरोपणे॥ तैस्त्रिभिर्लेखनेकार्य्यःसेकोनेत्रप्रसादने ॥ निमेषोन्मेषणंपुंसामंगुल्याच्छोटिकाथवा । गुर्वक्षरोच्चारणंवावाङ्मात्रेयंस्मृताबुधैः ॥ सेकस्तुदिवसेकार्योरात्रौचात्यन्तिकेगदे । एरण्डस्यदलैःपिष्टैःपक्कमाज्यंपयोहितम् ॥ सुखोष्णंनेत्रयोरन्तःसिक्तंवातार्त्तिनाशनम् ॥ २३१ ॥

सेककी विधि ॥

नेत्रको मींचेहुए पुरुषके नेत्रपर चार अंगुल की दूरीसे सूक्ष्म धाराके द्वारा सींचना हितकारी होताहै वातरोगमें स्नेहन(चिकनाई)पित्त अथवा रुधिरके रोगमें रोपण और कफकेरोगोंमें लेखन(कृशकारक) सेक हितकारीहै स्नेहनसेकका काल ६०० मात्रा रोपण सेकका ४०० मात्रा और लेखन सेकका काल ३०० मात्राका होताहै नेत्रोंका खोलना मूंदना चुटकी बजाना अथवा एक गुरुअक्षरका उच्चारण करना इनमें जितना समय लगताहै उसको एक वाङ्मात्रा कहतेहैं सेकक्रिया दिनमें करनी चाहिये परन्तु अत्यन्त कठिन पीड़ा होनेपर रात्रिको भी करे रेंडीके पत्ते जड़ तथा छालके द्वारा बकरीके दूधको पकाकर कुछ गरम २ नेत्रोंके भीतर सेकदेनेसे वातके सबरोग दूर होते हैं ॥ २३१ ॥

अथाश्च्योतनविधिः ॥

क्वाथक्षौद्रासवस्नेहबिन्दूनांयत्तुपातनम् ॥ द्व्यंगुलोन्मीलितेनेत्रेप्रोक्तमाश्च्योतनंहितत् । बिन्दवोऽष्टौलेखनेषुरोपणेदशबिन्दवः ॥ स्नेहनेद्वादशप्रोक्ताःशीतलेकोष्णरूपिणः ॥ उष्णेतुशीतरूपाःस्युःसर्वत्रैवैषनिश्चयः ॥ वातेतिक्तंतथास्निग्धंपित्तेमधुरशीतलम् ॥ कफेतिक्तोष्णरूक्षंचक्रमादाश्च्योतनंहितम् । आश्च्योतनानांसर्वेषांमात्रास्याद्वाक्शतोन्मिता ॥ ततःपरंलोचनाभ्याम्भेषजानामयोगतः । आश्च्योतनं न कर्त्तव्यंनिशायां केनचित्क्वचित् ॥ (तद्यथा) बिल्वादिपञ्चमूलेनबृहत्येरण्डशिग्रुभिः ॥ क्वाथ आश्च्योतनेकोष्णोवाताभिष्यन्दनाशनः ॥ २३२ ॥

आश्च्योतनकीविधि ॥

खुलेहुए नेत्रोंमें क्वाथ, सहत, आसव तथा स्नेहकी बूंदोंका दो अंगुलकी दूरीसे टपकाना आश्च्योतन कहाताहै लेखनमें आठ बूंद, रोपणमें दश बूंद और स्नेहनमें बारह बूंद छोडनी चाहिये शीत से हुए नेत्ररोगमें कुछ उष्ण और उष्णतासे हुए नेत्ररोगमें शीतल आश्च्योतन हितकारी है वातरोगमें तिक्त और स्निग्ध पित्तरोग में मधुर और शीतल तथा कफरोगमें तिक्त उष्ण और सूखा आश्च्योतन हितकारीहै सम्पूर्ण आश्च्योतन धारण करनेका समय एकसौमात्राहै इससे अधिक न धारण करना चाहिये क्योंकि इसके उपरान्त नेत्रोंमें औषधिका योग नहीं होता और रात्रिके समय कभी आश्च्योतन न करना चाहिये बेल आदिक पञ्चमूल, भटकटैया, रेंडी और सहँजना इनसब के कुछ उष्ण क्वाथके द्वारा आश्च्योतन करनेसे वातका अभिष्यन्द नष्ट होताहै ॥ २३२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ पिण्डीविधिः ॥

युक्तभेषजकल्कस्यपिण्डीकवलमात्रया। वस्त्रखण्डेनसंबध्वानेत्रेऽभिष्यन्दनाशिनी ॥ स्निग्धोष्णापिण्डिकावातेपित्तेसाशीतलामता। रूक्षोष्णाश्लेष्मणिप्रोक्ताधिरुक्तोबुधैरयम् ॥ (सा यथा) धात्रीविरचितापित्तेशिग्रुपत्रकृताकफे २३३ ॥

पिण्डी (पोटली) की विधि ॥

यथायोग्य औषधियोंके कल्कसे एक ग्रासके समान बनाईहुई पिंडियाको वस्त्रमें बाँधकर नेत्रोंमें लगानेको पिण्डी विधि कहतेहैं इससे नेत्रोंका अभिष्यन्द नष्टहोताहै वातरोगमें स्निग्ध तथा उष्ण पिण्डी पित्तरोगमें शीतल पिण्डी और कफरोगमें रूखी तथा उष्ण पिण्डी कहीगईहै रेंडीकी जड़ तथा छालकी पिण्डी वातरोगनाशक होतीहै आंवलेकी पिण्डी पित्तरोगनाशक और सहँजनेके पत्तोंकी पिण्डी कफरोगनाशक होतीहै ॥ २३३ ॥

अथ विडालकविधिः ॥

विडालकोबहिर्लेपोनेत्रपक्ष्मविवर्जितः । तस्यमात्रापरिज्ञेयामुखालेपविधानवत् ॥ यष्टीगैरिकसिन्धूत्थदार्वीताक्ष्यैःसमांशकैः। जलपिष्टैर्बहिर्लेपःसर्वनेत्रामयापहः २३४ ॥

विडालक की विधि ॥

पलकों को छोडकर नेत्रोंके ऊपर लेपकरने को विडालक कहतेहैं विडालककी मात्रा मुखके लेपके समान होतीहै मुलहठी,गेरू,सैंधानोन,दारुहल्दी और रसौत यह संपूर्ण समभाग लेकर जलसे पीस नेत्रोंके ऊपर लेपकरने से नेत्रोंके सबरोग दूर होतेहैं ॥ २३४ ॥

अथ तर्पणविधिः ॥

वातातपरजोहीनेवेश्मन्युत्तानशायिनः । अभितोमाषचूर्णेनक्लिन्नेनपरिपिण्डितौ ॥ ससमौदृढौचसम्बाधौकर्त्तव्यौनेत्रकोशयोः । पूरयेद्घृतमण्डेनविलीनेनसुखोदकैः ॥ सपिषाशतधौतेनक्षीरजेनघृतेनवा । निमग्नान्यक्षिपक्ष्माणियावत्स्युस्तावदेवहि ॥ पूरयेन्मीलितेनेत्रेततउन्मीलयेच्छनैः । भिषग्भिरेषविख्यातस्तर्पणस्योदितोविधिः ॥ यद्रूक्षपरिष्यन्दिनेत्रंकुटिलमाविलम् । शीर्णपक्ष्मशिरोत्पातकृच्छ्रोन्मीलनसंयुतम् ॥ तिमिरार्जुनशुक्राद्यैरभिष्यन्दाधिमन्थकैः । शुष्काक्षिपाकशोथाभ्यांयुतंवातविपर्ययैः ॥ दत्तेनतर्पयेत्सम्यङ्नेत्ररोगविशारदः । तर्पणंधारयेद्वर्त्मरोगेवाचांशतंबुधैः ॥ स्वस्थेकफेसन्धिरोगेवाचांपञ्चशतानिच । षट्शतानिकफेकृष्णरोगेसप्तशतानिहि ॥ दृष्टिरोगेशतान्यष्टावधिमन्थेसहस्रकम् । सहस्रंवातरोगेषुधार्यमेवहितर्पणम् ॥ पूर्णेचापांगमार्गेणस्रावयित्वाक्षिशोधयेत् । स्विन्नेनयवपिष्टेनस्नेहवीर्यैरितंततः ॥ यथास्वन्धूमपानेनकफमस्यविरेचयेत् । एकाहंवात्र्यहंवापिपञ्चाहंतर्पणञ्चरेत् ॥ तर्पणेतृप्तिलिंगानिनेत्रस्यैतानिलक्षयेत् । सुखस्वप्नावबोधत्वंवैशद्यंनेत्रपाटनम् ॥ निर्वृतिर्व्याधिशान्तिश्चक्रियालाघवमेवच । निर्वृतिःसुखंक्रियालाघवम् । नेत्रस्यक्रियायांनिमेषोन्मेषादौ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लघुता । ...विलमतिस्निग्धमश्रुकण्डूपदेहवत् ॥ घर्षतोदयुतंनेत्रमतितर्पितमादिशेत् ॥ आस्रा...शोफपीडाढ्यमुपदेहसमाकुलम् । रूक्षमास्रावमरुणंनेत्रंस्याद्धीनतर्पितम् ॥ अनयोर्दोषबाहुल्यात्प्रयतेतचिकित्सिते । रूक्षस्निग्धोपचाराभ्यामेतयोःस्यात्प्रतिक्रिया ॥ (अनयोःअतितर्पितहीनतर्पितयोः) दुर्दिनात्युष्णशीतेषुचिन्तायांसंभ्रमेषुच । अशान्तोपद्रवेचाक्षितर्पणं न प्रशस्यते २३५ ॥

तर्पणकी विधि ॥

वायु धूप और धूलिरहित स्थानमें रोगीको चित्तलिटाकर उर्दकी पिट्ठीसे दोनों नेत्रोंमें कटोरीके समान मज़बूत घेराबनावे और नेत्र बन्दकराकर उसमें टिघलाहुआ घी मांड गरमजल सौबेरका धोया हुआ अथवा दूधसे निकालाहुआ घी जबतक पलकें न डूबजायँ तबतक भरे फिर धीरे २ रोगी से नेत्र खुलवावे यह वैद्यलोगोंने तर्पणकी विधि वर्णनकी है रूखापन,सूखना, कुटिलता, मैलापन, पलकोंका गिरना, सिराओंका उत्पात, कठिनतासे खुलना,तिमिर,अर्जुन,शुक्र अभिष्यन्द,अधिमन्थ,पाक,सूजन और वात विपर्यय इनदोषोंवाले नेत्रोंमें तर्पणविधि उत्तमकहीहै वर्त्मरोगमें एकसौ मात्रातक,कफकी स्वस्थता तथा सन्धिरोगमें पांचसौमात्रा,कफरोगमें छःसौमात्रा,कृष्णरोगमें सातसौमात्रा, दृष्टिरोगमें आठसौमात्रा और अधिमन्थ तथा वातरोगमें हज़ार मात्रातक तर्पणका धारण करनाचाहिये यह पण्डितोंका मतहै फिर नेत्रके कोनेसे उसभरेहुएपदार्थको निकालकर जौकेआटेसे स्नेहवीर्य(नेत्रोंमेंतेल आदि लगानेसे जो क्लेशहो) कानाश और नेत्रोंका शोधनकरे फिर यथायोग्य धूमपान कराकर कफ निकलवावे एकदिन तीनदिन अथवा पांच दिनतक तर्पणकरे अच्छे प्रकारसे तर्पण होजानेके यह लक्षण हैं कि सुखपूर्वक निद्रा, नेत्रोंकी निर्मलता,सामर्थ्यसुख,खोलने मूंदनेमें शीघ्रता और रोगकी शान्ति बहुत तर्पण होनेसे भारीपन, मैलापन,बहुत चिकनापन,आंसुओंका बहना,खुजली, रगडनेसे पीडा और उपदेह (नेत्रोंका लिपाहुआ सा होना)होताहै तर्पणके अच्छे प्रकारसे नहोनेपर आंसुओंका बहना,सूजन,पीडा,ललाई,रूखापन,मैलापन और उपदेह होताहै तर्पणकी अधिकता और हीनतामें दोषोंकी अधिकता होनेमें चिकित्साकरे रूखे और स्निग्ध उपचारोंसे इनकी चिकित्सा होतीहै मेघसे छायेहुये दिनमें अत्यन्तउष्ण तथा शीतकालमें चिन्तामें भ्रममें और उपद्रवोंके शान्त न होनेमें नेत्रोंका तर्पण न करना चाहिये ॥ २३५ ॥

अथ पुटपाकविधिः ॥

द्वेबिल्वेस्निग्धमांसस्यपरद्रव्यपलंमतम् । द्रवस्यकुडवोन्मानंसर्वमेकत्रपेषयेत् ॥ तदेकत्रसमालोड्यपत्रैःसुपरिवेष्टितम् । पुटपाकविधानेनतत्पश्चात्तद्रसंबुधैः । तर्पणोक्तेन विधिनायथावदवधारयेत् ॥ दृष्टिमध्येनिषेच्यःस्यान्नित्यमुत्तानशायिनः । स्नेहनोलेखनश्चैवरोपणश्चेतिसत्रिधा ॥ हितःस्निग्धोऽतिरूक्षस्यास्निग्धस्यसतुलेखनः । दृष्टेर्बलार्थमितरःपित्तासृग्व्रणवातनुत् ॥ (इतरोरोपणः) स्नेहमांसवसामज्जामेदःस्वाद्वौषधैः कृतः । स्नेहनःपुटपाकःस्याद्धार्योऽयंवाक्शतंनरः ॥ जांगलानांयकृन्मांसैर्लेखनद्रव्यसंयुतैः । कृष्णलोहरजस्ताम्रशङ्खविद्रुमासिन्धुजैः ॥ समुद्रफेनकाशीसस्रोतोञ्जदधिमस्तुभिः । लेखनोवाक्शतंतस्यपरंधारणमिष्यते ॥ स्तन्यजांगलमध्वाज्यतिक्तद्रव्यविपा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चितम्। लेखनात्त्रिगुणोधार्यःपुटपाकस्तु रोपणः ॥ (तिक्तकद्रव्याण्याह) निम्बामृताटृषपटोलनिदिग्धिकाभिःस्यात्पञ्चतिक्तकइतिप्रथितोगणोऽयम् ॥ चरेत्तर्पणोक्तांतुक्रियांव्यापत्तिदर्शने। व्यापत्तिदर्शनेमिथ्याकृतपुटपाकजनितव्याधिदर्शने ॥ तेजांस्यनिलमाकाशमादर्शम्भास्वराणिच। नेक्षेततर्पितेनेत्रेयइचवापुटपाकवान् ॥ २३६ ॥

पुटपाककी विधि ॥

स्निग्ध मासके दोपल अन्यऔषधी एकपल और पतली वस्तु आठपल इनसबको एकसाथ पीसकर एकमेंमिलायकर पुटपाककी विधिसे पत्तोंमें लपेटकर पाककरे फिर रोगीको चित्त लिटाकर पुटपाक में कही हुई विधि के अनुसार इन औषधियोंका रस नेत्रमें छोडे स्नेहनरोपण और लेखन भेद से पुटपाक तीनप्रकारका है अत्यन्त रूखे को स्नेहन स्निग्धको लेखन और दृष्टि में बल उत्पन्न करने केलिये रक्तपित्त घाव तथा वातके शान्त करने के लिये रोपण पुटपाक हितकारी है स्नेह मांस चरबी मज्जा मेद और मधुर औषधियों के द्वारा स्नेहन पुटपाक होता है यह दोसौ वाक्य उच्चारण पर्यन्त नेत्रों में धारण करना चाहिये जांगलपशुओं की यकृत् तथा मांस,लेखन औषध, काले लोहकाचूर्ण, तांबा, शङ्ख, मूंगा, सेंधानोन, समुद्रफेन, कसीस, सुरमा और दहीका तोड इनसब वस्तुओं से लेखन पुटपाक होताहै यह एकसौ वाक्य उच्चारण पर्यन्त धारण करनाचाहिये दूध,जङ्गली पशुओंकी मज्जा तथा घी और तिक्त द्रव्य (नींब गिलोय बांसा परवल और भटकटैया यह सब मिलकर पञ्चतिक्त कहाते हैं) के द्वारा रोपण पुटपाक होताहै यह तीन सौ वाक्य उच्चारण पर्यन्त धारण करना चाहिये पुटपाक के बिगडजानेसे रोगोंके उत्पन्न होनेपर तर्पण में कहीहुई क्रिया के द्वारा चिकित्सा करे तर्पण अथवा पुटपाक के उपरान्त तेजयुक्त पदार्थ वायु आकाश दर्पण और चमकीली वस्तुओं को न देखे ॥ २३६ ॥

अथाञ्जनविधिः ॥

अथसंपक्वदोषस्यप्राप्तमञ्जनमाचरेत्। अञ्जनंक्रियतेयेनतद्द्रव्यंचाञ्जनंमतम् (तद्यथा) रसोवटीस्तथाचूर्णमितित्रिविधमञ्जनम्। यथापूर्वंबलंतेषुस्नेहमाहुर्मनीषिणः ॥२३७॥

अञ्जनकी विधि ॥

दोषोंके परिपाक होजाने पर यथायोग्य अञ्जनकरे जिन वस्तुओंका नेत्रमें अञ्जन लगाया जाताहै उनको अञ्जन कहते हैं अञ्जन तीन प्रकार का है गोली रस और चूर्ण यह क्रमसे उत्तरोत्तर अधिक बल तथा स्नेह से युक्त होते हैं ॥ २३७ ॥

तत्प्रत्येकंत्रिधाप्रोक्तंलेखनंरोपणंतथा।स्नेहनंचेतिलिङ्गानितेषांविस्तरतःशृणु॥ लेखनंक्षारतीक्ष्णाम्लरसैरञ्जनमुच्यते। नेत्रवर्त्मशिराजालश्रोत्रशृङ्गाटकस्थितम् ॥ मुखनासाक्षिभिर्दोषमुत्क्लिश्यस्रावयेच्चतत्। कषायंतिक्तकंचापिसस्नेहंरोपणंमतम् ॥ स्नेहस्य शैत्याद्वर्ण्यंस्याद्दृष्टेश्चबलवर्द्धनम्। मधुरंस्नेहमण्डंतदञ्जनंस्यात्प्रसादनम् ॥ दृष्टिदोषप्रसादार्थंस्नेहनार्थञ्चतद्धितम्। एरण्डमात्रावर्त्तिस्तुलेखनीस्यात्प्रमाणतः ॥ साद्वैकंरेणुकामितारोपणीवर्त्तिरिष्यते। क्रियतेस्नेहनीवर्त्तिर्द्विहरेणुकमात्रया ॥ रसाञ्जनस्य मात्रातुपिष्टावर्त्तिमितामता ॥ २३८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यह लेखन, रोपण और स्नेहन भेदसे तीन २ प्रकार के हैं क्षार, तीक्ष्ण तथा खट्टी वस्तुओं से जो अञ्जन बनता है उसको लेखन कहतेहैं लेखन,अञ्जन,लगाने से नेत्रवर्त्म,शिरा,कान और शृङ्गाटक में स्थित दोष,मुख, नासिका तथा नेत्रों के द्वारा उखड़कर निकल जाता है कषैली, तिक्त वस्तु और स्नेह के द्वारा जो अंजन बनता है उसको रोपण कहते हैं रोपण अंजन स्नेहकी शीतलता से वर्ण का उत्तम करनेवाला और नेत्रों के बलका बढ़ानेवाला होताहै मधुर वस्तु और स्नेह के द्वारा जो अञ्जन बनता है वह स्नेहन कहाताहै दृष्टिके दोषोंकी शान्ति और स्नेहन के लिये यह श्रेष्ठ होताहै अञ्जन लगानेके लिये लेखनीवर्त्ति (सलाई) हरेणु (गगनधूल) के समान रोपणीवर्त्ति (सलाई) डेढ़ हरेणु के समान परिमाणवाली और स्नेहनीवर्त्ति दो हरेणुके समान परिमाणवाली होती है और रसाञ्जन की मात्रा पिष्टवर्त्ति के समान होती है ॥ २३८ ॥

चूर्णन्तुलेखनंवैधैर्द्विशलाकंप्रदीयते । रोपणंत्रिशलाकंस्याच्चतस्रःस्नेहनाञ्जने ॥ (चतस्रःशलाकाःस्नेहनाञ्जनेचूर्णे) मुखेयामुकुलाकाराकलायपरिमण्डला । अष्टांगुलाशलाकास्यादश्मजाधातुजाथवा ॥ (कलायपरिमण्डलाअग्रेकलायवद्वर्त्तुला)ताम्रलोहाश्मसंजाताशलाकालेखनेमता । सुवर्णरजतोद्भूतास्नेहनेसमुदाहृता ॥ अंगुलीचमृदुत्वेन रोपणेसंप्रयुज्यते । कृष्णाभागावधिंलिम्प्यादपाङ्गंयावदञ्जनम् ॥ हेमन्तेशिशिरेचैवमध्याह्नेऽञ्जनमिष्यते । पूर्वाह्लेवापराह्लेवाग्रीष्मेशरदिचेष्यते । वर्षास्वनभ्रेनात्युष्णेवसन्तेतुसदैवहि ॥ अथवासर्वदाप्रातःसायंवाञ्जनमाचरेत् । नातिशीतोष्णवाताभ्रवेलायांतत्प्रयुज्यते॥ श्रान्तेऽथरुदितेभीतेपीतमद्येनवज्वरे। अजीर्णेवेगघातेचनाञ्जनंसंप्रयुज्यते ॥ रागोपदेहौतिमिरंशूलंसंरम्भमेवच । निद्राक्षयंचकुरुतेनिषिद्धेयुक्तमञ्जनम् ॥ २३९ ॥

लेखन अञ्जन का चूर्ण दोशलाका निरूपण का तीनशलाका और स्नेहनका चारशलाका प्रयोग करना चाहिये शलाका मुखमें फूलकी कली के समान,अग्रभागमें मटर के समान,गोल,आठ उंगल की लम्बी,पत्थर अथवा धातुकीहोनी चाहिये लेखनमें ताम्र, लोह अथवा पत्थर की शलाका स्नेहन में चाँदी अथवा सुवर्ण की शलाका और रोपणमें कोमलताके कारण शलाकाके स्थानमें उंगली का व्यवहार करना चाहिये नेत्रके कृष्णभागसे लेकर कोरतक अञ्जन लगाना चाहिये हेमन्त तथा शिशिरऋतुमें मध्याह्न के समय ग्रीष्म तथा शरदऋतुमें पूर्वाह्ण अथवा पराह्णमें वर्षा में मेघरहित अथवा अत्यन्त उष्णतासे रहित समय में और वसन्तऋतु में सदैव अञ्जन लगाना उचितहै अथवा सम्पूर्ण ऋतुओं में प्रातःकाल और सायंकाल में अञ्जन लगाना चाहिये अत्यन्त शीत उष्ण वायु और मेघों से रहित समय में अञ्जन लगाना चाहिये थकाहुआ, रोदन कियाहुआ, भययुक्त, मद्यपिये हुआ, नवीन ज्वरवाला, अजीर्णवाला और मल मूत्र आदिवेगों का धारण करनेवाला इनसबको अञ्जन लगाना हितकारी नहीं है निषिद्ध अवस्था में अञ्जन लगानेसे ललाई नेत्रलियेहुये से मालूम होना, तिमिर, शूल, घबराहट और निद्राका नाश होताहै ॥ २३९ ॥

अथ वर्त्तीलेखनीयथा ॥

शङ्खनाभिर्विभीतस्यमज्जापथ्यामनःशिलाः । पिप्पलीमरिचंकुष्ठंवचाचेतिसमांशकम् ॥ छागक्षीरेणसंपिष्यवर्त्तिंकुर्याद्यवोन्मिताम् । एरण्डमात्रांसंपिष्यजलैःकुर्य्याद्यथा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ञ्जनम् ॥ तिमिरंमांसवृद्धिंचकाचंपटलमर्बुदम् । रात्र्यन्धंवार्षिकंपुष्पंवर्त्तिश्चन्द्रोदया हरेत् ॥ (इति चन्द्रोदयवर्त्तिलेखनी) २४० ॥

लेखनी बत्ती ॥

शङ्ख की नाभि, बहेडेकी मींगी, हड, मैनशिल, पीपल, मिर्च, कूट और वच यह सम्पूर्ण समभाग बकरी के दूधमें जौके समान बत्ती बनावे फिर इसको हरेणु के परिमाण जल में पीसकर अञ्जन लगावे यह चन्द्रोदय नाम बत्ती तिमिर, मांसवृद्धि, काच, पटल, अर्बुद, रतौंधी और कालेतिलकी फुल्लीको नष्ट करतीहै ॥ २४० ॥

अथ रोपणीवर्त्तिः ॥

अशीतिस्तिलपुष्पाणिषष्टिःपिप्पलितण्डुलाः । जातीपुष्पाणिपञ्चाशन्मरिचानितु षोडशः ॥ सूक्ष्मपिष्टाम्बुनावर्त्तिःकृताकुसुमिकाभिधा । तिमिरार्जुनशुक्राणांनाशिनीमांसवृद्धिनुत् ॥ एतस्याअञ्जनेप्रोक्तामात्रासार्द्धहरेणुका ।(इति कुसुमिकारोपणीवटी) २४१ ॥

रोपणी बत्ती ॥

तिल के फूल, असली. पीपल के दाने, साठ. चमेली के फूल, पचास. और मिर्च सोलह. इनको जल से खूब पीसकर बत्ती बनावे इसको कुसुमिका कहतेहैं इसके अञ्जन लगानेसे तिमिर, अर्जुन, शुक्र और मांसवृद्धि का नाश होताहै इसकी मात्रा आधे हरेणुकी होती है ॥ २४१ ॥

अथ स्नेहनीवर्त्तिः ॥

धात्र्यक्षपथ्याबीजानिएकद्वित्रिगुणानिच । पिष्टावर्त्तिंजलैःकुर्य्यादञ्जनंद्विहरेणुकम् ॥ नेत्रस्रावंहरत्याशुवातरक्तरुजन्तथा ॥ २४२ ॥

स्नेहनी बत्ती ॥

आमले के बीज एकभाग बहेडे के बीज दो भाग और हडके बीज तीन भाग इन सबको पानी में पीसकर बत्तिबनावे इसकी मात्रा दो हरेणु होतीहै इसके द्वारा आंसुओं का बहना और वात रक्त की पीडा का नाश होताहै ॥ २४२ ॥

अथ रसक्रियालेखनी ॥

तुत्थमाक्षिकसिन्धूत्थाःसिताशङ्खमनःशिलाः । गैरिकंसिन्धुफेनंचमरिचंचेतिचूर्णयेत् । संयोज्यमधुनाकुर्य्यादञ्जनार्थंरसक्रियाम् । वर्त्मरोगार्मतिमिरकाचशुक्रहरींपराम् ॥ २४३ ॥

लेखनी रसक्रिया ॥

तूतिया, सोनामक्खी, सेंधानोन, चीनी, शङ्ख, मैनशिल, गेरू, समुद्रफेनऔर मिर्च इनसबकाचूर्णकरके सहतके साथ अञ्जन लगावे इससे वर्त्मरोग, अर्म्म, तिमिर, काच और शुक्ररोगका नाश होताहै ॥ २४३ ॥

अथ रोपणीरसक्रिया ॥

रसाञ्जनंसर्जरसोजातीपुष्पंमनःशिलाः । समुद्रफेनोलवणंगैरिकंमरिचन्तथा ॥ एतत्समांशंमधुनापिष्टंप्रक्लिन्नवर्त्मने । अञ्जनंक्लेदकण्डूघ्नंपक्ष्मणाञ्चप्ररोहणम् ॥ २४४ ॥

रोपणी रसक्रिया ॥

रसौत, राल, चमेलीके फूल, मैनशिल, समुद्रफेन, सेंधानोन, गेरू और मिर्च इन सबको समभाग सहत में पीसकर अञ्जन लगानेसे क्लिन्नवर्त्म [illegible] या खुजली का नाश होताहै और पलकेंउगतीहैं ॥ २४४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ स्नेहनीरसक्रिया ॥

कतकस्य फलंघृष्ट्वामधुनानेत्रमञ्जयेत्।ईषत्कर्पूरसहितंस्मृतन्नेत्रप्रसादनम् ॥ २४५ ॥

स्नेहनीरसक्रिया ॥

निर्मली को सहत के साथ पीसकर कुछ कपूर मिलाकर अञ्जन लगानेसे नेत्र निर्मल होते हैं ॥२४५॥

अथ चूर्णतल्लेखनंयथा ॥

दक्षाण्डत्वच्छिलाकाचशङ्खचन्दनसैन्धवैः। अञ्जनंहरतेनित्यंसर्वानक्षिगदान्बला त्॥(दक्षःकुक्कुटःतथाचनिघण्टुः)कृकवाकुस्तथादक्षःकालज्ञोऽथशिखण्डिकइति॥२४६॥

लेखन चूर्ण ॥

मुर्गे के अण्डेके छिलके, मैनशिल, कचनोन, शङ्ख, लालचन्दन और सेंधानोन इनको समभाग चूर्ण कर अञ्जन लगाने से नेत्रके सम्पूर्ण रोग नष्ट होते हैं ॥ २४६ ॥

अथ रोपणचूर्णम् ॥

शिलायांरसकंपिष्ट्वासम्यगाप्लाव्यवारिणा। गृह्णीयात्तज्जलंसर्वन्त्यजेच्चूर्णमधोगतम् ॥ शुष्कंतच्चजलंसर्वंपर्पटीसन्निभंभवेत्।विचूर्ण्यभावयेत्सम्यक्त्रिवेलंत्रिफलारसैः। कर्पूरस्यरजस्तत्रदशमांशेननिःक्षिपेत्। अञ्जयेन्नयनन्तेनसर्वदोषप्रशान्तये ॥ समस्त नेत्ररोगघ्नंचूर्णमेतन्नसंशयः ॥ २४७ ॥ रोपण चूर्ण ॥

खपरियाको शिलपर पीसकर पानीमें घोले फिर थोडीदेर रखकर ऊपरके पानीकोलेले और नीचेके बैठे चूरेको फेंकदे पीछे उस जलको सुखाकर जो पपडीसी जमें उसको पीसकर तीनबार त्रिफलाके रसमें भावनादे और उसमें दशमांश कपूर मिलाकर अञ्जनलगावे इस्से निस्संदेह नेत्रके संपूर्ण रोग नष्ट होते हैं ॥ २४७ ॥ अथ स्नेहनंचूर्णम् ॥

अग्नितप्तंहिसौवीरंनिषिञ्चेत्त्रिफलारसैः। सप्तवेलंतथास्तन्यैःस्त्रीणांसिक्तंविचूर्णितम् ॥ (सौवीरंश्वेतमञ्जनम्) अञ्जयेत्तेननयनेप्रत्यहंचक्षुषोर्हितम्। सर्वानक्षिविकारांस्तुहन्यादेतन्नसंशयः ॥ २४८ ॥ स्नेहन चूर्ण ॥

सफेद सुरमाको आगमेंतपा २ कर सातबार त्रिफलेके रसमें और सातबार स्त्रीके दूधमें बुझावे फिर पीसकर निरन्तर अञ्जन लगानेसे निस्संदेह सम्पूर्ण नेत्रके रोग नष्ट होतेहैं ॥ २४८ ॥

अथ प्रत्यञ्जनविधिः ॥

गतदोषमपेताश्रुप्रपश्यत्सम्यगम्भसि। प्रक्षाल्याक्षियथादोषंकार्य्यंप्रत्यञ्जनन्ततः ॥ तथानिर्वातदोषेक्षिधावनंसम्प्रयोजयेत् ॥प्रत्यञ्जनेकृतेदद्याच्चूर्णंतीक्ष्णप्रसादनम् ॥ (तद्यथा) शुद्धनागेन्द्रतुल्यन्तुशुद्धंसूतंविनिक्षिपेत्। कृष्णाञ्जनंतयोस्तुल्यंसर्वमेकत्रचूर्णयेत् ॥ दशमांशेनकर्पूरंतस्मिंश्चूर्णेविनिःक्षिपेत्। एतत्प्रत्यञ्जनंनेत्रेगदजिन्नयनामृतम् ॥ (कृष्णाञ्जनंश्रोतोऽञ्जनम् तथा च मदनपालः) श्रोतोऽञ्जनन्तुतद्विद्यादञ्जनाभंयदञ्जनम् ॥ (नयनामृतंप्रत्यञ्जनम्) ॥ २४९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रत्यञ्जनकी विधि ॥

दोष तथा अश्रुरहित अच्छे प्रकार खुलेहुए नेत्रोंको जल से अच्छीरीति पर धोकर दो[illegible] अनुसार प्रत्यञ्जनक्रिया करे परन्तु दोषोंकी शान्तिहुए विना नेत्रोंको न धोवे ऐसी अवस्थामें ती[illegible] चूर्णके द्वारा प्रत्यञ्जनक्रिया करे शुद्धसीसेको टिघलाकर समभाग शुद्धपारा मिलावे और इनदोनों के समान काला सुरमा मिलाकर पीसले फिर दशमांश कपूर मिलाकर अञ्जन लगावे इस प्रत्यञ्जन से नेत्रोंके संपूर्ण रोग नष्ट होतेहैं यह नेत्रोंके लिये अमृत समान है यह नयनामृत प्रत्यञ्जन है ॥ २४६ ॥

अथ दृष्टिप्रसादनीशलाका ॥

त्रिफलाभृङ्गशुण्ठीनांरसैस्तद्वच्चसर्पिषा । गोमूत्रमध्वजाक्षीरैः सिक्तोनागःप्रतापितः॥ तच्छलाकांहरत्येवसर्वान्नेत्रभवान्गदान् । (इतिभेषजानांविधानानि) ॥ २५० ॥

दृष्टिप्रसादिनी शलाका ॥

सीसेको आगमें तपा२ कर क्रमसे त्रिफलेकारस, भंगरेकारस, सोंठकारस, घी, गोमूत्र, सहत और बकरी के दूधमें बुझावे फिर इस सीसेकी सलाई बनवावे यह सलाई संपूर्ण नेत्रोंके रोगोंको दूर करती है इति औषधियों के बनाने की विधि ॥ २५० ॥

अथ भेषजभक्षणसमयः ॥

भैषज्यमभ्यवहरेत्प्रभातेप्रायशोबुधः । कषायांस्तुविशेषेणतत्रभेदस्तुदर्शितः ॥ ज्ञेयः पञ्चविधःकालोभैषज्यग्रहणेनृणाम् । किञ्चित्सूर्योदयेजातेतथादिवसभोजने ॥ सायन्तनेभोजनेचमुहुश्चापितथानिशि ॥ २५१ ॥

औषधखाने के समय लिखते हैं ॥

बहुधा औषध खाना प्रातःकालही उचित है और क्राथतो विशेष करके प्रातःकालही सेवनकरनाचाहिये मनुष्यों के औषध खाने के पांच समय कहेगये हैं कुछ सूर्य के उदय होने पर दिनके भोजन के समय सायंकाल के भोजन के समय वारंवार और रात्रि में ॥ २५१ ॥

तत्र प्रथमकालः ॥

प्रायःपित्तकफोद्रेकेविरेकवमनार्थयोः । लेखनार्थेचभैषज्यंप्रभातेऽनन्नमाहरेत् ॥ २५२ ॥

पहला समय ॥

बहुधा पित्त तथा कफकी वृद्धिमें और विरेचन वमन तथा लेखन के निमित्त प्रातःकाल विना भोजन किये औषध खाना चाहिये ॥ २५२ ॥

अथ द्वितीयकालः ॥

भैषज्यंविगुणेपानेभोजनाग्रेप्रशस्यते । अरुचौचित्रभोज्यैश्चमिश्रंरुचिरमाहरेत् ॥ समानवातेविगुणेमन्देऽग्नावतिदीपनम् । दद्याद्भोजनमध्येचभैषज्यंकुशलोभिषक् ॥ व्यानकोपेतुभैषज्यंभोजनान्तेसमाहरेत् । हिक्काक्षेपककम्पेषुपूर्वमन्तेचभोजनात् ॥ २५३ ॥

दूसरा समय ॥

अपान वायुके कुपित होनेपर भोजनके पहले औषध खाना चाहिये अरुचि में अनेक प्रकार के सुन्दर भोजनों में मिलाकर औषध खाना [illegible]िये समानवायुके कोप तथा मन्दाग्नि में भोजन के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्पर्शनशीतोष्णमृदुकठिनत्वादिनाडीपरीक्षणंवा । प्रश्नतःउदरलाघवगौरवतृषाऽतृषाबुभुक्षाऽबुभुक्षाबलाबलादि ॥ मिथ्यादृष्टाविकाराहिदुराख्यातास्तथैवच । तथादुष्परिपृष्टाश्चमोहयेयुश्चिकित्सकान् ॥ (तत्रदर्शनंनेत्रजिह्वामूत्रादीनांकर्त्तव्यम्) ॥ १ ॥

चिकित्साकेलिये रोगीकी परीक्षा ॥

वाग्भटने कहाहै कि दर्शन स्पर्श और प्रश्नके द्वारा रोगीकी परीक्षा करनी चाहिये दर्शनके द्वारा आयु साध्यता तथा असाध्यता आदि स्पर्शके द्वारा शीतलता, उष्णता, कोमलता तथा कठोरता आदिक अथवा नाड़ी और प्रश्नकेद्वारा उदरका हलकापन, भारीपन, तृषा, तृषाका न होना, क्षुधा, क्षुधाका न होना तथा बलाबल आदिकी परीक्षा करनीचाहिये अच्छेप्रकारसे विना देखे विचारपूर्वक विना कहे और भलीभांति विनापूंछे वैद्यको अच्छेप्रकारसे रोगका ज्ञान नहींहोताहै नेत्र जिह्वा और मूत्रआदि की परीक्षा दर्शनसे करनी चाहिये ॥ १ ॥ तत्र नेत्रपरीक्षा यथा ॥

नेत्रंस्य तृपवनाद्रूक्षंधूम्रवर्णंतथारुणम् । कोणंगतंप्रविष्टंचतथास्तब्धविलोकनम् ॥ हरिद्राखण्डवर्णंवारक्तंवाहरितंतथा । दीपद्वेषिसदाहञ्चनेत्रंस्यात्पित्तकोपतः ॥ चक्षुर्बलासबाहुल्यात्स्निग्धंस्यात्सलिलप्लुतम् । तथाधवलवर्णञ्ज्योतिर्हीनंबलान्वितम् ॥ नेत्रंद्विदोषबाहुल्यात्स्याद्दोषद्वयलक्षणम् । त्रिदोषलिंगसङ्केनतन्मारयतिरोगिणम् ॥ त्रिदोषदूषितंनेत्रमन्तर्मग्नंभृशंभवेत् । त्रिलिंगंसलिलस्राविप्रान्तेनोन्मीलयत्यपि ॥ २ ॥

नेत्र परीक्षा ॥

वायु के कोपमें नेत्र. रूखे, धूमले तथा रक्तवर्ण, भीतर को घुसेहुए और स्तब्धदृष्टिवाले होते हैं पित्तके कोपमें नेत्र. हल्दी के समान वर्णवाले, रक्त अथवा हरे, दाहयुक्त और दीपकको न देखसकने वाले होते हैं कफके कोपमें नेत्र. स्निग्ध (चिकने) आंसूभरे, श्वेतवर्ण, तेजरहित और बलयुक्त रहते हैं दो दोषों की अधिकता में दो दोषों के लक्षण मालूम होते हैं और त्रिदोष के कोपमें नेत्र. भीतरको बहुत घुसेहुए, सदैव आंसू बहतेहुए, कोरोंमें खुलेहुए और तीनों दोषोंके लक्षणोंसे युक्त होते हैं त्रिदोष के सम्पूर्ण लक्षण होनेपर रोगी मरजाते हैं ॥ २ ॥

अथ जिह्वापरीक्षा ॥

शाकपत्रप्रभारूक्षास्फुटनारसनानिलात् । रक्ताश्यावाभवेत्पित्ताल्लिप्ताद्रांधवलाकफात् ॥ परिदग्धाखरस्पर्शाकृष्णादोषत्रयेऽधिके । मैवदोषद्वयाधिक्येदोषद्वितयलक्षणम् ॥ ३ ॥

जिह्वा परीक्षा ॥

वायुके कोपमें जिह्वा सागके पत्तोंके समान कान्तिवाली, रूखी तथा कटीहुई होतीहै पित्तके कोपसे रक्तवर्ण अथवा धूसरवर्णवाली होतीहै कफके कोपसे लिपीहुई गीली और श्वेतवर्ण होतीहै दो दोषोंकी अधिकतामें दो दोषोंके लक्षण होते हैं और त्रिदोषके कोपमें जिह्वा जलीहुईसी गऊकी जिह्वाके समान कठोरस्पर्शवाली और कृष्णवर्ण होती है ॥ ३ ॥

अथ मूत्रपरीक्षा ॥

वातेनपाण्डुरंमूत्रंरक्तंनीलञ्चपित्ततः । रक्तमेत्रभवेद्रक्ताद्धवलंफेनिलंकफात् ॥ (अथ शरीरस्यशैत्योष्णत्वादिज्ञानार्थंस्पर्शनंकार्य्यम्) ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मूत्रपरीक्षा ॥

वायुसे पाण्डुवर्ण, पित्तसे शुक्ल अथवा नीलवर्ण रुधिरसे रक्तवर्ण और कफसे श्वेत तथ...नेसे युक्त मूत्र होताहै शरीरकी शीतलता और उष्णता आदिक जाननेकेलिये स्पर्श करना चाहि...॥ ४ ॥

तत्र नाडीपरीक्षामाह ॥

पुंसोदक्षिणहस्तस्यस्त्रियोवामकरस्यतु। अंगुष्ठमूलगांनाडींपरीक्षेतभिषग्वरः ॥ अंगुलीभिस्तुतिसृभिर्नाडीमवहितःस्पृशेत्। तच्चेष्टयासुखंदुःखंजानीयात्कुशलोऽखिलम्॥ सद्यःस्नातस्यसुप्तस्यक्षुत्तृष्णातपशीलिनः। व्यायामश्रान्तदेहस्यसम्यङ्नाडीनबुध्यते ॥ वातेऽधिकेभवेन्नाडीप्रव्यक्तातर्जनीतले। पित्तेव्यक्तामध्यमायांतृतीयांगुलिकाकफे ॥ तर्जनीमध्यमामध्येवातपित्ताधिकेस्फुटा। अनामिकायांतर्जन्यांव्यक्तावातकफेभवेत् ॥ मध्यमानामिकामध्येस्फुटापित्तकफेऽधिके। अंगुलित्रितयेऽपिस्यात्प्रव्यक्तासान्निपाततः ॥ वाताद्वक्रगतिन्धत्तेपित्ताद्रुतप्लुत्यगामिनी। कफान्मन्दगतिर्ज्ञेयासन्निपातादतिद्रुता। वक्रमुत्प्लुत्यचलतिधमनीवातपित्ततः ॥ वहेद्वक्रञ्चमन्दञ्चवातश्लेष्माधिकेत्वतः। उत्प्लुत्यमन्दञ्चलतिनाडीपित्तकफेऽधिके ॥ कामात्क्रोधाद्वेगवहाक्षीणाचिन्ताभयप्लुता ॥ स्थित्वास्थित्वाचलेद्यासाहन्तिस्थानच्युतातथा। अतिक्षीणाचशीताचप्राणान्हन्तिनसंशयः ॥ ज्वरकोपेनधमनीसोष्णावेगवतीभवेत्। मन्दाग्नेःक्षीणधातोश्चसैवंमन्दतरामता ॥ चपलाक्षुधितस्यस्यात्तृप्तस्यभवतिस्थिरा। सुखिनोऽपिस्थिराज्ञेयातथाबलवतीमता ॥ ५ ॥

नाडी परीक्षा ॥

नाडीकी परीक्षा
पण्डित वैद्य पुरुषके दाहिने हाथकी और स्त्रीके बायेंहाथकी अंगूठेके मूलमें स्थित नाडीकी परीक्षा
करे सावधान होकर तीन उंगलियोंसे नाडीको स्पर्श करे और उसकी चेष्टासे सम्पूर्ण सुख तथा
दुःखको जानले शीघ्र स्नान कियेहुएकी, सोयेहुएकी, भूखेकी, प्यासेकी, धूपसे संतप्तकी और व्यायाम
के द्वारा थकेहुए की नाडी अच्छेप्रकारसे नहीं मालूम होतीहै वायुकी अधिकता में तर्जनी के नीचे
पित्तकी अधिकता में मध्यमा के नीचे और कफकी अधिकता में तीसरी अनामिका उंगली के नीचे
नाडी अधिक फडकतीहुई मालूम होतीहै वात पित्तकी अधिकता में तर्जनी तथा मध्यमा के बीचमें
कफ वातकी अधिकतामें अनामिका और तर्जनीके नीचे और पित्त कफकी अधिकतामें मध्यमा तथा
अनामिकाके बीचमें नाडीका फडकना अधिक मालूम देताहै सन्निपातमें तीनों उंगलियों के नीचे
सम मालूम होतीहै वायुकी अधिकतामें वक्रगतिवाली पित्तकी अधिकतामें उछल २ कर चलनेवाली
कफकी अधिकता में मन्दगतिवाली और सन्निपातमें बहुत शीघ्र चलनेवाली होतीहै वात पित्तकी
अधिकतामें टेढी और उछल २ कर चलनेवाली वात कफकी अधिकतामें टेढी और धीरे २ चलने
वाली तथा कफ पित्तकी अधिकतामें धीरे २ उछल २ कर नाडी चलनेवाली होतीहै कामसे अथवा
क्रोधसे वेगवती और चिन्ता अथवा भयसे नाडी क्षीण होतीहै जो नाडी ठहर २ कर चले अपनेस्थान
से हटजाय अत्यन्त क्षीण होय अथवा अत्यन्त शीतल होय वह नाडी निस्सन्देह प्राणोंको नाशकर-
तीहै ज्वरके कोपमें नाडी उष्ण और वेग... होतीहै मन्दाग्नि और क्षीण धातुवालेकी नाडी अत्यन्त

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मन्द होतीहै दुखेकी नाडी चञ्चल तृप्तकी नाडी स्थिर और सुखी पुरुषकी नाडी स्थिर और बलवती होतीहै ॥ ५ ॥ अथ येनयेनरोगाणांज्ञानंस्यात्तत्तदाह ॥

हेतुस्तदङ्कुसंप्राप्तिंपूर्वरूपञ्चलक्षणम् । तथैवोपशयःपञ्चरोगविज्ञानहेतवः ॥ ६ ॥

जिनके द्वारा रोगका ज्ञान होताहै उनका वर्णन ॥

हेतु, संप्राप्ति, पूर्वरूप, लक्षण और उपशय यह पांच रोगों के जाननेके कारण हैं ॥ ६ ॥

तत्र हेतोर्लक्षणमाह ॥

यत्तुनस्याद्विनायेनतस्यतद्धेतुरुच्यते । शास्त्रेसंव्यवहारायतत्पर्यायान्प्रचक्ष्महे ॥ निदानंकारणंहेतुर्निमित्तंचनिबन्धनम् । मूलमायतनंतत्रप्रत्ययोऽपिनिगद्यते ॥ (तत्र हेतुर्व्याधीनांज्ञानायहेतुर्यथा) वर्षारूक्षश्रमहिमानशनानि मैथुनशोकचिन्ताभयादयो वातप्रकोपहेतवोवातजान्व्याधीन्बोधयन्ति । शरत्कट्वम्लोष्णतीक्ष्णक्रोधतृषाक्षुधा भिघातातपादयः ॥ पित्तप्रकोपहेतुःपित्तजान्व्याधीन्बोधयन्ति । वसन्तमधुरस्निग्ध शीतादयःकफप्रकोपहेतवःकफजान्व्याधीन्बोधयन्ति ॥ ७ ॥

हेतुका लक्षण ॥

जिसके विना जो कार्य्य न होसके उसे हेतु कहतेहैं निदान कारण हेतु निमित्त निबन्धन मूल आयतन यह उसके नाम चिकित्साशास्त्रमें व्यवहारके निमित्त कहेगयेहैं उसमें हेतु रोगोंके जानने के लिये कहागयाहै जैसे वर्षाकाल, रूक्षता, परिश्रम, शीत, उपवास, मैथुन, शोक, चिन्ता और भय आदिक वायुके कोप होनेके हेतुहैं यह वातजरोगोंको उत्पन्न करते हैं शरदृत्तु, कटु, तथा खट्टी वस्तु उष्ण तथा तीक्ष्ण वस्तु, क्रोध, तृषा, क्षुधा, चोट और धूप आदिक पित्तके कोपके कारणहैं इनके द्वारा पित्तके रोग उत्पन्न होतेहैं वसन्तऋतु, मधुर तथा स्निग्धवस्तु और शीतादिक कफके कोपके हेतु हैं इनसबके द्वारा कफके रोग उत्पन्न होते हैं ॥ ७ ॥

अथ संप्राप्तिर्लक्षणमाह ॥

यथादुष्टेनदोषेणयथाचानुविसर्पता । उत्पत्तिर्यामयस्यासौसंप्राप्तिर्जातिरागतिः ॥ यथादुष्टेनदोषेणयथाकारणभेदेनदोषेणयथाचानुविसर्पिता । अनेकधादोषाणांत्रिसर्पता मूर्द्धाधस्तिर्यगादिगतिभेदेन । तथाचविसर्पता । आमयस्ययाउत्पत्तिः । असौसंप्राप्तिः । शास्त्रव्यवहारायसंप्राप्तेःपर्य्यायानाहजातिरागतिरिति ॥ ८ ॥

संप्राप्तिका लक्षण ॥

कारणके अनुसार दोषको प्राप्तहुए दोष ऊपर नीचे और तिरछे फैलकर जैसे रोगोंको उत्पन्न करते हैं उसको संप्राप्ति कहते हैं जाति और आगति यह उसके नामहैं ॥ ८ ॥

संप्राप्तेरौपाधिकभेदानाह ॥

...आ गरम जल. दीपन, हलका, निर्मल, मूत्राशय का शोधक और पसली की पीडा, पीनस, आध्मान, ...हचकी, वात तथा कफकानाशक और तृषा, श्वास, शूल, शीघ्र हुई वमनादिक शुद्धता और नवीन ज्वरमें हितकारी है ॥ ४८ ॥

विषयविशेषेत्वाममेवजलंशीतलंपिबेदित्याहसुश्रुतः । मूर्च्छापित्तोष्णदाहेषुविषेरक्ते मदात्यये। भ्रमश्रमपरीतेषुतमकेश्वयथौतथा। धूमोद्गारेऽविदग्धेऽन्नेशोषेचमुखकण्ठयोः। ऊर्ध्वगेरक्तपित्तेचशीतलाम्बुप्रशस्यते॥ शीतलंजलम् । आममेवनतुक्कथितम्क्कथितन्तु शीतंदाहादिषुयदुक्तं। तत्सज्वरेषुविज्वरेषुनदाहादिष्वामंशीतंप्रशस्यतइतिभेदः ॥ ४९॥

विशेष अवस्थाओंमें कच्चाही शीतल जल पीनाचाहिये यह सुश्रुतने कहाहै कि मूर्छा, पित्त, उष्ण, दाह, विषदोष, रक्तदोष, मदात्यय, भ्रम, श्रम, तमक, श्वास, सूजन, धुमेली डकार, विदग्धअन्न मुख का सूखना, कंठका सूखना और ऊर्ध्वगत रक्त पित्तमें शीतलजलश्रेष्ठ है यहां कच्चा शीतल जल न कि औटाया शीतल जल और औटाया हुआ शीतलजल जो दाहादिक में कहागयाहै वह ज्वरवालों के ...ये कहै और ज्वररहित दाहादिकोंमें तो कच्चाही शीतल जल श्रेष्ठहै यही भेदहै ॥ ४९ ॥

आमादिजलानांजठराग्नीनांपाककालावधिमाह ॥

...आमंजलंपाकमुपैतियामंपक्वंपुनःशीतलमर्द्धयामम् । पक्वंकदूष्णञ्चततोऽर्द्धकालास्त्र ...पैतितुजलस्यपाके ॥ ५० ॥

कच्चे आदि जलकी उदरमें परिपाक होनेकी अवधि ॥

कच्चाजल एकपहरमें औटायाहुआ शीतलजल, आधेपहरमें और औटायाहुआ कुछ गरमजल चौथाई पहरमें परिपाकको प्राप्तहोताहै नियमके अनुसार पियेहुए जलके यह तीनकाल परिपाकहोनेकेहैं ५०॥

रोगविशेषेजलसंस्कारमाह ॥

पित्तमद्यविषार्त्तेषुतिक्तकैःशृतशीतलम्। जलंहितमितिशेषःतिक्तानिबहुलानितेभ्यो निश्चित्ययोगमाहसुश्रुतः ॥ मुस्तपर्पटकोदीच्यच्छत्राख्योशीरचन्दनैः । शृतंशीतंज लंदद्यात्तृड्दाहज्वरशान्तये (छत्राऽत्रधान्याकः) यतआहनिघण्टौधन्वन्तरिः । कुस्तु म्बुरुःस्वर्णिकाचछत्राधान्यंवितुन्नकम् ॥ इत्यदितद्गुणाश्च धान्यकंदीपनंरुच्यंपाचनं स्वादुपाकिच । दोषत्रयतृषादाहश्वासकासज्वरप्रणुदित्यादि ॥ ५१ ॥

रोगविशेष में जल के संस्कार कहतेहैं ॥

पित्त मद्य तथा विषसे पीडित मनुष्य को तिक्त द्रव्यों के द्वारा औटाया हुआ शीतल जल श्रेष्ठहै तिक्त वस्तु बहुतसी हैं उनमें से सुश्रुत का कहाहुआ योग कहाजाताहै मोथा, पित्तपापडा, सुगन्धबाला, छत्रा, खस और चन्दन इनके साथ परिपाक कियेगये और शीतल कियेहुए जलको तृषा, दाह तथा ज्वर की शान्तिके लिये दे यहां छत्रा का अर्थ धनियां क्योंकि निघंटु में धन्वन्तरिने कहाहै कि कुस्तुंबुरु, स्वर्णिका, छत्रा, धान्य और वितुन्नक यह धनियें के नामहैं धनियेंकेगुण धनियां. दीपन, रुचिकारी, पाचन, पाकमें मधुर और त्रिदोष, तृषा, दाह, श्वास, खांसी तथा ज्वरनाशक होती है ॥ ५१ ॥

चक्रदत्तवङ्गसेनवृन्दादयश्छत्रास्थाने नागरंपठन्तितदुक्तं (यथा) मुस्तपर्पटकोशीर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चन्दनोदीच्यनागरैः।नागरंकटुकमपिनात्रापित्तजनकंमधुरपाकित्वादितितत्राभिप्रायः। नागरंमुस्तकमितिकेचित्क्वचिदेकदेशेनसमुदायोऽत्रगम्यते । यथाभीमोभीमसेनइति चन्दनैरित्यत्रसहार्थेतृतीयातेनमुस्तादिभिः षड्भिरामैवक्षुण्णैःसहितंजलम् शृतंजल मेवकेवलंयथर्तुपक्वंपश्चात्तच्छीतलीकृतंदद्यात् ॥ ५२ ॥

चक्रदत्त, बंगसेन और वृन्दादिक छत्राके स्थानमें नागर (सोंठ) कहतेहैं क्योंकि सोंठ कटुभी पाकमें मधुर होनेसे पित्तकारक नहीं होती यह उनका अभिप्रायहै कोई २ कहतेहैं कि नागर शब्दसे नागरमोथे का ग्रहण होताहै क्योंकि कहीं एकदेश कहनेसे समुदाय भरका ग्रहण होता है जैसे भीम कहनेसे भीमसेन का बोध होताहै यहां चन्दन शब्दमें तृतीया विभक्ति सहार्थ में हैं इससे मोथा आदिक छः वस्तुओं को कच्ची कूटकर ऋतुओं के अनुसार परिपाक किये हुए जलमें मिलायके शीतल करे और पिये ॥ ५२ ॥ तथाचवङ्गसेनः ॥

यदप्सुशृतशीतासुषडङ्गादिप्रयुज्यते । कर्षमात्रंततोद्रव्यंग्राहयेत्प्रास्थिकेऽम्भसि॥ अस्यायमर्थः यद्धेतोरप्सुजलेशृतशीतासुशृतासुकेवलास्वेवयथर्त्तुपक्वासुशीतासुशीत लीकृतासुषडङ्गादिद्रव्यं प्रयुज्यते आममेवसंक्षुद्य जलेस्थाप्यते ततःप्रक्षेप्यत्वात्कर्षमा त्रंद्रव्यंसमुचितंषडङ्गादिप्रास्थिकेऽम्भसि। प्रस्थमात्रेक्वथितशीतलेजलेक्षेप्तुंग्राहयेत् अ तएवषडङ्गमभिधायषडङ्गपानीयमितिवंगसेनादिभिरुक्तम् । अस्मिन्पक्षेचन्दनंश्वेतमे वग्राह्यंनतुरक्तंतत्कषायलेपयोरवप्रयोक्तुंयतआह । कषायलेपयोःप्रायोयुज्यतेरक्तचन्द नमिति ॥ षडङ्गपानीयमिदम् ॥ ५३ ॥

ऐसाही बंगसेनने कहाहै ॥

जिस कारण से ऋतुके अनुसार औटाये हुए जलको शीतल करके षडंगादि बस्तु कच्ची कूटकर छोडीजाती हैं इसलिये चौंसठ तोले जलमें एक तोले औषध छोडनीचाहिये इसी से षडंग कहकर षडंग जल बंगसेनादि में कहाहै यहां चन्दन कहनेसे श्वेतचन्दन लेनाचाहिये लाल न लेना चाहिये क्योंकि लालचन्दन. कषाय और लेपमें डालाजाताहै इसीलिये कहा गयाहै कि प्रायः कषाय और लेपमें लालचन्दन छोडनाचाहिये यह षडंग जल कहलाताहै ॥ ५३ ॥

षडंगादेःपानेऽनुविधातव्येप्रक्रियाविहितामहावंगसेनेन ॥

कर्षमात्रंयथाद्रव्यंग्राहयेत्प्रास्थिकेऽम्भसि । अर्द्धशृतंप्रयोक्तव्यंपानेपेयादिसंवि धौ॥ आदिशब्देनयूषयवागूविलेपीभक्तानिगृह्यन्तेपानप्रक्रियांशार्ङ्गधरोऽप्येतामेवाह । तुण्ंद्रव्यंपलंसाध्यंचतुःषष्टिपलेजले । अर्द्धशिष्टंतुतद्देयंपानेपेयादिसंविधौ ॥ पानप्र योगश्चषडंगमुक्तवान् । अस्मिन्पक्षेचन्दनंरक्तंग्राहयम् । कषायलेपयोःप्रायोयुज्यतेर क्तचन्दनमितिवचनात् ॥ ५४ ॥

षडंगादिके पीनेकी विधि यह आगे कहीहुई प्रक्रिया महाबंगसेन ने कहीहै ॥

चौंसठ तोले जलमें एक तोले औषध डालकर औटावे जब आधा रहजाय तब पीनेके लिये और पेया यूष यवागू बिलेपी तथा भातमें काममें लावे शार्ङ्गधरने भी यही पान करनेकी प्रक्रिया कही है

* छत्रस्यादातपत्राणेछत्रामधुरिकौषधे । धान्याकेचशिलीन्ध्रेचेतिहेमचन्द्रः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कि चौंसठ पल ... एकपल कुटीहुई औषध छोडकर औटानेसे जब आधा रहजाय तब पीनेके लिये और पे...दिकों में प्रयोगकरै और पानका प्रयोग षडंग कहाहै यहां चन्दन कहने से लाल चन्दन ग्रहण करना चाहिये क्योंकि ऐसा कहागयाहै कि कषाय और लेपमें लाल चन्दन प्रायःछोडा जाताहै ॥ ५४ ॥

तथारक्तचन्दनस्यगुणः ॥

रक्तंहिमंस्वादुपाकंछर्दितृष्णास्रपित्तजित्।तिक्तंनेत्रहितंवृष्यंज्वरव्रणविषापहम्॥५५॥

लालचन्दन के गुण॥

लाल चन्दन. शीतल, पाकमें मधुर, तिक्त, नेत्रोंको हित,वीर्यवर्द्धक और छर्दि, तृषा,रक्तपित्त, ज्वर, घाव तथा विषनाशक होताहै ॥ ५५ ॥

षडंगादिप्रयुज्यतइत्यादिशब्देनवक्ष्यमाणाद्योयोगाउच्यंतेयथा । श्रीपर्णीचंदनो शीरसमधूकपरूषकम् । श्रीपर्णीपरूषकयोःफलंग्राह्यंमधुकस्यतुपुष्पकम् । पानंपित्तज्वरं हन्यात्शारिवाद्यंसशर्क्करम् । अन्यच्च । हन्यात्सयष्टिमधुकंतथैवोत्पलपूर्वकम् । पानेशृ तंकिंवासोत्पलंशर्क्करायुतम् । हन्यात्पित्तज्वरमितिशेषः उत्पलमत्रकमलमित्यादि ५६ ॥

षडंग आदिका प्रयोग करना चाहिये यहां आदि शब्दसे आगे कहेजाने वाले योग लक्षित होते हैं जैसे बेर, लालचन्दन, खस, महुएके फूल और फालसा इनसबका पूर्वोक्त रीतिसे बनाहुआ जल पित्त ज्वरको नष्ट करताहै और शारिवादि गणके द्वारा बनाहुआ जल. शक्कर सहित पित्तज्वरको नाशकरता ...भी कहागयाहै कि कमलकाफूल और मुलहठी इनका पूर्वोक्त रीतिसे बनाहुआ जल अथवा कमल डालकर औटाया हुआ जल शक्कर सहित पीनेसे पित्तज्वरको नाश करताहै ॥ ५६ ॥

दिवास्वापंनकुर्वीतयतोऽसौस्यात्कफावहः । ग्रीष्मवर्ज्जेषुकालेषुदिवास्वापोनिषिध्य ते ॥ उचितोहिदिवास्वापो नित्यंयेषांशरीरिणाम् । वातादयःप्रकुप्यन्ति तेषामस्वपतां दिवा ॥ ५७ ॥

दिनको न सोवे क्योंकि इससे कफ बढताहै परन्तु ग्रीषम ऋतुको छोडकर अन्य ऋतुओं में दिनका सोना निषेधहै जिन मनुष्योंको दिनका सोना नित्य उचितहै उनके दिनमें न सोनेसे वातादिकों का कोप होताहै ॥ ५७ ॥

येषांदिवास्वप्नमुचितंतानाह ॥

व्यायामप्रमदाध्ववाहनरतक्लान्तानतीसारिणः शूलश्वासवमीतृषापरिगतांहिक्काम रुत्पीडितान् ॥ क्षीणांक्षीणकफान्शिशून्मदहतान्वृद्धांस्तथाजीर्णिनो रात्रौजागरिता न्नरान्निरसनान्कामंदिवास्वापयेत् ॥ ५८ ॥

जिनको दिनमें सोना उचितहै उनको कहतेहैं ॥

व्यायाम, स्त्रीप्रसंग, मार्गगमन, सवारीपर चढनेकी थकावट,ग्लानि, अतीसार, शूल, श्वास,छर्दि, तृषा, हिचकी, वात, अजीर्ण, क्षिणता, कफकी क्षीणता तथा रात्रिमें जागरण इनसे युक्त बालक, मदसे व्याकुल, वृद्ध और उपवास करने वाले इनमनुष्योंको दिनमें यथेष्ट सोना चाहिये ॥ ५८ ॥

अथ वातिकज्वराणांपाकावधिमाह ॥

वातिकःसप्तरात्रेणदशरात्रेणपैत्तिकः । श्लैष्मिकोद्वादशाहेनज्वरःपाकमुपैतिहि ॥ यतआहसुश्रुतः । बहुदोषस्यमन्दाग्नेः रसस्यामत्वेऽवधिमतिक्रम्यापिज्वरस्तिष्ठति ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सप्तरात्रात्परं रे। लङ्घनाम्बुयवागूभिर्यदादोषोनपच्यते ॥ तदा मु रस्यत रोचकनाशनैः। कषायैःपाचनैर्हृद्यैर्ज्वरघ्नैःसमुपाचरेदिति ॥ ५९ ॥

वातजआदि ज्वरोंके परिपाककी अवधि॥

वातज्वर सातरात्रि में. पित्तज्वर दशरात्रि में. और कफज्वर बारहरात्रिमें, परिपाकको प्राप्तहोता है रसके आमहोनेपर अवधिसे अधिक भी ज्वर रहताहै क्योंकि सुश्रुतने कहाहै कि बहुत दोषयुक्त और मन्दाग्निवाले मनुष्यका लंघन षडंगजल और यवागूके सेवनसे दोष जो परिपाक को न प्राप्त होयँ तो मुखकी विरसता, तृषा तथा अरुचि नाशक हृदय को हित पाचन और ज्वरघ्न क्वाथों के द्वारा उसकी चिकित्सा करे ॥ ५९ ॥ ज्वरस्यतारुण्यंमध्यावस्थाजीर्णतावधि ॥

आसप्तरात्रात्तरुणंज्वरमाहुर्मनीषिणः। द्वादशाहमभिव्याप्यमध्यंजीर्णंततःपरम् ॥ आसप्तरात्रादितिअत्ररात्रिपदादयंरात्रिशब्दोदिवसस्योपलक्षकः। तेनसप्तमदिवसादर्वाग्ज्वरस्तरुणइत्यर्थः। (तथाचोक्तंतन्त्रान्तरे) ज्वरेव्यतीतेषडहेजीर्णइत्युच्यतेबुधैरिति। द्वादशाहात्परंजीर्णमाहुरन्येमनीषिणः॥ (अतएवजातूकर्णः) जीर्णस्त्रयोदशेदिवसइति ॥ ६० ॥ ज्वरकी तरुणता मध्यावस्था और जीर्णावस्था की अवधि ॥

पण्डित लोग ज्वरको आरंभसे सातरात्रि पर्यन्त तरुण बारह रात्रितक मध्य और इसके उपरांत जीर्ण कहते हैं यहां रात्रिशब्द दिनका जनाने वालाहै इससे सात दिन पर्यन्त ज्वर तरुण इत्यादि जानना चाहिये और तन्त्रान्तर में कहा गयाहै कि छः दिनके उपरान्त ज्वर जीर्ण होजाता है यह कोई २ पण्डित कहते हैं और कोई २ कहते हैं कि बारह दिनके उपरान्त ज्वरजीर्ण कहलाताहै इसी से जातूकर्ण ने कहाहै कि तेरहवें दिन ज्वर जीर्ण होजाताहै ॥ ६० ॥

अथज्वरेयुंजीतभेषजम् ॥

वातिकेसप्तरात्रेणदशरात्रेणपैत्तिके। श्लैष्मिकेद्वादशाहेनज्वरेयुंजीतभेषजम् ॥ सप्तरात्रात्परंरात्रिशब्दोदिवसस्योपलक्षकःअतएवोक्तम्। पाययेदातुरंसाऽममौषधंसप्तमेदिने। शमनेनाथवादृष्ट्वानिराममन्तमुपाचरेदिति शार्ङ्गधरेणोक्तम्। गुडूचीपिप्पलीमूलनागरैःपाचनंस्मृतम्। वातज्वरेतथापेयंकालिंगंसप्तमेऽहनीति ॥ हारितेनोक्तम्। एतांक्रियांप्रयुंजीतषड्रात्रंसप्तमेऽहनि। पिबेत्कषायसंयोगात्पेयांज्वरविनाशिनीम् ॥ एतां क्रियांलङ्घनादिरूपांकषायसंयोगात्कषायेणसाधितांपेयामित्यर्थः (खरनादेनाप्युक्तम्) इतिषड्रात्रिकःप्रोक्तोनवज्वरहरोविधिः। ततःपरंपाचनीयंशमनीयंज्वरेहितम् ॥ ततोज्वरमध्येकरणीयमित्यर्थः ॥ ६१ ॥ ज्वरमें औषध देनेका समय ॥

वातज्वर में सातवें दिन, पित्तज्वर में दशवें दिन और कफज्वरमें बारहवें दिन औषध देनी चाहिये आमयुक्त रोगीको सातवें दिन औषध पिलावे अथवा आमरहित देखकर शमन औषधियों के द्वारा चिकित्सा करे शार्ङ्गधरने कहाहै कि वातज्वरमें गिलोय पीपलामूल और सोंठ इनसे पाचन औषध बनाके अथवा इन्द्रजौका काढ़ा सातवें दिन पिलावे हारीतने कहाहै कि यह लंघनादिरूप चिकित्सा छः दिनतक करनी चाहिये और सातवें दिन क्वाथके द्वारा बनीहुई ज्वरनाशक पेया पान

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क[illegible]ज्वरनाद[illegible]भा कहाहै कि नवीन ज्वरनाशक यह विधि छः दिनकेलिये कहीगई [illegible]फिर ज्वरकेमध्य में पाचक [illegible]र शमन औषध करनीचाहिये ॥ ६१ ॥

वाग्भटश्च ॥ सप्ताहादौषधंकेचिदाहुरन्येदशाहतः । लध्वन्नेभोजितेकेचिद्देयमामोल्ब णेनतु ॥ सप्ताहात्सप्ताहमारभ्येत्यर्थः अत्रल्यब्लोपेकर्मणिपञ्चमीअतएवसुश्रुतः । दश रात्रात्परंसर्वैर्दातव्यमितिनिश्चितमिति अतएवदशरात्रेद्वादशाहेवोतिलङ्घनवताव्यती तेनइत्यर्थः (अत्रचरकस्त्वेवमाह)ज्वरितंषडहेऽतीतेलघ्वन्नप्रतिभोजितम्। पाचनंपाययेद्वैद्योनिरामंसप्तमेऽहनि॥ सप्तमेऽहनिलघ्वन्नन्दत्त्वा॥अष्टमेदिनेकषायंपाययेदित्यर्थः ६२॥

वाग्भटने कहाहै कि किसीके मतमें सातवें दिनसे किसीके मतमें दशवें दिनसे और किसीकेमत में लंघनके उपरान्त कुछ हलका अन्न भोजन करायके औषध देनीचाहिये परन्तु जो आमका दोष अधिक वर्त्तमानहो तो औषध न देवे इसी से सुश्रुतने कहा है कि दशरात्रिके उपरान्त औषध देनी चाहिये यह सबका निश्चयहै यहां चरक ने तो ऐसा कहाहै कि ज्वरवाले को छः दिनके व्यतीत होजाने पर सातवें दिन आमसे रहित होजाने पर हलका अन्न भोजन करायके आठवें दिन क्वाथ पिलावे ॥ ६२ ॥

तथाचसुश्रुतः । सप्तरात्रात्परंकेचिन्मन्यंतेदेयमौषधमिति ॥ सप्तरात्रात्परम्, अष्टमे ऽहनीत्यर्थः । केचिच्चरकादयः । चक्रदत्तेऽपि । सप्तरात्रेणपच्यन्तेसप्तधातुगतामलाः । निरामस्तुततःप्रोक्तोज्वरप्रायोऽष्टमेदिने ॥ एवंसतिकषायदानेसप्तमाष्टमयोर्दिवसयोर्वि कल्पः । तत्रापिवयोबलाग्निर्दोषःदेशकालोचितंकुर्यात् ॥ ६३ ॥

ऐसाही सुश्रुतने भी कहाहै कि सात दिनके उपरान्त आठवें दिन कोई २ चरकादिक औषधदेना कहते हैं चक्रदत्तने भी कहाहै कि सातों धातुओंके दोष सात दिनमें परिपाक होजाते हैं इसलिये प्रायः आठवें दिन ज्वर आमरहित होजाताहै इस प्रकारसे सातवें और आठवें दिनमें क्वाथ देनेका विकल्प अर्थात् मतभेद पायागयाहै ऐसा होनेपरभी अवस्था,बल,अग्निदोष, देश और कालके अनुसार चिकित्सा करनी चाहिये ॥ ६३ ॥

भेषजमन्नञ्चदोषपाकंदृष्ट्वादद्यादित्याहसुश्रुतः । पैत्तिकेचज्वरेदेयमल्पकालसमुत्थि त । अचिरेज्वरितस्यापिभैषज्यंदोषपाकतइति ॥ अस्यायमर्थः ॥ अल्पकालसमुत्थितेत पैत्तिकेज्वरेदोषपाकंदृष्ट्वाभैषज्यं देयं नतु तत्रदशरात्रापेक्षातथाअचिरज्वरितस्यापिपैत्ति केतरनवज्वरयुक्तस्यापिदोषपाकंदृष्ट्वाभैषज्यंदेयमित्यर्थः ॥ ६४ ॥

औषधि और भोजन दोषोंके परिपाकको देखकर देनेचाहिये यह सुश्रुतने कहाहै थोडे समय से होने वाले पित्तज्वरमें औषध देनीचाहिये यहां दश दिन व्यतीत होनेकी प्रतीक्षा न करे और दोषके परिपाक को देखकर पित्तज्वर के सिवाय अन्य नवीन ज्वरों में भी औषध देनीचाहिये ॥ ६४ ॥

दोषपाकलक्षणमाहसुश्रुतः ॥

मृदौज्वरेलघौदेहेप्रचलेषुमलेषुच । पक्कंदोषंविजानीयाज्ज्वरेदेयंतदौषधमिति ॥ ज्व रेमृदौस्वल्पाभूते । मलेषुवातपित्तकफमूत्रपुरीषेषुप्रचलेषुस्वमार्गसञ्चारिषु । पक्कंनिरा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मं दोषप्रकृतिर्विकृत्यादेतेषांपक्वलक्षणम्। दोषाणांदुष्टवातंपित्तकफानांप्रकृतिः ज्वरस्य तदुपद्रवाणांचोत्पादनम्। तस्यावैकृत्यंवैपरीत्यंतस्माद्दोषपाकज्ञानंकेषांमते क्षुत्क्षामत्वंलघुत्वञ्चगात्राणांज्वरमार्दवम्। दोषप्रकृतिरुत्साहोनिरामज्वरलक्षणम्॥ दोषःप्रकृतिःदोषाणांस्वमार्गसंचारः॥ ६५॥

सुश्रुतका कहाहुआ दोषोंके परिपाकका लक्षण॥

ज्वरकी स्वल्पता, शरीरका हलकापन और वातपित्त, कफ, मल तथा मूत्र इनको अपने २ मार्ग से चलनेपर दोषोंका परिपाक हुआ जानकर ज्वरवालेको औषध देनी चाहिये और दोषयुक्त बात, पित्त और कफकी ज्वर और ज्वरके उपद्रवोंका उत्पन्न करना यह प्रकृतिहै उसका विपरीत होनाभी दोषोंके परिपाक होनेका लक्षणहै किसी२का यह मतहै कि क्षुधा से क्षीणहोना, शरीरका हलकापन, ज्वरकी कमी होनी, दोषोंका अपने मार्गसे चलना और उत्साह यह आमरहित ज्वरके लक्षणहैं॥ ६५॥

ज्ञेयःपञ्चविधःकालोभैषज्यग्रहणेनृणाम्। तत्रानुक्तेप्रभातंस्यात्कषायेषुविशेषतः ६६॥

मनुष्यों के औषध सेवन करने के पांच समयहैं उनमें से जहां कोई समय न कहाहो वहां प्रातःकाल देना चाहिये और क्वाथतो विशेषकरके प्रातःकालही पीना चाहिये॥ ६६॥

मुख्यभैषज्यसम्बन्धोनिषिद्धस्तरुणज्वरे। तोयपेयादिसंस्कारैर्निर्दोषंतत्रभेषजम्॥ मुख्यभेषजंक्वाथःतस्यसम्बन्धःपानम्। यतआह। नकषायंप्रशंसन्तिनराणांतरुणेज्वरे। कषायेणाकुलीभूतादोषाजेतुंसुदुस्तराः॥ आकुलीभूताःप्रवृद्धाःस्वमार्गंपरित्यज्यइतस्ततोगताः। अत्रकषायशब्देनक्वाथोगृह्यते॥ ६७॥

नवीन ज्वर में क्वाथ पीना निषिद्धहै परन्तु जल अथवा पेय आदिकों के संस्कार के लिये जो औषध दीजाती है वह निर्दोषहै क्योंकि कहागयाहै कि मनुष्यों को तरुणज्वरमें कषाय, हितकारी नहीं है क्योंकि कषाय के द्वारा बढ़ेहुए वातादिक दोष अपने २ मार्ग को छोड़कर इधर उधर गयेहुए फिर शान्तकरने के लिये अत्यन्त दुस्तर होजाते हैं यहां कषाय शब्दका अर्थ क्वाथलेना चाहिये॥ ६७॥

उक्ताश्चक्वाथस्यपर्य्यायाः॥

शृतंक्वाथकषायश्चनिर्यूहःसनिगद्यतइति। तोयपेयादिसंस्कारेनिर्दोषंतत्रभेषजमिति। तत्रतरुणज्वरेभेषजंमुख्यभेषजंक्वाथरूपंनतुकल्पनमुद्दिश्यकषायः प्रतिषिध्यतइतिकल्पनंतोयपेययवाग्वादिकम्॥ ६८॥ क्वाथ के नाम॥

शृति क्वाथ, कषाय और निर्यूह यह क्वाथके नामहैं यहां तरुणज्वर में क्वाथ पीना निषिद्धहै परन्तु पेया आदिके बनाने में क्वाथका निषेध नहीं है॥ ६८॥

ननुस्वरसश्चतथाकल्कःक्वाथश्चहिमफाण्टकौ। ज्ञेयाकषायाःपञ्चैतेलघवःस्युर्यथोत्तरम्॥ इतिवचनात् स्वरसादयोऽपिकथन्ननिषिध्यतेतत्राह। तन्नयःकषायःकषायःस्यात्सवर्ज्यस्तरुणज्वरेइति। चतुर्थभागावशेषकरणेनाष्टमभागशेषकरणेच। कषायवर्णःकषायरसश्चस्यात्। सकषायःक्वाथःसतरुणज्वरेनिषिद्धः॥ ६९॥

अब यह सन्देह होताहै कि स्वरस, कल्क, क्वाथ, हिम और फांट यह पांच प्रकारके कषाय एक से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एक क्रमसे मलके होतेहैं इसवचन के अनुसार स्वरस आदिक पांचों कषायोंका निषेध क्यों नहीं किया जाताहै ? इसका उत्तर यहहै कि तरुणज्वरमें पांचों कषायोंका निषेध नहींहै चतुर्थांश बचाहुआ अथवा अष्टमांश बचाहुआ जो कषायवर्ण क्राथ नाम कषाय बनता है वही तरुणज्वरमें निषिद्धहै ६९॥

क्राथस्यलक्षणमाह॥

पादशिष्टकषायःस्यात्। अतःषडङ्गादिस्तरुणज्वरेननिषिद्धः। पाकादूर्ध्वपाकेचोक्तलक्षणभावेनकषायत्वाभावात्॥ ७०॥ क्राथ के लक्षण॥

सोलह गुने पानी में औषध छोडकर औटानेसे चौथाई बचनेपर कषाय कहलाताहै इसीसे नवीन ज्वरमें षडंग आदिक जल निषिद्ध नहीं है क्योंकि उनमें परिपाक न होने से अथवा अर्द्धांश बचने से ऊपर कहेहुए लक्षण के न मिलने के कारण कषायपना नहीं है॥ ७०॥

अथ तरुणज्वरेकषायदोषमाह॥

दोषावृद्धाःकषायेणस्तम्भितास्तरुणज्वरे। स्तभ्यन्तेनविपच्यन्तेकुर्वन्तिविषमज्वरम्॥ कषायेणस्तम्भिताप्रवृत्तयेनिवारिताः। यतआह। कषायरसगुणान्। कषायस्तम्भनःशीतोरूक्षःपित्तःकफापहइत्यादि। स्तभ्यन्ते। आध्मानंकुर्वन्तिनविपच्यंते। सुखेननविपच्यंते। दुःखंदत्त्वाविलम्बेनविपच्यंतेइतियावत्॥ ७१॥

नवीन ज्वर में कषाय का दोष॥

नवीन ज्वरमें कषाय देने से दोष बढकर अपने २ मार्ग से निवृत्त होजाते हैं आध्मान को उत्पन्न करते हैं अत्यन्त कष्टपूर्वक बहुत देरमें परिपाकको प्राप्त होते और विषमज्वर को उत्पन्न करते हैं क्योंकि कषाय के गुण यह कहेगये हैं कि कषाय. स्तंभन, शीतल, रूखा और कफ पित्त नाशक होताहै॥ ७१॥

(अन्यच्च) नच्यवन्तेनपच्यन्तेकषायैःस्तम्भितामलाः। तिर्यग्विमार्गगावातेघोरंकुर्य्युर्नवज्वरम्॥ ७२॥

और भी कहागयाहै कि नवीनज्वर में कषाय देने से दोष जकडकर न निकलते हैं और न परिपाकको प्राप्त होते हैं अथवा दोष तिरछे होकर मार्ग से रहित होके अत्यन्त घोर नवीन ज्वर को उत्पन्न करते हैं॥ ७२॥

अनुपस्थितदोषाणांवमनंतरुणेज्वरे। हृद्रोगंश्वासमानाहंमोहंचकुरुतेभृशम्॥ अनुपस्थितदोषाणांतयमर्थः। कफादिदोदोषोपस्थितौस्वयमेवचेद्भवतिवमनंनतद्दोषाय। अनुपस्थितदोषाणांतरुणज्वरेवमनंयत्नकृतंहृद्रोगादीन्करोतीत्यर्थः॥ एतेनवचनेनतरुणज्वरेयत्नाद्वमनंनिषिद्धम्। अवस्थाविशेषेतदपिकर्तव्यमित्याह। सद्योभुक्तस्यवाजातेज्वरेसंतर्पणोत्थिते। वमनंवमनार्हस्यशस्तमित्याहवाग्भटः॥ वमनंचेतिविकल्पोलंघनापेक्षया। वमनार्हस्येत्यनेनगर्भिण्यतिकृशातिवृद्धादिनिषेधः॥ ७३॥

दोषोंके विना उपस्थित हुए नवीन ज्वरमें वमन कराने से हृदयके रोग, श्वास, अफरा और मोह उत्पन्न होतेहैं इसका यह आशयहै कि कफादि दोषों के उपस्थित होनेपर जो स्वयं वमन होजाय

(१) कषायोरसभेदेस्यादङ्गरागेविलेपने. निर्यासेचकषायोऽथसुरभौलोहितेऽन्यवदितिविश्वः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तो कोई दोष नहीं है परन्तु दोषों के उपस्थित हुए विना नवीनज्वरमें यत्नपूर्वक वमन कराने से हृदय के रोगादिक उत्पन्न होते हैं इस वचनके द्वारा नवीनज्वर में यत्नपूर्वक वमन कराना निषिद्ध है यह सिद्ध हुआ परन्तु अवस्था विशेष में वमन करानाभी चाहिये क्योंकि वाग्भटने कहाहै कि भोजन करने के उपरान्त जो शीघ्रही ज्वर आजाय अथवा संतर्पण क्रियासे ज्वरआवे तो वमन योग्य (गर्भिणी कृश और वृद्ध आदिक वमनके अयोग्य हैं) मनुष्योंको वमन करावे॥ ७३ ॥

अत्रवृद्धवाग्भटः। वमितंलंघयेत्प्राज्ञोलंघितंनतुवामयेत् । वमनंक्लेशबाहुल्याद्धन्याल्लंघनकर्षितम्॥ नकार्य्यंगुर्विणीबालवृद्धदुर्बलभीरुभिः । अनशनमितिशेषः अनेनानशनवचनेनगुर्व्विण्यादीनामनशननिषेधः । ज्वरेसामेपाचनंनिरामेशमनपथ्यान्नमण्डादिकञ्चदद्यात् । पाचनलक्षणंपश्चाद्गुणप्रस्तावेबोधव्यम् ॥ ७४ ॥

यहांपर वृद्ध वाग्भटने कहाहै कि वमन कियेहुये को लंघन करावे परन्तु लंघन कियेहुएको वमन न करावे क्योंकि लंघनकेद्वारा क्षीणमनुष्य को वमन कराने से बहुत क्लेशके कारण उसका नाशभी हो सक्ताहै गर्भवती, बालक, वृद्ध, भयभीत और दुर्बलको लंघन न करावे इस वचनसे गर्भिणी आदिकोंको लंघनका निषेध कियागया इसलिये इनको आमसहित ज्वर में पाचन और आमरहित ज्वर में शमन औषध और पथ्य अन्न मण्डादिक देने चाहिये पाचन और शमन के लक्षण पीछे गुणों के वर्णन में कहेगये हैं ॥ ७४ ॥

पाययेदातुरंसामंपाचनंसप्तमेदिने । शमनेनाथवादृष्ट्वानिरामंतमुपाचरेत् ॥ (अन्यच्च) कृशंचैवाल्पदोषञ्चशमनीयैरुपाचरेत् ॥ ७५ ॥

आमसहित ज्वरवाले को सातवें दिन पाचन औषध पिलावे और आमके परिपाक को देखकर शमन औषध के द्वारा चिकित्सा करे औरभी कहागयाहै कि कृश तथा अल्पदोषवाले की चिकित्सा शमन औषध से करना चाहिये॥ ७५ ॥

(ननु) लालाप्रसेकोहृल्लासोहृदयाशुद्ध्यरोचकौ ॥ तन्द्रालस्याविपाकास्यवैरस्यंगुरुगात्रता । क्षुन्नाशोबहुमूत्रत्वंस्तब्धताबलवान्ज्वरः ॥ आमज्वरस्यलिंगानिनदद्यात्तत्रभेषजम् । भेषजंह्यामदोषस्यभूयोजनयतिज्वरम् ॥ भूयोबाहुल्येन ॥ ७६ ॥

अब यह सन्देह होताहै कि लारकाबहना,मतली,हृदयका शुद्ध न होना,अरुचि, तन्द्रा,आलस्य,परिपाकका न होना, मुखकी विरसता, शरीर का भारीपन, क्षुधाकानाश, मूत्रकी अधिकता, शरीरका जकड़ना और बहुत ज्वर यह आमज्वर के लक्षणहैं इसमें औषध न देनी चाहिये क्योंकि आमदोषवाले को औषध देनेसे ज्वर बहुत बढ़जाताहै॥ ७६ ॥

(अन्यच्च) पाययेद्दोषहरणंमोहादामज्वरेतुयः । सप्तमंकृष्णसर्पन्तुकराग्रेणपरामृशेत्॥ इतिवचनादामज्वरेभेषजनिषेधात्कथंसामेज्वरेवापाचनंदेयम् । उच्यते । निरुपद्रवेसामज्वरेपाचनंदेयम् । सोपद्रवेतुसामेभेषजंनिषिद्धम्। तथा च वाग्भटः ॥ सप्ताहात्परतोऽदुष्टेसामेस्यात्पाचनंज्वरे । निरामेशमनंस्तब्धेसामेनौषधमाचरेत् ॥ अदुष्टेनिरुपद्रवेस्तब्धेसोपद्रवे ॥ ७७ ॥

औरभी कहागयाहै कि जो वैद्य अज्ञानतासे आमज्वरमें दोषनाशक औषध पिलाताहै वह सोयेहुए

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कालसर्पको हाथसे पकडताहै इनवचनोंकेद्वारा आमसहित ज्वरमें औषध का निषेध होनेसे आमज्वर में प्रधान औषध किस प्रकार देनी चाहिये ? इसका उत्तर यहहै कि उपद्रवरहित आमज्वर में पाचन औषध देनी चाहिये और उपद्रवसहित आमज्वर में तो औषधका निषेध है ऐसाही वाग्भटने भी कहाहै कि सातदिन के उपरान्त दोषरहित आमज्वर में पाचन देना चाहिये आमरहित ज्वर में शमन देनाचाहिये और उपद्रवसहित आमज्वरमें औषध देना निषिद्ध है ॥ ७७ ॥

अथ सामान्यज्वरेपाचनकषायमाहसुश्रुतः ॥

नागरंदेवकाष्ठञ्चध्यामकंबृहतीद्वयम् । दद्यात्पाचनकंपूर्वंज्वरितेभ्योज्वरापहम् ॥ ध्यामकंरोहिषंतदलाभादुशीरंदद्यात् । बृहतीद्वयबृहत्फलासूक्ष्मफलाबृहतीक्षुद्राबृहतीचेति कण्टकारीद्वयंवादद्यात् ॥ कण्टकारीद्वयंशुण्ठीध्यामकंसुरदारुचेतिशार्ङ्गधरेणोक्तत्वात् । नागरादिःक्काथःसर्व्वज्वरेषु ॥ ७८ ॥

सुश्रुतका कहाहुआ सामान्य ज्वर में पाचन कषाय ॥

सोंठ, देवदारु, रोहिष (सुगन्धिततृण) और दोनों भटकटैया इनका क्काथ करके ज्वरवालों को ज्वरके नाशके लिये देवे और जो रोहिष न मिलै तो खस डाले यह सम्पूर्ण ज्वरोंपर नागरादि नाम क्काथ है ॥ ७८ ॥ सामान्यतःसंशमनीयान्याह सुश्रुतः ॥

अथसंशमनीयानिकषायाणिनिबोधमे । सर्वज्वरेषुदेयानियानिवैद्येनजानता ॥ वृश्चीवोबिल्ववर्षाभूःपयःसोदकमेवच । पचेत्क्षीरावशेषन्तत्पेयंसर्वज्वरापहम् ॥ वृश्चीवःश्वेतपुनर्नवा वर्षाभूःरक्तपुनर्नवा । तथाचमदनपालः । पुनर्नवःश्वेतमूलोवृश्चीवोदीर्घपत्रकः । पुनर्नवाऽपरारक्तावर्षाभूरक्तपुष्पकः ॥ ७९ ॥

सुश्रुत के कहेहुए सामान्य शमन कषाय ॥

अब शमनकारक कषाय मैं कहताहूं जिनको कि ज्ञानवान् वैद्य सम्पूर्ण ज्वरों में देसक्ता है वृश्चीव, बेल, वर्षाभू, दूध और जल यह सब पाककरके जब केवल दूध बाकी रहजाय तब सम्पूर्ण ज्वरों के शान्त करने के लिये वृश्चीव अर्थात् श्वेतगदहापूरना वर्षाभू अर्थात् लालगदहापूरना ऐसाही मदनपालने कहाहै कि श्वेतजडवाली लम्बे पत्तेवाली को वृश्चीव और लालपुष्पवाली लाल गदहापूरना को वर्षाभू कहते हैं ॥ ७९ ॥

पाकप्रकारमाह ॥

क्षीरमष्टगुणंद्रव्यात्क्षीरान्नीरंचतुर्गुणम् । क्षीरावशेषंपातव्यंक्षीरपाकेत्वयंविधिः ॥ द्रव्यात्पलपरिमितात् (अन्यच्च) उदकाद्द्विगुणंक्षीरंशिशिपोशीरमेवच ॥ तत्क्षीरशेषक्कथितंपेयंसर्वज्वरापहम् ॥ ८० ॥

क्षीरपाककी विधि ॥

औषध से अठगुणा दूध और दूधका चौगुना जल इनको मिलाकर औटाने से जब केवल दूध बाकी रहजाय तब उतारले यह क्षीरपाककी विधि है यहां औषध चार तोले होनी चाहिये दूसरा प्रकार पानी से दूना दूध, मिलाकर उसमें शीशम और खस छोडकर पाककरने से जब केवल दूध बाकी रहे तब पिये इससे सम्पूर्ण ज्वरों का नाश होता है ॥ ८० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गुडूचीधान्यकारिष्टंपद्मकंरक्तचन्दनम् । एषांक्काथःसुप्रसिद्धःसर्वज्वरहरःस्मृतः ॥ दीपनोदाहहल्लासतृष्णाच्छर्द्यरुचिंहरेत्।गुडूच्यादिक्काथःसंशोधकंतरुणज्वरेनिषिद्धम् । तदाहसुश्रुतः छर्दिमूर्च्छामदश्वासभ्रमतृड्विषमज्वरान्॥ संशोधनस्यपानेनप्राप्नोतितरुणज्वरी ॥ ८१ ॥

गिलोय, धनियां, नींब, पद्माक और लालचन्दन इनसबका क्काथ सम्पूर्ण ज्वरोंका नाशक प्रसिद्धहै यह दीपन और दाह, मतली, तृषा, छर्दि तथा अरुचिनाशक होता है यह गुडूच्यादि क्काथ. संशोधन होने के कारण नवीनज्वर में निषिद्ध है ऐसाही सुश्रुतने भी कहाहै कि नवीनज्वर में संशोधन औषध पीने से छर्दि, मूर्च्छा, मद, श्वास, भ्रम, तृषा तथा विषमज्वर उत्पन्न होताहै ॥ ८१ ॥

निषिद्धमपिसंशोधनमवस्थाविशेषेदेयम् । (यतआह) रोगेशोधनसाध्येतुयोभवे-द्दोषदुर्बलम् ॥ तंसमीक्ष्यभिषक्कुर्य्याद्दोषप्रच्यावनंमृदु । दोषदुर्बलंदोषैरुपचितैर्दुर्बलं नतूपवासादिकृशम् अतएवसमीक्ष्येति ॥ ८२ ॥

निषिद्ध भी संशोधन अवस्था विशेष में देना चाहिये क्योंकि कहागया है कि इकट्ठे हुए दोषोंके द्वारा दुर्बल जिस रोगी के शोधन साध्यरोग होवे वैद्य उसको देखकर कोमलतासे दोष निकालने वाली औषध देवे ॥ ८२ ॥

शोधनसाध्य रोगमाह ॥

सद्योज्वरेविषेऽजीर्णेमन्देऽग्नावुदरेतथा । स्तन्यरोगेचहृद्रोगेकासश्वासेषुवामयेत् ॥ जीर्णज्वरगरच्छर्दिगुल्मप्लीहोदरेषुच । शूलेशोथेमूत्रघातेकृमिरोगेविरेचयेत् ॥ (अन्यच्च) चलेदोषेमृदौकोष्ठेनेक्षेततत्रबलंनृणाम् । अव्यापद्दुर्बलस्यापिशोधनंहितदाभवेत् ॥ कुतोबलंनापेक्षणीयमित्याशङ्कायामाहतदातस्यामवस्थायांशोधनंदुर्बलस्यापि दोषदुर्बलस्यापिअव्यापद्भवेत् । छर्द्यादिव्याधिकृन्नभवतीत्यर्थः ॥ ८३ ॥

शोधनसे साध्यरोग ॥

नवीनज्वर, विष, अजीर्ण मन्दाग्नि, उदर, दुग्धरोग, हृदयकेरोग, खांसी और श्वासमें वमन कराना चाहिये जीर्णज्वर, गरदोष, छर्दि, गुल्म, प्लीहोदर, शूल, सूजन, मूत्राघात और कृमिरोगमें विरेचन देना चाहिये औरभी कहागयाहै कि दोषों के चलायमान होनेपर और कोष्ठके मृदु होनेपर मनुष्यों के बल को विना देखे दुर्बल मनुष्यको भी संशोधन देनेसे कोई दोष नहीं होता बलका विचार क्यों नहीं करना चाहिये इस सन्देह के दूर करने को कहतेहैं कि ऐसी अवस्थामें दोषोंके द्वारा दुर्बल मनुष्यको शोधन औषध देने से छर्दि आदिक दोष नहीं उत्पन्न होतेहैं ॥ ८३ ॥

बलवतःपुरुषस्यपक्वस्यदोषस्यस्वस्थानस्थितस्यशोधनाविधानेदोषमाहसुश्रुतः ॥ पक्वोऽप्यनिर्हृतोदोषोदेहेतिष्ठन्महात्ययम् । विषमंवाज्वरंकुर्य्याद्बलव्यापदमेववा ॥ पक्वःलङ्घनाम्बुपानपेयादिभिःअनिर्हृतःअधोमार्गेणानुत्सृष्टःमहात्ययंविषमज्वरंचातुर्थिकंतस्यैवमहात्ययत्वादितिगदाधरः (गम्भीरमितिकार्तिकः) महात्ययंमहाकष्टंवाबलव्यापदं बलक्षयम् ॥ ८४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बलवान् पुरुषके अपने स्थान में स्थित परिपक्व दोषों के शोधन न करने में सुश्रुतने दोष कहाहै जैसे कि [illegible]वनादि के द्वारा नहीं त्याग कियागया लंघन जलपान तथा पेया आदिकों से परिपाक को प्राप्तहुआ दोष शरीर में स्थित होकर अत्यन्त कृच्छ्रसाध्य विषमज्वर और बलक्षयको करता है यहां अत्यन्त कृच्छ्र विषमज्वरका अर्थ गदाधरने चौथिया कियाहै क्योंकि यही ज्वर अत्यन्त कृच्छ्र-साध्यहै और कार्तिक ने गम्भीरज्वर अथवा अत्यन्त कष्टदायक ज्वर यह अर्थ कियाहै ॥ ८४ ॥

संशोधनमाह ॥

आरग्वधग्रन्थिकमुस्ततिक्ताहरीतकीभिःक्कथितःकषायः । सामेसशूलेकफवातपित्ते ज्वरेहितोदीपनपाचनश्च ॥ इतिआरग्वधादिःक्काथः (अन्यच्च) पथ्यारग्वधतिक्तात्रिवृदामलकैःशृतंतोयम् । पाचनसारकमुक्तंमुनिभिर्जीर्णज्वरेसामे । इति आरोग्यपञ्चकद्वयम् ॥ ८५ ॥

संशोधनका वर्णन ॥

अमलतास, पीपलामूल, मोथा, कुटकी और हड इनसबका क्काथकरके आम तथा शूलयुक्त कफ, वात तथा पित्तके ज्वर में देना चाहिये यह दीपन और पाचकहै यह आरग्वधादि क्काथ कहलाताहै और भी कहागयाहै कि हड, अमलतास, कुटकी, निशोथ और आंवला इनके द्वारा औटायाहुआ जल पाचन और दस्तावर कहागयाहै यह आमसहित जीर्णज्वर में देना चाहिये यह दो आरोग्य पंचक कहलाते हैं ॥ ८५ ॥

अनन्ताबालकंमुस्तंनागरंकटुरोहिणी । पिष्ट्वासुखाम्बुनाकल्कंपाययेदक्षसंमितम् ॥ कल्कःस्वल्पेनकालेनहन्यात्सर्व्वज्वरामयान् । विदध्यात्कोष्ठसंशुद्धिंदापयेच्चहुताशनम् ॥ अनन्तासारिवासारिवादिकल्कः ॥ ८६ ॥

सारिवा, सुगन्धबाला, मोथा, सोंठ और कुटकी इनसबको पीसकर कुछ गरमजल के साथ तोले भर कल्क पिलावै यह थोडेही कालमें संपूर्ण ज्वरोंका नाशकरताहै और कोष्ठको शुद्ध करके अग्निको दीप्त करताहै इति सारिवादि कल्क ॥ ८६ ॥

संशोधनंसंशमनंचयेषांनिषिद्धंतानाह ॥

पीताम्बुर्लङ्घितक्षीणोजीर्णोभुक्तःपिपासितः । नपिबेदौषधंजन्तुःसंशोधनमथेतरत् ॥ पीताम्बुःपीततिक्ताम्बुःभुक्तोभुक्तवानित्यर्थः । अत्राध्यवसितादित्वात्कर्त्तरिक्तप्रत्ययः इतरत्संशमनं ॥ ८७ ॥

जिनको शोधन और शमनका निषेधहै उनका वर्णन ॥

तिक्त जल पियेहुए लंघन कियेहुए क्षीण अजीर्णवाला भोजन कियाहुआ और प्यासा इन सबको [शो]धन और शमन औषधका निषेधहै ॥ ८७ ॥

त्रिफलारजनीयुग्मंकण्टकारीयुगंशटी । त्रिकटुग्रन्थिकंमूर्वागुडूचीधन्वयासकः ॥ [क]टुकापर्पटोमुस्तंत्रायमाणाचबालकम् । निम्बःपुष्करमूलञ्चमधुयष्टीचवत्सकः ॥ यवा[नी]न्द्रयवोभार्ङ्गीशिग्रुबीजंसुराष्ट्रजा । वचात्वक्पद्मकोशीरचन्दनातिविषाबलाः ॥ शालि[प]र्णीपृष्ठिपर्णीविडंगन्तगरंतथा । चित्रकंदेवकाष्ठञ्चचव्यंपत्रंपटोलजम् ॥ जीवकर्षभकौचै

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वलवङ्गंवंशलोचनम् । पुण्डरीकञ्चकाकोलीपत्रकंजातिपत्रकम् ॥ तालीसपत्रमेतानिसम भागानिचूर्णयेत् । अर्द्धांशंसर्व्वचूर्णस्यकिरातंप्रक्षिपेत्सुधीः ॥ एतत्सुदर्शनंनाम चूर्णंदोष त्रयापहम् । ज्वरांश्चनिखिलान्हन्तिनात्रकार्य्याविचारणा ॥ दोषजागन्तुकांश्चापिधातु स्थान्विषमज्वरान् । सन्निपातोद्भवांश्चापिमानसानपिनाशयेत् ॥ शीतादीनपिदाहादी न्मोहंतन्द्रांभ्रमंतृषाम् । कासंश्वासञ्चपाण्डुञ्चहृद्रोगंकामलामपि ॥ त्रिकपृष्ठकटीजानु पार्श्वशूलंनिवारयेत् । शीताम्बुनापिबेदेतत्सर्व्वज्वरनिवृत्तये ॥ सुदर्शनंयथाचक्रंदानवा नांविनाशनम् । तथाज्वराणांसर्वेषांचूर्णमेतत्प्रणाशनम् ॥ पुष्करमूलाभावेतुकुष्ठमपिदद्या त्भाङ्गर्यभावेकण्टकारीमूलम् । सौराष्ट्राभावेस्फटिकांदद्यात् । तगरालाभेकुष्ठंदेयंजीवक र्षभकयोरलाभेविदारीकन्दस्यभागद्वयंदद्यात् पुण्डरीकंश्वेतकमलंकाकोल्यभावेअश्वग न्धामूलंतालीसपत्रकाभावेस्वर्णतालीसप्रदीयतइति । अथवाकण्टकारीजटादेया (इ तिसुदर्शनचूर्णम्) ॥ ८८ ॥

हड, बहेडा, आमला, हल्दी, दारुहल्दी, दोनों भटकटैया, कचूर, सोंठ, मिर्च, पीपल, पीपलामूल, मरोरफली, गिलोय, धमासा, कुटकी, पित्तपापडा, मोथा, त्रायमाण, सुगन्धबाला, नींबकीछाल, पुष्करमूल, मुलहठी, कुरैया, अजवाइन, इन्द्रयव, भारंगी, सहजनके बीज, सोरठीमट्टी, वच, दालचीनी, पद्माक, खस, चन्दन, अतीस, बरियारा, शालिपर्णी, पृष्ठपर्णी, वायविडंग, तगर, चीता, देवदारु, चव्य, परवलकेपत्ते, जीवक, ऋषभक, लौंग, वंशलोचन, श्वेतकमल, काकोली, तेजपात, जाविन्त्री और तालीस इनसबको समभाग लेकर चूर्णकरे फिर सब चूर्णका आधा चिरायता मिलावे यह सुदर्शननाम चूर्ण त्रिदोषनाशक और संपूर्ण ज्वरोंका मूलनाशकहै यह दोषजनित आगन्तुक धातुओं में स्थित विषमज्वर सान्निपातज्वर मानसज्वर शीत अथवा दाहादिके ज्वरोंका नाशक और प्रमेह, तन्द्रा, भ्रम, तृषा, खांसी, श्वास, पाण्डु, हृदयके रोग, कामला, त्रिकशूल, पीठकी पीड़ा, कमरकी पीड़ा, घुटनोंकी पीड़ा और पसलीकी पीड़ाको नाशकरताहै संपूर्ण ज्वरों के नाशकरने के लिये शीतल जल के साथ इसका पान करना चाहिये जैसे सुदर्शनचक्र दैत्योंका नाश करता है इसीप्रकार यह सुदर्शनचूर्ण भी संपूर्ण ज्वरोंको नाशकरताहै इस चूर्णमें पुष्करमूलके अभावमें कूट, भारंगी के अभावमें भटकटैया की जड़, सोरठीमिट्टी के अभावमें फिटकरी, तगरके अभाव में कूट, जीवक ऋषभकके अभावमें विदारीकन्दके दोभाग, काकोली के अभावमें असगन्धकी जड़, तालीस के अभावमें स्वर्ण तालीस अथवा भटकटैयाकी जड़ देनी चाहिये इति सुदर्शनचूर्णम् ॥ ८८ ॥

निम्बपत्रवराव्योषजवानीलवणत्रयम् । क्षारोदिग्वह्निरामेषुत्रिनेत्रक्रमशोंऽशकान् ॥ सर्वमेकीकृतंचूर्णंप्रत्यूषेभक्षयेन्नरः । एकाहिकंद्वयाहिकञ्चतथात्रिदिवसज्वरम् ॥ चातु र्थिकंमहाघोरंसततंसन्ततंदिवा । धातुस्थञ्चत्रिदोषोत्थंज्वरंहन्तिनसंशयः ॥ निम्बा दिचूर्णम् ॥ ८९ ॥

नींबकीपत्ती १० भाग. हड, बहेडा, आमला तीनभाग. सोंठ, मिर्च, पीपल ३ भाग. अजवाइन ५ भाग सेंधा, काला तथा बिड्नोन ३ भाग और सज्जी तथा जवाखार २ भाग इनसबको चूर्णकरके प्रातःकाल

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

खाय यह एकाहिक, द्व्याहिक, त्र्याहिक, अत्यन्तघोर चातुर्थिक, सतत, संतत, धातुस्थ और त्रिदोषजनित ज्वरको नाशकरता है इति निम्बादिचूर्णम् ॥ ८६ ॥

शटीनिशाद्वयंदारुशुण्ठीपुष्करमूलकम्। एलागुडूचीकटुकापर्पटश्चयवासकः ॥ शृंगीकिराततिक्तञ्चदशमूलीतथैवच। क्काथमेषांपिबेत्कोष्णंसिन्धुचूर्णयुतन्नरः ॥ ज्वरान्सर्वान्द्रुतंहन्तिनात्रकार्याविचारणा (इतिशठ्यादिक्काथः) अनुभूतमिदम् ॥ ९० ॥

शठ्यादि क्काथ ॥

कचूर, हल्दी, दारुहल्दी, देवदारु, सोंठ, पुष्करमूल, इलायची, गिलोय, कुटकी, पित्तपापड़ा, धमासा, काकड़ासिंगी, चिरायता और दशमूल इनसबका क्काथ सेंधानोन डालकर कुछ गरम २ पिये यह संपूर्ण ज्वरोंको नाशकरता है इसमें किसी प्रकारका भी संदेह नहीं है यह अनुभव किया हुआ है ॥ ९० ॥

हरीतकीत्रिवृद्वृद्धदारकाणांपृथग्भवेत् । पलद्वयंकणाशुण्ठीगुडूचीगोक्षुरीवरी ॥ सहदेवीविडंगंचप्रत्येकम्पलसम्मितम्। मधुनावटिकांकृत्वाखादेज्ज्वरमपोहति ॥ कासंश्वासंमलस्तम्भवह्निमान्द्यंनियच्छति (इति हरीतक्यादिगुटी) अनुभूतमेतत् ॥ ९१ ॥

हरीतक्यादि गोली ॥

हड, निसोथ और विधारा यह सब दो २ पल पीपल, सोंठ, गिलोय, गोखुरू, शतावर, सहदेई और बायबिड़ंग यहसब एक २ पल इन संपूर्ण औषधियों को पीसकर सहतकेसंग गोली बनावे इसके खाने से ज्वर, खांसी, श्वास, मलका रुकना और मंदाग्निका नाशहोताहै यह अनुभव कियाहुआहै ॥ ९१ ॥

लाक्षादशाक्षात्वरुणाषडक्षासचन्दनंलोहितचन्दनं च । त्वक्पत्रकंवारिसुरासमुस्ताप्रत्येकमेतानिपलोन्मितानि ॥ किराततिक्तात्रिवृतासतिक्ताऽमृताकणापर्पटकण्टकार्यः । विडंगविश्वामलकानिवासारसानिशावीरणसिन्दुवाराः ॥ एतानिदेयानिपृथक्पलार्द्धंमानानिसर्वाणिचभेषजानि। कल्कानमीषांविदधीतगव्यदुग्धेनवैसार्द्धतुलामितेन । तैलंतिलानान्तुतुलानुमानं तेनैवकल्केनशनैःपचेच्च ॥ हन्याज्ज्वरांस्तैलमिदंसमस्तान् कुर्य्याद्बलंवीर्यमतीवपुष्टिम्। विमर्द्दनादाशुपरिश्रमंभ्रमंशमंनयेत्संजनयेत्द्युतिंतनोः ॥ तथाठ्यथामस्थिसमुद्भवामपिप्रहृत्यनिद्रांसमुपार्जयेत्सुखम् ॥ अरुणामञ्जिष्ठावारिवालंरसारास्ना। इतिलाक्षादितैलम् ॥ ९२ ॥

लाक्षादि तैल ॥

लाख १० तो० मजीठ ६ तोले सफेद चन्दन, लाल चन्दन, दालचीनी, तेजपात, सुगन्धबाला, मरोड़फली और मोथा यहसब चार २ तोले चिरायता, निसोथ, कुटकी, गिलोय, पीपल, पित्तपापड़ा, भटकटैया, बायबिड़ंग, सोंठ, आंवला, बांसा, रासना, हल्दी, खस और संभालू यहसब दो २ तोले इन संपूर्ण औषधियोंकाकल्क दोसौ तोले गौकादूध और चारसौ तोले तिलका तेल इनसबको विधिपूर्वक धीरे २ पाककरके सेवन करे यह तैल संपूर्ण ज्वरोंकानाशक, बलवीर्य्य अत्यन्त पुष्टता और शरीरमें कान्तिकारी होताहै इसके मर्द्दनकरने से परिश्रम, भ्रम और हड्डियोंकी पीड़ाका नाश होकर सुखपूर्वक निद्रा आती है ॥ ९२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लाक्षारससमंतैलंतैलान्मस्तुचतुर्गुणम्। अश्वगन्धानिशादारुकौन्तीकुष्ठाब्दचन्दनैः॥ समूर्व्वारोहिणीरास्नाशताह्वामधुकैःसमैः। सिद्धंलाक्षादिकंनामतैलमभ्यञ्जनादिना। सर्व्वज्वरक्षयोन्मादश्वासापस्मारवातनुत्॥यक्षराक्षसभूतघ्नंगर्भिणीनांचशस्यते। मस्तुदधिजलं। कौन्तीरेणुकाचन्दनमत्रश्वेतमेवनतुरक्तम्॥ रोहिणीकटुका। इतिलाक्षादि ६३॥

दूसरा लाक्षादि तैल॥

लाखके रसके समान तिलोंका तेल और उसका चौगुना दहीका तोड इनमें असगंध, हल्दी, देवदारु, रेणुका, कूट, नागरमोथा, श्वेतचन्दन, मरोडफली, कुटकी, रासना, शतावर, और मुलहठी इन सब समभाग औषधियों का कल्क छोडकर विधिपूर्वक परिपाक करने से लाक्षादिनाम तैल बनताहै यह मर्दनादिकों से सब प्रकार के ज्वर, क्षय, उन्माद, श्वास, मृगी, वात, यक्ष, राक्षस तथा भूतोंको नाश करताहै और गर्भिणी स्त्रियोंको अत्यन्त हितकारी है॥ ६३॥

लाक्षाहरिद्रामञ्जिष्ठाफेनिलंमधुकंबला। लामज्जकंचन्दनंचचम्पकंनीलमुत्पलम्॥ प्रत्येकमेषांषट्मुष्टीःपक्त्वातोयेचतुर्गुणे। चतुर्भागावशेषेतुगर्भेचैतत्समावपेत्॥ रेणुकापद्मकञ्चैववाजिगन्धातथैवच।वेतसञ्चोरकंकष्ठंदेवदारुनखंत्वचम्॥ शतपुष्पापुण्डरीकंमांसीमधुकमेवच। एभिरक्षमितैःकल्कैःकषायेणैवपेषितैः॥ मस्तुशुक्तारनालानामाढकांशंसमापयेत्। क्षीराढकसमायुक्तंतैलप्रस्थंविपाचयेत्॥ अभ्यंगात्तैलमेतद्धिशीघ्रंदाहमपोहति। व्यपोहतितथावातपित्तश्लेष्मभवज्वरम्॥ सप्रलापंसतृष्णञ्चतालुशोषभ्रमान्वितम्। ग्रहोपसृष्टायेबालारक्षसादूषिताश्चये॥ तेषांकष्टंप्रशमयेत्तैलंलाक्षादिकंमहत्। फेनिलंबदरी॥लामज्जकमुशीरवत्पीतछवितृणविशेषः॥ लामज्जकंयदानस्यादुशीरन्दीयतेतदा। चम्पकमित्यस्यस्थानेकुत्रापिगैरिकमितिपाठः॥ नीलोत्पलस्यालाभेतुकुमुदंदेयमिष्यते। समावपेत्प्रक्षिपेदित्यर्थः॥ चोरकग्रन्थिपर्णस्यभेदोभटिउरइतिनैपालदेशेभवतितदलाभेग्रन्थिपर्णंदेयम्। पुण्डरीकंश्वेतकमलम्॥ मस्तुदधिजलम्॥ शुक्तंसन्धानभेदः॥ आरनालःसोऽपिसन्धानभेदः। इति महालाक्षादितैलम्॥ ६४॥

महालाक्षादि तैल॥

लाख, हल्दी, मजीठ, बेर, महुआ, बरियारा, लामज्जक (खसके समान पीला तृण विशेष इसके अभावमें खस डाली जातीहै) चन्दन, चम्पा अथवा गेरू और नीलकमल (इसके अभावमें कोकावेली छोडीजाती है) इन सब औषधियोंको चौबीस २ तोले लेकर चौगुने जल में पाक करे जब चौथाई रहजाय तब उतारले फिर इसमें रेणुका, पद्माक, असगंध, बेत, चोरक (यह कुकुरोंधेका भेद भटेउरनामसेनैपालमें प्रसिद्धहै इसके अभावमें कुकुरोंधा लेना चाहिये) कूट, देवदारु, नख, दालचीनी, सौंफ, श्वेत, कमल, जटामासी और मुलहठी इन सब तोले २ औषधियोंका कषायके द्वारा पिसे हुआ कल्क दहीका तोड दोसौ छप्पन तोले, सिरका दोसौ छप्पन तोले, आरनाल दोसौछप्पन तोले दूध दोसौ छप्पनतोले और तिलका तेल चौंसठ तोले मिलाके पाककरे इसतेलके लगानेसे शीघ्रही दाहका नाश होताहै और प्रलाप, तृषा, तालूका सूखना तथा भ्रमसहित वात पित्त कफसे उत्पन्न ज्वर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नाशको प्राप्त होताहै यह महालाक्षादि तैल ग्रहोंसे दूषित बालक और राक्षसों से पीडित होनेवाले के कष्टको दूर होताहै ॥ ६४ ॥ अथ नवज्वरेरसाः ॥

सूतोगन्धष्टङ्कणःशोषणश्चसर्वैस्तुल्याशर्कराभत्स्यपित्तैः । भूयोभूयोमर्दयेत्तत्त्रिरात्रं वल्लोदेयःशृंगवेरद्रवेण ॥ तापेशीतंव्यञ्जनैस्तक्रभक्तंवृन्ताकाढ्यंपथ्यमेतत्प्रदिष्टम् । अह्नै वोग्रंहन्तिसद्योज्वरन्तुपित्ताधिक्येमूर्ध्नितोयंचदद्यात् ॥ अस्यप्रक्रियापाराशुद्धभाग १ गन्धकभाग १ सोहागाभृष्टभाग १ मरिचभाग १ शर्कराभाग ४ रोहितमत्स्यपित्तभाग ४ प्रतिदिनसर्वैदिनत्रयंमर्दयेत्।रसमिमंरक्तिकात्रयमितमार्द्रकरसेनदद्यात् । ओदनं तक्रंवृन्ताकफलंभोक्तुंदद्यात् । व्यञ्जनाद्यैःशीतलमुपचारंकुर्य्यात् । उदकमञ्जरीरसो नवज्वरेषुरसरत्नप्रदीपे ॥ ६५ ॥

नवीन ज्वरपररस ॥

शुद्धपारा १ भाग गन्धक १ भाग सुहागा १ भाग मिर्च १ भाग और शक्कर ४ भाग इनसब औषधियोंको चारभाग मछली के पित्तेके द्वारा तीन दिनतक वारंवार घोटे फिर तीनरत्ती यह रस अदरक के रसके साथ सेवन करने को देवे मट्ठा भात और बैंगन का पथ्यदेवे दाहमें व्यजन आदिके द्वारा शीतल उपचार करे और पित्तकी अधिकतामें शिरपर जलछोंडे उसके सेवनसे एकही दिनमें नवीन उग्रज्वर का नाश होताहै इति उदकमंजरी रस ॥ ६५ ॥

अद्यात्सम्ंसूतसमुद्रफेनंहिंगुंसगन्धंपरिमर्द्ययामम् । नवज्वरेवल्लयुगंत्रिघस्रमार्द्राम्भसाऽयंज्वरधूमकेतुः (अथ प्रक्रिया) पाराशुद्धगन्धकशुद्धहिंगुलशुद्धसमुद्रफेनस मभागंसर्वंयाममेकमार्द्रकरसेनसंमर्द्यरक्तिकाषट्कमितमार्द्रकरसेनदिनत्रयं नवज्वरीभक्षयेत् दिनत्रयान्नवज्वरोनश्येत् इतिज्वरधूमकेतुः॥ रसेन्द्रचिंतामणौ ॥ ६६ ॥

रसेन्द्रचिन्तामणिमें कहाहुआ ज्वर धूम केतुरस ॥

शुद्धपारा, शुद्धगन्धक, शुद्धसिंदरक और शुद्धसमुद्रफेन इन सबको समभाग लेकर अदरकके रसमें एक पहर घोटे फिर अदरक के रसके साथ छः रत्ती रस तीनदिनतक खाय तो इस धूमकेतु रस से नवीनज्वर का नाश होताहै ॥ ६६ ॥

शुद्धसूतोविषंगंधःप्रत्येकंशाणसंमितः।धूर्त्तबीजंत्रिशाणंस्यात्सर्वेभ्योद्विगुणाभवेत् ॥ हेमाह्वाकारयेदेषांसूक्ष्मंचूर्णंप्रयत्नतः । जम्बीरबीजकैर्देयंचूर्णंगुञ्जाद्वयोन्मितम् ॥ आर्द्रकस्यरसेनापिज्वरंहंतित्रिदोषजम् । एकाहिकंद्व्याहिकश्चत्र्याहिकश्चचतुर्थकम् ॥ विषमञ्चज्वरंहन्यान्नवंजीर्णञ्चसर्व्वथा । महाज्वरांकुशोनाम्नारसोऽयंसर्व्वसम्मतः ॥ प्रक्रिया, शुद्धपारा, शुद्धगन्धक, शुद्धविष, प्रत्येकंटङ्कं १ धत्तूरबीजटङ्कं ३ चोकटङ्क १२ सर्व्वेषांचूर्णमतिसूक्ष्मंकर्त्तव्यम् (इतिमहांज्वरांकुशःसर्व्वज्वरेषुशार्ङ्गधरे) ॥ ९७ ॥

शार्ङ्गधरमें कहाहुआ संपूर्ण ज्वरोंपर महाज्वरांकुशरस ॥

शुद्धपारा, शुद्धविष, शुद्धगन्धक यहसब चार २ मासे धतूरेके बीज बारह मासे और चोक चारतोले इनसब औषधियोंका सूक्ष्म चूर्णकरे फिर दोरत्ती रस जंभीरी नींबूके रसके साथ तथा अदरकके रसके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

साथ सेवन करनेसे त्रिदोषज, एकाहिक, द्व्याहिक, त्र्याहिक, चातुर्थिक, विषमज्वर और जीर्णज्वर का नाश होताहै यह महाज्वरांकुश रस सर्व सम्मतहै ॥ ९७॥

एकोभागोरसाच्छुद्धाच्छैलेयःपिप्पलीशिवा। आकारकरभोगंधःकटुतैलेनशोधितः॥ फलानिचेन्द्रवारुण्याश्चतुर्भागमिताश्र्मी । एकत्रमर्दयेच्चूर्णमिन्द्रवारुणिकारसैः॥ माषोन्मितांवटींकृत्वादद्यात्सद्योज्वरेबुधः। छिन्नारसानुपानेनज्वरघ्नीवटिकामता॥ शैलेयः छरइतिलोकेशिवाहरीतकी। आकारकरभःअकरकराइतिलोके । चतुर्भागमिताअमीशैलेयादयः। षट्समुदिताभागचतुष्टयमिताः॥ ज्वरघ्नीवटिकाशार्ङ्गधरे ॥ ९८ ॥

शार्ङ्गधरमें कहीहुई ज्वरनाशक गोली ॥

शुद्धपारा १ भा० छर, पीपल, हड, अकरकरा, कटुतेल में शोधी हुई गन्धक और इन्द्रायणके फल यह सब चारभाग इनसब औषधियोंको चूर्ण करके इन्द्रायण के रसमें खरल करे और उर्द के बराबर गोली बाँधे इस गोली को गिलोयके रसके साथ सेवन करनेसे नवीन ज्वरका नाश होताहै ९८ ॥

रसंगन्धञ्चदरदंजैपालंक्रमवर्द्धितम् । दन्तीरसेनसंपिष्यवटीगुञ्जामिताभवेत् ॥ प्रभातेसितयासार्द्धमसिताशीतवारिणा । एकेनदिवसेनैषानवज्वरहरीभवेत् ॥ (इति ज्वरघ्नीवटिकारसरत्नप्रदीपे ॥ ९९ ॥

रसरत्नप्रदीप में कहीहुई ज्वरनाशक गोली ॥

पारा १ भाग गंधक २ भाग सिंदरफ ३ भाग जमालगोटा ४ भाग इन सबको जमालगोटे के रस में पीसकर एक रत्ती की गोली बनावे फिर प्रातःकाल शक्कर के साथ अथवा शक्कर न होतो शीतल जलके साथ इसका सेवन करने से एकही दिनमें नवीनज्वरका नाशहोताहै॥ ९९॥

रसगन्धोविषंशुण्ठीपिप्पलीमरिचानिच । पथ्याविभीतकंधात्रीदन्तीबीजंचशोधितम्॥ चूर्णमेषांसमांशानांद्रोणपुष्पीरसैःपुटेत्। वटींमाषनिभांकुर्य्याद्भक्षयेन्नूतनेज्वरे ॥ नवज्वरहरीवटी ॥ १०० ॥

नवीनज्वरनाशकगोली ॥

शुद्धपारा, शुद्धगन्धक, शुद्धसींगिया, सोंठ, पीपल, मिर्च, हड, बहेडा, आंवला और शुद्ध जमालगोटा इन सबको समभाग लेकर चूर्णकर गूमाके रसमें खरलकरके पुटपाककरे फिर उर्दके समान गोली बनाकर नवीन ज्वर में सेवनकरे॥ १००॥

एकभागोरसोभागद्वयंशुद्धश्चगन्धकम्। गरलस्यत्रयोभागाचतुर्भागाहिमावती॥ जैपालकःपञ्चभागोनिम्बुद्रवविमर्दितः। कृमिघ्नःप्रमितावत्यःकार्याःसर्वज्वरच्छिदः॥ शृंगवेरेणदातव्या वटिकैकादिनेदिने। जीर्णेज्वरेतथाऽजीर्णेसमेवाविषमेतथा ॥ ज्वरंसर्वनिहन्तासौ दावोवनमिवानलः॥ नवज्वरेरसः ॥ १०१ ॥

नवीन ज्वर पर रस॥

पारा १ भाग, शुद्धगन्धक २ भाग, विष ३ भाग, मकोय ४ भाग और जमालगोटा ५ भाग इनसबको नींबूकेरसमें घोटकर बायबिडंगके समान गोली बनावे फिर अदरकके रस के साथ एक गोली रोज खानेसे जीर्णज्वर, आम सहित ज्वर और सम तथा विषम आदिक संपूर्ण ज्वरोंका नाशहोताहै जैसे दावाग्नि से वन का नाश होताहै उसी प्रकार यह भी संपूर्ण ज्वरोंका नाशकरताहै ॥ १०१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथसामान्यज्वरेरसाः ॥

शुद्धंसूतंविषंगन्धंधूर्त्तबीजंत्रिभिःसमम् । चतुर्णांद्विगुणंव्योषंचूर्णंगुञ्जाद्वयोन्मितम् ॥ आर्द्रकस्यरसैःकिंवाजम्बीरस्यरसैर्युतम् । महाज्वरांकुशोनाम्नासर्वज्वरविनाशनः ॥ एकाहिकंद्व्याहिकञ्चत्र्याहिकञ्चचतुर्थकम् । विषमंवात्रिदोषंवाज्वरंहन्तिनसंशयः ॥ (प्रक्रिया) शुद्धपारदटंङ्क १ शुद्धविषटङ्क १ शुद्धगन्धकटङ्क १ धत्तूरबीजटङ्क ३ त्रिकुटाप्रत्येकटङ्क ४ सर्वेषांचूर्णमतिसूक्ष्मंकर्तव्यम् । इतिमहाज्वराङ्कुशःसर्वज्वरेषु ॥ १०२ ॥

सामान्य ज्वर पर रस महाज्वरांकुश रस ॥

शुद्धपारा, शुद्धबिष, शुद्धगन्धक, यह सब एक २ भाग धतूरेके बीज ३ भाग और इनचारोंका दूना त्रिकटुका चूर्ण इन सब औषधियोंको चूर्ण करके अदरकके रस अथवा जंभीरी नींबूके रसके साथ दो रत्ती इस महाज्वरांकुश रस के सेवन करनेसे एकाहिक, द्व्याहिक, त्र्याहिक तथा चातुर्थिक, बिषम ज्वर और त्रिदोषज यह सब प्रकारके ज्वर निस्सन्देह नाशको प्राप्त होते हैं ॥ १०२ ॥

सूतंगन्धंविषंचैवटङ्कणंचमनःशिलाम् । एतानिटङ्कमात्राणिमरिचंत्वष्टटङ्ककम् ॥ कटुत्रयंटङ्कषट्कंखल्लेक्षिप्त्वाविचूर्णयेत् । रसःश्वासकुठारोऽयंसर्वज्वरहरःपरः ॥ इति श्वासकुठारोरसःश्वासेसर्वज्वरेरसरत्नाकरे ॥ १०३ ॥

श्वास कुठाररस ॥

शुद्धपारा, गन्धक, बिषसुहागा और मैनशिल यह सब चार २ मासे मिर्च बत्तीसमासे और त्रिकुटा चौबीस मासे इनसब औषधियों को एक साथ पीसकर चूर्णकरे इस श्वासकुठाररसके सेवनसे श्वास और सब प्रकारके ज्वरोंका नाश होताहै ॥ १०३ ॥

दारुमूषांशिखिग्रीवांरसकञ्चपृथक्पृथक् । टङ्कत्रयानुमानेनगृहीत्वाकनकद्रवैः ॥ मर्द्दयेत्त्रिदिनंकार्य्यावटीचणकमात्रया । मरिचैरेकविंशत्यासप्तभिस्तुलसीदलैः ॥ खादे[त्व]टीद्वयंपथ्यंदुग्धभक्तंसशर्करम् । तरुणंविषमंजीर्णंहन्यात्सर्वज्वरंध्रुवम् ॥ दारुमूषा [दा]रुमूसी शिखिग्रीवातुत्थंरसकङ्खपरियाप्रत्येकंस्यात् । टङ्क ३ धत्तूरपत्रस्यरसेनमर्द्दयेत् [इति] ज्वरांकुशःसर्वज्वरेषु ॥ १०४

सम्पूर्णज्वरोंपर ज्वरांकुश रस ॥

दारुमूसी, तूतिया और खपरिया यहसब तोले २ भर लेकर धतूरे के पत्तों के रसमें तीन दिनतक खरलकरे फिर चनेके बराबर गोली बनाके इक्कीस कालीमिर्च और सात तुलसी दलोंके साथ दो गोली खाय और शक्करसहित दूध भात का भोजनकरे इस से नवीन विषम तथा जीर्ण यह सब [प्र]कारके ज्वर निस्संदेह नाश को प्राप्त होते हैं ॥ १०४ ॥

मरिचंसार्द्धकर्षंस्यात्तावद्दग्धवराटकम् ॥ विषं [?] नागरंकर्षमात्रञ्चटंकणंकर्षकद्वयम् । रसोहुताशनोनाम्नाखाद्योगुञ्जामितोज्वरे । इतिहुता[श]नोरसः ॥ १०५ ॥ [क]र्षंचतुर्थांशंसर्वमेकत्रचूर्णयेत् ॥

हुताशनरस ॥

सोंठ १ तोला, सुहागा २ तोला, मिर्च १ तोला, कौड़ीकी भस्म १॥ तोला और विष तीनमासे इन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सब औषधियोंको एक साथ चूर्णकरे यह हुताशननामक रस ज्वरमें एक रत्ती खानाचाहिये ॥ १०५ ॥

शुद्धजैपालटंकन्तुकटूवींटंकद्वयोन्मितम् । गैरिकंटंकमेकञ्चकुन्यानीरेणमर्दयेत् ॥ कला यसदृशीकार्य्यावटिकाताञ्चभक्षयेत ॥ शीतलेनजलेनैववटीजीर्णज्वरापहा । इति ज्वर घ्नीवटिका ॥ १०६ ॥

ज्वरनाशक गोली ॥

शुद्ध जमालगोटा ४ मासे कुटकी आठ मासे और गेरू ४ मासे इन सबको घीकुआरके रस में घोटकर मटरके समान गोली बनावे इस गोली को शीतल जल के साथ सेवन करने से जीर्णज्वर का नाश होताहै ॥ १०६ ॥

द्विभागतालेनहतंचताम्रं रसंचगन्धंचसमीनमायुः । विषंसमंचद्विगुणञ्चताम्रात्त्रिःसप्त वारेणदिवाकरांशौ ॥ विमर्द्यचारिष्टरसेनचूर्णंगुञ्जैकदत्तंसितयासमेतम् । ज्वरांकुशोऽयं रविसुन्दराख्योज्वरान्निहन्त्यष्टविधान्समस्तान् (अस्यप्रक्रिया) पारटंक १ गन्धटंक १ विषटंक १ द्विगुणतालकहतताम्रटंक २ रोहूमत्स्यकेपित्तटंक १ सर्वमेकत्रचूर्णयित्वानि म्बपत्ररसैर्भावयित्वाउष्णे संशोष्यरत्तिकामात्रं १ श्वेतशर्करयाभक्षणीयं सर्व्वज्वरेरवि सुन्दरोरसः १०७॥

सब ज्वरोंपर रविसुन्दर रस ॥

दूनी हरतालके द्वारा माराहुआ तांबा ८ मासे शुद्धपारा, गंधक, विष, और रोहू मछलीका पित्ता यह सब चार २ मासे इन सब औषधियों को एकसाथ पीसकर नींबके पत्तों के रससे धूपमें सुखा सुखा कर २१ भावनादेवे फिर श्वेत शक्करके साथ एक रत्ती इस रविसुन्दर रसको खाय तो आठों प्रकारके सब ज्वरोंका नाश होताहै ॥ १०७ ॥

शुद्धंसूतंतथागन्धंखल्वेतावद्विमर्दयेत् । सूतंनदृश्यतेयावत्किन्तुकज्जलवद्भवेत् ॥ एषाकज्जलिकाख्याताबृंहणीवीर्य्यवर्द्धिनी।नानानुपानयोगेनसर्वव्याधिविनाशिनी १०८

शुद्धपारा और शुद्ध गन्धकको समभाग लेकर तबतक खरलकरे जबतक कि पारा और गन्धक मिलकर कजली न होजाय यह कजली धातु तथा वीर्यवर्द्धक और अनेक प्रकारोंके अनुपानोंके यो से सम्पूर्ण रोगों की नाशक होती है ॥ १०८ ॥

कज्जलिकाविधानंतद्गुणाश्च रसरत्नप्रदीपे ॥

जपापत्ररसेनाथवर्द्धमानरसेनच । भृङ्गराजरसेनापिकाकमाच्यारसेनच ॥ रसंसंशो धयेत्तेनतत्समंशोधयेद्बलिम् । भृङ्गराजरसैःपिष्टाशोषयेदर्करश्मिभिः ॥ सप्तधावात्रिधा वापिपश्चाच्चूर्णन्तुकारयेत् । चूर्णयित्वासमंतेनरसेनसहमर्दयेत् ॥ नष्टसूतंयदाचूर्णंभ वेत्कज्जलसन्निभम् । निर्धूमबदरांगारेद्रवीकुर्य्यात्प्रयत्नतः ॥ तत्रतंमाहिषीविष्ठास्थापि तेकदलीदले । निःक्षिपेत्तदुपर्य्यन्यत्पत्रंदत्त्वाप्रपीडयेत् ॥ शीतलञ्चततःपत्रात्समुद्धृत्य विचूर्णयेत् । एवंसिद्धाभवेद्व्याधिघातिनीरसपर्पटी ॥ ज्वरादिव्याधिभिर्व्याप्तंविश्वं द्वापुराहरः । चकारकृपयायुक्तःसुधावद्रसपर्पटीम् । रत्तिकासंमिताताबद्भृष्टजीरकसंयु ताम् ॥ गुञ्जार्द्धभृष्टहिंग्वाढ्यांभक्षयेद्रसपर्पटीम् । रोगानुरूपभैषज्यैरपितांभक्षयेद्बुधः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पिबेत्तदनुपानीयंशीतलंञ्चुलुकत्रयम् । प्रत्यहंतस्यचैकैकांरत्तिकांवर्द्धयेद्भिषक् । नाधिकांदशगुञ्जातोभक्षयेत्तांकदाचन ॥ एकादशदिनारम्भात्तांतथैवापकर्षयेत् । एवमेतांसमश्नीयान्नरोविंशतिवासरान् ॥ शिवंगुरूंस्तथाविप्रान्पूजयित्वाप्रणम्यच । श्रद्धयाभक्षयेदेतांक्षीरमांसरसाशनः ॥ ज्वरञ्चग्रहणींवापितथातीसारमेवच । कामलांपाण्डुरोगञ्चशूलप्लीहजलोदरम् ॥ एवमादीन्गदान्हत्वाहृष्टःपुष्टश्चवीर्यवान् । जीवेद्वर्षशतंसाग्रंवलीपलितवर्ज्जितः ॥ इति रसपर्पटी ॥ १०९ ॥

रसरत्नप्रदीप में कज्जलीकी विधि और गुण ॥

गुडहरके पत्तोंका रस रेंडीके पत्तोंका रस भंगरेका रस और काकमाचीका रस इनसे पारेको शुद्ध करके पारेके समान गन्धकको शुद्ध करके भंगरेके रससे पीस २ कर सात बार अथवा तीन बार धूप में सुखावे फिर पारे और गन्धककी कज्जली करे और धूमरहित बेरीकी लकडी के कोयलोंपर उस कज्जलीको गलाकर भैंसके गोबरपर रक्खे हुए केलेके पत्तेपर डाले फिर उसके ऊपर दूसरा पत्ता डालकर दबादे इसके उपरान्त शीतल होजानेपर उसको पत्तेसे निकालकर पीसले इस प्रकार सम्पूर्ण रोगनाशक रस पर्पटी सिद्ध होतीहै पूर्वकालमें ज्वरादि रोगोंसे सम्पूर्ण संसारको व्याकुल देखकर श्री शिवजीने कृपाकरके यह रस पर्पटी बनाईथी प्रथम दिन एक रत्ती पर्पटी रसको एकरत्ती भुने जीरे और आधी रत्ती भुनी हींगके साथ खाय पंडित लोग रोगके अनुसार औषधियोंके साथ इसको सेवन करें और औषध खानेके उपरान्त तीन चुल्लू जल पियें वैद्यको चाहिये कि इसकी एक २ रत्ती रोज बढ़ाताजाय परन्तु दश रत्तीसे अधिक कभी न बढ़ावे फिर ग्यारहवें दिनसे इसी प्रकार एक २ रत्ती घटाताजाय इस रीतिसे बीस दिन तक रसपर्पटी का सेवन करे श्रीशिवजी गुरू और ब्राह्मणोंको पूजन तथा नमस्कार करके श्रद्धापूर्वक इस रसका सेवन करना चाहिये इसके साथ दूध और मांसके रसका सेवन करे इसके सेवनसे ज्वर ग्रहणी अतीसार कामला पांडु शूल प्लीहा तथा जलंधर आदि रोगोंसे छूटकर झुर्री तथा बालोंकी श्वेततासे रहित होके हृष्टपुष्ट होकर सौबर्षतक जीताहै इति रसपर्पटी ॥ १०९ ॥

अथ ज्वरिणोऽन्नदानसमयस्तत्रचरकः ॥

क्षुत्सम्भवतिपक्केषुरसदोषमलेषुच । कालेवायदिवाऽकालेसोऽन्नकालउदाहृतः ॥ (अन्यच्च) आमेपाकंगतेनॄणांयदाभोजनलालसा । भवेत्कालेह्यकालेवासोऽन्नकाल उदाहृतः ॥ (तत्र कालमाह) ज्वरस्यपाकावस्थानदानकालः ॥ ११० ॥

ज्वरवालेको अन्नदेनेका समय ॥

इसमें चरकने कहा है कि रसदोष तथा मलोंके परिपाक होनेपर क्षुधा लगतीहै इसीलिये समय अथवा असमयहो वही अन्नका समय कहागयाहै और भी कहागयाहै कि समय अथवा बेसमय आमके परिपाक होनेसे मनुष्योंको जब क्षुधालगे वही भोजनका समयहै वह काल यहकहागयाहै कि ज्वरकेपाक होनेकी अवस्था अन्नदेनेका समयहै ॥ ११० ॥

ज्वरस्यपाककालश्च ॥

वातिकःसप्तरात्रेषुदशरात्रेणपैत्तिकः । श्लैष्मिकोद्वादशाहेनज्वरःपाकमुपैतिहि ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ज्वरस्यपाकउपशमः ज्वरपाकेनैवरसपाकोदोषपाकोऽपिकथितः यथादोषपाकंविनाज्वर पाको न भवतिरसपाकंविनादोषपाकश्च न भवति। ननुयथापैत्तिकज्वरो। दशाहोरात्रेण पाकंयाति। एकादशदिनेऽन्नंदीयते। यथाश्लैष्मिकोज्वरोद्वादशाहोरात्रेणपाकंयाति। त्रयोदशेदिवसेऽन्नंदीयते। तथावातिकोज्वरः सप्ताहोरात्रेणपाकंयातिअष्टमेदिवसेऽन्नं कथंनदीयते। कथंसप्तमएवदिवसेऽन्नंदीयतइत्युच्यते॥ १११॥

ज्वर के परिपाक होने का समय॥

बातज्वर सात रात्रिमें पित्तज्वर दशरात्रिमें और कफज्वर बारह दिनमें परिपाक अर्थात् शान्ति को प्राप्त होता है यहां ज्वर के परिपाक कहने से रस तथा दोषोंका भी परिपाक कहागया यह जानना चाहिये क्योंकि दोषों के पाक के बिना ज्वर का पाक नहीं होता और रस के पाक हुये बिना दोषों का पाक नहीं होता अब यह सन्देह होता है कि जैसे पित्तज्वर दशरात्रि में पाकको प्राप्त होता है ग्यारहवें दिन अन्न दिया जाता है और कफ ज्वर बारह रात्रिमें पाक होकर तेरहवें दिन अन्नदिया जाता है इसी प्रकार बात ज्वर सातरात्रि में परिपाक होताहै तो आठवें दिन अन्न क्यों नहीं दिया जाता सातवें ही दिन क्यों दियाजाता है॥ १११॥

कफपित्तेद्रवेधातुसहेतेलंघनंबहु। आमक्षयादूर्ध्वमपिवायुर्नसहतेक्षणम्॥ इति वचनादामरसपाकेजातेआहारलाभंविनावायुः क्षणमात्रमपिसोढुं न शक्नोति सम्आशुका रित्वात् क्षणादाक्षेपकादीन्विकारान्सञ्जनयति। अतोवातिकेज्वरेपाकदिनानामन्ति मे। सप्तमएवदिनेऽन्नंदीयते॥ ११२॥

इसका उत्तर यहहै कि कफ और पित्त यह पतली धातुहैं इसीसे यह बहुत लंघन सहसक्ती हैं परन्तु बात आमके परिपाक होने के उपरान्त क्षण भरभी लंघन को नहीं सहसक्ती है इस वचनसे यह ज्ञात होता है कि आमरसके परिपाक के उपरान्त बात क्षण भरभी आहारके बिना नहींरहसक्ती है और शीघ्रकारी होने के कारण क्षणभरही में आक्षेपादिक रोगोंको उत्पन्न करती हैं इसलिये बात ज्वर के परिपाक के दिनों के अन्तके सातवें ही दिनअन्न दियाजाता है॥ ११२॥

(तथा च धन्वन्तरिः) ज्वराभिभूतःषडहेऽव्यतीते विपक्वदोषःकृतलङ्घनादिः। योभेषजंखादतिवैद्यवश्योनिःसंशयंहन्त्यचिरात्सरोगान्॥ ज्वराभिभूतःवातज्वराभिभूतःविपक्वदोषःपक्ववातःकृतलङ्घनादिः। आदिशब्दात्कृतपक्वजलपाननिर्वातगृहवासगुरूष्णवसनधारणादिः भेषजमित्यन्नस्याप्युपलक्षणम्। (अतएवाह चरकः) ज्वरितंषडहेऽतीते लघ्वन्नंप्रतिभोजितम्। पाचनंशमनीयंवा कषायंपाययेत्तुतम् इति॥ ज्वरितंवातज्वरिणम्। षडहेऽतीतइत्युपलक्षणम्। पित्तज्वरिणं दशाहेऽतीते। श्लेष्मज्वरिणं द्वादशाहेऽतीते। लघ्वन्नंभोजितंज्वरिणम्॥ ११३॥

और धन्वन्तरि ने कहा है कि लंघनादिक (आदिशब्दसे पक्वेजलका पीना वायु रहित स्थानमें रहना और भारी तथा उष्ण वस्त्र का धारण करना आदिक लियेजाते हैं) कियेहुए परिपाकहुएबात वाला बातज्वर छःदिनके व्यतीत होजानेपर बैद्यके बशीभूतहोकर जो औषध तथा अन्नादिका सेवन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

करताहै वह निस्सन्देह ज्वरका नाश करताहै चरकने कहाहै कि वातज्वरवाले को छःदिनके उपरान्त पित्तज्वरवालेको दश दिनके उपरान्त और कफज्वरवालेको बारहदिनके उपरान्त हलका अन्न भोजन कराकर पाचन अथवा शमन कषाय पानकरावै॥ ११३ ॥

सज्वरंज्वरमुक्तंवादिनान्तेभोजयेल्लघु । गुर्वभिष्यन्द्यकालेच ज्वरीनाद्यात्कथञ्चन ॥ दिनान्तेअंतशब्दोऽत्रमध्यवाचीतेनत्रिधा विभक्तस्यदिवसस्यमध्यभागे पित्तस्यप्राधान्यसमये । उक्तंच वाग्भटेन ॥ तेव्यापिनोऽपिहृन्नाभ्योरधोमध्योर्ध्वसंश्रयाः । वयोऽहोरात्रभुक्तानान्तेऽन्तमध्यादिमाःक्रमात् । तेवातपित्तश्लेष्माणः ॥ ११४ ॥

ज्वरयुक्त अथवा ज्वररहित मनुष्यको दिनके अन्त में हलका भोजन करावे और भारी तथा अभिष्यन्दी वस्तु अथवा अकालमें ज्वरवालेको भोजन न कराना चाहिये यहाँ अंत शब्दका अर्थ मध्य है इसलिये दिनके तीनभाग करके पित्तकी प्रधानतावाले मध्यभाग में भोजन देना चाहिये और वाग्भटने भी कहाहै कि वात पित्त और कफ यह व्यापक होनेपर भी क्रमसे हृदय तथा नाभि के नीचे मध्यमें तथा ऊपर स्थितरहते हैं और अवस्था दिनरात्रि तथा भोजन के अन्त मध्य और आदिमें प्रबल होते हैं ॥ ११४ ॥

पित्तकालोऽपिमध्याह्नादर्वाक् । यतआह ॥ याममध्येनभोक्तव्यं यामयुग्मंनलङ्घयेत् ॥ याममध्येरसोत्पत्तिर्यामयुग्माद्बलक्षयः ॥ एतत्संख्यापरमितिचेत्तन्नयत आह । श्लेष्मक्षयेप्रवृद्धोष्मा बलवाननलस्तदा । वेगापायेऽन्यथातद्धि ज्वरवेगाभिवर्द्धनम् ॥ तदापित्तप्राधान्यसमये अन्यथा उक्तसमयादन्यथा वेगापाये जठराग्निवेगनाशे तद्भोजनं ज्वरवेगाभिवर्द्धनं भवतीत्यर्थः ॥ ११५ ॥

पित्तके समयमें भी मध्याह्नसे पहले भोजनकरना चाहिये क्योंकि कहागया है कि पहले पहरके भीतर और दोपहरके उपरान्त भोजन न करे क्योंकि पहले पहरमें रसकी उत्पत्ति होतीहै और दोपहरके उपरान्त बलका नाश होताहै यह संख्याके लिये कहागयाहै इसका सन्देह नहीं करना चाहिये क्योंकि कहागया हैं कि ऊष्माके बढ़नेसे कफका क्षय होजाने पर अग्नि बलवान् होतीहै इससे पित्तकी अधिकताके समय भोजन अवश्य देनाचाहिये नहीं तो जठराग्निके वेगके नाशहोजाने पर भोजनदेने से ज्वरका वेग बढ़ता है ॥ ११५ ॥

अत्र विषमज्वरिणोऽन्नदानकालविशेषमाह चरकः ॥

सर्वज्वरेषुसप्ताहं मात्रावल्लघुभोजयेत् । वेगापायेऽन्यथातद्धि ज्वरवेगाभिवर्द्धनम् ॥ सर्वज्वरेषुसर्वविषमज्वरेषुवेगापाये ज्वरवेगापाये भोजयेत् । अन्यथा ज्वरवेगापायेविनातद्भोजनं ज्वरवेगाभिवर्द्धनं भवति ॥ ११६ ॥

विषमज्वरमें अन्नदेनेका विशेषसमय चरकने कहाहै ॥

सब प्रकारके विषमज्वरमें ज्वरके वेगके शान्त होजाने पर सातादिनतक मात्राके अनुसार हलका भोजनदेना चाहिये और ज्वरके वेगके शान्तहुए विना भोजनदेने से ज्वरका वेग बढ़ताहै ॥ ११६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथान्नग्रहणाय स्थानमाह ॥

आहारनिर्हारविहारयोगाः सदैवसद्भिर्विजनेविधेयाः। इति ॥ ११७ ॥

भोजनकरनेका स्थान ॥

सज्जन लोग आहार मलमूत्रका त्याग और विहार सदैव निर्जन स्थानमें करें ॥ ११७ ॥

अत्यबलस्य ज्वरितस्य भोजनायोपवेशनप्रकारमाह सुश्रुतः ॥

ज्वरेप्रमेहोभवतिस्वल्पैरपिविचेष्टितैः। निषण्णंभोजयेत्तस्मान्मूत्रोच्चारौचकारयेत् निषण्णंयथास्थानस्थितमेव नतुस्थानान्तरंनीतम् ॥ ११८ ॥

अत्यन्तनिर्बलज्वरवालेको सुश्रुतका कहाहुआभोजनकेलिये बैठनेका प्रकार ॥

ज्वरमें थोडीभी चेष्टाकरनेसे मोह उत्पन्न होताहै इसलिये उसको अन्य स्थानमें न लेजाकर जि स्थानमें बैठाहो उसी स्थानमें भोजन करावे और मल मूत्रका त्यागभी वहीं करावे ॥ ११८ ॥

अन्नग्रहणसमये प्रथमं ज्वरितेनकवलः कर्त्तव्य इत्याह ॥

यथादोषोचितैर्द्रव्यैः कर्त्तव्यःकवलग्रहः। अरोचकास्यवैरस्य मलपूतिप्रसेकहृत् ॥ भृष्टजीरकचूर्णेन सिंधुजन्मयुतेनच। जिह्वादंतान्मुखस्यान्तर्घृष्ट्वाकवलमाचरेत् ॥ मुखे मलंविगन्धत्वं विरसत्वञ्चनश्यति। मनःप्रसन्नंभवति भोजनेऽतिरुचिर्भवेत् ॥ ११९ ॥

भोजनके समय ज्वरवालेको प्रथम कवलका ग्रहण करना चाहिये ॥

ज्वरवाला दोषके अनुसार औषधियोंके द्वारा कवलका ग्रहण करे इस्से अरुचि मुखकी विरसता मैल दुर्गन्धि और लार बहना आदिक नष्ट होतेहैं भुनाहुआ जीरा सेंधानोन मिलायके चूर्णकरे उस के द्वारा जिह्वा दांत और मुखके मध्यमें रगडकर पूर्वोक्त विधिके अनुसार कवलके ग्रहणकरने से मुखका मल दुर्गन्ध तथा विरसताका नाश और मनकी प्रसन्नता तथा भोजनमें रुचि होती है ११९ ॥

ज्वरितोहितमश्नीयाद्यद्यप्यस्यारुचिर्भवेत्। अन्नकालेह्यभुञ्जानः क्षीयतेम्रियतेऽपि च ॥ अयमर्थः। यद्यपिज्वरितस्यहितेभक्ष्येऽरुचिर्भवेत्। तथापिज्वरितोहितमेवाश्नीया दितिनियमः (यतआहसुश्रुतः) गुर्वभिष्यन्द्यकालेचज्वरीनाद्यात्कथञ्चन ॥ नतुतस्या हितंभुक्तमायुषेवासुखायच ॥ आनद्धःस्तिमितैर्दोषैर्यावन्तंकालमायुषः। तावत्कालंसल घ्वन्नमश्नीयात्सविरक्तवत् ॥ आनद्धःस्तिमितैर्दोषैःअपक्वैर्दोषैर्व्याप्तइत्यर्थः। ननुहितेव स्तुनिकथमरुचिःस्यादतआह ॥ सातत्यात्स्वाद्वभावाच्च पथ्यंद्वेषत्वमागतमिति। सात त्यादेकस्यैवभक्ष्यस्यसर्वदोषयोगात्स्वाद्वभावात्भक्ष्यान्तरादपिविस्वादुतः ॥ पथ्यमप्रि यंस्यात्तथापितदेवपथ्यम् ॥ कल्पनाविधिभिस्तैस्तैःप्रियत्वंगमयेत्पुनरिति। अथ ज्वरि तोऽन्नकालेऽश्नीयादेवेतिद्वितीयोनियमःकुतइतिचेत्हियतोहेतोःअभुञ्जानःक्षीयते॥ पक्व दोषधातुर्भवतिततःम्रियतेऽपिच ॥ १२० ॥

ज्वरवाला मनुष्य हित भोजनमें अरुचि होनेपरभी हितकारीही भोजन करे अहितकारी न करे यह नियमहै भोजनके समय भोजन न करने से क्षीणता और मृत्युभी होती है सुश्रुतने कहाहै कि देरमें पचनेवाली और अभिष्यन्दी (दहीआदि) वस्तु और अकालमें भोजन ज्वरवाला त्यागकरदे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्योंकि अहित भोजन आयु और सुखकारी नहींहोताहै रोगी जबतक परिपाक रहित दोषोंसे व्याप्त तबतक विरेचनवालेके समान हलका भोजनकरे हितकारी वस्तुमें अरुचि क्यों होतीहै? इस [illegible]हके दूरकरनेको कहते हैं कि निरन्तर एक भी वस्तुके खानेसे अथवा स्वादुके न होने से जो [illegible]में अरुचि होजाय तो अनेकप्रकारकी भोजन बनाने की विधियों से रोगीको फिर रुचि उत्पन्न [illegible]वे ज्वरवालेको भोजनके समय अवश्य भोजन करना चाहिये यह दूसरा नियमहै क्योंकि समय भोजन न करनेसे दोष और धातुओंका परिपाक होकर क्षय होनेसे मृत्युतक होजातीहै॥ १२०॥

ज्वरितायहितान्यन्नादीन्याह ॥

रक्तशाल्यादयःशस्ताःपुराणाःषष्टिकैःसह। यवाग्वोदनलाजार्थे ज्वरितानांज्वरापहाः॥ [illegible]न्मसूरांश्चणकान् कुलत्थान्समकुष्ठकान्। यूषार्थेयूषसात्म्यानां ज्वरितानांप्रदापये त् ॥ पटोलपत्रंवार्त्ताकुं कुलकंकारवेल्लकम्। कर्कोटकंपर्पटकं गोजिह्वांबालमूलकम् ॥ पत्रंगुडूच्याःशाकार्थेज्वरितानांज्वरापहम् ॥ १२१ ॥

ज्वरवालेको हितअन्नादिक ॥

पुराने लाल धान्यादिक और साठी यह ज्वरनाशक होते हैं इसलिये ज्वरवालेको इनकी यवागू,भात और खीलें श्रेष्ठ हैं मूंग, मसूर, चने,कुलथी और मोठ इनका यूष ज्वरवालोंको देवे पर्वल के पत्ते, बैंगन, परवल,करेला,खिकसा, पित्तपापडा,गोभी,कच्ची मूली और गिलोयकी पत्ती इन का शाक ज्वरवाले को ज्वर के नाश करने को देवे ॥ १२१ ॥

लावान्कपिञ्जलानेणान् हरिणान्पृषताञ्छशान्। कुरंगान्कालपुच्छांश्च तथैवमृग मातृकान्। मांसार्थेमांससात्म्यानांज्वरितानांप्रदापयेत्॥ सारसक्रौञ्चशिखिनस्तथाति त्तिरकुक्कुटान् । गुरूष्णत्वान्नशंसन्तिकेचिदेवंव्यवस्थिताः ॥ तित्तिरइत्यन्यकृष्णति [illegible]तरः॥ १२२॥

मांस के अभ्यासवाले ज्वररोगी को लवा,सफेद तीतर, काला हिरन, ताम्रवर्ण हिरन, चित्रवर्ण [illegible]हिरन, खरगोश, कुछ ताम्रवर्ण के बडे हिरन, काली पूंछवाले हिरन और मोटे मृग.इनसबका मांस [illegible] सारस,कुरर,मोर,काला तीतर और मुर्गा इनसबका मांस भारीपन और उष्णता से ज्वरवाले [illegible] हितकारी नहीं है यह किसी २ का मतहै ॥ १२२ ॥

ज्वरितानांप्रकोपंतु यदायातिसमीरणः। तदैतेऽपिहिशस्यन्तेमात्राकालोपपादिताः॥ निम्बुकंदाडिमंधात्रीपलमम्लंप्रकांक्षते । प्रदद्यादम्लसात्म्यायकाञ्जिकंवापुरातनम् ॥ [illegible]तेषांगुणनामानिपूर्वोक्तानि ॥ १२३ ॥

[illegible] जिस समय ज्वरवाले की वायु कुपितहो उस समय यह संपूर्ण मांस भी समय और मात्राके [illegible]सार हितकारी हैं खटाईके अभ्यासवाले ज्वररोगी को निंबू अनार आंवला अथवा पुरानी [illegible]जी देनी चाहिये इनसबके नाम और गुण पहले कहे गये हैं ॥ १२३ ॥

अथान्नसाधनप्रक्रियामाह। तत्रमण्डस्यलक्षणंविधिर्गुणाश्च ॥

तण्डुलानांसुसिद्धानांचतुर्दशगुणेजले । रसःसिक्थैर्विरहितोमण्डइत्यभिधीयते ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शुण्ठीसैन्धवसंयुक्तोदीपनःपाचनश्चसः। अन्नस्यसम्यक्सिद्धात्रज्ञेयामण्डस्यसिद्धता॥ पेयायूषयवागूनांविलेपीभक्तयोरपि। मण्डोग्राहीलघुःशीतोदीपनोधातुसाम्यकृत्॥ ज्वरघ्नस्तर्पणोबल्यःपित्तश्लेष्मश्रमापहः॥ १२४॥

अन्न बनाने की प्रक्रिया मण्डके लक्षण विधि और गुण॥

चौदह गुने जलमें परिपाक किये गये चावलों के भात रहित रसको मण्ड कहतेहैं सोंठ और सेंधव युक्त मण्ड दीपन और पाचन होताहै मण्ड, पेया, यूष, यवागू, विलेपी और भात इन सबमें अन्न का खूब परिपाक होजानाही सिद्ध होजाने का लक्षण है मण्ड. ग्राही, हलका, शीतल, दीपन, धातुओंको समकरनेवाला, ज्वरनाशक, तृप्तिकारी, बलकारक और पित्त, कफ तथा श्रम नाशक होताहै॥ १२४॥

अथ पेयायाविधिर्गुणाश्च॥

चतुर्दशगुणेनीरे रक्तशाल्यादिभिःकृता। द्रवाधिकास्वल्पसिक्थापेयाप्रोक्ताभिषग्वरैः॥ सातिलघ्वीग्राहिणीचधातुपुष्टिविधायिनी। तृड्ज्वरानिलदौर्बल्यकुक्षिरोगविनाशिनी॥ स्वेदाग्निजननीज्ञेयावातवर्च्चोऽनुलोमनी। शुण्ठीसैन्धवसंयुक्तादीपनीपाचनीचसा॥ आमशूलहरीरुच्यास्याद्विबन्धविनाशिनी॥ १२५॥

पेयाकीविधि और गुण॥

चौदह गुने जलमें परिपाक कियेगये लालधानोंके चावल थोड़ेहों और जल अधिकहो इसको वैद्यलोग पेया कहते हैं पेया बहुत हलकी, ग्राही, धातुओंकी पुष्टकरनेवाली, स्वेद तथा अग्निवर्द्धक, वात तथा मलको अपने मार्गमें लेजानेवाली और तृषा, ज्वर, वायु, दुर्बलता तथा कोखके रोगकी नाशकरनेवाली होतीहै यह सोंठ और सेंधानोनसे युक्त दीपन, पाचन, रुचिकारक और आमशूल तथा विबन्धनाशक होती है॥ १२५॥

अथ प्रमथ्यायाविधिर्गुणाश्च॥

प्रमथ्याप्रोच्यतेद्रव्यपलात्कल्कीकृताच्छृतात्। तोयेऽष्टगुणितेतस्याःपानमाहुःपलद्वयम्॥ द्रव्यंपाचद्रव्यंतस्याःपलद्वयशेषायागुणैःप्रमथ्यापेयावत्ततोलघ्वीविशेषतः॥ १२६

प्रमथ्याकी विधि और गुण॥

चार तोले वस्तु अठगुनेजलमें परिपाक करनेसे जब आठतोले बाकीरहै तब उतारले इसको प्रमथ्या कहतेहैं प्रमथ्यामें पेयाके समान गुण होतेहैंऔर यहविशेषकरके पेयाकी अपेक्षा हलकी होतीहै १२६॥

अथ यूषस्यविधिर्गुणाश्च॥

अष्टादशगुणेनीरेशिम्बीधान्यश्शृतोरसः। विरलान्नोघनःकिञ्चित्पेयातोयूषउच्यते उक्तःसएवनिर्यूहोरुचिकृच्चविशेषतः॥ १२७॥

यूषकीविधि और गुण॥

अठारहगुने जल में शिम्बी धान्य को परिपाक करनेसे पेयाकी अपेक्षा कुछ गाढ़ा और थोड़े अन्नवाला जो रस तैयार होताहै उसको यूष और निर्यूहभी कहतेहैं यह विशेषकरके रुचिकारीहोताहै १२७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यूषस्यप्रकारान्तरमाह ॥

त कल्कद्रव्यपलंशुण्ठीपिप्पलीचार्द्धकार्षिकी । वारिप्रस्थेनविपचेत्तद्द्रवोयूषउच्यते ॥
भियमर्थः । यूषान्तंपलमितंतत्कल्कीकृतम् । शुण्ठीपिप्पलीचसमुदितार्द्धकर्षमितात्क
ल्कीकृतात् । उभयमपिप्रस्थमितेनवारिणापचेत् । तद्द्रवोयूषः । यूषोबल्योलघुःपाकेरु
च्यःकण्ठ्यःकफापहः ॥ १२८ ॥

यूषकी दूसरीविधि ॥

जिस अन्नका यूष बनाना हो उस अन्न को चारतोले कूटकर छःमाशे कुटीहुईसोंठ और पीपल मिलावे फिर चौंसठ तोले जलमें परिपाक करे इसके रसको यूष कहतेहैं यूष.बलकारी,हलका, रुचिकारी, कंठको हित और कफनाशक होताहै ॥ १२८ ॥

अथ मुद्गयूषविधिः । वृन्दटीकायान्तन्त्रान्तरे ॥

मुद्गानांद्विपलंतोयेश्शृतमर्द्धाढकोन्मिते । पादस्थंमर्दितंपूतंदाडिमस्यपलेनतत् ॥
युक्तंसैन्धवविश्वाङ्गधान्यकैःपादकार्षिकैः । कणाजीरकयोश्चूर्णशाणैःकेनावचूर्णितम् ॥
संस्कृतोमुद्गयूषोऽयंपित्तश्लेष्महरोमतः ॥ (अथ मुद्गयूषगुणाः) मुद्गानामुत्तमोयूषो
दीपनःशीतलोलघुः ॥ व्रणोऽर्द्धजन्तुतृड्दाहकफपित्तज्वरास्रजित् । (अथमुद्गामलकयूष
गुणाः) मुद्गामलकयूषस्तुभेदीपित्तानिलापहः।तृड्दाहशमनःशीतोमूर्च्छाश्रममदापहः ।
(अथ मसूरयूषगुणाः) मसूरयूषःसंग्राहीबृंहीस्वादुःप्रमेहनुत् ॥ १२९ ॥

मूंगके यूषकी विधि ॥

आठतोले मूंगको एकसौ चौबीस तोले जलमें पाककरे जब चौथाई जल बाकी रहे तब खूबघोट कर चार तोले अनार का रस, सेंधानोन, सोंठ, धनियां, जीरा और पीपलका चूर्ण मिलावे इसप्रकार से सिद्धहुआ मूंगका यूष. कफपित्तनाशक होता है मूंगका उत्तम यूष, दीपन, शीतल, हलका और घाव, हंसली के ऊपर की पीड़ा, दाह, कफपित्तज्वर तथा रक्तपित्तनाशक होताहै और मिलेहुये मूंग और आंवलेका यूष. दस्तावर, शीतल और पित्त, वात, तृषा, दाह, मूर्च्छा, श्रम तथा मदका नाशक होताहै मसूर का यूष. ग्राही, धातुवर्द्धक, मधुर और प्रमेहनाशक होताहै ॥ १२९ ॥

अथ यवाग्वादिविधिर्गुणाश्च ॥

यवागूःषड्गुणेतोयेसंसिद्धाघनासिक्थका । पृथक्द्रवस्तुविरलैःसंयुक्ताज्वरिणेहि
ता ॥ यवागूर्दीपनीलघ्वीतृष्णाघ्नीवस्तिशोधिनी । श्रमग्लानिहरीपथ्याज्वरेचैवाति
सारिके ॥ १३० ॥

यवागू आदिकी विधि और गुण ॥

छःगुने जलमें चावलों को परिपाक करके जब चावल और पानी अलग २ बनारहे तब उतारले वह यवागू विधिपूर्वक पीहुई ज्वरवालेको हितकारीहै यवागू. दीपन, हलकी, तृषानाशक, मूत्राशयकी शोधक, श्रम तथा ग्लानिकी नाशक, ज्वरातीसार में हितकारीहै ॥ १३० ॥

अथ विलेप्याविधिर्गुणाश्च ॥

चतुर्गुणाम्बुसंसिद्धाविलेपीघनासिक्थका । पृथक्द्रवेणरहितारुयाताशिथिलभक्ति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

का ॥ संसिद्ध अतीवसिद्धाविलेपीगिलहर्थीइतिलोके । विलेपीदीपनीबल्याहृद्यासंग्राहिणीलघुः । व्रणाक्षिरोगिणांपथ्यातर्पणीतृड्ज्वरापहा ॥ १३१ ॥

विलेपीकी विधि और गुण ॥

चौगुने जलमें चावलोंको बहुत पकायके जब भात अधिक होय जल कमहो और पानी अलग हो इसको विलेपी और शिथिलभक्तिका (गुलार्धी) कहतेहैं विलेपी. दीपन, बलकारी, हृदयकोहित ग्राही, हलकी, घाव तथा नेत्ररोगवालोंको पथ्य, तृप्तिकारी और तृषा तथा ज्वरनाशक होती है ॥ १३१॥

अथ भक्तस्यविधिर्गुणाश्च ॥

जलेचतुर्दशगुणेतण्डुलानांचतुष्पलम्। विपचेत्स्रावयेन्मण्डंतद्भक्तंमधुरंलघु॥ (चक्रदत्तस्तु) अन्नम्पञ्चगुणेतोयेयवागूंषड्गुणेपचेत् । तत्रान्नंभक्तंतथाच । भिस्सास्त्रीभक्तमथोन्नमोदनोऽस्त्रीसदीदिविरित्यमरः। भक्तंवह्निकरंपथ्यंतर्पणंमूत्रलंलघु ॥ सुधौतंप्रस्नुतंचोष्णंविशदङ्गुणवत्तरम्। अधौतमस्नुतंशीतंत्वेष्यङ्गुरुकफप्रदम् ॥ अत्युष्णंबलहृद्भक्तंशीतंशुष्कञ्चदुर्ज्जरम्। अतिक्लिन्नंग्लानिकरंदुर्ज्जरन्तण्डुलान्वितम् ॥ अतिक्रान्तसजलंयत्पर्युषितम्। भृष्टतण्डुलजंरुच्यंसुगन्धिकफहल्लघु । वातास्थापितमन्दाग्निविविक्तानांप्रशस्यते ॥ १३२ ॥

भातकी विधि और गुण ॥

चारपल चावल चौदहगुने जलमें परिपाक करके मांड निकालने से भात बनताहै यह मधुर और हलका होताहै "चक्रदत्तने" कहाहै कि पचगुने जलमें अन्न और छःगुने जलमें यवागूका पाक करे यहां अन्न शब्दका अर्थ भातहै क्योंकि "अमरसिंहने" भिस्सा भक्त अन्न ओदन और दीदिविभातके नाम कहे हैं भात. दीपन, पथ्य, तृप्तिकारी, मूत्रवर्द्धक और हलका होता है अच्छेप्रकारधोयेहुये चावलोंका मांड निकालाहुआ कुछउष्ण, निर्म्मल भात अधिक गुणकारी होताहै बिनधोये चावलों का बिनमांड निकाला हुआ ठंढाभात. पुष्टिकारक, भारी और कफकारकहोताहै अत्यन्त उष्णभात. बलनाशक, शीतल तथा रूखाहुआ भात. बहुतदेरमें पचनेवाला बहुत गीला भात. ग्लानिकारक कुछकच्चा भात. बहुत देरमेंपचनेवाला और भूनेहुए चावलोंका भात. रुचिकारक, सुगन्धित, कफनाशक, हलका और जिनको वमन, विरेचन तथा आस्थापनदियागयाहो तथा मन्दाग्निवालोंको हितकारीहोताहै १३२

अथ रसौदनविधिः । वृन्दटीकायान्तन्त्रान्तरे ॥

मांसलंसक्थिजंमांसंतथानस्थिचतैत्तिरम् । चतुःपलोन्मितंसूक्ष्मङ्कल्पितंक्षालितञ्जले॥ पिप्पलीपिप्पलीमूलशुण्ठीजीरकधान्यकैः॥ द्विशाणैःसंयुतेतोयेक्वाथ्यमर्द्धाढकोन्मिते । पादस्थितंजलंतत्रदाडिमात्कुट्टितान्नयेत् ।तंरसंमर्दितंभृष्टहिंगुसैन्धवजीरकैः ॥ युक्तंप्रधूपितंपथ्यंशुद्धानांशुद्धिकांक्षिणाम् । (अथ रसौदनगुणाः) रसौदनोगुरुर्वृष्योबल्यो वातज्वरापहः ॥ १३३ ॥

रसौदनकीविधि और गुण ॥

तीतरकी जांघके अस्थि रहित मोटे सोलह तोले मांसको खूब काटकर पानीमें धोकर पीपल पीपलामल सोंठ जीरा और धनियां यह सब आठ २ माशे मिलायके एकसौ चौबीस तोले जलमें

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पकरे जब चौथाई रहजाय तब उसमें भूनीहींग सेंधानोन और जीरायुक्त अनारकारस मिलावे यह गरम २ भातकेसाथ खायाहुआ वमन विरेचनादिसे शुद्ध और शुद्धता के चाहनेवालोंको पथ्यहै न. भारी, वीर्य्यवर्द्धक, बलकारी और वातज्वरनाशक होताहै ॥ १३३ ॥

केवलजलसाध्यान्मण्डादीनभिधायौषधसाध्यानांतेषांप्रक्रियामाह ॥

यंचतुःपलंद्रव्यंचतुःषष्टिपलेऽम्बुनि । तत्क्काथेनार्द्धशिष्टेनमण्डपेयादिसाधयेत् ॥ वैद्याः पलंद्रव्यंग्राहयत्याढकेऽम्भसि। भेषजस्यातिबाहुल्यात्कदाचिदरुचिर्भवेत्॥यैर रौषधैर्यैश्चकृतामण्डादयोबुधैः। विचार्य्यतद्गुणानेतांस्तद्गुणानेवनिर्दिशेत् ॥ १३४ ॥

ल जलकेद्वारा सिद्धहोनेवाले मंडादिकोंको कहकर औषध से सिद्धहोनेवालोंकी प्रक्रिया कहतेहैं ॥ चारपल औषधको चौंसठपल जल में औटाय के जब आधा बाकीरहै तब उसी क्वाथ से मांड तथा पेया आदिक बनावे वृद्धवैद्य एकपलऔषधको चौंसठपल जलमें काढ़ाबनाना कहतेहैं क्योंकि औषधके बहुत होनेसे कभी २ अरुचिहोजाती है जिनअन्न और औषधियोंके द्वारा मांडआदिक बनाये जातेहैं उन औषधियों और अन्नके गुणोंको विचारकर मंडआदिके गुण कहनेचाहिये ॥ १३४ ॥

अथौषधसिद्धापेयागुणाः ॥

अन्नकालेहितापेया यथास्वंपाचनैःकृता । दीपनी पाचनी लघ्वी ज्वरार्त्तानांज्वराप हा ॥ यथास्वंपाचनैःकृता यथादोषं पाचनैःकृता ॥ १३५ ॥

औषधसे सिद्धपेया आदि के गुण ॥

दोषके अनुसार पाचन औषधियोंसे कीहुई पेया भोजनके अवसरमें सेवनकीगई दीपन, पाचन, हलकी और ज्वरवालोंके ज्वरकी नाशक होतीहै ॥ १३५ ॥

यथा ॥

पञ्चमूल्याःकषायन्तु पाचनंवातिकज्वरे । सक्षौद्रंपैत्तिकेमुस्तकटुकेन्द्रयवैःकृतम् ॥ पिप्पल्यादिकषायन्तुपाचनंकफजेज्वरे । लघुनापञ्चमूलेन पिप्पल्यासहधान्यया॥ हत्यापञ्चमूल्याथ व्याघ्रीदुःस्पर्शगोक्षुरैः। सिद्धानिभिषगन्नानि प्रयुञ्जीतयथाक्रम म् ॥ वातपित्तेश्लेष्मपित्ते कफवातेत्रिदोषजे। अयमर्थः। वातपित्तेषुलघुनापञ्चमूलेन सिद्धान्यन्नानिभिषक्प्रयुञ्जीत ॥ शालिपर्णीपृष्ठिपर्णी कण्टकारीद्वयंतथा। गोक्षुरःप ञ्चमःप्रोक्तः पञ्चमूलमिदंलघु ॥ श्लेष्मपित्तेपिप्पल्यासहधान्ययाकफवाते महत्याप ञ्चमूल्या ॥ श्रीफलःसर्वतोभद्रापाटलागणिकारिका । श्योनाकःपंचमःप्रोक्तंपंचमूल मिदंमहत् ॥ यवासःत्रिदोषजेव्याघ्रीदुःस्पर्शगोक्षुरैःव्याघ्रीकण्टकारिकादुःस्पर्शः १३६॥

दोषके अनुसार पाचन औषध ॥

वातज्वरमें पंचमूलका क्वाथ. पित्तज्वरमें मोथा, कुटकी तथा इन्द्रजौका सहतयुक्त क्वाथ और कफ ज्वरमें पिप्पल्यादि गणका क्वाथ. पाचनहोताहै वातपित्तज्वर में छोटे पंचमूल (शालिपर्णी पृष्ठिपर्णी दोनों भटकटैया यह छोटा पंचमूलहै)के क्वाथसे बनेहुए अन्नदेवे कफपित्तज्वरमें पीपल तथा धनिये

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

के क्वाथसे पा० कियेहुए अन्नदेवे कफवातज्वरमें बडे पंचमूल (बेल गम्भारी पाटला अरनी और सोनापाढ़ा यह बडा पंचमूलहै) के क्वाथसे पाक कियेहुए अन्नदेवे और त्रिदोषज्वरमें भटकटैया जवासा तथा गोखुरू के क्वाथसे पाक कियेहुए अन्नदेवे ॥ १३६ ॥

पेयांवारक्तशालीनांवस्तिपार्श्वशिरोरुजि।श्वदंष्ट्राकण्टकारीभ्यांसिद्धांज्वरहरींपि। विवद्धवर्चाःसयवांपिप्पल्यामलकैःशृताम्। सर्पिष्मतींपिबेत्पेयांज्वरीदोषानुलोमिनीं कासीश्वासीचहिक्कीचपञ्चमूलीशृतंपिबेत् । यवोऽत्रान्तः अत्रपञ्चमूलीबृहतीलघ्वी ता॥ तथाशृतांपेयांपिबेदित्यर्थः ॥ पेयाभेषजसंयोगाल्लघुत्वाच्चाग्निदीपनी। वातमू पुरीषाणांदोषाणांचानुलोमिका ॥ स्वेदनायचसोष्णत्वाद्द्रवत्वात्तृट्क्षयायच। आ भावात्प्राणायसरत्वाल्लाघवायच ॥ ज्वरघ्नीहेतुसाम्यत्वात्तस्मात्तांपूर्वमाचरेत् । हेतुसा म्यत्वाद्धेतवःवातपित्तकफास्तेषांसाम्यत्वात् ॥ १३७ ॥

गोखुरू और भटकटैयाके क्वाथसे पाक कीगई लालधानके चावलोंकी ज्वरनाशक पेया मूत्राशय पसली तथा शिरकी पीडा में पीनी चाहिये ज्वरवाला मलके रुकजानेपर जौ सहित पीपल और आंवलोंके क्वाथके द्वारा पाककीहुई पेयाको घी डालकरपिये यह दोषोंको अपने २ मार्गपर करदेती है खांसी श्वास तथा हिचकीवाला छोटे अथवा बडे पंचमूल के क्वाथसे पाक कीहुई पेयाको पिये पेया औषधके संयोगसे तथा हलकेपनसे दीपन और वात मूत्र तथा मलको अपने मार्गके अनुसार करनेवाली होतीहै पेया.उष्णताके कारण स्वेदकारक, पतलेपनसे तृषानाशक, आहार होने से प्राण-धारक,दस्तावर होने से हलका करनेवाली और वात पित्त तथा कफकी समता करनेके कारण ज्वर-नाशक होती है इसलिये पहले पेया का पान करे ॥ १३७ ॥

पञ्चमुष्टिकयूषः ॥

यवकोलकुलत्थानांमुद्गमूलकशुण्ठयः। एकैकमुष्टिमादायपचेदष्टगुणेजले ॥ पञ्च ष्टिकइत्येषवातपित्तकफापहः। शूलेप्रशस्यतेगुल्मेकासेश्वासेक्षयेज्वरे ॥ १३८ ॥

पंचमुष्टिक यूष ॥

जौ, बेर, कुलथी, मूंग और सूखी मूली इन सबको चार २ तोले लेकर अठगुने जलमें पका यह पंचमुष्टिक नाम यूष.वात पित्त तथा कफनाशक और शूल, गुल्म, खांसी, श्वास, क्षय तथा में श्रेष्ठ होताहै ॥ १३८ ॥

रुद्धमूत्रपुरीषस्यगुदेवर्तिंनिधापयेत् । पिप्पलीपिप्पलीमूलयवानीचव्यसाधिताम् पाययेत्तुयवागूंवामारुताद्यनुलोमिनीम् ॥ १३९ ॥

जिसका मल मूत्र रुकगयाहो उसकी गुदा में बत्ती रक्खै अथवा पीपल, पीपलामूल, अज इन और चव्य इन सब के क्वाथ से पाक कीगई वातादिकोंको अपने मार्ग में लेजानेवाली य पिलावे ॥ १३९ ॥

पेयायवाग्वोश्चक्वचिदपवादमाह ॥

मदात्ययेमद्यनित्येग्रीष्मेपित्तकफोत्थिते ॥ ऊर्ध्वगेरक्तपित्तेचयवागूर्नहिताज्वरे १४०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त पेया और यवागूका कहीं २ निषेध कहाजाता है ॥

मदात्ययरोगमें नित्य मद्य पीनेवालेको ग्रीष्मऋतु में पित्त तथा कफ से हुए ज्वर में और ऊपर हुए रक्तपित्त में यवागू हितकारी नहीं है ॥ १४० ॥

दाहच्छर्द्यर्दितंक्षामंनिरन्नंतृष्णयान्वितम् । घर्मार्त्तेमद्यपञ्चापितोयालोडितसक्तुकम् ॥ र्करामधुसंयुक्तंपाययेल्लाजतर्पणम् । लाजतर्पणंलाजसक्तुरूपंतर्पणम् ॥ ज्वरापहैः फलरसैर्युक्तमन्नंहितंक्वचित् ॥ १४१ ॥

दाह तथा छर्दिसे पीडित, क्षीण, लंघन कियेहुए, प्यासे, धूपसे व्याकुल और मद्यपीने वालोंको र्कर और सहत युक्त लाजातर्पण (तृप्तिकारी खीलों के सत्तू) पिलावे और कहीं २ ज्वरनाशक फलों के रससे युक्त अन्न हितकारी होताहै ॥ १४१ ॥

सन्तर्पणस्वरूपञ्चाहधन्वन्तरिः ॥

द्राक्षादाडिमखर्जूरमृदिताम्बुसशर्करम् । लाजचूर्णसमध्वाज्यंसन्तर्पणमुदाहृतम् ॥ लाजचूर्णद्राक्षादिजलशर्करामध्वाज्यसहितंतर्पणमुक्तमित्यर्थः ॥ १४२ ॥

धन्वन्तरिका कहाहुआ संतर्पणका स्वरूप ॥

दाख, अनार, खजूर, घी और सहत इनके साथ खीलोंके चूर्णकोशक्करसहित जलमें घोलले यह संतर्पण कहाताहै ॥ १४२ ॥ लाजसक्तुगुणाःगुणाधिकारे ॥

लाजानांसक्तवःक्षौद्रसितायुक्ताविशेषतः । छर्द्यतीसारतृड्दाहविषमूर्च्छाज्वरापहाः ॥ (चरकस्तु) तत्रतर्पणमेवादौप्रदेयंलाजसक्तुभिः । ज्वरापहैःफलरसैर्युक्तंसमधुशर्करम् ॥ १४३ ॥

गुणाधिकारमें कहेहुए खीलों के सत्तुओंके गुण ॥

सहत और शक्करयुक्त खीलोंके सत्तू. विशेष करके छर्दि, अतीसार, तृषा, दाह, विष, मूर्च्छा तथा र नाशक होते हैं चरकने तो कहाहै कि ज्वरनाशक फलोंके रस सहत और शक्करयुक्त खीलोंके तुओंके द्वारा पहले तर्पण देना चाहिये ॥ १४३ ॥

ज्वरघ्नानिफलान्याहचरकएव ॥

द्राक्षादाडिमखर्जूरप्रियालैःसपरूषकैः । तर्पणार्हस्यदातव्यंतर्पणंज्वरनाशनम् ॥ प्रियालमत्रपक्वफलंनतन्मज्जागुरुत्वात् । तर्पणार्हस्य । दाहच्छर्दितृषार्त्तस्यलंघितस्यक्षीणस्येत्यर्थः ॥ १४४ ॥ चरकके कहेहुए ज्वरघ्नफल ॥

दाख, अनार, खजूर, चिरौंजी और फालसा. इनके द्वारा तर्पणके योग्य (दाह, छर्दि तथा तृषा व्याकुल, लंघन कियेहुए और क्षीण) मनुष्योंको तर्पण देना चाहिये इससे ज्वरका नाश होताहै चिरौंजी का पक्का फल ग्रहण कियाजाता है उसकी मज्जा नहीं ग्रहण कीजाती है क्योंकि वह री होती है ॥ १४४ ॥

श्रमोपवासानिलजेहितंनित्यंरसौदनम् । रसोऽत्रमांसस्यरसः । तेनसिक्तोओदनो रसौदनः । अन्नेनव्यञ्जनमित्यनेनसमासः । मुद्गयूषौदनञ्चैवहितंकफसमुत्थिते । सएव

(१) ओदननस्त्रियांभक्ते बलाया मोदिनी स्त्रियामिति मेदिनी ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सितयायुक्तःशीतपित्तज्वरेहितः ॥ सएवमुद्गयूषौदनमेव । कृशोऽल्पदोषोयःक्षीणकफ जीर्णज्वरान्वितः । विबन्धासृष्टदोषश्चरुक्षपित्तानिलज्वरी ॥ पिपासार्त्तःसदाहश्चपण सासमुखीभवेत् (अन्यच्च) अजादुग्धंगुडोपेतंपातव्यंज्वरशांतये । तदेवतुपयःपी। तरुणेहन्तिमानवम् ॥ तरुणेज्वरे (अन्यच्च) जीर्णेज्वरेकफेक्षीणेक्षीरंस्यादमृतोपमम् तदेवतरुणेपीतंविषवद्धन्तिमानवम् ॥ १४५ ॥

श्रम, उपवास तथा वातजनित ज्वरमें मांसके रसके साथ भात. खाना सदैव हितहै कफज्वरमें मूंगके यूषकेसाथ भात हितहै और पित्तज्वरमें शक्करयुक्त मूंगके यूषकेसाथ शीतल भात हितहै रूक्ष अल्पदोषवाला क्षीण कफवाला जीर्णज्वरसे युक्त रुकेहुए दोषवाला रूखा पित्त तथा वातज्वर युक्त तृषासे व्याकुल और दाहयुक्त इन सबको दूध हितहै और कहागयाहै कि गुडयुक्त बकरीका दूध ज्वरके दूर करनेको पीना चाहिये परन्तु वही दूध जो नवीन ज्वरमें पियाजावे तो मनुष्य का नाश होताहै और भी कहागया है कि जीर्णज्वर और कफ की क्षीणता में दूध अमृतके समान होताहै परन्तु वही दूध नवीनज्वर में पीनेसे विषके समान मनुष्यको मारताहै ॥ १४५ ॥

अथ ज्वरिणोनियमानाह ॥

नद्विरद्यान्नपूर्वाह्णेनाभिष्यन्दिकदाचन । नतीक्ष्णन्नगुरुप्रायंभुञ्जीततरुणज्वरी ॥ नजातुतर्पयेत्प्राज्ञःसहसाज्वरकर्षितम् । तेनसंशमितोऽप्यस्यपुनरेवभवेज्ज्वरः॥ १४६॥

ज्वरवाले के नियम ॥

नवीन ज्वरवाला दोबार अथवा पूर्वाह्ण में भोजन न करे और अभिष्यन्दी तीक्ष्ण तथा भारी वस्तुओंको न खाय बुद्धिमान् वैद्य ज्वरसे कृश मनुष्यको सहसा किसी प्रकारका तर्पण न देवे क्योंकि इस्से शान्तहुआ भी ज्वर फिर उत्पन्न होजाताहै ॥ १४६ ॥

अथ ज्वरविमुक्तेपूर्वरूपमाह ॥

दाहास्वेदोभ्रमस्तृष्णाकम्पविड्भेदसंज्ञता। कूजनञ्चातिवैगन्ध्यमाकृतिर्ज्वरमोक्षणे। विड्भेदोमलप्रवृत्तिरत्रसम्पदादिभ्योभावेक्तिप्कूजनंकुन्थनंअतिवैगन्ध्यंगात्रस्य। ज्वर मुक्तोभविष्यत्यामेतल्लक्षणंभवति ॥ ननुदोषक्षयंविनानव्याधिनिवृत्तिःक्षीणाश्चदोषाःक थमेवंविधंरूपंकरिष्यति । उच्यतेकश्चितक्षीणेऽपिविनाशकालेस्वशक्तिंदर्शयति ॥ यथा निर्वाणावस्थायांदीपोविशेषात्प्रज्वलति ॥ वाग्भटोऽप्याह ॥ धातून्प्रक्षोभयन्दोषोमो क्षकालेविलीयते । ततोनरःश्वसन्कूजन्वमन्स्विद्यन्नचेष्टतइति । नचेष्टतेऽचेष्टः स्यात् । त्रिदोषजेज्वरेह्येतदन्तर्वेगेचधातुगे । लक्षणंमोक्षकालेस्यादन्यस्मिन्स्वेददर्श नम् ॥ एतद्दाहादिकंलक्षणंमोक्षकालेएतेष्वेवज्वरेषुस्यात् । केषुत्रिदोषजेषु अन्तर्वेगेधा तुगेज्वरेअन्यस्मिन्स्वेदमात्रदर्शनंभवति ॥ १४७ ॥

ज्वरछूटने का पूर्वरूप ॥

दाह, स्वेद, भ्रम, तृषा, कंप, मलकी प्रवृत्ति, संज्ञाका होना, अव्यक्त शब्द और शरीरमें बहुत दुर्गन्ध यह सब लक्षण जब ज्वरछूटने वाला होताहै तब होतेहैं अब यह सन्देह होता है कि दोषके नाशके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तारोग नहीं निवृत्तहोसक्ता तो क्षीणहुए दोष उसप्रकारके लक्षणोंको कैसे करसक्ते हैं ? इसका उत्तर ते हैं कि जैसे दीपक, बुझनेके समय बहुत प्रज्वलित होताहै उसीप्रकार क्षीणहुआ भी कोई कोई नाशके समय अपनी शक्ति को दिखाता है वाग्भटनेभी कहाहै कि दोष आनेके समय धातुओं को भित करताहुआ नाशको प्राप्त होताहै उसीसे मनुष्य हांफताहुआ, खींचता हुआ, वमन करता हुआ स्वेदयुक्तहो चेष्टा रहित होजाताहै ऊपर कहेहुये लक्षण त्रिदोषज्वर भीतर वेगवाले ज्वर तथा तुओं में स्थित ज्वर के छूटनेके समय होते हैं और अन्यज्वरों में केवल पसीना आता है ॥ १४७॥

अथ ज्वरमुक्तस्यलक्षणमाह ॥

देहोलघुर्व्यपगतक्लममोहतापःपाकोमुखेकरणसौष्ठवमव्यथत्वम् । स्वेदःक्षवःप्रकृतियोगमनोऽन्नलिप्साकण्डूश्चमूर्ध्निविगतज्वरलक्षणानि ॥ (सुश्रुतोऽप्याह) स्वेदोलघुत्वंशिरसःकण्डूपाकोमुखस्यच । क्षवथुश्चान्नकांक्षाचज्वरमुक्तस्यलक्षणम् ॥ १४८ ॥

ज्वरके छूटने के लक्षण ॥

शरीरमें हलकापन, ग्लानिकानाश, मोह तथा तापका नाश, मुखमें फुंसियोंका निकलना, इन्द्रियों की प्रसन्नता, व्यथाका न होना, स्वेद, छींक, मनका यथावस्थित होना, अन्नमें इच्छा और शिर में खुजली यह ज्वरके छूटनेके लक्षणहैं सुश्रुतने भी कहाहै कि स्वेद, शरीर में हलकापन, शिरमें खुजली, मुखमें फुंसी निकलना, छींक और अन्नमें इच्छा यह लक्षण होतेहैं ॥ १४८ ॥

अथ ज्वरमुक्तस्यनियमाः ॥

व्यायामञ्चव्यवायञ्चस्नानञ्चक्रमणानिच । ज्वरमुक्तोनसेवेतयावन्नोबलवान्भवेत् ॥ (अन्यच्च) व्यायामंचव्यवायञ्चप्रवातंशिशिरंजलम् । ज्वरमुक्तोनसेवेतयावन्नोबलवान्भवेत् । जन्तोर्ज्वरविमुक्तस्यस्नानंकुर्यात्पुनर्ज्वरम् । तस्माज्ज्वरविमुक्तोऽपिस्नानंविषमित्यजेत् ॥ बलवर्णाग्निवपुषांयावन्नप्रकृतिर्भवेत् । तावज्ज्वरेणमुक्तोऽपिवर्जनीयान्विवर्जतु ॥ १४९ ॥

ज्वर से छूटेहुए के नियम ॥

जिसका ज्वर छूटगयाहो वह जबतक बलवान् न हो तबतक दण्डकसरत मैथुन स्नान और भ्रमण इनका सेवन न करे और भी कहागयाहै कि जिसका ज्वर छूटगयाहो वह बलवान् होनेतक दण्डकसरत, मैथुन अधिक वायु और शीतल जलका सेवन न करे ज्वर से छूटेहुए मनुष्यको स्नान करने से फिर ज्वर आजाताहै इसलिये ज्वरके छूटजाने परभी जबतक बल न आवे तबतक स्नानको विषके तुल्य त्याग करदेवे बल वर्ण अग्नि और शरीर जबतक पहलासा न होजावे तबतक ज्वरके छूटजाने परभी निषिद्ध पदार्थोंका सेवन न करे ॥ १४९ ॥

अथ वातज्वराधिकारमाह।

तत्रवातज्वरस्यविप्रकृष्टसन्निकृष्टकारणकथनपूर्विकांसंप्राप्तिमाह ॥

शीतलाहारचेष्टाभ्यांवायुरामाशयाश्रयः।बहिर्निरस्यकोष्ठाग्निंज्वरकृत्स्याद्रसानुगः१५०

वात ज्वरका अधिकार। वात ज्वरके दूरवाले और समीपी कारणों समेत संप्राप्ति का वर्णन ॥

वातकारी आहार और विहारोंकेद्वारा वायु आमाशयमें प्रविष्ट होकर जठराग्निको बाहर निकालतीहै और रसको दूषित करके ज्वरको उत्पन्न करतीहै ॥ १५० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ तस्यपूर्वरूपमाह ॥

जृम्भात्यर्थंसमीरणादितिसमीरणज्वरेउत्पत्स्यतिअत्यर्थंजृम्भास्यात् जृम्भाचश्र दिपूर्विकाभवति ॥ १५१ ॥ वातज्वरका पूर्वरूप ॥

वातज्वरके होनेसे पहले सामान्यज्वर सम्बन्धी पूर्वरूपके श्रमादिक लक्षणोंसमेत बहुत जंभ आतीहैं ॥ १५१ ॥ अथ वातज्वरस्यलक्षणमाह ॥

वेपथुर्विषमोवेगःकण्ठोष्ठमुखशोषणम् । निद्रानाशःक्षवःस्तम्भोगात्राणांरौक्ष्यमेव च ॥ शिरोहृद्गात्ररुग्वक्त्रवैरस्यंवद्धविट्कता । शूलाध्मानेजृम्भणञ्चभवत्यनिल ज्वरे ॥ एतानिलक्षणानिप्रायोभावित्वेनसुश्रुतेनिर्दिष्टानि । चकारादन्यान्यपिचरकनि दानोक्तानिबोद्धव्यानि ॥ तान्येवश्लोकेनप्रदर्शयति । भवन्तिविविधावातवेदनाःपादसु प्तता । पिण्डिकोद्वेष्टनंकर्णस्वनोवक्त्रकषायता ॥ गात्रसादोहनुस्तम्भोविश्लेषःसन्धि जानुनोः । शुष्ककासोवमिर्लोमदन्तहर्षःश्रमभ्रमौ ॥ अरुणंमूत्रनेत्रादितृट्प्रलापोष्ण गात्रता । विषमोवेगः । शरीरोष्णतादिरूपोज्वरवेगो । विषमोभवतीत्यर्थःक्षवस्तम्भः छिक्कायाःअभावःतथाच (वाग्भटः) हर्षोरोमांगदन्तेषुवेपथुःक्षवथोर्ग्रहः । भ्रमःप्रलापोघ र्मेच्छाविलापश्चानिलज्वरे ॥ इतिचरकोऽपिक्षवथूद्गारविनिग्रहइतिशिरोहृद्गात्ररु क् । गात्रपदेप्रयुक्तेशिरोहृच्छब्दप्रयोगः । तत्रतत्रविशेषेणवेदनाबोधनार्थः ॥ १५२ ॥

वातज्वरके लक्षण ॥

वातज्वरमें कंप विषमवेग(कभीकम कभीअधिक)कंठ,ओष्ठ तथा मुखकासूखना, निद्राकानाश, छींक का बंदहोना,शरीरमेंसूखापन,शिर,हृदय तथा अंगोंमेंपीडा,मुखकीबिरसता, मलकारुकना,शूल,अफ और जंभाई यह लक्षण होते हैं यहलक्षण प्रायःहोते हैं इसलिये सुश्रुतने कहे हैं और चकारसे चरकने कहेहुए अन्यलक्षणभी जानने चाहिये वहीआगे कहेजाते हैं अनेकप्रकारकी वायुकीपीडा,निद्राकाना पिंडलियोंमेंऐंठन,कानोंमेंशव्द,मुखमेंकषैलापन, शरीरमेंशिथिलता, जाबडेकाजकना,संधितथा घुटने में टूटने की सी पीडा, सूखी खांसी, छर्दि, रोमांच, दांतों में सरसराहट, श्रम, भ्रम, मूत्र तथा नेत्रादिकी ललाई, तृष, प्रलाप और शरीरमें उष्णता यह वातज्वर के लक्षणहैं यहां विषम वेगशब्दसे शरीर में उष्णता आदि ज्वर वेगका विषम होना लियाजाताहै और छींकका रुकना अर्थात् नआना वाग्भटने भी कहाहै कि वातज्वर में रोमांच, शरीर में शिथिलता, दांतों में सरसराहट, कंप, छींकका न आन, भ्रम, प्रलाप, धूपकी इच्छा और मिलाप यह लक्षण होते हैं और चरकने भी कहाहै कि वातज्वर में छींकतथा डकारका नआना और मस्तक हृदय तथा शरीरमें पीडाहोतीहै यहांशरीरमें पीडाकहनेसेशिर और हृदयकाबोध होताहै तो इनके फिर कहनेसे इनमें विशेष पीडा होतीहै यहजानना चाहिये १५

अथ वातज्वरचिकित्सा ॥

आमाशयस्थोहत्वाग्निंसामोमार्गान्पिधापयन् । विदधातिज्वरंदोषस्तस्माल्लंघ नमाचरेत् ॥ इतिवचनात्सामान्यतोज्वरितगात्रस्ययावदारोग्यदर्शनंलङ्घनामिधानेवा तज्वरिणोलङ्घनविधानेविशेषमाहचरकः । ज्वरितंषडहेऽतीतेलघ्वन्नंप्रतिभोजितम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पाचनंशमनीयञ्चकषायंपाययेद्विदक् ॥ सुश्रुतोऽप्याह । वातिकेसप्तरात्रेण दशरात्रेण पैत्तिके । श्लैष्मिकेद्वादशाहेनज्वरेयुंजीतभेषजम् ॥ नन्वन्नंवैप्राणिनांप्राणाइतिश्रुतिः तदन्नंविनाप्राणिभिःकथंस्थातव्यमित्याह । दोषाणामेवसाशक्तिर्लंघनेयासहिष्णुता । नहिदोषक्षयेकश्चित्सहतेलंघनंमहत् ॥ कफपित्तेद्रवेधातूसहेतेलंघनंबहु। आमक्षयाद्दूर्ध्वं पिवायुर्नसहतेक्षणम् १५३ ॥

वातज्वर की चिकित्सा ॥

आमाशयमें स्थित आमसहित दोष अग्निको मंदकरके मार्गोंको रोकताहुआ ज्वरको उत्पन्न करताहै इसलिये लंघनकरना चाहिये इस वचन के द्वारा सामान्यता से संपूर्ण ज्वरवालोंको आरोग्य पर्यन्त लंघनका विधान कियागया परन्तु वातज्वरवालेको लंघन करानेमें चरकने विशेषता कहीहै जैसेकि ज्वरवालेको छःदिनके उपरान्त हलकाअन्न भोजनकरायके पाचन और शमन कषाय पिलाना चाहिये सुश्रुतनेभी कहाहै कि वातज्वरमें सातवेंदिन पित्तज्वरमें दशवेंदिन और कफज्वरमें बारहवें दिन औषध देनीचाहिये अब यह सन्देह होताहै कि अन्नही प्राणियोंकेप्राणहैं इस श्रुतिके अनुसार अन्न के बिना प्राणी कैसे रहसक्तेहैं ? इसका उत्तर यहहै कि रोगी जो लंघनोंको सहताहै यह दोषोंही की शक्तिहै दोषोंके क्षय होजानेपर कोई भी बहुत लंघन नहीं सहसक्ता है कफ और पित्त यह पतली धातुहैं इसलिये आमके परिपाक होजानेपरभी बहुत लंघन सहसक्तेहैं और बात आमके परिपाक होजानेपर क्षणभरभी लंघनको नहीं सहसक्ती ॥ १५३ ॥

तत्रभेषजमाह ॥

श्रीफलःसर्वतोभद्राकामदूतीचशोणकः । तर्कारीगोक्षुरःक्षुद्राबृहतीकलशीस्थिरा ॥ रास्नाकणाकणामूलंकुष्ठंशुण्ठीकिरातकः । मुस्ताबलामृताबालद्राक्षावासःशताह्विका ॥ क्वाथोनिहन्त्येवप्रभञ्जनकृतंज्वरम् । सोपद्रवञ्चयोगोऽयंसर्वयोगवरःस्मृतः ॥ श्रीफलोबिल्वःसर्वतोभद्रागम्भारिकामदूतीपाटला । शोणकःशोनापाठाइतिलोकेतर्कारीग णिकारीकलशीपृष्ठिपर्णीस्थिराशालिपर्णी बलासुगन्धबालाद्राक्षायासोयवासः । दशमूलादिक्वाथः ॥ १५४ ॥

औषधियोंका वर्णन दशमूलादिक्वाथ ॥

बेल गंभारी, पाटला, सोनापाठा, अरणी, गोखुरू, छोटी, बडी, भटकटैया, पृष्ठपर्णी, शालिपर्णी, रासना, पीपल, पीपलामूल, कूट, सोंठ, चिरायता, मोथा, गिलोय, सुगन्धबाला, बरियारा, दाख, जवासा और सतावर इन सब औषधियोंका क्वाथ उपद्रवयुक्त वातज्वरको नष्ट करताहै यह योग संपूर्ण योगों में श्रेष्ठ कहागयाहै ॥ १५४ ॥

सुश्रुतः। पञ्चमूलीकषायन्तुपाचनंवातिकेज्वरेइति । अत्रपंचमूलीबृहत्पंचमूलीअ थवात्रिशती । श्रीपर्णीतर्कारीश्रीफलटुण्टूकपाटलामूलैः । पाचनमुचितंमारुतजनित ज्वरहारिवारिणाक्वथितैः । इति बृहत्पञ्चमूलीक्वाथः ॥ १५५ ॥

बृहत्पञ्चमूलीक्वाथ ॥

सुश्रुतने कहाहै कि पंचमूलका काढा वातज्वरमें दोषका पचानेवाला होताहै यहां पञ्चमूल कहने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

से बड़ा पञ्चमूल लेना चाहिये इसीसे त्रिशतीका मतहै कि गम्भारी, अरणी, बेल, सोनापाठा और पाटला इन औषधियोंकी जड़केक्काथसे वातज्वरमें ज्वरकेनाशके लिये पाचन देनाचाहिये ॥ १५५ ॥

किरातकाम्रृतोदीच्यबृहतीद्वयगोक्षुरैः। त्रिपर्णीकलशीबिल्वैःक्काथोवातज्वरापहः॥ एदीच्यंबालकंत्रिपर्णीशालिपर्णीकलशीपृष्ठिपर्णीकिरातादिक्काथः ॥ १५६ ॥

किरातादिक्काथ ॥

चिरायता, मोथा, गिलोय, सुगन्धबाला, दोनों भटकटैया, गोखुरू, शालिपर्णी, पृष्ठिपर्णी और बेल इन औषधियोंका क्काथ वातज्वरनाशक होताहै ॥ १५६ ॥

गुडूचीपिप्पलीमूलनागरैःपाचनंशृतम्। वातज्वरेतथापेयंकालिंगंसप्तमेऽहनि ॥कालिंगशृतमिन्द्रयवन्तस्यशृतंत्रिशती॥ १५७ ॥

गिलोय, पीपलामूल और सोंठ इन औषधियोंकाक्काथ अथवा इन्द्रजौका क्काथ वातज्वरमें सातवें दिन पाचनके लिये पीनाचाहिये ॥ १५७ ॥

विश्वामृताग्रंथिकसिद्धतोयमरुज्ज्वरःस्यात्पिबतःकुतोऽयम्। क्काथोऽथकुस्तुम्बुरदेवदारुक्षुद्रौषधैःपाचनमत्रचारु ॥ इति विश्वाशुण्ठीक्काथः। औषधंपाचनमितिवेदाःप्रमाणमितिवत् ॥ १५८ ॥

बिश्वादि क्काथ ॥

सोंठ, गिलोय और पीपलामूल इनका काढ़ा पीनेसे वातज्वर नष्ट होताहै धनियां, देवदारु और भटकटैया इनका काढ़ा वातज्वरमें पाचन होताहै औषधियोंके द्वारा पाचनहोताहै इसे वेदकेप्रमाण के समान प्रामाणिक समझनाचाहिये ॥ १५८ ॥

पञ्चमूलीबलारास्नाकुलत्थैःसहपौष्करैः। क्काथोहन्याच्छिरःकम्पंपर्वभेदम्मरुज्ज्वरम् ॥ इतिपञ्चमूलीबिल्वादिः। बृहत्पञ्चमूल्यादिक्काथः ॥ १५९ ॥

बृहत्पञ्चमूल्यादिक्काथ ॥

बेल, सोनापाठा, गंभारी, पाटला, अरणी, बरियारा, रासना, कुलथी और पुष्करमूल इनसब औषधियोंकाक्काथ शिरका कांपना और पोरुओंका टूटना इन समेत वातज्वरको नष्ट करताहै ॥ १५९ ॥

कणारसोनामृतवल्लिविश्वानिदग्धिकासिंदुकभूमिनिम्बैः। समुस्तकैराचरितःकषायोहिताशिनांहन्तिगदानिमांस्तु॥ ज्वरम्मरुदष्टसमुद्भवन्तथाबलासजंचानलमन्दताञ्च। कण्ठावरोधंहृदयावरोधंस्वेदञ्चरोम्णाञ्चहिमत्वमोहान्॥ इति कणादिक्काथः ॥ १६० ॥

कणादिक्काथ ॥

पीपल, लहसन, गिलोय, सोंठ, भटकटैया, सेंधानोन, चिरायता और मोथा इन औषधियोंकेक्काथके सेवनसे पथ्यकरनेवालोंके आगेकहेहुए रोग नष्टहोते हैं वातज्वर, कफज्वर, मन्दाग्नि, कंठका रुकना हृदयका रुकना, स्वेद, रोमांच, शीतलता और मोह ॥ १६० ॥

शुद्धंशङ्करशुक्रमक्षतुलितंमारारिनारीरजस्तद्वत्ताधद्रुमापतिस्फुटगलालङ्कारवस्तुस्मरम् ॥ तावत्येवमनःशिलाचविमलातावत्तथाटङ्कणम्। शुण्ठीद्व्यक्षमिताकणाचमरिचदिक्पालसंख्याक्षकम्॥ विषादिवस्तूनिशिलोपरिष्टाद्विचूर्णयेद्वासससिशोधयेच्च। ततस्तु

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ल्वेरसगन्धकौचचूर्णञ्चतद्यामयुगंविमर्द्य ॥ कल्पतरुर्नामधेयोयथार्थनाम रसःश्रेष्ठः । हरीरणश्लेष्मगदांहरतेमात्रास्यस्मृतागुञ्जैका ॥ आर्द्रकेणसममेषभक्षितोहन्तिवातक निम्भवंज्वरम्। श्वासकासमुखस्रेकशीततावह्निसांद्यविसूचीश्चनाशयेत्॥ नस्यनखेच र्वतिशिरोऽर्तिंकफवातजां मोहंमहान्तमपिचप्रलापंक्षवथुग्रहम्॥ कल्पतरुरसः॥१६१॥

कल्पतरुरस ॥

शुद्धपारा, शुद्धगन्धक, विष, मैनशिल, सोनामक्खी और सुहागा यह सब तोले २ भर सोंठ और पीपल दो२तोले मिर्चदशतोले विषआदिक वस्तुओंको शिलपर पीसकर वस्त्रमें छानले फिरपारा और गन्धकको खरलमें दोपहरघोटे इसके पीछे सब वस्तुओं को एकमें मिलादे यह कल्पतरु नाम रस यथार्थ नामवाला बहुत श्रेष्ठहै इससे वात तथा कफ के रोगोंका नाशहोताहै इसकी मात्रा एकरत्ती अदरकके रसके साथ सेवन किया हुआ यह रस बात तथा कफ जनित ज्वर श्वास,खांसी, मुखसे लार बहना, शीतलता,मंदाग्नि और विशूचिका का नाशकरताहै यह नासलेने से और लेपकरने से कफ. वात जनित शिरकी पीड़ा प्रलाप छींककारुकना और अत्यन्त मोह इन सबको नाशकरताहै॥१६१॥

सामान्यज्वरचिकित्सोक्तोमहाज्वरांकुशःप्रदेयोऽत्र ॥ १६२॥

सामान्य ज्वरकी चिकित्सामें कहाहुआ महाज्वरांकुशरस भी वातज्वर में देना चाहिये॥ १६२ ॥

विषमहौषधमागधिकोषणद्युमणिरक्तकमार्द्रकमर्दितम् । क्रमविवर्द्धितमुद्दलितंज्वर त्रिपुरभैरवएषरसोवरः। द्युमणि । मारितंताम्रंतस्यभागाःपञ्चरक्तकंहिंगुलंतस्यभागाःष ट्। मात्रास्यरक्तिकार्द्धंत्रिपुरभैरवोरसोज्वरे॥ १६३॥

ज्वरपर त्रिपुरभैरव रस ॥

शुद्ध विष १ भा० सोंठ २ भा० पीपल ३ भा० मिर्च ४ भा० तांबेकी भस्म ५ भा० और शुद्धसिंद- र ६ भा० इनसब औषधियों को अदरक के रसमें घोटकर आधरत्ती सेवनकरे यह ज्वरों के नाश मेंमें बहुत श्रेष्ठहै ॥ १६३ ॥

श्लेष्मज्वरेस्वेदंजङ्घापार्श्वास्थिशूलिनि।पीनसश्वासबाधिर्येकारयेत्तद्विधानवित्॥श्रो तसांमार्दवंकृत्वानीत्वापावकमाशयम्। हत्वावातकफःस्तम्भंस्वेदोज्वरमपोहति॥१६४॥

बात कफ ज्वरमें पिंडली पसली तथा हड्डियोंकी पीड़ामें और पीनस श्वास तथा बधिरता में स्वेद देनाचाहिये स्वेद श्रोतोंको कोमलकरके अग्निको उसके स्थानमें ले जाकर और वायु तथा कफकी रुकावट को दूरकरके ज्वरको नाशकरता है ॥ १६४ ॥

खर्परभृष्टपटस्थितकाञ्जिकसंसिक्तबालुकास्वेदः ॥ शमयतिवातकफामयशूलाङ्गभ दीन्। (बालुकास्वेदः) कम्पिशिरोहृदयगात्रव्यथायांजृम्भायांपादसुप्ततायाम् ॥ पिण्डकोद्वेष्टनेऽङ्गसादेहनुस्तम्भेचलोमहर्षे॥ १६५॥

खपरे में बालूको भूनकर कपडे में रखकर कांजीसे भिजोवे इसके द्वारास्वेद लेनेसे वात तथा कफ के रोग,कंप,मस्तक,हृदय और शिरकी पीड़ा,जँभाई,पैरोंकी सुन्नता,पिंडलियोंकी पीड़ा, शरीरकी शिथिलता,जाबडेका जकडना और रोमांच इनका नाशहोताहै यह बालुकास्वेद कहलाताहै॥ १६५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मातुलुङ्गफलकेशरोद्धृतःसिन्धुजन्ममरिचान्वितोमुखे । हन्तिवातकफरोगमास्यगं शोषमाशुजड़तामरोचकम् ॥ (इतिकवलःकण्ठोष्ठमुखशोषे) ॥ १६६ ॥

कंठ ओठ तथा मुख के सूखने पर कवलकी विधि ॥

सैंधानोन और मिर्चयुक्तनींबूके जीरेको मुखमें रखने से वात कफ मुखरोग कंठ ओठ तथा मुख का सूखना जड़ता और अरुचि इनसबका शीघ्र नाशहोताहै ॥ १६६ ॥

अन्यच्च ॥

शर्करादाडिमाभ्याञ्चद्राक्षादाड़िमयोस्तथा । कल्कंविधारयेदास्येशोषवैरस्यनाशनम् ॥ द्राक्षामलकयोःकल्कंसघृतंवदनेक्षिपेत्। तेनघृष्ट्वामुखस्यान्तःकुर्वीतप्रतिसारणम्। तेनतालुगलान्तस्थःसंशोषश्चैवशाम्यति। सुरसंजायतेवक्त्रंरुचिर्भवतिभोजने ॥ १६७ ॥

अन्यप्रकार ॥

शक्कर तथा अनार अथवा दाख तथा अनारके कल्कको मुखमें रखने से मुखकी विरसता और मुखके सूखनेका नाश होताहै दाख और आंवलेके कल्कको घृत सहित मुखमें रक्खे उसको मुखमें घिसके उगलदे इस्से तालु तथा गलेका सूखना नष्टहोताहै मुख सुरस होजाताहै और भोजन में रुचिहोतीहै ॥ १६७ ॥

निद्रानाशस्य निदानमाह ॥

नावनंलङ्घनंचिन्ताव्यायामःशोकभीरुषः।एभिरेवभवेन्निद्रानाशःश्लेष्मातिसंक्षयात् १६८

निद्राके नाशका निदान ॥

नासलेना, लंघन, चिन्ता, व्यायाम, शोक, भय, क्रोध और कफका अत्यन्त नाश इनकारणों से निद्रा का अत्यन्त नाशहोता है ॥ १६८ ॥

अथ तस्यचिकित्सामाह ॥

भृष्टन्तुविजयाचूर्णं मधुनानिशिभक्षयेत् । निद्रानाशेऽतिसारेचग्रहण्यांपावकक्षये गुडंपिप्पलिमूलस्यचूर्णेनालोडितंलिहेत्। चिरादपिचसन्नष्टांनिद्रामाप्नोतिमानवः ॥ यसजङ्घामूलंबद्धंवाशिरसिकाकमाच्याश्च । विधृतंनिद्राजनकंत्वङ्मूलंवाशृतंसगुडं पीतमितिशेषः मूलन्तुकाकमाच्याबद्धंसूत्रेणमस्तकेनियतम्। विदधातिनष्टनिद्रीनिद्रामिवेवासिद्धमिदम् ॥ शीलयेन्मन्दनिद्रस्तुक्षीरमद्यरसान्दधि । अभ्यङ्गोद्वर्त्तनस्नानमूर्द्धकर्णाक्षितर्पणम् ॥ रसंमांसरसम्। कान्ताबाहुलताश्लेष्मोनिवृत्तिःकृतकृत्यता॥ मनोनुकूलाविषयाःकामंनिद्रासुखप्रदा । रसेशाकेचसूपेचसर्पिर्यूषपयःसुच ॥ निद्रांसञ्जनयत्याशुपलाण्डुरुपयोजितः। रसेमांसरसे ॥ ऐक्षवंपोतकीमाषःसुरामांसरसःपयः । गोधूमतिलमत्स्याश्च।निद्रांकुर्वन्तिदेहिनामितिनिद्रनाशे ॥ १६९ ॥

निद्रानाशकी चिकित्सा ॥

भूनी हुई भंगके चूर्णको शहद के साथ रात्रिमें खानेसे निद्राका न आना, अतीसार, ग्रहणी और मंदाग्नि इनरोगों का नाश होताहै पीपलामूलके चूर्णको गुडमें मिलाकर चाटने से बहुतदिनसे नष्ट हुई भी निद्राको मनुष्य प्राप्त होता है काकजंघाकी जड़ अथवा काकमाचीकी जड़ शिरमें बांधने से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तनिद्रा आतीहै अथवा ऊपर लिखीहुई औषधोंकी छाल और जडके क्राथमें गुड मिलाकर पीनेसे निद्रा आतीहै यह सिद्धयोगहै निद्राकी अल्पता होने पर दुग्ध,मद्य,मांस,रस तथा दहीके सेवनसे तैल-मर्दन,उबटन तथा स्नान करने से और शिर कान तथा नेत्रों को तैलादिकें द्वारा पूर्ण करनेसे निद्रा आतीहै उत्तम स्त्रीका आलिङ्गन,कफकी उत्पत्ति,कृतार्थता और मनके अनुकूल भोगादिक इनसब से सुख पूर्व्वक निद्राआती है मांसरस,शाक,दाल,घी,यूष और दूध इनमें प्याजडालकर खानेसे शीघ्र निद्राआती है शक्कर आदिक ईखके पदार्थ,पोय,उर्द,सुरा, मांसरस, दूध, गेहूं,तिल और मछली इन के सेवनसे निद्रा आती है ॥ १६९ ॥

दारुहैमवतीकुष्ठशताह्वाहिङ्गुसैन्धवैः । लिम्पेत्कोष्णैरम्लपिष्टैःशूलाध्मानयुतोदरम् । हैमवतीश्वेतवचादारुषट्कालेपःशूलाध्माने ॥ १७० ॥

शूल तथा अफरा पर दारुषट्कलेप ॥

देवदारु,श्वेतवच,कूट,सौंफ,हींग इनऔषधियों को काँजी के साथ पीसकर कुछ गरम २ पेटपर लेपकरने से शूल तथा अफरेका नाश होताहै ॥ १७० ॥

कटुतैलंकणाहिङ्गुवचालसुनसाधितम् । उष्णंविनिहितंहन्तिकर्णयोर्निःस्वनंव्यथाम् ॥ तैलंकर्णस्वने॥ कणासुगन्धिवचया यवान्याचसमन्विता । ताम्बूलसहिताहन्तिशुष्ककासंमुखेधृता इतिशुष्ककासे ॥ १७१ ॥

पीपल,हींग,वच और लहसन इनको कडुवे,तेलमें पाककरे इस तेलको कानमें छोडने से पीडा और कानों के शब्दका नाश होताहै पीपल,सुगन्धित वच,अजवाइन और पान इनके एकसाथ मुख में रखने से सूखी खांसीका नाश होताहै ॥ १७१ ॥

अथान्नमाह ॥

श्रमोपवासानिलजेहितोनित्यंरसौदनः । मुद्गामलकयूषस्तुबद्धविट्कायदीयते ॥ रसो मांसरसः । पेयांवारक्तशालीनांवस्तिपार्श्वशिरोरुजि ॥ श्वदंष्ट्राकण्टकारीभ्यांसिद्धांज्वरहरींपिबेत् । कासीश्वासीचहिक्कीचपञ्चमूलीश्रृतंपिबेत् ॥ पेयामितिशेषःइतिवातज्वराधिकारः ॥ १७२ ॥

वातज्वरमें देने के योग्य अन्न ॥

परिश्रम, उपवास तथा वातजनित ज्वरमें मांसके रस के साथ भात खाना सदैव हितकारी है ज्वरमें जो मूत्राशय पसली तथा शिरमें पीडाहोय तो गोखुरू और भटकटैया के क्राथसे बनीहुई लाल धानके चावलों की पेयापिये खांसी श्वास तथा हिचकी आनेपर पंचमूलसे बनीहुई पेया पिये इति वातज्वराधिकार ॥ १७२ ॥

अथ पित्तज्वराधिकारः ॥

तत्रपित्तज्वरस्यविप्रकृष्टसन्निकृष्टकथनपूर्विकांसंप्राप्तिमाह । पित्तलाहारचेष्टाभ्यांपित्तमामाशयाश्रयम् ॥ बहिर्निरस्यकोष्ठाग्निंज्वरकृत्स्याद्रसानुगः। पित्तस्यपङ्गुत्वात्तेन कोष्ठाग्नेरुष्माबहिर्नेतुंनशक्यते ॥ यतआह। पित्तंपङ्गुःकफःपङ्गुःपङ्गवोमलधातवः ॥ वायुनायत्रनीयन्ते तत्रगच्छन्तिमेघवत्।इतिततोऽत्रपित्तंवातसहायंबोद्धव्यम्॥यतआह।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्रव्यमेकरसंनास्तिनरोगोऽप्येकदोषजः। एकस्तुकुपितोदोषइतरानपिकोपयेत्॥१७३॥

पित्तज्वरका अधिकार॥

पित्तज्वरके दूर और समीपी कारणों सहित संप्राप्ति का वर्णन इसप्रकार करते हैं कि पित्त वर्द्धक आहार विहारों के द्वारा आमाशयमें गयाहुआ पित्त जठराग्नि को बाहर निकालकर और रसे को दूषित करके ज्वरको उत्पन्न करता है पित्त पंगुहै इसलिये जठराग्नि की गरमी को बाहर नहीं निकालसक्ताहै क्योंकि कहागया है कि पित्त कफ मल और धातु यह सब पंगुहैं (चलनेमें असमर्थ हैं) मेघोंके समान वायु जहाँ इन्हें लेजातीहै वहाँजाते हैं इसलिये पित्त वायु की सहायता से ऊपर कहेहुए कार्य्य को करताहै क्योंकि कहागयाहै कि कोई द्रव्य एक रसयुक्त नहींहै और एकही दोषसे उत्पन्न हुआ कोई रोग नहीं एकदोष कुपित होकर अन्यदोषोंकोभी कुपित करताहै॥ १७३॥

इति तस्यपूर्वरूपमाह॥

पित्तान्नयनयोर्दाहइति।पित्तज्वरेउत्पत्स्यतिनेत्रदाहःस्यात्।सचश्रमादिपूर्वकोभवति १७४

पित्तज्वरका पूर्वरूप॥

पित्तज्वरके उत्पन्नहोनेकेपहले शमआदिक सामान्य ज्वरके पूर्वरूपसहित नेत्रोंमें दाह होताहै १७४॥

अथ पित्तज्वरस्य लक्षणमाह॥

वेगस्तीक्ष्णोऽतिसारश्चनिद्राल्पत्वंतथावमिः। कण्ठौष्ठमुखनासानांपाकःस्वेदश्चजायते॥ प्रलापोवक्त्रकटुतामूर्च्छादाहोमदस्तृषा। पीतविण्मूत्रनेत्रत्वंपैत्तिकेभ्रमएवच॥ अतीसारःपित्तस्यतस्यसरत्वात्सद्रवमलप्रवर्त्तिर्नत्वतिसारवत्तस्यज्वरोपद्रवत्वात्वमिः। यदापित्तंकफस्यस्थानंयातितदाबोद्धव्यम्॥ प्रलापोऽनर्थकंवचःमूर्च्छारूपादेरज्ञानः॥ (मदः) पूगकोद्रवधत्तूरभक्षणादिवमत्तता॥ भ्रमश्चक्रारूढस्येवज्ञानंचकाराद्रक्तकोठादयोबोद्धव्याः॥ १७५॥

पित्तज्वर के लक्षण॥

पित्तज्वरमें तीक्ष्णवेग,अतीसार,निद्राकी अल्पता,छर्द्दि, कण्ठ,ओठ,मुख और नासिका का पक-,स्वेद,प्रलाप (अनर्थक वचन) मुखकी कटुता,मूर्च्छा,दाह,मद,तृषा,मलमूत्र तथा नेत्रोंकी पीतता और भ्रम यह लक्षण होतेहैं यहां अतीसार शब्दसे पित्तके दस्तावर होनेके कारण मलका पतलापन होना चाहिये अतीसार रोग न जाननाचाहिये क्योंकि यह ज्वरका उपद्रवमात्रहै पित्तज्वर में जब पित्त कफ के स्थानमें जाताहै तब छर्द्दि होतीहै यहां भ्रम शब्दका अर्थ चक्करमें पड़ाहुआसा मालूम होताहै और चकारसे रक्तकोठादिरोग जाननाचाहिये॥ १७५॥

अथ पित्तज्वरस्यचिकित्सा॥

आमाशयस्थोहत्वाग्निंसामोमार्गान्पिधापयन्। विदधातिज्वरंदोषस्तस्माल्लङ्घनमाचरेत्॥इतिवचनात्सामान्यतोज्वरिमात्रस्ययावदारोग्यदर्शनंलङ्घनाभिधानम्। पित्तज्वरिणोलङ्घनविधानेविशेषमाह। सुश्रुतः। पैत्तिकेदशरात्रेणज्वरेयुञ्जीतभेषजमिति। (दशरात्रेणलङ्घनवताव्यतीतेनेत्यर्थः)॥ १७६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पित्तज्वरकी चिकित्सा ॥

...आमसहित दोष आमाशयमें स्थितहुआ अग्निको मन्दकरके रसके लेचलनेवाली नाडियोंको ...कर ज्वरको उत्पन्न करताहै इसलिये लंघन कराना चाहिये इस वचनके द्वारा सम्पूर्ण ज्वर ...रोंको सामान्यतासे आरोग्यपर्य्यन्त लंघन देना चाहिये यह सिद्ध होताहै इसमें पित्तज्वरवाले ... लंघन देनेके लिये विशेषता कहीहै जैसे कि पित्तज्वर में दश दिन लंघन कराके ग्यारहवें दिन ...षध देनी चाहिये ॥ १७६ ॥

किंतद्भेषजंतदाह ॥

...तिक्तामुस्तायवैःपाठाकट्फलाख्यांसह्योदकम् । पक्कंसशर्करंपीतंपाचनंपैत्तिकेज्वरे ॥ (तिक्तादिक्काथः) ॥ १७७ ॥

औषधियोंका वर्णन तिक्तादिक्काथ ॥

कुटकी,मोथा,जव,कायफल,पाढा और सुगन्धबाला इन औषधियोंके क्काथमें शक्कर डालकर पीने से पित्तज्वरमें पाचन होताहै ॥ १७७ ॥

पर्पटोवासकस्तिक्ताकैरातोधन्वयासकः । प्रियंगुश्चकृतःक्काथएषांशर्करयायुतः ॥ पिपासादाहपित्तास्रयुक्तंपित्तज्वरंहरेत् । (पर्पटादिक्काथः) ॥ १७८ ॥

परपटादिक्काथ ॥

पित्तपापडा,बांसा,कुटकी, चिरायता, जवासा और मालकांगनी इन औषधियोंके क्काथमें शक्कर डालकर पीनेसे तृषा,दाह तथा रक्तपित्तज्वरका नाश होताहै ॥ १७८ ॥

द्राक्षाहरीतकीमुस्ताकटुकाकृतमालकः । पर्पटश्चकृतःक्काथएषांपित्तज्वरापहः ॥ मुख...लापार्त्तिदाहमूर्च्छाभ्रमप्रणुत् । पिपासारक्तपित्तानां शमनोभेदनोमतः ॥ (द्राक्षा...थः) ॥ १७९ ॥

द्राक्षादिक्काथ ॥

...ख,हड,मोथा,कुटकी,अमलतास और पित्तपापडा इनऔषधियोंका क्काथ पीनेसे पित्तज्वर,मुखका ...वना,प्रलाप,अन्तर्दाह,मूर्च्छा,भ्रम,तृषा तथा रक्तपित्तकानाश होताहै और मलका भेद होताहै१७९॥

... पटोलयवधान्याकमधुकंमधुसंयुतम् (क्काथः) हन्तिपित्तज्वरंदाहंतृष्णाञ्चातिप्रमा...ीम् ॥ (पटोलादि) ॥ १८० ॥

पटोलादिक्काथ ॥

परवल, इन्द्रजौ, धनियां और मुलहठी इनका काढा शहद डालकर पीने से पित्तज्वर, दाह और ...न्त तृषाको दूर करताहै ॥ १८० ॥

...गुडूच्यामलकैर्युक्तःकेवलोवापिपर्पटः । पित्तज्वरंहरेत्तूर्णंदाहशोषभ्रमान्वितम् ॥ (गुडूच्यादिक्काथः) ॥ १८१ ॥

गुडूच्यादिक्काथ ॥

गिलोय और आंवले समेत पित्तपापडेका क्काथ अथवा केवल पित्तपापडेका क्काथ पानकरनेसे दाह, ...ष तथा भ्रमसहित पित्तज्वरको शीघ्र नाश करताहै ॥ १८१ ॥

एकःपर्पटकःश्रेष्ठःपित्तज्वरविनाशनः । किंपुनर्यदियुज्येतचन्दनोशीरबालकैः ॥ १८२

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

केवल पित्तपापडेकाही क्वाथ पित्तज्वर को नाशकरताहै और चन्दन, खस तथा सुगन्धबाले योगहोने पर तो क्याही कहनाहै ॥ १८२ ॥

ह्रीवेरचन्दनोशीरघनपर्पटसाधितम् । दद्यात्सुशीतलंवारितृट्छर्दिज्वरदाहनुत् । (ह्रीवेरादिक्वाथः) १८३ ॥ ह्रीवेरादिक्वाथ ॥

सुगन्धबाला, लालचन्दन, खस, मोथा और पित्तपापडेका क्वाथ, ठंढा करके पीनेसे तृषा, छर्दि, ज्वर तथा दाहका नाश होताहै ॥ १८३ ॥

भूनिम्बातिविषालोध्रमुस्तकेन्द्रयवामृताः । बालकंधान्यकंबिल्वंकषायोमाक्षिकान्वितः ॥ विड्भेदश्वासकासांश्चरक्तपित्तज्वरंहरेत् । (भूनिम्बादिक्वाथः) ॥ १८४ ॥

भूनिंबादिक्वाथ ॥

चिरायता, अतीस, लोध, मोथा, इन्द्रजौ, गिलोय, सुगन्धबाला, धनियां और बेल इन औषधियों के काढेमें शहद डालकर पान करनेसे मलभेद श्वास खांसी, रक्तपित्त तथा ज्वर का नाशहोताहै १८४॥

द्राक्षाचन्दनपद्मानिमुस्तातिक्तामृतापिच । धात्रीबालमुशीरंचलोध्रेन्द्रयवपर्पटाः ॥ परूषकंप्रियंगुश्चयवासोवासकस्तथा । मधुकंकुलकञ्चापिकिरातोधान्यकंतथा ॥ एषांक्वाथोनिहन्त्येवज्वरंपित्तसमुत्थितम् । तृष्णांदाहंप्रलापञ्चरक्तपित्तंभ्रमंक्लमम् ॥ मूर्च्छांछर्दितथाशूलंमुखशोषमरोचकम् । कासंश्वासञ्चहल्लासंनाशयेन्नात्रसंशयः ॥ (महाद्राक्षादिक्वाथः) ॥ १८५ ॥ महाद्राक्षादि क्वाथ ॥

दाख, लालचन्दन, पद्माक, मोथा, कुटकी, गिलोय, आमला, सुगन्धबाला, खस, लोध, इन्द्रजौ, पित्तपापड, फालसा, मालकांगनी, जवासा, बांसा, मुलहठी, परवल, चिरायता और धनियां इनसब औषधियोंका क्वाथ पीनेसे पित्तज्वर, तृषा, दाह, प्रलाप, रक्तपित्त, श्रम, ग्लानि, मूर्च्छा, छर्दि, शूल, मुखका सूखना, अरुचि, खांसी, श्वास तथा मतली का नाश होताहै ॥ १८५ ॥

ससितोनिशिपर्युषितःप्रातर्धान्याकतन्दुलक्वाथः । पीतःशमयत्यचिरादन्तर्दाहं पैत्तम् ॥ (धान्याकक्वाथः) ॥ १८६ ॥ धनियेंकाक्वाथ ॥

धनियेंका बासीक्वाथ शक्कर डालकर प्रातःकाल पीनेसे अत्यन्त शीघ्र अन्तर्दाह सहित पित्तज्वर नाश होताहै ॥ १८६ ॥

अमृतायाहिमःप्रातःससितःपैत्तिकंज्वरम् । वासायाश्चतथाक्वाथोरक्तपित्तज्वरञ्जयेत् ॥ १८७ ॥

गिलोयको कूटकर सायंकाल में भिजोदे फिर प्रातःकाल उसको छानके शक्करसहित पीनेसे पित्तज्वर नाश होताहै इसीप्रकार बाँसेके भी कषाय के पानकरने से रक्तपित्त तथा ज्वरका नाश होताहै १८७ ॥

गुडूचीभूमिनिम्बश्चबालंवीरणमूलकम् । लघुमुस्तंतत्वद्धात्रीद्राक्षावासाचपर्पटः एषांक्वाथोहरत्येवज्वरंपित्तकृतंद्रुतम् । सोपद्रवमपिप्रातर्निपीतोमधुनासह ॥ गुडूच्यादिक्वाथः ॥ १८८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गुडूच्यादिक्वाथ ॥

…गिलोय,चिरायता, सुगन्धबाला,खस, छोटा मोथा, निसोथ,आंवला, दाख, बांसा और पित्तपाप- …इन औषधियोंका क्वाथ सहत डालकर प्रातःकाल पीने से उपद्रव सहित पित्तज्वर का नाश …ताहै ॥ १८८ ॥

…शस्यबदर्यावानिम्बस्यमृदुपल्लवैः।अम्लपिष्टैःप्रलेपोऽयंहन्याद्दाहयुतंज्वरम् १८९

पलाश (ढाक) बेर अथवा नींबके कोमल पत्तों को कांजीसे पीसकर लेपकरनेसे दाहयुक्त ज्वर का नाश होताहै ॥ १८९ ॥

उत्तानसुप्तस्यगम्भीरताम्रकांस्यादिपात्रेनिहितेचनाभौ । शीताम्बुधाराबहुलापत …ती निहन्तिदाहंज्वरितज्वरञ्च ॥ १९० ॥

रोगीको चित्तसुलाकर नाभिपर तांबे अथवा कांसे आदिके गहरेपात्र को रखकर उसमें शीतल जलकीधार छोडने से शीघ्रही दाह और ज्वरका नाश होताहै ॥ १९० ॥

पथ्यांतैलघृतक्षौद्रैर्लिहन्दाहज्वरापहाम् । कासासृक्पित्तवीसर्पश्वासान्हन्तिवमी मपि ॥ (तैलघृतक्षौद्रैरित्यत्रनसमुच्चयस्तेनकेवलेनक्षौद्रेणापिलिह्यात्) ॥ १९१ ॥

हडको पीसकर तेल घी तथा सहतके साथ चाटनेसे खांसी, रक्तपित्त, विसर्प, श्वास,छर्दि, दाह तथा ज्वरका नाशहोताहै तेल,घी और सहत इनको इकट्ठा न लेकर केवल सहतके साथही चाटनेसे रोगोंका नाश होताहै ॥ १९१ ॥

कांजिकार्द्रपटेनावगुण्ठनंदाहनाशनम्।अथगोतक्रसंस्विन्नंशीतलीकृतवाससा॥१९२॥

कांजीसे भिगोयेहुए वस्त्रके ओढनेसे भी दाहका नाश होताहै अथवा गौके मट्ठेमें भीगेहुए शीतल वस्त्रको लपेटनेसे दाहका नाश होताहै ॥ १९२ ॥

…क्षामलककल्केनकवलोऽत्रहितोमतः । पक्वंदाडिमबीजैर्वाधानाकल्केनचक्वचित् ॥ …ते कवलः। धानात्रधान्यकमिति कल्कः) ॥ १९३ ॥

…ख और आंवलेके कल्कसे पक्के अनारके बीजोंके कल्कसे अथवा धनियें के कल्कके द्वारा कवल …णकरनेसे दाहका नाश होताहै ॥ १९३ ॥

अथान्यमाह ॥

दाहकम्पार्दितंक्षामं निरन्नंतृष्णयान्वितम् ॥ शर्करामधुसंयुक्तंपाययेल्लाजतर्पणम् ॥ (लाजतर्पणंलाजसक्तुरूपंतर्पणंसन्तर्पणस्वरूपमुक्तंसामान्यज्वरचिकित्सायाम्) मुद्गयू …ोदनोदेयःसितयापैत्तिकेज्वरे ॥ १९४ ॥

पित्तज्वरवालेको अन्न ॥

…दाह तथा कंपसे पीड़ित क्षीण लंघनी और प्यासे पित्तज्वरवालेको शक्कर और सहत युक्त खी- …लके सत्तुओंका तर्पण देनाचाहिये अथवा शक्कर सहित मूंगके यूषकेसाथ भातदेनाचाहिये ॥१९४॥

हर्म्येशुभ्राभ्रसङ्काशेशशाङ्ककरशीतले।मलयोदकसंसिक्तेसुप्यात्पित्तज्वरीनरः ॥१९५॥

पित्तज्वरवाला शुभ्रमेघोंके समान कांतिवाले चन्द्रमाकी किरणों से शीतल और चन्दनसे सिंचे हुए स्थानमें सोवे ॥ १९५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हारावलीचन्दनशीतलानांसुगन्धपुष्पाम्बरभूषितानाम् । नितम्बिनीनांसुपयोधराणामालिंगनान्याशुहरन्तिदाहम् ॥ आह्लादञ्चास्यविज्ञायनस्त्रीरपनयेत्पुनः । हितञ्च जयेदन्नंनप्रीतिसुरतम्महत् ॥ १९६ ॥

हार तथा चन्दनसे शीतल अंगवाली सुगन्धित पुष्प तथा वस्त्रोंसे आभूषित सुन्दर पयोधरवाली स्त्रियोंके आलिंगनसे शीघ्रही दाहका नाश होताहै इस प्रकार पुरुषको आनन्दित जानकर स्त्रियों फिर हटवावे नहीं और हित अन्न भोजन करवावे परन्तु बहुत मैथुन करना हितकारी नहीं है१९६

वाप्यःकमलहासिन्योजलयन्त्रगृहाःशुभाः ॥ नार्यश्चन्दनदिग्धांग्योदाहदैन्यहरामताः ॥ (इति पित्तज्वराधिकारः) ॥ १९७ ॥

फूलेहुए कमलवाली बावडी फव्वारेयुक्तघर और चन्दनलगेहुए अंगवालीस्त्री यह सब दाह और दीनताको नाश करतेहैं इति पित्तज्वराधिकार ॥ १९७ ॥

अथ श्लेष्मज्वराधिकारः (अथ श्लेष्मज्वरस्यविप्रकृष्टसन्निकृष्टकारणकथनपूर्विकांसंप्राप्तिमाह) ॥

श्लेष्मलाहारचेष्टाभ्यांकफोह्यामाशयाश्रयः । बहिर्निरस्यकोष्ठाग्निंज्वरकृत्स्याद्रसानुगः ॥ कफस्यकोष्ठाग्नितेजसोबहिर्नयनेनपंगुत्वादाशङ्कायांजातायांपित्तस्येवासिद्धान्तोबोद्धव्यः ॥ १९८ ॥

कफज्वराधिकार कफज्वरके दूर और समीपीकारण सहित संप्राप्तिका वर्णन ॥

कफकारी आहार और विहारोंके द्वारा आमाशयमें गयाहुआ कफ जठराग्निकी ऊष्माको बाहर निकालकर रसको दूषित करता हुआ ज्वरको उत्पन्न करताहै कफ पंगुहै इसलिये जठराग्निकी ऊष्माको बाहर नहीं निकाल सक्ताहै इस सन्देहके उत्तर में पित्तके समान सिद्धान्त यहां भी ना चाहिये ॥ १९८ ॥

अथ तस्यपूर्वरूपमाह ॥

कफान्नान्नाभिनन्दनमितिकफज्वरे उत्पत्स्यति । अनन्नाभिलाषःस्यात्सचश्रमादिकोभवति ॥ १९९ ॥

कफज्वरका पूर्वरूप ॥

कफज्वरके उत्पन्न होनेके पहले श्रम आदिक सामान्यज्वरके पूर्वरूप सहित अन्नमें अनिच्छा होती है ॥ १९९ ॥

अथ श्लेष्मज्वरस्यलक्षणमाह ॥

स्तैमित्यंस्तिमितोवेगआलस्यंमधुरास्यता ।शुक्लमूत्रपुरीषत्वंस्तम्भस्तृप्तिरथापिवा॥गौरवंशीतमुत्क्लेदोरोमहर्षोऽतिनिद्रिता । प्रतिश्यायोऽरुचिःकासः कफजेक्ष्णोश्चशुक्लता । स्तैमित्यमंगानांआर्द्रपटावगुण्ठितत्वमिव । स्तिमितोवेगःज्वरस्यमन्दोवेगःआलस्यंसमर्थस्यापिकर्मण्यनुत्साहः । छर्दःवमनोपस्थितमिवस्तम्भःअङ्गानांनम्रतातृप्तिः ॥ अन्नभिलाषःसत्यपिभोजनसामर्थ्यात्गौरवंगात्राणाम् । शीतंलगतिउत्क्लेदःवमनोपस्थितिरितिच । अतिनिद्रतानिद्राधिक्यंप्रतिश्यायोनासारोगविशेषः । अरुचिःभोजनानिच्छा चकारात्पिडिका शीतामुखप्रसेकश्छर्दिस्तंद्राहृदयोपलेपउष्णाभिलाषोवह्निमान्द्यमितिश्च

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्तउक्तम् । प्रसेकःपिडिकाःशीतश्छर्दिस्तन्द्रोष्णकामिता । कफेनलिप्तंहृदयं स्वेदग्नेश्च मन्दता ॥ २०० ॥ कफज्वर के लक्षण ॥

शरीरमें गीलाकपडा लिपटाहुआ सा मालूम होना ज्वरका वेग मन्द होना, आलस्य, मुख मधुररहे तथा मलका श्वेतहोना, शरीरका अकडना अन्नमें अनिच्छा, शरीरका भारीपन, शीतलगना, ...ली, रोमांच, निद्राकी अधिकता, जुकाम, अरुचि, खांसी और नेत्रोंकी शुक्लता यह लक्षण कफज्वर होते हैं चकारसे मुख तथा नासिका का बहना फुंसी, शीत, छर्दि, तंद्रा, उष्णताकी इच्छा, कफसे भराहुआ सा हृदय और मन्दाग्नि यह लक्षण होते हैं ॥ २०० ॥

अथ श्लेष्मज्वरस्यचिकित्सा ॥

आमाशयस्थोहत्वाग्निंसामोमार्गांपिधापयन् । विदधातिज्वरंदोषस्तस्माल्लंघनमाचरेत् ॥ इतिवचनात्सामान्यतोज्वरोमात्रस्य यावदारोग्यदर्शनं लंघनाभिधानंश्लेष्मज्वरिणोलंघनविधानेविशेषमाहसुश्रुतः । श्लैष्मिकेद्वादशाहेनज्वरेयुंजीतभेषजमिति । द्वादशाहेचलंघनवताव्यतीतेनेत्यर्थः ॥ २०१ ॥

कफज्वरकी चिकित्सा ॥

आमाशयमें स्थित दोष अग्निको मन्दकरके स्वेद तथा रसके बहनेवाले स्रोतोंको आच्छादन करता हुआ ज्वरको उत्पन्न करताहै इसलिये लंघनकरना चाहिये इसवचनके द्वारा सामान्यतासे सम्पूर्ण ज्वरवालोंको लंघनकरना रोगकी निवृत्तितक उचितहै इनमें कफज्वरके रोगमें सुश्रुतने विशेषता कहीहै जैसे कि कफज्वरमें बारहदिन लंघन करायके तेरहवें दिन औषध देनी चाहिये ॥ २०१ ॥

किंतद्भेषजं तदाह ॥

पिप्पल्यादिकषायंतुकफजेपरिपाचनम् (पिप्पल्यादिगणमाह) पिप्पलीपिप्पलीमूलं चव्यजपिप्पली । नागरंचित्रकंचव्यंरेणुकैलाजमोदिका ॥ सर्षपोहिंगुभार्ङ्गीचपाठेन्द्रयवाजीरकाः । महानिम्बवचामूर्वाविषातिक्ताविडंगकम् ॥ पिप्पल्यादिगणोह्येषकफमारुतनाशनः । गुल्मशूलज्वरहरोदीपनस्त्वामपाचनः ॥ पिप्पल्यादिक्काथः ॥ २०२ ॥

औषधियोंका वर्णन, पिप्पल्यादि क्काथ ॥

पिप्पल्यादि गणका क्काथ कफज्वरमें पाचन होताहै पिप्पल्यादिगण पीपल, पीपलामूल, मिर्च, गजपीपल, सोंठ, चीता, चव्य, रेणुका, इलायची, अजवाइन, सरसों, हींग, भारंगी, पाढ़ा, इन्द्रजौ, जीरा, महानिंब, वच, मरोडफली, अतीस, कुटकी और बायबिडंग यह सब पिप्पल्यादि गणकहातेहैं यह कफवात बायगोला शूल तथा ज्वरनाशक दीपन और आमकापचानेवालाहोता है ॥ २०२ ॥

क्षौद्रोपकुल्यासंयोगश्वासकासज्वरापहः । प्लीहानंहन्तिहिक्कांचबालानामपिशस्यते ॥ पिप्पलीत्रिफलाचापिसमभागान्ज्वरीलिहन् । मधुनासर्पिषाचापिकासीश्वासीसुखीभवेत् २०३

सहतके साथ पीपलचाटनेसे श्वास खांसी ज्वर प्लीहा तथा खुशकीका नाशहोताहै और यही बालकोंको भी श्रेष्ठहै पीपल और त्रिफला समभाग सहत और घीके साथ चाटनेसे खांसी श्वास तथा ज्वरका नाशहोताहै ॥ २०३ ॥

चतुर्भद्रिका ॥

कट्फलंपौष्करंशृंगीकृष्णाचमधुनासह । श्वासकासज्वरहरोलेहोऽयंकफनाशनः २०४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चतुर्भद्रिका ॥

कायफल, पुष्करमूल, काकड़ासिंगी और पीपल इनको सहतके साथचाटनेसे खांसी,श्वास, तथा कफका नाश होताहै ॥ २०४ ॥

अष्टांगावलेहः ॥

कट्फलंपौष्करंशृंगीयवानीकारवीतथा । कटुत्रयंचसर्वाणिसमभागानिचूर्णयेत् ॥ कस्यरसैर्लिह्यान्मधुनावाकफज्वरी । कासश्वासारुचिच्छर्दिहिक्काश्लेष्मानिलापहः२०

अष्टांगावलेह ॥

कायफल, पुष्करमूल, ककड़ासिंगी, अजवाइन,सौंफ, सोंठ, मिर्च और पीपल इनसब औषधि को समभाग लेकर अदरकके रस अथवा सहतके साथचाटने से कफज्वर, खांसी, श्वास, अरुचि, छर्दि, हिचकी, कफ तथा वातका नाश होताहै ॥ २०५ ॥

सिन्दुवारदलक्काथंकणाढ्यंकफजेज्वरे । जंघयोश्चबलेक्षीणेकर्णेचपिहितेपिबेत् ॥ यवानीपिप्पलीवासायथाखाखसवल्कलम् । एषांक्काथंपिबेत्कासेश्वासेचकफजेज्वरे २०६॥

कफज्वरमें पिंडलियोंके बलके क्षीण होजाने में और कानों के बन्दहोजाने में पीपल डालकर निर्गुण्डीके क्वाथका पानकरे अजवाइन, पीपल, बांसा और पोस्तके छिलके इन औषधियोंका क्वाथ पीने से श्वास, खांसी तथा कफज्वरका नाशहोताहै ॥ २०६ ॥

वासादिक्काथः ॥

वासाक्षुद्रामृताक्काथःक्षौद्रेणज्वरकासहृत् ॥ २०७ ॥ (मरिचादिक्काथः) मरिचंपिप्पलीमूलंनागरंकारवीकणा । चित्रकंकट्फलंकुष्ठंससुगन्धिवचाशिवा॥कण्टकारीजटाशृंगीयवानीपिचमन्दकः । एषांक्काथोहरत्येवज्वरंसोपद्रवंकफात् ॥ २०८ ॥

बांसादि क्काथ ॥

बांसा भटकटैया और गिलोय इनके क्काथमें सहत डालकर पीने से ज्वर तथा खांसीका नाश है ॥२०७॥ (मरिचादि क्काथ) मिर्च, पीपलामूल, सोंठ, सौंफ, पीपल, चीता, कायफल , कूट, न्धित वच,हड़, भटकटैयाकीजड़, काकड़ासिंगी, अजवाइन, नींबकीछाल इन औषधियों का क्का पीने से उपद्रव सहित कफज्वरका नाश होताहै ॥ २०८ ॥

कफवातव्याधिहरस्त्वाद्वाताधिकारोक्तकल्पतरुरसोयोज्यः । सिन्धुत्रिकटुराजीभिरार्द्रकेणकफेहितःकवलइतिशेषः ॥ २०९ ॥

वातज्वराधिकार में कहाहुआ कल्पतरुनामरस कफज्वरमें देनाचाहिये क्योंकि वह कफ वातरोगों का नाशकहै सैंधानोन, सोंठ, मिर्च, पीपल और राई इनको अदरकके रसमें मिला ग्रास बनाकर मुखमें रखने से कफका नाश होताहै ॥ २०९ ॥

अथान्यमाह ॥

मुद्गयूषोदनोदेयो ज्वरेकफसमुत्थिते । (इति श्लेष्मज्वराधिकारः) ॥ २१० ॥

(कफज्वरमें अन्न) कफज्वरमें मूंगका यूष और भातदेना चाहिये इति कफज्वराधिकार ॥२१०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ वातपित्तज्वराधिकारः ॥

विप्रकृष्टसन्निकृष्टकारणकथनपूर्विकांसंप्राप्तिमाह । (तत्रवातपित्तज्वरस्य) वातपित्तकरैर्वातपित्तेआमाशयाश्रये । बहिर्निरस्यकोष्ठाग्निंरसगेज्वरकारिणी ॥ स्याता स्वमितिशेषः ॥ २११ ॥ (अथ तस्य पूर्वरूपमाह) प्राग्रूपेवातपित्तस्यभवतोवातपैत्तिके ज्वरइतिशेषः ॥ २१२ ॥ वातपित्तज्वराधिकार ॥

द्वंद्वजज्वरके दूर और समीपी कारणों समेत संप्राप्ति कही जाती है इनमें से पहले वातपित्तज्वर का वर्णन करते हैं वातपित्तवर्द्धक आहार विहारों के सेवनसे आमाशय में गये हुए वात पित्त जठराग्नि की ऊष्मा को बाहर निकाल कर और रसको दूषित करके ज्वरको उत्पन्न करते हैं॥२११॥ (वातपित्तज्वर का पूर्वरूप) वातपित्तज्वरके उत्पन्न होने के पहले वातज्वर और पित्तज्वर के पूर्वरूप सम्बन्धी मिलेहुये लक्षण होते हैं ॥ २१२ ॥

अथ वातपित्तज्वरलक्षणमाह ॥

तृष्णामूर्च्छाभ्रमोदाहोनिद्रानाशःशिरोरुजा।कण्ठास्यशोषोवमथूरोमहर्षोरुचिस्तमः ॥ पर्वभेदश्चजृम्भाचवातपित्तज्वराकृतिः।पर्वभेदःपर्वाणिभिद्यन्तइतिसन्धिषुव्यथा २१३॥ (अथ वातपित्तज्वरस्यचिकित्सा) वातपित्तज्वरेदेयमौषधंपञ्चमेहनि ॥ २१४ ॥

वातपित्तज्वरका लक्षण ॥

तृषा, मूर्च्छा, भ्रम, दाह, निद्राकानाश, शिरमें पीड़ा, कंठ तथा मुखका सूखना, छर्दि, रोमांच, अरुचि, तम, संधियों में पीडा और जंभाई यह वातपित्तज्वर के लक्षण हैं ॥ २१३ ॥ (वातपित्तज्वर की चिकित्सा) वातपित्तज्वरमें पांचवें दिन औषध देना चाहिये ॥ २१४ ॥

किरातादिक्काथः ॥

भूनिम्बतिक्तममृताद्राक्षामामलकंशटी । निःक्काथ्यसगुडंक्काथंवातपित्तज्वरेपिबेत्॥२१५॥

किरातादि क्काथ ॥

चिरायता, गिलोय, दाख, आंवला और कचूर इन औषधियों का क्काथ गुड मिलाकर वात पित्त ज्वर में पीना चाहिये ॥ २१५ ॥ पञ्चभद्रक्काथः ॥

गुडूचीपर्पटोमुस्तंकिरातोविश्वभेषजम् । वातपित्तज्वरेदेयंपञ्चभद्रमिमंशुभम् ॥२१६॥

पंचभद्र क्काथ ॥

गिलोय,पित्तपापड़ा,मोथा,चिरायता और सोंठ-यह पंचभद्र नाम क्काथ पित्तज्वरमें देनाचाहिये॥२१६॥

त्रिफलादिक्काथः ॥

त्रिफलाशाल्मलीरास्नाराजवृक्षाटरूषकैः।शृतमम्बुहरत्याशुवातपित्तभवंज्वरम्॥२१७॥

त्रिफलादि क्काथ ॥

हड़, बहेड़ा, आंवला, सेमर, रासना, अमलतास और बांसा इन औषधियों का क्काथ वातपित्तज्वर को शीघ्रही नाश करताहै ॥ २१७॥

मधुकंसारिवाद्राक्षामधूकंचन्दनोत्पलम् । काश्मरीफलकंलाध्रत्रिफलापद्मकेसरम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

परूषकंमृणालञ्चक्षिपेत्संचूर्ण्यवारिणि । निःशोषितंसिताक्षौद्रलाजयुक्तन्तुतत्पिबेत् ॥ वातपित्तज्वरंदाहंतृष्णांमूर्च्छारुचिभ्रमान् । शमयेद्रक्तपित्तञ्चजीमूतमिवमारुतः ॥ अत्रमधुकादिमृणालान्तसमुदितम् । पलद्वयपरिमितंसंचूर्ण्यक्षिपेत् ॥ वारिणिषट्पलपरिमितेमधुकादिहिमोदाहे ॥ २१८ ॥

दाह पर मधुकादि हिम ॥

मुलहठी, सारिवा, दाख, महुआ, लालचन्दन, नीलकमल, गंभारीका फल, लोध, त्रिफला, कमल की केशर, फालसा और कमल की डंडी यह सब वस्तुमिलाकर आठतोले लेकर चूर्णकरे और इसमें चौबीस तोले जल छोड़े रातभर भिगोके प्रातःकाल सहत शक्कर और खीलोंका चूर्ण छोड़कर पिये जैसे वायुके द्वारा मेघ दूर होजाते हैं उसी प्रकार इसके सेवनसे वात पित्तज्वर, दाह, तृषा, मूर्च्छा अरुचि, भ्रम तथा रक्तपित्त यह सब दूर होते हैं ॥ २१८ ॥

अथान्नमाह ॥

मुद्गामलकयूषस्तु वातपित्तज्वरेहितः । महादाहेप्रदातव्योयूषश्चणकसम्भवः ॥ दाडिमामलकमुद्गसम्भवोयूषउक्तइतिवातपैत्तिके ॥ २१९ ॥

वातज्वरमें अन्न ॥

वात पित्तज्वरमें मूंग तथा आमलेका यूष हितकारीहै और बहुत दाह उत्पन्न होनेपर चनेका यूष देना चाहिये वातपित्तज्वरमें अनार आमला और मूंग का यूष देनाचाहिये ॥ २१९ ॥

कफपित्तहरामुद्गाःकारवेल्यादयस्तथा । प्रायेणनचतेदेयावातपित्तोत्तरेज्वरे ॥ दत्तास्तुज्वरविष्टम्भशूलोदावर्त्तकारिणः । इति वातपित्तज्वराधिकारः ॥ २२० ॥

मूंग और करेला आदिक कफपित्तनाशक होतेहैं इसलिये वातपित्तज्वरमें प्रायःयह न देनेचाहिये क्योंकि इनके देनेसे ज्वर, विष्टंभ, शूल और उदावर्त्त उत्पन्नहोताहै । इति वातपित्तज्वराधिकार भा०।

अथ वातश्लेष्मज्वराधिकारः ॥

तत्रतस्यविप्रकृष्टसन्निकृष्टकारणकथनपूर्विकांसंप्राप्तिमाह । वातश्लेष्मकरैर्वातक... वामाशयाश्रयौ । बहिर्निरस्यकोष्ठाग्निरसगौज्वरकारिणौ ॥ २२१ ॥ (पूर्वरूपमाह प्राग्रूपेवातकफयोःस्यातांवातकफज्वरे ॥ २२२ ॥

वातकफज्वराधिकार ॥

वात पित्त के दूर और समीपी कारणों समेत संप्राप्ति कहते हैं वात कफवर्द्धक आहार विहारोंके सेवन से आमाशय में गये हुये वातकफ जठराग्नि की ऊष्माको वाहर निकालकर रसको दूषितकरते हुए ज्वरको उत्पन्न करतेहैं ॥ २२१ ॥ (वातकफज्वरका पूर्वरूप) वातकफज्वरके होनेसे पहले वातज्वर और कफज्वर सम्बन्धी पूर्वरूपके लक्षण होते हैं ॥ २२२ ॥

अथ तस्यलक्षणमाह ॥

स्तैमित्यंपर्वणांभेदोनिद्रागौरवमेवच । शिरोग्रहःप्रतिश्यायःकासःस्वेदाप्रवर्त्तनम् ॥ सन्तापोमध्यवेगश्चवातश्लेष्मज्वराकृतिः । स्वेदाप्रवर्त्तनंस्वेदस्यआसमन्ताद्भावेनप्रवृ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त्तिः (तथाच हारीतः) शिरोग्रहःस्वेदभवश्चकासोज्वरस्यलिंगंकफवातजस्येति । स्वेदप्रवःस्वेदोत्पत्तिः ॥ २२३ ॥

वात कफ ज्वर के लक्षण ॥

शरीरमें गीला कपडा लिपटा हुआसा मालूम देना, पोरुओंमें पीडा, निद्रा, शरीरमें भारीपन, शिरःपीडा, जुकाम, खांसी, स्वेदाप्रवर्त्तन (बहुत पसीना) संताप और ज्वरका वेग मध्यम यह वातकफके लक्षणहैं यहां स्वेदाप्रवर्त्तन शब्दका अर्थ बहुत पसीनेका निकलनाहै क्योंकि ऐसाही हारीत कहाहै कि वातकफज्वर में शिरकी पीडा, पसीना निकलना और खांसी यह लक्षण होतेहैं ॥२२३॥

ननुस्वेदःपित्तस्यधर्मोऽतएव पित्तज्वरेकण्ठौष्ठमुखनासानांपाकः स्वेदश्चजायतेइत्युक्तिः । तस्मात्कथंवातश्लेष्मज्वरेस्वेदस्यातिप्रवृत्तिः । उच्यते । विकृतिविषमसमवायारब्धत्वान्नदोषइतिकार्त्तिकः । प्रकृतिसमवायस्यविकृतिविषमसमवायस्य चायमर्थःप्रकृत्याहेतुभूतयासमःकारणानुरूपःसमवायः । कार्य्यकारणभावःसम्बन्धःप्रकृतिसमवायः । कारणानुरूपंकार्य्यमितियावत् यथाप्रकृतैर्यथास्थितैः । शुक्लैस्तन्तुभिःसमवायकारणैरारब्धःपटःशुक्लएवभवति । यथाचप्रकृतेनकेवलेनवातेनपित्तेनकफेनवातजनितोज्वरोवाताद्युचितैर्धर्मैर्वेपथुवेगाधिक्यस्तैमित्यादिभिर्युक्तोभवति । विकृतिविषमसमवायस्तुविकृत्याहेतुभूतयाविषमःकारणानुरूपःसमवायःकार्य्यस्यकरणेसम्बन्धः । यथा । संयोगाद्विकृताभ्यांहरिद्राचूर्णाभ्यां हेतुभूताभ्यांविषमःकारणानुरूपो लोहितोवर्णोजायतेतथायोगेन विकृताभ्यांवातश्लेष्मभ्यां हेतुभूताभ्यांविषमःकारणानुरूपो स्वेदस्यातिप्रवृत्तिरितिसिद्धान्तः ॥ २२४ ॥

सन्देह होताहै कि पसीना निकलना पित्तका धर्म्महै क्योंकि कहागयाहै कि पित्तज्वरमें कंठ ओष्ठ तथा नासिकाका पकना और पसीना निकलना यह लक्षण होते हैं इसलिये वात कफ ज्वरमें पसीना कैसे निकलसक्ताहै? इसका उत्तर यहहै कि विकृति विषम समवायारब्धहोनेके कारण दोष नहींहै यह कार्त्तिकने कहाहै प्रकृति सम समवाय और विकृति विषम समवायका यह अर्थहै प्रकृतिका अर्थ हेतुभूत समका अर्थ कारणको अनुरूप और समवायका अर्थ कार्य्य कारण भाव सम्बन्ध तो प्रकृति सम समवायका अर्थ हुआ कि कारण के अनुरूप कार्य्य जैसे स्वाभाविक श्वेत तन्तुरूपकारणोंसे प्रारंभ किया गया पटरूप कार्य्य श्वेतही होताहै इसी प्रकार हेतुभूत केवल वात पित्त अथवा कफके द्वारा उत्पन्नहुआ ज्वर वातादिकोंके उचित कम्पवेगकी अधिकता अथवा शरीरमें गीलाकपड़ा लिपटा हुआसा मालूम होना इत्यादि धर्मों से युक्तहोता है विकृति विषम समवाय अर्थात् हेतुभूत विकृति के द्वारा कारण के अनुरूप कार्य्यका न होना जैसे कि संयोग के द्वारा विकारको प्राप्त हुये हेतुभूत हल्दी और चूने से विषम अर्थात् कारण के विपरीत रक्तवर्ण उत्पन्न होता है उसी प्रकार संयोग के द्वारा विकारको प्राप्त हुये हेतुभूत वात कफों से विषम अर्थात् कारण से विपरीत स्वेद की अत्यन्त प्रवृत्ति होतीहै यह सिद्धान्तहै ॥ २२४ ॥

अथ वातश्लेष्मज्वरस्यचिकित्सामाह ॥

वातश्लेष्मज्वरेदेयमौषधंनवमेहनि ॥ २२५ ॥ पिप्पलीपिप्पलीमूलं चव्यचित्रक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नागरैः । दीपनीयःस्मृतोवर्गोवातश्लेष्मज्वरापहः ॥ कोलमात्रोपयोगित्वात्पञ्चकोल दंस्मृतम् ॥ तीक्ष्णोष्णंपाचनंश्रेष्ठं दीपनंकफदाहनुत् । गुल्मप्लीहोदरानाहंशूलघ्नं कोपनम् ॥ २२६ ॥

वातकफज्वरकी चिकित्सा ॥

वात कफ ज्वर में नवेंदिन औषध देनी चाहिये ॥ २२५ ॥ (पंचकोल) पपिल, पीपल चव्य, चीता और सोंठ यह वर्गदीपन और वात कफज्वरका नाशकहै यह सब दो २ कोल (त माशे) प्रयोग की जातीहैं इसलिये इसको पंचकोल कहते हैं यह पंचकोल तीक्ष्ण उष्ण पा दीपन और कफवात बायगोला प्लीहा उदर आनाह तथा शूलनाशक है और पित्तको कुपि करता है ॥ २२६ ॥

द्वितीयकिरातादिक्काथः ॥

किरातविश्वामृतवह्निसिंहिका व्याघ्रीकणामूलरसोनसिन्दुकैः । कृतःकषायोविनिह न्तिसत्वरंज्वरंसमीरात्सकफात्समुत्थितम् ॥ २२७ ॥

दूसरा किरातादि क्काथ ॥

चिरायता,सोंठ,गिलोय,भटकटैया,पीपल,पीपलामूल, लहसन और संभालू इन औषधियों का क्काथ शीघ्रही वात कफज्वर को नाश करता है ॥ २२७॥

पिप्पल्यादिक्काथः ॥

पिप्पल्यादिगणक्काथंपिबेद्वातकफज्वरी।नातःपरंकिञ्चिदस्ति ज्वरेभेषजमुत्तमम् ॥२२८॥

पिप्पल्यादि क्काथ ॥

पिप्पल्यादि गणका क्काथ वात कफज्वर में पीना चाहिये इससे बढ़कर और ज्वर की उत्तम औषध नहींहै ॥ २२८ ॥

बृहत्पिप्पल्यादि क्काथ ॥

पिप्पलीपिप्पलीमूलं चव्यचित्रकनागरम् । वचासातिविषाजाजी पाठ का ॥ किराततिक्तकंमूर्वा सर्षपामरिचानिच । कट्फलंपुष्करंभार्ङ्गी विडङ्गकका अर्कमूलंबृहतिंसिही श्रेयसीसदुरालभा । दीपकश्चाजमोदाच शुकनासासहिं ॥ एतानिसमभागानि गणएकोऽष्टविंशतिः । एषांक्काथोनिपीतःस्याद्वातश्लेष्मज्वरा ॥ हन्तिवातंतथाशीतं प्रस्वेदमतिवेपथुम् । प्रलापञ्चातिनिद्रांच रोमहर्षारुचीतथा ॥ हावातेऽपतन्त्रेचशून्यत्वेसर्व्वगात्रजे । पिप्पल्यादिमहाक्काथोज्वरेसर्वत्रपूजितः ॥२२

बृहत्पिप्पल्यादि क्काथ

पीपल,पीपलामूल,चव्य,चीता,सोंठ,वच,अतीस,कालाजीरा,पाढ़ा,कुरैया,रेणुका,चिरायता ड- फली,सरसों,मिर्च,कायफल,पुष्करमूल,भारंगी, बायविडंग,काकड़ासिंगी, आक की जड़, बड़ी टक- टैया, रास्ना, जवासा, अजवाइन,अजमोद,सोनापाढ़ा और हींग इन अट्ठाईस औषधियोंका एक गण इनसब औषधियों को समभाग लेकर क्काथकरके पीनेसे वात कफ ज्वर, वात, शीत,स्वेद, अत्यन्त कम्प, प्रलाप, अतिनिद्रा, रोमांच, अरुचि, महावात, अपतंत्रवात और सर्वांगपीड़ा इनसबका नाश होताहै यह बृहत्पिप्पल्यादिक्काथ संपूर्ण ज्वरोंमें हितकारीहै ॥ २२९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तदशमूलीरसःपीतः कणाढ्यःकफवातजे। ज्वरेविपाकेनिद्रायां पार्श्वरुक्श्वा:तकासके॥ तमूलीक्काथः। अत्रश्रेयसीरास्नाः वातश्लेष्मज्वरहरत्वात् ॥ २३० ॥

दशमूलीक्काथ ॥

दशमूली के क्काथमें पीपलका चूर्ण छोड़कर पीनेसे वात,कफज्वर अपरिपाक,अधिकनिद्रा,पस-की पीड़ा,श्वास और खांसी इनसब का नाश होताहै ॥ २३० ॥

पिप्पलीभिःशृतंतोयमनभिष्यन्दिदीपनम् । वातश्लेष्मज्वरंहन्ति सेवितंप्लीहनाशम् ॥ (पिप्पली क्काथः) ॥ २३१ ॥

पिप्पली क्काथ ॥

पीपलका क्काथ बनाकर सेवन करनेसे वात,कफ ज्वर और प्लीहाका नाश होताहै यह क्काथ अभिष्यन्दरहित और दीपन है ॥ २३१॥

सूतकंटङ्कणंभृष्टं गन्धंशुद्धंसमंसमम् । द्विगुणंसूतकाद्देयं जैपालंतुषवर्जितम् ॥ सैंधवंमरिचंचिंचा त्वक्क्षारःशर्करापिच । प्रत्येकंसूततुल्यंस्याज्जम्बीरैर्मर्दयेद्दिनम् ॥ सूर्यशेखरनामायं रसोगुञ्जाद्वयोन्मितः। भक्षितस्तप्ततोयेन वातश्लेष्मज्वरापहः ॥ सूर्यशेखरीरसो वातश्लेष्मज्वरे शीतज्वरे च रसप्रदीपे ॥ २३२ ॥

रसप्रदीप में कहाहुआ वात कफ और शीतज्वरपर सूर्य्यशेखरनाम रस ॥

शुद्ध पारा भुनासुहागा और शुद्धगन्धक यह समभाग और पारेकादूना छिलाहुआ जमालगोटा,सैंधानोन,मिर्च,इमलीकी छालका खार और शक्कर यहसब प्रत्येक पारेके समभागले इनसब औषधियोंको जंभीरी नींबूके रसमें एकादिन घोटकर दोरत्ती सेवनकरे और ऊपरसे गरम जलपिये इससे वात कफ ज्वर का नाश होताहै ॥ २३२ ॥

...र्गमेभृष्टकुलत्थचूर्णं निपातनंशस्तमितिब्रुवन्ति । जीर्णसकृद्दोर्लवणस्यभाज ...पातंस्वेदहरंसुधूलनात् ॥ २३३ ॥

...सीना निकलनेपर भुनीहुई कुलथी का चूर्ण मलना श्रेष्ठ है पुराने गोबरका चूर्ण और नोनके ...का चूर्ण मलने से पसीने का नाश होता है ॥ २३३ ॥

मरिचंपिप्पलीशुण्ठी पथ्यालोध्रञ्चपौष्करम् । भूनिम्बःकटुकाकुष्ठं कर्चूरोलिंगिकाशटी ॥ एतानिसमभागानि सूक्ष्मचूर्णानिकारयेत् । एतदुद्धूलनंश्रेष्ठं स्रोतोवत्स्वेदनिर्गमे ॥ लिंगिकापंचगुरियाइतिलोके । अत्रशटीगंधपलाशी (मरिचाद्युद्धूलनम्) २३४ ॥

मरिचादि उद्धूलन ॥

मिर्च,पीपल,सोंठ,हड़,लोध,पुष्करमूल,चिरायता,कुटकी,कूट,कचूर,पंचगुरिया और गन्धपलाशी इनसब औषधियों को समभाग लेकर महीन पीस धूराकरने से स्रोत के समानभी बहता हुआ पसीना निवृत्त होता है ॥ २३४ ॥

भूनिम्बकारवीतिक्ता वचाकट्फलजंरजः । एषामुद्धूलनंश्रेष्ठं सततंस्वेदसंश्रये ॥ भूनिम्बाद्युद्धूलनम् ॥ २३५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भूनिंबादि उद्धूलन॥

चिरायता, अजमोद, कुटकी, वच और कायफल इन औषधियों को चूर्ण करके धूराकरने से निर बहताहुआ पसीना नष्ट होताहै॥ २३५॥

पूर्व्वोक्तोबालुकास्वेदोऽप्यत्रसमुचितः।यदुक्तम्। पीनसश्वासबाधिर्य्ये जंघापा स्थिशूलिनि। वातश्लेष्मज्वरेस्वेदंकारयेत्तद्विधानवित्॥ मातुलुंगफलकेशरोधृतःस जन्ममरिचान्वितोमुखे। हन्तिवातकफरोगमास्यगंशोषमाशुजडतामरोचकम्॥ २३६

प्रथम कहाहुआ बालुकास्वेद भी वात कफज्वर में देना चाहिये क्योंकि कहागया है कि पीनस श्वास, बधिरता, पिंडली, पसली तथा हड्डियों की पीड़ा और वात कफज्वर में स्वेदकी विधि जाननेवाला वैद्य स्वेद दे सेंधानोन और मिर्चसहित नींबूके जीरे को मुखमें रखनेसे वात कफ जनित रोग मुखका सूखना मुखकी जड़ता और अरुचिका नाश होता है॥ २३६॥

अथान्नमाह॥

महत्यापञ्चमूल्यान्नं सम्यक्सिद्धंचिकित्सकः। सप्तमेदिवसेदद्याज्ज्वरेवातबलासजे॥ इति वातश्लेष्मज्वराधिकारः॥ २३७॥

वात कफज्वरमें अन्न॥

वात कफज्वरवालेको पंचमूल के क्वाथके द्वारा पकाहुआ अन्न सातवें दिन देवे इति वात कफज्वराधिकार॥ २३७॥

अथ पित्तश्लेष्मज्वराधिकारः॥

तत्रतस्यविप्रकृष्टसन्निकृष्टकारणकथनपूर्विकां संप्राप्तिमाह॥ पित्तश्लेष्मकरैःपित्त कफावामाशयाश्रयौ। बहिर्निरस्यकोष्ठाग्निं रसगौज्वरकारिणौ॥ २३८॥

पित्त कफज्वराधिकार॥

पित्त कफज्वर के दूर और समीपी कारणों समेत संप्राप्ति का वर्णन करते हैं पित्त आहार विहारोंके सेवनसे आमाशयमें प्राप्तहुए पित्त और कफ जठराग्निकी ऊष्माको बाहर कर और रसको दूषित करके ज्वर को उत्पन्न करते हैं॥ २३८॥

पूर्व्वरूपमाह॥

प्राग्रूपेपित्तकफयोः स्यातांपित्तकफज्वरे॥ २३९॥

पित्त कफज्वरका पूर्व्वरूप॥

पित्त कफ ज्वरके होनेसे पहले पित्तज्वर और कफज्वर सम्बन्धी पूर्वरूपके लक्षण होतेहैं २३९

तस्यलक्षणमाह॥

लिप्ततिक्तास्यतातन्द्रा मोहःकासोऽरुचिस्तृषा। मुहुर्दाहोमुहुश्शीतं पित्तश्लेष्मज्व कृतिः॥ आस्यतिक्तत्वंपित्तेनलिप्तत्वंकफेनतन्द्राअर्द्धोन्मीलितनेत्रत्वंमोहोमूर्च्छा २४०॥

पित्त कफज्वर के लक्षण॥

पित्त कफज्वरमें पित्त से मुखका कडुआपन तथा कफसे मुखका लिपाहुआसा मालूम होना तन्द्रा, मूर्च्छा, खांसी, अरुचि, तृषा और कभी शीत, कभी दाह यह लक्षण होते हैं॥ २४०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ पित्तश्लेष्मज्वरस्यचिकित्सा ॥

पित्तश्लेष्मज्वरेदेयमौषधंदशमेऽहनि ॥ २४१ ॥

पित्त कफज्वरकी चिकित्सा ॥

पित्त कफज्वर में दशवें दिन औषध देनी चाहिये ॥ २४१ ॥

गुडूचीनिम्बधान्याकंचन्दनंकटुरोहिणी । गुडूच्यादिरयंक्काथोपाचनोदीपनःस्मृतः ॥ तृष्णादाहारुचिच्छर्दिपित्तश्लेष्मज्वरापहः । इतिगुडूच्यादिः ॥ २४२ ॥

गुडूच्यादि क्काथ ॥

गिलोय, नींब, धनियां, लालचन्दन और कुटकी इन संपूर्ण औषधियोंका क्काथ पाचन, दीपन और तृषा, दाह, अरुचि, छर्दि तथा पित्त कफज्वरनाशक होताहै ॥ २४२ ॥

अमृताकटुकारिष्टपटोलघनचन्दनम् । नागरेन्द्रयवंचैतदमृताष्टकमीरितम् ॥ क्थितंसकणाचूर्णंपित्तश्लेष्मज्वरापहम् । हल्लासारोचकच्छर्दिस्तृष्णादाहनिवारणम् ॥ (अमृताष्टकम्) ॥ २४३ ॥

अमृताष्टक ॥

गिलोय, कुटकी, नींब, परवल, मोथा, लालचन्दन, सोंठ और इन्द्रजौ यह अमृताष्टक कहलाता है इन सब औषधियों का क्काथ पीपलका चूर्ण मिलाकर पीने से पित्तकफज्वर, मतली, अरुचि, छर्दि, तृषा और दाहका नाश होताहै ॥ २४३ ॥

कण्टकार्य्यमृताभार्ङ्गीविश्वेंद्रयववासकम् । भूनिम्बचन्दनंमुस्तंपटोलकटुरोहिणी ॥ विपाच्यपाययेत्क्काथंपित्तश्लेष्मज्वरापहम् । दाहतृष्णारुचिच्छर्दिकासशूलनिवारणम् ॥ [illegible]कण्टकार्यादिक्काथः ॥ २४४ ॥

कण्टकार्य्यादि क्काथ ॥

[illegible] कटैया, गिलोय, भारंगी, सोंठ, इन्द्रजौ, बांसा, चिरायता, लालचन्दन, मोथा, परवल और कुटकी [illegible] औषधियों के क्काथ के पीने से पित्त कफज्वर, दाह, तृषा, अरुचि, छर्दि, खांसी और शूल का नाश [illegible]ता है ॥ २४४ ॥

नागरोशीरबिल्वाब्दधान्यमोचरसाम्बुभिः । कृतःक्काथोभवेद्ग्राहीपित्तश्लेष्मज्वरापहः ॥ नागरादिक्काथः ॥ २४५ ॥

नागरादि क्काथ ॥

सोंठ, खस, बेल, मोथा, धनियां, मोचरस और सुगन्धबाला इन औषधियों का क्काथ ग्राही और [पि]त्त कफज्वरनाशक होता है ॥ २४५

शर्करामक्षमात्रांच कटुकांचोष्णवारिणा । पीत्वाज्वरंजयेज्जन्तुःपित्तश्लेष्मसमुद्भवम् ॥ अत्रकटुकायाःद्वादशमाषाःशर्करायाश्चत्वारोमाषाएवंकर्षःइतिचरकः । वैद्यस्यव्यवहारेकटुकाशर्करयोःसमभागयोरेवकर्षः ॥ (कटुकीकल्कः) ॥ २४६ ॥

कर्ष कटुकी कल्क ॥

एकतोला कुटकी एकतोला शक्कर इनको गरमजलकेसाथ पानकरनेसे पित्त कफज्वरका नाश हो-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ताहै यहां कुटकी बारहमाशे और शक्कर चारमाशे यह मिलकर चरकके मतमें एककर्ष होताहै परंतु वैद्यलोगोंके व्यवहारमें शक्कर और कुटकीका समभाग एककर्ष होताहै ॥ २४६ ॥

सपत्रपुष्पवासायाःरसःक्षौद्रसितायुतः। पित्तश्लेष्मज्वरंहंतिसाम्लपित्तंसकामलम्॥ अत्रवासारसोऽर्द्धपलपरिमितोदेयः। मधुसितयोःप्रत्येकंटंकःप्रक्षेप्यः॥ २४७॥

पत्र और पुष्पसहित बांसेका दोतोले रस तीन २ माशे शक्कर और सहत मिलाकर पीनेसे पित्त कफज्वर, अम्लपित्त और कामलाका नाश होताहै ॥ २४७ ॥

अथान्नमाह ॥

कषायःपरिपक्कस्तुशृंगवेरपटोलयोः। पित्तश्लेष्मज्वरवमीदाहकण्डूहरोभवेत्॥ (अन्यच्च) पटोलधान्ययोर्यूषःपित्तश्लेष्मज्वरापहः। (इति पित्तश्लेष्मज्वराधिकारः) २४८॥

पित्त कफज्वरमें अन्न ॥

अदरक और परवलका यूष. पित्त कफज्वर, छर्दि, दाह और खुजलीको नष्ट करताहै और यह कहागया है कि परवल और धनियेंका यूष पित्त, कफज्वरको नाश करताहै इति पित्तकफज्वराधिकार ॥ २४८ ॥

अथ सन्निपातज्वराधिकारमाह ॥

तत्रसन्निपातज्वरस्यविप्रकृष्टसन्निकृष्टकारणकथनपूर्विकांसंप्राप्तिमाह। त्रिदोषजनकैर्वातपित्तश्लेष्मामगेहगाः। बहिर्निरस्यकोष्ठाग्निरसगाज्वरकारिणः॥ २४९॥

सन्निपातज्वराधिकार ॥

सन्निपातज्वरके दूर और समीपीकारण समेत संप्राप्तिका वर्णन करतेहैं त्रिदोषकारी आहर विहारोंके सेवनसे आमाशयमें गयेहुए वात पित्त और कफ जठराग्निकी ऊष्माको बाहर निकालकर और रसको दूषितकरके ज्वरको उत्पन्न करते हैं ॥ २४९ ॥

पूर्वरूपमाह ॥

प्राग्रूपाणित्रिदोषाणां स्युस्त्रिदोषज्वरेनृणाम्॥ २५०॥

सन्निपातज्वरका पूर्वरूप ॥

सन्निपातज्वरके होनेसे पहले वात कफ और पित्तज्वर सम्बन्धी पूर्वरूपोंके लक्षण होतेहैं २५०

अथ सन्निपातज्वरस्य सामान्यानिलक्षणान्याह ॥

क्षणेदाहःक्षणेशीतमस्थिसंधिशिरोरुजा। सस्रावेकलुषेरक्तेनिर्भुग्नेचापिलोचने॥ सस्वनौसरुजौकर्णौकण्ठःशूकैरिवावृतः। तन्द्रामोहःप्रलापश्चकासःश्वासोरुचिर्भ्रमः॥ परिदग्धाखरस्पर्शाजिह्वास्रस्ताङ्गतापरा। ष्ठीवनंरक्तपित्तस्यकफेनोन्मिश्रितस्यच शिरसोलोठनंतृष्णानिद्रानाशोहृदिव्यथा। स्वेदमूत्रपुरीषाणांचिराद्दर्शनमल्पशः कृशत्वंनातिगात्राणांसततंकण्ठकूजनम्। कोठानांश्यावरक्तानांमण्डलानाञ्चदर्शनम्॥ मूकत्वंस्रोतसांपाकोगुरुत्वमुदरस्यच। चिरात्पाकश्चदोषाणांसन्निपातज्वराकृतिः॥ लोचनेसस्रावेसाश्रुणीकलुषेऽस्वच्छेनिर्भुग्नेनिर्गतेकुटिलेच। कण्ठःशुकैरिवावृतःधान्याग्रैरिवावृतः। जिह्वापरिदग्धापरिदग्धेवज्ञायते। अथवापरिदग्धाइवकृष्णादृश्यते

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तेस्रस्ताङ्गताशिथिलांगता । ष्ठीवनमित्यादिकफसंयुक्तस्यष्ठीवनंशिरसोलुठनमितस्त तश्चालनंकृशत्वन्नातिगात्राणामितिगात्राणां अतिशयितंकार्श्यंनव्याधिप्रभावात्सततं निरन्तरंकोठःवरटीदष्टसंस्थानंकोठइत्यभिधीयतेश्यावःकपिशोवर्णः । मूकत्वमवचन त्वमल्पवचनत्वंवास्रोतसांकर्णनासादीनाम् ॥ २५१ ॥

सन्निपातज्वरके सामान्यलक्षण ॥

सन्निपातज्वर में कभी दाह, कभी शीत, हड्डी, सन्धि तथा मस्तकमें पीडा, नेत्रोंसे आंसू बहना, निर्मल स्वच्छ न रहना, रक्तवर्णहोना, बाहर निकली हुईसी मालूम होना तथा टेढीहोना, कानोंमें पीडा तथा अकारण शब्द सुनाईदेना, कंठमें कांटे पडजाना, तन्द्रा, मोह, प्रलाप, खांसी, श्वास, अरुचि, भ्रम, जिह्वा जलीहुईसी अथवा जलेहुएके समान काली तथा कठोर अंगों में शिथिलता कफसहित रुधिर तथा पित्तका थूकना, मस्तकका घुमाना, तृषा, निद्राकानाश, हृदयमें पीडा, स्वेद, मूत्र तथा मलका बहुत देरमें थोडा निकलना, शरीरका बहुत दुर्बल न होना, गलेमें निरन्तर अव्यक्त शब्दहोना, त्वचापर कपिश तथा रक्तवर्ण बरों के काटेके समान चकत्तोंका पडना, वचन कम बोलना अथवा बन्दहोजाना, कान तथा नासिका आदिक स्रोतोंका पकना, उदरका भारीपन और दोषोंका बहुतदेरमें परिपाकहोना यह लक्षण होतेहैं ॥ २५१ ॥

ननुवातादयःपरस्परविरुद्धगुणास्तेषांसंभूयैकत्रकार्य्यारम्भकत्वंनोपपद्यते । परस्प रोपघातात्दहनसलिलयोरिवतत्कथंवातपित्तकफाः मिलित्वाविकारोत्पादकाःअत्रसमा धानमुक्तंदृढबलेन। विरुद्धैरपिनत्वेतेगुणैर्घ्नन्तिपरस्परम्। दोषाःसहजसात्म्यत्वाद्विषंघोर महीनिव ॥ गदाधरस्तुहेत्वन्तरमुक्तवान् । दैवाद्दोषस्वभावाद्वादोषाणांसान्निपातिके । विरुद्धैश्चगुणैस्तैश्चनोपघातःपरस्परमिति ॥ २५२ ॥

अब यह सन्देह होताहै कि वात पित्त और कफ इनके गुण परस्पर विरुद्धहैं तो यह परस्पर मिल कर ... र्यको कैसे करसक्ते हैं ? जैसे अग्नि और जल दोनों के मिलने में एकके आघात से दूसरेका ... ताहै उसप्रिकार वात पित्त और कफ परस्पर मिलकर एक दूसरेका आघात न करके रोगको उत्पन्न करसक्केहैं इसका समाधान "दृढबलने" यह कहाहै कि वात पित्त और कफ परस्पर विरुद्ध ...वाले होकरके भी एक दूसरे का नाश नहीं करते जैसे दारुण विष सर्पों को नहीं नाश करताहै ...सी प्रकार साथ उत्पन्नहोने और समताके कारण परस्पर विरोधी नहीं होते और "गदाधरने दूसरा कारण कहाहै कि भाग्यसे अथवा स्वभावसे विरुद्ध गुणवाले दोषों के परस्पर मिलनेपर भी एक के ...ण दूसरेका नाश नहीं करते ॥ २५२ ॥

ननुभिन्नचयप्रकोपकालानांवातपित्तकफानांयुगपदुत्पन्नाभावात्कथंसम्भूयसन्निपात ...रम्भकत्वमुत्पद्यतेउच्यते । त्रिदोषजनकनिदानबलेनयुगपदेषांप्रकोपादितिसि द्धान्तः ॥ २५३ ॥

अब यह सन्देह होता है कि वात पित्त और कफसे सञ्चय और कोपके समयके अलग २ होने से यह एक साथ उत्पन्न नहीं हो सक्के तो तीनों मिलकर सन्निपातज्वरको कैसे उत्पन्न करेंगे ? इसका उत्तर यहहै कि त्रिदोषकारी निदानोंके बलसे एकसाथ तीनोंदोष कुपित होतेहैं यह सिद्धान्तहै ॥ २५३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ सामान्यसन्निपातज्वरस्यत्रयोदशविशेषानाह ॥

एकोल्बणास्त्रयस्तेषुद्व्युल्बणाश्चतथेतिषट् । त्र्युल्बणश्चभवेदेकोविज्ञेयःसतुसप्तमः॥ प्रवृद्धमध्यहीनैस्तुवातपित्तकफैश्चषट् । सन्निपातज्वरस्यैवंस्युर्विशेषास्त्रयोदश । तत्रप्रवृद्धवातःमध्यपित्तोहीनकफः १ मध्यवातःप्रवृद्धपित्तोहीनकफः २ हीनवातोप्रवृद्धपित्तो मध्यकफः ३ प्रवृद्धवातोहीनपित्तोमध्यककफः ४ मध्यवातोहीनपित्तःप्रवृद्धकफः ५ हीन वातोमध्यपित्तः प्रवृद्धकफः ६ इतिषट् ॥ २५४ ॥

सामान्य सन्निपातज्वर के तेरह भेद कहेजाते हैं ॥

बढ़ेहुए एकदोषवाले तीन बढ़ेहुए दोदोषवाले तीन इसप्रकार छःहुए बढ़ेहुये तीनोंदोषवाला एक और वातपित्त तथा कफकी अधिकता मध्यता और हीनतासे छः इस प्रकारतेरह सन्निपात ज्वर होते हैं वातादिकों की अधिकता मध्यता तथा हीनताके द्वारा आगे कहेहुए यह छः प्रकार होतेहैं अधिक वात मध्यपित्त हीनकफ एक मध्यवात अधिकपित्त हीनकफ दूसरा हीनवात अधिकपित्त मध्यकफ तीसरा अधिक वात हीनपित्त मध्यकफ चौथा मध्यवात हीनपित्त अधिककफ पांचवां हीनवात मध्यपित्त अधिककफ छठा ॥ २५४ ॥

तेषांनामानिक्रमादाह ॥

विस्फारकश्चाशुकारीकम्पनोवभ्रसंज्ञकः । शीघ्रकारीतथाभल्लुःसप्तमःकूटपालकः॥ संमोहकःपालकश्च याम्यःक्रकचइत्यपि । ततःकर्कटकःप्रोक्तस्ततोवैदारिकाभिधः ॥ तन्त्रान्तरेविस्फारकइत्यत्रविस्फोरकइतिपाठः । बभ्रस्थानेबभ्रुरितिपाठःकुत्रापिबद्धइति पाठःभल्लुरित्यत्रफल्गुरितिपाठःयाम्यइत्यत्रसंग्रामइतिपाठःकर्कटकइत्यत्रकर्कोटकइति पाठः ॥ २५५ ॥

सन्निपातज्वरोंके क्रम से नाम ॥

विस्फारक, आशुकारी, कंपन, बभ्र, शीघ्रकारी, भल्लु, कूटपालक, संमोहक, पालक, याम्य, क्रक[illegible] क, और वैदारिक किसी २ ग्रंथमें बिस्फारक के स्थानमें बिस्फोरक बभ्रके स्थानमें बभ्रु अथवा [illegible] बद्ध भल्लुके स्थानमें फल्गु याम्यके स्थानमें संग्राम और कर्कटकके स्थानमें कर्कोटक यह पाठहै [illegible]

तत्रवातोल्बणस्यलक्षणमाह ॥

श्वासःकासोभ्रमोमूर्च्छाप्रलापोमोहवेपथुः । पार्श्वस्यवेदनाजृम्भाकषायत्वंमुखस्य च ॥ वातोल्बणस्यलिङ्गानिसन्निपातस्यलक्षयेत् । एषविस्फारकोनाम्नासन्निपातःसुदारुणः ॥ २५६ ॥

अधिक वातवाले सन्निपात के लक्षण ॥

श्वास, खांसी, भ्रम, मूर्च्छा, प्रलाप, मोह, कंप, पसलीकीपीड़ा, जंभाई और मुखमें कषैलापन यह अधि[illegible] वातवाले सन्निपात के लक्षणहैं इसका नाम बिस्फारकहै और अत्यन्त भयानक होताहै ॥ २५६ [illegible]

अथ पित्तोल्बणस्यलक्षणमाह ॥

अतिसारोभ्रमोमूर्च्छामुखपाकस्तथैवच । गात्रेचबिन्दवोरक्तादाहोऽतीवप्रजायते ॥ पित्तोल्बणस्यलिङ्गानि सन्निपातस्यलक्षयेत् । भिषग्भिःसन्निपातोऽयमाशुकारीप्रकीर्तितः ॥ २५७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अधिक पित्तवाले सन्निपात के लक्षण ॥

अतीसार, भ्रम, मूर्च्छा, मुखका पकना, शरीरमें लालबिन्दु और अत्यन्त दाह यह आशुकारी नाम अधिक पित्तवाले सन्निपात के लक्षणहैं ॥ २५७ ॥

अथ कफोल्बणस्यलक्षणमाह ॥

जडतागद्गदावाणीरात्रौनिद्राभवत्यपि । प्रस्तब्धेनयनेचैवमुखमाधुर्य्यमेवच ॥ कफोल्बणस्यलिङ्गानिसन्निपातस्यलक्षयेत्।मुनिभिःसन्निपातोऽयमुक्तःकम्पनसंज्ञकः॥२५८॥

अधिक कफवाले सन्निपात के लक्षण ॥

जड़ता, गद्गद वचन, रात्रिमें निद्राकाभी होना, पथरीलीआंखें होना और मुखमें मधुरता यह अधिक कफवाले सन्निपात के लक्षणहैं मुनिलोगों ने इस सन्निपात को कंपन नाम से प्रसिद्ध कियाहै २५८ ॥

अथ वातपित्तोल्बणस्यलक्षणमाह ॥

वातपित्ताधिकोयस्य सन्निपातःप्रकुप्यति । तस्यज्वरोमदस्तृष्णामुखशोषःप्रमीलकः ॥ आध्मानारुचितन्द्राश्चकासश्वासभ्रमश्रमाः।मुनिभिर्बभ्रुनामायंसन्निपातउदाहृतः२५९

अधिक वातपित्तवाले सन्निपात के लक्षण ॥

मद, तृषा, मुखका, सूखना नेत्रोंको बन्द किये रहना, अफरा, अरुचि, तंद्रा, खांसी, श्वास, भ्रम और श्रम यह अधिक वातपित्तवाले सन्निपात के लक्षणहैं इसका नाम बभ्रु कहा है ॥ २५९॥

अथ वातश्लेष्मोल्बणस्यलक्षणमाह ॥

वातश्लेष्माधिकोयस्यसन्निपातःप्रकुप्यति । तस्यशीतज्वरोमूर्च्छाक्षुत्तृष्णापार्श्वनिग्रहः ॥ शूलमस्विद्यमानस्यतंद्राश्वासश्चजायते । असाध्यःसन्निपातोऽयंशीघ्रकारी [illegible]ते ॥ नहिजीवत्यहोरात्रमनेनाविष्टविग्रहः ॥ २६० ॥

अधिक वातकफवाले सन्निपातके लक्षण ॥

[illegible]तज्वर, मूर्च्छा, छींक, तृषा, पसलियों की ऐंठन, पसीना न निकलनेपर अधिकपीड़ा, तन्द्रा और [illegible] यह अधिक वात कफवाले सन्निपात के लक्षणहैं इस असाध्य सन्निपात को शीघ्रकारी कहते [illegible] इस सन्निपात में जो ग्रसित होताहै वह एकरात्रि दिनसे अधिक नहीं जीताहै ॥ २६० ॥

अथ पित्तश्लेष्मोल्बणस्यलक्षणमाह ॥

पित्तश्लेष्माधिकोयस्यसन्निपातःप्रकुप्यति ॥ अंतर्दाहोबहिःशीतंतस्यतृष्णाप्रवर्द्धते। तुद्यतेदक्षिणेपार्श्वेउरःशीर्षगलग्रहः॥ ष्ठीवतिश्लेष्मपित्तञ्चकृच्छ्रात्कोठश्चजायते। विड्भेदश्वासहिक्काश्चवर्द्धन्तेसप्रमीलकाः॥ ऋषिभिर्भल्लुनामायंसन्निपातउदाहृतः २६१

अधिक पित्तकफवाले सन्निपातके लक्षण ॥

भीतरदाह, बाहरशीत, अत्यन्ततृषा, दहनीपसली, हृदय, मस्तक तथा गलेमें पीड़ा, कष्टसे पित्त तथा कफकाथूकना बरौंके काटनेकेसे चकत्ते, मल पतलाहोजाना, श्वास, हिचकी और नेत्रोंका मूंदना यह अधिक पित्त कफवाले सन्निपातके लक्षणहैं मुनिलोग इस सन्निपातको भल्लुनामकहते हैं॥ २६१॥

अथ वातपित्तश्लेष्मोल्बणस्यलक्षणमाह ॥

सर्व्वदोषोल्बणोयस्यसन्निपातःप्रकुप्यति ॥ त्रयाणामपिदोषाणांतस्यरूपाणिलक्ष

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

येत् । व्याधिर्भोदारुणश्चैव वज्रशस्त्राग्निसन्निभः ॥ केवलोच्छ्वासपरमस्तब्धांगःस्तब्ध लोचनः । त्रिरात्रात्परमेतस्यजंतोर्हरतिजीवितम् ॥ तदवस्थंतुतंदृष्ट्वामूढोव्याहरतेज नः । धर्षितोराक्षसैर्नूनमवेलायांचरंतिये ॥ अम्बयाब्रुवतेकेचिद्यक्षिण्याब्रह्मराक्षसैः । पिशाचैर्गुह्यकैश्चैवतथान्यैर्म्मस्तकेहतम् ॥ कुलदेवार्चनाहीनंधर्षितंकुलदैवतैः । नक्षत्र पींडामपरेगरकर्म्मेतिचापरे ॥ सन्निपातमिमंप्राहुर्भिषजाःकूटपालकम् ॥ २६२ ॥

वात पित्त और कफ इनतीनोंकी अधिकतासे युक्तसन्निपातके लक्षण ॥

त्रिदोषज सन्निपातमें तीनों दोषों के लक्षण होतेहैं यह संपूर्ण रोगों में प्रधान भयकारी वज्र शस्त्र तथा अग्नि के समानहोताहै इससे बहुत श्वासलेना शरीर का जकडना और नेत्रोंका न बन्दहोना यह लक्षणहोतेहैं यहसन्निपात तीनही रात्रि में मनुष्यके प्राणोंको हरलेताहै इससन्निपातसे युक्तरोगी को देखकर मूर्खलोग कहतेहैं कि इसको कुसमय में घूमनेवाले राक्षसोंने घेराहै कोई कहतेहैं अम्बा देवी ब्रह्मराक्षस यक्षिणी पिशाच गुह्यक अथवा अन्य भूतादिक लगेहैं कोई कहतेहैं कि कुलदेवकापूजन न करनेसे कुलदेवोंने आदबायाहै कोई नक्षत्रपीडा कहतेहैं और कोई विषकादोष कहतेहैं इस सन्निपातको वैद्यलोग कूटपालकनाम कहतेहैं ॥ २६२ ॥

अथ प्रवृद्धमध्यहीनवातादिजनितसन्निपातज्वराणांलक्षणान्याह ॥

प्रवृद्धमध्यहीनैस्तुवातपित्तकफैश्चयः । तेनरोगास्तएवोक्तायथादोषबलाश्रयाः ॥ प्रलापायाससंमोहकम्पमूर्च्छारतिभ्रमाः । एकपक्षाभिघातश्चतत्राप्येतेविशेषतः ॥ एषसंमोहकोनाम्नासन्निपातःसुदारुणः । रोगास्तएवोक्ताःउक्ताएवतेरोगाःव्यथान्नेपथुनि द्रानाशविष्टम्भादयोवातजाःदाहतृष्णोष्णतास्वेदादयःपित्तजाः गौरवाग्निमान्द्योत्काश नासिकामुखप्रसेकादयःकफजाःतत्रापिप्रलापादयःपक्षाघातानांविशेषाद्भवन्ति ॥ [illegible]

अधिक मध्य और हीनवातादिजनित सन्निपातों के लक्षण ॥

अधिकवात मध्यपित्त और हीनकफके द्वाराजो सन्निपात उत्पन्नहोताहै उसमें पहलेकहेहुए वा[illegible] दोषोंके रोग दोषोंके बलके अनुसार होतेहैं अर्थात् वेदना,कम्प,निद्राका नाश तथा विष्टंभादिक वा[illegible] जनित दाह,तृषा,उष्णता तथास्वेदआदिक पित्तजनित और भारीपन,मंदाग्नि,वमनतथामुखनासिका आदिकाबहना यहकफजनितरोगहै और इससन्निपातमें प्रलाप,श्रम,मोह,कम्प,मूर्च्छा,ग्लानि,भ्रान्ति और पक्षाघात यह लक्षण विशेषकरके होतेहैं इस भयानक सन्निपातको संमोहक कहतेहैं ॥ २६३ ॥

ननुवातःप्रवृद्धः सज्वरंकरिष्यतिपित्तन्तुमध्यसममितियावत्तत्कथंज्वरंकरिष्यतिय तआह । धातवस्तन्मलादोषाःस्युर्नाशायासमास्तनौ । समाःसुखायविज्ञेया बलायोपच यायच ॥ इतिउच्यते । अत्रपित्तंमध्यमपि अप्रकृतमेवयतोऽप्रकृतयोर्वातश्लेष्मणोरपे क्षयामध्यं तेन मध्यकुपितमित्यर्थः । ननु कफक्षीणः सकथं ज्वरं करिष्यति हीनशक्ति त्वात् उच्यते दोषाः क्षीणाअपि व्याधीन कुर्वत्येव यत आह वातक्षयेऽल्पचेष्टत्वं मन्दवाक्त्वंविसंज्ञता । पित्तक्षयेऽधिकःश्लेष्मावह्निर्मन्दःप्रभाक्षयः ॥ शिथिलाःसन्धयो मूर्च्छारौक्ष्यदाहःकफक्षयः । इत्याशङ्कासिद्धान्तश्चात्रपरत्रापि ॥ २६४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अब यह सन्देह होताहै कि अधिक वातज्वर को उत्पन्न करतीहै यह ठीकहै परन्तु मध्य अर्थात् समपित्त कैसे ज्वर उत्पन्न करताहै क्योंकि कहागयाहै कि धातु और धातुओंके मलरूप वातादिक दोष समता राहतहोकर शरीरको नष्टकरते हैं और समहोकर सुख बल तथा वृद्धिको करते हैं इसका उत्तरयह है कि यहां मध्यपित्त भी विकार युक्त लियाजाताहै क्योंकि विकारयुक्त वात तथा कफकी अपेक्षा पित्तकी मध्यमता लीजातीहै इसलिये मध्यपित्तका अर्थ मध्य कुपितपित्त लेनाचाहिये दूसरा संदेह यह होताहै कि हीनकफ हीनशक्ति के द्वारा ज्वरको कैसे उत्पन्न करेगा ? इसका उत्तर यहहै कि दोष क्षीणहोकरभी रोगोंको उत्पन्न करतेहैं क्योंकि कहागयाहै कि वायुके क्षीणहोनेपर चेष्टा तथा बाणीकी अल्पता और संज्ञाका न होना यह लक्षण होतेहैं पित्तके क्षयहोनेपर कफकी अधिकता मंदाग्नि और कान्तिका नाशहोताहै और कफके क्षयहोनेपर संधियोंमें शिथिलता मूर्च्छा सूखापन और दाह होता है यह सिद्धान्त यहां और अन्यअधिक मध्य तथा हीन दोषजनित सन्निपातोंमें जाननाजाहिये २६४॥

मध्यप्रवृद्धहीनैस्तुवातपित्तकफैश्चयः । तेनरोगास्तएवोक्तायथादोषबलाश्रयाः ॥ मोहप्रलापमूर्च्छास्युमन्यास्तम्भःशिरोग्रहः । कासःश्वासोभ्रमस्तन्द्रासंज्ञानाशोहृदिव्य था ॥ खेभ्योरक्तंविसृजतिसंरक्तंस्तब्धनेत्रता । तत्राप्येतेविशेषाःस्युर्मृत्युरर्वाक्त्रिवास रात् ॥ भिषग्भिःसन्निपातोऽयंकथितःपाकलाभिधः ॥ २६५ ॥

मध्यवात अधिकपित्त और हीनकफ जनित सन्निपातमें पूर्वोक्त वातादि जनितरोग दोषोंके बलके अनुसार होते हैं और मोह प्रलाप मूर्च्छा गलेके पीछेकी नसका जकडना,शिरमेंपीडा,खांसी, श्वास भ्रम,तंद्रा,संज्ञाका न होना हृदयमेंपीडा शरीरके सम्पूर्ण छिद्रोंसे रुधिरका बहना और नेत्रोंका रक्त वर्ण तथा बन्द न होना यह सब लक्षण विशेषकरके होते हैं इस पाकलनाम सन्निपात में तीन दिन के भीतर मृत्यु होती है ॥ २६५ ॥

[illegible]द्धमध्यैस्तुवातपित्तकफैश्चयः॥तेनरोगास्तएवोक्तोयथारागबलाश्रयाः । हृदयं [illegible]स्ययकृत्प्लीहान्त्रफुष्फुसाः॥पच्यतेत्यर्थमूर्द्धाधःपूयशोणितनिर्गमः । शीर्णदन्त [illegible]त्युश्चतत्राप्येतद्विशेषतः॥ भिषग्भिःसन्निपातोऽयंयाम्योनाम्नाप्रकीर्त्तितः २६६

[illegible]हीन वात अधिकपित्त और मध्य कफसे जो सन्निपात उत्पन्न होताहै उसमें पहले कहेहुए वात [illegible]त्त और कफके रोग दोषोंके बलके अनुसार होतेहैं और हृदयमें दाह यकृत् प्लीहा, आंतें तथा फुष्फुस का पकना ऊपर तथा नीचेसे पीब तथा रुधिरका निकलना और दांतोंमें शिथिलता होतीहै यह या- [illegible]म्यनाम सन्निपात है इसमें मृत्यु होतीहै ॥ २६६ ॥

प्रवृद्धहीनमध्यैस्तुवातपित्तकफैश्चयः ॥ तेनरोगास्तएवोक्तायथादोषाबलाश्रयाः । प्र [illegible]पायाससम्मोहःकम्पमूर्च्छारतिभ्रमाः ॥ मन्यास्तम्भेनमृत्युःस्यात्तत्राप्येतद्विशेषतः । [illegible]षग्भिःसन्निपातोऽयंक्रकचःसम्प्रकीर्त्तितः ॥ २६७ ॥

अधिकवात हीनपित्त और मध्यकफके द्वारा जो सन्निपात उत्पन्न होताहै उसमें पहले कहेहुए वातादिदोषजनितरोग दोषोंके बलके अनुसार होते हैं और प्रलाप, श्रम, मोह, कंप,मूर्च्छा, ग्लानि, भ्रम और गलेके पीछेकी नसका जकडना इन विशेष लक्षणों समेत मृत्यु होती है इस सन्निपातको क्रकच कहते हैं ॥ २६७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मध्यहीनप्रवृद्धैस्तुवातपित्तकफैश्चयः। तेनरोगास्तएवोक्तायथादोषबलाश्रयाः॥ अन्तर्दाहोविशेषोऽत्रनचवक्तुंसशक्यते।रक्तमालक्ककेनैवलक्ष्यतेमुखमण्डलम्॥पित्तेनाकर्षितःश्लेष्माहृदयान्नप्रसिच्यते। इषुणेवाहतम्पार्श्वंतुद्यतेखन्यतेहृदि॥ प्रमीलकःश्वासहिक्कावर्द्धतेतुदिनेदिने। जिह्वादग्धाखरस्पर्शागलःशूकैरिवावृतः॥ विसर्गंनाभिजानातिकूजेच्चापिकपोतवत्। अतीवश्लेष्मणापूर्णःशुष्कवक्त्रौष्ठतालुकः॥ तन्द्रानिद्रातियोगार्तोहतवाङ्निहतद्युतिः। नरतिंलभतेनित्यंविपरीतानिचेच्छति॥ आयस्यतेचबहुशोरक्तंष्ठीवतिचाल्पशः। एषकर्कटकोनाम्नासन्निपातःसुदारुणः॥ २६८॥

मध्यवात हीनपित्त और अधिककफके द्वारा जो सन्निपात होताहै उस में वातादिजनितरोग दोषोंके बलके अनुसार होतेहैं औरविशेषकरके अन्तर्दाहकसा होताहै जो कहा नहींजाताहै मखमहावर से रँगासा होजाताहै पित्तसे खींचाहुआ कफ हृदयके बाहर नहीं निकलता पसलियोंमें बाण लगनेके समान पीडा होतीहै और हृदयमें खोदनेके समान पीडा होतीहै नेत्रोंका बंदहोना श्वासतथा हिचकी दिनोंदिन बढती हैं जिह्वा जलेहुएकेसमान कठोर होतीहै गलेमें कांटे होजाते हैं मलमूत्रका निकलना मालूम नहीं होता कबूतरके समान शब्द होजाताहै मुख ओष्ठ तथा तालु अत्यन्त कफसे पूर्ण तथा सूखजातेहैं तंद्रा तथा निद्रा अधिक होतीहै बोलनेकी शक्ति तथा कान्तिका नाश होताहै किसी प्रकार चैन नहीं पडता विरुद्ध वस्तुओंकी इच्छा होतीहै श्रम बहुत होताहै और थोडेसे रुधिर की वमन होतीहै इस भयंकर सन्निपातको कर्कटक कहते हैं॥ २६८॥

हीनमध्यप्रवृद्धैस्तुवातपित्तकफैश्चयः। तेनरोगास्तएवोक्तायथादोषबलाश्रयाः॥ अल्पशूलंकटीतोदोमध्येदाहोरुजाश्रमः। मूत्रशंक्रमःशिरोवस्तिमन्याहृदयवाग्रुजः॥ प्रमीलकःश्वासकासहिक्काजाड्यंविसंज्ञता। प्रथमोत्पन्नमेनन्तुसाधयंतिकदाचन॥ [illegible]संनिवृत्तेत्तुकर्णमूलेसुदारुणः। पिडिकाजायतेजन्तोर्यथाकृच्छ्रेणजीवति॥ सवैद[illegible]ज्ञोऽयंसन्निपातःसुदारुणः। त्रिरात्रात्परमेतस्यव्यर्थमौषधकल्पनम्॥ २६९॥

हीनवात मध्यपित्त औरअधिककफ के द्वारा जो सन्निपात होताहै उसमें पहले कहेहुए वा[illegible] दिजनित रोग दोषोंके बलके अनुसार होते हैं हड्डी तथा कटिमें पीडा, अन्तर्दाह, पीडा,श्रम, अत्यन्[illegible] ग्लानि,मस्तक मूत्राशय गलेके पीछेकीनस हृदय तथा वाणीमें रोग,नेत्रोंका बंदहोना, श्वास,खांसी हिचकी,जडता और संज्ञाका न होना यह लक्षण विशेषकरके होते हैं यह रोग पहले उत्पन्न होनेपर कदाचित् साध्य होताहै इसके किसी प्रकार निवृत्त होनेपर कानोंके मूलमें भयंकर गांठदार फुडिय[illegible] उत्पन्न होतीहै उससे मनुष्य बहुत कष्ट करके बचताहै इस सन्निपातको वैदारिक कहते हैं इस सन्नि[illegible]पात में तीनरात्रिके उपरान्त औषध करना व्यर्थ है॥ २६९॥

अथ तन्त्रान्तरेवातोल्बणादीनांसन्निपातज्वरविशेषाणांत्रयोदशानांशीतांगादीनित्रयोदशनामान्तराणिलक्षणान्तराणिचाह॥

शीतांगस्त्रिमलोद्भवज्वरगणेतन्द्रीप्रलापीततो रक्तष्ठीवयिताचतत्रगणितःसम्भुग्ननेत्रस्तथा॥साभिन्यासकजिह्वकश्चकथितःप्राक्सन्धिगोथान्तकोरुग्दाहःसहचित्तविभ्रम

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इहद्दौकर्णकण्ठग्रहौ ॥ तन्द्रीतन्द्रिकःप्रलापीप्रलापकःरक्तष्ठीवयितारक्तष्ठीवीसंभुग्ननेत्रः भुग्ननेत्रः। अभिन्यासकःअभिन्यासः कर्णकण्ठग्रहौकर्णग्रहः कर्णिकःकण्ठग्रहःकण्ठ कुब्जकः ॥ २७० ॥

तन्त्रान्तरमें वातोल्बणादि तेरह सन्निपात ज्वरोंके भेदोंके शीतांग आदिकतेरह अन्यनाम लक्षण सहित कहेगये हैं वह आगे वर्णन किये जाते हैं ॥

शीतांग, तन्द्रिक, प्रलापक, रक्तष्ठीवी, भुग्ननेत्र, अभिन्यास, जिह्वक, संधिग, अन्तक, रुग्दाह, चित्तविभ्रम, कर्णिक और कंठकुब्जक यह तेरह सन्निपातज्वर होते हैं ॥ २७० ॥

अथ तेषांप्रत्येकंलक्षणानि ॥

हिमशिशिरशरीरःसन्निपातज्वरीयः श्वसनकसनहिक्कामोहकम्पप्रलापैः ॥ क्लमबहुक फवातादाहवम्यङ्गपीडास्वरविकृतिभिरार्त्तःशीतगात्रःसउक्तः ॥ २७१ ॥

इनके अलग २ लक्षण ॥

जिस सन्निपातवालेका शरीर पालेके समान शीतल हो और श्वास, खांसी, हिचकी, मोह, कंप, प्रलाप, ग्लानि, बहुतकफ, वात, दाह, छर्द्दि, शरीरमेंपीड़ा और स्वरभंग उत्पन्न हो उसे शीतांग सन्निपात कहते हैं ॥ २७१ ॥

तन्द्रातीवततस्तृषातिसरणंश्वासोऽधिकःकासरुक् सन्तप्तातितनुर्गलेश्वयथुतासा ग्रेचकण्डूकफः ॥ सुश्यामारसमाक्लमःश्रवणयोर्म्मान्द्यञ्चदाहंस्तथा यत्रस्यात्सहित छर्द्दिकोनिगदितोदोषत्रयोत्थाज्वरः ॥ २७२ ॥

जिस सन्निपात ज्वरमें अधिक तन्द्रा, अधिकतृषा, अतीसार, अधिकश्वास, खांसी, पीड़ा, शरीर में ...ताप, गलेमें शोथ, नासिकाके अग्र भागमें शीतलता, जिह्वामें अत्यन्तश्यामता, ग्लानि, बधिरता ... होताहै उसको तन्द्रिक कहतेहैं ॥ २७२ ॥

...ज्वरेनिखिलदोषनितान्तरोष जातेप्रलापबहुलाःसहसोत्थिताश्च । कम्पव्यथा ...दाहविसंज्ञताःस्युर्नाम्नाप्रलापकइतिप्रथितःपृथिव्याम् ॥ २७३ ॥

जिस सन्निपातमें सम्पूर्ण दोष अत्यन्त कुपित हों सहसा बहुत प्रलाप उत्पन्नहो और कंप, पीड़ा, शरीरमें दाह तथा अज्ञानता होय उसको प्रलापक कहते हैं ॥ २७३ ॥

निष्ठीवीरुधिरस्यरक्तसदृशंकृष्णंतनौमण्डलं लौहित्यंनयनेतृषारुचिवमिश्वासा तिसारभ्रमाः ॥ आध्मानञ्चविसंज्ञताचपतनंहिक्काङ्गपीडाभृशं रक्तष्ठीविनिसन्निपातज ...लिंगज्वरेजायते ॥ २७४ ॥

रुधिरकी वमन, शरीरमें रुधिरके समान तथा काले रंगके चकत्ते नेत्रोंमें ललाई, तृषा, अरुचि, छर्द्दि, श्वास, अतीसार, भ्रम, अफरा, अज्ञानता, गिरना, हिचकी और शरीरमें अत्यन्त पीड़ा यह रक्तष्ठीवी सन्निपातके लक्षण हैं ॥ २७४ ॥

भृशंनयनवक्रताश्वसनकासतन्द्राभृशं प्रलापमदवेपथुःश्रवणहानिमोहास्तथा ॥ पुरोनिखिलदोषजेभवतियत्रलिंगज्वरे पुरातनचिकित्सकैःसइहभुग्ननेत्रोमतः ॥ २७५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जिस सन्निपातमें नेत्रोंका बहुत टेढ़ापन, श्वास, खांसी, तन्द्रा, भ्रम, प्रलाप, मद, कंप, बधिरता और मोह यह लक्षण होतेहैं उसको प्राचीन वैद्य भुग्ननेत्र नामक सन्निपात कहते हैं ॥ २७५ ॥

दोषास्तीव्रतराभवन्तिबलिनःसर्वेऽपियत्रज्वरेमोहोऽतीवविचेष्टतांविकलताश्वासोभृशंमूकता ॥ दाहश्चिक्कणमाननञ्चदहनोमन्दोबलस्यक्षयः सोऽभिन्यासइतिप्रकीर्त्तितः इहप्राज्ञैर्भिषग्भिःपुरा ॥ २७६ ॥

जिस सन्निपातमें सम्पूर्ण दोष बहुतबलवान् होयँ और अत्यन्त मोह, चेष्टाका न होना, विकलता, अत्यन्त श्वास, मूकता, दाह, मुखमें चिकनापन, मंदाग्नि और बलका नाश होय उसको अभिन्यास कहतेहैं ॥ २७६ ॥

त्रिदोषजनितेज्वरेभवतियत्रजिह्वाभृशं वृताकठिनकण्टकैस्तदनुभनिरंमूकता ॥ श्रुतिक्षतिबलक्षतिश्वसनकाससन्तापयः। पुरातनभिषग्वरास्तमिहजिह्वकञ्चक्षते ॥ २७७ ॥

जिस सन्निपातमें जिह्वा बहुत कठिन, कांटोंसे आच्छादितहो, अत्यन्त मूकताहो, बधिरता तथा बलक्षयहो और श्वास, खाँसी तथा संताप हो उसको जिह्वक कहते हैं ॥ २७७ ॥

व्यथातिशयिताभवेच्छ्वयथुसंयुतासन्धिषु प्रभूतकफतामुखेविगतनिद्रताकासरुक्॥समस्तमितिर्कीत्तितंभवतिलक्ष्मयत्रज्वरे त्रिदोषजनितेबुधैःसहिनिगद्यतेसन्धिगः २७८

अत्यन्त व्यथा, संधियों में सूजन, मुख में बहुत कफ, निद्रा का नाश और खाँसी यह सब लक्षण जिस सन्निपात ज्वरमें होतेहैं उसको संधिग कहते हैं ॥ २७८ ॥

यस्मिन्लक्षणमेतदस्तिसकलैर्दोषैरुदीतेज्वरे ऽजस्त्रंमूर्द्धविधूननंसकसनंसर्वांगपीडाधिका ॥ हिक्काश्वाससदाहमोहसहितादेहेऽतिसंतप्तता वैकल्यञ्चवृथावचांसिमुनिभिः संकीर्त्तितःसोऽन्तकः ॥ २७९ ॥

जिस सन्निपात में निरन्तर शिर कंपना, खाँसी, सब शरीर में अत्यन्त पीड़ा, हिचकी, श्[illegible] मोह, शरीर में अत्यन्त ताप, व्याकुलता और अनर्थक वचन यह लक्षण होते हैं उसको [illegible] कहते हैं ॥ २७९ ॥

दाहोऽधिकोभवतियत्रतृषाचतीव्रा श्वासप्रलापविरुचिभ्रममोहपीडाः ॥ मन्या[illegible] व्यथनकण्ठरुजःश्रमश्च रुग्दाहसंज्ञउदितस्त्रिभवोज्वरोऽयम् ॥ २८० ॥

जिस सन्निपात में अत्यन्त दाह, तीव्र, तृषा, श्वास, प्रलाप, अरुचि, भ्रम, मोह तथा पीड़ा होय गले के पीछे की नस जबड़ा तथा कंठ में खेद हो और श्रम होय उसको रुग्दाह कहते हैं ॥ २८० ॥

गायतिनृत्यतिहसतिप्रलपतिविकृतंनिरीक्ष्यतेमुह्येत् । दाहव्यथाभयार्त्तोनरस्तु[illegible]त्तभ्रमेज्वरेभवति ॥ २८१ ॥

जिस सन्निपात में रोगी गावे, नाचे, हँसे, प्रलाप करे, टेढ़े नेत्रों से देखे, मोह को प्राप्त हो और दाह, पीड़ा तथा भयसे व्याकुल होय उसको चित्तभ्रम कहते हैं ॥ २८१ ॥

दोषत्रयेणजनिताकिलकर्णमूले तीव्रज्वरोभवतितुश्वयथुर्व्यथाच ॥ कण्ठग्रहोबाधिरताश्वसनंप्रलापः प्रस्वेदमोहदहनानिचकर्णिकाख्ये ॥ २८२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जिस सन्निपात में कर्णमूल पर अत्यन्त सूजन तथा पीड़ा हो और कंठरोध, बांधिरता, श्वास, प्रलाप, स्वेद, मोह तथा दाह होय उसको कर्णिक कहतेहैं ॥ २८२ ॥

कण्ठःशूकशतावरुद्धवदतिश्वासःप्रलापोऽरुचिर्दाहोदेहरुजातृषापिचहनुस्तम्भः शिरोर्त्तिस्तथा ॥ मोहोवेपथुनासहेतिसकलंलिंगंत्रिदोषज्वरे । यत्रस्यात्सहिकण्ठकुब्ज उदितःप्राच्यैश्चिकित्साबुधैः ॥ २८३ ॥

जिस सन्निपात में कंठके भीतर सैकड़ों कांटेसे मालूमपड़ें और अत्यन्त श्वास प्रलाप अरुचि दाह शरीर में पीड़ा तृषा जबड़ेका जकड़ना शिरमें पीड़ा मोह तथा कम्प होय उसको कंठकुब्ज कहतेहैं ॥ २८३ ॥

सन्धिगस्तेषुसाध्यःस्यात्तन्द्रिकश्चित्तविभ्रमः । कर्णिकोजिह्वकःकण्ठकुब्जःपञ्चापिकष्टकाः ॥ रुग्दाहस्त्वतिकष्टेनसंसाध्यस्तेषुभाषितः । रक्तष्ठीवीभुग्ननेत्रःशीतगात्रः प्रलापकः ॥ अभिन्यासोन्तकाश्चैतेषडसाध्याःप्रकीर्त्तिताः ॥ २८४ ॥

ऊपर कहेहुये सन्निपातोंमें से सन्धिग साध्य है तन्द्रिक, चित्तविभ्रम, कर्णिक, जिह्वक तथा कंठ-कुब्जक यह पांच कष्टसाध्य हैं रुग्दाह अत्यन्त कष्टसाध्यहै और रक्तष्ठीवी, भग्ननेत्र, शीतगात्र, प्रला-पक, अभिन्यास तथा अन्तक यह छः असाध्य कहे हैं ॥ २८४ ॥

अथतन्त्रान्तरेवातोल्बणादीनांसन्निपातज्वरविशेषाणां त्रयोदशानांकुम्भीपाकादीनि त्रयोदशनामान्तराणिलक्षणान्तराण्याह ॥ कुम्भीपाकःप्रोर्णुनावःप्रलापीह्यन्तर्दाहोदंडपातोऽन्तकश्च । एणीदाहश्चाथहारिद्रसंज्ञोभेदाएतेसन्निपातज्वरस्य ॥ अजघोषभूतहासौयंत्रापीडश्चसंन्यासः । संशोषीचविशेषास्तस्यैवोक्तास्त्रयोदशान्यत्र ॥ २८५ ॥

[illegible]रमें वातोल्बणादि तेरह सन्निपात भेदोंके कुम्भीपाकादि अन्य तेरहनाम और लक्षण जो [illegible]सो अबआगेकहतेहैं कुम्भीपाक, प्रोर्णुनाव, प्रलापी, अन्तर्दाह, दंडपात, अन्तक, एणीदाह, हारि-[illegible]घोष, भूतहास, यन्त्रापीड, संन्यास और संशोषी यह तेरह सन्निपातज्वरके भेद हैं ॥ २८५ ॥

अथैषांलक्षणानि ॥

घोणाविवराद्बहुशोणासितलोहितंगाढम् । विलुठन्मस्तकमभितः कुम्भीपाकेन पीडितंविद्यात् ॥ २८६ ॥

इनके लक्षण ॥

जिस सन्निपात में नासिका से लाल काला तथा गाढ़ा बहुत रुधिर गिरे और रोगी शिरको [इध]र उधर चलावे उसको कुम्भीपाक कहतेहैं ॥ २८६ ॥

उत्क्षिप्ययःस्वमंगंक्षिपत्यधस्तान्नितांतमुच्छ्वसिति । तंप्रोर्णुनावजुष्टंविचित्रकष्टंविजानीयात् ॥ २८७ ॥

जिस सन्निपात में रोगी अपने अंगोंको ऊपर उठा २ कर नीचेडाले और बहुत श्वासले उस सन्निपातको प्रोर्णुनाव कहतेहैं यह विचित्र कष्टदायक होताहै ॥ २८७ ॥

स्वेदभ्रमांगभेदाःकम्पोदवथुर्वमिर्व्यथाकण्ठे । गात्रञ्चगुर्व्वतीवप्रलापिजुष्टस्य जायतेलिंगम् ॥ २८८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जिस सन्निपातमें स्वेद, भ्रम, शरीरमें पीडा, कम्प, सन्ताप, छर्दि, कंठमें पीडा. और शरीरमें बहुत भारीपन होय उसको प्रलापी कहतेहैं॥ २८८॥

अन्तर्दाहःशैत्यंबहिःश्वयथुररतिरपितथाश्वासः । अंगमपिदग्धकल्पंसोऽन्तर्दाहा द्दितःकथितः॥ २८९॥

जिस सन्निपात में भीतर दाह, बाहर शीत, सूजन, ग्लानि तथा श्वास और शरीर जला हुआसा मालूमपडे उसको अन्तर्दाह कहतेहैं॥ २८९॥

नक्तंदिवानिद्रामुपैतिगृह्णातिमूढधीर्नभसः । उत्थायदण्डपातीभ्रमातुरःसर्व्वतोभ्र मति॥ नभसोगृह्णातिआकाशात्किञ्चिद्ग्रहीतुंकरौप्रसारयतीत्यर्थः॥ २९०॥

जिस सन्निपात में रात्रि दिन निद्रा न पडे रोगी आकाश से कुछ लेनेके लिये हाथ फैलावै और भ्रमातुर होकर उठकर इधर उधर चले उसको दंडपात कहते हैं॥ २९०॥

सम्पूर्य्यतेशरीरंग्रन्थिभिरभितस्तथोदरंमरुता । श्वासातुरस्यसततंविचेतनस्या न्तकार्त्तस्य॥ २९१॥

जिस सन्निपात में शरीरपर गाँठें सी पड जायँ, पेट में वात भरजाय, श्वास होय और निरंतर अचैतन्यता बनी रहै उसको अन्तक कहते हैं॥ २९१॥

परिधावतीवगात्रेरुक्पात्रेभुजंगपतंगहारिणगणः । वेपथुमतःसदाहस्यैणीदाहज्वरा र्त्तस्य। रुक्पात्रेपीडाभाजनेगात्रस्यविशेषणमेतत्॥ २९२॥

जिस सन्निपात में पीडा युक्त शरीरपर सर्प पतंग तथा हिरनसे दौडते मालूम पडें और कंप तथा दाह उत्पन्न हो उसको एणीदाह कहते हैं॥ २९२॥

यस्याऽतिपीतमंगंनयनेसुतरांमलस्ततोऽप्यधिकम्। दाहोऽतिशीततावबहि... रिद्रकोज्ञेयः॥ २९३॥

जिस सन्निपात में शरीर तथा नेत्र पीलेहों और मल उनसेभी अधिक पीला होय भी... और बाहर शीतलता होय उसको हारिद्रक कहते हैं॥ २९३॥

छगलकसमानगन्धःस्कन्धरुजावान्निरुद्धगलरन्ध्रः । अजघोषसन्निपातादात क्षःपुमान्भवति॥ २९४॥

जिस सन्निपातमें बकरेके समान दुर्गन्धिआवै, कन्धोंमें पीडा होय, कंठ रुकजाय और नेत्र, ता... वर्ण होयँ उसको अजघोष कहते हैं॥ २९४॥

शब्दादीनधिगच्छतिनस्त्रान्विषयान्यादिन्द्रियग्रामैः। हसतिप्रलपतिपरुषंसज्ञेयोभू हासार्त्तः॥ २९५॥

जिस सन्निपातमें रोगी अपनी इन्द्रियोंसे शब्दादिक विषयोंको न ग्रहण करसके हँसे और कठोर प्रलाप करे उसको भूतहास कहते हैं॥ २९५॥

येनमुहुर्ज्वरवेगाद्यन्त्रेणेवावपीड्यतेगात्रम्॥ रक्तंपीतंचवमेद्यन्त्रापीडःसविज्ञेयः २९६

जिस सन्निपातमें ज्वरके वेगसे शरीर यन्त्रके द्वारा दबायासाजाय और रक्त तथा पीतवर्ण वमन करे उसको यन्त्रापीड कहतेहैं॥ २९६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अतिसरतिवमतिकूजतिगात्राण्यभितश्चिरंनरःक्षिपति । संन्याससन्निपातेप्रलपत्युग्राक्षिमण्डलोभवति ॥ २६७ ॥

जिस सन्निपातमें अतीसार, छर्दि, गलेमें अव्यक्त शब्द, अंगोंका इधर उधर पटकना, प्रलाप और नेत्रोंकी उग्रता होय उसको संन्यास कहतेहैं ॥ २६७ ॥

मेचकवपुरेतिमेचकलोचनयुगलोमलोत्सर्गात् । संशोषिणीसितपिडिकामण्डलयुक्तोज्वरेनरोभवति ॥ २६८ ॥

जिस सन्निपातमें मलके त्याग करनेसे शरीर तथा नेत्र अत्यन्त काले रंग होजायँ और श्वेतवर्ण मंडलयुक्त फुड़िया उत्पन्न होयँ उसको संशोषी कहतेहैं ॥ २६८ ॥

नारायणएवभिषक्भेषजमेतेषुजाह्नवीनीरम्। नैरुज्यहेतुरेकोनित्यंमृत्युञ्जयोध्येयः २६९

इन सन्निपातोंमें नारायणही वैद्य औषध गंगाजीकाजल और आरोग्यके लिये निरन्तर श्रीमृत्युंजयका ध्यान करना चाहिये ॥ २६९

अथासाध्यस्यसन्निपातज्वरस्यलक्षणमाह ॥

सन्निपातज्वरस्यान्तेकर्णमूलेसुदारुणः । शोथःसंजायतेतेनकश्चिदेवप्रमुच्यते ॥ स दारुणःमारकत्वात् । अतस्तेनशोथेनकश्चिदेवप्रमुच्यते ॥ कोऽपिजीवितंत्यजतिइत्यर्थः। सन्निपातज्वरान्कष्टानसाध्यानपरेजगुः ॥ दोषेप्रवृद्धेनष्टेऽग्नौसर्व्वसम्पूर्णलक्षणः । सन्निपातज्वरोऽसाध्यःकष्टसाध्यस्ततोऽन्यथा ॥ सर्व्वाणिदाहशीतादीनिसम्पूर्णानिआतुरगतानिप्रोक्तानियावल्लक्षणानियस्यसः । ततोऽन्यथादोषेपक्वेअग्नौदीप्तेस्वल्पलक्षण [illegible]ाध्यइत्यर्थः ॥ ३०० ॥

असाध्य सन्निपात ज्वरका लक्षण ॥

[illegible]न्निपात ज्वरके अन्तमें करण मूलपर अत्यन्त भयानक सूजन उत्पन्न होती है इस सूजनके होने[illegible] प्रायः सबलोग मृत्युको प्राप्त होतेहैं और कभी कोई दैवयोगसे बचभी जाताहै (सन्निपात ज्वरोंको [illegible]ोई कष्टसाध्य और कोई असाध्य कहतेहैं) जिस सन्निपातमें दोष बहुत बढ़जायँ अग्नि नष्ट होजाय और पहले कहेहुए दाह शीतादिक सम्पूर्ण लक्षण मिलें वह असाध्यहै और जो दोष परिपक्व होय अग्नि दीप्तिहोय और सब लक्षण न मिलें तो कष्ट साध्य जानना चाहिये ॥ ३०० ॥

अथ सामान्यसन्निपातज्वरस्यचिकित्सा ।

सन्निपातार्णवेमग्नंयोऽभ्युद्धरतिमानवम्। कस्तेननकृतोधर्मःकांचपूजांनसोऽर्हति ॥ मृत्युनासहयोद्धव्यंसन्निपातंचिकित्सता । यश्चतत्रभवेज्जेतासजेतामयसंकुले॥३०१॥

सामान्य सन्निपातज्वरकी चिकित्सा ॥

सन्निपातरूपी समुद्रमें डूबेहुए मनुष्यका जो उद्धार करताहै वह सब धर्मोंका करने वाला और संपूर्ण पूजाओं के योग्यहै सन्निपातकी चिकित्सा करना मृत्युके संग युद्ध करनाहै इस युद्धमें जो कोई जीतते हैं वह सब रोगोंके जीतनेवाले होतेहैं ॥ ३०१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्लेष्मनिग्रहमेवादौकुर्य्याद्व्याधौत्रिदोषजे । संसर्गेयोगरीयान्स्यादुपक्रम्यसवैभवेत् ॥ शेषदोषविरोधेनसन्निपातेतथैवच । संसर्गेदोषद्वयसंसर्गेगरीयानूबलत्तरः ॥ अंशांशंयत्रदोषाणांविवेक्तुंनैवशक्नुयात् । क्रियांसाधारणींतत्रविदधीतचिकित्सकः ॥ लङ्घनंबालुकास्वेदोनस्यंनिष्ठीवनंतथा । अवलेहोञ्जनंचैवप्राक्प्रयोज्यंत्रिदोषजे ॥ ज्वर इतिशेषः ॥ ३०२ ॥

सन्निपात रोगमें पहले कफको शांत करनाचाहिये और दो दोषोंके संसर्गसे जो रोग उत्पन्न हो उसमें जो दोष बलवान्हो उसकी चिकित्साकरे परन्तु दूसरे दोषके लिये जो हानिकारकहो उसमें दृष्टि रखनी चाहिये और त्रिदोषज रोगमें भी इसीप्रकार चिकित्सा करनीचाहिये वैद्य जहां दोषों के अंश २ अलग न करसके वहां साधारण चिकित्साकरे सन्निपातमें पहले लंघन बालुकास्वेद नस्य निष्ठीवन (कफनिकालना) अवलेह और अंजन इनकाप्रयोग करनाचाहिये ॥ ३०२ ॥

ननु क्रियायास्तुगुणालाभेक्रियामन्यांप्रयोजयेत् । पूर्वस्यांशान्तवेगायांनक्रियासङ्करोहितः ॥ इतिवचनेनक्रियासङ्करस्यनिषिद्धत्वात्कथमत्रनस्यनिष्ठीवनावलेहांजनानियुगपद्विधीयन्तइत्याशङ्क्याह । क्रियाभिस्तुल्यरूपाभिःक्रियासांकर्यमिष्यते । भिन्नरूपतयैतास्तुनहिकुर्वन्तिदूषणम् ॥ ३०३ ॥

यहां यह सन्देह होताहै कि एक क्रियाके द्वारा कुछ उपकार न होनेपर दूसरी क्रिया करनीचाहिये परन्तु पहली क्रियाके वेगके शांत होजानेपर दूसरी क्रिया करनी चाहिये क्योंकि क्रियाओं का संयोग हितकारी नहीं होताहै इस वचनके द्वारा क्रियाओंके संयोगका निषेध हुआ तो यहां नस्य, निष्ठीवन, अवलेह और अंजन एक साथहीं क्यों विधान कियेजाते हैं?इसका उत्तर यहहै कि समान क्रियाओं के एक साथ करनेमें दोष होताहै और जुदी २ क्रियाओंके करनेमें कोई दोष नहीं है ॥

तत्रलङ्घनस्यावधिमाह ॥

त्रिरात्रंपंचरात्रंवा दशरात्रमथापिवा । लङ्घनंसन्निपातेषुकुर्यादारोग्यदर्शनात् ॥ लङ्घनेत्रिरात्राद्विकल्पउल्बणेवा । तत्राद्यापेक्षयादोषाणांशीघ्रमध्यमन्दशक्तित्वात् । व्याधिस्वभावाद्वाआरोग्यदर्शनादिति । यावदारोग्यदर्शनंस्यात्तावद्वालङ्घनंकुर्यात् । एतेनत्रिरात्राद्यवधेर्नेनियतत्वंसूचितम् । अतएवसुश्रुतःप्राह । सप्तमेदिवसेप्राप्तेदशमेद्वादशेपिवा । पुनर्घोरतरोभूत्वाप्रशमंयातिहंतिवा ॥ घोरतरइतिस्वभावादेवतदाघोरतरोभूत्वेति ३०४

लंघनकी अवधि ॥

सन्निपातज्वरमें तीनरात्रि, पांचरात्रि, दशरात्रि अथवा आरोग्य पर्य्यन्त लंघन कराना चाहिये यहां लंघनके विषयमें तीन रात्रि आदिक अलग २ कल्पना वातादिकोंकी वृद्धिके अनुसार दोषों की शीघ्र मध्यम तथा मन्दशक्तिके अनुसार अथवा रोगके स्वभावके अनुसार जाननी चाहिये जबतक आरोग्य न होय तबतक लंघनदेवे इससे तीन रात्रि आदि अवधिका निश्चित न होना सूचित होता है इसीसे सुश्रुतने कहाहै कि सातवें दशवें अथवा बारहवें दिन सन्निपातज्वर फिर स्वभावहीसे बढ़कर शांतहोताहै अथवा मारताहै ॥ ३०४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हननप्रशमयोःकारणमाह ॥

पित्तकफानिलवृद्ध्यादशदिवसद्वादशाहसप्ताहात् । हन्तिविमुञ्चत्यथवात्रिदोषजो धातुमलपाकात् । त्रिदोषजोज्वरइतिशेषः । धातुमलपाकात् । धातुपाकाद्धन्तिमलपाकाद्विमुञ्चतीत्यर्थः । धातुमलपाकेप्राक्तनकर्म्मैवहेतुः । तत्रयदिजीवनसम्बर्द्धकंकर्म्मास्तितदामलपाकोऽन्यथाधातुपाकःसचरसादिशुक्रान्तधातूनांपाकोबोद्धव्यः ॥ ३०५ ॥

शान्तहोनेका अथवा रोगीके मारनेकाकारण ॥

सन्निपात ज्वर दशवें दिन बारहवें दिन अथवा सातवेंदिन शान्तहोजाताहै अथवा क्रमसे पित्त कफ तथा वायुकी वृद्धिके द्वारा मारता है अथवा धातु तथा मलके पाकके द्वारा मारताहै या शान्त होजाताहै अर्थात् धातुओंके पाकसे मारताहै और मलके परिपाक होनेसे शांत होताहै धातु तथा मलके परिपाकमें पूर्वजन्मके कर्महीकारणहोते हैं अर्थात् जो जीवनके बढ़ानेवाले कर्म्म हैं तो मलों का पाक होताहै और नहीं तो रसको आदिले वीर्य्य पर्यंत धातुओंका पाकहोताहै ॥ ३०५ ॥

तत्रधातुपाकस्यलक्षणमाह ॥

निद्रानाशोहृदिस्तम्भोविष्टम्भोगौरवारुची । अरतिर्बलहानिश्चधातूनांपाकलक्षणम् ॥ विष्टम्भउदरस्यगौरवंगात्राणाम् । अन्यच्च । संबाध्यमानोहृदिनाभिदेशेगात्रेषुवापाकरुजान्वितेषु । पीडाज्वरार्तोऽङ्गुलिभिश्चगच्छेत्सधातुपाकीकथितोभिषग्भिः । अपरञ्च । नाभेरूर्द्ध्वंहृदोऽधस्तात्पीडितेचेद्व्यथाभवेत् । धातोःपाकंविजानीयादन्यथातुमलस्यच ॥ ३०६ ॥ धातुओंके परिपाकहोनेका लक्षण ॥

[illegible]नाश, हृदयमें स्तम्भ, उदरमें विष्टंभ, शरीर में भारीपन, अरुचि, ग्लानि और बलका [illegible] धातुओंके परिपाक होनेके लक्षणहैं अन्यप्रकार हृदय तथा नाभिमें पीडा, शरीरका पकना, [illegible]र ज्वरसे पीडित होकर अंगुलियों के बलसे चलना यह धातुपाकके लक्षणहैं अन्य प्रकार [illegible] और हृदय के बीचमें दबाने से पीडा होय तो धातुओं का पाक जानना चाहिये और इस[illegible]के न होने में मलका परिपाक समझना चाहिये ॥ ३०६ ॥

अथ मलपाकलक्षणम् ॥

दोषप्रकृतिवैकृत्यंलघुताज्वरदेहयोः । इन्द्रियाणाञ्चवैमल्यंमलानांपाकलक्षणम् ॥ [illegible]षावातादयस्तेषांप्रकृतित्वेतुदाहतंद्रागौरवादिकरणंतस्यावैकृत्यंवैपरीत्यंवैमल्यंमलरा[illegible]त्यम् । मलानांदोषाणांपाकलक्षणम् । अन्यच्च । शश्वदिन्द्रियपञ्चकस्यपटुतावह्ने[illegible]यत्रक्रमात् । तृषणादिप्रशमोज्वरस्यमृदुतातंदोषपाकंवदेत् ॥ ३०७ ॥

मलदोषके परिपाकका लक्षण ॥

वातादि दोषोंकी प्रकृतिकी विकृति अर्थात् दाह, तंद्रा और भारीपन आदिका न होना ज्वरका थोडा होना शरीरमें हलकापन और इन्द्रियोंकी निर्मलता यह दोषोंके परिपाक होनेका लक्षणहै अन्यप्रकार सदैव पांचों इन्द्रियोंकी सामर्थ्य क्रमसे अग्निकी दीप्ति तृषा आदि उपद्रवोंकी शान्ति और ज्वरकी स्वल्पता यह दोषोंके पाकके लक्षण हैं ॥ ३०७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हृन्नाभ्योरतिवेदनातिशरणं तीव्रोज्वरस्तृणमदः श्वासाधिक्यमरोचकोऽरतिरितिस्याद्धातुपाकाकृतिः ॥ ३०८ ॥

हृदय तथा नाभिके बीचमें अत्यन्त पीड़ा, अतीसार, ज्वरकी तीक्ष्णता, तृषा, मद, श्वासकी अधिकता, अरुचि और बेचैनी यह धातुपाकके लक्षण हैं ॥ ३०८ ॥

आमस्याधिक्येनसप्तमदिवसाद्यवध्यतिक्रमेपरमावधिमाह । हारीतः । सप्तमीद्विगुणायावन्नवम्येकादशीतथा । एषात्रिदोषमर्य्यादा मोक्षाय च बधाय च ॥ नवम्येकादशीचागमनदिवसं विहाय बोद्धव्या, तेनागमनदिवसं नीत्वादशमीद्वादशीतथा । अत्ररात्रिरित्यध्याहि्रयते ॥ ३०९ ॥

आमकी अधिकतासे सातवेंदिन आदिकी अवधिके उल्लंघनमें हारीत परम अवधिको कहतेहैं सन्निपातज्वर के छूटने और मारनेकी सातवां चौदहवां नवां आठरहवां ग्यारहवां और बाईसवां दिन अवधिहै नवां और ग्यारहवां दिन ज्वर आने के दिनको छोड़कर लेना चाहिये इस्से ज्वर आनेवाले दिन समेत दशवां और बारहवां दिन होताहै ॥ ३०९ ॥

सन्निपातज्वरीपूर्व्वं सम्यग्लङ्घनमाचरेत् । शृतंशीतंपिबेदम्भःसमयेभेषजंभजेत् ॥ सन्निपातेनतृप्यन्तं पार्श्वरुक्तालुशोषिणम् । यःपाययेज्जलंशीतं समृत्युर्नरविग्रहः ॥ शीतंअक्कथितंशृतंतुशीतंविहितमेवइतिलङ्घनम् ॥ ३१० ॥

सन्निपातज्वरवाला पहले अच्छेप्रकारसे लंघन करे और समयके अनुसार औषधके द्वारा परिपाक कियाहुआ जल शीतल करके पिये और औषधका सेवन करे सन्निपात ज्वरमें जिसको तृषा पसली में पीड़ा और तालु सूखताहो उसको जो कोई विना गरम कियाहुआ शीतल जल पिलाताहै उसको मनुष्यरूपी मृत्यु जानना चाहिये इति लंघन ॥ ३१० ॥

बालुकास्वेदः ॥

वातश्लेष्मकृतेस्वेदान्कारयेद्रूक्षनिर्म्मितान् । स्निग्धःस्वेदोनिषिद्धोऽत्रविनाकेवलवातजात् ॥ खर्परभृष्टपटस्थितकाञ्जिकसंभिक्तबालुकास्वेदः । शमयतिवातकफामयमस्तकशूलांगभंगादीन् ॥ स्रोतसांमार्द्दवंकृत्वा नीत्वापावकमाशयम् । हत्वावातकफस्तम्भंस्वेदोज्वरमपोहति॥इति बालुकास्वेदः॥३११॥ बालुका स्वेद ॥

वात कफजनित रोगमें रूखा स्वेद देना चाहिये इसमें चिकना स्वेद निषेधहै परन्तु केवल वातजनितरोगमें स्निग्ध स्वेद देनाचाहिये किसीखपरेमें बालूको गरम करके कपड़ेमें बाँधे फिर कांजीमें भिगोकर स्वेददे इस्से कफरोग शिरकी पीड़ा और शरीरकी पीड़ा शान्त होतीहै स्रोतोंको कोमल करके अग्निको अग्निके ही स्थानमें लाकर और वायु तथा कफके जकड़ने को नाशकरके स्वेद ज्वर को नाशकरताहै इति बालुका स्वेद नस्य ॥ ३११ ॥

अथ सैन्धवादिनस्यम् ॥

सैंधवंश्वेतमरिचं सर्षपाःकुष्ठमेवच । वस्तमूत्रेणसंपिष्टं नस्यंतन्द्रानिवारणम् ॥ श्वेतमरिचंशिग्रुबीजम् । इति सैंधवादि नस्यम् ॥ ३१२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नस्य ॥

सेंधानोन, श्वेतमिर्च, सरसों और कूट इनसब औषधियोंको बकरेके मूत्रमें पीसकर नास लेने से तन्द्राका नाश होताहै इति सैंधवादि नस्य ॥ ३१२ ॥

मधूकसारसिंधूत्थवचोषणकणाःसमाः । श्लक्ष्णंपिष्ट्वाम्भसानस्यं दद्यात्संज्ञाप्रबोधनम् । मधूकसारादिनस्यम् ॥ ३१३ ॥

महुएके वृक्षकासाग, सेंधानोन, वच, मिर्च और पीपल इन सबको बराबर लेकर महीन पीसकर जल के साथ नास लेनेसे चैतन्यता होती है इति मधूक सारादि नस्य ॥ ३१३ ॥

मातुलुंगार्द्रकरसं कोष्णंत्रिलवणान्वितम् । अन्यद्वासिद्धविहितं नस्यंतीक्ष्णंप्रयोजयेत् ॥ तेनप्रभिद्यतेश्लेष्मा प्रभिन्नश्चप्रसिच्यते । शिरोहृदयकण्ठास्यपार्श्वरुक्चोपशाम्यति ॥ मोहामयेनमुग्धं बोधयितुंयादृशःशक्तः। कल्पतरुर्नामधेयो रसोनतादृक्परं किञ्चित् ॥ इति नस्यम् ॥ ३१४ ॥

नींबू तथा अदरकका रस और तीनोंनोन इनको मिलायके कुछ गरम २ नास लेनी चाहिये अथवा इनसे अन्य और जो तीक्ष्ण हुलास कही गई है वह देनी चाहिये और नासके द्वारा कफ गीलाहोकर निकलजाताहै और शिर, हृदय, कंठ, मुख तथा पसलियोंकी पीडा शान्त होती है मोह रोगसे मोहित मनुष्यको चैतन्य करनेके लिये जैसाकि कल्पतरु रसहै वैसी और कोई औषधि नहीं है इसलिये कल्पतरु रसकी नास लेनी चाहिये इति नस्य ॥ ३१४ ॥

अथ निष्ठीवनम् ॥

[illegible]तालुगलक्लोम मरुतिपित्तेनदूषितम् । तदासञ्जारयेच्छोषं जिह्वाविरसतांतथा ॥ [illegible]दाजिह्वां लेपयेन्मधुपिष्टया । द्राक्षयासाज्यपातेन जिह्वास्यात्सरसामृदुः ॥ [illegible]वरसोपेतं सैंधवंकटुकत्रयम् । आकण्ठाद्धारयेदास्ये निष्ठीवेच्चपुनःपुनः ॥ तेना[illegible]कोष्ठां समन्यापार्श्वशिरोगलात् । लीनोऽप्याकृष्यतेश्लेष्मा लाघवंचास्यजाय[illegible]पर्वभेदोज्वरोमूर्च्छानिद्राश्वासगलामयाः । मुखाक्षिगौरवंजाड्यमुत्क्लेशश्चोपशा[illegible]ति ॥ सकृद्द्विस्त्रिश्चतुःकुर्याद् दृष्ट्वादोषबलाबलम् । एतद्धिपरमंप्राहुः भेषजंस[illegible]पातिनाम् ॥ इति कवलग्रहः ॥ ३१५ ॥

निष्ठीवन ॥

[illegible] जिह्वा, तालु, कंठ और फुप्फुस यह जो वायु तथा पित्तके द्वारा दूषित होकर जिह्वाका सूखना वि[illegible]लता और फटना उत्पन्नकरें तो दाख को पीसकर घी और सहत के साथ जिह्वा में लेपकरे इस्से जिह्वा सरस और कोमल होजाती है सेंधानोन सोंठ पीपल और मिर्च इनको पीसकर अदरक के रस में मिलाय के गले तक मुख में रखकर वारंवार थूके इस्से हृदय गलेके पीछे की नस पसली शिर तथा गले में लिपटाहुआ कफ निकल जाताहै इसकारण हलकापन होता है और पोरुओं की पीडा, ज्वर, मूर्च्छा, निद्रा, श्वास, गलेके रोग मुखतथा नेत्रों का भारीपन शरीरकीजड-ता और मतली यह सब निवृत्त होते हैं दोषोंके बलाबलको देखकर एकबार दो बार तीनबार अथ-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वा चार बार यह क्रियाकरनी चाहिये सन्निपात रोग वालों को यह औषध परम हितकारी है इति कवल ग्रहण॥ ३१५॥

अथावलेहः॥

कट्फलंपौष्करंशृंगी व्योषंयासश्चकारवी। श्लक्ष्णंचूर्णीकृतश्चैतन्मधुनासहलेहयेत्॥ एषावलेहिकाहन्ति सन्निपातंसुदारुणम्। हिक्कांश्वासञ्चकासञ्च कण्ठरोगञ्च नाशयेत्॥ एतद्योज्यंकफोद्रेके चूर्णमार्द्रकजैरसैः। तंत्रांतरे चोक्तम्। अष्टांगमधुना लिह्यादार्द्रकस्वरसेनवा। संमोहंदारुणंहन्यात्तंद्राकाससमन्वितम्॥ ३१६॥

अवलेह॥

कायफल, पुष्करमूल, काकडासिंगी, सोंठ, पीपल, मिर्च, जवासा और कालाजीरा इनसबको पीस कर सहतकेसाथ चाटनेसे अत्यन्त कठिन सन्निपात, हिचकी, श्वास, खांसी और कंठ रोगोंका नाशहोताहै अधिक कफवाले सन्निपात में यह अदरक के रसके साथ देना चाहिये और तन्त्रान्तर में कहा गया है कि अष्टांगावलेह सहत के साथ अथवा अदरकके रस के साथ सेवन करने से तन्द्रा और खांसी सहित भयंकर मोहका नाश होता है॥ ३१६॥

सर्व्वेषुसन्निपातेषु नक्षौद्रमवचारयेत्। शीतोपचारिक्षौद्रंस्याच्छीतंचात्रविरुध्यते॥ सन्निपातज्वरेषु श्लेष्मनिग्रहार्थं सर्व्वदास्वेदोहितः। तत्राग्निसम्बन्धेन देहस्योष्णता तिष्ठति। उष्णेनमधुना विरोधः॥ उक्तंचसुश्रुतेन। उष्णैर्विरुध्यतेसर्व्वं विषान्वयतया मधु। उष्णार्त्तमुष्णैरुष्णञ्च तन्निहन्तियथाविषमिति॥ शीतोपचारिक्षौद्रंस्यात् शीतं चात्रविरुध्यते। शीतेनोपचारोऽस्यास्तीतिशीतोपचारि॥ शीतञ्चात्रसन्निपातेनविरुद्धयते॥ ३१७॥

सम्पूर्ण सन्निपातों में सहत नहीं देनाचाहिये क्योंकि सहत शीतल वस्तुओं के [illegible] या जाताहै और शीतलता सन्निपातों में विरुद्ध है सन्निपात ज्वरमें कफके दूरकरनेकेलिये [illegible] हितकारी है इस लिये सदैव अग्निके संयोग से शरीर उष्ण रहताहै और उष्णताके साथ [illegible] का विरोध है और सुश्रुत ने कहाहै कि सहत विषके संबंध होने के कारण सब प्रकार उष्ण [illegible] विरोधी होताहै इसलिये उष्णता से व्याकुल मनुष्यों को अथवा उष्ण वस्तुओं के साथ या उ[illegible] कियाहुआ सहत विषके समान मारने वाला होताहै॥ ३१७॥

(अवलेहः) प्रायेणोर्द्ध्वजत्रुजरोगहरत्वात्सायमुपयुज्यते॥ यतउक्तंचरकेण ऊर्द्ध्वजत्रुगदघ्नीयासासायमवलेहिका। अधोरोगहरीयासा भोजनात्प्राक्प्रयुज्यते। पौष्करंपुष्करमूलं तदलाभेकुष्ठंदेयम् शृंगीकर्कटशृंगी। व्योषंशुण्ठी पिप्पली मरि[illegible]॥ नि। यासोयवासः। केचिद्यासस्थाने यवानींप्रक्षिपन्ति। कारवीमंगरैला इतिलोके। अष्टांगावलेहिका॥ ३१८॥

अवलेह प्रायः हँसलीके ऊपर के रोगोंको दूर करताहै इसलिये सायंकालको देनाचाहिये क्योंकि चरकने कहा है कि जो अवलेह हँसली के ऊपर के रोगोंको दूर करता है वह सायंकाल को देना चाहिये और जो अवलेह नीचेके रोगोंको नाशकरताहै वह भोजनके पहलेदेवे॥ ३१८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्विन्नमामलकं पिष्ट्वा द्राक्षयासहमेलयेत् । विश्वभेषजसंयुक्तं मधुनासहलेहयेत् ॥ तेनास्यशाम्यतिश्वासः कासोमूर्च्छारुचिस्तथा । इति चतुरंगावलेहः ॥ ३१६ ॥

चतुरंगावलेह ॥

पके हुये आंवलोंको पीसकर दाख और सोंठ मिलाके सहतके साथ चाटे इससे श्वास खांसी तथा मूर्च्छा और अरुचि का नाश होता है ॥ ३१६ ॥

अथाञ्जनम् ॥

शिरीषबीजंगोमूत्रकृष्णामरिचसैन्धवैः । अञ्जनंस्यात्प्रबोधाय सरसोनाशिलावचैः ॥ (शिरीषबीजा) ॥ ३२० ॥

अञ्जन शिरीषबीजाद्यंजन ॥

सिरसके बीज, गोमूत्र, पीपल, मिर्च, सेंधानोन, लहसन, मैनसिल और वच इन औषधियों को पीसकर अंजन लगाने से रोगीको चैतन्यताहोतीहै ॥ ३२० ॥

अयोरजःश्वेतलोध्रं मरिचंचाञ्जनंतथा । गोमूत्रेणसमायुक्तंतन्द्रानाशनमुत्तमम् ॥ (लोहचूर्णाद्यञ्जनम्) अञ्जनंसम्यगारब्धं मधुसिन्धुशिलोषणैः । प्रमोहद्रोहिभवति भाषितंदण्डपाणिना ॥ ३२१ ॥

लोहचूर्णाद्यंजन ॥

लोहचूर्ण, सफ़ेदलोध और मिर्च इनको गोमूत्र में पीसकर अंजन करनेसे तन्द्राका नाशहोताहै सहत, सेंधानोन, मैनसिल और मिर्च इनको पीस अंजन लगानेसे मोहका नाशहोताहै ॥ ३२१ ॥

सतंविषञ्चमरिचंतुत्थकंनवसादरम् । चूर्णितंस्वरसैमर्द्यंधूर्त्तपत्ररसोनयोः ॥ सन्निपात[illegible]मूर्द्धिनलिम्पेत्पदोपरि । अस्थिव्यथास्वनेनैवलेपंकुर्यात्पदोपरि ॥ (पदम्पा[illegible]लोके) ॥ ३२२ ॥

इतिअंजन ॥

[illegible]पारा, विष, मिर्च, तूतिया और नौसादर इनको बराबर लेकर धतूरेके पत्ते और लहसनके रसमें [illegible]कर शिरमें और पैरोंपर लेपकरे इससे सन्निपातजनित मोहका नाशहोताहै और हड्डियों में [illegible]होय तोभी इसीका लेप पैरोंपर करना चाहिये ॥ ३२२ ॥

क्वाथ ॥

बिल्वःश्योनाकगम्भारीपाटलागणिकारिका । पित्तघ्नंवातकफहृत्पञ्चमूलमिदंमहत् ॥ [illegible]ालिपर्णीपृष्ठिपर्णीबृहतीकण्टकारिका । गोक्षुरुर्वातपित्तघ्नंकनीयःपञ्चमूलकम् ॥ उभ[illegible]शमूलंतत्पिप्पलीचूर्णसंयुतम् । सन्निपातज्वरंहान्तिहृद्कण्ठग्रहनाशनम् ॥ तन्द्रावात[illegible]शमूलंत[illegible] । महान्तियानिमूलानि काष्ठगर्भाणियानिच ॥ तेषान्तु कफातङ्कश्वासपार्श्वार्तिकासनुत् । अत्रबिल्वादीनांपञ्चानांमूलस्यवल्कलंग्राह्यम् ॥ (द[illegible]) वल्कलंग्राह्यंह्रस्वमूलानिकृत्स्नशः । [illegible]शमूलीक्वाथः) ॥ ३२३ ॥

क्वाथ दशमूलीक्वाथ ॥

बेल, सोनापाढा, गंभारी, पाटला, अरणी यह बृहत्पंचमूल कहलाताहै यह वात कफ तथा पित्त का नाशकहै शालिपर्णी, पृष्ठिपर्णी, दोनों भटकटैया और गोखुरू यह छोटा पञ्चमूल वात पित्तका

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नाशकहै यहदशों मिलकर दशमूल कहलातेहैं दशमूलका क्वाथ पीपलका चूर्णडालकर सेवनकरने से सन्निपातज्वर हृदय तथा कंठका अवरोध तंद्रा वात तथा कफके रोग श्वास पसलीकी पीड़ा और खांसीका नाश होताहै जिन वृक्षों की जड़ मोटी और भीतर काष्ठ से भरीहुई होय उनकी छाललेनी चाहिये और जिन वृक्षोंकी जड छोटी तथा भीतर काष्ठसे रहितहोय वह संपूर्ण लेनी चाहिये यहां बेल आदिक पांच वृक्षोंकी छाल लेनी चाहिये ॥ ३२३ ॥

दशमूलीकषायस्तुपिप्पलीपौष्करान्वितः। सन्निपातज्वरेदेयःश्वासकाससमन्विते ॥ (द्वादशाङ्गक्वाथः) ॥ ३२४ ॥

द्वादशांगक्वाथ ॥

दशमूल के काढ़ेमें पीपल और पुष्करमूल मिलाकर पानकरने से सन्निपातज्वर श्वास तथा खांसीका नाश होताहै ॥ ३२४ ॥

चिरज्वरेवातकफोल्बणेवात्रिदोषजेवादशमूलमिश्रः। किराततिक्तादिगणःप्रयोज्यःशुध्यर्थिनेवात्रिवृताविमिश्रः ॥ किराततिक्तादि। किराततिक्तकोमुस्तंगुडूचीविश्वभेषजम्। किरातादिर्गणोह्येषचातुर्भद्रकमित्यपि ॥ (इति चतुर्दशाङ्गक्वाथः) ॥ ३२५ ॥

चतुर्दशांगक्वाथ ॥

पुराने ज्वर में और अधिक वात कफवाले सन्निपातज्वर में दशमूल और किराततिक्तादिगण का क्वाथ देना चाहिये और जिसको दस्तदेने होयँ उसको निसोथ मिलाकर यह क्वाथदेवे चिरायता मोथा गिलोय और सोंठ इनको किराततिक्तादिगण और चातुर्भद्रक कहते हैं ॥ ३२५ ॥

दशमूलीशटीशृङ्गीपौष्करंसदुरालभम् ॥ भार्ङ्गीकुटजबीजञ्चपटोलंकटुरोहिणी ॥ अष्टादशांगइत्येषसन्निपातज्वरापहः। कासहृत्ग्रहपार्श्वार्त्तिश्वासहिक्कावमीहरः ॥ (अष्टादशांगक्वाथः) ॥ ३२६ ॥

अष्टादशांगक्वाथ ॥

दशमूल, कचूर, काकडासिंगी, पुष्करमूल, जवासा, भारंगी, इन्द्रजौ, परवल और कुट... अष्टादशांग क्वाथ सेवनकरने से सन्निपातज्वर, खांसी, हृदयका रुकना, श्वास, पसली की ... हिचकी तथा छर्दिका नाश होताहै ॥ ३२६ ॥

भूनिम्बदारुदशमूलमहौषधाब्दतिक्तेन्द्रबीजधनिकेभकणाकषायः। तन्द्राप्रलापक... सनारुचिदाहमोहश्वासत्रिदोषजनितज्वरनाशनःस्यात् ॥ (द्वितीयोऽष्टादशांगक्वाथः उक्तंचवङ्गसेनेन अष्टादशांगइत्येषमृत्युकल्पज्वरंजयेदिति ॥ ३२७ ॥

दूसराअष्टादशांगक्वाथ ॥

चिरायता, देवदारु, दशमूल, सोंठ, मोथा, कुटकी, इन्द्रजौ, धनियां और गजपीपल इनका क्वा... तन्द्रा, प्रलाप, खांसी, अरुचि, दाह, मोह, श्वास और सन्निपातज्वरका नाशकरताहै और वङ्गसेनने कहाहै कि यह अष्टादशांगनाम क्वाथ मृत्युके समान ज्वरको नाश करताहै ॥ ३२७ ॥

अथ सन्निपातज्वरेरसाः ॥

विषंत्रिकटुकंगन्धंटङ्कणंमृतशुल्बकम्। धत्तूरस्यचबीजानिहिंगुलंनवमंस्मृतम् ॥ एतानिसमभागानिदिनैकंविजयाद्रवैः। मर्दयेच्चणकाकाराःकर्त्तव्यावटिकाथसा ॥ भक्षणीया

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नुपातव्योरविमूलकषायकः। मृतसंजीवनीनाम्नासन्निपातज्वरान्तकृत्॥ इति मृतसंजीवनीवटिकासन्निपातज्वरेरसप्रदीपे॥ ३२८॥

सन्निपातज्वरपर रस॥

विष, त्रिकुट, गन्धक, सुहागा, तांबेकी भस्म, धतूरेके बीज और सिंगरफ इनसबको समभाग लेकर भांगके रसमें एकदिन खरलकरे और चनेके समान गोली बनावे इस गोलीको आककी जडके काथ के साथ सेवन करे यह मृतसंजीविनी नाम गोली सन्निपातज्वरकी नाश करनेवाली है (इति मृतसंजीविनी वटिका)॥ ३२८॥

शुद्धसूतंसमंगन्धं सूतांशंमृतताम्रकम्। त्रिभिस्तुल्यैर्गवांक्षीरैर्म्मर्द्दयेदातपेखरे॥ मर्द्दयेद्दिनमेकन्तुनिर्गुण्डीशिग्रुजद्रवैः। विधायगोलन्तंगोलमन्धमूषागतंपचेत्॥ त्रियामं बालुकायन्त्रेततःखल्वेविचूर्णयेत्। अष्टमांशंविषंतत्रक्षिपेत्तेनापिमर्द्दयेत्॥ त्रिनेत्राख्यो रसोह्येषदेयोगुञ्जाद्वयोन्मितः। पञ्चकोलकषायेणछागीदुग्धेनवासह॥ रसेनानेनभुक्तेन सन्निपातज्वरोमहान्। संक्षयंव्रजतिक्षिप्रंकर्त्तव्योनात्रसंशयः॥ इति त्रिनेत्ररसः। सन्निपातज्वरेरसप्रदीपे॥ ३२९॥ सन्निपात ज्वरपर त्रिनेत्र रस॥

शुद्धपारा, शुद्धगंधक और तांबेकी भस्म इन औषधियोंको समभाग लेकर इन्हीं के समान गौके दूध में मर्द्दन करके तीक्ष्ण धूपमें सुखावे फिर निर्गुण्डी और सहजन के काथ के द्वारा एकदिन मर्द्दन करे फिर गोला बनाकर अंध नाम घरियामें रखकर तीन पहर बालुकायन्त्रमें पाककरे इसके उपरान्त खरलमें पीस के अष्टमांश विष मिलाकर घोटले यह त्रिनेत्र नामरस पंचकोलके काढ़े अथवा बकरीके दूधके साथ दो रत्ती सेवन करना चाहिये इससे अत्यन्त कठिन सन्निपातज्वर का नाश होताहै इसमें कोई सन्देह नहींहै॥ ३२९॥

...षोडशनिष्कंस्यादारण्योपलसम्भवम्। मरिचंनिष्कमात्रञ्चविषंनिष्कंविचूर्णयेत्॥ रसोभस्मेश्वरोनामसन्निपातज्वरान्तकृत्। एकगुञ्जामितोभक्ष्यआर्द्रकस्यद्रवेण ... इति भस्मेश्वरोरसः। सन्निपातज्वरेरसेन्द्रचिन्तामणौ॥ ३३०॥

भस्मेश्वररस॥

अरनेकंडोंकी भस्म चौंसठ माशे मिर्च चार माशे और विष चार माशे इन सबको पीसकर एकरत्ती प्रमाण यह भस्मेश्वररस अदरकके रसके साथ सेवन करनेसे सन्निपातज्वरका नाश करताहै ३३०॥

द्वौकर्षौसूतकाद्ग्राह्यौगन्धकाद्द्वौतथैवच। यत्नतस्तूभयंमर्द्यंदिनंहंसपदीद्रवैः॥ कल्कस्यवटिकांकृत्वानिक्षिपेत्काचभाजने। कर्षैकममृतंतत्रक्षिप्त्वावक्त्रंनिरोधयेत्॥ कूपिकायाःपरोभागोबालुकाभिश्चपूरयेत्। सार्द्धयावदहोरात्रंतावत्तत्रपचेद्रसम्॥ यामपात्रोऽनलोदेयःस्वाङ्गशीतंसमुद्धरेत्। तोलार्द्धममृतंतत्रक्षिपेत्तावत्तथोषणम्॥ भक्षिरक्तिकामात्रोरसस्त्वग्निकुमारकः। सन्निपातज्वरंहन्याद्वातंमन्दाग्नितामपि॥ शूलञ्च ग्रहणींगुल्मंक्षयंजत्रुगदन्तथा। श्वासकासादिकान्सर्व्वान्गदानेषविनाशयेत्॥ इति अग्निकुमारोरसः। सन्निपातज्वरादिषुरसेन्द्रचिन्तामणौ॥ ३३१॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अग्निकुमाररस ॥

पारा और गन्धक दो २ तोले लेकर हंसपदी जड़ीके रसमें एकदिन घोंटे फिर उसकी गोली बनाकर शीशीमें रक्खे और उसी शीशीमें १ तोला विष छोड़कर शीशीका मुख बन्दकरदे और शीशीके दोनों ओर बालूभरके डेढ़ दिनतक अर्थात् बारह पहरतक दीपक के समान मन्द २ आंचदेवे फिर शीतल होजानेपै उसको निकाल कर आधे तोले विष और आधे तोले मिर्च मिलावे यह एक रत्ती सेवन करने से सन्निपातज्वर, वात, मन्दाग्नि, शूल, ग्रहणी, वायगोला, राजयक्ष्मा, पसलीके रोग, श्वास और खांसी आदिक सब रोगोंका नाशकहै ॥ ३३१ ॥

गन्धेशटंकमरिचंविषंधत्तूरजैर्द्रवैः । दिनंसंमर्दितंशुष्कंपञ्चवक्त्रोरसोभवेत् ॥ आर्द्रकस्यद्रवेणैषदातव्योरक्तिकामितः। सन्निपातज्वरेदेयोघोरेतद्दोषनाशनः ॥ पञ्चवक्त्रोरसः सन्निपातेरसेन्द्रचिन्तामणौ ॥ ३३२ ॥ पंचवक्त्ररस ॥

पारा, गन्धक, सुहागा, मिर्च और विष इनसब औषधियोंको धतूरे के पत्तोंके रसमें एक दिन घोटकर सुखालेवे यह पंचवक्त्र नाम रस अदरकके रसके साथ एकरत्ती प्रमाण सेवन करने से घोर सन्निपातज्वर का नाश करताहै ॥ ३३२ ॥

अमृतवराटकमरिचैर्द्विपञ्चनवभागयोजितैरचिता । वटिकामुद्गसमानाकफत्रिदोषाग्निमान्द्यहरी ॥ अमृतादिवटी ॥ ३३३ ॥

अमृतादि वटी ॥

विष २ भाग कौड़ीकी भस्म ५ भाग और मिर्च ९ भाग इनसबको मिलाकर मूंगके समान बनाई हुई गोली सेवन करने से कफ त्रिदोष और मंदाग्निका नाश करती है ॥ ३३३ ॥

अथ शीतज्वरेरसाः ॥

सूतकंगन्धकञ्चैवहरितालंमनःशिला: । एकनिष्कंद्विनिष्कञ्चचतुर्निष्कंत[illegible] ॥ पञ्चनिष्कंरसैःकारवेल्याःसम्यक्प्रकल्पयेत् । ताम्रपत्राणितुल्यानितेनकल्केनले[illegible] ॥ शरावसंपुटेतानिकृत्वातेषामुपर्य्यपि। दद्यात्तांपिष्टिकांपश्चात्पुटपाकेनपाचयेत् ॥ [illegible] संचूर्णयेदेवंरसःक्षौद्रेणभक्षितः । यवैकमात्रयाहन्तिघोरंशीतज्वरंध्रुवम् ॥ पाराटंक गन्धकटंक २ हरतालटंक ४ मनःशिलाटंक ४ ताम्रपत्रटंक १२ शीतज्वरारिः प्रदीपे ॥ ३३४ ॥ शीतज्वरपररस ॥

पारा ४ माशा गंधक ८ माशा हरिताल १६ माशा और मैनसिल २० माशा इन औषधियों[illegible] करेलीके रसमें पीसले फिर उन्हीं औषधियोंके समान तांबेके पात्रोंपर औषधियोंका लेप करदे फिर सकोरेमें इनपत्रोंको रखकर सकोरेसेही बन्दकरदे और उसके ऊपरभी इन्हीं औषधियोंका लेपकरके पुटपाकमें पाककरे फिर पीसकर एकजौंके प्रमाण इसरसको सहतके साथ खानेसे निस्सन्देह घो[illegible] शीतज्वरका नाशहोताहै ॥ ३३४ ॥

पारदंगन्धकञ्चैव तुल्यञ्चदरदंविषम्। विषादष्टगुणंयोज्यं मरिचंविश्वभेषजम् ॥ अ[illegible] गन्धाथविजयाकासमर्दःकठिल्लकः । चतुर्णाञ्चरसैरेतैश्चूर्णान्येतानिमर्दयेत् ॥ तुलस्या

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्तुदलैःसार्द्धंभक्षितोरक्तिकामितः। हन्तिशीतज्वरंघोरं नाम्नायंशीतकेशरी ॥ ३३५ ॥

शीतकेशरीरस ॥

पारा, गन्धक, तूतिया, सिंगरफ और विष यह समभाग और विषसे अठगुनी मिर्च तथा सोंठ इन औषधियोंको असगन्ध, भंग, कसौंदी और करेला इन चारोंके रसमें घोटे एकरत्तीके प्रमाण यह शीत केशरीनाम रस तुलसीदलके साथ खानेसे घोर शीतज्वर को नाश करताहै ॥ ३३५ ॥

तालकंतुत्थकंताम्रंसूतगन्धकटङ्कणम्। सर्व्वमेतत्समंचूर्णंकारवेल्लीरसद्रवैः॥ दिनैकंमर्द्दयेत्तेनरसकर्द्दमकेनतु। ताम्रस्यभाजनस्यान्तर्लिंपेदर्द्धांगुलोन्मितम्॥ तत्पचेद्वालुकायन्त्रेयवायावत्स्फुटन्तिहि। शीतलंतद्विगृह्णीयात्ताम्रपात्रोदराद्भिषक्॥ शीतभंजीरसोमाषमात्रेमरिचसंयुतः। भक्षितःपर्णखण्डेननाशयेद्विषमज्वरान्॥ इति शीतभंजीरसः। रसेन्द्रचिन्तामणौ॥ ३३६ ॥

शीतभंजी रस ॥

हरताल, तूतिया, तांबा, पारा, गन्धक और सुहागा इन सब बराबर औषधियोंको पीसकर करेलेके रस में एक दिनतक खरल करके लुगदी बनाले फिर किसी तांबेके पात्रके भीतर आध अंगुल मोटा लेप करदे और बालुकायन्त्र में पाककरे यन्त्रपर जौ रखदे जब देखे कि जौ फूटगये तब उतार ले और शीतल होजानेपर तांबेके पात्रमें से औषध को छुडाले यह एकमाशे प्रमाण शीतभंजी रस मिर्च और पानके साथ खानेसे विषमज्वरों को नाशकरताहै ॥ ३३६ ॥

तालकोदरदोद्भूतःपारदोगन्धकःशिला। क्रमाद्भागार्द्धरहितंकारवेल्यम्बुमर्दितम्॥ अनेन[illegible]प्रमाणेनताम्रपात्रंप्रलेपयेत्। अधोमुखंदढेभाण्डेतन्निरुध्याथपूरयेत्॥ चुल्यां बा[illegible]घस्रमग्निंप्रज्वालयेदधः। शीतंसंचूर्ण्यमाषोऽस्यनागवल्लीदलेस्थितः॥ भक्षितो[illegible]ःसार्द्धंसमस्तविषमज्वरान्। शीतदाहादिकांहन्तिपथ्यंशाल्योदनम्पयः॥ इति [illegible]जीरसः। शीतज्वरादिविषमज्वरेषुरसरत्नप्रदीपे॥ ३३७ ॥

दूसरा शीतभंजी रस ॥

हरताल ४ भाग सिंगरफ से निकालाहुआ पारा २ भाग गन्धक १ भाग और मैनसिल आधा [illegible]ग इनसब औषधियों को करेले के रस में मर्दन करे और इन्हीं औषधियों के बराबर तांबेके पत्रों [illegible] सब पिसीहुई औषधियों का लेप करदे फिर किसी पात्रमें इनको रखकर दूसरे पात्रसे बन्दकरदे [illegible]र संधियों पर लेपकरदे फिर बालुकायन्त्र में उसके नीचे एक दिनतक आंचदे और शीतल हो जाने पर चूर्णकर एक उर्द के प्रमाण यह रस पान और मिर्च के साथ खाय यह शीत दाहादिक सम्पूर्ण विषमज्वरोंको नाशकरताहै इसमें दूध भातका पथ्य करनाचाहिये ॥ ३३७ ॥

कट्फलंत्रिफलादारुचन्दनंसपरूषकम्। कटुकापद्मकोशीरंविपचेत्कर्षकञ्जले॥ त्रि[illegible]षदाहतृष्णाघ्नंपानमात्रेप्रपूजितम्। दीर्घकालज्वरार्त्तानामेतत्स्याद्मृतोपमम्॥ कर्षकट्फलाद्युशीरान्तानांसमुदितानांजलेप्रस्थमितेविपचेत्। अर्द्धशेषंकट्फलादिपानंतृष्णायांदाहेच॥ ३३८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तृषा और दाहमें कट्फलादिपान ॥

कायफल, हड, बहेडा, आंवला, देवदारु, चन्दन, फालसा, कुटकी, पद्माक, खस इनसब मिलीहुई एक तोले औषधियोंको लेकर चौंसठ तोले जल में परिपाककरने से जब आधा रहजाय तब लेले यह पान करनेसे त्रिदोष, दाह, तृषा इनको नाश करता है और बहुत कालके पुराने ज्वरवालोंको अमृत के समान है ॥ ३३८ ॥

सन्निपातेतुदाहार्त्तंयःसिञ्चेच्छीतवारिणा। आतुरःसकथंजीवेद्भिषग्वासकथम्भवेत्॥ एषसन्निपातिनोदाहेशीताम्बुशेकनिषेधोरुग्दाहादन्यत्रतत्रवाप्यवगाहनस्योक्तत्वात्॥३३९॥

सन्निपातमें दाहसे पीडित मनुष्यको जो शीतल जलसे सींचता है वह वैद्य नहीं होसक्ताहै और वह रोगी नहीं जीसक्ताहै सन्निपातवालेको दाहमें शीतल जलसे सींचनेका यह निषेध रुग्दाह सन्निपातको छोडकर अन्यसन्निपातोंमें जाननाचाहिये क्योंकि रुग्दाहमें वापी का स्नान लिखा है ॥ ३३९ ॥

अथान्नमाह ॥

दुःस्पर्शगोक्षुरक्षुद्रासिद्धमाहारमर्पयेत्। दोषशान्तिबलाग्न्यर्थंत्रिदोषज्वरिणेभिषक्॥ दुःस्पर्शोयवासःआहारमुचितमन्नम्। लाजसक्तून्समश्नीयात्सैन्धवेनसमन्वितान्। तेचजीर्यन्त्यविघ्नेनज्वरीजीवेत्तदाध्रुवम्॥ इतिकेचित्॥ रक्तपित्तहितत्वेनतृषादाहज्वरेषुच। लाजानांशक्तवःशीतानेवतेऽत्रहितामताः॥ पाचनोदीपनःस्वेद्योलाजमण्डोयतःस्मृतः। दशमूलादिसंसिद्धःसन्निपातज्वरेहितः॥ ३४०॥

सन्निपातवालेको देनेके योग्य अन्न ॥

सन्निपातवालेको दोषकी शांतिके लिये और बल तथा अग्निकी वृद्धिके लिये जवासा गोखरू और भटकटैयाके द्वारा सिद्ध अन्न खानेकोदे कोई कहते हैं कि ज्वरवाला सैंधवयुक्त खीलके [illegible]जाय और वह जो सुखपूर्वक पचजांय तो रोगी अवश्यजीताहै खीलों के सत्तू शीतल होतेहैं इस[illegible]ह रक्तपित्त, तृषा और दाहयुक्त ज्वरमें हितकारी हैं परन्तु सन्निपातज्वरमें नहीं खीलोंकामांड[illegible]न पाचन और स्वेदकारी होताहै इसलिये दशमूल आदिकोंके क्वाथ के द्वारा सिद्ध कियाहुआ [illegible]का मांड देना हितहै ॥ ३४० ॥

सन्निपातज्वरीयस्तुकम्पतेप्रलपत्यपि। किंचिदेवनजानातिचिकित्सातस्यकथ्यते अभ्यञ्जयेत्पुराणेनसर्पिषापूर्वमेवतम्। वलारास्नागुडूच्याद्यैस्तैलैश्चपरिषेचयेत् वर्त्तकोवर्त्तिकालावो वार्त्तीकास्तेतित्तिरिःशशः। कुलिंगश्चरसेनैषां तर्पयेतयथानलम् वर्त्तकःवटेरि इतिलोके। वर्त्तिकावटे इतिलोके। वार्त्तीकोवात चटकेति निघण्टुः। व[illegible]रा इतिलोके। कुलिंगःगवरैआ इतिलोके॥ सन्निपातेक्षुधार्त्तंयो भोजयेत्पिशितोदनम्। सकथंभिषगाख्यन्तु लभतेमनुजाधमः॥ ३४१॥

जो सन्निपात ज्वरवाला कांपता हो अनर्थक वचन कहताहो और संज्ञारहितहो उसकोपहले पुराने घीसे मर्दन करके बरियारा रासना और गिलोय आदिके तेलसे सींचे फिर बटेर बटई लवा बात चटक तीतर खरगोश और गौरैया इनके मांसकेरससे, अग्निके बलके अनुसार तृप्तकरावे सन्निपातज्वरमें भूखे रोगीको जो वैद्य मांसकेसाथ भात खिलाताहै वह अधम मनुष्य वैद्यनामको कैसे पासक्ताहै ॥ ३४१॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ वातोल्बणसन्निपातज्वरस्य चिकित्सा ॥

पञ्चमूलीकषायन्तु दद्याद्वातोल्बणेज्वरे । भृशोष्णंवासुखोष्णंवा दृष्ट्वादोषबलाबलम् । पञ्चमूलीमहतीप्रथमप्राप्तायास्त्यागेवचनाभावात् ॥ ३४२ ॥

वातोल्बण सन्निपात की चिकित्सा ॥

अधिक वातवाले सन्निपात में बडे पंचमूल का क्काथ दोषों के बलके अनुसार बहुत अथवा थोडा उष्ण पान करावै ॥ ३४२ ॥

अथ पित्तोल्बणसन्निपातज्वरस्यचिकित्सा ॥

परूषकञ्चत्रिफलादेवदारुचकट्फलम् । चन्दनंपद्मकंचैव तथाकटुकरोहिणी ॥ पृष्ठिपर्णीशृतंत्वेतिरूषितंशीतलंजलम् । पित्तोत्तरेनृणामेतत्सन्निपाताचिकित्सितम् ॥ परूषादिक्काथः ॥ ३४३ ॥ पित्तोल्बण सन्निपात की चिकित्सा ॥

फालसा, त्रिफला, देवदारु, कायफल, लालचन्दन, पद्माक, कुटकी और पृष्ठपर्णी इन औषधियों का क्काथ बासी करके शीतल पान करने से पित्तोल्बण सन्निपात का नाशहोताहै इति परूषादि क्काथ ॥ ३४३ ॥

किराततिक्तकंमुस्तंगुडूचीविश्वभेषजम् । पाठोदीच्यंमृणालञ्चशृतंपित्ताधिकेपिबेत् ॥ इतिकिराताादिसप्तकम् ॥ ३४४ ॥

चिरायता, मोथा, गिलोय, सोंठ, पाठा, सुगन्धबाला और कमल की डंडी इनका क्काथ अधिक पित्तवाले सन्निपात में पीना चाहिये इति किराताादि सप्तक ॥ ३४४ ॥

अथ कफोल्बणसन्निपातज्वरस्यचिकित्सा ॥

बृ[illegible]पौष्करंभार्ङ्गीशटीशृंगीदुरालभा । वत्सकंस्यतुबीजानिपटोलंकटुरोहिणी ॥ बृहत्[illegible]गणःशस्तःसन्निपातकफोत्तरे ॥ श्वासादिषुचसर्व्वेषुहितःसोपद्रवेष्वपि ॥ (इति बृह[illegible]ादिः) ॥ ३४५ ॥ कफोल्बण सन्निपात की चिकित्सा ॥

[illegible]दोनों भटकटैया, पुष्करमूल, भारंगी, कचूर, काकडासिंगी, जवासा, इन्द्रजौ, परवल और कुटकी [illegible] बृहत्यादि गणका क्काथ श्वासादिक सब उपद्रवों सहित अधिक कफवाले सन्निपातज्वर में श्रेष्ठ [illegible] इति बृहत्यादि क्काथ ॥ ३४५ ॥

अथ वातपित्तोल्बणसन्निपातज्वरचिकित्सा ॥

[illegible]त्तहरंवृष्यंकनीयस्पञ्चमूलकम् । तत्क्काथोमधुनाहन्तिवातपित्तोल्बणंज्वरम् ३४६

वात पित्तोल्बणसन्निपातकी चिकित्सा ॥

छोटा पंचमूल, वात पित्तनाशक और पुष्टिकारी होताहै इसलिये इसका क्काथ सहत डालकर पीने से अधिकवात पित्तवाले सन्निपातका नाश करताहै ॥ ३४६ ॥

अथ वातश्लेष्मोल्बणसन्निपातज्वरचिकित्सा ॥

किराततिक्तकम्मुस्तंगुडूचीविश्वभेषजम् । चातुर्भद्रकमित्याहुर्व्वातश्लेष्मोल्बणे ज्वरे ॥ चतुर्भद्रकःक्काथः ॥ ३४७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वात कफोल्बण सन्निपातकी चिकित्सा ॥

चिरायता, मोथा, गिलोय और सोंठ इन औषधियोंकाक्काथ अधिक वात कफवाले सन्निपात में देनाचाहिये इति चातुर्भद्रकक्काथ ॥ ३४७ ॥

अथ पित्तश्लेष्मोल्बणसन्निपातज्वरचिकित्सा ॥

पर्पटःकट्फलंकुष्ठमुशीरंचन्दनंजलम् । नागरंमुस्तकंशृङ्गीपिप्पल्येषांशृतंहितम् ॥ तृष्णादाहाग्निमान्द्येषुपित्तश्लेष्मोल्बणेज्वरे । पर्पटादिक्काथः ॥ ३४८ ॥

पित्त कफोल्बण सन्निपातकी चिकित्सा ॥

पित्तपापडा, कायफल, कूट, खस, लालचन्दन, सुगन्धबाला, सोंठ, मोथा, काकडासिंगी और पीपल इन औषधियोंका क्काथ. तृषा, दाह, मन्दाग्नि और अधिक पित्त कफवाले सन्निपातमें हितहै इति पर्पटादि क्काथ ॥ ३४८ ॥

अथ वातपित्तश्लेष्मोल्बण सन्निपातज्वरचिकित्सा ॥

नागरंधान्यकंभार्ङ्गीपद्माकंरक्तचन्दनम् । पटोलःपिचुमन्दश्चत्रिफलामधुकंबला ॥ शर्कराकटुकामुस्तंगजाह्वाव्याधिघातकः । किराततिक्तममृतादशमूलीनिदिग्धिका ॥ योगराजोनिहन्त्येषसन्निपातंत्रिकोल्बणम् । सन्निपातसमुत्थानंमृत्युमप्यागतंजयेत् ॥ गजाह्वागजपिप्पली । व्याधिघातकिरवालाकिराततिक्तंद्वैगुणयार्थपृथक्पठितम् ॥ इति योगराजक्काथः ॥ ३४६ ॥

वात पित्त कफोल्बण सन्निपातकी चिकित्सा ॥

सोंठ, धनियां, भारंगी, पद्माक, लालचन्दन, परवल, नींब, त्रिफला, मुलहठी, बरियारा, शक्कर, कुटकी, मोथा, गजपीपल, अमलतास, चिरायता, गिलोय, दशमूल और भटकटैया इन औषधियों के द्वारा क्काथ बनाकर पीनेसे तीनों दोषोंकी अधिकतासे युक्त सन्निपातज्वर का नाश होताहै अथ सन्निपात के द्वारा आईहुई मृत्युको भी जीतताहै इतियोगराजक्काथ ॥ ३४६ ॥

अथ प्रवृद्धमध्यहीनवातादिजनितसन्निपातज्वराणां चिकित्सामाह ॥

प्रवृद्धंकर्षयेद्दोषंक्षीणंसंवर्द्धयेद्भिषक् । चिकित्सेयंविधातव्यादोषयोर्वृद्धहीनयोः । अस्यमर्थः । प्रवृद्धंदोषंकर्षयेत् । तत्क्षयहेतुभिरौषधान्नविहारैःकृशीकृत्यसमीकुर्य्यात् क्षीणंदोषंसंवर्द्धयेत् । तद्वृद्धौहेतुभिरौषधान्नविहारैर्व्वर्द्धयित्वासमीकुर्य्यादित्यर्थः । प्रवृद्धेशमितेदोषेमध्यमःस्वयमेवहि । शान्तिंयातिशमन्नीतेऽनुबन्धेत्वनुबन्धवत् । अस्यायमर्थः । वर्षासुवायुरनुबन्ध्यःप्रधानमितियावत् । पित्तश्लेष्माणावनुबन्धौवायोरनुचरौ ॥ शरदिपित्तमनुबन्ध्यःकफोऽनुबन्धः । वसंतेकफोऽनुबंध्योवातपित्तेऽनुबन्धौ । तत्रयथानुबन्ध्येप्रशमंनीतेऽनुबन्धःस्वयमेवशान्तिंयाति ॥ तथाप्रवृद्धेदोषेशमितेह्रासयित्वासमीकृतेमध्यमोदोषः । हिनिश्चयेनस्वयमेवशान्तिंयातिप्रकृतोभवतीत्यर्थः ॥ ३५० ॥

अधिक मध्य तथा हीन वातादि दोषवाले सन्निपातोंकी चिकित्सा ॥

जो दोष अधिक होय उस दोषको उसी दोषके क्षीण करनेवाली औषध अन्न तथा विहारकेद्वारा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्षीण करके सम ... और जो दोष क्षीणहोय उसको उसके बढ़ानेवाली औषध अन्न तथा विहारके द्वारा बढ़ाकर समकरे जैसे प्रधानके शान्त होजानेपर अप्रधानभी शान्त होजाताहै उसीप्रकार बढ़ हुए दोषके शान्त होजानेपर मध्यम दोष आपही शान्त होजाताहै इसका यह तात्पर्य्यहै कि वर्षाकाल में वायु प्रधान और पित्त तथा कफ उसके अनुचर अर्थात् अप्रधान शरद् ऋतुमें पित्त प्रधान और वात तथा कफ अप्रधान वसन्तऋतुमें कफप्रधान और वात तथा पित्त अप्रधान इन ऋतुओं में जैसे प्रधानके शान्त होजानेपर अप्रधान शान्तहोजातेहैं उसीप्रकार बढ़ेहुए दोषके शान्तहोकर समहोजा-नेपर मध्यम दोष निस्संदेह आपही शान्त होजाताहै ॥ ३५० ॥

अथ शीतांगादीनांसन्निपातज्वराणांत्रयोदशानांविशिष्टापिचिकित्सा ॥

तत्रशीताङ्गस्यचिकित्सामाह ॥

भास्वन्मूलंजीरकव्योषभार्ङ्गीव्याघ्रीशुण्ठीपुष्करंगोजलेन । सिद्धंसद्यःशीतगात्रार्त्ति मोहश्वासश्लेष्मोद्रेककासान्निहन्ति ॥ भास्वन्मूलंअर्कमूलम् ॥ कर्कोटिकाकन्दरजःकुलत्थः कृष्णावचाकट्फलकृष्णजीरैः । किराततिक्तानलकट्फलाम्बुपथ्याभिरुद्वर्त्तनमत्रशस्त म् ॥ कर्कोटिकाकन्दरजःखेखसामूलरजः । रसविषमरिचमहेशप्रियफलभस्मैकभूचत र्वसुभिः । भागैर्म्मितमुद्धूलनमिदमतिस्वेदशैत्यहरम् ॥ ३५१ ॥

शीतांगादिक तेरहसन्निपातोंकी विशेष चिकित्सा कहीजातीहै ॥

शीतांगकी चिकित्सा ॥

आककी जड, जीरा, त्रिकटु, भारंगी, भटकटैया, सोंठ, पुष्करमूल इन औषधियोंको गोमूत्रके द्वारा सिद्ध करके सेवन करनेसे शीघ्रही शीतांग, मोह, श्वास, कफकी वृद्धि और खांसीका नाश होताहै बांझ ककडीकी जडका चूर्ण, कुलथी, पीपल, वच, कायफल, काला जीरा, चिरायता, चीता, कायफल, सु-गंधबाला और हड इन औषधियोंको पीसकर शरीरमें मलनेसे हित होताहै पारा १ भाग विष २ भाग मिर्च ४ भाग और धतूरेका फल ८ भाग इन औषधियोंको शरीरमें मलनेसे अत्यन्त स्वेद और शी-तका नाश होताहै ॥ ३५१ ॥ अथ तंद्रिकस्यचिकित्सा ॥

... क्षुद्रामृतापौष्करनागराणि श्रृतानिपीतानिशिवायुतानि । शुण्ठीकणागस्तिरसोषणा ... मरिचकचपञ्चपचावचारुक्क्रिमिहरनागरशर्व्वरीगवा ...ननस्येनतन्द्राविजयोल्बणानि ॥ मरिचकचपञ्चपचावचारुक्क्रिमिहरनागरशर्व्वरीगवा ...क्ष्यः । छगलकजलकलिकतानितान्तंनसिनिहितानन्नुतन्द्रिकंजयन्ति ॥ कचः बालकः पञ्चपचादारुहरिद्रा । रुक् कुष्ठम् कृमिहरःविडंगःशर्व्वरी हरिद्रा गवाक्षी इन्द्रवारुणी ॥ नसिनानासिकायाम् । तुरंगलालालवणोत्तमेन्दुमनःशिलामागधिकामधूनि ॥ नियोजिता न्यक्षिणिनिश्चितञ्चतन्द्राञ्चनिद्राञ्चनिवारयन्ति । लवणोत्तमंसैन्धवं इन्दुः कर्पूरः ॥ निद्रामतिनिद्राम् ॥ ३५२ ॥

तंद्रिककी चिकित्सा ॥

भटकटैया, गिलोय, पुष्करमूल और सोंठ इनऔषधियों का क्वाथ हडडालकर पीना चाहिये सोंठ, पीपल, मिर्च और अगस्तके फूलकारस इनको मिलाकर नासलेनेसे तंद्राका नास होताहै मिर्च, सुगन्धबाला, दारुहल्दी, वच, कूट, बायबिडंग, सोंठ, हल्दी और इन्द्रायण इनऔषधियोंको बकरेके म-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त्रमें पीसकर न सलेनेसे तंद्राका नाशहोताहै घोडेकीलार, सेंधानोन, कपूर, मैन ल और पीपल इन औषधियों ो सहत के साथ नेत्रोंमें लगानेसे निस्सन्देह तन्द्रा और अ न्त निद्राका नाश होताहै ॥ ३५२ ॥

अथ प्रलापकस्यचिकित्सा ॥

सतगरवरतिक्तारेवताम्भोदतिक्ता नलदतुरगगन्धाभारतीहारहूराः ॥ मलयजदशमूलीशङ्खपुष्पीसुपक्वाःप्रलपनमपहन्युःपानतोनातिदूरात् ॥ वरतिक्तोऽत्रपर्पटीनतुमहानिम्बस्तन्त्रान्तरानुरोधात् नलदं लामज्जकं तदलाभादुशीरंग्राह्यम् भारतीब्राह्मी वरम्भीइतिलोके ॥ हारहूराद्राक्षा ॥ सान्त्वनैरञ्जनैस्तीक्ष्णैर्नस्यैस्तिमिरसेवनैः । सर्व्वतोविकृतंचित्तमस्यप्रकृतिमानयेत् ॥ ३५३ ॥

प्रलापकी चिकित्सा ॥

तगर,पित्तपापडा,अमलतास,मोथा,कुटकी,लामज्जक,असगन्ध,ब्राह्मी,दाख,चन्दन, दशमूलऔर शंखपुष्पी इनऔषधियोंका क्काथ पानकरनेसे शीघ्रही प्रलापक,सन्निपातका नाश होताहै(तसल्ली)अंजन तीक्ष्ण नस्य और अन्धकारका सेवन इनसबसे सबप्रकारकरके बिगडेहुए चित्तको प्रकृतिमेंलावे३५३॥

अथ रक्तष्ठीविनश्चिकित्सा ॥

रोहिषधन्वयवासकवासापर्पटगन्धलताकटुकाभिः । शर्करयासममेषकषायःक्षतजष्ठीविनउग्रदुपायः ॥ रोहिषम् सुगन्धतृणविशेषः । रोहिसइतिलोके । गन्धलता प्रियंगू ॥ पद्मकचन्दनपर्पटमुस्तं जातीजीवकचन्दनवारि । क्लीतकनिम्बयुतंपरिपक्वंवारिभवेदिहशोणितहारि ॥ क्लीतकं यष्ठीमधुकम् । मधुकमधूकपरूषकपाथश्चन्दनपल्लवदारुसनाथः ॥ श्रीपर्णीफलशीतकषायःसासितइहस्यादस्रजयाय । इहरक्तष्ठीविनिपल्लवपत्रकं पाथः वालः श्रीपर्णी गम्भारी ॥ ३५४ ॥

रक्तष्ठीवीकी चिकित्सा ॥

रोहिष (सुगन्धितृणविशेष) जवासा, बांसा, पित्तपापडा, प्रियंगु और कुटकी इनऔषधियों क्काथ शक्कर डालकरपीनेसे क्षतसेहुए रक्तष्ठीवी सन्निपातका नाश होताहै पद्माक, लालचन्दन,पित्तपापडा, मोथा, चमेली, जीवक, श्वेतचंदन, सुगन्धबाला, मुलहठी और नींब इनऔषधियोंके क्काथके पीनेसे रक्तष्ठीवी सन्निपातके रुधिरका नाश होताहै मुलहठी, महुआ, फालसा, सुगन्धबाला, लालचंदन, तेजपात, देवदारु, गंभारी इनऔषधियोंका शीतल कषाय शक्करडालकर पीनेसे रक्तष्ठीवी सन्निपातका नाश होता है ॥ ३५४ ॥

अथ भुग्ननेत्रस्यचिकित्सा ॥

तुरंगगन्धालवणोग्रगन्धामधूकसारोषणमागधीभिः । वस्ताम्बुशुण्ठीलशुनान्विताभिर्नस्यंकृशंभुग्नदृशंकरोति ॥ ३५५ ॥

भुग्ननेत्रकी चिकित्सा ॥

असगन्ध, सेंधानोन, वच, महुएकासाग, मिर्च, पीपल, सोंठ और लहसन इनऔषधियोंको बकरेके मूत्रमें पीसकर नासलेनेसे भुग्ननेत्र सन्निपातका नाश होताहै ॥ ३५५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथाभिन्यासस्यचिकित्सा ॥

शृंगीभार्ङ्ग्यभयाजाजीकणाभूनिम्बपर्पटाः। देवदारुवचाकुष्ठयासकट्फलनागरैः॥ मुस्तधान्याकतिक्तेन्द्रयवपाठाहरेणुभिः। हस्तिपिपल्यपामार्गपिप्पलीमूलचित्रकैः॥ विशालारग्वधारिष्टशटीवाकुचिकाफलैः। विडंगरजनीदार्वीयवानीद्वयसंयुतैः॥ समांशैर्विहितःक्काथोहिङ्ग्वार्द्रकरसान्वितः। अभिन्यासज्वरंघोरंहन्तितन्द्राञ्चतत्क्षणात्॥ प्रमेहंकर्णशूलञ्चसन्निपातांस्त्रयोदश। हिक्कांश्वासञ्चकासञ्चतथासर्व्वानुपद्रवानितिशृंग्यादिक्काथः॥ ३५६॥

अभिन्यास की चिकित्सा॥

काकडासिंगी, भारंगी, हड, कालाजीरा, पीपल, चिरायता, पित्तपापडा, देवदारु, वच, कूट, जवासा, कायफल, सोंठ, मोथा, धनियां, कुटकी, इंद्रजौ, पाठा, रेणुका, गजपीपल, लटजीरा, पीपलामूल, चीता, इंद्रायण, अमलतास, नींब, कचूर, बकुची, बायबिडंग, हल्दी, दारुहल्दी दोनोंअजवाइन इनसब बराबर, औषधियोंका क्काथ हींग और अदरकका रस मिलाकर पीनेसे घोर अभिन्यास, तंद्रा, प्रमेह, कानकीपीडा तेरह सन्निपात, हिचकी, श्वास, खांसी और सबप्रकारके उपद्रवोंका नाशहोताहै इतिशृंग्यादिक्काथ ३५६

अथ जिह्वकस्यचिकित्सा॥

किराततिक्ताकुलकृत्कुलिंजंकर्चूरकृष्णाकटुतैलयुक्तः॥ अम्लद्रवःसंशमयेद्रसज्ञादोषांस्तुतोदाशरथिर्यथात्र॥ आकुलकृत्अकरकरहाइतिलोके। अम्लद्रवःबीजपूरादिरसःइतिकिरातादिकवलः॥ ३५७॥

जिह्वककी चिकित्सा॥

चिरायता, अकरकरहा, इन्द्रजौ, कचूर, पीपल और कडुआतेल इनसबको निंबूआदिके रस में मिलाकर कवलग्रहण करने से जैसे स्तुति कियेगये श्रीरामचन्द्रजी दोषोंको नाशकरते हैं उसीप्रकार यहभी दोषोंको नाशकरताहै इति किरातादिकवल॥ ३५७॥

शालूरपर्णीमालूरमूलामयमधुप्लुता। शङ्खपुष्पीसहितासेव्यावाचांविशुद्धये (पर्ण्यादिः अवलेहः) शालूरपर्णीब्राह्मीमालूरमूलंबिल्वमूलंआमयःकुष्ठम्॥ ३५८॥

ब्राह्मी, बेलकीजड, कूट और शंखपुष्पी इनऔषधियोंको पीसकर सहतके साथ चाटने से वाणी शुद्धहोती है इति शालूरपर्ण्यादि अवलेह॥ ३५८॥

क्षुद्रानागरपुष्कराम्रतलताब्राह्मीवचासुव्रता भार्ङ्गीवासकयासतोयसुरसाक्काथोजयेज्जिह्वकम्। विश्वावर्मविभावरीयुगवरावत्सादनीवारिद व्याघ्रीनिम्बपटोलपुष्करजदारुग्दारुभिर्वाकृतः॥ पुष्करम्पुष्करंमूलं तथाचामरसिंहः। मूलेपुष्करकाश्मीरपद्मपत्राणिपौष्करे। सुव्रतागन्धपलाशीकाशमीरेप्रसिद्धा। सुरसातुलसीविश्वादियोगान्तरवर्मः पर्पटःविभावरीयुगंहरिद्रादारुहरिद्राच। वरात्रिफला। वत्सादनी गुडूची। व्याघ्रीकण्टकारिका॥ ३५९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भटकटैया, सोंठ, पुष्करमूल, गिलोय, ब्राह्मी, वच, गन्धपलाली, भारंगी, बां..., जवासा, सगन्धबाला और तुलसी इन औषधियोंका क्वाथ जिह्वक सन्निपात को नाशकरताई सोंठ, पित्तपापडा, हल्दी, दारुहल्दी, त्रिफला, गिलोय, मोथा, भटकटैया, नींब, परवल, पुष्करमूल, कूट और देवदारु इनका क्वाथ जिह्वक सन्निपातका नाश करताहै ॥ ३५९ ॥

अथ सन्धिकस्यचिकित्सा ॥

शटीसुरतरूत्तमास्थविरदारुरास्नाःसमाः सनागरसुधान्विताःपिबशतावरीसंयुताः । मृदुज्वलनपाचिताःसहपुरेणसन्धिग्रह व्यथापहतयेवृथाशिशिरसेवनंमाकृथाः ॥ उत्तमा त्रिफलास्थविरदारुविधाराइतिलोके । सुधागुडूचीपुरोगुग्गुलुः । वचाकवचकच्छुरास हृचरामृताभंगुरा । सुराह्वघननागराऽतरुणदारुरास्नापुराः । वृषातरुणभीरुभिःसह भवन्तिसन्धिग्रह व्यथोरुजडिमक्लमभ्रमणपक्षघातद्रुहः ॥ कवचःपर्पटकःकच्छुरायवासः । भंगुराअतिविषासुराह्वोदेवदारु । अतरुणदारुवृद्धदारुपुरोगुग्गुलुः । वृष बृहद्दन्तीएरण्डवत्पत्रविटपा । तदलाभेदन्तीचग्राह्यासमानगुणत्वात् ॥ तरुणःएरण्डःभीरुः शतावरी॥ सुरदारुशटीसुधालतासुवहाशुण्ठियुताःशृताजलेनासपुराःशमयन्तिसेविताः सततंसन्धिगतंसदागतिम् ॥ (सुवहारास्ना)मुस्तैरण्डप्राणदाबाणदारुछिन्नाशास्नाभारु कर्चूरतिक्ताः । वासाविश्वापञ्चमूलाश्वगन्धा हन्युर्मन्यास्तम्भसन्धिग्रहार्त्तीः । प्राणदा हरीतकीबाणःनीलपुष्पसहचरः । तिक्ताकटुकी ॥ ३६० ॥

संधिग की चिकित्सा ॥

कचूर, देवदारु, त्रिफला, बिधारा, रासना सोंठ, गिलोय और शतावर इनऔषधियों का मन्द अग्नि में क्वाथ करके गूगल डाल संधिग सन्निपात में पीडाके नाशकरने के लिये पीनाचाहिये और शीत का सेवन न करना चाहिये अथवा वच, पित्तपापडा, जवासा, झिंटी, गिलोय, अतीस, देवदारु, मोथा, सोंठ, बिधारा, रासना, गूगल, बडीदन्ती (इसके न मिलने में दन्ती लेनीचाहिये) रेंडी और शतावर इनऔषधियोंका क्वाथ संधिग्रह, पीडा, पेट का भारीपन, ग्लानि, भ्रान्ति और पक्षाघातको नाश...ताहै अथवा देवदारु, कचूर, गिलोय, रासना और सोंठ इनका क्वाथ गूगल डालकर पीनेसे सन्धियों में ...ी हुई वातकी पीडा का नाशकरताहै अथवा मोथा, रेंडी, हड, झिंटी, देवदारु, गिलोय, रासना, शता..., कचूर, कुटकी, बांसा, सोंठ, पंचमूल और असगन्ध इन औषधियों का क्वाथ सेवन करने से ग... पीछे की नसका जकडना और संधिग्रहका नाश होताहै ॥ ३६० ॥

अथान्तकेचिकित्सा ॥

इहापहायव्रतमुष्णवारिज्वरारियूषादिगदापहारि । ज्वरच्छिदंजीवितदञ्चनित्यंमृत्युञ्जयञ्चेतसिचिन्तयस्व ॥ इहअन्तकेव्रतंलङ्घनादिनियमम् । कर्पूरप्रकरावदात्तवपुषंसंयोगमुद्राजुषम् । शश्वद्भक्तजनेषुभावुकजुषंभालस्फुरच्चक्षुषम् ॥ सम्पूर्णामृतकुम्भसम...तकरंशुभ्राक्षमालाधरम् । पिंगोतुंगजटाकलापरुचिरंचन्द्रार्द्धमौलिंस्तुहि ॥ भिषग्भि...तिनिर्णीतंसन्निपातेऽन्तकाभिधे । भेषजंजाह्नवीनीरंवैद्योगोविन्दएवहि ॥ ३६१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अन्तक की चिकित्सा ॥

इस अन्तक सन्निपात में लंघन गरम जल और ज्वरनाशक यूष आदिकों को छोडकर ज्वरके नाश करनेवाले और जीवन के देनेवाले श्रीमृत्युंजय का ध्यान करना चाहिये कपूर के समानश्वेत वर्ण वाले संयोग मुद्राको धारण किये हुए निरंतर भक्तजनों के मंगल करनेवाले ललाटमें दीप्तिमान् नेत्रवाले अमृतसे भरेहुए घटको हाथमें धारण कियेहुये रुद्राक्षपहरेहुए पिंग्लवर्ण बडी २ जटाओंके समूहसे सुंदर औ अर्द्धचंद्रको मस्तकमें धारण कियेहुये श्री शिवजी महाराज का ध्यानकरो वैद्यलोगोंने अन्तक नाम सन्निपात में यह चिकित्सा कही है कि औषध तो गंगाजी का जल और वैद्य नारायण हैं ॥ ३६१ ॥

अथ रुग्दाहचिकित्सा ॥

उशीरचंदनोदीच्यद्राक्षामलकपर्पटैः । शृतंशीतंजलंदद्याद्दाहतृड्ज्वरशांतये ॥ षडंगपानीयम् । ससितोनिशिपर्युषितः प्रातर्द्धान्याकतण्डुलक्काथः।पीतःशमयत्यचिरादन्तर्दाहज्वरम्पैत्तम् । धान्याकतन्दुलाःकण्डितधान्याकबीजानि । इतिधान्याकक्काथः।पथ्यातैलघृतक्षौद्रैर्लिह्याद्दाहविनाशिनीम् । पथ्यातैलघृतक्षौद्रैरित्यत्रनसमुच्चयः ॥ तेनकेवलेनमधुनापिलिह्यात् । पथ्यावलेहः । प्रशमयतिदाहमचिराद्दधियुक्तकर्कन्धुपल्लवैर्लेपः ॥ लेपोहिमकरमलयजानिम्बदलैस्तक्रपिष्टैर्वा । हिमकरःकर्पूरः । तथाचघनसारश्चन्द्रसंज्ञ इत्यमरः ॥ उत्तानसुप्तस्यगम्भीरताम्रकांस्यादिपात्रेनिहितेचनाभौ । शीताम्बुधाराबहुलापतन्तीनिहन्तिदाहंत्वरितंज्वरञ्च ॥ शीताम्भसातुशतशश्चविलोडितेन गव्येन चन्दनयुतेनघृतेनदिग्ध्वा । दाहज्वरीसकमलोत्पलमाल्यधारी क्षिप्रंविशेत्सलिलकोष्ठमनल्पकालम् ॥ काञ्जिकार्द्रपटेनावगुण्ठनंदाहनाशनम् । अथगोतक्रसंस्विन्नशीतलीकृतवाससाम् ॥ ३६२ ॥

रुग्दाह की चिकित्सा ॥

खस, लालचंदन, सुगंधबाला, दाख, आंवला और पित्तपापडा. इन औषधियों का क्वाथ शीतल करके देने से दाह,तृषा तथा ज्वरका नाश होताहै इतिषडंगपानीय॥ कुटेहुये धनियें के बीजोंको सायंकाल में भिजोकर प्रातःकाल क्वाथ करके शक्कर डालकर पीनेसे अंतर्दाह और पित्तज्वर का नाश होताहै इतिधान्याक क्वाथ॥हडको पीसकर तेल घी और सहत इनमेंसे किसीके साथ चाटनेसे दाह का नाश होताहै इतिपथ्यावलेह॥बेरके पत्तोंको दही के साथ लेपकरने से अथवा कपूर चंदन और नींबके पत्तों को मट्ठेके साथ पीसकर लेप करने से दाहका नाश होताहै रोगी को चित्त सुलाकर उस की नाभिपर गहरे तांबे अथवा कांसे आदिके पात्रको रखकर उसमें शीतल जलकी बडी धार छोडनेसे दाह और ज्वरका नाशहोताहै शीतल जलसे सैकडों बार धोये गये गौके घी में चंदन मिला के शरीर में लेप करके और कमल तथा कोकाबेलियों की मालाओं को पहर के दाहज्वरवाला शीघ्र ही जलसे भरेहुए हौज़ में प्रवेश करके बहुत देरतक उसी में रहै इससे दाहका नाश होताहै कांजी में भिगोये हुए वस्त्र के लपेटने से अथवा गौके मट्ठे में भिगोये हुए शीतल वस्त्र के लपेटने से दाह का नाश होताहै ॥ ३६२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथान्नमाह ॥

दाहवम्यर्दितंक्षामंनिरन्नंतृष्णयान्वितम् । शर्करामधुसंयुक्तंपाययेल्लाजतर्पणम् ॥ (लाजसक्तुरूपतर्पणम्) ॥ ३६३ ॥

दाहवालेको देनेके योग्य अन्न ॥

दाह तथा छर्दि से व्याकुल,क्षीण,लंघन किया हुआ और तृषित इनको शक्कर तथा सहत युक्त खीलोंके सतुओं से तृप्त कराना चाहिये ॥ ३६३ ॥

वाप्यःकमलहासिन्योजलयन्त्रगृहाःशुभाः । नार्य्यश्चन्दनदिग्धांग्योदाहेदैन्यहरा मताः ॥ ३६४ ॥

फूले हुए कमलवाली बावडी फव्वारे वाला घर और शरीर में चन्दन लगाये हुए स्त्री यह सब दाह की दीनता को दूर करतेहैं ३६४ ॥

मुक्तावलीचन्दनशीतलानांसुगन्धपुष्पाम्बरभूषितानाम् ।नितम्बिनीनांसुपयोधराणा मालिङ्गनान्याशुहरन्तिदाहम् ॥ प्रह्लादश्चास्यविज्ञायतास्त्रीरपनयेत्पुनः । हितञ्चभोजये दन्नंयेनाप्नोतिसुखंमहत् ॥ (प्रह्लादंकामकृतहर्षम्) ॥ ३६५ ॥

मोतियों की माला पहरने तथा चन्दन के लगाने से शीतल शरीरवाली सुगन्धित पुष्प तथा वस्त्रों से आभूषित नितंबवाली और सुन्दर स्तनयुक्त ऐसी स्त्रियों के आलिंगन करने से शीघ्रही दाहका नाश होताहै इस प्रकार उस पुरुषको कामकी वृद्धि होय तब स्त्रियोंको हटादे और ऐसेहित-कारी अन्नोंको भोजन करावे जिस्से उसको बहुत सुख होवे ॥ ३६५ ॥

अथ चित्तभ्रमस्यचिकित्सा ॥

कणोषणोग्रालवणोत्तमानिकरञ्जबीजंप्रमदामलानि । पथ्याक्षसिद्धार्थकहिंगुशुण्ठीयु तानिवस्ताम्बुविमिश्रितानि ॥ पिष्ट्वागुटीयंनयनेनिधेयाप्रचेतनेऽतिप्रथितान्वितार्था । चित्तभ्रमायस्मृतिभूतदोषंशिरोऽक्षिरोगभ्रमनाशहेतुः ॥ (वस्ताम्बुछागमूत्रं) कुम्भोद्भ वतरोरम्भोगुडविश्वकणान्वितम् । निहितंनसिनूनंस्याच्चित्तभ्रमविनाशनम् ॥ कुम्भो[illegible] वतरोरम्भःअगस्तिवृक्षत्वक्कल्करसः ॥ ३६६ ॥

चित्तभ्रमकी चिकित्सा ॥

पीपल,मिर्च,वच, सेंधानोन,करंजकेबीज,धतूरा,आंवला, हड, बहेडा, पलीसरसों, हींग और सौंठ इन औषधियों को समभाग लेकर बकरे के मूत्र में पीसके गोली बनावे इस गोलीको घिसकर नेत्र में लगाने से चैतन्यता होतीहै चित्तभ्रम, मृगी, भूतदोष, शिर तथा नेत्रके रोग और भ्रम यहसब इसके लगानेसे दूर होतेहैं अगस्त्यके वृक्षकी छालके कल्क का रस, गुड तथा पीपल युक्त नास लेने से चित्तभ्रम का नाश होताहै ॥ ३६६ ॥

मुरामूर्द्धजमेघाब्दमधूकमलयोद्भवैः । मरुत्तरुमधूनिमिश्रैःपुरपाणिजपांशुभिः ॥ लो लामञ्जकेलाभिर्धूपश्चित्तभ्रमापहः । ग्रहदोषहरःश्रीदःसौभाग्यकरउत्तमः॥मुराएकांगी-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

मूर्द्धजोबालाः। म[illegible]त्तरुदेवदारु। पुरःगुग्गुलःपाणिजःनखःपांशुःपर्पटकम्। लौहंअगुरु। लामज्जकम्उशीरवत्पीततृणविशेषःतदलाभेउशीरंग्राह्यम् ॥ ३६७ ॥

मरोडफली,सुगंधबाला,मोथा,महुआ,चंदन, देवदारु,गूगल, नखी, पित्तपापडा, अगर, लामज्जक और इलायची इन औषधियों को सहत के साथ चाटने से चित्तभ्रम तथा ग्रहदोषों का नाश और शोभा तथा सौभाग्य की वृद्धि होती है ॥ ३६७ ॥

मृद्वीकामरदारुमत्स्यशकलामुस्तामलक्योऽमृता पथ्यारेवतरामसेनकरजोराजीफलैःसंयुताः । हन्युश्चित्तरुजोऽथदर्दुरदलापाठापटोलीपयः पथ्यापर्पटराजवृक्षकटुकाशम्बूकपुष्टयःशृताः ॥ मृद्वीका द्राक्षा। मत्स्यशकलाकटुकी। आरेवतःआरग्वधः। रामसेनकः किराततिक्तकः। रजःपर्पटकः। राजीफलःपटोलः। अथ योगान्तरमाह। दर्दुरदलामण्डूकपर्णीसाच ब्राह्मी। मञ्जिष्ठाशोणकञ्चतथाप्यत्रब्राह्मीग्राह्या। यतःउक्तंद्रव्यगुणग्रंथे। ब्राह्मीमतिप्रदामेध्याज्वरहंत्रीरसायनी। ब्राह्मीवरम्भीतिलोकेपयःबालकम्। राजवृक्षःआरग्वधः। शम्बूकपुष्पीशंखपुष्पी ॥ ३६८ ॥

दाख,देवदारु,कुटकी,मोथा,आंवले,गिलोय, हड, अमलतास, चिरायता,पित्तपापडा और परवल यह सब औषध चित्तभ्रमको नाशकरती है दर्दुरदला (ब्राह्मी) पाठा परवल सुगन्धबाला हड पित्त-पापडा अमलतास कुटकी और शंखपुष्पी इन सब औषधियों का क्वाथ चित्तभ्रम सन्निपात को नाशकरताहै दर्दुरदला शब्दसे ब्राह्मी मजीठ और शोणक का ग्रहण कियाजाताहै परंतु यहां ब्राह्मी ही ग्रहण करनी चाहिये क्योंकि द्रव्य गुण ग्रंथमें कहाहै कि ब्राह्मी बुद्धिवर्द्धक मेधाकोहित ज्वर नाशक और रसायन होतीहै ॥ ३६८ ॥

अथ कर्णकस्यचिकित्सा ॥

प्रलेपस्तमस्तन्नयत्यन्तमेकःसमुद्रिक्तशोथश्चरक्तावशेषः। पक्वेचशस्त्रक्रियापूयजित्सा व्रणत्वंगतेचोचितातच्चिकित्सा। अयमर्थः। अत्यन्तंकार्णिकंएकःप्रलेपःअतस्तन्नाशन्नय[illegible]। तच्चिकित्साव्रणाच्चिकित्सा। निशाविशालामयमाणिमन्थदार्व्यंगुदीमूलकृतःप्रलेपः। [illegible]भाकरक्षीरयुतःप्रभावाद्व्यस्तःसमस्तोऽप्यथकार्णिकघ्नः ॥ कुलत्थःकट्फलंशुण्ठीका[illegible]वीचसमांसकैः। मुखोष्णैर्लेपनंकार्य्यङ्कर्णमूलेमुहुर्मुहुः॥ गैरिकंखटिनीशुण्ठीकट्फलार[illegible]वधैःसमैः। उष्णैःकांजिकसम्पिष्टैर्लेपःकर्णकमूलनुत् ॥ ३६९ ॥

कर्णक सन्निपातकी चिकित्सा ॥

कर्णमूल की थोडीसी सूजन को एक लेपही नष्ट कर देताहै बहुत बढ़जाने पर रुधिर निकलवाना चाहिये पकजाने पर शस्त्रके द्वारा पीब निकलवाना चाहिये और घाव होजानेपर घावकी चिकित्सा करनी चाहिये हल्दी, इंद्रायण, कूट, सेंधानोन, दारुहल्दी और इंगुदी की जड इन सब औषधियों में से एक एक अथवा संपूर्ण औषधियों को आकके दूधके साथ लेप करने से कर्णक सन्निपात का नाश होताहै कुलथी कायफल सोंठ और कालाजीरा इन सब औषधियों को बराबर लेकर कुछ गरम

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गरम वारंवार कर्ण मूल में लेपकरे गेरू खड़िया सोंठ कायफल और अमलतास इन औषधियों को कांजीमें पीसकर कुछ गरम लेप करने से कर्णमूल का नाश होताहै ॥ ३६९ ॥

शिग्रुराजिकयोःकल्कंकर्णमूलेप्रलेपयेत् । कर्णमूलभवःशोथस्तेनलेपेनशाम्यति । अशिशिरजलपरिमृदितंमरिचकणाजीरसिंधुजंत्वरितम् । नस्यविधिसेवितंननुकर्णकरुग्नाशकृद्गदितम् ॥ भार्ङ्गीजयापौष्करकण्टकारीकटुत्रिकोग्राघनकुण्डलीभिः । कुलीरशृङ्गीकटुकारसाभिःकृतःकषायःकिलकर्णकघ्नः॥भार्ङ्गीवभनेटीतिलोके । तदलाभेकण्टकारीमूलंग्राह्यम् । जयागनिआरीतिलोकेपौष्करंपुष्करमूलम् । उग्रावचा । कुण्डलीगुडूची । कुलीरशृंगीकर्कटशृंगी । रसारास्ना । दशमूलमत्स्यशकलाचपलात्रिफलामहौषधकिरातयुतम्।मरिचंपरिकथितमाशुबलादपहन्तिकर्णरुजःसकलाः॥चपलापिप्पली॥ ३७० ॥

सहँजना और राईके कल्कको कर्णमूलमें लेप करनेसे कर्णमूलकी सूजनका नाश होताहै मिर्च पीपल जीरा सेंधानोन इन सबको गरम जलमें पीसकर नासलेने से कर्णकरोग का नाश होता है भारंगी (इसके अभावमें भटकटैयाकी जड) अरणी,पुष्पकरमूल,भटकटैया,सोंठ,पीपल,मिर्च,वच, मोथा,गिलोय, काकडासिंगी,कुटकी और रासना इनका क्वाथ कर्णक सन्निपातको नाश करता है दशमूल.कुटकी,पीपल,त्रिफला,सोंठ,चिरायता और मिर्च इनका क्वाथ शीघ्रही कर्णक सन्निपातको नाश करताहै ॥ ३७० ॥

अथ कण्ठकुब्जस्यचिकित्सा ॥

फलत्रिकत्र्यूषणमुस्तकट्वीकलिङ्गसिंहाननशर्वरीभिः । क्वाथःकृतःक्वंततिकण्ठकुब्जंकण्ठीरवःकुञ्जरमाशुतद्वत् ॥ (सिंहाननोवासकः । शर्वरीहरिद्रा) किरातकटुकाकणाकुटजकण्टकारीशटीकलिद्रुकिलिमाभयाकटुककट्फलाम्भोधरैः । विषामलकपुष्करानलकुलीरशृंगीवृषैः महौषधसखैरयंजयतिकण्ठकुब्जंगणः । शटीकर्चूरःकलिद्रुःविभीतकःकिलिमंदेवदारुकटुकंमरिचंविषाअतीसवृक्षःवृक्षादिभिः किंविशिष्टैर्महौषधसखैःमहौषधस्यसखिभिःतेनएतैःसहितेनमहौषधेनेत्यर्थः ॥ ३७१ ॥

कंठकुब्जकी चिकित्सा ॥

त्रिफला,त्रिकटु,मोथा,कुटकी,इन्द्रजौ,बांसा और हल्दी इनका काढ़ा जैसे सिंह हाथियोंका नाशकरताहै इसीप्रकार कंठकुब्ज सन्निपातको नाश करताहै चिरायता,कुटकी,पीपल,कुरैया, भटकटैया,कचूर,बहेड़ा,देवदारु,हड, मिर्च,कायफल,मोथा, अतीस, आंवला, पुष्करमूल, चीता,काकडासिंगी और बासा इनके क्वाथमें सोंठ छोडकर पीनेसे कंठकुब्ज सन्निपातका नाशहोताहै ॥ ३७१ ॥

अथोल्बणवातादिप्रवृद्धमध्यक्षीणवातादिहेतुकानांकुम्भीपाकादिनांत्रयोदशाचिकित्सातुल्यहेतुकानांविस्फुरकादीनांत्रयोदशानामिवविधातव्या (इतिसन्निपातज्वराधिकारः ॥ ३७२ ॥

अधिक वातादि और अधिक मध्य तथा क्षीण वातादि हेतुओंसे उत्पन्न कुम्भीपाकादितेरह सन्निपातोंकी चिकित्सासमान हेतुवाले विस्फोटक आदि तेरह सन्निपातोंके समान जाननी चाहिये इति सन्निपात ज्वराधिकार ॥ ३७२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथागन्तुज्वराधिकारस्तत्रागन्तुकज्वरस्यनिदानान्याह ॥

अभिघाताभिषंगाभ्यामभिचाराभिशापतः । आगन्तुर्जायतेदोषैर्यथास्वन्तंविभावयेत् ॥ अभिघातःशस्त्रमुष्टिलगुडादिभिर्हननम् । अभिषंगःकामशोकभयक्रोधभूतादीनामावेशः ॥ अभिचारःकृत्याद्युत्पादनंअभिशापःब्राह्मणगुरुवृद्धसिद्धादिकृतःशापः । तंआगन्तुज्वरम्यथास्वंयथादोषलक्षणंदोषैर्विभावयेद्विजानीयात् ॥ ३७३ ॥

आगन्तुकज्वराधिकार । आगन्तुकज्वरके निदान ॥

अभिघात (शस्त्र घूसा और लाठीआदिसेमारना) अभिषंग (काम शोक भय क्रोध और भूतादिकोंका आवेश) अभिचार (कृत्यादिकरना) अभिशाप (ब्राह्मण,गुरु,वृद्ध तथा सिद्धादि पुरुषोंका शाप) इनसब कारणोंसे आगन्तुकज्वर उत्पन्न होताहै इस आगन्तुकज्वरको दोषोंके लक्षणके अनुसार कुपितहुये दोषों से जानले ॥ ३७३ ॥

अपराण्यपिनिदानान्याह ॥

येभूतविषवाय्वग्निक्षतभंगादिसम्भवाः । रागद्वेषभयाद्यैश्चतेस्युरागन्तवोगदाः ॥ भवाद्यशब्देनक्रोधलोभादयःसंगृह्यन्ते।तेनरागादयोभंगाद्यन्तायेहेतवोऽप्यागन्तुसंज्ञाः स्युःकार्यकारणयोरभेदोपचारादेतेनागन्तुजः इत्यत्राप्यागन्तुशब्दोहेतुवाचीआगंतुर्जायतेदोषैरित्यत्र व्याधिवाचीअभिघाताभिषंगाभ्यामित्यादिश्लोकैर्दोषैर्यथास्वंतंविभावयेयदिति वचने नैवंप्रतीयतेअभिघातादीनांविप्रकृष्टकारणत्वंमिथ्याहारविहाराणामिवदोषाणांसन्निकृष्टकारणत्वं तथासतिदक्षापमानसंक्रुद्धरुद्रेत्यादिश्लोके आगंतुज्वरस्याष्टमत्वविधानोदोषजेष्वेवप्रवेशात् । उच्यते । आगन्तुज्वरस्यदोषाआरम्भका न किन्तु पश्चादनुबन्धिनः ॥ ३७४ ॥ अन्य निदान ॥

जो रोग भूत,विष,वायु,अग्नि,घाव,भंग,राग,द्वेष और भयआदिकोंसे उत्पन्न होते हैं वह आगंतुक कहलातेहैं भयादि कहने से क्रोध और लोभादिकोंकाभी ग्रहण होताहै रागको आदि लेकर जो हेतुकहे गयेहैं वहभी आगंतुक संज्ञक हैं क्योंकि कार्य्य और कारणमें अभेदकी कल्पना कीजातीहै इससे आगंतुजस्मृतः इसवाक्य में आगंतु शब्द हेतुवाची है और आगंतुर्जायतेदोषैः इसवाक्य में रोगवाची है अभिघाताभिषंगाभ्यां इत्यादिक श्लोक में दोषों के लक्षणों के अनुसार उसको जानना चाहिये इस वचन से यह मालूम होताहै कि अभिघात आदिक मिथ्याहार विहारोंके समान दूरवाले कारणहैं और दोषसमीपी कारणहैं ऐसा होनेसे दक्षापमान संक्रुद्ध इत्यादि श्लोकमें आगन्तुज्वरका आठवां कहनाठीक न होगा? क्योंकि वह दोषज ज्वरोंमेंही आजायगा इसका उत्तरयहहै कि दोष आगन्तुज्वर के प्रारम्भ करनेवाले नहीं हैं किन्तु पीछे से होनेवाले हैं ॥ ३७४ ॥

तथाचागन्तुज्वरस्यसंप्राप्तिमाह । चरकः । आगन्तुर्हिव्यथापूर्वोजायतेपश्चान्निजैर्दोषैरनुबध्यतइति ॥ तत्रकस्यागंतोःकोनिजोदोषइत्यपेक्षायामाह॥कामशोकभयाद्वायुः क्रोधात्पित्तंत्रयोमलाः । भूताभिषंगात्कुप्यन्तिभूतसामान्यलक्षणाः ॥ कामशोकभयात् कामशोकभयजादागन्तोःवायुःकुप्यति । क्रोधात्तुक्रोधजादागन्तोः पित्तंप्रकुप्यति ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भूताभिषंगाद्भूतावेशजादागन्तोस्त्रयोमलादोषाकुप्यन्तीत्यर्थः । भूतसामान्यलक्षणाः भूतस्यभूतलक्षणस्यसामान्यंसमानतायेषांतानिभूतसामान्यानिलक्षणानियेषांतेभूतसामान्यलक्षणाःमलाः ॥ ३७५ ॥

चरककी कहीहुई आगन्तुकज्वरकीसंप्राप्ति ॥

आगन्तुज्वरमें पहले पीड़ा होतीहै और फिर जिस आगन्तुज्वर का जो दोषहै उससे युक्त होताहै किस आगंतज्वरका कौनसा निज दोषहै यहकहतेहैं जैसे कि काम शोक तथा भयसे वायु क्रोधसे पित्त और भूतावेशसे भूतोंके लक्षणोंके समान लक्षणवाले तीनोंदोष कुपित होतेहैं ॥ ३७५ ॥

अथागन्तुज्वराणांहेतुभेदेनलक्षणभेदानाह ॥

श्यावास्यताविषकृतेतथातीसारएवच । भक्तारुचिःपिपासाचतोदश्चसहमूर्च्छया ॥ विषकृतेस्थावरजंगमविषभक्षणकृतेज्वरेमुखःश्यावः शुक्लानुविद्धःकृष्णोवर्णःशाकवर्णोवा अतीसारःस्थावरविषेणैवतस्याधोगामित्वात् । तोदःसूचीव्यधनेनेवव्यथा ॥ ३७६ ॥

आगंतुज्वरोंके कारणोंकेभेदसे लक्षणोंकेभेद ॥

विषखाने से होनेवाले आगंतुज्वरमें मुखकी श्यामता,अतीसार,अन्नमें अरुचि,तृषा,सुईके चुभनेके समान पीड़ा और मूर्च्छा होतीहै विषखाना यह कहनेसे स्थावर और जंगम दोनों विषोंका ग्रहण होताहै परंतु अतीसार केवल स्थावर विषमें होताहै क्योंकि वह अधोगामी होताहै ॥ ३७६ ॥

औषधीगन्धजेमूर्च्छाशिरोरुग्वमथुस्तथा । कामजेचित्तविभ्रंशस्तन्द्रालस्यमभोजनम् ॥ हृदयेवेदनाचास्यगात्रञ्चपरिशुष्यति । कामजेसमीहितकान्ताद्यप्राप्तिनिमित्तके ज्वरे । चकाराद्वाग्भटोक्तान्यपिलक्षणानिबोद्धव्यानि ॥ तानियथा । कामाद्भ्रमोऽरुचिर्दाहोह्रीनिद्राधीधृतिक्षयइति ॥ ३७७ ॥

किसी औषधके सूंघनेसे उत्पन्न हुए ज्वरमें मूर्च्छा शिरमें पीड़ा और छर्दि होतीहै कामज अर्थात् वांछित कांता आदिके न मिलने से उत्पन्नहुए ज्वरमें चित्तका विभ्रम,तन्द्रा,आलस्य, हृदयमें पीड़ा और शरीरकी सुखावट होती है और चकारसे वाग्भटके कहेहुए अन्यलक्षणभी जानने चाहिये जैसे कि कामज्वर में भ्रम,अरुचि,दाह,लज्जा,निद्रा और बुद्धि तथा धैर्यका नाश होताहै ॥ ३७७ ॥

मूर्च्छांगमर्दोतृट्नेत्रचापल्यंकुचवक्त्रयोः । स्वेदःस्याद्धृदिदाहश्चस्त्रीणांकामज्वरे भवेत् ॥ ३७८ ॥

स्त्रियों के कामज्वर में मूर्च्छा अंगोंमें पीड़ा तृषा नेत्रोंमें चपलता स्तन तथा मुखपर स्वेद और हृदयमें दाह होताहै ॥ ३७८ ॥

बालकंशतपत्राणिगन्धसारमुशीरकम् । चोचधान्येयकंमांसीक्काथःकामज्वरापहः । संध्यायांसंस्तरःकार्यःसुगन्धैःकुसुमैर्भृशम् । क्रीडनीयंस्वकान्तेनसहरात्रौतथास्त्रियः । इदमपिकुत्रापिकथितंअत्रपुनः ॥ भयात्प्रलापःशोकाच्चभवेत्कोपाच्चवेपथुः । भयाद्भयजे ज्वरेप्रलापःशोकाच्चचकारेण ॥ प्रलापएवानुकृष्यते । कोपाच्चकोपादपिवेपथुर्भवति । ननुवेपथुः वातस्यधर्मः तत्कथंक्रोधजेज्वरेवेपथुः । यतउक्तम् । क्रोधोत्थितमिति । एकः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रकुपितोदोषइत...नापिकोपयेदितिवचनात् पित्तकोपित्तवातजन्यएवात्रवेप...क्रोधाद्वायुरपिभवति। यतउक्तंविदेहेन । क्रोधशोकौस्मृतौवातपित्तरक्तप्रकोपनाविति ॥ ३७९ ॥

सुगंधबाला, कमल, चंदन, खस, दालचीनी, धनियां और जटामांसी इनके क्राथपीनेसे कामज्वर का नाशहोताहै संध्याके समय सुगंधित पुष्पादिकोंके द्वारा उत्तमशय्या बिछवाकर स्त्रियोंको अपने पतिकेसाथ और पुरुषोंको अपनी २ स्त्रियोंकेसाथ क्रीडाकरना चाहिये इससे कामज्वर का नाशहोता है कहींपर ऐसाभी कहागया है कि भय तथा शोकजनित ज्वरमें प्रलाप और क्रोधजनित ज्वरमें कंप होताहै अब यह संदेह होताहै कि कंपवायुका धर्म्महै तो क्रोधजनितज्वरमें कंप कैसे होसक्ताहै क्योंकि कहागयाहै कि क्रोधसे पित्त कुपित होताहै इसका उत्तर यहहै कि कुपितहुआ एकदोष अन्यदोषोंको भी कुपित करता है इसवचनके अनुसार कोपयुक्त पित्तके द्वारा कुपितहुई वायुकंपको उत्पन्न करती है अथवा क्रोधसे वायुभी कुपित होती है क्योंकि विदेहने कहाहै कि क्रोध और शोकवायु और रक्त-पित्तको कुपित करते हैं ॥ ३७९ ॥

भूताभिषंगादुद्वेगोहास्यरोदनकम्पनम् ॥ केचिद्भूताभिषंगोत्थंब्रुवतेविषमज्वरम् । भूताभिषंगोत्थोविषमज्वरोभवति ॥ कदाचिद्वेगवान् । कदाचिच्छान्तवेगइत्यर्थः । अभिचाराभिशापाभ्यांमोहस्तृष्णाचजायते । तृष्णाचेतिचकारेणहारीतानुवादिवाग्भटोक्तअबोद्धव्यम् । तद्यथा । तत्राभिचारिकैर्मंत्रैर्हूयमानस्यतप्यते । पूर्वंमनस्ततोदेहस्ततोविस्फोटतृड्भ्रमैः ॥ सदाहमूर्च्छाग्रस्तस्यप्रत्यहंवर्द्धतेज्वरइति ॥ ३८० ॥

भूतोंके आवेशसे होनेवाले ज्वरमें उद्वेग, अनर्थक हास्य, रोदन और शरीरमें कंपहोताहै और कोई२ कहते हैं कि भूतावेशमें विषमज्वर होताहै अर्थात् कभी ज्वरका वेगअधिक और कभी न्यून होजाताहै अभिचार और अभिशापसे होनेवाले ज्वरमें मोह तथा तृषा होती है यहां चकारसे हारीत और वाग्भट के कहेहुए अन्यलक्षण भी जानने चाहिये जैसे कि अभिचारके मंत्रोंके द्वारा दुःखित मनुष्यको पहले मनकाताप फिर शरीरमें उष्णता इसके पीछे विस्फोटक, तृषा, भ्रम, दाह तथा मूर्च्छा होती है और ज्वर प्रतिदिन बढता है ॥ ३८० ॥

अथ तेषांचिकित्सा ॥

आगन्तुजेज्वरेनैवनरःकुर्वीतलङ्घनम् । तथाचवाग्भटः । शुद्धवातक्षयागन्तुजीर्णज्व...लङ्घनम् नेष्यन्तइतिशेषः । अन्यच्च । लङ्घनंनहितंकामशोकचिन्ताप्रहारजे । भयभूत...क्रोधलङ्घनैश्चकृतेज्वरे ॥ किंत्वग्नौदीपितेतत्रदद्यान्मांसरसौदनम् ॥ अभिघातज्वरेयु...क्रियामुष्णविवर्जिताम् ॥ कषायंमधुरंस्निग्धंयथादोषमथापिच । अभिघातज्वरोनश्ये...नाभ्यंगेनसर्पिषः ॥ रक्तावसेकैर्मेध्यैश्चतथामांसरसौदनैः । मेध्यैर्मेधायैर्हितैः ३८१ ॥

आगन्तुज्वरोंकी चिकित्सा ॥

आगन्तुज्वरमें लंघन न कराना चाहिये और ऐसाही वाग्भटने भी कहाहै कि केवल वातजनित, ...जनित, आगन्तुज और जीर्णज्वर में लंघन श्रेष्ठ नहीं होता और भी कहागयाहै कि काम, शोक, ...न्ता, प्रहार, भय, भूतावेश, श्रम, क्रोध और उपवास इनसे उत्पन्नहुए ज्वरमें लंघन हितकारी नहीं है ...न्तु इनकारणोंसे ज्वर आनेपर जो रोगीकी अग्नि दीप्तहोय तो मांसके रसकेसाथ भातदेवे अभिघा-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त से हुए ज्व में उष्णता रहित चिकित्सा करनी चाहिये और कषाय मधुर तथा स्निग्ध वस्तु अथवा दोषके अनुसार वस्तु देनीचाहिये घीकेपीनेसे अथवा मलनेसे रुधिर निकलवाने से मेधाकी हितकारी वस्तुओं से और मांसके रसयुक्त भातखानेसे अभिघातज्वरका नाश होताहै ॥ ३८१ ॥

व्यधबन्धश्रमात्यध्वभंगभ्रंशसमुद्भवान् । ज्वरानुपाचरेत्पूर्वंक्षीरमांसरसौदनैः ॥ व्यधताडनंकर्णादिवेधोवा । भंगछेदभेदादिकः भ्रंशोवृक्षादितःपतनम् ॥ अध्वश्रान्तेषुवाभ्यंगदिवानिद्राञ्चकारयेत् । औषधीगन्धविषजौविषपित्तप्रशमनैः ॥ जयेत्कषायैर्मतिमान्सर्वगन्धकृतैर्भिषक् । सर्वगन्धमाह । चातुर्जातककर्पूरंकंकोलागुरुकुंकुमम् । लवंगसहितंचैवसर्वगन्धंविनिर्दिशेत् ॥ ३८२ ॥

व्यध (ताडना अथवा कानआदिका छिदवाना) बन्धन श्रम बहुत मार्गचलना भंग (छेदनभेदनादिक) और वृक्षादि पतनके द्वारा उत्पन्नहुए ज्वर में पहले दूध और मांस रसयुक्त भातके द्वारा चिकित्सा करे मार्ग चलने के द्वारा उत्पन्न हुए ज्वर में तैलादि मर्द्दन और दिन में शयन कराना चाहिये औषधियों के सूंघने से और विष के द्वारा उत्पन्नहुए ज्वर में विष तथा पित्तनाशक कषाय और सर्वगंधके क्वाथके द्वारा चिकित्सा करना चाहिये दालचीनी, इलायची, तेजपात, नागकेशर, कपूर, कंकोल, अगर, केशर और लौंग यह सब सर्वगन्ध कहातीहैं ॥ ३८२ ॥

क्रोधजेपित्तजित्कार्य्यन्धार्य्यन्सद्वाक्यमेवच । आश्वासेनेष्टलाभेन वायोःप्रशमनेन च ॥ हर्षणैश्चशमंयान्तिकामक्रोधभयज्वराः । कामैरथमनोघ्नैश्चपित्तघ्नैश्चाप्युपक्रमैः ॥ सद्वाक्यैश्चशमंयातिज्वरःक्रोधसमुत्थितः (कामैःकामविषयैः) मनोघ्नैःधिक्कारादिभिर्भयजनकवचनैर्वा । कामात्क्रोधज्वरोनश्येत्क्रोधात्कामज्वरस्तथा । घातिताभ्यामुभाभ्यांच कामक्रोधज्वरक्षयः ॥ घातिताभ्यामुभाभ्यांमनसिनिगृहीताभ्यांकामक्रोधाभ्याम् ३८३॥

क्रोधज्वर में पित्तनाशक चिकित्सा धैर्य्य और श्रेष्ठ वचन हितकारी होतेहैं आश्वास वाक्य (तसल्ली) वांछित वस्तुका मिलना वायुकी शान्ति और हर्षसे काम क्रोध तथा भयजनितज्वर शान्त होते हैं कामके विषय धिक्कार अथवा भयकारी वचन पित्तघ्न चिकित्सा और सद्वाक्यों के द्वारा क्रोधज्वर शान्त होता है कामके द्वारा क्रोधज्वर तथा क्रोध के द्वारा कामज्वर नष्ट होता है और इन दोनों को चित्त में रोकने से दोनों प्रकारके ज्वरों का नाश होता है ॥ ३८३ ॥

भूतविद्यासमुद्दिष्टैर्बन्धावेशनताडनैः । जयेद्भूताभिषंगोत्थंमनःशान्त्यैचमानसम् ताडनैरित्यत्रस्थानेकेचित्पूजनैरितिपठन्ति । सहदेवायामूलंविधिनाकण्ठेनि... ज्यठ ति ॥ एकद्वित्रिचतुर्भिर्दिवसैर्भूतज्वरंपुंसाम् । अभिचाराभिशापोत्थौज्वरौहोमा... त्पत्र येत् ॥ दानस्वस्त्ययनातिथ्यैरुत्पातग्रहदुष्टिजौ । इत्यागन्तुज्वराधिकारः ॥ ३८...

भूतविद्या में कहेहुए बंधन आवेशन और ताडनके द्वारा भूतके अवेश से उत्पन्न होनेवाले... नाश होताहै यहां ताडन के स्थान में कोई २ पूजन यह पाठ कहते हैं मनकी प्रसन्नता से मान... ज्वर का नाश होताहै सहदेई की जड विधिपूर्वक गले में बाँधने से एक दो तीन तथा चारदिन भूतज्वर का नाश होताहै अभिचार तथा अभिशाप से उत्पन्नहुये ज्वरको होमादिकों से शान्तकर...

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चाहिये और उत्प तथा यह पीडासे उत्पन्नहुए ज्वरको दान स्वस्त्ययन तथा आर्ते सत्कारके द्वारा शान्तकरे इति प्रागन्तु ज्वराधिकार ॥ ३८४ ॥

अथ विषमज्वरोऽधिकारमाह। तत्रविषमज्वरस्यनिदानकथनपूर्विकांसम्प्राप्तिमाह ॥ दोषोऽल्पोऽहितसम्भूतोज्वरोत्सृष्टस्यवापुनः । धातुमन्यतमम्प्राप्यकरोतिविषमज्वरम् ॥ अयमर्थःज्वरोत्सृष्टस्यज्वरेणत्यक्तस्य । सन्निकृष्टहेतुमाह । दोषःअल्पःज्वरमुक्तः स्वल्पोऽपिविप्रकृष्टहेतुमाह। अहितमाहारविहारादितेनसम्भूतः । सम्पूर्णोजातःअन्यतमन्धातुरसरक्तादिकम्। प्राप्यदूषयित्वापुनर्विषमज्वरंकरोति। ज्वरोत्सृष्टस्यचेतित्राशब्देनेतिबाध्यते। प्रथमतोविषमज्वरोभवति। यतउक्तम्। आरम्भाद्विषमोयस्तु॥३८५॥

विषमज्वरका अधिकार विषमज्वरकी निदान समेत संप्राप्ति ॥

छूटेहुए ज्वरवाले मनुष्य का थोडा भी दोष अहितकारी आहार विहारादिकों के द्वारा पूराहोकर रस रक्त आदिक किसी धातुमें प्राप्तहोकर उसको दूषित करता हुआ फिर विषमज्वरको उत्पन्न करता है यहां वा शब्द से यह मालूम होताहै कि पहले भी विषमज्वर होताहै क्योंकि कहागयाहै कि आरंभ से जो विषम होताहै इत्यादि ॥ ३८५ ॥

रसादिकन्धातुन्दूषयित्वाविषमज्वरंकरोति। इत्यपेक्षायामाह। संततंरसरक्तस्थःसततंरक्तधातुगः। दोषःक्रुद्धोज्वरम्पुंसांसोऽन्येद्युःपिशिताश्रितः॥मेदोगतस्तृतीयेऽह्निअस्थिमज्जागतःपुनः। कुर्याच्चातुर्थिकंघोरमन्तकंरोगसंकरम्॥ अंतकमिवमारकत्वात्॥३८६॥

रसआदिक धातुओंको दूषित करके विषमज्वर उत्पन्न होताहै इसलिये कहते हैं कि संतत ज्वर रस तथा रक्त धातु में स्थित सतत ज्वर रक्त धातुमें स्थित अन्येद्युष्क ज्वर मांसमें स्थित तृतीयक ज्वर मेद धातु में स्थित और चातुर्थिक नाम विषमज्वर अस्थि तथा मज्जा में स्थित दोषों से उत्पन्न होताहै अत्यन्त घोर चातुर्थिक ज्वर यमराज के समान मारनेवाला और अनेक रोगोंका उत्पन्न करनेवाला होताहै ॥ ३८६ ॥ अथ विषमज्वरस्यसामान्यंलक्षणमाह ॥

यःस्यादनियतात्कालाच्छीतोष्णाभ्यांतथैवच ॥ वेगतश्चापिविषमोज्वरःसविषमःस्मृतः। यस्त्वनियतात् कालात्स्यादित्यस्यायमर्थः ॥ यथावातिकोज्वरःसप्तदिनानिपैत्तिकोदशदिनानिश्लैष्मिकोद्वादशदिनानिदोषाणांप्राबल्यैर्वातिकश्चतुर्दशदिनानि पैत्तिकविंशतिदिनानिश्लैष्मिकश्चतुर्विंशतिदिनानिस्यात् तथाविषमज्वरोऽनियतंकालंन्यानस्यादित्यर्थः। शीतोष्णाभ्यांगुणाभ्यामपितथास्यात् ॥ वेगतश्चापिविषमःकदाचिदतिवेगवान्। कदाचिच्छ्रान्तवेगः ॥ ३८७ ॥

विषमज्वरका सामान्य लक्षण ॥

जिस ज्वरका समय निश्चित न हो शीत तथा उष्णका नियम न हो और कभी अधिक कभी स्वल्पवेगहो उसको विषमज्वर कहतेहैं जिसका समय निश्चित न हो इसका यह तात्पर्य्य है कि जैसे वातज्वर सात दिन पित्तज्वर दश दिन और कफज्वर बारह दिन तथा दोषोंकी प्रबलता होने र वातज्वर चौदहदिन पित्तज्वर बीसदिन और कफज्वर चौबीसदिन रहताहै इसप्रकार विषमज्वर का कोईकाल निश्चित नहींहै ॥ ३८७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विषमज्वरस्य भेदानाह ॥

सन्ततःसततोऽन्येद्युस्तृतीयकचतुर्थकौ ॥ ३८८ ॥

विषमज्वरके भेद ॥

सन्तत सतत अन्येद्युष्क तृतीयक और चातुर्थिक यह पांच विषमज्वरके भेदहैं ॥ ३८८ ॥

तत्रसन्ततस्यलक्षणमाह ॥

सप्ताहंवादशाहंवाद्वादशाहमथापिवा । सन्तत्यायोऽविसर्गीस्यात्सन्ततःसनिगद्यते विकल्पोवातिकादिभेदात् । सन्तत्यानैरन्तर्य्येण अविसर्गोअपरित्यागीननुमुक्तानुबन्धित्वंविषमत्वमितिविषमलक्षणम् ॥ तदत्रनघटतइतिकथमयंविषमेषुपठ्यते । घटत एवेतिनदोषः ॥ यतउक्तंचरकेण । विसर्गेद्वादशेकृत्वादिवसेऽव्यक्तलक्षणम् ॥ दुर्लभोपशमःकालंदीर्घमेवानुवर्त्ततइति । यत्तुखरनादेनोक्तम् ॥ ज्वराःपञ्चतुयेप्रोक्ताःपूर्वंसन्ततकादयः। चत्वारःसन्ततंहित्वाज्ञेयास्तेविषमज्वराइति॥ तच्चिरेणत्यागाभिप्रायेण॥३८९॥

संततज्वरका लक्षण ॥

सात दिन दश दिन अथवा बारह दिन तक निरन्तर जो ज्वर रहताहै उसको संतत कहतेहैं सात दिन आदिकी कल्पना वातादि दोषोंके भेदसेहै अब यह सन्देह होताहै कि मुक्तानुबन्धित्व (छोड़कर फिर आजाना) ही विषमज्वरका लक्षणहै परन्तु संततज्वरमें यह बात नहीं है तो इसको विषमज्वरोंमें क्यों कहा इसका उत्तर यहहै कि संततज्वरमें मुक्तानुबंधित्वहै इसलिये कोई दोष नहीं है क्योंकि चरकने कहाहै कि संततज्वर बारहवें दिन छूटकर अप्रकट लक्षणों से युक्त बहुत कालतक रहताहै इसके शांतहोनेका काल दुर्लभहै और "खरनादने" जो कहाहै कि जो संतत आदिक पांचज्वर पहले कहेगयेहैं उनमेंसे संततको छोड़कर बाकीके चार विषमज्वर कहलातेहैं इसका अभिप्रायकेवल ज्वरके बहुतकालतक छूटनेहीपर है ॥ ३८९ ॥

सततलक्षणमाह ॥

अहोरात्रेसततकोद्वौकालावनुवर्त्तते । द्वौकालौअहन्येककालंरात्रावेककालम्॥ यतो दोषाणामहोरात्रेप्रत्येकंद्वौद्वौप्रकोपकालौ । यतउक्तंवाग्भटेनवयोऽहोरात्रिभुक्तानामन्तमध्यादिगाःक्रमादिति ॥ ३९० ॥

सततका लक्षण ॥

जो ज्वर दिन रात्रिमें दोबार आताहै उसको सतत कहते हैं दिन रात्रिमें दोबार आताहै इसका यह अर्थ है कि एकबार दिनमें आताहै और एकबार रात्रिमें आताहै क्योंकि दिनरात्रि में हरएक दोष के कुपितहोनेके दो२कालहैं और ऐसाही वाग्भटने कहाहै कि अवस्था दिनरात्रि और भोजन इनके अन्तमध्य और आदिमें क्रमसे वातपित्त और कफकुपित होतेहैं ॥ ३९० ॥

अन्येद्युष्कलक्षणमाह ॥

अन्येद्युष्कस्त्वहोरात्रादेककालंप्रवर्त्तते । एककालंदोषापेक्षयाएककालमपि ॥ द्वितीयंप्रथमकालेह्येवदोषस्थिते ॥ ३९१ ॥

अन्येद्युष्कका लक्षण ॥

जो ज्वर रात्रिदिनमें एकबार आताहै उसको अन्येद्युष्क कहतेहैं यहां एकबार दोषोंकी अपेक्षासे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कहागयाहै और ... ारभी दूसरेकालमें जाननाचाहिये क्योंकि पहलेकालमें दोष हृदयमें रहताहै ३६१

तृतीयकचतुर्थकयोर्लक्षणमाह ॥

तृतीयकस्तृतीयेऽह्निचतुर्थेऽह्निचतुर्थकः । तृतीयेऽह्निइत्यागमनदिनंगृहीत्वा ॥ यतउक्तम् दिनमेकमतिक्रम्ययोभवेत्सतृतीयकः । दिनद्वयन्त्वतिक्रम्ययःस्यात्सहिच तुर्थकइतिअत्राहसुश्रुतः ॥ कफस्थानविभागेन यथासंख्यंकरोतिहि । सततान्येद्युःतृती यचतुर्थकप्रलेपकान् ॥ अहोरात्रादहोरात्रेस्थानात्स्थानंप्रपद्यते । दोषआमाशयंप्राप्य करोतिविषमज्वरम् ॥ अयमर्थःआमाशयोरःकण्ठशिरःसन्धयःपञ्चकफस्थानानिएषु तिष्ठन्दोषायथासंख्यंसततादीन्करोति । तत्रआमाशयेस्थितोदोषःसततंकरोतिद्वौ कालौ ॥ अहोरात्रेकालद्वयेदोषप्रकोपात्हृदयेस्थितोदोषआमाशयमागत्यअन्येद्युष्कं करोति । एककालंनैकदेकस्मिन्नेवाहोरात्रेदोषआमाशयमागत्यअन्येद्युष्कंकरोति ॥ त त्रद्वौदोषप्रकोपकालौएकस्मिन्कालेहृदयेतिष्ठत्यपरस्मिन्नामाशयइति । कण्ठेस्थितो दोषोऽहोरात्रात्हृदयमायाति ॥ तृतीयेदिनेआमाशयमागत्यस्वप्रकोपकालेतृतीयकंज्व रंकरोति । एककालंनतुद्वौकालौस्वभावात् ॥ एवमेवशिरस्थितोदोषोअहोरात्रात्कण्ठ मायाति । ततःपुनरहोरात्रात्हृदयमायातिचतुर्थेदिने । आमाशयमागत्यस्वप्रकोपका लेचतुर्थकंज्वरंकरोति । एककालन्नतुद्वौकालौस्वभावादेव ॥ ननुदोषस्यागमनंक्रमेणनि जस्थानगमनक्रमात्कथंतृतीयचतुर्थदिवसयोर्ज्वरागमनम् । उच्यतेदोषोहिप्रकोपसम येवेगंपरित्यज्यलाघवात्स्वस्थानन्तुवेगदिनएवयाति ॥ यतआह दोषःप्रकोपकालेहिवेग वत्वेनलाघवात् । वेगवासरएवायंस्वस्थानमधिगच्छति ॥ सन्धिषुस्थितः प्रलेपकंकरो ति । सन्धयश्चामाशयेऽपिसन्तितेषुस्थितःप्रलेपकंसर्वदाकरोति ॥ ३९२ ॥

तृतीयक और चातुर्थिकके लक्षण ॥

तीसरे दिन अर्थात् एकदिन बीच में छोड़कर जो ज्वर आताहै उसको तृतीयक अर्थात् एक-
तरा और चौथे दिन अर्थात् दोदिनका अन्तर देकर जो ज्वर आता है उसे चातुर्थिक अर्थात् तिजारी
कहते हैं तीसरा दिन ज्वर आनेके दिनको लेकर समझना चाहिये क्योंकि कहा गयाहै कि एक दिन
का अन्तर देकर जो ज्वर आताहै वह तृतीयक और दो दिन का अन्तर देकर जो आताहै वह चातु-
र्थिक कहाताहै यहांपर सुश्रुतने कहाहै कि दोष एक रात दिन में एक स्थानसे दूसरे स्थानमें जाता
है इस प्रकार क्रमसे कफ के स्थान के विभागोंके अनुसार आमाशयमें प्राप्त होकर क्रम पूर्वक सतत
अन्येद्युष्क तृतीयक चातुर्थिक और प्रलेपक नाम विषम ज्वरोंको करताहै इसका यह तात्पर्य है कि
आमाशय हृदय कंठ शिर और सन्धि समूह यह पांच कफके स्थानहैं दोष इनइन स्थानोंमें स्थितहो
कर क्रमसे सतत आदि ज्वरोंको करताहै इनमें से आमाशय में स्थित दोष दिन रात्रिमें दोबार सतत
ज्वरको उत्पन्न करताहै क्योंकि दिन रात्रिमें दोषोंके कुपित होने के दोकाल हैं हृदय में स्थित
दोष आमाशयमें आकर अन्येद्युष्क ज्वर को दिन रात्रिमें एकबार उत्पन्न करताहै क्योंकि दिन
रात्रिमें दोषके कुपित होनेके दोकाल हैं उनमें से एक काल में हृदय में रहताहै और दूसरे काल में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आमाशय में आकर ज्वर को उत्पन्न करताहै कंठ में स्थित दोष एक रात्रि दिन हृदय में आता है और तीसरे दिन आमाशय में जाकर अपने कोपके समय एक बार तृतीयक ज्वर को उत्पन्न करताहै दो बार नहीं उत्पन्न करने में स्वभाव ही कारण है इसी प्रकार शिर में स्थित दोष एक रात्रि दिनमें कण्ठमें आताहै इसके पीछे एक रात्रि दिनमें हृदय में आता है फिर चौथेदिन आमाशयमें आकर अपने कोपके समय एक बार चातुर्थिक ज्वर को उत्पन्न करताहै दो बार स्वभाव ही से नहीं उत्पन्न करताहै अब यह सन्देह होताहै कि दोष जितने दिनमें आमाशय में जाताहै अपने स्थानमें जाने के लिये उतनाही समय चाहिये तो तीसरे और चौथे दिन ज्वर कैसे आताहै इसका उत्तर यहहै कि दोष कोपके समय वेगको छोडकर हलके होने के कारण उसी दिन अपने स्थान में चलाजाताहै क्योंकि कहागया है कि दोष कोप के समय वेगवान् होकर हलके होनेके कारण वेगहोने केही दिन अपने स्थान को चला जाताहै संधियों में स्थित दोष प्रलेपकको उत्पन्न करताहै और संधि आमाशय में भी हैं इसलिये संधियों में स्थित दोष निरन्तर प्रलेपक ज्वरको करता है॥ ३९२॥

निवृत्तःपुनरायातिविषमोनियतेदिने। स्वभावःकारणंतत्रमन्यंतेमुनिपुङ्गवाः ॥ स्वभावस्यकारणत्वे कफस्थानविभागनिरपेक्षाच्चतुर्थकादिविपर्य्ययाश्रपिज्वराःस्वस्वकाले प्रभवंति । अधिशेतेयथाभूमिंबीजंकालेप्ररोहति ॥ अधिशेतेतथाधातून्दोषःकालेप्रकुप्यति। सुश्रुतोऽप्याह। सचापिविषमोदेहंनकदाचित्प्रमुञ्चति । ग्लानिगौरवकार्श्येभ्यःसयस्मान्नप्रमुच्यते । वेगेतुसमतिक्रांतेगतोऽयमितिलक्ष्यते ॥ धात्वंतरेषुलीनत्वात्सौक्ष्म्यान्नैवोपलभ्यते ॥ ३९३

मुनिलोगोंने कहाहै कि निवृत्त हुआ विषमज्वर नियत दिनमें फिर आजाताहै उसमें स्वभावही कारणहै स्वभावके कारण होनेसे कफके स्थानके विभागोंकी अपेक्षा न करके अपने २ समयमें ज्वर चातुर्थिक आदिके उलटेपनसे भी आजातेहैं जैसे पृथ्वीमें बोयाहुआ बीज अपने समयपर उगता है उसीप्रकार धातुओंमें स्थित दोष समयपर कुपित होताहै और सुश्रुतने भी कहाहै कि विषमज्वर शरीरको कभी नहीं छोडता क्योंकि ग्लानि शरीरका भारीपन और दुर्बलता यह सब बनेरहते हैं और वेगके चलेजानेपर ज्वरचलागया सा मालूम होताहै परंतु धातुओंके बीचमें लीन होनेकेकारण सूक्ष्मतासे जाना नहींजाताहै॥ ३९३॥

द्विदोषोल्बणस्यतृतीयकस्यलक्षणमाह॥

कफपित्तात्त्रिकग्राहीपृष्ठाद्वातकफात्मकः। वातपित्ताच्छिरोग्राहीत्रिविधःस्यात्तृतीयकः॥ त्रिकग्राहीवेदनयात्रिकंगृह्णातीत्यर्थः। वातकफात्मकःपृष्ठात्ल्यबथयापृष्ठंव्याप्य भवतीत्यर्थःल्यब्लोपेकर्म्मण्यधिकरणेचेतिसूत्रेणपञ्चमी ॥ ३९४॥

आधिक दो दोषवाले तृतीयकज्वरके लक्षण॥

जो तृतीयकज्वर कफ पित्तसे उत्पन्न होताहै उसमें रीडके नीचेकी हड्डियोंमें पीडा होतीहै जो तृतीयकज्वर वात कफसे उत्पन्न होताहै उसमें पीठमें पीडा होतीहै और जो तृतीयकज्वर वातपित्तसे उत्पन्न होताहै उसमें शिरकी पीडा होतीहै इसलिये तीनप्रकारका तृतीयकज्वर होताहै॥ ३९४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कफोल्बणस्यवातोल्बणस्यचातुर्थिकस्यलक्षणमाह ॥

चातुर्थिकोदर्शयतिस्वभावंद्विविधंज्वरः । जङ्घाभ्यांश्लैष्मिकःपूर्वंशिरसोऽनिलसम्भवः॥श्लैष्मिकःश्लेष्मोल्बणःतथा अनिलसंभवोवातोल्बणः नन्वस्तिपैत्तिकोपिचातुर्थिकः यतआहनागभर्तृतंत्रे ऊर्द्ध्वकायंतुयःपूर्वंगृह्णातिसोनिलात्मकः । मध्यकायंतुगृह्णाति पूर्वंयस्तुसपित्तजः ॥ पूर्वंगृह्णात्यधःकायंश्लेष्मवृद्धश्चतुर्थकः किंतुप्रायेणकफवाताभ्यां भवतितस्मात्पैत्तिकश्चतुर्थकश्चरकादिभिर्नोक्तः ॥ ३६५ ॥

अधिककफ और अधिकवातवालेचातुर्थिक ज्वरका लक्षण ॥

चातुर्थिकज्वर दो प्रकारके स्वभावोंको दिखाताहै उनमें से अधिक कफवाला पिंडलियोंसे चढ़ता है और अधिक वातवाला शिरसे चढ़ताहै चातुर्थिकज्वर पैत्तिकभी होताहै क्योंकि नागभर्तृ तंत्र में कहाहै कि वातवाला चातुर्थिकज्वर पहले शिरसे चढ़ताहै पित्तवाला चातुर्थिकज्वर शरीरके मध्यसे चढ़ताहै और कफवाला चातुर्थिकज्वर शरीरके नीचेसे चढ़ताहै परन्तु प्रायः चातुर्थिकज्वर कफ और वातसे उत्पन्न होताहै इसलिये चरक आदिकोंने पित्तसेहुए चातुर्थिकज्वरको नहीं कहाहै ॥ ३६५ ॥

संततादीनांत्रिदोषजत्वम् । यतउक्तंचरके प्रायशःसन्निपातेनपञ्चस्युर्विषमज्वराइति ॥ प्रायशोग्रहणादेकदोषजाद्विदोषजाअपिभवन्तीति । जैज्जटःउल्बणश्लेष्मवातः पूर्वंप्रथमंजङ्घाभ्याम् ॥ व्यथयाजंघेव्याप्यपश्चात्सकलंशरीरंव्याप्नोति । एवमुल्बण वातजातःशिरसःपूर्वंव्यथया।शिरोव्याप्यसकलंशरीरंव्याप्नोतीत्यर्थः । विषमज्वरएवान्यश्चातुर्थिकविपर्ययः ॥ अस्थिमज्जागतोदोषश्चतुर्थकविपर्ययः । जायतेभिषजाज्ञेयोविषमज्वरएवसः ॥ अन्यःसंततादिपञ्चकादपरःचातुर्थिकःविपर्ययाख्योज्वरःसोऽपि विषमज्वरएववैद्येनज्ञातव्यःसकिंधातुस्थइत्यपेक्षायामाह । अस्थीत्यादि ॥ ३६६ ॥

संतत आदिक ज्वरोंका त्रिदोषजपन कहाजाताहै चरकने कहाहै कि प्रायः पांचों विषमज्वर सन्निपातसे होतेहैं जैज्जटने कहाहै कि प्रायः शब्दसे यह मालूम होताहै कि एकदोष और दो दोषसे भी विषमज्वर होताहै अधिक कफवाला चातुर्थिकज्वर पहले पीड़ासे पिंडलियोंको व्याप्तकरके पीछे सम्पूर्ण शरीरमें व्याप्तहोताहै इसीप्रकार अधिक वातसे उत्पन्नहुआ चातुर्थिकज्वर पहले पीड़ासे शिरको व्याप्तकरके सम्पूर्ण शरीरको व्याप्तकरता है संतत आदि पांचप्रकारके विषमज्वरोंसे भिन्न चातुर्थिक विपर्यय नामज्वर विषमज्वरों मेंही जानना चाहिये यह अस्थि और मज्जामें स्थित दोनोंसे उत्पन्न होताहै ॥ ३६६ ॥

तस्यचातुर्थिकविपर्ययस्यलक्षणमाह ॥

समध्येज्वरयत्यह्नीआद्यन्तेचविमुञ्चति । चातुर्थिकविपर्यय इत्युपलक्षणम् । सन्ततादिविपर्ययोऽपिबोद्धव्यः । यथाअहोरात्रेद्वौकालौमुञ्चतिशेषंसर्व्वमहोरात्रंतिष्ठतीतिसततविपर्ययः । अहोरात्रेएककालंमुञ्चतिशेषंसर्व्वमहोरात्रंतिष्ठति अन्येद्युष्कविपर्ययः मध्येएकंदिनंज्वरंजनयति । आदावन्त्येचमुञ्चतीतिमध्येएकंदिनंज्वरयतिआदावन्त्येच दिनेमुञ्चतीतितृतीयकविपर्ययः ॥ ३९७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चातुर्थिक विपर्य्यय के लक्षण ॥

चातुर्थिक विपर्य्यय ज्वर मध्यमें दोदिन रहताहै और आदि अन्तके दोदिन नहीं रहता अर्थात् दो दिन ज्वर रहताहै और बीचमें एकदिन नहींआता चातुर्थिक विपर्य्यय यह उपलक्षणमात्रहै इससे संततादिक विपर्य्यय भी जानना चाहिये जैसे जो ज्वर रात्रि दिनमें दो बार उतरे और बाकी रात्रि दिन चढ़ारहै वह सतत विपर्य्यय कहलाताहै जो ज्वर रात्रि दिनमें एकसमय उतरे और बाकी संपूर्ण रात्रि दिन चढ़ारहै वह अन्येद्युष्क विपर्य्यय कहलाताहै जो ज्वर मध्यमें एकदिन होवे और आदि अन्तके दिनमें उतर जाय उसको तृतीयक विपर्य्यय कहते हैं॥ ३६७॥

एतेविषमज्वरोपलक्षकाःअन्येरात्रिज्वरादयोऽपिविषमज्वराबोद्धव्याः। यथा समौ वातकफौयस्यक्षीणपित्तस्यदेहिनः॥ रात्रौप्रायोज्वरस्तस्यदिवाहीनकफस्यतु। प्रायःबाहुल्येन॥ ३६८॥

यह विषमज्वर उपलक्षणमात्र है इससे अन्यरात्रि ज्वरादिक भी विषमज्वर जानने चाहिये जैसे जिस मनुष्यके कफवात समहो तथा पित्त क्षीणहोवे उसको प्रायः रात्रिमें ज्वरआताहै और जिसका कफ क्षीणहोवे उसको बहुधा दिनमें ज्वर आताहै॥ ३९८॥

सन्ततादीनांशीतपूर्व्वत्वेदाहपूर्व्वत्वेचहेतुमाह॥

त्वक्स्थौश्लेष्मानिलौशीतमादौजनयतोज्वरम्। तयोःप्रशान्तयोःपित्तमन्तर्दाहंकरोतिच॥ शीतंशीतसहितम्। प्रशान्तयोःप्रशान्तवेगयोःअन्तःअभ्यन्तरे। करोत्यादौतथा पित्तंत्वक्स्थंदाहमतीवचातस्मिन्प्रशान्तेत्वितरौकुरुतःशीतमन्ततः॥ अन्ततःहस्तपादादितःशीतदाहादिज्वरयोःत्रिदोषजत्वमाह। द्वावेतौदाहशीतादीज्वरौसंसर्गजौस्मृतौ। दाहपूर्व्वस्तयोःकष्टःसुखसाध्यतमोऽपरः॥ संसर्गजौसान्निपातिकौ। कष्टःकष्टसाध्यः॥ ३६९॥

संततादि ज्वरोंके पहले शीत तथा दाह होनेका कारण॥

कफ और वात त्वचा में स्थितहोकर ज्वरके आदि में शीतको उत्पन्न करते हैं और उनके वेगके शान्त होजानेपर पित्त भीतर दाहको उत्पन्न करताहै त्वचामें स्थित पित्तज्वर पहले अत्यन्त दाह को उत्पन्नकरताहै और उसके वेगके शान्तहोजानेपर कफ और वात हाथ पैरोंमें शीत उत्पन्न करतेहैं दाह पूर्व और शीतपूर्व यह दोनोंज्वर सन्निपात होते हैं इनमें से दाहपूर्व कष्टसाध्य और शीतपूर्व अत्यन्त सुखसाध्य होताहै॥ ३६९॥

विषमज्वरविशेषमाह॥

विदग्धेऽन्नरसेदेहेश्लेष्मपित्तेव्यवस्थिते। तेनार्द्धशीतलंदेहमर्द्धमुष्णंप्रजायते॥ अन्नरसेविदग्धे। आहारजेरसेदुष्टेदेहेश्लेष्मपित्तेव्यवस्थितेदुष्टेस्थिते। तेनहेतुनाशीतलंकफेनउष्णंपित्तेनअर्द्धत्वंचार्द्धनारीश्वराकारेणनरसिंहाकारेणवा॥ कायेदुष्टंयदापित्तंश्लेष्माचान्तेव्यवस्थितः। तेनोष्णत्वंशरीरस्यशीतत्वंहस्तपादयोः। (अन्तेहस्तपादादौ) कायेश्लेष्मायदादुष्टःपित्तंचान्तेव्यवस्थितम्। शीतत्वंतेनगात्रस्यादुष्णत्वंहस्तपादयोः॥ ४००॥

विषमज्वरकी विशेषता॥

विषमज्वरमें आहारके रसके दूषित होजानेपर और कफ तथा पित्तके दूषित होजानेपर आधा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शरीर कफके द्वारा शीतल और आधा शरीर पित्तके द्वारा उष्ण होताहै आधा शरीर शीतल और आधा शरीर उष्ण अर्द्धनारीश्वराकारसे अथवा नरसिंहाकारसे होताहै जब दोषयुक्त पित्त शरीर में और दोषयुक्त कफ हाथ पैरोंमें स्थित होताहै तब शरीर उष्ण और हाथ पैर शीतल होजाते हैं जब दोषयुक्त कफ शरीरमें और दोषयुक्त पित्त हाथ पैरों में स्थित होताहै उस रोगीका शरीर शीतल और हाथ पैर उष्ण होतेहैं ॥ ४०० ॥

विषमज्वरविशेषस्यप्रलेपकस्यलक्षणमाह ॥

प्रलिंपन्निवगात्राणिघर्मेणगौरवेणच । मन्दज्वरविलेपीचसशीतःस्यात्प्रलेपकः ॥ गौरवेणउपलक्षितः । मन्दज्वरविलेपीमन्दवेगस्यसदासम्बन्धोऽस्यास्तीतिमन्दज्वरविलेपी । अयंविषमज्वरः । तथाचसुश्रुतः । प्रलेपकाख्योविषमःप्रायशःक्लेशशोषिणाम् ॥ ज्वराश्चविषमाःसर्व्वेप्रायःक्लेशायशोषिणामिति ॥ ४०१ ॥

अब विषमज्वर विशेष प्रलेपकके लक्षण ॥

जिस ज्वरमें शरीर भारीहोवे अंगोंमें पसीना भराहुआ सा मालूम होवे और ज्वर मन्दवेगसे सदैव बनारहे तथा शीतलगे उसको प्रलेपक कहते हैं यह विषमज्वरहै और ऐसाही सुश्रुतने कहाहै कि प्रलेपक नाम विषमज्वर प्रायः क्लेशकारी राजयक्ष्मावाले के होताहै और प्रायः सम्पूर्ण विषमज्वर राजयक्ष्मावालेको क्लेशकारी होते हैं ॥ ४०१ ॥

अथ विषमज्वराणांसामान्यचिकित्सा ॥

ज्वराश्चविषमाःसर्व्वेसन्निपातसमुद्भवाः । यथोल्बणस्यदोषस्यतेषुकार्य्यञ्चिकित्सितम् ॥ विषमेष्वपिकर्त्तव्यमूर्द्ध्वञ्चाधश्चशोधनम् । स्निग्धोष्णैरन्नपानैश्चशमयेद्विषमज्वरम् ॥ कालिंगकःपटोलस्यपत्रंकटुकरोहिणी । पटोलंसारिवामुस्तंपाठाकटुकरोहिणी ॥ निम्बःपटोलंत्रिफलामृद्वीकामुस्तवत्सकौ । किरातत्तिक्तममृताचन्दनंविश्वभेषजम् ॥ गुडूच्यामलकंमुस्तमर्द्धश्लोकसमापनाः । कषायाःशमयंत्याशुपञ्चपञ्चविधंज्वरम् ॥ कालिंगकःइन्द्रयवःवत्सकःकुटजः । चन्दनमत्ररक्तचन्दनम् । कषायाःपञ्चपञ्चविधंसन्ततसततान्येद्युष्कतृतीयकचतुर्थकरूपम् ॥ ४०२ ॥

विषमज्वरों की सामान्य चिकित्सा ॥

सम्पूर्ण विषमज्वर त्रिदोषसे उत्पन्न होतेहैं उनमें से जिस दोषकी अधिकता देखे उसकी चिकित्सा करे विषमज्वर में वमन विरेचनादि के द्वारा शोधन करके स्निग्ध और उष्ण अन्न पानके द्वारा विषमज्वर को शान्त करना चाहिये आगे कहे हुए पांच क्वाथ क्रमसे पांच प्रकारके विषमज्वरों को शान्त करते हैं इन्द्रजौ परवलके पत्ते और कुटकी १ परवल सारिवा (अनन्तमूल) नागरमोथा पाढा और कुटकी २ नींब, परवल, त्रिफला, दाख, मोथा और कुरैयाकीछाल ३ चिरायता, गिलोय, लालचन्दन और सोंठ ४ गिलोय आंवला और मोथा ५ यह पांचों क्वाथ क्रमसे सन्तत, सतत, अन्येद्युष्क, तृतीयक और चातुर्थिकज्वर को शान्त करते हैं ॥ ४०२ ॥

महाबलामूलमहौषधाख्यांक्वाथोनिहन्याद्विषमज्वरंहि । शीतंसकम्पंपरिदाहयुक्तंविना श्रयेद्द्वित्रिदिनप्रयोगात् ॥ मुस्तामलकगुडूचीविश्वौषधकण्टकारिकाक्वाथःपीतःसकणा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चूर्णःसमधु.वैषमज्वरंहन्ति ॥ तिलतैललवणयुक्तःकल्कोलशुनस्यसेवितः प्रातः । विषमज्वरमपहरतेवातव्याधीनशेषांश्च ॥ कालाजाजीतुसगुडाविषमज्वरनाशिनी । मधुनाचाभयालीढाहंत्याशुविषमज्वरान् ॥ कालाजाजीतुमंगरैलाइतिच । साचकिञ्चिद्भृष्टागुडतुल्याकर्षमिताभक्षणीया । पीतोमरिचचूर्णेनतुलसीपत्रजोरसः । द्रोणपुष्पीरसोवापीनिह्न्तिविषमज्वरान् ॥ समगुडमसितंजीरकमीषन्मरिचेनभक्षितंसद्यः । एकाहिकंप्रशमयेत् समरेष्विवदानवानिंद्रः ॥ शुंठ्यजाजीगुडंपिष्टंपीतमुष्णेनवारिणा । जीर्णमद्येनतक्रेणतीव्रंशीतज्वरंजयेत ॥ ४०३ ॥

सहदेईकी जड़ और सोंठ इनका काढ़ा शीत कम्प और दाहसमेत विषमज्वरको दो तीन दिनमें नष्टकरताहै मोथा, आंवला, गिलोय, सोंठ और भटकटैया इनके काढ़े में पीपलका चूर्ण और सहत मिलाकर पीनेसे विषमज्वरका नाशहोताहै लहसनको पीसकर तिलके तेल और सेंधोनोन के साथ खानेसे विषमज्वर और सब वातव्याधियों का नाश होताहै कालेजीरेको भूनकर उसके बराबर गुड़ मिलाकर एकतोले खानेसे विषमज्वरका नाशहोताहै सहतकेसाथ हड़चाटने से विषमज्वरका नाश होताहै तुलसी अथवा गोमाके पत्तोंकारस मिर्चका चूर्ण मिलाकर सेवनकरने से विषमज्वरका नाश होताहै पुरानागुड़ और कालाजीरा बराबर लेकर कुछ मिर्चमिलाके खानेसे जैसे इन्द्र दैत्योंका नाश करते हैं उसी प्रकार यह एकाहिकज्वरका नाशकरताहै सोंठ कालाजीरा और गुड़ यह सब बराबर पीसकर उष्णजल पुरानीमद्य अथवा मट्ठेकेसाथ सेवन करने से तीव्र शीतज्वरका नाश होताहै ४०३॥

अथ सन्ततादीनांविशिष्टाचिकित्सा ॥

अमृतायाःशतंचूर्णंवाससापरिशोधितम् । पृथक्षोडशभागाःस्युर्गुडमाक्षिकसर्पिषाम् ॥ यथाग्निभक्षयेदेतन्नरोहितमिताशनः । नास्यकश्चिद्भवेद्व्याधिर्नजरापलितंनच ॥ नज्वराःविषमानैवमोहानानिलरक्तकम् । नचनेत्रगतारोगाःपरमेतद्रसायनम् ॥ मेधाकरंत्रिदोषघ्नंप्रयोगादस्यबुद्धिमान् । जीवेद्वर्षशतंसाग्रंयथैवादितिजस्तथा ॥ इतिगुडूचीमोदकः ॥ ४०४ ॥

सन्ततादिज्वरोंकी विशेषचिकित्सा ॥

वस्त्रमें छानाहुआ गिलोयका चूर्ण १०० भाग गुड़ १६ भाग सहत १६ भाग और घी १६ भाग इनसबको एकमें मिलाकर अग्निके बलके अनुसार इसको खाय और हितकारी तथा परिमित आहारखाय इस परम रसायनके सेवनसे कोई व्याधि वृद्धावस्थावालोंका सफ़ेदहोना विषमज्वर मोह वातरक्त और नेत्ररोग कभी भी नहीं होतेहैं यह मेधाकारी तथा त्रिदोषनाशकहै और इसके सेवनसे देवताओं के समान सौवर्षतक जीताहै इति गुडूचीमोदकः ॥ ४०४ ॥

अथान्नमाह ॥

तक्रमांसंपयोमांसंदधिमांसमथापिवा । माषमांसञ्चभुञ्जानो मुच्यते विषमज्वरात् ॥ अग्निवेशेनोक्तम् । सुरासमण्डापानार्थेभोजनेचरणायुधाः । तित्तिराविष्किराःपथ्याः कुक्कुटाःविषमज्वरे॥गृहकुक्कुटाःवनकुक्कुटाविष्किराः।वर्तिकालावाविष्किरचकोराद्याः४०५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथअन्न॥

मट्ठेके साथ जलके साथ अथवा दहीके साथ पाक किया गया मांस या उर्दों के साथ पाक हुआ मांस भोजन करनेसे विषमज्वरको नाश करताहै "अग्निवेशने" कहाहै कि विषमज्वर में पान करने के लिये मांड सहित सुरा और भोजन के लिये वनका मुर्गा घरका मुर्गा तीतर और विष्किर (बटेर लवा और चकोरादिक) पक्षियोंका मांस पथ्यहै ॥ ४०५ ॥

अथ सततादीनांविशिष्टाचिकित्सा ॥

त्रायन्तीकटुकानन्तासारिवाभिःशृतंजलम्।पटोलाब्दवृषातिक्तासारिवाभिःशृतंजलम्।सततारव्येज्वरेदेयंवातादीनांनिवृत्तयेवृषाबृहद्दन्तीएरण्डवत्पत्रविटपातदलाभेदन्तीचग्राह्यासमानगुणत्वात्। पटोलेन्द्रयवानन्तापथ्यारिष्टामृताजलम्। क्वथितंतज्जलंपीतंज्वरंसततकंजयेत्॥अनन्तासारिवा।अरिष्टःनिम्बः।जलंबालकम्।द्राक्षापटोलनिम्बाब्दशक्राह्वत्रिफलाशृतम्।जलंजन्तुःपिबेच्छीघ्रमन्येद्युर्ज्वरशान्तये।शक्राह्वःइन्द्रयवः४०६

सतत आदिकों की विशेष चिकित्सा ॥

त्रायमाणा, कुटकी, जवासा तथा सारिवा इनका काढ़ा और परवल मोथा बड़ीदन्ती (इसके न होनेमें दन्ती) कुटकी तथा अनन्त मूल इनका काढ़ा सततनाम ज्वरमें वातादिकों के निवृत्तकरने के लिये देना चाहिये परवल, इन्द्रजौ, अनन्तमूल, हड़, नींब, गिलोय और सुगन्धबाला इनकाकाढ़ा पीने से सततज्वरका नाश होताहै दाख, परवल, नींब, मोथा, इन्द्रजौ और त्रिफला इनका क्वाथ पीनेसे अन्येद्युष्क ज्वरका नाश होताहै ॥ ४०६ ॥

कर्म्मसाधारणंत्यक्त्वातृतीयकचतुर्थकौ। भिषजाप्रतिकर्त्तव्यौविशेषोक्तचिकित्सितैः उशीरंचन्दनंमुस्तंगुडूचीधान्यनागरम् ॥ अम्भसाक्वथितंपेयंशर्करामधुयोजितम्। ज्वरे तृतीयकेपुंसांतृष्णादाहसमन्विते ॥ अपामार्गजटाकट्यांलोहितैःसप्ततन्तुभिः । बद्धा वारेरवेस्तूर्णंज्वरंहन्तितृतीयकम् ॥ स्थिरातामलकीदारुशिवावृषमहौषधैः ॥ सितामधुयताक्वाथश्चतुर्थकहरःपरः ॥ स्थिराशालिपर्णी ॥ तामलकीभूधात्रीशिवाहरीतकी। वृषोवासा ॥ ४०७ ॥

वैद्य तृतीयक और चातुर्थिक ज्वरमें साधारण चिकित्साको छोड़कर विशेष कहीहुई चिकित्सा करे खस, चन्दन, मोथा, गिलोय, धनियां और सोंठ इनके क्वाथ में शक्कर और सहत डालकर तृषा तथा दाह युक्त तृतीयक ज्वरमें पिये रविबार के दिन लटजीरेकी जड़ को लाल सात डोरोंके द्वारा कमरमें बांधने से तृतीयक ज्वरका नाश होताहै शालिपर्णी, भुइं आंवला, देवदारु, हड़, बांसा और सोंठ इनके काढ़ेमें शक्कर और सहत डालकर पीनेसे चातुर्थिक ज्वरका नाश होता है ॥ ४०७ ॥

अगस्तिपत्रस्वरसेननस्यंनिहन्तिचातुर्थिकमुग्रवीर्य्यम्। शिरीषपुष्पस्यनिशाद्वयस्य कल्केनवातद्घृतसंयुतेनतत् ॥ नस्यमिति ॥ ४०८ ॥

अगिस्त के पत्तों के रसकी नास लेनेसे और सिरस के फूल, हल्दी तथा दारुहल्दी के कल्क में घी डाल कर नास लेनेसे चातुर्थिक ज्वरका नाश होताहै ॥ ४०८ ॥

ज्वरस्यवेगंकालञ्चचिन्तयन्ज्वर्य्यतेतुयः। तस्येष्टैरद्भुतैर्वापिविषमैर्न्नाशयेत्स्मृतिम्॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सन्ततंविषमंचापिसततंसुचिरोत्थितम्। ज्वरंसुभोजनैःपथ्यैरिष्टैश्चसमुपाचरेत् ॥ सन्ततादिविपर्य्ययाणांविषमज्वराणांचिकित्सासन्ततादीनामिवकर्त्तव्या ॥ ४०९ ॥

जो ज्वरवाला ज्वरके वेग और समयको ध्यान करता हुआ क्षीण होताहै उसकी यादको वांछित आश्चर्य्यकारी अथवा विषम वस्तुओं के द्वारा नाश करनी चाहिये बहुत कालसे हुए संतत और सतत नाम विषमज्वरमें सुन्दर हितकारी और बांछित भोजनों से चिकित्सा करे संततादि विपर्य्यय विषमज्वरों की चिकित्सा सन्ततादिके समान करनी चाहिये ॥ ४०९ ॥

शीताभिभूतेपुरुषेकुर्य्याच्छीतहरींक्रियाम् । दाहाभिभूतेतुविधिविदध्याद्दाहनाशनम् ॥ आच्छादनैर्बहुतरैर्गुरुभिःकम्बलादिभिः। तूलवत्यामहाशीतंशीतादिज्वरिणोहरेत् तूलवतीतुरजाईइतिलोके। तंस्तनाभ्यांसुपीनाभ्यांपीवरोरुर्नितम्बिनी ॥ युवतीगाढमालिंगेत्तेनशीतंप्रशाम्यति । कान्तांगसंगसञ्जातंतद्वत्शीतेनिवारिते ॥ प्रह्लादंचास्य विज्ञायपृथक्तांकारयेत्स्त्रियम् । ततोदाहेतुसञ्जातेपत्रैरैरण्डसम्भवैः ॥ शीतलैर्द्धारितैरंगैर्दाहंतस्यापनोदयेत् ॥ ४१० ॥

शीत युक्त पुरुष की शीत नाशक और दाहयुक्त पुरुष की दाहनाशक चिकित्साकरे शीतादिज्वर वालेको बहुत शीत लगने पर रजाई और कंबल आदिक बहुत भारी ओढ़ने की चीजोंसे शीत को निवृत्तकरे मोटी जंघावाली युवती स्त्री बहुत बड़े अपने स्तनों से उस शीतवाले पुरुष को अत्यन्त आलिंगन करे इस्से शीतका नाश होताहै और इस प्रकार स्त्रीके आलिंगन से शीतके निवृत्त होने पर उसकी कामकी इच्छा हुई जानकर उस स्त्री को हटाले फिर दाहके उत्पन्न होने पर रेंडीके पत्ते और शीतल वस्तुओं को शरीर पर रखनेसे दाहको नाश करे ॥ ४१० ॥

तालकंशुक्तिकाचूर्णंदत्तंतत्रोभयोरपि । नवमांशश्चतुत्थंस्यान्मर्द्दयेत्कन्यकाद्रवैः । तत्तुसंशुष्कमुपलैर्वन्यैर्गजपुटेपचेत् ॥ शीतंतच्चूर्णयेच्चूर्णंगुञ्जामात्रंसितायुतम् । प्रभाते भक्षयेत्तेनयातिशीतज्वरक्षयम् ॥ वान्तिर्भवतिकस्यापिकस्यचिन्नभवत्यपि । एकेनदिवसेनैवशीतज्वरहरंपरम् ॥ मध्याह्नसमयेपथ्यंशिखरिण्योदनंतथा । इति भूतभैरवचूर्णंशीतज्वरे ॥ ४११ ॥

शीतज्वरपर भूतभैरव चूर्ण ॥

हरिताल और सीपका चूर्ण बराबर लेकर इन दोनोंका नवांभाग तूतिया मिलाके घीग्वार के रसमें घोटे फिर सूख जानेपर अरने कंडों में गजपुटके द्वारा पाककरे शीतल होजाने पर पीसकर शक्करके साथ एक रत्ती रसखाय तो इस्से शीतज्वरका नाश होताहै इस औषधिके खानेसे किसीको वमन होतीहै और किसीको नहीं होती यहएकही दिनमें शीतज्वरका नाश करताहै इसमें मध्याह्न के समय शिखरन और भातका पथ्यदेना चाहिये ॥ ४११ ॥

कायस्थानाकुलीतिक्तावयस्थापुरचोरकैः सहदेवावचाकुष्ठैःशीतघ्नैर्धूपलेपनैः ॥ एतैरेवौषधैःपिष्टैर्लवणक्षारसंयुतैः । साम्लैर्विपाचितंतैलमभ्यंगाच्छीतनाशनम् ॥ कायस्था हरीतकी । नाकुलीरास्नाभेदःनाईइतिलोके । वयस्थागुडूची । पुरोगुग्गुलुः । चोरकः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भण्डीउरतद... भेंगाठिवन। सहदेवाब्रहद्दला। क्षारोयवक्षारः। कायस्था... धूपनंलेपनं तैलञ्च ॥ ४१२ ॥

कायस्थादि धूपनलेपन और तैल ॥

हड, नाकुली (रासनाभेद) कुटकी, गिलोय, गूगल, चोरक (इसके अभावमें गठिवन) सहदेई वच और कूट इनकी धूप देनेसे अथवा लेप करनेसे शीतज्वरका नाश होताहै और इन औषधियोंके साथ नोन तथा जवाखार मिलाकर कांजीके साथ पीसकर विधिपूर्वक तेल निकाले इसके मर्दन से शीतका नाश होताहै ॥ ४१२ ॥

एरण्डस्यतुपत्राणिलिप्तभूमौनिधापयेत्। दाहादिज्वरिणोदेहेतानिपत्राणिधारयेत्॥तेन नश्यतिदाहोऽस्यज्वरश्चैवोपशाम्यति।दाहेशान्तेयदाशैत्यंतच्चयुक्त्यानिवारयेत् ४१३॥

लिपीहुई पृथ्वीमें रेंडीके पत्तोंको रक्खे फिर दाहादि ज्वरवाले के शरीर पर इन पत्तोंको रक्खे इससे दाह और ज्वरका नाश होताहैं दाहके शान्त होजाने पर जो शीत लगे तो उसको युक्ति पूर्व्वक निवृत्त करे ॥ ४१३ ॥

जघनचक्रचलन्मणिमेखलासरसचन्दनचन्द्रविलेपना। वनलतेवतनुंपरिवेष्टयेत्प्र बलदाहनिपीडितमंगना। चन्द्रःकर्पूरः। तदंगसंगसञ्जातशैत्येदाहेनिवारिते। प्रह्लाद श्चास्यविज्ञायतांस्त्रीमपनयेत्पुनः ॥ ४१४ ॥

नितंबोंमें चंचल मणियोंकी मेखलावाली और चंदन तथा कपूर के लेपवाली स्त्री वनकी लताके समान अत्यन्त दाहवाले पुरुषके शरीरको आलिंगन करे स्त्री के अंग संगसे उत्पन्न हुई शीतलताके द्वारा दाहके निवृत्त होजानेपर और उस पुरुषको कामकी इच्छा उत्पन्न होनेपर उस स्त्रीको हटाले ४१४

सुवर्च्चिकानागरकुष्ठमूर्व्वालाक्षानिशारोहितयष्टिकाभिः। सिद्धंहरेत्षड्गुणतक्रपक्वं तैलंज्वरंदाहसमन्वितंच ॥ इति षट्तक्रतैलम् ॥ ४१५ ॥

षट् तक्र तैल ॥

सज्जी, सोंठ, कूट, मरोड़फली, लाख, हल्दी और मजीठ इन औषधियोंके द्वारा छः गुने मट्ठे में तेलको परिपाक करके मर्दन करनेसे दाह सहित ज्वरका नाश होताहै ॥ ४१५ ॥

रास्नानागरकुष्ठचन्दननिशायष्ट्याह्वकृष्णाबला लाक्षासैन्धवसारिवामधुरसादेवाह्व रोहीतकैः ॥ सोशीराम्बुधिफेनरोहिषजलैस्तैलंपचेत्षड्गुणे। तक्रेतच्चजयेज्ज्वरंदृढतरं दाहादिशीतादिकम् ॥ चन्दनमत्रश्वेतम्। मधुरसामूर्वारोहीतकःरोहिणीतिलोके। रो हिषेतिरोहिततृणविशेषःजलम्। महाषट्तक्रतैलम् ॥ ४१६ ॥

महाषट् तक्रतैल ॥

रासना, सोंठ, कूट, श्वेतचन्दन, हल्दी, मुलहठी, पीपल, बरियारा, लाख, सेंधानोन, अनन्तमूल, मरोड़फली, देवदारु, रोहिणी, खस, समुद्रफेन, रोहिष, सुगन्धबाला इन औषधियों के साथ छः गुने मट्ठे में तेलको परिपाक करके मर्दन करनेसे दाहादि और शीतादि अत्यन्त कठिन ज्वरका नाश होताहै ४१६

पद्मकोत्पलकल्हारमृणालविषपौष्करैः। कुमुदोशीरमञ्जिष्ठापद्मगैरिककट्फलैः ॥ सारिवाद्वयलोध्राब्दक्षीरीखर्ज्जूरमस्तकैः। धात्रीशतावरीयुक्तैःक्वाथेकल्केप्रयोजितैः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लाक्षारसपयः शुक्तमस्तुभिःसहकांजिकैः। पक्वंतैलमिदंत्वच्यंदाहज्वरहरंपरम्॥ लाक्षारसादिपृथक्तैलतुल्यः। इति पद्मकादितैलम्॥ ४१७॥

पद्मकादि तैल॥

पद्माक, नीलकमल, श्वेतकमल, कमलकीडण्डी, विष, पुष्करमूल, कोकाबेली, खस, मजीठ, कमल, गेरू, कायफल, दोनों सारिवा, लोध, खिन्नी, खजूर, आंवला और शतावर इनके कल्कका काढ़ा लाखका रस दूध सिरका दहीका तोड और कांजी इनके द्वारा विधिपूर्वक परिपाक कियाहुआ तेल त्वचाको हित और दाह ज्वरका अत्यन्त नाशक होताहै इसमें लाखके रसादिक अलग अलग तेलके समान होने चाहिये॥ ४१७॥

प्रलेपकेप्रयुञ्जीतश्लेष्मज्वरहरींक्रियाम्॥ ४१८॥

प्रलेपक नाम ज्वरमें कफज्वरनाशक चिकित्सा करे॥ ४१८॥

रुद्रजटागोशृंगंविडालविष्ठोरगस्यनिर्म्मोकः॥ मदनफलभूतकेश्यौवंशत्वग्रुद्रनिर्म्माल्यम्॥घृतयवमयूरपुच्छच्छगलकलोमानिसर्षपाःसवचाः॥हिंगुगवास्थिमरीचाःसमभागाश्छागमूत्रसंपिष्टाः। धूपनविधिनाशमयन्त्येतेसर्वान्ज्वराञ्नियतम्॥ ग्रहडाकिनीपिशाचप्रेतविकारानयंधूपः॥ रुद्रजटाजटाधारीभूतकेशीजटामांसी। रुद्रनिर्माल्यंपुष्पादि। मयूरपुच्छंचन्द्रकमितिमाहेश्वरोधूपः॥ ४१९॥

माहेश्वर धूप॥

जटाधारी, गौकासींग, बिल्लीकीविष्ठा, सांपकी केंचुली, मैनफल, जटामांसी, बांसकीछाल, शिवजीका निर्माल्य, घी, जौ, मोरपंख, बकरेकेबाल, सरसों, वच, हींग, गौकीहड्डी और मिर्च इनऔषधियोंको बराबर लेकर बकरेके मूत्रमें पीसकर विधिपूर्व्वक धूपदेने से सबप्रकारके ज्वर, ग्रह, डाकिनी, पिशाच और प्रेतोंके विकार नष्ट होते हैं॥ ४१९॥

सोमंसानुचरंदेवंसमातृगणमीश्वरम्। पूजयन्प्रयतःशीघ्रंमुच्यतेविषमज्वरात्॥ सोममुमयासहितम्। सानुचरंनन्द्यादिगणसहितम्। प्रयतःपवित्रः। विष्णुंसहस्रमूर्द्धानंचराचरपतिंविभुम्। स्तुवन्नामसहस्रेणज्वरान्सर्व्वान्व्यपोहति॥ सहस्रमूर्द्धानमितिसहस्रशीर्षेत्यादिवेदाभिहितनामसहस्रेणभारतोक्तेनेत्यर्थः॥ ४२०॥

पवित्र होकर नन्दी आदिगण मातृका और पार्वतीसहित श्रीशिवजीका पूजनकरने से शीघ्रही सम्पूर्ण विषमज्वरोंसे छूटजाताहै और सहस्र शिरवाले सब संसारकेस्वामी व्यापक विष्णुभगवान्की सहस्र नाम(महाभारत अथवा वेदमेंकहेहुये)के द्वारा स्तुति करनेसे संपूर्ण ज्वरोंकानाश होताहै४२०॥

ज्वरस्यापिदेवत्वात्पूजाकार्य्या (यतआहविदेहः) तीर्थायतनदेवाग्निगुरुवृद्धोपसर्पणैः। श्रद्धयापूजनैश्चापिसहसाशाम्यतिज्वरः॥ तीर्थंऋषिजुष्टंजलम्। आयतनम्। देवाधिष्ठितंपुरुषोत्तमक्षेत्रश्रीशैलादि। इतिविषमज्वराधिकारः॥ ४२१॥

देवताहोनेसे ज्वरकाभी पूजन करना चाहिये क्योंकि विदेहने कहाहै कि तीर्थ (ऋषियोंसे सेवन किया हुआजल) आयतन (देवताओंसे युक्त पुरुषोत्तम क्षेत्र और श्रीशैलादिक) देवता अग्नि गुरु

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तथा वृद्ध इनकी उपासना करनेसे और भक्तिपूर्वक पूजनकरने से सहसा ज्वरका नाश होताहै इति विषमज्वराधिकार ॥ ४२१ ॥

अथ रसादिधातुगतज्वरमाह ॥

गुरुताहृदयोत्क्लेशःसदनंछर्द्यरोचकौ । रसस्थेतुज्वरेलिङ्गंदैन्यंचास्योपजायते ॥ गुरुतागात्राणांहृदयस्थस्यदोषस्योपचितत्वाद्वमनमिवदैन्यंक्लीबचित्तता । रसस्थेरसधातुगते । अथतस्यचिकित्सा । रसस्थेतुज्वरेतस्मिन्कुर्याद्वमनलङ्घने ॥ ४२२ ॥

रसादिधातुओं में गयेहुएज्वरका वर्णन ॥

ज्वरके रसधातुमें प्राप्त होजानेपर शरीरमें भारीपन हृदयमें दोषके इकट्ठे होनेसे जीमिचलाना, पीडा, छर्दि, अरुचि और दीनता होतीहै ज्वरकेरसधातुमें प्राप्तहोनेपर वमन और लंघन करानाचाहिये ४२२

अथ रक्तगतज्वरमाह ॥

रक्तनिष्ठीवनंदाहोमोहश्छर्दनविभ्रमौ । प्रलापःपिडिकातृष्णारक्तप्राप्तेज्वरेनृणाम् ॥ मोहोऽव्यग्रचित्तता । अथ तस्यचिकित्सा । सेकःसंशमनोलेपःरक्तमोक्षमसृग्गते ४२३ ॥

रक्तधातु में गयेहुए ज्वरका वर्णन ॥

ज्वरके रक्तधातु में प्राप्त होने पर दाह, चित्तकी व्यग्रता, छर्दि, भ्रम, प्रलाप, पिडिका और तृषा होतीहै इसमें परिसेक शमन लेप और रुधिर निकलवाना यह सब चिकित्सा करवानीचाहिये ४२३ ॥

अथ मांसगतमाह ॥

पिण्डकोद्वेष्टनंतृष्णासृष्टमूत्रपुरीषता । उष्णान्तर्दाहविक्षेपौग्लानिःस्यान्मांसगेज्वरे । उष्णान्तर्मोहविक्षेपावितिपठन्तितत्रउष्णाअन्तः विक्षेपःहस्तपादादिचालनम् तस्यचिकित्सा तीक्ष्णंविरेकंचतथाकुर्य्यान्मांसगतेज्वरे ॥ ४२४ ॥

मांसमें गयेहुए ज्वरका वर्णन ॥

ज्वरके मांसमें प्राप्त होनेपर पिण्डलियों में पीड़ा तृषा मलमूत्रका निकलना शरीरके भीतर उष्णता हाथ पैरोंका पटकना व ग्लानि होतीहै मांसमें गयेहुए ज्वरवालेको तीक्ष्ण वमन करानाचाहिये ४२४॥

मेदोगतमाह ॥

भृशंस्वेदस्तृषामूर्च्छा प्रलापश्छर्दिरेवच । दौर्गन्ध्यारोचकौग्लानिर्मेदस्थेचासहिष्णुता ॥ भृशंस्वेदःमेदोमलत्वात् तस्यचिकित्सा मेदस्थेमेदसोनाशम् ॥ ४२५ ॥

मेदमें गयेहुए ज्वरका वर्णन ॥

ज्वरके मेदधातुमें जानेपर अत्यन्त स्वेद तृषा मूर्च्छा प्रलाप छर्दि शरीरमें दुर्गन्धि अरुचि ग्लानि और असहिष्णुता (बर्दास्त न होना) होतीहै इस में मेदनाशक चिकित्सा होनी चाहिये ॥ ४२५ ॥

अस्थिगतमाह ॥

भेदोस्थ्नांकूजनंश्वासोविरेकश्छर्दिरेवच । विक्षेपणञ्चगात्राणांविद्यादस्थिगतेज्वरे ॥ तस्यचिकित्सा । अस्थिस्थेतुज्वरेकुर्य्याद्वातनाशनकंविधिम् । वस्तिकर्म्मप्रयोक्तव्यम भ्यंगोन्मर्दनन्तथा ॥ ४२६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हड्डियोंमें गयेहुए ज्वरका वर्णन ॥

ज्वरके हड्डियोंमें प्राप्त होनेपर हड्डियोंमें पीड़ा, कंठमें अव्यक्त शब्द, श्वास, दस्तआना, छर्दि और अंगोंका पटकना यह सब लक्षण होतेहैं इसमें वातनाशक चिकित्सा, वस्तिकर्म, तैलादिमर्दन और उबटन यह सब करने चाहिये ॥ ४२६ ॥

मज्जागतमाह ॥

तमःप्रवेशनंहिक्काकासःशैत्यंवमिस्तथा। अन्तर्दाहोमहाश्वासोमर्मच्छेदश्चमज्जगे॥ असाध्यत्वान्नात्रचिकित्सा ॥ ४२७ ॥

मज्जामें गयेहुए ज्वरका वर्णन ॥

ज्वरके मज्जामें प्राप्त होनेपर सब ओर अंधकार सा मालूम होना, हिचकी, खांसी, बाहर शीत, भीतर दाह, छर्दि, बहुत श्वास और मर्म्मोंमें छिदने के समान पीड़ा होतीहै यह ज्वर असाध्य होता है इसीसे इसकी चिकित्सा नहीं कहीहै ॥ ४२७॥

शुक्रगतमाह ॥

मरणंप्राप्नुयात्तत्रशुक्रस्थानगतेज्वरे । शेफसःस्तब्धतामोक्षःशुक्रस्यतुविशेषतः ॥ ननुशुक्रगतेमरणमित्युक्तंतच्चशुक्रंसर्वदेहगं । नैवंस्वाश्रयस्थशुक्रगेमरणम् ॥ ४२८ ॥

वीर्य्यमें गयेहुए ज्वरका वर्णन ॥

ज्वरके वीर्य्यस्थानमें प्राप्त होजाने पर लिंगकी स्तब्धता और वीर्य्यका बहुत निकलना यह लक्षण होतेहैं इसज्वरमें रोगी नहीं जीताहै अब यह सन्देह होताहै कि वीर्य्यमें ज्वरके जानेपर मृत्यु होतीहै यह कहागयाहै और वीर्य्य सम्पूर्ण शरीरमें रहताहै यह कैसे होसक्ताहै? इसका उत्तर यहहै कि वीर्य्यके निजस्थानमें ज्वरके जानेपर मृत्यु होतीहै ॥ ४२८ ॥

अथ जीर्णज्वराधिकारमाह ॥

तत्रजीर्णज्वरस्यसामान्यलक्षणमाह । योद्वादशेभ्योदिवसेभ्यऊर्द्ध्वंदोषत्रयेभ्योद्विगुणेभ्यऊर्द्ध्वं । नृणांतनौतिष्ठतिमन्दवेगोभिषग्भिरुक्तोज्वरएषजीर्णः ॥ ४२९ ॥

जीर्णज्वरका अधिकार जीर्णज्वरका सामान्य लक्षण ॥

बारह दिनके उपरान्त अथवा तीनों दोषोंकी अवधिके दूने दिनोंसे अधिक जो ज्वर मन्दवेग समेत शरीर में रहताहै उसको जीर्णज्वर कहते हैं ॥ ४२९ ॥

जीर्णज्वरस्यैवविशेषंवातबलासकमाह ॥

नित्यंमन्दज्वरोरूक्षःशूनःकृच्छ्रेणसिध्यति । स्तब्धांगःश्लेष्मभूयिष्ठोनरोवातबलासकी ॥ वातबलासकीनरईदृग्भवेत् । शूनःशोथी । श्लेष्मभूयिष्ठोबहुश्लेष्मकः ॥ ४३० ॥

जीर्णज्वरविशेष वातबलासक का लक्षण ॥

जिसके वातबलासक ज्वर होताहै उसके ज्वर का वेग मन्द, सूजन, रूक्षता, शरीरमें शिथिलता और कफ की अधिकता होतीहै ॥ ४३० ॥

अथ जीर्णज्वरस्यसामान्यचिकित्सा ॥

जीर्णज्वरीनरःकुर्य्यान्नोपवासंकदाचन । लङ्घनात्सभवेत्क्षीणोज्वरस्तुस्याद्बलीयतः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुराणेऽपिज्वरेदोषायद्यपथ्यैःपुनस्तथा । लङ्घयेत्तत्रतत्पश्चात्पूर्व्वमेवाचरेत्क्रियाम् ॥ तथापूर्व्ववत् ॥ ४३१ ॥

जीर्णज्वर की सामान्य चिकित्सा ॥

जीर्णज्वरवाला मनुष्य उपवास कभी न करे क्योंकि उपवास करने से वह क्षीण होजाताहै और ज्वर बलवान् होजाताहै और जो कुपथ्य से पुराने ज्वर में भी नवीन ज्वरके समान दोष उत्पन्न होयँ तो लंघनकराना चाहिये और फिर पहले के समान चिकित्सा करनी चाहिये ॥ ४३१ ॥

निदिग्धिकानागरकामृतानांक्काथंपिबेन्मिश्रितपिप्पलीकम् । जीर्णज्वरारोचककास शूलश्वासाग्निमान्द्यार्दितपीनसेषु ॥ हन्त्यूर्द्ध्वजामयम्प्रायःसायन्तेनोपयुज्यते । इति त्रिकण्टकक्काथः ॥ ४३२ ॥

त्रिकंटक क्काथ ॥

भटकटैया, सोंठ और गिलोय इनके काढ़ेमें पीपल मिलाकर पीनेसे जीर्णज्वर, अरुचि, खांसी, शूल, श्वास, मंदाग्नि, पीनस और ऊर्ध्वगतरोग नष्ट होते हैं यह सायंकालमें पीनाचाहिये ४३२ ॥

पिप्पलीमधुसंयुक्तःक्काथश्छिन्नोद्भवोद्भवः । जीर्णज्वरकफध्वंसीपञ्चमूलकृतोऽथवा ॥ अमृतायाःकषायन्तुशीतलीकृतमीरितम् । मधुपादयुतम्पीतंजीर्णज्वरहरम्परम् ॥ पिप्पलीमधुसम्मिश्रंगुडूचीस्वरसंपिबेत् । जीर्णज्वरकफप्लीहकासारोचकनाशनम् ॥ जीर्णज्वरेग्निमान्द्येचशस्यतेगुडपिप्पली । कासाजीर्णारुचिश्वासहृत्पाण्डुकृमिरोगनुत् ॥ द्विगुणःपिप्पलीचूर्णाद्गुडोऽत्रभिषजांमतः । पिप्पलीमधुसंयुक्तामेदःकफविनाशिनी॥ श्वासकासज्वरहरीपाण्डुप्लीहोदरापहा ॥ ४३३ ॥

गिलोय तथा पंचमूलके काढ़ेमें पीपल और सहत मिलाकर पीनेसे जीर्णज्वरका नाश होताहै गिलोयके काढ़ेको शीतल करके उसमें चतुर्थांश सहत मिलाके पीनेसे जीर्णज्वरका नाशहोता है गिलोयके स्वरसमें पीपल और सहत छोडकर पीनेसे जीर्णज्वर, कफ, प्लीहा, खांसी तथा अरुचि का नाश होताहै पीपलके चूर्णका दूना गुड मिलायके खानेसे जीर्णज्वर, मन्दाग्नि, खांसी, अजीर्ण, अरुचि, श्वास,पाण्डु तथा कृमिरोगका नाश होताहै सहतके साथ पीपलखाने से मेद, कफ, श्वास, खांसी,ज्वर पाण्डु, प्लीहा और उदररोगका नाश होताहै ॥ ४३३ ॥

आमलंचित्रकंपथ्यापिप्पलीसैन्धवन्तथा । चूर्णितोयङ्गणोज्ञेयःसर्व्वज्वरहरःपरः ॥ भेदीरुचिकरःश्लेष्महन्तादीपनपाचनः । इति आमलक्यादिचूर्णम् ॥ ४३४ ॥

आमलक्यादि चूर्ण ॥

आमला, चीता, हड, पीपल और सेंधानोन इनसबका चूर्ण. सर्वज्वरनाशक, भेदी, रुचिकारी, कफनाशक, दीपन और पाचन होताहै ॥ ४३४ ॥

द्राक्षामृताशटीशृंगीमुस्तकंरक्तचन्दनम् । नागरंकटुकापाठाभूनिम्बःसदुरालभः ॥ उशीरंधान्यकम्पद्मम्बालकंकण्टकारिका । पुष्करंपिचुमंदञ्चदशाष्टांगमिदंस्मृतम् ॥ जीर्णज्वरारुचिश्वासकासश्वयथुनाशनम् । द्राक्षादिरष्टादशांगक्काथः ॥ ४३५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्राक्षादि अष्टादशांग क्राथ ॥

दाख, गिलोय, कचूर, काकडासिंगी, मोथा, लालचन्दन, सोंठ, कुटकी, पाढ़ा, चिरायता, जवासा, खस, धनियां, पद्माक, सुगन्धबाला, भटकटैया, पुष्करमूल और नींब इनसबका क्राथ सेवन करने से जीर्णज्वर, अरुचि, श्वास, खांसी और सूजनका नाश होताहै ॥ ४३५ ॥

त्रिवृद्ध्यापञ्चवृद्ध्यावासप्तवृद्ध्याथवापिवा । गव्यक्षीरेणसंपिष्टापिबेद्दशदिनानिहि ॥ तथैवापनयेदेताएवंविंशतिवासरान् । पिबतांज्वरशान्तिःस्यात्पाण्डुरोगश्चशाम्यति ॥ कासश्वासोऽग्निमान्द्यञ्चकफाधिक्यञ्चनश्यति । त्र्यादिवृद्धिर्यथाकफवृद्धिर्दुग्धवृद्धिर्यथाग्निवृद्धिः ॥ (इतिवर्द्धमानपिप्पली) ॥ ४३६ ॥

वर्द्धमान पिप्पली ॥

पीपलको तीन पांच अथवा सातके क्रमसे प्रतिदिन बढ़ाताहुआ गौके दूधमें पीसकर दशदिनतक पिये और ग्यारहवें दिनसे इसीप्रकार दश दिनतक घटावे इसप्रकार बीस दिनतक पीपलके पीने से ज्वर, पाण्डुरोग, खांसी, श्वास, मन्दाग्नि और कफकी अधिकता का नाश होता है यहां तीन आदि की वृद्धि कफकी वृद्धिके अनुसार और दूधकी वृद्धि जठराग्निके अनुसार करनीचाहिये ॥ ४३६ ॥

वातश्लेष्मज्वरोक्तास्यात्क्रियावातबलासके । जीर्णज्वरेकफेक्षीणेदाहेतृष्णासमन्विते ॥ पयःपीयूषसदृशंतन्नवेतुविषोपमम् । चन्दनाद्यंहितंतैलंशोषाधीकारकीर्त्तितम् ॥ तथानारायणंतैलंजीर्णज्वरहरंपरम् । इतिजीर्णज्वराधिकारः ॥ ४३७ ॥

वातबलासकज्वर में वातकफज्वर में कहीहुई चिकित्सा करे जीर्णज्वर, कफकी क्षीणता और तृषा सहित दाह में दूध अमृतके समानहै और नवीन ज्वरमें विषके समान शोषाधिकारमें कहाहुआ चन्दनादि तैल और नारायण तैल जीर्णज्वर का अत्यन्तनाशकहै इति जीर्णज्वराधिकार ४३७ ॥

अथ दुर्ज्जलजनितस्य ज्वरस्यचिकित्सा ॥

हरीतकीनिम्बपत्रंनागरंसैन्धवोऽनलः । एषांचूर्णंसदाखादेद्दुर्ज्जलज्वरशान्तये ॥ इति हरीतक्यादिचूर्णम् ॥ ४३८ ॥

बुरेजलसेउत्पन्नहुए ज्वरकी चिकित्सा हरीतक्यादिचूर्ण ॥

हड, नींबकी पत्ती, सोंठ, सेंधानोन और चीता इनका चूर्ण सदैव सेवनकरनेसे बुरेजलसे उत्पन्न हुए ज्वरका नाश होताहै ॥ ४३८ ॥

अरुचिमनलमान्द्यंपीनसश्वासकासानुदरमुदकदोषानाशुहन्यादशेषान् । जनयतितनुकान्तिचित्तनेत्रप्रसादं पलपरिमितशुण्ठीक्षौद्रसिद्धःकषायः ॥ इतिशुण्ठीक्काथः ४३९ ॥

शुंठीक्काथ ॥

चारतोले सोंठके काढ़ेमें सहत डालकर पीनेसे अरुचि, मंदाग्नि, पीनस, श्वास, खांसी, उदर और बुरेजलसेहुए दोषका नाश होताहै तथा कांतिकी वृद्धि और चित्त तथा नेत्रोंमें प्रसन्नता होती है ४३९॥

विषंभागद्वयंदग्धंकपर्दंपञ्चभागकम् । मरिचंनागरञ्चैवचूर्णंवस्त्रेणशोधयेत् ॥ आर्द्रकस्यरसेनास्यकुर्य्यान्मुद्गनिभांवटीम् । वारिणावटिकायुग्मंप्रातःसायञ्चभक्षयेत् ॥ अयं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रसोज्वरेयोज्यःसामेदुर्ज्जलजेऽपिच । अजीर्णाध्मानविष्टम्भशूलेषुश्वासकासयोः ॥ इति दुर्ज्जलजेतारसः ॥ ४४० ॥

दुर्ज्जलजेतारस ॥

विष २ भाग कौडीकीभस्म ५ भाग सोंठ ५ भाग और मिर्च ५ भाग इनसब औषधियोंके चूर्ण को वस्त्रमें छानकर अदरकके रसमें मूंगके समान गोली बनावे प्रातःकाल और सायंकाल जलके साथदो गोलीखाय इस्से आमसहितज्वर,बुरेजलसे होनेवालाज्वर,अजीर्ण, अफरा,विष्टंभ, शूलश्वास और खांसीका नाश होता है ॥ ४४० ॥

पटोलमुस्तामृतवल्लिवासकंसनागरंधान्यकिराततिक्तकम् । कषायमेषांमधुनापिबेन्नरोनिवारयेद्दुर्ज्जलदोषमुल्बणम् ॥ इति पटोलादिक्काथः ॥ ४४१ ॥

पटोलादि क्काथ ॥

पर्वल, मोथा, गिलोय,वांसा,सोंठ,धनियां,चिरायता इनका क्काथ सहत डालकर पीनेसे बुरेजल से होनेवाले बहुत बडे दोषको भी नाशकरता है ॥ ४४१ ॥

किराततिक्तात्रिवृदम्बुपिप्पलीविडंगविश्वाकटुरोहिणीरजः । निहन्तिलीढंमधुनातिसत्वरंसुदुस्तरंदुर्जलदोषजंज्वरम् ॥ इति किरातादिचूर्णम् ॥ ४४२ ॥

किरातादि चूर्ण ॥

चिरायता, निसोथ, सुगन्धबाला, पीपल,बायबिंडग,सोंठ और कुटकी इनसबको चूर्णकरके सहत के संगचाटनेसे बहुत शीघ्र बुरेजलके दोषसे उत्पन्नहुआ अत्यन्त दुस्तरज्वर शान्त होताहै ॥ ४४२॥

भोजनाग्रेनरैर्भुक्तंशुण्ठ्यजाज्यभयोत्थितम् । कल्कन्तुसेवितंनित्यंनानादेशोद्भवंजलम्॥सहार्द्रकयवक्षारौपीत्वाकोष्णेनवारिणा॥नानादेशसमुद्भूतंवारिदोषमपोहति॥ ४४३ ॥

भोजनके पहले सोंठ, कालाजीरा और हड इनकी चटनी पीसकर खानेसे अनेक देशोंके जलसे उत्पन्न हुआ ज्वरशान्त होताहै अदरक और जवाखार गरमजलके साथ पीनेसे अनेक देशोंके जलसे उत्पन्न हुआ दोष शान्त होताहै ॥ ४४३ ॥

अथ साध्यज्वरस्यलक्षणमाह ॥

बलवत्स्वल्पदोषेषु ज्वरःसाध्योऽनुपद्रवः ॥ ४४४ ॥

साध्यज्वरका लक्षण ॥

जिस ज्वरमें रोगी सबल होय दोष थोडे होयँ और कोई उपद्रव न होयँ सो साध्य है ॥ ४४४ ॥

अथ ज्वरस्योपद्रवानाह ॥

श्वासोमूर्च्छाऽरुचिश्छर्दिस्तृष्णातीसारविग्रहाः । हिक्काकासांगदाहश्चज्वरस्योपद्रवादश ॥ ४४५ ॥

ज्वरके उपद्रव ॥

श्वास,मूर्च्छा, अरुचि,छर्दि, तृषा, अतीसार, मलकारुकना, हिचकी,खांसी और दाह ये दशज्वरके उपद्रवहैं ॥ ४४५ ॥

अथ प्रसंगादुपद्रवाणांचिकित्साविशेषमाह ॥

सञ्जातोपद्रवोव्याधिस्त्याज्योनस्याच्चिकित्सकैः । व्याधौशान्तेप्रणश्यन्तिसद्यःसर्व्वे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ऽप्युपद्रवाः ॥ अतोऽव्याधिंजयेद्यत्नात्पूर्वंपश्चादुपद्रवान् । भिषग्यःकुशलःसोऽत्रजयेत्पूर्वमुपद्रवम् ॥ तेष्वपिप्रचुरेषुप्राङ्नाशयेदाशुकारिणम् । मूलव्याधिंजयेत्पूर्वंयत्रयोवा भवेद्बली ॥ अविरोधेनकार्यातदुभयोरपिचक्रियाम् ॥ ४४६ ॥

प्रसंगसेज्वरके उपद्रवोंकीविशेष चिकित्सा ॥

वैद्य उपद्रवों के उत्पन्न होनेपर रोगको छोड न देवे क्योंकि रोगके शान्तहोजाने पर सम्पूर्ण उपद्रव शीघ्रही शान्त होजाते हैं इसीसे पहले रोगको नाशकरे पीछेउपद्रवोंकी चिकित्साकरे और जो चतुरवैद्य होय तो पहले उपद्रवोंकोजीते परन्तु उपद्रवों में से जो उपद्रव बहुत शीघ्र हानिकारी होवे उसकी चिकित्सा पहले करे एक दूसरेके विरोधसे रहित पहले मुख्यरोगकी चिकित्साकरे अथवा जो बलवान् होय उसकी चिकित्साकरे ॥ ४४६ ॥

तत्र ज्वरेश्वासस्यचिकित्सा ॥

सिंहीव्याघ्रीताम्रमूलीपटोलीशृंगीपद्मापुष्करंरोहिणीच। शाकंशट्याःशैलमल्ल्याश्च बीजंश्वासंहन्यात्सन्निपातंदशांगः॥ सिंहीबृहत्कण्टकारी । व्याघ्रीलघुकण्टकारी। ताम्रमूलीदुरालभा । रोहिणीकटुकी । शैलमल्लीकोरैया । दशांगप्रयोगः ॥ ४४७ ॥

ज्वरवालेके श्वासकी चिकित्सा ॥

बडी भटकटैया छोटी भटकटैया जवासा पटोली काकडासिंगी पद्माक पुष्करमूल कुटकी कचूर काशाक कुरैया का बीज इनका क्वाथ सेवन करने से सन्निपातजश्वास का नाश होता है इतिदशांग प्रयोग॥ ४४७ ॥

भार्ङ्गीनिम्बघनाभयामृतलताभूनिम्बवासाविषा त्रायंतीकटुकावचात्रिकटुकस्योनाकशक्रद्रुमैः । रास्नायासपटोलपाटलशटीदार्व्वीविशालात्रिवृत् ब्राह्मीपुष्करसिंहिकाद्वयनिशाधात्र्यक्षदेवद्रुमैः ॥ क्वाथोऽयंखलुसन्निपातनिवहान्द्वात्रिंशतांपानतो दुर्द्धर्षान्निजतेजसाविजयतेसर्पान्गरुत्मानिव । किञ्चश्वासबलासकासगुदरुग्हृद्रोगहिक्कामरुन्मन्यास्तम्भगलामयार्दितमलाविष्टम्भवधर्मानपि ॥ विषाअतीसशक्रद्रुमःवकुलइतिलोके। देवद्रुमोदेवदारु । इतिद्वात्रिंशत्क्वाथः ॥ ४४८ ॥

द्वात्रिंशत्क्वाथ ॥

भारंगी,नींब,मोथा,हड,गिलोय,चिरायता,बांसा,अतीस,त्रायमाणा,कुटकी,बच,सोंठ,पीपल,मिर्च, सोनापाठा, मोलसरी,रासना,जवासा,पर्वल,पटोली,कचूर,गाजवां,इन्द्रायण,निसोथ,ब्राह्मी,पुष्करमूल,दोनोंभटकटैया,हल्दी, आंवला,बहेडा और देवदारु इनका काढा सर्पोंको गरुडजी के समानसन्निपातों को जीतता है और श्वास, कफ,खांसी,गुदाकीपीडा,हृदय के रोग,हिचकी, वात,गलेके पीछे की नसका जकडना,गलेके रोग,अर्दितवात,विष्टंभ तथा बदरोगको नाशकरता है ॥ ४४८ ॥

मधुनाकृष्णाकट्फलकर्कटशृंगीभवंचूर्णम् । श्वासामयेमहोग्रेलीढ्वालोकःसुखीभवति ॥ वन्योपलाग्नितापितदात्रस्याग्रेणपञ्जरेदाहः । अपहरतिश्वासामयमसंशयंभाषितंमुनिभिः ॥ ४४९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पीपल,कायफल और काकडासिंगी के चूर्णको सहत के साथ चाटने से बहुत बढ़ेहुये श्वासरोग कानाश होताहै अरनेकंडों से खुरपे को गरम करके पांजर में दागनेसे निस्संदेह श्वास रोगका नाश होताहै यहमुनिलोगोंने कहा है॥ ४४६ ॥

अथ ज्वरेमूर्च्छायांचिकित्सा ॥

आर्द्रकस्यरसैर्नस्यंमूर्च्छायामाचरेन्नरः। अञ्जनञ्चप्रयुञ्जीतमधुसिन्धुशिलोषणैः॥ शीताम्भसाऽक्षिसेकःसुरभिर्धूपःसुगन्धिपुष्पञ्च । मृदुतालवृन्तवातःकोमलकदलीदल स्पर्शः॥ ४५०॥

ज्वर में मूर्च्छा की चिकित्सा ॥

अदरकके रसकी नासलेने से और सहत सेंधानोन मैनशिल और मिर्चको पीसकर अंजनलगानेसे मूर्च्छाका नाश होताहै शीतल जलको नेत्रों में सींचनेसे सुगन्धित धूप तथा पुष्पोंसे कोमल पंखेकी वायुसे और कोमल केलेके पत्तोंके स्पर्शसे मूर्च्छाका नाश होता है॥ ४५०॥

अथ ज्वरेऽरुचेश्चिकित्सा ॥

अरुचौतुशृंगवेरजरसकैःसोष्णैःससिन्धुजैःकवलः ॥ सिन्धूत्थमातुलुंगीफलकेशर धारणंवक्के॥ ४५१॥

ज्वर में अरुचिकी चिकित्सा॥

अरुचिमें,गरम अदरक के रसको सेंधानिमक मिलाकर मुखमें रक्खे अथवा नींबूके रस में सेंधानिमक मिलाकर मुखमें रक्खे॥ ४५१॥

अथ ज्वरेछर्देश्चिकित्सा ॥

क्काथोगुडूच्याःसमधुःसुशीतःपीतःप्रशान्तिंवमनस्यकुर्य्यात्। विड्माक्षिकाणांमधुनाऽवलीढासचन्दनाशर्करयान्वितावा॥ ४५२॥

ज्वर में छर्दिकी चिकित्सा॥

गिलोय के काढ़ेको ठंढाकरके सहत डालकर पीनेसे छर्दिका नाश होताहै मक्खी की बीटको सहत के साथ चन्दन अथवा शक्कर युक्त चाटने से छर्दिका नाश होताहै॥ ४५२॥

अथ ज्वरेतृष्णायाश्चिकित्सा॥

दन्तशठबीजपूरकदाडिमबदरैः सचुक्रकैर्वदने।लेपोजयतिपिपासामथरजतगुटीमुखान्तःस्था॥ शीतम्पयःक्षौद्रयुतंनिपीतमाकण्ठमाशुवेवतदुद्वमेच्च । तर्षंमहान्तंशमयेद्विवक्त्रेधृत्वाथवाक्षौद्रवटाग्रलाजाम्॥ ४५३॥

ज्वर में तृषाकी चिकित्सा॥

बिजौरा नींबू,जंभीरी नींबू,अनार,बेर और चूका इनसब औषधियों को मुख में लेप करनेसे और चाँदीकी गोली को मुखमें रखने से तृषाका नाश होताहै सहतयुक्त ठंढेदूधको गलेतक पीकर शीघ्र ही वमन करने से अथवा सहत बर्गद के अंकुर और खीलों को एक में मिलाकर मुखमें रखने से तृषा का नाश होताहै॥ ४५३॥

अथ ज्वरेऽतीसारस्यचिकित्सा॥

लङ्घनमेकंमुक्त्वानान्यदस्तीह भेषजंबलिनः। समुदीर्णदोषनिचयंशमयतितत्पाचयेद

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पिच॥वत्सादनीवत्सकवारिवाहविश्वम्भरानिम्बविषासविश्वाः। ज्वरेतिसारंत्वरितंजयन्तिविश्वामृतावत्सकवारिवाहाः (विश्वम्भराभूनिम्बः) पाठामृतापर्पटमुस्तविश्वाकिराततिक्तेन्द्रयवान्विपाच्य। पिबन्हरत्येवहठेनसर्वान्ज्वरातिसारानपिदुर्निवारान् ४५४॥

ज्वर में अतीसार की चिकित्सा॥

बलवान् ज्वरवालेको अतीसार में लंघनके सिवाय और कोई औषधि नहीं है लंघनसे बढ़े हुये दोषोंकी शान्ति और परिपाक होताहै गिलोय, कुरैया, मोथा, चिरायता, नींब, अतीस और सोंठ इनके क्काथ से शीघ्रही ज्वरके अतीसार का नाशहोताहै सोंठ, गिलोय, कुरैया और मोथा इनके काढ़ेसे अतीसार का नाशहोताहै पाठा, गिलोय, पित्तपापड़ा, मोथा, सोंठ, चिरायता और इन्द्रजौ इनके काढ़ेके पीनेसे सम्पूर्ण दुर्निवार्य्य ज्वरातीसारों का भी नाश होताहै॥ ४५४॥

अथ ज्वरेविड्ग्रहस्यचिकित्सा॥

विड्ग्रहेवातजित्कर्म्मकुर्य्यादत्रानुलोमनम्। मलम्प्रवर्त्तयेदाशुतीक्ष्णाभिःफलवर्त्तिभिः॥ पथ्यारग्वधतिक्तात्रिवृदामलकैःशृतन्तोयम्। जीर्णज्वरेविबन्धेदद्यादाश्वेवविड्ग्रहःशाम्येत्॥ ४५५॥

ज्वरमें मल रुकजाने की चिकित्सा॥

शुद्ध पारा और गंधक पांच २ तोले लेकर एकसाथ तीन दिन घोटकर कजलीकरे फिर आकके दूध में तीन दिन घोटकर थूहरके दूधमें तीन दिन खरलकरे इसके उपरान्त अदरक और श्वेत चीते की जड़को विना जल के कूटकर रस निकाले उस रसमें तीन दिन कजली को घोटे फिर पीली कौडी और शंखका दश २ तोले चूर्ण एकमें मिलाकर पहली कहीहुई विधिसे तीन दिन घोटकर आकके दूधमें और थूहरके दूधमें तीन २ दिन घोटे फिर उसमें वह कजली मिलाकर अदरक और चीते के रसमें घोटकर बेरके बराबर गोली बनावै इसके उपरान्त खूब पक्की कुल्हियाके भीतर चूने का लेपकरके पकावे फिर उसमें वह गोली भरदे और चूने से लिपेहुए ढकनेसे बन्दकरके कपड़ौटी करदे फिर हाथभरका गढ़ा खोदकर अरने कण्डोंसे उसमें पुटदे और शीतल होनेपर निकालके चीते के रसमें पीसकर पहलीसी गोली बनाले और उसीप्रकार से फिर पुटदे पीछे गोलियोंको निकाल पीसकर शीशीमें रक्खे फिर बत्तीस मिर्च और घी के साथ पंद्रह रत्ती यह शंखपोटली नाम रस खाने से आमज्वर अतीसार, श्वास, खांसी, कफ, पित्त, आमवात, मंदाग्नि, ग्रहणी, अठारह प्रमेह, जीर्णता और बलक्षयका नाश होता है ज्वर में मिर्च और घीके साथ न देना चाहिये धान, दही, दूध आदिक भोजन पथ्यहैं और कटु, खटाई, क्षार तथा तेल आदिक त्याज्यहैं इस प्रकारसे इस शंख पोटली नाम रस के सेवन करनेसे कहेहुए संपूर्ण रोग क्रमसे निस्सन्देह नाशको प्राप्त होतेहैं ॥ इति शंखपोटलीरस ॥ ५३९ ॥

त्रैलोक्यविजयाजातीफलेतुल्येकलिंगके। गृहीत्वाद्विगुणंश्रेष्ठोलोहःसर्वातिसारनुत् बिल्वमोचरसलोध्रधातकीपुष्पचूतफलबीजसंयुताम् । भक्षयेदतिविषावलेहिकांसिन्धुवेगमपिरुद्धरंध्रुवम् ॥ इत्यतीसाराधिकारः ॥ ५४० ॥

भांग तथा जायफल को समभाग लेकर इनके दूने इन्द्रजौ ले और इनसबका दूना लोहसार ले फिर सब को मिलाकर सेवन करनेसे सब अतीसारोंका नाश होताहै बेल, मोचरस, लोध, धवई के फूल, आमकी बिजली और अतीस इन सब औषधियों का अवलेह बनाकर खानेसे समुद्र के वेगके समान भी अतीसार रुकजाताहै ॥ इति अतीसाराधिकार ॥ ५४० ॥

अथ ज्वरातीसाराधिकारः। ज्वरातिसारयोरुक्तंनिदानंयत्पृथक्पृथक्। तस्माज्ज्वरातिसारस्यनिदानंनोदितंपुनः ॥ ५४१ ॥

ज्वरातीसार ॥

ज्वर और अतीसारका निदान पहले अलग २ कहचुके हैं इस लिये ज्वरातीसारका निदान फिर नहीं कहतेहैं ॥ ५४१ ॥

अथ ज्वरातीसारस्यचिकित्सा ॥

ज्वरातीसारयोरुक्तंभेषजंयत्पृथक्पृथक्। नतन्मिलितयोःकार्यमन्योन्यंवर्द्धयेद्यतः ॥ अयमभिप्रायः। ज्वरहरमनुलोमनम्भवति। अतीसारहरंस्तम्भनम्भवति। अतःपरस्परविरुद्धत्वात्पृथगुक्तंभेषजंमिलितयोर्नकार्य्यम् । यतआह । अनुलोमनंज्वरघ्नंग्राहकमतीसारहृद्भवति। पृथगुक्तमौषधंतज्ज्वरातीसारेविरुद्धमन्योन्यम् ॥ अतस्तौप्रतिकुर्वीत विशेषोक्तचिकित्सितैः। लङ्घनमेकंमुक्त्वानचान्यदस्तीहभेषजंबलिनः ॥ समुदीर्णदोष

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

निचयंतत्पाचयेत्तथाशमयेत्। लङ्घनमुभयोरुक्तंमिलितेकार्येविशेषनस्तदनु। उत्पलषष्ठकसिद्धंलाजमण्डादिकंसकलम्। उत्पलषष्ठकंयथा। पृष्ठपर्णीबलाबिल्वधनिकानागरोत्पलैः। ज्वरातीसारयोर्वापिपिबेत्साम्लंशृतन्नरः। अत्रलाजामण्डाद्यपेक्षयावाशब्दः। अतीसारपुरीषातिप्रवृत्त्याअम्लत्वञ्चदाडिमरसादिनाकर्त्तव्यम्।इतिउत्पलषष्ठकम् ५४२॥

ज्वरातीसारकी चिकित्सा॥

ज्वर और अतीसारकी जो औषध अलग २ कहीगईहैं उनको मिलाकर खानेसे ज्वरातीसार नहीं जाताहै क्योंकि वह परस्पर विरुद्धहोकर एक दूसरे को बढ़ातीहैं इसका यह अभिप्रायहै कि ज्वरघ्न औषध मलको निकालनेवाली और अतीसारनाशक औषध ग्राही होतीहै इस लिये परस्पर विरुद्धहोने के कारण अलग २ कही हुई औषध मिलाकर न करनी चाहिये क्योंकि कहागयाहै कि ज्वरघ्न औषध मलकी निकालनेवाली और अतीसारकी औषध ग्राही होतीहै इस कारण से अलग अलग कही हुई औषध ज्वरातीसार में परस्पर विरुद्धहोती हैं इस लिये ज्वरातीसारमें विशेष कही हुई [illegible]धियोंके द्वारा चिकित्सा करनी चाहिये इसरोगमें बलवान् पुरुषको लंघनके सिवाय और कोई [illegible]ध नहींहै लंघनके द्वारा दोष परिपाक और शान्तिको प्राप्तहोते हैं ज्वर और अतीसार इनदोनों [illegible]घन कहागयाहै और दोनोंके मिलेहोने पर विशेष करके लंघन कराना चाहिये लंघनके उपरान्त [illegible] षष्ठकके द्वारा सिद्ध हुआ खीलोंका माँड देनाचाहिये पृष्ठपर्णी, बरियारा, बेल, धनियां, सोंठ [illegible]लिकमल यह उत्पलषष्ठक कहलाताहै इनके द्वारा काढ़ाकरके अनारका रस मिलाकर ज्वरातीसारमें देनाचाहिये इति उत्पलषष्ठक॥ ५४२॥

कणाकरिकणालाजक्काथोमधुसितायुतः।पीतोज्वरातिसारस्यतृष्णामाशुविनाशयेत्॥ इति कणादिक्काथः।नागरातिविषामुस्ताऽमृताभूनिम्बवत्सकैः।क्काथःसर्वज्वरान्हन्तिअतीसारंसुदारुणम्॥ इति नागरादिक्काथः। गुडूच्यातिविषाधान्यशुण्ठीबिल्वाम्बुबालकैः। पाठाभूनिम्बकुटजचन्दनोशीरपर्पटैः॥ पिबेत्कषायंसक्षौद्रंज्वरातीसारनाशनम्॥ हृल्लासारुचितृड्दाहवमीनाञ्चनिवृत्तये॥ बृहद्गुडूच्यादिक्काथः। उत्पलंदाडिमत्वक्चपद्मकेशरमेवच। पीतंतण्डुलतोयेनज्वरातीसारनाशनम्॥ इति उत्पलादिचूर्णम्। बिल्वबालकभूनिम्बगुडूचीमुस्तवत्सकैः। कषायःपाचनःशोथज्वरातीसारनाशनः॥ बिल्वादिक्काथः। नागरातिविषाबिल्वगुडूचीमुस्तवत्सकैः। कषायःपाचनःशोथज्वरातीसारनाशनः॥ इति नागरादिक्काथः। दशमूलीकषायेणविश्वामक्षसमांपिबेत्। ज्वरेचैवातिसारेचसशोथेग्रहणीगदे॥ इति दशमूलीक्काथः। इति ज्वरातीसाराधिकारः॥ ५४३॥

पीपल, गजपीपल, खील इनके काढ़ेको शीतल करके सहत तथा शक्कर मिलाकर पीने से ज्वरातीसारवाले की तृषाका नाशहोताहै इति कणादिक्काथ. सोंठ, अतीस, मोथा, गिलोय, चिरायता और इन्द्रजौ इनकेकाढ़े से संपूर्ण ज्वर और घोर अतीसारका नाश होताहै इति नागरादिक्काथ. गिलोय, अतीस, धनियां, सोंठ, बेल, सुगन्धबाला, पाठा, चिरायता, कुरैया, लालचन्दन, खस और पित्तपापडा इनके काढ़ेमें सहत डालकर पीने से ज्वरातीसार, जीमिचलाना, अरुचि, तृषा, दाह और छर्दिका नाश होताहै इति बृहद्गुडूच्यादिक्काथ. नीलकमल अनारके छिलके और कमलका जीरा इनके चूर्ण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

को चावलोंके पानीके साथ पीनेसे ज्वरातीसारका नाश होताहै इति उत्पलादिचूर्ण. बेल,सुगन्धबाला, चिरायता,गिलोय,मोथा और इन्द्रजौ इनका काढ़ा पाचक और सूजन तथा ज्वरातीसारका नाशक होताहै इति बिल्वादिकाथ सोंठ, अतीस, बेल,गिलोय,मोथा और इन्द्रजौ इनका काढ़ा पाचक और सूजन तथा ज्वरातीसारका नाशक होताहै इति नागरादि क्वाथ तोले भर सोंठ दशमूल के काढ़ेके साथपीनेसे सूजन सहित ज्वर अतीसार और ग्रहणीका नाश होताहै इति दशमूलक्वाथ॥इति ज्वरा-तीसाराधिकार ॥ ५४३ ॥

अथ ग्रहणीरोगाधिकारः । तत्रग्रहणीरोगस्यसम्प्राप्तिमाह ॥

अतीसारेनिवृत्तेऽपिमन्दाग्नेरहिताशिनः । भूयःसन्दूषितोवह्निर्ग्रहणीमपिदूषयेत् ॥ अपिशब्दादजातातीसारस्यापिग्रहणीरोगःस्यात् ॥ ५४४ ॥

ग्रहणीरोगाधिकारग्रहणीरोगकी संप्राप्ति ॥

अतीसारके निवृत्तहोजाने पर जो मन्दाग्निवाला पुरुष अहित भोजनकरे तो दूसरीबार अग्नि दूषित होकर ग्रहणीको दूषित करतीहै अतीसारके न होनेपर भी ग्रहणीरोग होताहै ॥ ५४४ ॥

अथ ग्रहणीस्वरूपमाह ॥

ग्रहण्यग्निधराकला । यतआहचरके । अग्न्यधिष्ठानमन्नस्यग्रहणाद्ग्रहणीमता । अपक्वंधारयत्यन्नम्पक्वन्त्यजतिचाप्यधः ॥ सुश्रुतेऽपि । षष्ठीपित्तधरानामयाकलापरिकीर्त्तिता । आमपक्वाशयान्तरस्थाग्रहणीसाभिधीयते ॥ ग्रहण्याबलमग्निर्हिसचापिग्रहणीमता । तस्मादग्नौप्रदुष्टेतुग्रहण्यपिविदुष्यति॥ एतेननिवृत्तातिसारिणापिअहिताहारपरीहारःकरणीयःआवह्निबललाभादित्युक्तम्भवति अतएवाहसुश्रुतः । तस्मात्कार्यःपरीहारोह्यतीसारेविरिक्तवत् । यावन्नप्रकृतिस्थःस्याद्दोषतःप्राणतस्तथा । विरिक्तेनैवविरिक्तवत् ॥ ५४५ ॥

ग्रहणीका स्वरूप ॥

अग्निकी धारण करनेवाली कलाको ग्रहणी कहतेहैं क्योंकि चरकमें कहाहै कि अग्निके धारण करनेवाली कला अन्नके ग्रहण करने से ग्रहणी कहलाती है यह कच्चे अन्नको धारण करती है और पके अन्नको नीचे छोड़ती है सुश्रुतने भी कहाहै कि आमाशय और पक्वाशय के बीचमें जो पित्तधरा नाम छठी कलाहै उसको ग्रहणी कहतेहैं ग्रहणीका बल अग्निहै इसलिये अग्निको भी ग्रहणीकहतेहैं इससे अग्निके दूषितहोने पर ग्रहणी भी दूषित होतीहै इससे यह सिद्ध होताहै कि अतीसार के निवृत्त होजानेपर जबतक अग्निमें बल न आजाय तबतक अहितकारी आहारका त्यागकरनाचाहिये इसी से सुश्रुतने कहाहै कि जबतक दोष और बल स्वाभाविक न होजायँ तबतक अतीसारवाले को जुलाब लेनेवाले के समान अपथ्यका त्याग करना चाहिये॥ ५४५ ॥

अथ ग्रहणीरोगस्यसंख्यापूर्वकंसामान्यंलक्षणमाह ॥

एकैकशःसर्वशश्चदोषैरत्यन्तमूर्च्छितैः । सादुष्टाबहुशोभुक्तामाममेवविमुञ्चति । पक्वंवासरुजंपूतिमुहुर्बद्धंमुहुर्द्रवम् । ग्रहणीरोगमाहुस्तमायुर्वेदविदोजनाः ॥ अतीसारेद्रवधातुप्रवृत्तिर्ग्रहण्यान्तुबद्धस्यापिमलस्यप्रवृत्तिरितितयोर्भेदः ॥ ५४६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ग्रहणीरोगका संख्यापूर्व्वक सामान्य लक्षण ॥

जिस रोगमें अलग २ और मिलेहुए बहुत बढ़ेहुए वातादि दोषोंसे दोषयुक्त ग्रहणी भोजनकियेहुए पदार्थको कच्चा अथवा पक्का दस्तों में बहुतसा निकाले और मल कभी बंधा कभी पतलाहोकर दुर्गन्ध युक्त पीड़ाके साथ निकले उसको ग्रहणी रोग कहते हैं अतीसार में पतला मल निकलता है और ग्रहणी में बंधाहुआ भी मल निकलताहै यही इन दोनों में भेदहै ५४६ ॥

अथ वातजायांग्रहण्यांनिदानसम्प्राप्तिपूर्व्वकंरूपमाह ॥

कटुतिक्तकषायातिरूक्षशीतलभोजनैः । प्रमितानशनात्यध्ववेगनिग्रहमैथुनैः ॥ मारुतःकुपितोवह्निंसञ्छाद्यकुरुतेगदम् । तस्यान्नंपच्यतेदुःखंशुक्तपाकंखरांगता ॥ कण्ठास्यशोषःक्षुत्तृष्णातिमिरंकर्णयोःस्वनः । पार्श्वोरुवंक्षणग्रीवारुगभीक्ष्णंविषूचिका ॥ हृत्पीड़ाकार्श्यदौर्बल्यंवैरस्यम्परिकर्त्तिका । गृद्धिःसर्वरसानाञ्चमनसःस्यदनन्तथा ॥ जीर्णेजीर्य्यतिचाध्मानंभुक्तेस्वास्थ्यमुपैतिच । सवातगुल्महृद्रोगप्लीहाशङ्कीचमानवः ॥ चिराद्दुःखंद्रवंशुष्कंतन्वामंशब्दफेनवत् । पुनःपुनःसृजेद्वर्चःकासश्वासार्दितोऽनिलात् ॥ प्रमितपरिमितंगदंग्रहणीगदम् । शुक्तपाकम् ॥ ५४७ ॥

वातजग्रहणीका निदान और सम्प्राप्तिपूर्व्वक लक्षण ॥

कटु, तिक्त, कषाय, रूखा तथा शीतल भोजन करनेसे थोड़ा भोजन, लंघन, बहुत मार्ग में घूमना, वेगका रोकना और मैथुनकेद्वारा कुपितहुई वात अग्निको आच्छादितकरके ग्रहणीको उत्पन्न करतीहै वातजग्रहणी में भोजन का बहुत देर में पचना तथा परिपाक में खट्टा होनाहै शरीर में कठोरता, कृशता, दुर्बलता, कंठ तथा मुखका सूखना, क्षुधा, तृषा, अन्धकार सा मालूम होना और पसली, जंघा, हृदय, वंक्षण तथा ग्रीवा में पीड़ा होना, विशूचिका, मुखकी बिरसता, गुदामें काटने के समान पीड़ा, सब रसोंके खाने की इच्छा मनमें अप्रसन्नता, भोजनके परिपाक होजाने पर अथवा परिपाक के समय अफरा भोजनके पीछे स्वस्थता वारंवार थोड़े २ फेने युक्त कच्चे मलका कष्ट के साथ बहुत देरमें निकलना और खांसी तथा श्वास के द्वारा व्याकुलता यह लक्षण होतेहैं इसरोग में वातगोला हृदय के रोग और प्लीहा होगईसी मालूम होतीहै ॥ ५४७ ॥

अथ पित्तजायांग्रहण्यांनिदानसम्प्राप्तिपूर्व्वकंरूपमाह ॥

कटुतिक्तविदाह्यम्लक्षाराद्यैःपित्तमुल्बणम् । आप्लावयद्धन्त्यनलंजलंतप्तमिवानलम् ॥ सोऽजीर्णंपीतनीलाभंपीताभःसार्य्यतेद्रवम् । अत्यम्लोद्गारहृत्कण्ठदाहारुचितृषार्द्दितः ॥ आप्लावयत्‌मज्जयत्‌ननुपित्तमग्निगुणयुक्तंतत्‌कथमग्निंहन्तीत्याह । जलंतप्तमिवानलमितियथा । अग्निगुणयुक्तमपितप्तंजलमनलंहान्तितथापित्तमपिहन्ति । सार्य्यतेअत्रपित्तेनेतिकर्तृपदमध्याहरणीयम् ॥ ५४८ ॥

पित्तकी ग्रहणीका निदान और सम्प्राप्तिपूर्व्वक लक्षण ॥

कटु, चिर्परा, विदाही, खट्टा तथा खारी आदि पदार्थों से बढ़ाहुआ पित्त, गरमजलके समान अग्निको डुबाता हुआ शान्त करता है पित्तजग्रहणी में पीले नीले अथवा केवल पीले पतले तथा कच्चे मलका निकलना खट्टी डकार हृदय तथा कंठमें दाह अरुचि और तृषा होतीहै ॥ ५४८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ श्लेष्मजायाग्रहण्यानिदानपूर्विकांसम्प्राप्तिमाह ॥

गुर्वतिस्निग्धशीतादिभोजनादतिमैथुनात् । भुक्तमात्रस्यचस्वप्नाद्धन्त्यग्निंकुपितःकफः॥ तस्यान्नंपच्यतेदुःखंहल्लासच्छर्द्यरोचकाः। आस्योपदेहमाधुर्यकासष्ठीवनपीनसाः॥ हृदयम्मन्यतेस्तब्धमुदरंस्तिमितंगुरु । दुष्टोमधुरउद्गारःसदनंस्त्रीष्वहर्षणम् ॥ भिन्नामश्लेष्मसंश्लिष्टंगुरुवर्चःप्रवर्त्तनम् । अकृशस्यापिदौर्बल्यमालस्यञ्चकफात्मके ॥ भुक्तमात्रस्यचस्वप्नाद् भुक्तेत्यत्राध्यवसितादित्वात्कर्त्रर्थेक्तः । तेनभुक्तवतःसद्यःशयनादित्यर्थः। आस्योपदेहःमुखस्यकफेनलिप्तत्वम् । स्तिमितंविबद्धंनिश्चलमितियावत् । स्त्रीषु अहर्षणंरिरंसायाअभावः । भिन्नंस्फुटितमामपक्वंश्लेष्मसंश्लिष्टम् । ततएवगुरुवर्चः पुरीषंतस्यप्रवृत्तिः ॥ ५४९ ॥

कफजग्रहणीका निदान और संप्राप्तिपूर्व्वक लक्षण ॥

भारी बहुत स्निग्ध तथा शीतल आदि भोजनसे बहुत मैथुनसे और भोजनके उपरान्त तुरन्तही सोने से कुपित हुआ कफ अग्निको नष्ट करताहै कफजग्रहणी में अन्नका बहुतदेर में पचना, [illegible] मिचलाना, छर्दि, अरुचि, मुखका कफ से लिपारहना तथा मधुर रहना, खांसी, बहुत थूकना, पीन[illegible] हृदय, जकड़ाहुआसा मालूमहोना, पेटकाभारी तथा निश्चलहोना, विकारी, मीठी २ डकार, शिथिल[illegible] मैथुनकी इच्छाका न होना, कफसहित बिखरेहुए कच्चे तथा भारी मलका निकलना, कृशताके [illegible] भी बलरहित होना और आलस्य यह लक्षण होतेहैं ॥ ५४९ ॥

अथ त्रिदोषजस्य ग्रहणीरोगस्य निदानपूर्विकां सम्प्राप्तिमाह ॥

पृथग्वातादिनिर्दिष्टहेतुलिंगसमागमे। त्रिदोषन्निर्दिशेदेवंतेषांवक्ष्यामिलक्षणम् ५५०॥

सन्निपातजग्रहणीका निदान और संप्राप्तिपूर्व्वक लक्षण ॥

अलग २ कहेहुये वातादिकोंके हेतु और चिह्नोंके मिलनेसे त्रिदोषजग्रहणी जाननीचाहिये ५५० ॥

अथ ग्रहणीरोगस्यभेदंसंग्रहणीरोगमाह ॥

द्रवंघनंमितंस्निग्धंसकटीवेदनंशकृत् । आमंबहुसुपैच्छिल्यंसशब्दंमन्दवेदनम् । पक्षान्मासाद्दशाहाद्वानित्यञ्चातिविमुञ्चति । अन्त्रकूजनमालस्यं दौर्ब्बल्यंसदनम्भवेत् ॥ दिवाप्रकोपोभवतिरात्रौशांतिञ्चगच्छति । दुर्विज्ञेयादुर्न्निवाराचिरकालानुबन्धिनी। साभवेदामवातेनसंग्रहाद्ग्रहणीमता । स्निग्धंस्नेहसदृशम् । दिवाप्रकोपोभवति रात्रौशांतिञ्चगच्छतीतिव्याधेरेवप्रभावः ॥ ५५१ ॥

ग्रहणीरोगका भेद संग्रहणी रोगका वर्णन ॥

संग्रहणी रोगमें पतला, गाढ़ा, थोड़ा, स्नेहके सदृश, बहुत पिच्छिल और कच्चामल शब्द और थोडी थोडी पीडा सहित निकलताहै इस रोग में एक पक्ष भरमें महीने भरमें दश दिन में अथवा नित्य पहले कहेहुए लक्षणयुक्त रुक रुक कर दस्त आते हैं और आंतों में गुड़गुड़ाहट, आलस्य, दुर्बलता, कमरमें पीडा तथा शरीरमें शिथिलता होतीहै इसरोगमें स्वभावसेही दिनमें रोगकावेग और रात्रिमें स्वस्थता होतीहै यह रोग बहुत कठिनतासे जाननेके योग्य बहुत दिनतक रहनेवाला और अत्यन्त

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कठिनतासे औषध करनेके योग्य आमवातसे उत्पन्न होता है इसको संग्रहणी कहते हैं ॥ ५५१ ॥

अथ घटीयन्त्राख्यं ग्रहणीरोगभेदमाह ॥

प्रसुप्तिःपार्श्वयोःशूलंतथाजलघटिध्वनिः । तंवदन्तिघटीयंत्रमसाध्यंग्रहणीगदम् ॥ प्रसुप्तिःप्रकर्षेणशयनम् । तथाजलघटीध्वनिः। अधोमुखीकृतायाजलघट्याजलनिःसरणेयथाध्वनिःतथामलनिर्गमसमयेभवति । यदागदोऽयंदेहंव्याप्नोतितदातस्यजीवितंगच्छति ॥ ५५२ ॥ घटीयन्त्र नाम ग्रहणी रोगका भेद ॥

अधिक निद्रा और मल निकलने के समय जल से भरेहुए औंधाये हुए घट से जल निकलने के शब्दके समान दस्त में शब्द होताहै इसको घटीयंत्र ग्रहणी कहतेहैं यह रोग जब मनुष्यके शरीर में व्याप्त होताहै तो उसकी मृत्यु होजाती है ५५२ ॥

अथ सामान्यग्रहणीरोगस्यचिकित्सामाह ॥

ग्रहणीमाश्रितंरोगमजीर्णवदुपाचरेत् । लङ्घनैर्दीपनीयैश्चसदातीसारभेषजैः ॥ दोषं सान्निरामञ्चविद्यादत्रातिसारवत् । अतीसारोक्तविधिनातस्यामञ्चविपाचयेत् ॥ पेयादिलघ्वन्नंपञ्चकोलादिभिर्युतम् । दीपनानिचतक्रंचग्रहण्यांयोजयेद्भिषक् ॥ कपित्थ ... चांगेरीतक्रदाडिमसाधिता ॥ यवागूःपाचयत्यामंशकृत्संवर्त्तयत्यपि ॥ संवर्त्तयति ... करोति ॥ ५५३ ॥ सामान्य ग्रहणीरोगकी चिकित्सा ॥

ग्रहणी रोगकी चिकित्सा अजीर्णके समान करनी चाहिये और लंघन, दीपन, औषध तथा अतीसारमें कहीहुई औषधोंसे चिकित्साकरे इसमें दोषका आम सहित और आमसे रहितहोना अतीसारके समान जानना चाहिये अतीसारमें कहीहुई विधि के अनुसार आमका परिपाककरे पंचकोल आदिकोंसेयुक्त पेयादिक हलका अन्न दीपनवस्तु और मट्ठा ग्रहणीरोग में देनाचाहिये कैथा, बेल, चूका, मट्ठा और अनार इनसबकेद्वारा सिद्धकीहुई यवागू आमको पचाती और मलको बांधतीहै ५५३ ॥

अथ तक्रम् ॥

(अत्रगोदधिगुणाः)गव्यंदध्युत्तमंबल्यंपाकेस्वादुरुचिप्रदम् ॥ पवित्रंदीपनंस्निग्धं पुष्टिकृत्पवनापहम् । उक्तंदध्नामशेषाणांमध्येगव्यंगुणाधिकम् । (अथ महिषीदधिगुणाः) माहिषंदधिसुस्निग्धंश्लेष्मलंवातपित्तनुत् । स्वादुपाकमभिष्यन्दिवृष्यंगुर्वस्रदूषणम्॥ (अथ छागीदधिगुणाः) आजंदध्युत्तमंग्राहिलघुदोषत्रयापहम् । शस्यतेश्वासकासार्शःक्षयकार्श्येषुदीपनम् । उत्तमंग्राहिग्रहिण्यामतिश्रेष्ठमित्यर्थः ॥ ५५४ ॥

मट्ठेका वर्णन ॥

(गौके दहीके गुण) गौका दही श्रेष्ठ, बलकारक, पाकमें मधुर, रुचिकारी, पवित्र, दीपन, स्निग्ध, पुष्टकारी, वात नाशक और संपूर्ण दहियोंमें श्रेष्ठ होताहै (भैंसके दहीके गुण) भैंसका दही स्निग्ध, कफकारी, वातपित्तनाशक पाकमें मधुर, अभिष्यन्दी, वीर्य्यवर्द्धक, भारी और रक्तका दूषितकरनेवाला होताहै (बकरीके दहीके गुण) बकरीका दही श्रेष्ठ, ग्राही (ग्रहणीरोगमें अत्यन्तहित) हलका, त्रिदोषनाशक, दीपन और श्वास, खांसी, बवासीर, क्षय और कृशता को नाशकरताहै ॥ ५५४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ तक्रस्यभेदः॥

तक्रन्तुघोलमथितोदश्वित्तक्रप्रभेदतः। सुश्रुताद्यैर्मुनिश्रेष्ठैश्चतुर्द्धापरिकीर्त्तितम्॥ ससरंनिर्जलंघोलंमथितन्त्वसरोदकम्। तक्रंपादजलंप्रोक्तमुदश्विच्चार्द्धवारिकम्॥५५५॥

मट्ठे के भेद॥

तक्र,घोल, मथित और उदश्वित् यह चार मट्ठे के भेद सुश्रुत आदि मुनियोंने कहेहैं मलाई सहित दहीके निर्जलके मट्ठे को घोल, मलाई उतरेहुये दहीके निर्जल मट्ठे को मथित, चौथाई जल सहित मट्ठे को तक्र. और आधे जल सहित मट्ठे को उदश्वित् कहतेहैं॥ ५५५॥

वातपित्तहरंघोलंमथितंकफपित्तनुत्। उदश्वित्कफदंबल्यंश्रमघ्नंपरमंमतम्॥ (अथतक्रस्यगुणाः) तक्रंग्राहिकषायाम्लंमधुरंदीपनंलघु। वीर्य्योष्णंबलदंवृष्यंप्रीणनंवातनाशनम्॥ यान्युक्तानिदधीन्यष्टौतद्गुणंतक्रमादिशेत्। ग्रहण्यादिमतांतक्रंपथ्यंसंग्राहिलाघवात्॥ वातघ्नमम्लसान्द्रत्वात्सद्यस्कन्त्वविदाहिच। किञ्चस्वादुविपाकञ्चअन्तेपित्तप्रकोपणम्॥ कषायोष्णविकाशित्वाद्रौक्ष्याच्चैवकफेहितम्॥ ५५६॥

घोल. वातपित्तनाशक मथित. कफपित्तनाशक उदश्वित्. कफकारी, बलिष्ठ तथा अत्यन्त श्रमनाशक होताहै तक्र. ग्राही, कषैला,खट्टा,मधुर,दीपन,हलका,वीर्य में उष्ण, बलकारी,वीर्यबर्द्धक प्रीतिकारी और वातनाशक होताहै जो आठप्रकारके दहीकहेगयेहैं उसीप्रकार उनके मट्ठेकेभी गुण जानने चाहिये ग्रहणी आदि रोगवालोंको ग्राही और हलकेपनेसे तक्रपथ्यहै तक्र खट्टे तथा घनेपनेसे वातनाशक होताहै ताजातक्र.अविदाही पाकमें मधुर तथा अंतमें पित्तको कुपितकरनेवाला होताहै और कषैलेपनसे उष्णतासे और विकाशी तथा रूखेपनके गुणसे कफनाशक होताहै॥५५६॥

अथोद्धृतस्नेहस्यस्तोकोद्धृतस्नेहस्यानुद्धृतस्नेहस्यतक्रस्यगुणाः॥

समुद्धृतघृतंतक्रंपथ्यंलघुविशेषतः। स्तोकोद्धृतघृतंतस्माद्गुरुवृष्यंकफावहम्॥ अनुद्धृतघृतंसान्द्रंगुरुपुष्टिबलप्रदम्॥ ५५७॥

घीनिकलेहुए कुछघीनिकलेहुए और बिनघीनिकलेहुए मट्ठेकेगुण॥

जिस मट्ठेसे अच्छे प्रकार घी निकाल लियाजाता है वह पथ्य तथा बहुत हलका होताहै जिस मट्ठेसे थोडा घी निकाला जाताहै वह पहलेकी अपेक्षा भारी वीर्यवर्द्धक तथा कफकारी होता है और जिस मट्ठेसे घी नहीं निकालाजाताहै वह गाढा भारी पुष्टिकारी तथा बलवर्द्धक होताहै ५५७॥

अथ दोषविशेषेतक्रविशेषाः॥

वातेम्लंसैन्धवोपेतंपित्तेस्वाद्वम्लशर्करम्। पिबेत्तक्रंकफेनापिक्षारत्रिकटुसंयुतम्॥ हिंगुजीरयुतंघोलंसैन्धवेनावचूर्णितम्। ग्रहण्यर्शोऽतिसारघ्नंभवेद्वातहरम्परम्। रोचनंपुष्टिदंबल्यंवस्तिशूलविनाशनम्॥ ५५८॥

दोषविशेषमें तक्र विशेष॥

वातकी अधिकतामें खट्टा तथा सैंधवयुक्त मट्ठा सेवन करनाचाहिये पित्तमें खटमिट्ठा मट्ठा शक्कर डालकर सेवन करना चाहिये और कफमें जवाखार तथा त्रिकटुयुक्त मट्ठा पीना चाहिये हींग जीरा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तथा सेंधेनोनसे युक्त मट्ठा. ग्रहणी, बवासीर, अतीसार, वात तथा मूत्राशयकी पीड़ाका नाशक रुचिकारी, पुष्टिकारी और बलवर्द्धक होताहै ॥ ५५८ ॥

अथामपक्वतक्रगुणाः ॥

तक्रमामंकफंकोष्ठेहन्तिकण्ठेकरोतिच । पीनसश्वासकासादीन्पक्वमेवविशिष्यते५५९ ॥

कच्चे व पक्के मट्ठे के गुण ॥

कच्चामट्ठा. कोष्ठके कफको नष्टकरताहै तथा गलेके कफको बढ़ाताहै और पक्कामट्ठा. पीनस, श्वास तथा खांसी आदिमें विशेष गुणकारी होताहै ॥ ५५९ ॥

अथ तक्रस्यानिषेधः ॥

नैवतक्रंक्षतेदद्यान्नोष्णकालेनदुर्बले । नमूर्च्छाभ्रमदाहेषुनरोगेरक्तपैत्तिके ॥ ५६० ॥

मट्ठेका निषेध ॥

क्षत, उष्णकाल, दुर्बलता, मूर्च्छा, भ्रम, दाह और रक्तपित्त इनमें मट्ठाका निषेध है ॥ ५६० ॥

अथ तक्रस्यगुणोत्कर्षः ॥

नतक्रसेवीव्यथतेकदाचिन्नतक्रदग्धाःप्रभवन्तिरोगाः । यथासुराणाममृतंसुखायतथानराणांभुवितक्रमाहुः ॥ ५६१ ॥

मट्ठेके गुणोंकी बड़ाई ॥

मट्ठका सेवन करनेवाला कभी व्यथित नहीं होता और मट्ठेके द्वारा नष्टहुए रोग फिर नहीं उत्पन्न होतेहैं जैसे देवताओंको अमृत सुखदायकहै उसीप्रकार पृथ्वी में मनुष्योंको मट्ठा सुखदायी है ५६१॥

मुद्गयूषंरसंतक्रंधान्यजीरकसंयुतम् । सैन्धवेनान्वितन्दद्यात्षड्यूषणमितीरितम् ॥ रसंलघुग्राहिमांसरसम् । इति षड्यूषगुणः ॥ ५६२ ॥

मूंगकायूष, मांसकारस और मट्ठा इनमें धनियां, जीरा और सेंधानोन मिलाकर देना चाहिये यह षड्यूषन कहलाताहै ॥ इति षड्यूषनम् ॥ ५६२ ॥

कर्षंगन्धकमर्द्धपारदमुभेकुर्य्याच्छुभांकज्जलीं त्र्यक्षन्त्र्यूषणतश्चपञ्चलवणंसार्द्धञ्च कर्षंपृथक् ॥ भृष्टंहिंगुचजीरकद्वययुतंसर्वार्द्धभंगान्वितं खादेट्टंकमितंप्रवृत्तिगदवांस्तक्रेणाबिल्वेनवा ॥ इति लाईचूर्णम् ॥ ५६३ ॥

गन्धक १ तोला पारा ६ माशे इन दोनोंकी कजली करे फिर त्रिकटु २ तोला पांचोनोन डेढ़ २ तोले और भुनीहींग दोनोंजीरे डेढ़ २ तोले और इन सबकी आधीभंग इन सबको मिलाकर मट्ठे अथवा बेलके साथ चारमाशे रोजखानेसे दस्तवालेको हितकारी होताहै ॥ इति लाईचूर्ण ॥ ५६३ ॥

जातीफलंलवंगैलापत्रत्वङ्नागकेशरैः । कर्पूरचन्दनतिलत्वक्क्षीरीतगरामलैः ॥ तालीसपिप्पलीपथ्यास्थूलजीरकचित्रकैः । शुण्ठीविडंगमरिचैःसमभागंविचूर्णितैः ॥ यावन्त्येतानिसर्वाणिदद्याद्भङ्गाञ्चतावतीम् । सर्वचूर्णसमंकृत्वाप्रदेयाशुभ्रशर्करा ॥ कर्षमात्रामिदंखादेन्मधुनाप्लावितंजनः । नाशयेद्ग्रहणींकासंक्षयंश्वासमरोचकम् ॥ इति जातीफलादिचूर्णम् ॥ ५६४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जायफल, लौंग, इलायची, तेजपात, दालचीनी, नागकेशर, कपूर, चन्दन, तिल, वंशलोचन, तगर, आंवला, तालीस, पीपल, हड, जीरा, चीता, सोंठ, बायबिडंग और मिर्च इनसब औषधियोंको समभागलेकर चूर्ण करे और सबकी बराबर भंग मिलाकर सबके समान श्वेत शक्कर मिलावे और सहतके साथ एक तोले भरखाय इससे ग्रहणी, खांसी, क्षय, श्वास और अरुचिकानाश होताहै॥ इति जातीफलादिचूर्ण ५६४

चित्रकंपिप्पलीमूलंक्षारोलवणपञ्चकम्। व्योषंहिंग्वजमोदाचचव्यंचैकत्रचूर्णयेत्॥ वटिकामातुलुंगस्यरसैर्वादाडिमस्यच। कृताविपाचयत्यामन्दीपयत्याशुचानलम्॥ अजमोदायवानिका। चित्रकादिवटिका॥ ५६५॥

चीता, पीपलामूल, जवाखार, पांचों नोन, त्रिकटु, हींग, अजवाइन और चव्य इनसब औषधियों को चूर्ण करके नींबू अथवा अनारके रस में गोलीबांधे यह गोली आमको परिपाक करती है और अग्निको बढ़ाती है॥ इति चित्रकादिवटिका॥ ५६५॥

श्रीफलशलाटुमज्जानागरचूर्णेनमिश्रितःसगुडः। ग्रहणीगदमत्युग्रंतक्रभुजाशीलितोजयति॥ श्रीफलशलाटुबिल्वस्यामंफलम्॥गुडभागद्वयम्। इतिबिल्वकल्कः॥ ५६

कच्ची बेलगिरी और सोंठका चूर्ण दूना गुड मिलाकर खाने से और मट्ठेका पथ्य करने से बढ़ेहुए भी ग्रहणी रोगका नाश होता है॥ इति बिल्वकल्क॥ ५६६॥

चतुःपलंसुधाकाण्डंत्रिफलालवणत्रयम्। वार्त्ताकोःकुडवञ्चार्कमूलाद्विल्वंतत्॥ दग्ध्वाद्रवेनवार्त्ताकोर्गुटिकाभोजनान्तरे। भुक्ताभुक्तंपचत्याशुनाशयेद्ग्रहणींगदम्॥ कासंश्वासंतथार्शांसिविसूचीञ्चहृदामयम्॥ इतिवार्त्ताकुगुटिका॥ ५६७॥

सेंहुडेकी मोटी टहनी ४ पल तीनों नोन ३ पल बनका बैंगन ४ पल और चीता तथा आककी जड चार २ तोले इनसब औषधियों को जलाकर बैंगन के रसमें गोली बनावे भोजन के उपरान्त इस गोली को खानेसे बहुत शीघ्र भोजन पचता है और ग्रहणी खांसी श्वास बवासीर विसूचिका तथा हृदय के रोगोंका नाश होताहै॥ इति वार्ताकुगुटिका॥ ५६७॥

मुस्तकातिविषाबिल्वकौटजंसूक्ष्मचूर्णितम्। मधुनाचसमालीढंग्रहणींसर्वजांजयेत्॥ कौटजइन्द्रयवः॥ इतिमुस्तकादिचूर्णम्॥ ५६८॥

मोथा, अतीस, बेल और इन्द्रजौ इनका सूक्ष्म चूर्ण करके सहत के साथ चाटनेसे सब प्रकार की ग्रहणी का नाश होताहै॥ इति मुस्तकादिचूर्ण॥ ५६८॥

श्वेतोवायदिवारक्तःसुपक्वोग्रहणीगदः। गुडेनाधिकसर्ज्जेणभक्षितेनाशुनश्यति॥ इति सर्ज्जरसचूर्णम्॥ ५६९॥

राल को गुडके साथ खानेसे बहुत शीघ्र श्वेत तथा रक्त पकाहुआ ग्रहणीरोग नष्ट होताहै॥ इतिसर्जरसचूर्ण॥ ५६९॥

बिल्वाब्दशक्रयववालकमोचसिद्धमाजंपयः पिबतियोदिवसत्रयंवा॥ सोऽतिप्रवृद्धचिरजंग्रहणीविकारं सामंसशोणितमसाध्यमपिक्षिणोति॥ ५७०॥

बेल, मोथा, इन्द्रजौ, सुगन्धवाला और मोचरस इनके द्वारा क्षीर पाककी विधि से बकरीका

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दूध तीनदिनतक पीने से बहुत बढ़ेहुए बहुत पुराने और आम तथा रुधिर सहित साध्य ग्रहणी रोग का नाश होताहै ॥ ५७० ॥

॥ प्रस्थत्रयंत्वामलकीरसस्यशुद्धस्यदत्त्वार्द्धतुलांगुडस्य । चूर्णीकृतैर्ग्रन्थिकजीरचव्य व्योषैःसकृष्णाहवुषाजमोदैः॥ विडंगसिन्धुत्रिफलाजवानीपाठाग्निधान्यैश्चपलप्रमाणैः॥ दत्त्वात्रिवृच्चूर्णपलानिचाष्टावष्टौचतैलस्यपचेद्यथावत्। तंभक्षयेदक्षपलप्रमाणंयथेष्टचे ष्टस्त्रिसुगन्धियुक्तम् ॥ अनेनसर्वेग्रहणीविकाराःसश्वासकासास्वरभेदशोथाः । शाम्य न्तिचायंचिरमन्तरग्नेर्हतस्यपुंस्त्वस्यचवृद्धिहेतुः ॥ स्त्रीणान्तुबन्ध्यामयनाशनःस्यात्क ल्याणकोनामगुडःप्रसिद्धः। तैलेमनाग्त्रिवृद्भृष्टंत्रिफलायाःपलत्रयम् ॥ सिद्धेनिधेय मत्रैवगुडेकल्याणपूर्व्वके॥ इति कल्याणगुडः॥ ५७१ ॥

आंवले का रस १२८ तो० शुद्धगुड २०० तो० पीपलामूल, जीरा, चव्य, सोंठ, मिरच, पीपल' गजपीपल, हाऊबेर, अजमोदा, बायबिडंग, सेंधानोन, त्रिफला, अजवाइन, पाठा, चीता और धनिया [illegible]ह सब एक २ पल और तेल तथा निसोथका चूर्ण आठ २ प० तेलमें निसोथ के चूर्णको कुछ भू-[illegible]कर आंवलेका रस और गुड मिलाकर पाक करे फिर ऊपर कहीहुई सम्पूर्ण औषधियों का चूर्ण [illegible]लावे यह एक रुद्राक्ष अर्थात् चार पांच माशे त्रिसुगन्ध चूर्ण के साथ खानेसे सबप्रकार की ग्रह-[illegible] श्वास, खांसी, स्वरभेद, सूजन, मंदाग्नि तथा नपुंसकता को नष्ट करता है और स्त्रियों के [illegible]यापनको भी दूरकरता है ॥ इति कल्याणगुड ॥ ५७१ ॥

पिप्पलीपिप्पलीमूलंचित्रकंगजपिप्पली। धान्याकञ्चविडंगानिजवानिमरिचानिच ॥ त्रिफलाचाजमोदाचनीलनीजीरकस्तथा । सैन्धवंरोमकञ्चापिसामुद्रंरुचकंविडम् ॥ आरग्वधश्चत्वक्पत्रंसूक्ष्मैलाचोपकुञ्चिका। शुण्ठीशक्रयवाश्चैवप्रत्येकंकर्षसंमिताः ॥ मृद्वीकायाःपलान्यत्रचत्वारिकथितानिहि । त्रिवृतायाःपलान्यष्टौगुडस्यार्द्धतुलांतथा ॥ तिलतैलपलान्यष्टावामलक्यारसस्यतु । प्रस्थत्रयमिदंसर्वंशनैर्मृद्वग्निनापचेत् ॥ औदुम्बरंचामलकंबदरञ्चयथाबलम् । तावन्मात्रमिदंखादेद्भक्षयेद्वायथानलम् ॥ निखिलान्ग्रहणीरोगान्प्रमेहांश्चैवविंशतिम्। उरोघातंप्रतिश्यायंदौर्बल्यंवह्निसंक्षयम्॥ ज्वरानपिहरेत्सर्व्वान्कुर्य्यात्कान्तिमतिंबलम् । पिचुपाठान्वयाद्दन्तिरक्तपित्तञ्चविड् ग्रहम् ॥ धातुक्षीणोयक्षीणःस्त्रीषुक्षीणःक्षयीचयः । तेभ्योहितश्चबन्ध्यायैमहाकल्याण कोगुडः ॥ इति महाकल्याणकगुडः ॥ ५७२ ॥

पीपल, पीपलामूल, चीता, गजपीपल, धनियां, बायबिडंग, अजवाइन, मिर्च, त्रिफला, अज-मोद, नीलनी, जीरा, सेंधानोन, सांभरनोन, समुद्रनोन, कालानोन, विड्नोन, अमलतास, दालची-नी, तेजपात, छोटी इलायची, कालाजीरा, सोंठ और इन्द्रजौ यह सब एक २ तो० दाख १६ तो० निसोथ ३२ तो० गुड २०० तोला तिलका तेल ३२ तो० और आंवलेका रस १९२ तो० इनसबको विधिपूर्व्वक मंदाग्नि में पाककर इसको गूलर के समान आंवलेके बराबर अथवा बेरके बराबर या अग्निके बलके अनुसारखाय इसके खानेसे संपूर्ण ग्रहणरोग, बीसों प्रमेह, उरोघात, जुकाम, दुब-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लता, मन्दाग्नि, और सर्वज्वरों को हरताहै तथा कान्ति, मति और बलको करताहै और यदि नीमकी छालका चूर्ण और पाढा इनके साथ सेवनकरै तो रक्तपित्त तथा मलरोधको दूरकरताहै और यह धातु क्षीण वृद्ध स्त्री प्रसंग से क्षीण क्षय रोगी और बन्ध्या स्त्री इन सबको हितकारी है इति॥

महाकल्याणक गुड ॥ ५७२॥

कूष्माण्डानांसुपक्वानांस्विन्नानांनिष्कुलत्वचाम् । सर्पिःप्रस्थंपलशतंताम्रपात्रेशनैः पचेत् ॥ पिप्पलीपिप्पलीमूलंचित्रकंगजपिप्पली । धान्यकानिविडङ्गानिनागरंमरिचानिच ॥ त्रिफलाचाजमोदाचकलिङ्गाजाजिसैन्धवम् । एकैकस्यपलञ्चैकंत्रिवृतोऽष्टौपलानिच ॥ तैलस्यचपलान्यष्टौगुडात्पञ्चाशदेवतु । आमलक्यारसस्यात्रप्रस्थत्रयमुदीरितम् ॥ तावत्पाकंप्रकुर्वीतमृदुनावह्निनाभिषक् । यावद्दर्व्याःप्रलेपंस्यात्तदैनमवतारयेत् ॥ औदुम्बरंचामलकंबादरंवाययथाबलम् । तावन्मात्रमिदंखादेद्भक्षयेद्वाययथानलम् ॥ अनेनैवविधानेनप्रयुक्तश्चदिनेदिने । निहन्तिग्रहणीरोगान्कुष्ठानर्शोभगंदरान्॥ ज्वरमानाहहृद्रोगंगुल्मोदरविसूचिकाः । कामलांपाण्डुरोगञ्चप्रमेहांश्चैवविंशतिम् वातशोणितवीसर्पदद्रूयक्ष्महलीमकान् । वातपित्तकफान्सर्वान्दुष्टाञ्छुद्धान्समानत् ॥ व्याधिक्षीणावयःक्षीणाःस्त्रीषुक्षीणाश्चयेनराः । तेभ्योहितोगुडोऽयंस्याद्वन्ध्यानांसुपुत्रदः ॥ वृष्योवल्योबृंहणश्चवयसःस्थापनंतथा । इतिकूष्माण्डकल्याणकगुडः ५७

अच्छे प्रकार पके हुए छिलके और बीजसे रहित उबालेहुए कुंभडे को सौपल लेकर एकप्रस्थ घी और आठ पल तिलका तेल तांबेके पात्रमें डालकर भूने फिर आंवलेका रस ३ प्रस्थ और गुड २०० तोले डालकर पाक करे इसके उपरान्त पीपल, पीपलामूल, चीता, गजपीपल, धनियां, बायबिडंग सोंठ, मिर्च, त्रिफला, अजवाइन, इन्द्रजौ, कालाजीरा और सेंधानोन यह सब एक एक पल और निसोथ आठ पल इन सबको पीसकर उसमें डालकर मंदाग्नि से तबतक पाककरे जबतक कि करछी में लगने लगे फिर उतारले यह गूलर आंवला अथवा बेर के बराबर या अग्नि के बलके अनुसार प्रतिदिन खाने से ग्रहणी, कुष्ठ, बवासीर, भगंदर, ज्वर, आनाह, हृदयके रोग, गुल्म, उदर रोग, विसूचिका, कामला, पाण्डुरोग, बीसों प्रमेह, वातरक्त, वीसर्प, दाद, यक्ष्मा तथा हलीमकका नाश होताहै और दूषित वात पित्त तथा कफ शुद्धहोजातेहैं और व्याधि से क्षीण, वृद्ध स्त्रियों के द्वारा क्षीण मनुष्योंको हितकारी होताहै यह वंध्या स्त्रियोंको पुत्र देनेवाला, वीर्य्यवर्द्धक, बलकारी, धातुवर्द्धक और अवस्थाका स्थित रखनेवाला होताहै ॥ इति कूष्मांडकल्याणकगुड ॥ ५७३ ॥

अतीसाराधिकारलिखितंबिल्वतैलञ्चात्रहितम् । इति ग्रहणीरोगाधिकारः ५७४॥

अतीसाराधिकार में कहाहुआ बेलका तेल भी ग्रहणी रोग में हितकारी है ॥ इति ग्रहणीरोगाधिकार ॥ ५७४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भावप्रकाशः द्वितीयभागः ॥

अथार्शोऽधिकारः ॥

तत्रार्शसः सन्निकृष्टानि निदानान्याह ॥

पृथग्दोषैः समस्तैश्चशोणितात्सहजानिच । अर्शांसिषट्प्रकाराणिविद्याद्गुदबलित्रये ॥ केचिद्रुधिरस्यापिदोषत्वंमन्यन्ते, तन्मतमाश्रित्याह, शोणितादिति । सहजानि शरीरेसहजातानि, संख्यांचाह, षट्प्रकाराणीति, गुदबलित्रयेसार्द्धचतुरङ्गुलंगुदस्य मानम्, तस्यावयवभूतास्तिस्रोबलयः, शङ्खावर्त्तनिभाःउपर्य्युपरिसन्ति । तासांनामप्रवाहणीविसर्ज्जनीसंवरणीचेति, तत्रगुदोऽष्टार्द्धांगुलमानस्तदूर्ध्वमंगुलमानप्रथमाबलिःसार्द्धैकाङ्गुलमानाद्वितीयातृतीया च तावती ॥ उक्तञ्च । अर्द्धांगुलप्रमाणेनगुदौष्ठंपरिकीर्त्तितम्। गुदौष्ठादंगुलञ्चैकंप्रथमान्तुबलिंविदुः।सार्द्धैकांगुलमानेनपृथगन्येप्रकीर्त्तिते ॥ १॥

भावप्रकाश द्वितीयभाग ॥

बवासीर का अधिकार ॥

बवासीरके समीपी कारण ॥

गुदाके तीन चक्रों में छः प्रकार का बवासीर रोग उत्पन्न होताहै जैसे वातज, पित्तज, कफज, सन्निपातज, रक्तज और सहज (शरीर के साथ उत्पन्न हुआ) गुदाके तीन चक्र अर्थात् साढे चार अंगुल का गुदाका प्रमाणहै और गुदा के अंगभूत तीन चक्र शंखावर्त्तके समान ऊपर ऊपरहैं उन का नाम प्रवाहणी, विसर्ज्जनी और संवरणी हैं गुदाके मुखका प्रमाण आधा अंगुलहै उसके ऊपर का चक्र १ अंगुल और उसके ऊपर दो चक्र डेढ़ डेढ़ अंगुलके हैं और कहागयाहै कि गुदाका मुख आधा अंगुल इसके ऊपर एक चक्र एक अंगुल और उसके ऊपर दो चक्र डेढ़ डेढ़ अंगुलकेहैं ॥ १ ॥

अथ वातार्शसोविप्रकृष्टं निदानमाह ॥

कषायकटुतिक्तानिरूक्षशीतलघूनिच । प्रमितात्यशनंतीक्ष्णंमद्यंमैथुनसेवनम् ॥ लङ्घनंदेशकालौ च शीतौव्यायामकर्मच । शोकोवातातपस्पर्शोहेतुर्वातार्शसाम्मतः ॥ आप्रमितमपरिमितंतीक्ष्णमितिमद्यविशेषणम् । पिष्टादिमृदुमद्यस्यवातशमकत्वात् ॥ आतपस्तूष्णवीर्य्योद्भूतरौक्ष्याद्वातप्रकोपेहेतुः । वातार्शसाम् ॥ नन्वर्शांसिसर्वाणित्रिदोषजानियतआह । पञ्चात्मामारुतःपित्तंकफोगुदबलित्रये । सर्वएवप्रकुप्यन्तिगुदजानांसमुद्भवे ॥ तथाकथंवातार्शसामिति । उच्यते । तत्तदाधिक्याद्व्यपदेशभेदइति न दोषः । अतएवाग्रेवक्ष्यतेवातोल्बणानामिति । तथाचचरकः । अर्शांसिनामजायन्तेनासन्निपतितैस्त्रिभिः । दोषैर्दोषविशेषात्तुविशेषःकथ्यतेऽर्शसामिति ॥ २ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वातज बवासीर के दूरवाले कारण ॥

कषैली, कटु, तिक्त, रूखी, शीतल तथा हलकी वस्तु, बेप्रमाण बहुत भोजन, तीक्ष्ण, मद्य, अधिक मैथुन, लङ्घन, शीतल देश तथा काल, व्यायाम, शोक और वायु तथा धूपका सेवन यह वातज बवासीरके कारणहैं अब यह सन्देह होताहै कि सम्पूर्ण बवासीर त्रिदोषजहैं क्योंकि कहागयाहै कि बवासीर के उत्पन्न होनेमें पांच प्रकारकी वात तथा पित्त और कफ यह सब गुदाके तीन चक्रों में कुपित होते हैं तो वातज बवासीर यह क्यों कहा इसका उत्तर यहहै कि दोषोंकी अधिकताके अनुसार वातज आदि भेदोंकी कल्पना कीगईहै इस लिये कोई दोष नहीं है इसीसे आगे कहेंगे कि वातोल्बणोंके इत्यादि और ऐसाही चरकनेभी कहाहै कि सन्निपातके विना बवासीर नहीं होती परन्तु दूषणोंके द्वारा दोषों की विशेषतासे वातज आदि भेदोंकी विशेष कल्पना करी जाती है ॥ २ ॥

तथा पित्तार्शसोविप्रकृष्टं निदानमाह ॥

कट्वम्ललवणोष्णानिव्यायामाग्न्यातपप्रभाः। देशकालावशिशिरौक्रोधोमद्यमसूयनम् ॥ विदाहितीक्ष्णमुष्णञ्चसर्वंपानान्नभोजनम् । पित्तोल्बणानांविज्ञेयःप्रकोपेहेतुरर्शसाम् ॥ उष्णद्रव्यस्यस्पर्शनादिग्रोद्धव्यम् । उष्णपानभोजनस्याग्रेवक्ष्यमाणत्वात् ॥ ग्न्यातपप्रभाअग्न्यातपयोःप्रभातेजः अथवाअग्न्यातपतद्रव्यस्यतेजःदीप्तिःप्रभा शिशिरोदेशोमरुत्शरद्ग्रीष्मश्चकालः क्रोधःदमःकोपःअसूयनंपरसम्पत्तौद्वेषः पे उत्पत्तौ ॥ ३ ॥

पित्तज बवासीरके दूरवाले कारण ॥

कटु, अम्ल तथा लवणरस, उष्णवस्तुका स्पर्शादि, व्यायाम, अग्नि तथा धूपका सेवन, उष्ण देश तथा काल, क्रोध, मद्यपान, पराई सम्पत्ति में द्वेष, विदाही, तीक्ष्ण तथा उष्णवस्तुओंका पान भोजनादिक यह सम्पूर्ण पित्तकी बवासीरके कारणहैं ॥ ३ ॥

अथ कफार्शसो विप्रकृष्टनिदानमाह ॥

मधुरस्निग्धशीतानिलवणाम्लगुरूणिच। अव्यायामदिवास्वप्नशय्यासनसुखेरतिः॥ प्राग्वातसेवाशीतौचदेशकालावचिन्तनम्॥श्लैष्मिकानांसमुद्दिष्टमेतत्कारणमर्शसाम् ४

कफकी बवासीरके दूरवाले कारण ॥

मधुर, लवण, स्निग्ध, शीतल, खट्टी तथा भारीवस्तु, व्यायाम न करना, दिन में सोना, शय्या तथा आसनके सुखमें अनुराग, पुरवाई हवा, शीतल देश तथा काल और चिन्ताका न होना यह कफज बवासीर के कारणहैं ॥ ४ ॥ अथ द्वित्रिदोषार्शोविप्रकृष्टं निदानमाह ॥

हेतुलक्षणसंसर्गाद्वियाद्द्वन्द्वोल्बणानिच । सर्वोहेतुस्त्रिदोषाणांसहजैर्लक्षणंसमम् ॥ जनकत्वेनत्रयोदोषायेषांतानित्रिदोषजानि । अर्शसांसर्वोहेतुःपृथग्वातपित्तकफार्शोहेतुः ॥ त्रिदोषार्शोलक्षणंश्वासरुजाविबन्धैःसहजार्शोभिःसमम् । ननुत्रिदोषाणामिति विशेषणंव्यर्थम् ॥ यतःसर्वएवव्याधयस्त्रिदोषजाः। उक्तञ्च ॥ द्रव्यमेकरसंनास्तिनरोगोऽप्येकदोषजः । एकस्तुकुपितोदोषइतरानपिकोपयेत् ॥ इतियुक्तिमप्याहस्वकारणाद्वृद्धोवायुःशैत्याद्वायुंद्रवत्वात्पित्तंवर्द्धयतइतिउच्यते। यत्रस्वस्वकारणात्त्रयोदोषाःकुप्यन्तितत्रत्रिदोषजव्यपदेशइतिनदोषः॥ ५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्विदोष व त्रिदोषकी बवासीरके दूरवाले कारण ॥

जिस अर्शरोगमें दो दोषोंके कारण व लक्षण मिलते हों उसको द्वन्द्वज बवासीर कहते हैं तथा वात, पित्त और कफकी बवासीरके मिलेहुए सब कारण त्रिदोषकी बवासीरके जानने चाहिये और त्रिदोषकी बवासीरके लक्षण सहज बवासीरके समान होतेहैं अब यह सन्देहहोताहै कि सम्पूर्ण रोग त्रिदोषवाले होते हैं तो बवासीरका त्रिदोषवाली यह विशेषण क्यों दिया और कहा भी गयाहै कि कोई द्रव्य एक रसयुक्त नहीं है और एक दोष से उत्पन्न कोई रोग नहीं है क्योंकि एक दोष कुपित होकर अन्य दोषोंको भी कुपित करताहै और युक्तिसे भी सिद्ध होताहै कि अपने कारणोंसे बढ़ीहुई वायु शीतगुणसे वातको और पतलेपनसे पित्तको बढ़ाती है इसका उत्तर यहहै कि जहां अपने अपने कारणोंसे तीनोंदोष कुपित होते हैं वहां त्रिदोषज यह विशेषण दियाजाताहै इससे कोई दोष नहीं है ॥ ५ ॥

अथार्शसः पूर्वरूपमाह ॥

विष्टम्भोऽन्नस्यदौर्बल्यंकुक्षेराटोपएवच । कार्श्यमुद्गारबाहुल्यंसक्थिसादोल्पविट्कता ॥ ग्रहणीदोषपाण्डुर्तेराशङ्काचोदरस्यच । पूर्वरूपंविनिर्दिष्टमर्शसामभिवृद्धये ६ ॥

बवासीरका पूर्वरूप ॥

बवासीर होने से पहले अन्नका अजीर्ण, दुर्बलता, कोषमें गुडगुडशब्द, कृशता, बहुत डकार, जङ्घाओंमें शिथिलता, मलकी अल्पता और ग्रहणी, पांडु तथा उदररोगकी शंका यह लक्षण होतेहैं ॥ ६ ॥

अथार्शसांप्राप्तिपूर्वकंसामान्यलक्षणमाह ॥

दोषास्त्वङ्मांसमेदांसिसंदूष्यविविधाकृतीन् । मांसांकुरानपानादौकुर्वन्त्यर्शांसिताञ्जगुः ॥ त्वङ्मांसपदेनत्वङ्मांसमाश्रितंरक्तमभिगृह्यते । किञ्चितुसाधारणरक्तस्रावणोपदेशात् ॥ आदिशब्देननासानेत्रनाभिमेढ्रादिष्वपिकुर्वन्ति ॥ ७ ॥

बवासीरके संप्राप्तिपूर्वक सामान्य लक्षण ॥

वातादिक दोष, त्वचा, मांस, मेद और रुधिरको दूषित करके गुदा, नासिका, नेत्र, नाभि तथा लिंग आदि स्थानोंमें अनेकप्रकारके आकारवाले मांसके अंकुरोंको उत्पन्न करतेहैं उन्हें बवासीर कहतेहैं ७॥

वातार्शोलक्षणम् ॥

गुदांकुराबह्वनिलाःशुष्काश्चिमिचिमान्विताः । म्लानाःश्यावारुणाःस्तब्धाविशदाःपरुषाःखराः ॥ मिथोविसदृशावक्रास्तीक्ष्णाविस्फुटिताननाः । बिम्बीकर्कन्धुखर्जूरकर्कोटिफलसन्निभाः ॥ केचित्कदम्बपुष्पाभाःकेचित्सिद्धार्थकोपमाः । शिरःपार्श्वांसकट्यूरुवंक्षणाभ्यधिकव्यथाः ॥ क्षवथूद्गारविष्टम्भहृद्ग्रहारोचकप्रदाः । कासश्वासाग्निवैषम्यकर्णनादभ्रमावहाः ॥ तैरार्त्तोग्रथितंस्तोकंसशब्दंसप्रवाहिकम् । रुक्फेनपिच्छानुगतंविबद्धमुपवेश्यते ॥ कृष्णत्वङ्नखविण्मूत्रनेत्रवक्त्रंतथैवच । गुल्मप्लीहोदराष्ठीलासम्भवस्ततएवच ॥ बह्वनिलाःवातोल्बणगुदांकुराः ॥ अर्शांसिचिमिचिमान्विताः । चिमिचिमाव्यथाविशेषाः । चरचराइतिलोके तदन्विताः । श्यावारुणाःश्यावाधूम्रवर्णाः अरुणवर्णावा । स्तब्धाःकठिनाःविशदाःपिच्छिलाः । परुषागोजिह्वावत् । खरस्पर्शाःकर्कशाः । खराक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कोंटीफलवत्सूक्ष्मानेककण्टकचिताः। बिम्ब्यादिफलसन्निभाः॥ आकृत्याअत्रविकल्पबोधकंवक्ष्यमाणंकश्चित्केचिदितिपदंप्रतिसम्बद्धनीयम् ॥ कदम्बपुष्पाभाःस्थिरानेकसूक्ष्मशिखराः। सिद्धार्थकोपमाःपीतसूक्ष्मपिटिकाचिताः॥ तैरार्तइत्यर्शोभिःपीडितः। तैरार्त्तोविबद्धमुपवेश्यतइत्यार्त्तस्यप्रयोज्यकर्त्तुःकर्म्मतार्षत्वात्॥ ग्रथितंमलगुटिकाग्रंथितविड्वर्त्तिरूपम्। पिच्छापिच्छिलोद्रवभागः॥ बद्धंसंहतम्। विशब्दोनपुंसकेऽप्यस्ति॥ उपवेश्यतेत्याज्यते। ततएववातार्शएवगुल्मादीनांसम्भवः। अष्ठीलानाभेरधोभागेपाषाणपिण्डिकावद्वातव्याधिविशेषः॥ ८॥

वातकी बवासीर के लक्षण॥

वातकी बवासीर के मस्से. सूखे, चरचराहटवाले, म्लान, धुमेले अथवा लालवर्णवाले, कठोर, विशद (पिच्छलतासे रहित) गौकीजिह्वा के समान खरखरे, खिकसाके समान सूक्ष्म कांटेवाले, परस्पर भिन्नरूपवाले, टेढे नुकीले फटेहुए मुखवाले, कुंदुरू, बेर, खजूर तथा खिकसा के फलके समान आकृतिवाले, कोई कदंबके फूलके समान अनेक कांटोंसे युक्त, कोई सरसों के समान फुंसियोंसे युक्त... शिर, पसली, कन्धे, कमर, जङ्घा तथा वंक्षण (जांघ और कमरका मध्य) में अधिक पीडा, छं... डकार, विष्टंभ, हृदयके रोग, अरुचि, खांसी, श्वास, विषमाग्नि, कानोंमें शब्द तथा भ्रमके करने... होते हैं इनसे पीड़ित मनुष्यको गांठदार, थोडा शब्द, पीड़ा, फेना तथा प्रवाहिकायुक्त पतलेपन... बन्धे दस्त आतेहैं और उस मनुष्य के नख, त्वचा, मल, मूत्र, मुख तथा नेत्र काले होजाते हैं और ईसी वातकी बवासीर से बायगोला, पिलही, उदररोग तथा अष्ठीला (नाभि के नीचे पत्थरकी बटिया के समान वातव्याधि) उत्पन्न होती है॥ ८॥

पित्तार्शोलक्षणम्॥

पित्तोत्तरानीलमुखारक्तपीतसितप्रभाः। तन्वस्रस्राविणोविस्रास्तनवोमृदवःश्लथाः॥
शुकजिह्वायकृत्खण्डजलौकोवक्त्रसन्निभाः। दाहपाकज्वरस्वेदतृष्णामूर्च्छारतिप्रदाः॥
सोष्माणोद्रवनीलोष्णपीतरक्तामवर्चसः। यवमध्याहरित्पीतहारिद्रंत्वङ्मुखादयः॥ तनुअघनम्। श्लथालम्बिनः॥ सन्निभाआकृत्या। पाकोगुदस्यसोष्माणःउष्णस्पर्शाः॥ हरिच्छाकवर्णम्। पीतंहरितालवर्णम्॥ हारिद्रंहरिद्रावर्णम्। आदिशब्दान्मलमूत्रपुरीषाणांग्रहणम्॥ ९॥

पित्तकी बवासीरके लक्षण॥

पित्तकी बवासीर के मस्से. नीले मुखवाले, रक्त पीत तथा कृष्णवर्णवाले, पतले, रुधिरके बहानेवाले, आमकी गन्धिवाले, पतले, कोमल, लम्बे, तोतेकी जीभ, यकृत् खंड अथवा जोंकके मुखके समान आकृतिवाले, उष्णस्पर्शवाले और जौके समान मध्यवाले होतेहैं इनसे पीडित मनुष्यको दाह, गुदाका पकना, ज्वर, स्वेद, तृषा, मूर्च्छा तथा बेचैनी होती है नीले, पीले, लाल तथा आमसहित, पतले, उष्णतायुक्त दस्त आते हैं और रोगीकामुख, त्वचा, मल तथा मूत्र हरा और हरिताल तथा हल्दी के समान पीला होजाताहै॥ ९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ पित्तोत्तरभेदरक्तार्शोलक्षणमाह ॥

रक्तोल्बणगुदेकीलाःपित्ताकृतिसमन्विताः। वटप्ररोहसदृशागुञ्जाविद्रुमसन्निभाः॥ अत्यर्थंदुष्टमुष्णञ्चगाढविट्कप्रपीडिताः । स्रवन्तिसहसारक्तंतस्यचातिप्रवृत्तितः॥ भेकाभःपीड्यतेदुःखैःशोणितक्षयसंभवैः। हीनवर्णबलोत्साहोहतौजाःकलुषेन्द्रियः॥ विट्श्यावंकठिनंरूक्षमधोवायुर्नवर्त्तते। तनुचारुणवर्णञ्चफेनिलंवासृगर्शसाम्॥ कटयूरूगुदशूलञ्चदौर्बल्यंयदिवाधिकम्॥ तत्रानुबन्धोवातस्यहेतुर्यदिचरूक्षणम्॥ शिथिलंश्वेतपीतंच विट्स्निग्धंगुरुशीतलम् । यद्यर्शसांघनंचासृक्तन्तुमत्पाण्डुपिच्छिलम्॥ गुदंसपिच्छंस्तिमितंगुरुस्निग्धंचकारणम्। श्लेष्मानुबन्धोविज्ञेयस्तत्ररक्तार्शसांबुधैः॥ गुदेतुकीलाअर्शांसिपित्ताकृतिसमन्विताः। पित्तार्शोलक्षणयुक्ताः। आकारेणचवटप्ररोहसदृशाःदुःखैःरोगैःत्वक्पारुष्याम्बुशीतप्रार्थनादिभिः। कलुषेन्द्रियःव्याकुलसर्वेन्द्रियः। अथ रक्तस्यापिवातोल्बणस्यलक्षणमाह। रक्तार्शांसि अनुबन्धः उल्बणम्। रूक्षंरूक्षयतीतिरूक्षण रूक्षंद्रव्यम्। पित्तोल्बणस्यतुलक्षणम्। रक्तोल्बणागुदेकीलाःपित्ताकृतिसमन्विताः॥ आदिनैवोक्तंरक्तपित्तयोःसमानलिङ्गत्वात्॥ १०॥

खूनी बवासीर के लक्षण॥

खूनी बवासीर के मस्से पित्तकी बवासीर के समान लक्षण वाले,बर्गदके अंकुर समान आकृति वाले और घोंघची तथा मूँगेके सदृशहोते हैं मलके कडेहोने से पीडित हुए इन मस्सोंमें से एकाएकी गरम और दूषित बहुतसा रुधिर निकलता है रुधिर के बहुत बहनेसे मेढक के समान रंगवाला रोगी रुधिर के क्षयसे उत्पन्नहुए त्वचाकी कठिनता तृषा तथा शीतकी इच्छा आदिक रोगोंसे पीडित होताहै वर्ण बल तथा उत्साह रहित होजाताहै ओजका नाश होताहै सम्पूर्ण इन्द्रियांव्याकुल होजातीहैं मैला कठिन तथा रूखा मल उतरताहै और अधोवायु नहीं निकलती जो रूखी वस्तुके सेवनसे खूनी बवासीर होय और पतला लाल तथा फेने समेत रुधिर निकले और कमर जंघा तथ उदर में पीडा और दुर्बलता होय तो उसमें वायुकी अधिकता जाननी चाहिये जो स्निग्ध तथा भारीवस्तु के सेवन से खूनी बवासीर हुईहोय और मल ढीला स्वेद पीला स्निग्ध भारी तथा शीतल होय रुधिर गाढ़ा पाण्डुवर्ण तन्तुओंसे भरा तथा चिकना होय और गुदा गीले कपडे से ढकी हुईसी चिकनी होय तो उसमें कफकी अधिकता जाननी चाहिये और खूनी बवासीर के मस्से पित्तकी बवासीर के समान लक्षण वाले होते हैं इत्यादि कहनेहीसे अधिक पित्तवाली खूनी बवासीर का लक्षण कहागया क्योंकि रुधिर और पित्तके लक्षण समान होते हैं॥ १०॥

कफोल्बणस्यलक्षणम्॥

श्लेष्मोल्बणामहामूलाघनामन्दरुजःसिताः। उत्सन्नोपचिताःस्निग्धाःस्तब्धवृत्तगुरुस्थिराः॥ पिच्छिलाःस्तिमिताःश्लक्ष्णाःकण्ड्वाढ्याःस्पर्शनप्रियाः । करीरपनसास्थ्याभास्तथागोस्तनसन्निभाः॥ वङ्क्षणानाहिनःपायुवस्तिनाभिविकर्षिणः। सकासश्वासहल्लासप्रसेकारुचिपीनसाः॥ मेहकृच्छ्रशिरोजाड्यशिशिरज्वरकारिणः। क्लैब्याग्निमार्दवाच्छ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दिरामप्रायविकारदाः॥ वसाभास्सकफप्रायपुरीषाःसप्रवाहिकाः। उत्सन्नाःउन्नताः। उपचिताःस्थूलाःस्निग्धाःस्नेहाभ्यक्ताः । स्थिरानिश्चलाः । पिच्छिलाःकफोल्बणत्वात् । स्तिमिताआर्द्रचर्म्मावगुण्ठिताइव। श्लक्ष्णामणिवन्मसृणाः । करीरोवंशांकुरः । पनसास्थिगोस्तनाः । तदाकृतयःवङ्क्षणानाहिनःवङ्क्षणयोरानाहकारिणः । पाय्वादिष्वाकर्षणवत्पीडाकारिणः। कृच्छ्रंमूत्रकृच्छ्रम् । शिरोजाड्यंशिरोभागेशीताक्रान्तमिव । क्लैब्यंस्त्रीष्वनिच्छाअत्रछर्दिशब्दःसान्तआर्षत्वात्। आमप्रायविकारदाः । आमबहुलाव्याधयोऽतीसारग्रहण्यादयस्तानूददति ॥ ११ ॥

कफकी बवासीरके लक्षण ॥

कफकी बवासीरके मस्से. बडीजडवाले, घने, थोडी पीडावाले, श्वेत, ऊंचे, मोटे, चिकनाई से भरे हुये, अचल, सचिक्कन, गीलेवस्त्रसे ढकेहुएके समान, मणियोंकेसमान, स्वच्छ, खुजलीवाले, स्पर्शकरनेमें सुखदायी, करील कटहलके वीज अथवा मुनक्काके समान आकारवाले, वंक्षणमें बंधनसा करनेवाले, गुदा मूत्राशय तथा नाभिमें खैंचनेकीसी पीडाकरनेवाले और खांसी, श्वास, मतली, नाक मुखकाबह अरुचि. पीनस, प्रमेह, मूत्रकृच्छ्र, शिरमें शीतसा मालूम होना, शीतज्वर, नपुंसकता, मंदाग्नि, छर्दि यतीसार और ग्रहणीआदि आमके विकार इनसब रोगों के करनेवाले होतेहैं और रोगीको प्रवा सहित अधिक कफसे युक्त चरबी केसे दस्त आतेहैं ॥ ११ ॥

द्वन्द्वजार्शोलक्षणम् ॥

हेतुलक्षणसंसर्गाद्विद्याद्द्वन्द्वोल्बणानिच ॥ १२ ॥

द्वंद्वज बवासीरका लक्षण ॥

ऊपरकहेहुए दोदोषों के कारण और लक्षणोंके मिलनेसे द्वन्द्वज बवासीर जाननी चाहिये ॥ १२ ॥

अथ त्रिदोषजार्शःसहजार्शोलक्षणमाह ॥

सर्वैःसर्वात्मकान्याहुर्लक्षणैःसहजानिच। सर्वलक्षणैर्वातपित्तकफार्शोलक्षणैःप्रागुक्तैः सर्वात्मकानिसन्तितान्यर्शांसिअतस्तथातैरेवलक्षणैःसहजान्यर्शांस्याहुः ॥ १३ ॥

त्रिदोषज और सहज बवासीर के लक्षण ॥

ऊपरकहेहुए वात पित्त और कफके संपूर्ण लक्षणोंके मिलने से त्रिदोषज और सहज बवासीर जाननी चाहिये ॥ १३ ॥ तन्त्रान्तरेसहजार्शोलक्षणंपृथगाहुः ॥

अर्शांसिसहजातानिदारुणानिभवन्तिहि । दुर्दर्शनानिपाण्डूनिपरुषाण्यरुणानिच॥ अन्तर्मुखानितैरार्त्तःक्षीणःक्षीणस्वरोभवेत्। क्षीणानलःक्षीणरेताःशिरासन्ततविड्ग्रहः॥ अल्पप्रजाःक्रोधशीलोभग्नकांस्यस्वनान्वितः । शिरोदृक्कर्णनासासुरोगीहृल्लेखसेकवान् ॥ १४ ॥ तन्त्रान्तरमें कहाहुआ सहज बवासीर का अन्य लक्षण ॥

सहजबवासीरके मस्से भयंकर, दुर्दर्शन, पाण्डु तथा रक्तवर्णवाले, कठोर और भीतरकी ओर मुखवाले होतेहैं इनसे व्याकुल मनुष्य. क्षीण, क्रोधी, फूटेकांसेके समान तथा क्षीणशब्दवाला, मन्दाग्नि, अल्पवीर्य्यवाला, निकलीहुई नशवाला, मलकी रुकावटवाला, थोडी सन्तानवाला और शिर दृष्टि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कान तथा नासिकाके रोगवाला होताहै और उसका हृदय लिपाहुआसा मालूमहोताहै और नासिका तथा मुखसे जल निकलताहै ॥ १४ ॥

सुखसाध्यार्शोलक्षणम् ॥

बाह्यायांतुबलौजातान्येकदोषोल्बणानिच । अर्शांसिसुखसाध्यानिनचिरोत्पतितानि च ॥ बाह्यायांबलौसंवरण्याम् । नचिरोत्पतितानि अतिक्रान्तसंवत्सराणिएतानिलक्षणमिलितानिसुखसाध्यत्वबोधकानि ॥ १५ ॥

सुखसाध्यबवासीरके लक्षण ॥

एक दोषकी अधिकतावाले बाहरके संवरणी नाम चक्रमें उत्पन्न होनेवाले और एकवर्षके भीतर के पैदाहोनेवाले बवासीरके मस्से सुखसाध्य होतेहैं ॥ १५ ॥

कष्टसाध्यार्शोलक्षणम् ॥

द्वन्द्वजानिद्वितीयायांबलौयान्याश्रितानिच । कृच्छ्रसाध्यानितान्याहुःपरिसंवत्सराणि च ॥ द्वितीयायांबलौसर्जन्याम् । परिसंवत्सराणिपरिगतःसंवत्सरोयेषांतान्यतीतसंवत्सराण्यतियावत् । एतानिप्रत्येकंकष्टसाध्यलक्षणानि ॥ १६ ॥

कष्टसाध्य बवासीरके लक्षण ॥

दोदोषोंकी अधिकतावाले विसर्जनीनाम दूसरे चक्रमें पैदाहोनेवाले और एकवर्षके पुरानेबवासीर के मस्से कष्टसाध्यहोतेहैं १६ ॥

असाध्यार्शोलक्षणम् ॥

सहजानित्रिदोषाणियानिचाभ्यन्तरांबलिम् । जायन्तेऽर्शांसिसंश्रित्यतान्यसाध्यानि निर्दिशेत् (अभ्यन्तरांबलिंप्रवाहिणीम्) एतान्यपिप्रत्येकमसाध्यानिलक्षणानि ॥ १७ ॥

असाध्य बवासीरके लक्षण ॥

सहज अथवा त्रिदोषज और प्रवाहिणी नाम भीतरके चक्रमें उत्पन्न होनेवाले बवासीर के मस्से असाध्य होतेहैं ॥ १७ ॥

शेषत्वादायुषस्तानिचतुष्पादसमन्वये । याप्यन्तेदीप्तकायाग्नेःप्रत्याख्येयान्यतोन्यथा ॥ यद्यायुःशेषोवर्त्ततेचिकित्सायाश्चत्वारःपादास्तेयदावैद्यवचनकारीधनवानुदारोजितेंद्रियोरोगी । शास्त्रकर्माणिकुशलोवैद्यःअनलसः ॥ आप्तःप्रियःपरिचारकः । षट्रसवीर्यादिकमौषधंएषांसमन्वयेसमागमे ॥ अतिदीप्तकायाग्नेःपुरुषस्यतानिअर्शांसियाप्यन्ते चिकित्सायाम् । अतोऽन्यथाप्रत्याख्येयानिचिकित्साहीनानीत्यर्थः ॥ १८ ॥

जो आयु बाकीहोय होगी की अग्नि दीप्तहोय और चतुष्पाद मिलें तो असाध्यभी याप्य होतेहैं और ऐसा न होवे तो चिकित्साके अयोग्यहैं चतुष्पाद अर्थात् वैद्यकी आज्ञामाननेवाला, धनी, दाता तथा जितेन्द्रिय रोगी शास्त्र तथा चिकित्सामें कुशल वैद्य आलस्य रहित विश्वासपात्र तथा प्रियपरिचारक और नवीन तथा रसवीर्य्यादि से युक्त औषध इन चारों बातोंको चतुष्पाद कहतेहैं ॥ १८ ॥

अथार्शोरिष्टमाह ॥

हस्तेपादेमुखेनाभ्यांगुदेवृषणयोस्तथा । शोथोहृत्पार्श्वशूलंचतस्यासाध्योऽर्शसोहि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सः ॥ असा ः सन्निहितमरणबोद्धव्यः। अर्शसः अर्शोरोगयुक्तः ॥ एतन्मिलितमरिष्टल क्षणम्। हृत्पार्श्वशूलंसंमोहश्छर्दिरंगस्यरुग्ज्वरः॥ तृष्णागुदास्यपाकश्चानिहन्युर्गुदजा तुरम्। गुदास्यचास्यमोष्ठदेशस्तस्यपाकः॥ हृत्पार्श्वशूलादिसमस्तंचारिष्टलक्षणंतृष्णा रोचकशूलार्त्तमतिप्रस्रुतशोणितम्। शोथातीसारसंयुक्तमर्शांसिक्षपयन्तिहि॥ १९॥

बवासीरका अरिष्ट॥

जिस बवासीरवालेके हाथ, पैर, मुख, नाभि, गुदा तथा अंडकोशोंमें सूजनहोय और हृदय तथा पसलियों में पीड़ाहोय उसकी मृत्यु निकट जाननी चाहिये जिस बवासीरवाले के हृदय तथा पसलियोंमें पीड़ाहोय मूर्च्छा, छर्दि, शरीरकी पीड़ा ज्वर तथा तृषा उत्पन्नहो और गुदाका मुखपक-जाय उसकी मृत्यु निकट जाननी चाहिये जो बवासीरवाला तृषा, अरुचि, शूल, बहुत रुधिरकाबहना, सूजन और अतीसार इनसे युक्त होय उसकी मृत्युहोती है ॥१९॥

मेढ्रार्शो लक्षणम्॥

मेढ्रादिष्वपिवक्ष्यन्तेयथास्वंनाभिजानिच। गण्डूपदास्यरूपाणिपिच्छिलानिमृदूनि च॥ यथास्वंयथात्मीयलक्षणम्। नचात्रोक्तनिदानपूर्वसम्प्राप्तिलक्षणंयुक्तम्॥ तत्र सःपदन्तुमांसांकुरःसाम्यात्। गण्डूपदःकञ्चुलकः॥ २०॥

लिंगादि की बवासीरका लक्षण॥

लिंग आदिकोंमें भी अपने २ लक्षणोंके अनुसार मस्से उत्पन्न होतेहैं उनमेंसे नाभिमें हुए मस्से केंचुयेके मुख के समान आकृतिवाले सचिक्कण और कोमल होतेहैं॥ २०॥

अथ मांसांकुरसाम्यादत्राधिकारे चर्मकीलस्यसम्प्राप्तिपूर्वकंलक्षणमाह॥

व्यानोगृहीत्वाश्लेष्माणंकरोत्यर्शस्त्वचोबहिः। कीलोपमंस्थिरखरंचर्मकीलंतुतद्विदुः॥ खरंकर्कशम्॥ २१॥

मस्सोंके समान होनेके कारण इस अधिकारमें चर्मकीलका सम्प्राप्ति पूर्वक लक्षण कहाजाताहै॥

व्यान वायु कफको ग्रहण करके त्वचाके ऊपर स्थिर कर्कश और कील के समान मस्सा उत्पन्न करती है उसको चर्मकील कहतेहैं॥ २१॥

तस्य च वातादिभेदेन लक्षणमाह॥

वातेनतोदपारुष्यंपित्तादसितरक्तता। श्लेष्मणास्निग्धतातस्यग्रथितत्वंसवर्णता॥ सवर्णताशरीरसमानवर्णता॥ २२॥

वातादि भेदसे चर्मकीलके लक्षण॥

वायुकी चर्म्मकील में पीड़ा तथा कठिनता पित्तकी चर्म्मकील में मस्से के मुखका कालापन और कफकी चर्म्मकील में स्निग्धता गठीलापन तथा शरीर के समान वर्ण होताहै॥ २२॥

अथ सामान्यतोऽर्शसःचिकित्सा॥

यद्वातस्यानुलोम्यायदग्निबलवृद्धये। अन्नपानौषधंसर्वंतत्सेव्यंनित्यमर्शसैः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अर्शसैः अर्शोरोगयुक्तैः । शालिषष्टिकगोधूमयवान्नानिघृतैःसह ॥ अजाक्षीरेणवानिम्बप टोलानांरसेनवा । कान्दैर्वार्त्ताकुमूलांशैःरसैर्मांसरसेनवा ॥ जीवन्त्युपोदिकाशाकैस्तण्डुली यकवास्तुकैः । अन्यैश्चसृष्टविण्मूत्रमरुद्भिर्वह्निदीपनैः ॥ अर्शांसिभिन्नवर्चांसिहन्याद्वा तातिसारवत् । सतक्रंलवणंदद्याद्वातवर्चोऽनुलोमनम् ॥ नप्ररोहंतिगुदजाःपुनस्तक्रस माहताः । तक्राभ्यासोऽर्शसैःकार्य्योबलवर्णोऽग्निवृद्धये । स्रोतःसुतक्रशुद्धेषुसम्यक्च लतितद्रसः ॥ तेनपुष्टिस्तथातुष्टिर्बलंवर्णश्चजायते । वातश्लेष्मविकाराणांशतञ्चविनि वर्त्तते ॥ २३ ॥

बवासीर की सामान्य चिकित्सा ॥

जो अन्न पान तथा औषध वायु के नीचे लेजानेवाले और अग्निबलको बढ़ानेवाले होयँ वह संपूर्ण बवासीरवालों को नित्य सेवन करना चाहिये बवासीरवालेको.घृतसहित,शालि, साँठी, गेहूं और जौ इनको बकरी का दूध, नींब, परवलका रस,ज़मींकंद, बैंगन तथा मूलीका यूष, मांसका रस इनमें से किसीके साथ सेवन करावे और जीवन्ती, पोय, चौराई, बथुई और अन्य मलमूत्र की निकालने वाली वायुको नीचे लेजानेवाली तथा दीपन वस्तुओं के साथ सेवन करावे बवासीर में मलके भेद होजाने पर वातातीसार के समान चिकित्सा करे वायु तथा मलके नीचे लेजाने के लिये नोन सहित मट्ठेका सेवन करे मट्ठेके द्वारा नष्टहुई बवासीर फिर नहीं निकलती बवासीरवालोंको बल वर्ण तथा अग्निकी वृद्धिके लिये सदैव मट्ठेका सेवन करनाचाहिये मट्ठेके द्वारा स्रोतोंके शुद्ध होजाने पर रस अच्छीप्रकार से शरीर में फैलता है इससे पुष्टता,तुष्टता,बल तथा वर्ण की उत्पत्ति होती है और वात कफके सैकडों विकार शान्त होजाते हैं ॥ २३ ॥

चिरबिल्वाग्निसिन्धूत्थनागरेन्द्रयवारलुः । तक्रेणपिबतोऽर्शांसिनिपतन्त्यसृजास ह ॥ चिरबिल्वःकरञ्जः । तस्यफलस्यात्रमज्जाग्राह्या ॥ अरलुः शोणकः । इतिकरञ्जा दिचूर्णम् ॥ २४ ॥

करंजुयेकी मींगी,चीता,सैंधानोन,सोंठ,इन्द्रजौ और सोनापाठा इनके चूर्णको मट्ठेके साथ पीनेसे रुधिर सहित मस्से गिर जातेहैं ॥ इति करंजादि चूर्ण ॥ २४ ॥

लेपंरजनिचूर्णेनसुधादुग्धयुतेनच । अर्शोरोगनिवृत्त्यर्थंकारयेत्तुचिकित्सकः ॥ पिप्पली सैन्धवंकुष्ठंशिरीषस्यफलंतथा । सुधादुग्धार्कदुग्धंवालेपोऽयंगुदजान्हरेत् ॥ हरिद्राजा लिनीचूर्णंकटुतैलसमन्वितम् । एषलेपोवरःप्रोक्तोह्यर्शसामन्तकारकः ॥ जालिनीकटु तोरइइतिलोके । असितानांतिलानान्तुपलंशीतजलेनच ॥ खादतोऽर्शांसिशाम्यन्ति दृढादन्ताभवन्तिच । शस्त्रैर्वाथजलौकोभिःप्रच्छन्नंकठिनार्शसः ॥ शोणितंसञ्चितंदृष्ट्वा हरेत्प्राज्ञःपुनःपुनः ॥ २५ ॥

थूहरके दूधके साथ हल्दीके चूर्णको लेप करनेसे बवासीर जातीहै. पीपल,सैंधानोन,कूट, सिरसके बीज इन सबको थूहर अथवा आकके दूधके साथ लेप करनेसे मस्सोंका नाश होताहै हल्दी और कडवी तोरईका चूर्ण कडुये तेलके साथ लेप करनेसे बवासीरका नाश होताहै चार तोले कालेतिल शीतलजलके साथ खानेसे बवासीर शान्त होजातीहै और दांत दृढ होजाते हैं जो कठोर मस्सों में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

छिपाहुआ इकट्ठा रुधिर मालूम देतो वारंवार शस्त्र अथवा जोंकोंकेद्वारा निकलवानाचाहिये २५॥

कासीसंसैन्धवंकृष्णाशुण्ठीकुष्ठञ्चलाङ्गली। शिलाभिदश्वमारश्चदन्तीजन्तुघ्नाचित्रकम्॥ तालकंकुनटीस्वर्णक्षीरीचैतैःपचेद्भिषक्। तैलंस्नुह्यर्कपयसागवांमूत्रचतुर्गुणम्॥ एतदभ्यङ्गतोऽर्शांसिक्षारेणैवपतन्तिहि। क्षारकर्म्मकरंह्येतन्नचसन्दूषयेद्बलिम्॥ कासीसङ्कसीसइतिलोके। लाङ्गलीकरिहारीतिलोके। शिलाभित्पाषाणभेदः। अश्वमारःकनैलइतिलोके। स्वर्णक्षीरीचोराईइतिलोके। इतिबृहत्कासीसाद्यतैलम्॥ २६॥

कसीस सेंधानोन पीपल सोंठि कूट करिहारी पाषाणभेद कनेर दन्ती बायबिडंग चीता हरिताल मैनशिल चौराई इन वस्तुओंके द्वारा तेलको थूहर तथा मदारका दूध और चौगुना गोमूत्र डालकर विधिपूर्वक पाककरे इस तेलके लगानेसे मस्से गिरपडतेहैं यह तेल क्षारके कार्य्यको सिद्ध करताहै और चक्रोंको दूषित नहीं करताहै॥ इति बृहत्कासीसाद्यतैल॥ २६॥

शुण्ठीकणामरिचनागदलत्वगेलंचूर्णीकृतंक्रमविवर्द्धितमूर्ध्वमन्त्यात्। खादेदिदंसमसितंगुदजाग्निमान्द्यगुल्मारुचिश्वसनकण्ठहृदामयेषु॥ तद्यथा एलाबीजमत्रसूक्ष्मग्राह्यम्। अतआहमदनपालः। एलासूक्ष्माकफश्वासकासार्शोमूत्रकृच्छ्रनुदित्यादि तस्याबीजंभागः १ तजभागः २ दलंपत्रकम् ३ नागंनागकेशरम्॥ यतआहनिघन्वन्तरिः। नागपुष्पंमतंनागंकेशरंनागकेशरमित्यादि तस्यभागः ४ मरिच ५ पी० ६ सोंठि ७ चिनीभाग १८ सम शर्क्करचूर्णम्॥ २७॥

सोंठि७भाग, पीपर६भाग, कालीमिरच५भाग, नागकेसर४ भाग, तेजपात२भाग, दालचीनी२भाग, छोटी इलायचीके दाने १ भाग, चीनी २८भाग इन सब औषधियोंको चूर्णकरके और लिखीहुई चीनी मिलाकर खाने से बवासीर, मन्दाग्नि, बायगोला, अरुचि, श्वास, कंठ और हृदयके रोग यह सब नष्ट होतेहैं॥ इति समशर्क्कर चूर्ण॥ २७॥

त्रिकत्रयंवचाहिंगुपाठाक्षारौनिशाद्वयम्। चव्यतिक्ताकलिङ्गानिशताह्वालवणानिच॥ ग्रन्थिबिल्वाजमोदाचगणोऽष्टाविंशतिर्मतः॥ एतानिसमभागानिसूक्ष्मचूर्णानिकारयेत्॥ चूर्णंबिडालपदकंपिबेदुष्णेनवारिणा। एरण्डतैलयुक्तंवालिह्याच्चूर्णमिदंनरः॥ हन्यादर्शांसिसर्व्वाणिश्वासशोषभगन्दरान्। हृच्छूलंपार्श्वशूलंचवातगुल्मंतथोदरम्॥ हिक्कांकासंप्रमेहांश्चपाण्डुरोगंसकामलम्। आमवातमुदावर्त्तमन्त्रवृद्धिंगुदकृमीन्॥ अन्येचग्रहणीदोषाभिषग्भिर्येप्रकीर्त्तिताः। विजयोनामचूर्णोऽयंतान्सर्व्वान्नाशुनाशयेत्॥ महाज्वरोपसृष्टानांभूतोपहतचेतसाम्। अप्रजानाञ्चनारीणांहितमेतद्धिभेषजम्॥ त्रिकत्रयंत्रिफला। त्रिकटुत्रिसुगन्धीनि॥ क्षारौस्वर्ज्जिकाजवक्षारश्च। लवणानिपञ्चग्रन्थिपिप्पलीमूलम्। बिडालपदकंकर्ष इति विजयचूर्णम्॥ २८॥

हड, बहेडा, आंवला, सोंठि, मिरच, पीपल, त्रिसुगन्ध (दालचीनी तेजपात और इलायची) वच, हींग, पाठा, जवाखार, सज्जी, हल्दी, दारुहल्दी, चव्य, कुटकी, इन्द्रजौ, सौंफ, पांचोंनोन, पीपलामूल, बेल और अजमोद इन सबको समभाग लेकर महीन चूर्ण करे फिर १ तोले भर चूर्ण गरमजल के साथ पिये

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथवा रेंडीके तेलके साथ चाटे इससे संपूर्ण बवासीर,श्वास,सूजन, भगन्दर,हृदयकी पीड़ा पसलीकी पीड़ा,बायगोला,उदररोग,हिचकी,खांसी,प्रमेह,पांडुरोग,कामला,आमवात,उदावर्त्त,आंतकाबढ़ना,गुदा के कृमि और वैद्योंके कहेहुए ग्रहणीके संपूर्ण दोष यहसब शीघ्र नष्टहोतेहैं यह चूर्ण बहुतज्वरसेव्याकुल तथा भूतों से विकल चित्तवाले मनुष्यों को और बंध्यास्त्रियों को हितकारी है इति विजय चूर्ण ॥२८॥

मरिचमहौषधचित्रकशूरणभागायथोत्तरंद्विगुणाः । सर्व्वसमोगुडभागःसेव्योऽयंमोदकःप्रसिद्धफलः ॥ ज्वलनंज्वलयतिजाठरमुन्मूलयतीहशूलसगुल्मगदान् । निःशेषयतिश्लीपदमर्शांसिविनाशयत्याशु॥तद्यथामरिचभागः१।शुण्ठीभागः२। चीताभागः ४ शूरणभागः८। गुडभागः १५ । इति लघुशूरणमोदकः ॥ २९ ॥

मिर्च १ भा० सोंठि२ भा० चीता ४ भा० जिमींकन्द ८ भा० और गुड १५ भा० इन सब औषधियोंके मोदक बनावे इनके खानेसे उदरकी अग्नि दीप्त होतीहै और शूल,बायगोला, श्लीपद और बवासीरका शीघ्र नाश होताहै इति लघुशूरणमोदक ॥ २९ ॥

[illegible]षोडशशूरणभागावह्लेरष्टौमहौषधस्यास्य।अर्द्धेनभागयुक्तिर्मरिचस्यततोऽपिचार्द्धेन॥ [illegible]ळाकणासमूलातालीसारुष्करकृमिघ्नानाम् । भागामहौषधसमादहनांशातालमू[illegible]॥ भागाःशूरणतुल्यादातव्योवृद्धदारकस्यापि । भृङ्गैलेमरिचांशेसर्व्वाण्येकत्रकार[illegible] ॥ द्विगुणेनगुडेनयुतःसेव्योऽयंमोदकःप्रकामघनैः । गुरुवृष्यभोजनरतैरितरेषूपद्रवंकुर्य्यात् ॥ भस्मकमनेनजनितंपूर्वमगस्त्यस्ययोगराजेन । भीमस्यमारुतेरपिमहाशनौतेनतौयातौ ॥ अग्निबलवर्णहेतुर्नकेवलंशूरणोमहावीर्य्यः । हन्ताशस्त्रक्षारानलैर्विनाप्यर्शसामेषः ॥ श्वयथुश्लीपदगदहृद्ग्रहणींचकफानिलोद्भूताम् । नाशयतिवलीपलितंमेधांकुरुतेजरांचहरेत् ॥ हिक्कांकासंश्वासंचराजरोगंप्रमेहांश्च । प्लीहानंचतथोग्रंहन्त्याशुरसायनंपुंसाम् ॥ एषांभागायथा॥शूरणभागः१६।चीताभागः८।शुण्ठीभागः४। मरिचभागः २। हर्रे। बहेरा। आँवरा। पीपरि। पिपरामूल। तालीस। भेलातदसह्यत्वेरक्तचन्दनम्। विडंगप्रत्येकंभागः४।तालमूलीभागः८।विधाराभागः१६। तजभागः१। इलायचीछोटीबीजभागः १। गुडभागः १७६। इति बृहच्छूरणमोदकः ॥ ३० ॥

जिमींकन्द १६ भाग,चीता ८भाग,सोंठि४ भाग,मिर्च दो भाग,हड,बहेडा,आँवला,पीपल,पीपलामूल,तालीस,भिलावाँ,बायबिडंग यहसब चारचार भाग तालमूली ८ भाग,बिधारा १६ भाग,तज १ भाग, छोटीइलायची के दाने १ भाग,गुड १७६ भाग इन सब औषधियों को चूर्ण करके गुडके साथ मोदक बनावै यह औषध धनवानों को खानी चाहिये क्योंकि इसमें भारी और वीर्य्यवर्द्धक भोजन करना चाहिये और नहीं तो उपद्रव करतीहै इसके द्वारा अगस्त्य और भीमसेन को भस्मक रोग होगयाथा इसीसे वह बहुत खानेवालेहुए यह केवल अग्निबल तथा वर्णहीका बढानेवाला नहीं है किन्तु शस्त्र क्षार तथा अग्निके विनाभी बवासीरको नष्टकरताहै इसके द्वारा सूजन,श्लीपद,कफ तथा वातजनित ग्रहणी,झुर्री, बालोंकी सफेदी, वृद्धावस्था, हिचकी, खांसी, श्वास, राजयक्ष्मा,प्रमेह तथा प्लीहा इनसबकानाश होताहै और यह रसायन तथा बुद्धिवर्द्धकहै इति बृहच्छूरण मोदक॥३०॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त्रिवृत्तेजोवतीदन्तीश्वदंष्ट्राचित्रकंशटी । गवाक्षीमुस्तविश्वाह्वविडङ्गानिहरीतकी ॥ पलोन्मितानिचैतानिपलान्यष्टावरुष्करात् । वृद्धदारात्पलान्यष्टौशूरणस्यतुषोडश ॥ जलेद्रोणद्वयेक्काथ्यंचतुर्भागावशेषितम् । पूतंपूतंरसंभूयःक्काथेभ्यस्त्रिगुणंगुडम् ॥ मलयित्वापचेत्तावद्यावदर्वीप्रलेपनम् । अवतार्य्यततःपश्चाच्चूर्णानीमानिदापयेत् ॥ त्रिवृत्तेजोवतीकन्दचित्रकद्विपलांशिकान् । एलात्वङमरिचंचापि नागाह्वञ्चापिषट्पलम् ॥ द्वात्रिंशच्चपलान्यत्रचूर्णयित्वानिधापयेत्।ततोमात्रांप्रयुञ्जीतजीर्णेक्षीररसाशिनः (कन्दः शूरणः) हन्यादर्शांसिसर्व्वाणितथासर्व्वोदराण्यपि ॥ गुल्मानपिप्रमेहांश्चपाण्डुरोगंहलीमकम् । दीपयेदनलंमन्दंयक्ष्माणंचापकर्षति ॥ आढ्यवातेप्रतिश्यायेपीनसेचहितोमतः। भवन्त्यनेनपुरुषाःशतंवर्षाण्यनामयाः ॥ दीर्घायुषःप्रजननोबलीपलितवर्ज्जिताः । गुडः श्रीबाहुशालोऽयंरसायनवरोमतः ॥ दुर्न्नामान्तकरोह्येषदृष्टोवारसहस्रशः। यावद्दर्वीप्रलेपः स्याद् गुडोवातन्तुमान् भवेत् ॥ तोयपूर्णेयदापात्रेक्षिप्तोनप्लवतेगुडः । क्षिप्तस्तुनिश्चल[illegible]ष्ठेत्पतितस्तुनशीर्य्यति॥एषपाकःसमस्तानांगुडानांपरिकीर्त्तितः। सार्द्धपलंपलंचार्द्धं[illegible] येद् गुडखण्डयोः । श्रेष्ठातुमध्यमाहीनामात्रोक्तामुनिभिस्त्रिधा । श्रीबाहुशालः ३१[illegible]

निसोथ,तेजोवती (चव्य) दन्ती,गोखुरू,चीता,कचूर,इन्द्रायन,मोथा,सोंठि,बायविडंग [illegible] यह सब एक२पल भिलांवा ८ प०बिधारा ८प० जिमींकन्द १६प० इनसब औषधियोंको २०४८ तोले पानीमें औटावे जब चौथाई बाकीरहै तब छानले फिर क्काथकी औषधियोंका तिगुना गुड उस पानी में डालकर जवतक करछी में लगने लगे तबतक पाककरके उतारले फिर निसोथ,चव्य, जिमींकन्द, चीता यह सब दो२पल इलायची, तज,मिर्च तथा गजपीपल यह सब छः २ पल इन सब बत्तीस पल औषधियोंके चूर्णको मिलावे इसको मात्राके अनुसार खाय और इसके पचजाने पर दूध तथा मांसके रसका पथ्यकरे इसके द्वारा सब प्रकारकी बवासीर,सम्पूर्ण उदररोग, बायगोला,प्रमेह,हलीमक,पांडु, मंदाग्नि, राजयक्ष्मा,आढ्यवात,जुकाम तथा पीनसका नाश होताहै और झुर्री बालोंकी सफेदी तथा संपूर्ण रोगोंसे निवृत्त होकर सन्तान उत्पन्न करनेमें समर्थ होके सौवर्ष तक जीता है यह श्रीबाहुशाल नाम गुडरसायनों में श्रेष्ठहै और बवासीरके नाश करने में यह सैकडोंबार अनुभव किया गया है जब करछी में लगने लगै सूतसा निकलने लगे पानीमें डालनेसे नघुले फेकने से निश्चलबनार है अथवा गिरकर बहने न लगे तब गुडका परिपाक हुआ जानना चाहिये मुनिलोगोंने इसकी मात्रा तीनप्रकार की कही है श्रेष्ठमात्रा ६ तोले मध्यम मात्रा ४ तोले और हीनमात्रा २ तोले ॥ इति श्री बाहुशाल गुड ॥ ३१ ॥

तिलभल्लातकैःपथ्यागुडश्चेतिसमांशकैः । दुर्नामश्वासकासन्घ्नंप्लीहपाण्डुज्वरापहम् ॥ पित्तश्लेष्मप्रशमनी कण्डूकुक्षिरुजापहा । गुदजान्नाशयत्याशु भक्षितासगुडाभया ॥ ३२॥

तिल,भिलांवा,हड और गुड इन सबको समभाग लेकर खाने से बवासीर, श्वास, खांसी, प्लीहा, पांडु और ज्वरका नाश होता है गुडके साथ हडको खाने से पित्त, कफ,खुजली,कोखिकी पीडा और बवासीर का नाश होता है ॥ ३२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रणम्यशङ्करंरुद्रं दण्डपाणिंमहेश्वरम् । जीवितारोग्यमन्विच्छन्नारदोऽपृच्छदीश्वरम् । सुखोपायेनहेनाथ शस्त्रक्षाराग्निभिर्विना । चिकित्सामर्शसांनृणांकारुण्याद्वक्तुमर्हसि ॥ नारदस्यवचःश्रुत्वा नराणांहितकाम्यया । अर्शसांनाशनंश्रेष्ठं भैषज्यंशङ्करोऽवदत् ॥ पाण्ड्यवज्रादिलोहानामादायान्यतमंशुभम् । कृत्वानिर्म्मलमादौतुकुनट्यामाक्षिकेणच ॥ पत्तूरमूलवल्केनलिम्पेद्रसयुतेनच (कुनटीमनःशिलाःमाक्षिकंसुवर्णमाक्षिकम्॥ पत्तूरपटकारइतिलोकेरसःपारदः) वह्नौनिक्षिप्यविधिवत्साराङ्गारेणनिर्द्धमेत् ॥ ज्वालाचतस्यरोद्धव्यात्रिफलायारसेनच । सारःकाष्ठम् । ततोविज्ञायगलितंशंकुनोद्ध्वंसमुच्छ्येत् । त्रिफलायारसेपूते तदाकृष्यतुनिर्वपेत् ॥ नसम्यग्गलितंयत्तु तेनैवविधिनापुनः । ध्मातंनिर्वापयेत्तस्मिँल्लोहंतत्त्रिफलारसे ॥ यल्लोहंनमृतंतत्रपाच्यंभूयोऽपिपूर्ववत् । मारणान्नमृतंयच्च तत्पक्तव्यमलोहवत् ॥ ततःसंशोष्यविधिवच्चूर्णयेल्लोहभाजने । लौहेनैव यथावत्स्याद् दृषदासूक्ष्मचूर्णितम् ॥ कृत्वालोहमयेपात्रे मृत्तिकालिप्तरन्ध्रके । रसैःपङ्को कृत्वा तंपचेद्धोमयाग्निना । पुटानिक्रमशोदद्यात्पृथगेभिर्विधानतः ॥ त्रिफलार्द्रकभृङ्गाकेशराजस्यबुद्धिमान् ॥ मानकन्दकभल्लातवह्लीनांशूरणस्यच ॥ हस्तिकर्णपलाश कुलिशस्यतथैवच ॥ भृंगःभेंगरिआकेशराजःकेशरागइति । पुटेपुटेचूर्णयित्वा लोहात्षोडशिकंपलम् । तन्मात्रंत्रिफलायाश्च पलेनाधिकमाहरेत् ॥ अष्टभागावशेषेतुरसेतस्याःपचेद्बुधः । अष्टौपलानिदत्त्वाच सर्पिषोलौहभाजने ॥ ताम्रेवालोहदर्व्यातु चालयेद्विधिपूर्वकम् । ततःपाकविधानज्ञःस्वच्छेचोद्ध्वंचसर्पिषि ॥ मृदुमध्यादिभेदेनगृह्णीयात्पाकमन्यतः । आरम्भेतद्विधानज्ञः कृतकौतुकमङ्गलः ॥ घृतश्चामरसंयुक्तंविलिह्याद्रक्तिकाक्रमात् ॥ द्वादशरक्तिकापर्य्यन्तंयथाग्निबलंखादेत् । वर्द्धमानानुपानञ्चगव्यंक्षीरेणसंयुतम् । गव्याभावेत्वजायाश्चस्निग्धवृष्यादिभोजनम् ॥ सद्योवह्निकरञ्चैवभस्मकञ्चनियच्छति । हन्तिवातंतथापित्तंकुष्ठानिविषमज्वरम् ॥ गुल्माक्षिपाण्डुरोगांश्चनिद्रालस्यमरोचकम् । शूलञ्चपरिणामञ्चप्रमेहमपबाहुकम् ॥ इत्ययथुंरुधिरस्रावंदुर्न्नामानंविशेषतः । बलकृद्बृंहणञ्चैवकान्तिदंस्वरबोधनम् ॥ शरीरलाघवकरमारोग्यंपुष्टिवर्द्धनम् । आयुष्यंश्रीकरञ्चैवबलतेजस्करंशुभम् ॥ सश्रीकंपुत्रजननंबलीपलितनाशनम् । दुर्न्नामारिरयंनाम्नादृष्टोवारसहस्रशः ॥ अनेनार्शांसिदह्यन्ते यथातूलञ्चवह्निना । सौकुमार्य्याल्पकायत्वान्मद्यसेवीयदानरः ॥ जीर्णमद्यादियुक्तादिभोजनैःसहदापयेत् । लावतित्तिरवर्त्तीरमयूरशशकादयः ॥ चटकःकलविङ्कश्चवर्त्तकाहरितालकः ॥ श्येनकश्चवहल्लावोवनविष्किरकादयः ॥ पारावतमृगादीनांमांसंजांगलकंशुभम् । वर्त्तीरःबगेरीतिलोके ॥ वनचटकःकलविङ्कोगृहचटकः । वर्त्तकावटेरिइतिलोके ॥ हरितालकःहरिलइतिलोके । विष्किरावर्त्तकादयः ॥ मद्गुरोरोहितःश्रेष्ठःशकुलश्चविशेषतः । मत्स्यराजा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इतिप्रोक्ता हितमत्स्यायदेहिने ॥ वृन्ताकस्यफलंशस्तंपटोलंवृहतीफलम् ॥ प्रलम्बाभी रुवेत्राग्रन्ताडकन्तण्डुलीयकम् ॥ प्रलम्बावालम्बालाबूः । भीरुःशतावर्यग्रपत्रम्पत्र शाकम्। ताडकंदेवदालीअकरकरेतिलोके। तथाचनिघण्टेधन्वन्तरिः । जीमूतकोदेव ताडःकृतकोशोगरागरी ॥ प्रोक्ताखुविषहृद्वेणीदेवदालीचताडकः । देवदालीरसेतिक्ता कफार्शःशोथपाण्डुता। नाशयेदित्यादि ॥ वास्तूकंधान्यशाकञ्चचित्रकञ्चक्रमर्द्दकम् । च क्रमर्द्दकञ्चकवडशाकम् ॥ नालिकेरञ्चखर्ज्जूरंदाडिमंलवलीफलम् । शृंगाटकञ्चपक्वाम्रं द्राक्षातालफलानिच ॥ हितान्येतानिवस्तूनिलोहमेतत्समश्नताम्। नाश्नीयाल्लकुचंको लकर्कन्धूबदराणिच ॥ जम्बीरंबीजपूरंचातिन्तिडींकरमर्द्दकम् । कोलंक्षुद्रबदरम् ॥ क र्कन्धूबृहद्बदरम्। अनूपानिचमांसानिक्रकरंपुण्ड्रकाणिच । करकरं । हंससारसदा त्यूहचाषक्रौञ्चबलाकिका। ढाक्। नीलकण्ठं। मानकन्दंकसेरूणिकतकञ्चकलिंगकम् ॥ तरबूज। कूष्माण्डकञ्चकर्कोटंक्रमुकञ्चविशेषतः। कटुकंकालशाकञ्चकुन्दुरूकर्कटीतथा तिलकाड़ा । ककारादीनिसर्व्वाणिद्विदलानिचवर्ज्जयेत् ॥ शङ्करेणसमाख्यातोयं जानुकम्पया। जगतामुपकारायदुर्न्नामारिरयंध्रुवम् ॥ स्थानाच्चलतिमेरुश्चपृथ्वी तिवायुना। पतन्तिचन्द्रताराश्चामिथ्याचेदहमब्रुवम् ॥ ब्रह्मघ्नाश्चकृतघ्नाश्चक्रूरा स्त्यवादिनः। वर्ज्जनीयाःसधर्म्मेणभिषजागुरुनिन्दकाः ॥ मुनिरसपिष्टविडंगंमुनिरसलीढंचिरस्थितंघर्म्मे। द्रावयतिलोहदोषानूवह्निर्नवनीतपिण्डमिव ॥ मुनिरत्रागस्त्यः। का लेमलप्रवृत्तिर्लाघवमुदरेविशुद्धिरुद्गारे ॥ अंगेषुनावसादोमनःप्रसादोऽस्यपरिपाके। क्रि मिरिपुचूर्णंलीढंसहितंस्वरसेनवंगसेनस्य ॥ क्षपयत्यचिराच्चियतंलोहाजीर्णोद्भवंशूलम्। वंगसेनस्यअगस्तेः॥ भवेद्यद्यतिसारस्तु दुग्धंपीत्वातुतंजयेत्। गुञ्जाद्वादशकादूर्ध्वंवृद्धिरस्यभयप्रदा ॥ शङ्करप्रणीतंलोहम्। इति सामान्याक्रिया ॥ ३३ ॥

एक समय संपूर्ण जीवोंके नीरोग करने की इच्छा करते हुए नारदजीने संपूर्ण संसारके कल्याण करनेवाले दंडपाणि महेश्वर श्रीशिवजीको प्रणाम करके पूंछा कि हे नाथ! ऐसा कौनसा सुखदायी उपाय है कि जिससे शस्त्र क्षार तथा अग्नि के विनाभी बवासीरों की चिकित्सा होजाय वह आप मनुष्यों पर दया करके कहिये ऐसे नारदके वचन सुनकर मनुष्योंके हितकी कामना से श्रीशिवजीने बवासीरकी नाशकरनेवाली परम उत्तम यह औषधी कही कि पाराज्य लोह अथवा वज्रआदिक लोहोंमें से किसी प्रकारके लोहेको लेकर पारालगाकर मैनसिल और सोनामाखीसे शुद्धकरे फिर पतंगकी जड़ का कल्क और पारेसे लेपकरके सारनाम काष्ठके कोयलों में तपावे और जो आगकी लपट उठे तो उस को त्रिफलेके काढ़ से बुझावे फिर उसको गला जानकर त्रिफलेके क्वाथमें बुझावे और जितना लोहा अच्छे प्रकार से न गलाहो उसको उसी प्रकारसे फिर गलाकर त्रिफले के क्वाथमें बुझावे इसप्रकार से लोहे के न मरनेपर पूर्वोक्तविधि से फिर पाककरे और इसप्रकारसे भी जो लोहा न मरे उसको त्यागकरदे फिर बाकी लोहेको सुखाके लोहे के पात्र में लोहे के ही डंडे से खूब महीन चूर्णकरे इसके

१ चूर्णं राजोनुकम्पयेतिपाठान्तरम्।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उपरान्त क्रमसे त्रिफला, अदरक, भांगरा, जलभांगरा, मानकेचू, भिलावां, चीता, ज़मी न्द, हस्तिकर्णी, ढाक और थूहर इनके द्वारा अलग २ क्वाथ करके लोहेकी लुगदी बनावे और उसको लोहेके पात्र में रक्ख बन्दकरके मिट्टीसे लेपकरे और कंडोंकी आंचमें पुटपाक देवे हरएकपुटमें इसीप्रकार से पाककरे फिर सोलहपल त्रिफलेको चौगुने जलमें पाककरके अष्टमांश बाकी रहनेपर उतारले फिर लोहे अथवा तांबेके पात्रमें आठपल घी डालके १६ पल लोहा मिलावे और उसमें वह क्वाथ मिलाके मन्दाग्नि में पाककरे और लोहेकीडंडीसे चलाताजाय जब जल सूखकर घी बाकी रहै तब उतारले परन्तु पाककी विधिका जाननेवाला वैद्य अवस्थाके अनुसार और औषधोंको उसमें डालकर मृदुमध्य आदिकपाकदेकर उतारे और औषध सेवनके प्रारम्भमें कौतुक और मंगलकरके सहत और घीकेसाथएक रत्ती औषध से प्रारम्भकरे और अग्नि बलके अनुसार बारह रत्ती तक बढ़ावे और इसके ऊपर गौके दूध का अनुपानकरे और औषधके साथ अनुपानकोभी बढ़ाताजाय इसके द्वारा शीघ्रही अग्नि दीप्त होती है और भस्म , वात, पित्त, कुष्ठ, विषमज्वर, बायगोला, नेत्ररोग, पांडु, अधिक निद्रा, आलस्य, अरुचि, शूल परिणाम शूल, प्रमेह, अपबाहुक, सूजन, रुधिर का बहना तथा बवासीर इनसबका नाशहोताहै और यह औषधि बलकारी, धातुवर्द्धक, कान्तिकारी, स्वरको हित, शरीर को हलका करनेवाली, आरोग्य- कारी, पुष्टिवर्द्धक, आयुको हित, शोभाकारी तथा तेजवर्द्धकहै और इस के द्वारा पुत्रउत्पन्न करने की सामर्थ्य उत्पन्न होतीहै झुर्रीमिटजातीहै बाल काले होजाते हैं यह लोह बवासीर का परमशत्रु है

इसबातका सैकडोंबार अनुभव कियागयाहै जैसे अग्निके द्वारा रुई भस्महोतीहै इसीप्रकार इस औष- धि से बवासीरोंका नाश होताहै सुकुमार छोटे शरीरवाले अथवा मद्य के सेवन करनेवाले मनुष्यों को पुरानी मद्य तथा भोजन आदि के साथ यह औषध देनी चाहिये लवा, तीतर, बटेर, मोर, खरगोश वनकी गौरैया, गैरी, हारिल, बाज, बड़ालवा, वनके विष्किर पक्षी, कबूतर तथा मृगादिक वनके जीवों का मांस हितकारीहै मद्गुर, रेहू तथा शकुल यह मछलियों में श्रेष्ठ मत्स्यराज कहलाती हैं यह परम हितकारी हैं बैंगन, परवल, भटकटैया के फल, लम्बी लौकी, सतावरके पत्ते, देवदाली (अकरकरा) तथा चौराई, बथुई, धनियां, चीता, चकवड़, नारियल, खजूर, अनार, हरफारेवड़ी, सिंघाडा, पक्का आम, दाख और ताड़काफल यह ऊपर कहीहुई संपूर्ण वस्तु लोहे के सेवन करनेवालों को हितहैं बड़हल, छोटा बेर, बड़ाबेर, जंभीरी नींबू, बिजौरा नींबू, इमली, करौंदा, अनूपमांस, केकड़ा, पुंड्रक, हंस, सारस, नीलकंठ, चाष, बक, मानकेचू, कसेरू, निर्म्मली, तरबूज, कुंभड़ा, खिरुसा, सुपारी, कड़वी वस्तु, कालशाक, कुंरूरु, ककडी, ककारादि सब वस्तु और दो दलवाली सबवस्तु इन सबको लोहे का सेवन करनेवाला छोडदे संसारके उपकार के लिये श्रीशिवजीने यह बवासीर की नाश करने वाली औषधि कहीहै चाहे सुमेरु पर्वत अपने स्थान से हटजाय पृथ्वी वायुसे उड़जाय और चन्द्रमा तथा तारा गिरपड़ें परन्तु यह औषधि कभी मिथ्या नहीं होसक्ती है ब्रह्मघाती, कृतघ्न, क्रूर मिथ्यावादी और गुरुनिन्दक इन मनुष्योंको धर्मात्मा वैद्य यह औषध न देवे अगस्तके रसमें बाय- विडंग को पीसकर धूपमें सुखावे फिर अगस्त के रसके साथ चाटै इससे जैसे अग्निके संयोग से मक्खन टिघलताहै उसी प्रकार लोह खाने से हुए संपूर्ण दोष टिघल जातेहैं अर्थात् नष्ट होजाते हैं समय पर मलका त्याग, डकारकी शुद्धता, उदरमें हलकापन, शरीर में शिथिलता का न होना और मनकी प्रसन्नता यह खाये हुए लोहेके परिपाक होजाने के लक्षणहैं अगस्त के रसके साथ बायविडंगके चूर्ण के चाटने से शीघ्रही लोह के खानेसे अजीर्ण हुआ नष्ट होजाता है लोहके सेवन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

से उत्पन्न हुए अतीसार दूध के पीनेसे निवृत्त होताहै बारह रत्तीसे अधिक लोह खाने से अत्यन्त कष्ट होता है ॥ इति शंकरप्रणीतं लोहम् ॥ इति बवासीरकी सामान्य चिकित्सा ॥ ३३ ॥

अथ रक्तार्शसांचिकित्सा ॥

रक्तार्शसामुपेक्षेतरक्तमादौस्रवेद्भिषक् । दुष्टास्रनिःसृतेनस्युःशूलानाहासृगामयाः ॥ ३४ ॥

खूनी बवासीर की चिकित्सा ॥

वैद्य खूनी बवासीर में पहले रुधिर को न बन्द करे क्योंकि दूषित रुधिरके निकल जानेपर शूल आनाह और रुधिरके रोग नहीं होते हैं ॥ ३४ ॥

चन्दनकिराततिक्तकधन्वजवासाःसनागराःक्वथिताः । रक्तार्शसांप्रशमनादार्वीत्वगुशीरनिम्बाश्च ॥ चन्दनमत्ररक्तम् । नागरमत्रमुस्तकम् ॥ इति चन्दनादिक्वाथः ॥ ३५ ॥

लालचन्दन, चिरायता, धमासा, जवासा, नागरमोथा, दारुहल्दी, दालचीनी, खस और नींब इन का क्वाथ पीने से खूनी बवासीर शान्त होती है ॥ इति चन्दनादि क्वाथ ॥ ३५ ॥

नवनीततिलाभ्यासात्केशरनवनीतशर्कराभ्यासात् । दधिसरमथिताभ्यासाद्गुदज[...]शाम्यन्तिरक्तवहाः ॥ दध्नस्तूपरियोभागोघनस्नेहयुतःसरः । मथितंसरर्रहितंनिर्[...]वस्त्रपूतंदधि ॥ सपद्मकेशरंक्षौद्रंनवनीतंनवंलिहन् । सिताकेशरसंयुक्तंरक्तार्शसिसुख[...]वेत् ॥ पयसाशृतेनयूषैःसतीनमुद्गाढकीमशूराणाम् । ओदनमद्याम्लैःशालिश्यामा[...]द्रवजम् ॥ शशहरिणलावमांसैःकपिञ्जलैरेणमांसैश्च । ओदनमद्याम्लैरीषत्सुगंधैश्च ३६ ॥

मक्खन तथा तिल मक्खन नागकेशर तथा शक्कर और दही की मलाई तथा मथित इनतीन योगोंसे खूनी बवासीर शान्त होतीहै निर्जल मलाईरहित वस्त्रके द्वारा छाने हुए दही को मथित कहते हैं कमल की केशर, सहत, ताजा मक्खन, शक्कर और नागकेशर इनसबको चाटने से खूनी बवासीर नष्ट होतीहै मटर, मूंग, अरहड और मशूर इन सबको दूधके साथ परिपक्व करके इनका यूष बनावे उसके साथ धान, सामा और कोदों का भात खाय मद्य तथा खट्टी वस्तु सहित तथा कुछ सुगन्धयुक्त इनवस्तुओंको खानेसे खूनी बवासीर शान्त होतीहै खरगोश, हिरन, लवा, सफेदतीतर और काला हिरन इनके मांसके साथ भी ऊपर कहाहुआ भात खाना चाहिये ॥ ३६ ॥

समंगोत्पलमोचाकस्तिरीटतिलचन्दनैः । सिद्धंछागीपयोदद्याद्गुदजेशोणितात्मके ॥ समंगालजालू मोचाकोमोचरसः । तिरीटोलोध्रः । चन्दनंरक्तम् । इति समंगादिदुग्धम् ३७ ॥

लजालू, नीलकमल, मोचरस, लोध, तिल और लालचन्दन इनके द्वारा बकरीके दूधको क्षीर पाक करके खूनी बवासीरमें देना चाहिये ॥ इति समंगादि दुग्ध ॥ ३७ ॥

भावितंरजनीचूर्णैःस्नुहीक्षीरैःपुनःपुनः । बन्धनात्सुदृढंसूत्रंछिनत्त्यर्शोभगन्दरम् ॥ इति क्षारसूत्रम् ॥ ३८ ॥

हल्दीके चूर्ण और थूहरके दूधसे सात दिनतक भावना दिये गये सूतको बहुत मजबूत कर बांधनेसे बवासीरके मस्से और भगंदर कट जाताहै इति क्षारसूत्र ॥ ३८ ॥

नासानाभिममुत्थेषु तथामेढ्रादिजेष्वपि । त्रिष्वप्यर्शःसुकुर्वीततत्रतत्रयथोचितम् ॥ चर्म्मकीलन्तुसंछिद्यदहेत्क्षारेणचाग्निना ॥ ३९ ॥

१ ओदनमद्यादम्लैरिति पाठान्तरम् ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नासिका नाभि तथा लिंग आदिमें मस्सोंके उत्पन्न होनेपर जिसमें जो चिकित्सा उचित होय सो करे और चर्मकीलको काटकर क्षार तथा अग्निसे जलावे ॥ ३९ ॥

वेगावरोधंस्त्रीपृष्ठयानान्युत्कुटकासनम् । यथास्वंदोषलंचान्नमर्शसःपरिवर्ज्जयेत् ॥ (इत्यर्शोऽधिकारः) ॥ ४० ॥

मल मूत्रादिका वेग रोकना, स्त्री प्रसंग, हाथी आदि सवारियों पर चढ़ना, उकड़ू बैठना और अपने अपने अनुसार दूषित अन्न इन सबको बवासीरवाला छोडदे इति बवासीरका अधिकार ॥ ४० ॥

अथ जठराग्निविकाराधिकारः । तत्रसन्निकृष्टनिदानपूर्व्वकानुदराग्निविकारानाह ॥

कफपित्तानिलाधिक्यात्तत्साम्याज्जाठरोऽनलः ॥ मन्दस्तीक्ष्णोऽथविषमःसमश्चेति चतुर्विधः ॥ ४१ ॥

जठराग्नि के विकारका अधिकार ॥

समीपी कारणों समेत उदरके विकारोंका वर्णन ॥

कफ पित्त तथा वायुकी अधिकतासे और समतासे क्रमपूर्व्वक मन्द तीक्ष्ण विषम और सम यह चारप्रकारकी अग्नि होतीहैं ॥ ४१ ॥

मन्दस्याग्नेर्लक्षणमाह ॥

अल्पापिनैवमन्दाग्नेर्मात्राभुक्ताविपच्यते।छर्दिःसादःप्रसेकःस्याच्छिरोजठरगौरवम् ४२

मन्दाग्निका लक्षण ॥

मन्दाग्निवाले पुरुषको थोडा भी भोजन नहीं पचता और छर्द्दि शिथिलता मुखसे पानी छूटना तथा शिर और पेटमें भारीपन होताहै ॥ ४२ ॥

तीक्ष्णस्यलक्षणमाह ॥

मात्रातिमात्राप्यशितातीक्ष्णाग्निःपच्यतेसुखम् । अतएवहिकेनापिमतस्तीक्ष्णाग्निरुत्तमः ॥ ४३ ॥

तीक्ष्णाग्निका लक्षण ॥

तीक्ष्णाग्निवाले पुरुषको अधिक भोजनभी सुखपूर्व्वक पचजाताहै इसलिये कोई कोई तीक्ष्णाग्निको उत्तम कहते हैं ॥ ४३ ॥

विषमस्यलक्षणमाह ॥

अशिताखलुमात्रापिविषमाग्नेस्तुदेहिनः । कदाचित्पच्यतेसम्यक्कदाचिन्नविपच्यते॥ तस्याध्मानमुदावर्त्तंशूलंजठरगौरवम् । प्रवाहणमतीसारस्तथास्यादन्त्रकूजनम् ॥ ४४ ॥

विषमाग्निका लक्षण ॥

विषमाग्निवाले पुरुषको प्रमाणके अनुसार भी भोजन कभी पचताहै और कभी नहीं पचता और आध्मान उदावर्त्त शूल पेटमें भारीपन प्रवाहिका अतीसार तथा पेटमें गडगडाहट होती है ॥ ४४ ॥

समस्यलक्षणमाह ॥

समासमाग्नेरशितामात्रासम्यग्विपच्यते। सोऽग्निरुत्तमएतेषुनतीक्ष्णस्तूत्तमोमतः॥ सचमधुरस्निग्धादिभोज्यःसम्यगग्नावुत्तमः । तर्हिकथंतीक्ष्णविकारमध्येगणना । उच्यते । समोऽग्निःक्षुधाविघातादाश्वेवतथाविकारंनकरोति तीक्ष्णस्तुस्वल्पकालमपिक्षुधा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विघाताद्दाहवे पैत्तिकान्विकारान्कुरुते। तीक्ष्णःपित्तसमुत्थजाग्विषमोवाततहेतुकान् ॥ तथाकरोतिमन्दाग्निविकारान्कफसम्भवान् ॥ ४५ ॥

समाग्निका लक्षण ॥

समाग्निवाले पुरुषको प्रमाणके अनुसार भोजन अच्छे प्रकारसे पच जाताहै यही अग्नि सम्पूर्ण अग्नियोंमें उत्तमहै और तीक्ष्णाग्नि उत्तम नहीं है अब यह सन्देह होताहै कि तीक्ष्णाग्नि मधुर स्निग्धादि भोजनोंको अच्छेप्रकारसे पचातीहै इसलिये उत्तमहै तो उसकी रोगोंमें गणना क्योंकरीहै?इसका उत्तर यहहै कि सम अग्नि क्षुधाके रोकने से शीघ्रही विकारको नहीं करती और तीक्ष्णाग्नि थोडी देर भी क्षुधाके रोकने से शीघ्र पित्तसम्बन्धी विकारोंको करतीहै और ऐसाही कहाभी है कि तीक्ष्णाग्नि पित्त सम्बन्धी विषमाग्नि वातसम्बन्धी और मन्दाग्नि कफसम्बन्धी विकारों को करती है ॥ ४५ ॥

भस्मकस्यनिदानसंप्राप्तिपूर्व्वकंलक्षणमाह ॥

कट्वादिरूक्षान्नभुजांनराणांक्षीणेकफेमारुतपित्तवृद्धौ। अधिप्रवृद्धःपवनान्वितोऽग्निर्भुक्तं क्षणाद्भस्मकरोतियस्मात्तस्मादसौभस्मकसंज्ञकोऽभूदुपेक्षितोऽयंपचतेचधातून् ४६ ॥

भस्मक रोगका निदान संप्राप्ति पूर्वक लक्षण ॥

कटुआदि रूखी वस्तुओं के खानेवाले मनुष्यों के कफके क्षीण होजाने पर और वात तथा पित्तके बढ़नेपर बहुत बढ़ी हुई वात सहित अग्नि भोजन को क्षणभरमें पचाती है इसीसे इसको भस्म कहते हैं इसमें तरह देनेसे यह धातुओं को पचाती है ॥ ४६ ॥

भस्मकस्यसोपद्रवमरिष्टमाह ॥

तृट्स्वेददाहमूर्च्छादीन्कृत्वैषोऽत्यग्निसम्भवान् ॥ पक्कान्नमाशुधात्वादीन्सक्षिप्रं नाशयेद्ध्रुवम् ॥ ४७ ॥

भस्मकका उपद्रव सहित अरिष्ट ॥

तृषा, स्वेद, दाह तथा मूर्च्छा आदिको उत्पन्न करतीहुई अन्नको शीघ्रही पचाकर वह अग्नि शीघ्रही धातु आदिकोंको भस्मकर देतीहै ॥ ४७ ॥

अथाजीर्णस्यविप्रकृष्टंनिदानमाह ॥

अत्यम्बुपानाद्विषमाशनाच्चसन्धारणात्स्वप्नविपर्य्ययाच्च। कालेऽपिसात्म्यंलघुचापि भुक्तमन्नंनपाकंभजतेनरस्य। सन्धारणात्। क्षुधामूत्रपुरीषादीनाम् । स्वप्नविपर्य्ययात् दिवाशयनाद्रात्रौजागरणात्। लघुचापीत्यपिशब्दात्स्निग्धोष्णादिगुणयुक्तमपि । (अन्यच्च) ईर्ष्याभयक्रोधपरिप्लुतेनलुब्धेनरुग्दैन्यनिपीडितेन । प्रद्वेषयुक्तेनचसेव्यमानमन्नं नसम्यक्परिपाकमेति॥परिप्लुतेनव्याप्तेन। उक्तकारणेभ्योऽतिमात्रान्नभोजनंविशेषादजीर्णस्यकारणमजीर्णञ्चबहुव्याधीनांकारणमित्याह । अनात्मवन्तःपशुवद्भुञ्जन्तेयेऽप्रमाणतः। रोगानीकस्यतेमूलमजीर्णंप्राप्नुवन्तिहि॥अनात्मवन्तः। अबुद्धिमन्तः। रोगानीकस्य विसूच्यादेर्मूलंकारणम् (अन्यच्च) प्रायेणाहारवैषम्यादजीर्णंजायतेनृणाम् । तन्मूलोरोगसङ्घातःतद्विनाशाद्विनश्यति॥अजीर्णविनाशाद्विनश्यति।रोगसङ्घातःरोगसमूहः ४८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अजीर्णका दूरवाला निदान ॥

बहुत जलपान, विषमाशन क्षुधा तथा मलमूत्रादि वेगोंका रोकना दिनमें सोना और रात्रि में जागना इनसब कारणोंसे सात्म्य हलका स्निग्ध तथा उष्णादि गुणयुक्त भोजन समयपर कियाहुआ भी परिपाकको नहीं प्राप्त होताहै (अन्यप्रकार) ईर्षा भय तथा क्रोधसे व्याकुल लोभी रोगी दीन और द्वेषी मनुष्यों को अन्न अच्छेप्रकारसे नहीं पचता है ऊपर कहे हुए कारणों में से बहुत भोजन नहीं अजीर्णका मुख्य कारणहै और अजीर्ण से बहुत रोग उत्पन्न होतेहैं जैसे कि जो निर्बुद्धि मनुष्य पशु के समान बेप्रमाण भोजन करतेहैं वह विसूचिका आदि रोगोंके कारण रूप अजीर्णको प्राप्त होतेहैं (अन्यप्रकार) प्रायः आहारकी बिषमतासे मनुष्योंको अजीर्ण होताहै यह अजीर्ण अनेक रोगोंका कारण है और इसके नष्ट होनेसे वह रोगभी नष्ट होजाताहै ॥ ४८ ॥

अजीर्णस्यसामान्यंलक्षणमाह ॥

ग्लानिगौरवविष्टम्भभ्रममारुतमूढता ॥ विबन्धोऽतिप्रवृत्तिर्वा सामान्याजीर्णलक्षणम् ॥ मारुतमूढतावायोरवरोधः । विबन्धःमलप्रवृत्तिः ॥ ४६ ॥

अजीर्णका सामान्य लक्षण ॥

ग्लानि, भारीपन, विष्टंभ, भ्रम, वायुका रुकना और मलका रुकना अथवा पतला होकर निकलना यह सामान्य अजीर्णके लक्षणहैं ॥ ४६ ॥

सन्निकृष्टकारणसहिताजीर्णस्यभेदानाह ॥

आमंविदग्धंविष्टब्धंकफपित्तानिलैस्त्रिभिः । त्रिभिरित्येकशोनतुमिलितैः ॥ अजीर्णकेचिदिच्छंतिचतुर्थंरसशेषतः । केचित्तुसुश्रुतादयः ॥ रसशेषतोःभुक्तस्यपक्वस्यसारभूतोयोद्रवःसोरसः । सोऽपिपच्यतेभुक्तस्यसारभूतोयो ॥ द्रवःसचापक्वःसारःरसशेषस्तस्मात् । चतुर्थमजीर्णम् । नन्वामाजीर्णाद्रसशेषस्यकोभेदः । उच्यते ॥ आमंमधुरतांगतमपक्वमन्नमेव । रसशेषस्तुभुक्तस्यपक्वस्यसारभूतोयोद्रवःसचापक्वःइतिभेदः ॥ ५० ॥

समीपी कारणों समेत अजीर्णके भेद ॥

कफ पित्त और वायुके द्वारा क्रमसे आम विदग्ध और विष्टब्धनामक तीनप्रकारका अजीर्ण होताहै और कोई २ सुश्रुतादिक अन्न के सारांशको भूतरसके न पकने से चौथारस शेषनाम अजीर्ण कहतेहैं अब यह सन्देहहै कि आमाजीर्ण और रसशेषाजीर्ण में क्या भेदहै इसका उत्तर यहहै कि आम मधुरताको प्राप्तहोनेवाले कच्चे अन्नहीको कहते हैं और रसशेष पचेहुये भोजन के सारांशभूत पतले रसके न पकनेको कहतेहैं यही भेदहै ॥ ५० ॥

अजीर्णपञ्चमंकेचिन्निर्दोषंदिनपाकिच । निर्दोषंगौरवंभ्रमशूलादिदोषाऽजनकम् दिनपाकिच । अहोरात्रेणपाकंयातीतिस्वभावः । यत्तुमात्राकालसात्म्यातिदोषाद्दिनांतरेपाकंयातितद्दिनपाकि । अतएव । याममध्येनभोक्तव्यमितिवचनम् ॥ ५१ ॥

मात्रा काल तथा सात्म्य आदिके दोषसे जो भोजन रात्रि दिन में पचताहै और भारीपन भ्रम तथा शूलादिक दोष नहीं उत्पन्न होतेहैं उसको भी कोई २ पण्डित लोग दिनपाकी नाम पांचवां अजीर्ण कहतेहैं इसीसे दिनके प्रथम पहरमें न खाना चाहिये यह वचन कहाहै ॥ ५१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वदन्ति, षष्ठश्चाजीर्णप्राकृतंप्रतिवासरम्। प्राकृतमविकारकम्। प्रतिवासरंप्रतिदिन वी। भुक्तंयावन्नजीर्णंतावदजीर्णमित्युच्यते। एतदभिधानस्यप्रयोजनंपाकार्थंवाम श्वंशयनंप्रियशब्दादिसेवनादिकम्। नचात्राहारस्यनिषेधः। प्रातराशेत्वजीर्णेतुसाय शेनदुष्यतीतिवचनेनसायमाशस्यावश्यंकर्तव्यत्वात्॥ ५२॥

प्रतिदिन भोजनके न पचजानेतक विकार रहित छठा अजीर्ण कहलाताहै इस अजीर्ण के मानने का यह प्रयोजनहै कि भोजनके परिपाकके लिये बाईंकरवँटसे सोवे और प्रिय वचनोंका श्रवण आदि करे और इस अजीर्ण में भोजनका निषेध नहींहै क्योंकि कहागयाहै कि प्रातःकाल के भोजन के न पचनेपर सायंकाल में भोजन करने से कोई दोष नहीं होता इस वचनसे सायंकाल में भोजन करना अवश्यहै यह बात सिद्ध हुई॥ ५२॥

अथामाजीर्णस्यलक्षणमाह॥

तत्रामेगुरुतोत्क्लेशःशोथोगण्डाक्षिकूटगः। उद्गारश्चयथाभुक्तमविदग्धंप्रवर्त्तते॥ गुरुताउदरांगयोः। उत्क्लेशः उपस्थितवमनमिव॥ अक्षिकूटोऽक्षिपुटकः॥ ५३॥

आमाजीर्ण का लक्षण॥

आमाजीर्ण में उदर तथा शरीरका भारीपन मतली गाल तथा नेत्रों के पोटोंमें सूजन और खट्टे से रहित जैसा भोजन किया है उसी प्रकार की डकार यह लक्षण होतेहैं॥ ५३॥

अथ विदग्धाजीर्णस्यलक्षणमाह॥

विदग्धेभ्रमतृण्मूर्च्छाःपित्ताच्चविविधारुजः। उद्गारश्चसधूमाम्लस्वेदोदाहश्चजायते॥ विविधारुजःऊषचोषादयःदाहादयः॥ ५४॥

विदग्धाजीर्ण के लक्षण॥

भ्रम, तृषा, मूर्च्छा, धुएं समेत खट्टी डकार, स्वेद, दाह और ऊष चोष आदिक पित्तकी अनेक पीडा यह विदग्धाजीर्णके लक्षण हैं॥ ५४॥

अथ विष्टब्धाजीर्णस्य लक्षणमाह॥

विष्टब्धेशूलमाध्मानंविविधावातवेदनाः। मलवाताऽप्रवृत्तिश्चस्तम्भोमोहोऽङ्गपीडनम्। वातवेदनाःतोदभेदादयः। स्तम्भोऽङ्गानाम्। मोहोमूर्च्छा॥ ५५॥

विष्टब्धाजीर्ण के लक्षण॥

शूल, आध्मान, तोदभेद आदिक वातकी अनेक पीडा, मल तथा वायुका न निकलना, शरीर में जडता तथा पीडा और मूर्च्छा यह विष्टब्धाजीर्ण के लक्षणहैं॥ ५५॥

अथ रसशेषाजीर्णस्य लक्षणमाह॥

रसशेषेऽन्नविद्वेषोहृदयाशुद्धिगौरवैः॥ ५६॥

रस शेष अजीर्ण के लक्षण॥

अन्न में अरुचि और हृदय में अशुद्धता तथा भारीपन यह रसशेष अजीर्ण के लक्षणहैं॥ ५६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एतस्योपद्रवानाह ॥

मूर्च्छाप्रलापोवमथुःप्रसेकःसदनंभ्रमः । उपद्रवाभवन्त्येतेमरणञ्चाप्यजीर्णतः ५७ ॥

अजीर्ण के उपद्रव ॥

मूर्च्छा, प्रलाप, छर्दि, मुखमें पानी छूटना, शिथिलता और भ्रम यह अजीर्णके उपद्रव हैं और अजीर्ण से मृत्युभी होजाती है ॥ ५७ ॥

अतिशयितेभ्योऽचामाद्यजीर्णेभ्योविसूच्यादिरोगानाह ॥

आमंविदग्धंविष्टब्धमित्यजीर्णंयदीरितम् ॥ विसूच्यलसकौतस्माद्भवेच्चापिविलम्बिका ॥ नात्रयथासंख्यम् ॥ तदाविष्टब्धाद्विलम्बिकाभवितुमर्हति। साचकफवाताभ्यांभवतीत्येकैकतोऽजीर्णाद्विसूच्यादित्रयोत्पत्तिः ॥ ५८ ॥

बहुत बढ़े हुए आमादिक अजीर्णोंसे विसूचिका आदिक रोग उत्पन्न होते हैं जैसे ऊपर कहेहुए आमाजीर्ण विदग्धाजीर्ण और विष्टब्धाजीर्ण से विसूची, अलसक और विलम्बिका यह रोग उत्पन्न होते हैं ॥ ५८ ॥

विसूच्यानिरुक्ति माह ॥

सूचीभिरिवगात्राणितुदन्सन्तिष्ठतेऽनिलः।यत्राजीर्णेनसावैद्यैर्विषूचीतिनिगद्यते ॥ ५९ ॥

विषूचिकाकीनिरुक्ति ॥

अजीर्णके द्वारा जहां रोगीकेशरीरमें सुई गडने के समान पीडा करती हुई वायु स्थित होतीहै ॥ तब उसको वैद्यलोग विषूचिका (हैजा) कहते हैं ॥ ५९ ॥

विषूच्यानिदानमाह ॥

नतांपरिमिताहारालभन्तेविदितागमाः । मूढास्तामजितात्मानोलभन्तेऽशनलोलुपाः ॥ विदितागमाः । ज्ञातायुर्वेदाः ॥ ६० ॥

विषूचिकाका निदान ॥

प्रमाणसहित भोजन करनेवाले और वैद्यक शास्त्रके जाननेवाले मनुष्यों को विषूचिका नहीं होती मूर्ख इन्द्रियोंके वशीभूत और भोजनके लोभी मनुष्योंको विषूचिका होती है ॥ ६० ॥

विषूच्यालक्षणमाह ॥

मूर्च्छातिसारौवमथुःपिपासाशूलंभ्रमोद्वेष्टनजृम्भदाहाः । वैवर्ण्यकम्पौहृदयेरुजश्च भवन्तितस्याशिरसश्चभेदः ॥ उद्वेष्टनंहस्तपादयोः । शिरसोभेदःशिरःशूलम् ॥ ६१ ॥

विषूचिका के लक्षण ॥

मूर्च्छा, अतीसार, छर्दि, तृषा, शूल, भ्रम, हाथ पैरोंमें ऐंठन, जंभाई, दाह, रंगका बिगडना, कम्प, हृदयमें पीडा और शिरमें पीडा यह विषूचिकाके लक्षणहैं ॥ ६१ ॥

विषूच्याउपद्रवानाह ॥

निद्रानाशोऽरतिःकम्पोमूत्राघातोविसंज्ञता । अमीउपद्रवाघोराविषूच्याःपञ्चदारुणाः ॥ अमीनिद्रानाशादयःउपद्रवाः । सर्वेषामेवरोगाणांघोराभयंकराः । विषूच्यापञ्चदारुणाः । विषूच्यास्तुपञ्चापियदिस्युस्तदादारुणाः । प्राणभयंकराः ॥ ६२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विषूचिकाके उपद्रव ॥

निद्राका नाश, बेचैनी, कम्प, मूत्रका रुकना और बेहोशी का होना यह पांच उपद्रव सभी रोगों में भयंकरहैं और विषूचिका में यह पांचो होयँ तो प्राणनाशक जानने चाहियें ॥ ६२ ॥

अलसकलक्षणमाह ॥

कुक्षिरानह्यतेऽत्यर्थम्प्रताम्यत्यथकूजति । निरुद्धोमारुतश्चैवकुक्षावुपरिधावति ॥ वातवर्चोनिरोधश्चयस्यात्यर्थम्भवेदपि । तस्यालसकमाचष्टेतृष्णोद्गारौचयस्यतु ॥ आनह्यतेआध्मायते । प्रताम्यतिताड़यति । कूजतिआर्त्तनादंकरोति । कुक्षौअजीर्णेन निरुद्धोमारुतः । उपरिधावति । हृदयकण्ठादिकंगच्छतिइत्यर्थः । काश्यपस्त्वाह । नाधोयातिनचाप्यूर्ध्वमाहारोयेनपच्यते । कोष्ठेस्थितोऽलसीभूतस्ततोऽसावलसःस्मृतः ६३

अलसक का लक्षण ॥

कोखमें बहुत अफरा, ताडन, कराहना, कोखमें अजीर्णके द्वारा रुकी हुई वायुका हृदय कंठादिकों में जाना, वायु तथा मलकारुकना, तृषा और डकार यह अलसक के लक्षण हैं काश्यपने तो कहाहै कि भोजन न ऊपर जाय न नीचेजाय और विनापचा हुआ कोष्ठमें निश्चल होकर ठहरे इसको अलसक कहते हैं ॥ ६३ ॥

विषूच्यलसकयोरिष्टमाह ॥

यःश्यावदन्तोष्ठनखोऽत्यसंज्ञोवम्यर्द्दितोऽभ्यन्तरयातनेत्रः । क्षामस्वरःसर्वविमुक्तसंधियायान्नरोऽसौपुनरागमाय ॥ सर्वाविमुक्ताःशिथिलीभूताःसन्धयोयस्यसः ॥ ६४ ॥

विषूचिका और अलसकके अरिष्ट ॥

जिस अलसक और विषूचिका रोग वालेके दांत ओंठ तथा नख कालेहोजायँ बेहोशी आजाय छर्दि होय नेत्रभीतर घुसजायँ स्वर क्षीणहोजाय और सबसंधियां शिथिल होजायँ उसकीमृत्युहोतीहै ६४ ॥

विलम्बिकालक्षणमाह ॥

दुष्टन्तुभुक्तंकफमारुताभ्यां प्रवर्त्ततेनोर्ध्वमधश्चयत्र । विलम्बिकान्तांभृशदुश्चिकित्स्यामाचक्षतेशास्त्रविदःपुराणाः ॥ भृशदुश्चिकित्स्याम्प्रत्याख्येयामनुपचरणीयाम् । इदमसाध्यञ्चेतिजैज्जटः ॥ ६५ ॥ विलम्बिका का लक्षण ॥

कफ और वायुके द्वारा दोषयुक्त भोजन ऊपर और नीचे न जाय इसको प्राचीन वैद्यलोग विलम्बिका कहते हैं यह औषध करनेके योग्य नहींहै और जैजटने इसको असाध्य कहाहै ॥ ६५ ॥

अथ जीर्णाहारस्यलक्षणमाह ॥

उद्गारशुद्धिरुत्साहोवेगोत्सर्गोयथोचितः । लघुताक्षुत्पिपासाचजीर्णाहारस्यलक्षणम् ॥ ६६ ॥ पचेहुए भोजनके लक्षण ॥

शुद्ध डकार आना, उत्साह, यथायोग्य मल मूत्रादि बेगों का निकलना, शरीरमें हलकापन क्षुधा और तृषा यह भोजन के पचजाने के लक्षणहैं ॥ ६६ ॥

तस्यचिकित्सा ॥

हरीतकीतथाशुण्ठीभक्ष्यमाणागुडेनच । सैन्धवेनयुतावास्यात्सातत्येनाग्निदीपनी ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नशुण्ठीमथचोपकुल्यांपथ्यांतृतीयामथदाडिमंवा । आमेष्वजीर्णेषुगु मयेषुवर्चो बन्धेषुचनित्यमद्यात ॥ ६७ ॥

अजीर्ण की चिकित्सा ॥

हड और सोंठ को गुड अथवा सेंधे निमक के साथ निरन्तर सेवन करने से अग्नि दीप्त होती है के साथ सोंठ पीपरि हड अथवा अनार को नित्य खाने से आमाजीर्ण गुदाके रोग और मलकी रुकावट का नाश होता है ॥ ६७ ॥

व्योषंदन्तींत्रिवृच्चित्रंकृष्णामूलंविचूर्णितम् । तच्चूर्णंगुडसम्मिश्रंभक्षयेत्प्रातरुत्थितः॥ एतद्गुडाष्टकन्नामबलवर्णाग्निवर्द्धनम् । शोथोदावर्त्तशूलघ्नंप्लीहपाण्ड्वामयापहम् ॥ सर्वचूर्णसमोगुडोदेयः । गुडाष्टकम् ॥ ६८ ॥

त्रिकटु, दन्ती, निसोत, चीता और पीपलामूल इन सब औषधियों को समभाग चूर्ण करके और इन सबकी बराबर गुड मिलाके प्रातःकाल खानेसे बल वर्ण तथा अग्निकी वृद्धि होती है और सूजन उदावर्त्त शूल प्लीहा तथा पांडुरोग का नाश होताहै इतिगुडाष्टकम् ॥ ६८ ॥

दहनाजमोदसैन्धवनागरमरिचानिचाम्लतक्रेण । सप्ताहादग्निकरंपाण्ड्वर्शोनाशनम्परमम् ६९ ॥

चीता, अजमोद, सेंधानोन, सोंठ और मिर्च इन सबको खट्टे मट्ठे के साथ सातदिन सेवन करने से अग्निकी वृद्धि और पाण्डु तथा बवासीरका नाश होताहै ॥ ६९ ॥

तत्रामेवमनङ्काय्र्यंविदग्धेलङ्घनंहितम् । विष्टब्धेस्वेदनंशस्तंरसशेषेशयीतच ॥ वचालवणतोयेनवान्तिरामेप्रशस्यते । कणासिन्धुवचाकल्कंपीत्वाचशिशिराम्भसा ॥ जलमत्रसरावमात्रम् । वचाकर्षार्द्धमिता । द्वयोश्चूर्णमुष्णेनजलेनपिबेत् । कणादिकल्कंवा पीत्वावान्तिरामेप्रशस्यते । इत्यनेनान्वयः । धान्यनागरसिद्धंवातोयंदद्याद्विचक्षणः ॥ आमाजीर्णप्रशमनंशूलघ्नंवस्तिशोधनम् ॥ भवेद्यदाप्रातरजीर्णशङ्कातदाभयानागरसैन्धवाभ्याम् । विचूर्णितांशीतजलेनभुक्त्वाभुञ्ज्यादशंकंमितमन्नकाले ॥ विदह्यतेयस्यतु भुक्तमात्रंदन्दह्यतेहृच्चगलश्चयस्य । द्राक्षांसितामाक्षिकसम्प्रयुक्तांलीढाभयांचापिसुखंलभेत ॥ ७० ॥

आमाजीर्ण में वमन बिदग्धाजीर्ण में लङ्घन बिष्टब्धाजीर्ण में स्वेदन और रस शेषाजीर्णमें शयन कराना चाहिये बच और सेंधानोन छःछः माशे लेकर गरमजलके साथ पीकर वमन करे इस्से आमाजर्णि नष्ट होताहै पीपल सेंधानोन और बचके कल्कको शीतल जलके साथ पीकर वमनकरने से आमाजीर्ण नष्ट होताहै धनियाँ और सोंठके काढ़ेको सेवन करनेसे आमाजीर्ण तथा शूलकानाश होताहै और मूत्राशय शुद्ध होताहै जो प्रातःकाल अजीर्णका सन्देह होय तो हड सोंठ और सेंधेनोन को शीतल जलके साथ खाय फिर भोजनके समयपर निस्सन्देह होकर प्रमाण सहित भोजनकरे जो भोजनके उपरान्त विदाह होय और हृदय तथा गलेमें जलन होय तो दाख और हडको शक्कर और संहत के साथ चाटै इस्से आनन्द होता है ॥ ७० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त्रिकटुः मजमोदासैन्धवंजीरकेद्वेसमचरणधृतानामष्टमोंहिंगुभागः। प्रथमकवलेक्तंसर्पिषाचूर्णमेतज्जनयतिजठराग्निवातरोगांश्चहन्ति ॥ इतिहिंग्वष्टकम्॥ ७१॥

त्रिकुट, अजमोद, सेंधानोन, दोनों जीरे और इन सबकी अष्टमांश हींग सबको पीसकर प्रथमग्रा में घृतके साथखाय इस्सें अग्निकी वृद्धि होतीहै और वातरोगोंका नाशहोताहै इति हिंग्वष्टक॥ ७१॥

द्वौक्षारौचित्रकंपाठा करञ्जंलवणानिच। सूक्ष्मैलापत्रकंभार्ङ्गीकृमिघ्नंहिंगुपौष्करम्। शटीदार्व्वीत्रिविन्मुस्तंवचाचेन्द्रयवास्तथा॥ वृक्षाम्लंजीरकंधात्रीश्रेयसीचोपकुञ्चिका। अम्लवेतसमम्लीका यवानीदेवदारुच। अभयातिविषाश्यामा हवुषारग्वधंसमम्॥ तिलमुष्ककशिग्रूणांकोकिलाक्षपलाशयोः। क्षाराणिलोहकिट्टञ्च तप्तंगोमूत्रसेचितम्॥ सूक्ष्मचूर्णानिकृत्वातु समभागानिकारयेत्। मातुलुंगरसेनैवभावयेद्दिवसत्रयम्॥ दिनत्रयन्तुशूक्तेन तथार्द्रकरसेनच। अत्यग्निकारकंचूर्णं प्रदीप्ताग्निसमप्रभम्॥ उपयुक्तंविधानेननाशयत्यचिराद्ध्रुवान्॥ अजीर्णमथगुल्मञ्चप्लीहानंगुदजानिच॥ उदराण्यन्त्रवृद्धिञ्चअष्ठीलांवातशोणितम्॥ प्रणुदत्युल्बणान्दोषान्नष्टाग्निंचप्रदीपयेत्॥ द्वौक्षारौस्वर्जिकायवक्षारश्च। लवणानिपञ्च। वृक्षाम्लंविषामिलइतिलोके। श्रेयसीहरीतकी। उपकुञ्चिकामंगरैलाइतिलोके। अम्लवेतसकाभावेचुक्रंदातव्यम्। श्यामाप्रियंगुमुष्ककः घण्टापाडरिइतिलोके। कोकिलाक्षःकोइलषाइतिलोके॥ इतिबृहदग्निमुखंचूर्णम् ७२॥

सज्जी, जवाखार, चीता, पाठा, करंजुआ, पांचोनोन, छोटी इलायची, तेजपात, भारङ्गी बायबिड़ंग हींग, पुष्करमूल, कचूर, दारुहल्दी, निसोत, मोथा, बच, इन्द्रजौ, चूक, जीरा, आमला, हड़, काला-जीरा, अमलवेत, (इसके अभाव में चूक देना चाहिये) इमली, अजवाइन, देवदारु, हड़, अतीस, प्रियंगु, हाऊबेर, अमलतास और तिल, घंटापाढल, सहिंजना, छीला तथा पलाशकाखार और गोमूत्र में बुझाया हुआ लोहका कीट–इन सब औषधियों को समभाग लेकर सूक्ष्मचूर्ण करके नींबूके रसमें तीन दिन भावना देवे और तीन २ दिन सिरके में तथा अदरकके रसमें भावनादे यह चूर्ण अत्यन्त अग्निवर्द्धक जलतीहुई अग्निके समानहै विधिपूर्वक इसका सेवन करनेसे अजीर्ण, वायगोला, प्लीहा, बवासीर उदररोग, आंतका बढ़ना, अष्ठीला, बात रक्त तथा दोषोंकी वृद्धि यह सब नष्ट होते हैं और नष्टहुई अग्निभी दीप्त होती है इति बृहदग्नि मुख चूर्ण॥ ७२॥

स्नुह्यर्कचित्रकैरण्ड वरुणंसपुनर्नवम्। तिलापामार्गकदलीपलाशंतिन्तिडीतथा॥ गृहीत्वाज्वालयेदेतत्प्रस्थंभस्माखिलंयथा ॥ जलाढकेविपक्तव्यंयावत्पादावशेषितम्। सुप्रसन्नंविनिस्राव्य लवणप्रस्थसंयुतम्॥ पक्वंनिर्धूमकठिनसूक्ष्मचूर्णीकृतंपुनः॥ यवानीजीरकव्योषस्थूलजीरकहिंगुभिः॥ शीतोदकेनतच्चूर्णं पिबेत्प्रातर्हिमात्रया। तस्मिन्जीर्णेऽन्नमश्नीयाद्यूषैर्जांगलजैरसैः॥ ईषदम्लैःसलवणैःसुखोष्णैर्वह्निदीपनैः। एतेनाग्निर्विवर्द्धेत बलमारोग्यमेवच॥ तत्रानुपानंशस्तंहितक्रंवाभोजनेहितम्। मन्दाग्न्यर्शोविकारेषुवातश्लेष्मामयेषुच॥ सर्व्वांगशोथरोगेषु शूलगुल्मोदरेषुच॥ अश्मर्य्यांशर्करायाञ्चविण्मूत्रानिलरोगिषु॥ वैश्वानरक्षारः॥ ७३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

थूहर, आक, चीता, रेंडी, बरना, पुनर्नवा, तिल, लटजीरा, केला, ढाक और इमली इन सब समभाग औषधियोंको जलाकर सबकी ६४ तोले भस्मको २५६ तोले जलमें औटावै चौथाई बाकी रहने पर ठहराकर किसी पात्रमें उड़ेलले फिर उस जलके साथ ६४ तोले निमक मिलाकर फिर पाक करे इसके उपरान्त धूमरहित कड़ा होजानेपर सूक्ष्म चूर्णकरे फिर अजवाइन, जीरा, त्रिकटु, काला जीरा और हींग मिलाकर शीतल जलके साथ प्रातःकाल मात्राके अनुसार खाय और औषधके पच जानेपर यूष तथा जंगली जीवों के मांसके रसके साथ अन्नखाय कुछ खट्टी तथा उष्ण लवणयुक्त दीपन वस्तुओं के साथ अन्नखाय अनुपानमें अथवा भोजनमें मट्ठेका सेवन करे यह औषधि अग्नि-वर्द्धक बल तथा आरोग्यकारी और मन्दाग्नि बवासीर वात कफके रोग सर्वांगसूजन शूल बायगोला उदररोग पथरी शर्करा वातरोग तथा मलमूत्ररोग इन सबकी नाशकहै इति वैश्वानरक्षार ॥ ७३ ॥

सामुद्रलवणंकार्य्यमष्टकर्षमितंबुधैः । सौवर्चलंपञ्चकर्षं विडसैन्धवधान्यकम् ॥ पिप्पलीपिप्पलीमूलं पत्रकंकृष्णजीरकम् ॥ तालीसंकेशरंचव्यमम्लवेतसकंतथा ॥ द्विकर्षमात्राण्येतानि प्रत्येकंकारयेद्बुधः । मरिचंजीरकंविश्वमेकैकंकर्षमात्रकम् ॥ दाडिमंस्याच्चतुःकर्षंत्वगेलाचार्द्धकर्षिका । एतच्चूर्णीकृतंसर्वंलवणंभास्कराभिधम् । भक्षयेच्चाणमानन्तु तक्रमस्तुककाञ्जिकैः ॥ वातश्लेष्मभवंगुल्मं प्लीहानमुदरक्षयम् ॥ अर्शांसिग्रहणींकुष्ठंविबन्धंचभगन्दरम् । शूलंशोथंश्वासकासामदोषांश्चापिहृद्रुजम् ॥ अश्मरींशर्कराश्चापि पाण्डुरोगंकृमीनपि । मन्दाग्निनाशयेदेतद्दीपनंपाचनंपरम् ॥ हितायसर्वलोकानांभास्करेणविनिर्म्मितम् । हन्यात्सर्वाण्यजीर्णानि भुक्तमात्रमसंशयम् । अत्रदाडिमस्यबीजानांकर्षचतुष्टयमितंदेयम् ॥ इति भास्करलवणम् ॥ ७४ ॥

खारी निमक ८ तोले, कालानोन ५ तोले, विड़नोन, सेंधानोन, धनियां, पीपलामूल, तेजपात, कालाजीरा, तालीस, नागकेशर, चव्य तथा अमलवेत यह सब दो २ तोले मिर्च, जीरा तथा सोंठ एक २ तोला, अनारदाना ४ तोला, दालचीनी तथा इलायची छः२ माशे इनसब औषधियों को एक साथ चूर्ण करके मट्ठा दही अथवा कांजी के साथ चार माशे चूर्णखाय इससे वात, कफके रोग, बाय, गोला, प्लीहा, उदर क्षय, बवासीर, ग्रहणी, कुष्ठ, मलका रुकना, भगन्दर, शूल, सूजन, श्वास, खांसी, आमदोष, हृदयकी पीड़ा, पथरी, शर्करा, पाण्डुरोग, कृमि तथा मंदाग्निका नाशहोताहै और यह दीपन तथा पाचनहै सब संसार के हितके लिये भगवान् सूर्य्य देवताने इसको बनायाहै इसके खानेसे सब प्रकारके अजीर्ण निस्सन्देह नष्ट होजाते हैं इति भास्कर लवण ॥ ७४ ॥

सैन्धवसमूलमगधाचव्यानलनागरंपथ्या । क्रमवृद्धमग्निवृद्धौवडवानलनामचूर्णं स्यात् ॥ इति वडवानलचूर्णम् ॥ ७५ ॥

सेंधानोन, पीपलामूल, पीपल, चव्य, चीता, सोंठ और हड़ इन सब औषधियों को क्रमसे एक एक भाग बढ़ाकर (सेंधानोन १ भाग पीपलामूल २ भाग इत्यादि) ले और चूर्णकर मात्राके अनुसार खाय इससे अग्नि बढ़ती है इति वडवानल चूर्ण ॥ ७५ ॥

पथ्यानागरकृष्णाकरञ्जबिल्वाग्निभिःसितातुल्यैः ॥ वडवानलइवजरयतिबहुगुर्वतिभोजनंचूर्णम् ॥ इति द्वितीयवडवानलचूर्णम् ॥ ७६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हड, सोंठ, पीपल, करंजुआ, बेल और चीता यह सब समभाग चूर्ण करके इनकी बराबर शक्करडा कर सेवन करने से बहुत भारी भोजन भी परिपाक होजाताहै इति द्वितीय वडवानल चूर्ण ॥ ७६

एलात्वक्नागपुष्पाणांमात्रोत्तरविवर्द्धिता । मरिचंपिप्पलीशुण्ठी चतुष्पञ्चोत्तरोत्त रा ॥ द्रव्याण्येतानियावन्तितावतीसितशर्करा । चूर्णमेतत्प्रयोक्तव्यमग्निसन्दीपनं म् ॥ इति समशर्करचूर्णम् ॥ ७७ ॥

इलायची १ भाग, दालचीनी २ भाग, नागकेशर ३ भाग, मिर्च ४ भाग, पीपल ५ भाग और सोंठ६ भाग इन सबकी बराबर सफेद शक्कर इन सब औषधियों के मिलेहुए चूर्ण के खानेसे अत्यन्त अग्नि की दीप्ति होतीहै इति समशर्कर चूर्ण ॥ ७७ ॥

अथाजीर्णरसाः ॥

द्विपलंगन्धकंशुद्धंपलमेकन्तुपारदम् । मृतलोहंतथाताम्रंकर्षद्वयमितंपृथक् ॥ सञ्चू र्ण्यसर्व्वंसम्मिश्रंद्रावयित्वाग्नियोगतः । सम्यग्द्रुतंसमस्तंतत्पञ्चांगुलदलेक्षिपेत् ॥ पु नःसंचूर्ण्यतत्सर्व्वंलौहपात्रेनिधापयेत् । जम्बीररस्यरसंतत्रपूतंपलशतंक्षिपेत् ॥ चुल्ल्यां निवेश्यतद्यत्नान्मृदुनावह्निनापचेत् । रसेतस्मिन्घनीभूते तत्संशोष्यविचूर्णयेत् ॥ पञ्च कोलकषायस्य चुक्रेणसहितस्यच । भावनातत्रदातव्या पश्चात्संशोषयेच्छनैः ॥ भृष्ट टङ्कनचूर्णेन तुल्येनसहमेलयेत् । मरिचेनापितुल्येन तदर्द्धेनविडेनच । भावयेत्सप्त कृत्वस्तु चणकाम्लजलेनच । ततःसंशोष्यसम्पिष्य कूपमध्येनिधापयेत् ॥ रसःक्रव्याद नामायं भैरवानन्दयोगिना ॥ उक्तःसिंहलराजाय बहुमांसाशिनेपुरा ॥ भक्षयेद्भोजनस्या न्ते माषद्वयमितंरसम् ॥ भक्षयित्वारसंपश्चात् पिबेत्तक्रंससैन्धवम् ॥ अत्यर्थगुरुयद्भु क्तमतिमात्रमथापिच । तत्सर्व्वंजीर्यतिक्षिप्रं रसस्यैतस्यभक्षणात् ॥ शूलंगुल्मञ्चविष्ट म्भंप्लीहानमुदरंतथा । रसःक्रव्यादनामाऽयंविनिहन्तिनसंशयः ॥ इति क्रव्यादरसाजीर्णे रसेन्द्रचिन्तामणौरसरत्नप्रदीपेच ॥ ७८ ॥

अजीर्णपररस ॥

शुद्धगन्धक २ पल, शुद्धपारा १ पल, लोहे तथा तांबेकी भस्म दो २ तोले इनसब औषधियोंको मिलाकर आगपर खूब गलावे और गलाकर रेंडीके पत्तेपर डाले फिर उसको चूर्ण करके लोहेकेपात्र में रक्खे और उसमें ४०० तोले जंभीरी नींबूका रस छोडकर चूल्हेपर चढाय मन्दाग्नि से पाक करे इसके उपरान्त रसके गाढे होजानेपर सुखाके चूर्ण करे फिर चूकसहित पंचकोलके काढे में भावना देकर सूख जानेपर उसके समान भुना सुहागा तथा मिर्च और आधाभाग विडनोन मिला कर चनोंके रसमें सातवार भावनादे फिर सुखायके और पीसके सीसी में रखछोडे यह क्रव्यादनाम रस पूर्व्वकालमें बहुत मांसके खानेवाले सिंहलद्वीप के राजाकेलिये भैरवानन्द योगी ने कहाथा भोजनके अन्तमें दोमाशे इस रसको खाकर सेंधेनोन समेत मट्ठा पिये इससे बहुत भारी तथा बहुत अधिक भी भोजन शीघ्र पचजाताहै और शूल, बायगोला, विष्टम्भ, प्लीहा तथा उदररोग सबनष्ट होतेहैं इति क्रव्यादरस ॥ ७८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्षारत्रयंसूतगन्धौपञ्चकोलमिदंसमम् । सर्व्वैस्तुल्याजयाभृष्टातदर्द्धाशिग्रुजाजटा ॥ ततसर्व्वंजयाशिग्रुवह्निमार्कवजैर्द्रवैः । भावयेत्त्रिदिनंघर्म्मेततोलघुपुटेपचेत् ॥ सप्तधा द्रवैर्घृष्टोरसोज्वालानलोभवेत् । निष्कोऽस्यमधुनालीढोऽनुपानंगुडनागरम् ॥ हन्त्य जीर्णमतीसारंग्रहणीमग्निमार्दवम् । श्लेष्महृल्लासवमनमालस्यमरुचिंजयेत् ॥ (अथ पञ्चकोलम्) पिप्पलीपिप्पलीमूलंचव्यचित्रकनागरैः । जयात्रविजयामार्कवोभृंगराजः ॥ इति ज्वालानलोरसः । अजीर्णेरसरत्नप्रदीपे ॥ ७९ ॥

जवाखार, सज्जी, सुहागा, पारा, गन्धक, पीपल, पीपलामूल, चव्य, चीता और सोंठ यह सब समभाग और सबकी बराबर भुनी हुई भंग और भंगकी आधी सहिंजने की जड इन सब को मिला कर भंग, सहिंजना, चीता तथा भांगरा के रसकी घाममें तीन दिन भावनादेवे फिर हलके पुटमें पाक करके अदरखके रसमें घोटले चारमाशे इस रसको सहतके साथ चाटे और सोंठ तथा गुडका अनुपान करे इसके द्वारा अजीर्ण, अतीसार, ग्रहणी, मन्दाग्नि, कफ, मतली, छर्दि, आलस्य तथा अरुचिका नाश होताहै इति ज्वालानलरस ॥ ७९ ॥

टङ्कणंरसगन्धौचसमभागंत्रयंविषात् । कपर्दःस्वर्ज्जिकाक्षारोमागधीविश्वभेषजम् ॥ पृथक्पृथक्कर्षमात्रंवसुभागमिहोषणम् । जम्बीराम्लैर्दिनंघृष्टंभवेदग्निकुमारकः ॥ विसूचीशूलवातादिवह्निमान्द्यप्रशान्तये । क्षारोजवक्षारः । अग्निकुमारोविसूच्यामजीर्णेरसरत्नप्रदीपे । रसेन्द्रचिन्तामणौ ॥ ८० ॥

सुहागा, पारा तथा गन्धक एक २ भाग, विष ३ भाग, कौडी की भस्म, सज्जी, जवाखार, पीपल तथा सोंठ एक २ भाग और मिर्च ८ भाग इनसब औषधियोंको जंभीरी नींबूके रसमें एक दिन घोटे फिर मात्रा के अनुसार सेवन करने से विसूचिका शूल और वातादि की मन्दाग्नि नष्ट होती है इति अग्निकुमाररस ॥ ८० ॥

पारदामृतलवंगगन्धकंभागयुग्ममरिचेनमिश्रितम् । तत्रजातिफलमर्द्धभागिकंतिन्तिडीफलरसेनमर्द्दितम् ॥ वह्निमांद्यदशवक्त्रनाशनोरामबाणइतिविश्रुतोरसः । संग्रहग्रहणिकुम्भकर्णकमामवातखरदूषणंजयेत् ॥ दीयतेतुमरिचानुपानतः सद्यएवजठराग्निदीपनः । रोचनःकफकुलान्तकारकःश्वासकासवमिजन्तुनाशनः ॥ पाराभाग १ । विषभाग १ । लवंगभाग १ । गन्धकभाग १ । मरिचभाग २ । जायफरभागआधा । इति रामबाणरसः । रसेन्द्रचिन्तामणौ ॥ ८१ ॥

पारा, विष, लौंग तथा गन्धक एक एक भाग, मिर्च दो भाग, जायफल आधा भाग इनसब औषधियों को इमली के रसमें पीसकर सेवनकरे यह रामबाणनामरस मंदाग्निरूपी रावण संग्रहणीरूपी कुंभकर्ण और आमवातरूपी खरदूषणको नाश करताहै मिर्च के अनुपानके साथ इसका सेवन करने से जठराग्नि दीप्तहोती है रुचि होती है और कफ श्वास खांसी छर्दि तथा कृमियों का नाश होता है इति रामबाणरस ॥ ८१ ॥ अथ शङ्खवटी ॥

पलञ्चिञ्चाक्षारंपरिमितमिदंपञ्चलवणं द्वयंसम्यक्पिष्टंभवतिलघुनिम्बूफलरसैः ॥ त

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तःपिष्टतस्मि पलपरिमितंशङ्खशकलम् क्षिपेद्वारान्सप्तद्रवमिहचतेनैवविधिना ॥ लप्रमाणंकटु त्रयञ्चपलार्द्धमानंवचाहिंगुभागः । विषंपलंद्वादशभागयुक्तंतावद्रसोगन्कएषचोक्तः ॥ वदरास्थिप्रमाणेनवटीमेतस्यकारयेत् । भक्षयेत्सैवयासाम्यात्सर्व्वाजीर्णप्रशान्तये ॥ सर्व्वोदरेषुशूलेषुविसूच्यांविविधेषुच । अग्निमान्द्येषुगुल्मेषुसदाशङ्खटीहिता । इति शङ्खवटीरसः । रसरत्नप्रदीपे ॥ ८२ ॥

इमलीकाखार १ पल और पांचौनोन एक २ पल इनको कागदी नींबूके रसमें खूब पीसे फिर १ पल शंखको सातबार तक्रादिक सात द्रवों में पहले कहीहुई विधिसे डालकर शुद्धकरके मिलावे इसके उपरान्त त्रिकटु १ पल वच तथा हींग आधेपल विष पारा तथा गन्धक आधेपल इनसब औषधियोंको एकसाथ पीसकर बेरकी गुठली के समान गोली बनावे फिर इसको संपूर्ण अजीर्णोंकी शान्तिके लिये खाय इसके द्वारा संपूर्ण उदर शूल विसूचिका अनेक प्रकारकी मन्दाग्नि और बायगोलेका नाश होताहै इति शंखवटी ॥ ८२ ॥

स्नुह्यर्कचिञ्चापामार्ग्गरम्भातिलपलाशजान् । लवणानाददीतैषांप्रत्येकंकर्षमात्रया ॥ लवणानिपृथक्पञ्चग्राह्याणिपलमात्रया । स्वर्ज्जिकाचयवक्षारष्टङ्कणंत्रितयंपलम् ॥ सर्व्वं त्रयोदशपलंसूक्ष्मंचूर्णंविधायच । निम्बूफलरसेप्रस्थंसम्मितेतत्परिक्षिपेत् । तत्रशङ्खस्यशकलंपलंवह्नौप्रताप्यतु । दाराञ्निर्व्वापयेत्सप्तसर्व्वंद्रवतितद्यथा । नागरंत्रिपलंग्राह्यंमरिचन्तुपलद्वयम् । पिप्पलीपलमानास्यात्पलार्द्धंभृष्टहिंगुनः ॥ ग्रन्थिकंचित्रकञ्चापि जवानीजीरकंतथा । जातीफलंलवंगञ्चपृथक्कर्षद्वयोन्मितम् ॥ रसोगन्धोविषञ्चापिटङ्कण ञ्चमनःशिला ॥ एतानिकर्षमात्राणिसर्व्वंसञ्चूर्ण्यमिश्रयेत् ॥ शरावार्द्धेनचुक्रेणवटिकांतस्य कारयेत् । माषप्रमाणासद्वैद्यैर्बृहच्छङ्खवटीस्मृता ॥ सर्व्वाजीर्णप्रशमनीसर्व्वशूलनिवारिणी । विसूच्यलसकादीनासद्योभवतिनाशिनी । इति बृहच्छङ्खवटीअजीर्णे ॥ ८३ ॥

थूहर, आक, इमली, लटजीरा, केला, तिल तथा ढाक इनसबके क्षार एक २ तोले सेंधानोन १ तो० पांचोंनोन एक २ पल सज्जी जवाखार तथा सुहागा दो २ पल इनसब १३ पल औषधियोंको महीन चूर्ण करके एकप्रस्थ नींबूके रसमें छोडे फिर एकपल शंखको सातबार अग्निमें तपा २ कर उसमें बुझावे जिससे कि शंख गल जाय और सोंठ ३ पल, मिर्च २ पल, पीपल १ पल, भुनीहींग आधापल, पीपलामूल, चीता, अजवाइन, जीरा, जायफल तथा लौंग दो २ तोले, पारा, गन्धक, विष, सुहागा तथा मैनसिल एक २ तो० इनसब औषधियों को महीन पीसकर उसमें मिलावे फिर १६ तोले चूक मिलाकर माशे २ भरकी गोली बनावे इसके सेवनसे संपूर्ण अजीर्ण और शूल तथा विसूचिका और अलसक आदि रोगोंका नाश होताहै इति बृहच्छंखवटी ॥ ८३ ॥

टङ्कणकणामृतानांसहिंगुलानांसमंभागम् । मरिचस्यभागयुगलंनिम्बनीरैर्वटीका र्य्या ॥ वटिकांकलायसदृशीमेकांद्वेवासमश्नीयात् । सत्यमजीर्णेशान्त्यैवह्नेर्व्वृद्ध्यैकफध्वस्त्यै ॥ इति अजीर्णकण्टकोरसः ॥ ८४ ॥

सुहागा, पीपल, विष, तथा सिंगरफ एक २ भाग और मिर्च २ भाग इन सब औषधियोंको नींबके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

समें पीसकर भटरके समान गोली बनावे फिर एक अथवा दोगोली खानेसे अ र्णु तथा कफका ाश होताहै और अग्नि दीप्त होतीहै इति अजीर्णकंटकरस ॥ ८४ ॥

जलपीतमपामार्गंशूलंहन्याद्विसूचिकाम् । सतैलंकारवेल्यम्बुनाशयेद्विविसूचिकाम् ॥ बालमूलस्यतुक्काथःपिप्पलीचूर्णसंयुतः । विसूचीनाशनःश्रेष्ठोजठराग्निविवर्द्धनः ८५ ॥

लटजीरेके काढ़ेको पीनेसे शूल तथा विसूचिकाका नाशहोताहै करेलेके रसमें तेल डालकर पीनेसे विसूचिकाका नाश होताहै कच्ची मूलीके काढ़ेमें पीपलका चूर्ण छोड़कर पीनेसे विसूचिकाका नाश और अग्निकी वृद्धि होतीहै ॥ ८५ ॥

बिल्वनागरनिःक्काथोहन्याच्छर्दिविसूचिकाम् । बिल्वनागरकैटर्य्यक्काथस्तदधिकोगुणैः ॥ कैटर्य्यःकट्फलः ॥ ८६ ॥

बेल और सोंठके काढ़ेसे छर्दि तथा विसूचिकाका नाश होताहै और बेल सोंठ तथा कायफलका काढ़ा इससेभी अधिक गुणकारीहै ॥ ८६ ॥

व्योषंकरंजस्यफलंहरिद्रेरसंसमावाप्यचमातुलुंग्याः । छायाविशुष्कावटिकाकृतासा हन्याद्विसूचींनयनाञ्जनेन ॥ अनुभूतमिदम् । अपामार्गस्यपत्राणिमरिचानिसमानि च । अश्वस्यलालयापिष्ठाञ्जनाद्धन्तिविसूचिकाम् ॥ ८७ ॥

त्रिकटु,करंजुआ,हल्दी,दारुहल्दी और नींबूकारस इन सम्पूर्ण औषधियोंको मिलाकर छायामेंसुखाकर गोली बांधे इस गोलीको घिसकर अंजन लगानेसे विसूचिकाका नाश होताहै यह अनुभव किया हुआहै लटजीरे की पत्ती और मिर्च समभाग लेकर घोड़ेकी लार में पीसकर अंजन लगानेसे विसूचिका का नाश होताहै ॥ ८७ ॥

विसूच्यामतिवृद्धायांतक्रंदधिसमंजलम् । नारिकेराम्बुपेयंवाप्राणत्राणाययोजयेत् ॥ त्वक्पत्रकैरण्डुकशिग्रुकुष्ठैरम्लप्रदिष्टैःसवचाशताह्वैः । उद्वर्त्तनंखल्लिविसूचिकाघ्नंतैलंविपक्वञ्चतदर्थकारि ॥ कुष्ठसैन्धवयोःकल्कंचुक्रंतैलेतुसाधितम् । विसूच्यांमर्दनंतेनखल्लीशूलनिवारणम् । पिपासायांतथोत्क्लेशेलवङ्गस्याम्बुशस्यते । जातीफलस्यवापीतंश्रृतंभद्रघनस्यवा ॥ ८८ ॥

विसूचिकाके बहुत बढ़जानेपर प्राणोंकी रक्षाके लिये मट्ठा समभाग जल मिलाहुआ दही अथवा नारियलका जल पीना चाहिये दालचीनी तेजपात रासना अगर सहिंजन कूट वच और सौंफ इन सबको कांजीमें पीसकर उबटन लगाने से बांयटे तथा विसूचिका का नाश होता है और इन्हीं औषधियों के द्वारा तेलको पकाकर मर्दन करनेंसे बांयटे तथा विसूचिकाका नाश होताहै कूट तथा सेंधेनोनका कल्क और चूक इनको डाल तेलको पकाकर मर्दन करने से विसूचिकावाले के बाँयटे तथा शूल का नाश होताहै विसूचिका में तृषा तथा उत्क्लेश के होनेपर लौंग जायफल अथवा नागरमोथे का क्काथ पिलाना चाहिये ॥ ८८ ॥ अथ उत्क्लेशस्यलक्षणम् ॥

उत्क्लिश्यानंचनिर्गच्छेत्प्रसेकष्ठीवनेरितम् । हृदयंपीड्यतेचास्यतमुत्क्लेशंविनिर्दिशेदिति ॥ ८९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उत्क्लेशका लक्षण ॥

उबकाई आवे परन्तु अन्न न गिरे और प्रसेक (मुखसे पानी छूटना) थुकथुकी तथा हृदय पीड़ाहोय उसको उत्क्लेश कहतेहैं ॥ ८९ ॥

सरुग्वानद्धमुदरमम्लैःपिष्टैःप्रलेपयेत् । दारुहैमवतीकुष्ठंशताह्वाहिंगुसैन्धवैः ॥ हैमवतीश्वेतवचा । इति दारुषट्कम् ॥ ९० ॥

पीड़ासहित उदरके फूलने पर देवदारु, श्वेत वच, कूट, सौंफ, हींग और सैंधानोन इन सबको कांजी में पीसकर लेपकरे इति दारुषट्क ॥ ९० ॥

तक्रेणयुक्तंयवचूर्णमुष्णंसक्षारमार्त्तिंजठरेनिहन्यात् । स्वेदोघटैर्वाबहुबाष्पपूर्णैरुष्णैस्तथान्यैरपिपिण्डतापैः ॥ विलम्बिकालसकयोरयमेवक्रियाक्रमः। अतएवतयोरुक्तंपृथङ्नहिचिकित्सितम् ॥ ९१ ॥

जौंके चूर्ण और जवाखारको मट्ठे में मिलाकर गरमगरम पेटमें लेप करनेसे पीड़ाका नाश होता है भाफसे भरेहुए घड़ोंके द्वारा स्वेद लेनेसे अथवा अन्य उष्ण गोलेआदि के सेकनेसे पीड़ा का नाश होताहै विलम्बिका और अलसक कीभी चिकित्सा इसी क्रमसे होतीहै इसी हेतुसे उनकी चिकित्सा पृथक् नहीं लिखीगई ॥ ९१ ॥

तंभस्मकंगुरुस्निग्धसान्द्रमन्दहिमस्थिरैः । अन्नपानैर्नयेच्छान्तिंपित्तघ्नैश्चविरेचनैः ॥ अत्युद्धताग्निशान्त्यैमाहिषदधिदुग्धसर्पींषि । संसेवेतयवागूंसमधूच्छिष्टांससर्पिष्काम् ॥ असकृत्पित्तहरणंपायसंप्रतिभोजनम् । श्यामात्रिवृद्विपक्वञ्चपयोदद्याद्विरेचनम् ॥ यत्किञ्चिन्मधुरंमेध्यं श्लेष्मलंगुरुभोजनम् । सर्व्वंतदत्यग्निहितंभुक्त्वाप्रस्वपनंदिवा ॥ सितन्तण्डुलसितकमलंछागक्षीरेणपायसंसिद्धम् । भुक्त्वाथतेनपुरुषोदशादिवसाद्बुभुक्षितोभवेत् ॥ ९२ ॥

भारी स्निग्ध कठोर मन्द शीतल तथा स्थिरगुणयुक्त अन्नपान के द्वारा और पित्तनाशक वस्तु तथा विरेचनके द्वारा भस्मक को शान्त करे बहुत बढ़ी हुई अग्नि को शान्त करने के लिये भैंसका दूध दही तथा घी सेवन करे और चावलोंका चूर्ण शहद मिलाकर घीमें पाक कीगई यवागू का सेवन करे सदैव पित्तनाशक खीरका भोजन करे प्रियंगु और निसोत के द्वारा पाककियेहुए दूधसे विरेचनकरवावे मधुर मेधा को हित कफकारी और भारी भोजन तीक्ष्णाग्निवालोंको हितहै और भोजन के उपरान्त दिनमें सोना भी हितहै श्वेत चावल और श्वेत कमल के साथ बकरीके दूधकी खीर करके खानेसे दशदिन में भूख नहीं लगती है ॥ ९२ ॥

अथ विशिष्टद्रव्याजीर्णेविशिष्टंपाचनद्रव्यमाह ॥

अलंपनसपाकायफलंकंदलसम्भवम् । कंदलस्यतुपाकायबुधैरपिघृतंहितम् ॥ घृतस्यपरिपाकायजम्बीरस्यरसोहितः । नारिकेरफलतालबीजयोः पाचकंमपदितण्डुलंविदुः । क्षीरमेवसहकारपाचनंचारमज्जानिहरीतकीहिता ॥ मधूकमालूरनृपादनानांपरूषखर्ज्जूरकपित्थकानाम् । पाकायपेयंपिचुमन्दबीजंघृतेऽपितक्रेऽपितदेवपथ्यम् ॥ खर्ज्जूरशृं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

टकयोःप्रशस्तंविश्वौषधंकुत्रचभद्रमुस्तम् । यज्ञांगबोधिद्रुफलेषुशस्तं ...तथावार्य्यु संप्रपीतम् ॥ तण्डुलेषुपयसःपयोहितंदीप्यकन्तुचिपिटेकणायुतम् । ष...कादधिजले जीर्यतेकर्कटीचसुमनेषुजीर्यति ॥ सुमनेषुगोधूमेषुजीर्यति ॥ गोधूममाषहरिमन्थसती मुद्गपाकोभवेज्झटितिमातुलपुत्रकेण। मातुलपुत्रकंधत्तूरफलम्। कंगूश्यामा। खण्डंच ...ण्डयतिमाषभवन्त्वजीर्णं तैलंकुलत्थमथवाविदधातिजीर्णम् । खर्ज्जूरिकाविषकशे ...शितासुशस्तंशृंगाटकेमधुफलेष्वपिभद्रमुस्तम् ॥ कंगुश्यामाकनीवाराकुलत्थाश्चावि ...म्बितम्। दध्नोजलेनजीर्यन्तिवैदलःकाञ्जिकेनतु । पिष्टान्नंशीतलंवारिकृशरासैन्ध वंपचेत्। माषेण्डरीनिम्बुफलंपायसंमुद्गयूषकः ॥ बटोवेंसवाराज्ञवंगेनफेनीसमंपर्प्पटः शिग्रुबीजेनयाति । कणामूलतोलड्डुकापूपसट्टादिपाकोभवेच्छष्कुलीमण्डयोश्च । वेस वारोवगसइतिलोके। तद्यथा। स्नेहोनिशाहिंगुलवङ्गकैलाधान्यार्कजीरार्द्रकनागराणि॥ अम्लोषणंसैन्धवचूर्णमन्येयथोचितंसंस्कृतयेप्रणीतम्। इतिसट्टासट्टकपानविशेषः । म ण्डमाण्डेतिलोके॥ ९३ ॥ द्रव्यविशेषके अजीर्ण में पाचन द्रव्यविशेष ॥

कटहलके परिपाकके लिये केला केलेके परिपाक के लिये घी घीके परिपाकके लिये जँभीरी नींबू का रस नारियल तथा ताडके बीजके परिपाकके लिये चावल आमके परिपाकके लिये दूध और चिरौंजीके परिपाकके लिये हड हितकारीहै महुआ,बेल, चिरौंजी,फालसा, खजूर,घी और मट्ठा इनके अजीर्ण में निंबौलीका पेय बनाकर पीना चाहिये खजूर और सिंघाडे के अजीर्ण में सोंठ और नागरमोथेका सेवन करना चाहिये गूलर पीपल और पकरियाके फलों के अजीर्णमें सोंठ अथवा नागरमोथेका बासी काढा पीना चाहिये चावलोंके अजीर्णमें दूध दूधके अजीर्णमें अजवाइन और चिडवोंके अजीर्णमें पीपल और अजवाइनका सेवन करना चाहिये सांठी के चावलोंके अजीर्ण में दहीका तोड पीना चाहिये और ककडी का अजीर्ण गेहूंसे मिटजाताहै गेहूं उर्द चना मटर और मूंग इनके अजीर्णमें धतूरे के फल सेवन करने चाहिये और उर्द के अजीर्ण को खांड नष्ट करतीहै तथा काकुन सामा खजूर कमलकी डंडी कसेरू शक्कर सिंघाडा और महुआ इनके अजीर्ण में नागरमोथेका सेवन करे काकुन सामा तिन्नी और कुलथी इनके अजीर्ण में दहीका तोड हितहै दालवाली चीज़ें कांजी से पचतीहैं पीठीकी चीज़ें शीतल जल से और खिचडी सेंधानोन से पचतीहै नींबूसे इमरती और मूंगके यूषसे खार पचती है नोनसे वेसवार (तैलादिक स्नेह हल्दी हींग लौंग इलायची धनियां जीरा अदरक सोंठ खटाई मिर्च और सेंधानोन यह सब वस्तु यथोचित अन्नके सुधारने के लिये छोडनी चाहिये इसको वेसवार कहते है)पचताहै लौंगसे फेनी पचतीहै पापड सहिंजनके बीजसे पचताहैलड्डूमालपुआ और सट्टक (पन्नाविशेष) आदि पीपलामूलसे पचतेहैं पूरी माडसे पचती हैं ॥ ९३ ॥

किमत्रचित्रंबहुमत्स्यमांसभोजीसुखीकाञ्जिकपानतःस्यात् । इत्यद्भुतंकेवलवह्निपक्वो मांसेनमत्स्यःपरिपाकमेति ॥ आममाम्रफलंमत्स्यतद्बीजंपिशितेहितम् । कूर्म्ममांसंयव क्षारःशीघ्रंपाकमुपैतिहि ॥ कपोतपारावतनीलकण्ठकपिञ्जलानांपिशितानिभुक्त्वा। का शस्यमूलंपरिपिष्यपीतंसुखीभवेन्नाबहुशोहिदृष्टम् ॥ कपोतोधवलःपाण्डुः ॥ मांसानिस र्वाण्यपियान्तिपाकक्षारेणसद्यस्तिलनालजेन ॥ ९४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मछली ६९ मांस को बहुतसा खाकर कांजी पीनेसे पचजाताहै यह कुछ आश्चर्य नहींहै पर केवल अग्नि मेंपकाई हुई मछली मांसके साथ खाने से पचजाती है यह आश्चर्य्य है कूच्चे आर मछली और आमकी बिजलीसे मांस पचताहै कछुएकामांस जवाखारसे बहुत जल्द पचताहै श्वे तथा पांडुरंगका कबूतर नीलकंठ और सफ़ेद तीतर इनके मांसको खाकर कांसकी जड़को पीस पीनेसे परिपाक होता है यह बहुत बार देखागयाहै तिलकी डंडीके क्षारसे संपूर्ण मांस पचतेहैं॥९४

चञ्चूकसिद्धार्थकवास्तुकानांगायत्रिमारक्तथितेनपाकः ॥ चञ्चूकचेचूइतिलोके। यत्रीखदिरः। पालङ्किकाकेवुककारवेल्लीवार्त्ताकुवंशांकुरमूलकानाम् । उपोतिकालाबुप टोलकानां सिद्धार्थकोमेघरवश्चपक्ता ॥ मेघरवःचौराइतिलोके। विपच्यतेशूरणकंगुडेन तथालुकंतण्डुलधावनेन । पिण्डालुकंजीर्य्यतिकोरदूषात्कशेरुपाकःकिलनागरेण ॥ लवणस्तण्डुलतोयात्सर्पिर्जम्बीरकाद्यम्लात् । मरिचादपितच्छीघ्रंपाकंयात्येवकाञ्जि कात्तैलम् ॥ ९५ ॥

चेंचू,सरसों और बथुयेकाशाक खैरसारसे पचताहै पालक, केऊ, करेला, बैंगन, बांसके अंकुर, मूली, पोय, लौकी और परवल यह सब श्वेत सरसों और चौराई से पचते हैं जमींकंद गुड़ से और आलू चावल के धोवन से पचता है गोल आलू कोदोंसे और कसेरू सोंठसे पचताहै नोन चावलके पानीसे घी जंभीरी नींबू आदिकी खटाईसे अथवा मिर्चसे और तेल कांजी से पचताहै ॥ ९५ ॥

क्षीरंजीर्य्यतितक्रेणतद्व्यंकोष्णमण्डकात् । माहिषंमाणिमन्थेनशङ्खचूर्णेनतद्दधि॥ मण्डकःमाडइतिलोके। रसालंजीर्य्यतिव्योषात्खण्डंनागरभक्षणात् । सितानागरमुस्ते नतथेक्षुश्चार्द्रिकारसात् । जरामिरागैरिकचन्दनाभ्यामभ्येतिशीघ्रंमुनिभिःप्रदिष्टम् ॥ उष्णेनशीतंशिशिरेणचोष्णं जीर्णोभवेत्क्षारगणस्तथाम्लैः ॥ इरामदिरा । तप्तंतप्तंहेम वातारमग्नौतोयेक्षिप्तंसप्तकृत्वस्तदम्भः । पीत्वाजीर्णंतोयजातंनिहन्यात्तत्रक्षौद्रंभद्रमु स्तंविशेषात् ॥ तत्रतोयाजीर्णे। इति जठराग्निविकारः॥ ९६ ॥

दूध मट्ठेसे गौका दूध कुछ गरम मांडसे भैंसका दूध सेंधोनोन से और भैंसका दही शंखके चूर्ण से पचताहै पौंडा त्रिकटु से खांड सोंठसे चीनी नागरमोथे से और ईख अदरक के रस से पचती है पुरानी मद्य गेरू तथा चन्दन से शीतल वस्तु उष्ण वस्तुसे उष्ण वस्तु शीतल वस्तु से और संपूर्ण क्षार खटाई से पचतेहैं जलपीने से अजीर्ण होने में सोने अथवा चांदीको आगमें तपा तपाकर सात बार पानीमें बुझावे और उस पानीको पिये उससे अजीर्ण दूर होता है नागरमोथा और सहत के द्वारा पानी का अजीर्ण नष्ट होताहै इति जठराग्निविकार ॥ ९६ ॥

अथ क्रिम्यधिकारः। अथ क्रिमीनांभेदानाह ॥

क्रिमयस्तुद्विधाप्रोक्ताबाह्याभ्यन्तरभेदतः। तेषांनिदानान्याह। बहिर्मलकफासृग्विड् जन्मभेदाच्चतुर्विधाः॥ नामतोविंशतिविधाबाह्यास्तत्रमलोद्भवाः ॥ तत्रतेषुबाह्याःक्रिम यःमलोद्भवाः। त्वक्लग्नवहिर्मलस्वेदसम्भवाः। तेषांरूपाण्याह। तिलप्रमाणसंस्थान वर्णाःकेशाम्बराश्रयाः। तिलानामिवपरिमाणानिवर्णायेषांते ॥ बहुपादाश्चसूक्ष्माश्चयू

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

...लिख्याश्चनामतः । द्विधातत्रयूकाबहुपादाकृष्णाकेशाश्रया । लिख्या...सूक्ष्माःश्वेताव स्त्राश्रयाः । ततुकर्त्तव्यविकारमाह । द्विधातेकोठपिटिकाकण्डूगण्डान्प्रकुर्व्वते ॥ ९७॥

क्रिमिरोगाधिकार क्रिमियोंके भेद ॥

बाह्य और आभ्यन्तर प्रकार से क्रिमि दो प्रकार केहैं स्वेद कफ रक्त और मलसे वह उत्पन्न होते हैं इसलिये कारणभेदसे चार प्रकार के होते हैं और नामभेद से बीस प्रकार के होतेहैं उनमेंसे मल अर्थात् स्वेद से उत्पन्न हुए क्रिमि बाह्य कहलातेहैं यह तिलके समान आकृति तथा वर्णवाले होतेहैं और बाल तथा वस्त्रों में रहते हैं इनमें से बहुत पैरवाले काले यूक (जुआं) नाम क्रिमि बालों में रहते हैं और सूक्ष्म श्वेत वर्ण वाले लिख्य (लीख) नामवाले क्रिमि वस्त्रों में रहतेहैं यह दोनों प्रकारके क्रिमि चकत्ते फुंसी खुजली और फोडोंको उत्पन्न करतेहैं ॥ ९७ ॥

आभ्यन्तरक्रिमीणांविप्रकृष्टंनिदानमाह ॥

अजीर्णभोजीमधुराम्लसेवीद्रवप्रियःपिष्टगुडोपभोक्ता । व्यायामवर्ज्जीचदिवाशयी चविरुद्धभोजीलभतेक्रिमींश्च ॥ ९८ ॥

आभ्यन्तर क्रिमियों के दूरवाले कारण ॥

अजीर्णकारी वस्तु मधुर खट्टी तथा बहुत पतली वस्तु पीठी और गुडके खाने से विरुद्ध भोजनसे व्यायाम न करनेसे और दिनमें सोनेसे क्रिमि उत्पन्न होतेहैं ॥ ९८ ॥

उत्पन्नक्रिमिलक्षणमाह ॥

ज्वरोविवर्णताशूलंहृद्रोगःसदनंभ्रमः । भक्तद्वेषोऽतिसारश्चसञ्जातक्रिमिलक्षणम् ॥९९॥

उत्पन्नहुए क्रिमियोंके लक्षण ॥

आभ्यन्तर क्रिमियोंके उत्पन्न होनेपर ज्वर,विवर्णता,शूल,हृदय के रोग,शिथिलता,भ्रम,भोजनमें अरुचि और अतीसार यह लक्षण होतेहैं ॥ ९९ ॥

अथ कफजक्रिमीणांविप्रकृष्टंनिदानमाह ॥

मांसमाषगुडक्षीरदधिशुक्तैःकफोद्भवाः शुक्तंकालान्तरेणाम्लीभूतइक्षुरसविकारः ॥१००॥

कफके क्रिमियोंके दूरवाले कारण ॥

मांस,उर्द,गुड,दूध,दही और सिरके के खाने से कफके क्रिमि उत्पन्न होतेहैं ॥ १०० ॥

कफजक्रिमीणांसम्प्राप्तिपूर्व्वकंलक्षणमाह ॥

कफादामाशयेजातावृद्धाःसर्पन्तिसर्वतः । पृथुब्रध्ननिभाःकेचित्केचिद्गण्डूपदोपमाः ॥ रूढधान्यांकुराकारास्तनुदीर्घास्तथाणवः । श्वेतास्ताम्रावभासाश्चनामतःसप्तधातुते ॥ अन्त्रादाउदरावेष्टाहृदयादामहागुहाः । चुरवोदर्भकुसुमाःसुगन्धास्तेचकुर्व्वते ॥ हृल्लास मास्यश्रवणमविपाकमरोचकम् । मूर्च्छाच्छर्दिज्वरानाहकासक्षवथुपीनसान् ॥वन्धश्चर्म्म लतारूढोऽकुरितः । तनवःपरिणाहेनतथादीर्घास्तनुदीर्घाश्चुरवश्चुरमानः । ततुकर्त्तव्य विकाराहृल्लासादयः ॥ १०१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कफके क्रिमियों के संप्राप्तिपूर्व्वक लक्षण ॥

कफसे आमाशयमें उत्पन्न हुए क्रिमि बढ़कर सब ओरको फैलतेहैं उनमें से कुछ स्थूल कुछ तस्मे के समान कुंछ केंचुए के समान कुछ उगे हुए नाजके अंकुरके समान और कुछ लंबे तथा कुछ पतले होतेहैं इनका वर्ण श्वेत अथवा तांबेकासा होताहै यह नामसे सात प्रकारके होतेहैं जैसे अन्त्राद उदरावेष्टक हृदयाद महागुद चुरु दर्भकुसुम और सुगन्ध इनके द्वारा मतली मुख से पानी छूटना भोजनका न पचना अरुचि मूर्च्छा छर्दि ज्वर अफरा कृशता छींक और पीनस यहसब रोगहोतेहैं १०१॥

शोणितजक्रिमीणांविप्रकृष्टंनिदानमाह ॥

विरुद्धाजीर्णशाकाद्यैःशोणितोत्थाभवन्तिहि ॥ १०२॥

रुधिरके क्रिमियोंके दूरवाले कारण॥

विपरीत भोजन और अजीर्णकारी वस्तु तथा शाकादिक के खाने से रक्तज क्रिमि उत्पन्न होतेहैं१०२॥

अथ रक्तजक्रिमीणांसम्प्राप्तिपूर्वकलक्षणम् ॥

रक्तवाहिशिरास्थानारक्तजाजन्तवोऽणवः। अपादावृत्तताम्राश्चसौक्ष्म्यात्केचिददर्शनाः॥ केशादालोमविध्वंसारोमद्वीपाउदुम्बराः । षट्तेकुष्ठैककर्म्माणःसहसौरसमातरः॥ सौरसमातृभ्यांसहवर्त्ततइतिसहसौरसमातरः ।ः १०३ ॥

रक्तज क्रिमियों के संप्राप्तिपूर्व्वक लक्षण॥

रुधिर के लेजानेवाली नाड़ियों में रक्तज क्रिमि उत्पन्न होतेहैं यह क्रिमि पैर रहित सूक्ष्म गोल और तांबेकेसे रंग वाले होतेहैं इनमेंसे कुछ सूक्ष्मता के कारण दिखाई नहींदेते यह नामभेद से छः प्रकारकेहैं जैसे केशाद रोमविध्वंस रोमद्वीप उदुम्बर सौरस और मातृ इन सबके द्वारा कुष्ठरोग उत्पन्न होताहै ॥१०३॥

पुरीषजानाहपुरीषजाक्रिमीणांविप्रकृष्टन्निदानमाह ॥

पक्वाशयेपुरीषोत्थाजायन्तेऽधोविसर्पिणः।वृद्धास्तेस्युर्भवेयुश्चतेयदामाशयोन्मुखाः॥ तदास्योद्गारनिःश्वासविड्गन्धानविधायिनः। पृथुवृत्ततनुस्थूलाश्श्यावपीतसितासिताः॥ तेपञ्चनाम्नाक्रिमयःककेरुकमकेरुकाः । सौसुरादामलूनाख्यालेलिहाजनयन्तिच ॥ विड्भेदशूलविष्टम्भकार्श्यपारुष्यपाण्डुताः। रोमहर्षाग्निसदनगुदकण्डुर्विमार्गगाः॥ वृद्धास्तेऽधोविसर्पिणःस्युःयदातेआमाशयोन्मुखाभवेयुरित्यन्वयः। तेविमार्ग्गगाःसन्तो विड्भेदादीञ्जनयन्तिइत्यर्थः॥ १०४॥

मलके क्रिमियों के दूरवाले कारण ॥

उर्द पीठी खटाई नोन गुड तथा शाकके खानेसे मलके क्रिमि उत्पन्न होतेहैं मलके क्रिमि पक्वाशय में उत्पन्न होकर नीचेकी ओर जाते हैं यह बढ़कर जब आमाशय की ओर जातेहैं तब रोगी को डकार श्वास तथा मलमें दुर्गन्ध उत्पन्न होतीहै इनमें से कुछ स्थूल तथा गोल कुछ सूक्ष्म तथा स्थूल और धुमैले पीले श्वेत तथा काले वर्ण के होतेहैं यह नामसे पांच प्रकारके होतेहैं जैसे ककेरुक मकेरुक सौसुराद मलून और लेलिहा यह विपथगामी होकर मल भेद शूल विष्टंभ कृशता कठोरता पांडुवर्ण रोमांच मन्दाग्नि और गुदामें खुजली इन रोगों को उत्पन्न करतेहैं ॥ १०४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ क्रिमीणांचिकित्सा ॥

विडंगव्योषसंयुक्तमन्नमण्डंपिबेन्नरः । दीपनंक्रिमिनाशायजठराग्निविवृद्धये॥ प्रत्यहं कटुकंतिक्तंभोजनंकफनाशनम् । क्रिमीणांनाशनंरुच्यमग्निसन्दीपनंपरम् ॥ विडंगशृत नीयंविडंगेनावधूलितम् । पीतंक्रिमिहरंदष्टंक्रिमिजांश्चगदाञ्जयेत् ॥ लिह्याद्विडंगचूर्णामधुनाक्रिमिनाशनम् । पलाशबीजस्यरसंपिबेन्माक्षिकसंयुतम् ॥ पिबेत्तद्बीजकल्कं मधुनाक्रिमिनाशनम् । कम्पिल्लचूर्णकर्षार्द्धंगुडेनसहभक्षितम् ॥ पातयेत्तुक्रिमीन्सर्वानुदरस्थान्नसंशयः ॥ विडंगंकौटजंबीजंतथाबीजंपलाशजम् ॥ सञ्चूर्ण्यंखादेत्खण्डेन क्रिमीन्नाशयितुन्नरः । निम्बपत्रसमुद्भूतं रसंक्षौद्रयुतंपिबेत् ॥ धत्तूरपत्रजंवापिक्रिमिनाशनमुत्तमम् ॥ १०५ ॥

क्रिमियों की चिकित्सा ॥

बायविडंग और त्रिकटु समेत मांड के पीने से क्रिमि नष्ट होते हैं और अग्नि बढ़ती है प्रतिदिन कटु तथा तिक्त भोजन करने से कफ तथा क्रिमियों का नाश होताहै और रुचि तथा अग्नि की वृद्धि होतीहै बायविडंग के द्वारा औटायेहुए जल में बायविडंग काही चूर्ण छोडकर पीने से क्रिमि और क्रिमियोंसे उत्पन्न होनेवाले रोगोंका नाश होताहै बायविडंगके चूर्णको सहतकेसाथ चाटनेसे क्रिमियों का नाश होताहै पलाश के बीजोंके काढ़ेमें सहत डालकर पीने से अथवा ढाकके बीजों को पीसकर सहत मिलाकर चाटने से क्रिमियोंका नाश होताहै ६ माशे कबीले के चूर्णको गुड के साथ खाने से निस्सन्देह पेटके सब क्रिमि गिरपडतेहैं बायविडंग इन्द्रजौ तथा ढाकके बीज इनसबको पीसकर खांड के साथ खानेसे क्रिमि नष्ट होते हैं नींबकी अथवा धतूरे की पत्तीमें सहत डालकर पीने से क्रिमियों का नाश होताहै ॥ १०५ ॥

रसेन्द्रेणसमायुक्तोरसोधत्तूरपत्रजः । ताम्बूलपत्रजोवापिलेपोयूकाविनाशनः ॥ धत्तूरपत्रकल्केनतद्रसेनैवपाचितम् ॥ तैलमभ्यंगमात्रेणयूकानाशयतिक्षणात् ॥ १०६ ॥

धतूरे की पत्ती के अथवा पान के रसमें पारा मिलाकर लेप करने से जुओंका नाश होताहै धतूरे की पत्तीके रस और कल्कसे पाक कियेगये तेलको मर्दन करनेसे जुआंओंका नाश होताहै ॥ १०६ ॥

क्रिमीणांविट्कफोत्थानामेतदुक्तंचिकित्सितम् । रक्तजानान्तुसंहारंकुर्य्यात्कुष्ठचिकित्सया ॥ क्षीराणिमांसानिघृतानि चापिदधीनिशाकानिचपर्णवन्ति । अम्लंचमिष्टञ्चरसं विशेषात्क्रिमिञ्जिघांसुःपरिवर्जयेद्धि ॥ इति क्रिम्यधिकारः ॥ १०७ ॥

मल और कफसे उत्पन्न हुए क्रिमियों की यह चिकित्सा कहीगई और रक्तज क्रिमियोंका नाश कुष्ठ की चिकित्सा से करना चाहिये दूध मांस घी दही पत्र शाक खटाई और मिठाई यह सब क्रिमि रोगवाले को छोड देना चाहिये इति क्रिमिअधिकार ॥ १०७ ॥

अथ पाण्डुरोगकामलाहलीमकाधिकारः ॥

तत्र पाण्डुरोगस्यसंख्यापूर्वकंसन्निकृष्टनिदानमाह ॥

पाण्डुरोगाःस्मृताःपञ्चवातपित्तकफैस्त्रयः । चतुर्थःसन्निपातेनपञ्चमोभक्षणान्मृदः॥ पञ्चमोभक्षणान्मृदइतिननुमृत्तिकापिदूषितदोषद्वारणैवपाण्डुरोगंजनयती.तिमृद्भक्षणजः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पाण्डुरोगो ...षजादभिन्नएवंकथंपञ्चमइति । उच्यते । अपरकारणकुपितावातादयोऽ न्यरोगान्कुर्वन्ति । मृत्तिकाभक्षणात्कुपितास्तुवातादयोविशेषतःपाण्डुरोगमेवजन न्त्येवेतिविशेषचिकित्साविशेषाच्चपञ्चमश्चरकेणोक्तः ॥ १०८ ॥

पांडु कामला और हलीमकरोगका अधिकार ॥

पांडुरोगके संख्यापूर्वक समीपी कारण ॥

पांडुरोग पांच प्रकारकाहै जैसे वातज, पित्तज, कफज, सन्निपातज और मृत्तिकाके खानेसे अब र सन्देह होताहै कि मिट्टी खानेसे दूषितहुए दोष पांडुरोगको उत्पन्न करतेहैं इसलिये मिट्टी खाने ं हुआ पांडुरोगभी दोषजसे अलग नहींहै तो उसको अलग पांचवां क्यों गिनाया इसका उत्तर यहहै कि अन्य कारणोंके द्वारा कुपित वातादिक अन्य रोगोंकोभी उत्पन्न करतेहैं परन्तु मिट्टी खाने से कुपित दोष पांडुरोगकोही उत्पन्न करते हैं यह विशेषताहै और चिकित्साकी विशेषतासे चरकने इस को पांचवां कहाहै ॥ १०८ ॥

अथ विप्रकृष्टंनिदानपूर्विकांसम्प्राप्तिमाह ॥

व्यवायमम्लंलवणानिमद्यंमृदंदिवास्वप्नमतीवतीक्ष्णम् । निषेव्यमाणस्यविदूष्यरक्तं दोषास्त्वचंपाण्डुरतांनयन्ति ॥ तीक्ष्णंराजिकादिः ॥ १०९ ॥

पांडुरोग की दूरवाले कारणों समेत संप्राप्ति ॥

मैथुन, खटाई, नोन, मद्यपान, मृत्तिकाभक्षण, दिनमेंसोना और बहुततीखीराई आदि वस्तुओंका सेवन इनकारणोंसे कुपित दोष रुधिरको दूषित करके त्वचाको पांडुवर्ण करते हैं ॥ १०९ ॥

अथ पूर्वरूपमाह ॥

त्वक्स्फोटनिष्ठीवनगात्रसादमृद्भक्षणप्रेक्षणकूटशोथाः । विण्मूत्रपीतत्वमथाविपाको भविष्यतस्तस्यपुरःसराणि ॥ प्रेक्षणकूटशोथइतिअक्षिगोलकशोथः ॥ ११० ॥

पांडुरोगका पूर्वरूप ॥

पांडुरोग होनेसे पहले त्वचाका कुछ फटना थुकथुकी अंगोंकी शिथिलता मृत्तिकाकाभक्षण नेत्रके पोटों में सूजन मल मूत्रकापीलापन और भोजनका परिपाक न होना यह लक्षण होते हैं ॥ ११० ॥

अथ वातिकस्यपाण्डुरोगस्यलक्षणमाह ॥

त्वङ्मूत्रनयनादीनांरूक्षकृष्णारुणाभता । वातपाण्ड्वामयेकम्पस्तोदानाहभ्रमादयः ॥ कृष्णारुणाभतापाण्डुत्वंनातिक्रामति अतएवसुश्रुतेनसर्व्वेषुचैतेषुअपिपाण्डुभावोयतो ऽधिकोऽतःखलुपाण्डुरोगइति । भ्रमादयइत्यादिशब्दाद्भेदशूलादयः ॥ १११ ॥

वातज पांडुरोगके लक्षण ॥

वातज पांडुरोगमें त्वचा मूत्र तथा नेत्रादिकोंमें रूखापन कालापन तथा ललाई होतीहै और कंप शरीरमें पीडा आनाह भ्रम तथा शूलादिक उत्पन्न होतेहैं कालापन और ललाई पांडुवर्ण को उल्लंघन नहीं करती क्योंकि सुश्रुतने कहा है कि सब प्रकारके पांडुरोगोंमें पांडुता अधिक होती है इसलिये इसको पांडुरोग कहतेहैं ॥ १११ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

॥ अथ पैत्तिकस्यलक्षणमाह ॥

पीतत्वङ्नखविण्मूत्रोदाहतृष्णाज्वरान्वितः । भिन्नविट्कोऽतिपीताभःपित्तपाण्डुर्भवेन्नरः ॥ भिन्नविट्कःस्द्रवमलः ॥ ११२ ॥

पित्तज पांडुरोग का लक्षण ॥

पित्त के पांडुरोगों में त्वचा, नख, मल तथा मूत्र में पीलापन, दाह, तृषा, ज्वर मलभेद और बहुत पीलापन यह लक्षण होतेहैं ॥ ११२ ॥

अथ श्लैष्मिकस्यलक्षणमाह ॥

कफप्रसेकःश्वयथुस्तन्द्रालस्यातिगौरवैः । पाण्डुरोगीकफाच्छुक्लैस्त्वङ्मूत्रनयनाननैः ॥ अत्रोपलक्षणेनतृतीया ॥ ११३ ॥

कफके पांडु रोग के लक्षण ॥

कफ के पांडुरोग में मुखसे कफ निकलना, सूजन, तन्द्रा, आलस्य, शरीर में बहुत भारीपन और त्वचा, मूत्र, नेत्र तथा मुखमें श्वेतता यह लक्षण होतेहैं ॥ ११३ ॥

सान्निपातिकस्यलक्षणमाह ॥

सर्व्वान्नसेविनःसर्वैर्दुष्टादोषास्त्रिदोषजम् । त्रिदोषलिङ्गंकुर्व्वन्तिपाण्डुरोगंसुदुःसहम् ॥ ११४ ॥

सन्निपातज पांडुरोग के लक्षण ॥

पांडु रोगकारी सम्पूर्ण वस्तुओं के सेवन से दूषितहुए सम्पूर्ण दोष अत्यन्त दुस्सह सन्निपातज पांडु रोग को उत्पन्न करते हैं इसमें तीनों दोषों के लक्षण होतेहैं ॥ ११४ ॥

अथ मृज्जस्यसम्प्राप्तिमाह ॥

मृत्तिकादनशीलस्यकुप्यन्त्यन्यतमोमलः । कषायामारुतंपित्तंमूषरामधुराकफम् ॥ कोपयेन्मृद्रसादींश्चरौक्ष्याद्भुक्तंचरुक्षयेत् । पूरयत्यविपक्वैवस्रोतांसिनिरुणद्धयपि ॥ इन्द्रियाणांबलंहत्वातेजोवीर्यौजसीतथा । पाण्डुरोगंकरोत्याशुबलवर्णाग्निनाशनम् ॥ स्रोतांसिशिरामुखानि । तेजोदीप्तिः ॥ ओजःसर्व्वधातुरसः ॥ ११५ ॥

मिट्टी खानेसे हुए पांडुरोगकी संप्राप्ति ॥

मिट्टी खानेसे वात पित्त अथवा कफ कुपित होताहै अर्थात् कषैली मिट्टीसे वायु क्षारमिट्टीसे पित्त और मधुर मिट्टीसे कफ कुपित होता है मिट्टी रूखेपन से रसादिकोंको और भोजन कियेहुए पदार्थ को रूखा करती है और आप कच्चीही स्रोतोंको भरके रोकदेतीहै और इन्द्रियोंके बल तेज वीर्य्य तथा ओजको नष्टकरके शीघ्रही बल वर्ण तथा अग्निके नाश करने वाले पांडु रोगको उत्पन्न करतीहै ११५॥

अथ मृज्जस्यलक्षणमाह ॥

मृद्भक्षणाद्भवेत्पाण्डुस्तन्द्रालस्यनिपीडितः । सकासश्वासशूलार्त्तःसदारुचिसमन्वितः ॥ शूनाक्षिकूटगण्डभ्रूःशूनपान्नाभिमेहनः । क्रिमिकोष्ठोऽतिसार्येतमलंसासृक्कफान्वितम् ॥ क्रिमिकोष्ठाउदराभ्यन्तरस्थक्रिमिर्भवेदित्यनेनसम्बध्यते । अतिसार्येतमलमितिकर्मकर्तृतत्कर्मवत्मन्तव्यम् ॥ तस्मिन्कर्मण्यर्थेऽत्रयत्प्रत्ययः ॥ ११६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मिट्टी खाने से हुए पांडुरोग के लक्षण ॥

मिट्टी खानेसे हुए पांडुरोग में तन्द्रा आलस्य खांसी श्वास शूल तथा सदैव अरुचि होतीहै और उदरमें कृमि होते हैं आंखों के पोटे गाल भृकुटी पैर नाभि तथा लिंगमें सूजन होतीहै और कफ तथा रुधिर सहित दस्त आतेहैं ॥ ११६ ॥

अथासाध्यस्यलक्षणमाह ॥

जरारोचकहृल्लासछर्दितृष्णाक्लमान्वितः । पाण्डुरोगीत्रिभिर्दोषैस्त्याज्यःक्षीणोहतेन्द्रियः ॥ पाण्डुरोगश्चिरोत्पन्नःखरीभूतोनसिद्ध्यति । कालप्रकर्षाच्छूनांगोयोवापीतानिपश्यति ॥ खरीभूतःअतिरूक्षितःसर्वधातुः । बद्धाल्पविट्सहरितंसकफंयोऽनिसार्यते ॥ दीनःस्वेदातिदिग्धांगश्छर्दिमूर्च्छातृषान्वितः । पाण्डुदन्तनखोयस्तुपाण्डुनेत्रश्चयोभवेत् ॥ पाण्डुसङ्घातदर्शीचपाण्डुरोगीविनश्यति । पाण्डुसङ्घातदर्शीपीतवर्णस्यराशिंपश्यति । अन्तेषुशूनंपरिहीनमध्यंम्लानंतथान्तेषुचमध्यशूनम् । गुदेमुखेशेफसिमुष्कयोश्चशूनंप्रताम्यन्तमसंज्ञकल्पम् । विवर्जयेत्पाण्डुकिनंयशोऽर्थीतथातिसारज्वरपीडितञ्च । अन्तेषुहस्तपादादिषु ॥ म्लानंक्षीणम् । प्रताम्यन्तंग्लानिंगच्छन्तम् ॥ असंज्ञकल्पंमृतसदृशम् ॥ ११७ ॥

असाध्य पांडुरोग के लक्षण ॥

ज्वर, अरुचि, मतली, छर्दि, तृषा तथा ग्लानि के होनेपर क्षीणता तथा इन्द्रियोंकी शक्तिके नष्टहो जानेपर और तीनों दोषोंके होनेपर पांडुरोग असाध्य जानना चाहिये बहुत पुराने पांडुरोगमें धातुओं के अत्यन्त रूखे होजानेपर असाध्य जानना चाहिये थोड़े दिन से होनेवाले पांडुरोगमें जो सूजन उत्पन्न हो और रोगी को सम्पूर्ण बस्तु पीलीदीखें तो असाध्य जानना चाहिये जिसपांडु रोगवाले का हरा कफ सहित बंधा हुआ थोड़ा २ मल निकले वह असाध्य है जो पांडुरोगी बहुत दीन स्वेद के द्वारा लिपेहुए से शरीरवाला और छर्दि मूर्च्छा तथा तृषा से व्याकुल होय वह असाध्य है जिस पांडुरोगवालेके दांत नख तथा नेत्रपीले होजायँ और सबपदार्थ पीलेदीखें वहअसाध्यहै जिसपांडुरोग वाले के हाथ पैरों में सूजन होय शरीरका मध्यभाग क्षीण होजाय अथवा हाथ पैर क्षीण होयँ और मध्य में सूजन होय वह असाध्य है जिस पांडु रोग वाले के मुख लिंग गुदा तथा अंडकोशों में सूजन होय और ग्लानि बेहोशी अतीसार तथा ज्वर होय वह असाध्य है ॥ ११७ ॥

अथ पाण्डुरोगभेदस्यकामलायानिदानपूर्विकांसम्प्राप्तिमाह ॥

पाण्डुरोगीतुयोऽत्यर्थंपित्तलानिनिषेवते । तस्यपित्तमसृङ्मांसंदग्ध्वारोगायकल्प्यते ॥ पित्तंकर्तृदग्ध्वासन्दूष्यरोगायकामलारूपाय । पाण्डुरोगिणएवातिशयितपित्तलसेवयाकामलाभवतिनायन्नियमः ॥ किन्तुकामलास्वतन्त्रापिभवति । यथाराजयक्ष्माकासादुपेक्षिताद्भवतिनायंनियमः ॥ किन्तुराजयक्ष्मास्वतन्त्रोऽपिभवति । तद्वदेव ॥ ११८ ॥

पांडुरोग का भेद कामलारोगकी निदानपूर्वक संप्राप्ति ॥

जिस पांडु रोग वाले को बहुत पित्तकारी वस्तुओं के सेवन से बढ़ाहुआ पित्त रुधिर तथा मांसको दूषित करता है उसको कामला रोग उत्पन्न होताहै पांडु रोग वाले कोही पित्तकारी वस्तुओं के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नसे कामला रोग होताहै यह नियम नहीं है किन्तु कामला अपने आपभी स्वतन्त्र होता है जैसे खांसी की उपेक्षा करने से राजयक्ष्मा होता है यह नियम नहींहै किन्तु राजयक्ष्मा स्वतन्त्र भी होता है उसी प्रकार यहां भी जानना चाहिये ॥ ११८ ॥

कामलायालक्षणमाह ॥

हारिद्रनेत्रःसुभृशंहारिद्रत्वङ्नखाननः । पीतरक्तसकृन्मूत्रोभेकवर्णोहतेन्द्रियः ॥ दाहाविपाकदौर्बल्यसदनारुचिकर्षितः । हारिद्रंहरिद्रावर्णम् ॥ पीतरक्तसकृन्मूत्रः । पीतेरक्तेवासकृन्मूत्रेयस्यसः ॥ भेकवर्णःबृहद्भेकवर्णः ॥ ११९ ॥

कामला का लक्षण ॥

कामला में नेत्र त्वचा नख तथा मुखका हल्दी के समान अत्यन्त पीला होना मल मूत्र का पीत अथवा रक्त होना बडे मेंढक के समान वर्ण होजाना इन्द्रियों की शक्तिका नाश दाह भोजन कानपचना दुर्बलता शिथिलता और अरुचि यह लक्षण होते हैं ॥ ११९ ॥

तस्याभेदमाह ॥

कामलाबहुपित्तैषाकोष्ठशाखाश्रयामता । एकाकोष्ठाश्रया । अपराशाखाश्रया ॥ १२० ॥

कामला के भेद ॥

बहुत पित्तवाला यह कामलारोग एक कोष्ठाश्रय और दूसरा शाखाश्रय होताहै ॥ १२० ॥

तत्रकोष्ठाश्रयांकामलामाह ॥

कालान्तरात्खरीभूताकृच्छ्रास्यात्कुम्भकामला ॥ १२१ ॥

कोष्ठाश्रय कामलाका वर्णन ॥

बहुत कालका पुराना कामलारोग रूक्ष होकर कुंभकामला नाम कहाजाताहै यह कठिनता से साध्यहै ॥ १२१ ॥

कुम्भकामलीनामारिष्टलक्षणमाह ॥

छर्द्यरोचकहृल्लासज्वरक्लमनिपीडितः । नश्यतिश्वासकासार्त्तोविड्भेदीकुम्भकामली १२२

कुंभकामलाका अरिष्ट ॥

कुंभ कामलारोगवालेको जो छर्दि, अरुचि, मतली, ज्वर, ग्लानि, श्वास, खांसी और मलभेदहोयतो वह नहीं जीता है ॥ १२२ ॥

अथो भयोरपि कामलयोऽरिष्टलक्षणमाह ॥

कृष्णपीतसकृन्मूत्रोभृशंशूनश्चमानवः । सरक्ताक्षिमुखच्छर्दिविण्मूत्रोयश्चताम्यति ॥ दाहारुचितृषानाहतन्द्रामोहसमन्वितः । नष्टाग्निसंज्ञःक्षिप्रंहिकामलावान्विपद्यते १२३

दोनों कामलाओंके अरिष्ट ॥

जिस कामलावालेका मल मूत्र काला पीला अथवा लाल होय नेत्र मुख तथा वमन रक्त वर्ण होय और सूजन तथा मोहहोय वह असाध्यहै जिसकामलावालेको दाह, अरुचि, आनाह, तन्द्रा, मोह, तथा मन्दाग्नि और बेहोशीहोय वह नहीं जीताहै ॥ १२३ ॥

अथ पाण्डुरोगस्यैवभेदंहलीमकमाह ॥

यदातुपाण्डोर्वर्णःस्याद्धरितश्यावपीतकः । बलोत्साहक्षयस्तन्द्रामन्दाग्नित्वंमृदुज्वरः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्त्रीष्वहर्षों ऽनदंश्चश्वासतृष्णारुचिभ्रमाः । हलीमकन्तदातस्यविद्यादनिलपित्तत पाण्डोःपाण्डुरोगिणः ॥ १२४ ॥

पांडुरोगके भेद हलीमकका वर्णन ॥

जो पांडु रोगवालेका वर्ण हरा धुमेला तथा पीलाहोय बलतथा उत्साहका क्षयहोय और तन्द्रा मन्दाग्नि थोडाज्वर मैथुनमें अनिच्छा शरीरमेंपीड़ा श्वास तृषा अरुचि तथा भ्रम होयतो उसे हलीमक रोग जानना चाहिये यह वायु और पित्तसे उत्पन्न होताहै ॥ १२४ ॥

अथ तस्यपाण्डुरोगचिकित्सामाह ॥

सप्तरात्रंगवांमूत्रैर्भावितञ्चायसोरजः । पाण्डुरोगप्रशान्त्यर्थम्पयसाप्रपिबेन्नरः ॥ गोमूत्रसिद्धंमण्डूरञ्चूर्णंसगुडमश्नतः । पाण्डुरोगक्षयंयातिपंक्तिशूलञ्चदारुणम् ॥ अयोमलंसुसंतप्तंभूयोगोमूत्रसाधितम् । मधुसर्पियुतंलीढ्वापाण्डुरोगीसुखीभवेत् ॥ १२५ ॥

पांडुरोगकी चिकित्सा ॥

लोहेकी भस्मको सातदिन गोमूत्रमें भावना देकर सेवन करनेसे पांडुरोगका नाश होताहै गोमूत्रके द्वारा बना हुआ मंडूर गुडके साथ खानेसे पांडु और भयंकर परिणाम शूलका नाश होताहै मंडूरको वारंवार अग्निमें तपा तपा कर गोमूत्र में बुझावे फिर इस के चूर्णको घी और सहत के साथ चाटनेसे पांडुरोगका नाश होताहै ॥ १२५ ॥

पुनर्नवात्रिवृद्व्योषंविडंगंदारुचित्रकम् । कुष्ठंहरिद्रात्रिफलादन्तीचव्यंकलिंगकम् ॥ कटुकापिप्पलीमूलंमुस्तंशृंगीचकारवी ॥ यवानीकट्फलंचैतिपृथक्पलमितंसमम् ॥ मंडूरंद्विगुणंचूर्णाद्गोमूत्रेऽष्टगुणेपचेत् । गुडेनवटिकांकृत्वातक्रेणालोड्य तांपिबेत् । पुनर्नवादिमण्डूरवटकोऽश्विविनिर्मितः । पाण्डुरोगंनिहन्त्याशुकामलाञ्चहलीमकम् ॥ श्वासंकासञ्चयक्ष्माणंज्वरंशोथंतथोदरम् । शूलंप्लीहानमाध्मानमर्शांसिग्रहणीकृमीन् ॥ वातरक्तञ्चकुष्ठञ्चसेवनान्नाशयेद्ध्रुवम् । अत्रपुनर्नवादिमण्डूरम् २४। प्रत्येकपल १। लोहकीटचूर्णपल ४८। गोमूत्रपल १९२। पुनर्नवादिमण्डूरः ॥ १२६ ॥

पुनर्नवा,निसोत,त्रिकटु,बायबिडंग,देवदारु,चीता,कूट,हल्दी,दारुहल्दी,त्रिफला,दन्ती, चव्य,इन्द्रजव,कुटकी,पीपलामूल,मोथा,काकडासिंगी,कालाजीरा,अजवाइन और कायफल यहसब एक२ पल और इनसबके चूर्णका दूना अर्थात् ४८ पल मंडूर इनसबको १९२ पल गोमूत्र में पाक करके गुड डालकर बड़े बनावे फिर मट्ठेमें इस बड़ेको घोलकर पिये यह पुनर्नवादि मंडूर बटक अश्विनीकुमारने बनायाहै इसकेद्वारा पांडुरोग, कामला,हलीमक, श्वास,खांसी, यक्ष्मा,ज्वर,सूजन,उदरशूल प्लीहा,आध्मान,बवासीर ग्रहणी,कृमि,बात रक्त और कुष्ठका नाशहोताहै इति पुनर्नवादि मंडूर१२६

त्र्यूषणंत्रिफलामुस्तंविडंगंचित्रकंतथा । एतानिनवभागानिनवभागाहतायसः ॥ एतदेकीकृतंचूर्णंनरोऽष्टादशरक्तिकम् । प्रलिह्यान्मधुसर्पिर्भ्यांपिबेत्तक्रेणवामह ॥ गोमूत्रेणापिवेद्धापिपाण्डुरोगंविनाशयेत् । शोथंहृद्रोगमुदरंक्रिमिकुष्ठंभगन्दरम् ॥ नाशयेदग्निमान्द्यञ्चदुर्नामकमरोचकम् । आर्द्रकस्यरसेनापिलिह्यात्कफसमृद्धिमान् ॥ अत्र

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नायसलोहंनवरक्तिकापरिमितंभक्षणीयम् । यतउक्तंरसप्रदीपे ॥ गुञ्जा... रभ्य यावत्स्युर्नवरक्तिकाः । तावल्लोहंसमश्नीयाद्यथादोषांनलंनरः ॥ एवं,...प्रथमदिने त्र्यूषणादिसहितंरक्तिकाद्वयमितंप्रतिदिनंरक्तिकाद्वयंद्वयंवर्द्धयेत् । यावत्त्र्यूषणादिसहि...दशरक्तिकाःस्युः ॥ त...स्ताःप्रतिदिनंखादेत् । इति नवायसंचूर्णम् ॥ १२७ ॥

... त्रिकटु, त्रिफला, मोथा, ...यविडंग तथा चीता यह सब एक २ भाग और लोहेकी भस्म ९ भा० ...सब औषधियोंको एकमें मिलाकर घी और संहतके साथ १८ रत्तीचाटे अथवा मट्ठे या गोमूत्रके साथ पिये इससे पांडु, सूजन, हृदयकेरोग, उदरकृमि, कुष्ठ, भगन्दर, मन्दाग्नि, बवासीर तथा अरुचिका नाश होताहै जिसके कफ अधिकहोय वह अदरकके रसके साथ इसको चाटे यहांलोहा९रत्तीभर खाना चाहिये क्योंकि रसप्रदीपमें कहागयाहै कि दोष और अग्निके अनुसार एकरत्तीसे लेकर ९ रत्तीतक लोहा खाना चाहिये इसीसे पहले दिन त्रिकटु आदि सहित लोहा दोरत्तीखाय फिर प्रतिदिन दो२ रत्ती बढ़ाकर १८ रत्ती तक होजानेपर प्रतिदिन इतना २ ही सेवन करे इति नवायसचूर्ण ॥ १२७ ॥

अथ कामलाचिकित्सा ॥

त्रिफलायागुडूच्यावादार्व्यानिम्बस्यवा । प्रातर्माक्षिकसंयुक्तःशीतलःकामलापहः ॥ अञ्जनेकामलार्त्तानांद्रोणपुष्पीरसोहितः । गुडूचीपत्रकल्कंवापिबेत्तक्रेणकामली ॥ धात्री लोहरजोव्योषनिशाक्षौद्राज्यशर्कराः । लीढानिवारयन्त्याशुकामलामुद्धतामपि ॥ कुम्भाख्यकामलायांतुहितःकामलिकोविधिः । गोमूत्रेणपिबेत्कुम्भकामलावाञ्छिलाजतुम् ॥ दग्ध्वाक्षकाष्ठैर्मलमायसन्तुगोमूत्रनिर्वापितमष्टवारान् । विचूर्ण्यलीढंमधुनाचिरेणकुम्भाह्वयंपाण्डुगदंनिहन्ति ॥ अपहरतिकामलार्तिनस्येनकुमारिकाजलंसद्यः ॥ १२८ ॥

कामला की चिकित्सा ॥

त्रिफला, गिलोय, दारुहल्दी अथवा नींबके शीतल काढ़े में सहत डालकर प्रातःकाल पीने से कामला का नाश होता है गूमाके रसका अंजन लगाना कामलावालों को हितकारी है गिलोय के पत्तोंको पीसकर मट्ठे के साथ पीनेसे कामला का नाश होता है आंवला, लोहचूर्ण, त्रिकटु, हल्दी, सहत, घी और शक्कर इनसबको मिलाकर चाटने से बहुत बढ़ेहुए भी कामलारोगका नाश होताहै कुम्भकामला में भी कामलाकेही समान चिकित्सा करनी चाहिये शिलाजीतको गोमूत्र के साथ पीनेसे कुम्भकामला का नाश होताहै ॥ १२८ ॥

अथ हलीमकचिकित्सा ॥

मारितमायसञ्चूर्णंमुस्ताचूर्णेनसंयुतम् । खदिरस्यकषायेणपिबेद्धन्तुंहलीमकम् ॥ सितातिलबलायष्टीत्रिफलारजनीयुगैः । लोहंलिह्यात्समध्वाज्यंहलीमकनिवृत्तये १२९

हलीमककी चिकित्सा ॥

लोहेकी भस्म और मोथे के चूर्णको कत्थे के काढ़े के साथ पीनेसे हलीमक का नाश होताहै शक्कर, तिल, बरियारा, मुलहठी, त्रिफला, हल्दी और दारुहल्दीके साथ लोहेको सहत और घी मिलाकर चाटने से हलीमक का नाश होताहै ॥ १२९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अमृतल... कंप्रसाधितंतुरगाविद्विषःसर्पिः। क्षीरेचतुर्गुणमेतद्धितरेच्चहलीकार्त्तेभ्यः॥ ...ृतलतायंघृतम्॥ १३०॥

गिलोय के रस और कल्क के द्वारा भैंसके घीको भैंस के चौगुने दूध के साथ पाककरके हलीमक रोगमें देना चाहिये इति अमृतलतादिघृत॥ १३०॥

मधुरैरन्नपानैस्तंवातपित्तहरैर्हरेत्। कामलापाण्डुरोगोक्तांक्रियांचात्रोपयोजयेत्१३१

मधुर तथा वात पित्तनाशक अन्नपान के द्वारा और पांडुरोग तथा कामला में कहीहुई चिकित्सा के द्वारा हलीमक को दूरकरे॥ १३१॥

अथ सामान्यतःपाण्डुरोगकामलाहलीमकचिकित्सा॥

फलत्रिकामृतावासातिक्ताभूनिम्बनिम्बजःक्काथः। क्षौद्रयुतोऽयंहन्याद्धलीमकंपाण्डुकामलारोगम्॥ १३२॥

पांडु कामला और हलीमक की सामान्य चिकित्सा॥

त्रिफला, गिलोय, बांसा, कुटकी, चिरायता और नींब इनके क्काथ में सहत डालकर पीनेसे हलीमक पांडु और कामला का नाश होताहै॥ १३२॥

त्र्यूषणंत्रिफलामुस्तविडङ्गंचव्यचित्रकम्। दार्वीत्वङ्माक्षिकोधातुग्रन्थिकोदेवदारुच॥ एषांद्विपलिकान्भागान्कृत्वाचूर्णंपृथक्पृथक्। मण्डूरचूर्णंद्विगुणंशुद्धंचाञ्जनसन्निभम्। मूत्रेचाष्टगुणेपक्त्वातस्मिन्तत्प्रक्षिपेन्नरः। उदुम्बरसमाकारान्वटकांस्तान्यथाग्निच॥ उपयुञ्जीततक्रेण जीर्णेसात्म्यञ्चभोजनम्। मण्डूरवटिकाह्येताःप्राणदाःपाण्डुरोगिणाम्॥ कुष्ठानिजठरंशोथमूरुस्तम्भंकफामयान्। अर्शांसिकामलामेहंप्लीहानंशमयन्तिच॥ त्र्यूषणादिमण्डूरवटिका॥ १३३॥

त्रिकटु, त्रिफला, मोथा, वायबिडंग, चव्य चीता, दारुहल्दी, दालचीनी, सोनामक्खी, पीपलामूल और देवदारु इनसबको दो दो पल लेकर पृथक् २ चूर्णकरै और इनसबके दूने अञ्जन के समान पिसे हुए मंडूर के चूर्णको अठगुने गोमूत्र में पाककरके ऊपर कहेहुए चूर्णोंको गेरे फिर गूलर के समान बड़े बनाकर मट्ठे के साथ अपनी अग्निके अनुसार सेवनकरे और पचजानेपर सात्म्य भोजन करे यह पांडुरोगवालोंको प्राणदायकहै और कुष्ठ, उदर, सूजन, जंघाओं का जकडना, कफरोग, बवासीर, कामला, प्रमेह तथा प्लीहा इनसबको नाशकरे है इति त्र्यूषणादि मंडूरवटिका॥ १३३॥

किराततिक्तासुरदारुदार्वीमुस्तागुडूचीकटुकापटोलम्। दुरालभापर्पटकंसनिम्बंकटुत्रिकंवह्निफलत्रिकञ्च॥ फलंविडङ्गस्यसमांशिकानिसर्वैःसमंचूर्णमथायसश्च। सर्पिर्मधुभ्यांवटिकाविधेयातक्रानुपानाद्भिषजाप्रयोज्या॥ निहन्तिपाण्डुञ्चहलीमकञ्चशोथंप्रमेहंग्रहणीरुजञ्च। श्वासञ्चकासञ्चसरक्तपित्तमर्शांस्यथोवाग्ग्रहमामवातम्॥ व्रणांश्चगुल्मान्कफविद्रधिञ्चचित्रञ्चकुष्ठञ्चततःप्रयोगात्। इत्यष्टादशांगलोहम् १३४॥

चिरायता, देवदारु, दारुहल्दी, मोथा, गिलोय, कुटकी, परवल, जवासा, पित्तपापडा, नींब, त्रिकटु, चीता, त्रिफला तथा बायबिडंग यह सब समभाग और इन सबकी बराबर लोहेका चूर्ण मिलाकर घी तथा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

...त के साथ मोदक बनावे फिर मट्ठे के अनुपानसे सेवनकरे इससे पांडु, हलीमक, ...जन, प्रमेह, ...णी, श्वास, खांसी, रक्तपित्त, बवासीर, वचनका रुकजाना, आमवात, घाव, ब... कफ, ...धि, शिवत्र (श्वेतकुष्ठ) और कुष्ठका नाश होताहै इति अष्टादशांगलोह ॥ १३४ ॥

यवगोधूमशाल्यन्नैरसैर्जाङ्गलजैर्हितैः। मुद्गाढकीमसूराद्यैरेषु भोजनमिष्यते॥ एषु ...ण्डुरोगकामलाहलीमकेषु १३५ ॥ इति पाण्डुरोगकामलाहलीमकाधिकारः॥

...डु,कामला और हलीमक रोगमें जौ,गेहूं,शालिधानोंके चावलोंकाभात,जंगलीजीवोंकेमांसकारस, ...ग,अरहड़ और मसूरआदिक भोजनकेलिये देनेचाहिये १३५ इतिपांडुकामलाहलीमकरोगाधिकारः॥

अथ रक्तपित्ताधिकारः। तत्ररक्तपित्तस्यनिदानपूर्विकांसम्प्राप्तिमाह॥

घर्म्मव्यायामशोकाध्वव्यवायैरतिसेवितैः। तीक्ष्णोष्णक्षारलवणैरम्लैःकटुभिरेवच॥ पित्तंविदग्धंस्वगुणैर्विदहत्याशुशोणितम्। तीक्ष्णंमरिचादि॥ उष्णमग्नितापादि। क्षारो यवक्षारादिः। विदग्धंदूषितम्।स्वगुणैःस्वकारणैः। गुणैस्तीक्ष्णादिभिः। गुणैरितिबहुत्वे नतीक्ष्णाम्ललवणकटूष्णघर्म्मादयोगृह्यन्तेविदहतिदूषयति॥ १३६॥

रक्तपित्तका अधिकार॥ रक्तपित्त की निदान पूर्वकसंप्राप्ति॥

धूप, व्यायाम, शोक, मार्ग तथा मैथुनके अत्यन्त सेवनसे और मिर्चादि तीक्ष्ण जवाखारादिक्षार अग्नि, संतापादि, उष्णता, नोन, खटाई तथा कटुवस्तुओं के सेवनसे दूषितहुआ पित्त तीक्ष्णादि अपने गुणोंसे शीघ्रही रुधिर को दूषित करताहै॥ १३६॥

अथ रक्तपित्तस्यसामान्यलक्षणमाह॥

ततःप्रवर्त्ततेरक्तमूर्द्धञ्चाधोद्विधापिवा। अत्ररक्तमित्युपलक्षणम्। तेनसंसृष्टंपित्तञ्च। अतएवरक्तञ्चपित्तञ्चरक्तपित्तमितिद्वन्द्वइतिसुश्रुतः। रक्तञ्चतत्पित्तंचेतिरक्तपित्तंरागप्राप्तं पित्तरक्तमित्युच्यतेरक्तपित्तंकर्म्मधारयश्च। रक्तपित्तमनीषिभिरितिउभयत्रापिनदोषः कारणत्रयात्कारणत्रयमाह। संयोगाद्दूषणात्तत्तुसामान्यात्गन्धवर्णयोः। रक्तस्यापि पित्तमाख्यातं। मार्गानाह। ऊर्ध्वंनासाक्षिकर्णास्यैर्मेढ्रयोनिगुदैरधः। कुपितंरोमकूपैश्च समस्तैस्तत्प्रवर्त्तते। कुपितंपित्तम्॥ १३७॥

रक्त पित्तका सामान्यलक्षण॥

ऊपर कहेहुये कारणोंसे कुपित हुआ रुधिर (यहां रुधिर उपलक्षणमात्र है इससे पित्तभी उसके साथ जानना चाहिये) ऊपर से नीचेसे अथवा दोनों मार्गोंसे निकलताहै उनमें से ऊपर नासिका नेत्र कान तथा मुखके द्वारा और नीचे लिंग योनि तथा गुदाके द्वारा कुपित हुआ रक्तपित्त निकलताहै और संपूर्ण रोमकूपोंसे भी रक्तपित्त निकलताहै॥ १३७॥

पूर्वरूपमाह॥

सदनंशीतकामित्वं कण्ठधूमायनंवमिः। लोहगन्धश्चनिश्वासो भवत्यस्मिन्भविष्यति॥ १३८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रक्तपित्त का पूर्व्वरूप ॥

शि... शीतकी इच्छा, गलेसे धुआं निकलना, छर्द्दि और श्वासमें लोहकीसी गन्ध यह लक्षण रक्तपित्तहोनेके पहले होतेहैं ॥ १३८ ॥

विशिष्टरूपमाह ॥

सान्द्रंसपाण्डुमस्नेहंपिच्छिलंचकफान्वितम् (वातिकमाह) श्यावारुणंमफेनञ्चतनु रूक्षञ्चवातिकम् (पैत्तिकमाह) रक्तपित्तंकषायाभंकृष्णगोमूत्रसन्निभम् । मेचकागारधूमभमञ्जनाभञ्चपैत्तिकम् ॥ मेचकंचिक्कणंकृष्णवर्णं । अञ्जनंस्रोतोञ्जनंतदाभंसंसर्गविशेषेणमार्गभेदमाह । संसृष्टलिंगंसंसर्गाद्त्रिलिंगंसान्निपात्तिकम् । ऊर्ध्वगंकफसंसृष्टमधोगंमारुतानुगम् ॥ द्विमार्गंकफवाताभ्यामुभाभ्यांतत्प्रवर्त्तते ॥ १३९ ॥

रक्त पित्त के विशेषलक्षण ॥

कफज रक्तपित्त में गाढ़ा पांडुवर्ण स्नेहयुक्त और सचिक्कण रक्तनिकलताहै वातज रक्तपित्त में धुमेला तथा रक्तवर्ण फेनेसमेत पतला और सूखा रक्तपित्त निकलताहै पित्तज रक्तपित्त में कषाय के सदृश कृष्णवर्ण गोमूत्रके सदृश चिकने घरके धुयेंके समान अथवा अंजन के समान रक्तपित्त निकलताहै ऊपर कहेहुए दोदोषोंके लक्षणोंके मिलनेसे द्वन्द्वज और सबलक्षणों के मिलनेसे सन्निपातज रक्तपित्त जानना चाहिये ऊपर गयाहुआ रक्तपित्त कफयुक्त नीचे गयाहुआ रक्तपित्त वातयुक्त और ऊपर तथा नीचे दोनों ओरसे गयाहुआ रक्तपित्त कफ वात दोनोंसे मिलाहुआ जानना चाहिये ॥ १३९ ॥

उपद्रवानाह ॥

दौर्बल्यश्वासकासज्वरवमथुमदाःपाण्डुतादाहमूर्च्छाभुक्तेघोरोविदाहस्त्वधृतिरपिसदाहृद्यतुल्याचपीडा॥तृष्णाकोष्ठस्यभेदःशिरसिचतपनंपूतिनिष्ठीवनत्वंद्वेषोभक्तेऽविपाकोविकृतिरपिभवेद्रक्तपित्तोपसर्गात् ॥ विकृतिःमासप्रक्षालनाभतादिः ॥ १४० ॥

रक्तपित्त के उपद्रव ॥

दुर्बलता, श्वास, खांसी, ज्वर, छर्द्दि, मद, पांडुवर्ण, दाह, मूर्च्छा, भोजनकी अत्यन्त कुपचता, अधीरता, हृदयमें बहुत पीड़ा, तृषा, मलभेद, शिरमें सन्ताप, पीपथूकना, भोजनमें अरुचि, भोजनका न पचना और रुधिर का मांसके धोवनके समान होना यह रक्तपित्त के उपद्रवहैं ॥ १४० ॥

साध्यत्वादिकमाह ।

एकदोषानुगंसाध्यंद्विदोषंयाप्यमुच्यते । यत्त्रिदोषमसाध्यंस्यान्मन्दाग्नेरतिवेगवत् ॥ ऊर्ध्वंसाध्यमधोयाप्यमसाध्यंयुगपद्गतम् । व्याधिभिःक्षीणदेहस्यवृद्धस्याऽनश्नतस्तुयत् ॥ १४१ ॥

रक्त पित्तकासाध्यासाध्यआदिका वर्णन ॥

एक दोषवाला रक्तपित्त साध्य दोदोषवाला याप्य और तीन दोषवाला असाध्य होताहै मन्दाग्निवालेका अधिकवेगयुक्त रक्तपित्त असाध्य होताहै ऊपर गयाहुआ साध्य नीचे गयाहुआ याप्य और दोनों ओर गयाहुआ रक्तपित्त असाध्य होताहै रोगोंसे क्षीण शरीरवाले का वृद्धका और भोजन न करने वालेका रक्तपित्त असाध्य होताहै ॥ १४१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ साध्यमाह ॥

एकमार्गंबलवतोनातिवेगंनवोत्थितम् । रक्तपित्तंसुखेकालेसाध्यंस्यान्निरुपद्रवम् ॥ सुखेकालेहिमशिशिरयोः ॥ १४२ ॥

साध्य रक्तपित्त के लक्षण ॥

एक मार्ग में गयाहुआ नवीन उपद्रव रहित और थोडे वेगवाला रक्तपित्त बलवान् रोगीका हेमन्त और शिशिरऋतु में साध्य होताहै ॥ १४२ ॥

असाध्यमाह ॥

मांसप्रक्षालनाभंक्कथितमिवचयत्कर्द्दमाम्भोनिभंवामेदःपूयास्रकल्पंयकृदिवयदिवा पक्वजम्बूफलाभम् । यत्कृष्णंयच्चनीलंभृशमपिकुणपंयत्रचोक्ताविकारास्तद्वर्ज्यंरक्तपित्तंसुरपतिधनुषायच्चतुल्यंविभाति ॥ उक्ताविकारादौर्बल्यादयः । सुरपतिधनुषातुल्यं । नानावर्णम् । येनचोपहतोरक्तंरक्तपित्तेनमानवः । पश्येद्दृश्यंवियच्चापितदसाध्यमसंशयम् ॥ येनरक्तपित्तेनोपहतोमनुष्योदृश्यघटपटादिकंरक्तंपश्यतिसनश्यतिवियच्चापिअदृश्यमपीत्यर्थः (अथारिष्टमाह) लोहितंछर्दयेद्यस्तुबहुशोलोहितेक्षणः । लोहितोद्गारदर्शीच म्रियतेरक्तपैत्तिकः॥लोहितोद्गारदर्शीव्याधिमहिम्नोद्गारमपिलोहितंपश्यतीत्यर्थः॥१४३॥

असाध्य रक्तपित्त के लक्षण ॥

जो रक्तपित्त मांसके धोवनके काढेके कीचडसे मिलेहुए जलके मेद तथा पीपके पक्कीजामुनके अथवा यकृत् के समान होवे वह असाध्यहै और जो रक्तपित्त काला नीला बहुत दुर्गन्धित ऊपर कहेहुए उपद्रवों से युक्त अथवा इन्द्रधनुष के समान अनेक रंगवाला होय वह असाध्यहै जो रक्तपित्त वाला आकाश तथा सब दीखनेवाली वस्तुओंको लाल रंगका देखे वह निस्सन्देह असाध्यहै जिस रक्तपित्तवाले को बहुत रुधिर की वमन होय और उद्गार लाल दीखे और जिसके दोनों नेत्र लाल होजावें उसकी मृत्यु होतीहै ॥ १४३ ॥

अथ रक्तपित्तस्यचिकित्सा ॥

पित्तास्रंस्तम्भयेन्नादौप्रवृत्तंबलिनोयतः । हृत्पाण्डुग्रहणीरोगप्लीहगुल्मज्वरादिकृत्॥ शालिषष्टिकनीवारकोरदूषप्रसाधिकाः । श्यामाकाश्चप्रियंगुश्चभोजनंरक्तपित्तिनाम् ॥ प्रियंगुःकंगुः।मसूरमुद्गचणकाःसमकुष्ठाढकीफलाः । प्रशस्ताःसूपयूषार्थेकल्पितारक्तपित्तिनाम् ॥ दाडिमामलकंविद्वानम्लार्थञ्चापिदापयेत् । पटोलनिम्बवेत्राग्रप्लक्षवेतसपल्लवाः॥ शाकार्थेशाकसात्म्यानांतण्डुलीयादयोहिताः । पारावतान्कपोतांश्चलावान्रक्ताक्षवर्त्तकान् ॥ शशान्कपिञ्जलानेणान्हरिणान्कालपुच्छकान्।रक्तपित्तहरान्विद्याद्रसास्तेषांप्रयोजयेत्॥ईषदम्लांश्चघृतभृष्टान्ससैन्धवान्। कफानुगेयूषशाकान्दद्याद्वातानुगेरसम् ॥ पथ्यंसतीनयूषेणससितैर्लाजसक्तुभिः ॥ १४४ ॥

रक्तपित्तकी चिकित्सा ॥

बलवान् रक्तपित्तवालेका पहले रुधिर बन्द नहीं करना चाहिये क्योंकि रुधिरके रोकने से हृदय

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

के रोग, पांडु [illegible], प्लीहा, बायगोला और ज्वरादिक रोग उत्पन्न होते हैं शालि धान्य साठी तिन्नी, [illegible] धान्य, सामा और कांकुन यह रक्तपित्तवालों को भोजनके लिये हितकारी हैं मसूर मूंग, च[illegible] मटर और अरहड इनकी दालका यूष रक्तपित्तवालोंको देना चाहिये अनार और आमला खटाई [illegible] लिये देना चाहिये परवल, नींब, सरकंडेका अग्रभाग, पकरिया, बेंत [illegible] पत्ती और चौराई आदि शाक देना चाहिये श्वेत तथा पांडुवर्णके कबूतर, लवा, चकोर, बटेर, खर[illegible]श, श्वेततीतर, कालाहिरन ताम्रवर्णका और कालीपूंछकाहिरन इन सबके मांसका रस रक्तपित्तमें हितकारी है कफजरक्तपित्त कुछ खट्टे सेंधेनोन युक्त घीमें भूनकर यूष और शाक देनेचाहिये वातजरक्तपित्तमें मांसका रस हित[illegible] मटरका यूष और शक्कर युक्त खीलोंके सत्तू पथ्यके लिये रक्तपित्तमें देनेचाहिये ॥ १४४ ॥

धान्याकधात्रीवासानांद्राक्षापर्पटयोर्हिमः। रक्तपित्तंज्वरंदाहंतृष्णांशोषञ्चनाशयेत् ॥ धान्यकादिर्हिमः ॥ १४५ ॥

धनियां, आमला, बांसा, दाख और पित्तपापडा इनके द्वारा शीत कषाय (औषध बनानेके प्रकरणमें देखो) बनाकर पिये इससे रक्तपित्त, ज्वर, दाह, तृषा और शोषकानाशहोताहै इतिधान्यकादिहिम १४५॥

ह्रीवेरमुत्पलंधान्यंचन्दनंयष्टिकामृता। उशीरञ्चत्रिवृच्चैषांक्वाथंसमधुशर्करम् ॥ पाययेत्तेनसद्योहिरक्तपित्तंप्रणश्यति। रक्तपित्तंजयत्युग्रंतृष्णांदाहंज्वरंतथा ॥ पद्मोत्पलानां किञ्जल्कःपृष्णिपर्णीप्रियंगुका। जलेसाध्यारसेतस्मिन्पेयास्याद्रक्तपित्तिनाम् ॥ वासापत्रसमुद्भूतो रसःसमधुशर्करः। क्वाथोवाहरतेपित्तोरक्तपित्तंसुदारुणम् ॥ पिष्टानांवृषपत्राणांपुटपाकरसोहिमः। समधुर्हरतेरक्तपित्तंकासज्वरक्षयान् ॥ उत्पलंकुमुदंपद्मंकह्लारंलोहितोत्पलम्। मधुकञ्चेतिपित्तासृक्तृष्णाछर्दिहरोगणः ॥ वासायांविद्यमानायामाशायां जीवितस्यच। रक्तपित्तीक्षयीकासीकिमर्थमवसीदति ॥ आटरूषकमृद्वीकापथ्याक्वाथः सशर्करः। क्षौद्राढ्यःसकलश्वासरक्तपित्तनिबर्हणः ॥ १४६ ॥

सुगन्धवाला, नील कमल, धनियां, चन्दन, मुलहठी, गिलोय, खस और निसोत इनके काढेमें सहत और शक्कर डालकर पीनेसे रक्तपित्त, तृषा, दाह तथा ज्वर का नाश होताहै कमलकी केशर, नीले कमलकी केशर, पृष्णिपर्णी, प्रियंगु (ककुनी) इन औषधियोंके काढेसे पेया बनाकर रक्तपित्तवालोंको देना चाहिये और बांसेके पत्तोंके रस अथवा काढेमें सहत और शक्कर डालकर पीने से अत्यन्त भयंकर रक्तपित्तका नाश होताहै बांसेके पत्तोंको पीसकर पुटपाक करके उसके शीतलरसमें सहत डालकर पीनेसे रक्तपित्त, ज्वर, खांसी और क्षयका नाश होताहै उत्पल, कुमुद, पद्म, कह्लार, रक्तोत्पल यह पांचो प्रकारके कमल और मुलहठी इन औषधियों के सेवन से रक्तपित्त, तृषा और छर्दिकानाश होताहै जीवनकी आशाके होनेपर और बांसेके मिलनेपर रक्तपित्त क्षय और खांसीवालेको कोई भय नहीं है बांसा दाख और हड इनके काढेमें शक्कर और सहत डालकर पीनेसे खांसी श्वास और रक्तपित्तका नाश होताहै ॥ १४६ ॥

दूर्वासोत्पलकिञ्जल्कमञ्जिष्ठाशैलवालुका। शीताशीतमुशीरञ्चमुस्तंचन्दनपद्मकम् ॥ विपचेत्कार्षिकैरेतैराजंप्रस्थमितंघृतम्। तण्डुलानांजलंछागीक्षीरंदद्याच्चतुर्गु

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

॥ तत्पानंव...तोरक्तं...वनंनासिकागते । कर्णाभ्यांयस्यगच्छेत्तु... प्रपूरयेत् ॥ ...क्षुस्रवेचिरक्तञ्चेत् पूरयेत्तेनचक्षुषी । मेढ्रपायुप्रवृत्तेतु वस्तिकर्म्मसुयोजयेत् ... रोम...प्रवृत्तेतुतदभ्यङ्गंप्रयोजयेत् । सर्व्वेषुरक्तपित्तेषुतस्माच्छ्रेष्ठमिदंघृतम् ॥ इति दूर्व्वाद्यघृतम् ॥ १४७ ॥

...दूब, कमलकी केशर, म..., एलबालुक, शक्कर, सफेद चन्दन, खस, मोथा, लालचन्दन और ...क यहसब एक२ तोला, बकरीका घी १ प्रस्थ, चावलोंका पानी ४ प्र० और बकरीका दूध ४ प्र० ...न सबके द्वारा विधिपूर्व्वक घी बनाकर जो रोगीके मुखसे रुधिर गिरता होय तो पान करावे जो नासिका से रुधिर निकलता हो तो नासदेवे और कानोंसे रुधिर निकलताहो तो कानों में भरे जो नेत्रोंसे रुधिर बहता हो तो नेत्रोंमें भरे जो लिंग तथा गुदासे रुधिर बहता होय तो इस घीसे वस्ति देवे और जो संपूर्ण रोमकूपोंसे रुधिर बहता होय तो इसको सब शरीर में मर्दन करे सब प्रकारके रक्तपित्तोंमें यह घी बहुत श्रेष्ठहै इति दूर्वाद्य घृत ॥ १४७ ॥

मृद्वीकांचन्दनंलोध्रंप्रियंगुञ्चविचूर्णयेत् । चूर्णमेतत्पिबेत्क्षौद्रवासारससमन्वितम् ॥ नासिकामुखपायुभ्योयोनिमेढ्रादिवेगिनम् । रक्तपित्तंस्रवद्धन्तिसिद्धएषप्रयोगराट् ॥ यच्च शस्त्रक्षतेनैवरक्तंगच्छतिवेगतः । तदप्येतेनचूर्णेनतिष्ठत्येवावचूर्णितम् ॥ इक्षूणांमध्यकाण्डानिसकन्दंनीलमुत्पलम् । केशरंपुण्डरीकस्यमोचामधुकपद्मकैः ॥ वटप्ररोहशुंगाश्च द्राक्षाखर्ज्जूरमेवच । एतानिसमभागानिकषायंसम्प्रकल्पयेत् ॥ उषितंमधुसंयुक्तंपाययेच्छर्करान्वितम् । सप्रमेहंरक्तपित्तंक्षिप्रमेतन्नियच्छति ॥ द्राक्षयाफलिनीभिर्व्वाप्रियालमधुकेनवा । श्वदंष्ट्रयाशतावर्य्यारक्तजित्साधितंपयः ॥ पक्वोदुम्बरकाश्मर्य्याःपथ्याखर्ज्जूरगोस्तनाः । मधुनाघ्नन्तिसंलीढारक्तपित्तंपृथक्पृथक् ॥ अत्रकाश्मर्य्याःफलमेवग्राह्यंफलसाहचर्य्यात् । अतिनिस्रुतरक्तोवाक्षौद्रयुक्तंपिबेदसृक् ॥ सक्तुर्वाभक्षयेदाज्यमांसंवा पित्तसंयुतम् । नासाप्रवृत्तरुधिरंघृतभृष्टंश्लक्ष्णपिष्टमामलकम् । सेतुरिवतोयवेगंरुणद्धिमूर्ध्निप्रलेपेन ॥ घ्राणप्रवृत्तेजलमाशुपेयंसशर्करंनासिकयाचयोवा । द्राक्षारसंक्षीरघृतंपिबेद्वासशर्करञ्चेक्षुरसंहिताय । नस्येदाडिमपुष्पस्यरसोदूर्व्वाभवोऽपिवा । आम्रास्थिजःपलाण्डोर्वानासिकास्रावरक्तजित् ॥ १४८ ॥

दाख, लालचन्दन, लोध और प्रियंगु इन सब औषधियों को पीसकर सहत और बांसे के रस में मिलाकर पिये इससे मुख, नासिका, गुदा, योनि तथा लिंग आदि से निकलता हुआ रुधिर बन्द होताहै शस्त्र आदि के घाव से वेगपूर्वक बहताहुआ रुधिर इस चूर्ण के लगानेसे बंद होजाता है ईख के बीच की पोई, जडसहित नीलकमल की केशर, मोचरस, मुलहठी, पद्माक, बर्गद की जटा, दाख और खजूर इन सब औषधियों को समभाग लेकर क्काथ करे फिर बासी क्काथमें सहत और शक्कर डालकर पीने से प्रमेह तथा रक्तपित्त का शीघ्र नाश होताहै दाख, मालकांगनी, चिरौंजी, मुलहठी, भटकटैया अथवा सतावर के द्वारा क्षीरपाक करके पीने से रक्तपित्त का नाश होताहै पक्कागूलर, गभारीकाफल, हड, खजूर तथा दाख इनमेंसे किसीको पीसकर सहतके साथ चाटने से रक्तपित्तका

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नाश ... ताके ... बहुत रुधिर बहता होय वह सहत डालकर बकरेका रुधिर पिये अथवा सहित युक्त ... कृत् एकबार खाय नासिकाके द्वारा रुधिरके बहनेपर आमलेको घी में भूनकर महीन पीसके ... लेपकरनेसे जैसे बांधसे जल रुकजाताहै उसी प्रकार रुधिर बन्द होजाताहै नासिका के द्वारे रुधिर बहनेपर जल तथा शक्कर दूध तथा शक्कर मुनक्काका काढ़ा तथा शक्कर दूधसे निकला हुआ घी तथा शक्कर अथवा ऊखका रस तथा शक्कर नासिकाके द्वारा पीना चाहिये अनार के फूल ... आमकी बिजली अथवा प्याजके रसकी नास लेनेसे नासिकासे रुधिरका बहना बन्द होताहै ॥ १४...

पुराणंपीनमानीयकूष्माण्डस्यफलंबृहत् । तद्बीजाधारबीजत्वक्शिराशून्यंसमाचरेत् ततस्तस्यतुलांनीत्वापचेज्जलतुलाद्वये।तस्मिन्नर्धेऽवशिष्टेतुयत्नतःशीतलीकृते॥तानिकूष्माण्डखण्ड निपीडयेद्दृढवाससा। यत्नतस्तज्जलंनीत्वापुनःपाकायधारयेत् ॥कूष्माण्डं शोषयेद्घर्मेताम्रपात्रेततःक्षिपेत्।क्षिप्त्वातत्रघृतंप्रस्थंकूष्माण्डंतेनभर्जयेत्॥मधुवर्णंतदा लोक्यतज्जलंतत्रनिक्षिपेत् । सितायाश्चतुलांतत्रक्षिप्त्वातल्लेहवत्पचेत् ॥ सुपक्वेपिप्पली शुण्ठीजीरणांद्विपलेपृथक्। पृथक्पलार्द्धंधान्याकंपत्रैलामरिचत्वचम् ॥ चूर्णमेषांक्षिपेत्त त्रघृतार्द्धंक्षौद्रमावपेत् । एतत्पलमितंखादेदथवाग्निबलंयथा ॥ खण्डकूष्माण्डलेहोऽयं रक्तपित्तञ्चनाशयेत् । पित्तज्वरंतृषांदाहंप्रदरंकृशतांवमिम् ॥ कासंश्वासञ्चहृद्रोगंस्वरभेदंक्षतंक्षयम्। नाशयत्येववृद्धिञ्चबृंहणोबलवर्द्धनः॥ इति खण्डकूष्माण्डावलेहः॥ १४९॥

पुराने बहुत बडे मोटे कुंभडेको लाकर बीज बीजों के रहने के गूदे छिलके और नसोंको निकाल कर चारसौ तोले लेले फिर उसको आठसौ तोले जलमें पाक करे फिर जलके आधे बाकी रहने पर शीतल करके उस कुंभडेको मोटे कपडे में निचोडले और धूपमें कुछ सुखाले इसके उपरान्त किसी तांबेके पात्रमें चौंसठतोले घी डालकर कुंभडेको भूने फिर कुंभडेका रंग सहतके समान देखकर उस कुंभडे के निचोडेहुये जलको भी उसमें डालदे और चारसौ तोले शक्कर डालकर अवलेह के समान पाककरे, पाक होजानेपर पीपल सोंठ तथा जीरा इनका चूर्ण आठ २ तोले और धनियाँ, तेजपात, इलायची, मिर्च तथा दालचीनी इनका चूर्ण दो २ तोले उसमें छोडे और घीका आधा सहत मिलावै इसको एकपल अथवा अग्नि बलके अनुसार सेवन करने से रक्तपित्त, पित्तज्वर, तृषा, दाह, प्रदर, कृशता, छर्दि, खांसी, श्वास, हृदयके रोग, स्वरभेद, क्षत, क्षय तथा वृद्धिरोगका नाश होताहै और धातु तथा बलकी वृद्धि होती है इति खण्डकूष्मांडावलेह ॥ १४९ ॥

पुराणंपीनमानीयकूष्माण्डस्यफलंदृढम् । तद्बीजाधारबीजत्वक्शिराशून्यंसमाचरेत् ॥ ततोऽतिसूक्ष्मखण्डानिकृत्वातस्यतुलांपचेत् । गोदुग्धस्यतुलामध्येमन्देऽग्नौवापचेच्छनैः ॥ शर्करायास्तुलांसार्द्धंगोघृतंप्रस्थमात्रकम् । प्रस्थार्द्धंमाक्षिकञ्चापिकुडवंनारिकेरतः॥ प्रियालफलमज्जानंद्विपलंतिखुरीपलम् । क्षिपेदेकत्रविपचेल्लेहवत्साधु साधयेत् ॥ भिषक्सुपक्वमालोक्यज्वलनादवतारयेत् । कोष्णेतत्रक्षिपेदेषांचूर्णंतानिवदाम्यहम् ॥ एकोऽक्षःशतपुष्पायाअथक्षीरीयवानिका। गोक्षुरःक्षुरकःपथ्याकपिकच्छुफलानिच ॥ सप्तमीत्वक्चसर्वेषामक्षयुग्मंपृथक्पृथक् । धान्यकंपिप्पलीमुस्तमश्वगन्धाशतावरी ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

...मूलानागबलाबालकंपत्रकंशटी । जातीफलंलवंगञ्चसूक्ष्मैलान... ॥ ...शृंगाट कंपर्पटकंस...पलामितंपृथक् । चन्दनंनागरन्धात्रीफलञ्चापिकशेरुकम् । ...कंपञ्च कर्षाणिचत्वार्य्येतानिनिक्षिपेत्। पलद्वयमुशीरस्यमषाणस्योषणस्यच ॥ कूष्माण्डस्याव लेहोऽयंभक्षितः पलमात्रया । किंवायथावह्निबलंभुक्त्वारोगान्विनाशयेत् ॥ रक्त...शीत पित्तमम्लपित्तमरोचकम् । वह्निमान्द्यंमदाहञ्चतृष्णांप्रदरमेवच ॥ रक्ताशोंऽपितथाछर्दिं पाण्डुरोगञ्चकामलाम् । उपदंशंविसर्पञ्चजीर्णञ्चविषमंज्वरम् ॥ लेहोऽयंपरमोवृष्योवं र्णोबलवर्द्धनः।स्थापनीयःप्रयत्नेनभाजनेमृन्मयेनवे ॥ इतिवृहत्कूष्माण्डावलेहः॥१५०॥

पुराने मोटे और बहुत मजबूत पेठेको लेकर बीज बीजोंके रहनेका गूदा छिलका और नसें निकाल डाले फिर उसके बहुत छोटे २ चारसौ तोले टुकडे ४०० तोले गौके दूधमें मंदाग्निके द्वारा पाककरे इसके उपरान्त ६०० तोले शक्कर ६४ तोले गौका घी ३२ तोले सहत ३२ तो० गोला ८ तो० चिरौंजी तथा ४ तोले तवाखीर इनसब औषधियोंको इसमें डालकर अच्छेप्रकारसे पाक करे फिर परिपाक हुआ जानके उतारले और कुछ गरमी बाकी रहनेपर सौंफका चूर्ण १ तोले, जवाखार, अजवाइन, गोखरू, तालमखाना, हड, किंवांचके बीज तथा दालचीनी इन सबका चूर्ण दो २ तोले धनियां, पीपल, मोथा, असगन्ध, सतावर, तालमूली, गुलशकरी, सुगन्ध-बाला, तेजपात, कचूर, जायफल, लौंग, छोटीइलायची, बडीइलायची, सिंघाडा, पित्तपापडा इनसब का चूर्ण एक २ पल चन्दन, सोंठ, आमला और कशेरू इनकाचूर्ण पांच २ तोले खस, बकुची तथा मिर्च इनसबका चूर्ण दो२ पल इनसब चूर्णों को उसमें मिलावे इसकूष्माण्डावलेह को एकपल अथवा अग्नि बल के अनुसार सेवनकरने से रक्तपित्त शीतपित्त, अम्लपित्त, अरुचि, मन्दाग्नि, दाह तृषा, प्रदर, खूनी बवासीर, छर्दि, पांडु, कामला, उपदंश (आतशक) बिसर्प, जीर्णज्वर तथा विषम ज्वरों का नाश होताहै और वीर्य्य बल तथा धातुकी वृद्धि होतीहै इस औषधको यत्नपूर्व्वक मिट्टी के नवीनपात्रमें रक्खे इति वृहत्कूष्माण्डावलेह ॥ १५० ॥

कूष्माण्डकस्यस्वरसपलानांशतमात्रया । रसतुल्यंगवांक्षीरंधात्रीचूर्णपलाष्टकम् ॥ मृद्वग्निनापचेत्तावद्यावद्भवतिपिण्डवत् । धात्रीतुल्यासितायोज्यापलार्द्धंलेहयेदनु ॥ खण्डकूष्माण्डकंह्येतद्भुक्तमभ्यासतोहरेत्। रक्तपित्तमम्लपित्तंदाहंतृष्णाञ्चकामलाम्॥ इति खण्डकूष्माण्डकम् ॥ १५१ ॥

पेठेकारस ४०० तो० गौकादूध ४०० तो० और आमले का चूर्ण ३२ तो० इनसब औषधियों को मान्दाग्नि में पाककरे जब सबका पिंडसा होगया देखे तब ३२ तोले शक्कर मिलादे इसको दोतोले रोज सेवन करने से रक्तपित्त, अम्लपित्त, दाह, तृषा तथा कामला का नाश होताहै इति खंड कूष्माण्डक ॥ १५१ ॥

शतावरीच्छिन्नरुहावृषोमुण्डतिकावलाः । तालमूलीचगायत्रीत्रिफलायास्त्वचस्त था ॥ भार्ङ्गीपुष्करमूलञ्चपृथक्पञ्चपलानिच । जलद्रोणेविपक्तव्यमष्टभागावशेषित म् ॥ दिव्यौषधिहतस्यापिमाक्षिकेणहतस्यवा। पलद्वादशकंदेयंरुक्मलोहस्य चूर्णितम्॥ खण्डतुल्यंघृतंदेयंपलंषोडशकंबुधैः। पचेत्ताम्रमयेपात्रेगुडपाकोमतोयथा ॥ प्रस्थार्द्धम

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

धुनो [illegible] शु [illegible] कस्यच । शृंगीकृष्णाविडंगञ्चशुण्ठ्याजङ्गीपलंपृथक् ॥ त्रिफ[illegible] धान्य[illegible]मरिचकेशरम् । चूर्णंदत्त्वासुमथितंस्निग्धेभाण्डेनिधापयेत् ॥ यथा[illegible]कालंप्रयु[illegible]ते[illegible]डालपदमात्रकम् । गव्यक्षीरानुपानञ्चसेव्योमांसरसःपयः ॥ गुरु[illegible] न्नपा[illegible]स्निग्धमांसादिबृंहणम् । रक्तपित्तंक्षयंकासंपार्श्वशूलंविशेषतः ॥ वातरक्तं[illegible]हञ्चशीतपित्तंवमिंक्लमम् । श्वयथुंपाण्डुरोगञ्चकुष्ठंप्लीहोदरं[illegible] ॥ आनाहंमूत्रसंस्रा[illegible]मम्लपित्तंनिहन्तिच । चक्षुष्यंबृंहणंवृष्यंमंगलंप्रीतिवर्द्धनम् ॥ [illegible]रोग्यंपुत्रदंश्रेष्ठंका[illegible]ग्निबलवर्द्धनम् । श्रीकरंलाघवञ्चैवखण्डखाद्यंप्रकीर्त्तितम् ॥ छागंपारावतंमांसंतित्तिरिप्रकरःशशः । कुरंगःकृष्णसारश्चमांसमेषांप्रयोजयेत् ॥ नारिकेरपयःपानंसुनिषण्णकवास्तुकम् । शुष्कमूलकजीवाख्यंपटोलंबृहतीफलम् ॥ वार्त्ताकंपक्कमाम्रञ्चखर्ज्जूरंस्वादुदाड़िमम् । ककारपूर्व्वकंयच्चमांसञ्चानूपसम्भवम् ॥ वर्ज्जनीयंविशेषेणखण्डखाद्यंसमश्नता । लोहान्तरवदत्रापिपुटनादिक्रियेष्यते ॥ नपुनर्म[illegible]क्षिकेणैवशिलयैवहिमारणम् । भङ्गीबभनेठी । दिव्यौषधीमनःशिला । रुक्मलौहंगजवेलीइतिलोके । सुनिषण्णञ्चतुःपत्रीशाकविशेषः । जीवन्तीजीवइतिशाकविशेषः । ककारपूर्व्वककटुकःकालशाकंकूष्माण्डंकर्कटीकर्कोटककालिंगकर्कन्धुकरमर्द्दककरीरकतककशेरुकाञ्जिकइत्यादिवर्जनीयम् । इतिखण्डखाद्यंलोहम् ॥ १५२ ॥

सतावर, गिलोय, बांसा, मुंडी, बरियारा, तालमूली, खैरकी छाल, त्रिफलाकी छाल, भारंगी तथा पुष्करमूल इनसब औषधियों को बीस २ तोले लेकर १०२४ तोलेजलमें पकावे जब अष्टमांश बाकी रहै तब मैनशिल तथा सोनामक्खी केद्वारा माराहुआ रुक्म नाम लोहेका ४८ तोले चूर्ण इतनीही शक्कर तथा ६४ तोले घी डालकर तांबेके पात्रमें गुड़पाक की बिधिसे पाककरे फिर सहत ३२ तोले बंशलोचन, शिलाजीत, काकडासिंघी, पीपल, बायबिडंग, सोंठ तथा कालाजीरा यह सब चार ४ तोले त्रिफला, धनियां, तेजपात, मिर्च तथा नागकेशर यह सब दो २ तोले इनसबे औषधियोंका चूर्ण मिलाय के खूब चलावे और किसी चिकने पात्र में रखदे फिर १ तोला रोजखाय और गौकादूध मांसरस अथवा जलका अनुपानकरे इसका सेवन करने वाला भारी तथा वीर्य्यवर्द्धक और सचिक्कण तथा मांसादिक धातुवर्द्धक पदार्थ खाय इसके द्वारा रक्तपित्त, क्षय, खांसी, पसलीकी पीड़ा, वातरक्त, प्रमेह, शीतपित्त, छर्दि, ग्लानि, सूजन, पांडु, कुष्ठ, प्लीहा, उदर, अफरा, मूत्र बहना तथा अम्लपित्तका नाश होता है और यह नेत्रोंको हितदायक, धातुवर्द्धक, वीर्यवर्द्धक, मंगलकारी, प्रीतिदायक, आरोग्यकारी, पुत्रदायक, कामाग्निबलवर्द्धक, शोभाकारी तथा शरीरका हलका करनेवाला होताहै बकरा, परेवा, तीतर, केकड़ा, खरगोश, लालहिरन तथा काला हिरन इनसबका मांस इस औषधके सेवन करनेवाले को खाना चाहिये नारियल का जलपीना चाहिये और चौपातिया, बथुई, सूखीमूली, जीवन्ती, परवल, भटकटैयाकेफल, बैंगन, पक्काआम, खजूर तथा मीठाअनार खानाचाहिये इस औषधका सेवनकरनेवाला कटु कालशाक कूष्माण्ड ककडी कर्कोटक कलिंग (तरबूज) कर्कन्धु (बेर) कमरख करील कतक कशेरूऔर कांजीआदिक ककारादिशब्द तथा अनूपदेशके जीवोंका मांस त्यागकरदे अन्यलोहों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

... त्वे पुटपाक आदिक क्रियाकरे परन्तु केवल मैनशिल तथा ... द्वारा मा... ॥ संचूर्ण्यहैं ॥ इति खंडखाद्यलोह ॥ १५२ ॥

... मूलकल्कंकाथक्षीरंचतुर्गुणम् । क्षीरतुल्यंघृतंगव्यंसितयावच्छ... या ॥ ... पचेत्तन्तुपलार्द्धं... येत्सदा । रक्तपित्तंह्यम्लपित्तंक्षयंश्वासञ्चनाशयेत् ... ताव ...पाकः । इति रक्तपित्ता... कारः ॥ १५३ ॥

... पीसिहुई सतावरकी ज... इसका चौगुना दूध तथा घी और उसकीही बराबर शक्कर इन सब ...षधियोंको पाककरे जब केवल ... बाकी रहजाय तब उतारले इसको दोतोले खानेसे रक्त पित्त अम्लपित्त क्षय तथा श्वासका न... होताहै ॥ इति सतावरीपाक ॥ इति रक्तपित्ताधिकार ॥ १५३ ॥

अथाम्लपित्ताधिकारः । तत्राम्लपित्तस्यविप्रकृष्टंनिदानमाह ॥

विरुद्धदुष्टाम्लविदाहिपित्तप्रकोपिपानान्नभुजोविदग्धम् । पित्तंस्वहेतूपचितंपुरायत्त दम्लपित्तंप्रवदन्तिसन्तः ॥ दुष्टंव्यापन्नमन्नम् । पित्तप्रकोपीत्युक्तेऽपिअम्लाविदाहीतिवि शेषार्थम् । पित्तप्रकोपिपानंतक्रादि । अम्लंमाषादि । स्वहेतूपचितंपुरावर्षास्वम्लवि पाकैर्जलैरोषधीभिश्चतादृशीभिरुपचितम् । संचितमम्लपित्तं । तदम्लपित्तंवदन्तिअ म्लपित्ताख्यंरोगंवदन्ति ॥ १५४ ॥

अम्लपित्तका अधिकार अम्लपित्तके दूरवाले कारण ॥

विरुद्धवस्तु, दूषितअन्न, खट्टी तथा विदाहीवस्तु, मट्ठा तथा मद्य आदिक पित्तकारी पीनेकीवस्तु उर्द आदिक पित्तकारी भोजनकी वस्तु इनसबके सेवनकरनेवाले पुरुषोंका बर्षासम्बन्धी खट्टे विपाक वाले जलतथा औषधियोंकेद्वारा संचितपित्त कुपितहोताहै इसको वैद्यलोग अम्लपित्तरोगकहतेहैं १५४

अथाम्लपित्तस्यव्याधेर्लक्षणमाह ॥

अविपाकक्लमोत्क्लेशतिक्ताम्लोद्गारगौरवैः । हृत्कण्ठदाहाऽरुचिभिरम्लपित्तंवदेद्भि षक् ॥ अम्लपित्तंद्विधाप्रोक्तमधोगञ्चतथोर्ध्वगम् ॥ १५५ ॥

अम्लपित्तका लक्षण ॥

अन्नका न पचना, ग्लानि, मतली तिक्त तथा खट्टी डकार, भारीपन, हृदय तथा कंठमें दाह, अरुचि यह लक्षण जिसके होयँ उसको अम्लपित्त जानना चाहिये अम्लपित्त ऊर्ध्वगत और अधोगत भेदोंसे दो प्रकारकाहै ॥ १५५ ॥

तत्रोर्ध्वगस्यलक्षणमाह ॥

वांतंहरित्पीतमनीलकृष्णमारक्तरक्ताभमतीवचाच्छम् । मत्स्योदकाभन्त्वतिपिच्छलाभंश्लेष्मानुजातंसहितंरसेन ॥ आरक्तम् । ईषल्लोहितम् ॥ रक्ताभंवा । अतीवचाच्छंनिर्म्मलम् । रसेनलवणकटुतिक्त रूपेण ॥ १५६ ॥

ऊर्ध्वगत अम्लपित्तके लक्षण ॥

ऊर्ध्वगत अम्लपित्तमें हरा पीला नीला काला कुछ लाल अथवा लाल निर्मल मछलीके धोवन के समान अत्यन्त सचिक्कण कफयुक्त और लवण कटु तथा तिक्त रसयुक्त वमन होताहै ॥ १५६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अधोगस्यलक्षणमाह ॥ ... म् ॥ त्रिषु

तृ... ... भ्रममोहकारिप्रयात्यधोवाविविधप्रकारम् । हृल्लासकोठ... त् ॥ यथ... स्वे दांगपी... रकदाचित् ॥ मूर्च्छासर्वदाज्ञानशून्यता । मोहो विपरीतज्ञा... म् अध्वेति वाश... ऊर्ध्वगापेक्षया । विविधप्रकारम् । हरिद्रावर्णयो... त् ... कदाचित्हल्लासादि च भवति ॥ १५७ ॥

अधोगत अम्लपित्तके लक्षण ॥

अधोगत अम्लपित्तमें तृषा दाह ज्ञानका न होना भ्रम तथा ज्ञा... की विपरीतता होतीहै नीचेके मार्ग से हल्दी आदिक अनेक रंगों समेत मल निकलताहै और कभी ... मतली चकत्ते मन्दाग्नि रोमांच स्वेद तथा शरीरका पीलापन होताहै ॥ १५७ ॥

अम्लपित्तस्यावस्थाविशेषमाह ।

भुक्तेविदग्धेऽप्यथवाप्यभुक्तेकरोतितिक्ताम्लवमिंकदाचित् । उद्गारमेवंविधमेवकण्ठ हृत्कुक्षिदाहंशिरसोरुजंच ॥ करचरणदाहमौष्ण्यं महतीमरुचिंज्वरंचकफपित्तम् । जनयतिकण्डुमण्डलपिडिकाशतनिचितरोगचयम् ॥ भुक्तेविदग्धेतिक्ताम्लवमिंकरोति । तथाउद्गारंएवंविधमेवतिक्ताम्लमेववमिंकरोति । तथाकण्ठहृत्कुक्षिदाहंशिरोरुजंवा॥ करोतितथाकरचरणदाहादिकंजनयति । तथाकंडूमण्डलपिडिकाव्याप्तगात्ररोगचयंक रोति । अन्नविपाकक्लमादिकंजनयति ॥ १५८ ॥

अम्लपित्तकी विशेष अवस्था ॥

कभीकभी भोजनके परिपाकके समयमें अथवा भोजनके विनाकिये तिक्त तथा खट्टा वमन होताहै और इसी प्रकारकी डकारें आतीहैं कंठ हृदय कोख हाथ तथा पैरोंमें दाह होताहै शिरमें पीडाहोतीहै हाथ पैर उष्ण रहतेहैं अरुचि होतीहै कफ पित्त जनित ज्वर होताहै खुजली मंडलाकार चकत्ते तथा फुंसियोंसे शरीर भरजाताहै और अन्नका अपरिपाक तथा मतली आदि रोग उत्पन्न होतेहैं १५८॥

अथाम्लपित्तदोषसंसर्गमाह ॥

सानिलंसानिलकफंसकफंतच्चलक्षयेत् । दोषलिंगेनमतिमान्भिषङ्मोहकरंहितम् ॥ ऊर्ध्वाधःप्रवृत्त्याच्छर्द्यतीसाराभ्यांतुल्यतयावैद्यभ्रान्तिकृत् ॥ १५९ ॥

अम्लपित्तमें दोषोंकासंसर्ग ॥

ऊर्ध्वगत अम्लपित्तमें वमनहोनेसे छर्दि और अधोगत अम्लपित्तमें दस्तआनेसे अतीसारकीभ्रान्ति वैद्योंको होतीहै इसलिये वातयुक्त वातकफयुक्त अथवा केवलकफयुक्त यह परीक्षा लक्षणोंसे करनी चाहिये ॥ १५९ ॥

दोषभेदेन लक्षणभेदमाह ॥

कम्पप्रलापमूर्च्छाझिचिमिचिमिगात्रावसादशूलानि । तमसोदर्शनविभ्रमप्रमोहहर्षा स्तथानिलयुतेन ॥ कफनिष्ठीवनगौरवजड़तारुचिशीतसादवमिलेपाः । दहनबलहानिः कण्डूनिद्राचिह्नंकफानुगेभवति ॥ उभयमिदमेवचिह्नंमारुतकफसम्भवेऽम्लपित्तेस्यात् । चिमिचिमिर्झिनिझिनीतिलोकेहर्षोरोमाञ्चः ॥ १६० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एला...त्व

॥ संचूर्ण्य...

दोषभेदसे लक्षणोंकाभेद ॥

...लपित्तमें कंप प्रलाप मूर्च्छा शरीरमें झनझनाहट शिथिलता शूल ... महोना ... तथा रोमांच होताहै कफयुक्त अम्लपित्तमें कफका थूकना भारीपन जड़ता ... शीत ...थिलता छर्दि मुखमेंकफ ...लिप्तहोना मंदाग्नि निर्बलता खुजली तथा अधिक निद्रा ... और ...तकफ युक्त अम्ल पित्तमें ...त और कफदोनोंके लक्षण मिलते हैं ॥ १६० ॥

...नथाम्लपित्तस्य साध्यत्वादिकमाह ॥

रोगोऽयमम्लपित्ताख्यो यत्नात्संसाध्यते नवः । चिरोत्थितोभवेद्याप्यःकृच्छ्रसाध्यःसक स्यचित् ॥ कस्यचिद्धीन...र...चारशीलस्य ॥ १६१ ॥

...अम्लपित्तका साध्यासाध्यपन ॥

यह अम्लपित्त रोग यत्नसाध्य ...हैं और बहुतदिनोंका पुराना अम्लपित्त याप्य अथवा किसी २ हीन आहार तथा आचारवालेका ...कष्टसाध्य होताहै ॥ १६१ ॥

अथ श्लेष्मपित्तस्यलक्षणमाह ॥

तमोमूर्च्छा...आलस्यंचशिरोरुजा । प्रसेकोमुखमाधुर्य्यंश्लेष्मपित्तस्य लक्ष णमुच्यते ॥ १६२ ॥ ...श्लेष्मपित्त के लक्षण ॥

अन्धकार मालूम होना मूर्च्छा, अरुचि, छर्दि, आलस्य, शिरमें पीड़ा, मुखमें जलभरआना और मुख का मीठा रहना यह श्लेष्मपित्तका लक्षणहै ॥ १६२ ॥

अथाम्लपित्तश्लेष्मपित्तयोश्चिकित्सा ॥

अम्लपित्तेतुवमनंपटोलारिष्टवासकैः । कारयेन्मदनैःक्षौद्रैःसैन्धवैश्चतथाभिषक् ॥ विरेचनंत्रिवृच्चूर्णंमधुधात्रीफलद्रवैः । ऊर्द्ध्वगंवमनैर्विद्वानधोगंरेचनैर्हरेत्॥वर्ज्जिताःअम्ल पित्तमितिशेषः । यवगोधूमविकृतीस्तीक्ष्णसंस्कारवत्तथास्त्वंला जसक्तून्वासितामधुयुता नूपिबेत् । निस्तुषयववृषधात्रीक्वथितंसलिलंत्रिगन्धमधुयुक्तम् ॥ द्रुतमपहरतिवमिंस ञ्जनितामम्लपित्तेन । छिन्नोद्भवानिम्बपटोलपत्रंक्षौद्रान्वितंपीतमनेकरूपम् ॥ सुदारुणं हन्तितदम्लपित्तंयथाशनिस्तालतरुंप्रवृद्धम् । वासामृतापर्पटकनिम्बभूनिम्बमार्क्कवैः । त्रिफलाकुलकैःक्वाथःसक्षौद्रश्चाम्लपित्तहा ॥ १६३ ॥

अम्ल पित्त और श्लेष्म पित्तकी चिकित्सा ॥

अम्लपित्तरोग में परवल, नींब, बांसा तथा मैनफल के काढ़े में सहत और सेंधानोन डालकर पिलाके वमन करावे निसोथ और आँवलेके क्वाथ में सहत डालकर पिला के दस्त करावे ऊर्द्ध्वगत अम्लपित्तमें वमन और अधोगत अम्लपित्त में विरेचन कराना चाहिये अम्लपित्त में जौ और गेहूं के द्वारा तीक्ष्णतारहित भोजन बनाकर देवे अथवा दोष के अनुसार खीलों के सत्तू, सहत और शक्करके साथ पिये भूसी रहित जौ, बांसा और आँवले के काढ़े में दालचीनी, इलायची, तेजपात और सहत डालकर पीनेसे बहुत शीघ्र अम्लपित्तसे होनेवाली छर्दि का नाश होताहै गिलोय, नींब तथा परवल के पत्तों के काढ़े में सहत डालकर पीने से जैसे कि वज्रके लगनेसे बड़े ताड के वृक्षका नाश होताहै उसी प्रकार बड़े भयंकर अम्ल पित्त का नाश होताहै बांसा, गिलोय, पित्तपापड़ा,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नींब, [illegible], त्रिफला और परवल इन के काढे में सहत [illegible] का न[illegible]है ॥ १६३ ॥

प[illegible]पटोलयवचन्दनधान्यधात्री वासावरांगदलनागकण[illegible] मधु[illegible]शैलपालपिण्डी हन्त्यम्लपित्तमरुचिज्वरदाहशोषान् [illegible] रुचिदाहमोह खालित्यमेहशिशिरव्रणशुक्रदोषान् । भु[illegible] वृद्धोप्यनेनहिभवेत्तरुणोऽरिंसंसु ॥ १६४ ॥

पाठा, परवल, धवई, चन्दन, धनियां, आमला, बांसा, तज, तेजपात[illegible]पीपल और हड इन सब औषधियों को पीसकर शक्कर, कमल और सहत के साथ चाटने से [illegible]म्लपित्त, अरुचि, ज्वर, दाह, शोष, छर्दि, मोह, गंजापन, प्रमेह, शीतल घाव और वीर्य्यके दोष [illegible] सब [illegible]ग नष्ट होते हैं इसको आम लेके केसर के साथ चाटने से वृद्धभी तरुण के समान मैथुन [illegible]वालाहोता है ॥ १६४ ॥

कूष्माण्डकरसोग्राह्यःपलानांशतमात्रकम् । रसतुल[illegible]धात्रींचूर्णपलाष्टकम् ॥ धात्रीतुल्यासितायोज्यागव्यमाज्यंपलद्वयम् । मन्दाग्निना पचेत[illegible]यावद्भवतिपिण्डितम् । पलार्द्धंपलमेकंवाप्रत्यहंभक्षयेदिदम् । खण्डकूष्माण्डकंख्यातम्[illegible] ॥ इति खण्डकूष्माण्डकोवलेहः ॥ १६५ ॥

पेठेकारस और गौकादूध चार२सौतोले आमलेकाचूर्ण और शक्कर बत्तीस [illegible]तोले गौका घी ८ तोले इन सबको मंदाग्निमें पकावे जब पिण्डसा होजाय तो उतारले चारतोले [illegible]थवा दोतोले इसको नित्य खाने से अम्ल पित्तका नाशहोताहै इति खंडकूष्मांडकावलेह ॥ १६५ ॥

कुडवंनारिकेरस्यजलेमृद्वग्निनापचेत् । नारिकेरजलाभावेगव्येपयसितत्पचेत् ॥ धान्यकंपिप्पलीमुस्तंचातुर्जातंविचूर्णितम् । प्रत्येकंटङ्कमात्रंतुशीतेतस्मिन्विनिःक्षिपेत् ॥ पलमात्रस्तदर्द्धोऽपिभक्षितःप्रत्यहंनरैः । नारिकेरकखण्डोऽयंपुंस्त्वनिद्राबलप्रदः ॥ अम्लपित्तंरक्तपित्तंशूलञ्चपरिणामजम् । क्षयंक्षपयतिक्षिप्रंशुष्कंदावानलोयथा ॥ पलमात्रगव्यघृतेननारिकेरस्यभर्ज्जनंकर्त्तव्यमितिसम्प्रदायः । इति नारिकेरखण्डः ॥ १६६ ॥

१६ तोलेनारियलके गोलेको चारतोलेगौके घीमेंभूनकर नारियलके जल अथवा गौके दूधकेसाथपाक करे फिर शीतलहोजानेपर धनियां, पीपल, मोथा, दालचीनी, इलायची, तेजपात औरनागकेशरइनसब का चार२माशेचूर्ण उसमें छोडे इसकोचार तोले अथवा दोतोले नित्यखानेसे पुरुषार्थ निद्रातथा बल कीवृद्धि होतीहै और अम्लपित्त रक्तपित्त परिणामशूल तथा क्षयकानाशहोताहै इतिनारिकेरखण्ड १६६

प्रस्थन्तुनारिकेरस्यसूक्ष्मंदृषदिपेषितम् । निष्कुलीकृतकूष्माण्डखण्डानामर्द्धमाढकम् ॥ तद्द्वयंभर्ज्जयेद्गव्येघृतेतुकुडवोन्मिते । ततस्तत्रक्षिपेच्छुद्धंगोदुग्धञ्चाढकोन्मितम् ॥ तत्रैवनिःक्षिपेद्गव्यांसितांप्रस्थद्वयोन्मिताम् । पचेत्सर्व्वाणिचैकत्रमृदुनावह्निनाभिषक् ॥ सुपक्वेशीतलेतत्रचूर्णीकृत्यविनिःक्षिपेत् । सूक्ष्मैलाधान्यकंधात्रीपर्पटंजलदंजलम् ॥ उशीरंचन्दनंद्राक्षांशृंगाटञ्चकशेरुकम् । त्वक्पत्रकंसकर्पूरंकर्षयुग्मंपृथक्पृथक् ॥ सर्व्वैसंमिश्रयेद्रक्षेद्भाजनेमृन्मयेनवे । पलमात्रमिदंप्रातर्भक्षयेद्वायथानलम् ॥ एतन्निषेवितं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हन्ति॥ संचूर्ण्य असंशयः। अम्लपित्तंज्वरंपित्तंरक्तपित्तमरोचकम्॥ वातरक्तंतृषांदाहंपाण्डुरोगंचकामलाम्। क्षयंक्षपयतिक्षिप्रंशूलंचपरिणामजम्॥ नारिकेरस्यखण्डोऽयमश्विभ्यांनिर्मितःपुरा। वर्णदोबृंहणोवृष्यःपुंस्त्वनिद्राबलप्रदः॥इतिबृहन्नारिकेरखण्डः॥१६७॥

नारियल की पिसी हुई गिरी ६४ तोले और छिले हुए पेठेके टुकड़े १२६ तोले इन दोनोंको ६४ तोले गौके घीमें भूनकर शुद्ध गौका दूध २५६ तोले और मिश्री १२८ तोले इसमें मिलावे फिर सबको एक साथ मन्दाग्निसे पाककरे पाक के होजाने पर शीतल करके छोटी इलायची, धनियां, आमला, पित्तपापड़ा, मोथा, सुगन्धबाला, खस, चन्दन, दाख, सिंघाड़ा, कशेरू, दालचीनी, तेजपात और कपूर इन सबका चूर्ण दो दो तोले मिलावे फिर सबको एक में मिलाकर मृत्तिका के नवीन पात्र में रक्खे इसको ४ तोले अथवा अपनी अग्नि के अनुसार प्रातः काल सेवन करने से अम्लपित्त, ज्वर, पित्त, रक्तपित्त, अरुचि, वातरक्त, तृषा, दाह, पांडुरोग, कामला, क्षय तथा परिणामशूलका नाश होताहैं पूर्वकाल में अश्विनीकुमारोंने इसको बनाया था यह वर्णको हित धातु तथा वीर्य्यवर्द्धक और पुरुषार्थ निद्रा तथा बलकारी होताहै इति बृहन्नारिकेरखण्ड॥१६७॥

अथ पित्तश्लेष्मचिकित्सा॥

अभयापिप्पलीद्राक्षासिताधान्ययवासकम्। मधुनाकण्ठदाहघ्नंपित्तश्लेष्महरंपरम्॥ पटोलयवधान्याकपिप्पल्यामलकानिच। एषांक्षौद्रयुतःक्काथःपित्तश्लेष्महरःपरः॥ पित्तश्लेष्मवमीकण्डूकोठविस्फोटदाहनुत्। दीपनःपाचनःक्काथःशृङ्गवेरपटोलयोः॥ पिप्पलीखण्डपथ्याभिस्तुल्याभिर्मोदकःकृतः। पित्तश्लेष्महरोभुक्तोवह्निमान्द्यञ्चनाशयेत्॥ इत्यम्लपित्तश्लेष्मपित्ताधिकारः॥१६८॥

पित्तश्लेष्म की चिकित्सा॥

हड़, पीपल, दाख, मिश्री, धनियां और जवासा इन सब को सहत के साथ चाटने से कंठदाह और पित्त श्लेष्मका नाश होताहै परवल, इन्द्रजौ, धनियां, पीपल और आमला इन के काढ़ेमें सहत डाल कर पीनेसे पित्तश्लेष्मका नाश होताहै सोंठ और परवल का काढ़ा पित्त, श्लेष्म, छर्दि, खुजली चकत्ते, विस्फोटक तथा दाहको नष्ट करताहै और दीपन तथा पाचन होताहै पीपल खांड और हड़ इनको समभाग लेकर मोदक बनावे इससे पित्त श्लेष्म और मंदाग्निका नाशहोताहै इति अम्लपित्त श्लेष्म पित्ताधिकार॥१६८॥

अथ राजयक्ष्माधिकारः। तत्रराजयक्ष्मणोविप्रकृष्टंसन्निकृष्टञ्चनिदानमाह॥

वेगरोधात्क्षयाच्चैवसाहसाद्विषमाशनात्। त्रिदोषोजायतेयक्ष्मागदोहेतुचतुष्टयात्॥ वेगोऽत्रवातमूत्रपुरीषाणिनिगृह्णातियदानर इतिचरकवचनात्। क्षयात्क्षीयतेऽनेनेतिक्षयः। तेनातिव्यवायानशनेर्ष्यादयोधातुक्षयहेतवःक्षयःशब्देनोच्यन्ते। साहसाद्बलवतासमंमल्लयुद्धादितः। विषमाशनाद्बहुस्तोकमकालेवाभुक्तंतद्विषमाशनम्। तस्मात्त्रिदोषःसान्निपातिकः। हेतुचतुष्टयात्। अन्येऽपिहेतवोहेतुचतुष्टयएवान्तर्भवन्ति। यक्ष्मणःपर्यायाराजयक्ष्माक्षयशोषाः॥१६९॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

... गका अधिकार राजयक्ष्माके दूरवाले और सम...ी कारण ... क्ष्म ॥ त्रिप... ... त ॥ यथा... तथा मल आदिक वेगका धारण मैथुन लंघन तथा ईर्षा आदिके द्वा... नके ... मल्लयुद्ध आदिक साहसिक कार्य बहुत थोडा अथवा कुसमयका भोजन इन ... से ... राजयक्ष्मानामरोग उत्पन्न होताहै इन्हीं चारकारणों में अन्यकारणभी जानने चा... राजयक्ष्मा क्षय और शोष यह इसके नामहैं ॥ १६६ ॥

यक्ष्मादीनां निरुक्तिमाह ।

वैद्योऽव्याधिमतांयस्माद्व्याधेर्यत्नेनयक्ष्यते । सयक्ष्माप्रोक्त...तिलोके शब्दशास्त्रविशारदैः ॥ यक्ष्यतेपूज्यते राज्ञश्चन्द्रमसो यस्मादभूदेष किलाम... । तस्मात्तंराजयक्ष्मेति प्रवदन्तिमनीषिणः । क्रियाक्षयकरत्वात्तु क्षय इत्युच्यतेबुधैः ॥ संशोषणाद्रसादीनांशोषइत्यभिधीयते ॥ १७० ॥ यक्ष्मा आदि नामोंकी निरुक्ति ॥

इस रोगके कारण रोगियोंके द्वारा वैद्य यत्नपूर्वक यक्षित (पूजित) होताहै इसलिये इसरोगको यक्ष्मा कहतेहैं यह रोग पहले राजा अर्थात् चन्द्रमाके हुआथा इससे इस...को राजयक्ष्मा कहतेहैं यहरोग क्रियाओंके क्षयकरनेसे क्षय कहाजाताहै और यह रोग शरीरके रसा...दिकोंको...खाताहै इसीसे इसे शोष कहतेहैं ॥ १७० ॥

तस्यसम्प्राप्तिमाह । कफप्रधानैर्दोषैस्तुरुद्धेषुरसवर्त्मसु । अतिव्यवायिनो वापिक्षीणेरेतस्यनन्तराः ॥ क्षीयन्ते धातवःसर्वे ततःशुष्यतिमानवः । कफ...धानैर्दोषैः रसवर्त्मसु रुद्धेषु अनन्तराः सर्व्वे धातवःक्षीयन्ते । ततोमानवः शुष्यति । का...णभूतस्य रसस्यक्षये कार्य्याणां रक्तादीनामनुक्रमेण क्षीयमाणत्वात् । मार्गावरोधे रसक्षयहेतुमाह चरकः । रसःस्रोतःसुरुद्धेषुस्वस्थानस्थोविदह्यते । सऊर्ध्वंकासवेगेनबहुरूपःप्रवर्त्तते ॥ स्वस्थानस्थः हृदयस्थः कासंविनापि रसक्षयोभवति । मार्गावरोधकुपितवातेनरसस्यशोषणात् । उक्तञ्च । वायोर्धातुक्षयात् कोपान्मार्गस्यावरणेनच । अनुलोमक्षयन्दृष्ट्वाप्रातिलोमक्षयावहः ॥ अतिव्यवायिनो वा रेतसिक्षीणे प्रतिलोमक्रमेणानन्तराः सर्व्वेधातवो रसपर्य्यन्ताः क्षीयन्ते । तद्यथा । शुक्रेक्षीणे मज्जाक्षीयते । मज्जनिक्षीणे अस्थिक्षीयते एवं पूर्वं पूर्वं क्षीयते । ननु कार्यस्यशुक्रस्य क्षयेकथं कारणभूतानां मज्जादीनांक्षयः उच्यते शुक्रक्षयाद्वायुः कुप्यति । सवायुःसान्निध्यात् क्रमेणमज्जादीन् सर्व्वान्धातून्शोषयति ततस्तदनन्तरं मानवःशुष्यति ॥ १७१ ॥

राजयक्ष्माकी संप्राप्ति ॥

कफप्रधान दोषोंकेद्वारा रसके मार्गोंके रुकजाने पर संपूर्ण धातु क्षीण होजातीहैं इससे शोषरोग उत्पन्न होताहै अथवा बहुत मैथुनसे वीर्य्यके नष्टहोजानेपर संपूर्णधातु क्षीणहोतीहैं तब यहरोगउत्पन्न होताहै मार्गोंके रुकनेसे रसोंका क्षय होताहै यह चरकने कहाहै जैसे स्रोतोंके रुकजानेपर हृदय में स्थित रस दूषित होकर खांसीके वेगसे ऊपर और बहुत प्रकारोंसे निकलताहै स्रोतोंके रुकनेपरखांसीके विनाभीकुपितवायुकेद्वारा रस सुखजाताहै क्योंकि कहाहुआहै कि स्रोतों के रुकजानेसे और धातु

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

औ... पित होताहै अनुलोमक्षयको देखकर प्रतिलोमक्षय होताहै ... में ... करने वाले ॥ संचूर्णयें ... क्षीणहोजानेपर उलटे क्रमसे रस पर्यन्त सम्पूर्ण धातु एकके ... क्षीण होतीहैं ... के क्षीणहोनेपर मज्जा क्षीण होतीहै मज्जाके क्षीणहोनेपर हड्डी क्षीण हो... इत्यादि ... पूर्व पूर्वधातु क्षीणहोतीहै अब यह सन्देह होताहै कि कार्य्यरूप वीर्य्यके क्षीणहोने ... कारण ... मज्जादिक धातु क्यों क्षीणहोतीहैं इसका उत्तर यहहै कि वीर्य्यके क्षयहोनेसे वायु कुपित होतीहै और वह वायु निकट हो... कारण मज्जाआदि संपूर्ण धातुओंको क्रमसे सुखातीहै तब मनुष्यको शोषरोग होताहै ॥ १७१ ॥

पूर्व्वरूपमाह ॥

श्वासांगसादकफसंश्र,तालुशोषवम्यग्निसादमदपीनसकासनिद्राः । शोषेभविष्य तिभवन्तिसचापिजन्तुःशुक्लेक्षणोभवतिमांसपरोरिरंसुः ॥ स्वप्नेषुकाकशुकशल्लकिनील कण्ठगृध्रास्तथैवकपयःकृकलासकाश्च । तंवाहयन्तिसनदीर्विजलांश्चपश्येच्छुष्कांस्त रूनूपवनधूमदवार्दितांश्च ॥ १७२ ॥

राजयक्ष्माका पूर्व्वरूप ॥

राजयक्ष्मा होनेसे पहले श्वास,शरीर में शिथिलता,कफ थूकना,तालुका सूखना,छर्दि,मन्दाग्नि, ... खांसी, ... श्वेतता, मांसभोजन तथा मैथुन में इच्छा होतीहै और स्वप्नमें कौआ,तोता,सेई,नीलकण्ठ,गृध्र, बन्दर तथा गिर्गिटान यह इसको लेचलतेहैं और निर्ज्जल नदी सूखे तथा वायु धूम और दावाग्निसे व्याकुल वृक्ष उसको दिखाईपडतेहैं यह लक्षणहोतेहैं॥ १७२॥

पादयोःयक्ष्मिणोलक्षणमाह ॥

अंसपार्श्वाभितापश्चसन्तापःकरपादयोः।ज्वरःसर्व्वांगिकश्चेतिलक्षणंराजयक्ष्मिणः॥ अंसयोःपार्श्वयोश्चाभितापःपीडाअत्रसकलधातुक्षयपूर्व्वकःसकलशरीरशोषोबोद्धव्यः । एतानित्रीणिलक्षणानिप्रायोभावित्वेनचरकेणोक्तानि ॥ सुश्रुतेनयक्ष्मणिषट्लक्षणान्यु क्तानि भक्तद्वेषोज्वरःश्वासःकासःशोणितदर्शनम्। स्वरभेदश्चजायन्तेषड्रूपेराजयक्ष्म णि ॥ उल्बणतयादोषाणांभेदाद्यक्ष्मणामेकादशलक्षणान्याह । स्वरभेदोऽनिलाच्छूलं सङ्कोचश्चांसपार्श्वयोः ॥ ज्वरोदाहोऽतिसारश्चपित्ताद्रक्तस्यचागमः । शिरसःपरिपूर्ण त्वमभक्तश्छन्दएवच ॥ कासःकण्ठस्यचध्वंसोविज्ञेयःकफकोपतः अनिलादुल्बणात् । ए वंपित्तात्कफाच्च । यतआहसुश्रुतः । एकएवमतःशोषःसन्निपातात्मकोगदः । उद्रेकात्तत्र ल्लिङ्गानिदोषाणांनिपतन्तिहि ॥ १७३ ॥

राजयक्ष्माके लक्षण ॥

राजयक्ष्मारोगमें कन्धे तथा पसलियोंमें पीडा हाथ पैरोंमें जलन और सर्वांग में ज्वर होताहै यह तीन लक्षण बहुधा होतेहैं इसलिये चरकने कहेहैं और सुश्रुतमें छः प्रकारके लक्षण कहेहैं जैसे भोजन में अरुचि,ज्वर,श्वास,खांसी, रुधिर थूकना और स्वरभेद यह छः लक्षण राजयक्ष्मामें होतेहैं दोषोंकी अधिकतासे राजयक्ष्मा के ग्यारह ११ लक्षणहैं वातके अधिकहोने में स्वरभेद शूल कन्धे तथा पसलियों में संकोच होताहै पित्तकी अधिकतामें रुधिर थूकना ज्वर दाह तथा अतीसार होताहै

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

और ... में शिरका भारीपन भोजनमें अरुचि खांसी और कंठ... ॥ त्रिप...तने कहाहै ... यक्ष्मारोग ...दोषज एकही होताहै परन्तु वातादिदोषों की अधिकता संयुत ॥ यथा लक्षण होते ... १७३ ॥

अथासाध्यंयक्ष्माणमाह ॥

...दशभिरेभिर्वाषड्भिर्वापिसमन्वितम् । त्रिभिर्वापीडितंलिङ्गैर्ज्वरकासासृगाम... जह्याच्छोषार्दितंजन्तुमिच्छन्सुविमलंयशः ॥ १७४ ॥

असाध्य राजयक्ष्माका लक्षण ॥

ऊपर कहेहुए ग्यारह लक्षण अथवा सुश्रुतके कहेहुए छः लक्षण या ...वर खांसी और रुधिर थूकना इन तीन लक्षणों से युक्त राजयक्ष्मावालेको वैद्य त्याग करदे ॥ १७४ ॥

तत्र विशेषमाह ॥

सर्वैरर्द्धैस्त्रिभिर्वापिलिंगैर्मांसबलक्षये । युक्तोवर्ज्यश्चिकि...त्स्यस्तुसर्वरूपोऽप्यतोऽन्यथा ॥ सर्वैर्लिंगैरेकादशभिरर्द्धैःषड्भिस्त्रिभिर्ज्वरकासरुधिर...मनैः । अतोऽन्यथामांसबलेसतिसर्वरूपोऽपिनप्रत्याख्येयःकिन्तुचिकित्स्यः । ...हाशनंक्षीयमाणमतीसारनिपीडितम् ॥ शूनमुष्कोदरञ्चैवयक्ष्मिणंपरिवर्ज्जयेत् । मह... ...समसाध्यंलक्षणम् ॥ अतीसारनिपीडितमितिद्वितीयम् । यतउक्तं ...मलायत्तंबलंपुंसांशुक्रायत्तञ्चजीवितम् । तस्माद्बलेनसंरक्षेद्यक्ष्मिणोमलरेतसी । शूनमुष्कोदरमितितृतीयम् । अथारिष्टमाह । शुक्लाक्षमन्नद्वेष्टारमूर्ध्वःश्वासनिपीडितम् ॥ कृच्छ्रेणबहुमेहन्तंयक्ष्माणंहन्तिमानवम् । मेहन्तंशुक्रंक्षरन्तम् । शुक्लाक्षत्वाद्येकैकशोऽरिष्टलक्षणमाह । अवधिमाह । परंदिनसहस्रन्तुयदिजीवतिमानवः । सुभिषग्भिरुपक्रान्तस्तरुणःशोषपीडितः ॥ शोषपीडितोमानवश्चेत्तरुणोभवति । सुभिषग्भिरुपक्रान्तोभवति तदापरंदिनसहस्रंद्वितीयंदिनसहस्रंयदिजीवतितत्रजीवनविकल्पइत्यर्थः। एतेनशोषपीडितोमानवश्चेत्तरुणोभवतिसद्वैद्यैश्चिकित्सितोभवतितदाप्रथमदिनसहस्रंजीवेदेवेत्युक्तम् १७५ ॥

असाध्यता में विशेषता ॥

ऊपरकहेहुए ग्यारह छः अथवा तीन लक्षणों से युक्त यक्ष्मावालेका मांस और बलक्षीण होगयाहो उसकी चिकित्सा नहीं करनीचाहिये परन्तु मांस और बलके होनेपर जो सम्पूर्ण लक्षण होयँ तौभी चिकित्सा करनी चाहिये जो यक्ष्मावाला बहुत आहार करनेपरभी क्षीण होता चलाजाय वह असाध्यहै जो यक्ष्मा में अतीसार होय तो असाध्य समझना चाहिये क्योंकि कहागयाहै कि मल के आधीन बल और वीर्य्य के आधीन जीवन होताहै इसलिये यक्ष्मावालेके मल और वीर्य्य की रक्षा यत्नपूर्वक करनी चाहिये जो यक्ष्मा में अंडकोश तथा उदरमें सूजन होय तो असाध्य जानिये जिस यक्ष्मावालेके दोनों नेत्र श्वेत होजायँ अन्नमें अरुचिहोय ऊर्ध्वश्वासचले और बड़े कष्टसे बहुतसा वीर्य्य गिरे वह नहीं जीता है जो राजयक्ष्मावाला तरुण होय अच्छे वैद्यों से चिकित्सा कियाजाय तो एकहज़ार दिन से अधिक जीता है इससे यह सिद्ध होताहै कि जो राजयक्ष्मावाला तरुण होवे और अच्छे वैद्यों से चिकित्सा कियाजाय तो एकहज़ारदिन अवश्य जीता है ॥ १७५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

॥ संचूएयं ... अथ चिकित्सामाह ॥

...धरहितंब...वंतंक्रियासहम् । उपक्रमेदात्मवन्तं दीप्ताग्निमकृ...॥ आ...त्लवन्तंधृतवन्तवा ॥ १७६ ॥

चिकित्सा करनेके योग्य राजयक्ष्मावाला ॥

जो राजयक्ष्मावाल...ररहित बलवान् क्रियाओंका सहनेवाला यत्नवान् दीप्ताग्नि और कृशतारहितहो वह चिकित्...के योग्यहै ॥ १७६ ॥

अथ निदानविशेषशोषानाह ॥

व्यवायशोकवार्द्धक...व्यायामाध्वप्रशोषितान् । व्रणोरःक्षतसंज्ञौचशोषिणोलक्षणैःशृणु॥व्रणशोषीउरःक्षतदोषीच ॥ १७७ ॥

...रणोंकी विशेषतासे यक्ष्माकी विशेषता॥

मैथुन,शोक, वृद्धावस्था,व्यायाम,मार्गगमन,घाव और उरःक्षत इनके द्वारा जो शोषरोग उत्पन्न होताहै उसके लक्षण अल...२ आगे कहतेहैं ॥ १७७॥

...व्यवायशोषिणोलक्षणमाह ॥

व्यवायशोषीशुक्र...क्षयलिंगैरुपद्रुतः । पाण्डुदेहोयथापूर्वंक्षीयन्तेचास्यधातवः ॥ शुक्रस्यक्षयलिंगैःस...तोक्तैः । तानियथाशुक्रक्षयेमेढ्रवृषणवेदनाव्यवायेचाशक्तिः।चिराद्वाप्रसेकःप्रसेकोऽ...शुक्रदर्शनमिति । यथापूर्वंक्षीयन्तेचास्यधातवःप्रथमंशुक्रंक्षीयते पश्चाच्छुक्रक्षयजनितवायुनामज्जादयोऽपिधातवोयथापूर्वंक्षीयन्ते ॥ १७८ ॥

मैथुनकेशोषवालेकेलक्षण ॥

मैथुनकेद्वारा जिसको शोष होताहै उसकेआगे लिखेहुए लक्षण होतेहैंजैसे लिंग तथा अंडकोशोंमें पीडा मैथुनमें अशक्त बहुतदेरमें थोडेसे वीर्य्यका गिरना और शरीरका पीलापन यह लक्षण होतेहैं और पूर्व्व २ के क्रमसे धातु क्षीण होतीहैं अर्थात् पहले वीर्य्य क्षीणहोताहै फिर वीर्य्यके क्षीणहोनेसे कुपित वायुके द्वारा मज्जाआदिकधातु पूर्व्वके क्रमसे क्षीण होतीहैं ॥ १७८ ॥

शोकशोषिणोलक्षणमाह ॥

प्रध्यानशीलःस्रस्तांगःशोकशोष्यपितादृशः विनाशुक्रक्षयकृतैर्विकारैरुपलक्षितः ॥ प्रध्यानशीलस्याभावेनशोकोजनितस्तद्ध्यानपरःस्रस्तांगःशिथिलांगः । तादृशोव्यवायशोषिसदृशः । तेनशुक्रादिसर्व्वधातुक्षययुक्तोभवति । परंशुक्रक्षयकृतैर्विकारैर्मेढ्रवृषणवेदनादिभिर्वर्ज्जितोभवतिव्याधिस्वभावात् ॥ १७९ ॥

शोकके‌द्वारा होनेवाले शोषकेलक्षण ॥

शोकसेहोनेवाले शोषवाला इन आगेलिखेहुए लक्षणोंसे युक्त होताहै जैसे जिस वस्तुके लिये शोक हुआहोय उसका ध्यानकरना शरीरमें शिथिलता और वीर्य्यक्षयके लक्षणों से रहित मैथुनके शोषके लक्षण होते हैं ॥ १७९ ॥

जराशोषिणोलक्षणमाह ॥

जराशोषीकृशोमन्दवीर्य्यबुद्धिबलेन्द्रियः । कम्पनोरुचिमान्भिन्नकांस्यपात्रहतस्वरः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

...म् ॥ त्रिष्ठो
ष्ठीवति... णाह... रवारुचिपीडितः। संप्रस्रुतास्यनासाक्षः शुष्करू... त ॥ यथ... वः
मन्दश... ल्पार्थः। शुक्ररूक्षमलच्छविःशुष्केरूक्षेमलच्छवीयः यसः प्रसु...
प्रसुप्त... र्शाज्ञः ॥ १८० ॥

वृद्धावस्थासेहुए शोषकेलक्षण ॥

जिसको वृद्धावस्थासे शोष उत्पन्न होताहै उसके आगे कहेहुए लक्षण... हैं जैसे कि कृशता और वीर्य बुद्धि बल तथा इन्द्रियों की शक्तिकी अल्पता कम्प अरुचि फूटे का... मान स्वर कफरहित थूकना शरीरमें भारीपन मुख नासिका तथा नेत्रोंसे जल बहना और ...न तथा दीप्तिका सूखा तथा रूखा होना ॥ १८० ॥

अध्वशोषिणोलक्षणमाह ॥

अध्वप्रशोषीस्रस्तांगःसम्भृष्टपरुषच्छविः। सम्भृष्टपरु...च्छविःप्रसुप्तगात्रावयवः शुष्कक्लोमगलाननः। सम्भृष्टस्येवपरुषाछविर्य्यस्यसः। प्र...प्तगात्रावयवःप्रसुप्तःस्प र्शाज्ञः ॥ १८१ ॥

मार्गसे हुए शोषवाले के लक्षण ॥

मार्गचलनेसे होनेवाले शोषरोगमें शरीरकी शिथिलता जलेहुएके स...ान छविका रूखापनहोना शरीर में स्पर्शका ज्ञान न रहना और क्लोम कंठ तथा मुखमें सूखापन ... होतेहैं १८१॥
...शोकरेण्ठइत्काश्र्... जैया॥

अथ व्यायामशोषिणोलक्षणमाह ॥

व्यायामशोषीभूयिष्ठमेभिरेवसमान्वितः। लिंगैरुरःक्षतकृतैःसं...क्तश्चक्षतंविना ॥ एभिरेवस्रस्तांगत्वादिभिरध्वशोषिलक्षणैरेवभूयिष्ठमत्यर्थम् ॥ १८२

व्यायाम से हुए शोषके लक्षण ॥

व्यायाम से हुए शोषमें मार्गगमन से हुए शोष के संपूर्ण लक्षण अधिकतासे होते हैं और क्षतको छोडकर उरःक्षतके भी संपूर्ण लक्षण होतेहैं ॥ १८२ ॥

सनिदानंव्रणशोषमाह ॥

रक्तक्षयाद्वेदनाभिस्तथैवाहारयन्त्रणात्। व्रणिनश्चभवेच्छोषःसचासाध्यतमःस्मृतः १८३

कारणसहित घावसे हुए शोष का वर्णन ॥

घाववाले को रुधिर के बहने से घाव की पीडासे और आहार के रोकने से शोष उत्पन्न होताहै यह अत्यन्त असाध्यहै ॥ १८३ ॥

उरःक्षतनिदानमाह ॥

धनुषायस्यतोऽत्यर्थंभारमुद्वहतेगुरुम्। युद्ध्यमानस्यबलिभिःपततोविषमोच्चतः ॥ वृषंहयंवाधावन्तंदम्यंचान्यंनिगृह्णतः। शिलाकाष्ठाश्मनिर्घातान्क्षिपतोनिघ्नतःपरान् ॥ अधीयानस्यचात्युच्चैर्दूरंवाव्रजतोद्रुतम्। महानदींवातरतोहयैर्वासहधावतः ॥ सहसोत्पततोदूरंतूर्णञ्चापिप्रनृत्यतः। तथान्यैःकर्म्मभिःक्रूरैर्भृशमभ्याहतस्यवा ॥ स्त्रीषुचातिप्रसक्तस्यरूक्षाल्पप्रमिताशिनः। विक्षतेवक्षसिव्याधिर्बलवान्समुदीर्य्यते ॥ आयस्यतः आयासतः। आयासंकुर्व्वतःहयंवृषादिकम्। अन्यंगजोष्ट्रादिकम्॥ शिलादीर्घपाषाणः। अश्मप्रस्तरखण्डः। निर्घातोऽस्त्रविशेषःव्याधिःउरःक्षताख्यः १८४ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उरःक्षत का निदान ॥

ध॥ संचूर्णयं॥ आदिकर परिश्रम, भारी बोझे का उठाना, बलवान् के साथ युद्ध, [illegible] अथवा ऊंचे [illegible] [illegible]रना, दौड़ते हुए बलवान् बैल, घोड़ा, हाथी तथा ऊँट आदि को रोकना, [illegible] पत्थर [illegible] पत्थर के टुकड़े अथवा निर्घात नाम अस्त्र को फेंककर शत्रुओं को मारना, बहुत ऊंचे [illegible] से प[illegible]ना, बहुत जल्दी दूरतक दौड़ना, बड़ी नदीमें तैरना, घोड़ोंके साथ दौड़ना, एकाएकी बहुत दूरतक उछलना, बहुत जल्दी न[illegible] तथा अन्य क्रूरकर्मों के द्वारा बहुत चोटसे बहुत मैथुन से और रूखे अथवा थोड़े भोजन से [illegible] हृदय में बलवान् उरःक्षतनाम रोग उत्पन्न होता है ॥ १८४ ॥

अथ उरःक्षतस्यलक्षणमाह ॥

उरोविरुज्यतेऽत्यर्थंभिद्यतेऽथविभज्यते । शूलंभवतितत्पादंशुष्यत्यंगंप्रवेपते ॥ प्रपीडयतेततःपार्श्वेंशुष्यत्यंगं[illegible]कम्पते । क्रमाद्वीर्य्यंबलंवर्णोरुचिरग्निश्चहीयते ॥ ज्वरोव्यथामनोदैन्यंविड्भेदोऽग्निर्मंधस्तथा । दुष्टश्यावःसदुर्गन्धःपीतोविग्रथितोबहु ॥ कासमानस्यचाभीक्ष्णंकफःसासृक्प्रवर्त्तते । सक्षतःक्षीयतेऽत्यर्थंतथाशुक्रौजसोःक्षयात् ॥ विरुज्यतेपीड्यते । भि[illegible]तइति । विभज्यतेद्विधाक्रियतइव । सक्षतःसपुरुषःक्षतः । [illegible] । अत्यर्थं[illegible]भवति ॥ १८५ ॥

उरःक्षत का लक्षण ॥

उरःक्षतरोगमें छाती भीतर टूटनेकीसी फटनेकीसी तथा चीरनेकीसी पीड़ा होतीहै शूल पैरों का सूखना कम्प तथा पसलियोंमें पीड़ा होती है शरीर सूखताहै वीर्य्य बल वर्ण रुचि तथा अग्नि यह सब क्रम से क्षीण होतेहैं ज्वर पीड़ा मनमें ग्लानि मलभेद तथा मन्दाग्नि होती है खांसीके साथ दूषित धुमैला अथवा पीत वर्ण दुर्गन्धित गांठ युक्त रुधिरसहित वारंवार बहुत सा कफ निकलताहै और वीर्य्य तथा ओजकेक्षयसे अत्यन्त क्षीणता होतीहै इस रोगका पूर्वरूप नहीं प्रकाशित होताहै १८५॥

अथोरःक्षतस्यविशिष्टंलक्षणमाह ॥

उरोरुक्शोणितच्छर्द्दिःकासोवैशेषिकःक्षते । क्षीणेसरक्तमूत्रत्वंपार्श्वपृष्ठकटीग्रहः॥क्षते उरःक्षतवतिउरोरुक्शोणितच्छर्द्दिःकासोवैशेषिकः विशेषतः भवत्यत्रास्मिन्उरःक्षतवति सास्रकफशुक्रौजसांक्षयात्क्षीणेसरक्तमूत्रत्वंपार्श्वपृष्ठकटिग्रहश्चभवति ॥ १८६ ॥

उरःक्षतका विशेष लक्षण ॥

उरःक्षतवालेके छातीमें बहुत पीड़ा रुधिरकी छर्दि तथा बहुत खांसी होतीहै और क्षीण होजाने पर रुधिर सहित मूत्र निकलना और पसली पीठ तथा कमरमें पीड़ा होतीहै ॥ १८६ ॥

निदानविशेषेणोरःक्षतलक्षणमाह ॥

व्रणरोधात्क्षयाच्चैवकोष्ठात्प्रतिमलात्तथा । क्षतोरस्कस्यान्नपाकेनिःश्वासोवातिपूतिकः ॥ क्षयाद्धातुक्षयहेतोरतिव्यवायोदितःकोष्ठात्प्रतिमलात्कोष्ठात्प्रतिमलत्वात्तेनप्रतिलोममलात्पूतिकः पूतिगन्धः ॥ १८७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

निदानोंकी विशेषतासे उरःक्षतका लक्षण ... म् ॥ त्रि...
... तथा धातुओंके क्षयहोनेसे वातादिक दोष उलटे होकर उरःक्षत ... ॥ यथ ... तेहैं
इसमें ... परिपाकके समय अत्यन्त दुर्गन्धित श्वास आताहै ॥ १८७ ॥

उरःक्षतस्यसाध्ययाप्यासाध्यलक्षणमाह ॥

अल्पलिंगस्यदीप्ताग्नेःसाध्योबलवतोनवः।परिसंवत्सरोयाप्यःसर्वलिंगेतुवर्जयेत् १८८॥

उरःक्षतका साध्य याप्य और असाध्य लक्षण ॥

दीप्ताग्नि तथा बलवान् मनुष्यका नवीन थोड़े लक्षणवाला उरःक्षत साध्य होताहै एकवर्षका पुराना याप्य होताहै और संपूर्ण लक्षणोंसे युक्त उरःक्षत असाध्य होताहै ॥ १८८ ॥

अथ राजयक्ष्मचिकित्सा ॥

बलिनोबहुदोषस्यपञ्चकर्माणिकारयेत् । यक्ष्मिणःक्षीणदेह ... तत्कृतंस्याद्विषोपमम् ॥ मलायत्तंबलंपुंसांशुक्रायत्तञ्चजीवितम् । तस्माद्यत्नेनसंरक्षेद्य ... मणोमलरेतसी ॥ १८९॥

राजयक्ष्माकी चिकित्सा ॥

बहुत दोषयुक्त बलवान् यक्ष्मावालेकी वमन विरेचनादि पंच कर्मोंके द्वारा चिकित्सा करनी चाहिये परन्तु क्षीणशरीरवाले यक्ष्मारोगीको वमनादिक पांचों कर्म ... कारीहैं मनुष्योंका बल वीर्य्यके आधीन और जीवन मलके आधीन होताहै इ... तय यक्ष्मावालेके मल और वीर्य्यकी रक्षा यत्नपूर्वक करनी चाहिये ॥ १८९ ॥

शालिषष्टिकगोधूमयवमुद्गादयोहिताः।मद्यानिजांगलाःपक्षिमृगाः ... या विशुष्यताम् १९०
शालि,साठी, गेहूं, जौ और मूंगादिक,मद्य,जंगली पक्षी तथा मृगोंकेमांस राजय... मावालेको हितहैं१९०

सपिप्पलीकंसयवंसकुलत्थंसनागरम् । दाडिमामलकोपेतंस्निग्धमाजंरसंपिबेत् ॥ तेनषड्विनिवर्त्तन्तेविकाराःपीनसादयः । द्रव्यतोद्विगुणंमांसंसर्वतोऽष्टगुणंजलम् ॥ पादस्थंसंस्कृतञ्चाज्येषडंगोयूषउच्यते ॥ तथायवपल १। कुलत्थपल १। छागमांसपल४। जलपल४८।शेषपल १२। ततःपलमितेघृतेसंस्कारणीयम् । तत्रकर्षमितंसैन्धवंदेयम् । सौरभार्थंहिंगुदेयम् । पिप्पलीनागरञ्चपृथङ्माषमितंकल्कीकृत्यदेयम् । षडंगयूषः ॥१९१ ॥

जौ तथा कुलथी एक २ पल बकरेका मांस चारपल और जल ४८ पल इनसबको एकसाथ पाककरे जब १२ पल जल बाकीरहै तब १ पल घी डालकर उसका संस्कार करे और १ तोले सेंधानोन थोडीसी हींग और पीपल तथा सोंठ आमला और अनारकारस एक २ माशे मिलाकर इस मांसके रसको सेवन करे इससे पुष्टता होती है और पीनसआदिक रोग नष्ट होते हैं इति षडंगयूष ॥ १९१ ॥

ककुभत्वक्नागबलावानरीबीजंविचूर्णितं पयसा । पीतंमधुघृतयुक्तंसहितंयक्ष्मादिकासहरम् ॥ छागमांसंपयश्छागंछागंसर्पिःसनागरम् । छागोपसेवीशयनंछागमध्येतुयक्ष्मनुत् ॥ मधुताप्यविडंगाश्मजतुलोहघृताभयाः । घ्नन्तियक्ष्माणमत्युग्रंसेव्यमानाहिताशिनः ॥ ताप्यंसुवर्णमाक्षिकम् । शर्करामधुसंयुक्तंनवनीतंलिहन्क्षयी । क्षीराशीलभतेपुष्टिमतुल्येचाज्यमाक्षिके ॥ १९२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एला... त्व...ल गु... करी और कवाँचके बीज इनके चूर्णको दूधकेसाथ... के ... व, घी और ॥ संचूर्ण... खानेसे यक्ष्मा और खांसी आदि रोगोंका नाश होताहै ... करीका दूध, ... बकरीका घी, बकरों के साथ रहना और बकरों में सोना इनसबसे रा... रोगका नाश होता है सोनामक्खी, बायबिडंग, शिलाजीत, लोहकी भस्म और हड इनसबको सहत और घी के साथ चाटने से और पथ्य भोजन करनेसे अत्यन्त उग्र राजयक्ष्माका नाश होताहै ... और सहत के साथ मक्खन ... कर दूधपीने से और समतासे रहित घी तथा सहतको चाटकर दूध पीनेसे राजयक्ष्मावाले... ता होती है ॥ १६२ ॥

सितोपलातुगाक्षीरी पिप्पलीबहुलात्वचः । अन्त्यादूर्ध्वंद्विगुणिताश्चूर्णितामधुसर्पिषा ॥ लेहयेद्राजरोगार्त्तं कासश्वासज्वरातुरम् । पार्श्वशूलिनमल्पाग्निसुप्तजिह्वंरुचिच्युतम् ॥ हस्तपादांगदाहेषु ज्वरेरक्तेतथोर्द्धगे । सितोपलामिश्री । बहुलासूक्ष्मैला । इति सितोपलादिरवलेहः ॥ १६३ ॥

मिश्री १६ भा० बंशलोचन ८ भा० पीपल ४ भा० छोटी इलायची दो भा० और दालचीनी १ भा० इनसबको सहत और घीके साथ चाटनेसे राजयक्ष्मा खांसी श्वास क्षय पसली की पीड़ा मंदाग्नि जिह्वा... हाथ पैर तथा शरीरका दाह ज्वर और ऊर्ध्वगत रक्त पित्तका नाश होताहै इति सितोपलादि ... वलेह ॥ १६३ ॥

जातीफलंविडंगानि चित्रकंतगरंतिलाः । तालीसंचन्दनंशुण्ठीलवंगमुपकुञ्चिका ॥ कर्पूरश्चाभयाधात्रीमरिचंपिप्पलीतुगा॥एषांत्र्यक्षसमाभागाश्चातुर्जातकसंयुताः॥ पलानिसप्तभृंगायाःसितासर्वसमामता । चूर्णमेतत्क्षयंकासंश्वासञ्चग्रहणीगदम् । अरोचकंप्रतिश्यायंतथाचानलमन्दताम् । एतान्रोगान्निहन्त्येववृक्षमिन्द्राशनिर्यथा ॥ इतिजातीफलाद्यंचूर्णम् ॥ १६४ ॥

जायफल, बायबिडंग, चीता, तगर, तिल, तालीस, चन्दन, सोंठ, लौंग, कालाजीरा, कपूर, हड, आमला, मिर्च, पीपल, बंशलोचन, दालचीनी, इलायची, तेजपात और नागकेशर यह सब तोले २ भर भांगरा ७ पल और सबके बराबर मिश्री इस चूर्ण के खानेसे क्षय, खांसी, श्वास, ग्रहणी, अरुचि, पीनस और मन्दाग्निका नाश होताहै इति जातीफलादि चूर्ण ॥ १६४ ॥

बालरोगाधिकारोक्तंतैलंलाक्षादियोजयेत्।अभ्यंगेयक्ष्मिणोनित्यंवृद्धवैद्योविशेषतः १६५

बालरोगों के अधिकार में कहाहुआ लाक्षादि तैल यक्ष्मावालेको वृद्धवैद्योंके उपदेशसे नित्य लगाना चाहिये ॥ १६५ ॥

वासकस्यरसप्रस्थंमाचिकासितशर्कराः।पिप्पल्याद्विपलंतावत्सर्पिषश्चशनैःपचेत्॥ तस्मिंल्लेहत्वमायातेशीतेक्षौद्रपलाष्टकम् । दत्वावतारयेद्वैद्योलीढोलेहोऽयमुत्तमः ॥ हन्त्येवराजयक्ष्माणंकासंश्वासंचदारुणम् । पार्श्वशूलंचहृच्छूलंरक्तपित्तंज्वरंतथा । वासावलेहः ॥ १६६ ॥

बांसे का रस तथा, मिश्री दोनों चौंसठ २ तोले और पीपल तथा घी आठ २ तोले इनसबको धीरे २ पाककरे जब अवलेह बनजाय तब शीतल होजानेपर बत्तीस तोले सहत डालकर चाटे इससे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

राजयक्ष्म, स्व... पसली तथा हृदयकी पीडा, रक्तपित्त और ...रका ...म् ॥ त्रिफ... त बांसा ... ॥ ... अथ व्यवायादिहेतुकशोषचिकित्सा ॥ ... त ॥ यथ...

व्य... षिणंक्षीणंरसमांसाज्यभोजनैः । सुकूलैर्मधुरैर्हृद्यैर्जीवनीयैरुपा... रसः मांसरा... सुकूलैर्हितैः ॥ १९७ ॥

मैथुनादिसे उत्पन्न राजयक्ष्माकी चिकित्सा ॥

मैथुनसे हुए राजयक्ष्मावालेकी चिकित्सा मांस रस घी मधुर हितकारा ...था हृदय को हितका भोजनोंसे और जीवनीयगणसे करनी चाहिये ॥ १९७ ॥

अथ शोकशोषचिकित्सा ॥

हर्षणैःश्वसनैःक्षीरैःस्निग्धैर्मधुरशीतलैः।दीपनैर्लघुभिश्चान्नैः... षरोगमुपाहरेत् १९८॥

शोकसे हुए राजयक्ष्माकी चिकित्सा ॥

हर्ष आश्वासवाक्य और दूध स्निग्ध मधुर शीतल हलकी तथा दीप... वस्तुओंकेद्वारा शोषसे हुए राजयक्ष्माकी चिकित्सा करनी चाहिये ॥ १९८ ॥

अथ व्यायामशोषचिकित्सा ॥

व्यायामशोषिणंस्निग्धैःक्षतक्षयहितैर्हिमैः।उपाचरेज्जीव... ...

व्यायामसे हुए राजयक्ष्माकी चिकित्सा ॥

स्निग्ध तथा शीतल वस्तुओंसे जीवनीयगण से और क्षत क्षय तथा कफ... चिकित्सा की विधिसे व्यायामसे होनेवाले राजयक्ष्माकी चिकित्सा करनी चाहिये ॥ १९९ ॥

अध्वशोषचिकित्सा ॥

आस्यासुखैर्दिवास्वप्नैःशीतैर्मधुरबृंहणैः । अन्नमांसरसाहारैरध्वशोषमुपाचरेत् २००॥

मार्गचलनेसे होनेवाले राजयक्ष्माकी चिकित्सा ॥

शीतल मधुर तथा धातुवर्द्धक अन्न तथा मांसके रसके भोजनसे सुखपूर्वक बैठानेसे और दिनमें सुलानेसे मार्ग चलनेसे होनेवाले राजयक्ष्मा की चिकित्साकरे ॥ २०० ॥

अथ व्रणशोषचिकित्सा ॥

व्रणशोषंजयेत्स्निग्धैर्दीपनैःस्वादुशीतलैः।ईषदम्लैरनम्लैर्वायूषमांसरसादिभिः २०१ ॥

व्रणसे हुए राजयक्ष्माकी चिकित्सा ॥

स्निग्ध दीपन मधुर तथा शीतल वस्तुओंसे कुछ खट्टे अथवा खटाई रहित यूषोंसे और मांस के रसादिकोंसे घावसे होनेवाले राजयक्ष्माकी चिकित्साकरे ॥ २०१ ॥

अथोरःक्षतचिकित्सा ॥

बलाश्वगन्धाश्रीपर्णीबहुपुत्रीपुनर्नवा । पयसानित्यमभ्यस्ताःशमयन्तिक्षतक्षयम् ॥ श्रीपर्णीकम्भारि । बहुपुत्रीशतावरी । इति बलादिचूर्णम् ॥ २०२ ॥

उरःक्षतकी चिकित्सा ॥

बरियारा, असगंध, गंभारी, सतावर और पुनर्नवा इनसबको दूधके साथ नित्य सेवन करने से उरःक्षतका नाश होता है इति बलादिचूर्ण ॥ २०२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एला[illegible]त्वे[illegible]पल्यर्द्धपलंपृथक् । सितामधूकखर्ज्जूर[illegible]ीका[illegible]चा[illegible]न्मि ताः॥ संचूर्ण्य[illegible]वटिकाःसम्प्रकल्पयेत्। अक्षमात्रांततश्चै[illegible]दिने॥ क्षतं[illegible]संस्वासा[illegible]कांवमिंभ्रमम्। मूर्च्छांमदंतृषांशोषंपार्श्वशू[illegible]॥ प्ली [illegible]माढ्यवातंचरक्तपित्तंस्वरक्षयम्। एलादिगुटिकाहन्तितृष्यासन्तर्पणी[illegible] इत्ये लादिगुटिका॥ २०३॥

इलायची, तेजपात[illegible] दालचीनी यह तीनों छः२माशे पीपल दो तोले शक्कर मुलहठी खजूर तथा दाख चार चार तोले इन सबको पीसकर सहतके साथ एक एक तोले की गोली बनावे एक गोली रोज खानेसे क्षत, क्षय, ज्वर, खांसी, श्वास, हिचकी, छर्दि, भ्रम, मूर्च्छा, मद, तृषा, शोष, पसलीकी पीडा, अरुचि, प्लीहा, आढ्यवात, रक्तपित्त, तथा स्वरभेद का नाश होताहै और वीर्य की वृद्धि तथा सन्तर्पण होताहै इति एलादि गुटिका॥ २०३॥

द्राक्षायाःप्रस्थमेकन्तुमधुकस्यपलाष्टकम्। पचेत्तोयाढ़केशुद्धेपादशेषेणतेनतु ॥ पलिकेमधुकद्राक्षेपिष्टेकृष्णापलद्वयम्। प्रदायसर्पिषःप्रस्थंपचेत्क्षीरेचतुर्गुणे॥ सिद्धेशीते पलान्यष्टौशर्कारायाःप्रदापयेत्। एतद्द्राक्षाघृतंसिद्धंक्षतक्षीणसुखावहम्॥ वातंपित्तंज्वरं श्वासंविस्फोटकहलीमकं कृच्छ्रप्रदरंरक्तपित्तञ्चहन्यान्मांसबलप्रदम् ॥ इति द्राक्षादि घृतम्॥ २०४॥

दाख ६४ तोले मुलहठी ३२ तोले इन दोनोंको २५६ तोले जलमें औटावे जब चौथाई बाकी रहै तब मुलहठी तथा दाख चारचार तोले और पीपल आठ तोले इनसबको पीसकर उसमें मिलावै और ६४ तोले घी और इसका चौगुना दूध डालकर इसका पाककरे जब पाक होकर शीतल होजाय तब ३२ तोले शक्कर मिलावे इस घृतके सेवनसे क्षत क्षीणवायु, पित्त, ज्वर, श्वास, विस्फोटक, हलीमक, प्रदर तथा रक्तपित्तका नाश होताहै और मांस तथा बलकी वृद्धि होतीहै॥ इति द्राक्षादिघृत॥ २०४॥

क्षीरेधात्रीचमञ्जिष्ठाक्षीरिणाञ्चतथारसैः । पचेत्समैर्घृतंप्रस्थंमधुरैःकर्षसम्मितैः॥ द्राक्षाद्विचन्दनोशीरैःशर्करोत्पलपद्मकैः । मधूककुसुमानन्ताकाश्मरीतृणसंज्ञकैः॥ प्रस्थार्द्धमधुनःशीतेशर्कराद्धतुलांतथा। पलार्द्धिकांश्चसञ्चूर्ण्यत्वगेलापद्मकेशरान्॥ विनीयतत्रसंलिह्यान्मात्रांनित्यंसुयन्त्रितः। अमृतप्राशमित्येतदश्विभ्यांपरिकीर्तितम्॥ क्षीरमांसाशिनांहन्तिरक्तपित्तंक्षतंक्षयम्। तृष्णारुचिश्वासकासच्छर्दिमूर्च्छाप्रमर्द्दनम्॥ मूत्रकृच्छ्रज्वरघ्नञ्चबल्यंस्त्रीरतिवर्द्धनम्। अमृतप्राशावलेहः॥ २०५॥

दूध, घी, आमलेकारस, मँजीठका रस, तथा क्षीरीवृक्षोंका रस यह सब चौंसठ २ तोले इनमें जीवक, दाख, दोनों चन्दन, खस, शक्कर, कमल, पद्माक, महुएके फूल, धमासा, गम्भारी, रोहित तृण इन सबका एक२तोले कल्क मिलाकर पाककरे पाकके शीतल होजानेपर ३२ तोले सहत २०० तोले शक्कर और दालचीनी, इलायची, तेजपात तथा नागकेशर यहसब दोदोतोले मिलावे यह अमृतप्राश अवलेह अश्विनीकुमारोंने बनायाहै इसको मात्राके अनुसार खाकर दूध तथा मांसका आहारकरने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

से रक्तपित्त, [illegible]रक्षत, क्षय, तृषा, अरुचि, श्वास, खांसी, छर्दि, मूर्च्छा, [illegible], ज्वर[illegible] बल तथा मैथुन शक्ति की वृद्धि होती है इति अमृत प्राश[illegible] ॥ २०५ ॥

य[illegible]मविदाहिहितंलघु । अन्नपानंनिषेव्यंस्यात्क्षतक्षीणैःसुखा[illegible] ॥ शोकं[illegible]क्रोधमसूयतांचत्यजेदुदारान्विषयान्भजेच्च । तथाद्विजातीन्त्रिद[illegible] इच[illegible]चपुण्याःशृणुयाद्‌द्विजेभ्यः ॥ २०६ ॥

उरःक्षतवाला मनुष्य शीतल, विदाहरहित, हितकारी, हलके तथा तृप्त[illegible] अन्नपानका सेवनकरे शोक, क्रोध, स्त्रीप्रसंग तथा ईर्षाका त्यागकरे उत्तम विषयोंका सेवनकरे[illegible] ब्राह्मण, देवता तथा गुरुओंका पूजन करे और ब्राह्मणोंसे पवित्र कथाओंको सुने ॥ २०६ ॥

राजयक्ष्मणिःरसाः ॥

रसभस्मामृतासत्वंलोहंमधुघृतान्वितम् । अमृतेश्वरनामायंषड्गुञ्जोराजयक्ष्मणि रसभस्ममारितोरसः । अमृतासत्वंगुडूचीसत्वम् । लोहंमारितम् । अमृतेश्वररसोराजयक्ष्मणिरसेन्द्रचिन्तामणौ ॥ २०७ ॥

राजयक्ष्मापररस ॥

पारेकीभस्म गिलोयकासत और लोहेकी भस्म इनको सहत और घी के साथ छः रत्तीखाने से राजयक्ष्माका नाश होताहै इति अमृतेश्वररस ॥ २०७ ॥

त्र्योंऽशोमारितात्सूतादेकोंऽशो हेमभस्मतः । एकोंऽशोमृत[illegible]ताम्रस्यशिलागंधश्चतालकम् ॥ प्रत्येकंभागयुग्मंस्यादेतत्सर्वंविचूर्णयेत् । वराटीः पूर[illegible]तेनछागीक्षीरेणटङ्कणम् ॥ पिष्ट्वातेनमुखंरुद्ध्वामृद्भाण्डेताश्चधारयेत् । कुप्यांपचेद्गजपुटेस्वांङ्गशीतंसमुद्धरेत् ॥ रसोराजमृगाङ्कोऽयंचतुर्गुञ्जःक्षयापहः । मरिचैरूनविंशत्याकणाभिर्दशभिस्तथा ॥ मधुनासर्पिषाचापिदद्यादेतंरसंभिषक् । अनेननश्यतिक्षिप्रंवातश्लेष्मभवःक्षयः ॥ इति राजमृगाङ्कोरसोराजयक्ष्मणिरसेन्द्रचिन्तामणौ ॥ २०८ ॥

पारेकी भस्म ३ भा० सोने तथा तांबेकीभस्म एक २ भा० मैनशिल गन्धक तथा हरिताल दोदो भा० इनसबको एकसाथ पीसकर कौडियों में भरदेवे फिर बकरीके दूध में सुहागेको पीसकर उस सुहागेसे कौडियोंके मुखको बन्दकरके मिट्टीके पात्रमें रखकर गजपुटमें पाककरे फिर शीतल होजाने पर निकालकर चाररत्तीरस उन्नीस मिर्च तथा १० पीपल घी और सहतके साथ खाय इसके द्वारा वात कफसे होनेवाले राजयक्ष्माका शीघ्रही नाश होताहै इति मृगांकरस ॥ २०८ ॥

शुद्धंसूतंद्विधागन्धंकुर्य्यात्खल्वेनकज्जलीम् । तयोःसमंतीक्ष्णचूर्णंमर्दयेत्कन्यकाद्रवैः ॥ द्वियाममातपेगोलंताम्रपात्रेनिधापयेत् ॥ आच्छाद्यैरण्डपत्रेणस्यादुष्णंयामयुग्मतः ॥ धान्यराशौन्यसेत्पश्चादष्टरात्रात्तदुद्धरेत् । सञ्चूर्ण्यगालयेद्वस्त्रैःसत्यंवारितरंभवेत् ॥ त्रिकटुत्रिफलैलाभिर्जातीफललवंगकैः । नवभागोन्मितैरेभिःसमैरेषरसोभवेत् । निष्कद्वयमितंनित्यंमधुनासहलेहयेत् । अयमग्निरसोनाम्नाकासक्षयहरःपरः ॥ इति अग्निरसःशार्ङ्गधरे । इति राजयक्ष्माधिकारः ॥ २०९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

...भाग इनदोनोंकी कजली करे फिर इनदोनोंकी ... भस्म मिलाकर घीक्वार ... समें घोटे और गोलासा होजानेपर तांबे के पात्रमें रख... धूप में सुखावे फिर रेंडके पत्तोंसे ढककर गरमही गरम उसको धान्यराशिमें रखदे ... के पीछे निकाल और पीसके कपडेमें छानले तब यह निस्सन्देह पानीमें तैरने लगताहै इसके उपरान्त त्रिकटु, त्रिफला, इलायची, जायफल तथा लौंग यह सब समभाग और इन सबकी बराबर यहरस ग्रहण करे और सहत के साथ चार चार माशे रोजखाय इस्से खांसी और राजयक्ष्माका नाश होता है इति अग्निरस इति राजयक्ष्माधिकार ॥ २०६ ॥

अथ कासाधिकारः । तत्रकासस्यनिदानसम्प्राप्तिपूर्व्वकंसामान्यलक्षणमाह ॥

धूमोपघाताद्रजसस्तथैवव्यायामरूक्षान्ननिषेवणाच्च । विमार्गगत्वादतिभोजनस्यवेगावरोधात्क्षवथोस्तथैवच ॥ प्राणोह्युदानानुगतःप्रदुष्टःसभिन्नकांस्यस्वनतुल्यघोषः । निरेतिवक्त्रात्सहसासदोषोमनीषिभिःकासइतिप्रदिष्टः ॥ सदोषस्तादृक्प्राणानिलरूपः २१० ॥

खांसीका अधिकार । खांसीका निदान संप्राप्तिपूर्व्वक सामान्य लक्षण ॥

मुख तथा नासिका में धुयें तथा धूलके जानेसे व्यायामसे रूखा अन्नखानेसे वेगों के तथा छींकके रोकनेसे और बहुत भोजनके अपने मार्ग के अनुसार पेटमें न जानेसे दोषसहित प्राणवायु उदानके साथ फूटे कांसेके समान शब्द करती हुई हठपूर्व्वक मुखसे निकलती है इसीको पण्डितलोग खांसी कहते हैं ॥ २१० ॥

संख्यामाह ॥

पञ्चकासाःस्मृतावातपित्तश्लेष्मक्षतक्षयैः । क्षयायोपेक्षिताःसर्वेबलिनश्चोत्तरोत्तरम् ॥ क्षयाय राजयक्ष्मणे ॥ २११ ॥

खांसी की संख्या ॥

खांसी ५ प्रकार की होती है जैसे वातज पित्तज कफज क्षतज और क्षयज यह पांचो उत्तरोत्तर बलवान् हैं इनकी उपेक्षा करनेसे राजयक्ष्मा रोग उत्पन्न होताहै ॥ २११ ॥

अथ पूर्व्वरूपमाह ॥

पूर्व्वरूपम्भवेत्तेषांशूकपूर्णगलास्यता । कण्ठेकण्डूश्चभोज्यानामवरोधश्चजायते ॥ कवलगिलनेकण्ठव्यथा ॥ २१२ ॥

खांसीका पूर्व्वरूप ॥

खांसी होनेके पहले गले तथा मुख में काँटेसे पडना गलेमें खुजली और भोजन करने के समय गलेमें पीडा यह लक्षण होते हैं ॥ २१२ ॥

अथ वातिकस्यरूपमाह ॥

हृच्छङ्खपार्श्वोदरमूर्द्धशूलीक्षामाननःक्षीणबलस्वरौजाः । प्रसक्तवेगस्तुसमीरणेन भिन्नस्वरःकासतिशुष्कमेव ॥ शङ्खोललाटैकदेशःशुष्कंश्लेष्मादिरहितम् ॥ २१३ ॥

वातज खांसीके लक्षण ॥

वातज खांसीमें हृदय शङ्ख (शिरकी हड्डियां) पसली उदर तथा शिरमें पीडा मुखमें क्षीणता बल स्वरतथा ओजकीक्षीणताऔरवेगपूर्व्वक स्वरभेदसहित सूखी खांसीआना यह लक्षण होते हैं २१३

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पैत्तिकस्यरूपमाह ॥

उरः... ॥ ...क्तशोषैरभ्यर्दितस्तिक्तमुखस्तृषार्त्तः। पित्तेनपीता...मेत्कटूनि...से त्सपाण्...दिह्यमानः । सपाण्डुःपाण्डुरोगयुक्तः ॥ २१४ ॥

पित्तज खांसीके लक्षण ॥

छातीमें दाह ज्वर मुखकासूखना तथा तिक्तता तृषा शरीरमें दाह पांडुवर्ण और खांसीमें पीले तथा कडुए कफका गिरना यह पित्तज खांसीके लक्षणहैं ॥ २१४ ॥

श्लैष्मिकस्यरूपमाह ॥

प्रलिप्यमानेनमुखेनसीदन्शिरोरुजार्त्तःकफपूर्णदेहः । अभक्तरुग्गौरवकण्डुयुक्तः कासेद्भृशंसान्द्रकफःकफेन ॥ प्रलिप्यमानेनेमुखनेश्लेष्मलिप्तेनमुखेनोपलक्षितः । अभक्तरुक्नभक्तेरुक्रुचिर्यस्यसःकण्डूकण्ठएवच ॥ २१५ ॥

कफज खांसीके लक्षण ॥

मुखका कफके लिपा रहना, शिरमें पीड़ा, देहमें कफभरा हुआसा मालूम पड़ना, भोजनमें अरुचि भारीपन गलेमें खुजली और खांसीमें बहुत गाढे कफका निकलना यहकफज खांसीके लक्षणहैं २१५॥

क्षतकासस्यनिदानपूर्विकांसम्प्राप्तिमाह ॥

अतिव्यवायभाराध्वयुद्धाश्वगजनिग्रहैः । रूक्षस्योरःक्षतंवायुर्गृहीत्वाकासमावहेत् ॥ अश्वगजयोर्निग्रहोदमनम् ॥ २१६ ॥

उरःक्षतकी खांसीका निदान और संप्राप्ति ॥

बहुत मैथुन भार उठाना मार्गगमन युद्ध और हाथी तथा घोडेका रोकना इनकारणोंसे वात रूखे पुरुषके उरःक्षत उत्पन्न करके खांसीको उत्पन्न करतीहै ॥ २१६ ॥

लक्षणमाह ॥

सपूर्वंकासतेशुष्कंततःष्ठीवेत्सशोणितम् । कण्ठेनकूजतात्यर्थंविभग्नेनेवचोरसा ॥ सूचीभिरिवतीक्ष्णाभिस्तुद्यमानेनशूलिना । दुःखस्पर्शेनशूलेनभेदपीडाभितापिना ॥ पर्वभेदज्वरश्वासतृष्णावैस्वर्यपीडितः । पारावतइवाकूजन्कासवेगात्क्षतोद्भवात् ॥ कण्ठेनेत्युपलक्षणेतृतीयाएवमुरसेति ॥ २१७ ॥

क्षतजखांसीका लक्षण ॥

उरःक्षतकी खांसीमें पहले सूखी खांसी आतीहै फिर रुधिर सहित थूक निकलताहै गले में बहुत पीडाहोतीहै छातीमें टूटनेके समान तथा सुई गडने के समानपीडा तथा स्पर्शकी असह्यता होतीहै शूल तथा टूटनेकीसी पीडासे व्याकुलता होतीहै पोरुओं का टूटना ज्वर श्वास तृषा तथा स्वरभङ्ग होताहै और खांसीके वेगमें कबूतरके समान गलेसे शब्द निकलताहै यह लक्षण होते हैं ॥ २१७ ॥

क्षयकासस्यनिदानपूर्विकांसम्प्राप्तिमाह ॥

विषमासात्म्यभोज्यातिव्यवायाद्वेगनिग्रहात् । घृणिनांशोचतांनृणांव्यापन्नेऽग्नौत्रयोमलाः ॥ कुपिताःक्षयजंकासंकुर्य्युर्देहक्षयप्रदम्। घृणिनांविचिकित्सायुक्तानां ॥ २१८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्षयज खांसीकी निदानपूर्व्वक संप्राप्ति ॥

विषम तथा असात्म्य भोजन अत्यन्त मैथुन मलमूत्रादि वेगोंका रोकना [illegible] तैल [illegible] केद्वारा अग्निके बिगडने पर तीनों दोष कुपित होकर देहकी क्षय करनेवाली क्षयज [illegible] खांसी को उत्पन्न [illegible]त ९ २१८ ॥

लक्षणमाह ॥

सगात्रशूलज्वरमोहदाहप्राणक्षयञ्चोपलभेत्सकासी । शुष्कंविनिष्ठीवतिनिर्बलस्तुप्रक्षीणमांसोरुधिरंप्रपूयम् । तंसर्वलिंगंभृशदुश्चिकित्स्यंचिकित्सितज्ञाःक्षयजंवदन्ति २१९॥

क्षयकी खांसीका लक्षण ॥

शरीरमें पीड़ा, ज्वर, मोह, दाह, निर्बलता, देहका सूखना, मांसकी क्षीणता तथा पीपसहित रुधिरका थूकना और प्राणक्षय यह क्षयकी खांसी के लक्षणहैं इन सब लक्षणों से युक्त इस खांसीको वैद्यलोग अत्यन्त कठिनतासे चिकित्सा करने के योग्य कहते हैं ॥ २१९ ॥

असाध्यसाध्ययाप्यत्वमाह ॥

इत्येषक्षयजःकासःक्षीणानांदेहनाशनः । साध्योबलवतांवास्याद्याप्यस्त्वेवंक्षतोत्थितः ॥ एवंक्षतोत्थितःक्षीणानामसाध्यः । बलवतांसाध्योयाप्योवास्यात् ॥ नवौकदाचित् सिध्येतामपिपादगुणान्वितौ सिध्येतांक्षतजक्षयजौसद्वैद्यः सद्भेषजःसत्परिचारकयुक्तस्यसदातुरस्यजातौ ॥ "स्थविराणांजराकासःसर्वोयाप्यःप्रकीर्त्तितः" स्थविराणांजराकासःवृद्धानांयःकासोभवतिसजराकाससंज्ञःससर्वएववातजादिरपियाप्यः ॥ २२० ॥

साध्य असाध्य और याप्य लक्षण ॥

क्षयकी खांसी क्षीण मनुष्योंको असाध्य और बलवानोंको साध्य अथवा याप्य होती है क्षत तथा क्षयसे हुई खांसी जो थोडेदिनकी होय और सद्वैद्य उत्तम औषध अच्छा परिचारक तथा वैद्यकी आज्ञा माननेवाला रोगीहोय तो कभी कभी साध्य होतीहै वृद्धपुरुषोंकी खांसीको जरा कास कहते हैं वह वातज आदिक सब याप्यहैं ॥ २२० ॥

त्रीन्पूर्वान्साधयेत्साध्यान्पथ्यैर्याप्यांस्तुयापयेत् । स्वल्पोऽपिकासःउपेक्षणीयोनभवति ॥ किन्तुशीघ्रंप्रतिकरणीयइत्याह । ज्वरारोचकहल्लासस्वरभेदक्षयादयः ॥ भवन्त्युपेक्षयायस्मात्तस्मात्तांत्वरयाजयेत् ॥ २२१ ॥

वातज, पित्तज तथा कफज यह तिन प्रकारकी खांसी साध्यहैं इसलिये इनकी चिकित्सा करनी चाहिये और याप्य खांसीको पथ्यकेद्वारा रोकेरहै थोडीसीभी खांसीकी उपेक्षा न करे किन्तु शीघ्रही उसका यत्नकरे क्योंकि कहागयाहै कि खांसीकी उपेक्षा करने से ज्वर, अरुचि, मतली, स्वरभेद और क्षय आदिक रोग उत्पन्न होतेहैं इसलिये शीघ्रही उसकी चिकित्सा करनी चाहिये ॥ २२१ ॥

अथ कासस्यचिकित्सा ॥ तत्रवातकासस्य चिकित्सा ॥

वास्तुकोवायसीशाकंमूलकंसुनिषण्णकम् । स्नेहास्तैलादयोभक्ष्यास्तथेक्षुरसगौड़िकाः ॥ दध्यारनालाम्लफलंप्रसन्नापानमेवच । शस्यतेवातकासेषुस्वाद्वम्ललवणानिच ॥ वायसीशाकंमाचीकवैयाइतिलोके । सुनिषण्णकंसिरुआइतिलोके ॥ शाकविशेषः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चांगेरी[illegible]षएणंचतुर्दलम्। शाकोजलान्वितेदेशेचतुष्पत्री[illegible]वोचयते॥ [illegible] पतियाइ[illegible]२२॥ वातकी खांसीकी चिकित्सा॥

बथुई, [illegible]या, मूली, चौपतिया, तेल आदिक स्नेह, ऊखका रस, गुड़के बने हुए भोजनके पद[illegible] आरनाल, खट्टेफल, पना और मधुर खट्टे और लवण रस युक्त पदार्थ वातज खांसी में हितकारी चौपतिया जलसहित स्थानमें उत्पन्न होताहै इसमें चांगेरी के समान चारपत्ते होतेहैं॥ २२२॥

ग्राम्यानूपोदकैःशालियवगोधूमषष्टिकान्। रसैर्माषात्मगुप्ता[illegible]षैर्वाभोजयेद्भिषक्॥ ग्राम्यानूपोदकैरसैरित्यन्वयः। आत्मगुप्ताकिवांचइतिलोके। दशमूलीकृताश्वासकासहिक्कारुजापहा। यवागूदीपनीवृष्यावातरोगविनाशिनी॥ रसःकर्कटकानांवाघृतभृष्टःसनागरः। वातकासप्रशमनःश्रृंगीमत्स्यास्युवायुनः॥ २२३॥

शालि धान्य, जौ, गेहूं और सांठी को जंगली अनूप देशके तथा जलके जीवों के मांसके साथ अथवा उर्द तथा किवांच के बीजके यूषके साथ भोजन करावे दशमूलके काढ़े से पाक कीगई यवागू श्वास, खांसी, हिचकी तथा वातरोगोंको नष्ट करती है और वीर्य्य तथा अग्निको बढ़ाती है केकडा अथवा सींगवाली मछली का रस घीमें परिपाक किया हुआ सोंठके साथ खानेसे वातकी खांसी का नाश होताहै॥ २२३॥

अथ पित्तकासस्य चिकित्सा॥

कण्टकारीयुगंद्राक्षावासाकर्चूरबालकैः। नागरेणचपिप्पल्याक्कथितंसलिलंपिबेत्॥ शर्करामधुसंयुक्तंपित्तकासहरंपरम्॥ २२४॥

पित्तकी खांसीकी चिकित्सा॥

दोनों भटकटैया, दाख, बांसा, कपूर, सुगन्धबाला, सोंठ और पीपल इनके काढ़े में शक्कर और सहत डालकर पीनेसे पित्तकी खांसीका नाश होताहै॥ २२४॥

अथ कफकासस्यचिकित्सा॥

पिप्पलीकट्फलंशुण्ठीश्रृंगीभार्ङ्गीतथोषणम्। कारवीकण्टकारीचसिन्दुवारोयवानिका॥ चित्रकोवासकश्चैषांकषायंविधिवत्कृतम्। कफकासविनाशायपिबेत्कृष्णारजोयुतम्। पिप्पल्यादिक्काथः॥ २२५॥ कफकी खांसीकी चिकित्सा॥

पीपल, कायफल, सोंठ, काकडासिंगी, भारंगी, मिर्च, कालाजीरा, भटकटैया, निर्गुण्डी, अजवाइन, चीता और बांसा इनसबका विधिपूर्व्वक क्काथ बनाकर पीपलका चूर्ण मिलाकर पीने से कफकी खांसीका नाश होताहै इति पिप्पल्यादि क्काथ॥ २२५॥

क्षतजकासचिकित्सा॥

इक्षिवक्षुवालिकापद्मम्मृणालोत्पलचन्दनम्। मधुकंपिप्पलीद्राक्षालाक्षाश्रृंगीशतावरी॥ द्विगुणाचतुगाक्षीरीसितासर्वंचतुर्गुणा। लिह्यात्तन्मधुसर्पिर्भ्यांक्षतकासनिवृत्तये॥ इक्षुवालिकाइक्षुभेदः। चन्द्रइतिलोके। पद्मंपद्मकाष्ठंमृणालंविषंउत्पलंकमलंचन्दनमत्रधवलंचूर्णत्वात्श्रृंगीकर्कटश्रृंगीतुगाक्षारीवंशरोचनासाचेक्षोर्द्विगुणा॥ २२६॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उरःक्षतकी खांसीकी चिकित्सा ॥

ईख, इक्षुबालिका (एक प्रकारकी ईख) पद्माक, कमलकी डंडी, कमल, [illegible] तेन [illegible] नहठी, पीपल, [illegible]ख, लाख, काकडासिंगी, सतावरि यह सब समभाग और बंशलोचन [illegible] सबकी चौगुनी शक्कर इन सब औषधियों को मिलाकर सहत और घी के साथ चाटने से क्षत[illegible] खांसी का नाश होताहै ॥ २२६ ॥

अथ क्षयकासचिकित्सा ॥

चूर्णंकाकुभमिष्टंवृ[illegible]करसभावितंबहुवारान्। मधुघृतसितोपलाभिर्लेह्यंक्षयकासरक्तहरम् ॥ काकुभचूर्णंककुभचूर्णम् ॥ २२७ ॥

क्षयकी खांसीकी चिकित्सा ॥

अर्जुनकी छालके चूर्णमें अनेक बार बांसेके रसकी भावना देकर सहत घी और मिश्री के साथ चाटनेसे क्षयकी खांसी और रुधिर गिरनेका नाश होताहै ॥ २२७ ॥

अथ कासस्य सामान्य चिकित्सा ॥

ताप्यमानस्यकासेननासास्त्रावेस्वरेजड़े । क्षवथौगंधनासेचधूमपानंप्रयोजयेत् ॥ मनःशिलालमरिचमांसीमुस्तेंगुदैःपिबेत्। धूमंत्र्यहञ्चतस्यानुपयश्चसगुडंपिबेत् ॥ एष कासान्पृथग्द्वन्द्वसर्वदोषसमुद्भवान्। शतैरपिप्रयोगाणामसाध्यान्साधयेद्ध्रुवम् ॥ आलंहरितालं । बदरीदलमालिप्तंशिलयातपशोषितम् । तद्धूमपानंसक्षीरं महाकास निवारणम् ॥ २२८ ॥

खांसीकी सामान्य चिकित्सा ॥

खांसी के द्वारा नाक बहना, स्वरकी जडता तथा छींक उपस्थित होनेपर और सूंघने की शक्ति के न होनेपर धूम्रपान कराना चाहिये मैनशिल- हरिताल, मिर्च, जटामांसी, मोथा और हिंगोट इनके द्वारा तीन दिनतक धूम्रपान करे और धूम्रपान करके गुडसहित दूध पिये इस के द्वारा अलग अलग द्वन्द्वज सान्निपातज और सब प्रकार की असाध्य खांसी भी नष्ट होतीहैं मैनशिल से बेरकी पत्तियों पर लेप करके धूप में सुखावे और इनका धूम्र पान करके दूध पिये इससे बहुत बढ़ी हुई खांसीका नाश होताहै ॥ २२८ ॥

कण्टकारीकृतःक्वाथःसकृष्णःसर्वकासहा । कण्टकार्याःकणायाश्चचूर्णंसमधुकासहृत् २२९ ॥

भटकटैयाके काढेमें पीपलका चूर्ण मिलाकर पीनेसे सब प्रकारकी खांसीका नाश होताहै भटकटैया और पीपलके चूर्णको सहत के साथ चाटने से खांसीका नाश होताहै ॥ २२९ ॥

लवंगजातीफलपिप्पलीनांभागान्प्रकल्प्याक्षसमानमीषाम् । पलार्द्धमानंमरिचंप्रदेयं पलानिचत्वारिमहौषधस्य ॥ सितासमस्तेनसमाथचूर्णंरोगानिमानाशुबलान्निहन्ति । कासज्वरारोचकमेहगुल्मश्वासाग्निमान्द्यग्रहणीविकारान्॥समशर्करंचूर्णंवटिकावा २३०

लौंग, जायफल तथा पीपल यह सब तोले २ भर मिर्च दो तोले सोंठ १६ तो० और इन सब की बराबर शक्कर मिलाकर अथवा मोदक बनाकर खाने से खांसी, ज्वर, अरुचि, प्रमेह, बायगोला श्वास, मन्दाग्नि और ग्रहणीका नाश होताहै इति समशर्करचूर्णया बटिका ॥ २३० ॥

कुनटीसैन्धवंव्योषंविडंगामयहिंगुभिः। लेहःसाज्यमधुःकासश्वासहिक्कानिवारणः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हरीत[illegible]शुण्ठीमरीचंगुडसंयुतम्। कासश्लेष्मापहंप्रोक्तंपर[illegible]म[illegible]नम् २३[illegible]॥

मैनां[illegible]॥ [illegible] त्रिकटु, बायबिडंग, कूट और हींग इन सबको पीसकर सहत और घीके साथ चाटने [illegible] और हिचकीका नाश होताहै हड, पीपल, सोंठ और मिर्च इनके चूर्णको गुडके [illegible] रखनेसे खांसी तथा कफका नाश होताहै और अग्निकी बहुत वृद्धि होतीहै ॥ २३१॥

कर्षःकर्षांशपलंपलद्वयंस्यात्ततोऽर्द्धकर्षश्च । मरिचस्यपिप्पलीनांदाड़िमगुड़यावशूकानाम् ॥ सर्वौषधिभिरसाध्याःकासायेवैद्यनिर्मुक्ताः। अपिपूय[illegible]र्द्दयतांतेषामिदमौषधंपरमम् ॥ कर्षांशोऽत्रकर्षद्वयम् ॥ २३२॥

मिर्च १ तो० पीपल २ तो० अनारकी छाल ४ तो० गुड ८ तो० और जवाखार ६ माशे इनसब औषधियों को सेवन करनेसे सबप्रकारकी असाध्य खांसी भी नष्ट होतीहै और जिनको पीबकीवमन होतीहै उनके लियेभी यह औषधि हितकारी है ॥ २३२॥

मरिचंकर्षमात्रंस्यात्पिप्पलीकर्षसम्मिता । अर्द्धकर्षोयवक्षारःकर्षयुग्मञ्चदाडिमम्। एतच्चूर्णीकृतंयुञ्ज्यादष्टकर्षगुडेनहि। शाणप्रमाणांगुटिकांकृत्वावक्त्रेविधारयेत् ॥ अस्याःप्रभावात्सर्वेऽपिकासायान्त्येवसंक्षयम्। दाडिमफलत्वक्ग्राह्यंमरिचादिगुटिका॥२३३॥

मिर्च तथा पीपल एक एक तोला जवाखार ६ माशा अनारकी छाल २ तोला और गुड ८ तोले इन सबकी चार माशेकी गोली बनाकर मुखमें रखनेसे सब प्रकारकी खांसीका नाश होताहै इति मरिचादि गुटिका ॥ २३३ ॥

समूलवल्कच्छदकण्टकार्यास्तुलान्ततोद्रोणमितंजलञ्च । हरीतकीनांशतमेकपात्रे विपाच्यकुर्याच्चरणाम्बुशेषम्। तस्मिन्कषायेतनुवस्त्रपूतेहरीतकीभिःसहितंगुडस्य । तुलांविनिःक्षिप्यपचेत्सुपक्वमेतत्समुत्तार्यसुशीतलञ्च। पलंपलञ्चापिकटुत्रयञ्च तथाचतुर्जातपलंविचूर्ण्य । पलानिषट्पुष्परसस्यचापिविनिःक्षिपेत्तत्रविमिश्रयेच्च ॥ प्रयुज्यमानोविधिनैषलेहोयथाबलञ्चापियथानलञ्च । वातात्मकंपित्तकृतंकफोत्थं त्रिदोषजातान्यपिचत्रिदोषम्। क्षतोद्भवञ्चक्षयजञ्चकासं श्वासञ्चहन्यात्सहपीनसेन । यक्ष्माणमेकादशरूपमुग्रंहरीतकीयाभृगुणोपदिष्टा ॥ पुष्परसोमधु इतिभृगुहरीतकी ॥ २३४॥

जड पत्ती तथा पुष्प समेत भटकटैया ४०० तोला और १०० हड इन दोनों को १०२८ तोले जलमें पाक करके जब चौथाई बाकीरहै तब छानले फिर उसी काढ़े में ४०० तोले गुड और वही हड़ें डालकर पाककरे अच्छे प्रकार पाक होकर शीतल होजाने पर मिर्च, पीपल तथा सोंठ चारचार तोले दालचीनी, इलायची, तेजपात तथा नागकेशर चारचार तोले और सहत २४ तोले इन सब औषधियोंको उसमें मिलाकर खूब चलादेवे फिर अग्नि बलके अनुसार इनको सेवन करने से बातज, पित्तज, कफज, त्रिदोषज, क्षतज तथा क्षयजआदि सबप्रकारकी खांसी, श्वास, पीनस और संपूर्णलक्षणों से युक्त यक्ष्मा रोगका नाश होताहै इति भृगुहरीतकी ॥ २३४॥

कण्टकारीतुलांनीरद्रोणेपक्त्वाकषायकम्। पादशेषंगृहीत्वाचतत्रचूर्णानिदापयेत् ॥ पृथक्पलांशान्येतानिगुडूचीचव्यचित्रकौ । मुस्तकर्कटशृंगीचत्र्यूषणंधन्वयासकः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भार्ङ्गीरास्नाशटी ... वशर्करापलविंशतिः । प्रत्येकंचपलान्यष्टौप्रदद्यात् ... तैल ... पक्त्वा लेहत्वमानीतेशीतेमधुपलाष्टकम् । चतुर्भागन्तुगाक्षीर्य्याःपिप्पलीच ... ॥ क्षिप्त्वानिदध्यात्सुदृढेमृन्मयेभाजनेशुभे । लेहोऽयंहन्तिहिक्कार्त्तिकासश्वासा ... ॥ कण्टकार्य्यवलेहः इतिकासाधिकारः ॥ २३५ ॥

४०० तोले भटकटैया ... १०२४ तोले जलमें पाककरके चौथाईबाकी रहनेपर उतारले फिर गिलोय, चव्य, चीता, मोथा, काकडासिंगी, सोंठ, पीपल, मिर्च, जवासा, भारंगी, रासना तथा कचूर इन सबको पीसके चार चार तोले शक्कर, अस्सी तोले घी तथा तेल बत्तीस २ तोले इनसब औषधियोंको उस में मिलाकर पाककरे फिर अवलेहसा बनकर शीतल होजानेपर सहत ३२ तोले और बंशलोचन तथा पीपल सोलह २ तोले मिलाकर मट्टी के पात्रमें रखछोड़े इस अवलेहके सेवनसे हिचकी, खांसी तथा श्वासका नाश होताहै इति कंटकादिअवलेह इतिकासाधिकार ॥ २३५ ॥

अथ हिक्काधिकारस्तत्रहिक्काया विप्रकृष्टंनिदानमाह ॥

विदाहिगुरुविष्टंभिरूक्षाभिष्यन्दिभोजनैः । शीतपानाशनस्नानरजोधूमातपानिलैः॥ व्यायामकर्मभाराध्ववेगाघातापतर्पणैः । हिक्काश्वासश्चकासश्चनृणांसमुपजायते ॥ अपतर्पणमनशनादि ॥ २३६ ॥

अब हिचकीका अधिकार हिचकीके दूरवाले कारण ॥

विदाही, भारी, विष्टंभी, रूखी, शीतल तथा अभिष्यन्दी वस्तुओंके भोजनसे शीतल जल पीनेसे शीतल जलमें स्नानकरनेसे नासिकामें धूल तथा धुएंके जानेसे धूप तथा वायुके सेवनसे व्यायाम भार लेचलना मार्गगमन तथा मल मूत्रादि वेगोंके रोकनेसे और व्रत आदिकों से मनुष्यों को हिचकी श्वास और खांसी उत्पन्न होतीहै ॥ २३६ ॥

संप्राप्तिमाह ॥

वायुःकफेनानुगतःपञ्चहिक्काःकरोतिहि । अन्नजांयमलांक्षुद्रांगम्भीरांमहतीन्तथा २३७॥

हिचकीकी संप्राप्ति ॥

कफके साथ मिलीहुई वात पांच प्रकार की हिचकियों को उत्पन्न करतीहै जैसे अन्नजा, यमला, क्षुद्रा, गंभीरा और महती ॥ २३७॥ सामान्यलक्षणमाह ॥

मुहुर्मुहुर्वायुरुदेतिसस्वनोयकृत्प्लिहान्त्राणिमुखादिवाक्षिपन्।सदोषवानाशुहिनस्त्यसून्यतस्ततस्तुहिक्केत्यभिधीयतेबुधैः ॥ वायुरत्रसोदानप्राणोबोद्धव्यः । उदेतिऊर्ध्वंयातिश्वसनःहिगितिशब्दवान्। ऊर्ध्वंगमनंविशिनष्टियकृदित्यादिप्लिहइतिशब्दोऽप्यस्तिदीर्घत्वविकल्पात्।मुखादितिल्यब्लोपे पञ्चमी तेनयकृत्प्लीहान्त्राणिमुखमानीयअक्षिपन् निःसारयन्इवेत्यर्थःवायुः दोषवान्दोषोऽत्रकफःतद्वान्वायुःकफेनानुगतइतिसम्प्राप्तिःहिनस्तीतिहिक्कापृषोदरादित्वाद्रूपासिद्धिःहिगितिशब्दंकरोतीति ॥ २३८ ॥

हिचकीका सामान्य लक्षण ॥

कफ सहित प्राण तथा उदान वायु बारबार हिक् शब्द पूर्वक यकृत्प्लीहा तथा आंतोंको मानो

१ प्राणोदकान्नवाहीनिस्रोतांसिविकृतोनिलः । हिक्काः करोतिसंरुध्य तासां लिंगं पृथक् शृणु ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मुखमें [illegible] हुई [illegible] निकलती है इसमें शीघ्रही प्राणोंका नाश होता है [illegible]लिये पंडितलोग इसको [illegible] ॥ २३८ ॥ पूर्वरूपमाह ॥

क[illegible]ोरसोर्गुरुत्वञ्चवदनस्यकषायता । हिक्कानांपूर्वरूपाणिकुक्षेराटोपएवच ॥ [illegible] नस्यकषायतावातात् ॥ २३९ ॥

हिचकी का पूर्वरूप ॥

हिचकी होनेके पहले कंठ तथा हृदय में भारीपन मुख में कषैलापन और पेटमें गड़गड़ाहट का होना यह लक्षण होतेहैं ॥ २३९ ॥ अन्नजालक्षणमाह ॥

पानान्नैरतिसंभुक्तैःसहसापीडितोऽनलः । हिक्कयत्यूर्ध्वगोभूत्वातांविद्यादन्नजांभिषक् ॥ अनिलः प्राणोवायुः ॥ २४० ॥

अन्नजा हिचकी के लक्षण ॥

बहुत अन्न पानके सेवन से कुपित हुई प्राण वायु ऊर्ध्वगामी होकर हिचकी को उत्पन्न करता है इसको अन्नजा कहते हैं ॥ २४० ॥ यमलालिङ्गमाह ॥

चिरेणयमलैर्वेगैर्याहिक्कासम्प्रवर्त्तते । कम्पयन्तीशिरोग्रीवांयमलांतांविनिर्दिशेत् २४१॥

यमला हिचकी के लक्षण ॥

जो हिचकी देर देरमें एक साथ दोबार आतीहै और शिर तथा ग्रीवामें कम्प होताहै उसको यमला कहते हैं ॥ २४१ ॥ क्षुद्रामाह ॥

प्रकृष्टकालैर्यावेगैर्मन्दैःसमभिवर्त्तते । क्षुद्रिकानामसाहिक्का जत्रुमूलंप्रधावति ॥ प्रकृष्टकालैश्चिरेण । जत्रुःकक्षोरसोःसन्धिः ॥ २४२ ॥

क्षुद्रा हिचकी का लक्षण ॥

जो हिचकी जत्रु (बगल और छाती की सन्धि) के मूलसे उठकर थोडेवेगके साथ देरमें आती है उसको क्षुद्रिका कहते हैं ॥ २४२ ॥ गंभीरामाह ॥

नाभिप्रवृत्तायाहिक्काघोरागम्भीरनादिनी । अनेकोपद्रववतीगम्भीरानामसास्मृता॥ अनेकोपद्रववतीतृष्णाज्वरादियुक्ता ॥ २४३ ॥

गंभीरा हिचकी का लक्षण ॥

जो हिचकी नाभिसे उठकर गंभीरशब्द के साथ आतीहै और तृषा तथा ज्वरादिक उपद्रवों के सहित होती है उसको गंभीरा कहते हैं ॥ २४३ ॥

महतीमाह ॥

मर्माण्युत्पीडयन्तीवसततंयाप्रवर्त्तते । महाहिक्केतिसाज्ञेयासर्व्वगात्रप्रकम्पिनी ॥ मर्माणिवस्तिहृदयशिरःप्रभृतीनि ॥ २४४ ॥

महती हिचकी के लक्षण ॥

जो हिचकी वस्ति हृदय तथा शिर आदि मर्मस्थलोंको पीडित करती हुई और सब अंगोंको कँपाती हुई लगातार आती है उसको महती कहते हैं ॥ २४४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

असाध्यत्वमाह ॥

आकम्पतेहिक्कतोयस्यदेहोदृष्टिश्चोर्ध्वंताम्यतेयस्यनित्यम् । क्षीणोऽन्नद्विट्क्षौतिय श्चातिमात्रंतौद्वौचान्त्यौवर्जयेद्धिक्कमानौ ॥ आकम्पतेविस्फूर्यतइवतौद्वाविति । यआकम्प तइत्यादिनानित्यमेवेत्यनेनैकोहिक्कमानः ॥ क्षीणइत्यादिनातिमात्रमित्यन्तेनापरः । तौद्वौ अन्त्यौचगम्भीरयामहतोहिक्कयाहिक्कमानौवर्जयेत् ॥ अपरञ्चअतिसञ्चितदोषस्यभक्त च्छेदकृशस्यच । व्याधिभिःक्षीणदेहस्यवृद्धस्यातिव्यवायिनः ॥ आसांयासासमुत्पन्नाहि क्काहन्त्याशुजीवितम् ॥ यमिकाचप्रलापार्त्तिमोहतृष्णासमन्विता ॥ २४५ ॥

असाध्य हिचकी के लक्षण ॥

जिस हिचकी में सम्पूर्ण शरीर कांपे नेत्र ऊपरको उठजायँ और मोहहोवे वह असाध्यहै जिस हिचकीमें क्षीणता अन्नमें अरुचि और वारंवार छींकहोय वह असाध्य है और गंभीरा तथा महती हिचकी भी असाध्यहैं और भी कहागया है कि दोषोंका बहुत इकट्ठा होना, अन्न में अरुचि, कृशता, रोगोंसे शरीरका क्षीण होना अथवा अत्यन्त मैथुन करना इन सबसे युक्त मनुष्योंकी हिचकी और परिश्रम से हुई हिचकी असाध्य होती है प्रलाप मोह और तृषा युक्त यमिका हिचकी असाध्य होती है ॥ २४५ ॥

साध्यत्वमाह ॥

अक्षीणश्चाप्यदीनश्चस्थिरधात्विन्द्रियश्चयः । तस्यसाधयितुंशक्यायमिकाहन्त्य तोऽन्यथा ॥ २४६ ॥

साध्य हिचकी के लक्षण ॥

क्षीणता तथा दीनतारहित और धातु तथा इन्द्रियोंकी स्थिरतावाले मनुष्य की यमिका हिचकी साध्य होती है और इसके विशेष असाध्य होती है ॥ २४६ ॥

हिक्कायाश्चिकित्सा ॥

यत्किञ्चित्कफवातघ्नमुष्णंवातानुलोमनम् । भेषजंपानमन्नंवाहिक्काश्वासेषुतद्धितम् ॥ हिक्काश्वासातुरेपूर्वंतैलाक्तेस्वेदइष्यते । ऊर्ध्वाधःशोधनंशस्तंदुर्बलेशमनंमतम् ॥ प्राणा वरोधतर्जनविस्मापनशीतवारिपरिषेकैः । चित्रैःकथाप्रयोगैःशमयेद्धिक्कांमनोऽभिघा तैश्च ॥ २४७ ॥

हिचकी की चिकित्सा ॥

कफ वातनाशक उष्ण और वात को अपने मार्ग के अनुसार करनेवाली औषध तथा अन्नपान हिचकी और श्वास में हितकारी है हिचकी और श्वासवाले को पहले तेल लगाकर स्वेद देना चाहिये फिर वमन विरेचन के द्वारा शुद्ध करना चाहिये और दुर्बल मनुष्यको शमन औषध देना चाहिये प्राणायाम तर्जना आश्चर्य्य करना शीतल जल से सींचना अनेक प्रकार की विचित्र कथा और मन के तोड़नेवाली क्रिया इन सबसे हिचकी निवृत्त होती है ॥ २४७ ॥

हिक्कार्त्तस्यपयश्छागंहितंनागरसाधितम् । मधुसौवर्चलोपेतंमातुलुंगरसंपिबेत् ॥ मधुकंमधुसंयुक्तंपिप्पलीशर्करान्विता । नागरंगुडसंयुक्तंहिक्काघ्नंनावनंत्रयम् ॥ प्रवाल शंखत्रिफलाचूर्णंमधुघृतप्लुतम् । पिप्पलीगैरिकञ्चेतिलिह्याद्धिक्कानिवारणः ॥ नैपाल्यागो विषाणाद्वाकुष्ठात्सर्जरसस्यवा । धूपंकशस्यवाकार्यंपिबेद्धिक्कोपशान्तये ॥ नैपालीमनः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शिला ... नःक्षिप्तहिंगुमाषभवोरजः । हिक्काःपञ्चापिहन्त्याशुधूमःपीतोनसंशयः॥ ह... णीनांश्चकाथोहिंगुसमन्वितः।हिक्काप्रशमनश्रेष्ठोधन्वन्तरिवचोयथा२४८

सोंठ के द्वारा पाकक्रियाहुआ बकरीका दूध अथवा सहत और काले नोनसे युक्त नींबूका... पीनेसे हिचकी निवृत्तहोती है सहतयुक्त मुलहठी का चूर्ण शक्कर सहित पीपलका चूर्ण अथवा गुड सहित सोंठका चूर्ण इनके द्वारा नासलेनेसे हिचकीका नाशहोताहै मूंगा, ..., त्रिफला और पीपल तथा गेरू इनके चूर्णको सहत और घीके साथ चाटनेसे हिचकीका नाशहोताहै मैनशिल तथा गौका सींग अथवा कूट तथा राल या कुशके द्वारा धूम्रपान करनेसे हिचकी नाशहोती है हींग और उर्दके चूर्ण को धूमरहित अङ्गारेपर छोड़कर उसके धुएंके पीनेसे पांचों प्रकारकी हिचकी का नाश होताहै मटर और पीपल के काढ़े में हींग डालकर पीनेसे हिचकीका नाशहोताहै यह धन्वन्तरि का वचनहै २४८॥

चन्द्रसूरस्यबीजानिक्षिपेदष्टगुणेजले । यदामृदूनिमृदूनीयात्ततोवाससिगालयेत् ॥ हिक्कातिवेगविकलस्तज्जलंपलमात्रया । पिबेत्पिबेत्पुनश्चापिहिक्कावश्यंप्रशाम्यति ॥ चन्द्रसूररसःइतिहिक्काधिकारः॥ २४९ ॥

चन्द्रसूर के बीजों को अठगुने जल में पाककरे जब चौथाई बाकी रहै तब धीरे २ कपड़े में छान ले इसको एक २ पल वारंवार पिये इससे बहुत वेगवालीभी हिचकी नष्टहोती है इति चन्द्रसूर रस इति हिक्काधिकार ॥ २४६ ॥

अथ श्वासाधिकारः । तत्र निदानमाह ॥

यैरेवकारणैर्हिक्कादेहिनांसम्प्रवर्त्तते । तैरेवबहुभिःश्वासोव्याधिर्घोरःप्रजायते ॥ श्वासस्यभेदानाह । महोर्द्ध्वच्छिन्नतमकक्षुद्रभेदैस्तुपञ्चधा ॥ भिद्यतेसमहाव्याधिःश्वास एकोविशेषतः॥ २५० ॥

श्वासका अधिकार श्वासका निदान ॥

जिनकारणोंसे हिचकी उत्पन्नहोती है उन्हींकारणों की अधिकतासे भयंकर श्वासरोग उत्पन्नहोता है महाश्वास, ऊर्ध्वश्वास, छिन्नश्वास, तमकश्वास और क्षुद्रश्वास यह श्वासके पांचभेद हैं॥ २५०॥

तस्यपूर्व्वरूपमाह ॥

प्राग्रूपंतस्यहृत्पीडाशूलमाध्मानमेवच । आनाहोवक्त्रवैरस्यंशङ्खनिस्तोदएवच २५१॥

श्वासका पूर्व्वरूप ॥

श्वासरोग उत्पन्नहोने के पहले हृदयमें पीड़ा, शूल, आध्मान, आनाह, मुखकी विरसता और शिर की हड्डियों में पीड़ा यह लक्षण होते हैं॥ २५१ ॥

सम्प्राप्तिमाह ॥

यदास्रोतांसिसंरुध्यमारुतःकफपूर्व्वकैः । विष्वग्व्रजतिसंरुद्धस्तदाश्वासान्करोति सः । विष्वग्व्रजतिसर्वतोविमार्गान्यातिसंरुद्धःकफेनरुद्धमार्गः॥ २५२ ॥

श्वासकी संप्राप्ति ॥

जब कफयुक्त वात स्रोतों को रोककरके और कफसे रुके हुए मार्गवाली होकर सब ओर अपने मार्गों से रहित होकर घूमती है तब श्वासरोग उत्पन्न होताहै ॥ २५२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

महा श्वासस्यलक्षणमाह ॥

ऊद्धूयमानवातोयःशब्दवद्दुःखितोनरः । उच्चैःश्वसितिसन्नद्धो [illegible] शम् ॥ प्रनष्टज्ञानविज्ञानस्तथाविभ्रान्तलोचनः । विष्टब्धाक्षाननोबद्धमूत्रवर्चाविशीर्णवाक् ॥ दीनःप्रश्वसितञ्चास्यदूराद्विज्ञायतेभृशम् । महाश्वासोपसृष्टस्तुक्षिप्रमेवविपद्यते ॥ ऊद्धूयमानवातः ऊर्द्ध्वंनीयमानोवातोयस्यसः शब्दवत् । सशब्दंयथास्यात् ॥ कीदृक्सशब्दस्तद्बोधयितुमाह । मत्तर्षभइव ॥ उच्चैःश्वसितीत्यन्वयःसन्नद्धःआनद्धःआनाहयुक्त इति यावत् । ज्ञानंशास्त्रम् । विज्ञानंतदर्थविनिश्चयः ॥ विशीर्णवाक्स्खलितवचनः । दीनःम्लानःमारकश्चायंमहाश्वासः ॥ २५३ ॥

महाश्वास का लक्षण ॥

जिस मनुष्यकी वायु ऊपर लेजाईगईहोकर मतवाले बैलकेसे शब्दके साथ निरन्तर क्लेश सहित निकलती है शास्त्रज्ञान तथा उसके अर्थजानने की शक्ति नष्ट होजाती है नेत्र चंचल होजाते हैं मुख तथा नेत्र खुले रहतेहैं मल मूत्र रुकजाताहै वचनशक्ति नष्टहोजाती है म्लानता तथा अफराहोताहै और श्वासदूरसे सुनाई देताहै उसको महाश्वास कहतेहैं महाश्वासवाला शीघ्रही मरजाताहै २५३ ॥

ऊर्द्ध्वश्वासमाह ॥

ऊर्द्ध्वंश्वसितियोऽत्यर्थंनचप्रत्याहरत्यधः । श्लेष्मावृतमुखस्रोताःक्रुद्धगन्धवहार्दितः ॥ ऊर्द्ध्वदृष्टिर्विपश्यंस्तुविभ्रान्ताक्षइतस्ततः । प्रमुह्यन्वेदनार्त्तश्चशुष्कास्योरतिपीडितः ॥ ऊर्द्ध्वश्वासेप्रकुपितेह्यधःश्वासोनिरुद्ध्यते । मुह्यतस्ताम्यतश्चोर्द्ध्वश्वासस्तस्यनिहन्त्यसून् ॥ सर्वेषुश्वासेषुऊर्द्ध्वश्वासोऽत्रअत्यर्थमितिविशेषः । नचप्रत्याहरत्यधःनश्वासमधःकरोति । श्लेष्मावृतेत्यादिश्लेष्मणावृतंयन्मुखंस्रोतांसिचतैःक्रुद्धोयोगन्धवहस्तेनार्दितः ॥ विपश्यन्इतस्ततोविकृतंयथास्यादेवंपश्यन् अधःश्वासोनिरुद्ध्यतेश्वासोनाधःप्रवर्त्ततइत्यर्थः । मुह्यतोमोहंप्राप्नुवतस्ताम्यतोग्लानिंप्राप्नुवतश्चऊर्द्ध्वश्वासः असून्प्राणान्हन्ति २५४ ॥

ऊर्ध्वश्वास का लक्षण ॥

जो मनुष्य अत्यन्त ऊपर को श्वास छोड़े नीचे को श्वास न खींचसके कफके द्वारा मुख और स्रोतके बन्द होजाने से कुपितहुई वायुके द्वारा पीड़ित होय ऊपर दृष्टिवाला भ्रमयुक्त नेत्रवाला इधर उधर देखे मोह पीड़ा तथा मुख के सूखने से पीड़ित होय और बेचैनी से व्याकुल होय उस का ऊर्ध्वश्वास कहतेहैं ऊर्ध्वश्वास के कुपित होने पर नीचे के श्वास रुक जाते हैं मोह तथा ग्लानि युक्त मनुष्य ऊर्ध्वश्वास में मरजाताहै ॥ २५४ ॥

छिन्नमाह ॥

यस्तुश्वसितिविच्छिन्नंसर्वप्राणेनपीडितः । नावश्वसितिदुःखार्तोमर्मच्छेदरुजार्दितः ॥ आनाहस्वेदमूर्च्छार्त्तोदह्यमानेनवस्तिना । विप्लुताक्षःपरिक्षीणःश्वसन्रक्तैकलोचनः ॥ विचेताःपरिशुष्कास्योविवर्णःप्रलपन्नरः । छिन्नश्वासेनविच्छिन्नःसशीघ्रंविजहा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त्यसून ॥ ...च्छिन्नःसविच्छेदंसर्वप्राणेनसर्वबलेनममर्मच्छेदरुजार्दितः ... हृदयशिरश्छेद वेदनये... ...ह्यमानेनवस्तिनाउपलक्षितः।विप्लुताक्षः अश्रुपूर्णनेत्रः ॥ विचेताः उद्विग्न... ...च्छिन्नश्वासेनविच्छिन्नः यस्तुश्वसितिविच्छिन्नमित्यादिलक्षणयुक्तोयःस्वरः छिन्नश्वासेनविच्छिन्नःपीडितोबोद्धव्यःमारकश्चायंछिन्नश्वासः ॥ २५५ ॥

छिन्नश्वास का लक्षण ॥

जो मनुष्य पीड़ित होकर पूरे बलसे ठहर ठहर कर श्वास लेवे अथवा श्वास न ले तथा कष्ट-युक्त होय हृदय तथा मस्तक में छेदने के समान पीड़ासे युक्त होय आनाह स्वेद मूर्च्छा तथा मूत्राशय में दाह से व्याकुल होवे अश्रुपूर्ण तथा रक्तवर्णनेत्र से युक्त होय बहुत क्षीणता से श्वास छोड़े उद्विग्नचित्त होवे और मुखका सूखना विवर्णता तथा प्रलापसे युक्त होय उसको छिन्नश्वासवाला जानना चाहिये इन लक्षणोंसे युक्त रोगी शीघ्रही मरजाताहै ॥ २५५ ॥

तमकश्वासमाह ॥

प्रतिलोमोयदावायुः स्रोतांसिप्रतिपद्यते । ग्रीवांशिरश्चसंगृह्यश्लेष्माणंसमुदीर्य्य च ॥ करोतिपीनसंतेनरुद्धोघुर्घुरकंतथा । अतीवतीव्रवेगेनश्वासंप्राणप्रपीडकम् । प्रताम्यतिसवेगेनत्रस्यतेसन्निरुध्यते । प्रमोहंकासमानश्चसगच्छतिमुहुर्मुहुः ॥ श्लेष्मणामुच्यमानेनभृशंभवतिदुःखितः । तस्यैवचविमोक्षान्तेमुहूर्त्तंलभतेसुखम् ॥ तथास्योद्ध्वंसतेकण्ठःकृच्छ्राच्छक्नोतिभाषितुम् । नचापिनिद्रांलभतेशयानःश्वासपीडितः ॥ पार्श्वेतस्यावगृह्णातिशयानस्यसमीरणः । आसीनोलभतेसौख्यमुष्णञ्चैवाभिनन्दति ॥ उच्छ्रिताक्षोललाटेनस्विद्यताभृशमार्तिमान् । विशुष्कास्योमुहुःश्वासोमुहुश्चैवावधम्यते ॥ मघाम्बुशीतप्राग्वातैःश्लेष्मलैश्चविवर्द्धते । सयाप्यस्तमकश्वासःसाध्योवास्यान्नवोत्थितः ॥ संगृह्यव्यथयासमुदीर्य्यवर्द्धयित्वा । पीनसंनासास्रावंतेनश्लेष्मणाघुर्घुरं घुर्घुरशब्दंप्राणप्रपीडकम् ॥ प्राणाधिष्ठानहृदयप्रपीडकम् । प्रताम्यतितमसिप्रविशतीववेगेनश्वासवेगेनसन्निरुध्यतेनिश्चेष्टोभवति । इति चरकः । सन्निरुध्यतेश्वासइतिजैयटः ॥ श्लेष्मणाऽमुच्यमानेनमुखंमुखमिवऊद्ध्वंसतेव्यथितोभवतिशयानःशयननिहिताङ्गोऽवगृह्णातिपीडयतिउष्णञ्चैवाभिनन्दति इत्यनेनतमकोवातकफारब्धइतिबोद्धव्यः ॥ उच्छ्रिताक्षोऽशूनाक्षःललाटेनस्विद्यताउपलक्षितः अवधम्यतेगजारूढस्येवसर्वगात्रञ्चाल्यते ॥ तमकस्यैवपित्तानुबन्धजनितज्वरादियोगेनप्रतमकसंज्ञामाह ॥ ज्वरमूर्च्छापरीतश्चविद्यात्प्रतमकंतुतम् ॥ २५६ ॥

तमकश्वास का लक्षण ॥

जब वायु उलटी होकर संपूर्ण स्रोतों में प्राप्त होतीहै और ग्रीवा तथा शिरमें पीड़ा करती हुई कफको बढ़ाकर पीनसको उत्पन्न करतीहै तब उस कफसे रुकीहुई वायु बहुत तीव्रवेग के साथ गले में घुरघुर शब्दपूर्वक हृदय में पीड़ाकारी श्वासरोगको उत्पन्न करती है इससे युक्त होकर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मनुष्य अन्धकार में घुसाहुआसा चेष्टा रहित तथा अत्यन्त तृषा से युक्त होताहै और खांसने से मोहको प्राप्त होताहै कफके न निकलने से बहुत दुःखित होताहै कफके निकलने से कुछदेर सुखको प्राप्त होताहै कंठमें पीड़ासे युक्त होताहै बहुत कष्ट से बोलसक्ता है श्वास से पीड़ित होने के कारण सोने से निद्रा नहीं आती है सोने से वायु के द्वारा पसलियों में पीडा होती है बैठने से कुछ सुख होताहै उष्ण वस्तु में इच्छा होती है नेत्रों में सूजन तथा शिरमें पसीना आता है मुखसूख जाताहै बहुत पीडा होती है बहुत श्वास आतेहैं और वारंवार हाथी पर सवार होने के समान शरीर काँपता है मेघ जल शीत पुरवाई हवा और कफकारी वस्तुओं से यह रोग बढ़ता है यह तमक श्वास याप्य है और नवीन होय तो कभी कभी साध्यभी होता है तमकश्वासवाले को जो ज्वर और मूर्च्छा होवे तो उसको प्रतमक जानना चाहिये ॥ २५६ ॥

तस्यैवापरलक्षणमाह ॥

उदावर्त्तरजोजीर्णक्लिन्नकायनिरोधजः । तमसावर्द्धतेऽत्यर्थंशीतलैश्चप्रशाम्यति ॥ मज्जतस्तमसीवास्यविद्यात्प्रतमकन्तुतम् । उदावर्त्तोरोगविशेषःरजोधूलिःअत्राजीर्णो न्नादिक्लिन्नंविदग्धंकायनिरोधःअंगायोगानांनिरोधःतस्मादुत्पन्नः । अथवाक्लिन्नकायःवृद्ध नरःनिरोधःवेगानान्तु ॥ २५७ ॥

प्रतमकश्वास का अन्य लक्षण ॥

उदावर्त्तरोग नासिका में धूलजाना, अजीर्ण, वृद्धावस्था तथा मलादि वेगों के रोकने से प्रतमक श्वास उत्पन्न होता है यह अन्धकारसे बहुत बढ़ता है और शीतल वस्तुओं से शान्त होताहै इस रोग से युक्त मनुष्य सदैव अन्धकार में घुसाहुआसा मालूम होता है इसको प्रतमकश्वास कहतेहैं २५७ ॥

क्षुद्रश्वासस्यलक्षणान्याह ॥

रूक्षायासोद्भवःकोष्ठेक्षुद्रोवातमुदीरयेत् । क्षुद्राश्वासोनसोऽत्यर्थंदुःखेनांगप्रबाधकः ॥ हिनस्तिनसगात्राणिनचदुःखोयथेतरे । नचभोजनपानानांनिरुणद्ध्युचितांगतिम् ॥ नेन्द्रियाणांव्यथांचापि काञ्चिदापादयेद्रुजम् । ससाध्यउक्तोबलिनःसर्वेचाव्यक्तलक्षणाः क्षुद्रःअल्पनिदानलिंगः उदीरयेत्ऊर्द्ध्वंगच्छेत् दुःखःदुःखप्रदःइतरेचत्वारःश्वासाः सर्वे महाश्वासादयोऽपि । अव्यक्तलक्षणाःसन्तःसाध्याः ॥ २५८ ॥

क्षुद्रश्वासका लक्षण ॥

रूखी वस्तुओं के सेवनसे और परिश्रम के द्वारा कोष्ठ में रहनेवाली वायु ऊर्ध्वगामी होकर थोड़े निदान तथा लक्षणवाले क्षुद्रश्वास को उत्पन्न करती है यह क्षुद्रश्वास अत्यन्त क्लेशकारी पीडा शरीर में नहीं उत्पन्न करता है शरीर को हीन नहीं करता अन्य श्वासों के समान दुःखदायी नहीं होता अन्नपान की यथोचित गतिको नहीं रोकता और इन्द्रियों में पीडा तथा अन्य रोगों को नहीं उत्पन्न करता है यह श्वास साध्य है और बलवान् पुरुषों के महाश्वास आदिक संपूर्ण श्वास जो अप्रकट लक्षणवाले होवें तो साध्यहैं ॥ २५८ ॥

श्वासानांसाध्यत्वादिकमाह ॥

क्षुद्रःसाध्यतमस्तेषांतमकःक्षुद्रउच्यते । त्रयःश्वासानसिध्यन्तितमकोदुर्बलस्यच ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कामंप्राणहरा रोगाबहवोनतुतेतथा । यथाश्वासश्चहिक्काचहरतः प्राणमाशुवै ॥ बहवोऽत्र ज्वरादयः । यथेमौश्वासहिक्केहरतोजीवमाशुते ॥ २५९ ॥

श्वास के साध्यासाध्य लक्षण ॥

क्षुद्र श्वास साध्य है तमक श्वास कष्टसाध्य है महाश्वास ऊर्ध्वश्वास तथा छिन्नश्वास ये तीनों असाध्य हैं और दुर्बल मनुष्य को तमकश्वास भी असाध्य है यद्यपि प्राणनाशक ज्वरादि अनेक रोग हैं परन्तु श्वास तथा हिचकी के समान शीघ्र प्राणनाशक और कोई रोग नहीं है २५९॥

अथ श्वासस्य चिकित्सा ॥

श्वासहिक्कातुरंप्रायःस्निग्धैःस्वेदैरुपाचरेत् । युक्तैर्लवणतैलाभ्यांतैरस्यग्रथितःकफः श्वासोविलयमायातिमारुतश्चोपशाम्यति । स्विन्नंज्ञात्वाततश्चैनंभोजयेच्चरसौदनम्॥ स्वरसंश्रृंगबेरस्यमाक्षिकेणसमन्वितम् । पाययेच्छ्वासकासघ्नंप्रतिश्यायकफापहम् ॥ श्रृंगबेरमार्द्रकं । प्रस्थंबिभीतकानामस्थिविनासाधयेदजामूत्रे ॥ अयमवलेहोलीढोमधुसहितःश्वासकासघ्नः ॥ देवदारुबलामांसीःपिष्ट्वावर्त्तिंप्रकल्पयेत् । तांघृताक्तांपिबेद्धूमं श्वासंहन्तिसुदारुणम् ॥ दशमूलीशटीरास्नापिप्पलीविश्वपौष्करैः । श्रृंगीतामलकीभार्गीगुडूचीनागराग्निभिः ॥ यवागूंविधिनासिद्धांकषायंवापिबेन्नरः । श्वासहृद्ग्रहपार्श्वार्त्तिहिक्काकासप्रशान्तये ॥ तामलकीभूम्यामलकी ॥ २६० ॥

श्वास की चिकित्सा ॥

श्वास तथा हिचकीवाले की प्रायः स्निग्ध स्वेदों से चिकित्सा करे नोन तथा तेलको मिलाकर स्वेद देनेसे लिपटा हुआ कफ तथा श्वास नष्ट होताहै और वायु शान्त होती है इस प्रकार स्वेद देकर मांस के रसके साथ भात खिलावै अदरक के रसमें सहत डालकर पीने से श्वास खांसी पीनस तथा कफ का नाशहोता है गुठली रहित ६४ तोले बहेडे को लेकर बकरी के मूत्र में पाक करे फिर इसको सहत के साथ चाटने से श्वास तथा खांसीका नाश होता है देवदारु, बरियारा तथा जटामांसी को समभाग लेकर पीसकर बत्ती बनावे फिर उसको घीमें डुबोकर उसका धूमपान करे इससे अत्यन्त भयंकर श्वासका नाश होताहै दशमूल, कचूर, रासना, पीपल, सोंठ, पुष्करमूल, काकडासिंगी, भुइँआमला, भारंगी, गिलोय सोंठ और चीता इन सबका काढ़ा अथवा इनके काढ़ेसे बनीहुई यवागू पीनेसे श्वास, हृदय के रोग, पसली की पीडा, हिचकी तथा खांसीका नाश होताहै ॥ २६०॥

दशमूलस्यवाक्काथःपौष्करेणावचूर्णितः । श्वासकासप्रशमनःपार्श्वशूलनिवारणः ॥ रम्भाकुन्दशिरीषाणांकुसुमंपिप्पलीयुतम् । पिष्ट्वातण्डुलतोयेनपीत्वाश्वासमपोहति ॥ श्रृङ्गीमहौषधकणाघनपौष्कराणां चूर्णं[1]शटीमरिचयोश्चसितविमिश्रम् । क्काथेनपीतममृतावृषपञ्चमूल्याः श्वासंत्र्यहेणविनिहन्तिहिघोररूपम् ॥ पञ्चमूलीतुसामान्यापित्तेयोज्याकनीयसी । महतीमारुतेदेयासैवदेयाकफाधिके ॥ कूष्माण्डकशिफाचूर्णंपीतंकोष्णेनवारिणा । शीघ्रंशमयतिश्वासंकासञ्चापिसुदारुणम् ॥ हरिद्रांमरिचंद्राक्षांकणांरास्नांशटींगुडम् । कटुतैलंलिहन्हन्याच्छ्वासान्प्राणहरानपि ॥ २६१ ॥

१ बहुषु पुस्तकेषु चूर्णं शटीमरिचयोश्चेतिपाठोदृश्यतइति ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दशमूल के काढ़ेमें पुष्करमूलके चूर्णको छोडकर पीनेसे श्वास, खांसी और पसली की पीडा का नाश होताहै केला, कुन्द और सिरस के फूलोंको पीसकर पीपल मिलाकर चावलोंके पानी के साथ पीने से श्वास का नाश होता है काकडासिंगी, सोंठ, पपिल, मोथा, पुष्करमूल, कचूर तथा मिरचको समभाग लेकर इनके चूर्ण में सबकी बराबर मिश्री मिलाकर गिलोय, बांसा और पंचमूल इनके काढ़ेके साथ पीने से तीन दिनमें अत्यन्त भयंकर श्वासका नाश होता है जो श्वास में पित्त की अधिकता होय तो छोटा पंचमूल और जो कफ तथा वात की अधिकता होय तो बडा पंचमूल लेना चाहिये कुंभडेकी जडके चूर्ण को कुछ गरम जलके साथ पीनेसे शीघ्रही अत्यन्त भयंकर श्वास तथा खांसीका नाश होताहै हल्दी, मिर्च, दाख, पीपल, रासना, कचूर और गुड इन सबको कडुयेतेल के साथ चाटने से प्राणनाशक श्वासका भी नाश होताहै ॥ २६१ ॥

शतंसंगृह्यभार्ग्यास्तुदशमूल्यास्तथाशतम् । शतंहरीतकीनाञ्चपचेत्तोयेचतुर्गुणे ॥ पादावशेषेतस्मिंस्तुरसेवस्त्रनिपीडिते । आलोड्यचतुलांपूतांगुडस्यत्वभयास्ततः ॥ पुनःपचेत्तुमृद्वग्नौयावल्लेहत्वमेतितत् । शीतेचमधुनस्तत्रषट्पलानिविनिःक्षिपेत् ॥ त्रिकटुत्रिसुगन्धञ्चपलमात्रंपृथक्पृथक् । यवक्षारंकर्षयुग्मंसञ्चूर्ण्यप्रक्षिपेत्ततः ॥ भक्षयेदभयामेकांलेहस्यार्द्धपलंतथा । श्वासंसुदारुणंहन्तिकासंपञ्चविधंतथा ॥ अर्शांस्यरोचकंगुल्मंशकृद्भेदंक्षयंतथा । स्वरवर्णप्रदोह्येषजठराग्नेश्चदीपनः ॥ नाम्नाभार्गीगुडःख्यातोभिषग्भिःसकलैर्मतः । भार्गीगुडः ॥ २६२ ॥

भारंगी, दशमूल और हड इनको चार २ सौ तोले लेकर चौगुने जलमें पाककरे जब चौथाई बाकी रहै तब उतार कर छानले फिर उसी जलमें ४०० तोले गुड और वही हर्डे मिलाकर मन्दाग्नि में पाककरे जब अवलेह बन जाय तब उतारले और शीतल होजानेपर सहत २४ तोले, सोंठ, पीपल, मिर्च, दालचीनी, इलायची तथा तेजपात चारचार तोले और जवाखार दो तोले यहसब उसमें मिलावै एक हड और दो तोले अवलेह प्रतिदिन खाय इससे भयंकर श्वास, पांच प्रकार की खांसी, बवासीर, अरुचि, गोला, मलभेद तथा क्षय का नाशहोताहै और स्वर, वर्ण तथा जठराग्निकी वृद्धि होती है इति भार्गी गुड ॥ २६२ ॥

अष्टाङ्गचूर्णसंयुक्तंछागक्षीरंप्रयोजयेत् । श्वासंकासान्वितंघोरंहन्यादेतन्नसंशयः ॥ दशमूलरसंदेयंश्वासनिर्मूलशान्तये । अवश्यमरणीयोयःजीवेद्वर्षशतंनरः ॥ २६३ ॥

अष्टांगचूर्ण के साथ बकरी का दूधपीने से खांसी सहित भयंकर श्वास का निस्सन्देह नाशहोता है श्वासके निर्मूल शान्तिकेलिये दशमूलका रस पीनाचाहिये इससे जिसकी मृत्यु अवश्यहोतीहै वहभी सौ वर्षतक जीताहै ॥ २६३ ॥

रसोगन्धोविषञ्चापिटङ्कणञ्चमनःशिला । एतानिकर्षमात्राणिमरिचंचाष्टकर्षकम् ॥ कटुत्रयंकर्षयुग्मंपृथगत्रविनिःक्षिपेत् । रसःश्वासकुठारोऽयंसर्वश्वासनिवारणः । इति श्वासकुठाररसः इतिश्वासाधिकारः ॥ २६४ ॥

पारा, गन्धक, विष, सुहागा और मैनशिल यहसब एक २ तोले मिर्च ८ तोले और सोंठ पीपल

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तथा मिर्च हो तोले इनसबको पीसकर सेवन करनेसे सब प्रकारके श्वासोंका नाश होताहै इति श्वास कुठार श्वासाधिकार ॥ २६४ ॥

अथ स्वरभेदाधिकारः । तत्रस्वरभेदस्यनिदानसम्प्राप्तिपूर्वकंलक्षणमाह ॥

अत्युच्चभाषणविषाध्ययनाभिघात सन्दूषणैःप्रकुपितापवनादयस्तु । स्रोतःसुतेस्वरवहेषुगताःप्रतिष्ठां हन्युःस्वरंभवतिचापिहिषड्विधःसः ॥ अध्ययनमुच्चैर्वेदादिपाठःअभिघातःकण्ठादिदेशेलगुडादिभिःएतैरत्युच्चभाषणादिभिश्चतुर्भिः संदूषणैरन्यैरपिनिजेर्दुष्टहेतुभिःस्रोतःसुस्वरवहेषुचतुर्षुप्रतिष्ठांस्थितिंगताःस्वरंहन्यु रितिलक्षणंसस्वरभेदःषड्विधः । वातपित्तकफसन्निपातक्षयमेदोभवभेदैः ॥ २६५ ॥

स्वरभेदका अधिकार स्वरभेदका निदान और संप्राप्तिपूर्वक लक्षण ॥

बहुत जोरसे बोलना,विषखाना,उच्चस्वरसे वेदआदिक पढ़ना और कंठादिकों में लाठी आदि चोट इन कारणों से कुपित वातादिक दोष स्वरके लेचलनेवाले चारों स्रोतोंमें स्थित होकर स्वरको बिगाडतेहैं स्वरभेद ६ प्रकारकाहै जैसे वातज,पित्तज,कफज,सन्निपातज क्षयज और मेदज॥२६५॥

तत्रवातिकस्वरभेदिनोलक्षणमाह ॥

वातेनकृष्णनयनाननमूत्रवर्चा भिन्नस्वरं वदतिगर्द्दभवत्खरञ्च । पित्तेनाह । पित्तेनपीतनयनाननमूत्रवर्चाब्रूयाद्गलेनसचदाहसमन्वितेन । गलदाहवचनसमयएवबोद्धव्यः । कफेनाह । ब्रूयात्कफेनसततंकफरुद्धकण्ठःस्वल्पंशनैर्वदतिचापिदिवाविशेषात्॥ दिवासूर्यरश्मिभिःकफस्याल्पीभावात् । सन्निपातेनाह । सर्वात्मकेभवतिसर्वविकारसम्पत्तञ्चाप्यसाध्यमृषयःस्वरभेदमाहुः । क्षयजमाह । धूम्येतवाक्क्षयकृतेक्षयमाप्नुयाच्चस्यादेवचापिहतवाक्परिवर्जनीयः । वाक्धूम्येतसधूमेवानिःसरतिदावंवाप्नुयाद्वागेव । मेदोभवमाह । अंतर्गलंस्वरमलक्ष्यपदंचिरेण । मेदोऽन्वयाद्वदतिदिग्धगलस्तृषार्तः । अन्तर्गलंगलस्यमध्यएवस्वरंवदति । दिग्धगलःमेदसाश्लेष्मणाचलिप्तगलः ॥ तृषार्त्तःमेदसोष्मणार्तवरोधात् ॥ २६६ ॥

वातज स्वर भेद के लक्षण ॥

वातज स्वरभेदमें नेत्र,मुख, मूत्र तथा मलमें कालापन और गधेकेसमान कर्कश तथा भंग स्वर निकलताहै पित्तज स्वरभेदमें नेत्र, मुख,मूत्र तथा मलमें पीलापन होताहै और बोलनेके समय गलेमें पीडाहोतीहै कफजस्वरभंग में गलेमें सदैव कफकेभरेरहनेसे बोलनेकी शक्ति कम होजातीहै और दिनमेंसूर्य्यकी किरणोंकेद्वारा कफके कमहोनेसे रात्रिकी अपेक्षा दिनमें धीरे २ कुछअधिक बोलाजाताहै सन्निपातज स्वरभंगमें तीनोंदोषोंके लक्षणहोतेहैं यह स्वरभेद असाध्य होताहै क्षयज स्वरभेदमें बोलनेकी शक्ति क्षीणहोकर धुएंसेयुक्त हुआसा वचन थोडा निकलताहै यह असाध्यहै मेदज स्वरभंगमें मेद तथा कफके द्वार कंठरुकाहुआसा मालूमहोताहै तृषा उत्पन्न होतीहै और गले के भीतर बहुतदेर में स्पष्टतारहित वचन बोलताहै ॥ २६६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

असाध्यत्वमाह ॥

क्षीणस्यवृद्धस्यकृशस्यचापिशिरोत्थितोयश्चसहोपजातः । ... समुद्भव इ... स्वरामयोनैवससिद्धिमेति ॥ क्षीणस्यक्षयरोगिणःकृशस्यअपुष्टस्य ॥ २६७ ॥

असाध्य स्वरभेदका लक्षण ॥

क्षयरोगी, वृद्ध, कृश तथा मेदवाले मनुष्यका स्वरभेद अथवा बहुतकालका पुराना या जन्मही से उत्पन्न हुआ और सन्निपातज स्वरभेद असाध्य होताहै ॥ २६७ ॥

स्वरभेदचिकित्सा ॥

वातादिजनितश्वासकासघ्नायेप्रकीर्त्तिताः । योगास्तानत्रयुञ्जीतयथादोषंचिकित्सकः॥ वातेसलवणंतैलंपित्तेसर्पिःसमाक्षिकम् । कफेसक्षारकटुकंक्षौद्रंकवलइष्यते ॥ गलेतालुनिजिह्वायांदन्तमूलेषुचाश्रितः । तेननिष्कृष्यतेश्लेष्मास्वरश्चाशुप्रसीदति ॥ आद्येकोष्णंजलंपेयंभुक्त्वाघृतरसौदनम् । क्षीराम्बुपानंपित्तोत्थेपिबेत्सर्पिरतन्द्रितः ॥ पिप्पलीपिप्पलीमूलंमरिचंविश्वभेषजम् । पिबेन्मूत्रेणमतिमान्कफजेस्वरसंक्षये ॥ २६८ ॥

स्वर भेदकी चिकित्सा ॥

वातादिदोषजनित श्वास तथा खांसी के नाश करनेवाले जो योग कहे गये हैं वही योग दोष के अनुसार स्वरभेदमें भी लेने चाहिये वातज स्वरभेदमें लवणयुक्त तेलके द्वारा पित्तजमें सहतयुक्त घी के द्वारा और कफज स्वरभेदमें जवाखार तथा त्रिकटुसमेत सहतके द्वारा ग्रास लेना चाहिये कंठ, तालु, जिह्वा तथा दांतोंकी जडमें लगालगाकर ग्रास मुखमें रखना चाहिये इससे कफ निकल जाताहै और स्वर उत्तम होजाताहै वातज स्वरभेद में घी तथा मांसके रसके साथ भात खाकर कुछ उष्ण जल पीना चाहिये पित्तज स्वरभेद में दूधमें जल मिलाकर पीना चाहिये और घी भी पीना चाहिये कफज स्वरभेदमें पीपल, पीपलामूल, मिर्च और सोंठको गौके मूत्रके साथ पिये ॥ २६८ ॥

निदग्धिकातुलाग्राह्यातदर्द्धंग्रन्थिकस्यतु । तदर्द्धंचित्रकस्यापिदशमूलञ्चतत्समम्॥ जलद्रोणद्वयेक्वाथ्यंगृह्णीयादाढकंततः। पूतेक्षिपेत्तदर्द्धन्तुपुराणस्यगुडस्यच ॥ सर्वमेकत्रकृत्वातुलेहवत्साधुसाधयेत् । अष्टौपलानिपिप्पल्यास्त्रिजातकपलंतथा ॥ मरिचस्यपलंचैकंसर्वमेकत्रचूर्णितम् । मधुनःकुडवंदत्वातदश्नीयाद्यथानलम् ॥ निदग्धिकावलेहोऽयंभिषग्भिर्मुनिभिर्मतः। स्वरभेदहरोमुख्यःप्रतिश्यायहरस्तथा ॥ कासश्वासाग्निमांद्यादीन्गुल्ममेहगलामयान् । आनाहमूत्रकृच्छ्राणिहन्याद्ग्रन्थ्यर्बुदानिच ॥ निदग्धिकावलेहः ॥ २६९ ॥

भटकटैया ४०० तोला पीपलामूल २०० तोला चीता तथा दशमूल सौ २ तोला इन सबको २०४८ तोले जलमें पाककरके २५६ तोले बाकी रहनेपर उतारकर छानलो फिर १२८ तोले पुराना गुड मिलायके अवलेहकासा पाककरे पाक होजानेपर पीपल ३२ तोले दालचीनी इलायची तेजपात तथा मिर्च चारचार तोले इन सबको पीसकर उसमें मिलावे और १६ तोले सहत मिलावे फिर अग्निके बलके अनुसार इसका सेवन करनेसे स्वरभेद, पीनस, खांसी, श्वास, मन्दाग्नि, गोला,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रमेह, गले रोग, आनाह, मूत्रकृच्छ्र, ग्रंथि और अर्बुद रोगका नाश होताहै इति निदग्धिकावलेह २६९

मृगना लालवंगकुसुमानिच। त्वक्क्षीरीचेतिलेह्योऽयंमधुसर्पिःसमायुतः॥ वाक्स्तम्भमुग्रंजयति स्वरभ्रंशसमन्वितम्। मृगनाभ्यादिरवलेहः॥ २७०॥

कस्तूरी, छोटी इलायची, लौंग और वंशलोचन इन सबको सहत और घीके साथ चाटनेसे स्वरभेद सहित अत्यन्त कठिन वाक्यस्तंभका नाश होताहै इति मृगनाभ्यादि अवलेह॥ २७०॥

ब्राह्मीवचाभयावासापिप्पलीमधुसंयुता। अस्यप्रयोगात्सप्ताहात्किन्नरैःसहगीयते॥ इति स्वरभेदाधिकारः॥ २७१॥

ब्राह्मी, वच, हड, अडूसा और पीपल इनको सहतके साथ सात दिन सेवन करनेसे मनुष्य किन्नरों के साथ गानेके योग्य होजाताहै इति स्वरभेदाधिकार॥ २७१॥

अथारोचकाधिकारः। तत्रसनिदानमरोचकमाह॥

वातादिभिःशोकभयातिलोभक्रोधैर्मनोघ्नाशनरूपगन्धैः। अरोचकाःस्युःपरिहृष्टदन्तः कषायवक्त्रश्चमतोऽनिलेन॥ अरोचकाःन भोजनेरुचिमुत्पादयन्तीत्यरोचकाव्याधयःपञ्चवातादिभेदैः। वातिकस्यलक्षणमाह। परिहृष्टदन्तःअम्लभक्षणेनेवपरिहृष्टोदन्तोयस्यसः। तथाकषायवक्त्रःकषायरसंवक्त्रंयस्यसः। पैत्तिकमाह। कट्वम्लमुष्णंविरसञ्चपूतिपित्तेनविद्याल्लवणञ्चवक्त्रम्। कट्वम्लमित्यादिनाविद्यादित्यनेनपैत्तिकस्यलक्षणमाहुः श्लैष्मिकमाह। यतोविदग्धश्लेष्मास्यलवणभावमुपैतिलवणञ्चवक्त्रम्। तथा माधुर्य्यं पैच्छिल्यगुरुत्वशैत्यस्निग्धत्वदौर्गन्ध्ययुतंकफेन। पैच्छिल्यंमुखस्याभ्यन्तरेस्निग्धत्वंबहिः। आगन्तुजमाह। अरोचकेशोकभयातिलोभक्रोधाद्यहृद्याशुचिगन्धजेस्यात्॥ स्वाभाविकञ्चास्यमथारुचिश्चत्रिदोषजेनैकरसंभवेत्तु। क्रोधादिशब्देनाहृद्ययोरशनरूपयोर्ग्रहणंस्वाभाविकञ्चअविकृतरसंत्रिदोषजमाह। नैकरसमनेकरसमास्यंस्यात्॥ २७२॥

अरुचिका अधिकार निदान सहित अरुचिका वर्णन॥

वातादिक दोष, शोक, भय, अतिलोभ, क्रोध, मनको अप्रियभोजन रूप तथा गन्धके द्वारा अरुचि उत्पन्न होतीहै वातज, पित्तज, कफज, सन्निपातज और आगन्तुक यह पांच प्रकारकी अरुचि होतीहै वातज अरुचिमें दन्तहर्ष (खटाई खायेसे हुए दांत) और मुखमें कषैलापन होताहै पित्तजअरुचिमें कटु, अम्ल तथा लवणरसयुक्त, उष्ण, विरस और दुर्गन्धित मुख रहताहै कफज अरुचि में मुख लवण तथा मधुररसयुक्त, सचिक्कण, भारी, शीतल तथा दुर्गन्धियुक्त रहताहै और मुखसे बाहर स्निग्धता होतीहै आगन्तुक अरुचिमें शोक, भय, अत्यन्त लोभ, क्रोधादिक और हृदयको अहितभोजन रूप तथा अपवित्र गन्धसे उत्पन्न हुए अरुचि रोगमें मुख स्वाभाविक रहताहै और भोजनमें अरुचिहोतीहै सन्निपातज अरुचिमें कषाय आदिक अनेक रस मुखमें मालूम पडतेहैं॥ २७२॥

वातजादिभेदेनमुखेविकृतिमभिधायान्यथाविकृतिमाह॥

हृच्छूलपीडनयुतंपवनेनपित्तात्तृड्दाहचोषबहुलंसकफप्रसेकम्। श्लेष्मात्मकंबहुरुजंबहुभिश्चविद्याद्वैगुण्यमोहजडताभिरथापरञ्च॥ हृच्छूलपीडनयुतं हृदिशूलेनपीडनं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तेनयुतम् । चोषःप्राइर्वस्थिताग्निनेवसन्तापः बहुभिः त्रिभिर्दोषैः ... कंवातादि रोगयुक्तं वैगुण्यंमनसोऽव्याकुलत्वं । जडताशून्यताअपरम् आगन्तुजम् ॥ २७३ ॥

वातज आदि भेदोंसे मुखके ... कारोंको कहकर अन्यप्रकारके विकारोंको कहतेहैं जैसेवातजअरुचि में हृदयकी पीडा से व्याकुलता होती है पित्तज अरुचिमें तृषा दाह तथा पास रक्खीहुई अग्निसे दाह के समान पीडाहोतीहै कफज अरुचिमें मुखसे कफ निकलताहै सन्निपातज अरुचि में कही हुई वातादि रोगोंकी सब पीडा होती हैं और आगन्तुक अरुचि में मनकी व्याकुलता मोह तथा जडता होतीहै ॥ २७३ ॥

भक्तद्वेषभक्तच्छन्दौचरकसुश्रुताभ्यामरोचकत्वेनैवसंगृहीतौ । वृद्धभोजस्तेषांलक्षणा निपृथगाह । प्रक्षिप्तन्तुमुखेचान्नंयत्रनास्वादतेनरः । अरोचकःसविज्ञेयोभक्तद्वेषमतःशृणु । आस्वादतेअन्नस्यमिष्टतां न प्राप्नोति । तदन्नंमिष्टं न लगतीतियावत् ॥ चिन्तयित्वा तुमनसादृष्ट्वास्पृष्ट्वातुभोजनम् । द्वेषमायातियोजन्तुर्भक्तद्वेषःसउच्यते ॥ कुपितस्यभया र्त्तस्यतथाभक्तनिरोधिनः । यत्रनान्नेभवेच्छ्रद्धासभक्तच्छन्दउच्यते ॥ २७४ ॥

चरक और सुश्रुत में भक्तद्वेष और भक्तच्छन्द को भी अरुचि में गिनाहै परन्तु वृद्धभोज ने इन के लक्षण अलग अलग कहेहैं जैसे जो भोजनकी वस्तु मुखमें रखनेसे उसकी मधुरता न मालूमपडे उसको अरुचि कहतेहैं किसी वस्तुको मनमें शोचकर देखकर अथवा सुनकर जो उसमें द्वेष होजाताहै उसको भक्तद्वेष कहते हैं क्रोधयुक्त भयभीत अथवा भक्तिरहित मनुष्यकी जो अन्न में श्रद्धा न होय तो उसे भक्तच्छन्द कहतेहैं ॥ २७४ ॥

अथारोचकस्यचिकित्सा ॥

भोजनाग्रेसदापथ्यंलवणार्द्रकभक्षणम् । रोचनंदीपनंवह्नेर्जिह्वाकण्ठविशोधनम् ॥ शृंगबेररसंवापिमधुनासहयोजयेत् ॥ अरुचिश्वासकासघ्नंप्रतिश्यायकफापहम् ॥ २७५ ॥

अरुचिकी चिकित्सा ॥

भोजनके पहले सेंधानोन के साथ अदरक सदैव खानी चाहिये यह रुचिकारी,अग्नि दीपक और जिह्वा तथा कंठकी शोधकहै अदरकके रसमें सहत डालकर सेवन करने से अरुचि, श्वास, खांसी, जुकाम तथा कफ का नाश होताहै ॥ २७५ ॥

पक्काम्लीकासिताशीतवारिणावस्त्रगालिता । एलालवङ्गकर्पूरमरिचैरवधूलिता ॥ पानकस्यास्यगण्डूषंधारयित्वामुखेमुहुः । अरुचिंनाशयत्येषपित्तंप्रशमयेत्तथा ॥ अम्लीकापानम् ॥ २७६ ॥

पक्की इमली तथा शक्कर को शीतल जलमें घोलकर वस्त्र में छाने फिर उसमें इलायची, लौंग, कपूर तथा मिर्च मिलावे इस पन्ने के वारंवार कुल्लेकरने से अरुचिका नाशहोकर पित्तकी शान्ति होतीहै इति अम्लिकापान ॥ २७६ ॥

राजिकाजीरकौभृष्टौभृष्टंहिंगुसनागरम् । सैंधवंदधिगोःसर्वंवस्त्रपूतंप्रकल्पयेत् ॥ तावन्मात्रं क्षिपेत्तत्रयथास्याद्रुचिरुत्तमा । तक्रमेतद्भवेत्सद्योरोचनंवह्निवर्द्धनम् ॥ तक्रंतुगव्यम् २७७

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

राई, जीरा [illegible] भूनकर चूर्णकरे और सेंधानोन तथा सोंठ मिलाकर सब औषधियोंके बराबर गौकादही मिलाकर वस्त्रमें छानकर इसीके बराबर गौकामट्ठा मिलावे इस के सेवन से रुचि और अग्नि दोनों बढ़तीहैं ॥ २७७॥

सम्यगावर्त्तितंदुग्धंनिबद्धंदधिमाहिषम्। एकीकृत्यपटे घृष्टंशुभ्रशर्करयासमम्।एलालवंगकर्पूरमरिचैश्चसमन्वितम्॥ नाम्नाशिखरिणीकुर्याद्रुचिंसकल्लवल्लभाम्। द्वेपलेदाडिमाम्लस्यखण्डंदद्यात्पलत्रयम्। त्रिसुगन्धिपलंचैकंचूर्णमेकत्रकारयेत्। तच्चूर्णंमात्रयाभुक्तमरोचकहरंपरम्। दीपनंपाचनञ्चस्यात्पीनसज्वरकासजित्। दाडिमादिचूर्णम्॥ २७८॥

गाढ़े दूध और वस्त्रमेंबँधेहुए भैंसके दहीको एकसाथ छानकर सफेद शक्कर, इलायची, लौंग, कपूर और मिर्च मिलावे इस्से अरुचि का नाश होताहै इसको शिखरन कहते हैं खट्टाअनार ८ तो० शक्कर १२ तो० और दालचीनी, इलायची तथा तेजपात ४ तो० इनसबके चूर्णको मात्राके अनुसार खाने से अरुचि का नाश होताहै और यह चूर्ण दीपन, पाचन तथा पीनस ज्वर और खांसी का नाशक होताहै इति दाड़िमादिचूर्ण ॥ २७८॥

लवंगकङ्कोलमुशीरचन्दनंनतंसनीलोत्पलकृष्णजीरकम्। जलंसकृष्णागुरुभृंगकेसरंकणाचविश्वानलदंसहेलया॥ तुषारजातीफलवंशरोचनाःसितार्द्धभागाःसकलंविचूर्णितम्। सरोचनंतर्पणमग्निदीपनंबलप्रदंवश्यतमंत्रिदोषजित्॥ उरोविबन्धंतमकंगलग्रहंसकासहिक्कारुचियक्ष्मपीनसम्। ग्रहण्यतीसारमुरःक्षतंनृणांतथाप्रमेहान्निखिलान्निहन्ति। कङ्कोलंसुगन्धविशेषः। नतंतगरम्। जलंबालकंभृंगंत्वक्नलदमुशीरंतुषारःकर्पूरः। लवंगादिचूर्णम्॥ २७९॥

लौंग, कंकोल, खससफ़ेद, चन्दन, तगर, नीलिकमल, कालाजीरा, सुगन्धबाला, कालाअगर, दालचीनी, नागकेशर, पीपल, सोंठ, नलद (पीले रङ्गका तृण उत्तरमें प्रसिद्धहै) छोटी इलायची, कपूर, जायफल और वंशलोचन इन सब बराबर औषधियों को पीसकर सबकी आधीशक्कर मिलावे इसके सेवनसे रुचि, तृप्ति, अग्नि तथा बलकी वृद्धि होतीहै और त्रिदोष छातीका अकड़ना, तमकश्वास, गलग्रह, खांसी, हिचकी, अरुचि, राजयक्ष्मा, पीनस, ग्रहणी, अतीसार, उरःक्षत तथा प्रमेहका नाशहोताहै और यह चूर्ण अत्यन्त वशीकरणभीकरनेवालाहै इति लवंगादि चूर्ण ॥ २७९॥

यवानीदाडिमंशुण्ठीतिन्तिरीकाम्लवेतसैः। बदराम्लं च कुर्वीत चतुःशाणमितानि च॥ सार्द्धाद्वशाणंमरिचंपिप्पलीदशशाणिका। त्वक्सौवर्चलधान्याकजीरकंद्विद्विशाणिकम्॥ चतुःषष्टिमितैःशाणैःशर्करामत्रयोजयेत्। चूर्णितंसर्वमेकत्रयवानीखाण्डवाभिधम्॥ चुर्णंजयेत्पाण्डुरोगंहृद्रोगंग्रहणीज्वरम्। छर्दिशोषातिसारांश्च प्लीहानाहविबन्धताम्॥ अरुचिंशूलमन्दाग्निमर्शोजिह्वागलामयान्। यवानीखाण्डवंचूर्णम्॥ इत्यरोचकाधिकारः॥ २८०॥

---

१ नलदंस्यात्पुष्परसोशीरमांसीपुनद्वयोरिति मेदिनीकारः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अजवाइन, अनार, सोंठ, इमली, अमलवेत तथा बेर सोलह २ माशे मिर्च १[illegible] ४० माशे [illegible]लचीनी, कालानोन, धनिया तथा जीरा आठ २ माशे और शक्कर २१ तोले [illegible] माशे [illegible]नसबको पीस कर सेवन करने से पांडु, हृदय के रोग, ग्रहणी, ज्वर, छर्दि, शोष, अतीसार, प्लीहा, आनाह, विबन्ध, अरुचि, शूल, मन्दाग्नि, बवासीर और जिह्वा तथा कंठके रोग नष्ट होते हैं इति यवानीखांडवचूर्ण इति अरोचिकाधिकार ॥ २८० ॥

अथ छर्द्यधिकारः । तत्रछर्दिविप्रकृष्टसन्निकृष्टनिदानपूर्विकांसंप्राप्तिमाह ॥

अतिद्रवैरतिस्निग्धैरहृद्यैर्लवणैरपि । अकालेचातिमात्रैश्चयथासात्म्यैश्चभोजनैः॥ आमाद्भयात्तथोद्वेगादजीर्णात्कृमिदोषतः । नार्याश्चापन्नसत्वायास्तथातिद्रुतमश्नतः॥ बीभत्स्यैर्हेतुभिश्चान्यैर्भुक्तमुत्क्लिश्यतेबलात् । आमात् अ समम्यक्पक्वाद्रसात् अजीर्णाद्य न्नस्थिताद्भुक्तात् आपन्नसत्वायाः प्राप्तगर्भायाः ॥ दुष्टैर्दोषैः पृथक्सर्वैर्बीभत्स्यालोकनादिभिः । छर्दयः पञ्चविज्ञेयास्तासांलक्षणमुच्यते । अन्यैर्बीभत्स्यैर्विकृतैर्हेतुभिः घृणाकारिभिः । अनिष्टश्रवणस्पर्शनदर्शनभक्षणपानैः । उत्क्लिश्यते ॥ २८१ ॥

छर्दिका अधिकार छर्दिके दूरवाले और समीपी कारणों समेत सम्प्राप्ति ॥

बहुत पतली, बहुत स्निग्ध, हृदय को अहित, वस्तु तथा लवणके बहुत खानेसे समय के विना अथवा बहुत या असात्म्य भोजनसे बहुत जल्दी भोजन करने से आमदोष, भय, घबराहट, अजीर्ण तथा कृमियों के दोषसे स्त्रियों को गर्भ होनेसे और अन्य बीभत्स कारणों से कुपित दोषों के कारण भोजन करी हुई वस्तुकी वमन होती है छर्दि ५ प्रकार की होती है जैसे वातज, पित्तज, कफज, सन्निपातज और आगन्तुक ॥ २८१ ॥

पूर्वरूपमाह ॥

हृल्लासोद्गारसंरोधौप्रसेकोलवणास्यता । द्वेषोऽन्नपाने च भृशंवमीनांपूर्वलक्षणम् २८२

छर्दिका पूर्वरूप ॥

छर्दि होनेके पहले मतली, डकारका रुकना, मुख से जल निकलना, मुखका नमकीन होना और अन्नपान में द्वेष लक्षण होते हैं ॥ २८२ ॥

छर्देःसामान्यलक्षणमाह ॥

छादयन्नाननंवेगैरर्दयन्नङ्गभञ्जनैः । निरुच्यतेछर्दिरितिदोषोवक्त्रंप्रधावितः ॥ छादयन् पूरयन् अङ्गभञ्जनैः अंगभेदैः अर्दयन् अङ्गानि । पीडयन् वक्त्रंप्रधावितःदोषःछर्दिरित्युच्यते ॥ २८३ ॥

छर्दिका सामान्यलक्षण ॥

जिस रोगमें दोष वेग तथा शरीरमें पीड़ा सहित ऊपर मुखकी ओर दौड़ता हुआ मुखको पूर्ण करके बाहर को निकलता है उसको छर्दि कहते हैं ॥ २८३ ॥

वातजाया लक्षणमाह ॥

हृत्पार्श्वपीडामुखशोषशीर्षनाभ्यर्तिकासस्वरभेदतोदैः । उद्गारशब्दंप्रबलंसफेनंवि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चिह्नकृ[illegible]यम् ॥ कृच्छ्रेणचाल्पंमहताचवेगेनार्तोऽनिलाच्छर्दयतीवदुःखम् कषायंकषायरसंभ्रंदुःखमिवछर्दयति ॥ २८४ ॥

वातज छर्दिका लक्षण ॥

वातज छर्दि में. हृदय, पसली, मस्तक तथा नाभि में पीडा, मुखका सूखना, खांसी, स्वरभंग, सुई चुभनेकीसी पीडा, बहुत शब्द के साथ डकार और अत्यन्त कष्ट तथा वेग सहित, फेने समेत, उष्ण, कषैले, पतले, पदार्थ की थोडीसी वमन होती है ॥ २८४ ॥

पित्तजामाह ॥

मूर्च्छापिपासामुखशोषशीर्षताल्वक्षिसन्तापतमोभ्रमार्त्तः । पीतंभृशोष्णंहरितंसतिक्तंधूमञ्चपित्तेनवमेत्सदाहम् ॥ २८५ ॥

पित्तज छर्दिका लक्षण ॥

पित्तकी छर्दिमें. मूर्च्छा, तृषा, मुखका सूखना, अन्धकारसा मालूम होना, भ्रम, मस्तक, तालु तथा नेत्रोंमें दाह और दाहसहित हर एक काले अथवा रक्तवर्ण, अत्यन्त उष्ण, तिक्तरसयुक्त, पतले पदार्थ की वमन होती है ॥ २८५ ॥

कफजामाह ॥

तन्द्रास्यमाधुर्यकफप्रसेकंसन्तोषनिद्रारुचिगौरवार्त्तः । स्निग्धंघनंस्वादुकफाद्विशुद्धंसलोमहर्षोऽल्परुजंवमेत्तु ॥ सन्तोषस्तृप्तिः ॥ २८६ ॥

कफकी छर्दिका लक्षण ॥

कफकी छर्दि में. तन्द्रा, मुखकी मधुरता, कफका बहना, तृप्ति, निद्राकी अधिकता, रोमांच, अरुचि तथा शरीरमें भारीपन होताहै और थोडी पीडा सहित स्निग्ध घने तथा मधुर रसयुक्त श्वेत पदार्थ की वमन होती है ॥ २८६ ॥

त्रिदोषजमाह ॥

शूलाविपाकारुचिदाहतृष्णाश्वासप्रमोहप्रबलाप्रसक्ता । छर्दिस्त्रिदोषाल्लवणाम्लनीलसान्द्रोष्णरक्तंवमतांनृणांस्यात् ॥ २८७ ॥

त्रिदोषज छर्दिका लक्षण ॥

त्रिदोषज छर्दि में. शूल, भोजनका न पचना, अरुचि, दाह, तृषा, श्वास तथा मोह होता है और घने उष्ण नील तथा रक्तवर्ण लवण तथा अम्ल रसयुक्त पदार्थ की सदैव वमन होतीहै ॥ २८७ ॥

आगन्तुजामाह ॥

असात्म्यजा[1]चकृमिजामजाचबीभत्सजादौर्हृदजाचयाहि । सापञ्चमीताञ्चविभावयेच्चदोषोच्छ्रयेणैवयथोक्तमादौ ॥ एताःपञ्चाप्यागन्तुजत्वेनसात्म्यादेकैव । अतएवसागन्तुजापञ्चमीविभावयेत् अनुबन्धयेत् ॥ २८८ ॥

आगन्तुज छर्दिका लक्षण ॥

आगन्तुज छर्दि पांच प्रकार की है जैसे असात्म्यज, कृमिज, आमज, बीभत्सज और गर्भज यह पांचों प्रकार की छर्दि पहले कहेहुए वातज आदि छर्दियों के लक्षणोंके अनुसार दोषोंकी अधिकता से जाननी चाहिये ॥ २८८ ॥

---

[1] शूलहृल्लासबहुलाकृमिजा च विशेषतः । कृमिहृद्रोगतुल्येन लक्षणेन च लक्षिता ॥ उत्क्लेदःष्ठीवनंतोदःशूलंहृल्लासकस्तमः । अरुचिःश्यावनेत्रत्वंशोफश्चकृमिजेभवेत् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उपद्रवानाह ॥

कासःश्वासोज्वरस्तृष्णाहिक्कावैचित्यमेवच । हृद्रोगस्तमकश्चैव ... र्द्देरुपद्रवाः ॥ वैचित्यंविकृतचित्तत्वंतमको ऽत्रतमः । श्वासपदेनैवतमकाख्यस्यापिश्वासस्याक्तेः २८६॥

छर्द्दिके उपद्रव ॥

खांसी, श्वास, ज्वर, तृषा, हिचकी, घबराहट, हृदयकेरोग, अन्धकारसा मालूम होना यह सब छर्द्दि के उपद्रव हैं ॥ २८६॥

असाध्यांसाध्याञ्चाह ॥

क्षीणस्ययाच्छर्द्दिरतिप्रसक्तासोपद्रवाशोणितपूययुक्ता । सचन्द्रिकान्तांप्रवदन्त्यसाध्यांसाध्याञ्चिकित्सेन्निरुपद्रवांच ॥ सचन्द्रिकांमयूरपिच्छचन्द्रिकाप्रभायुक्ताम् ॥ २९० ॥

साध्यासाध्य छर्द्दिके लक्षण ॥

जो क्षीण पुरुषको उपद्रव सहित रुधिर तथा पीबसे मिलीहुई मोर के पंखकी चंद्रिका के समान तर्हयुक्त सदैव वमन होय वह असाध्यहै और जो उपद्रव सहित न होय तो साध्यहै ॥ २९० ॥

अथ छर्द्देश्चिकित्सा ॥

आमाशयोत्क्लेशभवाहिसर्व्वाश्छर्द्योमतालंघनमेवतस्मात् । विधीयतेमारुतजांविनातुसंशोधनंवाकफपित्तहारि । हन्यात्क्षीरोदकंपीतंछर्द्दिम्पवनसम्भवाम् । मुद्गामलकयूषोवाससर्पिष्कःससैन्धवः ॥ (क्षीरोदकंनाशितस्यक्षीरस्योदकम्) गुडूचीत्रिफलानिम्बपटोलैःक्वथितंजलम् । पिबेन्मधुयुतंतेनछर्द्दिर्नश्यतिपित्तजा ॥ हरीतकीनांचूर्णन्तुलिह्यान्माक्षिकसंयुतम् । अधोमार्गीकृतेदोषेछर्द्दिःशीघ्रंनिवर्त्तते ॥ विडङ्गत्रिफलाविश्वाचूर्णंमधुयुतंजयेत् । विडङ्गप्लवशुण्ठीनांचूर्णंवाकफजांवमिम् ॥ (प्लवंकैवर्त्तमुस्तकंगुडतजीइतिलोके) पिष्ट्वाधात्रीफलंलाजान्शर्कराञ्चपलोन्मिताम् । दत्वामधुपलञ्चापिकुडवंसलिलस्यच ॥ वाससागालितंपीतंहन्तिछर्द्दिंत्रिदोषजाम् । गुडूच्यारचितंहन्तिहिमंमधुसमन्वितम् ॥ दुर्निवारामपिच्छर्द्दिंत्रिदोषजनितांबलात् ॥ लाजाकपित्थमधुमागधिकोषणानांक्षौद्राभयात्रिकटुधान्यकजीरकाणाम् । पथ्यामृतामरिचमाक्षिकपिप्पलीनांलेहास्त्रयः सकलवम्यरुचिप्रशान्त्यै ॥ क्वाथःपर्पटजःपीतःसक्षौद्रश्छर्द्दिनाशनः ॥ २९१ ॥

छर्द्दिकी चिकित्सा ॥

सब प्रकारकी छर्द्दि आमाशयमें दोषके इकट्ठे होनेसे उत्पन्न होतीहै इसलिये इसमें वमन कराना चाहिये परन्तु वातज छर्द्दिमें वमन न करानी चाहिये इसके उपरान्त कफपित्तनाशक संशोधन औषध देनी चाहिये फटेहुये दूधका पानी अथवा मूंग और आमलेका यूष घी डालकर पीनेसे वातकी छर्द्दि का नाशहोताहै गिलोय, त्रिफला, नींब और परवलके काढ़ेमें सहत डालकर पीनेसे पित्तकी छर्द्दिका नाश होताहै हड़के चूर्णको सहतके साथ चाटनेसे दोष नीचेको जाताहै इसलिये छर्द्दि शीघ्रही निवृत्त होजातीहै बायबिडंग, त्रिफला और सोंठको सहतके साथ चाटने से अथवा बायबिडंग, नागरमोथा, सोंठ इनके चूर्णको सहतके साथ चाटनेसे कफकी छर्द्दिका नाश होताहै आमला खील तथा शक्कर यह सब चारतोले लेकर और इनके साथ चारतोले सहत मिलाकर सोलहतोले जलमें छानकर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पीनेसे सन्नि...ज छर्दिका नाश होताहै गिलोयके शीत कषायमें सहत डालकर पीनेसे कृच्छ्र साध्य भी त्रिदोषज छर्दिका शीघ्र नाश होताहै और खील, कैथा, सहत, पीपल व कालीमिरच अथवा सहत, हड, त्रिकुटा, धनियां, जीरा अथवा हड, गिलोय, मिरच, सहत और पीपल इन तीन प्रकारकेअवलेहोंके सेवन करने से सर्व प्रकारकी छर्दि तथा अरुचिका नाश होताहै अथवा पित्तपापडे के क्वाथमें सहत डालके पीवे तो वमन का होना दूरहोजाताहै ॥ २६१ ॥

एलालवङ्गगजकेसरकोलमज्जालाजाप्रियंगुघनचन्दनपिप्पलीनाम्। चूर्णानिमाक्षिकसितासहितानिलीढ्वाछर्दिन्निहन्तिकफमारुतपित्तजातामित्येलादिचूर्णम् ॥ २६२ ॥

इलायची, लौंग, नागकेशर, बेरकीगिरी, खील, मालकांगनी, मोथा, चन्दन और पीपल इनसबको चूर्णकरके सहतकेसाथ चाटनेसे वात, पित्त और कफकीछर्दिका नाशहोताहै इति एलादिचूर्ण ॥ २६२ ॥

अश्वत्थवल्कलंशुष्कंदग्धंनिर्वापितंजलेतज्जलंपानमात्रेणछर्दिंजयतिदुर्जयाम् ॥ पथ्यात्रिकटुधान्याकजीरकाणांरजोलिहन् । मधुनानाशयेच्छर्दिमरुचिञ्चत्रिदोषजाम् ॥ बिल्वत्वचोगुडूच्यावाक्वाथःक्षौद्रेणसंयुतः। छर्दिंत्रिदोषजांहन्ति पर्पटःपित्तजांतथा॥ आम्रास्थिबिल्वनिर्यूहःपीतःसमधुशर्करः । निहन्याच्छर्द्यतीसारंवैश्वानरइवाहुतिम् ॥ निर्यूहः क्वाथः । जम्ब्वाम्रपल्लवश्शृतंलाजरजःसंयुतंशीतम् । शमयतिमधुनायुक्तंवमिमतिसारं तृषामुग्राम् ॥ २६३ ॥

पीपलकी सूखी छालको जलाकर पानीमें बुझावे इस पानी के पीने से दुस्साध्य छर्दिकाभी नाश होजाताहै हड, त्रिकटु, धनियां तथा जीरा इनको पीसकर सहतकेसाथ चाटनेसे त्रिदोषज छर्दि तथा अरुचिका नाश होताहै बेलकी छाल अथवा गिलोयके काढेमें सहत डालकर पीनेसे त्रिदोषज छर्दि का नाश होताहै और पित्तपापडे के काढेमें सहत डालकर पीनेसे पित्तकी छर्दिका नाश होता है आम की गुठली और बेलके काढेमें सहत और शक्कर डालकर पीने से छर्दि और अतीसारका नाशहोताहै जामन और आमके पत्तोंके काढेको शीतल करके और खील तथा सहत डालकर पीने से बहुत भयंकर छर्दि अतीसार तृषाका नाश होता है ॥ २६३ ॥

बीभत्सजांहृद्यतमैरिष्टैर्दौर्हृदजांफलैः। लङ्घनैरामजांछर्दिंजयेत्सात्म्यैरसात्म्यजाम्॥ कृमिहृद्रोगवद्धन्याच्छर्दिंकृमिसमुद्भवाम्। तत्रतत्रयथादोषंक्रियांकुर्याच्चिकित्सकः॥ सोद्गारायांभृशंछर्द्यांमूर्वायाधान्यमुस्तयोः। समधूकाञ्चनंचूर्णंलेहयेन्मधुसंयुतम् ॥ सौवर्चलमजाजीचशर्करामरिचानिच । क्षौद्रेणसहितंलीढंसद्यश्छर्दिनिवारणमिति ॥ छर्द्यधिकारः ॥ २६४ ॥

बीभत्सजछर्दि हृदयकी हितकारी वस्तुओंसे, गर्भजछर्दि अभीष्ट फलों से, आमजछर्दि लंघनों से और असात्म्यजछर्दि सात्म्य वस्तुओंसे निवृत्त होती है कृमिजछर्दिकी चिकित्सा कृमि तथा हृदय के रोगोंके समान करनी चाहिये वैद्यको दोषके अनुसार विचारकर चिकित्सा करनी चाहिये बहुत डकार सहित छर्दिके होनेपर मरोरफली, धनियां, मोथा, मुलहठी और रसौतको सहतके साथ चाटे अथवा कालानोन, जीरा, शक्कर और मिर्च इनको सहतके साथ चाटने से शीघ्रही छर्दिका नाशहोताहै इति छर्द्यधिकार ॥ २६४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ तृष्णाधिकारः। तत्रतृष्णायानिदानपूर्विकांसम्प्राप्तिमाह॥

भयश्रमाभ्यांबलसंक्षयाद्वाप्यूर्ध्वंचितंपित्तविवर्द्धनैश्च। पित्तंस[illegible]राणांता लुप्रपन्नंजनयेत्पिपासाम्॥ स्रोतःस्वपांवाहिषुदूषितेषुदोषैश्चतृट्सम्भवतीहजन्तोः। तिस्रःस्मृतास्ताःक्षतजाचतुर्थक्षयात्तथान्यामसमुद्भवांच॥ भक्तोद्भवासप्तमिकेतितासांनि बोधलिङ्गान्यनुपूर्वशस्तु॥ नराणांपित्तंस्वस्थानएवसञ्चितंपित्तंसवातम्। पित्तविवर्द्धनैः कट्वम्लोष्णादिभिःकुपितात्। भयश्रमाभ्यांबलसंक्षयादुपवासादेश्चवातःकुपितस्तद्व यम्ऊर्ध्वंप्राप्तंऊर्ध्ववशात्पिपासांजनयेत्नकेवलंतालुन्येवदूषितेतृषाभवति किन्तु जलवा हिस्रोतःस्वपि। अतआहस्रोतःस्वित्यत्रबहुवचनंनयुक्तंयतोजलवहेद्वेस्रोतसीसुश्रुतेनो क्ते। उच्यते। तयोरेवानेकप्रतानयोगान्नदोषःअपांवाहिषुस्रोतःस्वितिजिह्वादेरप्युपलक्ष णम्। यतआह। चरकः॥ रसवाहिनीश्चधमनीर्जिह्वाहृदयगलतालुक्लोमसंशोष्यनृणां देहेषुकुरुतस्तृष्णामतिबलौपित्तानिलाविति॥ संख्यामाह। तिस्रइत्यादि॥ २९५॥

तृषाके अधिकार तृषाकी निदानपूर्वक संप्राप्ति॥

भय, परिश्रम, बलकाक्षय और पित्तवर्द्धक, कटु, अम्ल तथा उष्णादि वस्तुओंकेद्वारा कुपितहुए पित्त और वायु ऊर्ध्वगामी होकर तालुमें जातेहैं तब तृषा उत्पन्न होतीहै दूषित दोषोंके द्वारा जलके जाने वाले स्रोतोंके दूषित होजानेपर तृषा उत्पन्न होतीहै तृषा ७प्रकारकी है जैसे वातज, पित्तज, कफज, क्षतज, क्षयज, आमज और अन्नज अब यह सन्देह होताहै कि सुश्रुतमें जलके जाने के दो स्रोत कहे गयेहैं तो यहां बहुवचन क्योंकहा? इसका उत्तर यहहै कि दो होनेपर भी बहुत शाखाओंके विस्तारसे बहुवचन कहागयाहै यहां जलके बहनेवाले स्रोत कहनेसे चरकके वचनके अनुसार जिह्वा, हृदय, कंठ, तालु तथा क्लोमकाभी ग्रहण होताहै अर्थात् वात और पित्त कुपित होकर इनस्थानोंमें भी स्थित होकर तृषाको उत्पन्न करतेहैं॥ २९५॥ तृष्णायाःसामान्यलक्षणमाह॥

ताल्वोष्ठकण्ठास्यविशोषदाहौसन्तापमोहौभ्रमविप्रलापाः। सर्वाणिरूपाणिभवन्तितस्या मुत्पत्तिकालेतुविशेषतोहि॥ २९६॥ तृषाका सामान्य लक्षण॥

तालु, ओठ, कंठ तथा मुखका सूखना और देहमें दाह होताहै और सन्ताप मोह भ्रम तथा प्रलाप होताहै यह सब लक्षण तृषाके उत्पन्न होनेके समय होतेहैं॥ २९६॥

वातजामाह॥

क्षामास्यतामारुतसम्भवायान्तोदस्तथाशङ्खशिरःसुचापि। स्रोतोनिरोधोविरसञ्चव क्त्रंशीताभिरद्भिश्चविवृद्धिमेति॥ शङ्खःशिरःसुशङ्खयोःशिरसिचस्रोतोनिरोधःरसाम्बुवा हिनीधमनीनिरोधः॥ २९७॥ वातज तृषाका लक्षण॥

वातज तृषामें मुखकी मलिनता तथा विरसता माथेकी हड्डी तथा शिरमें पीडा और रस तथा जल के जानेकी नाड़ियों का रुकना यह लक्षण होतेहैं और शीतल जल के सेवन से यह अधिक बढ़तीहै॥ २९७॥

पित्तजामाह॥

मूर्च्छान्नविद्वेषविलापदाहारक्तेक्षणत्वंप्रततश्चशोषः। शीताभिनन्दामुखतिक्तताच

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पित्तातिमि...यांपरिधिपनञ्च ॥ विलापःप्रलापः प्रततश्चशोषः अविरतःशोषः शीतारि नन्दाशी...पनंकण्ठाद्धूमनिर्गमइति ॥ २९८ ॥

पित्तज तृषाका लक्षण ॥

पित्तज तृषामें. मूर्च्छा, अन्नमें द्वेष, प्रलाप, दाह, नेत्रोंका लाल होना, मुखका अधिक सूखना, शीत की इच्छा, मुखमें तीतापन और गलेसे धुयेंका निकलना यह लक्षण होतेहैं ॥ २९८ ॥

कफजामाह ॥

बाष्पावरोधात्कफसंवृतेऽग्नौतृष्णाबलासेनभवेन्नरस्य । निद्रागुरुत्वंमधुरास्यता च तयार्दितःशुष्यतिचातिमात्रम् ॥ अग्नौजठराग्नौकफसंवृतेस्वकारणकुपितेनकफेनोपरि ष्टाच्छादिनाबाष्पावरोधात् अग्नेरूष्मावरोधात् अवरुद्धानलोष्मणाम्बुवहःस्रोतः शोषणा त्बलासेनकफेननरस्यतृड्भवेत्तयातृष्णयाऽर्दितःपीडितःशुष्यतिकृशोभवति ॥ २९९ ॥

कफकी तृषाके लक्षण ॥

अपने कारणोंसे कुपित कफ जठराग्निको आच्छादित करताहै और अग्निकी ऊष्माको रोकता है फिर रुकीहुई ऊष्माके द्वारा जलके जानेवाले स्रोतोंके सूखजानेसे कफकी तृषा उत्पन्न होती है इसमें अधिक निद्रा भारीपन मुखमें मधुरता तथा बहुत कृशता ... ॥ २९९ ॥

क्षतजामाह ॥

क्षतस्यरुक्शोणितनिर्गमाभ्यांतृष्णाचतुर्थीक्षतजामतातु । क्षतस्यशस्त्रादिक्षतयुक्त स्यरुक्पीडा ॥ ३०० ॥

क्षतज तृषाका लक्षण ॥

शस्त्रआदिकेद्वारा घावयुक्त मनुष्यको पीडा और रुधिर निकलनेके कारण क्षतज तृषा उत्पन्नहोतीहै ३००

क्षयजामाह ॥

रसक्षयाद्याक्षयसम्भवासातयाभिभूतस्तुनिशादिनेषु। पेपीयतेऽम्भःससुखंनयातितां सन्निपातादितिकेचिदाहुः ॥ रसक्षयोक्तानिचलक्षणानितस्यामशेषेणभिषग्व्यवस्येत् । रसक्षयलक्षणानिसुश्रुतेनोक्तानिरसक्षयेहृत्पीडाकम्पःशोषःशून्यतातृष्णाचेति व्यवस्येत् जानीयात् ॥ ३०१ ॥

क्षयज तृषाका लक्षण ॥

रसके क्षयहोने से जो तृषा उत्पन्न होती है उसको क्षयज तृषा कहतेहैं क्षयजतृषा में रात्रि दिन जल पीनेसे भी तृप्ति नहीं होती और रसक्षयके संपूर्ण लक्षण मिलतेहैं कोई २ इसको सन्निपातजतृषा भी कहते हैं रसक्षय के लक्षण सुश्रुतके कहे हुये यह हैं जैसे हृदय में पीडा कंप मुखका सूखना शून्यता और तृषा ॥ ३०१ ॥

आमजामाह ॥

त्रिदोषलिङ्गामसमुद्भवाच हृच्छूलनिष्ठीवनसादकर्त्री ॥ ३०२ ॥

आमज तृषाके लक्षण ॥

आमज तृषामें सन्निपातके चिह्न होते हैं और हृदय में पीडा थुकथुकी तथा शरीर में शिथिलता होतीहै ॥ ३०२ ॥

भक्तोद्भवामाह ॥

स्निग्धंतथाम्लंलवणञ्चभुक्तंगुर्वन्नमेवाशुतृषांकरोति। लवणञ्चेतिचकारात्कटुच ॥ ३०३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अन्नज तृषाका लक्षण ॥

स्निग्ध, अम्ल, लवण, कटु और भारी वस्तुओंके सेवनसे शीघ्रही तृषा उत्पन्न होती है उसको अन्नजा तृषा कहते हैं ॥ ३०३ ॥

उपसर्गजामाह ॥

हीनस्वरःप्रताम्यन्दीनमनहृदयंशुष्कगलतालुः । भवतिखलुसोपसर्गातृष्णासाशोषिणीकष्टा ॥ शोषिणीधातुशोषिणी ॥ ३०४ ॥

उपद्रवजतृषाके लक्षण ॥

जिस तृषामें स्वरकी क्षीणता, मूर्च्छा तथा ग्लानि होय और मुख, हृदय तथा तालु सूखजाय वह धातुओं की सुखानेवाली तृषा उपद्रव सहित कष्टसाध्य होती है ॥ ३०४ ॥

उपसर्गानाह । तद्युक्तायाःअरिष्टत्वञ्चाह ॥

ज्वरमोहक्षयकासश्वासाद्युपसृष्टदेहानां । सर्वास्त्वतिप्रसक्तारोगकृशानांवमिप्रसक्तानां ॥ घोरोपद्रवयुक्तास्तृष्णामरणायविज्ञेयाः । आदिशब्दादतीसारादीनांग्रहणम् ॥ अतिप्रसक्ताःनितरांघोरोपद्रवयुक्ताःअतीवमुखशोषादियुक्ताः ॥ ३०५ ॥

तृषा के उपद्रव और अरिष्ट ॥

ज्वर, मोह, क्षय, खांसी तथा श्वास तथा अतीसारादि से युक्त मनुष्यों की अत्यन्त उपद्रव सहित संपूर्ण तृषा और रोगसेक्लेश तथा छर्दिसे व्याकुल मनुष्योंकी घोर उपद्रवयुक्त तृषा मृत्युकारीहोती हैं ३०५

अथ तृष्णायाश्चिकित्सा ॥

वातघ्नमन्नपानंमृदुलघुशीतञ्चवाततृष्णायाम् । तृष्णायांपवनोत्थायांसगुडंदधिशस्यते ॥ स्वादुतिक्तंद्रवंशीतंपित्ततृष्णापहंपरम् । मुस्तपर्पटकोदीच्यछत्राख्योशीरचन्दनैः ॥ शृतंशीतंजलंदद्यात्तृड्दाहज्वरशान्तये । छत्राधान्याकंकश्चिद्धात्रीञ्चदद्यात् चन्दनमत्रधवलंतस्यातितृष्णाहरत्वात्शृतमर्द्धपक्कमत्रकर्त्तव्यम् । षडङ्गपानम् ॥ ३०६ ॥

तृषाकी चिकित्सा ॥

वातजतृषामें वातनाशक, कोमल, हलकी तथा शीतल वस्तुओं के द्वारा चिकित्सा करनी चाहिये और इसमें गुडसहित दही खाना श्रेष्ठहै पित्तज तृषामें मधुर, तिक्त, पतली तथा शीतल वस्तु हितकारी हैं मोथा, पित्तपापडा, सुगन्धबाला, धनियाँ, खस और सफेद चन्दन इनके द्वारा जलको पाककरने पर जब आधारहै तब शीतल करके पीनेसे तृषा, दाह तथा ज्वर शान्त होताहै इति षडंगपानीय ॥ ३०६ ॥

लाजोदकंमधुयुतंशीतंगुडाविमर्दितम् । काश्मरीशर्करायुक्तंपिबेत्तृष्णार्दितोनरः ३०७ ॥

खीलों के द्वारा पाक कियेहुए जल में शीत होजानेपर सहत गुड गंभारी और शक्कर छोडकर पीने से तृषा का नाश होताहै ॥ ३०७ ॥

आस्तरणमार्द्रवासप्रावरणञ्चार्द्रवासःस्यात् । तेनपिपासाशाम्यतिदाहश्चोग्रोऽपिदेहिनांनियतम् ॥ गोस्तनीक्षुरसक्षीरयष्टीमधुमधुत्पलैः । नियतंनासिकापीतेतृष्णाशाम्यतिदारुणा । वैशद्यंजनयत्यास्येसंदधातिमुखेजलम् । तृष्णादाहप्रशमनंमधुगण्डूषधारणम् ॥ जिह्वातालुगलक्लोमशोषेमूर्ध्निनिधापयेत् । केशरंमातुलुङ्गस्यघृतसैन्धवसंयुतम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दाडिमंबदरं ...ध्र कपित्थंबीजपूरकम् । पिष्ट्वामूर्द्धनिलेपस्तु पिपासादाहनाशनः ॥ वारिशीतं मधुयुत ...ठाद्यापिपासितम् । पाययेद्वामयेच्चाथ तेन तृष्णाप्रशाम्यति ॥ प्रातःशर्करयोपेतःक्वाथोधान्याकसम्भवः । जयेत्तृष्णांतथा दाहं ...तु स्रोतोविशोधनम् ॥ आमलंकमलंकुष्ठंलाजाश्चवटरोहकम् । एतच्चूर्णंस्यमधुना गुटिकांधारयेन्मुखे ॥ तृष्णांप्रवृद्धांहन्त्येषामुखशोषञ्चदारुणम् ॥ ३०८ ॥

गीले वस्त्र के ओढ़ने और बिछाने से तृषा तथा अत्यन्त दाहका नाश होताहै दाख, ईखकारस, दूध, मुलहठी, सहत और कमलकाफूल इन सब वस्तुओंको पीसकर नासिकाके द्वारा पीनेसे तृषाका नाश होताहै मुखमें सहतका कुल्ला रखने से तृषा तथा दाहका नाशहोताहै और मुखमें निर्म्मलता होकर जलआताहै जिह्वा, तालु, कंठ तथा क्लोमके सूखनेपर नींबूकाजीरा, घी और सेंधानोन इनसबको मस्तक पर लेपकरे अनार, बेर, लोध, कैथा और बिजौरानींबू इनसबको पीसकर शिरपर लेपकरने से तृषा तथा दाहका नाशहोताहै सहतयुक्त शीतल जल. गलेतक पिलाकर वमन कराने से तृषाका नाश होताहै धनियें के काढ़ेमें शक्कर डालकर प्रातःकाल पीनेसे तृषा तथा दाहका नाशहोताहै और स्रोत शुद्ध होते हैं आमला, कमल, कूट, खील और बर्गदके अंकुर इनसबको पीसकर सहतके साथ गोली बनाकर मुखमें रखने से तृषा तथा मुखके सूखने का नाश होता है ॥ ३०८ ॥

क्षतोद्भवांरुग्विनिवारणेनजयेद्रसानामसृजश्चपानैः । क्षयोत्थितंक्षीरजलंनिहन्यान्मांसोदकंवामधुरोदकंवा ॥ आमोद्भवांत्रिल्ववचायुतानांजयेत्कषायैरथदीपनानाम् । गुर्वन्नजामुल्लिखनैर्जयेच्चक्षयंविनासर्वकृतांञ्चतृष्णाम् ॥ उल्लिखनैःलेखनद्रव्यैःस्निग्धेऽन्नेभुक्तेया तृष्णास्यात्तांगुडाम्बुना शमयेत् । अतिरोगदुर्बलानांतृष्णांशमयेन्नृणामिहाशुपयः॥ पयोन्नदुग्धम् ॥ ३०९ ॥

क्षतजतृषाके नाश करने के लिये मांसरस और रुधिरका पानकरे क्षयजतृषामें. जल मिलाहुआ दूध, मांसकारस अथवा मधुर जल पिये आमजतृषाके दूरकरने के लिये बेल तथा वचके द्वारा क्वाथ बनाकर पिये यह दीपनहै भारी भोजनसे उत्पन्न हुई तृषामें. लेखन वस्तुओं से चिकित्सा करे क्षयज तृषाको छोडकर सबप्रकार की तृषा लेखन वस्तुओं से निवृत्त होती हैं स्निग्ध भोजन करने से जो तृषा उत्पन्न होती है वह गुडके शर्बत पीनेसे शान्त होती है रोगके द्वारा अत्यन्त दुर्बल मनुष्यों की तृषा दूध पीनेसे निवृत्त होती है ॥ ३०९ ॥

मूर्च्छाछर्दितृषानाहस्त्रीमद्यभृशकर्षिताः । पिबेयुःशीतलंतोयंरक्तपित्तेमदात्यये ॥ सात्म्यान्नपानभैषज्यैस्तृष्णांतस्यजयेत्पुनः । तस्यांजितायामन्योऽपिव्याधिःशक्यश्चिकित्सितुम् ॥ तृष्यन्पूर्वामयक्षीणेनलभेतजलंयदि । मरणंदीर्घरोगंवाप्राप्नुयात्त्वरितंनरः ॥ तृषितोमोहमायातिमोहात्प्राणान्विमुञ्चति । तस्मात्सर्वास्ववस्थासुनक्वचिद्वारिवारयेत् ॥ अन्नेनापिविनाजन्तुःप्राणान्धारयतेचिरम् । तोयाभावात्पिपासार्त्तःक्षणात्प्राणैर्विमुच्यते ॥ इतितृष्णाधिकारः ॥ ३१० ॥

मूर्च्छा, छर्दि, तृषा, आनाह, रक्तपित्त और मदात्यय रोगवालोंको और मद्य तथा मैथुन से कृश मनुष्यों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शीतल जल पिलाना चाहिये सदैव अन्नपान तथा औषधोंके द्वारा पहले तृषाको दूर करे क्योंकि तृषाके निवृत्त होजानेपर अन्य रोगकी चिकित्सा होसक्तीहै प्यासेको जो शीघ्र जल न मिले तो मरण अथवा किसी बडेरोगको प्राप्त होताहै तृषासे मोह होताहै और मोहसे मृत्यु होतीहै इसलिये किसी अवस्थामेंभी जल न रोकना चाहिये अन्नके विनाभी प्राणी बहुत कालतक जी सक्ताहै परन्तु जलके विना प्यासा होकर क्षणभरमें ही मरजाताहै इति तृषाधिकार ॥ ३१० ॥

अथ मूर्च्छाधिकारः। तत्रमूर्च्छायानिदानपूर्विकांसंप्राप्तिमाह ॥

क्षीणस्यबहुदोषस्यविरुद्धाहारसेविनः ॥ वेगाघातादभीघाताद्धीनसत्त्वस्यवापुनः। करणायतनेषूग्राबाह्येष्वाभ्यन्तरेषुच। निविशन्तेयदादोषास्तदामूर्च्छन्तिमानवाः॥ बहुदोषस्याधिकदोषस्यनत्वनेकदोषस्य। तदामूर्च्छात्रिदोषजैवस्यात्तथैवास्तुकोदोषः। तत्रपृथक्दोषजानांमूर्च्छानांवक्ष्यमाणत्वाद्वेगाघातान्मलादेः॥ अभिघातात्लगुडादिनाहीनसत्त्वस्यस्वल्पसत्त्वगुणस्य ॥ अर्थादधिकतमोगुणस्ययतउक्तंमूर्च्छापित्ततमःप्रायेति। करणायतनेषुकरणंमनस्तस्यायतनेषुस्वस्थानेषुबाह्येषुकर्मेन्द्रियेषुआभ्यन्तरेषुबुद्धीन्द्रियेषु ॥ ३११ ॥

मूर्च्छाका अधिकार। मूर्च्छाकी निदानपूर्व्वक संप्राप्ति ॥

क्षीण बहुत दोषयुक्त तथा विरुद्ध आहार करनेवाले वेगोंके रोकनेवाले लाठीआदिके चोटवाले और हीनसत्त्ववाले मनुष्योंके मनकी स्थानरूप कर्मेन्द्रिय और बुद्धीन्द्रियों में जब बहुत कठिन दोष प्राप्त होतेहैं तब मूर्च्छा उत्पन्न होतीहै ॥ ३११ ॥

सामान्यलक्षणमाह ॥

संज्ञावहासुनाडीषुपीडितास्वनिलादिभिः। तमोऽभ्युपैतिसहसासुखदुःखव्यपोहकृत् ॥ सुखदुःखव्यपोहाच्चनरःपततिकाष्ठवत्। मोहोमूर्च्छेतितामाहुःषड्विधासाप्रकीर्तिता ॥ तमोगुणःअज्ञानहेतुःअभ्युपैतिआगच्छतिसुखदुःखव्यपोहकृत्। सुखदुःखज्ञाननाशकरंनष्टसुखदुःखज्ञानेनरः काष्ठवत्पतति तांमोहोमूर्च्छेतिप्राहुरित्यन्वयःमूर्च्छायामूर्च्छायोऽपिपर्यायः। यतउक्तम्। संज्ञोपघातोमूर्च्छायोमूर्च्छास्यान्मूर्च्छनंतथा। कश्मलंप्रलयोमोहःसंन्यासस्तुमृतोपमः ॥ इतिषडपिमूर्च्छाविवृणोति। वातादिभिःशोणितेनमद्येनचविषेणच ॥ षट्स्वप्येतासुपित्तन्तुप्रभुत्वेनावतिष्ठते। यतउक्तम्। मूर्च्छापित्ततमःप्रायेति ॥ ३१२ ॥

मूर्च्छाका सामान्य लक्षण ॥

वातादि दोषोंके द्वारा ज्ञानको प्राप्तकरनेवाली नाडियोंके ढकजाने पर सुख दुःखका नाश करनेवाला तमोगुण बढ़ताहै इससे मनुष्य काष्ठके समान गिरपडताहै इसको मूर्च्छा कहतेहैं संज्ञोपघात, मूर्च्छाय, मूर्च्छा, मूर्च्छन, कश्मल, प्रलय, मोह, संन्यास और मृतोपम यह मूर्च्छा के नामहैं मूर्च्छा ६ प्रकारकी है जैसे वातिक, पैत्तिक, कफज, रक्तज, मद्यज और विषज इनछओं प्रकारकी मूर्च्छाओंमेंपित्त प्रधानहै क्योंकि कहागयाहै कि मूर्च्छामें पित्त और तमोगुण अधिक होताहै ॥ ३१२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तस्याः पूर्वरूपमाह ॥

हृत[illegible]ंग्लानिःसंज्ञानाशोबलक्षयः । सर्व[illegible]सां[illegible]र्वरूपाणियथास्वन्ताविवयेदि[illegible]जेज्जटा[illegible]र्यस्यमतमिदमवसेयम् ॥ ३१३

मूर्च्छाका पूर्व रूप ॥

सबप्रकारकी मूर्च्छाओंके होनेसे पहले हृदयमें पीड़ा, जंभाई, ग्लानि, ज्ञानकानाश और बलक्षय होताहै इनको दोषके अनुसार जानलेवे यह जेज्जटाचार्य का मतहै ॥ ३१३ ॥

तत्रवातिकमूर्च्छामाह ॥

नीलंवायदिवाकृष्णमाकाशमथवारुणम् । पश्यंस्तमःप्रविशतिशीघ्रञ्चप्रतिबुध्यते ॥ वेपथुश्चाङ्गमर्दश्चप्रपीडाहृदयस्यच ॥ कार्श्यंश्यावारुणा[illegible]च्छायामूर्च्छायेवातसम्भवे ॥ नीलंनीलवर्णंकृष्णंकज्जलाभं अरुणंअलक्तरागंतमःप्रविश[illegible]ते मूर्च्छेतिश्यावारुणाच्छायागात्रस्य ॥ ३१४ ॥

वातजमूर्च्छा का लक्षण ॥

वातज मूर्च्छामें रोगी आकाश को नीला, काला अथवा लाल [illegible]कर मूर्च्छित होताहै और शीघ्रही चैतन्य होताहै शरीरमें पीड़ा, कम्प, हृदयमें पीड़ा, कृशता और धुमै[illegible] तथा रक्तवर्ण होजाताहै ॥ ३१४

पैत्तिकमूर्च्छामाह ॥

रक्तंहरितवर्णंवावियत्पीतमथापिवा । पश्यंस्तमःप्रविशतिसस्वेदःप्रतिबुध्यते ॥ सपिपासःससन्तापोरक्तपित्ताकुलेक्षणः । सम्भिन्नवर्चाःपीताभोमूर्च्छायेपित्तसम्भवे ३१५ ॥

पित्तकी मूर्च्छाके लक्षण ॥

पित्तज मूर्च्छा में. रोगी आकाशको लाल, हरा अथवा पीला देखकर मूर्च्छित होताहै और पसीना आनेपर चैतन्य होताहै तृषा, सन्ताप, नेत्रों में ललाई तथा पीलापन मलभेद और पीतवर्ण यह लक्षण होते हैं ॥ ३१५ ॥

श्लैष्मिकमूर्च्छामाह ॥

मेघसङ्काशमाकाशतमोभिर्वाघनैर्वृतम् । पश्यंस्तमःप्रविशतिचिराच्चप्रतिबुध्यते ॥ गुरुभिःप्रावृतैरंगैर्यथैवार्द्रेणचर्मणा । सप्रसेकःसहृल्लासोमूर्च्छायेकफसम्भवे ॥ मेघसङ्काशंशुभ्रमेघसङ्काशमित्यर्थः । यतआहसुश्रुतः । कफेनपश्येद्रूपाणिश्वेताभ्रप्रतिमानितु । घनैर्निविडैस्तमोभिःगुरुभिरंगैरुपलक्षितः ॥ ३१६ ॥

कफज मूर्च्छाके लक्षण ॥

कफज मूर्च्छामें. रोगी आकाश को मेघों के समान अथवा घने अन्धकार से ढकाहुआसा देखकर मूर्च्छित होताहै और बहुत देरमें चैतन्य होताहै अंगोंमें भारीपन, शरीर गीले कपड़ोंसे ढकाहुआसा मालूम होना लारबहना और मतली यह लक्षण होते हैं यहां मेघ शब्द से श्वेतमेघ लेना चाहिये क्योंकि सुश्रुतने कहाहै कि कफके श्वेत मेघोंके समान रूप दिखाई देते हैं ॥ ३१६ ॥

मूर्च्छायःषड्विधउक्तःसुश्रुतेन । चरकस्तुसान्निपातिकमपिमूर्च्छायमाह ॥ सर्व्वाकृतिःसन्निपातादपस्मारइवागतः । सजन्तुंपातयत्याशुविनाबीभत्सचेष्टितैः ॥ अपस्मारइवागतस्तेनमहताभिघातेन । पततिचिरेणप्रतिबुध्यतेतर्हितयोःकोभेदइत्यतआह । सन्नि-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पातिकमूर्च्छायःविनाबी ... टतैः । कफेनवमनदन्तघट्टनाक्षिविकृत्या ... विनापातयति ॥ ३१७ ॥

सुश्रुतने ६ प्रकारकी मूर्च्छा ... हैं परन्तु चरकने सन्निपातज मूर्च्छा भी कही हैं जैसे सन्निपातज मूर्च्छा तीनों दोषोंके ... होतीहै और इसमें मृगीके समान शीघ्रही रोगी गिरपड़ता है और देरमें चैतन्य होताहै पर ... के समान मुखसे फेन गिरना दांतोंका कटकटाना और नेत्रों में विकारादिक वीभत्स लक्षण ... हैं और यही इनदोनों में भेदहै ॥ ३१७ ॥

... मूर्च्छायानिदानमाह ॥

पृथिव्यम्भस्तमोरूपं ... यः । तस्माद्रक्तस्यगन्धेनमूर्च्छन्तिभुविमानवाः ॥ तमोरूपंतमोबहुलंमानव ... न्तुसात्त्विकाराजसाश्चअत्रेकेवदन्तिनैवायुक्तिःसमीचीनातर्हिचम्पकादे ... र्च्छाप्रसज्येत् तत्रापिगन्धस्यपार्थिवत्वात् । अतआह ॥ द्रव्यस्वभावमित ... मदोऽपिकिन्तुत्यति ॥ अत्राहभोजः । दर्शनादसृजस्तज्जाद्गन्धाच्चैवप्रमुह्यति ॥ ३१८ ॥ अ

रक्तजमूर्च्छाका निदान ॥

पृथ्वी तथा जल यह दोनों ... रूप हैं और इन्हीं से रुधिर तथा गन्ध उत्पन्न होतेहैं इसी से रुधिर की गन्धि के द्वारा तामस मनुष्य मूर्च्छित होते हैं सात्त्विक और राजस नहीं मूर्च्छित होते हैं यहांपर कोई २ यह कहते हैं कि यह युक्ति ठीक नहींहै क्योंकि ऐसा होने से चम्पादिककी गन्धि से भी मूर्च्छा होनी चाहिये क्योंकि उनमें भी पृथ्वी सम्बन्धी गन्धि है इसी से कहागयाहै कि देखकर जो मूर्च्छा होतीहै यह वस्तुओंका स्वभावहै यहांपर "भोज ने" कहाहै कि रुधिरके देखने से और सूंघने से मूर्च्छा होती है ॥ ३१८ ॥

रक्तेनमूर्च्छितस्यलक्षणमाह ॥

स्तब्धांगयष्टिस्त्वसृजाद्गूढोच्छ्वासश्चमूर्च्छितः ॥ ३१९ ॥

रक्तज मूर्च्छाका लक्षण ॥

रुधिरसे मूर्च्छित मनुष्यका शरीर तथा नेत्र स्तब्ध होजाते हैं और श्वास साफ २ नहीं आता ३१९ ॥

मद्यजविषजयोर्मूर्च्छयोर्निदानम ॥

गुणास्तीव्रतरत्वेनस्थितास्तुविषमद्ययोः । तएवतस्मात्ताभ्यान्तुमोहौस्यातांयथेरितौ ॥ येगुणाःलघुरूक्षाशुविशदव्यवायितीक्ष्णाविकाशिसूक्ष्मोष्णानिर्देश्यरसत्वादयः तैलादिद्रव्येष्वस्तास्तीव्राश्चसन्ति । तएवगुणाःविषमद्ययोस्तुतीव्रतरत्वेनास्थितास्तत्रापिभेदः । तएवमद्येदृश्यन्तेविषेतुबलवत्तराइति ॥ ३२० ॥

मद्यज और विषज मूर्च्छाका निदान ॥

विष और मद्यमें लघु, रूक्ष, विशद, आशु व्यवायी, तीक्ष्ण, विकाशी, सूक्ष्म, उष्ण और योगवाही आदिक गुण तीव्रतासे रहते हैं इसी हेतुसे मद्य और विषके द्वारा मूर्च्छा होती है तन्त्रान्तर में इसमेंभी भेद कहागयाहै कि सन्निपातके कुपित करनेवाले जो विषके गुण कहेगये हैं वही मद्यमें भी हैं परन्तु विषमें यह गुण अधिकतासे रहते हैं ॥ ३२० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मद्यजायामूर्च्छायालक्षणम ॥

मद्येन[illegible]ष्टविभ्रान्तमानसः । गात्राणिविक्षि[illegible]सां[illegible]जरांयावन्नयातितत् ॥ नष्टविभ्र[illegible]तमान्सः भ्रष्टंसर्वथास्मृतिहीनंविभ्रा[illegible]रज्जौस[illegible]भुक्तंमानसंयस्यसः । जरांजीर्णतातन्मद्यम् ॥ ३२१ ॥ मद्यज मूर्च्छाका लक्षण[illegible]

मद्यज मूर्च्छा में-स्मृतिका नाश तथा भ्रान्ति (रस्सी में स[illegible], [illegible]का ज्ञान) युक्त चित्त होता है और जबतक मद्यका परिपाक नहीं होताहै तबतक मनुष्य प्र[illegible]तहै[illegible]ताहै और अंगोंको पटकता हुआ पृथ्वी में पड़ा रहताहै ॥ ३२१ ॥

विषजायालक्षणम[illegible]स्तमः प्र[illegible]

वेपथुस्वप्नतृष्णाःस्युस्तमश्चविषमूर्च्छिते । वे[illegible]वारुणा[illegible]तरंयथास्वंविषलक्षणैः ॥ विषस्यमूलकन्दफलपत्रक्षीरादिभेदभिन्नस्ययथ[illegible]तमःप्रविश्[illegible]सुश्रुतेकल्पस्थानेतल्लक्षणंमद्यापेक्षयातीव्रतरंवेदितव्यंनतुसंज्ञानाशे[illegible] लक्षण ॥ [illegible] ३२२ ॥

विषज मूर्च्छा का लक्षण[illegible]

विषज मूर्च्छा में. कम्प, निद्रा, तृषा तथा अन्धकार मालूम [illegible] खायेहुए विषके लक्षण तीव्रता से मालूम होते हैं मूल, कन्द, फल, पत्र, दूध आदि भेदयुक्त [illegible] सुश्रुतके कल्पस्थान में कहे गये हैं वह लक्षण मद्यकी अपेक्षा तीव्र कहे गयेहैं जोकि इन दोनों में संज्ञाका नाश होता है केवल इसीलिये इनको शमन जानना चाहिये ॥ ३२२ ॥

मूर्च्छाभ्रमतन्द्रादीनांकोभेदइत्यतआह ॥

मूर्च्छापित्ततमःप्रायोरजःपित्तानिलाद्भ्रमः । तमोवातकफात्तन्द्रानिद्राश्लेष्मतमोभवा ॥ रजःपित्तानिलाद्भ्रमइतिनात्रसमुच्चयः । केवलपित्तज्वरेभ्रमस्योक्तत्वात्भ्रमश्च चक्रारूढस्यैवभ्रमवस्तुज्ञानंस्वदेहस्यभ्रमतइवज्ञानञ्च ॥ ३२३ ॥

मूर्च्छा भ्रम और तन्द्रा आदिका भेद ॥

पित्त तथा तमोगुण की अधिकतामें मूर्च्छा पित्त वात तथा रजोगुणकी अधिकतामें भ्रम (चक्रपर चढ़ीहुई घूमती हुईसी सब वस्तुओंका मालूमहोना) वात, कफ तथा तमोगुणकी अधिकतामें तन्द्रा और कफ तथा तमोगुणकी अधिकतामें निद्रा उत्पन्न होतीहै ॥ ३२३ ॥

तन्द्रायालक्षणमाह ॥

इन्द्रियार्थेष्वसंवित्तिर्गौरवंजृम्भणंक्लमः । निद्रार्त्तस्येवयस्येतितस्यतन्द्रांविनिर्दिशेत् । इन्द्रियाणामर्थःप्रयोजनंयेषु । अर्थाद्विषयेषु । असंवित्तिः असम्यक्ज्ञानं । इतिइन्द्रियार्थःसम्यक्ज्ञानादिनिद्रायां प्रबुद्धस्यक्लमाभावस्तन्द्रायान्तुप्रबोधितस्यापिक्लमइत्यनयोर्भेदः ॥ ३२४ ॥ तन्द्राका लक्षण ॥

जब इन्द्रियों में विषयके ग्रहण करनेकी शक्ति न रहै, शरीरमें भारीपन होय, जंभाई आवे और नींद से भरेहुएके समान क्लम (ग्लानि) मालूमहोवे उसको तन्द्रा कहते हैं निद्रा और तन्द्रामें यह भेदहै कि निद्रामें जागनेके उपरान्त क्लम जातारहताहै और तन्द्रावालेकी जागनेपरभी क्लममालूमहोताहै ३२४॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्लमस्यलक्षणमाह ॥

योनायासःश्रमोदेहे [illegible] ासससंगतः । क्लमःसइतिविज्ञेयइन्[illegible]कः ॥ इन्द्रियाणांबुद्धीन्द्रियाणा [illegible] याणाञ्च । अर्थःप्रयोजनंविषयग्रहणंतस्यप्र[illegible]धकःआबल्यन ॥ ३२५ ॥

[illegible] क्लमको लक्षण ॥

जिसमें परिश्रमके [illegible] बिना [illegible] लूम देवे श्वास बडे २ आवें और इन्द्रियां अपने २ कामको न करसकें उसको क्ल[illegible] कहते हैं [illegible] ॥

[illegible] द्रालक्षणमाह ॥

यदातु [illegible] सक्लान्तेक[illegible] [illegible]न्विताः ।विषयेभ्योनिवर्त्तन्तेतदास्वपितिमानवः॥ क्लान्तोग्लान[illegible] श्रान्तइतिस[illegible] [illegible] पान्विताः । कर्मेन्द्रियाणिज्ञानेन्द्रियाणिचक्लमान्वित[illegible]न्ताः ॥ ३२६ ॥

[illegible] निद्राका लक्षण ॥

जि[illegible] मय मनुष्यका मन [illegible] । [illegible]न्द्रिय और बुद्धीन्द्रिय शान्त होकर विषयों से निवृत्त होजायँ उसको निद्रायुक्त जानना चाहि[illegible] २६ ॥

[illegible]न्यासस्य संप्राप्तिपूर्वकलक्षणमाह ॥

वाग्देहमनसांचेष्टाआक्षिप्यातिबलामलाः । संन्यस्यन्त्यबलंजन्तुप्राणायतनमाश्रिताः ॥ सनासंन्याससन्यस्तःकाष्ठीभूतोमृतोपमः। प्राणैर्विमुच्यतेशीघ्रंमुक्त्वासद्यःफलांक्रियाम् ॥ आक्षिप्यविनाश्यसंन्यस्यन्तिमूर्च्छयन्तिप्राणायतनंहृदयंसंन्यस्तःमूर्च्छितःकाष्ठीभूतःक्रियारहितःअतएवमृतोपमइतिसद्यःफलांक्रियांसूचीव्यधनांजनावपीडकपिकच्छुघर्षणवृश्चिकादिदंशनादिरूपां ॥ ३२७ ॥

संन्यासका संप्राप्तिपूर्व्वक लक्षण ॥

अत्यन्त बलवान् कुपित दोष प्राणोंके स्थानरूप हृदय में स्थित होकर वाणी, देह तथा मन की चेष्टाको नष्ट करके निर्बल मनुष्यको मूर्च्छित करते हैं वह मूर्च्छित मनुष्य काष्ठके समान क्रियारहित मराहुआसा पडा रहताहै इसको संन्यास कहतेहैं इसमें शीघ्र फलकारी, सुई चुभाना, अंजन लगाना, किवांच रगडना और बिच्छूसे कटाना आदि क्रियाके विना शीघ्रही प्राण निकलजाते हैं ॥ ३२७ ॥

संन्यासस्यमूर्च्छातोभेदमाह ॥

दोषेषुमदमूर्च्छाद्यागतवेगेषुदेहिनः । स्वयमप्युपशाम्यन्तिसंन्यासोनौषधैर्विना ॥ ३२८ ॥

संन्यास और मूर्च्छाकाभेद ॥

मूर्च्छा में दोषोंके वेग अथवा मदके शान्त होजाने पर मनुष्य अपने आप चैतन्य होजातेहैं परंतु संन्यास औषधियों के विना नहीं शान्त होताहै ॥ ३२८ ॥

अथ मूर्च्छायाश्चिकित्सा ॥

सेकावगाहामणयःसहाराःशीताःप्रदेहाव्यजनानिलाश्च । शीतानिपानानिचगन्धवन्तिसर्व्वासुमूर्च्छास्वनिवारितानि ॥ मणयश्चन्द्रकान्तादयःहारामुक्तादिहाराःशीताःप्रदे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

ह्यःसकर्पू[illegible]न्दनानुलेपनानि।शीतानिपानानिसितामत[illegible]नकानि । गन्धवन्तिकर्पूरादिसुग[illegible]ासुमूर्च्छास्वनिवारितानिअस्यायम[illegible]सा[illegible]ैः सेकादीन्यन्यासुमूर्च्छासुहिता[illegible]वकिन्तुवातश्लेष्मजास्वपिननिवारितानितत्रा[illegible]स्यप्राधान्यत्वात् । [illegible]निवर्गेम[illegible]रपयांसिसदाडिमाजांगलजारसाइच । [illegible]चमूर्च्छासुपथ्याःससतीनमुद्गाः (सतीनःकलायः) ॥ ३२९ ॥

मूर्च्छाकीचिकित्सा ॥

मूर्च्छारोगमें जलसे सींचना, स्नानकरवाना, चन्द्रकान्तादि[illegible]का धारण कराना, मोतीआदिकेहार, कपूरसहित चन्दनका लेप, पंखेकीवायु, शीतल त[illegible]पीनेकीवस्तु इनके सेवन से वातज तथा कफज आदि संपूर्ण मूर्च्छा निवृत्त होती हैं [illegible] पाक कियाहुआ दूध, अनार सहित जंगली जीवोंके मांसकारस और जौ, लाल धान[illegible]यह सब मूर्च्छामें पथ्यहैं ३२९

कोलमज्जोषणोशीरकेसरंशीतवारिणा । [illegible]द्वाक्कृष्णांवामधुसंयुताम् ॥ शीतेनतोयेनविसंमृणालंकृष्णाञ्चपथ्यांमधुनावलिह्य[illegible]र्यांश्चनासावदनावरोधंक्षीरंपिबेद्वाप्यथमानुषीणाम् ॥ द्राक्षासितादाडिमलाजव[illegible]रनीलोत्पलपद्मवन्ति । पिबेत्कषायाणिचशीतलानिपित्तज्वरंयानिशमंनयन्ति । [illegible]जगोमूत्रकृष्णामरिचसैन्धवैः । अञ्जनंस्यात्प्रबोधायसरसोनशिलावचैः ॥ अन्यच्च । अञ्जनंसम्यगारब्धंमधुसिन्धुशिलोषणैः । प्रमोहद्रोहिभवतिभाषितंभिषजांवरैः । शिलामनशिला । ऊषणंमरिचः ।मधूकसारसिन्धूत्थवचोषणकणाःसमाः । श्लक्ष्णंपिष्टाम्भसानस्यंकुर्य्यात्संज्ञाप्रबोधनम् ३३०

बेर की गुठली, मिर्च, खस, नागकेसर इन सबको शीतल जल के साथ पानकरने से अथवा सहतके साथ पीपल के चाटनेसे मूर्च्छाका नाश होताहै कमलकी डंडी, पीपल तथा हडको सहत के साथ चाटने से अथवा शीतल जलके साथ कमल की डंडीको पीने से मूर्च्छाका नाश होताहै नाक तथा मुखको बन्दकरनेसे अथवा स्त्रीका दूध पीनेसे मूर्च्छाका नाश होताहै दाख, शक्कर, लजालू, अनार, खील, कह्लार, कमल, नीलकमल और कमल इन सब औषधियोंका शीतल कषाय पीनेसे और पित्तज्वरमें कहीहुई क्रिया करने से मूर्च्छा शान्त होतीहै सिरसकेबीज, गोमूत्र, पीपल, सैंधानोन, रसौत, मैनशिल और बच इन सबको पीसकर अंजन लगाने से मूर्च्छा का नाश होताहै सहत, सैंधानोन, मैनशिल और मिर्च इन सब को पीस अंजन लगाने से मूर्च्छा का नाश होताहै महुआकासार, सैंधानोन, बच, मिर्च तथा पीपल इन सब को पानीमें महीन पीस नास लेने से चैतन्यताहोती है ॥३३०॥

अथ रक्तजादीनां मूर्च्छानां चिकित्सा ॥

रक्तजायान्तुमूर्च्छायांहितःशीतक्रियाविधिः । मद्यजानांपिबेन्मद्यंनिद्रांसेवेत वासुखम् ॥ विषजायांविषघ्नानिभेषजानिप्रयोजयेत् ॥ ३३१ ॥

रक्तज आदि मूर्च्छाओंकी चिकित्सा ॥

रक्तज मूर्च्छाओं में.शीतल क्रियाकरनी चाहिये, मद्यज मूर्च्छा में.मद्यपान अथवा सुखपूर्वक सोवे और विषजमूर्च्छामें.विषनाशक औषध देनीचाहिये ॥ ३३१ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ संन्यासचिकित्सा ॥

प्रभूतदोषस्तमसोऽतिवृद्धात्सम्मूर्च्छितःनैवविबुध्यतेयः । संन्यस्तसंज्ञःसखलुश्चिकि त्स्यःनरोभिषग्भिःप्रविधिविदृश्चः ॥ अनान्यवपीडाश्चधूमाःप्रधमनानिच ॥ सूची भिस्तोदनंशस्तंदाहपीडानखान्तरे ॥ लुञ्चनंकेशलोम्नाञ्चदन्तैर्दंशनमेवच । आत्मगुप्ता वघर्षश्चहितस्तस्यप्रबोधने ॥ अवपीडःकल्कीकृतौषधरसस्यनासापुटेदानम् । प्रधमन मौषधचूर्णस्यद्विमुखयानाडीकस्यमुखवातेननासापुटेदानंतस्यसंन्यस्तस्य ॥ ३३२ ॥

संन्यासकी चिकित्सा ॥

बहुत बढे हुए दोष और तमोगुणकी अधिकता से जो मनुष्य मूर्छित होकर चैतन्य न होय उसको संन्यास रोग जानना वह अत्यन्त कठिनता से चिकित्सा करनेके योग्यहै संन्यास रोगमें अञ्जन औषधके कल्कका रस धूम्रां देना दो मुखवाली नली के द्वारा फूंककर औ- षधियोंके चूर्ण को नाकमें छोडना सूईसे नखों में ज़लाना तथा पीडादेना बाल तथा रोमोंका नोचना दांतोंसे काटना किवांचको लगाना यह सब बातें चैतन्य होनेके लिये करना चाहिये ॥ ३३२॥

अथ मूर्च्छायांरसो ॥

कणामधुयुतंसूतंमूर्च्छायांप्राशयेद्भिषक् । शीतसेकावगाहादीन्सर्वांगेपीडनंहठात् ॥ सूतंमारितं । ताम्रचूर्णसमोशीरंकेशरंशीतवारिणा । पीतंमूर्च्छान्द्रुतंहन्याद्वृक्षमिन्द्रा शनिर्यथा ॥ ताम्रचूर्णंमारितताम्रचूर्णम् ॥ ३३३ ॥

मूर्च्छापररस ॥

पारेकीभस्म पीपल को सहत के साथ चाटने से शीतल जलके सींचनेसे तथा स्नानसे सब शरीर के दबाने से मिर्चे तांबेकी भस्म तथा नागकेशर इन सबको सम भाग लेकर शीतल जल के साथ पीनेसे जैसे इन्द्रके वज्रसे वृक्षका नाश होताहै इसी प्रकार शीघ्र मूर्च्छाका नाश होजाताहै ॥३३३॥

अथ भ्रमस्यचिकित्सा ॥

पिबेद्दुरालभाक्काथंसघृतंभ्रमशान्तये । पथ्याक्काथेनसंसिद्धंघृतंधात्रीरसेनवा । शुण्ठी कृष्णाशताङ्गानांसाभयानांपलंपलम् । गुडस्यषट्पलान्येषागुटिकाभ्रमनाशिनी । ताम्रं दुरालभाक्काथैःपीतन्तुघृतसंयुतम् । निवारयेद्भ्रमंशीघ्रंतंयथाशम्भुभाषितम् ॥ ३३४ ॥

भ्रमकी चिकित्सा ॥

जवासेका काढा अथवा हडका काढा घी डालकर पीनेसे आमले के रस के द्वारा घृतके सेवनसे सोंठ, पीपल, सतावर तथा हड यह सब एक २ पल गुड ६ पल इनको मिलाकै गोली बनाकर खाने से और जवासेके काढ़ेके साथ घी तथा तांबेकी भस्मके पीनेसे शीघ्रही भ्रमका नाशहोताहै ॥ ३३४ ॥

अथ तन्द्रायाअतिनिद्रायाश्चिकित्सा ॥

तुरङ्गलालालवणोत्तमेन्दुमनःशिलामागधिकामधूनि । नियोज्यतान्यक्षिणिविमिश्रि तानितद्रांसनिद्रांविनिवारयन्ति । (इन्दुःकर्पूरः) सैन्धवंश्वेतमरिचंसर्षपाःकुष्ठमेवच । बस्तमूत्रेणसम्पिष्टंनस्यंतन्द्रानिवारणम् । श्वेतमरिचंशिग्रुबीजम् । शुण्ठीकणाग्रालव

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्निग्ध तथा शीतल फल और अन्नोंके साथ मद्य पान करे कफप्रकृतिवाला मनुष्य जंगली जीवों के मांस और ... साथ मद्य पानकरे ॥ ३४०

प्राक्... तुश्लैष्मिकोमद्यंभुक्तस्योपरिपैत्तिकः। वातिकस्तु ...पिबेन्मध्येसमदोषोयथेच्छते ॥ वातिकस्तुपिबेन्मद्यंप्रायोगौडिकपैष्टिकम् । कफ... प्रायस्तुमाध्वीकंमाधवंपिबेत् ॥ ...सुमतामेषकथितश्चरकादिभिः। यथोपपत्तिः ...पिबेन्मद्यंहिमात्रया३४१

कफप्रकृति मनुष्य-भोजन के पहले पित्त प्रकृतिमनुष्य-भोजन के पीछे, वातप्रकृति मनुष्य-भोजनके मध्य में और समप्रकृतिवाला मनुष्य इच्छाके अनुसार ... पानकरे-वातप्रकृति वाला मनुष्य प्रायः गौडिक तथा पैष्टिक और कफ तथा पित्तप्रकृति ... मनुष्य प्रायः माध्वीक तथा माधव मद्यको पिये चरक आदिकों ने धनवान् लोगों के लिवारुणा... कही है साधारण मनुष्य योग्यताके अनुसार मात्रासे मद्य पानकरे ॥ ३४१ ॥

मद्यस्यगुण ... लक्षण ॥

रसवातादिमार्गाणांसत्त्वबुद्धीन्द्रियात्मनाम्। प्रधा... सश्चैवहृदयंस्थानमुच्यते॥ मद्यंहृदयमाविश्यस्वगुणैरोजसोगुणान्। दशभिर्दश ... चेतोनयतिविक्रियाम् ॥ लघूष्णतीक्ष्णसूक्ष्माम्लव्यवाय्याशुकरंतथा। रूक्षंविकाशि विशदंमद्यंदशगुणंस्मृतम्॥ गुरुशीतंमृदुस्निग्धंसान्द्रंस्वादुस्थिरंतथा ॥ प्रसन्नंपिच्छिलंसूक्ष्ममोजोदशगुणंस्मृतम् ३४२

मद्यके गुण ॥

रस तथा वायुआदिके बहनेके स्रोत सत्त्वगुण ज्ञानेन्द्रिय आत्मा और प्रधान ओजधातु इनसब का हृदयही स्थानहै मद्य हृदयमें प्रवेश करके अपने आगेलिखेहुये दशगुणों से ओजके दशगुणोंको क्षोभित करके चित्त में विकार उत्पन्न करती है लघु, उष्ण, तीक्ष्ण, सूक्ष्म, अम्ल, व्यवायी, आशुकारी, रूक्ष, विकाशी और विशद यह दश मद्यके गुणहैं गुरु,शीत, मृदु, स्निग्ध, सान्द्र, स्वादु, स्थिर, प्रसन्न पिच्छिल और सूक्ष्म यह दश ओजके गुणहैं ॥ ३४२ ॥

गौरवंलाघवाच्छैत्यमौष्ण्याद्म्लस्वभावतः । माधुर्य्यंमार्दवंतैक्ष्ण्यात्प्रसादश्चाशुभावनात् ॥ रौक्ष्यात्स्नेहव्यवायित्वात्स्थिरत्वंसूक्ष्मतामपि । विकाशिभावात्पैच्छिल्यंवैशद्यात्सान्द्रतांतथा ॥ सौक्ष्म्यान्मद्यंनिहन्त्येवमोजसःस्वगुणैर्गुणान् । सत्त्वंतदाश्रयश्चाशुसंक्षोभ्यकुरुतेमदम् ॥ हृदिमद्यगुणाविष्टेहर्षस्तर्षोरतिःसुखम् । विकाराश्चयथासत्त्वंचित्राराजसतामसाः ॥ जायन्तेमोहनिद्रान्ताइत्येतन्मदलक्षणम् ॥ ३४३ ॥

गुरुको लघुसे, शीतको उष्णसे, मधुरको अम्लसे, मृदुको तीक्ष्णसे प्रसन्नको आशुकारी से, स्नेहको रूक्षतासे, स्थिरको व्यवायीसे, सूक्ष्मको विकाशीसे, पिच्छिलको विशदसे और सान्द्रको सूक्ष्मगुण से मद्य क्षोभित करतीहै इस प्रकार मद्य अपने गुणोंसे ओजके गुणोंको क्षोभित करती है मद्य सत्त्व गुण और हृदयको क्षोभित करके मदको उत्पन्न करती है मद्य के गुणोंके हृदय में प्रविष्ट होनेपर हर्ष, तृषा, अनुराग, सुख तथा विकार आदिक सत्त्वगुण रहित अनेकप्रकारके राजस तथा तामसगुण उत्पन्न होते हैं और अन्त में मोह तथा निद्रा प्राप्त होती है यह मदके लक्षणहैं ॥ ३४३ ॥

हर्षमोजोबलंपुष्टिमारोग्यंपौरुषंतथा । युक्त्यापीतंकरोत्याशुमद्यंमदसुखप्रदम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रोचनंदीपनंहृद्यंस्वरवर्णप्रसादनम् । प्रीणनंबृंहणंबल्यंभयशोकश्रमापहम् ॥ स्वापनंनष्ट निद्राणांमूकानांवाग्विशोधनम् । नाशनं चातिनिद्राणांविबन्धानांविबन्धनुत् ॥ वधबन्ध परिक्लेशःदुःखानाञ्चाप्य... ॥ ... प्रवयसांमद्यमुत्सर्गान्मोदकारकम् । बहुदुः खक्षतस्यास्यशोकैरुपहत...स्य ... विश्रामोजीवलोकस्य मद्यंयुक्त्यानिषेवितम् ॥ ३४४ ॥

युक्तिपूर्वक मद्यके सेवन करनेसे हर्ष, ओज, बल, पुष्टता, आरोग्य और पुरुषार्थ उत्पन्न होते हैं और सुखदायी नशा होताहै विधिपूर्वक सेवन कीहुई मद्य रुचिकारी, दीपन, हृदयको हित, स्वर तथा वर्णको उत्तम करनेवाली, प्रीतिकारी, धातुवर्द्धक, बलकारी, भय, शोक तथा श्रमनाशक, निद्रारहित मनुष्योंको निद्रा करानेवाली, गूंगोंके वचनको शुद्ध करनेवाली, अतिनिद्रानाशक, विबन्धकी नाश करनेवाली वध अथवा बन्धन आदिके क्लेश तथा दुःखके ज्ञानको भुलानेवाली, वृद्धोंको भी आनन्द देनेवाली और बहुत दुःख, क्षत तथा शोकसे व्याकुल मनुष्योंको विश्राम देनेवाली होती है ॥ ३४४ ॥

मदस्त्रिलक्षणोभवति । एकोमदोऽधिकसत्त्वगुणस्यपुंसोभवति । द्वितीयोऽधिकरजोगुण स्यतृतीयोऽधिकतमोगुणस्य । अतएवोक्तञ्चरके ॥ प्रधानाधममध्यानांरुक्मणांव्यक्ति दायकः । यथाग्निरेवंसत्त्वानां मद्यंप्रकृतिदर्शकमिति ॥ ३४५ ॥

मद—तीन प्रकारका है एक अधिक सत्त्वगुणवालेका दूसरा अधिक रजोगुणवालेका और तीसरा अधिक तमोगुणवालेका होताहै इसीसे चरकने कहाहै कि जैसे अग्निमें सुवर्णकी उत्तमता, मध्यमता तथा निकृष्टता प्रकट होतीहै उसीप्रकार मद्यके द्वारा मनुष्योंकी उत्तमादि प्रकृति प्रकट होतीहै ३४५॥

तत्र सात्त्विकस्यमदस्यलक्षणमाह ॥

बुद्धिस्मृतिप्रीतिकरःसुखश्चपानान्ननिद्रारतिवर्द्धनश्च । सम्पाठगीतस्वरवर्द्धनश्चप्रो क्तोऽतिरम्यःप्रथमोमदोहि ॥ प्रीतिःपरेणमैत्री । सुखःसुखयतीतिसुखःसुखकरइत्यर्थः । पानादित्यादिपानादिष्वनुषङ्गवर्द्धनः अतिरम्यः मनोविकारित्वेऽपिनदुःखकरःप्रथमगुण विकारित्वात्प्रथमःएवं द्वितीयं तृतीयञ्च ॥ ३४६ ॥

सात्त्विक मदका लक्षण ॥

सात्त्विकमद-बुद्धि, स्मृति, सुख, अन्य पुरुषोंके साथ मित्रता, अन्नपान तथा निद्रामें अभिलाष, पठन, गीत तथा स्वर को बढ़ाताहै और अत्यन्त आनन्दकारी होताहै ॥ ३४६ ॥

राजसस्यमदस्यलक्षणमाह ॥

अव्यक्तबुद्धिस्मृतिवाग्विचेष्टःसोन्मत्तलीलाकृतिरप्रशान्तः । आलस्यनिद्राभिहतो मुहुश्चमध्येनमत्तःपुरुषोमदेन ॥ अव्यक्तेत्यत्रईषदर्थेनञ्विचेष्टःउन्मत्तस्यलीलाकृति भ्यांसहितः ॥ ३४७ ॥

राजसमदके लक्षण ॥

राजसमदसे-बुद्धि, स्मृति तथा बोलनेकी शक्ति, अल्प होती है वारंवार आलस्य तथा निद्रा आतीहै उन्मत्तकीसी लीला तथा आकृति होजातीहै शान्ति नष्टहोजातीहै और चेष्टा विरुद्ध होजातीहै ३४७॥

तामसस्यमदस्यलक्षणमाह ॥

गच्छेदगम्यांनगुरूंश्चमन्येत्खादेदभक्ष्याणि च नष्टसंज्ञः । ब्रूयाच्चगुह्यानिहृदिस्थितानि

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मदेतृतीये रूक्षोऽस्वतन्त्रः॥मन्येदितिपरस्मैसमार्षत्वात् अस्वतन्त्रःमदपरवशः ३४८

तामस मदके लक्षण ॥

तामस मद से—मनुष्य अगम्या में गमन करताहै गुरुओंको नहीं मानता अभक्ष्य पदार्थोंको खाताहै लज्जारहित होजाताहै हृदय में स्थित छिपा हुआ भी कहने लगता है और मदसे परवश होजाताहै ॥ ३४८ ॥

यद्यपिमदास्त्रयएवतथापिसुश्रुतानुरोधादतितामसमदलक्षणमाह। चतुर्थेतुमदेमूढोभग्नदार्विवनिष्क्रियः। कार्य्याकार्य्यविभागज्ञोमृतादप्यपरोमृतः॥ मूढोमोहयुक्तः॥ कोमदन्तादृशंगच्छेदुन्मादमिवचापरम्। बहुदोषमिवामूढःकान्तारंस्ववशःकृती॥ अमूढःविचारबहुलः॥ ३४९॥

यद्यपि मद तीनही प्रकार के हैं तथापि सुश्रुत के मतके अनुसार अतितामस मदका लक्षण कहतेहैं जैसे अतितामस मदसे-मनुष्य मोहयुक्त टूटे हुए वृक्ष के समान चेष्टारहित कार्य्याकार्य्य के विचार से शून्य मरे हुए के समान मूर्च्छित होताहै कौन विचारवान् स्वाधीन और कृतकृत्य पुरुष बहुत दोषवाले वन के समान उन्मादरूपी उस प्रकारके मदमें प्राप्त होने की इच्छाकरेगा अर्थात् कोईभी नहीं करैगा ॥ ३४९ ॥

नातिमाद्यन्तिबलिनःकृताहारामहाशनाः। स्निग्धाःसत्त्ववयोयुक्तामद्यनित्यास्तदन्वयाः॥ मेदःकफाधिकामन्दवातपित्तादृढाग्नयः। विपर्य्ययेऽतिमाद्यन्तिविश्रब्धाःकुपिताश्चये॥ मद्येनचाम्लरूक्षेणसाजीर्णेबहुनापिच॥ ३५०॥

बलवान्, स्निग्ध, सत्त्वगुणयुक्त, अधिक अवस्थावाले, अत्यन्त भोजन करनेवाले, नित्य मद्य पीनेवाले, भोजन किये हुए और जिनके पिता पितामहादिक मद्य पीते हैं ऐसे मनुष्यों को बहुत नशा नहीं होताहै अधिकमेद तथा कफवाले थोडे वात पित्त तथा दृढ़ अग्निवाले उद्दण्ड तथा कोप युक्त और अजीर्णवाले मनुष्योंको बहुत नशा होताहै बहुत खट्टी तथा रूखी मद्य से भी बहुत नशा होताहै ॥ ३५० ॥

अथ मदात्ययानांनिदानमाह ॥

विषस्ययेगुणादृष्टाःसन्निपातप्रकोपणाः। तएवमद्येदृश्यन्तेविषेतुबलवत्तराः॥तस्मादविधिपीतेनतथामात्राधिकेनच। युक्तेनचाहितैरन्नैरकालेसेवितेनच॥मद्येनखलुजायन्तेमदात्ययमुखागदाः। अविधिप्रयुक्तंमद्यंविकारान्तरानुत्पादयति। इत्यतआह। निर्भुक्तमेकान्ततएवमद्यंनिषेव्यमाणंमनुजेननित्यम्। उत्पादयेत्कष्टतमान्विकारानुत्पादयेच्चापिशरीरभेदम्॥ एकान्ततोनैरन्तर्येणविकारान्मदात्ययादीन्। शरीरस्यभेदंनाशम्॥ ३५१॥

मदात्यय रोगका निदान ॥

सन्निपातके कुपित करनेवाले जो गुण विषमें हैं वही मद्यमेंभी हैं परन्तु विषमें विशेष करकेहैं इस लिये अविधिपूर्वक अधिक मात्रा से अहित अन्नों के साथ अथवा अकाल में मद्य पीने से मदात्यय आदिक रोग उत्पन्न होतेहैं विना विधिके मद्य पान करने से अन्य २ विकार भी उत्पन्न होते हैं जैसे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कि भोजनके विना निरंतर मद्य पान करनेसे अनन्त दुःखदायी मदात्यय आदिक रोग उत्पन्न होते हैं और शरीर भी नष्ट हो जाताहै ॥ ३५१ ॥

मदात्ययस्य हेत्वन्तरमाह ॥

क्रुद्धेनभीतेनपिपासितेन शोकाभितप्तेनबुभुक्षितेन । व्यायामभाराध्वपरिक्षतेन वेगावरोधाभिहतेनचापि ॥ अत्यम्लभक्ष्यावततोदरेणसाजीर्णभुक्तेनतथाबलेन । उष्णाभितप्तेनचसेव्यमानंकरोतिमद्यंविविधान्विकारान् ॥ तानेवविकारान्विवृणोति । पानात्ययंपरमदंपानाजीर्णमथापिच । पानविभ्रममत्युग्रंतेषांवक्ष्यामिलक्षणम् ॥ ३५२ ॥

मदात्यय आदिकोंके अन्य कारण ॥

क्रुद्ध, भयभीत, तृषित, शोकयुक्त, बुभुक्षित, व्यायाम, भारका लेचलना तथा मार्गगमन से क्षीण, वेगों के रोकनेवाले, चोटवाले बहुत जल पान तथा रूखी वस्तुके सेवनसे फूले हुए पेटवाले, अजीर्ण में भोजनकरनेवाले, दुर्बल और उष्णता से संतप्त ऐसे मनुष्यों को मद्य पीने से अनेक रोग उत्पन्न होते हैं वह रोग यहहैं जैसे पानात्यय, परमद, पानाजीर्ण और पानविभ्रम इनके लक्षण आगे लिखे जाते हैं ॥ ३५२ ॥ अथमदात्ययस्यसामान्यंलक्षणमाह ॥

शरीरदुःखंबलवत्प्रमोहोहृदयेव्यथा । अरुचिःप्रततंतृष्णाज्वरःशीतोष्णलक्षणः ॥ शिरःपार्श्वास्थिसन्धीनांवेदनाविक्षतेयथा । जायतेऽतिबलाजृम्भास्फुरणंवेपनंश्रमः ॥ उरोविबन्धःकासश्चहिक्काश्वासःप्रजागरः । शरीरकम्पःकर्णाक्षिमुखरोगास्त्रिकग्रहः ॥ छर्दिर्विड्भेदउत्क्लेशोवातपित्तकफात्मकः । भ्रमप्रलापोरूपाणामसतांचैवदर्शनम् ॥ तृणभस्मलतापर्णपांशुभिश्चावपूरणम् । प्रधर्षणंविहंगैश्चभ्रांतचेताःसमन्यते ॥ व्याकुलानामशस्तानांस्वप्नानांदर्शनानिच । मदात्ययस्यरूपाणिसर्वाण्येतानिलक्षयेत् ॥ ३५३ ॥

मदात्यय का सामान्य लक्षण ॥

शरीरमें बहुत क्लेश, मोह, हृदयमें पीडा, अरुचि, निरन्तर तृषा, शीत तथा उष्णलक्षणों से युक्त ज्वर, शिरमें पीडा, पसली तथा रीढके नीचे हड्डियों में टूटने कीसी पीडा, हड्डियों की सन्धियोंमें पीडा, बहुत जंभाई, शरीर का फडकना, कम्प, श्रम, हृदय का जकडना, खांसी, श्वास, हिचकी, निद्राकानाश, शरीर कांकपना, कान, नेत्र तथा मुखके रोग, वातज छर्दि, पित्तज मल भेद, कफज मतली, भ्रम, प्रलाप, असत् रूपोंका देखना, तृण, भस्म, लता, पत्र तथा धूलिसे पूर्णसा मालूम होना, चित्तके भ्रमयुक्त होने से पक्षियोंसे घिरा हुआसा मालूम होना और व्याकुलता समेत बुरेस्वप्नोंकादेखना यह सब मदात्यय के लक्षणहैं ॥ ३५३ ॥ अथ वातिकस्यमदात्ययस्यनिदानमाह ॥

स्त्रीशोकभयभाराध्वकर्मभिर्योऽतिकर्षितः । रूक्षाल्पप्रमिताशीच यःपिबत्यतिमात्रया ॥ रूक्षंपरिणतंमद्यंनिशिनिद्रांनिहत्यच । करोतितस्यतच्छीघ्रंवातप्रायंमदात्ययम् ॥ तन्मद्यम् ॥ ३५४ ॥

वातज मदात्यय के निदान ॥

मैथुन, शोक, भय, भार तथा मार्गगमन से कृशशरीरवाला, रूखा तथा अल्पभोजन करनेवाला, मनुष्य. रूखी तथा पुरानी मद्य रात्रि में जागरण करके मात्रासे अधिक पियै तो उसको शीघ्रही वातज मदात्यय रोग होताहै ॥ ३५४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ तस्यलक्षणमाह ॥

हिक्काश्वासशिरःकम्पपार्श्वशूलप्रजागरैः। विद्याद्बहुप्रलापस्यवातप्रायंमदात्ययम् ३५५

वातज मदात्ययके लक्षण ॥

वातज मदात्यय में—हिचकी, श्वास, शिरका कंपना, पसलीमें पीडा, निद्राका नाश और अत्यन्त प्रलाप से यह लक्षण होतेहैं ॥ ३५५ ॥

अथ पैत्तिकस्य निदानमाह ॥

तीक्ष्णोष्णमद्यमम्लंचयोऽतिमात्रंनिषेवते। अम्लोष्णतीक्ष्णभोजीचक्रोधनोऽग्निनरा नरः ॥ तस्योपजायतेतीव्रःपित्तप्रायोमदात्ययः ॥ ३५६ ॥

पित्तजमदात्ययका निदान ॥

तीक्ष्ण, उष्ण तथा खट्टी वस्तुओं से बहुत खानेवाले, क्रोधी और अग्निवान्, मनुष्य—तीक्ष्ण, उष्ण तथा खट्टी मद्यको अधिक सेवनकरे तो बहुत तेज पित्तज मदात्यय रोग उत्पन्न होताहै ॥ ३५६ ॥

अथ तस्यलक्षणमाह ॥

तृष्णादाहज्वरस्वेदमोहातीसारविभ्रमैः। विद्याद्धरितवर्णस्य पित्तप्रायंमदात्ययम् ३५७

पित्तज मदात्ययका लक्षण ॥

पित्तज मदात्ययमें—तृषा, दाह, ज्वर, स्वेद, मोह, अतीसार, भ्रम और शरीरका पीलापन यह लक्षण होते हैं ॥ ३५७ ॥ अथ श्लैष्मिकस्यमदात्ययस्यनिदानमाह ॥

मधुरःस्निग्धोगुर्वाशीयःपिबत्यतिमात्रया। अव्यायामदिवास्वप्नशय्यासनसुखेरतः॥ मदात्ययंकफप्रायंसनरोलभतेध्रुवम् ॥ ३५८ ॥

कफज मदात्ययका निदान ॥

मधुर, स्निग्ध तथा भारी वस्तु खानेवाले, व्यायामरहित, दिनमें सोनेवाले और शयन तथा बैठने के सुखको करनेवाले मनुष्य जो मात्रासे अधिक मद्यपान करें तो उनको निस्सन्देह कफज मदात्यय रोग होताहै ॥ ३५८ ॥ अथ तस्यलक्षणमाह ॥

छर्द्यरोचकहृल्लासतंद्रास्तैमित्यगौरवैः। विद्याच्छीनपरीतस्यकफप्रायंमदात्ययम् ३५९

कफज मदात्ययके लक्षण ॥

कफज मदात्यय में—छर्दि, अरुचि, मतली, तन्द्रा, शरीरमें गीला कपडा लिपटाहुआसा मालूम होना, भारीपन और शीत लगना यह लक्षण होते हैं ॥ ३५९ ॥

अथ सान्निपातिकस्यमदात्ययस्यलक्षणनिदानमाह ॥

ज्ञेयस्त्रिदोषजश्चापिसर्वैर्लिङ्गैर्मदात्ययः ॥ ३६० ॥

सन्निपातज मदात्ययके लक्षण और निदान ॥

त्रिदोषज मदात्यय ऊपरकहेहुये सब निदानोंसे उत्पन्न होताहै और इसमें सबके लक्षणहोतेहैं ३६०

अथ परमदमाह ॥

श्लेष्मोच्छ्रयोऽङ्गगुरुताविरसास्यताच विण्मूत्रशक्तिरथतन्द्रिररोचकश्च । लिंगंपर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्यतमदस्य वदन्ति तज्ज्ञास्तृष्णारुजा शिरसिसन्धिषुचातिभेदः। तन्द्रिस्तन ॥ ३६१॥

परमद के लक्षण ॥

कफकी अधिकता, अंगोंमे ... विरसता, मलवमूत्रका रुकना, तन्द्रा, ... षा, शिर में पीड़ा और सन्धियों में टूटने ... सी पीड़ा यह परमदके लक्षणहैं ॥ ३६१ ॥

पानाजीर्णमाह ॥

आध्मानमुग्रमथवोद्गिरणंविदाहःपानेत्वजीर्णमुपगच्छतिलक्षणानि । ज्ञेयानितत्र भिषजासुविनिशिचतानिपित्तप्रकोपजनितानिचकारणानि ॥ उद्गिरणंवान्तिरुद्गारोवापी यतइतिपानंमद्यम् ॥ ३६२ ॥ पानाजीर्ण के लक्षण ॥

आध्मान, छर्दि और दाह यह पानाजीर्णके लक्षणहैं औरइसमेंपित्तकेकुपितकरनेवालेकारणहोतेहैं ३६२

पानविभ्रममाह ॥

हृद्गात्रतोदकफसंस्रवकण्ठधूममूर्च्छावमिज्वरशिरोरुजनप्रदेहाः । द्वेषःसुरान्नविकृतेषु चतेषुतेषुतंपानविभ्रममुशन्त्यखिलेषुधीराः॥ कण्ठधूमःकण्ठाद्धूमनिर्गतइवप्रदेहःकफेन लिप्तास्यता द्वेषः सुरान्नविकृतेषुचतेषुतेषुसुराविकारेष्वन्नविकारेषु चद्वेषः अखिलेषुमद्यवि कारेषु ॥ ३६३ ॥ पान विभ्रम के लक्षण ॥

हृदय तथा शरीरमें पीड़ा, कफ बहना, गलेसे धुआंसा निकलना, मूर्च्छा, छर्दि, ज्वर, शिरमें पीड़ा, मुख कफसे लिपा हुआसा होना और अनेकप्रकारकी मद्य तथा अन्नकेपदार्थों में द्वेष यह पान विभ्रमके लक्षणहैं ॥ ३६३ ॥ असाध्यानांमदात्ययादीनांलक्षणमाह ॥

हीनोत्तरोष्ठमतिशीतममन्ददाहंतैलप्रभास्यमतिपानहतन्त्यजेच्च । जिह्वौष्ठदन्तम सितन्त्वथवापिनीलंपीतेचयस्यनयनेरुधिरप्रभेवा ॥ हिक्काज्वरौवमथुवेपथुपार्श्वशूला कासभ्रमावपिचपानहतंत्यजेत्तम् ॥ ३६४ ॥

असाध्य मदात्यय आदि के लक्षण ॥

जिसका ओष्ठ क्षीण होजाय ऊपर शीत तथा भीतर बहुत दाह मालूम होवे मुखमें तेललगाहुआ सा मालूमहोय ऐसा मदात्ययवाला असाध्यहै जिह्वा ओष्ठ तथा दांत नीले अथवा काले होयँ और दोनोंनेत्र पीले अथवा लाल होयँ तो मदात्यय असाध्यजानना चाहिये हिचकी, ज्वर, छर्दि, कंप, पसली में पीड़ा खांसी और भ्रम इन सबसे युक्त मदात्ययवाले को त्याग करदेवे ॥ ३६४ ॥

अथ मदात्ययादीनांचिकित्सा ॥

मद्योत्थानाञ्चरोगाणांमद्यमेवहिभेषजम्। यथादहनदग्धानांदहनंस्वेदनंहितम् ॥ मि थ्यातिहीनमद्येनयोव्याधिरुपजायते। समेनैवनिपीतेनमद्येनसहिशाम्यति ॥ बीजपूरक वृक्षाम्लकोलदाडिमसंयुतम् । यवानीहवुषाजाजीशृंगबेरावचूर्णितम् ॥ सस्नेहैःसक्तुभि र्युक्तमुपदंशैश्चिरोत्थितम् । दद्यात्सलवणंमद्यंवातपैत्तिकशान्तये ॥ मद्यंसौवर्चलव्योष युक्तंकिञ्चिज्जलान्वितम् । जीर्णमद्यायदातव्यंवातपानात्ययापहम् ॥ चव्यंसौवर्चलंहिंगु पूरकंविश्वदीपकम् । चूर्णंमद्येनपातव्यंपानात्ययरुजापहम् ॥ ३६५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मदात्यय आदिकी चिकित्सा ॥

जैसे अग्निसे जलेहुओंको अग्निके द्वारा स्वेद देना हितकारीहै इसी प्रकार मद्यसे हुए रोगोंमें मद्यही विधिरहित अधिक अथवा थोडी मद्यसे उत्पन्न होतेहैं वह मात्राके अनुसार मद्यसे शान्त होतेहैं बिजौरानींबू,अमलवेत,और अनार के रस से युक्त,घी मिले हुए सत्तुओं अजवाइन,हाऊबेर,जीरा,सोंठ और सेंधानोन मिलाकर इनके साथ मद्य पान करने से बहुत दिन से उत्पन्न हुआ वात, पित्त संबंधी मदात्यय रोग शान्त होताहै कालानोन,त्रिकुटु और कुछ जल मिलाकर मद्य के पचजाने पर फिर मद्य पिलानेसे वातज मदात्यय शान्त होताहै चव्य,काला नोन,हींग,बिजौरानींबू,सोंठ और अजवाइनका चूर्ण मिलाकरपीनेसेमदात्ययरोगकानाशहोताहै३६५

लावातित्तिरदक्षाणांरसैश्चशिखिनामपि। पक्षिणांमृगमत्स्यानामानूपानांतथोदनैः॥ स्निग्धोष्णलवणाम्लैश्चवेसवारैर्मुखप्रियैः । स्निग्धैर्गोधूमजैरन्नैर्वातप्रायंमदात्ययम् ॥ नारीणांयौवनोष्माणांनिर्दयैरुपगूहनैः । श्रोण्यूरुकुचभारैश्चसंरोधोष्णसुखप्रदैः॥ शयनाच्छादनैरुष्णैश्चान्तर्गेहैःसुखप्रदैः। उत्पन्नोमारुतःशीघ्रंशाम्यतिमदात्ययः॥३६६॥

लवा,तीतर,मुर्गा तथा मोर यह सब पक्षी,मृग,मछली तथा अनूपजीवोंके मांसकेरस,भात,स्निग्ध, उष्ण,लवण,अम्ल तथा मुखको प्रिय,वेसवार और गेहूंके बने हुए स्निग्ध पदार्थ इनसबके साथ मद्य पीनेसे वातज मदात्यय नष्ट होताहै यौवनसे मतवाली स्त्रियोंके आलिंगनसे तथा दाबने में सुखदायी उष्ण नितम्ब जंघा तथा स्तनोंसे उष्ण सुखदायी शय्या तथा आच्छादन से और उष्ण कोठरी आदि भीतरके गृहोंके सेवनसे वातज मदात्ययरोग नष्टहोताहै ॥ ३६६ ॥

पित्तपानात्ययेयोज्याःसर्वतश्चक्रियाहिमाः। सितामाक्षिकसंयुक्तंमद्यमर्द्धोदकंपिबेत् ॥ मद्यंखर्जूरमृद्वीकापरूषकरसैर्युतम्। सदाडिमरसंशीतंसक्तुभिश्चावचूर्णितम्॥सशर्करंवा माध्वीकंसंयुक्तमथवापरम्। दद्याद्बहूदकंकालेपातुंपित्तमदात्यये॥ शशान्कपिञ्जलाने णाँल्लावानशितपुच्छकान् । मधुराम्लान्प्रयुञ्जीतभोजनेशालिषष्टिकान् ॥ पटोलयूष मिश्रंवाछागलंकल्पयेद्रसम्। सतीनमुद्गमिश्रंवादाडिमामलकान्वितम् । द्राक्षामलकख र्जूरपरूषकरसेनच॥ कल्पयेत्तर्पणान्यूषान्रसांश्चविविधात्मिकान्। शीतानिचान्नपाना निशीतशय्यासनानिच । शीतवातजलस्पर्शाःशीतान्युपवनानिच ॥ क्षौमपद्मोत्पलाना ञ्चमणीनांमौक्तिकस्यच। चन्दनोदकशीतानांस्पर्शाश्चन्द्रांशुशीतलाः॥ ३६७॥

पित्तज मदात्ययरोगमें सब शीतल क्रिया करनी चाहिये शक्कर तथा सहत युक्त आधे जल से मिली हुई मद्य पीनी चाहिये खजूर, दाख, फालसा तथा अनारके रससे युक्त शीतल मद्यसत्तुओं के साथ पानकरे शक्करयुक्त दाखकी मद्य अथवा अन्य किसी प्रकारकी अधिक जल मिलीहुई मद्य पान करे इससे पित्तज मदात्यय रोग नष्ट होतेहैं खरगोश,श्वेततीतर,मृग,लवा,दुम्बा,मेढ़ा तथा बकरा इन के मांसकारस मधुर तथा खट्टीवस्तु,परवल,मटर तथा मूंगकायूष,अनार तथा आमलेकी खटाई शालि धान्य,सांठीके चांवल खिलावे अथवा दाख,आमला, खजूर तथा फालसेका यूष और अनेक प्रकारके मांसके रस तृप्तिके लिये देवे शीतल अन्न,जल,शय्या,आसन,वायु,जल,स्पर्श तथा उपवन इनसबका सेवन करना चाहिये रेशमीवस्त्र,कमल,उत्पल,मणि,मोती,चंदन युक्त जल का स्पर्श और चन्द्रमाकी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

किरथा इनसबका सेवन करना चाहिये यह सब पित्तजमदात्यय रोग में हितकारी होते हैं ॥ ३६७ ॥

रूक्षतर्पणसंयुक्तंयवानीव्योषसंयुतम्। यवगोधूमकञ्चान्नंरूक्षयूषेणभोजयेत्। कुलत्थकानांशुष्काणांमूलकानां रसेन वा ...र्संयुक्तंयवान्नंवाप्रदापयेत् ॥ ... रसंरूक्षमम्लंवाजांगलंरसम्। व्योषयूषमनागम्लंपिबेत्कफमदात्यये ॥ स्थाल्यां ... लेवा मृष्टंकृत्वातुनीरसम्। कट्वम्ललवणंमांसंखादेत्कफमदात्यये ॥ वामकद्रव्य... मद्येनोल्लेखनंमतम्। मदात्ययेकफोद्भूतेलङ्घनञ्चयथाबलम् ॥ ३६८ ॥

कफज मदात्ययरोगमें अजवाइन तथा त्रिकटुयुक्त रूखे तर्पण (तृप्तिकारी पदार्थ) और जौ तथा गेहूंके पदार्थ रूखे यूषों के साथ अथवा कुलथी तथा सूखी मूलीके यूषके साथ भोजनकरावे या बहुत कटुता युक्त जौ के पदार्थ सेवनकरावे बकरे अथवा जंगलीजीवों के मांसकारस घृतादिरहित कुछ खट्टा सेवन करे और त्रिकटु के यूषमें थोडी खटाई डालकर पानकरे हाँडी अथवा खपरे में कडवे अम्ल तथा लवणयुक्त नीरसमांसको भूनकर खाय वमन करानेवाली औषधियों से युक्त मद्य पिलाकर वमन कराने से और बलके अनुसार लंघन कराने से कफज मदात्यय नष्टहोताहै ॥ ३६८ ॥

यदिदंकर्मनिर्दिष्टंवातपित्तकफान्प्रति। सर्वजेसर्वमेवेदंप्रयोक्तव्यंचिकित्सकैः ३६९ ॥

वातज,पित्तज और कफज मदात्यय रोगमें जो चिकित्सा कही गई है वह संपूर्ण मिलाकर सन्निपातज मदात्यय में करनी चाहिये ॥ ३६९ ॥

अथ प्रसंगात् कोद्रवादिमद चिकित्सा ॥

सगुडःकूष्माण्डरसःशमयतिमदमाशुकोद्रवजम्। धत्तूरजञ्चदुग्धंसशर्करंचाशुपानेन ॥ सछर्दिमूर्च्छातीसारंमदंपूगफलोद्भवम्। सद्यःप्रशमयेत्पीतमातृप्तेर्वारिशीतलम् ॥ वन्यकरीषघ्राणाज्जलपानाल्लवणभक्षणादपिच ॥ शाम्यतिपूगफलोद्भवमदःसशूलःसशर्कराकवलात् ॥ तत्क्षणान्मृदितंचूर्णंसमाघ्रातंप्रणाशयेत्। ताम्बूलोत्थंमदंपुंसामेकमेव स्वभावतः ॥ जातीफलमदंशीघ्रंहन्तिपथ्यानिषेविता। शीततोयावगाहश्चशर्करादधियोजिता ॥ भितिवमदशान्त्यर्थमेतदेवमतापुनः। मद्यंपीत्वायदिनातत्क्षणमवलेढिशर्करांसघृताम् ॥ जातुनमदयतिमद्यंमनागपिप्रथितवीर्य्यमपि ॥ इति पानात्ययपरमदपानाजीर्णपानविभ्रमाधिकारः ॥ ३७० ॥

प्रसंगसे कोदों आदिके मद की चिकित्सा ॥

कुंभडेके रसमें गुडामिलाकर पीने से कोदोंका मद नष्ट होताहै दूधमें शक्कर मिलाकर पीने से धतूरे के मदका नाश होताहै तृप्तिपूर्वक शीतल जलपीने से छर्दि मूर्च्छा तथा अतीसार सहित सुपारीके मदका नाश होताहै वनके कंडेके सूंघने से जलपीनेसे अथवा नोनखाने से भी सुपारीके मदका नाश होताहै शक्करके ग्रास को मुख में रखनेसे चूने से हुई मुखकी पीडा का नाश होताहै चूने को मलकर सूंघनेसे पान के मदका नाश होताहै हडके सेवन से जायफलके मदका शीघ्रनाश होताहै शीतजलमें स्नानकरने से और शक्करसहित दहीके खानेसे बहेडे के मदका नाश होताहै मद्यको पीकर जो शीघ्रही घीमें शक्कर मिलाकर चाटे तौ बहुत नशीली मद्यकाभी मद नाश होताहै इति पानात्यय पर मदपानाजर्णि पानविभ्रमाधिकार ॥ ३७० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ दाहाधिकारः । तत्रदाहःसप्त[illegible]स्तेष्वादौपित्तजंदाहमाह ॥

पित्त[illegible]समःपित्तदाहःस्यात्तस्यसंक्रमः[illegible]हऊष्मा[illegible]व्याधिः पित्तज्वरस[illegible]
पित्तज्व[illegible]युक्तः पित्तज्वरेत्वामाशयदुष्टे[illegible] भेदः तस्यदाह[illegible]पित्त
ज्वरो[illegible]चिकित्सा ॥ ३७१ ॥

दाह का अधिकार ॥

दाह सातप्रकारका है उनमें से पहले पित्तज दाहको कहतेहैं पित्तज दाहमें पित्तज्वरके लक्षण होते हैं (परन्तु भेद यह है कि पित्तज्वरमें बेचैनी तथा आमाशय में दोष अधिक होते हैं और दाहमें यह नहींहोते हैं) इससे इसकी चिकित्साभी पित्तज्वरके समान होतीहै ॥ ३७१ ॥

रक्तजमाह ॥

कृत्स्नदेहानुगंरक्तमुद्रिक्तंदहतिध्रुवम् । सन्धूप्यतेचोष्यतेचताम्राभस्ताम्रलोचनः ॥
लोहगन्धांगवदनोवह्निनेवावकीर्यते । उद्रिक्तमतिरक्तंसतद्दहतिदाहाख्यंव्याधिंकरोतिस
न्दह्यते अग्निनादह्यतइवउष्यते समीपस्थेनेव वह्निनातप्यते चूष्यतइतिपाठान्तरे
आचूषणेनेवपीडामनुभवतीत्यर्थः । वह्निनेवावकीर्य्यतेशरीरोपरिवह्निप्रक्षिप्यतइवशस्त्रा
दिक्षतानिःसृतइव ॥ ३७२ ॥

रक्तजदाहका वर्णन ॥

रक्तज दाहमें संपूर्ण शरीरका रुधिर कुपित होकर दाह को उत्पन्न करता है इसमें रोगी समीपमें धरी हुईसी अग्नि के द्वारा संतप्तके समान पीडित होताहै तृषित होताहै शरीर तथा नेत्र ताम्र वर्ण होजातेहैं शरीर तथा मुखमें लोहेकीसी गन्धि आतीहै और शरीर में चिनगारियांसी गिरीहुई मालूमपड़ती हैं ॥ ३७२ ॥

रक्तपूर्णकोष्ठजमाह ॥

असृजापूर्णकोष्ठस्यदाहोऽन्यःस्यात्सुदुस्तरः । असृजाशस्त्रादिक्षतान्निःसृतरक्तेन ३७३॥

रक्तपूर्णकोष्ठज दाह का वर्णन ॥

शस्त्र आदिके द्वारा हुए घावसे बहने वाले रुधिर से कोष्ठके पूर्ण होजाने पर एक प्रकारका अत्यन्तदुस्तर दाह उत्पन्न होताहै इसको रक्तपूर्ण कोष्ठज कहतेहैं ॥ ३७३ ॥

मद्यजमाह ॥

त्वचंप्राप्तःसपानोष्मापित्तरक्ताभिमूर्च्छितः । दाहंप्रकुरुतेघोरंपित्तवत्तत्रभेषजम् ॥
सपानोष्मामद्यपानजनितऊष्मापित्तरक्ताभिमूर्च्छितः । पित्तरक्ताभ्यांवर्द्धितः ॥ ३७४ ॥

मद्यज दाहका वर्णन ॥

मद्यपीने से हुई ऊष्मा पित्त तथा रुधिरके साथ बढ़ीहुई त्वचामें प्राप्तहोके भयंकर दाहको उत्पन्न करती है इसमें पित्तकी सी चिकित्सा करनी चाहिये ॥ ३७४ ॥

तृषानिरोधजमाह ॥

तृष्णानिरोधादब्धातौक्षीणेतेजःसमुद्धतम् । सबाह्याभ्यन्तरंदेहंप्रदहेन्मन्दचेतसः ॥
संशुष्कगलताल्वोष्ठोजिह्वानिष्कास्यवेपते । अब्धातौरसेक्षीणेक्षयंप्राप्तेतेजःसमुद्धतंवृद्धं
मन्दचेतसःअल्पबुद्धेःयतस्तेनतृषानिरोधःकृतः ॥ ३७५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तृषा नि[illegible] दाहका वर्णन ॥

जो मन्दबुद्धि मनुष्य तृषा होने पर जल [illegible]हीं पीताहै उसकी रस धातुके क्षीण [illegible]ानेपर बढ़ा [illegible]ा तेज शरीरके भीतर तथा बाहर दाहको [illegible] करता है इसमें कंठ तालु तथा [illegible] सखजाते हैं [illegible] बाहर निकल आती [illegible] मि० ३७५ ॥

धातुक्षयजमाह ॥

धातुक्षयोत्थोप्येदाहस्तेनमूर्च्छातृषान्वितः । क्षामस्वरः क्रियाहीन[illegible]दन्भृश पीडितः ॥ ३७६ ॥

धातुक्षयज दाहका वर्णन ॥

धातुक्षयज दाहमेंमूर्च्छा,तृषा,स्वरभंग,कार्योंमेंअसमर्थता और बहुत दाहहोनेसेमृत्युभीहोजातीहै ३७६

मर्माभिघातजमाह ॥

मर्माभिघातजोऽप्यस्तिसोऽसाध्यःसप्तमोमतः।मर्माणिशिरोहृदयवस्त्यादीनि॥३७७॥

मर्माभिघातज दाहका वर्णन ॥

शिर,हृदय तथा मूत्राशय आदि स्थानोंमें चोटलगनेसे जो दाह उत्पन्न होताहै वह असाध्यहै ३७७

असाध्यदाहमाह ॥

सर्वएवचवर्ज्याःस्युःशीतगात्रस्यदेहिनः ॥ ३७८ ॥

असाध्य दाहके लक्षण ॥

शीतल शरीरवाले मनुष्योंके सम्पूर्ण दाह असाध्य होते हैं ॥ ३७८ ॥

अथ दाहचिकित्सा ॥

शतधौतघृताभ्यक्तंलेपंवायवसक्तुभिः । कोलामलकयुक्तैर्वाधान्याऽम्लैरपिबुद्धिमान् । धान्याम्लंकाञ्जिकभेदः । छादयेत्तस्यसर्वाङ्गमारनालार्द्रवाससा । लामज्जकेनयुक्तेनच न्दनेनानुलेपयेत् ॥ चन्दनाम्बुकणास्यन्दितालवृन्तोपवीजनैः । सुप्याद्दाहार्दितोऽम्भो जकदलीदलसंस्तरे ॥ परिषेकावगाहेषुव्यजनानाञ्चसेवने । शस्यतेशिशिरन्तोयंदाह तृष्णोपशान्तये ॥ फलिनीलोध्रसेव्याम्बुहेमपत्रंकुटन्नटम् । कालीयकरसोपेतंदाहेशस्तं प्रलेपनम्॥फलिनीप्रियङ्गुःसेव्यंउशीरंअम्बुबालकंहेमपत्रंनागकेशरपत्रंकुटन्नटंवितुन्न कंगुडतजीइतिलोके क्वचित्चम्बावती इतिनामकालीयकंकलम्बकइतिलोके । ह्रीबेरप द्मकोशीरचन्दनाम्बुजवारिणा ॥ सम्पूर्णमवगाहेतद्रोणींदाहार्दितोनरः ॥ ३७९ ॥

दाहकी चिकित्सा ॥

सौबारका धोयाहुआ घी तथा जौंके सत्तू मिलाकर लेप करनेसे बेर तथा आमले एक साथ कांजी में पीसकर लेप करने से कांजी में भीगे हुए कपडेके ओढ़नेसे खस तथा चन्दनको शिरके में पीसकर लेपकरनेसे और कमल तथा केले के पत्तोंकी शय्यापर शयन करके चन्दन युक्त जलसे सिंचेहुए पंखों की वायुके सेवनसे दाहका नाश होताहै तृषा तथा दाहकी शान्तिके लिये जलसे सींचना स्नानकरना तथा पंखोंपर छिडकना इन सबकार्यों में शीतल जल श्रेष्ठ है मालकंगनी, लोध, खस,सुगन्धबाला, नागकेशरके पत्ते और गुड़तजी इनसबको कलंबकके रसमें पीसकर लेपकरने से सुगन्धबाला, पद्माक,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

खस,चन्दन [illegible]था कमलको पीसकर जलमें मिलाके[illegible]र इस जलको हौजमें भरकर उसमें स्नान करनेसे दा[illegible] नाशहोताहै ३७९ ॥

वाप्य[illegible]कमलहासिन्योजलयन्त्रगृहाःशु[illegible]नार्यश्चन्दन[illegible]दिग्धाङ्ग्योदाहदैन्यह[illegible]ताः ॥ [illegible]कमलस्याम्भःशर्कराम्भःपयो[illegible]सुरसञ्चापिकार[illegible]जि द्विधिर[illegible]८० ॥

फूलें[illegible]वाली बावडी,फुहारेदार घर और शरीरमें चन्दन लगायेहु[illegible] स्त्री यह सब दाहकी नाशकहैं कमलका जल शक्करयुक्त जल अथवा दूध तथा ईखका रस इनका सेवन करनेसे और पित्त नाशक चिकित्सा करने से दाह का नाश होताहै ॥ ३८० ॥

पटीरपर्पटोशीरनीरनीरदनीरजैः। मृणालमिसिधान्याकपद्मकामलकैःकृतः ॥ अर्द्धशिष्टःसिताशीतःपीतःक्षौद्रसमन्वितः । क्वाथोऽयपोहयेद्दाहंनृणाञ्चपरमोल्बणम् ॥ पटीरंचन्दनम् । इतिचन्दनादिक्वाथः ॥ ३८१ ॥

चन्दन,पित्तपापडा, खस, सुगन्धबाला, मोथा, कमल, कमलकीडंडी, सौंफ, धनियां, पद्माक और आमला इन सबके द्वारा आधा अवशिष्ट काढा बनाकर शीतल होजानेपर शक्कर तथा सहत डालकर पीनेसे बहुत बढ़ेहुएभी दाह का नाश होताहै इति चन्दनादिक्वाथ ॥ ३८१ ॥

तिलतैलंभवेत्प्रस्थंतत्षोडशगुणेशनैः । काञ्जिकेविपचेत्तस्याद्दाहज्वरहरंपरम् ॥ इति काञ्जिकतैलम् । इतिदाहाधिकारः ॥ ३८२ ॥

६४ तोले तिलके तेलको १६ गुनी कांजी में पकाकर मर्द्दन करने से दाहज्वर का नाश होताहै ॥ इति कांजिक तेल इति दाहाधिकार ॥ ३८२ ॥

अथोन्मादाधिकारस्तत्रोन्मादस्य निरुक्तिमाह ॥

मदयन्त्युद्धतादोषायस्मादुन्मार्गमाश्रिताः । मानसोऽयमतोऽव्याधिरुन्मादइतिकीर्त्तितः । अयमर्थः । यस्माद्धेतोरुद्धताःप्रवृद्धाःदोषाःउन्मार्गमाश्रिताःमदयन्तिचित्तंविक्षिपन्तिअस्मिन्नसोऽयमुन्मादइतिकीर्तितःसउन्मादःमानसोऽव्याधिःमनोवैकृत्यकारणात् । तस्यैवावस्थाभेदेनामान्तरमाह । सचाप्रवृद्धस्तरुणोमदसंज्ञां बिभर्त्तिच । सउन्मादः तरुणोनवीनः ३८३ ॥ उन्माद का अधिकार उन्मादकी निरुक्ति ॥

विमार्गमें प्राप्त बढ़ेहुए दोष चित्तको विकल करते हैं इसलिये इसको उन्माद कहते हैं यह मानस रोगहै और वही उन्माद रोग जो बहुत बढ़ा न होय और नवीन होय तो उसको मद कहते हैं ॥ ३८३ ॥

उन्मादस्यविप्रकृष्टंलक्षणमाह ॥

विरुद्धदुष्टाशुचिभोजनानिप्रधर्षणंदेवगुरुद्विजानाम् । उन्मादहेतुर्भयहर्षपूर्वोमनोऽभिघातोविषमाचचेष्टा । दुष्टंधत्तूरबीजादिसहितंअशुचिरजस्वलास्पर्शादिप्रधर्षणमभिभवःविषमाचेष्टाबलवद्विग्रहादिः ॥ ३८४ ॥

उन्मादके दूरवाले कारण ॥

विरुद्ध दुष्ट (धतूरेकेबीज आदिसे युक्त) तथा अशुचि (रजस्वला स्त्री आदिकों से छुएहुए) भोजन

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

से देवता गुरू तथा ब्राह्मणोंके तिरस्कारसे भयसे हर्षसे मनके तोडनेसे और बलवान्के साथ युद्धादि से उन्माद रोग उत्पन्न होताहै ॥ ३८४ ॥

सन्निकृष्टं तद्रोगमाह ॥

...दोषैः ... मानसेनचदुःखेनसपञ्चविधः ... ॥ विषाद्भवतिषष्ठश्चयथास्वंतत्रभेषजम् ॥ तस्यसंप्राप्तिमाह । तैरल्पसत्त्वस्य ... दुष्टाः बुद्धेर्निवासंहृदयंप्रदूष्य ॥ स्रोतांस्यधिष्ठायमनोवहानिप्रमोहयन्त्याशु ... तः । अल्पसत्त्वस्यअल्पसत्त्वगुणस्यमलावातादयः बुद्धेर्निवासंहृदयंप्रदूष्येतिएतेनाश्रयस्य दुष्ट्यातदाश्रितायाः बुद्धेरपिदुष्टिरुक्तामनोवहानिस्रोतांसिहृदयाश्रितानिदशएतानिविशेषतोबोद्धव्यानि । चरकेणसकलशरीरस्रोतांस्येवमनोऽधिष्ठानत्वेनोक्तानिप्रमोहयन्तिविकृतिंकुर्वन्ति ॥ ३८५ ॥ उन्मादके समीपी कारण ॥

उन्माद ६ प्रकारकाहै वातज,पित्तज,कफज,सन्निपातज,मनके दुःखसे उत्पन्न और विषज इनमें अपने २ अनुसार चिकित्सा कीजातीहै ऊपर कहेहुए कारणोंके द्वारा दूषित दोष थोडे सत्त्वगुणवाले मनुष्यके बुद्धिके स्थानरूप हृदयको दूषित करके और मनके लेचलनेवाले स्रोतोंमें स्थित होकेचित्त को मोहित करतेहैं ॥ ३८५ ॥ उन्मादस्यसामान्यरूपलक्षणमाह ॥

धीविभ्रमःसत्त्वपरिप्लवश्चपर्याकुलादृष्टिरधीरताच । अबद्धवाक्यंहृदयञ्चशून्यंसामान्यउन्मादगदस्यलिंगम् ॥ धीविभ्रमःशुक्तिकायांरजतज्ञानम् ।सत्त्वपरिप्लवःसत्त्वंमनस्तस्यचाञ्चल्यं ॥ अबद्धवाक्यम्असंबद्धभाषित्वं । शून्यंस्मृतिशून्यम् ॥ ३८६ ॥

उन्मादका सामान्य लक्षण ॥

सामान्य उन्मादमें बुद्धिभ्रम, मनकी चंचलता,व्याकुलदृष्टि,अधीरता, असम्बद्धवाक्य और हृदय का स्मृतिसे रहित होना यह लक्षण होतेहैं ॥ ३८६ ॥

वातिकोन्मादस्यनिदानपूर्विकांसंप्राप्तिमाह ॥

रूक्षाल्पशीतान्नविरेकधातुक्षयोपवासैरनिलोऽतिवृद्धः । चिन्तादिदुष्टंहृदयंप्रदूष्य बुद्धिंस्मृतिंचाप्युपहन्तिशीघ्रम् । प्रदूष्यप्रकर्षेणदूषयित्वा ॥ ३८७ ॥

वातज उन्मादकी निदानपूर्वक संप्राप्ति ॥

रूखे तथा अल्प शीतल अन्नके भोजन से विरेचन से धातुक्षयसे और लंघनों से बहुत बढीहुई वायु चिन्ता आदि से व्याकुल हृदयको दूषित करके बुद्धि तथा स्मृतिको शीघ्र नष्ट करतीहै ३८७ ॥

तस्यैवरूपमाह ॥

अस्थानहास्यस्मितनृत्यगीतवागंगविक्षेपणरोदनानि । पारुष्यकार्श्यारुणवर्णताच जीर्णेवलञ्चानिलजस्यरूपम् ॥ अस्थानेऽनवसरे । हास्यादीनिरोदनान्तानिजीर्णेआहारेबलंव्याधेः ॥ ३८८ ॥

वातज उन्मादका लक्षण ॥

वातज उन्मादमें बे कायदे हँसना,मुसक्याना,नाचना,गाना,बकना,अंगोंका चलाना,रोना,कृशता, कठोरता और रक्तवर्ण होना यह लक्षण होते हैं और भोजनके पचजाने पर यह रोग बढताहै ३८८॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

पैत्तिकस्यनिदानपूर्[illegible]कांसंप्राप्तिमाह ॥

अज[illegible]कट्वम्लविदाह्यशीतैर्भोज्यैश्चितं[illegible]त्तमुदीर्णवेगम् । उन्मादमत्युग्रम[illegible]त्मक स्यहा[illegible]तंपूर्ववदाशुकुर्यात् ॥ हृदिस्[illegible]नंचित्तंसं[illegible]पुनः अजीर्ण[illegible]ट्वम्ल[illegible]दाह्य शीतै[illegible]दीर्णवेगंसतु उन्मादंकुर्यात्पूर्व[illegible]त्यर्थः ॥ ३[illegible] ॥

पित्तज उन्मादकी निदानपूर्वक संप्राप्ति ॥

अज[illegible]खारी,कडवी,खट्टी,विदाही तथा उष्ण वस्तुओंके भोजनसे हृदय में इकट्ठा हुआ पित्त कुपित होकर हृदयको दूषित करके बहुत शीघ्र उन्माद को उत्पन्न करता है ॥ ३८६ ॥

तस्यरूपमाह ॥

अमर्षसंरम्भविनग्नभावाःसन्तर्जनाभिद्रवणौष्ण्यरोषाः । प्रच्छायशीतान्नजलाभिलाषाःपीतास्यतापित्तकृतस्यलिंगम् ॥ अमर्षोऽसहिष्णुतासंरम्भआरम्भटोआडम्बरइतियावत् । सन्तर्जनंपरित्रासनं । अभिद्रवणंपलायनंऔष्ण्यंगात्रेचोष्णोदाहविशेषःप्रच्छायइत्यादिच्छायायांशीतयोश्चान्नजलयोरभिलाषः ॥ ३९० ॥

पित्तज उन्मादके लक्षण ॥

पित्तज उन्मादमें असहनता,आडंबर,नंगापन,डरावना,भागना,शरीरमें कुछदाह,क्रोध और छाया तथा शीतल अन्नपान में अभिलाष और पीलामुख यह लक्षण होतेहैं ॥ ३६० ॥

श्लैष्मिकस्यनिदानपूर्विकांसम्प्राप्तिमाह ॥

सम्पूरणैर्मन्दविचेष्टितस्यसोष्माकफोमर्मणिसंप्रवृद्धः । बुद्धिंस्मृतिञ्चाप्युपहन्तिचित्तंप्रमोहयन्संजनयेद्विकारम् ॥ सम्पूरणैः । भोजनादिभिःमन्दविचेष्टितस्यव्यायामरहितस्यसोष्माकफइतिकफोप्युन्मादंकरिष्यन् पित्तसहायमपेक्षते । व्याधिस्वभावान्मर्मणि अत्रमर्मशब्देनहृदयमुच्यतेविकारमुन्मादरूपम् ॥ ३९१ ॥

कफज उन्मादकी निदानपूर्वक संप्राप्ति ॥

व्यायामादिरहित मनुष्य का बहुत भोजन आदिकों से पित्त सहित बढ़ाहुआ कफ हृदयमें स्थितहोकर बुद्धि तथा स्मृति को नष्ट करताहुआ चित्तको मोहित करके उन्माद को उत्पन्न करताहै३६१ ॥

तस्यरूपमाह ।

वाक्चेष्टितंमन्दमरोचकश्चनारीविविक्तप्रियताचनिद्रा । छर्दिश्चलालाचबलञ्चभुक्तेनखादिशौक्ल्यञ्चकफात्मकेस्यात् ॥ वाक्चेष्टितंमन्दंवचनमल्पंनारीविविक्तप्रियतानारीप्रियताविजनप्रियताचभुक्तेसतिबलंव्याधेः ॥ ३९२ ॥

कफज उन्माद का लक्षण ॥

कफज उन्मादमें थोड़ा बोलना,अरुचि,स्त्री में प्रेम,निर्जनस्थान में रहने की इच्छा,अधिक निद्रा, छर्दि,लार बहना और नख आदिको में श्वेतता यह लक्षण होते हैं यह रोग भोजनके उपरान्त बलवान् होताहै ॥ ३६२ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सान्निपातिकस्य निदानपूर्वकं लक्षणमाह ॥

[illegible]ः सन्निपातप्रभवोऽतिघोरःसर्वैःसम[illegible]नैःसतुहेतुभिःस्यात् । सर्वाणिरू[illegible]णिबिभर्त्ति ता[illegible]विरुद्धभैषज्यविधिर्विवर्ज्यः ॥ स[illegible]न्निपातिकउन्मादःसन्निपातग्रहणे[illegible]सर्वात्मक त्व[illegible]रितियत्व[illegible]जस्तम[illegible]ार्थैतेनरजस्तमोमिलितइत्यर्थः[illegible]नवाता दय[illegible]स्त[illegible]मैनोदोषैर्मि[illegible]इचनिदानैःकुपिताउन्मादंजन[illegible]र्वैर्हेतु भिः[illegible]मस्तैर्मि[illegible]तैःस्यात्यतोऽन्यो[illegible]ः सर्वैर्हेतुभिर्मिलितैरेवभवतीति[illegible]स्ति। अयंतुव्याधिप्रभावात्सर्वैर्हेतुभिर्मिलितैःस्यात् । तादृगुन्मादोविरुद्धभैषज्य[illegible]रितिको ऽर्थः ॥ त्रिदोषजेप्रत्येकंवातादेरप्रत्यनीकाकार्या । साचपरस्परविरोधिनीत्रिदोषंहन्ति किञ्चिदेवद्रव्यंआमलकादि । तच्चात्रयौगिकंव्याधिप्रभावादतएवविवर्ज्यःनचिकित्स्य इत्यर्थः ॥ ३९३ ॥

सन्निपातज उन्माद का निदानपूर्वक लक्षण ॥

ऊपर कहे हुए संपूर्ण कारणों से कुपित हुए रजोगुण तमोगुण मिलेहुए वातादिक दोष सन्निपातज उन्माद को उत्पन्न करते हैं इसमें ऊपर कहेहुए संपूर्ण निदान मिलेहुए होते हैं यह रोगका प्रभावहै और इसमें ऊपर कहेहुए सब लक्षण मिलते हैं इस प्रकार के विरुद्ध चिकित्सावाले घोर सन्निपातज उन्मादवाले को वैद्य त्याग करदें ॥ ३९३ ॥

मनोदुःखजस्यविप्रकृष्टंनिदानमाह ॥

चौरैर्नरेन्द्रपुरुषैररिभिस्तथान्यैर्वित्रासितस्यधनबान्धवसंक्षयाद्वा । गाढंक्षतेमनसि चप्रिययारिरंसोर्जायेतचोत्कटतरोमनसोविकारः ॥ अन्यैःहिंस्रादिभिःगाढमतिशयेनक्षतेऽभिहतेप्रियया प्राप्तुमशक्यया रिरंसोःपुरुषस्यविकारःउन्मादरूपः ॥ ३९४ ॥

मनके दुःखसे हुए उन्माद के दूरवाले कारण ॥

चोर राजपुरुष शत्रु अथवा अन्य हिंसक जीवों के भयसे धन तथा बन्धुओं के क्षयसे और बहुत काम से पीडित होकर अभिलाष कीहुई स्त्रीके न मिलने से मनके क्षोभित होनेपर अत्यन्त भयंकर मानसिक उन्माद उत्पन्न होताहै ॥ ३९४ ॥ तस्यरूपमाह ॥

चित्रंब्रवीतिचमनोऽनुगतंविसंज्ञोगायत्यथोहसतिरोदितिचातिमूढः । चित्रमाश्चर्यंमनोऽनुगतंगोप्यमपिविसंज्ञोविरुद्धज्ञानः ॥ अतीवमूढःअतीवज्ञानशून्यः । अत्रविकल्पो बोद्धव्यः ॥ ३९५ ॥

मनके दुःख से हुए उन्मादके लक्षण ॥

मानस उन्मादमें ज्ञानका विपरीत होना अथवा ज्ञानका न होना मनमें स्थित छिपाने के योग्य भी बातों का कहना गाना हँसना और रोना यह लक्षण होते हैं ॥ ३९५ ॥

विषजस्यरूपमाह ॥

रक्तेक्षणोहतबलेन्द्रियभाःसुदीनश्श्यावाननोविषकृतेतुभवेत्परासुः । परासुःमृतः ३९६ ॥

विषज उन्माद के लक्षण ॥

विषज उन्माद में नेत्रोंका लालहोना, बल इन्द्रिय तथा कान्तिका नष्ट होना मुखका मलिन होना और अत्यन्त दीनता यह लक्षण होते हैं इसमें रोगी मरजाताहै ॥ ३९६ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अरिष्टमाह ॥

अवाङ्मुखस्तून्मुखोवाक्षीणमांसबलोनरः।जागरूकोह्यसन्देहमुन्मादेनविनश्यति३९७॥

उन्मादके अरिष्ट ॥

जो उन्मादी रोगी नीचेको अथवा ऊपर को मुख किये रहै और उसका मांस तथा बल क्षीण हो जाय निद्रा न आवे तो वह मरजाता है ॥ ३९७ ॥

अथ देवादिकृतस्योन्मादस्य सामान्यलक्षणमाह ॥

अमर्त्यवाग्विक्रमवीर्यचेष्टोज्ञानादिविज्ञानबलादियुक्तः। प्रकोपकालो नियतश्चयस्य देवादिजन्मामनसोविकारः ॥ अमर्त्यवाग्विक्रमवीर्यचेष्टःनमर्त्यस्येववागादयोयत्रसःवि क्रमःपराक्रमःवीर्यंशौर्यंज्ञानादिविज्ञानबलादियुक्तःज्ञानंबुद्धिः आदिपदेनतद्भेदाःमेधावि चारणास्मृत्यादयोगृह्यन्ते। विज्ञानंशिल्पादिविषयकंज्ञानंबलंचेष्टापाटनम् ॥ आदिपदे नाभिमानादिगृह्यतेनियतःवक्ष्यमाणतिथ्यादिभिःमनोविकारउन्मादः ॥ ३९८ ॥

देवता आदिकों से हुए उन्माद का सामान्य लक्षण ॥

जिस उन्मादमें-वाणी, पराक्रम, शौर्य्य, शरीरकी चेष्टा, बुद्धि, स्मृति, मेधा, विचार, शिल्पादि विषयों का ज्ञान तथा बल आदिक मनुष्य के से न होंय और रोगके कोपका समय निश्चित न होवे उसको देवादिकृत उन्माद कहते हैं ॥ ३९८ ॥

तत्रदेवाविष्टस्यलक्षणमाह ॥

सन्तुष्टःशुचिरतिदिव्यमाल्यगन्धोनिस्तन्द्रोप्यवितथसंस्कृतप्रभाषी। तेजस्वीस्थिरनयनोवरप्रदाताब्रह्मण्योभवतिनरःसदेवजुष्टः ॥ अतिदिव्यमाल्यगन्धः। अतिशयेन दिव्यस्यमाल्यस्येवगन्धोयस्यसः ॥ निस्तन्द्रोनिद्रारहितःअवितथंसत्यंब्रह्मण्यःब्राह्मण भक्तः ॥ ३९९ ॥

देवताओं से हुए उन्माद के लक्षण ॥

देवताओं से हुए उन्माद में—रोगी. संतुष्ट, पवित्र, अत्यन्त दिव्यमालाओं कीसी सुगन्धि से युक्त, निद्रारहित, सत्य, संस्कृत बोलनेवाला, तेजस्वी, स्थिर नेत्रवाला, ब्राह्मणभक्त और वरदान देनेवाला होताहै ॥ ३९९ ॥

दैत्याविष्टमाह ॥

संस्वेदीद्विजगुरुदेवदोषवक्ता जिह्माक्षोविगतभयोविमार्गदृष्टिः। सन्तुष्टोभवतिन चान्नपानजातैर्दुष्टात्माभवतिसदेवशत्रुजुष्टः । विमार्गदृष्टिःकुमार्गरतःदुष्टात्मादुष्टस्व भावः ॥ ४०० ॥

दैत्यों से हुए उन्माद का लक्षण ॥

दैत्यों से हुए उन्मादमें-स्वेद, नेत्रों में कुटिलता, निर्भय होना, कुमार्गगामीहोना, अन्नपानादिकों में संतुष्ट न होना, दुष्टता और ब्राह्मण गुरु तथा देवताओं के दोषोंको कहना यह लक्षण होते हैं ४००॥

गन्धर्वाविष्टमाह ।

हृष्टात्मापुलिनवनान्तरोपसेवीस्वाचारःप्रियपरिगीतगन्धमाल्यः। नृत्यन्वैप्रहसति चारुचाल्पशब्दंगन्धर्वग्रहपरिपीडितोमनुष्यः ॥ हृष्टात्माहृष्टजीवात्मापुलिनन्तोयोत्थि तंतटंवनान्तरंवनमध्यन्तयोःसेवी चारु चाल्पशब्दमितिहसनक्रियाविशेषणम् ॥ ४०१ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गन्धर्वोंसे हुए उन्माद का लक्षण ॥

[illegible]धर्वों से हुए उन्माद में- अन्तःकरण की प्रसन्नता, जलके किनारे तथा वनोंमें [illegible]सकरना, अप[illegible]आचार में रहना, गीत तथा सुगन्धित [illegible]ला आदिकों में प्रीतिहोना, सुन्दरनाचन[illegible] और धीरे २ [illegible]र हँसना यह लक्षण होते हैं ॥ ४०१ ॥

[illegible] मिर्गमाह ॥

ते[illegible]म्राक्षः[illegible]तनुरक्तवस्त्रधारागम्भीरो द्रुतगतिरल्पवाक्सहिष्णुः । तेज[illegible]तिच किंददामिकस्मैयोयक्षग्रहपरिपीडितोमनुष्यः ॥ ४०२ ॥

यक्षोंसे हुए उन्मादका लक्षण ॥

यक्षोंसे हुए उन्मादमें-नेत्रोंका ताम्रवर्ण होना, महीन तथा रक्तवस्त्रोंका पहरना, गंभीरता, जल्दी चलना, थोडा बोलना, सहनशीलता, तेजस्वी होना और किसको क्या देदूं ऐसाकहना यह सब लक्षण होतेहैं ॥ ४०२ ॥

पित्राविष्टमाह ॥

प्रेतानांसदिशतिसंस्तरेषुपिण्डान् शान्तात्माजलमपिचापसव्यवस्त्रः । मांसेप्सुस्तिलगुडपायसाभिलाषीतद्भक्तोभवतिपितृग्रहाभिजुष्टः ॥ प्रेतानांमृतानांपितॄणांदिशतिददाति ॥ अपसव्यवस्त्रःदक्षिणस्कन्धकृतोत्तरीयः ॥ ४०३ ॥

पितरोंके उन्माद के लक्षण ॥

थूहड़ तथा आकके दूधमें दारुहल्दी के चूर्णकी बत्ती बनाकर भरने से भगन्दर और सम्पूर्ण शरीर में भयेभी नाड़ीव्रणका नाश होताहै त्रिफलाके काढ़ेमें बिल्लीकी हड्डीका चूर्ण मिलाकर लेप करने से दुष्टव्रण तथा भगन्दरका नाश होताहै निसोथ, मालकांगनी और जमालगोटेकी जड़ इनका कल्क नाड़ीव्रणको नष्ट करताहै मालकांगनी, जलपिप्पली, श्यामा, जमालगोटेकीजड़, निसोथ, तिल, कूट, सौंफ तथा सफेद दूब ये सब औषध व्रणकी शुद्ध करनेवाली हैं बायबिडंग, सार, त्रिफला, पीपल, जीरा इनको शहद और तेलमें मिलाकर चाटने से कृमि, कुष्ठ, भगन्दर, प्रमेह, क्षय और नाड़ीव्रणका नाश होताहै ॥ ४७३ ॥

चित्रकार्कौत्रिवृत्पाठेमलयूहयमारकौ । सुधांवचांलांगलकींहरितालंसुवर्चिकाम् ॥ ज्योतिष्मतीञ्चसंहृत्यतैलंधीमान्विपाचयेत् । एतद्विष्यन्दनंनामतैलंदद्याद्भगन्दरे ॥ शोधनंरोपणंचैवसवर्णकरणंतथा । इति विष्यंदनतैलम् ॥ ४७४ ॥

चीता, आक, निसोथ, पाठा, कठियागूलर, कनेर, थूहड़, बच, जलपीपल, हरताल, शोरा और मालकांगनी इनके द्वारा पाक किया भया तेल भगन्दरको शुद्ध करताहै भरताहै और त्वचाके वर्णको समान करताहै इति विष्यन्दनतैल ॥ ४७४ ॥

निशार्कक्षीरसिन्धूत्थपुराश्वहयमारकैः । सिद्धमभ्यञ्जनंतैलंभगन्दरहरंपरमितिनिशाद्यंतैलम् ॥ ४७५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आकका दूध, सेंधानोन, गूगल, कनेर और कुरय्या इनसबके द्वारा पाककिये भये तेलके [illegible]न्दरका नाश होताहै इति निशाद्यतैल ॥ ४७५ ॥

[illegible]दंतीलांगलीलवणाग्निभिः । मातुलुंगकवत्साकैः पक्वं [illegible]लंभगंदरे ॥ [illegible]रवीरादितैलम् ॥ ४७६ ॥

कनेर, हल्दी, जमालगोटेकीजड, जलपीपल, चीता, बिजौरा, नींबू और कुरय्या इनकेद्वारा पाककिया भया तेल भगन्दरको नष्टकरताहै इति करवीरादितैल ॥ ४७६ ॥

त्रिफलापुरकृष्णानांत्रिपञ्चैकांशयोजिता । गुटिकाशोथगुल्मार्शोभगन्दरवताहिता ॥ नवकार्षिकोगुग्गुलुः ॥ ४७७ ॥

त्रिफला तीनअंश, गूगल पांचअंश और पीपल एकअंश इनसबके द्वारा बनीभईगोली शोथ गुल्म बवासीर तथा भगन्दरका नाश करतीहै इति नवकार्षिकगुग्गुलु ॥ ४७७ ॥

नाड्यन्तरेव्रणान्कुर्य्याद्भिषग्भिःशतपोनके । ततस्तेष्ववरूढेषुशेषानाडीरुपाचरेत् ॥ व्याधौतत्रबहुच्छिद्रेभिषजातुविजानता । अर्द्धलाङ्गलकश्छेदः कार्य्योलाङ्गलकोऽपिवा ॥ सर्व्वतोभद्रकोवापिकार्य्योगोतीर्थकोऽपिवा । द्वाभ्यांसमाभ्यांपार्श्वाभ्यांछेदोलाङ्गलकोमंतः ॥ ह्रस्वमेकतरंयत्तुसोऽर्द्धलांगलकःस्मृतः । सेवनींवर्ज्जयित्वातुचतुर्द्दादारितेगुदे ॥ सर्वतोभद्रकंछेदमाहुश्छेदविदोजनाः । पार्श्वादागतशस्त्रेणछेदोगोतीर्थकोमतः ॥ सर्वानास्रावमार्गांस्तुदहेद्वैद्यस्तथाग्निना ॥ ४७८ ॥

शतपोनक भगन्दर में नाडीके बीचमें व्रण करै फिर व्रणोंके पूर्ण होजानेपर शेष नाडीव्रणोंकी चिकित्साकरे अनेक छिद्रवाले इसरोगमें अर्द्धलांगलक, लांगलक, सर्वतोभद्र अथवा गोतीर्थक छेद करै दोनोंओर समभागवाले छेदको लांगल कहतेहैं एक ओर छोटे छेदको अर्द्धलांगल कहते हैं सीवनको छोडकर गुदाके चारोंओर कियेगये छेदको सर्वतोभद्र कहते हैं शस्त्र लगाकर एकओर कियेगये छेदको गोतीर्थिक कहतेहैं शतपोनकमें पीप बहने के सम्पूर्ण मार्गोंको अग्निके द्वारा जलायदे ४७८ ॥

अथोष्ट्रग्रीवमेषिण्याछित्वाक्षारंनिपातयेत्।पूतिमार्गंव्यपोहार्थमग्निरत्रतुपूजितः ४७९ ॥

उष्ट्रग्रीव भगन्दरमें सलाई के द्वारा छेदनकरके क्षारडालै और दुर्गंधित मार्ग के निवारणके लिये अग्निके द्वारा दाहभी हितहै ॥ ४७९ ॥

उत्कृत्यास्रावमार्गन्तुपरिस्राविनिबुद्धिमान् । क्षारेणास्रावितगतिंदहेद्धुतवहेनवा ॥ गतिमन्विष्यशस्त्रेणछिन्द्यात्खर्जूरपत्रिकम्। चन्द्रार्द्धचन्द्रवर्गञ्चसूचीमुखमवाङ्मुखम्॥ गतिमन्विष्य... येषान्तुशस्त्रपतनाद्वेदनाअतिजायते ॥ तत्रा छित्वाग्निनादहेत्सम्यगेवंक्षारेणवापुनः । शुतैलेनोष्णेनपरिषेकःप्रशस्यते ॥ ४८० ॥

परिस्रावीनाम भगन्दरमें बहने के मार्गको काटकर क्षारके द्वारा अथवा अग्निके द्वारा दाहकरै बहने के मार्गको जानकर शस्त्रके द्वारा खर्जूरपत्रिक, चन्द्रार्ध, चन्द्रवर्ग, सूचीमुख अथवा अवाङ्मुख छेद करके अग्नि अथवा क्षारके द्वारा दाह करै जिनके शस्त्र लगनेसे बहुत पीड़ा होतीहै उनके उष्ण तेलसे परिषेक करना चाहिये ॥ ४८० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आगन्तुजभिषग्नाडीशस्त्रेणोत्कृत्ययत्नतः । जंबोष्ठेनाग्निवर्णेनतप्तया ... शल... दहेद्यथोक्तम... त्रणंसुसमाहितः । व्यायामंमैथुनंयुद्धंपृष्ठयानंगुरूणि... परिहरेदुपरूढव्रणोनरः । इति भगन्दरनिदानचिकित्साधिकारः ॥ ४८१ ॥

शल्यज भगन्दरमें वैद्य यत्नपूर्वक शस्त्रद्वाराघाव को काटकर अग्निवर्णजम्बोष्ठ से अथ... तप्त शलाकासे उसव्रणको दग्धकरै भगन्दरवाला घावके भरजाने पर सालभर तक व्यायाम मैथुन युद्ध घोड़े आदिकी सवारी और भारीवस्तुओंको त्यागै इति भगन्दरनिदानचिकित्साऽधिकार समाप्त ४८१॥

अथ उपदंशाधिकारः ॥

हस्ताभिघातान्नखदन्तघातादधावनादत्युपसेवनाद्वा । योनिप्रदोषाच्च भवन्तिशिश्ने पञ्चोपदंशाविविधापचारैः ॥ सतोदभेदस्फुरणैःसकृष्णैःस्फोटैर्व्यवस्येत्पवनोपदंशम् । पीतैर्बहुक्लेदयुतैःसदाहैःपित्तेनरक्तैःपिशितावभासैः ॥ सकण्डुरैःशोथयुतैर्महद्भिःशुक्लैर्घनैः स्रावयुतैःकफेन । नानाविधस्रावरुजोपपन्नमसाध्यमाहुस्त्रिमलोपदंशम् ॥ प्रशीर्णमांसं कृमिभिःप्रजग्धंमुष्कावशेषंपरिवर्ज्जनीयम् । सञ्जातमात्रेणकरोतिमूढःक्रियांनरोयोविषयेप्रसक्तः ॥ कालेनशोथकृमिदाहपाकैःप्रशीर्णशिश्नोम्रियतेसतेन ॥ ४८२ ॥

उपदंशका अधिकार ॥

लिंगमें हाथ नख अथवा दांतके लगनेसे लिंगके न धोनेसे बहुत रति करने और दूषित योनि में गमन करनेसे पांचप्रकारका उपदंशरोग अनेकप्रकारके अपचारों के द्वारा उत्पन्न होताहै सूजीगडनेकी सी पीड़ा फटनेकीसी पीड़ा तथा फड़कना इनलक्षणोंसे युक्त काली फुन्सी वातज उपदंशमें होतीहैं बहुतक्लेद (रुतूवत) तथा दाहयुक्त पीली फुन्सी पित्तज उपदंशमें होती हैं मांसके समान रक्तवर्ण अथवा कृष्णवर्ण फुन्सी रक्तज उपदंश में होतीहैं इसमें रुधिर बहताहै और पित्तज उपदंशके लक्षण होतेहैं खुजलीवाली शोथयुक्त बड़ी शुक्लवर्ण गाढ़े स्राववाली फुन्सी होती हैं अनेक प्रकारके स्राव तथा पीड़ा वाली फुन्सियां सन्निपातज उपदंशमें होतीहैं ये असाध्यहैं जिस उपदंशमें मांसगलगयाहो तथा मांस को कीड़े खागयेहों और केवल अंडकोश बाकी रहगयेहों वह असाध्यहै जो मूर्खपुरुष उपदंशके उत्पन्न होतेही विषयमें आसक्त होकर चिकित्सा नहीं करताहै कालपाकर उस पुरुषका शोथ कृमि तथा दाह से युक्त लिंग पककर गलजाताहै और रोगी मरजाताहै ॥ ४८२ ॥

अथ तस्यचिकित्सामाह ॥

उपदंशेषुसाध्येषुस्निग्धस्विन्नस्यदेहिनः । मेढ्रमध्येशिरांविध्येत्पातयेद्वाजलौकसः ॥ हरेदुभयतश्चापिदोषानत्यर्थमूर्च्छितान् । सद्योनिर्हृतदोषस्यरुक्शोथावुपशाम्यतः ॥ यदिवादुर्बलोजन्तुर्नवाप्राप्तंविरेचनम् । निरूहेणहरेत्तस्यदोषानत्यर्थमूर्च्छितान् ॥ पाकोरक्ष्यःप्रयत्नेनशिश्नक्षयकरोहिसः ॥ ४८३ ॥

उपदंशकी चिकित्सा ॥

साध्य उपदंश रोगमें स्नेह और स्वेदका प्रयोग करके लिंगकी शिराको छेदै अथवा जोंक लगवावै बहुत बढ़ेभये दोषोंको वमन और विरेचन के द्वारा निकालै दोषों के निकलजानेपर शीघ्रही पीड़ा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

[illegible] तहोती है जो दुर्बलताके कारण विरेचन न होसकै तो निरूहवस्तिके द्वारा बहुतबढ़े हुए [illegible] कालै और उपदंशके न पकनेकाविशेष यत्न करै क्योंकि पकनेसे लिंग [illegible] शहोताहै ४८३

[illegible] डरीकयष्ट्याह्वसरलागुरुदारुभिः। सरास्नाकुष्ठपृथ्वीकैर्वातिकेलेपसेचने॥ निचुल [illegible] डबीजानियवगोधूमसक्तवः। एतैश्चवातजैःस्निग्धैःसुखोष्णैःसंप्रलेपयेत्॥ गैरिकांजनमञ्जिष्ठामधुकोशीरपद्मकैः। सचन्दनोत्पलैःस्निग्धैःपैत्तिकंसंप्रलेपयेत्। पद्म [illegible] मृणालैश्चसमसर्जार्जुनवेतसैः। सर्पिःस्निग्धैःसमधुकैः पैत्तिकंसंप्रलेपयेत्॥ सेचयेच्चघृतक्षीरशर्करेक्षुमधूदकैः। अथवापिसुशीतेनकषायेणवटादिना॥ ४८४॥

पुंडरिया, मुलेठी, सरलकाष्ठ, अगर, देवदारु, रास्ना, कूट तथा इलायची इनके द्वारा लेप और परिषेक वातज उपदंश में करना चाहिये बेत के बीज, रेंडीके बीज, जौ, गेहूं और सत्तू इनको घीमें मिलाकर कुछ गरम लेप वातज उपदंशमें करै गेरू, रसौत, मंजीठ, मुलेठी, खस, पद्माख, चन्दन तथा उत्पल इन सबको घीमें मिलाकर पित्तज उपदंश में लेपकरै पद्माख, उत्पल कमलकीडंडी, शाल, अर्जुन, बेत और मुलेठी इनको घीमें मिलाकर पित्तज उपदंश में लेप करै घी, दूध, शर्बत, ऊखका रस और शहद का शर्बत अथवा वटादिगण के शीतल काढ़े के द्वारा पित्तज उपदंशमें तरारादेवै॥ ४८४॥

शालाजकर्णाश्वकर्णवचात्वग्भिःकफोत्थितम्। सुराविष्टाभिरुष्णाभिःसतैलाभिःप्रलेपयेत्॥ अजकर्णःशालभेदः अश्वकर्णोगजहडः। आरग्वधादिक्वाथेनपरिषेकञ्चदापयेत्॥ निम्बार्जुनाश्वत्थकदम्बशालंजम्बूवटोदुम्बरवेतसैश्च। प्रक्षालनालेपकृतानिकुर्य्याच्चूर्णंसपित्तास्रभवोपदंशे॥ त्वचोदारुहरिद्रायाःशंखनाभिरसाञ्जनम्। लाक्षागोमयनिर्यासस्तैलंक्षौद्रंघृतंपयः॥ एभिस्तुपिष्टैस्तुल्यांशैरुपदंशंप्रलेपयेत्। व्रणाश्चतेनशाम्यन्तिश्वयथुर्दाहएवच॥ ४८५॥

शाल, अजकर्ण (शालभेद) गजहड, बच और दालचीनी इनको सुरामें पीसकर तेल मिलायके कफज उपदंशमें गरमलेपकरै आरग्वधादिगण के काढ़े के द्वारा कफज उपदंश में तरारादेवै नीम, अर्जुन, पीपल, कदंब, शाल, जामुन, बर्गद, गूलर और बेत इनके द्वारा पित्तसहित रक्तज उपदंशमें लेप और तरारा देनाचाहिये दारुहल्दी की छाल, शंखकी नाभि, रसौत, लाख, गोबरकारस, तेल, घी, शहद और दूध इनके द्वारा उपदंशमें लेपकरने से व्रण शोथ और दाहका नाश होताहै॥ ४८५॥

उपदंशद्वयेशेषेप्रत्याख्यायाचरेत्क्रियाम्। एतेषामेवयायोग्यावीक्ष्यदोषबलाबलम्॥ शस्त्रेणोल्लेखयेत्क्वापिपाकमागतमाशुवै। तमपोह्यतिलैःसर्पिःक्षौद्रयुक्तैःप्रलेपयेत्॥ तथोपदंशेष्वव्रणरोहणार्थञ्चूर्णञ्चवटप्ररोहार्जुनजम्बुपथ्यालोध्रंहरिद्राचहितांप्रलेपे। व्रणप्रक्षालनंकार्य्यंमुपदंशकार्य्यंविमलाञ्जनेन॥ त्रिफलायाःकषायेणभृङ्गराजरसेनवा। कृतंप्रक्षालनंक्वाथंमेढ्रपाकेप्रप्रशान्तये॥ जयाजपाश्वमारार्कशम्पाकानान्दलैःक्रमात्। सगुग्गुलुंवात्रियोजयेत्॥ शम्पाकनिम्बत्रिफलाकिरातक्वाथंपिबेद्वाखदिरासनाभ्याम्। उपदंशेफलायुतंवासर्वोपदंशापहरःप्रयोगः॥ नीलोत्पलानिकुमुदंपद्मसौगन्धकानिच। गुण्डनंद्विषशेषुचूर्णानिप्रदेहोऽयंप्रशस्यते॥ बन्धूकदलचूर्णेनदाडिमत्वग्रजोऽथवा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्तंलेपःपूगफलेनवा ॥ सौराष्ट्रीगैरिकंतुत्थंपुष्पकासीससैन्धवम् । लोध्रं ... हरितालंमनःशिला ॥ हरेणुकैलेपितथासमंसंहृत्यचूर्णयेत् । तच्चूर्णंक्षौद्रसं... शु पूजितम् ॥ पुटदग्धंकृतंभस्महरीतालंमनःशिला ॥ उपदंशविसर्प्पाणामतद्वा... दहेत्कटाहेत्रिफलांतामसींमधुसैन्धवम् । उपदंशेप्रलेपोऽयंसद्योरोपयतिव्रणम् ... शिरी ... नवज्राक्षकोविदारेभकेशरैः । लेपनंपुरुषव्याधौजलपिष्टैःप्रशस्यते ॥ रसाञ्जनंशिरीषणपथ्ययावासमन्वितम् । सक्षौद्रंलेपनंयोज्यंसर्वाङ्गगङ्गदापहम् ॥ ४८६ ॥

बाकीदो उपदंशों में प्रत्याख्यानकरके (असाध्य कहकरके) बलाबलको देखके यथायोग्य चिकित्सा करै उपदंशके पकजानेपर शस्त्रके द्वारा पीप निकालकर तिल, घी तथा शहद का लेपलगावे बर्गद कीजटा, अर्जुन, जामुन, हड, लोध तथा हल्दी इनका लेप उपदंशमें हितहै उपदंशके घावके भरने के लिये विमलांजनका चूर्ण लगावै त्रिफलाके काढेसे अथवा भंगरेके रससे धोनेसे उपदंश नष्टहोताहै अरणी, चमेली, कनैर, आक और अमलतास इनके पत्तोंके काढेके द्वारा धोने से लिंगका पकना अच्छा होजाताहै अमलतास, नीम, त्रिफला तथा चिरायता इनके काढेके पीनेसे अथवा शाल तथा कत्थेके काढेमें गूगल और त्रिफलाका चूर्ण मिलाकर पीनेसे सबप्रकार के उपदंश नष्ट होते हैं नीलोत्पल, कोकावेली, कमल, सफेद कमल इनके चूर्णका लेप उपदंश में श्रेष्ठहै दुपहरिया के पत्तों के चूर्ण से अनारकी छालके चूर्ण से उपदंश में गुंडन (बुरकाना) श्रेष्ठहै और सुपारीका लेप उपदंश में हित है सोरठी मिट्टी, गेरू, तूतिया, पीला कसीस, सेंधानोन, लोध, रसौत, हरताल, मैनसिल, रेणुका तथा इलायची इनसब का चूर्ण शहद में मिलाकर सेवन करनेसे उपदंश नष्ट होताहै हरताल और मैनसिलको पुटपाक में भस्मकरके सेवन करने से उपदंश और वीसर्पका नाशहोताहै त्रिफला को कराहमें जलाकर शहद और सेंधानोन मिलाकर लेपकरनेसे शीघ्रही उपदंशके घावभरजाते हैं लोध, रसौत,आंवला,बहेडा, कचनार और नागकेसर इनको पानी में पीसकर उपदंशमें लेप करनीचाहिये रसौतको सिरसा अथवा हडकेसाथ शहदमें मिलाकर लेपकरनेसे सब अङ्गके रोग नष्टहोतेहैं ४८६॥

भार्ङ्गीसंभवशिखरिजमूलंभद्रश्रियःसुसम्पिष्टम् । मनसःशिलाचमधुनाशमयत्युपदंशमचिरेण॥शतधौतंप्रयत्नेनलिंगोत्थमवचूर्णयेत्॥रोगंकासीसचूर्णेनपुरुषःसुखमाप्नुयात् ॥ करवीरस्यमूलेनपरिपिष्टेनवारिणा । असाध्यापिव्रजत्यस्तंलिंगोत्थारुक्प्रलेपनात् ४८७

भारंगीकी जड, लटजीरेकी जड, चन्दन तथा मैनसिल इनसबको पीसकर शहद में मिलायके लेप करने से शीघ्रही उपदंश नष्टहोताहै सौबार धोयेभये कसीसके चूर्णको बुरकाने से उपदंश अच्छा होताहै कनैरकी जडको पानी में पीसकर लेपकरने से असाध्यलिंग की पीडाभी नष्ट होती है॥४८७॥

वरानिम्बार्जुनाश्वत्थखदिरासनवासकैः । चूर्णितैर्गुग्गुलुसमैर्वटकानक्षसम्मितान् ॥ कर्त्तव्यानाशयन्त्याशुसर्वांल्लिंङ्गसमुत्थितान् । उपदंशानसृग्दोषांस्तथादुष्टव्रणानपि वरादिगुग्गुलुः ॥ ४८८ ॥

त्रिफला, नीम, अर्जुन, पीपल, कत्था, विजयसार और बांसा इनसब के चूर्ण का समभाग गूगल मिलाकर गोले २ भरकी गोली बांधै इसकेखाने से लिंगमें भये सम्पूर्ण रोग उपदंश रक्तदोष और दुष्टव्रणों का नाशहोताहै इति वरादिगुग्गुलु ॥ ४८८ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

...ासनशालजम्बूवटादिभिः कल्ककषायसिद्धम् । सर्पिर्निहन्यादुपदंशदोषं सद... ...तिरागयुक्तम् । इति करञ्जाद्यंघृतम् ॥ ४८९ ॥

...जुवा, नीम, अर्जुन, शाल, जामुन तथा बर्गद आदिके काढ़े और कल्कके द्वारा पाक ... ...रयत॥ या ...सेवन करनेसे दाह पाक तथा स्रावयुक्त उपदंशको नाश करताहै इति करञ्जादिघृत...

भूनिम्बनिम्बत्रिफलापटोलकरञ्जधात्रीखदिरासनानाम् । सतोयकल्कैः... सर्वोपदंशापहरंप्रदिष्टम् ॥ इति भूनिम्बाद्यंघृतम् ॥ ४९० ॥

चिरायता, नीम, त्रिफला, परवल, करंजुवा, आमला, कत्था और विजयसार इनके कल्कके द्वारा जलके साथ पाककिया भया घी सब प्रकारके उपदंश को नष्ट करताहै इति भूनिम्बाद्यघृत ॥ ४९० ॥

घृतानियानिवक्ष्यामिकुष्ठनाडीव्रणेव्रणे । उपदंशेप्रयोज्यानिसेकाभ्यञ्जनभोजनैः ४९१॥

कुष्ठ नाडीव्रण और व्रणरोगमें जो सम्पूर्ण घृत कहेगयेहैं वो सब उपदंश में भी परिषेक अभ्यंग और भोजनके द्वारा हितहैं ॥ ४९१ ॥

आगारधूमोरजनीसुराकिट्टंचतैस्त्रिभिः । यथोत्तरैः पचेत्तैलंकण्डूशोथरुजापहम् ॥ शोधनंरोपणञ्चैवउपदंशहरंपरम् ॥ आगारधूमाद्यंतैलम् ॥ ४९२ ॥

गृहधूम एकभाग हल्दी दोभाग और सुराकिट्ट तीनभाग इनके द्वारा पाककियाभया तेल खुजली शोथ पीड़ा तथा उपदंशको नष्ट करताहै और घावको शुद्ध करके भरताहै इति आगारधूमाद्यतैल ॥ ४९२ ॥

गोजीविडंगयष्टीभिःसर्वगन्धैश्चसंयुतम् । एतत्सर्वोपदंशेषुतैलंरोपणमिष्यते ॥ इति गोजीतैलम् ॥ ४९३ ॥

गोजी, बायबिडंग, मुलेठी और सम्पूर्ण सुगन्धित वस्तु इनके द्वारा पाककिया भया तेल सम्पूर्ण उपदंश के घावोंको भरता है इति गोजीतैल ॥ ४९३ ॥

जम्बूवेतसपत्राणिधात्रीपत्रंतथैवच । नक्तमालस्यपत्राणितद्वत्पद्मोत्पलानिच ॥ एलाचातिविषाम्रास्थिमधुकञ्चप्रियंगवः । लाक्षाकालीयकंलोध्रंचन्दनंत्रिवृताञ्जया ॥ एतान्येकीकृतान्येववस्तमूत्रेणपेषयेत् । अक्षमात्रैरिमैर्द्रव्यैस्तैलप्रस्थंविपाचयेत् ॥ सर्वं व्रणहरंतैलमेतत्सिद्धंविपाचितम् । उपदंशहरंश्रेष्ठंमुनिभिःपरिकीर्तितम् ॥ जम्ब्वाद्यं तैलम् ॥ ४९४ ॥

जामुन, बेंत, आंवला तथा करंजुवा इनके पत्ते, कमल, उत्पल, इलायची, अतीस, आमकी बिजली, मुलेठी, प्रियंगु, लाख, पीतचन्दन, लोध, चन्दन तथा निसोत इन सब औषधों को तोले २ भरलेकर बकरे के मूत्रमें पीसै फिर इनके द्वारा ६४ तोले तेलको पाककरै यह तेल सम्पूर्णव्रण और उपदंश को नष्ट करता है इति जम्ब्वाद्यतैल ॥ ४९४ ॥

यस्यलिंगस्यमांसन्तुशीर्य्यतेमुष्कशेषतः । तिक्तकोशातकीलम्बाबीजंनागरसाधितम् ॥ तैलंहन्त्यविशेषेणव्रणंदुष्टमनेकधा । इति कोशातकीतैलम् ॥ ४९५ ॥

कड़ूतोरई, लौकीके बीज तथा सोंठ के द्वारा पाककिया भया तेल अनेक प्रकार दुष्ट भये व्रण को भी नष्ट करताहै इति कोशातकीतैल ॥ ४९५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सेवेन्नित्यंयवान्नंचपानीयंकौपमेवच। अर्शसांछिन्नदग्धानांक्रियाऽत्रा...
इति उपदंश...दानचिकित्साधिकारः ॥ ४९६ ॥

पूजास्पर्शवाला. जौके बनेभये पदार्थ खाय और कुवेंका जल पिये उपदंश में काटभये त... जाये
दहेतक...रु कीसी चिकित्सा करे इति उपदंशनिदानचिकित्साऽधिकार समाप्त ॥ ४९६ ॥

अथ लिंगार्शोपक्रमः ॥

अंकुरैरिवसञ्जातैरुपर्य्युपरिसंस्थितैः । क्रमेणजायतेवर्त्तिस्ताम्रचूडशिखोपमा ॥ कोशस्याभ्यन्तरेसन्धौपठ्त्रेसन्धिगतापिवा । लिंगवर्तिरितिख्याताालिङ्गार्शइति चापरे॥ सवेदनापिच्छिलाचद्दुश्चिकित्स्यात्रिदोषजा । क्षारेणप्रदहेच्छित्त्वालिङ्गवर्त्तिमशेषतः ॥ व्रणवच्चाचरेत्सम्यक्समंचूर्णमुपद्रवान् । स्वर्जिकातुत्थशैलेयमञ्जनंसरसाञ्जनम् ॥ मनःशिलालेचसमंचूर्णमांसांकुरापहम् । हरतिघृतकुमारीपत्रमावेष्टनेनग्रथनविधिविशेषांश्चर्म्मकीलांस्तृतीये ॥ अहनिगुरुतराण्यंगलब्धप्रतिष्ठान्विधिरिवविपरीतःपौरुषस्यप्रकारान् । शुभेतुचारटीमूलंवृषमूत्रेणपेषयेत् । चर्म्मकीलान्निहन्त्याशुप्रलेपात्साधनोद्भवान् । इति लिंगार्शसामुपक्रमः ॥ ४९७ ॥

लिंगार्शका उपक्रम ॥

अंडकोशों के भीतर सन्धिमें अथवा वंक्षणकी सन्धिमें एक एकके ऊपर स्थित कुक्कुटकी शिखा के समान आकृतिवाले उत्पन्नभये मांसके अंकुरोंको लिंगवर्ति अथवा लिङ्गार्शकहतेहैं यह पीड़ा सहित पिच्छिल सन्निपातसे उत्पन्नभये अत्यन्त दुःसाध्य होतेहैं लिंगार्श को बिलकुल काटकर क्षारके द्वारा जलावै फिर व्रणकेतुल्य सब चिकित्साकरै सज्जी,तूतिया,शिलाजीत,सुरमा,रसौत,मैनशिल और हरताल इनसबका चूर्ण लिंगार्शको नष्टकरताहै घीकुवारके पत्तोंके लपेटने से तीसरेदिन बहुतभारी भी चर्म्मकील नष्टहोतेहैं जैसे विपरीत भाग्यहोने से पुरुषार्थ नष्टहोतेहैं पद्माककी जडको शुभदिन बैल के मूतमें पीसकर लेप करनेसे लिंगमें भये चर्म्मकीलोंका नाशहोताहै इति लिंगार्शोपक्रम ॥४९७॥

अथ शूकदोषाधिकारः । तत्र शूकदोषस्यनिदानमाह ॥

अक्रमाच्छेफसोवृद्धिंयोऽभिवाञ्छतिमूढधीः । व्याधयस्तस्यजायन्तेदशचाष्टौचशूकजाः ॥ अक्रमात् अनुचितवृद्धिक्रमात् । अनुचिताचवृद्धिर्भूरिविकारजनकस्ययोगेन शूकजाः । शूकोजलशूकः । सविषोजलजन्तुविशेषः सतुजलमलोद्भवः । अलपडुण्डुभ इत्यादिकः । तथाशूकप्रधानोलिंगवृद्धिकरोवात्स्यायनाद्युक्तोयोगःशूकउच्यते । यथा ॥ भल्लातकास्थिजलशूकमथाब्जपत्रमन्तर्विदाह्यमतिमान्सहसैन्धवेन । एतद्विरूढवृहतीफलतोयपिष्टमालेपितंमहिषविड्विमलीकृतेऽङ्गे ॥ स्थूलंमहद्दृढतुरङ्गमलिङ्गतुल्यंशेफः करोत्यभिमतंनहिसंशयोऽत्रेत्यादि । यत्तुजलशूकरहितमश्वगन्धादितैलंतदुचितमेवलिंगवर्द्धनम् ॥ यथाश्वगन्धावरीकुष्ठमांसीसिंहीपलेन्मितम् । चतुर्गुणेनदुग्धेनतिलतैलंविपाचयेत्॥तत्तैलंमर्द्दनात्वक्षोजकर्णपालीविवर्द्धनम्। शूकदोषादशचाष्टौचभवन्ति ४९८

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शूकदोषका अधिकार शूकदोषका निदान ॥

...क्रम के विना अत्यन्त विकारकारी जल शूकादि सामग्री के द्वारा लिंगकी वृद्धि चाहताहै उसके अठारह प्रकारका शूकदोषनाम रोग उत्पन्न होताहै शूक दुमुहे निर्विष सर्प्पको कहतेहैं और शूक है ... जिसमें ऐसे लिंगके बढ़ानेवाले वात्स्यायनादि के कहेभये योगको भी शूक कहतेहैं ...रेयत् ॥ लाोंके बीज जलशूक और कमलके पत्ते इन सबको बन्दकरके जलावै फिर सैंधानोन ... पकेभये भटकटैयाके फलके रसमें पीसै फिर भैंसे के गोबरसे लिंगको धोकर इसको लेपक... निस्सन्देह घोड़ेके लिंगके तुल्य स्थूल औ बड़ालिंग होजाता है और जोकि जलशूकरहित अश्वगंधादि तैल आदिक लिंगके बढ़ानेकी औषधि कहीगई है वे उचितहीहैं जैसे असगंध,सतावर,कूट,जटामांसी और भटकटैया के फल इनके द्वारा चौगुने दूधके साथ पाक कियाभया तिलोंका तेल लिंग छाती ओज और कर्णपालीको बढ़ाताहै ॥ ४६८ ॥

तेष्वादौसर्षपिकामाह ॥

गौरसर्षपसंस्थानाशूकदुर्भगहेतुका । पिडिकाश्लेष्मवाताभ्यांज्ञेयासर्षपिकातुसा॥ शूकदुर्भगहेतुकाशूकदुष्टयोनिनिमित्ताच ॥ ४९९ ॥

उनमें से सर्षपिका का लक्षण ॥

शूकके द्वारा अथवा दूषित योनिमें गमन के द्वारा श्वेत सरसों के समान कफ वात से जो पिडिका होती है उसे सर्षपिका कहतेहैं ॥ ४९९ ॥

अथाष्ठीलिकामाह ॥

कठिनाविषमैर्भुग्नैर्वायुनाष्ठीलिकाभवेत् । अष्ठीलालौहकारस्यभाण्डविशेषःनिहार इतिलोके ॥ ततःकठिनेत्यष्ठीलिकाविषमैर्भुग्नैरितिवक्ष्यमाणशूकविशेषणम् । विषमैर्ह्रस्वदीर्घैः । भुग्नैःवक्रैः ॥ ५०० ॥

अष्ठीलिका का लक्षण ॥

निहाईकेसमान कठिन,छोटी,बड़ी तथा टेढ़ी पिडिकाको अष्ठीलिका कहतेहैं यह वायुसे होतीहै ५००॥

अथ ग्रन्थितमाह ॥

शूकैर्यत्पूरितंशश्वद्ग्रथितंनामतत्कफात् । यल्लिंगंसदाशूकैःपूरितंतद्ग्रथितत्वात्तद्ग्रन्थितम् ॥ ५०१ ॥

ग्रथित का लक्षण ॥

लिंगमें शूकोंसे पूरित जो शूकदोष होताहै उसे ग्रथित कहतेहैं यह कफज होताहै ॥ ५०१ ॥

अथ कुम्भिकामाह ॥

कुम्भिकारक्तपित्तोत्थाजाम्बवास्थिनिभासिता।कुम्भिकाकुम्भीफलतुल्यत्वात् ५०२ ॥

कुंभिका का लक्षण ॥

लिंगमें रक्तपित्त से जामुन की गुठली के समान जो श्वेत पिडिका उसे कुंभिका कहते हैं ॥ ५०२ ॥

अथालजीमाह ॥

अलजीस्यात्तथायाद्दक्प्रमेहपिडिकातथा । साचरक्ताऽसितास्फोटाचिताचकथिताबुधैः । एषारक्तपित्तनिमित्ताज्ञेया ॥ ५०३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अलजी का लक्षण ॥

अलजी नामक प्रमेह पिडिका के समान लिंगमें रक्तपित्त से जो पिड़िका होती है कहते हैं इसमें लाल तथा काली फुन्सियां होती हैं ॥ ५०३ ॥

अथ मृदितमाह ॥

[illegible]पीडितंयत्तुसंरब्धंवातकोपतः । शूकदोषेजाते पीडितं सद्यत्संरब्धं सशोथं [illegible]लिंगंमृदितमुच्यते ॥ ५०४ ॥

मृदित का लक्षण ॥

शूक दोष होनेपर दबने से लिंगमें जो शोथ उत्पन्न होताहै उसे मृदित कहते हैं यह वायुके कोप से होता है ॥ ५०४ ॥

संमूढपिडिकामाह ॥

पाणिभ्यांभृशसंमूढेसंमूढपिडिकाभवेत् । शूकदोषेजातेपाणिभ्यांभृशसंमूढेपिशितेलिंगे ॥ अत्रापिवातकोपतइत्यनुवर्त्तते ॥ ५०५ ॥

सम्मूढ पिडिका का लक्षण ॥

शूकदोषके उत्पन्न होनेपर हाथों से बहुत रगडनेके कारण जो लिंग पिच्चित होजाताहै इसे सम्मूढ पिड़िका कहते हैं यह वायुके कोप से होती है ॥ ५०५ ॥

अथावमन्थमाह ॥

दीर्घाव्हाश्चपिडिकादीर्य्यतेमध्यतस्तुयाः । सोऽवमन्थःकफासृग्भ्यांवेदनारोमहर्षकृत् । दीर्घादीर्घांकुराः ॥ ५०६ ॥

अधिमंथ का लक्षण ॥

लिंगमें दीर्घ अंकुरवाली बीचमें फटीभई पीड़ा तथा रोमहर्ष युक्त जो पिड़िका होतीहै उसे अविमन्थ कहते हैं यह कफ और रुधिरसे होती है ॥ ५०६ ॥

अथ पुष्करिकामाह ॥

पिडिकापिडिकाव्याप्तापित्तशोणितसम्भवा।पद्मकर्णिकसंस्थानाज्ञेयापुष्करिकेतिसा ॥ पिडिकाव्याप्तापार्श्वतःक्षुद्रपिडिकाव्याप्ता । अतएवपद्मकर्णिकसंस्थाना ॥ ५०७ ॥

पुष्करिका का लक्षण ॥

लिंगमें किनारे पर छोटी २ पिड़िकाओं से युक्त इसीसे कमल की कली के समान आकृतिवाली जो पिड़िका होतीहै उसे पुष्करिका कहतेहैं यह पित्त और रुधिर से होती है ॥ ५०७ ॥

अथ स्पर्शहानिमाह ॥

स्पर्शहानिन्तुजनयेच्छोणितंशूकदूषितम् । अत्रस्पर्शासहत्वमेवलक्षणम् ॥ ५०८ ॥

स्पर्शहानि का लक्षण ॥

शूकके द्वारा रुधिर दोषयुक होकर लिङ्गमें जो स्पर्श न सहाजाय उसे स्पर्शहानि कहते हैं ॥ ५०८ ॥

अथोत्तमामाह ॥

मुद्गमाषोपमारक्तारक्तपित्तोद्भवाचया । एषोत्तमाख्यपिडिकाशूकाजीर्णसमुद्भवा ॥ ५०९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उत्तमाका लक्षण॥

... तेल लगानसे उत्पन्नभई रक्तवर्णवाली मूंग अथवा उर्द के समान आकृतिवाली पि-डिका उत्तमा कहते हैं यह रक्तपित्तसे होतीहै ॥ ५०९ ॥

अथ शतपोनकमाह ॥

छिद्रैरणुमुखैर्लिंगंचितंयस्यसमन्ततः । वातशोणितजोव्याधिर्विज्ञेयःशत... रयेत्॥ शतपोनकश्चालनीतत्तुल्यत्वाच्छतपोनकः ॥ ५१० ॥

शतपोनक का लक्षण ॥

छोटे छिद्रोंके द्वारा चलनी के समान लिङ्गके व्याप्त होनेको शतपोनक कहते हैं यह वात रक्तसे होतीहै ॥ ५१० ॥

अथ त्वक्पाकमाह ॥

वातपित्तकृतोज्ञेयस्त्वक्पाकोज्वरदाहकृत् ॥ ५११ ॥

त्वक्पाक का लक्षण ॥

वात पित्तके द्वारा त्वक्पाक नाम शूकदोष होताहै इसमें ज्वर और दाह होताहै ॥ ५११ ॥

अथ शोणितार्बुदमाह ॥

कृष्णैःस्फोटैःसरक्ताभिःपिडिकाभिर्निपीडितम् । लिंगंवास्तुरुजश्चोग्राज्ञेयंतच्छोणितार्बुदम् ॥ वास्तुरुजःस्फोटपिडिकाधिष्ठानवेदनाः ॥ ५१२ ॥

शोणितार्बुद का लक्षण ॥

लिङ्गमें कृष्णवर्ण फोडे और लाल पिड़िकायें जो होतीहैं उन्हें शोणितार्बुद कहतेहैं इसमें बहुत पीडा होतीहै ॥ ५१२ ॥

अथ मांसार्बुदमाह ॥

मांसदुष्टंविजानीयादर्बुदंमांससम्भवम् ॥ ५१३ ॥

मांसार्बुद का लक्षण ॥

लिंगमें मांस दूषित होकर उत्पन्न भये अर्बुदको मांसार्बुद कहते हैं ॥ ५१३ ॥

अथ मांसपाकमाह ॥

शीर्य्यन्तेयस्यमांसानियस्यसर्वाश्चवेदनाः।विद्यात्तंमांसपाकन्तुसर्वदोषकृतंभिषक् ॥ शीर्यन्तेगलन्तिसर्वाश्चवेदनाःवातपित्तकफजाः ॥ ५१४ ॥

मांसपाकका लक्षण ॥

जो लिंगका मांस गलजाय और वात पित्त तथा कफकी सम्पूर्ण पीडायेंहों तो उसे मांसपाक कहतेहैं यह तीनों दोषोंसे होताहै ॥ ५१४ ॥

अथ विद्रधिमाह ॥

विद्रधिंसन्निपातेनयथोक्तमभिनिर्दिशेत् । उक्तसन्निपातिकंविद्रधितुल्यंकथयेत् ॥ ५१५॥

विद्रधिका लक्षण ॥

कहीहुई सन्निपातज विद्रधिके समान लिंगमें भये रोगको विद्रधि कहते हैं ॥ ५१५ ॥

अथ तिलकालकानाह ॥

कृष्णानिचित्राण्यथवाशूकानिसविषाणितु । पतन्तिपातयंत्याशुमेढ्रंनिरवशेषतः ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गलानिभूत्वामांसानिशीर्य्यन्तेयस्यदेहिनः । सन्निपातसमुत्थांश्चतान्विद्यात्ति कान् ॥ चित्राणिनानावर्णानि । शुक्लानिशुक्लवर्णानि । मञ्चाःक्रोशंतीतिवत् णिसविषशूकाख्यजन्तुविशेषकृतत्वात् । शीर्यन्तेगलन्ति । पूजतः ॥ ५१६ ॥ तिलकालकका लक्षण ॥

शरीर के तैलके प्रयोग से उत्पन्न भई काली सफ़ेद अथवा विचित्र वर्णवाली काले तिलों के जोड़े फुन्सियां पककर सम्पूर्ण लिंगको पकादेतीहैं और मांस कालाहोकर गलजाताहै इस सन्निपा-तसे भये रोगको तिलकालक कहते हैं ॥ ५१६ ॥

अथासाध्यमाह ॥

तेषुमांसार्बुदंयच्चमांसपाकश्चयःस्मृतःविद्रधिश्चनसिध्यन्तियेचस्युस्तिलकालकाः ५१७

असाध्य लक्षण ॥

शूकदोषों मेंसे मासार्बुद मासपाक विद्रधि और तिलकालक असाध्यहैं ॥ ५१७ ॥

अथ शूकदोषस्य चिकित्सामाह ॥

शूकदोषेषुसर्वेषुविषघ्नींकारयेत्क्रियाम् । जलौकाभिर्हरेद्रक्तंरेचनंलघुभोजयेत् ॥ गुग्गुलुंपाययेच्चापित्रिफलाक्काथसंयुतम् । क्षीरेणलेपसेकांश्चशीतेनैवहिकारयेत् ५१८ ॥

शूकदोषकी चिकित्सा ॥

सम्पूर्ण शूकदोषोंमें विषघ्न चिकित्सा करै जोंकोंके द्वारा रुधिर निकलवावे विरेचन करवावै और हलका भोजन देय त्रिफला के काढ़ेमें गूगुल डालकर पियावे और शीतल दूधके द्वारा लेप तथा परिषेक करै ॥ ५१८ ॥

दार्वीसुरसयष्ट्याह्वैर्गृहधूमनिशायुतैः । सम्पक्वंतैलमभ्यगान्मेढ्ररोगंहिनाशयेत् ॥ इति दार्वीतैलम् ॥ ५१९ ॥

दारुहल्दी,तुलसी,मुलेठी,गृहधूम और हल्दी इनके द्वारा पाक कियाभया तेल लगानेसे लिंगके रोगोंको नष्ट करताहै इति दार्वीतैल ॥ ५१९ ॥

रसांजनंसाक्ष्यमेकमेवप्रलेपमात्रेणनयेत्प्रशान्तिम् । सपूतिपूयव्रणशोथकण्डूशूलान्वितंसर्वमनंगरोगम् ॥ साक्ष्यमित्यनंगरोगस्यविशेषणम्अनंगरोगस्यनामापिदूरीकरोतीत्यर्थः । इति शूकदोषनिदानचिकित्साधिकारः ॥ ५२० ॥

केवल रसौतही लेपकरनेसे दुर्गन्धित पीप,व्रण,शोथ,खुजली तथा शूलयुक्त सबप्रकारके लिंगके रोगोंको नष्टकरताहै इति शूकदोष निदान चिकित्साऽधिकार समाप्त ॥ ५२० ॥

अथ कुष्ठाधिकारः ॥

विरोधीन्यन्नपानानिद्रवस्निग्धगुरूणिच । भजतामागतांश्छर्दिवेगांश्चान्यान्प्रतिघ्नताम् ॥ व्यायाममग्नितापञ्चाप्यतिमुक्त्वानिषेविणाम् । शीतोष्णलङ्घनाहारान्क्रमंत्यक्त्वानिषेविणाम्॥ धर्म्मश्रमभयार्तानांद्रुतंशीताम्बुसेविनाम् । अजीर्णाध्याशिनांचापिपञ्चकर्म्मापचारिणाम् ॥ नवान्नदधिमत्स्यादिलवणाम्लनिषेविणाम् । माषमूलक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

...तलक्षीरगुडाशिनाम् ॥ व्यवायंचाप्यजीर्णेऽन्नेदिवानिद्रांनिषेविणाम् ॥ विप्रानूगु... ...तापापंकर्म्मचकुर्वताम् । वातादयस्त्रयोदोषास्त्वग्रक्तंमांसमम्बुच ॥ दूषयन्ति सकु... ...संग्रहः । अतःकुष्ठानिजायन्तेसप्तचैकादशैवच ॥ विरोधीन्यन्नपा नानि क्षीरमत्स्यादीनिदधिदुग्धादीनि । व्यायाममित्यादि । अतिभुक्त्वाव्या... ...॥ अग्निसन्तापम् । अग्निरूपलक्षणंसूर्य्यादिसन्तापञ्चनिषेविणामिति ॥ ... गेषष्ठीप्राप्ताद्वितीयातुमुनिवचनात् । एवमग्रेऽपिशीतोष्णंलङ्घनाहारानित्यादि... तीया ॥ अत्रक्रमंविधिंघर्मेत्यादि । घर्म्मार्त्तत्वेसतिद्रुतमविश्रम्यपानेस्नानेशीताम्बु... विनाम् । अजीर्णाध्याशिनांभुक्तेऽजीर्णेभुक्तानाम् । पञ्चकर्म्मापचारिणांपञ्चकर्म... वमनविरेकनस्यनिरूहानुवासनानितेषुकृतेषुअपचारिणाम् । नवान्नदधिमत्स्यादिआहा रादिसेविनाम् । व्यवायमित्यादि । अन्नेअजीर्णेविदग्धादिरूपेसति । व्यवायंमैथु... विणाम् । दिवानिद्रानिषेविणामितिभिन्नोहेतुः । धर्षयताम् । दोषदूष्यसंग्रहार्थमा... तादयइत्यादिशब्देनत्रिष्वपिप्रतीतेषु । त्रयइतिपदंसर्वेषुकुष्ठेषुत्रयाणामपि... ...ष्टत्वबोधनार्थम् । त्वक्रसअम्बुलसीका । अथ संख्यामाह । अतःकुष्ठानामित... अ तःपूर्व्वोक्तदोषदूष्यसमुदायात् । सप्तचैकादशचेतिसंख्याविच्छेदपाठेनसप्तानांमहाकुष्ठ त्वमेकादशानांक्षुद्रकुष्ठत्वंबोधयति ॥ ५२१ ॥

कुष्ठका अधिकार ॥

विरुद्ध अन्नपान और बहुत पतली स्निग्ध तथा भारी वस्तुओं के सेवन करनेवालों के उठे भये वमन के वेगोंको तथा अन्य वेगोंको रोकनेवालोंके बहुत भोजनकरके व्यायाम आंच तथा धूप, आदिको सेवनकरने वालों के शीत, उष्ण, लंघन तथा आहार को विधिपूर्वक सेवन न करनेवालों के धूपश्रम तथा भयसे व्याकुल होकर शीघ्रही स्नान पानके द्वारा शीतलजलको सेवन करनेवालों के अजीर्णमें भोजन करनेवालों के वमन, विरेचन, नस्य, निरूहवस्ति तथा अनुवासनवस्तिके अंतमें कुपथ्य करने वालों के नवीन अन्न, दही, मछली, लवण, खटाई, उर्द, मूली, पीठी, तिल, दूध तथा गुड़ आदिको बहुत खानेवालों के अजीर्ण में मैथुनकरनेवालों के दिनमें सोनेवालों के ब्राह्मण तथा गुरुओंका अनादर करनेवालों के और पापकरनेवालों के वातादिक तीनोंदोष एकसाथही कुपित होकर रक्त, मांस, त्वचा तथा लसीका को दूषित करके कुष्ठको उत्पन्न करतेहैं वात, पित्त, कफ, त्वचा, रुधिर, मांस और लसीका इनमें कुष्ठ अठारह प्रकार के होते हैं उनमें से सात महाकुष्ठ और ग्यारह क्षुद्रकुष्ठ होते हैं ॥ ५२१ ॥

तत्र महाकुष्ठान्याह ॥

पूर्वत्रिकंतथासिध्मततःकाकणकंतथा । पुण्डरीकर्क्षजिह्वाकेमहाकुष्ठानिसप्तच ॥ पूर्व त्रिकंकपालौदुम्बरमण्डलाख्यम् । सिध्मशब्दोऽकारान्तोनपुंसकः ॥ ननुकथंसिध्मस्य महाकुष्ठेषुगणनासुश्रुतेनक्षुद्रकुष्ठेषूक्तत्वात् । धातुप्रविष्टंसिध्मंतुस्यान्महाकुष्ठमेवच ॥ एवंविधस्यसिध्मस्य चरकेणमहाकुष्ठेषुदर्शितत्वात् । एषांमहाकुष्ठत्वञ्चशीघ्रमुत्तरोत्तर धात्ववगाहनात् । उल्बणदोषजन्यत्वाच्चिकित्साबाहुल्याच्च ॥ ५२२ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

महाकुष्ठोंका वर्णन ॥

कपाल, उदुम्बर, मंडल, सिध्म, काकणक, पुंडरीक और ऋक्षजिह्व ये सात महाकुष्ठ ... सन्देह होताहै कि सुश्रुतमें सिध्म क्षुद्रकुष्ठोंमें कहागयाहै इसकी गणना महाकुष्ठोंमें ... पूर्वक ... यहहै कि धातुवोंमें प्रविष्ट भया सिध्म महाकुष्ठ कहलाताहै इसप्रकार चरकने सिध्म ... महा ... दाहै और इनका महाकुष्ठत्व शीघ्रही उत्तरोत्तर धातुवों में प्रविष्ट होने से बहुत ... भये ... उत्पन्न होनेसे और चिकित्साकी बहुतायतसे होताहै ॥ ५२२ ॥

अथ क्षुद्रकुष्ठान्याह ॥

...स्मृतंपूर्वंगजचर्म्मततःस्मृतम् । ततश्चर्मदलंप्रोक्तंततश्चापिविचर्चिका ॥ ...पादिकासैवपामाकच्छूस्ततःपरम् । दद्रुविस्फोटकिटिभालसकानिचवेष्टितम् ॥ क्षुद्रकुष्ठानिचैतानिकथितानिभिषग्वरैः ॥ ननुदद्रोःकिथंक्षुद्रकुष्ठेषुगणना । सुश्रुतेनमहा ...कत्वात् ॥ उच्यतेअसितावगाढमूलाददद्रुःसुश्रुतेनमहाकुष्ठेषूक्ता । असितेतरानव ...दद्रुःक्षुद्रकुष्ठमेव ॥ एवंविधायदद्रुश्चरकेणक्षुद्रकुष्ठमेव । एवंविधायदद्रुःक्षुद्रकु ...त्वात् ॥ ५२३ ॥

क्षुद्रकुष्ठोंका वर्णन ॥

एककुष्ठ, गजचर्म्म, चर्म्मदल, विचर्चिका, विपादिका, पामा, कच्छू, दद्रु, विस्फोट, किटिभ और अलसक ये क्षुद्रकुष्ठ हैं अब यह सन्देह होताहै कि दद्रुको क्षुद्रकुष्ठों में क्यों कहा? क्योंकि इसको सुश्रुतने महाकुष्ठों में कहाहै इसका उत्तर यहहै कि सुश्रुतने काली और गहरी जड़वाली दद्रुको महाकुष्ठों में कहाहै और श्वेत तथा उथली दद्रुतो क्षुद्रही कुष्ठ है इसीलिये चरकने दद्रुको क्षुद्र कुष्ठ कहाहै ॥ ५२३॥

कुष्ठानांत्रिदोषजत्वेनैकत्वापिदोषस्योल्बणतयासप्तधात्वमाह ॥कुष्ठानिसप्तधादोषैःपृथग्द्वन्द्वैःसमागमैः । सर्वेष्वपिचत्रिदोषेषुव्यपदेशोऽधिकस्ततः॥ सर्वेष्वपित्रिदोषेषुव्यपदेशःकपालादिसंज्ञास्तेषामष्टादशरूपंयदधिकत्वंततःकुष्ठानिसप्तधाकैःदोषैःकथंभूतैः पृथग्द्वंद्वैःसमागतैःसङ्गतैःसंमिलितैरितियावत् । अस्यायमर्थः। किमपिकुष्ठंवातोल्बणंकिमपिपित्तोल्बणंकिमपिकफोल्बणंकिमपिवातश्लेष्मोल्बणं । किमपिवातपित्तोल्बणं किमपित्रिदोषोल्बणमिति ॥ ५२४ ॥

यद्यपि सम्पूर्ण कुष्ठ सन्निपातज होने के कारण एकही प्रकारके हैं तथापि दोषोंकी उल्बणतासे सात प्रकारके हैं जैसे वातोल्बण, पित्तोल्बण, कफोल्बण, वातकफोल्बण, पित्तकफोल्बण, वातपित्तोल्बण और त्रिदोषोल्बण ॥ ५२४ ॥

पूर्वरूपमाह ॥

अतिश्लक्ष्णःखरस्पर्शःस्वेदास्वेदविवर्णता॥दाहःकण्डूस्त्वचिस्वापस्तोदःकोठोन्नतिःक्रमः॥ व्रणानामधिकंशूलंशीघ्रोत्पत्तिश्चिरस्थितिः । रूढानामतिरूक्षत्वंनिमित्तेऽल्पेऽपिकोपनम् ॥ रोमहर्षोसृजःकार्ष्ण्यंकुष्ठलक्षणमग्रजम् । अतिश्लक्ष्णमतिमृदुः । अथवा घर्म्मादिप्रसंगेऽपिस्वेदाभावः । त्वचिःस्वापस्पर्शाज्ञता । शीघ्रोत्पत्तिर्व्रणानाम् ॥५२५॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कुष्ठका पूर्वरूप ॥

...नके पहले त्वचा कोमल, खरखरी तथा विवर्ण होतीहै स्वेद निकलता है अथवा धूपआ-दि... स्वेद नहीं निकलताहै स्पर्शका ज्ञान नहींहोता दाह, खुजली, सूजी गडनेकीसी पी-डा, ... तथा ग्लानि होतीहै व्रणोंकी शीघ्र उत्पत्ति बहुतकाल स्थिति तथा उनमें अ...॥ होतीहै व्रणोंके अंकुर अत्यन्त रूखे तथा थोडे कारण मेंही बढ़नेवाले होतेहैं रोमांच ... धिर काला होजाता है ॥ ५२५ ॥

येनोल्बणेन यत्कुष्ठमुत्पाद्यतेतदाह ॥

वातेनकुष्ठंकापालंपित्तेनौदुम्बरंकफात् । मण्डलाख्यंविचर्चीचऋक्षाख... चर्मैककुष्ठकिटिभंसिध्मालसविपादिकाः । वातश्लेष्मोद्भवाःपित्त... पुण्डरीकंसविस्फोटपामाचर्म्मदलेतथा । सर्वैरेवोल्बणैर्दोषैराहुःकाक... र्चीचकफादित्यन्वयः पुण्डरीकंसविस्फोटंपामाचर्मदलेतथा ॥ पित्तक...

जिस दोषकी अधिकतासे जो कुष्ठ उत्पन्न होताहै उसका व...

वातकी अधिकतासे कापाल, पित्तसे उदुम्बर, कफसे मंडल तथा विचर्चिका, वातपित्त... ...हते हैं इनमें ... वातकफसे चर्म्म, एककुष्ठ, किटिभ, सिध्म, अलसक तथा विपादिका, पित्तकफसे दद्रु, शत...रु, पुण्ड-रीक, विस्फोट, पामा तथा चर्म्मदल और तीनों दोषोंकी अधिकतासे काकणककुष्ठ उत्पन्नहोताहै ५२६॥

अथ महाकुष्ठानांमध्येकपालस्य लक्षणमाह ॥

कृष्णारुणंकपालाभंयद्रूक्षंपरुषंतनु । कपालंतोदबहुलंतत्कुष्ठंविषमंस्मृतम् ॥ किञ्चित्कृष्णाःकिञ्चिदरुणाःयेकपालाःस्फुटितमृत्पात्रखण्डाःखपराइतियावत्तद्वर्णंपरुषं खरस्पर्शम् । तनुतनुत्वक्कपालंकपालसंज्ञंविषमंदुश्चिकित्स्यम् ॥ ५२७ ॥

कापाल का लक्षण ॥

कुछकाले तथा कुछलाल ठिकरों के समान वर्णवाला, रूखा, खरखरा, पतलीखालवाला और सूजीगडने कीसी बहुत पीडावाला कुष्ठ कापाल कहलाताहै यह अत्यन्त दुस्साध्यहै ॥ ५२७ ॥

औदुम्बरमाह ॥

उदुम्बरफलाभासंकुष्ठमौदुम्बरंवदेत् । रुग्दाहरागकण्डूभिःपरीतंरोमपिञ्जरम् ॥ औदुम्बरफलाकारम् ॥ ५२८ ॥

उदुम्बरका लक्षण ॥

पीडा, दाह, रक्तता तथा खुजली युक्त पीले रोमवाले और गूलरके फलके समान वर्णवाले कुष्ठ को उदुम्बर कहतेहैं ॥ ५२८ ॥

मण्डलमाह ॥

श्वेतरक्तंस्थिरंस्त्यानंस्निग्धमुत्सन्नमण्डलम् । कृच्छ्रमन्योन्यसंसक्तंकुष्ठंमण्डलमुच्यते ॥ श्वेतरक्तंकिञ्चिच्छ्वेतंकिञ्चिद्रक्तम् । स्थिरंचिकित्सांविना । अविनाशिस्त्यानं आर्द्रंस्निग्धंसस्वेदम् । उत्सन्नमण्डलमुद्गतमण्डलम् । कृच्छ्रंकष्टसाध्यम् । अन्योन्यसंसक्तंपरस्परमिलितम् ॥ ५२९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मण्डलका लक्षण ॥

कुछ श्वेत तथा रक्तवर्णवाले चिकित्साके विना नहीं जानेवाले गीले स्वेदयुक्त उठे ... और परस्पर मिलेहुये कुष्ठको मण्डल कहतेहैं यह कष्टसाध्यहै ॥ ५२९ ॥

पूजात...

अथ सिध्ममाह ॥

दहेत्... चतनुयद्रजोघृष्टंविमुञ्चति । प्रायेणोरसितत्सिध्ममलाबुकुसुमोपमम् ॥ ... श्वेतंताम्रम् । तनुतनुत्वक् । प्रायेणोरसिप्रायःशब्दादन्यत्रापिबोद्धव्यम् ॥ ५३० ॥

सिध्मका लक्षण ॥

... के समान आकृतिवाले श्वेत तथा रक्तवर्णवाले पतलीखालवाले औ प्रायःछाती ... कहतेहैं इसके रगडनेसे धूलि झड़तीहै ॥ ५३० ॥

क्षुद्रकुष्ठानि...

अथ काकणमाह ॥

...त्वात् ॥ ...वर्णमपाकंतीव्रवेदनम् । त्रिदोषलिङ्गंततकुष्ठंकाकणंनैवसिध्यति ॥ ...क्षुद्रकु... ...वर्णत्वेनमध्येकृष्णमन्तेरक्तम् । अथवामध्येरक्तंमध्यान्तेकृष्णम् । शूकदोषेवात् । त्रिदोषलिंगम् । सर्वेषांकुष्ठानांत्रिदोषजत्वेऽपिउल्बणदोषत्रयलिंगम् ॥ ५३१ ॥

काकणका लक्षण ॥

घुंघुची के समान बीचमें लाल तथा पार्श्वमें कृष्णवर्ण अथवा बीचमें काले तथा पार्श्वमें रक्तवर्णवाले अत्यन्त पीडा युक्त नहीं पकनेवाले और तीनों दोषों के लक्षणवाले कुष्ठ को काकण कहतेहैं यह असाध्यहै ॥ ५३१ ॥

अथ पुण्डरीकमाह ॥

तत्श्वेतंरक्तपर्य्यन्तंपुण्डरीकदलोपमम् । सरागञ्चैवसोत्सेधंपुण्डरीकंकफोल्बणम् ॥ पुण्डरीकदलोपमंपुण्डरीकंश्वेतकमलंतत्पत्रोपमम् । सरागञ्चैव । अतएवश्वेतंरक्तपर्य्यन्तमन्तेरक्तम् । सरागमितिअन्तेलोहित्याधिक्यबोधनार्थम् ॥ सोत्सेधमुन्नतम् ५३२ ॥

पुण्डरीकका लक्षण ॥

लालकमल के पत्तोंके समान श्वेत तथा किनारोंपर रक्तवर्णवाले और फूलेभये कुष्ठको पुण्डरीक कहतेहैं वह कफकी अधिकतासे होताहै ॥ ५३२ ॥

अथर्क्षजिह्वकमाह ॥

कर्कशंरक्तपर्य्यन्तमन्तःश्यावंसवेदनम् । यदृक्षजिह्वासंस्थानमृक्षजिह्वंतदुच्यते ॥ रक्तपर्य्यन्तमन्तेरक्तमन्तःश्यावंमध्येधूम्रवर्णम् । ऋक्षजिह्वासंस्थानम् । ऋक्षोभल्लूकस्तस्यजिह्वाकृतिः ॥ ५३३ ॥

ऋक्षजिह्वका लक्षण ॥

कठोर किनारोंपर रक्तवर्ण, मध्यमें धूम्रवर्ण, पीडायुक्त और रीछकी जिह्वा के समान आकृतिवाले कुष्ठको ऋक्षजिह्व कहतेहैं ॥ ५३३ ॥

अथ क्षुद्रकुष्ठानांमध्येएककुष्ठगजचर्म्मणोर्लक्षणमाह ॥

अस्वेदनंमहावास्तुयन्मत्स्यशकलोपमम् । तदेककुष्ठंचर्म्माख्यंबहुलंगजचर्म्मवत ॥ महावास्तुमहास्थानम् । मत्स्यशकलोपमम् अत्रशकलशब्देनलक्षणयात्वगु

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

... तेनचक्राकारमभ्रकपत्रसदृशंभवति ॥ एककुष्ठमितिक्षुद्रकुष्ठेषुमुख्यत्वात् । च ... र्म्मीख्यंबहलंस्थूलंगजचर्म्मवद्रूक्षंकृष्णंच ॥ ५३४ ॥

क्षुद्र कुष्ठोंमेंसे एककुष्ठ और गजचर्म्म का लक्षण ॥

... रहित बडे चकत्तेवाले और मछलीके छिलके के समान कुष्ठको एककुष्ठ कहते हैं ... मैं मुख्यहोने से एक कुष्ठ कहलाता है स्थूल और हाथीके चर्म्म के समान रूखे तथ... वाले कुष्ठको गजचर्म्म कहतेहैं ॥ ५३४ ॥

अथ चर्म्मदलमाह ॥

रक्तंसशूलंकण्डूमत्सस्फोटंदलयत्यपि । तच्चर्म्मदलमाख्यातंस्पर्शस्या... दलयत्यपिविदारयत्यपिचर्मेतिशेषः ॥ ५३५

चर्म्मदलका लक्षण ॥

रक्तवर्ण खुजली तथा पीडा युक्त फुन्सी सहित और फटी त्वचावाले कुष... ...हते हैं इनमें हैं इसमें स्पर्श नहीं सहाजाताहै ॥ ५३५ ॥

अथ विचर्चिकामाह ॥

सकण्डूःपिडकाश्यावाबहुस्रावा । विचर्चिकापिडकाक्षुद्रपिडका । ननुक्षुद्रकुष्ठानांकथमेकादशत्वंविपादिकायाद्वादशत्वसम्भवात् । उच्यते । विचर्चिकैवपादयोर्भवतिविपादिकातेनसंख्यातिरेकः । (अतएवभोजः) दाल्यतेत्वक्वरारूक्षपाण्योर्ज्ञेयाविचर्चिका । पादेविपादिकाज्ञेयास्थानभेदादविचर्चिका ॥ दाल्यतेविदार्य्यते । केचिद्विचर्चिकातोविपादिकांभिन्नामाहुःविपादिकामाहवैपादिकंपाणिपादस्फुटनंतीव्रवेदनम् । पाणिपादस्फुटनंपाण्योःपादयोश्चस्फुटनंविदारणंयेनतत् ॥ ५३६ ॥

विचर्चिका का लक्षण ॥

धुमैले वर्णवाली खुजलीसहित बहुत बहनेवाली छोटीपिडिकाओंको विचर्चिका कहतेहैं अब यह सन्देह होताहै कि क्षुद्रकुष्ठ ग्यारह प्रकारकेहैं तो विपादिका बारहवीं होगी यहकैसे ? इसका उत्तर यह है कि,विचर्चिका के समान पैरोंमें होतीहै इसलिये संख्याका भेद नहीं है इसीसे भोज ने कहाहै हाथों में कर्कश औ रूखी त्वचाके फटने को विचर्चिका कहतेहैं और वही विचर्चिका पैरों में हो तो स्थान भेदसे विपादिका कहलाती है कोई २ विचर्चिकासे विपादिका को भिन्न कहतेहैं जैसे बहुतपीड़ा युक्त हाथ पैरोंके फटने को विपादिका कहतेहैं ॥ ५३६ ॥

अथ पामामाह ॥

सूक्ष्मावाह्याःस्रावबन्त्यःप्रदाहापामेत्युक्ताःपिडकाःकण्डुमत्यः । पिडकाःपीडयन्तीति पिडकाइतिक्षिपकादित्वान्निपात्यते ॥ ५३७ ॥

पामाका लक्षण ॥

छोटी बहनेवाली दाह तथा खुजली युक्त बहुतसी पिडिकाओंको पामा कहतेहैं ॥ ५३७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ कच्छुमाह ॥

सैवस्फोटैस्तीव्रदाहैरुपेताज्ञेयापाण्योःकच्छुरुग्रास्फिजोश्च । सैवपाम... स्फिजौप्रोथौ ॥ ५३८ ॥

कच्छूका लक्षण ॥

... और नितम्बोंमें पामाके समान अत्यन्तपीडा युक्त बडे स्फोटकों को कच्छू कहतेहैं ॥ ५३८ ॥

अथ दद्रुमाह ॥

...ण्डूरागपिडकंदद्रुमण्डलमुद्गतम्।दद्रुमण्डलरूपेणोत्पत्तितोद्गतमुच्छूनम्॥५३९ ॥

दद्रुका लक्षण ॥

...जली युक्त पिडिका सहित तथा उभरेभये चकत्तों को दद्रु कहतेहैं ॥ ५३९ ॥

अथ विस्फोटमाह ॥

...टाःश्यावारुणामांसाविस्फोटाःस्युस्तनुत्वचः ॥ ५४० ॥

विस्फोटका लक्षण ॥

...वाले और धुमैले तथा रक्तवर्ण स्फोटकों को विस्फोट कहतेहैं ॥ ५४० ॥

किटिभमाह ॥

श्यामंकिणखरस्पर्शपरुषंकिटिभंस्मृतम् । किणखरस्पर्शंकिणःशुष्कव्रणस्थानंतद्व तुकर्कशस्पर्शम् । परुषंरूक्षम् ॥ ५४१ ॥

किटिभकालक्षण ॥

सूखेभये व्रणके स्थानके समान खुरखुरे रूखे और श्यामवर्ण कुष्ठको किटिभ कहते हैं ॥ ५४१ ॥

अथालसकमाह ॥

कण्डूमद्भिःसरागैश्चगण्डैलरसकञ्चितम् । गण्डैःमहापिडकाभिःचितंवेष्टितम्॥५४२॥

अलसकका लक्षण ॥

खुजलीयुक्त रक्तवर्ण बडेस्फोटकों से व्याप्त कुष्टको अलसक कहते हैं ॥ ५४२ ॥

अथ शतारुस्तदाह ॥

रक्तश्यावंसदाहार्तिशतारुःस्याद्बहुव्रणम् ॥ ५४३ ॥

शतारुका लक्षण ॥

रक्त अथवा धुमैलेवर्णवाले दाह तथा पीडासहित और वहुतव्रणवाले कुष्ठको शतारु कहतेहैं ॥ ५४३ ॥

अथ सप्तधातुगतानांकुष्ठानांलक्षणान्याह । तत्ररसगतस्यलक्षणमाह ॥

त्वक्स्थेवैवर्ण्यमङ्गेषुकुष्ठेरौक्ष्यञ्चजायते । त्वक्स्वापोरोमहर्षश्चस्वेदस्यातिप्रवर्त्तनम् ॥ त्वक्शब्देनात्ररसउच्यते ॥ धातुप्रस्तावात्त्वक्स्थाद्यत्वक्स्वापःस्पर्शाज्ञत्वम् ॥ त्वक्स्वापइत्यादिकंकेचिद्रक्तगतस्यालिङ्गंमन्यन्ते ॥ ५४४ ॥

सप्तधातुगत कुष्टों के लक्षण रसगत कुण्ठके लक्षण ॥

कुष्टके रसगतहोने पर विवर्णता,रुक्षता,रोमांच,बहुत पसीना निकलना और स्पर्श का न मालूम होना ये लक्षण होते हैं ॥ ५४४ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ रुधिरगतमाह ॥

...कण्डूश्चैवकुष्ठेशोणितसम्भवे। विपूयकःविशेषेणपूयः ॥ ५४५ ॥

रुधिरगत कुष्ठका लक्षण॥

...रक्त में स्थितहोने पर खुजली होतीहै और बहुत पीप निकलताहै॥ ५४५॥

अथ मांसगतमाह ॥

बाहुल्यंवक्त्रशोषश्चकार्कश्यंपिडकोद्गमः। तोदःस्फोटःस्थिरत्वञ्चकुष्ठेम... ते॥ बाहुल्यंकुष्ठस्यपुष्टिः॥ पिडकोद्गमःक्षुद्रपिडकोद्गमःस्फोटःबृहत्पिडका।... मसञ्चारित्वम्॥ ५४६॥ मांसगत कुष्ठका लक्षण॥

कुष्ठके मांसगत होनेपर कुष्ठकी अधिकता,मुखका सूखना,कर्कशता,छोटी फुन्सि... सूजीगड़ने कीसी पीड़ा,बड़ी पिड़िका और स्थिरता ये लक्षण होतेहैं॥ ५४६॥...

अथ मेदोगतमाह ॥

कौण्यंगतिक्षयोंगानांसम्भेदःक्षतसर्पणम्। क्षतापसारेलिंगानिपू... मेदस्थानगतेलिंगंप्रागुक्तानितथैवच। कौण्यंहस्तनाशःअंगानांस... सर्पणंक्षतप्रसरणंपूर्वोक्तानिरक्तमांसगतालिंगानि॥ ५४७॥

मेदोगत कुष्ठके लक्षण॥

कुष्ठके मेदोगत होनेपर हाथोंका गलना,चल न सकना,अंगभंग,घावोंका फैलना और पहले कहे हुये रक्त तथा मांसगत कुष्ठके लक्षण होतेहैं॥ ५४७॥

अथास्थिमज्जागतमाह ॥

नासाभंगोऽक्षिरागश्चक्षतेषुकृमिसम्भवः। स्वरोपघातःपीडाच भवेत्कुष्ठेऽस्थिमज्जगे॥ ५४८॥

अस्थिमज्जागतकुष्ठके लक्षण॥

कुष्ठके अस्थि और मज्जा में प्राप्त होनेपर नाकका बैठना नेत्रोंका लाल होना स्वरभंग पीड़ा और घावोंमें कीडे पडना ये लक्षण होतेहैं॥ ५४८॥

अथ शुक्रगतमाह ॥

दम्पत्योःकुष्ठबाहुल्याद्दुष्टशोणितशुक्रयोः। यदपत्यंतयोर्जातंज्ञेयंतदपिकुष्ठितम्॥ ननुशुद्धशोणितशुक्रयोरेवंदम्पत्योर्गर्भसम्भवः। दुष्टशोणितशुक्रयोःकथमपत्योत्पत्तिः॥ (यतआहसुश्रुतः)कामान्मिथुनसंयोगेशुद्धशोणितशुक्रजः।गर्भःसञ्जायतेनार्याःसजातो बालउच्यते॥ अथान्यच्च। वातादिदुष्टरेतसोऽपत्योत्पादनेनसमर्थाइतिउच्यते॥ गर्भोऽत्रशुद्धोबोद्धव्यः। अशुद्धगर्भोऽपिदुष्टशोणितशुक्रयोरपिभवति॥ गतकर्णान्धबधिरादीनांसम्भवात्। शोणितमार्त्तवम्॥ कुष्ठितंकुष्ठंसञ्जातमस्येतितारकादित्वादितच्। शुक्रार्त्तवगतंकुष्ठमपत्येनव्यजतइति तात्पर्यम्॥ ५४९॥

शुक्रगत कुष्ठके लक्षण॥

कुष्ठकी अधिकतासे स्त्री तथा पुरुष के रज तथा वीर्य्य के दूषित होनेपर जो सन्तति होतीहै वा कुष्ठी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हिहै अब … होताहै कि शुद्ध रज तथा वीर्य्यवालेही स्त्री पुरुषोंके गर्भ होताहै तो दूषित रज तथा वीर्य्य से सन्तति कैसे होगी ? क्योंकि सुश्रुत ने कहाहै कि कामके द्वारा शुद्ध रज तथा वीर्य्य … पुरुषोंके संयोग होनेपर गर्भ होता है यह उत्पन्न होकर बाल कहलाताहै और वातादि के द्वारा … वीर्य्यवाले सन्ततिको नहीं उत्पन्न करसकेहैं इसका उत्तर यहहै कि यहां गर्भ कहनेसे शुद्ध … पूजत … क्योंकि दूषित रज तथा वीर्यसे अशुद्ध गर्भ होताहै उससे इन्द्रियरहित अन्ध तथा बाधिरादि देहतक … यहां यह तात्पर्य है कि वीर्य्य तथा रजमें प्राप्त कुष्ठ सन्तति से जानाजाताहै ॥ ५४६ ॥

कुष्ठेषूल्वणवातादिदोषलिंगमाह ॥

… रुणंरूक्षंवातकुष्ठंसवेदनम् । पित्तात्प्रकुपितंदाहरागस्रावान्वितंमतम् ॥ … स्निग्धंसकण्डूशैत्यगौरवम् । द्विलिंगंद्वन्द्वजंकुष्ठंत्रिलिंगंसान्निपातिकम् ॥ … श्यावंवाअरुणंवा ॥ प्रकुपितंपूतिक्लेदबहुलम् । क्लेदमार्द्रता … क्षुद्रकुष्ठानि … ॥ ५५० ॥

… त्वात् ॥ उ…

कुष्ठोंमें वातादि दोषोंकी अधिकताके लक्षण ॥

… क्षुद्रकुष्ठ. खुरखुरा, धुमेला अथवा लाल रूखा और पीडासहित होताहै अधिकपित्त … ल, दाह तथा स्रावयुक्त होताहै अधिककफवाला कुष्ठ. गीला, पुष्ट, स्निग्ध, खुजली युक्त … भारीहोताहै द्वन्द्वज कुष्ठ. दोदोषोंकेलक्षणवाला और सन्निपातजकुष्ठ. तीनोंदोषोंके लक्षणवाला होताहै ॥ ५५० ॥

अथ साध्यत्वादिकमाह ॥

साध्यंत्वग्रक्तमांसस्थंवातश्लेष्माधिकञ्चयत् । मेदोगंद्वन्द्वजंजाप्यंवर्ज्यंमज्जास्थिसंश्रितम् । कृमिकृद्दाहमन्दाग्निसंयुक्तंयत्त्रिदोषजम् । वातश्लेष्माधिकश्चयत् एतेनसिध्मैककुष्ठगजचर्म्मविपादिकाकिटिभालसकानिसाध्यानि मज्जागतंशुक्रगतमप्यसाध्यम् ॥ कृमिर्वाह्योऽपिवर्ज्यइत्यन्वयः ॥ ५५१ ॥

कुष्ठके साध्यादि लक्षण ॥

त्वचा, रुधिर तथा मांसमें स्थित और वातकफाधिक, सिध्म, एककुष्ठ, गजचर्म्म, विपादिका, किटिभ, अलसक, कुष्ठसाध्यहै मेदोगत और द्वन्द्वज कुष्ठ याप्य हैं मज्जागत वीर्य्यगत और कृमि, दाह तथा मन्दाग्नियुक्त, त्रिदोषज, कुष्ठ असाध्य है ॥ ५५१ ॥

अथारिष्टमाह ॥

प्रभिन्नंप्रस्रुतांगञ्चरक्तनेत्रंहतस्वरम् । पञ्चकर्म्मगुणातीतंकुष्ठंहन्तीहकुष्ठिनम् ॥ प्रभिन्नंविदीर्णम् । हतस्वरंघर्घरस्वरम् ॥ पञ्चकर्म्मगुणातीतम् । असञ्जातवमनादिपञ्चकर्म्मगुणम् ॥ ५५२ ॥

कुष्ठ के अरिष्ट ॥

जो कुष्ठ में अंगकटगयेहों, बहतेहों, नेत्रलाल होगयेहों, स्वरभंग होगया हो और वमन आदि पंच कर्म्मकरने से कोई गुण न हो तो कुष्ठीमरताहै ॥ ५५२ ॥

अथत्वग्दुष्टिसाम्यात् कुष्ठभेदत्वाच्चात्रैवश्वित्रमाह ॥

कुष्ठैकंसम्भवंश्वित्रंकिलासंचारुणंभवेत् । निर्दिष्टमपरिस्रावित्रिधातूद्भवसंश्रयम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

...सम्भवंकुष्ठेनसहसम्भवोनिदानंयस्यततं (अथ श्वित्रस्यभेदमाह) किलासश्चा... ...श्वित्रमेवरक्तमांसाश्रयात्किलासन्तरुणञ्चभवेदित्यर्थः ॥ ...नुकुष्ठस्यश्वित्रस्यको ...निर्दिष्टमपरिस्रावीतिश्वित्रमपरिस्रावि भवतिकुष्ठन्तुस्रावि अथच । ... तु...संश्रयमितिश्वित्रं ॥ त्रयोधातवोवातपित्तकफास्तेभ्यः पृथग्भूतेभ्यउद्भवो...यत् ॥ अथ त्रयोधातवोरक्तमांसमेदांसिसंश्रयोऽधिष्ठानंयस्यततत् ॥ कुष्ठन्तुसन्निप... तुगतंभवतीतिभेदः ॥ ५५३ ॥

त्वचाके दूषितहोने की समतासे और एकप्रकारके कुष्ठहोनेसे यहीं पर श्वित्रका ल... श्वित्र में कुष्ठके समान सम्पूर्ण निदान हैं श्वित्रही रुधिर और मांसके आ... किलास कहलाताहै अन्य कुष्ठ बहतेहैं श्वित्र बहता नहीं श्वित्र वातादि त... उत्पन्न होताहै और रुधिर मांस तथा मेद इन तीन धातुओंमें होताहै अन्य कु... और सर्वधातुगत होतेहैं यही श्वित्र और कुष्ठमें भेदहै ॥ ५५३ ॥

अथ दोषभेदेनलक्षणभेदान्याह ॥

वाताद्रूक्षारुणंपित्तात्ताम्रंकमलपत्रवत् । सदाहंरोमविध्वंसिकफाच्छ्वे... सकण्डूकंक्रमाद्रक्तमांसमेदःसुचादिशेत् । वर्णेनैवेदृगुभयंकुष्ठंतच्चोत्तरोत्तरम् ॥ अरुण मीषल्लोहितम् । कमलपत्रवदित्यनेनमध्येश्वेतमन्तेलोहितंबोधयति ॥ घनंपुष्टम् । क्रमाद्रक्तमांसमेदःसुचादिशेत् । (तथा च चरकः) अरुणंरक्तगेवातेताम्रंपित्तेपलङ्गते । श्वेतंश्लेष्मणिमेदस्थेश्वित्रंकुष्ठंपरापरमिति ॥ उभयंद्विविधमपिश्वित्रंवर्णेनईदृगेव । अरुणंताम्रंश्वेतञ्चदोषभेदात् ॥ द्विविधंदोषजंव्रणजंच । (तथाचभोजः) श्वित्रंतुद्विविधं विद्यादोषजंव्रणजंतथेति ॥ ५५४ ॥

दोषभेदसे श्वित्रके अलग २ लक्षण ॥

वातजश्वित्र. रूखा और कुछ रक्तवर्णहोताहै पित्तज श्वित्र. ताम्रवर्ण, कमलपत्र के समान बीच में श्वेत तथा अन्तमें लाल दाहयुक्त और रोमनाशक होताहै कफज श्वित्र. श्वेत, पुष्ट, भारी और खुजली युक्त होताहै ऊपरकहेभये वर्णोंके द्वाराक्रमसे रक्तमांस और मेदमें स्थित श्वित्र जाननाचाहिये और ऐसाही चरकने कहाहै कि वातज रक्तवर्ण श्वित्र. रक्तगत पित्तज ताम्रवर्ण श्वित्र मांसगत और कफज श्वेतवर्ण श्वित्र मेदोगत होताहै दोनोंप्रकारका श्वित्र वर्णसे इसीप्रकारका होताहै और वर्णभेद दोषों के भेदसे होताहै श्वित्र दोप्रकारकाहै दोषज और व्रणज ऐसाही भोज ने कहाहै कि श्वित्रको दोषज और व्रणजभेद से दोप्रकारका जाननाचाहिये ॥ ५५४ ॥

अथ श्वित्रंसाध्यमसाध्यञ्चाह ॥

अशुक्लरोमाबहलमसृग्युक्तमथोनवम् । अनग्निदग्धजंसाध्यंश्वित्रंवर्ज्यमतोऽन्यथा ॥ वर्जनीयांविशेषेणाकि अबहलंतनु । अन्यच्च ॥ गुह्यपाणितलोष्ठेषुजातमप्यचिरन्तनम् । वर्जनीयांविशेषेणाकि लासंसिद्धिमिच्छता ॥ गुह्यंमेहनंभगश्चतलमत्रपदतलंजातंसुश्रुतेनान्तेजातमितिसा मान्यतोनिर्दिष्टत्वात् । अप्यचिरन्तनंनवमपि ॥ ५५५ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शिवत्रके साध्य और असाध्य लक्षण ॥

कृष्णरोम जिसमें बहुतहों परस्पर मिला न हो अग्निके द्वारा जलनेसे न उत्पन्न भ... नवीनहो ऐसा श्वित्रसाध्यहै अन्यथा असाध्य है और भी कहाहै कि लिंग योनि हाथ पैरोंके त...वे पूजे... हुआ नवीनभी किलास असाध्यहै ॥ ५५५ ॥

... अथ कुष्ठस्यसंसर्गजत्वप्रसङ्गेनान्यानपिसंसर्गजानूरोगानाह ॥

...त्रसंस्पर्शान्निःश्वासात्सहभोजनात् (प्रसङ्गोमैथुनम्) एकशय्यासनाच्चा ...नुलेपनात् । कण्डूकुष्ठोपदंशश्चभूतोन्मदव्रणज्वरः ॥ औपसर्गिकरोगाश्च ...म् । म्रियतेयदिकुष्ठेनपुनर्जातस्यतद्भवेत् । अतोनिन्दितरोगोऽयं ... एतावताकुष्ठिनांकुष्ठंसर्वथाप्रतीकरणीयंनतूपेक्षणीयम् । (इति क्षुद्रकुष्ठानि...) ॥ ५५६ ॥

... ॥ ... संसर्गज रोगहै इससे अन्य संसर्गज रोगोंकाभी वर्णन ॥

...,साथभोजन करना, एकशय्यामें सोना, एक आसनपर बैठना और एकही ... अनुलेपनका धारण करना इनसे खुजली, कुष्ठ, उपदंश, भूतोन्माद, व्रण, ज्वर तथा ... एकमनुष्यसे दूसरे मनुष्यको होते हैं जो कुष्ठसे मृत्युहो तो दूसरे जन्म में भी कुष्ठ होताहै इसलिये यह निंद्यरोग अत्यन्त कष्टदायी है इसीसे कुष्ठका यत्नपूर्वक प्रतीकार करना चाहिये और अपेक्षा नहीं करना चाहिये इति कुष्ठनिदानाऽधिकार समाप्त ॥ ५५६ ॥

अथ कुष्ठस्यचिकित्सामाह ॥

वातोत्तरेषुसर्पिर्वमनंश्लेष्मोत्तरेषुकुष्ठेषु।पित्तोत्तरेषुलेपःसेकोरक्तस्यमोचनंश्रेष्ठम् ५५७॥

कुष्ठकी चिकित्सा ॥

अधिकवातवाले कुष्ठमें घृतप्रयोग अधिक कफवाले कुष्ठमें वमन अधिक पित्तवाले कुष्ठमें लेप परिषेक तथा रुधिर निकलवाना श्रेष्ठहै ॥ ५५७ ॥

पथ्याकरञ्जसिद्धार्थनिशावल्गुजसैन्धवैः । विडङ्गसहितैःपिष्टैर्लेपोमूत्रेणकुष्ठनुत् ॥ अवल्गुजःबकुचीतिलोके (इति पथ्यादिलेपः) ॥ ५५८ ॥

हड, करंजुआ, सरसों, हल्दी, बकुची, सेंधानोन और बायबिडंग इनको गोमूत्रमें पीसकर लेप करने से कुष्ठका नाश होताहै इतिं पथ्यादि लेप ॥ ५५८ ॥

सोमराजीभवंचूर्णंश्रृंगवेरसमन्वितम् । उद्वर्त्तनमिदंहन्तिकुष्ठमुग्रंकृतास्यदम् ॥ सोमराजीबकुचीतिलोके (इति सोमराज्युद्वर्त्तनम्) ॥ ५५९ ॥

बकुची और सोंठके चूर्णका उबटन बढ़ेभये कुष्ठको भी नष्ट करताहै इति सोमराजी उद्वर्तन ॥५५९॥

रसायनंप्रवक्ष्यामिब्रह्मणायदुदाहृतम् । मार्कण्डेयप्रभृतिभिर्यत्प्रयुक्तंमहर्षिभिः ॥ पुष्पकालेतुपुष्पाणिफलकालेफलानिच । संगृह्यापिचुमर्दस्यत्वङ्मूलानिदलानिच ॥ द्विरंशानिसमाहृत्यभागिकानिप्रकल्पयेत् । त्रिफलात्र्यूषणंब्राह्मीश्वदंष्ट्रारुष्करागनयः ॥ विडंगसारवाराहीलोहचूर्णंमृताःसमाः। निशाद्वयोवल्गुजकंव्याधिघातःसशर्करः। कुष्ठमिन्द्र

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यवानीहाचूर्णमेषांतुसंयुतम् । खदिरासननिम्बानांघनक्काथेनभावयेत् ॥ सप्तधांपश्चा नि... ...कर्थस्वरसेनच । स्निग्धःशुद्धतनुर्धीमान्योजयेत्तच्छुभेदिने ॥ मधुनातिक्त हविषा खदिरासनवारिणा । लेह्यमुष्णम्भसावापिकोलवृद्ध्यापलंभवेत् ॥ जीर्णेतस्मिन् समश्नीयात्स्निग्धंलघुहितञ्चयत् । विचर्चिकोदुम्बरपुण्डरीककपालदद्रूकिटिभालसकान् ॥ द्विकम् ॥ शतारुविस्फोटविसर्प्पमालाःकफप्रकोपंत्रिविधंकिलासम् । भगन्दर... वातरक्तजडान्धनाडीव्रणशीर्षरोगान् ॥ सर्वान्प्रमेहान्प्रदरांश्चसर्वान्दंष्ट्रा... षंनिहन्ति । स्थूलोदरःसिंहकृशोदरःस्यात्सुश्लिष्टसन्धिर्मधुनोपयोगात् ॥ स... दपियेदशन्तिसर्प्पादयोयान्तिविनाशमाशु । जीवेच्चिरंव्याधिजराविमुक्तः... समानकान्तिः ॥ अस्यायमर्थः ॥ निम्बस्यपुष्पफलत्वक्पत्रमूलानि... द्विगुणानिचूर्णितानिभृंगराजस्वरसेनसप्तवारान्भावयेत् ॥ त्रिफलादी... ...शु दितान्येकभागानिचूर्णितानिखदिरासननिम्बक्काथेनभावयेत् । ततः... दिनाऽवलिह्यात् ॥ इति पञ्चनिम्बकावलेहः ॥ ५६० ॥

ब्रह्मा की कहीं भई और मार्कण्डेयआदि महर्षियों से व्यवहार कीगई रसायन क... ...इते हैं इनमें नींब के पुष्पों के समय पुष्प तथा फलों के समय फल और छाल जड़ तथा पत्तियों को लाकर चूर्णकरै इसके दो भागोंको भँगरे के रसमें सात बार भावनादे फिर त्रिफला, त्रिकटु, ब्राह्मी, गोखुरू, भिलावां, चीता, बिड़ंगसार, बाराहीकन्द, लोह चूर्ण, गिलोय, हल्दी, दारुहल्दी, बकुची, अमलतास, शर्करा, कूट, इन्द्रयव और पाठा इनसबके एक भाग चूर्णको कत्थे, विजयसार और नींब के काढ़े में भावनादे फिर दोनोंको मिलाकर स्निग्ध तथा वमन आदिकेद्वारा शुद्धशरीरवाला मनुष्य शहद, तिक्त, घृत, कत्थे तथा विजयसारके काढ़े अथवा उष्ण जलके साथ इसको चाटै इसको आठ माशेसे चार तोलेतक प्रतिदिन बढ़ाताजाय औषधके पचजानेपर स्निग्ध लघु तथा पथ्य भोजन करै इसकेद्वारा विचर्चिका, उदुम्बर, पुण्डरीक, कापाल, दद्रु, किटिभ, अलसक, शतारु, बिस्फोट, वीसर्प्प, गण्डमाला, कफकाकोप, तीन प्रकारका किलास, भगन्दर, फीलपांव, वातरक्त, जड़ता, अन्ध, नाड़ी व्रण, शिरके रोग, सम्पूर्ण प्रमेह, सब प्रदर, दांतके काटेका विष तथा मूल विष इनसबका नाश होताहै शहदके साथ इसको चाटने से बहुत बढ़ेभये मेदो रोगका नाश होताहै इसके सदैव सेवनसे यदि सर्प्पादि काटें तो वे शीघ्र नष्ट होजाते हैं और रोग तथा वृद्धावस्था से छूटकर चन्द्रमा के समान कान्तिवाला होकर बहुत कालतक जीताहै इति पंच निंबकावलेह ॥ ५६० ॥

शशिलेखापञ्चपलंताद्विरिजस्यगुग्गुलोस्तुदश । ताप्यस्यपलंत्रितयंद्वेलोहस्यात्र णीकायोश्चपले ॥ त्रिफलाकरञ्जपल्लवखदिरगुडूचीत्रिवृद्दन्त्यः । मुस्ताविडंगरजनी कुटजत्वङ्निम्बवह्निसम्पाकाः ॥ एतैरचितांवटिकांमधुसंमिश्रांगिलेत्प्रातः । गोमूत्रेणचकुष्ठंनुदत्यसृग्वातमचिरेण ॥ श्वित्राणिपाण्डुरोगंविषमानुदरप्रमेहगुल्मांश्च ॥ नाशयति बलीपलितंयोगःस्वायम्भुवोनाम्ना ॥ शशिलेखासोमराजी । गिरिजस्यशिलाजतुनः । ताप्यस्यसुवर्णमाक्षिकस्य । स्रावणीकामुण्डीइतिलोके । इतिस्वायम्भुवोगुग्गुलुः ५६१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

बकुची [illegible] पल, शिलाजीत ५ पल, गूगुल १० पल, सोनामाखी ३ पल, लोह तथा मुण्डी [illegible] दो पल और त्रिफला, करंजुवा, तेजपात, कत्था, गिलोय, निशोथ, दन्ती, मोथा, बायबिडं[illegible], कुरैया, दालचीनी, नींब, चीता तथा अमलतास इन सबकी शहद में गोली बनावै और प्रातःकाल [illegible]मूत्रके साथ इनको निगलनेसे कुष्ठ, रक्तवात, सफेद कोढ़, पांडु, उदरप्रमेह, गुल्म, [illegible]लोंका [illegible]ना इन सबका नाश होताहै इति स्वायम्भुवगुग्गुलुः ॥ ५६१ ॥

[illegible]त्रिफलाव्योषमजाजीकारवीवचा। सैन्धवातिविषाकुष्ठञ्चव्यैलाचयवासकम्॥ [illegible]यजमोदा च मुस्ताचामरदारु च । यावन्त्येतानि सर्वाणि तावन्मात्रन्तुगुग्गु[illegible]कृत्यसर्प्पिषासार्द्धंगुटिकांकारयेद्भिषक् । प्रातर्भोजनकाले च खादेदग्निबलं त[illegible]कुष्ठानिक्रिमिदुष्टव्रणानिच। ग्रहण्यर्शोविकारांश्चमुखामयगलग्रहान्॥ [illegible]गुद्रकुष्ठानि[illegible]गुल्मंचापिनियच्छति । व्याधीन्कोष्ठगतांश्चापिजयेद्विष्णुरिवासुरा[illegible]त् ॥ [illegible]कोगुग्गुलुः ॥ ५६२ ॥

[illegible] त्रिकटु, जीरा, कलौंजी, बच, सेंधानोन, अतीस, कूट, चव्य, इलायची, जवासा, अजवाइन, मोथा तथा देवदारु इनसबको चूर्णकरके सबकी बराबर गूगुल मिलावे फिर गोली बनावै अग्निबलके अनुसार प्रातःकाल और भोजनके समय गोली खाय इससे अठारहै प्रकारके कुष्ठ, कृमि, दुष्टव्रण, ग्रहणी, बवासीर, मुखरोग, गलग्रह, गृध्रसी, भग्न, गुल्म और कोष्ठगत रोग इन सबका नाश होताहै इति एकविंशतिकगुग्गुलुः ॥ ५६२ ॥

वातरक्ताधिकारोक्तःपुरःकैशोरकाभिधः । कुष्ठानांवातरक्तानांनाशनंपरमौषधम् ॥ इति कैशोरगुग्गुलुः ॥ ५६३ ॥

वातरक्ताऽधिकार में कहाभया कैशोर गुग्गुलु कुष्ठ और वातरक्तोंका अत्यन्तनाशकहै ॥ ५६३ ॥

भल्लातकप्रस्थयुगं छित्त्वाद्रोणजलेक्षिपेत् ॥ प्रस्थद्वयंगुडूच्याश्च क्षुण्णंतत्राम्भसिक्षिपेत् ॥ चतुर्थांशावशेषन्तु कषायमवतारयेत् । वस्त्रपूतेकषायेण वक्ष्यमाणंविनिक्षिपेत् ॥ सरावमात्रकंसर्प्पिर्दुग्धस्याढकंतथा । सितांप्रस्थमितांदद्यात्प्रस्थार्द्धंमाक्षिकंक्षिपेत् ॥ सर्व्वाण्येकत्रभाण्डेतु पचेन्मृद्वग्निनाशनैः। सर्व्वद्रवेघनीभूते पावकादवतारयेत्॥ तत्रक्षेप्याणिचूर्णानि ब्रूमोविल्वविषामृताः । वाकुचीचाथदद्रुघ्नः पिचुमर्दोहरीतकी ॥ अक्षोधात्रीचमञ्जिष्ठा मरिचंनागरङ्कणा । यवानीसैन्धवंमुस्तं त्वगेलानागकेशरम् ॥ पर्प्पटंपत्रकंवालामुशीरंचन्दनंतथा । गोक्षुरस्यचबीजानि कर्चूरोरक्तचन्दनम् ॥ पृथक्पलार्द्धमानानां चूर्णमेषामिहक्षिपेत् । पलमात्रमिदंप्रातः समश्नीयाज्जलेनहि ॥ नाशयेदेवलेहोऽयं पथ्यान्यन्नानिखादतः । कुष्ठानिवातरक्तानि सर्व्वाण्यर्शांसिसेवितः ॥ व्यायाममातपंवह्निं मम्लंमांसंदधिस्त्रियम् । तैलाभ्यंगंतथाध्वानं नरोभल्लातकीत्यजेत् ॥ इति अमृतभल्लातकोऽवलेहः ॥ ५६४ ॥

१२८ तोला भिलावा तथा १२८ तोले गिलोय इनको कूटके सोलहसेर पानीमें काढ़ाकरै चौथियाई रहनेपर काढ़ेको उतारकर कपड़ेसे छानले फिर इस काढ़ेमें आधसेर घी, चार सेर दूध, सेरभर शक्कर

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तथा आधसेर शहद मिलायके मन्दाग्नि में पाककरै फिर गाढ़ा होजानेपर अग्निसे उतारके बैठ बिष, गिलोय, बकुची, पुआड़, नींब, हड़, बहेड़ा, आंवला, मंजीठ, मिर्च, सोंठ, पीपल, अजवाइन, सेंधानोन, मोथा, दालचीनी, इलायची, नागकेसर, पित्तपापड़ा, तेजपात, नेत्रबाला, खस, चन्दन, गोखुरू, कुचला और लालचन्दन इन सबका चूर्ण दो दो तोले मिलावै फिर प्रातःकाल इस औषध को पानी के साथ चार तोले खानेसे कुष्ठ, वातरक्त और सबप्रकारकी बवासीरोंका नाश होताहै इसपर खानेवाला. व्यायाम, धूप, अग्नि, खटाई, मांस, दही, मैथुन, तैलाभ्यंग तथा मार्गगमन न करै और पथ्य भोजनकरै इति अमृतभल्लातकावलेह ॥ ५६४ ॥

निम्बगोपारुणाकट्वीत्रायन्तीत्रिफलाघनम् । पर्पटावल्गुजानन्ता वचारु... नम् । पाठाशुण्ठिशटीभार्ङ्गी वासाभूनिम्बवत्सकम् । श्यामेन्द्रवारुणीमूर्वा... नलम् ॥ हस्तिकर्णामृताद्रेकापटोलरजनीद्वयम् । कणारग्वध... लम् ॥ मंजिष्ठालांगलीरास्ना नक्तमालपुनर्नवाः । दन्तीबीजकसारश्च... कम् । अंकोटकश्चशाखोटं द्विपलांशंपृथक्पृथक् । गृह्णीयात्तानिस... पचेच्छनैः ॥ अष्टमांशावशेषन्तु कषायमवतारयेत् । विधायवाससापूतं... दृढे ॥ भल्लातकसहस्राणि छित्वातुत्र्यम्र्मणाम्भसि । पचेदष्टावशेषंतत्कषाय... त् ॥ तच्चवस्त्रेणसंशोध्य द्वौकषायौविमिश्रयेत् । गुडंशतपलंदत्वा लेहवत्तत्पचेच्छनैः ॥ भल्लातकसहस्रस्य मज्जानंतत्रनिक्षिपेत् । त्रिकटुत्रिफलामुस्तं विडंगंचित्रकंतथा ॥ सैन्धवंचन्दनंकुष्ठं दीप्यकंचपलंपृथक् । सौगन्ध्यार्थंक्षिपेत्तत्र चातुर्ज्जातंपलंपलम् ॥ महाभल्लातकोह्येष महादेवेनभाषितः । प्राणिनांहितकामेन जयेच्छीघ्रंप्रयोजितः ॥ श्वित्रमौदुम्बरंदद्रूमृक्षजिह्वन्तुकाकणम् । पुण्डरीकंसचर्म्माख्यं विस्फोटंरक्तमण्डलम् ॥ कण्डूकपालकंकुष्ठं पामानञ्चविपादिकाम् । वातरक्तंषडर्शांसि पाण्डुरोगव्रणान्क्रमीन् ॥ रक्तपित्तमुदावर्त्तं कासंश्वासंभगन्दरम् । सदाभ्यासेनपलितमामवातंसुदुस्तरम् ॥ नियन्त्रणस्तुकथितो विहाराहारमैथुने । कुरुतेपरमांकान्तिप्रदीप्तंजठरानलम् ॥ अनुपानंप्रयोक्तव्यञ्छिन्नातोयंपयोऽथवा । भोजनेतुसदात्याज्यमुष्णमम्लंविशेषतः ॥ गोपाश्वेतसावइतिलोके । अरुणाअतिविषाअवल्गुजःसोमराजीबकुची । अनन्तादुरालभा । चन्दनंश्वेतम् । भार्ङ्ग्यलाभेकण्टकारीमूलंगृह्णीयात् । श्यामा कृष्णसांइ । हस्तिकर्ण हाथिकन्द । सप्ताह्वाछतिम् । द्रेकाबकाइन । कृष्णवेतजलवेतसउच्चटाफलं श्वेतगुंजाफलम् । कुरण्टकंकटसरैआ अंकोढ़ढेला इतिलोके । शाखोटंसहोर इतिलोके । दीप्यकंयवादुनी । महाभल्लातकः ॥ ५६५ ॥

नींब, गोपा, अतीस, कुटकी, त्रायमाण, त्रिफला, मोथा, पित्तपापड़ा, बकुची, जवासा, बच, कत्था, चंदन, पाठा, सोंठ, कचूर, भारंगी (न मिलने से भटकटैया की जड़) बांसा, चिरायता, कुरैया, काला निसोथ, इन्द्रायन, मरोड़फली, वायबिड़ंग, इन्द्रजौ, चीता, मानपत्ता, गिलोय, बकायन, परवल, हल्दी, दारुहल्दी, पीपल, अमलतास, छितवन, निसोथ, जलबेत, सफेद घुंघुची, मँजीठ, करिहारी, रास्ना, करंजुवा, गदह-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

...रना, दंती, ...गोटा, भांगरा, खुरंट, ढेरा तथा सहोर इनको दो दो तोले लेकर सोलहसेर पानी में धीरे२ पकावै जब आठवांहिस्सा बाकीरहै तब उतारके कपडे से छानके पुष्ट ... फिर हजार १००० भिलावोंको काटकर ४८ सेर पानीमें पकावै अष्टमांश बाकी रहनेपर उतार के छान ले और दोनों काढ़ोंको मिलाके ४०० तोले गुड़ डालकर धीरे अवलेह के तुल्य ... हजार पूजनेकी मींगी और त्रिकटु, त्रिफला, मोथा, बायबिडंग, चीता, सेंधानोन, श्वेतचन्दन, कूट तथा दहेतक... एकर२ पल और सुगन्धिके लिये दालचीनी, इलायची, तेजपात तथा नागकेसर एक२ पल ...नवजा२ महाभल्लातक अवलेह प्राणियों के हितकेलिये महादेवजी ने कहाहै इसके सेवनसे श्वित्र, ...द्रु, ऋक्षजिह्व, काकण, पुण्डरीक, गजचर्म्म, विस्फोट, रक्तमण्डल, खुजली, कापाल, पामा, ... वातरक्त, छःप्रकारकी बवासीर, पांडु, व्रण, कृमि, रक्तपित्त, उदावर्त, खांसी, श्वास, भगन्दर, ...तथा आमवात इनका नाश होताहै और कान्ति तथा जठराग्नि बढ़ती है इसके ...र तथा मैथुनका कोई निषेध नहीं है इसके साथ गुर्चके काढ़ेका अथवा दूधका ...सके सेवनमें उष्णवस्तु और खटाई कभी न खाय इति महाभल्लातक ॥ ५६५ ॥

...तिक्तावचादारुनिशामृताः । निम्बश्चैषकृतःक्काथःसर्वकुष्ठंविनाश ...तंतथाकण्डुंपामानंरक्तमण्डलम् । दद्रुंविसर्पंविस्फोटंपानाभ्यासेननाश ...ते लघुमञ्जिष्ठादिक्काथः ॥ ५६६ ॥

मँजीठ, त्रिफला, कुटकी, बच, दारुहल्दी, हड और नींब इनके काढ़ेके सेवनसे सबप्रकारके कुष्ठ, खुजली, वातरक्त, पामा, रक्तमण्डल, दाद, वीसर्प और विस्फोट का नाश होताहै इति लघु-मञ्जिष्ठादि क्काथ ॥ ५६६ ॥

मञ्जिष्ठावाकुचीचक्रमर्दश्चपिचुमर्दकः । हरीतकीहरिद्राचधात्रीवासाशतावरी ॥ बलानागबलायष्टीमधुकक्षुरकोऽपिच । पटोलस्यजलोशीरंगुडूचीरक्तचन्दनम् ॥ मञ्जिष्ठादिरयंक्काथःकुष्ठानांनाशनःपरः । वातरक्तस्यसंहर्त्ताकण्डूमण्डलनाशनः ॥ इति मध्यमञ्जिष्ठादिक्काथः ॥ ५६७ ॥

मँजीठ, बकुची, पुआड, नींब, हड, हल्दी, आंवला, बांसा, शतावरि, बरियारा, गुलशकरी, मुलेठी, गोखुरू, परवलकी बेल, खस, गुर्च, लालचन्दन इनके काढ़ेके पीनेसे कुष्ठ, वातरक्त, खुजली और चकत्तोंका नाश होताहै इति मध्यमञ्जिष्ठादि क्काथ ॥ ५६७ ॥

मञ्जिष्ठाकुटजामृताघनवचाशुण्ठीहरिद्राद्वयं क्षुद्रारिष्टपटोलतिक्तकटुकाभार्ङ्गीविडंगाग्निकम् । मूर्वादारुकलिंगभृंगमगधात्रायन्तिपाठावरी गायत्रीत्रिफलाकिरातकमहानिम्बासनारग्वधाः ॥ श्यामावल्गुजचन्दनंवरुणकंदन्तीकशाखोटकं वासापर्प्पटसारिवाप्रतिविषानन्ताविशालाजलम् । मञ्जिष्ठाप्रथमंकषायमितियःसंसेवते तस्यतुत्वग्दोषाःसुचिरेणयान्तिविलयंकुष्ठानिचाष्टादश ॥ नाशंगच्छतिवातरक्तमखिलानश्यन्तिरक्तामयाः । वीसर्पस्तत्राचिशून्यतानयनजारोगाःप्रशम्यन्तिच ॥ अरिष्टः निम्बः । कलिंगइन्द्रयवः । भृंगभेगरीया । वरीशतावरी । गायत्रीखदिरः । आसनंविजय

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सारः। श्यामाप्रियंगु। चन्दनमत्ररक्तंग्राह्यम्। सारिवास... । अनन्तादुरालभा। शाल...। जलंनेत्रबाला। इति बृहन्मञ्जिष्ठादिक्काथः ॥ ५६८ ॥

मँजीठ, कुरैया, गुर्च, मोथा, बच, सोंठ, हल्दी, दारुहल्दी, भटकटैया, नींब, परवल, चिरायता, कुटक..., बायबिडंग, चीता, मरोडफली, देवदारु, इन्द्रजौ, भंगरा, पीपर, त्रायमाण... शत...री, कत्था, त्रिफला, चिरायता, बकायन, विजयसार, अमलतास, गौंदनी, बकुची, ल... वरुणा, जमालगोटे की जड, सहोरा, बांसा, पित्तपापडा, ईसरमूल, अतीस, जवासा, ... सुगन्धबाला इनके काढे के सेवनसे त्वचा के दोष, अठारह कुष्ठ, सब प्रकारका वातरक्त... रोग, वीसर्प्प, त्वचाकी शून्यता और नेत्ररोग नष्ट होते हैं इति बृहन्मञ्जिष्ठादि क्काथ ॥

मरिचंत्रिवृतामुस्तं हरितालंमनःशिला। देवदारुहरिद्रेद्वेमांसीकुष्ठं... शालाकरवीरञ्चक्षीरमर्कसमुद्भवम्। गोमयस्यरसंकुर्य्यात् प्रत्येकं... स्यार्द्धपलंदेयं तैलंप्रस्थमितंकटु। पचेच्चतुर्गुणेनीरेगोमूत्रेद्विगुणेतथा... लमभ्यंगात्कुष्ठनाशनम्। एतस्याभ्यंगतःश्वित्रं विवर्णंतत्क्षणाद्व्रजे... त्कण्डूं पामांसिध्मविचर्चिकाम्। पुण्डरीकंतथादद्रूं शून्यतांनित्यसेविनाम्। ...ते हैं इनमें मरिचादि तैलम् ॥ ५६९ ॥ ...

मिर्च, निसोथ, नागरमोथा, हरताल, मैनसिल, देवदारु, दारुहल्दी, हल्दी, जटामांसी, कूट, चन्दन लाल, इन्दौरन, कनेर, मन्दारकादूध, गोबर का रस, ये सब तोला २ भर और सींगिया दो तोले इन के द्वारा चतुर्गुण जल और द्विगुण गोमूत्र के साथ ६४ तोले कटु तेलको पाककरै इस तेलके लगाने से कुष्ठ, सफेद कोढ, विवर्णता, खुजली, पामा, सिध्म, विचर्चिका, पुंडरीक, दाद और त्वचाकी शून्यता इनका नाश होताहै इति लघुमरिचादि तैल ॥ ५६९ ॥

मरिचंत्रिवृतादन्तीक्षीरमार्कंशकृद्रसः। देवदारुहरिद्रेद्वे मांसीकुष्ठंसचंदनम् ॥ विशालाकरवीरञ्च हरितालंमनःशिला। चित्रकंलांगलीमुस्तं विडंगञ्चक्रमर्दकः ॥ शिरीषःकुटजोनिम्बःसप्तपर्णोमृतास्नुही। संपाकोनक्तमालश्चखदिरोवाकुचीवचा ॥ ज्योतिष्मतीचपलिकाविषंद्विपलिकंभवेत्। आढकंकटुतैलस्यगोमूत्रञ्चचतुर्गुणम्। मृत्पात्रेलोहपात्रेचशनैर्मृद्वग्निनापचेत्। मरिचाद्यमिदंतैलंमहन्मुनिभिरीरितम्। भिषगेतेनतैलेनप्रक्षयेत्कौष्ठिकान्व्रणान्। पामाविचर्चिकादद्रूकण्डूविस्फोटकानिच ॥ बलयःपलितंछायानीलंव्यङ्गंतथैवच। अभ्यङ्गेनप्रणश्यन्तिसौकुमार्य्यंचजायते ॥ प्रथमेवयसिस्त्रीणांयासांनस्यम्प्रदीयते। तासामपिजरांप्राप्यनस्यातांस्खलितौस्तनौ ॥ बलीवर्द्दस्तुरंगोवागजोवायुप्रपीडितः। त्रिभिरभ्यंजनैरस्यभवेन्मारुतविक्रमः ॥ ज्योतिष्मतीडडमीजीनीमालकंगुनीतिलोके। इति महामरिचाद्यंतैलम् ॥ ५७० ॥

मिर्च, निसोथ, जमालगोटेकी जड, आकका दूध, गोबरका रस, देवदारु, हल्दी, दारुहल्दी, जटामांसी, कूट, चन्दन, इन्दौरन, कनेर, हरताल, मैनसिल, चीता, करियारी, नागरमोथा, बायबिडंग, पुआड, सिरसा, कुरैया, नींब, छितवन, गुर्च, थूहड, साँवा, करंजुवा, कत्था, बकुची, बच, मालकांगनी, ये सब चार २ तोले

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

... सींगिया ८ तोले इनके ... चौगुने गोमूत्र के साथ ३७६ तोले कडू तेलको मृत्तिकाके पात्र में अथवा लोहे के पात्रमें धीरे २ मन्दाग्नि में पाककरे इसके लगानेसे कुष्ठ के व्रण, ... विचर्चिका, दाद, खुजली, विस्फोट, झुर्रीवालों का पकना, झाई तथा मुहासे इनका नाश होताहै और सुकुमारता होती है जो स्त्री युवावस्थामें इस तैलका नस्य लेती हैं उनके स्तन वृद्धावस्थामें भी ... होते ... अथवा हाथी यदि वायुसे पीडित हो तो इसके तीनबार लगाने से वायुके तुल्य वेगवान ... इति महामरिचादि तैल ॥ ५७० ॥

... ताप्यशिलासूतटङ्कणाःसिन्धुसंयुता । गन्धकोद्विगुणःसूताच्छङ्कचूर्णञ्चततस ... नीराद्भिर्दिनंघृष्ट्वा त्रिंशदंशंविषंक्षिपेत् । अस्यमाषद्वयंखादेन्माहिषीघृतसंयुत ... कुचीबीजकर्षंलिह्यात्ततःपरम् । तालकेश्वरनामायंसर्वकुष्ठहरोरसः ॥ ... ॥ ५७१ ॥

... खी, मैनसिल, पारा, सोहागा तथा सेंधानोन ये सब एक एकभाग और गंधक दो भाग इन सबको जंभीरी नींबू के रसमें एकदिन खरल करके सबका तीसवां ... फिर भैंस के घीके साथ दो माशे इस रसको खाकर शहद और घीके साथ ... चीके बीज चाटै इससे सबप्रकारके कुष्ठोंका नाश होताहै इति तालकेश्वररस ॥ ५७१ ॥

रसोऽथालेस्ताम्रमयःपुरोऽग्निःशिलाजतुस्याद्विषतिन्दुकश्च । वराचतुल्यंगगनञ्चसर्वैः करञ्जबीजांश्चतुष्टयञ्च ॥ संमर्द्यसर्वंमधुनाघृतेनघृतस्यपात्रेनिहितंप्रयत्नात् । कर्षं भजत्प्रत्यहमस्यपथ्यंशाल्योदनंदुग्धमधुत्रयञ्च ॥ विशीर्णकर्णांगुलिनासिकोऽपिभवेदने नस्मरतुल्यमूर्तिः । दारापरित्यागइहप्रदिष्टोजलौदनंतत्रनिबद्धमूले ॥ ताम्रमयःमारितंपु रोगुग्गुलुः । अग्निश्चित्रकम् ॥ विषतिन्दुकःकुचिला । वरात्रिफला ॥ रसादित्रिफलांतं सर्वतुल्यम् । गगनमभ्रकम् ॥ करञ्जबीजंचपृथक्चतुर्गुणंरसात् । तत्रकुष्ठेबद्धमूलेस तिजलौदनमेवपथ्यम् ॥ इति गलितकुष्ठारिरसः ॥ ५७२ ॥

पारा, गन्धक, तांबेकी भस्म, लोहेकी भस्म, गूगुल, चीता, शिलाजीत, कुचिला, त्रिफला ये सब एक एक भाग और अभ्रक तथा करंजुवा चार चार भाग इन सबको घी और शहदमें मिलाके घीके पात्र में रक्खै इसको एक तोले रोज खाय और भात, दूध तथा शहदका पथ्यकरै इससे गले कान नासिका तथा अंगुलीवाला भी कामदेवके समान सुन्दर होजाताहै इसमें मैथुनका त्याग करना चाहिये और कुष्ठके बहुत पुराने होजानेपर भात और पानीकाही पथ्य करै इति गलितकुष्ठारिरस ॥ ५७२ ॥

अथ सिध्मस्यचिकित्सामाह ॥

कुष्ठंमूलकबीजंप्रियङ्गवःसर्षपास्तथारजनी । एतत्केशरषष्ठंनिहन्तिचिरकालजंसि ध्म ॥ इति केशरषट्कम् ॥ ५७३ ॥

सिध्मकी चिकित्सा ॥

कूट, मूली के बीज, गोंदनी, सरसों, हल्दी इनके सेवन से बहुत पुराने सिध्मका भी नाश होताहै इति केशरषट्कम् ॥ ५७३ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शिखरीरसेनपिष्टंमूलकबीजंप्रलेपतःसिध्म । क्षारेणवाकदल्यारजनीमिश्रेणनाशय ति ॥ दार्वीमूलकबीजानितालकंसुरदारु च।ताम्बूलपत्रंसर्वाणिकार्षिकाणिपृथक्पृथक्॥ शङ्ख... चूर्णा...संस्यात्सर्वाण्येकत्रवारिणा ॥ प्रलेपयेत्प्रलेपोऽयंसिध्मनाशनमुत्तमम्॥ इति सिध्मस्यचिकित्सा ॥ ५७४ ॥

मूली के बीजोंको लटजीरे के रसमें पीसकर लेप करनेसे अथवा केलेके खारको ... कर लेप करने से सिध्मका नाश होताहै दारुहल्दी, मूली के बीज, हरताल, देवदारु और प... एक एक तोले शंखका चूर्ण ४ माशे इन सबको पानी में मिलाकर लेप करने से सि... होताहै इति सिध्मकी चिकित्सा ॥ ५७४ ॥

अथ चर्म्मदलस्य चिकित्सामाह ॥

सलिलेचाम्रपेशीतुकिञ्चित्सैन्धवसंयुता । ताम्रपात्रेविनिर्घृष्टाले... आम्रपेशीआमचूर । सलिलेनतुशुष्काणिघृष्ट्वाधात्रीफलानिच । ... नरश्चर्म्मदलान्वितः ॥ ५७५ ॥

...इते हैं इनमें ...

चर्मदल की चिकित्सा ॥

कुछ सेंधानोन मिलाकर अमचुरको तांबेके पात्रमें पानीके साथ घिसके लेप करने से चर्मदलका नाश होताहै सूखे आंवलों को पानीके साथ हाथों से घिसनेसे चर्मदलवाला सुखपाताहै ॥ ५७५ ॥

अथ पामायाश्चिकित्सामाह ॥

जीरकस्यपलंपिष्टंसिन्दूरार्द्धपलंतथा । कटुतैलंपचेदाभ्यांसर्वपामाहरंपरम् ॥ इति जीरकाद्यंतैलम् ॥ ५७६ ॥

पामाकी चिकित्सा ॥

जीरा ४ तोले और सिंदूर २ तोले इनके द्वारा पाक कियाभया कटु तैल सब प्रकारकी पामाको नष्ट करताहै इति जीरकादि तैल ॥ ५७६ ॥

मञ्जिष्ठात्रिफलालाक्षालाङ्गलीरात्रिगन्धकैः । चूर्णितैस्तैलमादित्यपाकंपामाहरंपर म् ॥ इत्यादित्यपाकतैलम् ॥ ५७७ ॥

मँजीठ, त्रिफला, लाख, करिहारी, हल्दी, गन्धक इनके द्वारा धूपमें पाक किया भया तैल पामा को नष्ट करताहै इति आदित्यपाकतैल ॥ ५७७ ॥

सैन्धवञ्चचक्रमर्दश्चसर्षपाःपिप्पलीतथा।आरनालेनसंपिष्टाःपामाकण्डूहराःपराः५७८ ॥

सेंधानोन, चकवड़, सरसों, पीपल इनको कांजी में पीसकर लेप करनेसे पामा और खुजलीका नाश होताहै ॥ ५७८ ॥

अथ कच्छूचिकित्सामाह ॥

अर्कपत्ररसेपक्वंहरिद्राकल्कसंयुतम् । नाशयेत्सार्षपंतैलंपामाकच्छूविचर्चिकाः ॥ इत्यर्कतैलम् ॥ ५७९ ॥

कच्छूकी चिकित्सा ॥

हल्दी के कल्कके द्वारा आकके पत्तेके साथ पाक किया भया कड़ू तेल कच्छू और विचर्चिकाको नाश करताहै इति अर्कतैल ॥ ५७९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मनःशिलालङ्कासीसगन्धाश्मसिन्धुजन्मच । स्वर्णक्षीरीशिलाभेदीशुण्ठीकुष्ठञ्च मागधी । लाङ्गलीकरवीरञ्चदद्रुघ्नःक्रिमिहानलः । दन्तीनिम्बदलञ्चैभिःपृथक्कर्षमिते [illegible] ॥ कल्कीकृत्यपचेत्तैलंकटुप्रस्थद्वयोन्मितम् । अर्कस्नेहुण्डदुग्धेनप्र[illegible] [illegible] [illegible]त्रस्याढकेनापिशनैर्मृद्वग्निनापचेत् । अभ्यङ्गेनहरेदेतत्कच्छूदुःसाध्यतामपि ॥ [illegible]याकण्डूःत्वग्व्याधिरुधिरामयान् ॥ कच्छूराक्षसनामेदंतैलंहारीतभाषित [illegible]कच्छूराक्षसनामतैलम् ॥ ५८० ॥

[illegible]हरताल, कसीस, गन्धक, आंवलासार, सेंधानोन, मकोय, पाषाणभेद, सोंठ, कूट, पी-[illegible] चकवड, बायबिडंग, चीता, जमालगोटेकी जड और नींबकी पत्ती इन सबको [illegible]के कल्कके द्वारा १२८ तोले कडुवे तेलको चार २ तोले आक तथा मदारके [illegible]गोमूत्रके साथ धीरे २ पाक करै इस तेलके लगानेसे दुःसाध्य कच्छू, पामा, [illegible]रक्तदोषोंका नाश होताहै इति हारीतोक्तकच्छूराक्षसतैल ॥ ५८० ॥

[illegible]णिनक्तमालदलानिच । द्रोणपुष्पीपलाशानिसर्षपाराजिकानिशा ॥ [illegible]मुस्तंनागरंरक्तचन्दनम् । धात्रीयवानिकादारुकल्कएषप्रकल्पितः ॥ उद्वर्त्तनादयंकल्कैःकटुतैलसमन्वितः । कण्डूंपामांहरन्त्येवशीतपित्तादिकान्गदान् ॥ ५८१ ॥

अमलतासके पत्ते, करंजुवेके पत्ते, गूमेकी पत्ती, सरसों, राई, हल्दी, कुरैया, मुलेठी, मोथा, सोंठ, लालचन्दन, आंवला, अजवाइन और देवदारु इन सबके कल्कको कडुवे तेलमें मिलाकर उबटन लगानेसे खुजली, पामा और शीतपित्तादिरोगोंका नाश होताहै ॥ ५८१ ॥

अथ दद्रूचिकित्सामाह ॥

कुष्ठंक्रिमिघ्नोदद्रूघ्नोनिशासैन्धवसर्षपाः । अम्लपिष्टप्रलेपोऽयंदद्रुकुष्ठनिषूदनः ॥ दूर्वाभयासैन्धवचक्रमर्दकुठेरकाःकाञ्जिकतक्रपिष्टाः । त्रिभिःप्रलेपैरपिबद्धमूलंदद्रूञ्चकुष्ठञ्चविनाशयन्ति ॥ कुठेरकःबवचीइतिलोके ॥ गण्डिलकास्थंतृणमपिसिद्धार्थकश्चस्नुहीपत्रम् । त्रयमपिसमभागंस्याद्देषांद्विगुणस्तुदद्रुघ्नः ॥ अष्टगुणेगोतक्रेतानिप्रकृतानिसन्दध्यात् दिवसत्रितयादूर्ध्वंसम्यङ्निष्पेषयेत्तानि ॥ वन्योपलेनघृष्ट्वाचदद्रूमालेपयेत्तेन ॥ सप्ताहाल्लेपोऽयंदद्रूमचिराद्विनाशयति । इति दद्रूचिकित्सा ॥ ५८२ ॥

दद्रुकी चिकित्सा ॥

कूट, बायबिडंग, चकवड, हल्दी, सेंधानोन, सरसों इनको कांजीमें पीसकर लेप करने से दाद और कुष्ठका नाश होताहै दूब, पीपल, सेंधानोन, चकवड और बावची इनको कांजी और मट्ठेमें पीसकर तीनवार लेपकरनेसे जड पकडी भई दाद और कुष्ठका नाश होताहै गांडर, सरसों और थूहडके पत्ते ये समभाग इनका दूना चकवड इनको अठगुने गऊके मट्ठेमें भिगोवै तीनदिनके बाद पीसै बिनवे कण्डेसे खुजलायकर दादमेंलेपकरै इसलेपसे सातदिनमें दादकानाशहोताहै इतिदद्रुचिकित्सा ५८२॥

अथ श्वित्रस्यचिकित्सामाह ॥

बिभीतकत्वङ्मलयूजटानांकाथेनपीतंगुडसंयुतेन । अवल्गुजंबीजमपाकरोतिश्वित्रा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

णिकृच्छ्रसाध्यमपिपुण्डरीकम् । मलयूःकाकोदुम्बरिका । अवल्गुजंसोमराजी । कुडवप्र लगजबीजंहरितालचतुर्थभागसम्मिश्रम् मनःशिलांतोलकार्द्धगुञ्जाफलमग्निमूलञ्च ॥ मूत्रेणपिष्ट्वांपिहिंसवर्णताकारकंश्वित्रे । श्वेतंकुष्ठंव्रजत्यस्तंपक्षार्द्धेनाधिकेनवा ॥ गिरिक एर्यास्तुकृष्णायामूलेनपरिलेपितम् ॥ गिरिकर्णीनीलाअपराजिता । क्वाथःसवा... धात्रीखदिरसारयोः । शङ्खेन्दुकुन्दधवलंश्वित्रंसंसेवितोहरेत् । मथितेनपि... म्बयर्यकल्गुजम् । तैलाक्तोघर्म्मसेवीस्यात्तक्राशीश्वित्रहद्भवेत् ॥ मथितंनिज... तंदधि । तक्रञ्चतुर्थांशजलयुतंवस्त्रपूतंदधि ॥ चतुःपलंसोमराज्याःखदिरस्य... पटोलमूलंत्रिफलात्रायमाणादुरालभा ॥ कल्कार्थंकटुकञ्चापिकार्षिका... पलद्वयंकौशिकस्यशुद्धस्यात्रप्रदापयेत् ॥ सिद्धंसर्पिरिदंश्वित्रंहन्या... ष्टादशानांकुष्ठानांपरमञ्चैतदौषधम् । सोमराजीघृतंनामनिर्म्मितंब्रह्म... पकारायश्वित्रकुष्ठादिरोगिणाम्॥सोमराजीघृतम्इतिकुष्ठनिदानचि...

श्वित्रकी चिकित्सा ॥ ...इते हैं इनमें

बहेड़ेकी छाल और कठियागूलरकी जड इनके काढ़ेमें गुड डालकर बकुचीके चूर्णका ... इससे पुण्डरीक और कष्टसाध्य श्वित्रका नाश होताहै बकुची आधसेर हरताल आधपाव और मैनसिल घुंघुची तथा चीता छै २ माशे इनको गोमूत्र में पीसकर लेपकरने से शिवत्रका नाश होताहै नीली विष्णुक्रांता की जडके लेप करने से श्वेतकुष्ठ १५ अथवा कुछ अधिक दिन में नष्ट होताहै आँवले और खैरसारके काढ़ेमें बकुचीका चूर्ण मिलाकर पीने से शंख इन्दु और कुन्दके समान श्वेतभी श्वेतकुष्ठ नष्टहोताहै कठियागूलर और बकुची के चूर्ण को जलरहित मथे भये दही के साथपिये और तेल लगायके धूप में बैठे तथा चतुर्थांश जलसहित कपडे में छानेभये दहीको खाय तो शिवत्रका नाश होताहै सोलह तोले बकुची चारतोले खैरसार और तोले तोले भर परवल की जड, त्रिफला, त्रायमाणा, जवासा तथा कुटकी और आठतोले गूगुल शुद्ध इनके द्वारा पाक कियाभया घी श्वित्र और अठारह प्रकारके कुष्ठोंको नष्ट करता है इति सोमराजीघृत इति कुष्ठनिदानचिकित्साऽधिकार समाप्त ॥ ५८३ ॥

अथ शीतपित्ताधिकारः । तत्र शीतपित्तस्य विप्रकृष्टसन्निकृष्टनिदानपूर्विकां संप्राप्तिमाह ॥

शीतमारुतसम्पर्कात्प्रवृद्धौकफमारुतौ । पित्तेनसहसम्भूयबहिरन्तर्विसर्पतः ॥ पिपासाऽरुचिहृल्लासदेहसादांगगौरवम् । रक्तलोचनतातेषांपूर्व्वरूपस्यलक्षणम् ॥ शीतमारुतसम्पर्कात्पित्तेनस्वहेतुदुष्टेनसम्भूयसंगम्यबहिस्त्वचिअन्तः रुधिरादौविसर्पतः प्रसरतः ॥ ५८४ ॥

शीत पित्तका अधिकार शीतपित्तके दूरवाले और निकटवाले कारणसहित संप्राप्ति ॥
शीतल वायुके लगने से बढ़ेभये कफ और वायु अपने कारणों से दूषित पित्तके साथ मिलकर त्वचा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

और रुधिर आदिकों में फैलते हैं शीतपित्त होनेके पहले तृषा, अरुचि, मतली, देह में पीडा, देहका भारीपन और नेत्रोंका लाल होना ये लक्षण होते हैं ॥ ५८४ ॥

अथ शीतपित्तस्य लक्षणमाह ॥

...दृष्टसंस्थानःशोथःसञ्जायतेबहिः । सकण्डूतोदबहुलश्छर्दिज्वरविदाहवान् ॥ ...विद्याच्छीतपित्तमिमंभिषक् ॥ ५८५ ॥

शीतपित्तका लक्षण ॥

... में खुजली तथा पीडासहित बरैयाके काटेके समान त्वचा में शोथ होताहै उसे शीत... में रोगी ज्वर, छर्दि और दाहसे पीडितहोताहै और इसमें वायु अधिक होताहै ॥५८५॥

अथोदर्दस्य लक्षणमाह ॥

...इचकण्डूमद्भिश्चमण्डलैः। शैशिरःश्लेष्मबहुलउदर्दइतिकीर्त्तितः ॥ ... ॥ उ शैशिरःशिशिरर्त्तुभवः ॥ ५८६ ॥

उदर्दका लक्षण ॥

... रक्तवर्ण और बीचमें गहरे मण्डलोंको उदर्द कहते हैं ये शिशिर ऋतुमें उत्पन्न ...इसमें कफ अधिक होताहै ॥ ५८६ ॥

अथ कोठोत्कोठयोर्लक्षणमाह ॥

असम्यग्वमनोदीर्णःपित्तश्लेष्माणनिग्रहैः । मण्डलानिसकण्डूनिरागवन्तिबहूनि च ॥ सकोठःसानुबन्धस्तुसप्राज्ञैरुत्कोठइतिकथ्यते ॥ ५८७ ॥

कोठ और उत्कोठ का लक्षण ॥

अच्छेप्रकार वमन न होनेसे बढ़े भये पित्त और श्लेष्मा के रोकने से खुजलीयुक्त रक्तवर्ण और बहुत से मण्डल होतेहैं उन्हें उत्कोठ कहते हैं और यदि येही कभी प्रकटहों और कभी अदृश्यहोयँ तो उत्कोठ कहलाताहै ॥ ५८७ ॥

अथ शीतपित्तोदर्दकोठोत्कोठचिकित्सामाह ॥

शीतपित्तेतुवमनंपटोलारिष्टवासकैः । त्रिफलापुरकृष्णाभिर्विरेकश्चप्रशस्यते ॥ अभ्यंगःकटुतैलेनसेकश्चोष्णेनवारिणा । त्रिफलांक्षौद्रसंयुक्तांखादेच्चनवकार्षिकम् ॥ नवकार्षिकोयथा। त्रिफलापुरकृष्णानांत्रिपञ्चैकांशयोजिता । गुटिकाशीतपित्तार्शोभगन्दरवतांहिता ॥ सितामधुकसंयुक्तागुडमामलकैःसह । यवानींखादयेच्चापिसव्योषक्षारसंयुताम् ॥ आर्द्रकस्यरसःपेयःपुराणगुडसंयुतः । शीतपित्तापहःश्रेष्ठोवह्निमान्द्यविनाशनः ॥ सिद्धार्थरजनीकल्कैःप्रपुन्नाटतिलैःसह । कटुतैलेनसंमिश्रमेतदुद्वर्त्तनंहितम् ॥ सगुडंदीप्यकंवस्तुखादेत्पथ्यान्नभुङ्नरः । तस्यनश्यतिसप्ताहादुदर्दःसर्वदेहजः ॥ ५८८ ॥

शीतपित्त उदर्द, कोठ और उत्कोठ की चिकित्सा ॥

शीतपित्तमें परवल, नीम और रूसा इनकेद्वारा वमन त्रिफला गूगुल और पीपल इनकेद्वारा विरेचन कडुवे तेलसे अभ्यंग (वदन में लगाना) और गरमजलसे परिषेक हितहै शहद युक्त त्रिफला

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथवा नवकार्षिक गूगुल का सेवन करै नवकार्षिक गूगुल जैसे त्रिफला तीन कर्ष गूगुल पांचकर्ष और पीपल एककर्ष इनकी गोली. शीतपित्त, बवासीर और भगंदरवालों को हितहैं शक्कर, मुलेठी, गुड़, आंवला, अजवाइन, त्रिकटु और जवाखार इनका सेवन करै अदरक के रसमें पुराना गुड़ डालकर पीनेसे शीतपित्त और मन्दाग्नि का नाश होताहै सरसों, हल्दी और चकवड़ इन ...थत् ॥ तेल ... मिलाके उबटन लगाना हितहै शीतपित्तमें गुडके साथ अजवाइन खानेसे पथ्य... रनेवालोंका सब देहमें भया भी उदर्दरोग नष्ट होताहै ॥ ५८८ ॥

घृतंपीत्वामहातिक्तंशोणितंमोक्षयेत्तथा । स्निग्धस्त्रिन्नस्यसंशद्धिमादौक... त् ॥ उत्कोठेशुद्धदेहस्यकुष्ठघ्नींकारयेत्क्रियाम् । निंबस्यपत्राणिसदाघृते... णिनरःप्रयुञ्ज्यात् ॥ विस्फोटकण्डूक्रमिशीतपित्तमुदर्दकोठञ्चकफञ्च...

कोठरोगमें पहले महातिक्त घी पीकर रुधिर निकलवावै और स्निग्ध तथ... वमन विरेचनादि के द्वारा शुद्धकरे उत्कोठ में वमनादि के द्वारा शरीर के शुद्ध... चिकित्सा करे नीमकी पत्ती और आंवलोंको घीके साथ सदैव सेवन करने ... क्रमि, शीतपित्त, उदर्द, कोठ और कफका नाश होताहै ॥ ५८९ ॥ ... रहते हैं इनमें ...

आर्द्रकंप्रस्थमेकंस्याद्गोघृतंकुडवद्वयम् । गोदुग्धंप्रस्थयुगलन्तदर्द्धशर्कराभिता । पिप्पलीपिप्पलीमूलंमरिचंविश्वभेषजम् । चित्रकञ्चविडङ्गञ्चमुस्तकंनागकेशरम् ॥ त्वगेलापत्रकर्चूरंप्रत्येकंपलमात्रकम् । विधायपाकंविधिवत्खादेत्तत्पलसम्मितम् ॥ इदमार्द्रकखण्डोऽयंप्रातर्भुक्तंव्यपोहति । शीतपित्तमुदर्दञ्चकोठमुत्कोठमेवच ॥ यक्ष्माणंरक्तपित्तञ्चकासंश्वासमरोचकम् । वातगुल्ममुदावर्त्तंशोथंकण्डूक्रिमीनपि ॥ दीपयेदुदरेवह्निं बलंवीर्य्यंचवर्द्धयेत् । वपुःपुष्टिंप्रकुरुतेतस्मात्सेव्यमिदंसदा ॥ इत्यार्द्रकखण्डमितिशीतपित्तोदर्दकोठोत्कोठचिकित्सा ॥ ५९० ॥

अदरक ६४ तोला, गौका घी आधसेर, गौकादूध १२८ तोला, शक्कर ६४ तोला और पीपल, पिपलामूर, मिर्च, सोंठ, चीता, बायबिडंग, मोथा, नागकेसर, दालचीनी, इलायची, तेजपात तथा नरकचूर ये सब चार चार तोले इन सबका विधिपूर्वक पाक करके चार तोले प्रातःकाल रोजखाय इससे शीतपित्त, उदर्द, कोठ, उत्कोठ, यक्ष्मा, रक्तपित्त, खांसी, श्वास, अरुचि, बायगोला, उदावर्त, सूजन, खुजली तथा क्रमि इनका नाश होताहै उदरकी अग्नि दीप्त होतीहै बल तथा वीर्य्य बढ़ताहै और शरीर पुष्ट होताहै इसलिये इसका सदा सेवन करना चाहिये इति आर्द्रकखण्ड इति शीतपित्त उदर्द कोठ उत्कोठ की चिकित्सा समाप्त ॥ ५९० ॥

अथ विसर्पाधिकारस्तत्रविसर्पविप्रकृष्टनिदानंसंख्यांनिरुक्तिश्चाह ॥

लवणाम्लकटूष्णादिसेवनाद्दोषकोपतः । विसर्प्पःसप्तधाज्ञेयःसर्वतःपरिसर्पणात् ॥ आदिशब्दाच्चरकोक्तहरितशाकशण्डाकीप्रभृतीनांग्रहणम् ॥ सप्तधात्वंविवृणोति वातिकःपैत्तिकश्चैवकफजःसान्निपातिकः । चत्वारएतेवीसर्प्पावक्ष्यन्तेद्वन्द्वजास्त्रयः ॥ आग्नेयोवातपित्ताभ्यांग्रन्थ्याख्यःकफवातजः।यस्तुकर्दमकोघोरःसपित्तकफसम्भवः॥५९१॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विसर्पका अधिकार विसर्पका निदान संख्या और निरुक्ति ॥

नोन, खटाई, कडुवई, उष्णवस्तु और हरित शाक, शंडाकी प्रभृति के सेवन से कुपित वातादि दोषों के द्वारा सात प्रकारका विसर्परोग उत्पन्न होताहै यह रोग सब शरीरमें फैलताहै इससे इसकी ...पूजाते हैं वातज, पित्तज, कफज, सन्निपातज, वातकफज, वातपित्तज और पित्तकफज इन भेदोंसे ...दहेतक... हैं इनमें से वातपित्तज को आग्नेय वातकफज को ग्रन्थि और पित्तकफज को ... ...नवज ॥ ५६१ ॥

अथ विसर्पदोषदूष्याणिसंग्रह्याह ॥

...कात्वङ्मांसंदूष्यंदोषास्त्रयोमलाः । विसर्पाणांसमुत्पत्तौहेतवःसप्तधातवः ॥ ...त्तकफाःदोषादूषकाइत्यर्थः । अन्यथादोषामलाइत्यत्रपुनरुक्तिदोषोल...

विसर्प के दोष और दूष्य ॥

...त्वचा तथा मांस ये दूष्यहैं और वात पित्त तथा कफ दोष अर्थात् दूषक हैं यही उत्पत्ति में कारणहैं ॥ ५६२ ॥

अथ वातिकस्यलक्षणमाह ॥

...दोषैःपरीसर्पोवातज्वरसमव्यथः । शोफस्फुरणनिस्तोदभेदायामार्तिहर्षवान् ॥ परीसर्पात्विसर्पः । वातज्वरसमव्यथःशिरोहृद्गात्रोदरशूलादियुक्तः । भेदःविदारणेनेव व्यथा । आयामःआकर्षणेनेवव्यथा ॥ ५६३ ॥

वातज विसर्प के लक्षण ॥

वातज विसर्प में शिर, हृदय, अंग तथा उदर में शूल आदिक वातज्वर के लक्षण, सूजन, अंगोंका फडकना, सूजी गडने कीसी पीडा, फाडने कीसी पीडा, खींचने कीसी पीडा और रोमहर्ष ये सब लक्षण होते हैं ॥ ५६३ ॥

अथ पैत्तिकमाह ॥

पित्ताद्द्रुतगतिःपित्तज्वरलिङ्गोऽतिलोहितः।द्रुतगतिःशीघ्रप्रसरणशीलः ॥ ५६४ ॥

पित्तजविसर्प के लक्षण ॥

पित्तजविसर्प-बहुतशीघ्रफैलनेवाला पित्तज्वरके लक्षणोंसे युक्त और बहुत रक्तवर्णवालाहोताहै॥५६४॥

अथ श्लैष्मिकमाह ॥

कफात्कण्डूयुतःस्निग्धः कफज्वरसमानरुक् ॥ ५६५ ॥

कफजविसर्प के लक्षण ॥

कफजविसर्प-खुजलीयुक्त, स्निग्ध और कफज्वरके लक्षणों से युक्त होताहै ॥ ५६५ ॥

अथ सान्निपातिकमाह ॥

सन्निपातसमुत्थश्चसर्वरूपसमन्वितः ॥ ५६६ ॥

सन्निपातज विसर्प के लक्षण ॥

सन्निपातज विसर्प में तीनों दोषों के लक्षण होते हैं ॥ ५६६ ॥

अथ वातपैत्तिकमाह ॥

वातपित्ताज्ज्वरच्छर्दिमूर्च्छातीसारतृड्भ्रमैः।अस्थिभेदोऽग्निसदनतमसारोचकैर्युतः॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

करोतिसर्वमंगञ्चदीप्तांगारावकीर्णवत् । यंयंदेशंविसर्पश्चविसर्पतिभवेत्ससः ॥ शीतांगारासितोनीलोरक्तोवाशूपचीयते । अग्निदग्धइवस्फोटैःशीघ्रगत्वाद्द्रुतञ्चसः ॥ मर्मानुसारीवीसर्पःस्याद्वातातिबलस्ततः । व्यथेतांगंहरेत्संज्ञांनिद्रांञ्श्वासमीरयेत् ॥ हिध्मांचसगतोऽवस्थामीदृशींलभतेनरः । क्वचिच्छर्म्मारतिग्रस्तोभूमिशय्यासन... चेष्टमानस्ततःक्लिष्टोमनोदेहसमुद्भवाम् । दुःप्रबोधोऽश्नुतेनिद्रांसोऽग्निव... ते ॥ स्फोटैःउपचीयतइत्यन्वयः । मर्म्मानुसारीउदरहृदयानुसारीहरेत्... न्वयःहिध्मांहिक्काम्ईरयेत् उपर्युपरिप्रेरयेत् । मनोदेहसमुद्भवांनिद्रांमरण... तेप्राप्नोति ॥ ५९७ ॥

वातपित्तज विसर्प के लक्षण ॥

वातपित्तज विसर्पमें ज्वर, छर्दि, मूर्च्छा, अतीसार, तृषा, भ्रम, हड्फूटन, मन्दा... अरुचि होतीहै और संपूर्ण शरीर जलतेभये अंगारोंसे आच्छादितके समान ... जिस २ स्थानमें फैलताहै वह २ स्थान काला नीला अथवा रक्तवर्ण होताहै और आगसे जले हैं इनमें के समान स्फोडकोंसे व्याप्त होताहै वायुके बलवान् होनेके कारणसे यह रोग उदर हृदय ... फैलताहै इसलिये शरीरमें पीडा संज्ञाका न होना निद्राका नाश श्वास तथा हिचकी ये सब होते हैं इसप्रकारकी अवस्थाको प्राप्त मनुष्य बेचैनहोकर भूमिशय्या तथा आसन आदिमें कहींभी सुख नहीं पाताहै फिर चेष्टा करनेसे क्लेशितभया मृत्युको प्राप्त होताहै इसे अग्निविसर्प कहते हैं ॥ ५९७ ॥

वातश्लैष्मिकंग्रन्थिविसर्पमाह ॥

कफेनरुद्धःपवनोभित्वातंबहुधाकफम् । रक्तञ्चवृद्धरक्तस्यत्वक्शिरास्नायुमांसगम् ॥ दूषयित्वातुदीर्घाणांवृत्तस्थूलखरात्मनाम् । ग्रन्थीनांकुरुतेमालांरक्तानांतीव्ररुग्ज्वराम् ॥ श्वासकासातिसारांश्चशोषहिक्कावमिभ्रमैः । मोहवैवर्ण्यमूर्च्छांगभंगाग्निसदनैर्युतः ॥ इत्ययंग्रन्थिवीसर्पोवातश्लेष्मप्रकोपजः । कफेनस्वहेतुदुष्टेन । पवनोऽपिस्वहेतुदुष्टः । तेनायंवातश्लैष्मिकः । तंकफंबहुधाभित्वारक्तंवादूषयित्वेत्यन्वयः । त्वगादिकामित्तिरक्तस्यविशेषणम् ॥ ५९८ ॥

वातकफज ग्रन्थिविसर्प के लक्षण ॥

अपने कारणसे दूषित कफके द्वारा रुकीभई अपने कारणोंसे दूषित वायुकफको अनेक प्रकारसे भिन्नकरके और अधिक रुधिरवाले मनुष्य की त्वचा, शिरा, स्नायु तथा मांस में प्राप्त रुधिरको दूषित करके दीर्घ, गोल, स्थूल, खुरखुरी, रक्तवर्ण तथा अत्यंत पीडायुक्त ग्रन्थियों की मालाको उत्पन्न करतीहै रोगी ज्वर, श्वास, खांसी, अतीसार, शोष, हिचकी, छर्दि, भ्रम, मोह, विवर्णता, मूर्च्छा, अंगभंग तथा मन्दाग्निसे युक्त होताहै इसको ग्रंथिविसर्प कहतेहैं यह वातकफ के कोपसे उत्पन्न होताहै ॥ ५९८ ॥

अथ पित्तश्लैष्मिकंकर्दमाख्यंविसर्पमाह ॥

कफपित्तज्वरस्तम्भोनिद्रातन्द्राशिरोरुजाः । अंगावसादविक्षेपप्रलापारोचकभ्रमाः ॥ मूर्च्छाग्निहानिर्भेदोऽस्थ्नांपिपासेन्द्रियगौरवम् ॥ आमोपवेशनंलेपःस्रोतसाञ्चविसर्पति ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रायेणामाशयंगृह्णन्नेकंदेशंनचातिरुक् । पीडकैरवकीर्णोऽतिपीतलोहितपाण्डरैः ॥ स्निग्धोऽसितोमेचकाभोमलिनःशोफवान्गुरुः । गम्भीरपाकःप्राज्योष्मास्पृष्टःक्लिन्नोऽवदीर्य्यते॥पङ्कवत्कृशीर्णमांसश्चस्पृष्टस्नायुशिरागणः। शवगन्धीचवीसर्पः कर्दमाख्य [illegible] ॥ सचसर्पतिएकदेशमित्यन्वयः। पीडकैःपीडाकारिभिः। अवकीर्णःव्याप्तः। [illegible] ः। मेचकःरूक्षकृष्णः। प्राज्योष्मप्रचुरोष्मा । स्पृष्टःक्लिन्नोऽवदीर्य्यते। [illegible] आर्द्रोभवतिविदीर्य्यते। पङ्कवत्कर्दमवर्णत्वक्यत्रसः। शीर्णमांसःगलितमांसः। [illegible] स्नायुशिरागणः ॥ ५९९ ॥

पित्तकफजकर्दमविसर्प्प के लक्षण ॥

[illegible] में ज्वर, स्तंभ, निद्राकी अधिकता, तंद्रा, शिरकीपीडा, अंगोंमें पीडा, अंगोंका [illegible] अरुचि, भ्रम, मूर्च्छा, मन्दाग्नि, हडफूटन, तृषा, इन्द्रियोंका भारीपन, आंवगिरना [illegible] यासा मालूमहोना ये लक्षण होतेहैं यह विसर्प प्रायः आमाशयमें उत्पन्न हो- [illegible] कसा एकस्थानमें फैलताहै इसमें बहुत पीडा नहीं होती यह अत्यन्त पीत, रक्त अ- [illegible] पिडिकाओं से व्याप्त, स्निग्ध, कृष्णवर्णी, रूक्ष, कृष्ण, मलिन तथा भारी शोथयुक्त होताहै गंभीर पाक, अत्यन्त ऊष्मायुक्त, स्पर्श करने से गीलासा मालूम होनेवाला, फटनेवाला, कीचके तुल्य वर्ण युक्त त्वचावाला होताहै मांस गल जाताहै इसीसे स्नायु तथा शिरा दिखाई पडने लगती है और मुर्देकी सी दुर्गंधि आती है इसे कर्दम कहतेहैं ॥ ५९९ ॥

अथ क्षतजञ्चविसर्पमाह ॥

बाह्यहेतोःक्षतात्क्रुद्धःसरक्तंपित्तमीरयन् । विसर्प्पमारुतःकुर्य्यात्कुलत्थसदृशैश्चितम् ॥ स्फोटैःशोथज्वररुजादाहाढ्यंश्यावशोणितम् । बाह्यहेतोःशस्त्रप्रहारव्यालदन्तनखाद्यागन्तुहेतोः ॥ श्यावशोणितंकृष्णवर्णरक्तम् ॥ ६०० ॥

क्षतज विसर्प के लक्षण ॥

शस्त्रप्रहार सर्प्पदांत तथा नख आदिकरके भये क्षतसे कुपित वायु रुधिर सहित पित्तको दूषित करतीभई कुलथीके समान स्फोटकोंसे युक्त शोथ, ज्वर, पीडा तथा दाह सहित कृष्णवर्णवाले विसर्प्प को उत्पन्न करती है ॥ ६०० ॥

अथोपद्रवानाह ॥

ज्वरातिसारौवमथुस्त्वङ्मांसदरणक्लमाः।अरोचकविपाकौचविसर्पाणामुपद्रवाः ॥ ६०१ ॥

विसर्प्पके उपद्रव ॥

अतीसार,छर्दि, त्वचा तथा मांसका फटना,ग्लानि,अरुचि और विपाक ये विसर्प्पके उपद्रवहैं ॥६०१॥

अथ साध्यत्वादिकमाह ॥

सिध्यन्तिवातकफपित्तकृताविसर्प्पाः सर्वात्मकःक्षतकृतश्चनसिद्धिमेति । पित्तात्मकोऽञ्जनवपुश्चभवेदसाध्यः कृच्छ्राश्चमर्म्मसुभवन्तिहिसर्वएव ॥ पित्तात्मकोऽञ्जन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वपुःपित्तजःसचकज्जलवर्णःसर्वएवसाध्याअपि। इति विसर्पनिदानम् ॥ [illegible] ॥

विसर्प्प के साध्यादि लक्षण ॥

वातज,पित्तज और कफजविसर्प्प साध्य होताहै सन्निपातज तथा क्षतजविसर्प्प असाध्य होताहै और यदि पित्तज विसर्प्प कृष्णवर्ण हो तो असाध्यहै मर्मस्थान में भये सम्पूर्ण विसर्प्प असाध्य होते हैं इति विसर्प्प निदान ॥ ६०२ ॥

अथ विसर्प्पचिकित्सामाह ॥

विरेकवमनालेपसेचनास्रविमोक्षणैः। उपाचरेद्यथादोषान्विसर्प्पानविदा[illegible]

विसर्प्प की चिकित्सा ॥

विरेचन,वमन,लेप,परिषेक,रक्त मोक्षण और अविदाही औषधों के द्वारा दो[illegible] [illegible]शोधन, की चिकित्सा करे ॥ ६०३ ॥

रास्नानीलोत्पलंदारुचन्दनंमधुकंबला । घृतक्षीरयुतोलेपोव[illegible]
न्दनमत्ररक्तंप्रयोज्यम् कशेरुशृंगाटकपद्मगुन्द्रैःसशैवलैःसोत्पल[illegible]
पित्तकृतेविसर्प्पेलेपोविधेयःसघृतःसुशीतः ॥ त्रिफलापद्मकोशी[illegible]
लमूलमनन्ताचलेपःश्लेष्मविसर्प्पके ॥ समंगालज्जालूःवातपित्तप्रशमन[illegible]
हितम् ॥ वातश्लेष्महरंकर्म्मग्रन्थिवीसर्प्पणेहितम्। पित्तश्लेष्मप्रशमनं हितंकर्दमसञ्ज्ञकम् ॥ त्रिदोषजेक्रियांकुर्य्याद्विसर्पेत्रितयापहाम् ॥ ६०४ ॥

रास्ना,नीलोत्पल,देवदारु,लालचंदन,मुलेठी और बरियारा इन सबको घी और दूध मिलाकर लेप करने से वातजविसर्प्प नष्टहोताहै कसेरू,सिंघाडा,पद्म,गोंदनी,सिवार,उत्पल और काई इनको घीमें मिलायके कपड़े में रखके शीतल लेप पित्तजविसर्प में करे त्रिफला,पद्माख,खस,लजालू,कनेर,नल की जड़ और सारिवा इनका लेप कफजविसर्प्प में करे वातपित्तनाशक [illegible]रते हैं इनमें अग्निविसर्प्प में वातकफ नाशक ग्रन्थिविसर्प्पमें पित्तकफनाशक कर्दमविसर्प्प में और त्रिदोषनाशक चिकित्सा सन्निपातज विसर्प्पमें करे ॥ ६०४ ॥

शिरीषयष्टीनतचन्दनैलामांसीहरिद्राद्वयकुष्ठबालैः। लेपोदशांगःसघृतःप्रयोज्योविसर्प्पकुष्ठज्वरशोथहारी ॥ नतंतगरम् चन्दनंरक्तंग्राह्यम् ॥ इति दशांगोलेपः ॥ ६०५ ॥

सिरसा,मुलेठी,तगर,लालचंदन, इलायची, जटामांसी, हल्दी, दारुहल्दी, कूट और सुगन्धबाला इनको घीमें मिलाकर लेपकरने से विसर्प्प,कुष्ठ,ज्वर तथा शोथका नाश होताहै इति दशांगलेप ६०५ ॥

परिषेकाःप्रलेपाश्चशस्यन्तेपञ्चवल्कलैः। पद्मकोशीरमधुकैःचन्दनैर्वाविसर्पणे ॥ भूनिम्बवासाकटुकापटोलीफलत्रयंचन्दननिम्बसिद्धः। विसर्पदाहज्वरशोथकण्डूविस्फोटतृष्णावमिहृत्कषायः ॥ कुष्ठेषुयानिसर्पींषिव्रणेषुविविधेषुच। विसर्पेतानियोज्यानिसेकालेपनभोजनैः ॥ ६०६ ॥

विसर्प्पमें पंचवल्कलके द्वारा अथवा पद्माख,खस,मुलेठी तथा लालचंदनके द्वारा लेप और परिषेक श्रेष्ठहै चीता, रूसा, कुटकी, परवल, त्रिफला, लालचंदन तथा नाब इनका काढ़ा विसर्प्प,दाह, ज्वर,शोथ,खुजली,विस्फोटक तृषा तथा छर्दिको नष्ट करता है जो घृत कुष्ट और नाना प्रकार के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

व... में कहेगये हैं व सब विसर्प में परिषेक लेप तथा भोजनके द्वारा प्रयोग करने चाहिये ॥ ६०६॥

करञ्जसप्तच्छदलांगुलीकस्नुह्यर्कदुग्धानलभृंगराजैः। तैलंनिशामूत्रविषैर्विपक्वंविसर्प विस्फोटविचर्चिकाघ्नम् ॥ इति करञ्जतैलम् ॥ ६०७ ॥

करंजुवा,छितवन,करिहारी,थूहड़ और आककादूध,चीता,भंगरा,हल्दी,गोमूत्र तथा सिंगिया इन सबकेद्वारा पाककियाभया तैल.विसर्प्प,विस्फोट तथा विचर्चिकाको नष्ट करताहै इति करंजतैल ६...

...स्फोटमसूरिकोक्तचिकित्सयाप्याशुहरेद्विसर्पान् । सर्वान्विपक्वान्परिशोध्य ...क्रमेणोपचरेद्यथोक्तम् ॥ इति विसर्पचिकित्सा ॥ ६०८ ॥

... और मसूरिकामें कहीभई चिकित्साके द्वारा विसर्प नष्ट होताहै यदि विसर्प पकजा... व्रणमें कहीभई चिकित्साकरै इति विसर्प्पचिकित्सा ॥ ६०८ ॥

...ऽधिकारस्तत्रस्नायुरोगस्यविप्रकृष्टंसामान्यलक्षणमाह ॥

...षः शोथंकृत्वाविसर्पवत् । भित्त्वैवतंक्षतेतत्रसोष्ममांसंविशोष्यच ॥ ...पिण्डैस्तक्रसक्तुजैः । शनैःशनैःक्षताद्यातिछेदात्तत्कोपमावहे ...शान्तिःस्यात्पुनःस्थानान्तरेभवेत् । सस्नायुरितिविख्यातःक्रियोक्तात्र ...र्यदिप्रमादेनत्रुटयेतजङ्घयोरपि । सङ्कोचंखञ्जताञ्चापिछिन्नोनूनंकरोत्य सावितिस्नायुरोगनिदानम् ॥ ६०९ ॥

स्नायुरोगका अधिकार स्नायुरोगका सामान्य लक्षण ॥

शाखाओंमें कुपितदोष विसर्प्पके तुल्य शोथको उत्पन्नकरके घावको उत्पन्नकरताहै और उस घाव के मांसको सुखाकर ऊष्मासहित दोष सूत्रके समान करदेताहै वह मट्ठे तथा सत्तूके पिंडोंसे धीरे २ घावसे बाहर निकलताहै ये टूटनें से बड़ा दुःखदायी होताहै डोरेके गिरपड़ने पर शोथ शान्त होजाता है और फिर दूसरी जगह निकलताहै इसे स्नायुरोग कहतेहैं इसमें विसर्प्प कीसी चिकित्सा करै जो असावधानतासे भुजा अथवा जंघाओंमें भया सूत्र टूटजाताहै तो हाथ सिकुड़ जाते हैं और पैर खंज (लूला) होजातेहैं इति स्नायुरोगनिदान ॥ ६०९ ॥

अथ स्नायुरोगस्यचिकित्सामाह ॥

स्नेहस्वेदप्रलेपादिकर्मकुर्याद्यथोचितम् । रामठंशीततोयेनपीतंस्नायुकरोगनु स्वेदात्स्नायुकमत्युग्रंभेकःकाञ्जिकसाधितः । तद्वद्बब्बूलजंबीजंपिष्टंहन्तिप्रलेपनात् ॥ गव्यंसर्पिस्त्र्यहंपीत्वानिर्गुण्डीस्वरसंत्र्यहम् । पिबेत्स्नायुकमत्युग्रंहन्त्यवश्यंनसंश मूलंसुपठ्याहिमवारिपिष्टंपानादिदंदन्तुकरोगमुग्रम् । शान्तिंनयेत्सव्रणमाशुपुंसांगन्ध वगन्धेनघृतेनपीत्वा ॥ गन्धर्वगंधेनगंधर्वगन्धोऽस्यास्तीतिसगन्धर्वगन्धःअश्वगंधःतेन अतिविषमुस्तकभार्गीविश्वौषधपिप्पलीविभीतकयः । चूर्णमिदंतन्तुघ्नंपुंसांउष्णेनवारि णापीनम् ॥ शिग्रुमूलदलैःपिष्टैःकाञ्जिकेनससैन्धवैः । लेपनंस्नायुकव्याधेःशमनंपरमंमतम् ॥ अहिंस्रमूलकल्केनतोयपिष्टेनयत्नतः । लेपसम्बन्धनात्तन्तुर्निःसरेन्नैवसंशयः ॥ इतिस्नायुकस्यचिकित्सा ॥ ६१० ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्नायु की चिकित्सा॥

स्वेद तथा प्रलेप आदि चिकित्सा स्नायुरोगमें यथायोग्य करै शीतल जलके साथ हींगके पीनेसे स्नायुरोगका नाश होताहै कांजीमें मेढककी सिद्धकरके स्वेदनकरने से स्नायुरोग का नाश होता है बबूलके बीजोंको पीसकर लेपकरनेसे स्नायुरोग नष्ट होताहै तीनदिन गऊके दूधको पीकर तीनदिन निर्गुंडी के रसको पीने से बहुत बढ़ाभी स्नायुरोग नष्ट होता है करेलेकी जड़को ठंढेपानी में पीस के पानेसे स्नायुरोग नष्ट होताहै करेलेकी जड़को असगंध घृतके साथ पीनेसे व्रणसहित स्नायुरोग नष्ट होताहै अतीस, मोथा, भारंगी, सोंठ, पीपल तथा बहेडा इनके चूर्णको गरम जलके साथ ... रोग नष्ट होताहै कांजी तथा सेंधानिमक के साथ सहँजनकी जड़को पीसकर लेप ... रोग नष्ट होताहै कुलेखाड़ा की जड़को पानीमें पीसकर लेपकरनेसे सूत्र निकल ... चिकित्सा॥ ६१०॥

अथ विस्फोटाधिकारस्तत्रविस्फोटकस्यविप्रकृष्टंनिदानपूर्विका ... कट्वम्लतीक्ष्णोष्णविदाहिरूक्षक्षारैरजीर्णाध्यशनातपैश्च। तथ ... प्यन्तिदोषाःपवनादयस्तु॥ त्वचमाश्रित्यतेरक्तंमांसास्थीनिप्रदू ... विस्फोटान्सर्वान्ज्वरपुरःसरान्॥ ऋतुदोषेणऋतुहेतुकशीतोष्णादीनाम् इते हैं इनमें पर्य्ययेणऋतूचिताहारविहारवैपरीत्येन॥ त्वचमाश्रित्यत्वचिविस्फोटान् ... ज्वरपुरःसरान्ज्वरपूर्वान्॥ ६११॥

विस्फोट का अधिकार विस्फोट के दूरवाले कारणोंसहित संप्राप्ति॥

कटु, खट्टा, तीखा, उष्ण, विदाही, रूखा तथा क्षार वस्तुओं से अजीर्ण में भोजनसे धूपसे ऋतुसंबंधी शीत उष्ण आदिके अधिक सेवन से और ऋतुओं में यथायोग्य आहार विहार न होने से कुपित वात आदि दोष रक्त मांस तथा हड्डियोंको दूषित करके त्वचामें भयंकर विस्फोटकों को उत्पन्न करते हैं इन में पहले ज्वर होताहै॥ ६११॥

अथपूर्वरूपमाह॥

अग्निदग्धाइवस्फोटाःसज्वरारक्तपित्तजाः। क्वचित्सर्वत्रवादेहेविस्फोटाइतितेस्मृताः॥ रक्तपित्तजाःएतेनसर्वेषुविस्फोटकेषुरक्तपित्तयोःप्रधानकारणत्वम्। यथाशूलेषुवा तस्यतथावातानुगतिरपिबोद्धव्या (तथाचभोजः) यदारक्तञ्चपित्तञ्चवातेनानुगतंत्वचि। अग्निदग्धनिभान्स्फोटान्कुरुतःसर्व्वदेहगान्॥ ६१२॥

विस्फोटकों का पूर्वरूप॥

रक्तपित्तसे उत्पन्न आगसे पड़ेभये फफोलेके समान देहके किसीभागमें अथवा सर्वत्र जो फफोले पड़ते हैं उन्हें विस्फोटक कहतेहैं सबप्रकारके विस्फोटकों में रक्त और पित्त प्रधान कारणहै और शूलरोग के समान वायुभी साथ रहताहै ऐसाही भोजनेभी कहाहै कि जब वायुसहित रक्त और पित्त त्वचा में आगसे पड़ेभये फफोलों के समान विस्फोटकों को संपूर्ण शरीरमें उत्पन्न करते हैं ६१२॥

अथ वातिकमाह। शिरोरुक्शूलभूयिष्ठंज्वरतृट्पर्ववेदनम्॥ सकृष्णवर्णताचेतिवा तविस्फोटलक्षणम्। शूलंतोदरूपम्॥ ६१३॥

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वातजविस्फोटके लक्षण ॥

वातजविस्फोटमें शिरमें पीडा, सूजीगडनेकीसी पीडा, ज्वर, तृषा, पोरोंमें हडफूटन और [illegible]ता ये लक्षण होतेहैं ॥ ६१३ ॥

अथ पैत्तिकमाह ॥

ज्वरदाहरुजापाकस्रावतृष्णासमन्वितम्। पीतलोहितवर्णंच पित्तविस्फोटलक्षणम् ॥ ६१४ ॥

पित्तजविस्फोटके लक्षण ॥

[illegible]विस्फोट में ज्वर, दाह, पीडा, पकना, बहना, तृषा और पीत तथा रक्तवर्णता ये लक्षण [illegible] ॥

अथ श्लैष्मिकमाह ॥

[illegible]कण्डूकाठिन्यपाण्डुताः । यस्मिन्नरुक्चिरात्पाकः सविस्फोटः क[illegible] ॥ ६१५ ॥

कफजविस्फोट के लक्षण ॥

[illegible]र्दि, अरुचि, जडता, खुजली, कठोरता, पीलापन, पीडाका न होना और देर में [illegible] होतेहैं ॥ ६१५ ॥

अथ कफपैत्तिकमाह ॥

कण्डूर्दाहोज्वरश्छर्दिरेतैश्चकफपैत्तिकः ॥ ६१६ ॥

कफपित्तजविस्फोट के लक्षण ॥

कफपित्तजविस्फोट में खुजली, दाह, ज्वर तथा छर्दि होती है ॥ ६१६ ॥

अथ वातपित्तमाह ॥

वातपित्तकृतोयस्तुतत्रस्यात्तीव्रवेदना ॥ ६१७ ॥

वातपित्तजविस्फोट के लक्षण ॥

वातपित्तजविस्फोट में अत्यन्त पीडा होती है ॥ ६१७ ॥

अथ वातश्लैष्मिकमाह ॥

कण्डूस्तैमित्यगुरुभिर्जानीयात्कफवातिकम् ॥ ६१८ ॥

वातकफजविस्फोट के लक्षण ॥

वातकफजविस्फोट में खुजली, गीले कपडेसे ढकाभयासा मालूम होना और भारीपन होताहै ६१८ ॥

अथ सन्निपातिकमाह ॥

मध्येनिम्नोन्नतान्तश्चकठिनःस्वल्पपाकवान् । दाहरागतृषामोहच्छर्दिमूर्च्छारुजज्वराः ॥ प्रलापोवेपथुर्मूर्च्छासोसाध्यश्चत्रिदोषजः । मोहोविपरीतंज्ञानंमूर्च्छासर्वथाज्ञानशून्यता ॥ ६१९ ॥

सन्निपातजविस्फोटके लक्षण ॥

सन्निपातजविस्फोट में फफोले बीचमें गहरे किनारों में उठेभये रक्तवर्ण कठोर तथा स्वल्प पकने वाले होतेहैं रोगी दाह, तृषा, मोह (औरका और समझना) मूर्च्छा (बिल्कुल ज्ञान न होना) छर्दि, पीडा, ज्वर, बकना, कांपना और तन्द्रा इनसे युक्त होताहै यह असाध्यहै ॥ ६१९ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ रक्तजमाह ॥

वेष्टितःस्युश्चरक्तेनपैत्तिकेनचहेतुना । गुञ्जाफलसमारक्तारक्तस्रावाविदाहिनः ॥ नतेसिद्धिंसमायांतिसिद्धैर्योगशतैरपि । पैत्तिकेनहेतुनापित्तस्यहेतुनाकट्वादिनारक्तपित्तस्यतु... सिद्धैर्योगशतैरपितेसिद्धिंनसमायान्ति ॥ ६२० ॥

रक्तजविस्फोट के लक्षण ॥

रक्तजविस्फोट पित्त के कटु आदि कारणों से उत्पन्न होते हैं घुंघुची के समान रक्त... बहनेवाले और दाहयुक्त होतेहैं ये सैकडों सिद्धयोगों से भी अच्छे नहीं होते ॥ ६२० ॥

अथ विस्फोटकानाह ॥

एतेचाष्टविधाबाह्याआन्तरोऽपिभवेदयम् । तस्मिन्नन्तर्यथातीव्रा... ते ॥ यस्मिन्बहिर्गतेस्वास्थ्यंनवा...स्यबहिर्गतिः । तत्रवातिका... विजानता ॥ ६२१ ॥

विस्फोटकों का वर्णन ॥

ये आठ प्रकार के बाह्यविस्फोटक होते हैं और भीतर भी विस्फोट होतेहैं इन... कहते हैं इनमें तथा ज्वर होताहै यदि बाहर आजाताहै तो स्वस्थता होतीहै और वातज आभ्यंतरविस्फो... सुखसाध्य निकलताहै और इसमें वातजविस्फोट कीसी चिकित्सा करनी चाहिये ॥ ६२१ ॥

अथोपद्रवानाह ॥

तृट्श्वासमांससंकोचदाहहिक्कामदज्वराः । विसर्पमर्म्मसंरोधास्तेषामुक्ताउपद्रवाः ॥ मांससंकोचःमांसस्यशठितत्वम् । मर्म्मसंरोधोमर्म्मव्यथा ॥ तेषांविस्फोटानांकेचिदुपद्रवाणांलक्षणान्तरंपठन्ति । हिक्काश्वासोऽरुचिस्तृष्णासांगमर्द्दोहृदिव्यथा ॥ विसर्पज्वरहृल्लासाविस्फोटानामुपद्रवाः ॥ ६२२ ॥

विस्फोट के उपद्रव ॥

तृषा,श्वास,मांसका सिकुडजाना,दाह,हिचकी,मद,ज्वर,विसर्प और मर्म्मोंमें पीडा ये विस्फोटकों के उपद्रवहैं कोई २ विस्फोटकोंके उपद्रवोंके दूसरे लक्षण कहतेहैं जैसे हिचकी, श्वास, अरुचि, तृषा शरीर तथा हृदय में पीडा, विसर्प, ज्वर और मतली ये विस्फोटों के उपद्रवहैं ॥ ६२२ ॥

अथ साध्यत्वादिकमाह ॥

एकदोषोत्थितःसाध्यःकृच्छ्रसाध्योद्विदोषजः । सर्वरूपान्वितोघोरोह्यसाध्योभूर्य्युपद्रवः ॥ इति विस्फोटनिदानम् ॥ ६२३ ॥

विस्फोट के साध्यादि लक्षण ॥

एकदोषजविस्फोट साध्य द्वन्द्वजविस्फोट कष्टसाध्य और त्रिदोषज तथा अनेक उपद्रवों से युक्त विस्फोटक असाध्य होताहै इति विस्फोटकनिदान ॥ ६२३ ॥

अथ विस्फोटकस्यचिकित्सामाह ॥

विस्फोटेलङ्घनंकार्य्यंवमनंपथ्यभोजनम् । यथादोषबलंवीक्ष्ययुक्तमुक्तंविरेचनम् ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

जी [illegible] ालि [illegible] मुद्गामसूर [illegible] चाढकीतथा।एतान्यन्नानिविस्फोटे हितानिमुनयोऽब्रुवन् ६२४

विस्फोटककी चिकित्सा ॥

विस्फोटक में दोष के बलको देखकर लंघन,वमन, पथ्य भोजन तथा विरेचन करना चाहिये पुराने चावल,जौ,मूंग,मसूर तथा अरहर ये अन्न विस्फोटक में हित हैं ॥ ६२४ ॥

ह्वेपञ्चमूल्योरास्नाचदार्व्युशीरंदुरालभा । गुडूचीधान्यकंमुस्ताएषांक्काथःपिबन्नरः ॥ विस्फोटान्नाशयत्याशुसमीरणनिमित्तकान् । द्राक्षाकाश्मर्य्यखर्ज्जूरपटोलारिष्टवासकैः ॥ [illegible] नवमजदुःस्पर्शैःसितायुक्तंतुपैत्तिके । भूनिम्बसवचावासात्रिफलेन्द्रजवत्सकैः ॥ [illegible] ोलाभ्यांकफजेमधुयुक्शृतम् । किराततिक्तकारिष्टयष्ट्याङ्काम्बुदवासकैः ॥ प [illegible] त्रिफलाकौटजान्वितैः ।क्कथितैर्द्वादशांगन्तुसर्वविस्फोटनाशनम् ॥ ६२५ ॥

[illegible] रास्ना,दारुहल्दी,खस,जवासा,गुर्च,धनियां और नागरमोथा इनके क्वाथके पीनेसे वातज [illegible] ही नष्ट होताहै दाख,खंभारी,खजूर,परवल,नींब,रूसा,कुटकी,खील तथा जवासा इन [illegible] ढ़े में शक्कर डालकर पित्तजविस्फोटमें पियै चिरायता,बच,रूसा, त्रिफला,इन्द्रजौ,कुरैया,नींब [illegible] इनके काढ़े को शहद डालकर कफजविस्फोट में पियै चिरायता, नींब,मुलेठी,नागर- [illegible] परवल,पित्तपापड़ा,खस,त्रिफला और इन्द्रजौ इनके काढ़े को पीनेसे सब विस्फोटोंका [illegible] इसे द्वादशांग कहतेहैं ॥ ६२५ ॥

विस्फोटव्याधिनाशायतण्डुलाम्बुप्रयोजितैः । बीजैःकुटजवृक्षस्यलेपःकार्य्योविजानता॥छिन्नापटोलभूनिम्बवासकारिष्टपर्पटैः । खदिराब्दयुतैःक्काथोहन्तिविस्फोटकज्वरम् ॥ चन्दनंनागपुष्पञ्चसारिवातण्डुलीयकम् । शिरीषवल्कलंजातीलेपःस्याद्दाहनाशनः ॥ उत्पलंचन्दनंलोध्रमुशीरंसारिवाद्वयम् । जलपिष्टेनलेपेनस्फोटदाहार्त्तिनाशनः ॥ पुत्रजीवस्यमज्जानंजलेपिष्ट्वाप्रलेपयेत् । कालस्फोटंविषस्फोटंसद्योहन्तिसवेदनम् ॥ कक्षग्रन्थिगलग्रन्थिकर्णग्रन्थिचनाशयेत् । हन्याच्चस्फोटकंताम्रंपुत्रजीवोविनाशयेत् ॥ इतिविस्फोटस्यचिकित्सा ॥ ६२६ ॥

इन्द्रजवों को चावल के धोवनमें पीसकर लेप करने से विस्फोट को नाश होताहै गिलोय,परवल,चिरायता,रूसा,नींब,पित्तपापड़ा,खैरसार और नागरमोथा इनका काढ़ा विस्फोटज्वरका नाश करता है चंदन,नागकेसर,सारिवा,चौराई,सिरसेकी छाल और चँबेली इनके लेपसे दाहका नाश होताहै उत्पल चंदन लोध खस और दोनों साईं इन सबको पानी में पीसकर लेप करनेसे स्फोटोंके दाहका नाश होता है पतजिया की मींगी को जलमें पीसकर लेप करने से काले स्फोटक,पीड़ासहित स्फोटक,कांख की गांठ, गले की गांठ, कान की गांठ और ताम्रवर्ण स्फोटकका शीघ्रही नाश होताहै इति विस्फोटचिकित्सा ॥ ६२६ ॥

अथ फिरंगाधिकारः ॥

फिरंगसंज्ञकेदेशेबाहुल्येनैवयद्भवेत् । तस्मात्फिरंगइत्युक्तोव्याधिर्व्याधिविशारदैः ६२७

फिरंगका अधिकार ॥

फिरंग देशमे यह रोग अधिकतासे होताहै इसवास्ते यह फिरंग कहलाताहै ॥ ६२७ ॥

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ विप्रकृष्टनिदानमाह ॥

गन्धरोगः फिरंगोऽयञ्जायतेदेहिनांध्रुवम् । फिरंगिनोऽगसंसर्गात्फिरंगिण्याप्रसंगतः ॥ व्याधिरागन्तुजोह्येषदोषाणामत्रसंक्रमः । भवेत्तल्लक्षयेत्तेषांलक्षणैर्भिषजांवरः ॥ फिरंगिण्यात्रसंगतइतिविशेषार्थम् ॥ ६२८ ॥

फिरंगरोगके दूरवाले कारण ॥

फिरंगरोगवालेके संसर्गसे और फिरंगिनी स्त्रीके साथ प्रसंगकरनेसे यह फिरंगनाम गंधरोग पैदाहोताहै यह आगन्तुजरोगहै इसमें पीछे से दोष मिलते हैं दोषोंके अनुसार इसके लक्षण जानने चाहिये ६२८॥

अथास्यरूपमाह ॥

फिरंगस्त्रिविधोज्ञेयोबाह्याभ्यन्तरतस्तथा । बहिरन्तर्भवश्चापितेषांलिंगानिचोच्यते ॥ तत्रबाह्यःफिरंगःस्याद्विस्फोटसदृशोऽल्परुक् । स्फुटितोव्रणवद्वैद्यःसुखसाध्योऽपिसम्मतः ॥ सन्धिष्वाभ्यन्तरःसस्यादामवातइवव्यथाम् । शोथञ्चजनयेदेषकष्टसाध्योबुधैःस्मृतः ॥ ६२९ ॥

फिरंगके लक्षण ॥

फिरंग तीन प्रकारका होताहै जैसे बाह्य आभ्यन्तर और बहिरंतर्भव इनके लक्षण कहते हैं इनमें से बाह्यफिरंग विस्फोटक समान थोडी पीडावाला फटाभया और व्रणयुक्त होताहै यह सुखसाध्य है आभ्यन्तरफिरंग संधियों में होता है और आमवात के समान पीडा तथा शोथसे युक्त होता है यह कष्टसाध्य होताहै ॥ ६२९ ॥

अथोपद्रवानाह ॥

कार्श्यंबलक्षयोनासाभंगोवह्नेश्चमन्दता। अस्थिशोषोऽस्थिवक्रत्वंफिरंगोपद्रवाअमी ६३०

फिरंगके उपद्रव ॥

कृशता, बलका नाश, नाकका बैठना, मंदाग्नि, हड्डियोंका सूखना, हड्डियों का टेढाहोना ये फिरंग के उपद्रव हैं ॥ ६३० ॥

अथ साध्यत्वादिकमाह ॥

बहिर्भवोभवेत्साध्योनवीनोनिरुपद्रवः । आभ्यन्तरस्तुकष्टेनसाध्यःस्यादयमामयः ॥ बहिरन्तर्भवोजीर्णःक्षीणस्योपद्रवैर्युतः । व्याप्तोव्याधिरसाध्योऽयमित्याहुर्मुनयःपुरा ॥ इति फिरंगनिदानम् ॥ ६३१ ॥

फिरंगके साध्यादि लक्षण ॥

नवीन तथा उपद्रवरहित बाह्यफिरंग साध्य है आभ्यन्तरफिरंग कष्टसाध्य है जीर्ण अवस्था में क्षीण मनुष्यों का उपद्रवों से युक्त और बाहर भीतर व्याप्त बहिरंतर्भवफिरंग असाध्य है इति फिरंगनिदान ॥ ६३१ ॥

अथ फिरंगस्यचिकित्सामाह ॥

लिख्य फिरंगसंज्ञकंरोगंरसःकर्पूरसंज्ञकः । अवश्यंनाशयेदेतद्रूचुःपूर्वचिकित्सकाः ॥ गोधूमचूर्णसंतेरसकर्पूरप्राशनेविधिरुत्तमः । अनेनविधिनाखादेन्मुखेशोथंनाविन्दति ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

...वेदध...न्मकू...म्॥। तन्मध्येनिःक्षिपेत्सूतंचलुगुंजामितंभिषक् ॥ ततस्तु गुटिकांकुर्य्याद्यथानदृश्यतेबहिः। सूक्ष्मचूर्णैलवंगस्यतांवटीमवधूलयेत्...न्तस्पर्शोयथा नस्यात्तथातामम्भसागिलेत् । ताम्बूलंभक्षयेत्पश्चाच्छाकाम्ललवणांस्त्यजेत् ॥ श्रममातपमध्वानंविशेषात्स्त्रीनिषेवणम्। इति कर्पूररसः॥ ६३२॥

फिरंगकी चिकित्सा॥

रसकर्पूरनाम औषध खानेसे यह रोग निस्सन्देह नष्ट होताहै जिसप्रकारसे रसकर्पूरके खाने से मुखमें शोथ न हो उस विधिको लिखते हैं गेहूंके आटेकी कुप्पी बनावे उसमें चाररत्ती पारा भरके ऐसी गोली बनावै कि पारा न दिखाईदे फिर उस गोलीको लौंगके चूर्ण में लपटले फिर पानी के ...निगलजावै और दात न लगनेपावै पीछेसे पानखावै इस औषधके सेवनमें शाक,खटाई, ...धूप,मार्गगमन और विशेष करके स्त्रीप्रसंगको छोडदे इति कर्पूररस॥ ६३२॥

पारदोटङ्कमानःस्यात्खदिरष्टङ्कसंमितः। आकारकरभश्चापिग्राह्यष्टङ्कद्वयोन्मितः॥ टङ्कत्रयोन्मितंक्षौद्रंखल्वेसर्वंविनिःक्षिपेत् । संमर्द्यतस्यसर्वस्यकुर्य्यात्सप्तवटीर्भिषक्॥ सरोगीभक्षयेत्प्रातरेकैकामम्बुनावटीम्। वर्जयेदम्ललवणंफिरंगस्तस्यनश्यति॥ इति सप्तशालिवटी॥ ६३३॥

पारा तथा खैर एक २ टंक अकरकरहा २ टंक और शहद ३ टंक इन सबको खरलमें घोटकर सात गोली बनावै प्रातःकाल एक गोली पानीके साथ रोजखाय और खटाई तथा नोनको त्यागदे इससे फिरंग नष्ट होताहै इति सप्तशालिवटी॥ ६३३॥

पारदःकर्षमात्रःस्यात्तावानेवहिगन्धकः। तण्डुलाश्चाक्षमात्राःस्युरेषांकुर्य्याच्च कज्जलीम्॥ तस्याःसप्तवटीःकुर्य्यात्ताभिर्धूमंप्रयोजयेत्। दिनानिसप्ततेनस्यात्फिरंगान्तोनसंशयः॥ इति धूमप्रयोगः॥ ६३४॥

पारा,गन्धक तथा बायविडंग इनको तोले २ भर लेके कजली करै फिर उसकी सात गोली बांधै फिर एक २ गोलीका रोज धुवां सात दिनतक लिवावै इससे फिरंगरोगका निस्सन्देह नाश होताहै इति धूमप्रयोग॥ ६३४॥

पीतपुष्पबलापत्ररसैष्टङ्कमितंरसम्। हस्ताभ्यांमर्द्दयेत्तावद्यावत्सूतोनदृश्यते॥ ततः संस्वेदयेद्दस्तावेवंवासरसप्तकम्॥त्यजेल्लवणमम्लञ्चफिरंगस्तस्यनश्यति॥चूर्णयेन्निम्बपत्राणिपथ्यानिम्बाष्टमांशिकाः। धात्रीचतावतीरात्रीनिम्बषोडशभागिका॥ शाणमानमिदंचूर्णमश्नीयादम्भसासह। फिरंगंनाशयत्येवबाह्यमाभ्यन्तरंतथा॥ चोपचीनीभवंचूनशक्नोतियदाजनः। सैन्धवंसहिभुञ्जीतमधुरंपरमंहितम्॥ लवणंयदिवात्यक्तुंन्मात्रंतुगन्धकम्। तावन्मात्रस्तुखदिरस्तेषांकुर्य्यात्तुकज्जलीम्॥ पारदःकर्षमात्रःस्यात्तावजीरयुग्मंयवानिका। चन्दनद्वितयंकृष्णावांसीमांसीचपत्रकम्॥ रजनीकेशरंत्रुट्योयित्वाचनिःक्षिपेत्। ततसर्वंमधुसर्पिर्भ्यांद्विपलाभ्यांपृथक्पृथक्॥ अर्द्धकर्षमितंसर्वंचूर्णं मर्द्दयेदथतत्खादेदर्द्ध

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कर्षमितंनरः । व्रणःफिरंगरोगोत्थस्तस्यावश्यंविनश्यति ॥ [illegible] प्रोऽपिपिरगा रोऽपि [illegible] स्यति [illegible] वर्णं एतद्भक्षयतःशोथोमुखस्यान्तर्नजायते॥वर्जयेदत्र लवणमेकविंशतिवासरान्॥ इति फिरंगस्यचिकित्सा ॥ ६३५ ॥

पीले फूलके बरियारेके रसमें एक टंक पारेको हाथों से मलै जब पारा न दिखाईदे तब हाथों में स्वेद [illegible] इसप्रकार सात दिन करै और नोन खटाई को छोडदेवै इससे फिरंगका नाश होताहै नींब के पत्ते ८ भाग हड तथा आंवला एक एक भाग हल्दी आधा भाग इन सबके चूर्णको जलके साथ चार माशे नित्य फांकने से भीतर तथा बाहरका फिरंग नष्ट होताहै चोबचीनी के चूर्णको शहद के साथ चार माशे खानेसे फिरंगरोग नष्ट होताहै इसके सेवनकरनेवाला लवणको त्यागदे यदि न त्याग सकै तो सेंधानोन खाय इसमें मधुर सेवन हितहै पारा, गन्धक और खैर इनको [illegible] हल्दी, नागकेसर, दोनों जीरे, अजवाइन, लालचन्दन, चन्दन, दोनों इलायची, पीपल, वंशलोचन, जटामांसी और तेजपात इन सबके आध २ तोले चूर्णको कजलीमें मिलावै फिर इन सबको दो दो तोले शहद और घीमें मिलावै इसको आधे तोले खानेसे फिरंगरोग के व्रणोंका नाश होताहै तथा अन्य पुराने महाव्रण भी नष्ट होते हैं इसके खानेवालेके मुखमें शोथ नहीं होताहै इसके सेवन करने वालेको २१ दिनतक नोन न खाना चाहिये इति फिरंगरोगचिकित्सा ॥ ६३५ ॥

अथ मसूरिकाधिकारमाह। तत्रमसूरिकायाविप्रकृष्टसन्निकृष्टनिदानपूर्विकांसंप्राप्तिमाह॥

कट्वम्ललवणक्षारविरुद्धाध्यशनाशनैः । दुष्टनिष्पावशाकाद्यैःप्रदुष्टपवनोदकैः ॥ क्रूरग्रहेक्षणाच्चापिदेशेदोषसमुद्भवाः । जनयन्तिशरीरेऽस्मिन्दुष्टरक्तेनसंगताः॥ मसूराकृतिसंस्थानाःपिडिकासामसूरिका । क्षारोयवक्षारादिः । विरुद्धाध्यशनाशनैःकट्वम्लादिविरुद्धान्नाशनैः । अथचअध्यशनाशनम् । अधिकमशनमध्यशनम् । दुष्टनिष्पावशाकाद्यैः दुष्टैर्निष्पावशाकमादिशब्दान्मध्वालुकादितैः।प्रदुष्टपवनोदकैःसविषकुसुमादिसंसर्गात्। क्रूरग्रहेक्षणाच्चापिदेशेदेशेक्रूरग्रहाराहुशनैश्चरादयस्तेषामीक्षणाद्दृष्टेः यस्मिन्देशेक्रूरग्रहदृष्टिस्तत्रापिमसूरिकोत्पत्तिरित्यर्थः । मसूराकृतिसंस्थानाःमसूरस्ययाआकृतिस्तद्वत्संस्थानमाकृतिर्यासांताः ॥ ६३६ ॥

मसूरिका का अधिकार। मसूरिकाके दूरवाले और निकटवाले कारणोंसमेत संप्राप्ति ॥

कटु,खटाई,लवण तथा क्षार भारी विरुद्धअन्न खाने से अधिकभोजनसे दूषित निष्पावशाक तथा मध्वालुक आदिके सेवनसे विष सहित पुष्पादिके संसर्ग द्वारा दूषित वायु जलके सेवनसे और देशमें क्रूरग्रहों की अशुभ दृष्टि पडनेसे वातादि तीनों दोष दूषित रुधिरके साथ मिलकर मसूर के समान आकृतिवाली पिडिकाओंको उत्पन्न करतेहैं इनको मसूरिका कहते हैं ॥ ६३६ ॥

अथ पूर्वरूपमाह ॥

तासांपूर्वंज्वरःकण्डूगात्रभंगोऽरतिभ्रमः।त्वचिशोथःसवैवर्ण्यंनेत्ररागस्तथैवच ॥६३७॥

मसूरिकाका पूर्वरूप ॥

मसूरिका होनेके पहले ज्वर,खुजली,शरीरमें पीडा,बेचैनी,भ्रम,त्वचामें शोथ, विवर्णता और नेत्रोंमें ललाई होतीहै ॥ ६३७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ वातजमाह ॥

स्फोटाःकृष्णारुणारूक्षास्तीव्रवेदनयान्विताः । कठिनाश्चिरपाकाश्च ... निलस म्भवाः ॥ सन्ध्यस्थिपर्वणांभेदःकासःकम्पोऽरतिर्भ्रमः । शोषस्ताल्वोष्ठजिह्वानांतृष्णा चारुचिसंयुताः ॥ ६३८ ॥ वातजमसूरिका के लक्षण ॥

वातजमसूरिकामें कृष्ण अथवा रक्तवर्ण रूखे अत्यंत पीडायुक्त कठोर तथा बहुत देरमें पकनेवाले स्फोटक होतेहैं रोगी.संधि,हड्डी तथा पोरोंका टूटना,खांसी,कंप,बेचैनी,श्रम,तालु,ओष्ठ तथा जीभका सूखना तृषा और अरुचि इन लक्षणों से युक्त होताहै ॥ ६३८ ॥

अथ पित्तजमाह ॥

...पीताःसिताःस्फोटाःसदाहास्तीव्रवेदनाः । भवन्त्यचिरपाकाश्चपित्तकोपसमुद्भ वाः ॥ विड्भेदश्चांगमर्दश्चदाहस्तृष्णारुचिस्तथा । मुखपाकोऽक्षिपाकश्चज्वरस्तीव्रः सुदारुणः ॥ ६३९ ॥ पित्तजमसूरिका का लक्षण ॥

पित्तजमसूरिका. रक्तपीत तथा कृष्णवर्ण दाहयुक्त तीव्र पीडावाली और शीघ्र पकनेवाली होतीहैं इनमें मलभेद,शरीरमें पीडा,दाह,तृषा,अरुचि, मुखका पकना,आंखोंका लालहोना और तीव्रज्वर ये लक्षण होते हैं ॥ ६३९ ॥

अथ रक्तजमाह ॥

रक्तजासुभवन्त्येतेविकाराःपित्तलक्षणाः ॥ ६४० ॥

रक्तजमसूरिका के लक्षण ॥

रक्तजमसूरिकामें पित्तजमसूरिका के लक्षण होते हैं ॥ ६४० ॥

अथ कफजमाह ॥

श्वेताःस्निग्धाभृशंस्थूलाःकण्डुरामन्दवेदनाः । मसूरिकाःकफोद्भूताश्चिरपाकाःप्रकी र्त्तिताः ॥ कफप्रसेकःस्तैमित्यंशिरोरुग्गात्रगौरवम् ।हृल्लासस्सारुचिर्निद्रातन्द्रालस्यसम न्विताः ॥ ६४१ ॥ कफजमसूरिका के लक्षण ॥

कफजमसूरिका. श्वेत,स्निग्ध,अत्यंतस्थूल, खुजली तथा स्वल्प पीडायुक्त और देरमें पकनेवाली होतीहैं,इनमें लारका बहना,शरीरकीआर्द्रता,शिरमें पीडा,देहका भारीपन,मतली, अरुचि,निद्रा,तन्द्रा तथा आलस्य ये लक्षण होते हैं ॥ ६४१ ॥

अथसन्निपातिकमाह ॥

